के विचारों के खिलाफ नहीं है. दोनों के विचार एक . एक आदमी दोनों का पालन कर सकता है. हमारे के ऊंचे विचारों के साथ साथ बद्ध विचारों को मान जाए, तो अच्छा है. बुद्धिमान आदमी जहां भी [ा] चीजें पाता है, उनको जमा कर लेता है, वह दूसरों [ा]ख लेने के लिये तैयार रहता है."

भारती विद्वानों में धर्म रक्षक का चीन में अहम स्थान है मेधावी महान विद्वान असल में बीच एशिया के वंशी थे और घूमते फिरते भारत आए. वह 36 भाशाएँ ते थे. भारती कलचर के फैलाने की उनको जबरदस्त [ा] थी. 294 ईसवी में यह चीन की एक राजधानी चांग [ा] में पहुँचे, जहां 29 साल (284-313 ईसवी) रहकर [ा]ने अपना काम किया. हजारों चीनी विद्यार्थियों ने उनसे [ा] ली, उनसे भी जियादा लोगों ने उनके उपदेशों से दा उठाया. उन्होंने 211 भारती ग्रंथों का चीनी भाशा [अ]नुवाद किया था, जिनमें से 92 अभी तक मिलते हैं. [कुमा]र जीव का नाम चीन के महान अनुवाद करने वाले शक्ल में ही नहीं, बल्कि महान साहित्यक (अदीब) के पर भी लिया जाता है. कुमार जीव 385 ईसवी में पहुँचे और 16 बरस तक रह कर वहां ऊंचे साहित्य [नि]र्मान में लगे रहे.

मूर्ति कला और चित्र कला.

बौद्ध धर्म ने चीनी साहित्य की अनमोल सेवा की. [ची]नी कला को भी उसकी देन अमर है. उस समय के बने चित्र चीन में बरबाद हो चुके हैं, लेकिन तुन ह्वांग [(बी]च एशिया) की गुफाओं में जो बौद्ध चित्र मिले हैं, [उन]से पता लगता है कि चित्र कला में भी उन्होंने चीन की [शा]न इसी तरह बढ़ाई जैसे मूर्ति कला में शैन्सी, हियू, [तु]ंग, होनान, शैन्सी और कान्सी सूबों में उस [सम]य की मूर्ती कला के सुन्दर खंडर हैं. संसार में शायद कोई ऐसा बड़ा म्यूजियम हो, जहाँ इन सूबों से [मि]ली हुई कोई न कोई मूर्ती न रखी हो. उत्तरी सम्राट 'तो [पा] वियो' ने और उसके उत्तराधिकारियों ने उस समय की [मू]र्ति कला की देख रेख का कितना अच्छा इन्तजाम किया, [कि] मनुश्य की तोड़ फोड़ के बाद भी उनमें से कितनी ही [मूर्ति]याँ बच गईं 414-520 ईसवी के बीच तूपा सम्राट ने [अप]नी नई राजधानी के पास फिर आधुनिक था-तुंग [(शा]न्सी) के पास कितने ही विहार पहाड़ों को खोद कर [बनव]ाए. यह वही समय था, जब कि अजन्ता के विहार [बन] रहे थे. इन गुफा-विहारों को सुन्दर मूर्तियों से [सजा]या गया था. तूपा और दूसरे राजवंशों ने और कई [गु]फा विहार बनवाए, जिनमें शैन्सी में ते युन. शान-[ल]ी-चिंग, लूयांग के पास लो-मिन और बीच एशिया

. . . وچار ایک ہی ہیں . ایک آدمی دونوں کا پالن کرسکتا ہے . ہمارے یہاں کے اُونچے وچاروں کے ساتھ ساتھ بودھ وچاروں کو مان لیا جائے' تو اچھا ہے . بدھیمان آدمی جہاں بھی اچھی چیزیں پاتا ہے' اُن کو جمع کر لیتا ہے' وہ دوسروں سے سیکھ لینے کے لئے تیار رہتا ہے "

بھارتی ودوانوں میں دھرم رکھک کا چین میں اہم استھان ہے . یہ میدھاوی مہان ودوان اصل میں بیچ ایشیا کے شک ونشی تھے اور گھومتے پھرتے بھارت آئے . یہ 36 بھاشائیں جانتے تھے . بھارتی کلچر کے پھیلانے کی اُن کو زبردست لگن تھی . 294 عیسوی میں یہ چین کی ایک راج دھانی چانگ آن میں پہونچے' جہاں 29 سال (284-313 عیسوی) رہ کر اُنھوں نے اپنا کام کیا . ہزاروں چینی ودیارتھیوں نے اُن سے شکشا لی' اُن سے بھی زیادہ لوگوں نے اُن کے اُپدیشوں سے فائدہ اُٹھایا . اُنھوں نے 211 بھارتی گرنتھوں کا چینی بھاشا میں انوواد کیا تھا' جن میں سے 92 ابھی تک ملتے ہیں . کمار جیو کا نام چین کے مہان انوواد کرنے والے کی شکل میں ہی نہیں' بلکہ مہان ساہتیک (ادیب) کے طور پر بھی لیا جاتا ہے . کمار جیو 385 عیسوی میں چین پہونچے اور 16 برس تک رہ کر وہاں اونچے ساہتیہ کے نرمان میں لگے رہے .

مورتی کلا اور چتر کلا .

بودھ دھرم نے چینی ساہتیہ کی انمول سیوا کی . چینی کلا کو بھی اس کی دین امر ہے . اُس سمے کے بنے ہوئے چتر چین میں برباد ہوچکے ہیں' لیکن تن ہوانگ (بیچ ایشیا) کی گپھاؤں میں جو بودھ چتر ملے ہیں' اُن سے پتہ لگتا ہے کہ چتر کلا میں بھی اُنھوں نے چین کی شان اُسی طرح بڑھائی جیسے مورتی کلا میں شینسی' ہیو' شانتنگ' ہونان' شینسی اور کانسی صوبوں میں اُس سمے کی مورتی کلا کے سندر کھنڈر ہیں . سنسار میں شاید ہی کوئی ایسا بڑا میوزیم ہو' جہاں اِن صوبوں سے ملی ہوئی کوئی نہ کوئی مورتی نہ رکھی ہو . اُتری سمراٹ ' تو پاچیو ' نے اور اُس کے اُترادھکاریوں نے اُس سمے کی مورتی کلا کی دیکھ ریکھ کا کتنا اچھا انتظام کیا' کہ منش کی توڑ پھوڑ کے بعد بھی اُن میں سے کتنی ہی مورتیاں بچ گئیں . 414-520 عیسوی کے بیچ توپا سمراٹ نے اپنی راجدھانی کے پاس پھر آدھونک تھا تنگ (شانسی) کے پاس کتنے ہی وہار پہاڑوں کو کھود کر بنوائے . یہ وہی سمے تھا' جبکہ اجنتا کے وہار بن رہے تھے . اِن گپھا وہاروں کو سندر مورتیوں سے سجایا گیا تھا . توپا اور دوسرے راج ونشوں نے اور کئی جگہ گپھا وہار بنوائے' جن میں شینسی میں تے ین' شان تن' لی چنگ' لویانگ کے پاس لو من اور بیچ ایشیا

81 साल बाद शुरू हुआ, जबकि पारथियन विद्वान अन-सी काओ (76-149 ईसवी में) चीन पहुँचे. उस समय ईरान पर पारथियन वंश का राज था. शक और पारथियन दोनों ही उसी पुराने शक जिनसे सम्बन्ध रखते थे, जिनसे आगे पूर्वी योरप की सलाव जातियां निकलीं. अन या अन सी चीनी भाषा में पारथयन को कहते हैं. सी-काओ के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने राज छोड़ कर भिक्षु व्रत लिया था. कश्यप की तरह बीच एशिया के रास्ते वह 149 ईसवी में चीन की राजधानी लो यांग में पहुंचे और वहां के सफेद घोड़े विहार में रहने लगे. अपने बाईस साल के चीन के जीवन में उन्होंने भारती विचार धारा से चीनी विद्वानों को परिचित कराने के लिये अनथक मेहनत की. अन-सी काओ के सिर अगर चीन में बौद्ध धर्म की नींव मज़बूत करने का सेहरा है, तो साथ ही-साथ दोनों देशों के कलचरी सम्बन्ध को मज़बूत करने का भी सेहरा उन्हीं के सिर बांधना पड़ेगा. उनके 95 अनुवाद किये ग्रंथों में 55 अब भी मिलते हैं. हान काल में चीन ने सभी मैदानों में बड़ी तरक्की की थी. राजकाजी और कलचरी दोनों तरह से उसी समय चीन का बहुत दूर तक फैलाव हुआ. साहित्य, कला, नई नई ईजादें सभी तरफ चीन ने उस काल में तरक्की की थी. इसी तरक्की में भारती बौद्ध धर्म ने भी पहुंच कर हाथ बटाया था. उस काल के दूसरे अनुवाद करने वाले और प्रचार करने वाले चू-अन-ली (भारती महाबल) और तु-कौ-ओ भारती थे. ख्वांग के और ख्वांग मुंग-स्यांग ताजिक थे. चीन में उस वक्त भारती विचार धारा और कलचर का इतना स्वागत हुआ कि आगे इस काम में हाथ बंटाने के लिये खुतन, ताजिकस्तान, भारत और सिंघल से कितने ही विद्वान वहां पहुँचे. चीन में रजवाड़े की सहायता से सब से आगे कुंग-फू-सी की तालीम का बहुत प्रचार था, जिस का अध्यात्मिकता (रूहानियत) से गहरा ताल्लुक नहीं था. ताओ की तालीम में रहस्यवाद ज़रूर था, पर उसमें दुनिया से अलगाव अधिक था. बौद्ध धर्म की तरफ वहां के सोचने विचारने वालों का ध्यान किस लिये गया, इसके बारे में उस समय के एक चीनी विद्वान की राय थी—

"कनफ़ूसी तालीम हकूमत के ज़ियादा गंभीर सवालों का कोई उत्तर नहीं दे सकती. वह न जीवन संग्राम में लड़ने के लिये आदमी को शक्ति दे सकती है, और न *मौत के समय तसल्ली ही*." चीन की विचार धारा के साथ मिलने और समझौता करने के लिये हमारे भारती नुमाइन्दे बराबर तैयार रहते थे. ईसा की दूसरी सदी में दक्खिनी चीन में मू-चू एक मशहूर बौद्ध विद्वान थे. उनकी राय थी—"कंग फंग-चे धर्म राज धर्म हो सकता है, लेकिन बौद्ध धर्म जनता का धर्म है. बुद्ध की तालीम चीन के पुराने

سال بعد شروع ہوا، جبکہ پارتھین ودوان آن سی ۔
(76-149 عیسوی میں) چین پہونچے ۔ اُس سمے
ران پر پارتھین ونش کا راج تھا ۔ شک اور پارتھین دونوں
ی اُسی پرانے شک جن سے سمبندھ رکھتے تھے، جن سے
ے یوروپ کی سلاو جاتیاں نکلیں ۔ آن یا آن ۔ سی
چینی بھاشا میں پارتھیا کو کہتے ہیں ۔ سی ۔ کاؤ کے
ارے میں کہا جاتا ہے کہ اُنھوں نے راج چھوڑ کر بھکشو
ت لیا تھا ۔ کشیپ کی طرح بیچ ایشیا کے راستے وہ
14 عیسوی میں چین کی راج دھانی لویانگ میں
ونچے اور وہاں کے سفید گھوڑے وہار میں رہنے لگے ۔ اپنے
ائیس سال کے چین کے جیون میں نھوں نے بھارتی
چار دھارا سے چینی ودوانوں کو پریچت کرانے کے لئے
ٹھک محنت کی ۔ آن ۔ سی ۔ کاؤ کے سر اگر چین میں
بدھ دھرم کی نیو مضبوط کرنے کا سہرا ہے، تو ساتھ ہی ساتھ
ونوں دیشوں کے کلچرل سمبندھ کو مضبوط کرنے کا
ی سہرا انھیں کے سر باندھنا پڑے گا ۔ اُن کے 95
نواد کئے گرنتھوں میں 55 اب بھی ملتے ہیں ۔
ان کال میں چین نے سبھی میدانوں میں بڑی
قی کی تھی ۔ راج کاجی اور کلچرل دونوں طرح سے
سی سمے چین کا بہت دور تک پھیلاؤ ہوا ۔ ساہتیہ،
، نئی نئی ایجادیں، سبھی طرف چین نے اُس کال
یں ترقی کی تھی اِسی ترقی میں بھارتی بودھ دھرم
بھی پہونچ کر ہاتھ بٹایا تھا ۔ اس کال کے دوسرے
نواد کرنے والے اور پرچار کرنے والے چو ۔ ان ۔ لی (بھارتی
بابل) اور تن کو ۔ او ۔ بھارتی تھے، کھانگ کے اور
انگ-مونگ سیونگ تاجک تھے ۔ چین میں اُس
مے بھارتی وچار دھارا او کلچر کا اتنا سواگت ہوا کہ
اِس کام میں ہاتھ بٹانے کے لئے ختن، تاجکستان، بھارت
سنگھل سے کتنے ہی ودوان وہاں پہونچے ۔ میں چین
واڑے کی سہائتا سے سب سے آگے کن ۔ فو سی کی
لیم کا بہت پرچار تھا، جس کا ادھیاتمکتا (روحانیت)
گہرا تعلق نہیں تھا ۔ تاؤ کی تعلیم میں رہسیہ واد
ور تھا، پر اُس میں دنیا سے الگاؤ ادھک تھا ۔ بودھ دھرم
طرف وہاں کے سوچنے وچارنے والوں کا دھیان کس لئے گیا،
کے بارے میں اُس سمے کے ایک چینی ودوان کی رائے تھی —

"کن فوسی تعلیم حکومت کے زیادہ گمبھیر سوالوں کا
ی اُتر نہیں دے سکتی ۔ وہ نہ جیون سنگرام میں
کے لئے آدمی کو شکتی دے سکتی ہے اور نہ موت،
سمے تسلی ہی ۔" چین کی وچار دھارا کے ساتھ ملنے
سمجھوتا کرنے کے لئے ہمارے بھارتی نمائندے برابر
ر رہتے تھے ۔ عیسوی کی دوسری صدی میں دکھنی
ن میں مو ۔ چو ایک مشہور بودھ ودوان تھے ۔ اُن کی
ے تھی — کنگ فنگ ۔ چے دھرم راج دھرم ہوسکتا ہے، لیکن
ھ دھرم جنتا کا دھرم ہے ۔ بدھ کی تعلیم چین کے پرانے

चीन पर बौद्ध धर्म का असर

(महा पंडित राहुल सांकृत्यायन)

चीन में ऐसी परम्पराएँ मिलती हैं जो ईसा से दो सदी पहले वहाँ बौद्ध धर्म के जाने को साबित करना चाहती हैं, लेकिन उनका आधार ठोस नहीं है. तो भी अगर नए चीनी जनराज की सीमा को ले लें तो सिंक्यांग में बौद्ध धर्म के ईसा से पहले तीसरी सदी में पहुंचने को नामुमकिन नहीं कहा जा सकता. लेकिन हान वंश (220-25 ईसवी) के समय तो ज़रूर ही चीन में बौद्ध धर्म पहुँच चुका था. इसी वंश का राजा मिंग-ती (58–76 ईसवी) को बौद्ध धर्म का प्रचारक माना जाता है. राजाओं की प्रधानता के ज़माने में हर चीज़ का राजा के साथ नाता जोड़ना ज़रूरी समझा जाता था.

अगर तुर्क सम्राट 'तू-बा' (568-809) और उसकी प्रजा पर एक जंगी क़ैदी बौद्ध भिक्षु असर डाल सकता था, तो लाखों की तादाद में जो बौद्ध, शक, हुन, जंगी क़ैदी होकर चीन में जाते थे, उनसे बौद्ध धर्म का परिचय चीनी जनता को नहीं मिला हो, यह नहीं माना जा सकता. मिंग-ती के बौद्ध धर्म को अपनाने का यही मतलब समझना चाहिये कि अब वह चीनी रजवाड़े में भी मान के क़ाबिल हो चला. मिंग-ती ने बौद्ध धर्म की किताबों और भिक्षुओं को लाने के लिये अपने दूत बाहर भेजे. उन्हीं के साथ धरमी किताबें लिये 67 ईसवी में कश्यप मतंग और धर्म रतन दो भारती भिक्षु चीन पहुँचे. भारती ग्रंथ का सब से पुराना अनुवाद कश्यप ही का है, जो अब भी मिलता है. मिंग-ती ने सफ़ेद घोड़ों पर चढ़कर राजधानी लो-यांग पहुंचने वाले इन भिक्षुओं का बड़ा स्वागत किया, और उनके लिये वहां सफ़ेद घोड़ा विहार (पे-मा-से) बनवाया. कश्यप बीच मंडल के निवासी थे. बौद्ध ग्रंथों में कुरुक्षेत्र से संथाल परगना और हिमालय से विन्ध्याचल के बीच की भूमि यानी आजकल का उत्तर प्रदेश और बिहार को बीच मंडल कहा जाता है. कश्यप हीन साहित्य के पंडित थे. वह दक्खिन भारत में धर्म प्रचार के लिये गए थे. उनके साथी धर्म रतन भी बीच मंडल के रहने वाले विद्वान थे. अगरचे कश्यप और धर्म रतन ने और भी ग्रंथों का अनुवाद किया था, लेकिन वह अब मिलते नहीं हैं, तो भी उन्होंने अपने पढ़ने पढ़ाने, बहस और सत संग के ज़रिये जो काम किया, वह चीन को भारत के नज़दीक लाने में बड़ा सहायक हुआ, इसमें शक नहीं.

साहित्य के मैदान में सब से ठोस काम कश्यप के

چین پر بودھ دھرم کا اثر

(مہا پنڈت راہل سانکرتیاین)

چین میں ایسی پرمپرائیں ملتی ہیں جو عیسیٰ سے دو صدی پہلے وہاں بودھ دھرم کے جانے کو ثابت کرنا چاہتی ہیں، لیکن اُن کا آدھار ٹھوس نہیں ہے۔ تو بھی اگر نئے چینی جن راج کی سیما کو لے لیں تو سنکیانگ میں بودھ دھرم کے عیسیٰ سے پہلے تیسری صدی میں پہونچنے کو ناممکن نہیں کہا جاسکتا۔ لیکن ہان ونش (220-25 عیسوی) کے سمے تو ضرور ہی چین میں بودھ دھرم پہونچ چکا تھا۔ اسی ونش کا راجہ منگ تی (58-76 عیسوی) کو بودھ دھرم کا پرچارک مانا جاتا ہے۔ راجاؤں کی پردھانتا کے زمانے میں ہر چیز کا راجہ کے ساتھ ناتا جوڑنا ضروری سمجھا جاتا تھا۔

اگر ترک سمراٹ ' توبا ' (568-809) اور اُسکی پرجا پر ایک جنگی قیدی بودھ بھکشو اثر ڈال سکتا تھا، تو لاکھوں کی تعداد میں جو بودھ، شک، ہن، جنگی قیدی ہوکر چین میں جاتے تھے، اُن سے بودھ دھرم کا پریچے چینی جنتا کو نہیں ملا ہو، یہ نہیں مانا جا سکتا۔ منگ تی کے بودھ دھرم کو اپنانے کا یہی مطلب سمجھنا چاہئے کہ اب وہ چینی رجواڑے میں بھی مان کے قابل ہو چلا۔ منگ تی نے بودھ دھرم کی کتابوں اور بھکشوؤں کو لانے کے لئے اپنے دوت باہر بھیجے۔ اُنہیں کے ساتھ دھرمی کتابیں لئے 67 عیسوی میں کشیپ متنگ اور دھرم رتن دو بھارتی بھکشو چین پہونچے۔ بھارتی گرنتھ کا سب سے پرانا انوواد کشیپ ہی کا ہے، جو اب بھی ملتا ہے۔ منگ تی نے سفید گھوڑوں پر چڑھکر راجدھانی لویانگ پہونچنے والے اِن بھکشوؤں کا بڑا سواگت کیا، اور اُن کے لئے وہاں سفید گھوڑا وہار (پے - ما - سے) بنوایا۔ کشیپ بیچ منڈل کے نواسی تھے۔ بودھ گرنتھوں میں کورکشیتر سے سنتھال پرگنہ اور ہمالیہ سے وندھیاچل کے بیچ کی بھومی یعنی آجکل کا اُتر پردیش اور بہار کو بیچ منڈل کہا جاتا ہے۔ کشیپ ہین ساہتیہ کے پنڈت تھے۔ وہ دکھن بھارت میں دھرم پرچار کے لئے گئے تھے۔ اُن کے ساتھی دھرم رتن بھی بیچ منڈل کے رہنے والے ودوان تھے۔ اگرچہ کشیپ اور دھرم رتن نے اور بھی گرنتھوں کا انوواد کیا تھا، لیکن وہ اب ملتے نہیں ہیں، تو بھی اُنہوں نے اپنے پڑھنے پڑھانے، بحث اور ست سنگ کے ذریعے جو کام کیا، وہ چین کو بھارت کے نزدیک لانے میں بڑا سہائک ہوا، اس میں شک نہیں۔

ساہتیہ کے میدان میں سب سے ٹھوس کام کشیپ کے

इस मौसम में कागज की किताबें फेंक दो !
गरमी की दोपहर सोने के लिये है.
जाड़े के बरफ़ीले तूफ़ानों में,
पढ़ाई नहीं हो सकती—
फ़ज़ूल किताबें रखने से क्या फ़ायदा—
इन्हें फेंक दो !

चीन क्रान्ति के पहले वहां की सरमायादार सरकार उनकी गाढ़ी कमाई किस तरह छीन लेती थी. इस का जिकर नीचे लिखे गीत में किया गया है. जरा ग़ौर फ़रमाइये—

संगीत की मीठे सुरों से,
हमने धान खेतों में रोपी.
हमारी आशाओं के साथ,
हमारे धान बढ़े.
कड़ी मेहनत के बाद, हमारे जानवर घास चर रहे हैं,
पर सरकारी अफ़सर, नए चावलों के,
पकवान खा रहे हैं.
और हम किसानों, मेहनत कशों, धरती के लालों को,
धान के छिलकों पर सन्तोश करना पड़ता है.
सरकारी दफ़्तर में जा कर हमें अपनी सारी कमाई,
जबरदस्ती छोड़ देनी पड़ती है.

चीन और हिन्द के यह देहाती गीत कितने मिलते जुलते हैं. आज चीन में पूरी समाजी आजादी है और किसानों मजदूरों के सिरों से दुखों और तकलीफ़ों के काले बादल छट रहे हैं. वहाँ की पूंजी वादी सरकार की तरह अब वह लोक गीत भी बदल जाएंगे जिनमें अपनी तकलीफ़ों का कारन भाग्य और भगवान की इच्छा को समझ कर सन्तोश कर लिया जाता था. क्योंकि अवामी इन्क़लाब ने जनता की जेहनियत को भी बदल दिया है. चीनी किसान और मजदूर अब अपने हाथों अपनी क़िस्मत बदल चुके हैं और पूंजीवाद और साम्राजवाद के जालिम हाथों कुचली हुई उनकी आत्माओं में आजादी की चमक आ गई है और उनमें एक नया जोश पैदा हो गया है. उनके दिल आत्म विश्वास और ख़ुद एतमादी से भर गए हैं.

اِس موسم میں کاغذ کی کتاب پھینک دو !
گرمی کی دوپہر سونے کے لئے ہے .
جاڑے کے برفیلے طوفانوں میں'
پڑھائی نہیں ہو سکتی——
فضول کتابیں رکھنے سے کیا فائدہ'
انہیں پھینک دو !

چین کی مہان کرانتی کے پہلے وہاں کی سرمایہ‌دار سرکار اُنکی گاڑھی کمائی کس طرح چھین لیتی تھی اِسکا ذکر نیچے لکھے گیت میں کیا گیا ہے . ذرا غور فرمایئے——

سنگیت کے میٹھے سروں سے'
ہم نے دھان کھیتوں میں روپی .
ہماری آشاؤں کے ساتھ'
ہمارے دھان بڑھے .
کڑی محنت کے بعد ہمارے جانور گھاس چر رہے ہیں'
پر سرکاری افسر' نئے چاولوں کے'
پکوان کھا رہے ہیں .
اور ہم کسانوں' محنت کشوں' دھرتی کے لالوں کو'
دھان کے چھلکوں پر سنتوش کرنا پڑتا ہے .
سرکاری دفتر میں جاکر ہمیں اپنی ساری کمائی'
زبردستی چھوڑ دینی پڑتی ہے .

چین اور ہند کے یہ دیہاتی گیت کتنے ملتے جلتے ہیں. آج چین میں پوری سماجی آزادی ہے اور کسانوں مزدوروں کے سروں سے دکھوں اور تکلیفوں کے کالے بادل چھٹ رہے ہیں . وہاں کی پونجی وادی سرکار کی طرح اب وہ لوک گیت بھی بدل جائیں گے جن میں اپنی تکلیفوں کا کارن بھاگیہ اور بھگوان کی اچھا کو سمجھکر سنتوش کرلیا جاتا تھا . کیونکہ عوامی انقلاب نے جنتا کی ذہنیت کو بھی بدل دیا ہے . چینی کسان اور مزدور اب اپنے ہاتھوں اپنی قسمت بدل چکے ہیں اور پونجی واد اور سامراج واد کے ظالم ہاتھوں کچلی ہوئی اُنکی آتماؤں میں آزادی کی چمک آگئی ہے اور اُن میں ایک نیا جوش پیدا ہوگیا ہے . اُنکے دل آتم‌وشواس اور خود اعتمادی سے بھر گئے ہیں .

लड़की—मेरे पास तेल नहीं है.

सखी—तू खाना क्यों नहीं खाती ?

लड़की—कोई साथी नहीं है.

सखी—अच्छा ! उठ दिया तो जला.

लड़की—चुप भी रह ! देख, तूफ़ान उठ रहा है.

लड़की की सखी खीज उठती है और आख़ीर में कहती है—"अच्छा दुखी न हो! तेरा प्रीतम शाम तक ज़रूर आ जाएगा, चुलिन."

अफ़ीम चीन की चीज़ नहीं है. विदेशियों ने इसका प्रचार चीन में करके चीन को बड़ा नुक़सान पहुँचाया है. अफ़ीम के बारे में भी एक गीत है—

अफ़ीम किसी दूसरे देश से यहाँ आई,
चारों ओर से वह हमारी हत्या कर रही है.
मौत से पहले हम मौत के मुंह में समा रहे हैं,
अफ़ीमचियों का दिया ठीक ऐसा लगता है—
जैसा कि क़ब्र के पास जला करता है,
धन और ताक़त का नाश हो गया,
हमारे पास, हाय ! अन्न तक न बचा.
कपड़े न रहे,
और न कोई सच्चा साथी ही रहा.

एक बूढ़ा चीनी अपनी ज़िन्दगी की आख़िरी मंज़िलें तय कर रहा है. अपनी बीती हुई ज़िन्दगी की ओर वह घूम कर देखता है. निराशा से उसका दिल अफ़सोस करने लगता है. ज़िन्दगी का बहुत सा समय उसने बेकारी में ही बिता दिया. वह कहता है—

सोचा था बचपन में, नगाड़ा बजाऊंगा,
पर यह काम कठिन लगा.
फिर सोचा कि टोपियां ही बुनूं,
पर मैं एक भी टोपी न बुन सका.
फिर सोचा जुड़ाई का काम ही करूं,
पर एक टूटी केतली भी न जोड़ सका.
ए भगवान ! तूने मुझे औरत क्यों न बनाया ?
हाय ! मैं सीने पिरोने का काम भी तो नहीं कर सका.
इसी सोच में मैं बूढ़ा हो गया हूँ,
ज़िन्दगी की आख़िरी मंज़िल पर खड़ा हूँ.

चीन में कुछ बच्चे पढ़ाई से जी चुराते हैं. एक ऐसे ही चीनी लड़के का गीत है—

बसन्त, क़ुदरत की किताब पढ़ने का समय है,

لڑکی—میرے پاس تیل نہیں ہے .

سکھی—تو کھانا کیوں نہیں کھاتی ؟

لڑکی—کوئی ساتھی نہیں ہے .

سکھی—اچھا ! اٹھ دیا تو جلا

لڑکی—چپ بھی رہ ! دیکھ، طوفان اٹھ رہا ہے .

لڑکی کی سکھی کھیج اٹھتی ہے اور آخیر میں کہتی ہے—"اچھا دکھی نہ ہو! تیرا پریتم شام تک ضرور آجائے گا، چلن."

افیم چین کی چیز نہیں ہے . دیشیوں نے اس کا پرچار چین میں کر کے چین کو بڑا نقصان پہونچایا ہے . افیم کے بارے میں بھی ایک گیت ہے—

افیم کسی دوسرے دیش سے یہاں آئی،
چاروں اور سے وہ ہماری ہتیا کر رہی ہے .
موت سے پہلے ہم موت کے منہ میں سما رہے ہیں،
افیمچیوں کا دیا ٹھیک ایسا لگتا ہے،
جیسا کہ قبر کے پاس جلا کرتا ہے .
دھن اور طاقت کا ناش ہو گیا،
ہمارے پاس، ہائے . ان تک نہ بچا .
کپڑے نہ رہے،
اور نہ کوئی سچا ساتھی ہی رہا .

ایک بوڑھا چینی اپنی زندگی کی آخری منزلیں طے کر رہا ہے . اپنی بیتی ہوئی زندگی کی اور وہ گھوم کر دیکھتا ہے . نراشا سے اس کا دل افسوس کرنے لگتا ہے . زندگی کا بہت سا سمے اس نے بیکاری میں ہی بتا دیا . وہ کہتا ہے—

سوچا تھا بچپن میں، نگاڑا بجاؤں گا،
پر یہ کام کٹھن لگا .
پھر سوچا کہ ٹوپیاں ہی بنوں،
پر میں ایک بھی ٹوپی نہ بن سکا .
پھر سوچا جوڑائی کا کام ہی کروں،
پر ایک ٹوٹی کیتلی بھی نہ جوڑ سکا .
اے بھگوان ! تو نے مجھے عورت کیوں نہ بنایا ؟
ہائے ! میں سینے پرونے کا کام بھی تو نہیں کرسکا .
اسی سوچ میں میں بوڑھا ہو گیا ہوں،
زندگی کی آخری منزل پر کھڑا ہوں .

چین میں بھی کچھ بچے پڑھائی سے جی چراتے ہیں . ایک ایسے ہی چینی لڑکے کا گیت ہے—

بسنت، قدرت کی کتاب پڑھنے کا سمے ہے،

हैं. ज़रा एक भयावनी लोरी भी सुनिये—

मेरे राजा मुन्ने सोजा,
न तो मां हूँ खाए.
सोजा मेरे राज दुलारे,
न तो भेड़ा खाए.
सोजा मेरे आँख के तारे,
झब्बा बाबा आए.
पीठ पे उसके एक नगाड़ा,
मुन्ने को डरवाए.

चीन में भी चिड़ियों की बोली से शगुन विचार किया जाता है. हमारे देश के नीलकंठ की तरह "दिवी कि की" वहाँ की अच्छी चिड़िया समझी जाती है. एक गीत है—

अच्छी दिवी कि की बोल रही है,
मीठे सुरों में बोल रही है.
अब पिता बहुत सा धन कमाएंगे,
मां के और बेटे होंगे,
भाई का भी विवाह हो जाएगा;
भाभी आएगी, उसे भी बच्चे होंगे,
और मुझे छोटा चाचा कह कर पुकारेंगे,

चीन के मल्लाह अपनी मेहनत और कारीगरी के लिये दुनिया भर में मशहूर हैं. एक मल्लाह का गीत है—

दक्खिन से बादल उठ रहे हैं,
किश्ती समुन्दर से निकाल लो.

× × ×

उत्तर से बादल उमड़े,
बाढ़ का पानी घरों में ज़रूर घुसेगा.

× × ×

पूरब से बादल आए,
तूफ़ान से बचने को तैयार हो जाओ.

× × ×

पच्छिम में बादल उठे,
मेघों की देवी बारिश के कपड़े पहन रही है.

एक चीनी लड़की अपने प्रीतम के बिरह में बैठी है. दुख के मारे उसकी आखें गीली हो उठी हैं. उसकी एक सखी उससे दुख का कारन पूछती है. पर लड़की क्या जवाब दे ? ज़रा उनका सवाल जवाब भी सुनिये—

सखी—दुल्हिन (गोरी) बाल सँवार लो.

ھین ۔ ذرا ایک بھیانی لوری بھی سنئے —

میرے راجا منے سوجا'
نہ تو — ماں ھوں — کھائے ۔
سو جا میرے راج دلارے'
نہ تو بھیڑا کھائے ۔
سو جا میرے آنکھ کے تارے'
جھبا بابا آئے ۔
پیٹھ پہ اُس کے ایک نگاڑا'
منے کو ڈر وائے ۔

چین میں بھی چڑیوں کی بولی سے شگن وچار کیا جاتا ھے ۔ ھمارے دیش کے نیل کنٹھ کی طرح " دوی کی " وھاں کی اچھی چڑیا سمجھی جاتی ھے ۔ ایک بیت ھے —

اچھی دوی ککی بول رھی ھے'
میٹھے سوروں میں بول رھی ھے ۔
اب پتا بہت سا دھن کمائینگے'
ماں کے اور بیٹے ھونگے ۔
بھائی کا بھی وواہ ھو جائے گا ؛
بھابھی آئے گی اُسے بھی بچے ھونگے'
اور مجھے چھوٹا چاچا کہکر پکارینگے ۔

چین کے ملاح اپنی محنت اور کاریگری کے لئے دنیا بھر میں مشہور ھیں ۔ ایک ملاح کا گیت ھے —

دکھن سے بادل اُٹھ رھے ھیں'
کشتی سمندر سے نکال لو ۔

× × × ×

اتر سے بادل اُمڈے'
باڑھ کا پانی گھروں میں ضرور گھسے گا ۔

× × × ×

پورب سے بادل آئے'
طوفان سے بچنے کو تیار ھوجا ۔

× × × ×

پچھم میں بادل اُٹھے'
میگھوں کی دیوی بارش کے کپڑے پہن رھی ھے ۔

ایک چینی لڑکی اپنے پریتم کے برہ میں بیٹھی ھے ۔ دکھ کے مارے اُس کی آنکھیں گیلی ھو اُٹھی ھیں ۔ اُسکی ایک سکھی اُس سے دکھ کا کارن پوچھتی ھے ۔ پر لڑکی کیا جواب دے ؟ ذرا اُن کا سوال جواب بھی سنئے —

سکھی — دلہن (گوری) بال سنوار لو ۔

ने दूल्हे को क्या देखा है ?
ाड़ की तरह पैरों वाले,
ासके घर में धान तक नहीं है.
से दूल्हे को क्या देखा है ?
से हँसना तक नहीं आता,
ो री नई दुलहन!
के तो ऊद बिलाव के साथ,
याह दिया जाएगा.

किन शादी की रस्में पूरी होते ही सारी चहल पहल हो जाती है, दुलहन की बिदाई के समय उसकी ा की सखियां सब चुहल भूल जाती हैं, प्यारी सखी छोह में उनकी आँखें बरबस गीली हो जाती हैं. भरे ले से वह कहती हैं—

ाठ आदमी पल भर में तेरी पालकी उठाएंगे, तुझे ससुराल जाना ही पड़ेगा—

ाई अपनी बहन को पालकी में बिठाएगा, बहिनें आँखों में आ भर कर बहन को बिदा करेंगी—

याह की खुशी में, घन्टे बज रहे हैं, आतिशबाज़ी छूट रही है,

र सखी तेरे बिछोह में,
म सब सखियां रो रही हैं.

ौ सवा सौ साल पहले चीन में कभी कभी बड़ी बड़ी कयों की शादी छोटे लड़कों से कर दी जाती थी. इन कयों को अपने पति के घर रहना पड़ता था, और ी सास अकसर उनसे कठोरता का बरताव किया ी थी. इस तरह की एक बहू की छोटी बहन ी है—

मेरी बहन, तेरा सत्रहवां साल पूरा हो गया,
दो चार साल में तू इक्कीस की हो जायगी;
पर तेरा दूल्हा तो सिर्फ़ दस साल का ही रहेगा.

× × ×

एक दिन दोनों साथ साथ पनघट जाएंगे,

मेरी बहन दूल्हे से कितनी ऊंची लगेगी.

मेरी बहन कहेगी—"अगर तेरी मां मुझे सताएगी—
तो ऐ दूल्हे ! मैं तुझे इसी कुएँ में ढकेल दूंगी."

चीनी माताएँ भी हिन्दुस्तानी माताओं की तरह अपने ों को डरा कर सुलाने की कोशिश करती हैं. वह अपने को 'मां हूँ' नाम के दैत्य का नाम लेकर डराया करती

[illegible]
پہاڑ کی طرح پیروں والے'
جس کے گھر میں دھان تک نہیں ہے .
ایسے دولہے کو کیا دیکھا ہے ؟
اُسے ہنسنا تک نہیں آتا'
او ری نئی دولہن!
تجھے تو اُود بلاؤ کے ساتھ'
بیاہ دیا جائے گا .

لیکن شادی کی رسمیں پوری ہوتے ہی ساری چہل پہل غائب ہو جاتی ہے' دولہن کی بدائی کے سمے اُس کی بچپن کی سکھیاں سب چہل بھول جاتی ہیں' پیاری سکھی کے بچھوڑے میں اُن کی آنکھیں بربس گیلی ہوجاتی ہیں . بھرے ہوئے گلے سے وہ کہتی ہیں—

آٹھ آدمی پل بھر میں تیری پالکی اُٹھائیں گے' تجھے سسرال جانا ہی پڑے گا —

بھائی اپنی بہن کو پالکی میں بٹھائے گا' بہنیں آنکھوں میں آنسو بھر کر بہن کو بدا کریں گی —

بیاہ کی خوشی میں' گھنٹے بج رہے ہیں' آتش بازی چھوٹ رہی ہے'

پر سکھی تیرے بچھوڑے میں'
ہم سب سکھیاں رو رہی ہیں .

[illegible] سو سوا سو سال پہلے چین میں کبھی کبھی بڑی بڑی لڑکیوں کی شادی چھوٹے لڑکوں سے کر دی جاتی تھی. اِن لڑکیوں کو اپنے پتی کے گھر رہنا پڑتا تھا' اور اُن کی ساس اکثر اُن سے کٹھورتا کا برتاؤ کیا کرتی تھیں . اِس طرح کی ایک بہو کی چھوٹی بہن کہتی ہے —

میری بہن' تیرا سترھواں سال پورا ہوگیا'
دو چار سال میں تو اکیس کی ہوجائے گی ؛
پر تیرا دولہا تو صرف دس سال کا ہی رہے گا .

× × × ×

ایک دن دونوں ساتھ ساتھ پنگھٹ جائینگے '

میری بہن دولہے سے کتنی اونچی لگے گی .

میری بہن کہے گی —" اگر تیری ماں مجھے ستائے گی — تو اے دولہے ! میں تجھے اِسی کنوئیں میں ڈھکیل دوں گی ."

چینی مائیں بھی ہندستانی ماتاؤں کی طرح اپنے بچوں کو ڈرا کر سلانے کی کوشش کرتی ہیں . وہ اپنے بچوں کو ' ماں ہوں ' نام کے دیتیہ کا نام لے کر ڈرایا کرتی

तुम हमारे प्रतिनिधि हो.
तुम्हारे हाथ में माला है.
तुम घोड़े पर सवार हो.
तीर की तरह उड़कर तुम, स्वर्ग में 'तुम'
यू-हु-आंग से मिलने जाते हो.
तुम पापियों को सजा और पुन्यात्माओं को इनाम दिलाते हो.

तुम महान हो.

और दूसरे ही दिन जैसे ही सूरज की नई किरनें ज़मीन पर पड़ती हैं, चीनी बच्चे ख़ुशी के मारे नाच उठते हैं, नए साल की ख़ुशी में वह गाते हैं—

स्वागत ओ नए साल,
स्वागत ओ नए साल;
तुम्हारे आने की ख़ुशी में,
हम अपने सब दुखों को भूल चुके हैं.
(आज) भाई ख़ुशी से झूल रहा है,
(और) बहन ख़ुशी से कूद रही है,
(क्योंकि) मां बाप ने हमें नए नए इनाम दिये हैं !
और—बड़ों ने मुट्ठी भर पैसे दिये हैं.

साल के पहले दिन दिये गए यह पैसे "या-सुई चईन" कहलाते हैं. बच्चे इन्हें अपनी मरज़ी के मुताबिक़ ख़र्च करने के लिये आज़ाद होते हैं.

चीन में भी हिन्दुस्तान की तरह बेवाओं की ज़िन्दगी दुखों से भरी हुई होती है. चीन के सुंग राजाओं के समय वहां विधवा विवाह पाप समझा जाता था. मिंग राज में अगर कोई विधवा ज़िन्दगी भर फिर से विवाह नहीं करती थी तो बड़े आदर से देखी जाती थी. राज की तरफ़ से उसकी इज़्ज़त होती थी और उनके नाम की तख़्तियां सड़कों पर टांग दी जाती थीं. राहगीर आदर से अपना सर उनके सामने झुकाते थे. "नियांग" देवी के त्योहार के समय एक बेवा के आंसुओं में डूबे हुए गीत को भी सुनिये—

नियांग देवी का त्योहार आ गया,
सधवायें देवी की पूजा कर रही हैं.
सन्तान के लिये प्रार्थना कर रही हैं,
पर मैं बेवा पूजा और बिनती करके क्या वरदान मांगूं?

हमारे देश की तरह चीन में भी शादी ब्याह बड़ी धूम धाम से होते हैं. नई दुलहन की सखियाँ उसे कैसे छेड़ती हैं, यह इस गीत में देखिये. सखियां कहती हैं—

ओ री नई दुलहन!

تم ہمارے پرتی ندھی ہو .
تمہارے ہاتھ میں مالا ہے.
تم گھوڑے پر سوار ہو.
تیر کی طرح اڑکر تم' سورگ میں 'تم'
یو ھو آنگ سے ملنے جاتے ہو .
تم پاپیوں کو سزا اور پنیہ آتماؤں کو انعام دلاتے ہو'
تم مہان ہو.

اور دوسرے ہی دن جیسے ہی سورج کی نئی کرنیں
ن پر پڑتی ہیں' چینی بچے خوشی کے مارے ناچ
ٹھتے ہیں' نئے سال کی خوشی میں وہ گاتے ہیں—

سواگت او نئے سال'
سواگت او نئے سال؛
تمہارے آنے کی خوشی میں'
ہم اپنے سب دکھوں کو بھول چکے ہیں .
(آج) بھائی خوشی سے جھول رہا ہے'
(اور) بہن خوشی سے کود رہی ہے'
(کیونکہ) ماں باپ نے ہمیں نئے نئے انعام دیئے ہیں !
اور—بڑوں نے مٹھی بھر پیسے دیئے ہیں .

سال کے پہلے دن دیئے گئے یہ پیسے "یاسوئی چئین"
تے ہیں . بچے انہیں اپنی مرضی کے مطابق خرچ
نے کے لئے آزاد ہوتے ہیں .

چین میں بھی ہندوستان کی طرح بیواؤں کی زندگی
کھوں سے بھری ہوئی ہوتی ہے . چین کے سونگ راجاؤں
سمے وہاں ودھوا وواہ پاپ سمجھا جاتا تھا . منگ
ج میں اگر کوئی ودھوا زندگی بھر پھر سے وواہ نہیں
تی تھی تو بڑے آدر سے دیکھی جاتی تھی . راج کی
رف سے اسکی عزت ہوتی تھی اور اسکے نام کی تختیاں
ڑکوں پر ٹانگ دی جاتی تھیں . راہگیر آدر سے اپنا
ر انکے سامنے جھکاتے تھے . "نیانگ" دیوی کے تیوہار
سمے ایک بیوہ کے آنسوؤں میں ڈوبے ہوئے گیت کو
ی سنئے—

نیانگ دیوی کا تیوہار آ گیا'
سدھوائیں دیوی کی پوجا کررہی ہیں .
سنتان کے لئے پرارتھنا کررہی ہیں'
پر میں بیوہ پوجا اور بنتی کرکے کیا بردان مانگوں؟

ہمارے دیش کی طرح چین میں بھی شادی بیاہ
ے دھوم دھام سے ہوتے ہیں . نئی دلہن کی سکھیاں
سے کیسے چھیڑتی ہیں' یہ اس گیت میں دیکھئے .
سکھیاں کہتی ہیں—

او ری نئی دلہن !

चीन के देहाती गीत

(भाई भवन कुमार पचौरी)

हर एक खेतिहर देश की असली जनता तो वहां के गांवों में ही रहती है. देहातों की जिन्दगी से सम्बन्ध रखने वाले गीतों से हमें उस देश की कलचर को समझने में सब से ज़ियादा मदद मिलती है. सियासी नीति और इनक़लाबों का अगर उन पर असर पड़ता भी है, तो भी वह इन्हें बदलने में सफल नहीं हो पाते. व्याकरन (ग्रामर) और छन्दों में बंधा हुआ साहित्य (लिटरेचर) हमें जनता के एक ख़ास पढ़े लिखे शहरी आदमियों की जिन्दगी और कलचर के बारे में ही बताता है. जनता की असली हालत तो वहां के देहाती साहित्य से ही मालूम हो सकती है. देहाती गीतों में हमें वहां की आम जनता के सुख-दुख, प्रेम-बिरह और रूढ़ियों से भरे हुए रीत रिवाजों का अच्छी तरह से पता चलता है. इसलिये कि किसी भी मुल्क की असली कलचर में वहां के देहाती गीतो का बहुत बड़ा हाथ होता है. हिन्दुस्तान की तरह चीन भी एक खेतिहर देश है. चीनी जनता पूरे साल खेतों में फ़सलें खड़ी करने के काम मे मशग़ूल रहती है. वहां की ज़मीन पथरीली है और ठन्ड के मौसम में कड़ी सरदी पड़ने के कारन उन्हें अपने काम को पूरा करने मे बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. उनके त्योहार उनकी रोज़ाना की जिन्दगी मे नयापन और ताज़गी लाकर, उन्हें मुसीबतों से लड़ने के लिये नया बल और नया जोश दे जाते हैं. इसलिये चीनी जनता त्योहारों का इन्तज़ार बड़ी बेताबी से करती है. इन मौक़ों पर बच्चे, बूढ़े और नौजवान सभी अपने आगे की जिन्दगी मे आने वाली मुसीबतों का सामना करने के लिये ख़ुद को तैयार करते हैं. साल के आख़िरी दिन चीन मे बड़ी ख़ुशियां मनाई जाती हैं. इस दिन चीनी लोग अपने देवी देवताओं की पूजा करते हैं और उन मुसीबतों को कम करने की प्रार्थना करते हैं. एक चीनी कहानी है, कि उस दिन उनके कुल देवता "त्साओ वांग येह" स्वर्ग के मालिक "यू-हु-आंग" देवता के पास जाते हैं. अपने साथ वह दो घड़े, जिनमें दुनिया के हर इनसान के पाप और पुन्य बन्द रहते है. ले जाते हैं. यू-हु-आंग इन घड़ों को खोलते हैं, और हर इनसान के पापों के हिसाब से सज़ा और पुन्यों के हिसाब से इनाम का लेखा करते हैं. "त्साओ-वांग-येह" की तारीफ़ में एक देहाती गीत है—

त्साओ-वांग-येह,

तुम महान हो.

چین کے دیہاتی گیت

(بھائی بھون کمار پچوری)

ہر ایک کھیتیہر دیش کی اصلی جنتا تو وہاں کے گاؤں میں ہی رہتی ہے. دیہاتوں کی زندگی سے سمبندھ رکھنے والے گیتوں سے ہمیں اُس دیش کی کلچر کو سمجھنے میں سب سے زیادہ مدد ملتی ہے. سیاسی نیتی اور انقلابوں کا اگر اُن پر اثر پڑتا بھی ہے، تو بھی وہ انہیں بدلنے میں سپھل نہیں ہو پاتے. ویاکرن (گرامر) اور چھندوں میں بندھا ہوا ساہتیہ (لٹریچر) ہمیں جنتا کے ایک خاص پڑھے لکھے شہری آدمیوں کی زندگی اور کلچر کے بارے میں ہی بتاتا ہے. جنتا کی اصلی حالت تو وہاں کے دیہاتی ساہتیہ سے ہی معلوم ہو سکتی ہے. دیہاتی گیتوں میں ہمیں وہاں کی عام جنتا کے سکھ دکھ، پریم برہ اور روڑھیوں سے بھرے ہوئے ریت رواجوں کا اچھی طرح سے پتہ چلتا ہے. اس لئے کہ کسی بھی ملک کی اصلی کلچر میں وہاں کے دیہاتی گیتوں کا بہت بڑا ہاتھ ہوتا ہے. ہندوستان کی طرح چین بھی ایک کھیتیہر دیش ہے. چینی جنتا پورے سال کھیتوں میں فصلیں کھڑی کرنے کے کام میں مشغول رہتی ہے. وہاں کی زمین پتھریلی ہے اور ٹھنڈ کے موسم میں کڑی سردی پڑنے کے کارن انہیں اپنے کام کو پورا کرنے میں بہت سی کٹھنائیوں کا سامنا کرنا پڑتا ہے. اُن کے تہوار اُن کی روزانہ کی زندگی میں نیا پن اور تازگی لاکر، انہیں مصیبتوں سے لڑنے کے لئے نیا بل اور نیا جوش دے جاتے ہیں. اس لئے چینی جنتا تہواروں کا انتظار بڑی بیتابی سے کرتی ہے. اِن موقعوں پر بچے، بوڑھے اور نوجوان سبھی اپنے آگے کی زندگی میں آنے والی مصیبتوں کا سامنا کرنے کے لئے خود کو تیار کرتے ہیں. سال کے آخری دن چین میں بڑی خوشیاں منائی جاتی ہیں. اس دن چینی لوگ اپنے دیوی دیوتاؤں کی پوجا کرتے ہیں. اور اُن مصیبتوں کو کم کرنے کی پرارتھنا کرتے ہیں. ایک چینی کہانی ہے، کہ اس دن اُن کے کل دیوتا "تساؤ وانگ یہہ" سورگ کے مالک "یوہو آنگ" دیوتا کے پاس جاتے ہیں. اپنے ساتھ وہ دو گھڑے، جن میں دنیا کے ہر انسان کے پاپ اور پنیہ بند رہتے ہیں، لے جاتے ہیں. یوہو آنگ اِن گھڑوں کو کھولتے ہیں، اور ہر انسان کے پاپوں کے حساب سے سزا اور پنیوں کے حساب سے انعام کا لیکھا کرتے ہیں. "تساؤ وانگ یہہ" کی تعریف میں ایک دیہاتی گیت ہے —

تساؤ وانگ یہہ،

تم مہان ہو

गलियों तक में घूमा है और अपनी सचेत आंखों से उसने न को देखा है, उस मिशन के सद्र पंडित सुन्दर लाल के बयान से ऊपर की बातों का सबूत मिलता है.

चीनी फ़िल्मों की तकनीक पर लिखने के लिये दूसरा लेख ज़रूरी होगा. हमें तो यहाँ इन फ़िल्मों के सदाचारी पहलू से मतलब है. तकनीक और कैमरे का जहाँ तक ताल्लुक़ है वह सब, चीन ने रूस से लिया है. अमरीकी या अम-रीका की नक़ल हिन्दुस्तानी फ़िल्मों की तरह चीनी फ़िल्मों की धुरी "लड़की लड़के का प्रेम" ही नहीं होती—प्रेम और प्रेम वृत्ति का अपना एक महत्व है लेकिन हर चीज़ ज़रूरत के मुताबिक़ और ठीक वक़्त और ठीक जगह पर अच्छी मालूम होती है.

चीन में प्रेम की सतह से ऊपर उठकर दूसरे इनसानी जज़्बे की तरफ़ ध्यान दिया गया है. चीन को देश भक्त पैदा करने हैं, वहाँ रचना करनी है, उसके लिये कामकर्ता पैदा करने हैं. उन "इनसानों" को पैदा करना है जो इनसानियत को एक समूचा समझें और इनसानों के लिये वह सब कुछ कर सकें जो कोई अपने भगवान के लिये करता आया है. चीन वाले इन बातों के लिये फ़िल्म का सही उपयोग करते हैं. यह है चीन का फ़िल्मी सदाचार जिसका तारीफ़ किये बिना वह लोग भी नहीं रह सके जो फ़िल्मों के सख़्त ख़िलाफ़ हैं. आज आप हिन्दुस्तानी या अमरीकी फ़िल्मों को अपने घर वालों के साथ बैठ कर बिना संकोच अनुभव किये नहीं देख सकते, लेकिन चीन में आप हर छोटे बड़े के साथ बैठ कर फ़िल्म देख सकते हैं. यक़ीन मानिये आपको किसी समय भी लज्जा नहीं आएगी. आप जब हाल से बाहर आएंगे तो आप में निर्मान करने का एक जोश होगा, आप जीवन का एक आदर्श लेकर निकलेंगे, आप त्याग की भावना अपने में महसूस करेंगे. यही हाल चीन की दूसरी कलाओं का भी है.

यह है सदाचार की वह ऊंचाई जहाँ आज वह नया चीन खड़ा है जो सदाचार की बढ़ चढ़ कर बातें नहीं करता, पर हम उसके कारनामे का कुछ अन्दाज़ा कर सकते हैं.

گلیوں تک میں گھوما ہے اور اپنی سچیت آنکھوں سے اس نے چین کو دیکھا ہے، اس مشن کے صدر پنڈت سندر لال کے بیان سے اوپر کی باتوں کا ثبوت ملتا ہے.

چینی فلموں کی تکنیک پر لکھنے کے لئے دوسرا لیکھ ضروری ہوگا. ہمیں تو یہاں ان فلموں کے سداچاری پہلو سے مطلب ہے. تکنیک اور کیمرے کا جہاں تک تعلق ہے وہ سب، چین نے روس سے لیا ہے. امریکی یا امریکہ کی نقل ہندستانی فلموں کی طرح چینی فلموں کی دھرمی "لڑکی لڑکے کا پریم" ہی نہیں ہوتی — پریم اور پریم ورتی کا اپنا ایک مہتو ہے، لیکن ہر چیز ضرورت کے مطابق اور ٹھیک وقت اور ٹھیک جگہ پر اچھی معلوم ہوتی ہے.

چین میں پریم کی سطح سے اوپر اٹھکر دوسرے انسانی جذبے کی طرف دھیان دیا گیا ہے. چین کو دیش بھگت پیدا کرنے ہیں، وہاں رچنا کرنی ہے، اسکے لئے کام کرتا پیدا کرنے ہیں. ان "انسانوں" کو پیدا کرنا ہے جو انسانیت کو ایک سموچہ سمجھیں اور انسانوں کے لئے وہ سب کچھ کر سکیں جو کوئی اپنے بھگوان کے لئے کرتا آیا ہے. چین والے ان باتوں کے لئے فلم کا صحیح اپیوگ کرتے ہیں. یہ ہے چین کا فلمی سداچار جس کی تعریف کئے بنا وہ لوگ بھی نہیں رہ سکے جو فلموں کے سخت خلاف ہیں. آج آپ ہندستانی یا امریکی فلموں کو اپنے گھر والوں کے ساتھ بیٹھکر بنا سنکوچ انوبھو کئے نہیں دیکھ سکتے، لیکن چین میں آپ ہر چھوٹے بڑے کے ساتھ بیٹھکر فلم دیکھ سکتے ہیں. یقین مانئے آپ کو کسی سمے بھی لجا نہیں آئے گی. آپ جب ہال سے باہر آئیں گے تو آپ میں نرمان کرنے کا ایک جوش ہوگا، آپ جیون کا ایک آدرش لے کر نکلیں گے، آپ تیاگ کی بھاونا اپنے میں محسوس کریںگے. یہی حال چین کی دوسری کلاؤں کا بھی ہے.

یہ ہے سداچار کی وہ اونچائی جہاں آج وہ نیا چین کھڑا ہے جو سداچار کی بڑھ چڑھ کر باتیں نہیں کرتا، پر ہم اس کے کارنامے کا کچھ اندازہ کر سکتے ہیں.

कंचियों का इस मैदान में नया नया तजरबा था. क़ानून बनाकर सदाचार क़ायम नहीं हो सकता. सदाचार को जनता में फैलाने के लिये ज़रूरी है कि जनता का नैतिक स्तर ऊंचा किया जाए. चीन में रोज़ी रोज़गार की कमी नहीं रह गई और लोग पेट की मुसीबत से आज़ाद हो गए हैं. अब उन्हें सोचने विचारने और नैतिक स्तर ऊंचा करने का काफ़ी समय मिलता है. यही कारन है कि उनका सदाचार ऊंचा होता जा रहा है.

जिन्सी और दूसरी गड़बड़ियों को दूर करने में चीन में क़ानून से बहुत कम और शुद्ध समाजी दबाव से बहुत ज़ियादा काम लिया गया है. इस तरह का जुर्म करने वालों को अजीब सज़ा दी जाती है चीन में गए हिन्दुस्तानी गुडविल मिशन को, वहीं पर नीचे दिया हुआ क़िस्सा मालूम हुआ—

एक नौजवान आदमी किसी सरकारी काम से पेकिंग से दूसरे शहर को भेजा गया. वहाँ उसने अपना सरकारी फ़र्ज़ पूरा किया. लेकिन रात को कहीं किसी औरत के पास चला गया. ज़ाहिर है, क़ानूनन यह चीज़ कोई जुर्म नहीं है, फिर भी जब पेकिंग में पुलिस ने यह ख़बर भेजी तो उस महकमे के सारे लोगों को इकट्ठा किया गया, जिस महकमे में वह नौजवान एक अफ़सर था. मीटिंग में चपरासी से लेकर ऊंचे से ऊंचे अफ़सर तक सब जमा हुए. बड़े अफ़सर ने खड़े हो कर सारा क़िस्सा लोगों को बताया और कहा—"हम अपने राष्ट्र का सदाचार ऊंचा करना चाहते हैं और हमारा यह नौजवान यह हरकत करके आया है." वह नौजवान शरमा कर रोने लगा और छलकते आँसुओं के साथ उसने सबसे माफ़ी मांगी और यक़ीन दिलाया कि आगे से वह ऐसा काम हरगिज़ नहीं करेगा. यह हैं वह तरीक़े जिनसे चीन की सरकार अपने कर्मचारियों को सदाचारी बनाती है.

किसी देश के साहित्य और सिनेमा में उस देश के जीवन की झलक दिखाई पड़ती है, उनका आदर्श दिखाई पड़ता है, उनके रीतरिवाज और रंग ढंग से परिचय होता है. जब हम चीनी साहित्य और चीनी कला को सामने रखते हैं तो हमें पूरी तरह मालूम होता है कि इन मैदानों में भी मुल्की सदाचार का बहुत ज़ियादा ख़याल रखा जाता है. "ईसा की सभ्यता के रक्षक देशों" में नंगी तस्वीरों की भरमार होती है, अख़बारों के पन्ने अश्लील तस्वीरों से भरे रहते हैं, दुराचार को प्रोत्साहन देने वाले विज्ञापन हर तरफ़ दिखाई पड़ते हैं. लेकिन चीन में इस तरह की अश्लील बातों का कहीं गुज़र भी नहीं है. यह सिर्फ़ पढ़ी पढ़ाई बातें नहीं हैं या चीनियों का अंधा धुन्ध विश्वास नहीं है. हिन्दुस्तान से गया हुआ गुडविल मिशन चीन की

روسیوں کا اِس میدان میں نیا نیا تجربہ تھا. قانون بنا کر سداچار قائم نہیں ہوسکتا. سداچار کو جنتا میں پھیلانے کے لئے ضروری ہے کہ جنتا کا نیتک استر اونچا کیا جائے. چین میں روزی روزگار کی کمی نہیں رہ گئی اور لوگ پیٹ کی مصیبت سے آزاد ہوگئے ہیں. اب اُنہیں سوچنے بچارنے اور نیتک استر کو اونچا کرنے کا کافی سمے ملتا ہے. یہی کارن ہے کہ اُن کا سداچار اونچا ہوتا جا رہا ہے.

جنسی اور دوسری گڑبڑیوں کو دور کرنے میں چین میں قانون سے بہت کم او شدھ سماجی دباؤ سے بہت زیادہ کام لیا گیا ہے اس طرح کا جرم کرنے والوں کو عجیب سزا دی جاتی ہے. چین میں گئے ہندستانی گڈول مشن کو وہیں پر نیچے دیا ہوا قصہ معلوم ہوا —

ایک نوجوان آدمی کسی سرکاری کام سے پیکنگ سے دوسرے شہر کو بھیجا گیا. وہاں اُس نے اپنا سرکاری فرض پورا کیا. لیکن رات کو کہیں کسی عورت کے پاس چلا گیا. ظاہر ہے، قانوناً یہ چیز کوئی جرم نہیں ہے، پھر بھی جب پیکنگ میں پولیس نے یہ خبر بھیجی تو اُس محکمے کے سارے لوگوں کو اکٹھا کیا گیا، جس محکمے میں وہ نوجوان ایک افسر تھا میٹنگ میں چپراسی سے لے کر اونچے سے اونچے افسر تک سب جمع ہوئے. بڑے افسر نے کھڑے ہوکر سارا قصہ لوگوں کو بتایا اور کہا — "ہم اپنے راشٹر کا سداچار اونچا کرنا چاہتے ہیں اور ہمارا یہ نوجوان یہ حرکت کر کے آیا ہے." وہ نوجوان شرما کر رونے لگا اور چھلکتے آنسوؤں کے ساتھ اُس نے سب سے معافی مانگی اور یقین دلایا کہ آگے سے وہ ایسا کام ہرگز نہیں کرے گا. یہ ہیں وہ طریقے جن سے چین کی سرکار اپنے کرم چاریوں کو سداچاری بناتی ہے.

کسی دیش کے ساہتیہ اور سنیما میں اُس دیش کے جیون کی جھلک دکھائی پڑتی ہے، اُن کا آدرش دکھائی پڑتا ہے، اُن کے ریت رواج اور رنگ ڈھنگ سے پریچے ہوتا ہے. جب ہم چینی ساہتیہ اور چینی کلا کو سامنے رکھتے ہیں تو ہمیں پوری طرح معلوم ہوتا ہے کہ اِن میدانوں میں بھی ملکی سداچار کا بہت زیادہ خیال رکھا جاتا ہے. "عیسوی کی سبھیتا کے رکشک دیشوں" میں ننگی تصویروں کی بھرمار ہوتی ہے، اخباروں کے پنے اشلیل تصویروں سے بھرے رہتے ہیں، دراچار کو پروتساہن دینے والے وگیاپن ہر طرف دکھائی پڑتے ہیں. لیکن چین میں اِسطرح کی اشلیل باتوں کا کہیں گذر بھی نہیں ہے. یہ صرف پڑھی پڑھائی باتیں نہیں ہیں یا چینیوں کا اندھا دھند وشواس نہیں ہے. ہندستان سے گیا ہوا گڈول مشن چین کی

के लिये, उसकी सभ्यता और तहज़ीब की तरक़्क़ी के लिये त्याग करना सीख लिया है. आज चीनी जनता को किसी सरकार से घृना भले ही हो लेकिन किसी इनसान से नफ़रत नहीं है. उनके लिये दुनिया की जनता एक है—यह है सदाचार की वह ऊँचाई जो धर्म पुस्तकों में बन्द ज़रूर है लेकिन धर्म का ढंढोरा पीटने वालों ने कभी इसे इस तरह अमल में नहीं अपनाया.

कुछ लोगों का कहना है कि चोरी करना कुछ इनसानों की आदत होती है. लेकिन यह बात सच्चाई से बहुत दूर है. इनसान को अगर जीवन बिताने की सुविधाएं हों और समाज को इस तरह रूप रखा हो जिसमें वह ईमान्दारी से जीवन बिता सके और लालच से बचा रहे तो वह हरगिज़ हरगिज़ चोरी या बेईमानी नहीं करेगा. चीन में ऐसा समाज काग़ज़ पर ही नहीं अमल में भी पैदा कर दिया गया है. नतीजा यह है कि वहाँ लोगों की ईमानदारी चमक उठी है. चोरी के कारन ही मोजूद नहीं रह गए तो चोरी करने की किसको ज़रूरत !

जिन्सी सदाचार की चरचा बहुत की जाती है और यह भी कहा जाता है कि कम्यूनिस्ट तो इस सदाचार के विरोधी हैं. लेकिन अजीब बात है कि केवल वही देश आज जिन्सी जीवन का आदर्श सा बन गए हैं जो कि अपने को कम्यूनिज़्म का मानने वाला कहते हैं—चीन भी उन्हीं देशों में से एक है. आज चीन में कोई भी वेश्या बाक़ी नहीं रह गई. इन बहिनों को चीनी सरकार ने पतित समझ कर या भले आदमियों के समाज को शुद्ध रखने के लिये ज़रूरी जान कर जन आन्दोलन से बाहर रखने की कोशिश नहीं की. क़ानून पास करके नुमाइशी तरीक़े से वेश्या पन के ख़ात्मे का ढंढोरा भी नहीं पीटा. चीनी सरकार के आदमी इन बहिनों के बीच में गए और सब को इकट्ठा करके इनमें एक नया जोश भर दिया, एक नया आदर्श उनके सामने खड़ा कर दिया. कोई भी वेश्या अपने पेशे से खुश नहीं होती, वह खुश हो भी नहीं सकती. लेकिन अपनी मजबूरियों को क्या करे. नए चीन ने उन मजबूरियों को ख़त्म कर दिया जो किसी स्त्री को वेश्या पन के गढ़े में ढकेलती हैं. उन वेश्याओं को काम सिखा कर फ़ैक्टरियों में भरती कर दिया गया या किसी दूसरे काम में लगा दिया गया ताकि वह ईमानदारी और इज़्ज़त से अपनी रोज़ी कमा सकें. बहुत बड़ी तादाद ने शादियां भी कर लीं और सुघड़ पत्नियां बन गईं.

वेश्यापन के ख़त्म करने या दूसरे ऐसे मोटे सदाचार के उसूलों को ज़िन्दा करने में चीनियों ने रूसियों से बहुत कुछ सीखा है. तरीक़े वही एख़तियार किये हैं लेकिन उन ग़ल्तियों से बच गए हैं जो रूस में हो चुकी थीं क्योंकि

کے لئے، اُس کی سبھیتا اور تہذیب کی ترقی کے لئے تیاگ کرنا سیکھ لیا ہے ۔ آج چینی جنتا کو کسی سرکار سے گھرنا بھلے ہی ہو لیکن کسی انسان سے نفرت نہیں ہے ۔ اُن کے لئے دنیا کی جنتا ایک ہے — یہ ہے سداچار کی وہ اُونچائی جو دھرم پستکوں میں بند ضرور ہے لیکن دھرم کا ڈھنڈورا پیٹنے والوں نے کبھی اِسے اِس طرح عمل میں نہیں اپنایا ۔

کچھ لوگوں کا کہنا ہے کہ چوری کرنا کچھ انسانوں کی عادت ہوتی ہے ۔ لیکن یہ بات سچائی سے بہت دور ہے ۔ انسان کو اگر جیون بتانے کی سودھائیں ہوں اور سماج کی اس طرح روپ ریکھا ہو جس میں وہ ایمانداری سے جیون بتاسکے اور لالچ سے بچا رہے تو وہ ہرگز ہرگز چوری یا بے ایمانی نہیں کرے گا ۔ چین میں ایسا سماج کاغذ پر ہی نہیں عمل میں بھی پیدا کردیا گیا ہے. نتیجہ یہ ہے کہ وہاں لوگوں کی ایمانداری چمک اُٹھی ہے ۔ چوری کے کارن ہی موجود نہیں رہ گئے تو چوری کرنے کی کس کو ضرورت !

جنسی سداچار کی چرچا بہت کی جاتی ہے اور یہ بھی کہا جاتا ہے کہ کمیونسٹ تو اِس سداچار کے ورودھی ہیں. لیکن عجیب بات ہے کہ کیول وہی دیش آج جنسی جیون آدرش سا بن گئے ہیں جو کہ اپنے کو کمیونزم کا ماننے والا کہتے ہیں—چین بھی اُنہیں دیشوں میں سے ایک ہے ۔ آج چین میں کوئی بھی ویشیا باقی نہیں رہ گئی ۔ اِن بہنوں کو چینی سرکار نے پتت سمجھ کر یا بھلے آدمیوں کے سماج کو شدھ رکھنے کے لئے ضروری جان کر جن آندولن سے باہر رکھنے کی کوشش نہیں کی ۔ قانون پاس کرکے نمائشی طریقے سے ویشیاپن کے خاتمے کا ڈھنڈورا بھی نہیں پیٹا ۔ چینی سرکار کے آدمی اِن بہنوں کے بیچ میں گئے اور سب کو اکٹھا کرکے اِن میں ایک نیا جوش بھر دیا، ایک نیا آدرش اُن کے سامنے کھڑا کردیا ۔ کوئی بھی ویشیا اپنے پیشے سے خوش نہیں ہوتی، وہ خوش ہو بھی نہیں سکتی ۔ لیکن اپنی مجبوریوں کو کیا کرے ۔ نئے چین نے اُن مجبوریوں کو ختم کردیا جو کسی استری کو ویشیاپن کے گڈھے میں ڈھکیلتی ہیں ۔ اُن ویشیاؤں کو کام سکھاکر فیکٹریوں میں بھرتی کردیا گیا یا کسی دوسرے کام میں لگادیا گیا تاکہ وہ ایمانداری اور عزت سے اپنی روزی کماسکیں ۔ بہت بڑی تعداد نے شادیاں بھی کرلیں اور سگھڑ پتنیاں بن گئیں ۔

ویشیا پن کے ختم کرنے یا دوسرے ایسے موٹے سداچار کے اصولوں کو زندہ کرنے میں چینیوں نے روسیوں سے بہت کچھ سیکھا ہے ۔ طریقے وہی اختیار کئے ہیں لیکن اُن غلطیوں سے بچ گئے ہیں جو روس میں ہوچکی تھیں کیونکہ

...री जैसे पेशों अपना लिये हैं. जो कुछ ना पु... है उनके लिये मना था आज नए चीन में वह सब ...कब्ज़े में है. चीन में महिला इंजिनियरों की तादाद खूब बढ़ रही है.

सचमुच हमारी औरतें ज़मींदार शाही की सताने वाली ...ी की रसमों से छुटकारा पा गई हैं. पिछले साल सेन्ट्रल ...कार ने शादी का एक नया क़ानून बनाया है जिसने एक ...च्छा और समझदारी का शादी का तरीक़ा क़ायम कर ...ा है. इस क़ानून ने तलाक़ की आज़ादी दी है, औरतों को ...री शादी करने का हक़ दिया है, औरत को इस क़ानून ...जायदाद में हिस्सा दिया है और उसको जायदाद की ...रासत का भी हक़ मिल गया है. क़ानून ने औरतों को न ...र्फ़ काग़ज़ पर यह हक़ दिया है बल्कि उस हक़ की रक्षा ...ी करता है. चीन में बालपन की शादी सिरे से ख़त्म ...र दी गई है. ब्याहता बीवी के अलावा रखैल रखने ...ा रिवाज क़ानूनन ख़त्म कर दिया गया है. वेश्यापन अब ...ुज़रे ज़माने की चीज़ है. इस क़ानून ने चीनी घरों में ...ुशहाली की गंगा बहा दी है.

بڑانے چین میں اُن کے لئے منع تھا آج نئے چین میں وہ سب اُن کے قبضے میں ہے ۔ چین میں مہلا انجینیروں کی تعداد بھی خوب بڑھ رہی ہے ۔

سچ مچ ہماری عورتیں زمیندار شاہی کی ستانے والی شادی کی رسموں سے چھٹکارا پا گئی ہیں ۔ پچھلے سال سنٹرل سرکار نے شادی کا ایک نیا قانون بنایا ہے جس نے ایک اچھا اور سمجھداری کا شادی کا طریقہ قائم کردیا ہے ۔ اِس قانون نے طلاق کی آزادی دی ہے' عورتوں کو دوسری شادی کرنے کا حق دیا ہے' عورت کو اِس قانون نے جائداد میں حصہ دیا ہے اور اُس کو جائداد کی وراثت کا بھی حق مل گیا ہے قانون نے عورتوں کو نہ صرف کاغذ پر یہ حق دیا ہے بلکہ اُس حق کی رکشا بھی کرتا ہے ۔ چین میں بال پن کی شادی سرے سے ختم کردی گئی ہے ۔ بیاہتا بیوی کے علاوہ رکھیل رکھنے کا رواج قانوناً ختم کردیا گیا ہے ۔ ویشیاپن اب گذرے زمانے کی چیز ہے ۔ اِس قانون نے چینی گھروں میں خوشحالی کی گنگا بہادی ہے ۔

चीन में सदाचार

(भाई मुजीब रिज़वी)

दुनिया में दो तरह के गिरोह हैं—एक वह जो सदाचार का ढोल खूब पीटते हैं लेकिन खुद सदाचार से परे रहते हैं. दूसरे वह जो सदाचार की बढ़ चढ़ कर बातें नहीं करते लेकिन उनके हर काम में सदाचार की ऊंचाई चमकती रहती है. नया चीन आज दूसरे गिरोह में है. वह सदाचार की चरचा कम और उस पर अमल अधिक करता है. सदाचार पर पंडिताऊ बहस से न अब तक कोई नतीजा निकला है और न निकल सकता है. यहाँ हम बारीकियों को छोड़ कर केवल मोटे मोटे अर्थों में सदाचार शब्द का इस्तेमाल करते हैं.

माओ की सरकार से पहले ऐसा कोई जुर्म नहीं था जो चीन में न होता था—लूट मार, रिश्वत खोरी, आपस की चुग़ली, चोरी चमारी, खून ख़राबी, धोका धड़ी, भाई चारे की सिरे से ना पैदगी. लेकिन नए चीन में आज यह सारी चीज़ें गए गुज़रे ज़माने की बातें हो गई हैं. वहां आपसी एका है. भाई चारे की भावना हर चीनी के दिल में हिलोरें ले रही है. वहाँ अब एक दूसरे की मदद करने और फ़ायदा पहुँचाने की बात लोग सोचते हैं, एक दूसरे की जड़ काटने की बातों में बेकार ताक़त नहीं गंवाते. चीनियों ने 'इनसान'

چین میں سداچار

(بھائی مجیب رضوی)

دنیا میں دو طرح کے گروہ ہیں—ایک وہ جو سداچار کا ڈھول خوب پیٹتے ہیں لیکن خود سداچار سے پرے رہتے ہیں ۔ دوسرے وہ جو سداچار کی بڑھ چڑھ کر باتیں نہیں کرتے لیکن اُن کے ہر کام میں سداچار کی اونچائی چمکتی رہتی ہے ۔ نیا چین آج دوسرے گروہ میں ہے ۔ وہ سداچار کی چرچا کم اور اُس پر عمل ادھک کرتا ہے ۔ سداچار پر پنڈتاؤ بحث سے نہ اب تک کوئی نتیجہ نکلا ہے اور نہ نکل سکتا ہے ۔ یہاں ہم باریکیوں کو چھوڑ کر کیول موٹے موٹے ارتھوں میں سداچار شبد کا استعمال کرتے ہیں ۔

ماؤ کی سرکار سے پہلے ایسا کوئی جرم نہیں تھا جو چین میں نہ ہوتا تھا—لوٹ مار' رشوت خوری' آپس کی چغلی' چوری چماری' خون خرابی' دھوکا دھڑی' بھائی چارے کی سرے سے ناپیدگی ۔ لیکن نئے چین میں آج یہ ساری چیزیں گئے گزرے زمانے کی باتیں ہوگئی ہیں ۔ وہاں آپسی ایکا ہے ۔ بھائی چارے کی بھاونا ہر چینی کے دل میں ہلوریں لے رہی ہے ۔ وہاں اب ایک دوسرے کی مدد کرنے اور فائدہ پہونچانے کی بات لوگ سوچتے ہیں' ایک دوسرے کی جڑ کاٹنے کی باتوں میں بیکار طاقت نہیں گنواتے ۔ چینیوں نے 'انسان'

नए चीन की नई माएं

(मेडम नाई-फ़ी-चुन)

[हिन्दुस्तान में आए हुए चीनी मिशन की मेडम नाई-फ़ी-चुन एक मेम्बर हैं. आप पेकिंग सरकार के उस विभाग की असिस्टेन्ट सिक्रेटरी हैं जिस की मंत्री मेडम सन-यात सेन हैं—एडीटर]

नए चीन में हर चीज़ पर नया पन छा रहा है. वहाँ की औरतें भी नई होती जा रही हैं. मेरा मतलब यह नहीं है कि वह नए तरीक़े से गढ़ी गई हैं बल्कि यह है कि अब चीनी औरतों की हालत में इतनी तबदीली आ गई है कि वह बिलकुल नई मालूम होती हैं. नए चीन की औरतों को मरदों के बराबर ही सारे राजकाजी अधिकार हैं. वह किसी मैदान में भी मरदों से पीछे नहीं हैं. गाँव में औरतें अहम सरकारी नौकरियों पर क़ब्ज़ा जमाए हैं और जनहित के कामों में जोश के साथ लगी हुई हैं. ज़मींदार शाही में औरतों की हालत जानवरों से भी गई गुज़री थी. आज जो औरतों को आज़ादी मिल सकी, उनको बराबर का हक़ मिल सका, इसका कारन यह है कि चीन में ज़मीन का सुधार कर दिया गया है, जिसने ज़मींदार शाही को ख़त्म कर दिया और उसी के साथ उससे पैदा होने वाले रीतरिवाज, आचार विचार सबको दफ़न कर दिया है.

आज तमाम चीनी जन सभाओं में क़रीब क़रीब एक तिहाई तादाद औरतों की है. बहुत सी औरतें पार्लिमेन्ट में बैठी हुई हैं. दिनों दिन इन्तज़ामी महकमों और सरकारी नौकरियों में औरतों की तादाद बढ़ रही है. गांव में औरतें मुखिया हैं, ज़िलों में ज़िला अफ़सर हैं, शहरों में मेयर हैं—हर जगह उनके लिये है और वह हर जगह पहुंच भी रही हैं. सेन्ट्रल सरकार में मंत्री भी हैं. इस समय तीन औरतें मंत्री मंडल में भी शामिल हैं. इन लोगों ने जन सेवा का बहुत अच्छा परिचय दिया है—अब औरत मर्द की मेहनत और काम में कोई फ़र्क़ नहीं रह गया. एक औरत का काम एक मर्द के काम के बराबर ही समझा जाता है और दोनों को बराबर मज़दूरी भी मिलती है. इसके अलावा छुट्टी, बच्चा पैदा होने की हालत में दवा दारू और इसी तरह की दूसरी रिआयतें भी मिलती हैं.

चीनी औरत को आज न सिर्फ़ राजकाजी बराबरी मिली हुई है बल्कि माली बराबरी भी उसको हासिल है. औरतों ने ट्राम ड्राइवरी, पोस्ट मैनी और रेलगाड़ी की

نئے چین کی نئی مائیں

(میڈم نائی فی چن)

[ہندستان میں آئے ہوئے چینی مشن کی میڈم
ائی فی چن ایک ممبر ہیں. آپ پیکنگ سرکار
ے اُس وبھاگ کی اسسٹنٹ سکریٹری ہیں جس کی
نتری میڈم سن یات سین ہیں — ایڈیٹر]

نئے چین میں ہر چیز پر نیا پن چھا رہا ہے . وہاں
، عورتیں بھی نئی ہوتی جا رہی ہیں . میرا مطلب
نہیں ہے کہ وہ نئے طریقے سے گڑھی گئی ہیں بلکہ
ہے کہ اب چینی عورتوں کی حالت میں
ی تبدیلی آگئی ہے کہ وہ بالکل نئی معلوم ہوتی
ں . نئے چین کی عورتوں کو مردوں کے برابر ہی سارے
ج کاجی ادھیکار ہیں . وہ کسی میدان میں بھی مردوں
یچھے نہیں ہیں . گاؤں میں عورتیں اہم سرکاری
یوں پر قبضہ جمائے ہیں اور جن ہت کے کاموں میں
ش کے ساتھ لگی ہوئی ہیں . زمیندار شاہی میں
توں کی حالت جانوروں سے بھی گئی گزری تھی . آج
عورتوں کو آزادی مل سکی' اُن کو برابر کا حق مل
اِس کا کارن یہ ہے کہ چین میں زمین کا سدھار کر
گیا ہے' جس نے زمیندار شاہی کو ختم کر دیا
سی کے ساتھ اُس سے پیدا ہونے والے ریت رواج' آچار
و سب کو دفن کر دیا ہے .

آج تمام چینی جن سبھاؤں میں قریب قریب ایک
ی تعداد عورتوں کی ہے . بہت سی عورتیں پارلیمنٹ
ں بیٹھی ہوئی ہیں . دنوں دن انتظامی محکموں
سرکاری نوکریوں میں عورتوں کی تعداد بڑھ رہی ہے .
ں میں عورتیں مکھیا ہیں' ضلعوں میں ضلع افسر
' شہروں میں میئر ہیں — ہر جگہ اُن کے لئے ہے اور
ر جگہ پہونچ بھی رہی ہیں . سنٹرل سرکار میں
ری بھی ہیں . اس سمے تین عورتیں منتری منڈل
ں بھی شامل ہیں . اِن لوگوں نے جن سیوا کا بہت اچھا
چے دیا ہے — اب عورت مرد کی محنت اور کام میں
فرق نہیں رہ گیا . ایک عورت کا کام ایک مرد کے کام کے
ر ہی سمجھا جاتا ہے اور دونوں کو برابر مزدوری بھی
ی ہے. اس کے علاوہ چھٹی' بچہ پیدا ہونے کی حالت میں
دارو اور اسی طرح کی دوسری رعائتیں بھی ملتی ہیں .

چینی عورت کو آج نہ صرف راج کاجی برابری ملی
ی ہے بلکہ مالی برابری بھی اُس کو حاصل ہے .
توں نے ٹرام ڈرائیوری' پوسٹ مینی اور ریل گاڑی کی

हिन्दुस्तान जो चीन से सबक़ ले सकता है वह यह ीं है कि अपना माली संगठन या आर्थिक पालिसी ा बनाए बल्कि, यह कि किसी आर्थिक पालिसी के लिये ाम जनता का सहयोग किस तरह हासिल किया जाता कैसे सारी जनता को उसमें शरीक कर लिया जाता है.

पच्छिम के देशों ने चीन पर जो पाबन्दियाँ लगाई हैं का कुछ असर तो लाज़मी तौर पर उस पर पड़ा है. केन वह सब तकलीफ़ें और दिक़्क़तें जो इससे पैदा ई थीं अब एकदम काफ़ूर हो गई हैं. यही नहीं, लोगों उस तरफ़ ध्यान भी नहीं जाता है. इसकी वजह है म की क़ौम का यह इरादा कर लेना कि इस पाबन्दी का स तरीक़े से हम मुक़ाबला करके ही रहेंगे. इस इरादे उनके अन्दर अनोखी ताक़त पैदा कर दी है. इसका जा यह हुआ कि चीन में पैदावार ख़ूब बढ़ी है, हर चीज़ पच्छिमी देशों से मंगाई जाती थी उसके बदले की चीज़ें काल ली गई हैं और दस्तकारी का सामान जुटाने व काम ाने में चीनियों ने जो महारत हासिल की है उसका तो ख़याल अचरज में डालता है. साथ ही साथ रूस और उसके त देशों के साथ ब्योपारी ताल्लुक़ात भी ज़ियादा बढ़े हैं.

कोरिया की लड़ाई का असर चीनियों के आम जीवन रहन सहन पर कुछ नहीं पड़ा. सरकार ने काला बाज़ार त्म कर दिया और चीज़ों की क़ीमतों को बढ़ने से रोक ाया. इसके अलावा ज़ियादा पैदावार करके कोरिया की ाई की ज़रूरी मांगें भी उन्होंने पूरी कर लीं.

हर आर्थिक दायरे में औरतें एक अहम हिस्सा रही हैं. राजकाजी कामों और किसान संगठनों में तो ऊंची जगह पर हैं ही, कारख़ानों वग़ैरा में भी असरदार ाह लिये हुए हैं.

जहां तक रूसी इमदाद की बात है, रूस से चीन को ्नीकी ज्ञान के अलावा ज़रूरी मशीनरी सामान भी ा रहा है. मुझे यक़ीन है कि कारख़ानों और ट्रांसपोर्ट दायरों में रूस बिला किसी हिचकिचाहट के चीन की द कर रहा है. अचरज की बात तो यह है कि चीन में करने वाले रूसी माहिर कोई ऊंची नौकरियों पर नहीं वह चीनी अफ़सरों के नीचे काम करते हैं, वही तनख़ाहें हैं जो चीनियों को मिलती हैं और वैसी ही तकलीफ़ें ाश्त करते हैं. इसी सहयोग का नतीजा है कि चीनी लोग र और रेल, तारीख़ में पहली बार अपने आप बनाने गए हैं. अब तो वह जीप कार भी बना रहे हैं.

चीन को बाहर के तैयार माल की ज़रूरत अब भी है. हिन्दुस्तान से यह माल मिले तो बदले में काफ़ी ज वह यहां भेज सकता है.

ہندستان جو چین سے سبق لے سکتا ہے وہ یہ نہیں ہے کہ اپنا مالی سنگٹھن یا آرتھک پالیسی کیا بنائے بلکہ یہ کہ کسی آرتھک پالیسی کے لئے عام جنتا کا سہیوگ کسطرح حاصل کیا جاتا ہے، کیسے ساری جنتا کو اُس میں شریک کر لیا جاتا ہے۔

پچھم کے دیشوں نے چین پر جو پابندیاں لگائی ہیں اُن کا کچھ اثر تو لازمی طور پر اُس پر پڑا ہے۔ لیکن وہ سب تکلیفیں اور دقتیں جو اِس سے پیدا ہوئی تھیں اب ایک دم کافور ہو گئی ہیں۔ یہی نہیں لوگوں کا اُس طرف دھیان بھی نہیں جاتا ہے۔ اِس کی وجہ ہے قوم کی قوم کا یہ اِرادہ کر لینا کہ اِس پابندی کا تھوس طریقہ سے ہم مقابلہ کر کے ہی رہیں گے۔ اِس اِرادے نے اُن کے اندر انوکھی طاقت پیدا کر دی ہے۔ اِس کا نتیجہ یہ ہوا کہ چین میں پیداوار خوب بڑھی ہے، ہر چیز جو پچھمی دیشوں سے منگائی جاتی تھی اُسکے بدلے کی چیزیں نکال لی گئی ہیں اور دستکاری کا سامان جٹانے و کام بنانے میں چینیوں نے جو مہارت حاصل کی ہے اُسکا تو خیال ہی اچرج میں ڈالتا ہے۔ ساتھ ہی ساتھ روس اور اُس کے دوست دیشوں کے ساتھ بیوپاری تعلقات بھی زیادہ بڑھے ہیں۔

کوریا کی لڑائی کا اثر چینیوں کے عام جیون و رہن سہن پر کچھ نہیں پڑا۔ سرکار نے کالا بازار ختم کر دیا اور چیزوں کی قیمتوں کو بڑھنے سے روک لیا۔ اِس کے علاوہ زیادہ پیداوار کر کے کوریا کی لڑائی کی ضروری مانگیں بھی اُنہوں نے پوری کر لیں۔

ہر آرتھک دائرے میں عورتیں ایک اہم حصہ لے رہی ہیں۔ راج کاجی کاموں اور کسان سنگٹھنوں میں تو وہ اونچی جگہ پر ہیں ہی، کارخانوں وغیرہ میں بھی اثر دار جگہ لئے ہوئے ہیں۔

جہاں تک روسی امداد کی بات ہے، روس سے چین کو تکنیکی گیان کے علاوہ ضروری مشینری سامان بھی مل رہا ہے۔ مجھے یقین ہے کہ کارخانوں اور ٹرانسپورٹ کے دائروں میں روس بلا کسی ہچکچاہٹ کے چین کی مدد کر رہا ہے۔ اچرج کی بات تو یہ ہے کہ چین میں کام کرنے والے روسی ماہر کوئی اونچی نوکریوں پر نہیں ہیں۔ وہ چینی افسروں کے نیچے کام کرتے ہیں، وہی تنخواہیں لیتے ہیں جو چینیوں کو ملتی ہیں اور ویسی ہی تکلیفیں برداشت کرتے ہیں۔ اِسی سہیوگ کا نتیجہ ہے کہ چینی لوگ موٹر اور ریل، تاریخ میں پہلی بار اپنے آپ بنانے لگ گئے ہیں۔ اب تو وہ جیپ کار بھی بنا رہے ہیں۔

چین کو باہر کے تیار مال کی ضرورت اب بھی ہے۔ اگر ہندستان سے یہ مال ملے تو بدلے میں کافی اناج وہ یہاں بھیج سکتا ہے۔

संयम का जज़्बा दिखाई देता था. फ़र्क़ सिर्फ़ यह है कि जहां हिन्दुस्तान में राजनीति के अन्दर जन चेतना और जन आन्दोलन का जज़्बा आज़ादी के बाद काफ़ी मुरझा गया मालूम होता है, वहां चीन में चीनी लोकराज के क़ायम हो जाने के बाद यह जज़्बा ज़ियादा बढ़ा है, मज़बूत बना है और तगड़ा पड़ा है.

एक ख़ास बात यह है कि हर एक के अन्दर काम करने की धुन है. उन सबका एक मक़सद दीखता है—ज़ियादा पैदावार. लोग एक दूसरे से रश्क इस बात में करते हैं कि हमारे दायरे में पैदावार दूसरे आदमी से ज़ियादा हो. बहादुर मज़दूरों और आदर्श कारकुनों की आज के चीन में सबसे ज़ियादा इज़्ज़त है. हर नौजवान चीनी लड़के लड़की को यह इच्छा रहती है कि मैं बहादुर मज़दूर या आदर्श कारकुन बन जाऊं.

चीन के अन्दर कम्यूनिस्ट पारटी का जनता पर असर कुछ उन्हीं सूरतों से पैदा हुआ जिनसे महात्मा गांधी और उनके साथियों ने *हिन्दुस्तान की जनता पर असर क़ायम* किया था. चीन की कम्यूनिस्ट पारटी को चीनियों के ऊपर कोई हुक्म नहीं लादना पड़ता. लोग इस पारटी की नेतागिरी इस वजह से मंज़ूर कर लेते हैं क्योंकि उस पारटी की तरह दूसरी किसी पारटी ने मेहनत से काम नहीं किया है, और न जनता की सेवा के लिये इतनी लगन दिखाई है.

चीन सरकार की कामयाबी की कुन्जी यह है कि उसकी नीति या पालिसी को जनता का ज़बरदस्त सहयोग मिला है. इसकी वजह थी आम जनता के अन्दर घुस कर देश के बड़े बड़े सवालों पर चर्चा व बहस करना. यही वजह है कि वहां की सरकार कई पारटी हकूमत कामयाबी के साथ चला सकी है.

चीनी यह जानते हैं कि हिन्दुस्तान की सरकार उनसे जुदा ढंग की है. लेकिन इसमें उनको कोई परेशानी नहीं होती क्योंकि उनको मालूम है कि दुनिया के ग़ैर कम्यूनिस्ट देशों में हिन्दुस्तान ही सिर्फ़ ऐसा मुल्क है जिसने चीन के साथ अपनी बेलाग दोस्ती का रिश्ता रखा है और हमेशा उसका एलान किया है—यह सिर्फ़ ज़बान से ही नहीं बल्कि अमली शकल में कर दिखाया है. पंडित जवाहर लाल नेहरू की दूर अन्देशी है—उन्होंने सैनफ़्रांसिसको कान्फ़्रेंस में शरीक होने से इन्कार कर दिया और दुनिया से ऊंची आवाज़ में कहा कि नए चीनी लोकराज को चीन की असली सरकार माना जाए—चीनियों को यह इतमीनान हो गया है कि उनके और हिन्दुस्तान के बीच जो तारीख़ी सम्बन्ध चला आता है वह फिर से जारी ही नहीं होगा बल्कि वह ज़ियादा नज़दीकी और मज़बूत होने जा रहा है.

ہم کا جذبہ دکھائی دیتا تھا . فرق صرف یہ کہ جہاں ہندستان میں راج نیتی کے اندر جن تنا اور جن آندولن کا جذبہ آزادی کے بعد کافی مرجھا ا معلوم ہوتا ہے، وہاں چین میں چینی لوک راج کے ئم ہوجانے کے بعد یہ جذبہ زیادہ بڑھا ہے، مضبوط ا ہے اور تگڑا پڑا ہے .

ایک خاص بات یہ ہے کہ ہر ایک کے اندر کام کرنے دھن ہے . اُن سب کا ایک مقصد دیکھتا ہے—زیادہ اوار . لوگ ایک دوسرے سے رشک اس بات میں تے ہیں کہ ہمارے دائرے میں پیداوار دوسرے آدمی سے ادہ ہو . بہادر مزدوروں اور آدرش کارکنوں کی آج کے ن میں سب سے زیادہ عزت ہے . ہر نوجوان چینی کے لڑکی کو یہ اِچھا رہتی ہے کہ میں بہادر مزدور یا رش کارکن بن جاؤں .

چین کے اندر کمیونسٹ پارٹی کا جنتا پر اثر کچھ ہیں صورتوں سے پیدا ہوا جن سے مہاتما گاندھی اور اُن ساتھیوں نے ہندستان کی جنتا پر اثر قائم کیا تھا . ن کی کمیونسٹ پارٹی کو چینیوں کے اوپر کوئی حکم ں لادنا پڑتا . لوگ اِس پارٹی کی نیتاگری اِس وجہ منظور کرلیتے ہیں کیونکہ اُس پارٹی کی طرح دوسری ی پارٹی نے محنت سے کام نہیں کیا ہے، اور نہ جنتا سیوا کے لئے اتنی لگن دکھائی ہے .

چین سرکار کی کامیابی کی کنجی یہ ہے کہ اُسکی تی یا پالیسی کو جنتا کا زبردست سہیوگ ملا ہے . کی وجہ تھی عام جنتا کے اندر گھس کر دیش کے ے بڑے سوالوں پر چرچا و بحث کرنا . یہی وجہ ہے وہاں کی سرکار کئی پارٹی حکومت کامیابی کے ساتھ سکی ہے .

چینی یہ جانتے ہیں کہ ہندستان کی سرکار اُن سے دا ڈھنگ کی ہے. لیکن اِس میں اُن کو کوئی پریشانی یں ہوتی کیونکہ اُن کو معلوم ہے کہ دنیا کے غیر یونسٹ دیشوں میں ہندستان ہی صرف ایسا ملک ہے س نے چین کے ساتھ اپنی بیلاگ دوستی کا رشتہ رکھا ہے ہمیشہ اُس کا اعلان کیا ہے—یہ صرف زبان سے ہی یں بلکہ اصلی شکل میں کر دکھایا ہے . پنڈت جواہر نہرو کی دور اندیشی ہے—اُنہوں نے سین فرانسسکو نرنس میں شریک ہونے سے اِنکار کردیا اور دنیا سے نچی آواز میں کہا کہ نئے چینی لوک راج کو چین اصلی سرکار مانا جائے—چینیوں کو یہ اطمینان لیا ہے کہ اُن کے اور ہندستان کے بیچ جو تاریخی بندھ چلا آتا ہے وہ پھر سے جاری ہی نہیں ہوگا بلکہ زیادہ نزدیک اور مضبوط ہونے جارہا ہے .

पूंजी वालों को ख़त्म कर दिया गया लेकिन कारख़ाने दारों को मज़े के साथ काम करने दिया जाता है. चीनी लोग अपने सवाल को बहुत समझदारी से हल करते हैं. अपने सभी सुधारों में आम जनता को साथ ले चलने की उनकी कोशिश होती है. वहां के लोग कमाल के काम करने वाले हैं."

(6)

"कैन्टन में उन्होंने असमत फ़रोशी को चन्द महीनों में ही ख़त्म कर दिया और उन सब औरतों को क़ौमी पैदावार के कामों में लगा दिया. बाढ़ के वक़्त जो जज़्बा आम लोगों में था उससे उन्होंने फ़ायदा उठाया. इसकी वजह से वह बहुत सी आफ़तों से बच गए. लेकिन हमारे देश में गांधी जी जो वातावरन तैयार कर गए थे उसे हमने ठंडा पड़ जाने दिया. इसका नतीजा यह हुआ कि हम न इधर के रहे न उधर के रहे."

नए चीन की ताक़त

(डाक्टर वी. के. आर. वी. राव)

[पंडित सुन्दर लाल की सदारत में सितम्बर के महीने में जो हिन्द गुडविल मिशन चीन गया था उसके एक मेम्बर डाक्टर वी. के. आर वी. राव भी थे. आप दिल्ली स्कूल आफ़ एकोनामिक्स के डायरेक्टर हैं. हिन्दुस्तान वापस आने पर आपने प्रेस वालों से एक बयान के दौरान में जो कहा उसका ख़ुलासा हम नीचे दे रहे हैं. —एडीटर]

अपने नए इन्क़लाब के बाद चीन वालों ने जो कमाल की तरक़्क़ी की है वह ऐसी अचरज भरी है कि अगर मैंने अपनी आंखों से उसे न देखा होता, और सिर्फ़ किसी के मुंह से उसे सुना ही होता तो मैं उस पर क़तई यक़ीन नहीं कर सकता था.

मुझे भरोसा है कि चीन वालों में जो जोश और लगन है उसके बल पर जल्दी ही उन्हें कारख़ाने चलाने की वह सब जानकारी हासिल हो जाएगी जिसकी बिना पर वह दुनिया के किसी भी कारख़ाने दार मुल्क से टक्कर ले सकते हैं.

सब से बड़ी चीज़ जिसने मेरे ऊपर असर किया वह यह थी कि मुझे यह महसूस हुआ कि क़ौम की क़ौम जाग गई है और अपनी मंज़िल की तरफ़ बढ़ रही है. मुझे उस चेतना और आन्दोलन की याद हो आई जो हमारे देश में 1930-31 में पैदा हुई थी. चीन के अन्दर भी वही काम से काम वाला, जोश, लगन, ठोसपन, ख़ुद सख़्ती और

پونجی والوں کو ختم کر دیا گیا لیکن کارخانے داروں کو مزے کے ساتھ کام کرنے دیا جاتا ہے ۔ چینی لوگ اپنے سوال کو بہت سمجھداری سے حل کرتے ہیں ۔ اپنے سبھی سدھاروں میں عام جنتا کو ساتھ لے چلنے کی اُن کی کوشش ہوتی ہے ۔ وہاں کے لوگ کمال کے کام کرنے والے ہیں ۔"

(6)

"کینٹن میں اُنہوں نے عصمت فروشی کو چند مہینوں میں ہی ختم کر دیا اور اُن سب عورتوں کو قومی پیداوار کے کاموں میں لگا دیا ۔ باڑھ کے وقت جو جذبہ عام لوگوں میں تھا اُس سے اُنہوں نے فائدہ اُٹھایا ۔ اِس کی وجہ سے وہ بہت سی آفتوں سے بچ گئے ۔ لیکن ہمارے دیش میں گاندھی جی جو واتاورن تیار کر گئے تھے اُسے ہم نے ٹھنڈا پڑ جانے دیا ۔ اِس کا نتیجہ یہ ہوا کہ ہم نہ اِدھر کے رہے نہ اُدھر کے رہے ۔"

نئے چین کی طاقت

(ڈاکٹر وی ۔ کے ۔ آر ۔ وی ۔ راؤ)

[پنڈت سندر لال کی صدارت میں ستمبر کے مہینے میں جو ہند گڈول مشن چین گیا تھا اُس کے ایک ممبر ڈاکٹر وی ۔ کے ۔ آر ۔ وی ۔ راؤ بھی تھے ۔ آپ دلی اسکول آف ایکونامکس کے ڈائرکٹر ہیں ۔ ہندستان واپس آنے پر آپ نے پریس والوں سے ایک بیان کے دوران میں جو کہا اُس کا خلاصہ ہم نیچے دے رہے ہیں — ایڈیٹر]

اپنے نئے انقلاب کے بعد چین والوں نے جو کمال کی ترقی کی ہے وہ ایسی اچرج بھری ہے کہ اگر میں نے اپنی آنکھوں سے اُسے نہ دیکھا ہوتا، اور صرف کسی کے منہ سے اُسے سنا ہی ہوتا، تو میں اُس پر قطعی یقین نہیں کر سکتا تھا ۔

مجھے بھروسہ ہے کہ چین والوں میں جو جوش اور لگن ہے اُس کے بل پر جلدی ہی اُنہیں کارخانے چلانے کی وہ سب جانکاری حاصل ہو جائیگی جسکی بنا پر وہ دنیا کے کسی بھی کارخانے دار ملک سے ٹکر لے سکتے ہیں ۔

سب سے بڑی چیز جس نے میرے اوپر اثر کیا وہ یہ تھی کہ مجھے یہ محسوس ہوا کہ قوم کی قوم جاگ گئی ہے اور اپنی منزل کی طرف بڑھ رہی ہے ۔ مجھے اُس چیتنا اور آندولن کی یاد ہو آئی جو ہمارے دیش میں 1930-31 میں پیدا ہوئی تھی ۔ چین کے اندر بھی وہی کام سے کام والا، جوش، لگن، ٹھوس پن، خود سختی اور

बिताने की क़ीमत हम नहीं चुकाना चाहते. हम रहते ही इस तरह से हैं कि लड़ाइयां हों और फिर हाथ उठा कर ईश्वर-अल्लाह से दुआ करते हैं कि लड़ाई और बरबादी से हमें बचा. यह मज़ाक़ नहीं तो क्या है ? शान्ति के लिये जल्दी-वाला-रास्ता हम अपना सकते हैं लेकिन इसकी पीठ पर लम्बी मुद्दत वाली योजना ज़रूर होनी चाहिये. वह योजना ही हमारे जीवन को इस तरह बदल सकेगी कि शान्ति पैदा हो."

(5)

"आपने मुझसे चीन के खेती सुधार के बारे में पूछा है. ऐसा लगता है कि चीनियों ने इस बारे में बहुत ही सही और मज़बूत क़दम उठाया है. उन्होंने आंख मूंद कर रूस की नक़ल नहीं की है बल्कि वहां के तजरबे से क़ीमती सबक़ लिया है. चीन के अन्दर ज़मीन पर समाजी मिलकियत कहीं नहीं है. निजी मिलकियत यहां का क़ानून है लेकिन इस मिलकियत के इस्तेमाल पर राज का पूरा क़ाबू है. निजी मुनाफ़े का, हालांकि उसका हद बना दी गई है, बोल बाला है और वही प्रेरक शक्ति है. ज़मींदारी—जिसमें किसान का खून चूसा जाता था—ख़तम कर दी गई है लेकिन उन मालदार किसानों को जो खुद काश्त करते थे छुआ तक नहीं गया. अब तक किसानों को अपनी पैदावार का आठ आने से लेकर सोलह आने तक हिस्सा ज़मींदार को दे देना पड़ता था. लेकिन यह चीज़ ख़तम कर दी गई और अब जोतने वाले को अपनी मेहनत का पूरा फल मिलता है.

लगान पैदावार का क़रीब क़रीब 13 फ़ी सदी है और अनाज की शक्ल में वसूल किया जाता है. इस तरह करने से उन्हें चीज़ों की चढ़ती क़ीमतों को रोकने में बड़ी मदद मिली है. सिपाहियों और मास्टरों को अनाज की शक्ल में तनख़ाह मिलती है. आतंक का कहीं नाम नहीं—लेकिन हां, जिन ज़मींदारों ने विद्रोह की कोशिश की उन्हें ज़रूर दबा दिया गया. उनकी ज़मीनें ज़ब्त करली गईं. लेकिन जिन ज़मींदारों को ज़मीन जोतना क़बूल था उनको दूसरों के जैसी सभी सहूलियतें पहुंचाई गईं.

रूसी इन्क़िलाब का आधार मिल मज़दूर थे लेकिन चीनी इन्क़लाब का आधार खेती सुधार है. दोनों में भेद केवल तादाद का नहीं बल्कि क़िस्म का है. नतीजा यह है कि चीन में वैसा कम्यूनिज़्म नहीं है जो हम रूस के साथ नत्थी करते हैं. रूस का चीन की नीति को ढालने में उतना हाथ नहीं है जितना हम समझा करते हैं.

कई तरह से चीनी इन्क़लाब हमारे लिये सबक़ दाता है. दस्तकारी कारख़ानों के मामले में भी ख़ून चूसने वाले

بتانے کی قیمت ہم نہیں چکانا چاہتے ۔ ہم رہتے ہی اِس طرح سے ہیں کہ لڑائیاں ہوں اور پھر ہاتھ اُٹھا کر ایشور اللہ سے دعا کرتے ہیں کہ لڑائی اور بربادی سے ہمیں بچا ۔ یہ مذاق نہیں تو کیا ہے ؟ شانتی کے لئے جلدی والا راستہ ہم اپنا سکتے ہیں لیکن اِسکی پیٹھ پر لمبی مدت والی یوجنا ضرور ہونی چاہئیے ۔ وہ یوجنا ہی ہمارے جیون کو اس طرح بدل سکے گی کہ شانتی پیدا ہو ۔"

(5)

" آپ نے مجھ سے چین کے کھیتی سدھار کے بارے میں پوچھا ہے ۔ ایسا لگتا ہے کہ چینیوں نے اِس بارے میں بہت ہی صحیح اور مضبوط قدم اُٹھایا ہے ۔ انہوں نے آنکھ موند کر روس کی نقل نہیں کی ہے بلکہ وہاں کے تجربے سے قیمتی سبق لیا ہے ۔ چین کے اندر زمین پر سماجی ملکیت کہیں نہیں ہے ۔ نجی ملکیت یہاں کا قانون ہے لیکن اِس ملکیت کے استعمال پر راج کا پورا قابو ہے ۔ نجی منافع کا، حالانکہ اُس کی حد بنا دی گئی ہے، بول بالا ہے اور وہی پریرک شکتی ہے ۔ زمینداری — جس میں کسان کا خون چوسا جاتا تھا — ختم کر دی گئی ہے لیکن اُن مالدار کسانوں کو جو خود کاشت کرتے تھے چھوا تک نہیں گیا ۔ اب تک کسانوں کو اپنی پیداوار کا آٹھ آنے سے لے کر سولہ آنے تک حصہ زمیندار کو دے دینا پڑتا تھا ۔ لیکن یہ چیز ختم کر دی گئی اور اب جوتنے والے کو اپنی محنت کا پورا پھل ملتا ہے ۔

لگان پیداوار کا قریب قریب 13 فی صدی ہے اور اناج کی شکل میں وصول کیا جاتا ہے ۔ اِس طرح کرنے سے اُنہیں چیزوں کی چڑھتی قیمتوں کو روکنے میں بڑی مدد ملی ہے ۔ سپاہیوں اور ماسٹروں کو اناج کی شکل میں تنخواہ ملتی ہے ۔ آتنک کا کہیں نام نہیں — لیکن ہاں، جن زمینداروں نے ودروہ کی کوشش کی اُنہیں ضرور دبا دیا گیا ۔ ان کی زمینیں ضبط کر لی گئیں ۔ لیکن جن زمینداروں کو زمین جوتنا قبول تھا اُن کو دوسروں کے جیسی سبھی سہولیتیں پہونچائی گئیں ۔

روسی انقلاب کا آدھار مل مزدور تھے لیکن چینی انقلاب کا آدھار کھیتی سدھار ہے ۔ دونوں میں بھید کیول تعداد کا نہیں بلکہ قسم کا ہے ۔ نتیجہ یہ ہے کہ چین میں ویسا کمیونزم نہیں ہے جو ہم روس کے ساتھ نتھی کرتے ہیں ۔ روس کا چین کی نیتی کو ڈھالنے میں اُتنا ہاتھ نہیں ہے جتنا ہم سمجھا کرتے ہیں ۔

کئی طرح سے چینی انقلاب ہمارے لئے سبق داتا ہے ۔ دستکاری کارخانوں کے معاملے میں بھی خون چوسنے والے

आख़ीर में दुनिया व्यापी लड़ाई की शकल ले लेती है. इसलिये सिर्फ़ लड़ाई का इलाज करना अलामत का इलाज करना है न कि असली बीमारी का. हथियार बन्दी और सुलहों से यह सवाल पूरा हल होने वाला नहीं है. हम यह महसूस करते हैं कि जब अपनी ज़रूरतों के बनावटी नाम हम खड़े करेंगे और फिर केन्द्री पैदावार के ज़रिये उन ज़रूरतों को पूरा करने के चक्कर में पड़ेंगे तो लड़ाइयों का होना लाज़मी है. हम यह भी महसूस करते हैं कि ऐसे बनावटी नामों से क़ुदरती लालच और ईर्षा बढ़ते हैं और नफ़रत पैदा होती है जिसका नतीजा लड़ाई है. इसलिये हिन्दुस्तान का तरीक़ा, ख़ास कर वह जिसके रहबर महात्मा गांधी हैं, मुस्तक़िल शान्ति क़ायम करने का तरीक़ा है. लेकिन इतनी बात ज़रूर है कि यह लम्बी मुद्दत का प्रोग्राम है.

"भाई एहरन बर्ग ने कहा, 'अगर कोई डाकू बच्चे को मारने घर में घुस आए तो क्या बच्चे को बचाना गांधी वादी तरीक़े के ख़िलाफ़ होगा ?' मैंने जवाब दिया, 'माफ़ किजिये, आप की मिसाल ठीक नहीं बैठती है. हमको जड़ पकड़नी चाहिये. अगर बच्चे के बदन पर कोई ऐसी चीज़ है—जैसे ज़ेवर—जिससे डाकू का मन बेजा हरकत करने को होता है तो हम एक डाकू से उसे बचाएंगे तो दूसरा आएगा, तीसरा आएगा. इस तरह सवाल हल नहीं होने वाला है. लड़ाइयां बाढ़ों की तरह होती हैं. और बाढ़ नाम है बरसात के पानी के जमा हो जाने का. बहुत पैसा मेहनत ख़र्च करके बाढ़ रोकने के लिये हम डाम बना सकते हैं. लेकिन जहां यह डाम फूटे कि तबाही फिर से आई. इस लिये बाढ़ रोकने का मुनासिब तरीक़ा यही है कि हम बरसात के पानी से काम शुरू करें. अगर हम ज़मीन जोत लें तो वह पानी सोख कर उपजाऊ बनती है. अगर जंगल बनादें तब भी बारिश का पानी बेकार न जाकर ज़मीन में चला जाता है और आगे सोते के पानी की तरह काम में आ जाता है. ज़मीन ख़ुद एक बड़े हौज़ या तालाब का काम कर लेती है और पानी को भयानक बाढ़ का रूप नहीं लेने देती. छोटे छोटे डामों से भी यह काम चलता है. यह चीज़ें देखने में तो मामूली सी लगती हैं लेकिन इनकी अहमियत से कौन इनकार कर सकता है ?

"गांधी जी का तरीक़ा यही है कि बरसात की बूँदों को रोक कर उनको सुकारज से लगा दिया जाए, न कि उनको जमा होने दे कर बाढ़ की शकल में मुसीबत पैदा करने दें. जो रचनात्मक प्रोग्राम उन्होंने छोड़ा है वह दुनिया की शान्ति के लिए बहुत बड़ी इमदाद है. आपके शान्ति-सम्मेलनों की पहुँच या अपील इस प्रोग्राम के सामने नहीं के बराबर है. मुसीबत असल यह है कि सादा जीवन

آخیر میں دنیا ویاپی لڑائی کی شکل لے لیتی ہے. اس لئے صرف لڑائی کا علاج کرنا علامت کا علاج کرنا ہے نہ کہ اصلی بیماری کا. ہتھیار بندی اور صلحوں سے یہ سوال پورا حل ہونے والا نہیں ہے. ہم یہ محسوس کرتے ہیں کہ جب اپنی ضرورتوں کے بناوٹی نام ہم کھڑے کریں گے اور پھر کیندری پیداوار کے ذریعے اُن ضرورتوں کو پورا کرنے کے چکر میں پڑیں گے تو لڑائیوں کا ہونا لازمی ہے. ہم یہ بھی محسوس کرتے ہیں کہ ایسے بناوٹی ناموں سے قدرتی لالچ اور ایرشا بڑھتے ہیں اور نفرت پیدا ہوتی ہے جس کا نتیجہ لڑائی ہے. اس لئے ہندستان کا طریقہ' خاص کر وہ جس کے رہبر مہاتما گاندھی ہیں' مستقل شانتی قائم کرنے کا طریقہ ہے. لیکن اتنی بات ضرور ہے کہ یہ لمبی مدت کا پروگرام ہے.

"بھائی اہرن برگ نے کہا' 'اگر کوئی ڈاکو بچے کو مارنے گھر میں گھس آئے تو کیا بچے کو بچانا گاندھی وادی طریقے کے خلاف ہوگا ؟' میں نے جواب دیا' 'معاف کیجئے' آپ کی مثال ٹھیک نہیں بیٹھتی ہے ہم کو جڑ پکڑنی چاہئے. اگر بچے کے بدن پر کوئی ایسی چیز ہے— جیسے زیور— جس سے ڈاکو کا من بیجا حرکت کرنے کو ہوتا ہے تو ہم ایک ڈاکو سے اسے بچائیں گے تو دوسرا آئے گا' تیسرا آئے گا. اس طرح سوال حل نہیں ہونے والا ہے. لڑائیاں باڑھوں کی طرح ہوتی ہیں. اور باڑھ نام ہے برسات کے پانی کے جمع ہو جانے کا. بہت پیسہ محنت خرچ کرکے باڑھ روکنے کے لئے ہم ڈام بنا سکتے ہیں. لیکن جہاں یہ ڈام پھوٹے کہ تباہی پھر سے آئی. اس لئے باڑھ روکنے کا مناسب طریقہ یہ ہے کہ ہم برسات کے پانی سے کام شروع کریں. اگر ہم زمین جوت لیں تو وہ پانی سوکھ کر اپجاؤ بنتی ہے. اگر جنگل بنادیں تب بھی بارش کا پانی بیکار نہ جاکر زمین میں چلا جاتا ہے اور آگے سوتے کے پانی کی طرح کام میں آجاتا ہے. زمین خود ایک بڑے حوض یا تالاب کا کام کرلیتی ہے اور پانی کو بھیانک باڑھ کا روپ نہیں لینے دیتی. چھوٹے چھوٹے ڈاموں سے بھی یہ کام چلتا ہے یہ چیزیں دیکھنے میں تو معمولی سی لگتی ہیں لیکن ان کی اہمیت سے کون انکار کرسکتا ہے ؟

"گاندھی جی کا طریقہ یہی ہے کہ برسات کی بوندوں کو روک کر اُن کو سکارج سے لگا دیا جائے' نہ کہ اُن کو جمع ہونے دیکر باڑھ کی شکل میں مصیبت پیدا کرنے دیں. جو رچناتمک پروگرام انہوں نے چھوڑا ہے وہ دنیا کی شانتی کے لئے بہت بڑی امداد ہے. آپ کے شانتی سمیلنوں کی پہنچ یا اپیل اس پروگرام کے سامنے نہیں کے برابر ہے. مصیبت اصلی یہ ہے کہ سادہ جیون

है. यहां की सरकारी मशीनरी समझदार है और सब लोग दिल से उसके साथ हैं. वजह यह है कि सब मुलाज़िम जनता से हिल मिल गए हैं. सब एक ही तरह के कपड़े पहनते और एक ही तरह रहते हैं. ऊंचे और नीचे में कोई बड़ा फ़र्क नहीं है. चेयरमैन माओ को हर महीने केवल 2.800 कट्टी मक्का मिलती है (एक कट्टी = 10 छटांक), साथ में एक मकान और एक मोटर हमारे हिसाब से चेयरमैन माओ की तनख़ाह 600 रुपया महीना बैठेगी. मैं दो कैबिनट मिनिस्टरों से मिला जो क़रीब क़रीब 450 रुपये के बराबर पाते थे. जो स्वयं सेवक हमारे साथ थे उन्हें क़रीब 150 रुपया मिलता है. इस से आप देख सकते हैं कि चीन में इस तरह के नेता हैं जो जनता का सा जीवन बिताते हैं.

"यहां पर वैसी ही एक जान मालूम होती है जैसी हमारे यहां 1931 में थी. रूस का उतना ज़ियादा असर नहीं है जितना हम समझते हैं. रूसी कम्यूनिज़्म का आधार राष्ट्रीकरन और बड़े पैमाने की तैयारी है. लेकिन चीन ख़ासगी या निजी जायदाद में—चाहे वह कुछ सीमित ही है—यक़ीन करता है. छोटे पैमाने की तैयारी वाले कारख़ाने यहां ख़ूब हैं. यहां का आधार है—नया खेती क़ानून और खेती सुधार. इस बुनियादी फ़र्क़ की वजह से चीन आंख बन्द कर के रूस की नक़ल नहीं कर सकता.

"मुझे यह देख कर ख़ुशी हुई कि यहां वेतन का आधार क़रीब क़रीब वही है जो मैंने अपने पन्ने आश्रम, सेलहोड़ (यह वर्धा से बीस मील के फ़ासले पर है) में रखा है. चीन में खाना, कपड़ा, मकान मुफ़्त और जेब ख़र्च के लिये दस पन्द्रह रुपए महीने. मेरा हिसाब ज़ियादा साइन्टिफ़िक है क्योंकि मामूली ख़ुराक की बिना पर क़ायम किया गया है. लेकिन दोनों का मेल ताज्जुब की बात है."

(4)

"चीन में मेरी मुलाक़ात भाई इलया एहरन बर्ग से हुई जो रूस के नामी लेखक और उपन्यासकार हैं. वह रूस सरकार के एक ऊंचे प्रोपेगेन्डा अफ़सर भी हैं उन्होंने मुझसे पूछा कि हिन्दुस्तान तो सचमुच शान्ति-पसंद देश है लेकिन फिर भी शान्तिवादी या पैसिफ़िस्ट संस्थाओं का अंतर क़ौमी शान्ति सभाओं में वह कोई ख़ास हिस्सा क्यों नहीं लेता ? मैंने जवाब दिया:

'हमारा नज़रिया ही आपके नज़रिये से जुदा है. हमारा फ़िलासफ़ी और क़ौमी कल्चर की तामीर यह है कि हम इनसान की निजी ज़िन्दगी के सुधार की तरफ़ ध्यान देते हैं. हम लड़ाई को एक समाजी बीमारी मानते हैं जो आदमियों के अन्दर की हिंसा का नतीजा है और यही

ہے ۔ یہاں کی سرکاری مشینری سمجھدار ہے اور سب لوگ دل سے اس کے ساتھ ہیں ۔ وجہ یہ ہے کہ سب ملازم جنتا سے ہل مل گئے ہیں ۔ سب ایک ہی طرح کے کپڑے پہنتے اور ایک ہی طرح رہتے ہیں ۔ اونچے اور نیچے میں کوئی بڑا فرق نہیں ہے ۔ چیرمین ماؤ کو ہر مہینے کیول 2,800 کٹی مکا ملتی ہے (ایک کٹی = 10 چھٹانک)' ساتھ میں ایک مکان اور ایک موٹر ہمارے حساب سے چیرمین ماؤ کی تنخواہ 600 روپے مہینہ بیٹھیگی ۔ میں دو کیبنٹ منسٹروں سے ملا جو قریب قریب 450 روپے کے برابر پاتے تھے ۔ جو سویم سیوک ہمارے ساتھ تھے انہیں قریب 150 روپیہ ملتا ہے ۔ اس سے آپ دیکھ سکتے ہیں کہ چین میں اسطرح کے نیتا ہیں جو جنتا کا سا جیون بتاتے ہیں ۔

" یہاں پر ویسی ہی ایک جان معلوم ہوتی ہے جیسی ہمارے یہاں 1931 میں تھی ۔ روس کا اتنا زیادہ اثر نہیں ہے جتنا ہم سمجھتے ہیں ۔ روسی کمیونزم کا آدھار راشٹری کرن اور بڑے پیمانے کی تیاری ہے ۔ لیکن چین خاصگی یا نجی جائداد میں — چاہے وہ کچھ سیمت ہی ہے — یقین کرتا ہے ۔ چھوٹے پیمانے کی تیاری والے کارخانے یہاں خوب ہیں ۔ یہاں کا آدھار ہے — نیا کھیتی قانون اور کھیتی سدھار ۔ اس بنیادی فرق کی وجہ سے چین آنکھ بند کر کے روس کی نقل نہیں کر سکتا ۔

"مجھے یہ دیکھکر خوشی ہوئی کہ یہاں ویتن کا آدھار قریب قریب وہی ہے جو میں نے اپنے پنے آشرم' سیلہوڑ (یہ وردھا سے بیس میل کے فاصلے پر ہے) ۔ میں رکھا ہے ۔ چین میں کھانا' کپڑا' مکان مفت اور جیب خرچ کے لئے دس پندرہ روپے ہر مہینے ۔ میرا حساب زیادہ سائنٹفک ہے کیونکہ معمولی خوراک کی بنا پر قائم کیا گیا ہے ۔ لیکن دونوں کا میل تعجب کی بات ہے ۔"

(4)

" چین میں میری ملاقات بھائی اِلیااھرن برگ سے ہوئی جو روس کے نامی لیکھک اور اپنیاس کار ہیں ۔ وہ روس سرکار کے ایک اونچے پروپیگنڈا افسر بھی ہیں ۔ انہوں نے مجھسے پوچھا کہ ہندستان تو سچ مچ شانتی پسند دیش ہے لیکن پھر بھی شانتی وادی یا پیسیفسٹ سنستھاؤں کی انٹر قومی شانتی سبھاؤں میں وہ کوئی خاص حصہ کیوں نہیں لیتا ؟ میں نے جواب دیا :

'ہمارا نظریہ ہی آپ کے نظرئے سے جدا ہے ۔ ہماری فلاسفی اور قومی کلچر کی تعمیر یہ ہے کہ ہم انسان کی نجی زندگی کے سدھار کی طرف دھیان دیتے ہیں ۔ ہم لڑائی کو ایک سماجی بیماری مانتے ہیں جو آدمیوں کے اندر کی ہنسا کا نتیجہ ہے اور یہی

(२)

"चीन को जितना ज़ियादा मैं देखता हूँ उतना ही मैं उस पर मोहित होता जाता हूँ. कैन्टन जब हम पहुँचे तो देखा कि हांग कांग के मुक़ाबले वह ग़रीब शहर है लेकिन सफ़ाई में कोई कमी नहीं थी. न भिकमंगे थे, न मक्खी, न कौवे और न कुत्ते. सड़कें एक दम साफ़ थीं. पहरे वाले सिपाहियों के नाक मुंह उसी तरह बन्द थे जैसे आपरेशन करने वाले डाक्टरों के. सड़कों पर आम तौर से साइकिलें, साइकिल रिक्शे और बस चल रहे थे. कुछ मोटरें थीं लेकिन वह ज़ियादातर सरकारी थीं. टैक्सी या निजी कार नहीं दिखलाई पड़ती थी. हवाई अड्डे झोपड़ों की तरह थे और जहाज़ चढ़ने उतरने के रास्ते पक्के नहीं बने थे. उन पर महज़ कोलतार था. सभी जगह सादगी थी. न ऐसे आदमी दीखते थे जो दूसरों के मुक़ाबले बड़े रईस हों, सब क़रीब क़रीब एक से थे.

"कैन्टन की दुकानों के साइन बोर्ड इतने ख़ुशनुमा और रंग बिरंगे मालूम हो रहे थे मानो किसी त्योहार की तैयारी हो. कैन्टन कलकत्ते जैसा बड़ा शहर है. लेकिन कहीं भी फ़ालतू या बेकार ज़मीन नहीं मिलेगी. शहर तक के अन्दर जो ज़मीन ख़ाली है वहां खेती कर ली गई है. हम लोगों के मुक़ाबले वहां के आदमी बहुत ही मेहनती हैं. जब मैं सुबह के वक़्त गलियों में घूमने गया तो देखा कि मांयें अपने बच्चों को नहला रही हैं."

(3)

"पेकिंग में पहली अक्तूबर का जशन हमने देखा. चेयरमैन माओ के पास से दस लाख आदमी उस दिन निकले होंगे. हम लोग सुबह के साढ़े नौ बजे से शाम के चार बजे तक खड़े ही रहे. फ़ौज, समुन्दरी बेड़े और हवाई जहाज़ का मार्च कोई डेढ़ घंटे तक हुआ. इसके बाद रेलवे और कारख़ानों के मज़दूर आए—तब फिर किसान, गांव वाले, स्कूल कालिज के लड़के लड़कियां वग़ैरा. सब सलामी देते निकल गए. एक दम शान्ति और डिसिपलिन था. उनके अन्दर से जोश मानो उमड़ा पड़ रहा हो. ऐसी भावना के लोग कभी ग़ुलाम नहीं रह सकते. इसके मुक़ाबले हिन्दुस्तान गया गुज़रा है. हम गाल फुला कर यह समझते हैं कि पूरब के अगुआ हम ही हैं, लेकिन चीन हम से कोसों आगे है. चीन वाले अपने मक़सद पर एक सू होकर चल रहे हैं और उनके अन्दर इरादा मालूम पड़ता है. उन्हें कोई नहीं रोक सकता. हमारे सामने न कोई मक़सद है न कोई मंज़िल, इसलिये हम में जोश नहीं है.

"खाना हर जगह बहुतेरा है. ज़रूरत की दूसरी चीज़ें भी बहुत-ही सस्ती मिलती हैं. हां, इन्फ़्लेशन ज़रूर है, लेकिन सरकार ने इसे दूर करने का रास्ता निकाल लिया

(2)

"چین کو جتنا زیادہ میں دیکھتا ہوں اُتنا ہی میں اُس پر موہت ہوتا جاتا ہوں. کینٹن جب ہم پہنچے تو دیکھا کہ ہانگ کانگ کے مقابلے وہ غریب شہر ہے لیکن صفائی میں کوئی کمی نہیں تھی. وہاں نہ بھکمنگے تھے، نہ مکھی، نہ کوے اور نہ کتے. سڑکیں ایک دم صاف تھیں. پہرے والے سپاہیوں کے ناک منھ اُسی طرح بند تھے جیسے آپریشن کرنے والے ڈاکٹروں کے. سڑکوں پر عام طور سے سائکلیں، سائکل رکشے اور بس چل رہے تھے. کچھ موٹریں تھیں لیکن وہ زیادہ تر سرکاری تھیں. ٹیکسی یا نجی کار نہیں دکھائی پڑتی تھی. ہوائی اڈے جھونپڑوں کی طرح تھے اور جہاز چڑھنے اُترنے کے راستے پکے نہیں بنے تھے. اُن پر محض کولتار تھا. سبھی جگہ سادگی تھی. نہ ایسے آدمی دیکھتے تھے جو دوسروں کے مقابلے بڑے رئیس ہوں، سب قریب قریب ایک سے تھے.

"کینٹن کی دوکانوں کے سائن بورڈ اتنے خوشنما اور رنگ برنگے معلوم ہو رہے تھے مانو کسی تیوہار کی تیاری ہو. کینٹن کلکتے جیسا بڑا شہر ہے. لیکن کہیں بھی فالتو یا بیکار زمین نہیں ملے گی. شہر تک کے اندر جو زمین خالی ہے وہاں کھیتی کر لی گئی ہے. ہم لوگوں کے مقابلے وہاں کے آدمی بہت ہی محنتی ہیں. جب میں صبح کے وقت گلیوں میں گھومنے گیا تو دیکھا کہ مائیں اپنے بچوں کو نہلا رہی ہیں."

(3)

" پیکنگ میں پہلی اکتوبر کا جشن ہم نے دیکھا. چیرمین ماؤ کے پاس سے دس لاکھ آدمی اس دن نکلے ہونگے. ہم لوگ صبح کے ساڑھے نو بجے سے شام کے چار بجے تک کھڑے ہی رہے. فوج، سمندری بیڑے اور ہوائی جہاز کا مارچ کوئی ڈیڑھ گھنٹے تک ہوا. اسکے بعد ریلوے اور کارخانوں کے مزدور آئے — تب پھر کسان، گاؤں والے، اسکول کالج کے لڑکے لڑکیاں وغیرہ. سب سلامی دیتے نکل گئے. ایک دم شانتی اور ڈسپلن تھا. اُن کے اندر سے جوش مانو اُمڈا پڑ رہا ہو. ایسی بھاونا کے لوگ کبھی غلام نہیں رہ سکتے. اس کے مقابلے ہندستان گیا گذرا ہے. ہم گال پھلا کر یہ سمجھتے ہیں کہ پورب کے اگوا ہم ہی ہیں، لیکن چین ہم سے کوسوں آگے ہے. چین والے اپنے مقصد پر ایک سو ہو کر چل رہے ہیں اور اُن کے اندر ارادہ معلوم ہوتا ہے. انہیں کوئی نہیں روک سکتا. ہمارے سامنے نہ کوئی مقصد ہے نہ کوئی منزل، اس لئے ہم میں جوش نہیں ہے.

" کھانا ہر جگہ بہتیرا ہے. ضرورت کی دوسری چیزیں بھی بہت ہی سستی ملتی ہیں. ہاں، انفلیشن ضرور ہے، لیکن سرکار نے اِسے دور کرنے کا راستہ نکال لیا

नए चीन की झलक

(डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा)

[डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा कुल हिन्द ग्राम उद्योग संघ, मगनवाड़ी, वर्धा, के सदर हैं. आप हिन्द गुडविल मिशन के मेम्बर की हैसियत से चीन गए थे. अपने दौरे में उन्होंने जो ख़त अपनी संस्था के मंत्री को भेजे वह उनके माहवारी परचे "ग्राम उद्योग पत्रिका" में छपे हैं. इन ख़तों से नए चीन की एक ख़ासी झलक मिलती है. हम उन ख़तों में से कुछ को यहाँ दे रहे हैं.

—एडीटर]

(1)

"हम लोग हांग कांग शाम को पहुँचे. स्विमिंग हाउस होटल में हमें ठहराया गया. इस होटल के बैरों में हिन्दुस्तानी होटलों के बैरों से बड़ा फ़र्क़ दीखता था. हमारे यहां के बैरे गर्दन झुकाए इनाम या बख़शीश के मुन्तज़िर रहते हैं. लेकिन हांग कांग में चीनी बैरों के चेहरे पर ख़ुशी छाई हुई थी, वह मुस्करा रहे थे और सर ऊंचा करके अपना काम करते थे. उन्हें देखकर हैरत होती थी. उन्हें अपने नए चीन का नाज़ था. उन्होंने हमारा स्वागत किया और इस तरह पेश आए मानो वही हमारे मेज़बान हों.

"दूसरे दिन सवेरे मैं यह देखने निकल गया कि हांग कांग की ग़रीब बस्तियां कैसी हैं. मैं ऐसी जगह गया जहां मुझे उम्मीद थी कि बदबू और गंदगी होगी—मांस मछली बाज़ार और सब्ज़ी मंडी. लेकिन मैं तो दंग रह गया. न मुझे मक्खी दीखी, न कौवे न चील—जो पूरब में गंदगी के मशहूर सफ़ैये समझे जाते हैं. सड़कें साफ़ थीं. हालांकि लोग ग़रीब थे. कुछ लोग तो सड़क के पास पटरी पर पड़े थे. न कहीं थूक दिखाई देता था न और कोई गंदगी. न कोई बू आती थी—सिर्फ़ सूखी मछली की क़ुदरती गंध आ रही थी. पच्छिम को छोड़ कर ऐसा साफ़ नगर मैंने कहीं नहीं देखा. नहीं, नहीं, लन्दन के कुछ हिस्से भी यहां से सबक़ ले सकते हैं. इस जगह राज अंगरेज़ी है मगर आबादी ग़रीब चीनियों की है. इनकी हालत हमारे शहरों में पटरी पर रहने वालों से ज़ियादा मुख़्तलिफ़ नहीं है. हमारे शहरों का इन्तज़ाम भी अंगरेज़ लोग एक ज़माने में करते थे, मगर भेद ज़मीन आसमान का मालूम पड़ता है. इसकी वजह चीनियों का सहयोग ही हो सकता है. शाम को हम जहाज़ से कैन्टन के लिये रवाना हुए. इस जहाज़ पर क़रीब दो दिन के बाद हमने चाय के वक़्त दो मक्खियां देखीं. मेरे साथी फ़ौरन बोल उठे, 'देखो, देखो ! दो मक्खियाँ हैं."

نئے چین کی جھلک

(ڈاکٹر جے . سی . کمارپپا)

[ڈاکٹر جے . سی . کمارپپا کل ہند گرام اُدیوگ سنگھ' مگن واڑی' وردھا' کے صدر ہیں . آپ ہند گڈول مشن کے ممبر کی حیثیت سے چین گئے تھے . اپنے دورے میں اُنہوں نے جو خط اپنی سنستھا کے منتری کو بھیجے وہ اُن کے ماہواری پرچے "گرام اُدیوگ پتریکا" میں چھپے ہیں . اِن خطوں سے نئے چین کی ایک خاصی جھلک ملتی ہے . ہم اُن خطوں میں سے کچھ کو یہاں دے رہے ہیں — ایڈیٹر]

(1)

" ہم لوگ ہانگ کانگ شام کو پہونچے . سوئمنگ ہاؤس ہوٹل میں ہمیں ٹھہرایا گیا . اِس ہوٹل کے بیروں میں ہندستانی ہوٹلوں کے بیروں سے بڑا فرق دیکھتا تھا . ہمارے یہاں کے بیرے گردن جھکائے انعام یا بخشیش کے منتظر رہتے ہیں . لیکن ہانگ کانگ میں چینی بیروں کے چہرے پر خوشی چھائی ہوئی تھی' وہ مسکرا رہے تھے اور سر اونچا کر کے اپنا کام کرتے تھے . انہیں دیکھکر حیرت ہوتی تھی . اُنہیں اپنے نئے چین کا ناز تھا . اُنہوں نے ہمارا سواگت کیا اور اِس طرح پیش آئے مانو وہی ہمارے میزبان ہوں .

" دوسرے دن سویرے میں یہ دیکھنے نکل گیا کہ ہانگ کانگ کی غریب بستیاں کیسی ہیں . میں ایسی جگہ گیا جہاں مجھے اُمید تھی کہ بدبو اور گندگی ہوگی — ماس مچھلی بازار اور سبزی منڈی . لیکن میں تو دنگ رہ گیا نہ مجھے مکھی دکھی' نہ کوے نہ چیل — جو پورب میں گندگی کے مشہور صفیئے سمجھے جاتے ہیں . سڑکیں صاف تھیں حالانکہ لوگ غریب تھے . کچھ لوگ تو سڑک کے پاس پٹری پر پڑے تھے . نہ کہیں تھوک دکھائی دیتا تھا نہ اور کوئی گندگی . نہ کوئی بو آتی تھی — صرف سوکھی مچھلی کی قدرتی گندھ آ رہی تھی . پچھم کو چھوڑ کر ایسا صاف نگر میں نے کہیں نہیں دیکھا . نہیں' نہیں' لندن کے کچھ حصے بھی یہاں سے سبق لے سکتے ہیں . اِس جگہ راج انگریزی ہے مگر آبادی غریب چینیوں کی ہے . ان کی حالت ہمارے شہر میں پٹری پر رہنے والوں سے زیادہ مختلف نہیں ہے . ہمارے شہروں کا انتظام بھی انگریز لوگ ایک زمانے میں کرتے تھے مگر بھید زمین آسمان کا معلوم پڑتا ہے . اِس کی وجہ چینیوں کا سہیوگ ہی ہوسکتا ہے . شام کو ہم جہاز سے کینٹن کے لئے روانہ ہوئے . اِس جہاز پر قریب دو دن کے بعد ہم نے چائے کے وقت دو مکھیاں دیکھیں . میرے ساتھی فوراً بول اُٹھے' "دیکھو' دیکھو ! دو مکھیاں ہیں !"

कोई महीने में ढाई सौ यूनिट तनख़्वाह ले रही थी, फ़ैक्टरी के डायरेक्टर की तनख़्वाह साढ़े तीन सौ यूनिट थी. सरकारी महकमों में कम से कम तनख़्वाह डेढ़ सौ यूनिट और ज़ियादा से ज़ियादा तनख़्वाह साढ़े तीन सौ यूनिट है. इसी तरह का फ़र्क़ एक यूनिवर्सिटी के वाइस चान्सलर और एक चपरासी में है. चेयरमैन माओ-त्से-तुंग की तनख़्वाह भारत के राष्ट्रपति की तनख़्वाह के मुक़ाबले में सोलहवाँ हिस्सा है. इस लिहाज़ से हम चीन के अन्दर हर किसी कारख़ाने के मज़दूर और मैनेजर में, एक यूनिवर्सिटी के वाइसचान्सलर और एक चपरासी में पौशाक वग़ैरा के लिहाज़ से कोई तमीज़ नहीं कर सकते.

चीनी हुक्काम देसी उद्योग धंधों की हिम्मत बढ़ाते हैं. पेकिंग में हमने एक पूरा बाज़ार ऐसा देखा जहां हाथ का बना हुआ कपड़ा बिकता है. कुछ देहातों में हमने देखा कि लोग हाथ का कपड़ा बुन रहे थे और उनकी औरतें पुराने तरीक़े पर कात रही थीं. हमने एक बड़ी नुमायश देखी जहां हाथ से तैयार की जाने वाली चीज़ें रखी हुई थीं.

मज़हबी आज़ादी

चीन में पूरी मज़हबी आज़ादी हासिल है. हमने मसजिदें देखीं जहाँ बाक़ायदा नमाज़ अदा की जाती थी, हमने सिक्खों के गुरुद्वार भी देखे जहाँ ग्रन्थ साहब रखा हुआ था और उसे उसी तरह पढ़ा जाता था जैसे हिन्दुस्तान में. हमने बड़े बड़े बौद्ध मन्दिर भी देखे जहां बड़ी बड़ी मूर्तियां रखी हुई थीं. हांग-चू में ऐसे ही एक मंदिर की छत गिर पड़ी थी. हमने देखा कि हकूमत के पैसे से उसे नए सिरे से बनाया जा रहा है.

मैं यह असर लेकर और संतुष्ट हो कर चीन से वापस आया हूँ कि नया चीन और नए चीन के नेता एशिया की हर क़ौम के साथ पुर अमन तौर पर रहना चाहते हैं. चीन का ज़ियादा ध्यान सिर्फ़ जंगी सामान बनाने की तरफ़ ही नहीं है बल्कि ऐसे सामान की तरफ़ भी ध्यान दिया जा रहा है जो रोज़ के इस्तेमाल में आते हैं. इसका कारन यही है कि चीन में कोई जंग को पसंद नहीं करता.

मैं यक़ीन रखता हूँ कि नया चीन हिन्दुस्तान के मुक़ाबले में उन असूलों के ज़ियादा क़रीब है जिनका प्रचार महात्मा गांधी करते थे. आज जो हम अपने मुल्क में देखते हैं उनमें से बहुत सी बुराइयाँ आज से दो साल पहले चीन में भी देखने में आती थीं. मुझे इस बारे में ज़रा भी संदेह नहीं कि अगर हिन्दुस्तान में हम उन बुराइयों को दूर करने का जज़्बा रखते हों तो हम नए चीन से बहुत कुछ सीख सकते हैं.

کوئی مہینے میں ڈھائی سو یونٹ تنخواہ لے رہی تھی، فیکٹری کے ڈائریکٹر کی تنخواہ ساڑھے تین سو یونٹ تھی ۔ سرکاری محکموں میں کم سے کم تنخواہ ڈیڑھ سو یونٹ اور زیادہ سے زیادہ تنخواہ ساڑھے تین سو یونٹ ہے ۔ اسی طرح کا فرق ایک یونیورسٹی کے وائس چانسلر اور ایک چپراسی میں ہے ۔ چیئرمین ماؤتسے تنگ کی تنخواہ بھارت کے راشٹر پتی کی تنخواہ کے مقابلے میں سولہواں حصہ ہے ۔ اس لحاظ سے ہم چین کے اندر ہر کسی کارخانے کے مزدور اور منیجر میں، ایک یونیورسٹی کے وائس چانسلر اور ایک چپراسی میں پوشاک وغیرہ کے لحاظ سے کوئی تمیز نہیں کر سکتے ۔

چینی حکام دیسی ادیوگ دھندوں کی ہمت بڑھاتے ہیں ۔ پیکنگ میں ہم نے ایک پورا بازار ایسا دیکھا جہاں ہاتھ کا بنا ہوا کپڑا بکتا ہے ۔ کچھ دیہاتوں میں ہم نے دیکھا کہ لوگ ہاتھ کا کپڑا بن رہے تھے اور ان کی عورتیں پرانے طریقے پر کات رہی تھیں ۔ ہم نے ایک بڑی نمائش دیکھی جہاں ہاتھ سے تیار کی جانے والی چیزیں رکھی ہوئی تھیں ۔

مذہبی آزادی

چین میں پوری مذہبی آزادی حاصل ہے ۔ ہم نے مسجدیں دیکھیں جہاں باقاعدہ نماز ادا کی جاتی تھی، ہم نے سکھوں کے گوردوارے بھی دیکھے جہاں گرنتھ صاحب رکھا ہوا تھا اور اسے اسی طرح پڑھا جاتا تھا جیسے ہندستان میں ۔ ہم نے بڑے بڑے بودھ مندر بھی دیکھے جہاں بڑی بڑی مورتیاں رکھی ہوئی تھیں ۔ ہانگ چو میں ایسے ہی ایک مندر کی چھت گر پڑی تھی ۔ ہم نے دیکھا کہ حکومت کے پیسے سے اسے نئے سرے سے بنایا جا رہا ہے ۔

میں یہ اثر لے کر اور سنتشٹ ہو کر چین سے واپس آیا ہوں کہ نیا چین اور نئے چین کے نیتا ایشیا کی ہر قوم کے ساتھ پر امن طور پر رہنا چاہتے ہیں ۔ چین کا زیادہ دھیان صرف جنگی سامان بنانے کی طرف ہی نہیں ہے بلکہ ایسے سامان کی طرف بھی دھیان دیا جا رہا ہے جو روز کے استعمال میں آتے ہیں ۔ اس کا کارن یہی ہے کہ چین میں کوئی جنگ کو پسند نہیں کرتا ۔

میں یقین رکھتا ہوں کہ نیا چین ہندستان کے مقابلے میں ان اصولوں کے زیادہ قریب ہے جن کا پرچار مہاتما گاندھی کرتے تھے ۔ آج جو ہم اپنے ملک میں دیکھتے ہیں ان میں سے بہت سی برائیاں آج سے دو سال پہلے چین میں بھی دیکھنے میں آتی تھیں ۔ مجھے اس بارے میں ذرا بھی سندیہ نہیں کہ اگر ہندستان میں ہم ان برائیوں کو دور کرنے کا جذبہ رکھتے ہوں تو ہم نئے چین سے بہت کچھ سیکھ سکتے ہیں ۔

देखना चाहते थे. हमने देखा कि पूरे मुल्क में निजी मिलकियतों और निजी मिलकियत वाले कारखानों की हिम्मत बढ़ाई जाती है. यही नहीं बल्कि सरकार इन निजी कारखानों को कच्चा माल भी मुहैया करती है और इस बात की ज़मानत देती है कि उनका तैयार किया हुआ माल बेचा जाएगा. विदेशी पूँजी लगाने के लिये भी काफ़ी गुंजायश है. हमने टेन्टसन, शंघाई और दूसरी बहुत सी जगहों पर अंगरेज़ फ़र्मों को काम करते देखा. हमने ख़ास तौर से छान बीन की और हमें बताया गया कि चीन के अन्दर ऐसा कोई एक भी कारख़ाना या ज़मीन नहीं जो समाजवादी ढंग की मिलकियत हो. नए चीन की हकूमत कोई कम्यूनिस्ट हकूमत नहीं है और न वह एक पारटी की सरकार है बल्कि वह केवल एक मिली जुली पारटी की सरकार है जिस में देश की तमाम पारटियों के नुमाइन्दे शामिल हैं सरकार में ऐसे मेम्बरों की गिनती सिर्फ़ एक तिहाई है जिनके बारे में दावे से कहा जा सके कि वह कम्यूनिस्ट हैं. लेकिन अगर इसके बाद भी यह कहा जाए कि चीन एक कम्यूनिस्ट मुल्क है तो मैं कहूँगा कि चीन का कम्यूनिज़्म 'चीनी कम्यूनिज़्म' है जिस में जनता की पुरानी परम्पराओं को बनाए रखा गया है.

क़ानूनी अदालतें

चीन ने अपनी क़ानूनी अदालतों में इन्क़लाबी तबदीली की है और वकालत के पच्छिमी तरीक़े को एक दम बदल दिया है. किसी ज़माने में केवल शंघाई शहर में बारह सौ वकील रहा करते थे. लेकिन आज वहां एक भी वकील नहीं है. इन सबको दूसरे मुहकमों में ले लिया गया है और सिर्फ़ पांच बहुत क़ाबिल वकीलों को सरकार ने ख़ुद नौकर रख लिया है जिन से पेचीदा मामलों में सलाह ली जाती है. इस तरह न सिर्फ़ यह कि चीन से मुक़दमे बाज़ी की बीमारी दूर हो गई है बल्कि अब मुक़दमों के फ़ैसले भी बहुत जल्द हो जाते हैं और इन्साफ़ सस्ता हो गया है. चीनी सरकार मुजरिमों का सुधार ट्रेनिंग दे कर भी करती है और सज़ा देने के मुक़ाबले में उनको सदाचार की शिक्षा भी देती है. नई चीनी सरकार ने उन लोगों तक को माफ़ कर दिया है जिन्होंने कोमिन्टांग सरकार से हथियार लेकर नई सरकार से जंग की थी. इसका नतीजा यह है कि वह नई सरकार के सबसे बड़े वफ़ादार बन गए हैं.

तनख़ाहें

चीन में तनख़ाहें सिक्के की बुनियाद पर नहीं बल्कि ग़ल्ले की बुनियाद पर दी जाती हैं. जिन कारख़ानों में हम लोग गए, हमने देखा कि आम मज़दूरों और मैनेजर या डायरेक्टर की तनख़ाहों में तीन और आठ का अनुपात (तनासुब) था. एक बिस्कुट फ़ैक्टरी में जहाँ एक मज़दूर

دیکھنا چاہتے تھے . ہم نے دیکھا کہ پورے ملک میں نجی ملکیتوں اور نجی ملکیت والے کارخانوں کی ہمت بڑھائی جاتی ہے . یہی نہیں بلکہ سرکار ان نجی کارخانوں کو کچا مال بھی مہیا کرتی ہے اور اس بات کی ضمانت دیتی ہے کہ ان کا تیار کیا ہوا مال بیچا جائے گا . ودیشی پونجی لگانے کے لئے بھی کافی گنجائش ہے . ہم نے ٹنٹسن، شنگھائی اور دوسری بہت سی جگہوں پر انگریز فرموں کو کام کرتے دیکھا . ہم نے خاص طور سے چھان بین کی اور ہمیں بتایا گیا کہ چین کے اندر ایسا کوئی ایک بھی کارخانہ یا زمین نہیں جو سماج وادی ڈھنگ کی ملکیت ہو . نئے چین کی حکومت کوئی کمیونسٹ حکومت نہیں ہے اور نہ وہ ایک پارٹی کی سرکار ہے بلکہ وہ کیول ایک ملی جلی پارٹی کی سرکار ہے جس میں دیش کی تمام پارٹیوں کے نمائندے شامل ہیں . سرکار میں ایسے ممبروں کی گنتی صرف ایک تہائی ہے جنکے بارے میں دعوے سے کہا جاسکے کہ وہ کمیونسٹ ہیں . لیکن اگر اسکے بعد بھی یہ کہا جائے کہ چین ایک کمیونسٹ ملک ہے تو میں کہوں گا کہ چین کا کمیونزم 'چینی کمیونزم' ہے جس میں جنتا کی پرانی پرمپراؤں کو بنائے رکھا گیا ہے .

قانونی عدالتیں

چین نے اپنی قانونی عدالتوں میں انقلابی تبدیلی کی ہے اور وکالت کے پچھمی طریقے کو ایک دم بدل دیا . کسی زمانے میں کیول شنگھائی شہر میں بارہ سو وکیل رہا کرتے تھے. لیکن آج وہاں ایک بھی وکیل نہیں . ان سب کو دوسرے محکموں میں لے لیا گیا ہے اور صرف پانچ بہت قابل وکیلوں کو سرکار نے خود نوکر رکھ لیا ہے جن سے پیچیدہ معاملوں میں صلاح لی جاتی ہے . اس طرح نہ صرف یہ کہ چین سے مقدمے بازی کی بیماری دور ہوگئی ہے بلکہ اب مقدموں کے فیصلے بھی بہت جلد ہو جاتے ہیں اور انصاف سستا ہوگیا ہے . چینی سرکار مجرموں کا سدھار ٹریننگ دے کر بھی کرتی ہے اور سزا دینے کے مقابلے میں اُن کو سداچار کی شکشا بھی دیتی ہے . نئی چینی سرکار نے اُن لوگوں تک کو معاف کر دیا ہے جنہوں نے کومنتانگ سرکار سے ہتھیار لے کر نئی سرکار سے جنگ کی تھی . اس کا نتیجہ یہ کہ وہ نئی سرکار کے سب سے بڑے وفادار بن گئے ہیں .

تنخواہیں

چین میں تنخواہیں سکے کی بنیاد پر نہیں بلکہ غلے کی بنیاد پر دی جاتی ہیں . جن کارخانوں میں ہم لوگ گئے' ہم نے دیکھا کہ عام مزدوروں اور منیجر یا ڈائریکٹر کی تنخواہوں میں تین اور آٹھ کا انوپات (تناسب) تھا . ایک بسکٹ فیکٹری میں جہاں ایک مزدور

आने जाने, उठने बैठने पर कोई पाबन्दी नहीं थी. हम जहां चाहें आ सकते थे और जो देखना चाहते देख सकते थे. चीनी जनता और चीनी हाकिम भी हमसे खिंचे खिंचे न रहते थे. हमने जो कुछ भी जानकारी हासिल करनी चाही उसमें उन्होंने हमें पूरी पूरी सहूलियत दी.

दो साल की तरक़्क़ी

पिछले दो साल के अन्दर चीन ने जो कुछ किया उसका हम पर बेहद असर पड़ा. जापानी क़ब्ज़े के बीच और बाद में कोमिंटांग राज में देश की समाजी और आर्थिक ज़िन्दगी का ढाँचा बिलकुल टुकड़े टुकड़े हो गया था. चीन के नेताओं को बिलकुल नए सिरे से अपने देश को बनाना पड़ा. इन दो बरसों के अन्दर वह अपने बरबाद हुए उद्योग धंदों को बहाल करने और मुल्क के आर्थिक निज़ाम को संवारने में सफल हो गए हैं. रिश्वत ख़ोरी बन्द कर दी गई है और अब वही अफ़सर जो दो साल पहले तक दुनिया के सब मुल्कों से ज़ियादा घूस ख़ोर थे, पारसा बन गए हैं. यही नहीं, सब मिला कर जनता का सदाचार भी बहुत ऊंचा हो गया है. इसका सबूत इस बात से मिलता है कि इतने लम्बे चौड़े और महान देश से वेश्याओं और भिकमंगों का बिलकुल ख़ात्मा हो चुका है. खेती में सुधार किया गया है और जिन लोगों के पास ज़मीनें नहीं थीं उन्हें ज़मीनें दे दी गई हैं और अब देश की पैदावार इतनी बढ़ गई है कि जो देश सिर्फ़ चन्द साल पहले तक दूसरे देशों से ग़ल्ला मंगाता था अब लाखों टन ग़ल्ला दूसरे देशों को भेजता है. उद्योग धंदों के मैदान में भी उसने इतनी तरक़्क़ी की है कि अब वह ज़िन्दगी के हर क्षेत्र में अपनी ज़रूरत आप पूरी कर लेता है.

समाजी सुधार

चीन में समाजी सुधार भी हुए हैं. ख़ास तौर पर औरतों के सिलसिले में बहुत सुधार हुआ है. चीनी औरत को, जो किसी ज़माने में एक जागीर समझी जाती थी, बराबर के हक़ दिये गए हैं. शादी के बारे में नया क़ानून बनाया गया है और एक से ज़ियादा पत्नी घर में रखने की मनाही कर दी गई है. बेरोज़गारी को ख़त्म करने की कोशिश की जा रही है और जीवन के हर मैदान में मालदारों और ग़रीबों, मालिकों और नौकरों, आक़ा और ग़ुलामों के फ़र्क़ को मिटाया जा रहा है. क़ीमतों को एक सतह पर टिकाया जा रहा है और पैदावार बढ़ा कर सिक्के की बढ़ती के मसले पर क़ाबू पाने की कोशिश की जा रही है.

चीन कम्यूनिस्ट देश नहीं है

यहां हिन्दुस्तान में हम से कहा जाता है कि चीन एक कम्यूनिस्ट देश है. हम इस बात को ऐन मौक़े पर पहुँच कर

آنے جانے، اُٹھنے بیٹھنے پر کوئی پابندی نہیں تھی۔ ہم جہاں چاہے جاسکتے تھے اور جو دیکھنا چاہتے دیکھ سکتے تھے۔ چینی جنتا اور چینی حاکم بھی ہم سے کھنچے کھنچے نہ رہتے تھے۔ ہم نے جو کچھ بھی جانکاری حاصل کرنی چاہی اس میں انہوں نے ہمیں پوری پوری سہولیت دی۔

دو سال کی ترقی

پچھلے دو سال کے اندر چین نے جو کچھ کیا اسکا ہم پر بیحد اثر پڑا۔ جاپانی قبضے کے بیچ اور بعد میں کومنتانگ راج میں دیش کی سماجی اور آرتھک زندگی کا ڈھانچہ بالکل ٹکڑے ٹکڑے ہوگیا تھا۔ چین کے نیتاؤں کو بالکل نئے سرے سے اپنے دیش کو بنانا پڑا۔ ان دو برسوں کے اندر وہ اپنے برباد ہوئے ادیوگ دھندوں کو بحال کرنے اور ملک کے آرتھک نظام کو سنوارنے میں سپھل ہوگئے ہیں۔ رشوت خوری بند کردی گئی ہے اور اب وہی افسر جو دو سال پہلے تک دنیا کے سب ملکوں سے زیادہ گھوس خور تھے، پارسا بن گئے ہیں۔ یہی نہیں، سب ملاکر جنتا کا سداچار بھی بہت اونچا ہوگیا ہے۔ اسکا ثبوت اس بات سے ملتا ہے کہ اتنے لمبے چوڑے اور مہان دیش سے ویشیاؤں اور بھک منگوں کا بالکل خاتمہ ہوچکا ہے۔ کھیتی میں سدھار کیا گیا ہے اور جن لوگوں کے پاس زمینیں نہیں تھیں انہیں زمینیں دے دی گئی ہیں اور اب دیش کی پیداوار اتنی بڑھ گئی ہے کہ جو دیش صرف چند سال پہلے تک دوسرے دیشوں سے غلہ منگاتا تھا اب لاکھوں ٹن غلہ دوسرے دیشوں کو بھیجتا ہے۔ ادیوگ دھندوں کے میدان میں بھی اسنے اتنی ترقی کی ہے کہ اب وہ زندگی کے ہر چھیتر میں اپنی ضرورت آپ پوری کرلیتا ہے۔

سماجی سدھار

چین میں سماجی سدھار بھی ہوئے ہیں خاص طور پر عورتوں کے سلسلے میں بہت سدھار ہوا ہے۔ چینی عورت کو، جو کسی زمانے میں ایک جاگیر سمجھی جاتی تھی، برابر کے حق دیئے گئے ہیں۔ شادی کے بارے میں نیا قانون بنایا گیا ہے اور ایک سے زیادہ پتنی گھر میں رکھنے کی مناہی کردی گئی ہے۔ بے روزگاری کو ختم کرنے کی کوشش کی جارہی ہے اور جیون کے ہر میدان میں مالداروں اور غریبوں، مالکوں اور نوکروں، آقا اور غلاموں کے فرق کو مٹایا جارہا ہے۔ قیمتوں کو ایک سطح پر ٹکایا جارہا ہے اور پیداوار بڑھاکر سکہ کی بڑھتی کے مسئلے پر قابو پانے کی کوشش کی جارہی ہے۔

چین کمیونسٹ دیش نہیں ہے

یہاں ہندستان میں ہم سے کہا جاتا ہے کہ چین ایک کمیونسٹ دیش ہے۔ ہم اس باتکو عین موقع پر پہنچ کر

चीन की सैर

पिछले सितम्बर में हमें नई दिल्ली में चीनी दूतवास की मारफ़त चीन की कई लोक संस्थाओं की तरफ़ से दावत नामे मिले कि हम चीनी लोक राज की दूसरी सालगिरह के मौक़े पर होने वाले जलसों में शरीक हों. यह दावत नामे हमने मंज़ूर कर लिये लेकिन हमारे पास समय बहुत कम था. फिर भी अलग अलग सूबों से सम्बन्ध रखने वाले अलग अलग लोगों को चीन जाने वाले गुडविल मिशन में शामिल करने की कोशिश की गई. मिशन के अकसर मेम्बर जैसे डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा, सदर कुल हिन्द ग्राम उद्योग संघ, वर्धा, डाक्टर वी. के. आर वी. राव, डायरेक्टर देहली स्कूल आफ एकोनामिक्स और श्रीमती हन्ना सेन, सदर कुल हिन्द वीमन्स कान्फ़रेन्स आज़ाद तबक़े और ख़याल से सम्बन्ध रखने वाले थे. मिशन में किसी कम्यूनिस्ट मेम्बर को शामिल नहीं किया गया था यह इसलिये किया गया कि ख़याल यह था कि कुछ निशपक्ष या ग़ैर-जानिबदार हिन्दुस्तानी चीन देख कर आएं और ख़ुद वहाँ के हालात को देखें. सरकार और चीन की अलग अलग संस्थाओं की तरफ़ से हमारा बहुत शानदार स्वागत किया गया. जहाँ कहीं हम गए, चीनियों ने अपनी मेहमाँ नवाज़ी की हद कर दी और इस बात का उन्होंने ख़ास तौर से ध्यान रखा कि हमें कोई तकलीफ़ न होने पाए.

हम चीन के सात बड़े बड़े शहरों में गए—(1) कैन्टन (2) पेकिंग, (3) मुकदन, (4) टैनट्सिन, (5) नानकिंग, (6) शंघाई और (7) हांग-चू. हमने चीन की यूनिवर्सिटियां देखीं, वहाँ के स्कूलों और कालिजों में गए, कारख़ानों में गए—उनमें भी जो सरकारी मिल्कियत थे और उनमें भी जो निजी मिल्कियत थे. हम वहाँ के बाज़ारों में भी घूमे, हमने चीन की अदालतें भी देखीं और यह देखा कि वहां मुक़द्दमों के फ़ैसले किस तरह किये जाते हैं. हमने चीन की अलग अलग संस्थाओं को देखा और उन संस्थाओं से ताल्लुक़ रखने वाले लोगों और दूसरे असरदार चीनियों से बातचीत की. हमने चीन के सिनेमा भी देखे, उनके थेटरों में भी गए और उनकी खेती बाड़ी और दस्तकारी की नुमाइशों को भी देखा, जिनमें देहाती दस्तकारियों की नुमाइशें भी शामिल थीं मुख़्तसर यह कि हमने वह सब कुछ देखा जो हम अपने थोड़े से दिनों के दौरे में देख सकते थे. हम चीन में चालीस दिन ठहरे और सच यह है कि इस अरसे में बेहद मसरूफ़ रहे. हमारे कहीं

چین کی سیر

پچھلے ستمبر میں ہمیں نئی دہلی میں چینی دوت واس کی معرفت چین کی کئی لوک سنستھاؤں کی طرف سے دعوت نامے ملے کہ ہم چینی لوک راج کی دوسری سالگرہ کے موقعے پر ہونے والے جلسوں میں شریک ہوں . یہ دعوت نامے ہم نے منظور کر لئے لیکن ہمارے پاس سمے بہت کم تھا . پھر بھی الگ الگ صوبوں سے سمبندھ رکھنے والے الگ الگ لوگوں کو چین جانے والے گڈول مشن میں شامل کرنے کی کوشش کی گئی . مشن کے اکثر ممبر جیسے ڈاکٹر جے . سی . کمارپپا' صدر کل ہند گرام ادیوگ سنگھ' وردھا' ڈاکٹر وی . کے . آر . وی . راؤ' ڈائریکٹر دہلی اسکول آف ایکونامکس اور شری متی ہنا سین' صدر کل ہند ویمنس کانفرنس آزاد طبقے اور خیال سے سمبندھ رکھنے والے تھے . مشن میں کسی کمیونسٹ ممبر کو شامل نہیں کیا گیا تھا . یہ اس لئے کیا گیا کہ خیال یہ تھا کہ کچھ نشپکش یا غیر جانبدار ہندستانی چین دیکھکر آئیں اور خود وہاں کے حالات کو دیکھیں . سرکار اور چین کی الگ الگ سنستھاؤں کی طرف سے ہمارا بہت شاندار سواگت کیا گیا . جہاں کہیں ہم گئے' چینیوں نے اپنی مہمان نوازی کی حد کردی اور اس بات کا انہوں نے خاص طور سے دھیان رکھا کہ ہمیں کوئی تکلیف نہ ہونے پائے .

ہم چین کے سات بڑے بڑے شہروں میں گئے- (1) کینٹن' (2) پیکنگ' (3) مکدن' (4) ٹینٹسن' (5) نانکنگ' (6) شنگھائی اور (7) ہانگ چو . ہم نے چین کی یونیورسٹیاں دیکھیں' وہاں کے اسکولوں اور کالجوں میں گئے' کارخانوں میں گئے—ان میں بھی جو سرکاری ملکیت تھے اور ان میں بھی جو نجی ملکیت تھے . ہم وہاں کے بازاروں میں بھی گھومے' ہم نے چین کی عدالتیں بھی دیکھیں اور یہ دیکھا کہ وہاں مقدموں کے فیصلے کس طرح کئے جاتے ہیں . ہم نے چین کی الگ الگ سنستھاؤں کو دیکھا اور ان سنستھاؤں سے تعلق رکھنے والے لوگوں اور دوسرے اثردار چینیوں سے بات چیت کی. ہم نے چین کے سنیما بھی دیکھے' انکے تھیٹروں میں بھی گئے اور انکی کھیتی باڑی اور دستکاری کی نمائشوں کو بھی دیکھا' جن میں دیہاتی دستکاریوں کی نمائشیں بھی شامل تھیں ; مختصر یہ کہ ہم نے وہ سب کچھ دیکھا جو ہم اپنے تھوڑے سے دنوں کے دورے میں دیکھ سکتے تھے . ہم چین میں چالیس دن ٹھہرے اور سچ یہ ہے کہ اس عرصے میں بے حد مصروف رہے . ہمارے کہیں

इसलिये, सदर साहब! मैं आपको फिर से यक़ीन दिलाता हूँ कि इस शान्ति और एकता के क़ायम करने की आपकी कोशिश में हिन्दुस्तान आपके साथ है. इसके पहले कि मैं ख़त्म करूं, एक चीज़ और कहना चाहता हूँ, लेकिन वह ख़ासगी या निजी बात है. मैं इसके लिये आपकी माफ़ी चाहता हूँ. वह यह है कि इन पांच हफ़्तों में हम जो चीन में रहे तो जिन चीनी भाई बहिनों से मुझे वास्ता पड़ा उनसे मुझे अपने कुटुम्ब जैसी मुहब्बत पैदा हो गई है. मैं अपनी ही नहीं बल्कि अपने मिशन के हर भाई बहन के दिल की भावना ज़ाहिर करता हूँ जब मैं यह कहता हूँ कि अपने इस सफ़र में जिन लोगों से हमे वास्ता पड़ा है इनमें से कुछ को तो हम कभी नहीं भूल सकेंगे.

आपने जिस प्यार से हमें यहां पर रखा वह हम कभी नहीं भूल सकते. यक़ीन मानिये कि यहां से जाने में हमें तकलीफ़ ही हो रही है. मुझे ऐसा लगता है मानो हमे फिर अपने उस भाई से जुदा होना पड़ रहा है जिससे बरसों के बाद मुलाक़ात हो पाई थी.

सदर साहब! हम—चीन और हिन्दुस्तान—केवल दो देश ही नहीं हैं जिनमे एकता है, बल्कि हम एक ही ख़ानदान के भाई बहिन हैं. मुझे यक़ीन है कि हमारा रिश्ता महज़ राज काजी रिश्ते के मुक़ाबले कहीं ज़ियादा गहरा और सच्चा है. जिन नौजवान लड़के लड़कियों से मैं यहां मिला उन्हें मैं अपने बेटे और बेटी मानने लग गया हूँ. मैं उन प्यारे बेटों और बेटियों के मुस्कराते चेहरों को कभी नहीं भूल सकता जो हर स्टेशन पर हमें फूलों की मालाएं दिया करते थे. कैसी अनोखी मुहब्बत! कैसा अनोखा प्यार! इसके अलावा बड़ी उमर के जो लोग हमारे पास आए और जिन से हमारा ज़ियादा नज़दीक का ताल्लुक़ रहा, वह भी हमारे साथ ऐसे ही व्योहार करते थे जैसे सगे भाई बहनों के साथ किया जाता है. इन मीठी और लुभावनी यादों को लेकर हम हिन्दुस्तान वापस जा रहे हैं. यह याद हमेशा ही हमारे दिल मे बनी रहेगी.

हमारी पुरानी किताबों में लिखा है कि सारा इन्सानी समाज एक कुटुम्ब है. मैं मानता हूं कि इस धरती पर रहने वाले दो सौ करोड़ प्रानी सच मुच एक कुटुम्ब हैं. मैं मानता हूँ वह दिन जल्द आने वाला है जब हम सब एक कुटुम्ब की तरह रहना शुरू कर देंगे. अगर इस में कोई अड़चन है तो उसे दूर कर वह दिन नज़दीक लाने की कोशिश करेंगे. यही असली मतलब है एशिया की एकता का, यही असली मतलब है हिन्दुस्तान और चीन की एकता का.

कैन्टन 29. 10. '51

इس لیے صدر صاحب! میں آپ کو پھر سے یقین دلاتا ہوں کہ اس شانتی اور ایکتا کے قائم کرنے کی آپ کی کوشش میں ہندستان آپ کے ساتھ ہے۔ اس کے پہلے کہ میں ختم کروں ایک چیز اور کہنا چاہتا ہوں لیکن وہ خاصگی یا نجی بات ہے۔ میں اس کے لئے آپ کی معافی چاہتا ہوں۔ وہ یہ ہے کہ ان پانچ ہفتوں میں ہم جو چین میں رہے تو جن چینی بھائی بہنوں سے مجھے واسطہ پڑا ان سے مجھے اپنے کٹمب جیسی محبت پیدا ہو گئی ہے۔ میں اپنی ہی نہیں بلکہ اپنے مشن کے ہر بھائی بہن کے دل کی بھاونا ظاہر کرتا ہوں جب میں یہ کہتا ہوں کہ اپنے اس سفر میں جن لوگوں سے ہمیں واسطہ پڑا ہے ان میں سے کچھ کو تو ہم کبھی نہیں بھول سکینگے۔

آپ نے جس پیار سے ہمیں یہاں پر رکھا وہ ہم کبھی نہیں بھول سکتے۔ یقین مانئے کہ یہاں سے جانے میں ہمیں تکلیف ہی ہو رہی ہے۔ مجھے ایسا لگتا ہے مانو پھر اپنے اس بھائی سے جدا ہونا پڑ رہا ہے جس سے برسوں کے بعد ملاقات ہو پائی تھی۔

صدر صاحب! ہم — چین اور ہندستان — کیول دو دیش ہی نہیں ہیں جن میں ایکتا ہے بلکہ ہم ایک ہی خاندان کے بھائی بہن ہیں مجھے یقین ہے کہ ہمارا رشتہ محض راج کاجی رشتے کے مقابلے کہیں زیادہ گہرا اور سچا ہے۔ جن نوجوان لڑکے لڑکیوں سے میں یہاں ملا انہیں میں اپنے بیٹے اور بیٹی ماننے لگ گیا ہوں۔ میں ان پیارے بیٹوں اور بیٹیوں کے مسکراتے چہروں کو کبھی نہیں بھول سکتا جو ہر اسٹیشن پر ہمیں پھولوں کی مالائیں دیا کرتے تھے۔ کیسی انوکھی محبت! کیسا انوکھا پیار! اس کے علاوہ بڑی عمر کے جو لوگ ہمارے پاس آئے اور جن سے ہمارا زیادہ نزدیک کا تعلق رہا وہ بھی ہمارے ساتھ ایسے ہی بیوہار کرتے تھے جیسے سگے بھائی بہنوں کے ساتھ کیا جاتا ہے۔ ان میٹھی اور لبھاونی یادوں کو لے کر ہم ہندستان واپس جا رہے ہیں۔ — یہ یاد ہمیشہ ہی ہمارے دل میں بنی رہے گی۔

ہماری پرانی کتابوں میں لکھا ہے کہ سارا انسانی سماج ایک کٹمب ہے۔ میں مانتا ہوں کہ اس دھرتی پر رہنے والے دو سو کروڑ پرانی سچ مچ ایک کٹمب ہیں۔ میں مانتا ہوں وہ دن جلد آنے والا ہے جب ہم سب ایک کٹمب کی طرح رہنا شروع کر دینگے۔ اگر اس میں کوئی اڑچن ہے تو اسے دور کر وہ دن نزدیک لانے کی کوشش کرینگے۔ یہی اصلی مطلب ہے ایشیا کی ایکتا کا، یہی اصلی مطلب ہے ہندستان اور چین کی ایکتا کا۔

29 . 10 . '51 کینٹن

और है. दबी हुई क़ौम होने न होने का कोई सवाल ही नहीं है. आज चीन दुनिया की बड़ी से बड़ी और ऊंची से ऊंची ताक़तों में से है. और चीन की बात छोड़िये, जब हम एशिया का जिकर करते हैं तो मैं पूछता हूं क्या कोरिया के चन्द लाख आदमियों ने ही पच्छिम को एक जबरदस्त सबक़ नहीं सिखा दिया है ? यह वह सबक़ नहीं है जिसे कोई सहज में भूल जाए. कोरिया ने अपनी हिम्मत दिखाई है. चीन ने अपनी ताक़त दिखाई है. अंगरेजी साम्राज वाद के शिकंजे को तोड़ कर हिन्दुस्तान आज़ाद हुआ है. एशिया की दूसरी क़ौमें भी या तो आज़ाद हो गई हैं या आज़ाद होने जा रही हैं.

यहां पर इस जलसे में जिन चार पांच देशों के नुमाइन्दे मौजूद है उन देशों की कुल आबादी सौ करोड़ के क़रीब होती है. यह आबादी दुनिया की आबादी का ठीक आधा हिस्सा है. और मैं आपको इतमिनान दिलाता हूं कि अगर दुनिया की यह आधी आबादी एक साथ क़दम उठाती है तो कोई ताक़त ऐसी नहीं है जो इसके आगे ठहर सके. एशिया ने इरादा कर लिया है कि वह आज़ाद होगा और फिर से बड़ी चीज होगा. साम्राजशाही, पूंजी-शाही और जागीरशाही का जमाना लद गया, हमेशा के लिये लद गया. जब तक यह चीजें रहती हैं तब तक दुनिया में असली शान्ति क़ायम ही नहीं हो सकती. और मैं आपसे कहता हूँ. कि एशिया के देशों ने इन शाहियों को खत्म करने का फ़ैसला कर लिया है. इसलिये मैं आपको फिर से यक़ीन दिलाता हूँ कि साम्राजशाही, पूंजीशाही और जागीरशाही के खिलाफ़ आप जो लड़ाई लड़ रहे हैं उसमे हिन्दुस्तान आपके कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगा.

एशिया की एकता इस खातिर नहीं है, उसका यह मतलब नहीं है, कि किसी दूसरे देश पर हमला—चढ़ाई की जाए. इसमें कोई शक नहीं कि योरप या अमरीका के किसी देश पर हमें धावा नहीं करना है. हमारी ताक़त एक जबरदस्त और दर्दनाक जरूरत का नतीजा है. सौ-बरस से ऊपर हुआ हम पच्छिमी साम्राजशाही का शिकार बने और मुसीबतें उठाईं. हममें से कुछ तो आज भी, अभी भी, उठा रहे हैं. यही वह खतरा है, यही वह बदक़िस्मती है जिस ने हम सब को एक कर दिया काफ़ी बड़े पैमाने तक हम इस चंगुल से निकल आए हैं और जो कुछ बाक़ी बचा है उससे भी जल्द निकल आएंगे.

इसलिये योरप या अमरीका या और कहीं किसी भी देश को एशिया की एकता से ख़ौफ़ खाने की जरूरत नहीं है ! हमारी एकता का मक़सद है—दुनिया में शान्ति क़ायम करना. हमारी एकता का मक़सद है दुनिया के सब रहने वाले एक हो जाएं.

اور ہے . دبی ہوئی قوم ہونے نہ ہونے کا کوئی سوال ہی نہیں ہے . آج چین دنیا کی بڑی سے بڑی اور اونچی سے اونچی طاقتوں میں سے ہے . اور چین کی بات چھوڑیئے' جب ہم ایشیا کا ذکر کرتے ہیں تو میں پوچھتا ہوں کیا کوریا کے چند لاکھ آدمیوں نے ہی پچھم کو ایک زبردست سبق نہیں سکھا دیا ہے ؟ یہ وہ سبق نہیں ہے جسے کوئی سہج میں بھول جائے . کوریا نے اپنی ہمت دکھائی ہے . چین نے اپنی طاقت دکھائی ہے . انگریزی سامراج واد کے شکنجے کو توڑ کر ہندستان آزاد ہوا ہے . ایشیا کی دوسری قومیں بھی یا تو آزاد ہو گئی ہیں یا آزاد ہونے جارہی ہیں .

یہاں پر اس جلسے میں جن چار پانچ دیشوں کے نمائندے موجود ہیں اُن دیشوں کی کل آبادی سو کروڑ کے قریب ہوتی ہے . یہ آبادی دنیا کی آبادی کا ٹھیک آدھا حصہ ہے . اور میں آپ کو اطمینان دلاتا ہوں کہ اگر دنیا کی یہ آدھی آبادی ایک ساتھ قدم اُٹھاتی ہے تو کوئی طاقت ایسی نہیں ہے جو اس کے آگے ٹھہر سکے . ایشیا نے ارادہ کر لیا ہے کہ وہ آزاد ہوگا اور پھر سے بڑی چیز ہوگا . سامراج شاہی پونجی شاہی اور جاگیر شاہی کا زمانہ لد گیا ہمیشہ کے لئے لد گیا . جب تک یہ چیزیں رہتی ہیں تب تک دنیا میں اصلی شانتی قائم ہی نہیں ہوسکتی . اور میں آپ سے کہتا ہوں' کہ ایشیا نے دیشوں نے ان شاہیوں کو ختم کرنے کا فیصلہ کر لیا ہے . اس لئے میں آپ کو پھر سے یقین دلاتا ہوں کہ سامراج شاہی' پونجی شاہی اور جاگیر شاہی کے خلاف آپ جو لڑائی لڑ رہے ہیں اُس میں ہندستان آپ کے کندھے سے کندھا ملا کر ساتھ دے گا .

ایشیا کی ایکتا اس خاطر نہیں ہے' اُس کا یہ مطلب نہیں ہے' کہ کسی دوسرے دیش پر حملہ — چڑھائی کی جائے . اِس میں کوئی شک نہیں کہ یورپ یا امریکہ کے کسی دیش پر ہمیں دھاوا نہیں کرنا ہے . ہماری طاقت ایک زبردست اور دردناک ضرورت کا نتیجہ ہے . سو برس سے اوپر ہوا ہم پچھمی سامراج شاہی کا شکار بنے اور مصیبتیں اُٹھائیں . ہم میں سے کچھ تو آج بھی' ابھی بھی' اُٹھا رہے ہیں . یہی وہ خطرہ ہے' یہی وہ بدقسمتی ہے جس نے ہم سب کو ایک کر دیا . کافی بڑے پیمانے تک ہم اس چنگل سے نکل آئے ہیں اور جو کچھ باقی بچا ہے اُس سے بھی جلد نکل آئینگے .

اس لئے یورپ یا امریکہ یا اور کہیں کسی بھی دیش کو ایشیا کی ایکتا سے خوف کھانے کی ضرورت نہیں ہے ! ہماری ایکتا کا مقصد ہے دنیا میں شانتی قائم کرنا ہماری ایکتا کا مقصد ہے دنیا کے سب رہنے والے ایک ہو جائیں .

दौरे के दरमियान आपका और हमारा दो हज़ार बरस का पुराना रिश्ता फिर से हरा हो गया है. हिन्दुस्तान और चीन में जो दोस्ती थी वह पहले के मुक़ाबले कहीं ज़ियादा गहरी और नज़दीक हो गई है. मैं आपको यक़ीन दिलाता हूँ कि अब यह दोस्ती पक्की और टिकने वाली बन गई है. मैं अपनी तरफ़ से, अपने मिशन की तरफ़ से और हिन्दुस्तान के लोगों की तरफ़ से आपको यक़ीन दिलाता हूँ कि हमारे इस दौरे के बाद दुनिया में कोई चीज़ ऐसी नहीं है जो हमारे आपके प्यारे और दोस्ताना ताल्लुक़ात में कोई ख़लल डाल सके. सद्र साहब ! चीन की जनता ने पिछले दो बरस में जो कमाल हासिल किये हैं वह हमने देखे. हमने देखा कि अपने मज़दूरों, अपने किसानों, अपनी औरतों और अपनी आम जनता के लिये आप कितना कुछ इस अरसे में कर सके हैं. हमने देखा कि समाजी, आर्थिक और दस्तकारी—कारख़ाने के मामलों में आपने कितनी हैरतनाक तरक़्क़ी की है. इस सबका हम पर गहरा असर पड़ा है. मैं अपने को इतिहास का विद्यार्थी मानता हूँ और मुझे यक़ीन है कि दुनिया के शायद ही किसी मुल्क ने सिर्फ़ दो बरस की मुद्दत में इतनी तरक़्क़ी की होगी जितनी चीन ने की है.

अपनी तरफ़ से, अपने मिशन की तरफ़ से और हिन्दुस्तान की जनता की तरफ़ से मैं चीनी जनता के आगे सिर झुकाता हूँ. जिसने कमाल के कारनामे दिखाए हैं. आपके महान नेता चेयरमैन माओ-त्से-तुंग के आगे सिर झुकाता हूँ. जब ज़रा ख़मोशी के साथ मैं यह सोचता हूँ कि आपके देश में इस बार घूम कर हमने क्या क्या देखा तो मैं इस नतीजे पर पहुँचता हूँ कि चेयरमैन माओ सिर्फ़ चीन के ही नेता नहीं हैं बल्कि एक तरह से देखा जाए तो एशिया के लीडर हैं जिसमें हिन्दुस्तान भी शामिल है. जैसा मैंने अभी अर्ज़ किया, यहां पर हमने जो कुछ देखा, उससे हमने अपने देश की तरक़्क़ी और बेहतरी के लिये काफ़ी सबक़ लिया है. हमने आपके कारख़ाने देखे, यूनिवर्सिटियां देखीं, गांव देखे, बाज़ार देखे, संगठन सभाएं देखीं. हमने आप के यहां की अदालतें कचहरियां देखीं. इन सबसे हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि हमारे देश हिन्दुस्तान को चीन से बहुत कुछ सीखना है.

जहां तक राज नीति का सवाल है उस दायरे में भी चीन ने पिछले चन्द बरसों में जो फ़तह हासिल की है वह कोई छोटी चीज़ नहीं है. मेरा ख़याल है कि पच्छिम के साम्राज वादियों को यह सबक़ अच्छी तरह मिल गया होगा कि चीन अजेय है, इसे कोई नहीं जीत सकता. सद्र साहब ! आपने अपनी स्पीच में कहा कि चीन अब दबी हुई क़ौम नहीं रह गई है. लेकिन हमारी राय कुछ

دورے میں ہمارا آپ کا دو ہزار برس کا پرانا رشتہ پھر سے ہرا ہو گیا ہے . ہندستان اور چین میں جو دوستی تھی وہ پہلے کے مقابلے کہیں زیادہ گہری اور نزدیک ہو گئی ہے . میں آپ کو یقین دلاتا ہوں کہ اب یہ دوستی پکی اور ٹکنے والی بن گئی ہے . میں اپنی طرف سے ' اپنے مشن کی طرف سے اور ہندستان کے لوگوں کی طرف سے آپکو یقین دلاتا ہوں کہ ہمارے اس دورے کے بعد دنیا میں کوئی چیز ایسی نہیں ہے جو ہمارے آپکے پیارے اور دوستانہ تعلقات میں کوئی خلل ڈال سکے . صدر صاحب ! چین کی جنتا نے پچھلے دو برس میں جو کمال حاصل کئے ہیں وہ ہم نے دیکھے . ہم نے دیکھا کہ اپنے مزدوروں ' اپنے کسانوں ' اپنی عورتوں اور اپنی عام جنتا کے لئے آپ کتنا کچھ اس عرصے میں کر سکے ہیں . ہم نے دیکھا کہ سماجی ' آرتھک اور دستکاری — کارخانوں کے معاملے میں آپ نے کتنی حیرتناک ترقی کی ہے . اس سب کا ہم پر گہرا اثر پڑا ہے . میں اپنے کو اتہاس کا ودیارتھی مانتا ہوں اور مجھے یقین ہے کہ دنیا کے شاید ہی کسی ملک نے صرف دو برس کی مدت میں اتنی ترقی کی ہوگی جتنی چین نے کی ہے .

اپنی طرف سے ' اپنے مشن کی طرف سے اور ہندستان کی جنتا کی طرف سے میں چینی جنتا کے آگے سر جھکاتا ہوں ' جس نے کمال کے کارنامے دکھائے ہیں . آپ کے مہان نیتا چیرمین ماؤتسے تنگ کے آگے سر جھکاتا ہوں . جب ذرا خاموشی کے ساتھ میں یہ سوچتا ہوں کہ آپ کے دیش میں اس بار گھوم کر ہم نے کیا کیا دیکھا تو میں اس نتیجے پر پہونچتا ہوں کہ چیرمین ماؤ صرف چین کے ہی نیتا نہیں ہیں بلکہ ایک طرح سے دیکھا جائے تو ایشیا کے لیڈر ہیں جس میں ہندستان بھی شامل ہے . جیسا میں نے ابھی عرض کیا ' یہاں پر ہم نے جو کچھ دیکھا ' اس سے ہم نے اپنے دیش کی ترقی اور بہتری کے لئے کافی سبق لیا ہے . ہم نے آپ کے کارخانے دیکھے ' یونیورسٹیاں دیکھیں ' گاؤں دیکھے ' بازار دیکھے ' سنگھٹن سبھائیں دیکھیں . ہم نے آپ کے یہاں کی عدالتیں کچہریاں دیکھیں . ان سب سے ہم اسی نتیجے پر پہونچے کہ ہمارے دیش ہندستان کو چین سے بہت کچھ سیکھنا ہے .

جہاں تک راج نیتی کا سوال ہے اس دائرے میں بھی چین نے پچھلے چند برسوں میں جو فتح حاصل کی ہے وہ کوئی چھوٹی چیز نہیں ہے . میرا خیال ہے کہ پچھم کے سامراج وادیوں کو یہ سبق اچھی طرح مل گیا ہوگا کہ چین اجے ہے ' اسے کوئی نہیں جیت سکتا . صدر صاحب ! آپ نے اپنی اسپیچ میں کہا کہ چین اب دبی ہوئی قوم نہیں رہ گئی ہے . لیکن ہماری رائے کچھ

करते.'' हिन्दुस्तान यह चाहता है कि इंगलैण्ड हो चाहे अमरीका, या कोई और देश हो, पच्छिम का हो या पूरब का, वह सब के साथ इन्तहाई दोस्ती के ताल्लुक़ रखे. मुझे यक़ीन है कि यही इच्छा चीन की है और यही रूस की भी. हमारा आख़िरी मक़सद 'एक नई दुनिया' बनाना है, ऐसी दुनिया जिसमें लड़ाई की कोई गुंजायश न हो, जिसमें सब मुल्कों के लोग अपना भला बुरा एक सा देखते हों, जिसमें कोई किसी को चूस न सके, जिसमें किसी देश का दूसरे पर राज न हो और जिसमें सब, सब की भलाई के लिये काम करते हों.

हिन्दुस्तान और चीन इस मक़सद के हासिल करने के लिये एक दूसरे के हर तरह साथ हैं. हमें उम्मीद है कि दूसरे सभी देश और राष्ट्र इस नेक काम में हमारा पूरी तरह हाथ बटायेंगे.

(अंगरेज़ी अख़बार 'शंघाई न्यूज़' से)

کریں." ہندستان یہ چاہتا ہے کہ انگلینڈ ہو چاہے امریکہ' یا کوئی اور دیش ہو' پچھم کا ہو یا پورب کا' وہ سب کے ساتھ انتہائی دوستی کے تعلق رکھے . مجھے یقین ہے کہ یہی اچھا چین کی ہے اور یہی روس کی بھی . ہمارا آخری مقصد 'ایک نئی دنیا' بنانا ہے' ایسی دنیا جس میں لڑائی کی کوئی گنجائش نہ ہو' جس میں سب ملکوں کے لوگ اپنا بھلا برا ایک سا دیکھتے ہوں' جس میں کوئی کسی کو چوس نہ سکے' جس میں کسی دیش کا دوسرے پر راج نہ ہو اور جس میں سب' سب کی بھلائی کے لئے کام کرتے ہوں .

ہندستان اور چین اس مقصد کے حاصل کرنے کے لئے ایک دوسرے کے ہر طرح ساتھ ہیں . ہمیں امید ہے کہ دوسرے سبھی دیش اور راشٹر اس نیک کام میں ہمارا پوری طرح ہاتھ بٹائینگے .

(انگریزی اخبار 'شنگھائی نیوز' سے)

चीन को अलविदा

मेरे प्यारे चीनी भाइयो और बहनो!

चालीस दिन हुए हम आपके इस कैन्टन शहर में हिन्दुस्तान से आए थे. उस वक़्त जिस मुहब्बत और उदारता के साथ आपने हमारा स्वागत किया था और जो प्यार भरी ख़ातिर तवाज़े आपने हमारी की उससे हमारे दिमाग़ों पर बहुत काफ़ी असर पड़ा था. इसके बाद हम पेकिंग पहुँचे और फिर चीन के दूसरे शहर देखे. मेरा ख़याल है आप यह उम्मीद करते होंगे कि इस अरसे में हमने जो देखा और उसका जो असर हम पर हुआ उसकी कुछ झलक आप को दूं. मैं यह काम बहुत ख़ुशी से करता हूँ.

सच बात यह है कि जब आपने हमें बुलाया तो हम दोस्त और हमदर्द बनकर आए. लेकिन हमारे दिमाग़ में कोई लगाव चिपकाव नहीं था. हमने हिन्दुस्तान में आपके देश की बाबत बहुत कुछ सुना था, यहां की बाबत बहुत कुछ पढ़ा था. आप के लिये हमारे दिल में काफ़ी इज़्ज़त और प्यार था. फिर भी, हमें बड़ी ख़ुशी इस बात से हुई कि आप के साक्षात दर्शन करने का मौक़ा हमें मिलेगा. और यह मौक़ा हमें मिला. इसके लिये हम आपके बहुत एहसान मन्द हैं.

अब मैं इस चीज़ पर आऊं कि हम पर क्या असर पड़ा. बहुत थोड़े से में आपको मैं बताऊं कि हमारे इस

چین کو الوداع

میرے پیارے چینی بھائیو اور بہنو !

چالیس دن ہوئے ہم آپ کے اس کینٹن شہر میں ہندستان سے آئے تھے . اس وقت جس محبت اور اُدارتا کے ساتھ آپ نے ہمارا سواگت کیا تھا اور جو پیار بھری خاطر تواضع آپ نے ہماری کی اس سے ہمارے دماغوں پر بہت کافی اثر پڑا تھا . اس کے بعد ہم پیکنگ پہونچے اور پھر چین کے دوسرے شہر دیکھے . میرا خیال ہے آپ یہ امید کرتے ہوں گے کہ اس عرصے میں ہم نے جو دیکھا اور اس کا جو اثر ہم پر ہوا اسکی کچھ جھلک آپ کو دیں . میں یہ کام بہت خوشی سے کرتا ہوں .

سچ بات یہ ہے کہ جب آپ نے ہمیں ہندستان سے بلایا تو ہم دوست اور ہمدرد بن کر آئے . لیکن ہمارے دماغ میں کوئی لگاؤ چپکاؤ نہیں تھا . ہم نے ہندستان میں آپ کے دیش کی بابت بہت کچھ سنا تھا' یہاں کی بابت بہت کچھ پڑھا تھا . آپ کے لئے ہمارے دل میں کافی عزت اور پیار تھا . پھر بھی' ہمیں بڑی خوشی اس بات سے ہوئی کہ آپکے ساکشات درشن کرنے کا موقعہ ہمیں ملیگا . اور یہ موقعہ ہمیں ملا . اسکے لئے ہم آپکے بہت احسان مند ہیں .

اب میں اس چیز پر آؤں کہ ہم پر کیا اثر پڑا . بہت تھوڑے سے میں آپکو میں بتاؤں کہ ہمارے اس

चीनी कम्यूनिज़्म है जो उसकी काबलियत के मुताबिक़ है और उसके पुराने आदर्शों से मेल खाता है.

ज़ाहिर है कि चीन के नज़रिये और तर्ज़ में रूस के नज़रिये और तर्ज़ से फ़र्क़ है. तिस पर भी रूसी लोग और रूसी सरकार चीन की मदद कर रहे हैं. इससे पता चलता है कि रूस वालों का दिल कितना बड़ा है और दिमाग़ कितना वसी है. चीन की इस नई तामीर में रूस हर तरह की मदद, तकनीकी हो चाहे कैसी, पहुंचा रहा है. इसके अलावा मार्शल स्टालिन ने कई बार यह सुझाव रखा है कि दुनिया के सभी देश धीरे धीरे और एक साथ हथियार कम करना शुरू कर दें. यही नहीं, रूस ने अब तक लड़ाई में हाथ नहीं डाला है हालांकि उसके पड़ोस में ही लड़ाई के गोले गिरते रहे हैं. रूस के इस अलग रहने से बहुतों को हैरत भी हुई है.

हम इस सब से इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि कम्यूनिस्ट रूस और उसके नेता भी शान्ति चाहते हैं और दूसरे देशों से मिल कर अमन के साथ रहना चाहते हैं. चीन में मेरी मुलाक़ात कई असर और इज़्ज़त वाले रूसी विद्वानों से हुई. उन्हें यक़ीन है कि उनका आदर्श शान्ति के वातावरन में ही फल फूल सकता है और लड़ाई से उनके पल्ले कुछ भी नहीं पड़ने वाला है. मुझे इस में ज़रा भी शक नहीं है कि रूस अमन का पुजारी है.

इन सब बातों के आधार पर मैं कह सकता हूँ कि रूस—मार्शल स्टालिन की रहनुमाई में, चीन—चेयरमैन माओ की रहनुमाई में और हिन्दुस्तान—पंडित नेहरू की रहनुमाई में—तीनों दुनिया की शान्ति की हिफ़ाज़त के लिये साथ साथ खड़े हो सकते हैं. लाज़िमी बात है कि तीनों देशों का विकास अपने अपने ढंग और तरीक़े से ही होगा. लेकिन शान्ति के लिये तीनों बेचैन हैं. और सच यह है कि हम एशिया के देशों का एक हो जाना और एक ठोस ताक़त बन जाना देखना चाहते हैं, इस वजह से नहीं कि एशिया या एशिया के किसी देश की यह तमन्ना है कि किसी दूसरे इलाक़े या देश पर अपना राज क़ायम कर ले, बल्कि इस वजह से कि एशिया के देशों ने पच्छिमी ताक़तों की सम्राजशाही लालसाओं का शिकार बन कर काफ़ी चोटें खाई हैं और कुछ देश तो आज भी खा रहे हैं. 'एशिया एक हो' की आवाज़ सामने के ख़तरे से बचने के लिये सिर्फ़ बचाव की ख़ातिर है. एशियाई एकता के इस ख़याल से न इंगलैन्ड को डरने की ज़रूरत है, न अमरीका को और न पच्छिम के किसी और देश को.

महात्मा गांधी की सीख के मुताबिक़ हिन्दुस्तान लड़ाई से नफ़रत करता है. हमारे बड़े वज़ीर नेहरू ने हाल ही में कहा है कि "लड़ाइयों से कोई सवाल हल नहीं हुआ

چینی کمیونزم ہے جو اسکی قابلیت کے مطابق ہے اور اس کے پرانے آدرشوں سے میل کھاتا ہے ۔

ظاہر ہے کہ چین کے نظریئے اور طرز میں روس کے نظریئے اور طرز سے فرق ہے ۔ اس پر بھی روسی لوگ اور روسی سرکار چین کی مدد کر رہے ہیں ۔ اس سے پتہ چلتا ہے کہ روس والوں کا دل کتنا بڑا ہے اور دماغ کتنا وسیع ہے ۔ چین کی اس نئی تعمیر میں روس ہر طرح کی مدد، تکنیکی ہو چاہے کیسی، پہونچا رہا ہے ۔ اس کے علاوہ مارشل استالن نے کئی بار یہ سجھاو رکھا ہے کہ دنیا کے سبھی دیش دھیرے دھیرے اور ایک ساتھ ہتھیار کم کرنا شروع کردیں ۔ یہی نہیں، روس نے اب تک لڑائی میں ہاتھ نہیں ڈالا ہے حالانکہ اس کے پڑوس میں ہی لڑائی کے گولے گرتے رہے ہیں ۔ روس کے اس الگ رہنے سے بہتوں کو حیرت بھی ہوئی ہے ۔

ہم اس سب سے اس نتیجے پر پہونچتے ہیں کہ کمیونسٹ روس اور اس کے نیتا بھی شانتی چاہتے ہیں اور دوسرے دیشوں سے مل کر امن کے ساتھ رہنا چاہتے ہیں ۔ چین میں میری ملاقات کئی اثر اور عزت والے روسی ودوانوں سے ہوئی ۔ انہیں یقین ہے کہ ان کا آدرش شانتی کے واتاورن میں ہی پھل پھول سکتا ہے اور لڑائی سے ان کے پلے کچھ بھی نہیں پڑنے والا ہے ۔ مجھے اس میں ذرا بھی شک نہیں ہے کہ روس امن کا پجاری ہے ۔

ان سب باتوں کے آدھار پر میں کہہ سکتا ہوں کہ روس—مارشل استالن کی رہنمائی میں، چین—چیرمین ماؤ کی رہنمائی میں اور ہندستان—پنڈت نہرو کی رہنمائی میں—تینوں دنیا کی شانتی کی حفاظت کے لئے ساتھ ساتھ کھڑے ہوسکتے ہیں ۔ لازمی بات ہے کہ تینوں دیشوں کا وکاس اپنے اپنے ڈھنگ اور طریقے سے ہی ہوگا ۔ لیکن شانتی کے لئے تینوں بے چین ہیں ۔ اور سچ یہ ہے کہ ہم ایشیا کے دیشوں کا ایک ہوجانا اور ایک ٹھوس طاقت بن جانا دیکھنا چاہتے ہیں، اس وجہ سے نہیں کہ ایشیا یا ایشیا کے کسی دیش کی یہ تمنا ہے کہ کسی دوسرے علاقے یا دیش پر اپنا راج قائم کرلے، بلکہ اس وجہ سے کہ ایشیا کے دیشوں نے پچھمی طاقتوں کی سامراج شاہی لالساؤں کا شکار بن کر کافی چوٹیں کھائی ہیں اور کچھ دیش تو آج بھی کھا رہے ہیں ۔ 'ایشیا ایک ہو' کی آواز سامنے کے خطرے سے بچنے کے لئے صرف بچاؤ کی خاطر ہے ۔ ایشیائی ایکتا کے اس خیال سے نہ انگلینڈ کو ڈرنے کی ضرورت ہے، نہ امریکہ کو اور نہ پچھم کے کسی اور دیش کو ۔

مہاتما گاندھی کی سیکھ کے مطابق ہندستان لڑائی سے نفرت کرتا ہے ۔ ہمارے بڑے وزیر نہرو نے حال ہی میں کہا ہے کہ " لڑائیوں سے کوئی سوال حل نہیں ہوا

इसी तरह से हिन्दुस्तान भी—जिसे महात्मा गांधी से प्रेरना मिली है—अमन शान्ति से रहना चाहता है और दुनिया की हर क़ौम के साथ भाई चारे का सम्बन्ध रखना चाहता है. हिन्दुस्तान की सरकार ने अपने बड़े वज़ीर पंडित जवाहर लाल नेहरू की रहनुमाई में राष्ट्रों के बीच अमन शान्ति बढ़ाने के लिये जो कुछ किया जा सकता था किया है. जापानी सुलहनामे जैसी निकम्मी चीज़ को हिन्द सरकार ने हाथ भी नहीं लगाया. यूनो में चीन को इज़्ज़तदार जगह मिले, इसके लिये हिन्दुस्तान ने जो हो सका वह किया और कर रहा है. वह कर रहा है इस वजह से क्योंकि हिन्दुस्तान मानता है कि यूनो सब राष्ट्रों का संगठन तब तक नहीं कहला सकती जब तक उसमें चीन पूरी तरह शरीक न हो.

सोशलिज़्म या कम्यूनिज़्म की इल्मी बहस में मैं इस वक़्त नहीं जाऊंगा. लेकिन मुझे यक़ीन है कि शायद ही दुनिया में कोई ऐसा विचारक होगा जो ज़रा आगे की सोचता हो और यह न मानता हो कि दुनिया की आर्थिक बेहतरी तभी हो सकती है जब यहां किसी न किसी तरह का सोशलिस्ट या कम्यूनिस्ट निज़ाम क़ायम हो. इस बारे में जो मत भेद हैं वह आख़िरी मंज़िल के बारे में उतने नहीं हैं जितने इस बात की बाबत कि इस मंज़िल तक पहुंचने के लिये जुदा जुदा देशों में इसकी शकल क्या हो और वह कौन तरीक़े इस्तेमाल किये जाएं. चीन कम्यूनिस्ट कहा जाता है और चीनी लोग इस बात से इन्कार नहीं करते. लेकिन हमने देखा कि चीन में हर कारख़ाना, ज़मीन का हर टुकड़ा और हर रोज़गार या तो किसी की निजी मिलकियत है या सरकारी मिलकियत है. निजी मिलकियत का हक़ चीन में माना जाता है और उसकी क़द्र की जाती है. निजी कारख़ाने चलाने के लिये भी लोगों का हौसला बढ़ाया जाता है. हां, इस सबके ऊपर सरकार की निगरानी ज़रूर रहती है. जनता की सरकार यहां तक करती है कि निजी कारख़ाने वालों को कच्चा माल दिलाती है, इनके तैयार माल की बिक्री का ज़िम्मा लेती है और उन के मालिकों को मुनासिब (20 फ़ीसदी तक) मुनाफ़ा भी खाने देती है. यही नहीं, विदेशी पूंजी, विदेशी कारख़ानों और विदेशी कम्पनियों को भी बढ़ने फैलने का काफ़ी मौक़ा नए चीन में दिया जाता है.

चीन की सरकार ग़ैर पार्टी और सब पार्टियों की मिली हुई सरकार है. चीन के नेता सोचते हैं कि अगर कम्यूनिस्ट आदर्श पर वह कभी पहुँचे भी तो कम से कम तीस साल उन्हें लग जाएंगे. अपने देश के माली बन्दोबस्त को वह कम्यूनिस्ट न कह 'नया लोकराज' (New Democracy) कहते हैं. अगर चीन कम्यूनिस्ट है तो उसका कम्यूनिज़्म

اسی طرح سے ہندستان بھی — جسے مہاتما گاندھی سے پریرنا ملی ہے — امن شانتی سے رہنا چاہتا ہے اور دنیا کی ہر قوم کے ساتھ بھائی چارے کا سمبندھ رکھنا چاہتا ہے۔ ہندستان کی سرکار نے اپنے بڑے وزیر پنڈت جواہر لال نہرو کی رہنمائی میں راشٹروں کے بیچ امن شانتی بڑھانے کے لئے جو کچھ کیا جا سکتا تھا کیا ہے۔ جاپانی صلحنامے جیسی نکمی چیز کو ہند سرکار نے ہاتھ بھی نہیں لگایا۔ یونو میں چین کو عزت دار جگہ ملے، اس کے لئے ہندستان نے جو ہوسکا وہ کیا اور کر رہا ہے۔ وہ کر رہا ہے اس وجہ سے کیونکہ ہندستان مانتا ہے کہ یونو سب راشٹروں کا سنگٹھن تب تک نہیں کہلا سکتی جب تک اس میں چین پوری طرح شریک نہ ہو۔

سوشلزم یا کمیونزم کی علمی بحث میں میں اس وقت نہیں جاؤنگا۔ لیکن مجھے یقین ہے کہ شاید ہی دنیا میں کوئی ایسا وچارک ہوگا جو ذرا آگے کی سوچتا ہو اور یہ نہ مانتا ہو کہ دنیا کی آرتھک بہتری تبھی ہوسکتی ہے جب یہاں کسی نہ کسی طرح کا سوشلسٹ یا کمیونسٹ نظام قائم ہو۔ اس بارے میں جو مت بھید ہیں وہ آخری منزل کے بارے میں اتنے نہیں ہیں جتنے اس بات کی بابت کہ اس منزل تک پہونچنے کے لئے جدا جدا دیشوں میں اس کی شکل کیا ہو اور وہ کون طریقے استعمال کئے جائیں۔ چین کمیونسٹ کہا جاتا ہے اور چینی لوگ اس بات سے انکار نہیں کرتے۔ لیکن ہم نے دیکھا کہ چین میں ہر کارخانہ، زمین کا ہر ٹکڑا اور ہر روزگار یا تو کسی کی نجی ملکیت ہے یا سرکاری ملکیت ہے۔ نجی ملکیت کا حق چین میں مانا جاتا ہے اور اس کی قدر کی جاتی ہے۔ نجی کارخانے چلانے کے لئے بھی لوگوں کا حوصلہ بڑھایا جاتا ہے۔ ہاں، اس سب کے اوپر سرکار کی نگرانی ضرور رہتی ہے۔ جنتا کی سرکار یہاں تک کرتی ہے کہ نجی کارخانے والوں کو کچا مال دلاتی ہے، ان کے تیار مال کی بکری کا ذمہ لیتی ہے اور ان کے مالکوں کو مناسب (20 فیصدی تک) منافع بھی کھانے دیتی ہے۔ یہی نہیں، ودیشی پونجی، ودیشی کارخانوں اور ودیشی کمپنیوں کو بھی بڑھنے پھیلنے کا کافی موقعہ نئے چین میں دیا جاتا ہے۔

چین کی سرکار غیر پارٹی اور سب پارٹیوں کی ملی ہوئی سرکار ہے۔ چین کے نیتا سوچتے ہیں کہ اگر کمیونسٹ آدرش پر وہ کبھی پہونچے بھی تو کم سے کم تیس سال انہیں لگ جائینگے۔ اپنے دیش کے مالی بندوبست کو وہ کمیونسٹ نہ کہہ 'نیا لوک راج' (New Democracy) کہتے ہیں۔ اگر چین کمیونسٹ ہے تو اس کا کمیونزم

[illegible] बदमाशियों को ख़त्म कर दिया, उसने इतने लम्बे-चौड़े देश से भीक मांगने और रंडियों के पेशे को मिटा दिया, सारी जनता का नैतिक स्तर ऊंचा उठा दिया, सब बे जमीन वाले किसानों को ज़मीन दे कर अपनी खेती की पैदावार इस हद तक बढ़ाली कि जहां तीन बरस पहले उसे दूसरे मुल्कों से लाखों टन अनाज की भीक मांगनी पड़ती थी आज वहां वह लाखों टन अनाज दूसरे देशों को भेज सकता है. उसने अपने कारख़ानों में पक्का माल इस तरह और इतनी तादाद में तैयार कर लिया कि आज वह अपनी रोज़ की ज़रूरत की हर चीज़ ख़ुद पैदा कर लेता है. नए चीन ने फ़र्क़ मिटा दिया मालिक और मुलाज़िम का, ग़रीब और अमीर का, आक़ा और ग़ुलाम का. उसने चीज़ों के भाव ठिकाने पर लगा दिये और मंहगाई के सवाल को—जहां क़ीमतें आसमान पर चढ़ती चली जाती थीं—ठीक ठीक हल कर दिया. उसने सारी जनता में एक ऐसी जान डाल दी कि वह जां-जान से काम में जुट गई और देश की ख़ातिर हर क़ुरबानी करने को तैयार हो गई. अगर जनता में क़ुरबानी का यह जज़बा पैदा न हुआ होता तो इतना सब होना नामुमकिन था. इस सब की ख़ास वजह है चेयरमैन माओ त्से-तुंग की अचूक और रचनात्मक रहनुमाई, और उनके बेलाग और सच्चे साथियों का जत्था. चीन का यह एक ऐसा कमाल है जिस पर बिना आंखों देखे यक़ीन करना मुशकिल है. हम अपने देश वापस जा रहे हैं पर पिछले दो बरस के चीनी इतिहास के ज़बरदस्त कारनामे का जो असर हम पर पड़ा है उसे कभी नहीं भूल सकते.

हमें यह भी यक़ीन है कि चीन और उसके नेता दुनिया की हर क़ौम के साथ अमन से रहना चाहते हैं. जहां जहां हम गए, जिन सभाओं में हम बैठे, जिन बाज़ारों में हम घूमे, जो गांव शहर हमने देखे, कहीं भी हमें कोई भी ऐसा न मिला जिसे लड़ाई की धुन हो. वहां लड़ाई की कोई सोचता भी नहीं. चीन में लड़ाई के शौक़ीन या ख़ून के प्यासे लोगों का पता भी नहीं है. यहां का जो आर्थिक संगठन है वह लड़ाई को निशाना बना कर नहीं खड़ा किया जा रहा है, बल्कि रोज़ के बरतने की चीज़ों को तैयार करनेके लिये खड़ा किया गया है. जो देश रचनात्मक कामों में इतनी अच्छी तरह लगा हो उसे कहां इतनी फ़ुरसत कि लड़ाई की बात करे या इस तरह का कोई प्रोपेगेन्डा रचे. मुकदन तक के नगर में, जो कोरिया की सरहद के पास है, हमने देखा कि सब लोग अपने मामूली कारबार में लगे हुए थे. यही हालत हमने कैन्टन में देखी. हमें मालूम होता है कि चेयर मैन माओ केवल एक दिलेर जनरल ही नहीं हैं बल्कि ऊंचे पाए के रचनात्मक लीडर भी हैं. हमें यक़ीन है कि चीन और उसके नेता सच्चे दिल से अमन शान्ति चाहते हैं.

بدچلنیوں کو ختم کردیا. اسنے اِتنے لمبے چوڑے دیش سے بھیک مانگنے اور رنڈیوں کے پیشے کو مٹادیا، ساری جنتا کا نیتک استر اونچا اُٹھا دیا، سب بے زمین والے کسانوں کو زمین دے کر اپنی کھیتی کی پیداوار اِس حد تک بڑھالی کہ جہاں تین برس پہلے اُسے دوسرے ملکوں سے لاکھوں ٹن اناج کی بھیک مانگنی پڑتی تھی آج وہاں وہ لاکھوں ٹن اناج دوسرے دیشوں کو بھیج سکتا ہے. اُس نے اپنے کارخانوں میں پکا مال اِس طرح اور اتنی تعداد میں تیار کر لیا کہ آج وہ اپنی روز کی ضرورت کی ہر چیز خود پیدا کر لیتا ہے. نئے چین نے فرق مٹا دیا مالک اور ملازم کا غریب اور امیر کا آقا اور غلام کا. اُس نے چیزوں کے بھاؤ ٹھکانے پر لگا دیئے اور مہنگائی کے سوال کو—جہاں قیمتیں آسمان پر چڑھتی چلی جاتی تھیں—ٹھیک ٹھیک حل کر دیا. اُس نے ساری جنتا میں ایک ایسی جان ڈال دی کہ وہ جی جان سے کام میں جٹ گئی اور دیش کی خاطر ہر قربانی کرنے کو تیار ہوگئی. اگر جنتا میں قربانی کا یہ جذبہ پیدا نہ ہوا ہوتا تو اِتنا سب ہونا ناممکن تھا. اِس سب کی خاص وجہ ہے چیرمین ماؤزے تنگ کی اچوک اور رچناتمک رہنمائی اور اُن کے بے لاگ اور سچے ساتھیوں کا جتھا. چین کا یہ ایک ایسا کمال ہے جس پر بنا آنکھوں دیکھے یقین کرنا مشکل ہے. ہم اپنے دیش واپس جا رہے ہیں پر پچھلے دو برس کے چینی اِتہاس کے زبردست کارنامے کا جو اثر ہم پر پڑا ہے اُسے کبھی نہیں بھول سکتے.

ہمیں یہ بھی یقین ہے کہ چین اور اُس کے نیتا دنیا کی ہر قوم کے ساتھ امن سے رہنا چاہتے ہیں. جہاں جہاں ہم گئے، جن سبھاؤں میں ہم بیٹھے، جن بازاروں میں ہم گھومے، جو گاؤں شہر ہم نے دیکھے، کہیں بھی ہمیں کوئی بھی ایسا نہ ملا جسے لڑائی کی دھن ہو. وہاں لڑائی کی کوئی سوچتا بھی نہیں. چین میں لڑائی کے شوقین یا خون کے پیاسے لوگوں کا پتہ بھی نہیں ہے. یہاں کا جو آرتھک سنگٹھن ہے وہ لڑائی کو نشانہ بناکر نہیں کھڑا کیا جا رہا ہے، بلکہ روز کے برتنے کی چیزوں کو تیار کرنے کے لئے کھڑا کیا گیا ہے. جو دیش رچناتمک کاموں میں اتنی اچھی طرح لگا ہو اُسے کہاں اتنی فرصت کہ لڑائی کی بات کرے یا اِسطرح کا کوئی پروپیگنڈہ رچے. مکدن تک کے نگر میں، جو کوریا کی سرحد کے پاس ہے، ہم نے دیکھا کہ سب لوگ اپنے معمولی بیوپار میں لگے ہوئے تھے. یہی حالت ہم نے کینٹن میں دیکھی. ہمیں معلوم ہوتا ہے کہ چیرمین ماؤ ایک کیول دلیر جنرل ہی نہیں ہیں بلکہ اونچے پائے کے رچناتمک لیڈر بھی ہیں. ہمیں یقین ہے کہ چین اور اُس کے نیتا سچے دل سے امن شانتی چاہتے ہیں.

था, जैसे सर के लिये टोप, जांघिया या पायजामा, छपाई के टाइप, क़ुतबनुमा, आतिशबाजी और बारूद. इसी तरह हिन्दुस्तान ने जो दुनिया को बहुत सी चीज़ें दी हैं उनमें से ख़ास हैं हिन्दसे—जो योरप में अरबी हिन्दसे कहलाते हैं, और दशमल तरीक़ा जो सारे हिसाब किताब, ज्योतिश और अर्थशास्त्र की बुनियाद हैं. आज से दो हज़ार साल पहले इन दोनों महान और पुराने देशों में काफ़ी नज़दीकी रिश्ता था. इस रिश्ते पर व्योपार, कलचर और धर्म की छाप थी. यह दोस्ताना रिश्ता था, भाई चारे का रिश्ता था जिससे दोनों देशों को फ़ायदा पहुँचता था और जो दोनों की शान को बढ़ाता था. समय बीतता गया, दोनों देशों में लेन-देन कम होता गया. यह रिश्ता भी उसी चाल से हलका पड़ता गया. बाद में जब पच्छिम के देश हम दोनों पर हावी हो गए और हमारी अपनी अपनी घरेलू आफ़तें बढ़ गईं तब इस रिश्ते का चिराग़ एकदम गुल हो गया. हिन्दुस्तान अंगरेज़ी साम्राज शाही के शिकंजे में फंस गया और चीन लगभग नौ योरपी ताक़तों के चक्कर में पड़ कर काफ़ी मुसीबतों का शिकार बना. हिन्दुस्तान में विदेशी राज सौ बरस से ऊपर रहा, क़रीब इतने ही अरसे चीन परेशान रहा.

ख़ुश क़िस्मती से दोनों देशों ने करवट बदली. महात्मा गांधी की अनमोल रहनुमाई में हिन्दुस्तान ने चार साल हुए आज़ादी हासिल की. चीन भी बहादुरी के साथ विदेशी साम्राजशाहियों और घरेलू पिछ घसीट ताक़तों से लड़ता रहा—लड़ता रहा उस प्रेरना के उभार से जो उसे डाक्टर सन यात सेन से मिली और उस अनमोल रहनुमाई में जो चेयर मैन माओ-त्से-तुंग से चीन को मिली. इसका नतीजा है कि आज से दो बरस पहले चीन ने सच्ची आज़ादी हासिल की. हम इस वक़्त चीन में जनता की इस लोक-शाही की दूसरी सालगिरह को ही देखने आए थे. और हम आए थे चीन के लोगों को उनके इस महान कारनामे पर बधाई देने.

क़रीब एक महीना हम यहां रह चुके. हमें बेहद अचरज और ख़ुशी यह देख कर हुई कि इतने छोटे से अरसे में चीन किस तरह इतनी तरक़्क़ी कर गया और उसने अपनी समाजी और आर्थिक ज़िन्दगी को—जो क़रीब क़रीब बरबाद हो चुकी थी—कैसे फिर से बना डाला. हमें तो यह जादू-सा लगता है कि कैसे दो बरस के अन्दर चीन ने इतना कमाल कर डाला. उसने अपने उन उद्योग धंदों और कारख़ानों को फिर से खड़ा कर लिया जो चकनाचूर हो चुके थे, और बेहद बढ़ा लिया. उसने अपना सारा माली निज़ाम मानो फिर से रच डाला, उसने अपने यहां के हाकिमों और आम जनता की तरह तरह की बेईमानियों और

تھا، جیسے سر کے لئے ٹوپ، جانگھیا یا پائجامہ، چھپائی کے ٹائپ، قطب نما، آتش بازی اور بارود . اسی طرح ہندستان نے جو دنیا کو بہت سی چیزیں دی ہیں اُن میں سے خاص ہیں ہندسے—جو یورپ میں عربی ہندسے کہلاتے ہیں، اور دشمل طریقہ جو سارے حساب کتاب، جیوتش اور ارتھ شاستر کی بنیاد ہیں . آج سے دو ہزار سال پہلے اِن دونوں مہان اور پرانے دیشوں میں کافی نزدیکی رشتہ تھا . اِس رشتے پر بیوپار، کلچر اور دھرم کی چھاپ تھی . یہ دوستانہ رشتہ تھا، بھائی چارے کا رشتہ تھا جس سے دونوں دیشوں کو فائدہ پہنچتا تھا اور جو دونوں کی شان کو بڑھاتا تھا . سمے بیتتا گیا، دونوں دیشوں میں لین دین کم ہوتا گیا . یہ رشتہ بھی اُسی چال سے ہلکا پڑتا گیا . بعد میں جب پچھم کے دیش ہم دونوں پر حاوی ہوگئے اور ہماری اپنی اپنی گھریلو آفتیں بڑھ گئیں تب اِس رشتے کا چراغ ایک دم گل ہوگیا . ہندستان انگریزی سامراج شاہی کے شکنجے میں پھنس گیا اور چین لگ بھگ نو یورپی طاقتوں کے چکر میں پڑ کر کافی مصیبتوں کا شکار بنا . ہندستان میں ودیشی راج سو برس سے اوپر رہا، قریب اتنے ہی عرصے چین پریشان رہا .

خوش قسمتی سے دونوں دیشوں نے کروٹ بدلی . مہاتما گاندھی کی انمول رہنمائی میں ہندستان نے چار سال ہوئے آزادی حاصل کی . چین بھی بہادری کے ساتھ ودیشی سامراج شاہیوں اور گھریلو پچھ گھسیٹ طاقتوں سے لڑتا رہا—لڑتا رہا اُس پریرنا کے اُبھار سے جو اُسے ڈاکٹر سن یات سین سے ملی اور اُس انمول رہنمائی میں جو چیرمین ماؤ تسے تنگ سے چین کو ملی . اِسکا نتیجہ ہے کہ آج سے دو برس پہلے چین نے سچی آزادی حاصل کی . ہم اِس وقت چین میں جنتا کی اِس لوک شاہی کی دوسری سالگرہ کو ہی دیکھنے آئے تھے . اور ہم آئے تھے چین کے لوگوں کو اُنکے اِس مہان کارنامے پر بدھائی دینے .

قریب ایک مہینہ ہم یہاں رہ چکے . ہمیں بیحد اچرج اور خوشی یہ دیکھکر ہوئی کہ اِتنے چھوٹے سے عرصے میں چین کس طرح اِتنی ترقی کرگیا اور اُسنے اپنی سماجی اور آرتھک زندگی کو—جو قریب قریب برباد ہوچکی تھی—کیسے پھر سے بنا ڈالا . ہمیں تو یہ جادو سا لگتا ہے کہ کیسے دو برس کے اندر چین نے اِتنا کمال کرڈالا . اُسنے اپنے اُن اُدیوگ دھندوں اور کارخانوں کو پھر سے کھڑا کرلیا جو چکنا چور ہو چکے تھے، اور بےحد بڑھا لیا . اُس نے اپنا سارا مالی نظام مانو پھر سے رچ ڈالا، اُسنے اپنے یہاں کے حاکموں اور عام جنتا کی طرح طرح کی بےایمانیوں اور

हमें यह भी यक़ीन है कि नया चीन हिन्दुस्तान की दोस्ती की बहुत क़द्र करता है. मैं अपने चीनी भाइयों को इतमिनान दिलाता हूं कि हिन्दुस्तान के लोगों के दिल में भी चीन की नई सरकार के साथ वैसी ही दोस्ती और भाई चारे की भावना है. अपने महान नेता महात्मा गांधी की सीख के मुताबिक़, हिन्दुस्तान शान्ति का हामी है और हमें यक़ीन है कि चीन और हिन्दुस्तान की दोस्ती विश्व-शान्ति के लिये बड़ा भारी सहारा साबित होगी. मुझे उम्मीद है कि हमारे मिशन के आने से इस दोस्ती के बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी. आपस में एक दूसरे के यहां ऐसे मिशनों का तादाद आगे चल कर बढ़ेगी. हमारी यूनिवर्सिटियां एक दूसरे के विद्यार्थियों को अपने यहां रखकर उनको कुछ तालीम देने का इन्तज़ाम कर सकती हैं. इसी तरह से तरह तरह के मिशन—साइन्सदानों के, आर्थिक शास्त्रियों के, कलाकारों के, औरतों के, लेखकों के, और मज़दूरों के भी—एक देश से दूसरे देश में आ जा सकते हैं.

मैं यह स्पीच इस उम्मीद के साथ ख़त्म करता हूं—और यह उम्मीद बड़ी पक्की व सच्ची उम्मीद है—कि हिन्दुस्तान और चीन में दोस्ती दिन दूने रात चौगुने बढ़ेगी, दोनों एक दूसरे के ज़ियादा नज़दीक आएंगे और तरह तरह से आपस का यह रिश्ता बढ़ेगा. मैं यह भी उम्मीद करता हूं कि हिन्द-चीन के इस रिश्ते से दुनिया की क़ौमों के बीच एकता क़ायम होने में मदद मिलेगी, उनकी तरक़्क़ी होगी और वह फूले फलेंगे.

नया चीन ज़िन्दाबाद !

10. .10. 1951

दुनिया की शान्ति के अलमबरदार— चीन और हिन्दुस्तान

चीन में हम जहां जहां गए हमारी इतनी ख़ातिर हुई, इतने प्यार और मुहब्बत से यहां के लोग हमारे साथ पेश आए, हमारे हर आराम और आसाइश का इतना ख़याल रखा गया, इतने जोश के साथ हमारी हर छोटी-बड़ी सच्ची-झूठी ज़रूरत को पूरा किया गया कि हम सब के सब इस अनोखी आवभगत पर दंग रह गए. हम हिन्दुस्तान वापस जा रहे हैं पर इन चीज़ों की प्यारी याद हमारे दिल में हमेशा बनी रहेगी.

चीन एक पुराना देश है जिस की सभ्यता का इतिहास कम से कम चार हज़ार बरस से मिलता है. यही हाल हमारे देश का है. चीन ने दुनिया को कई ऐसी नेमतें दी हैं जिनके बिना इनसानी सभ्यता का फलना फूलना नामुमकिन

ہمیں یہ بھی یقین ہے کہ نیا چین ہندستان کی دوستی کی بہت قدر کرتا ہے۔ میں اپنے چینی بھائیوں کو اطمینان دلاتا ہوں کہ ہندستان کے لوگوں کے دل میں بھی چین کے لوگوں اور چین کی نئی سرکار کے ساتھ ویسی ہی دوستی اور بھائی چارے کی بھاونا ہے۔ اپنے مہان نیتا مہاتما گاندھی کی سیکھ کے مطابق، ہندستان شانتی کا حامی ہے اور ہمیں یقین ہے کہ چین اور ہندستان کی دوستی وشو شانتی کے لئے بڑا بھاری سہارا ثابت ہوگی۔ مجھے امید ہے کہ ہمارے مشن کے آنے سے اس دوستی کے بڑھنے میں بہت مدد ملیگی۔ آپس میں ایک دوسرے کے یہاں ایسے مشنوں کی تعداد آگے چل کر بڑھیگی۔ ہماری یونیورسٹیاں ایک دوسرے کے ودیارتھیوں کو اپنے یہاں رکھ کر انکو کچھ تعلیم دینے کا انتظام کرسکتی ہیں۔ اسی طرح سے طرح طرح کے مشن—سائنسدانوں کے، آرتھک شاستریوں کے، کلاکاروں کے، عورتوں کے، لیکھکوں کے، اور مزدوروں کے بھی—ایک دیش سے دوسرے دیش میں آجا سکتے ہیں۔

میں یہ اسپیچ اس امید کے ساتھ ختم کرتا ہوں—اور یہ امید بڑی پکی و سچی امید ہے—کہ ہندستان اور چین میں دوستی دن دونی رات چوگنی بڑھیگی، دونوں ایک دوسرے کے زیادہ نزدیک آئینگے اور طرح طرح سے آپس کا یہ رشتہ بڑھے گا۔ میں یہ بھی امید کرتا ہوں کہ ہند چین کے اس رشتے سے دنیا کی قوموں کے بیچ ایکتا قائم ہونے میں مدد ملیگی، ان کی ترقی ہوگی اور وہ پھولے پھلینگے۔

نیا چین زندہباد !

10. 10. 1951

دنیا کی شانتی کے علمبردار— چین اور ہندستان

چین میں ہم جہاں جہاں گئے ہماری اتنی خاطر ہوئی، اتنے پیار اور محبت سے یہاں کے لوگ ہمارے ساتھ پیش آئے، ہمارے ہر آرام اور آسائش کا اتنا خیال رکھا گیا، اتنے جوش کے ساتھ ہماری ہر چھوٹی بڑی سچی جھوٹی ضرورت کو پورا کیا گیا کہ ہم سب کے سب اس انوکھی آؤبھگت پر دنگ رہ گئے۔ ہم ہندستان واپس جارہے ہیں پر ان چیزوں کی پیاری یاد ہمارے دل میں ہمیشہ بنی رہے گی۔

چین ایک پرانا دیش ہے جسکی سبھیتا کا اتہاس کم سے کم چار ہزار برس سے ملتا ہے۔ یہی حال ہمارے دیش کا ہے۔ چین نے دنیا کو کئی ایسی نعمتیں دی ہیں جنکے بنا انسانی سبھیتا کا پھلنا پھولنا ناممکن

थे. कारखानों में हमने देखा कि मामूली मजदूर और मैनेजर की तनखाहों में कोई बड़ा फ़र्क़ नहीं है. कैन्टन में जो बड़ी भारी पेपर मिल है वहां पर सब से कम और सबसे ज़ियादा तनखाहों में तीन व आठ की निस्बत थी. पेकिंग की एक फ़ैक्टरी में हमने देखा कि एक मजदूर लड़की को जहां ढाई सौ कट्टी अनाज हर महीने मिलता था, डायरेक्टर को सिर्फ़ साढ़े तीन सौ. हमें यह जान कर ख़ुशी हुई कि नए चीन में छोटे से लेकर बड़े तक, ज़ियादातर सरकारी मुलाज़िमों को तनखा रुपया या सिक्के के बजाए अनाज की शकल में मिलती है. इसी का नतीजा है कि एक कैबिनेट मिनिस्टर या यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के कपड़ों में और मामूली क्लर्क या फ़ैक्टरी-मजदूर के कपड़ों में क़रीब क़रीब कोई फ़र्क़ नहीं रहता. महज़ देखने से एक दूसरे में तमीज़ करना मुशकिल था. अगर मजदूरों या किसानों की भीड़ में चेयरमैन माओ खड़े हों तो उन्हें कपड़ों के बल पर तो पहचाना भी नहीं जा सकता. हमने देखा कि नया चीन एक अमली लोकराज और सही मानों में लोकराज है.

चीनी लोकराज की सालगिरह के दिन हमने देखा कि लाखों-करोड़ों लोगों में अपने नए लोकराज और उसके चेयरमैन के लिये कितना उत्साह है. उस दिन हमने देखा फ़ौजें क़वायद कर रही हैं, गोला-तोप-सामान चल रहा है, हवाई जहाज़ दौड़ रहे हैं और लोगों के लम्बे चौड़े जलूस चुपचाप ताली बजाते हुए निकल रहे हैं. हमने देखा कि उन सबमें कितनी एकता है. कितनी हिम्मत है और उनके अन्दर क्या कमाल की जान है. हमें यक़ीन है कि नया चीन अजेय है, इसे कोई नहीं जीत सकता. हमें यह समझाया गया और हमने एहतियात से समझा कि इन दो बरसों में नए चीन ने किस तरह अपनी पैदावार बढ़ा ली, दाम गिरा लिये, मंहगाई के सवाल को हल कर लिया, अपने आने-जाने के चकनाचूर साधनों को, जिन में रेलवे भी शामिल है, किस तरह फिर से बना लिया और उनमें तरक़्क़ी भी की, अपने अन्दर आने वाले और बाहर जाने वाले ब्योपार का सिलसिला ठीक बैठा लिया. और सबसे ख़ास बात जो की वह यह कि अपने यहां के बे ज़मीन वालों को ज़मीनें दीं. इस सबसे पता चलता है कि यहां के नेताओं में तामीर का कितना मादा है और लोगों में किस क़दर मुस्तक़िल मिज़ाजी है. जिस पर किसी भी मुल्क का नाज़ हो सकता है. जो कुछ हमने देखा उससे हमारा यह पक्का यक़ीन हो गया है कि नए चीन में न तो दूसरों पर हमला करने की इच्छा है न हो सकती है. हमें यक़ीन है कि नया चीन शान्ति के लिये एक बहुत बड़ा सहारा है और सारी दुनिया के लोगों से मिल कर मेल-मुहब्बत के साथ रहना चाहता है.

تھے . کارخانوں میں ہم نے دیکھا کہ معمولی مزدور اور منیجر کی تنخواہوں میں کوئی بڑا فرق نہیں ہے . کینٹن میں جو بڑی بھاری پیپر مل ہے وہاں پر سب سے کم اور سب سے زیادہ تنخواہوں میں تین و آٹھ کی نسبت تھی . پیکنگ کی ایک فیکٹری میں ہم نے دیکھا کہ ایک مزدور لڑکی کو جہاں ڈھائی سو کٹی اناج ہر مہینے ملتا تھا' ڈائرکٹر کو صرف ساڑھے تین سو . ہمیں یہ جان کر خوشی ہوئی کہ نئے چین میں چھوٹے سے لے کر بڑے تک زیادہ تر سرکاری ملازموں کو تنخواہ روپیہ یا سکے کے بجائے اناج کی شکل میں ملتی ہے . اِسی کا نتیجہ ہے کہ ایک کیبنٹ منسٹر یا یونیورسٹی کے وائس چانسلر کے کپڑوں میں اور معمولی کلرک یا فیکٹری مزدور کے کپڑوں میں قریب قریب کوئی فرق نہیں رہتا . محض دیکھنے سے ایک دوسرے میں تمیز کرنا مشکل تھا . اگر مزدوروں یا کسانوں کی بھیڑ میں چیرمین ماؤ کھڑے ہوں تو انہیں کپڑوں کے بل پر تو پہچانا بھی نہیں جاسکتا . ہم نے دیکھا کہ نیا چین ایک عملی لوک راج اور صحیح معنوں میں لوک راج ہے .

چینی لوک راج کی سال گرہ کے دن ہم نے دیکھا کہ لاکھوں کروڑوں لوگوں میں اپنے نئے لوک راج اور اُس کے چیرمین کے لئے کتنا اُتساہ ہے . اُس دن ہم نے دیکھا فوجیں قواعد کر رہی ہیں' گولہ توپ سامان چل رہا ہے' ہوائی جہاز دوڑ رہے ہیں اور لوگوں کے لمبے چوڑے جلوس چپ چاپ تالی بجاتے ہوئے نکل رہے ہیں . ہم نے دیکھا کہ اُن سب میں کتنی ایکتا ہے' کتنی ہمت ہے اور اُن کے اندر کتنی کمال کی جان ہے . ہمیں یقین ہے کہ نیا چین اجئے ہے' اسے کوئی نہیں جیت سکتا . ہمیں یہ سمجھایا گیا اور ہم نے احتیاط سے سمجھا کہ اِن دو برسوں میں نئے چین نے کس طرح اپنی پیداوار بڑھا لی' دام گرا لئے' مہنگائی کے سوال کو حل کر لیا' اپنے آنے جانے کے چکنا چور سادھنوں کو' جن میں ریلوے بھی شامل ہے' کسطرح پھر سے بنا لیا اور ان میں ترقی بھی کی' اپنے اندر آنے والے اور باہر جانے والے بیوپار کا سلسلہ ٹھیک بیٹھا لیا' اور سب سے خاص بات جو کی وہ یہ کہ اپنے یہاں کے بے زمین والوں کو زمینیں دیں . اِس سب سے پتہ چلتا ہے کہ یہاں کے نیتاؤں میں تعمیر کا کتنا مادہ ہے اور لوگوں میں کس قدر مستقل مزاجی ہے' جس پر کسی بھی ملک کو ناز ہوسکتا ہے . جو کچھ ہم نے دیکھا اس سے ہمارا یہ پکا یقین ہوگیا ہے کہ نئے چین میں نہ تو دوسروں پر حملہ کرنے کی اِچھا ہے نہ ہوسکتی ہے . ہمیں یقین ہے کہ نیا چین شانتی کے لئے ایک بہت بڑا سہارا ہے اور ساری دنیا کے لوگوں سے مل کر میل محبت کے ساتھ رہنا چاہتا ہے .

...कि मैं एक 'आलिमाम' का हिस्सा हूँ और इसी तरह काम करेगा.

हिन्दुस्तान में जो शान्ति आन्दोलन चल रहा है उसका यही मक़सद है. दूसरे प्रोग्राम भी इसकी मातहती में पूरे किये जा रहे हैं—जैसे शान्ति अपील पर दस्तख़त, पंच ताक़त सुलहनामे पर इसरार, वग़ैरा. हमें यक़ीन है कि दिन दिन हिन्दुस्तान और चीन मे सच्ची दोस्ती और भाई चारा बढ़ेगा. और यही वह चीज़ है जिसके बल पर दुनिया में सच्ची और मुस्तक़िल तौर पर शान्ति क़ायम हो सकती है.

[People's Daily में 7. 10. '51 को छपा लेख]

पेकिंग रेडियो से ब्राडकास्ट

22 सितम्बर की सुबह को जब हमारा जहाज़ हांगकांग से चल कर नए चीन की धरती के नज़दीक पहुँच रहा था तो हमने तोपें छूटने की आवाज़ सुनी, कैन्टन के बंदरगाह की सजावट को दूर से देखा और मिलेट्री बैन्ड की मनोहर आवाज़ हमारे कान में पड़ी. इससे हम समझ गए कि हमारे स्वागत की कैसी ज़बरदस्त तैयारियां हैं. उस वक़्त से लेकर अब तक—इस वक़्त तक—जो मुहब्बत, जो उदारता, जो मेहरबानी चीनी सरकार और चीनी भाइयों ने हमारे ऊपर बरसाई है और जिस जोश और ख़ुशी के साथ हमारा स्वागत किया है, उससे हमारे हिन्द मिशन के हर मेम्बर का दिल फूला नहीं समाता. हम अपने देश वापस जा रहे हैं मगर यहां की मीठी याद हमें हमेशा बनी रहेगी.

हमने नए चीन के—निजी और सरकारी—दोनों तरह के कारख़ाने देखे. यहां की यूनिवर्सिटियां देखीं. हमने यहां के मज़दूरों के, नौजवानों के, औरतों के और तरह तरह के संगठनों को अमली रूप में देखा. हमने यहाँ की उद्योगी सोसाइटियां देखीं, नाटक देखे, सिनेमा देखे. हम नए चीन के बाज़ारों में, गली-कूचों में और गावों में घूमे. हर जगह हमें महसूस हुआ कि नए लोकराज की सभी जमाअतों के लोगों के दिलों में कितना उत्साह और अपने नेता चेयरमैन माओ-त्से-तुंग के लिये कितना प्यार है. इन दो बरसों में नए चीन ने वह पेचीदा सवाल हल कर लिये जो बहुत से देशों के नेताओं और सरकारों को परेशान किये हुए हैं. चीन की सरकार ने इतने बड़े मुल्क में से भिकमंगी और अस्मत फ़रोशी को बिलकुल ख़त्म कर दिया. इसने बेईमानी और रिश्वत ख़ोरी ख़त्म कर दी जिसके लिये चीन के हाकिम दो बरस पहले सारी दुनिया में बदनाम

گرہ گا کہ میں ایک خاندان کا حصہ ہوں اور اسی طرح کام کرے گا۔

ہندستان میں جو شانتی آندولن چل رہا ہے اس کا یہی مقصد ہے۔ دوسرے پروگرام بھی اس کی ماتحتی میں پورے کئے جا رہے ہیں—جیسے شانتی اپیل پر دستخط، پنچ طاقت صلحنامے پر اصرار، وغیرہ۔ ہمیں یقین ہے کہ دن دن ہندستان اور چین میں سچی دوستی اور بھائی چارہ بڑھیگا۔ اور یہی وہ چیز ہے جس کے بل پر دنیا میں سچی اور مستقل طور پر شانتی قائم ہوسکتی ہے۔

[People's Daily میں 7. 10. '51 کو چھپا لیکھ]

پیکنگ ریڈیو سے براڈکاسٹ

22 ستمبر کی صبح کو جب ہمارا جہاز ہانگ کانگ سے چل کر نئے چین کی دھرتی کے نزدیک پہنچ رہا تھا تو ہم نے توپیں چھوٹنے کی آواز سنی، کینٹن کے بندرگاہ کی سجاوٹ کو دور سے دیکھا اور ملٹری بینڈ کی منوہر آواز ہمارے کان میں پڑی۔ اس سے ہم سمجھ گئے کہ ہمارے سواگت کی کیسی زبردست تیاریاں ہیں۔ اس وقت سے لے کر اب تک — اس وقت تک — جو محبت، جو اُدارتا، جو مہربانی چینی سرکار اور چینی بھائیوں نے ہمارے اوپر برسائی ہے اور جس جوش اور خوشی کے ساتھ ہمارا سواگت کیا ہے، اس سے ہمارے ہند مشن کے ہر ممبر کا دل پھولا نہیں سماتا۔ ہم اپنے دیش واپس جا رہے ہیں مگر یہاں کی میٹھی یاد ہمیں ہمیشہ ہی بنی رہے گی۔

ہم نے نئے چین کے— نجی اور سرکاری— دونوں طرح کے کارخانے دیکھے۔ یہاں کی یونیورسٹیاں دیکھیں۔ ہم نے یہاں کے مزدوروں کے، نوجوانوں کے، عورتوں کے اور طرح طرح کے سنگٹھنوں کو عملی روپ میں دیکھا۔ ہم نے یہاں کی سہیوگی سوسائٹیاں دیکھیں، ناٹک دیکھے، سنیما دیکھے۔ ہم نئے چین کے بازاروں میں، گلی کوچوں میں اور گاؤں میں گھومے۔ ہر جگہ ہمیں محسوس ہوا کہ نئے لوک راج میں سبھی جماعتوں لوگوں کے دلوں میں کتنا اتساہ اور اپنے نیتا چیرمین ماؤ تسے تنگ کے لئے کتنا پیار ہے۔ ان دو برسوں میں نئے چین نے وہ پیچیدہ سوال حل کر لئے جو بہت سے دیشوں کے نیتاؤں اور سرکاروں کو پریشان کئے ہوئے ہیں۔ چین کی سرکار نے اتنے بڑے ملک میں سے بھکمنگی اور عصمت فروشی کو بالکل ختم کر دیا۔ اس نے وہ بے ایمانی اور رشوت خوری ختم کر دی جس کے لئے چین کے حاکم دو برس پہلے ساری دنیا میں بدنام

इधर चन्द बरस में अमरीका की दिलचस्पी पूरब के देशों में बढ़ती आ रही है. अमरीका की जो पालिसी है और जो कारनामे हैं उन पर हिन्दुस्तान की पूरी निगाह है. हमें यह देखकर दुख हुआ कि आज कल की सभ्य या शरीफ़ कही जाने वाली सरकारें किस हद तक आपे से बाहर बढ़ती चली जाती हैं. और यह किस लिये है ? सिर्फ़ इसलिये कि दूसरे देशों पर उनका फ़ौजी और आर्थिक असर क़ायम हो जाए. इस अरसे में कोरिया वालों को जो मुसीबतें उठानी पड़ी हैं और जिन आफ़तों का सामना करना पड़ा उसमें हमारी दिली हमदर्दी उनके साथ है. सारे हिन्दुस्तान की यह इच्छा है कि कोरिया एक हो, वहां पर एक राज हो जिसमें किसी बाहर वाले का कोई असर न हो और अपने सब पड़ोसियों से, ख़ास कर चीनी लोकराज से, भाई चारे का उसका ताल्लुक हो.

जहां तक विश्व शान्ति आन्दोलन की बात है, उसमें जो रुख़ चीन ने लिया है हम उसकी ताईद करते हैं. हमने ख़ुद देखा कि चीन के महान नेता, चेयरमैन माओ-त्से-तुंग ने कितने बड़े रचनात्मक काम किये हैं. पिछले दो बरस में उनकी रहनुमाई में चीन ने जो ग़ैर मामूली तरक़्क़ी की है उसे देखकर जहां हमें अचरज होता है वहां बेहद ख़ुशी भी होती है. ऐसा रचनात्मक आदमी अगर अमन का ख़्वाहां न होगा तो कौन होगा ? अपने देश वापस जाने पर हम अपने भाइयों को अपनी निजी जानकारी के बल पर बताएंगे कि चेयरमैन माओ शान्ति के बड़े से बड़े खम्भों में हैं. हम जानते हैं कि कोरिया के मामले में चीन ने तभी हाथ डाला जब उसकी अपनी सरहद ख़तरे में पड़ गई थी. लेकिन यह हाथ जो डाला सो महज़ अपने बचाव की ख़ातिर डाला. आप जानते होंगे कि हिन्द सरकार ने यूनो और अमरीका को होशियार कर दिया था कि 38 वीं पड़ी लकीर के आगे न बढ़ना. महात्मा गांधी से हमें जो प्रेरना मिली है उसकी वजह से हिन्दुस्तान क़ौमों के बीच किसी भी तरह की लड़ाई के ख़िलाफ़ है. सोवियत रूस ने जो सुझाव इस सिलसिले में पेश किया है उसकी हम बहुत क़द्र करते हैं. रूस का सुझाव है कि दुनिया के सभी देश धीरे धीरे मगर एक साथ हथियार बन्दी शुरू करदें. इस के अलावा रूस का यह भी कहना है कि सभी एटामिक हथियार एक साथ ख़त्म कर दिये जाएं. हमें इस बात का अफ़सोस है कि दूसरे बड़े मुल्कों को यह सुझाव मंज़ूर न हुए. हिन्दुस्तान दिल से उस दिन का इन्तज़ार कर रहा है जब सारे देश अपनी मरज़ी से हथियार छोड़ देंगे, मुल्क के कुल हथियारों को तोड़ कर हल-फाले की शक्ल दे दी जाएगी, जब इस धरती पर रहने वाले एक हो जाएंगे और जब हर इन्सान यह महसूस

اِدھر چند برس میں امریکہ کی دلچسپی پورب کے دیشوں میں بڑھتی جا رہی ہے. امریکہ کی جو پالیسی ہے اور جو کارنامے ہیں اُن پر ہندستان کی پوری نگاہ ہے. ہمیں یہ دیکھکر دکھ ہوا کہ آجکل کی سبھیہ یا شریف کہی جانے والی سرکاریں کس حد تک آپے سے باہر بڑھتی چلی جاتی ہیں. اور یہ کس لئیے؟ صرف اس لئے کہ دوسرے دیشوں پر اُن کا فوجی اور آرتھک اثر قائم ہو جائے. اِس عرصے میں کوریا والوں کو جو مصیبتیں اُٹھانی پڑی ہیں اور جن آفتوں کا سامنا کرنا پڑا اُس میں ہماری دلی ہمدردی اُن کے ساتھ ہے. سارے ہندستان کی یہ اِچھا ہے کہ کوریا ایک ہو، وہاں پر ایک راج ہو جس میں کسی باہر والے کا کوئی اثر نہ ہو اور اپنے سب پڑوسیوں سے، خاصکر چینی لوک راج سے، بھائی چارے کا اُس کا تعلق ہو.

جہاں تک وشو شانتی آندولن کی بات ہے، اِس میں جو رخ چین نے لیا ہے ہم اُس کی تائید کرتے ہیں. ہم نے خود دیکھا کہ چین کے مہان نیتا، چیرمین ماؤتسے تنگ نے کتنے بڑے رچناتمک کام کئے ہیں. پچھلے دو برس میں اُن کی رہنمائی میں چین نے جو غیر معمولی ترقی کی ہے اُسے دیکھکر جہاں ہمیں اچرج ہوتا ہے وہاں بے حد خوشی بھی ہوتی ہے. ایسا رچناتمک آدمی اگر امن کا خواہاں نہ ہوگا تو کون ہوگا؟ اپنے دیش واپس جانے پر ہم اپنے بھائیوں کو اپنی نجی جانکاری کے بل پر بتائیں گے کہ چیرمین ماؤ شانتی کے بڑے سے بڑے کھمبوں میں ہیں. ہم جانتے ہیں کہ کوریا کے معاملے میں چین نے تبھی ہاتھ ڈالا جب اُسکی اپنی سرحد خطرے میں پڑگئی تھی. لیکن یہ ہاتھ جو ڈالا سو محض اپنے بچاؤ کی خاطر ڈالا. آپ جانتے ہوں گے کہ ہند سرکار نے یونو اور امریکہ کو ہوشیار کردیا تھا کہ 38 ویں پڑی لکیر کے آگے نہ بڑھنا. مہاتما گاندھی سے ہمیں جو پریرنا ملی ہے اُس کی وجہ سے ہندستان قوموں کے بیچ کسی بھی طرح کی لڑائی کے خلاف ہے. سوویت روس نے جو سجھاؤ اِس سلسلے میں پیش کیا ہے اُس کی ہم بہت قدر کرتے ہیں. روس کا سجھاؤ ہے کہ دنیا کے سبھی دیش دھیرے دھیرے مگر ایک ساتھ ہتھیار بندی شروع کردیں اِسکے علاوہ روس کا یہ بھی کہنا ہے کہ سبھی ایٹامک ہتھیار ایک ساتھ ختم کردئے جائیں. ہمیں اِس بات کا افسوس ہے کہ دوسرے بڑے ملکوں کو یہ سجھاؤ منظور نہ ہوئے. ہندستان دل سے اُس دن کا انتظار کررہا ہے جب سارے دیش اپنی مرضی سے ہتھیار چھوڑدیں گے، ملک کے کل ہتھیاروں کو توڑ کر ہل پھاوڑے کی شکل دے دی جائے گی، جب اِس دھرتی پر رہنے والے ایک ہوجائیں گے اور جب ہر انسان یہ محسوس

शान्ति का आन्दोलन

मुझ से कहा गया है कि चीन में 'अमरीकी हमले का मुक़ाबला करो' और 'कोरिया की मदद करो' वाला जो आन्दोलन चल रहा है और शान्ति के लिये हिन्दुस्तान और चीन में जो तहरीक चल रही है उन पर अपनी राय ज़ाहिर करूं. मैं ख़ुशी से "पीपुल्स डेली" के लिये यह लेख लिख कर यह काम कर रहा हूँ. मुझे यक़ीन है कि जो ख़याल मैं ज़ाहिर कर रहा हूँ वही हिन्दुस्तान के जियादा तर लोगों का ख़याल है.

अन्तर क़ौमी मैदान में हिन्दुस्तान हमेशा शान्ति का पैरोकार रहा है. आज भी वह पूरे दिल के साथ शान्ति का पैरोकार है. थोड़ा अरसा पहले हम अंगरेज़ी हुक्मामों और पूँजीवादी साम्राजशाही के पंजे में फंसे थे और हिन्दुस्तान में बिदेशी हुकूमत का रहना हर हिन्दुस्तानी के लिये शर्म और दुख की बात थी. हम तादाद में तो बहुत थे लेकिन निहत्थे थे. पर चार साल हुए अंगरेज़ी साम्राजशाही के शिकंजे में से हम निकल आए और आज़ाद हुए. हमारी आज़ादी की लड़ाई के रहबर महात्मा गांधी थे जिनकी याद हाल ही में साथी मो-जो ने "शान्ति के लिये शहीद" के नाम से की थी. सचमुच महात्मा गांधी शान्ति के बड़े से बड़े अलमबरदारों में थे. किसी भी सूरत या शकल से कोई देश अगर दूसरे पर चढ़ाई करे तो वह हमें नफ़रत की बात लगती है. हमारा विश्वास है कि आज़ादी पसंद हर मर्द औरत का फ़र्ज़ है कि ऐसी चढ़ाई या हमले का मुक़ाबला करने के लिये जो कुछ उससे बन सके करे. चढ़ाई या हमले का अहिंसात्मक ढंग से मुक़ाबला करने का तरीक़ा हमें महात्मा गांधी ने बताया. हम हिन्दुस्तानियों ने उनके तरीक़ों को अपनाया और कमाल की कामयाबी हासिल की. साथ ही साथ महात्मा गांधी की साफ़ राय थी कि जहां जहां अहिंसात्मक तरीक़े की वाक़फ़ियत लोगों को नहीं है या किसी वजह से वह अमल में नहीं लाया जा सकता तो उस देश के लोगों का यह पाक फ़र्ज़ हो जाता है कि चढ़ाई का मुक़ाबला हथियार के बल से ही करे. उन्होंने हमें सिखाया कि हमले के आगे हाथ पर हाथ धर कर बैठ जाना कायरता ही नहीं जुर्म है. इसलिये हम हिन्दुस्तान के लोगों की अपने चीनी भाइयों के साथ पूरी हमदर्दी है. भीतरी और बाहरी हमले के मुक़ाबले में उन्होंने जो मोरचा लिया उसका हम हर तरह समर्थन करते हैं और उनकी सफलता पर उन्हें बधाई देते हैं.

شانتی کا آندولن

مجھ سے کہا گیا ہے کہ چین میں 'امریکی حملے کا مقابلہ کرو' اور 'کوریا کی مدد کرو' والا جو آندولن چل رہا ہے اور شانتی کے لئے ہندستان اور چین میں جو تحریک چل رہی ہے اُن پر اپنی رائے ظاہر کروں. میں خوشی سے "پیپلس ڈیلی" کے لئے یہ لیکھ لکھکر یہ کام کر رہا ہوں. مجھے یقین ہے کہ جو خیال میں ظاہر کر رہا ہوں وہی ہندستان کے زیادہ تر لوگوں کا خیال ہے.

انتر قومی میدان میں ہندستان ہمیشہ شانتی کا پیروکار رہا ہے. آج بھی وہ پورے دل کے ساتھ شانتی کا پیروکار ہے. تھوڑا عرصہ پہلے ہم انگریزی حکامی اور پونجی وادی سامراج شاہی کے پانجے میں پھانسے تھے اور ہندستان میں ودیشی حکومت کا رہنا ہر ہندستانی کے لئے شرم اور دکھ کی بات تھی. ہم تعداد میں تو بہت تھے لیکن نہتھے تھے. پر چار سال ہوئے انگریزی سامراج شاہی کے شکنجے میں سے ہم نکل آئے اور آزاد ہوئے. ہماری آزادی کی لڑائی کے رہبر مہاتما گاندھی تھے جن کی یاد حال ہی میں ساتھی کو. مو. جو نے "شانتی کے لئے شہید" کے نام سے کی تھی. سچ مچ مہاتما گاندھی شانتی کے بڑے سے بڑے علمبرداروں میں تھے. کسی بھی صورت یا شکل سے کوئی دیش اگر دوسرے پر چڑھائی کرے تو وہ ہمیں نفرت کی بات لگتی ہے. ہمارا وشواس ہے کہ آزادی پسند ہر مرد عورت کا فرض ہے کہ ایسی چڑھائی یا حملے کا مقابلہ کرنے کے لئے جو کچھ اُس سے بن سکے کرے. چڑھائی یا حملے کا اہنسا تمک ڈھنگ سے مقابلہ کرنے کا طریقہ ہمیں مہاتما گاندھی نے بتایا. ہم ہندستانیوں نے اُن کے طریقوں کو اپنایا اور کمال کی کامیابی حاصل کی. ساتھ ہی ساتھ مہاتما گاندھی کی صاف رائے تھی کہ جہاں جہاں اہنسا تمک طریقے کی واقفیت لوگوں کو نہیں ہے یا کسی وجہ سے وہ عمل میں نہیں لایا جا سکتا تو اُس دیش کے لوگوں کا یہ پاک فرض ہو جاتا ہے کہ چڑھائی کا مقابلہ ہتھیار کے بل سے ہی کرے. اُنہوں نے ہمیں سکھایا کہ حملے کے آگے ہاتھ پر ہاتھ دھر کر بیٹھ جانا کائرتا ہی نہیں جرم ہے. اِس لئے ہم ہندستان کے لوگوں کی اپنے چینی بھائیوں کے ساتھ پوری ہمدردی ہے. بھیتری اور باہری حملے کے مقابلے میں اُنہوں نے جو مورچہ لیا اُس کا ہم ہر طرح سمرتھن کرتے ہیں اور اُن کی سپھلتا پر اُنہیں بدھائی دیتے ہیں.

चलती है और दूसरी कोई नहीं चलती. पूरब या पच्छिम के सभी क़ानूनदानों का यह ख़याल है. हिन्दुस्तान की यह कोशिश हमेशा रहेगी कि चीनी लोक राज को दुनिया की एक बड़ी ताक़त समझा जाए. हम यहाँ पर आपके नए राज को अपनी तरफ़ से सलामी देने आए हैं. आपने जो काम अब तक किये हैं और जो आगे करने का वादा करते हैं वह ताज्जुब जैसे लगते हैं. पिछले दो दिन में आपकी सरकार के प्रोग्राम के कुछ पहलुओं से जानकारी हासिल करने का मौक़ा हमें मिला. हम आपकी कामयाबी चाहते हैं."

जब यह पूछा गया कि चीन के बारे में हिन्दुस्तान में जानकारी कितनी है तो पंडित सुन्दरलाल ने जवाब दियाः

"चीन के बारे में हमारे अख़बारों में ख़बरें आती तो लगातार हैं मगर दूरन्देशी उनमें कम रहती है. इसके मुक़ाबले पेकिंग का विदेशी भाशा प्रेस कमाल का काम कर रहा है. चेयरमैन माओ की किताबें हिन्दुस्तान में छपी हैं और उनके कई कई एडीशन निकल गए हैं. हिन्दुस्तान में ऐसी किताबों की मांग बढ़ती जाती है जिनसे नए चीन के सब हालात मालूम हों. यह मांग पूरी करनी होगी.

"चीनी लोकराज के बड़े बड़े नेताओं के नाम—चेयरमैन माओ-त्से तुंग, जनरल चू-तेह, बड़े वज़ीर चू-आंले, नायब-चेयरमैन लिऊ-शाओ-ची—बच्चा बच्चा जानता है. हिन्दुस्तान के लोग चीनियों और उनके नेताओं के बारे में ज़ियादा से ज़ियादा जानकारी हासिल करना चाहते हैं. आजकल आपका सुन्दर अख़बार 'पीपुल्स चायना" भी सबको नहीं मिल पाता है. पेकिंग के विदेशी-भाशा प्रेस का काम और बढ़ा देना चाहिये."

पंडित सुन्दरलाल से जब यह पूछा गया कि आपको रास्ते में कोई तकलीफ़ तो नहीं हुई तो उन्होंने मुस्करा कर जवाब दियाः

"जब आपके महान यात्री ह्वेन-सांग हमारे देश में आए थे तो राजा हर्श ने उनको ऐसे तोहफ़े दिये थे जो एक राजा ही दे सकता था. अब तेरह सौ साल बाद आप एक हिन्दुस्तानी मिशन का स्वागत कर रहे हैं—ऐसे ज़ोर शोर के साथ, ऐसे खुले दिल के साथ, ऐसी मुहब्बत और इज़्ज़त के साथ—जो जनता का लोकराज ही कर सकता है, जो वही सरकार कर सकती है जो अपनी जनता के काम के अलावा उनके दिल की भी आईना हो."

چلتی هے اور دوسری کوئی نہیں چلتی . پورب یا پچھم کے سبھی قانون دانوں کا یہ خیال هے . هندستان کی یہ کوشش همیشہ رهے گی کہ چینی لوک راج کو دنیا کی ایک بڑی طاقت سمجھا جائے . هم یہاں پر آپ کے نئے راج کو اپنی طرف سے سلامی دینے آئے هیں . آپ جو کام اب تک کئے هیں اور جو آگے کرنے کا وعدہ کرتے هیں وہ تعجب جیسے لگتے هیں . پچھلے دو دن میں آپ کی سرکار کے پروگرام کے کچھ پہلوؤں سے جان کاری حاصل کرنے کا موقع همیں ملا . هم آپ کی کامیابی چاهتے هیں ."

جب یہ پوچھا گیا کہ چین کے بارے میں هندستان میں جانکاری کتنی هے تو پنڈت سندر لال نے جواب دیا :

" چین کے بارے میں همارے اخباروں میں خبریں آتی تو لگاتار هیں مگر دوراندیشی اُن میں کم رهتی هے . اِس کے مقابلے پیکنگ کا ودیشی بھاشا پریس کمال کا کام کر رها هے . چیرمین ماؤ کی کتابیں هندستان میں چھپی هیں اور اُن کے کئی کئی ایڈیشن نکل گئے هیں . هندستان میں ایسی کتابوں کی مانگ بڑھتی جاتی هے جن سے نئے چین کے سب حالات معلوم هوں . یہ مانگ پوری کرنی هوگی .

' چینی لوک راج کے بڑے بڑے نیتاؤں کے نام — چیرمین ماؤتسے تنگ ' جنرل چو تہ ' بڑے وزیر چو آن لے نائب چیرمین لیو شاؤ چی -- بچہ بچہ جانتا هے . هندستان کے لوگ چینیوں اور اُن کے نیتاؤں کے بارے میں زیادہ سے زیادہ جانکاری حاصل کرنا چاهتے هیں . آج کل آپ کا سندر اخبار "پیپلس چائنا" بھی سب کو نہیں مل پاتا هے . پیکنگ کے ودیشی بھاشا پریس کا کام اور بڑھا دینا چاهئے ."

پنڈت سندر لال سے جب یہ پوچھا گیا کہ آپ کو راستے میں کوئی تکلیف تو نہیں هوئی تو اُنہوں نے مسکرا کر جواب دیا :

" جب آپ کے مہان یاتری هیون سانگ همارے دیش میں آئے تھے تو راجہ هرش نے اُن کو ایسے تحفے دیئے تھے جو ایک راجہ هی دے سکتا تھا . اب تیرہ سو سال بعد آپ ایک هندستانی مشن کا سواگت کر رهے هیں — ایسے زور شور کے ساتھ ' ایسے کھلے دل کے ساتھ ' ایسی محبت اور عزت کے ساتھ — جو جنتا کا لوک راج هی کر سکتا هے ' جو وهی سرکار کر سکتی هے جو اپنی جنتا کے کام کے علاوہ اُن کے دل کی بھی آئینہ هو ."

चीन में हिन्द गुडविल मिशन

[20 सितम्बर 1951 को पंडित सुन्दर लाल की सदारत में हिन्दुस्तान से एक गुडविल मिशन चीन गया था जिसमें तेरह मेम्बर और दो सेक्रेटरी थे. इस मिशन का चीन में बहुत ज़ोरदार स्वागत किया गया. मिशन ने चीन के काफ़ी हिस्से का दौरा किया. मिशन के सदर पंडित सुन्दर लाल ने इस दौरे में जो ख़ास ख़ास बयान या भाशन दिये वह यहां तारीख़ वार दिये जाते हैं.

— एडीटर]

कैन्टन में भाशन

(22 सितम्बर 1951 को)

"पहली अक्तूबर 1951 को हमारे पड़ोसी देश, चीन के नए लोकराज की दूसरी सालगिरह है. इस मौक़े पर अपने चीनी भाइयों को हिन्दुस्तान की जनता की तरफ़ से बधाई देने के लिये यह मिशन चीन आ रहा है. हमारे मिशन में हिन्दुस्तान के सब हिस्सों के लोग हैं और जुदा जुदा रोज़गार या काम करने वाले हैं. आपके महान देश में हम इस वजह से आए क्योंकि हम इससे प्रेम करते हैं और हमारे दिल में इसकी इज़्ज़त है. हम दोनों में रिश्ता आज का नहीं बीस सदी या दो हज़ार बरस से ऊपर का है. यह रिश्ता बड़े प्रेम और भाई चारे का क़रीबी रिश्ता है. सच यह है कि हिन्दुस्तान के पुराने इतिहास का काफ़ी हिस्सा उन बयानों के आधार पर तैयार किया गया है जो आपके सरनाम सफ़ीर, ह्वान सांग और फ़ाहियान लिख कर छोड़ गए हैं. हमारे देश के एक विद्वान प्रोफ़ेसर डाक्टर पी. सी. बागची ने "हिन्दुस्तान और चीन" नाम की एक किताब लिखी है. उसके लिये बरसों वह आपके देश में रहे और खोज करके जानकारी हासिल की. दुर्भाग्य से उनकी तबियत आजकल अच्छी नहीं है, इस लिये वह हमारे साथ न आ सके.

"चीनी के बरतन हिन्दुस्तान क्या, दुनिया भर में मशहूर हैं. इसी तरह से आप के यहां का रेशम लासानी है. चीनी कलाकारों और दस्तकारों के काम की तारीफ़ हमेशा से ही दुनिया भर में होती रही है चित्रकारी में भी चीन का मुक़ाबला कोई नहीं कर सकता है. लेकिन शायद सारे पूरब को जो चीन की सबसे बड़ी देन थी वह है काग़ज़ बनाना—यह काम हिन्दुस्तान ने दसवीं सदी में आप से सीखा था.

چین میں ہند گڈول مشن

[20 ستمبر 1951 کو پنڈت سندر لال کی صدارت میں ہندستان سے ایک گڈول مشن چین گیا تھا جس میں تیرہ ممبر اور دو سکریٹری تھے. اِس مشن کا چین میں بہت زوردار سواگت کیا گیا. مشن نے چین کے کافی حصے کا دورہ کیا. مشن کے صدر پنڈت سندر لال نے اِس دورے میں جو خاص خاص بیان یا بھاشن دیئے وہ یہاں تاریخوار دیئے جاتے ہیں.

—ایڈیٹر]

کینٹن میں بھاشن

(22 ستمبر 1951 کو)

"پہلی اکتوبر 1951 کو ہمارے پڑوسی دیش، چین کے نئے لوک راج کی دوسری سالگرہ ہے. اِس موقعے پر اپنے چینی بھائیوں کو ہندستان کی جنتا کی طرف سے بدھائی دینے کے لئے یہ مشن چین آ رہا ہے. ہمارے مشن میں ہندستان کے سب حصوں کے لوگ ہیں اور جدا جدا روزگار یا کام کرنے والے ہیں. آپ کے مہان دیش میں ہم اِس وجہ سے آئے کیونکہ ہم اِس سے پریم کرتے ہیں اور ہمارے دل میں اِسکی عزت ہے. ہم دونوں میں رشتہ آج کا نہیں بیس صدی یا دو ہزار برس سے اوپر کا ہے. یہ رشتہ بڑے پریم اور بھائی چارے کا قریبی رشتہ ہے. سچ یہ ہے کہ ہندستان کے پرانے اِتہاس کا کافی حصہ اُن بیانوں کے آدھار پر تیار کیا گیا ہے جو آپ کے سرنام سفیر ہوان سانگ اور فاہیان لکھکر چھوڑ گئے ہیں. ہمارے دیش کے ایک ودوان پروفیسر ڈاکٹر پی. سی. باگچی نے "ہندستان اور چین" نام کی ایک کتاب لکھی ہے. اُسکے لئے برسوں وہ آپ کے دیش میں رہے اور کھوج کرکے جانکاری حاصل کی. دربھاگیہ سے اُنکی طبیعت آج کل اچھی نہیں ہے، اِس لئے وہ ہمارے ساتھ نہ آسکے.

किसी पत्थर की मूरत के दो आंख की जगह चार आंख भी हो सकती हैं पर क्या वह देख सकती है? हां, वह देख सकता है जो उस मूरत का मालिक है. पत्थर की मूरत के दो कान की जगह चार कान हो सकते हैं, पर क्या वह मूरत सुन सकती है? हां, वह सुन सकता है जो उस मूरत का मालिक है. अब मूरत का मालिक जो देखे या सुने वही मूरत देखे और सुनेगी. यही हाल यू. एन. ओ. का है. उसक दो नहीं दसियों आखें हैं पर उसे यह दिखाई नहीं देता कि चीन की सरकार कौन है. उसके दो कान नहीं दसियों कान हैं पर उसे यह नहीं सुनाई देता कि हिन्दुस्तान जितना बड़ा मुल्क यह कह रहा है कि चीन का मालिक चीन की लाल सरकार. उस मूरत बनी यू. एन. ओ. का मालिक तो यह देख रहा है कि चीन का मालिक चांग-काई शेक है और वह यही सुन रहा है, इसलिये यू. एन. ओ. यही देख सुन रही है.

दसियों आंखों और दसियों कानों वाली यू. एन. ओ. न कोरिया की बरबादी देख सकती है और न वहां की माओं और बच्चों की कराह सुन सकती है. वह अपने बिलकुल पास के वीटो और वोटो को भी न देख सकती है और न सुन सकती है. अब बताइये ऐसी संस्था की बरस गांठ के मौक़े पर हम उसे क्या बधाई दें.

मिल बैठ कर बात करने के वायदे से यू. एन. ओ. के नाम से जमा हुए थे बरतानिया, अमरीका, फ्रांस, चीन और रूस. पर भूल बैठे अपना वायदा और अब जब भी मिल बैठने को इकट्ठा होते हैं तो वीटो और वोटों के हथियारों से लड़ बैठते हैं. और इस लड़ाई का नाम चल पड़ा है ठन्डी लड़ाई. इस ठन्डी लड़ाई में एक न एक दिन यू. एन. ओ. ऐसी अकड़ कर रह जायगी जैसे लकवे की मार से आदमी का जिस्म, और फिर न जाने किधर को उसका मुंह होगा और किधर को होंगी आंखों की पुतली. वह मूरत तो उस वक़्त भी रहेगी पर इतनी बदसूरत कि कोई उसे देखना पसन्द न करेगा. हां, तो इन पांच ताक़तों में से चीन नाम की एक ताक़त जो अब सच्चे मानों में एक ताक़त बन गई है उसे उस गुट ने जिस के हाथ का यू. एन. ओ. खिलौना बनी हुई है दूध मे पड़ी मक्खी की तरह निकाल बाहर कर दिया. यह अच्छा मिल बैठना हुआ!

کو خاک کئے جا رہے ہیں، انکو چین میں آگ لگی ہوئی ہے، ایران اور مصر میں نہ جانے کب کیا ہو جائے، کاشمیر کو لیکر ھندستان اور پاکستان میں بھی کوئی نیا شگوفہ کھلایا جاسکتا ہے، پوربی اور پچھمی جرمنی دونوں مل کر نہ جانے کب کیا کر بیٹھیں. مطلب یہ کہ دنیا کے ہر حصے میں امن کی جگہ اشانتی کا ہی راج ہے. اور اس اشانتی کی ذمےدار کون ہے—امن کی دیوی کے نام سے پیدا ہوئی یو. این. او.

کسی پتھر کی مورت کے دو آنکھ کی جگہ چار آنکھ بھی ہوسکتی ہیں پر کیا وہ دیکھ سکتی ہے؟ ہاں، وہ دیکھ سکتا ہے جو اس مورت کا مالک ہے. پتھر کی مورت کے دو کان کی جگہ چار کان ہوسکتے ہیں، پر کیا وہ مورت سن سکتی ہے؟ ہاں، وہ سن سکتا ہے جو اس مورت کا مالک ہے. اب مورت کا مالک جو دیکھے یا سنے وہی مورت دیکھے اور سنیگی. یہی حال یو. این. او. کا ہے. اس کے دو نہیں دسیوں آنکھیں ہیں پر اسے یہ دکھائی نہیں دیتا کہ چین کی سرکار کون ہے. اسکے دو کان نہیں دسیوں کان ہیں پر اسے یہ نہیں سنائی دیتا کہ ھندستان جتنا بڑا ملک یہ کہہ رہا ہے کہ چین کی مالک چین کی لال سرکار. اس مورت بنی یو. این. او. کا مالک تو یہ دیکھ رہا ہے کہ چین کا مالک چانگ کائی شیک ہے اور وہ یہی سن رہا ہے، اس لئے یو این. او. یہی دیکھ سن رہی ہے.

دسیوں آنکھوں اور دسیوں کانوں والی یو. این. او. نہ کوریا کی بربادی دیکھ سکتی ہے اور نہ وہاں کی ماؤں اور بچوں کی کراہ سن سکتی ہے. وہ اپنے بالکل پاس کے ویٹو اور ووٹوں کو بھی نہ دیکھ سکتی ہے اور نہ سن سکتی ہے. اب بتائیے ایسی سنستھا کی برس گانٹھ کے موقعے پر ہم اسے کیا بدھائی دیں.

مل بیٹھ کر بات کرنے کے وعدے سے یو. این. او. کے نام سے جمع ہوئے تھے برطانیہ، امریکہ، فرانس، چین اور روس. پر بھول بیٹھے اپنا وعدہ اور اب جب بھی مل بیٹھنے کو اکٹھا ہوتے ہیں تو ویٹو اور ووٹوں کے ہتھیاروں سے لڑ بیٹھتے ہیں. اور اس لڑائی کا نام چل پڑا ہے ٹھنڈی لڑائی. اس ٹھنڈی لڑائی میں ایک نہ ایک دن یو. این. او. ایسی اکڑ کر رہ جائیگی جیسے لقوے کی مار سے آدمی کا جسم، اور پھر نہ جانے کدھر کو اس کا منھ ہوگا اور کدھر ہونگی آنکھوں کی پتلی. وہ مورت اس وقت بھی رہیگی پر اتنی بدصورت کہ کوئی اسے دیکھنا پسند نہ کریگا. ہاں، تو ان پانچ طاقتوں میں چین نام کی ایک طاقت جو اب سچے معنوں میں ایک طاقت بن گئی ہے اسے اس گٹ نے جس کے ہاتھ کا یو. این. او. کھلونا بنی ہوئی ہے دودھ میں پڑی مکھی کی طرح نکال باہر کردیا. یہ اچھا مل بیٹھنا ہوا!

यू. एन. ओ. अपने बचपन के पालने में लेटी हुई आशा और निराशा के झोंके लेती रहती है. खुद गीत गाए तो गाए वह चाहती है कि दूसरे इसके गीत गाएं. इसे यह तक नहीं मालूम कि गीत गाने या तारीफ़ के गीत सुनने से आदर्शों की मंज़िल तक नहीं पहुंचा जाता और न कोई पहुंचा है. पर कुछ मुल्क हैं जो आए दिन भाट बन कर उसके गीत गाते रहे हैं.

यू. एन. ओ. यह खूब समझ ले कि जो मुल्क उसके गीत गाते हैं वह उसके भक्त भी हैं ऐसी बात नहीं है. उनकी भक्ति गीत गाने तक ही महदूद है. मौक़ा पड़ने पर वह उसे इस तरह छोड़ कर भागेंगे जिस तरह आदमी के साथ हमेशा चलने वाली परछाईं अन्धेरे में उसे छोड़ कर भाग जाती है.

लीग आफ़ नेशन्स जिस तरह जान बुल के हाथ में खेलती थी ठीक उसी तरह यू. एन. ओ. साम काका के हाथ का खिलौना है. जान बुल की लीग अगर कुछ भला न कर पाई तो कम से कम बुरा तो न कर सकी. इतना ही क्यों ? पिछली लड़ाई के मौक़े पर लीग के सर्वे सर्वा बरतानिया के प्रधान वज़ीर बाल्डविन ने तो लड़ाई न होने के लिये कोई कोशिश उठा न रखी पर हिटलरी जरमनी और जापान इन दोनों को तो अपने अपने देश में पांव फैलाने के लिये जगह ही न थी इसलिये इन दोनों ने जान बुल की लीग की रत्ती भर परवाह न की और यों लीग आफ़ नेशन्स कराह कराह कर मर गई. काका साम की यू. एन. ओ. ज़ोरदार है. वह जहां चाहे टांग अड़ा बैठता है और टांग अड़ाने में इतनी जल्द बाज़ी करती है कि उसे यह ध्यान ही नहीं रह जाता कि दुनिया के मुल्कों ने उसे अमन फैलाने के लिये पैदा किया है न कि टांग अड़ा कर लड़ाई या लड़ाइयां शुरू करने के लिये.

लीग आफ़ नेशन्स दुनिया को एक करने में नाकामयाब रही यानी सब मुल्कों को न मिला पाई. पर यू. एन. ओ. तो दुनिया के दो टुकड़े करने में कामयाब हो गई. पर वह ऐसे ही दो टुकड़े हैं जैसे मनसल और पोटास. जिस वक़्त भी किसी कंकरी के साथ मिल कर यह मनसल और पोटास ठोकर खावेगी तो सारी दुनिया उसी तरह अनगिनत टुकड़ों में बिखर जायगी जिस तरह मनसल और पोटास से बना हुआ पटाखा दीवार से टक्कर खा कर एक ज़ोर की आवाज़ निकालता हुआ छोटे छोटे टुकड़ों में बिखरा जाता है.

यह यू. एन. ओ. है या बड़ी बड़ी ताक़तों के कुश्ती लड़ने का अखाड़ा. वोट और वीटो के हथियारों से आए दिन लड़ाई हारी और जीती जाती है. इन बड़ी ताक़तों की लड़ाई के बीच में आकर कोरिया जैसे छोटे छोटे मुल्क जल

یو . این . او . اپنے بچپن کے پالنے میں لیٹی ہوئی آشا اور نراشا کے جھولے لیتی رہتی ہے . خود گیت گائے تو گائے یہ چاہتی ہے کہ دوسرے اس کے گیت گائیں . اسے یہ تک نہیں معلوم کہ گیت گانے یا تعریف کے گیت سننے سے آدرشوں کی منزل تک نہیں پہنچا جاتا اور نہ کوئی پہنچا ہے . پر کچھ ملک ہیں جو آئے دن بھاٹ بنکر اس کے گیت گاتے رہے ہیں .

یو این او . یہ خوب سمجھ لے کہ جو ملک اس کے گیت گاتے ہیں وہ اس کے بھکت بھی ہیں ایسی بات نہیں ہے . ان کی بھکتی گیت گانے تک ہی محدود ہے . موقع پڑنے پر وہ اسے اس طرح چھوڑ کر بھاگینگے جس طرح آدمی کے ساتھ ہمیشہ چلنے والی پرچھائیں اندھیرے میں اسے چھوڑ کر بھاگ جاتی ہے .

لیگ آف نیشنس جسطرح جان بل کے ہاتھ میں کھیلتی تھی ٹھیک اسی طرح یو . این . او . سام کاکا کے ہاتھ کا کھلونا ہے . جان بل کی لیگ اگر کچھ بھلا نہ کر پائی تو کم سے کم برا تو نہ کر سکی . اتنا ہی کیوں ؟ پچھلی لڑائی کے موقعے پر لیگ کے سروے سروا برطانیہ کے پردھان وزیر بالڈون نے تو لڑائی نہ ہونے کے لئے کوئی کوشش اٹھا نہ رکھی پر ہٹلری جرمنی اور جاپان ان دونوں کو تو اپنے اپنے دیش میں پاؤں پھیلانے کے لئے جگہ ہی نہ تھی اس لئے ان دونوں نے جان بل کی لیگ کی رتی بھر پرواہ نہ کی اور یوں لیگ آف نیشنس کراہ کراہ کر مرگئی . کاکا سام کی یو . این . او . زوردار ہے . وہ جہاں چاہے ٹانگ اڑا بیٹھتی ہے اور ٹانگ اڑانے میں اتنی جلد بازی کرتی ہے کہ اسے یہ دھیان ہی نہیں رہ جاتا کہ دنیا کے ملکوں نے اسے امن پھیلانے کے لئے پیدا کیا ہے نہ کہ ٹانگ اڑا کر لڑائی یا لڑائیاں شروع کرنے کے لئے .

لیگ آف نیشنس دنیا کو ایک کرنے میں ناکامیاب رہی یعنی سب ملکوں کو نہ ملا پائی . پر یو . این . او . تو دنیا کے دو ٹکڑے کرنے میں کامیاب ہوگئی . پر وہ ایسے ہی دو ٹکڑے ہیں جیسے منسل اور پوٹاس . جس وقت بھی کسی کنکری کے ساتھ مل کر یہ منسل اور پوٹاس ٹھوکر کھائے گی تو ساری دنیا اسی طرح انگنت ٹکڑوں میں بکھر جائیگی جس طرح منسل اور پوٹاس سے بنا ہوا پٹاخہ دیوار سے ٹکر کھاکر ایک زور کی آواز نکالتا ہوا چھوٹے چھوٹے ٹکڑوں میں بکھرا جاتا ہے .

یہ یو این . او . ہے یا بڑی بڑی طاقتوں کے کشتی لڑنے کا اکھاڑہ . ووٹ اور ویٹو کے ہتھیاروں سے آئے دن لڑائی ہاری اور جیتی جاتی ہے . ان بڑی طاقتوں کی لڑائی کے بیچ میں آکر کوریا جیسے چھوٹے ملک جل

हमारी राय — ہماری رائے

यू. एन. ओ. का नया बरस—

यू. एन. ओ. नये बरस में दाखिल हो रहा है. क्या रिवाज के मुताबिक़ इसको बधाई दी जाय ? यू. एन. ओ. एक संस्था है, संस्था जानदार नहीं हुआ करती. उसको बधाई देना इतना भी ठीक नहीं है जितना भैंस के आगे बीन बजाना. भैंस के कान होते हैं, वह सुनती है और हो सकता है भैंस बीन की आवाज़ सुन कर अपने पगुराने में कुछ फ़र्क़ कर ले पर यू. एन. ओ. तो इतना भी नहीं करने की क्योंकि न वह जानदार है, न उसके कान हैं और न वह सुनती है.

यह बिलकुल ठीक है कि यू. एन. ओ. जानदारों की बनाई हुई और जानदारों की बनी हुई है. उसमें सब जानदार ही काम करते हैं और वह जानदार मामूली जानदार नहीं समझदार और खूब समझदार हैं. फिर समझदारों की इस संस्था की बेजा तारीफ़ किस लिये. यही ठीक होगा कि इसकी बरस गांठ के दिन इसकी उन बुराइयों से इसे आगाह किया जाय जो इसमें जगह पा गई हैं और पाती जा रही हैं.

यू. एन. ओ. समझ ले कि वह अपने ढंग की नई संस्था नहीं है. उससे पहले उसी जैसी 'लीग आफ़ नेशन्स' नाम की एक संस्था रह चुकी है जो निकम्मी नाम से बदनाम होकर ऐन उस वक़्त मर गई जब उसे अपने करतब दिखाने के लिये मौक़ा मिला था. कहीं इसी तरह की मौत इस यू. एन. ओ. को भी हासिल न हो.

लीग आफ़ नेशन्स जबकि अपने निकम्मे पन के लिये बदनाम थी तो यू. एन. ओ. अपने बेहद सकम्मे पन के लिये बदनाम होती चली जा रही है. लीग आफ़ नेशन्स जब जनमी थी, पंचायत बनकर बड़ी हुई और तमाशे की चीज़ बन कर मर गई. यू. एन. ओ. अमन क़ायम करने के लिये पैदा हुई, लड़ लड़ कर बड़ी हो रही है, जल्द बाज़ी के लिये मशहूर है. उतावली सो बावली की कहावत के अनुसार बदनाम तो हो ही रही है कभी ऐसी ठोकर भी खायगी जब चारों खाने चित गिरेगी.

یو . این . او . کا نیا برس—

یو . این . او . نئے برس میں داخل ہو رہا ہے . کیا رواج کے مطابق اِسکو بدھائی دی جائے ؟ یو . این او . ایک سنستھا ہے، سنستھا جاندار نہیں ہوا کرتی . اسکو بدھائی دینا اتنا بھی ٹھیک نہیں ہے جتنا بھینس کے آگے بین بجانا . بھینس کے کان ہوتے ہیں، وہ سنتی ہے اور ہو سکتا ہے بھینس بین کی آواز سن کر اپنے پگورانے میں کچھ فرق کرلے پر یو . این . او . تو اتنا بھی نہیں کرنے کی کیونکہ نہ وہ جاندار ہے، نہ اُس کے کان ہیں اور نہ وہ سنتی ہے .

یہ بالکل ٹھیک ہے کہ یو . این . او . جانداروں کی بنائی ہوئی اور جانداروں کی بنی ہوئی ہے . اُس میں سب جاندار ہی کام کرتے ہیں اور وہ جاندار معمولی جاندار نہیں سمجھ دار اور خوب سمجھ دار ہیں . پھر سمجھ داروں کی اس سنستھا کی بیجا تعریف کس لئے . یہی ٹھیک ہوگا کہ اِس کی برس گانٹھ کے دن اِسکی اُن برائیوں سے اِسے آگاہ کیا جائے جو اِس میں جگہ پاگئی ہیں اور پاتی جارہی ہیں .

یو . این . او . سمجھ لے کہ وہ اپنے ڈھنگ کی نئی سنستھا نہیں ہے . اُس سے پہلے اُسی 'جیسی لیگ آف نیشنس' نام کی ایک سنستھا رہ چکی ہے جو نکمی نام سے بدنام ہوکر عین اُس وقت مر گئی جب اُسے اپنے کرتب دکھانے کے لئے موقع ملا تھا . کہیں اسی طرح کی موت اس یو . این . او . کو بھی حاصل نہ ہو .

لیگ آف نیشنس جبکہ اپنے نکمے پن کے لئے بدنام تھی تو یو . این . او . اپنے بے حد سکمے پن کے لئے بدنام ہوتی چلی جارہی ہے . لیگ آف نیشنس جب جنمی تھی، پنچایت بن کر بڑی ہوئی اور تماشے کی چیز بن کر مرگئی . یو . این . او . امن قائم کرنے کے لئے پیدا ہوئی، لڑ لڑ کر بڑی ہو رہی ہے، جلد بازی کے لئے مشہور ہے . اُتاولی سو باولی کی کہاوت کے انوسار بدنام تو ہو ہی رہی ہے کبھی ایسی ٹھوکر بھی کھائیگی جب چاروں کھانے چت گریگی .

9. मिस्र में अंगरेजी फ़ौज बनी रहेगी—अंगरेजी सरकार का फ़ैसला. किसान मजदूर प्रजा पारटी पहले की तरह काम करती रहेगी—आचार्य कृपलानी का फ़ैसला. कलकत्ते में बड़ी ज़बरदस्त आग लग गई—14 आदमी जल कर ख़ाक.

10. डाक्टर अम्बेदकर ने मिनिस्ट्री से इस्तीफ़ा दे दिया.

11. स्वेज़ नहर में ब्रिटेन अपनी फ़ौजें बनाए रखेगा. कम्यूनिस्ट और अमरीकी अफ़सरों में सुलह बात चीत के लिये चरचा शुरू.

12. ईरान का तेल मामला तय करने के लिये अमरीका की कोशिश. बम्बई सरकार ने बिजली कम ख़र्च करने का हुक्म दिया. पार्लियामेन्ट में इन्डस्ट्रीज़ बिल पास.

13. मिडिल ईस्ट कमान में आने के लिये ब्रिटेन, अमरीका, फ़्रांस और तुरकी की मिस्र से अपील. ईरान ने अंगरेज़ी ठहराव, कि तेल बात चीत फिर से शुरू की जाए, इन्कार कर दिया. लंका के चीन को रबर बेचने पर अमरीका की लंका को मदद न देने की धमकी.

14. चार ताक़तों का ठहराव मिस्र को नामंज़ूर. पान मुन जो में सुलह बात चीत शुरू.

15. जापान के तूफ़ान में 385 आदमी मरे, हज़ारों घायल, 30,000 घर बरबाद. पार्लियामेन्ट में पंचसाला योजना पर बहस. दिल्ली में कांगरेस वर्किंग कमेटी की बैठक.

9. مصر میں انگریزی فوجیں بنی رہیں گی— انگریزی سرکار کا فیصلہ . کسان مزدور پرجا پارٹی پہلے کی طرح کام کرتی رہیگی—آچاریہ کرپلانی کا فیصلہ . کلکتے میں بڑی زبردست آگ لگ گئی—14 آدمی جل کر خاک .

10. ڈاکٹر امبیدکر نے منسٹری سے استعفا دیدیا .

11. سویز نہر میں برٹین اپنی فوجیں بنائے رکھے گا . کمیونسٹ اور امریکی افسروں میں صلح بات چیت کے لئے چرچا شروع .

12. ایران کا تیل معاملہ طے کرنے کے لئے امریکہ کی کوشش . بمبئی سرکار نے بجلی کم خرچ کرنے کا حکم دیا . پارلیامنٹ میں انڈسٹریز بل پاس .

13. مڈل ایسٹ کمان میں آنے کے لئے برٹین، امریکہ، فرانس اور ترکی کی مصر سے اپیل . ایران نے انگریزی ٹھہراؤ، کہ تیل بات چیت پھر سے شروع کی جائے، انکار کردیا . لنکا کے چین کو ربر بیچنے پر امریکہ کی لنکا کو مدد نہ دینے کی دھمکی .

14. چار طاقتوں کا ٹھہراؤ مصر کو نامنظور . پان من جو میں صلح بات چیت شروع .

15. جاپان کے طوفان میں 385 آدمی مرے، ہزاروں گھایل، 30,000 گھر برباد . پارلیامنٹ میں پانچ سالہ یوجنا پر بحث . دلی میں کانگریس ورکنگ کمیٹی کی بیٹھک .

"......हमारे सामने जो कुछ हो रहा है, उसे हम देख रहे हैं. आटे की छोटी छोटी मिलें हाथ की चक्कियों को, तेल की मिलें गाँव की ढेंकी को और शकर की मिलें गुड़ बनाने के देहाती साधनों वग़ैरा को मिटाती जा रही हैं. देहाती मज़दूरी के इस तरह उठ जाने से देहात वाले कंगाल हो रहे हैं और धनी लोग मालदार बन रहे हैं. अगर काफ़ी लम्बे अरसे तक यही सिलसिला चलता रहा तो और किसी जतन के बग़ैर ही देहातों का नाश हो जायगा."

—महात्मा गांधी

"......ہمارے سامنے جو کچھ ہورہا ہے، اُسے ہم دیکھ رہے ہیں. آٹے کی چھوٹی چھوٹی ملیں ہاتھ کی چکیوں کو، تیل کی ملیں گاؤں کی ڈھینکی کو اور شکر کی ملیں گڑ بنانے کے دیہاتی سادھنوں وغیرہ کو مٹاتی جارہی ہیں . دیہاتی مزدوری کے اِس طرح اُٹھ جانے سے دیہات والے کنگال ہورہے ہیں اور دھنی لوگ مال دار بن رہے ہیں . اگر کافی لمبے عرصے تک یہی سلسلہ چلتا رہا تو اور کسی جتن کے بغیر ہی دیہاتوں کا ناش ہوجائے گا .

—مہاتما گاندھی

सलिम' यूनिवरसिटी बिल पास. यू. पी. असेम्बली 'हिन्दी' के लिये बिल पास किया.

28. अर्जनटाइन में फ़ौज का विद्रोह. ब्रिटेन ईरान तेल का मामला यू. एन. ओ. की सुरक्षा कौन्सिल में ले जाएगा. लन्दन में कामनवेल्थ के सपलाई मिनिस्टरों की बैठक.

29. ईरान की खाड़ी में अपने जहाज़ों को "तैयार" रहने के लिये अंगरेज़ी सरकार का हुक्म. एक बड़े अमरीकी जनरल फ़ौजी मामलों पर बात करने जापान पहुँचे.

30. कांगरेस की तरफ़ से पंडित नेहरू ने लुधियाने में चुनाव का पहला भाशन दिया.

अक्तूबर

1. अंगरेज़ी सरकार ने अंगरेज़ माहिरों को ईरान से हटाना तै कर लिया. चीन में आज़ादी की सालगिरह मनाई गई. तेल के मामले पर सुरक्षा कौन्सिल में बहस होने पर रूस का एतराज़.

2. स्वीडन में राजा गुस्टव ने नया मंत्री मंडल बनाया. हिन्दुस्तान भर में महात्मा गांधी की सालगिरह मनाई गई. एक हज़ार लड़कों की हड़ताल पर सागर यूनिवरसिटी एक माह के लिये बन्द.

3. हिन्दुस्तान में विदेशी हकूमतों के अड्डे ख़त्म होने चाहियें—लन्दन टाइम्स की अपील. फ़िरक़ाबन्दी का पूरी ताक़त से मुक़ाबला करने का पंडित नेहरू का एलान.

4. बादशाह जार्ज ने पार्लियामेन्ट को बरख़ास्त किया. श्री रफ़ी अहमद क़िदवाई कांगरेस मे फिर वापस.

5. ज़मींदारी ख़त्म करने के सिलसिले में विधान सभा का क़ानून जायज़—सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला. अक्तूबर में अमरीका से दो लाख टन गेहूँ हिन्दुस्तान भेजा जायेगा.

6. रूस के पास ऐटम बम होने का स्टालिन का एलान और ऐसे हथियारों की पूरी रोक के लिये रूस तैयार. पार्लियामेन्ट ने प्रेस बिल दो साल के लिये पास किया. नागपुर में 'भारती लोक कांगरेस' नई पारटी का जन्म.

7. सुलह बात चीत फिर से शुरू करने के लिये कम्यूनिस्टों का जनरल रिजवे को ख़त. ईरानी बड़े वज़ीर डाक्टर मुस्सादिक़ तेल मामले पर यू. एन. ओ मे बहस करने के लिये अमरीका को रवाना.

8. अंगरेज़ों के साथ 1936 वाला सुलहनामा मिस्र ने रद्द कर दिया—मिस्री बड़े वज़ीर नहास पाशा का एलान. सुलह बात चीत के लिये यान-मुन-जो नाम की जगह तय है

'مسلم' یونیورسٹی بل پاس . یو پی اسمبلی نے هندی کے لئے بل پاس کیا .

28. ارجنٹائن میں فوج کا ودروہ . برٹین ایران تیل کا معاملہ یو . این او . کی سرکشا کونسل میں لے جائے گا . لندن میں کامن ویلتھ کے سپلائی منسٹروں کی بیٹھک .

29. ایران کی کھاڑی میں اپنے جہازوں کو "تیار" رہنے کے لئے انگریزی سرکار کا حکم . ایک بڑے امریکی جنرل فوجی معاملوں پر بات کرنے جاپان پہنچے .

30. کانگریس کی طرف سے پنڈت نہرو نے لدھیانے میں چناؤ کا پہلا بھاشن دیا .

اکتوبر

1. انگریزی سرکار نے انگریز ماہروں کو ایران سے ہٹانا طے کر لیا . چین میں آزادی کی سال گرہ منائی گئی . تیل کے معاملے پر سورکشا کونسل میں بحث ہونے پر روس کا اعتراض .

2. سویڈن میں راجہ گسٹو نے نیا منتری منڈل بنایا . هندستان بھر میں مہاتما گاندھی کی سالگرہ منائی گئی ایک ہزار لڑکوں کی ہڑتال پر ساگر یونیورسٹی ایک ماہ کے لئے بند .

3. هندستان میں ودیشی حکومتوں کے اڈے ختم ہونے چاہئیں — لنڈن ٹائمس کی اپیل . فرقہ بندی کا پوری طاقت سے مقابلہ کرنے کا پنڈت نہرو کا اعلان .

4. بادشاہ جارج نے پارلیامنٹ کو برخاست کیا . شری رفیع احمد قدوائی کانگریس میں پھر واپس .

5. زمینداری ختم کرنے کے سلسلے میں ودھان سبھا کا قانون جائز — سپریم کورٹ کا فیصلہ . اکتوبر میں امریکہ سے دو لاکھ ٹن گیہوں هندستان بھیجا جائے گا .

6 روس کے پاس ایٹم بم ہونے کا اسٹالن کا اعلان اور ایسے ہتھیاروں کی پوری روک کے لئے روس تیار . پارلیامنٹ نے پریس بل دو سال کے لئے پاس کیا ناگپور میں 'بھارتی لوک کانگریس' نئی پارٹی کا جنم .

7. صلح بات چیت پھر سے شروع کرنے کے لئے کمیونسٹوں کا جنرل رجوے کو خط . ایرانی بڑے وزیر ڈاکٹر مصادق تیل معاملے پر یو . این . او . میں بحث کرنے کے لئے امریکہ کو روانہ .

8. انگریزوں کے ساتھ 1936 والا صلحنامہ مصر نے رد کر دیا — مصری بڑے وزیر نحاس پاشا کا اعلان . صلح بات چیت کے لئے یان من جو نام کی جگہ طے پائی .

देश विदेश की डायरी

(16 सितम्बर से 15 अक्तूबर तक)

सितम्बर

16. ईरान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच तेल ख़रीदने के लिये समझौता हुआ.

17. कम्यूनिस्टों से दोबारा बात करने के लिये जनरल रिजवे की ख्वाहिश मंज़ूर. ईरान तेल के मामले में कोई समझौता नहीं कर सकता—डाक्टर मुस्सादिक़. पार्लियामेन्ट में हिन्दू कोड बिल पर बहस.

18. पंच साला योजना चलाने के लिये हिन्द सरकार का सूबा सरकारों को हुक्म.

19. ब्रिटेन में आम चुनाव के लिये 25 अक्तूबर की तारीख़ तय हुई. विनोबा जी को अपने नए दौरे में दो हज़ार एकड़ ज़मीन दान में मिली.

20. ईरानी कैबिनेट ने ब्रिटेन को 25 दिन का अल्टीमेटम देना तय किया. स्वामी सीता राम शास्त्री ने अनशन तोड़ा. पंडित सुन्दरलाल की लीडरी में एक ग़ैर सरकारी हिन्द गुडविल मिशन चीन के लिये रवाना.

21. उत्तर एटलांटिक सुरक्षा सुलहनामे में यूनान और तुरकी भी लिये जाएँगे. हज को जाने वाले तीस हज़ार में से तीन हज़ार यात्री इस साल गरमी लू से मर गए.

22. ब्रिटेन का तेल मामले पर बात करने से इनकार. हिन्दुस्तान की मिलों का 25 फ़ीसदी कपड़ा विदेश भेजा जाएगा. इलाहाबाद में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के दफ़्तर में सरकार ने ताला बन्द कर दिया.

23. कम्यूनिस्टों पर पाबन्दी लगाने के लिये आस्ट्रेलियन सरकार को इजाज़त नहीं—आस्ट्रेलियन जनता के बहुमत का फ़ैसला.

24. कोलम्बो योजना के मातहत आस्ट्रेलिया इस साल हिन्दुस्तान को साढ़े चार करोड़ रुपए की मदद देगा. जनरल रिजवे ने सुलह बात चीत के लिये नई जगह की सिफ़ारिश की. हिन्दू कोड बिल पार्लियामेन्ट के इस इजलास में नहीं पास किया जाएगा.

25. नौ दिन के अन्दर ईरान छोड़ देने के लिये ईरान सरकार का अंगरेज़ तेल माहिरों का हुक्म. बम्बई के सूबे में अकाल जैसी हालत.

26. ब्रिटेन का ईरान को चेतावनी.

27. अबादान का तेल कारख़ाना पूरी तरह ईरानियों के क़ब्ज़े में. पार्लियामेन्ट में बनारस 'हिन्दू' और अलीगढ़

دیش ودیش کی ڈائری

(16 ستمبر سے 15 اکتوبر تک)

ستمبر

16. ایران اور افغانستان کے بیچ تیل خریدنے کے لئے سمجھوتہ ہوا ۔

17. کمیونسٹوں سے دوبارہ بات کرنے کے لئے جنرل رجوے کی خواہش منظور ۔ ایران تیل کے معاملے میں کوئی سمجھوتہ نہیں کر سکتا—ڈاکٹر مصادق ۔ پارلیامنٹ میں ہندو کوڈبل پر بحث ۔

18. پنچسالہ یوجنا چلانے کے لئے ہند سرکار کا صوبہ سرکاروں کو حکم ۔

19. برٹین میں عام چناؤ کے لئے 25 اکتوبر کی تاریخ طے ہوئی ۔ ونوبا جی کو اپنے نئے دورے میں دو ہزار ایکڑ زمین دان میں ملی ۔

20. ایرانی کیبنٹ نے برٹین کو 25 دن کا الٹیمیٹم دینا طے کیا ۔ سوامی سیتارام شاستری نے انشن توڑا ۔ پنڈت سندر لال کی لیڈری میں ایک غیر سرکاری ہند گڈول مشن چین کے لئے روانہ ۔

21. اتر اٹلانٹک سرکشا صلحنامے میں یونان اور ترکی بھی لئے جائینگے ۔ حج کو جانے والے تیس ہزار میں سے تین ہزار یاتری اس سال گرمی لو سے مر گئے ۔

22. برٹین کا تیل معاملے پر بات کرنے سے انکار ۔ ہندستان کی ملوں کا 25 فی صدی کپڑا ودیش بھیجا جائیگا ۔ الہ‌آباد میں ہندی ساہتیہ سمیلن کے دفتر میں سرکار نے تالہ بند کر دیا ۔

23. کمیونسٹوں پر پابندی لگانے کے لئے آسٹریلین سرکار کو اجازت نہیں— آسٹریلین جنتا کے بہومت کا فیصلہ ۔

24. کولمبو یوجنا کے ماتحت آسٹریلیا اس سال ہندستان کو ساڑھے چار کروڑ روپے کی مدد دیگا ۔ جنرل رجوے نے صلح بات چیت کے لئے نئی جگہ کی سفارش کی ۔ ہندو کوڈبل پارلیمنٹ کے اس اجلاس میں نہیں پاس کیا جائیگا ۔

25. نو دن کے اندر ایران چھوڑ دینے کے لئے ایران سرکار کا انگریزی تیل ماہروں کو حکم ۔ بمبئی کے صوبے میں اکال جیسی حالت ۔

26. برٹین کی ایران کو چیتاونی ۔

27. ابادان کا تیل کارخانہ پوری طرح ایرانیوں کے قبضے میں ۔ پارلیامنٹ میں بنارس 'ہندو' اور علی‌گڑھ

पांचवीं खूबी इसमें यह है कि लिखने का जो तरीका काम में लाया गया है वह ऐसा है कि अगर किसी को गीता ज्ञान से जरा भी शौक़ हो तो पढ़ने वाले का दिल इस टीका को पढ़ने से जल्दी नहीं उकतायगा. दर्शन जैसे रूखे विशय को भी मन लगता भाशा में लिखना आसान काम नहीं है और यह आसानी इस टीका में मौजूद है.

जिन के पास और बड़ी बड़ी टीकाएं हों उनको भी इस टीका पर एक बार नजर डालजाना चाहिये. हमारा है उन्हें कुछ नफ़ा ही होगा.

— भगवानदीन

राजनीति विज्ञान

लेखक—श्री विनयेन्द्रनाथ बन्धोपाध्याय एम. ए. और श्री केशरी कान्त शर्मा, एम. ए; बी. एल; लिखावट—नागरी; सफ़े 134; दाम दो रुपए; निकालने वाले—विश्वभारती, 6/3 द्वारिकानाथ टैगोर लेन, कलकत्ता 7.

इस किताब को देखते ही यह लगता है कि यह किसी अंगरेजी किताब का अनुवाद है या अंगरेजी किताब को सामने रखकर लिखी गई है. लेकिन यह कहीं बताया नहीं गया है. इस किताब की भाशा इतनी अधिक संस्कृत भरी है कि कान खड़े हो जाते हैं. नमूने के लिये सफ़ा 72 पर भारत के विधान के बारे में लिखा है—"इसमें शासन-संसार की अशेश लिखित व्यवस्थायें सम्यक रूप से सन्निविश्ट हैं." इसके माने कालिज का विद्यार्थी या कोई दूसरा क्या लगायेगा ?

जहां तक विशय की बात है, किताब में राजनीति के उसूल समझाए गए हैं, लेकिन उन पर अंगरेजियत बुरी तरह छाई हुई है. भूमिका के अन्दर लेखकों ने जो एक बात कही है उससे हमें बहुत तकलीफ़ हुई. उनका कहना है कि हिन्दुस्तान की राजनीति के उसूल हमेशा पच्छिम की बुनियाद पर खड़े रहेंगे. हमारा तो ख़याल है कि भारत के मौजूदा विधान के इसी बुनियाद पर खड़ा होने की वजह से वह केवल काग़ज़ पर लिखा रह गया है और जनता पर उसका रत्ती भर भी असर नहीं पड़ा है. इस किताब के सोलह आना अंगरेजी होने का सबसे बड़ा सबूत यह है कि आखिर में जो राजनेताओं के परिचय इसमें दिये हैं उनमें ऐरे ग़ैरे तीस नाम गिनाए हैं लेकिन हिन्दुस्तानी एक भी नहीं. मानो हिन्दुस्तान में अब तक एक भी राजनेता नहीं पैदा हुआ.

विश्व भारती (शान्ति निकेतन) जैसी राश्ट्री संस्था से ऐसे ग़ैर-राश्ट्री मसाले से भरी और ऐसी ग़ैर-राश्ट्री भाशा में निकलने वाली किताब देखकर हम अपने देश के भविश्य पर दुख व चिन्ता से सोचने लग जाते हैं.

—सुरेश रामभाई

پڑھنے میں خوبی اس میں یہ ہے کہ لکھنے کا جو طریقہ میں لایا گیا ہے وہ ایسا ہے کہ اگر کسی کو گیتا گیان ذرا بھی شوق ہو تو پڑھنے والے کا دل اس ٹیکا کو پڑھنے جلدی نہیں اکتائے گا . درشن جیسے روکھے وشے کو بھی لگتی بھاشا میں لکھنا آسان کام نہیں ہے . اور یہ ی اس ٹیکا میں موجود ہے .

جن کے پاس اور بڑی بڑی ٹیکائیں ہوں ان کو بھی ٹیکا پر ایک بار نظر ڈال جانا چاہئے . ہمارا خیال انہیں کچھ نفع ہی ہوگا .

— بھگوان دین

ج نیتی وگیان


لیکھک—شری ونیندر ناتھ بندھوپادھیائے ایم . اے . شری کیشری کانت شرما، ایم . اے ؛ بی ایل ؛ اوٹ—ناگری؛ صفحے 134؛ دام دو روپئے؛ نکالنے والے—بھارتی، 6/3 دوارکا ناتھ ٹیگور لین، کلکتہ—7 .

اس کتاب کو دیکھتے ہی یہ لگتا ہے کہ یہ کسی یزی کتاب کا انوواد ہے یا انگریزی کتاب کو سامنے کر لکھی گئی ہے . لیکن یہ کہیں بتایا نہیں گیا ہے . کتاب کی بھاشا اتنی ادھک سنسکرت بھری ہے کہ کھڑے ہو جاتے ہیں. نمونے کے لئے صفحہ 72 پر بھارت ودھان کے بارے میں لکھا ہے—"اس میں شاسن سار کی اشیش لکھت ویوستھائیں سمیک روپ سے نوشٹ ہیں." اس کے معنے کالج کا ودیارتھی یا کوئی را کیا لگائے گا ؟

جہاں تک وشے کی بات ہے، کتاب میں راج نیتی اصول سمجھائے گئے ہیں، لیکن ان پر انگریزیت بری ح سے چھائی ہوئی ہے . بھومیکا کے اندر لیکھکوں نے جو بات کہی ہے اس سے ہمیں بہت تکلیف ہوئی . کا کہنا ہے کہ ہندستان کی راج نیتی کے اصول ہمیشہ م کی بنیاد پر کھڑے رہیں گے . ہمارا تو خیال ہے بھارت کے موجودہ ودھان کے اسی بنیاد پر کھڑے ہونے وجہ سے وہ کیول کاغذ پر لکھا رہ گیا ہے اور جنتا پر کا رتی بھر بھی اثر نہیں پڑا ہے . اس کتاب کے سولہ آنہ یزی ہونے کا سب سے بڑا ثبوت یہ ہے کہ آخر میں راج نیتاؤں کے پریچے اس میں دیئے ہیں ان میں غیرے تیس نام گنائے ہیں لیکن ہندستانی ایک نہیں . مانو ہندستان میں اب تک ایک بھی راج ا نہیں پیدا ہوا .

وشو بھارتی (شانتی نکیتن) جیسی راشٹری سنکھا سے ایسے غیر راشٹری مسالے سے بھری اور ایسی غیر ٹری بھاشا میں نکلنے والی کتاب دیکھکر ہم اپنے دیش بھوشیہ پر دکھ و چنتا سے سوچنے لگ جاتے ہیں .

— سریش رام بھائی

कुछ किताबें  کچھ کتابیں

गीता ज्ञान

टीका लिखने वाले—श्री दीना नाथ दिनेश;

मिलने का पता—मानव धर्म कार्यालय, पीपल महा-
व, दिल्ली.

भगवत गीता के पहले तीन अध्यायों की यह टीका है. इसमें मूल श्लोकों के साथ साथ पद छेद और फिर शब्दार्थ भी दिया गया है और उसके नीचे श्लोक का हिन्दी पद्य में अनुवाद है. व्याख्या काफ़ी आसान शब्दों में की गई है. फिर भी इतनी आसान नहीं हो पाई कि मामूली पढ़े लिखे समझ लें. हो सकता है पंडित जी का यह ख़याल रहा हो कि गीता मामूली लोगों के लिये है ही नहीं.

इस टीका में यह बड़ी भारी ख़ूबी है कि यह इस इरादे से नहीं लिखी गई कि लिखने वाले को क्या साबित करना है. बल्कि इस इरादे से लिखी गई मालूम होती है कि गीता के पढ़ने वाले के दिल में यह बात समा जाए कि यह उस लड़ाई की चीज़ नहीं है जो तलवारों से लड़ी जाती है. उस लड़ाई की भी चीज़ है जो आए दिन हमारे अन्दर होती रहती है. इसलिये दिनेश जी ने उन लफ़्ज़ों को जिन पर बड़े बड़े पंडित घंटों बहस करते हैं पढ़ने वालों को यूं समझा दिया है मानो वह लफ़्ज़ इतने मामूली हैं कि उन पर वक़्त खोना बेकार है. उनके कुछ भी माने करने पर आगे बढ़ा जा सकता है. यह ख़ूबी कोई कम ख़ूबी नहीं है. दूसरी ख़ूबी इस टीका में यह है कि जहां जो बात कही गई है अगर उसका हवाला किसी उपनिशद में मौजूद है या किसी और पुराने ग्रंथ में उसका ज़िक्र है तो वह वहां ज़रूर दर्ज कर दिया गया है. और पढ़ने वालों की हर तरह तसल्ली करने की कोशिश की गई है. तीसरी ख़ूबी इस टीका में यह है कि किसी श्लोक को पढ़कर जो जिज्ञासा कुछ और जानने की पढ़ने वाले के दिल में उठती है उसको पूरा करने के लिये इस सिलसिले की और बातें भी वहां दर्ज कर दी गई हैं.

चौथी ख़ूबी इसमें यह है कि जगह जगह पर यह समझाने की कोशिश की गई है कि हमारे अन्दर भीष्म कौन है, द्रोण कौन है, अर्जुन कौन है वग़ैरा वग़ैरा.

گیتا گیان

ٹیکا لکھنے والے — شری دینا ناتھ دنیش:

ملنے کا پتہ—مانو دھرم کاریالیہ، پیپل مہادیو، دلی

بھگوت گیتا کے پہلے تین ادھیایوں کی یہ ٹیکا ہے. اِس میں مول اِشلوکوں کے ساتھ ساتھ پد چھید اور پھر شبدارتھ بھی دیا گیا ہے اور اُس کے نیچے اشلوک کا ہندی پدیہ میں انواد ہے. ویاکھیا کافی آسان شبدوں میں کی گئی ہے پھر بھی اتنی آسان نہیں ہو پائی کہ معمولی پڑھے لکھے سمجھ لیں. ہوسکتا ہے پنڈت جی کا یہ خیال رہا ہو کہ گیتا معمولی لوگوں کے لئے ہے ہی نہیں.

اِس ٹیکا میں یہ بڑی بھاری خوبی ہے کہ یہ اس ارادے سے نہیں لکھی گئی کہ لکھنے والے کو کیا ثابت کرنا ہے. بلکہ اس ارادے سے لکھی گئی معلوم ہوتی ہے کہ گیتا کے پڑھنے والے کے دل میں یہ بات سما جائے کہ یہ اُس لڑائی کی چیز نہیں ہے جو تلواروں سے لڑی جاتی ہے. اُس لڑائی کی بھی چیز ہے جو آئے دن ہمارے اندر ہوتی رہتی ہے. اس لئے دنیش جی نے اُن لفظوں کو جن پر بڑے بڑے پنڈت گھنٹوں بحث کرتے ہیں پڑھنے والوں کو یوں سمجھا دیا ہے مانو وہ لفظ اتنے معمولی ہیں کہ اُن پر وقت کھونا بیکار ہے. اُن کے کچھ بھی معنے کرنے پر آگے بڑھا جا سکتا ہے. یہ خوبی کوئی کم خوبی نہیں ہے. دوسری خوبی اس ٹیکا میں یہ ہے کہ جہاں جو بات کہی گئی ہے اگر اُس کا حوالہ کسی اُپنشد میں موجود ہے یا کسی اور پرانے گرنتھ میں اُس کا ذکر ہے تو وہ وہاں ضرور درج کر دیا گیا ہے. اور پڑھنے والوں کی ہر طرح تسلی کرنے کی کوشش کی گئی ہے. تیسری خوبی اس ٹیکا میں یہ ہے کہ کسی اِشلوک کو پڑھکر جو جگیاسا کچھ اور جاننے کی پڑھنے والے کے دل میں اُٹھتی ہے اُسکو پورا کرنے کے لئے اس سلسلے کی اور باتیں بھی وہاں درج کر دی گئی ہیں.

چوتھی خوبی اِس میں یہ ہے کہ جگہ جگہ پر یہ سمجھانے کی کوشش کی گئی ہے کہ ہمارے اندر بھیشم کون ہے، درونا کون ہے، ارجن کون ہے وغیرہ وغیرہ.

आओ तब तक भी अव्वल हवा ख़ोरी के वास्ते ज़रूर रोज़ जाना चाहिये, दूसरे, वर्ज़िश रोज़ ज़रूर करनी चाहिये. ख़बर नहीं तुमने वह नई तरह की वर्ज़िश करनी शुरू की या नहीं जो तुम्हें मैंने पिछली दफ़ा बताई थी और कापी पर लिख दी थी. अगर अब तक न शुरू की हो तो अब शुरू करना. अगर तुम लिखने की छत पर जाकर एक दरी बिछा कर रोज़ सुबह ही नई और पुरानी दोनों वर्ज़िशें करो, और वर्ज़िश करने के पाव घंटे बाद रोज़ जितना ज़्यादा दूध पिया जा सके उतना पियो तो जो चक्कर वग़ैरा तुम्हें आएं हैं सब दूर हो जाएं और ख़ून भी बढ़ने लगे और ताक़त भी आनी शुरू हो जाय. इस वास्ते तुम फ़ौरन वर्ज़िश करनी ज़रूर शुरू कर दो और बराबर रोज़ सुबह किया करो और लिखो कि तुम्हें वर्ज़िश करने में क्या दिक़्क़त मालूम होती है.

राधे, जापान का तो तुमने हाल बहुत सा सुना होगा और ग्लोब पर यह भी देख लिया होगा कि जापान कहां है और हिन्दुस्तान से किस तरफ़ है. अगर अब तक न देखा हो तो अब देख लेना. जापान की सब औरतें मर्दों की तरह बराबर वर्ज़िश करती हैं और जो वर्ज़िश इस मुल्क में कराई जाती है वह बहुत ही अच्छी होती है. उस में जब वर्ज़िश करते करते ताक़त अच्छी तरह आ जाती है तो फिर ऐसे ऐसे दांव पेच सिखाए जाते हैं कि उनके ज़रिये से औरतें बड़े बड़े पहलवानों को उठा कर ज़मीन पर फेंक सकती हैं. मैंने एक किताब इस जापान की वर्ज़िशों की और दांव पेचों की मंगाई है. उसका नाम जियू जित्सू है. तुम जल्दी जल्दी वर्ज़िश कर के अपने बदन में ताक़त पैदा करो तो अबकी दफ़े जब मैं देहली आऊंगा तो तुम उस किताब को देखना और फिर जो दांव पेंच उसमें लिखे हैं उनकी भी मश्क़ करना.

राधे, तुम्हारा बाहर और शहरों और मुल्कों में फिरने और वहां तरह तरह के आदमियों और चीज़ों को देखने और उनकी अच्छी अच्छी बातें मालूम करने को मन चाहता है या नहीं. अब से तक़रीबन दो बरस में मैं दो बरस की फ़रलो* लूंगा, उस वक़्त अगर तुम्हारा मन होगा तो तुम्हें जापान और चीन ले चलेंगे. मगर उस वक़्त तक तुम्हें अंगरेज़ी बहुत अच्छी तरह पढ़ लेनी चाहिये क्यों कि उन मुल्कों में हिन्दुस्तानी तो कोई भी नहीं जानता इस वास्ते अंगरेज़ी में सब से बातें करनी पड़ेंगी. राधे, तुम अब उस्तानी से रोज़ पढ़ती हो या नहीं. इसका जवाब ज़रूर देना और जब यह चिट्ठी पहुँचे, उसी वक़्त जवाब लिख देना.

*लम्बी छुट्टी

چلو تب تک بھی اول ہوا خوری کے واسطے ضرور روز جانا چاہئے' دوسرے' ورزش روز ضرور کرنی چاہئے . خبر نہیں تم نے وہ نئی طرح کی ورزش کرنی شروع کی یا نہیں جو تمہیں میں نے پچھلی دفعہ بتائی تھی اور کاپی پر لکھدی تھی . اگر اب تک نہ شروع کی ہو تو اب شروع کرنا . اگر تم لکھنے کی چھت پر جاکر ایک دری بچھا کر روز صبح ہی نئی اور پرانی دونوں ورزشیں کرو' اور ورزش کرنے کے پاؤ گھنٹے بعد روز جتنا زیادہ دودھ پیا جاسکے اتنا پیو تو جو چکر وغیرہ تمہیں آئے ہیں سب دور ہو جائیں اور خون بھی بڑھنے لگے اور طاقت بھی آنی شروع ہو جائے . اس واسطے تم فوراً ورزش کرنی ضرور شروع کردو اور برابر روز صبح کیا کرو اور لکھو کہ تمہیں ورزش کرنے میں کیا دقت معلوم ہوتی ہے .

رادھے' جاپان کا تو تم نے حال بہت سا سنا ہوگا اور گلوب پر یہ بھی دیکھ لیا ہوگا کہ جاپان کہاں ہے اور ہندستان سے کس طرف ہے . اگر اب تک نہ دیکھا ہو تو اب دیکھ لینا . جاپان کی سب عورتیں مردوں کی طرح برابر ورزش کرتی ہیں اور جو ورزش اس ملک میں کرائی جاتی ہے وہ بہت ہی اچھی ہوتی ہے . اس میں جب ورزش کرتے کرتے طاقت اچھی طرح آجاتی ہے تو پھر ایسے ایسے داؤں پیچ سکھائے جاتے ہیں کہ ان کے ذریعے سے عورتیں بڑے بڑے پہلوانوں کو اٹھاکر زمین پر پھینک سکتی ہیں . میں نے ایک کتاب اس جاپان کی ورزشوں کی اور داؤں پیچوں کی منگائی ہے . اس کا نام جیو جتسو ہے . تم جلدی جلدی ورزش کرکے اپنے بدن میں طاقت پیدا کرو تو اب کی دفعہ جب میں دہلی آؤنگا تو تم اس کتاب کو دیکھنا اور پھر جو داؤں پیچ اس میں لکھے ہیں انکی بھی مشق کرنا .

رادھے' تمہارا باہر اور شہروں اور ملکوں میں پھرنے اور وہاں طرح طرح کے آدمیوں اور چیزوں کو دیکھنے اور ان کی اچھی اچھی باتیں معلوم کرنے کو من چاہتا ہے یا نہیں . اب سے تقریباً دو برس میں میں دو برس کی فرلوہ* لونگا' اس وقت اگر تمہارا من ہوگا تو تمہیں جاپان اور چین لے چلیں گے . مگر اس وقت تک تمہیں انگریزی بہت اچھی طرح پڑھ لینی چاہئے . کیونکہ ان ملکوں میں ہندستانی تو کوئی بھی نہیں جانتا اس واسطے انگریزی میں سب سے باتیں کرنی پڑینگی . رادھے' تم اب استانی سے روز پڑھتی ہو یا نہیں . اس کا جواب ضرور دینا اور جب یہ چٹھی پہونچے' اسی وقت جواب لکھ دینا .

*لمبی چھٹی .

[illegible] अगर तुम वर्ज़िश बराबर रोज़ ज़्यादा से ज़्यादा करती जाओ और किसी बात का रंज फ़िक्र न करो तो सब बीमारी तुम्हारी चक्कर आने की, सिर दुखने की. बायंटे आने की, सब की सब दफ़ा हो जावे. मगर साथ ही यह भी याद रखना चाहिये कि वर्ज़िश करने के थोड़ी देर बाद दूध ज़रूर पीना चाहिये और अगर बुरा मालूम न हो तो मक्खन भी ज़रूर खाना चाहिये. एक बात और तुम्हें करनी चाहिये कि रोज़ चाचा के साथ बग्गी में बैठ कर हवाख़ोरी करने और भागने दौड़ने के वास्ते ज़रूर जाना चाहिये. बाबटे* के पास खुली हवा में दौड़ने से भी बड़ा फ़ायदा होता है. ख़बर नहीं कि तुम अब रोज़ हवाख़ोरी करने जाओ हो या नहीं. इसके अलावा अब की मैंने तुम्हारे चाचा को लिखा था कि अब की जो उन्हें छुट्टियां हों तो सब को लेकर किसी पहाड़ पर चले जायं. पहाड़ पर जाकर दो महीने रहो और वहां खूब भागो दौड़ो और खेलो और उछलो और कूदो. तुम चाचा से बराबर कहती रहो ताकि वह ज़रूर तुम सब को ले जायं.

मेल्सी

14-6-06

राधे,

कल की चिट्ठी में मैंने लिखा था कि तुम एक तो अपना दिल हर वक़्त खुश रखा करो, दूसरे वर्ज़िश रोज़ ज़रूर किया करो, तीसरे हवा ख़ोरी को ज़रूर जाया करो, चौथे अब जो तुम्हारे चाचा की छुट्टियां हों तो पहाड़ पर ज़रूर जाना. अब तुम लिखो कि तुमने इन बातों के करने के वास्ते क्या कोशिश की.

मेल्सी

16-6-06

राधे,

तुम ने कभी पहाड़ देखे भी हैं या नहीं. हरिद्वार में तो दो चार छोटी पहाड़ियां हैं वह तो तुम ने देखी ही होंगी, ख़बर नहीं तुम किसी पहाड़ी पर चढ़ीं या नहीं. अब जो तुम चाचा के साथ पहाड़ पर जाओ तो वहां खूब चलना फिरना और वर्ज़िश करना ताकि खून ठीक हो जाय और ज़्यादा हो जाय. असल में खून के साफ़ और ज़्यादा होने ही से आदमी तन्दुरुस्त रहता है और ताक़त आती है. और खून साफ़ खुली ताज़ी हवा में फिरने और वर्ज़िश करने से होता है और बढ़ता है. इस वास्ते अब तक पहाड़ पर न

*यह दिल्ली शहर के उत्तर में पहाड़ी के ऊपर एक खुली जगह है, जहां अकसर शहर के लोग सबेरे शाम सैर करने अब तक आते जाते हैं.

بخشتے هیں اور دل خوش رکھتا هے ۔ اگر تم ورزش برابر روز زیادہ سے زیادہ کرتی جاؤ اور کسی بات کا رنج فکر نہ کرو تو سب بیماری تمہاری چکر آنے کی، سر دکھنے کی، بالمثلی آنے کی، سب کی سب هوا هوجاوے مگر ساتھ هی یہ بھی یاد رکھنا چاهئے کہ ورزش کرنے کے تھوڑی دیر بعد دودھ ضرور پینا چاهئے اور اگر برا معلوم نہ هو تو مکھن بھی ضرور کھانا چاهئے ۔ ایک بات اور تمہیں کرنی چاهئے کہ روز چاچا کے ساتھ بگی میں بیٹھکر هوا خوری کرنے اور بھاگنے دوڑنے کے واسطے ضرور جانا چاهئے ۔ بارلج* کے پاس کھلی هوا میں دوڑنے سے بھی بڑا فائدہ هوتا هے ۔ خبر نہیں کہ تم اب روز هوا خوری کرنے جاؤ هو یا نہیں ۔ اس کے علاوہ اب کی میں نے تمہارے چاچا کو لکھا تھا کہ اب کی جو انہیں چھٹیاں هوں تو سب کو لے کر کسی پہاڑ پر چلے جائیں ۔ پہاڑ پر جاکر دو مہینے رهو اور وهاں خوب بھاگو دوڑو اور کھیلو اور اچھلو اور کودو ۔ تم چاچا سے برابر کہتی رهو تاکہ وہ ضرور تم سب کو لے جائیں ۔

مولسی

14-6-06

رادھے،

کل کی چٹھی میں میں نے لکھا تھا کہ تم ایک تو اپنا دل هر وقت خوش رکھا کرو، دوسرے ورزش روز ضرور کیا کرو، تیسرے هواخوری کو ضرور جایا کرو، چوتھے اب جو تمہارے چاچا کی چھٹیاں هوں تو پہاڑ پر ضرور جانا ۔ اب تم لکھو کہ تم نے ان باتوں کے کرنے کے واسطے کیا کوشش کی ۔

مولسی

16-6-06

رادھے،

تم نے کبھی پہاڑ دیکھے بھی هیں یا نہیں ۔ هردوار میں تو دو چار چھوٹی پہاڑیاں هیں وہ تو تم نے دیکھی هی هوں گی، خبر نہیں تم کسی پہاڑی پر چڑھیں یا نہیں ۔ اب جو تم چاچا کے ساتھ پہاڑ پر جاؤ تو وهاں خوب چلنا پھرنا اور ورزش کرنا تاکہ خون ٹھیک هوجائے اور زیادہ هوجائے ۔ اصل میں خون کے صاف اور زیادہ هونے هی سے آدمی تندرست رهتا هے اور طاقت آتی هے ۔ اور خون صاف کھلی تازی هوا میں پھرنے اور ورزش کرنے سے هوتا هے اور بڑھتا هے ۔ اس واسطے جب تک پہاڑ پر نہ

* یہ دلی شہر کے اتر میں پہاڑی کے اوپر ایک کھلی جگہ هے، جہاں اکثر شہر کے لوگ سویرے شام سیر کرنے اب تک آتے جاتے هیں ۔

बच्चों की दुनिया

बादल और चांद

(भाई हामिदुल्ला 'अफ़सर')

नीले सागर वाले चांद ! मुझको पास बुलाले चांद !
बरखा में जाता है कहाँ तू लेकर शाल दुशाले चांद !
तारे हैं ये आस लगाये मुँह परदे से निकाले चांद !
बादल का एक हलका हलका मुंह पर आँचल डाले चांद !
गंगा के धारे में उतर कर फिर कुछ गोते खाले चांद !
ले आया है कहाँ से यह तू रुई के इतने गाले चांद !
कांप रहे हैं तारे, इनको तू कम्बल में छिपाले चांद !

बादल के फन्दे में न फँसना
सुन ए भोले भाले चांद !

(उरदू 'आजकल' से)

किकी बंगला
13-6-'06

राधे,

मैंने सब से पहली चिट्ठियों में तुम्हें लिखा था कि अपने दिल को हमेशा ख़ुश रखना चाहिये और कोई बात रंजीदा या उदास या सुस्त रहने की हो भी जाय तब भी फ़ौरन उसको अपने मन से अलग कर देना चाहिये, और ऐसी ऐसी बातों की बाबत सोचना चाहिये जिनसे दिल ख़ुश रहे. जो आदमी दिल को हमेशा ख़ुश रखता है वह बीमार बहुत ही कम होता है. दिल ख़ुश रखने के सिवाए हर एक आदमी को वर्ज़िश भी ज़रूर करनी चाहिये. ख़बर नहीं कि आज कल तुम वर्ज़िश भी रोज़ करो हो या नहीं. वर्ज़िश करनी तो हरगिज़ नहीं छोड़नी चाहिये बल्कि रोज़ बरोज़ ज़्यादा वर्ज़िश करते जाना चाहिये. वर्ज़िश करने से ही ख़ून बढ़ता है, बदन में ताक़त आती है, रग पट्ठे मज़बूत

بچوں کی دنیا

بادل اور چاند

(بھائی حامد اللہ 'افسر')

نیلے ساگر والے چاند ! مجھکو پاس بلا لے چاند !
برکھا میں جاتا ہے کہاں تو لیکر شال دوشالے چاند !
تارے ہیں یہ آس لگائے منہ پردے سے نکالے چاند !
بادل کا اک ہلکا ہلکا منہ پر آنچل ڈالے چاند !
گنگا کے دھارے میں اُتر کر پھر کچھ غوطے کھالے چاند !
لے آیا ہے کہاں سے یہ تو روئی کے اتنے گالے چاند !
کانپ رہے ہیں تارے' اِنکو تو کمبل میں چھپالے چاند !

بادل کے پھندے میں نہ پھنسنا
سن اے بھولے بھالے چاند

(اُردو 'آجکل' سے)

ککری بنگلہ
13-6-'06

رادھے'

میں نے سب سے پہلی چٹھیوں میں تمہیں لکھا تھا کہ اپنے دل کو ہمیشہ خوش رکھنا چاہئے اور کوئی بات رنجیدہ یا اُداس یا سست رہنے کی ہو بھی جائے تب بھی فوراً اُس کو اپنے من سے الگ کر دینا چاہئے' اور ایسی ایسی باتوں کی بابت سوچنا چاہئے جن سے دل خوش رہے . جو آدمی دل کو ہمیشہ خوش رکھتا ہے وہ بیمار بہت ہی کم ہوتا ہے . دل خوش رکھنے کے سوائے ہر ایک آدمی کو ورزش بھی ضرور کرنی چاہئے . خبر نہیں کہ آج کل تم ورزش بھی روز کرو ہو یا نہیں . ورزش کرنی تو ہرگز نہیں چھوڑنی چاہئے بلکہ روز بروز زیادہ ورزش کرتے جانا چاہئے . ورزش کرنے سے ہی خون بڑھتا ہے' بدن میں طاقت آتی ہے' رگ پٹھے مضبوط

शादी में एक कुआं, इस हिसाब से कुएं खोदे जायं तो चालीस साल में होने वाली बीस करोड़ शादियों में बीस करोड़ कुएं खुदेंगे. जहां कुएं खोदना बिलकुल नामुमकिन ही है, वहां की बात अलग है. लेकिन अकसर जमीन में पानी होता ही है, यह नियम है. जमीन के नीचे छिपी हुई यह सरस्वती प्रकट होनी चाहिये.

इसलिये जिनके पास जमीनें जियादा हैं, उनसे लेकर जो जो जमीन मांगते हों और जिनके पास न जमीन है और न कोई दूसरा ही धन्दा, उन्हें वह बांट दी जाय.

गांव के लोग कम से कम दरजे तक रुपए पैसे के आसरे रहें और उनकी जरूरतें गांव में ही पूरी हों, इसका ध्यान अगर रखा जाय तो सब को काम देना नामुमकिन नहीं है. लेकिन गांव वाले रुपए पैसे के आसरे न रहें, इसके लिये हम कहते आए हैं कि लगान गल्ले के रूप में वसूल किया जाय. आप ऐसा क्यों नहीं करते ?

شادی میں ایک کنواں، اس حساب سے کنوئیں کھودے جائیں تو چالیس سال میں ہونے والی بیس کروڑ شادیوں میں بیس کروڑ کنوئیں کھدینگے. جہاں کنوئیں کھودنا بالکل ناممکن ہی ہے، وہاں کی بات الگ ہے. لیکن اکثر زمین میں پانی ہوتا ہی ہے، یہ نیم ہے. زمین کے نیچے چھپی ہوئی یہ سرسوتی پرکٹ ہونی چاہئیے.

اس لئے جن کے پاس زمینیں زیادہ ہیں، اُن سے لے کر جو جو زمین مانگتے ہوں اور جن کے پاس نہ زمین ہے اور نہ کوئی دوسرا ہی دھندا، انہیں وہ بانٹ دی جائے

گاؤں کے لوگ کم سے کم درجے تک روپے پیسے کے آسرے رہیں اور اُن کی ضرورتیں گاؤں میں ہی پوری ہوں، اس کا دھیان اگر رکھا جائے تو سب کو کام دینا ناممکن نہیں ہے. لیکن گاؤں والے روپے پیسے کے آسرے نہ رہیں، اس کے لئے ہم کہتے آئے ہیں کہ لگان غلے کے روپ میں وصول کیا جائے. آپ ایسا کیوں نہیں کرتے ؟

गुरु नानक की बानी

ए साधु, यह सारा संसार राम ने ही बनाया है. कोई तो इस सृष्टि को नाश हो जाने वाली मानता है और कोई इसे सदा बनी रहने वाली समझता है, यह बड़े अचम्भे की बात है, कुछ समझ में नहीं आता ! काम, क्रोध और मोह वग़ैरा के बस में हो कर आदमी ने परमात्मा की मूर्ति को भुला दिया है. रात को दिखाई देने वाले सपने की तरह झूटे शरीर को वह सच्चा मानता है. संसार में जो चीज़ें हमें दिखाई देती हैं वह सब बादल की छाया की तरह नाश हो जाने वाली हैं. नानक कहते हैं कि इस संसार को झूटा समझो और राम की शरन में रहो.

ए साधु, मन का घमंड छोड़ दो. काम, क्रोध और दुष्ट आदमियों की संगत से रात दिन दूर ही रहो. सुख दुख और मान अपमान को एक सा ही समझना चाहिये. जो आदमी सुख और दुख दोनों से ऊपर उठा रहता है वही इस संसार के तत्व को पहचान सकता है. तारीफ़ और चुग़ली दोनों को छोड़ कर ही मुक्ति की खोज करनी चाहिये. नानक कहते हैं कि यह सब काम करना बड़ा कठिन है. किसी किसी ने ही गुरु के मुख से यह भेद जाना है.

گرو نانک کی بانی

اے سادھو، یہ سارا سنسار رام نے ہی بنایا ہے. کوئی تو اس سرشٹی کو ناش ہوجانے والی مانتا ہے اور کوئی اسے سدا بنی رہنے والی سمجھتا ہے یہ بڑے اچنبھے کی بات ہے، کچھ سمجھ میں نہیں آتا ! کام، کرودھ اور موہ وغیرہ کے بس میں ہو کر آدمی نے پرماتما کی مورتی کو بھلا دیا ہے. رات کو دکھائی دینے والے سپنے کی طرح جھوٹے شریر کو وہ سچا مانتا ہے. سنسار میں جو چیزیں ہمیں دکھائی دیتی ہیں وہ سب بادل کی چھایا کی طرح ناش ہوجانے والی ہیں. نانک کہتے ہیں کہ اس سنسار کو جھوٹا سمجھو اور رام کی شرن میں رہو.

اے سادھو، من کا گھمنڈ چھوڑ دو. کام، کرودھ اور دشٹ آدمیوں کی سنگت سے رات دن دور ہی رہو. سکھ دکھ اور مان اپمان کو ایک سا ہی سمجھنا چاہئیے. جو آدمی سکھ اور دکھ دونوں سے اوپر اٹھا رہتا ہے وہی اس سنسار کے تتو کو پہچان سکتا ہے. تعریف اور چغلی دونوں کو چھوڑ کر ہی مکتی کی کھوج کرنی چاہئیے. نانک کہتے ہیں کہ یہ سب کام کرنا بڑا کٹھن ہے. کسی کسی نے ہی گرو کے مکھ سے یہ بھید جانا ہے.

सहयोगी खेती की शर्त पर ही वहां के लोगों में ज़मीन बांटी, लेकिन बाद में मेरे ध्यान में आया कि इस तरीक़े से काम नहीं होगा. मैंने देखा कि सरकार के ज़रिये चलाए जाने वाले सहयोगी खेती के अमल को देखकर वह लोग हंस रहे हैं, क्योंकि वह नाकामयाब साबित हुआ है. ग़रीब लोगों को हिसाब-किताब का ज्ञान नहीं होता. सहयोगी खेती के लिये यह ज्ञान चाहिये, नहीं तो देहात के लोग घबराते हैं. इसलिये मैंने सहयोगी खेती की शर्त छोड़ दी और निजी खेती के लिये ही ज़मीन बांटनी शुरू कर दी. जिन लोगों ने मुझे सहयोगी खेती की शर्त पर ज़मीन देने की इच्छा ज़ाहिर की. उनसे मैंने कहा, "पहले आप बड़े बड़े आदमी उस तरह का अमल कर के दिखाइये." सहकारी खेती में यह लोग अपना ख़ासा हिस्सा रखकर अपना असर क़ायम रखना चाहते थे. मैंने उनसे कहा, "आप ज़मीनें दे डालिये. ज़मीन के बदले में मालिक की भावना से मुक्त हो जाइये. ग़रीबों को उसके मालिक बनने दीजिये."

बहस करने वालों ने अनइकानामिक होल्डिंग (माली विचार से नाकाफ़ी) और इकानामिक होल्डिंग (माली विचार से काफ़ी) की दलीलें भी पेश कीं. लेकिन यह माली काफ़ी और नाकाफ़ी का सवाल बैलों की वजह से ही खड़ा होता है, क्योंकि बैल कहता है कि मैं बीस एकड़ से छोटी इकाई पर काम नहीं कर सकता. मैं कहता हूँ कि चार कुटुम्ब मिलकर बैल जोड़ी रखेंगे और उस हद तक सहयोग करेंगे. और भी जिन जिन बातों में सहयोग कर सकेंगे, करेंगे. लेकिन जो-जो खेती करना चाहता है और जो-जो खेत मांगता है, उसे खेत मिलना चाहिये. वहां माली विचार से काफ़ी और नाकाफ़ी होने का सवाल खड़ा नहीं होना चाहिये.

लोग कहते हैं कि बड़ी बड़ी ज़मीनें चाहियें. लेकिन मेरे पास पौन एकड़ ज़मीन थी. शुरू शुरू में खाद और बीज का खर्च आया. अब आगे वह भी खर्च नहीं आएगा. इस पौन एकड़ ज़मीन में से हमने दस हज़ार पौंड साग भाजी निकाली. दो आना पौंड का हिसाब लगायें, तो भी 1250 रुपए की साग भाजी हुई.

हम ने रहट भी हाथ से ही चलाया. बरसात की भी कुछ खेती हम ने की है, लेकिन बारिश के भरोसे रहने से काम नहीं चलेगा. इसीलिये नारद ने धर्म राज से पूछा था, "तेरे राज में खेती सिर्फ़ देवता के भरोसे तो नहीं होती ?" देवता से मतलब है बारिश. अगर हम ज़मीन के नीचे छिपी हुई गुप्त गंगा प्रकट कर सकें, तो हिन्दुस्तान की ज़मीन की क़ाबलियत पांच गुनी बढ़ेगी. इसलिये हम ने तेलंगाना की यात्रा में लोगों को सब जगह ज़मीन में कुएं खोदने का प्रोग्राम ही बतलाया. हर एक

[illegible] پر هی وهاں کے لوگوں مهں زمهن بانٹی' لهکن بعد مهں مهرے دهیان مهں آیا کہ اِس طریقے سے کام نهیں هوگا . مهں نے دیکھا کہ سرکار کے ذریعے چلائے جانےوالے سهیوگی کهیتی کے عمل کو دیکھکر وہ لوگ هنس رهے هیں' کیونکہ وہ ناکامیاب ثابت هوا هے . غریب لوگوں کو حساب کتاب کا گیان نهیں هوتا . سهیوگی کهیتی کے لئے یہ گیان چاهئے' نهیں تو دیہات کے لوگ گهبراتے هیں . اِس لئے مهں نے سهیوگی کهیتی کی شرط چهوڑ دی اور نجی کهیتی کے لئے هی زمهن بانٹنی شروع کر دی . جن لوگوں نے مجھے سهیوگی کهیتی کی شرط پر زمهن دینے کی اچھا ظاهر کی' اُن سے مهں نے کہا' " پہلے آپ بڑے بڑے آدمی اُسطرح کا عمل کرکے دکھائیے ." سرکاری کهیتی مهں یہ لوگ اپنا خاصا حصہ رکھکر اپنا اثر قائم رکھنا چاهتے تھے . مهں نے اُن سے کہا' " آپ زمینیں دے ڈالئے . زمهن کے بدلے مهں مالک کی بهاونا سے مکت هوجائیے غریبوں کو اُس کے مالک بننے دیجئے ."

بحث کرنے والوں نے اَن ایکانامک هولڈنگ (مالی وچار سے ناکافی) اور ایکانامک هولڈنگ (مالی وچار سے کافی) کی دلیلیں بهی پیش کیں . لیکن یہ مالی کافی اور ناکافی کا سوال بیلوں کی وجہ سے هی کهڑا هوتا هے' کیونکہ بیل کہتا هے کہ مهں بیس ایکڑ سے چهوٹی اکائی پر کام نهیں کر سکتا . مهں کہتا هوں کہ چار کٹمب ملکر بیل جوڑی رکھینگے اور اُس حد تک سهیوگ کرینگے . اور بهی جن جن باتوں مهں سهیوگ کر سکینگے' کرینگے . لیکن جو جو کهیتی کرنا چاهتا هے اور جو جو کهیت مانگتا هے' اُسے کهیت ملنا چاهئے . وهاں مالی وچار سے کافی اور ناکافی هونے کا سوال کهڑا نهیں هونا چاهئے .

لوگ کہتے هیں کہ بڑی بڑی زمینیں چاهئیں . لیکن میرے پاس پون ایکڑ زمهن تهی . شروع شروع مهں کهاد اور بیج کا خرچ آیا . اب آگے وہ بهی خرچ نهیں آئے گا . اِس پون ایکڑ زمهن مهں سے هم نے دس هزار پونڈ ساگ بهاجی نکالی-دو آنہ پونڈ کا حساب لگائیں' تو بهی 1250 روپے کی ساگ بهاجی هوئی .

هم نے رهٹ بهی هاتھ سے هی چلایا . برسات کی بهی کچھ کهیتی هم نے کی هے' لیکن بارش کے بهروسے رهنے سے کام نهیں چلے گا . اِسی لئے نارد نے دهرم راج سے پوچھا تها' " تیرے راج مهں کهیتی صرف دیوتا کے بهروسے تو نهیں هوتی ؟" دیوتا سے مطلب هے بارش . اگر هم زمهن کے نیچے چهپی هوئی گپت گنگا پرکٹ کر سکیں تو هندستان کی زمهن کی قابلیت پانچ گنی بڑھے گی . اِسی لئے هم نے تیلنگانہ کی یاترا مهں لوگوں کو سب جگہ زمهن مهں کنوئیں کهودنے کا پروگرام هی بتلایا . هر ایک

यह ठीक नहीं." उनका कहना ठीक है. कोई एक मुग़ल सम्राट दिल्ली के तख़्त पर से गोहत्या बन्दी का हुक्म जारी कर दे, इस तरह का यह सवाल ही नहीं है. लेकिन प्रधान मंत्री स्वराज में लोकमत का नुमाइन्दा है. अगर वही यह बात न करे तो फिर कौन करे ?

7. बुनियादी तालीम

सिर्फ़ इतना कह देने से कि बेसिक तरीक़ा मन्ज़ूर है, काम नहीं चलेगा. यह दिखाना होगा कि मौजूदा तालीम के मुक़ाबले नई बुनियादी तालीम का ख़र्च ज़ियादा है या कम. बुनियादी तालीम के कारन लड़कों के मन में एकता का ख़याल घर पकड़ता है, इसलिये शुरू से चाहे बुनियादी स्कूल या शाला स्वावलम्बी भले ही न मालूम होती हो, तो भी आख़िर वह महज़ स्वावलम्बी ही नहीं, बल्कि अमन कुन भी साबित होती है. इसलिये आपको कहना चाहिये कि वह शाला चल सकती है, और प्लानिंग रिपोर्ट में बुनियादी शाला की योजना देनी चाहिये. शाला के पास दो एकड़ ज़मीन होनी चाहिये और लड़कों को अपनी मेहनत से शाला के बग़ीचे में साग, तरकारियां और कपड़े के लिये ज़रूरी कपास पैदा कर लेनी चाहिये. मास्टर को उस ज़मीन में से अपनी गुज़र के लायक़ साग-भाजी और कपास मिलती रहनी चाहिये. गांव के गुरु जी को एक-एक पायली (100 तोला) ग़ल्ला मिलना चाहिये. इतना सब करने पर भी और जो फुटकर ख़र्च आयेगा, वह इस योजना में बतलाना चाहिये.

हरिजन लड़कों के लिये छात्रालय या हास्टल या आश्रमों की योजना आपने सुझाई है. हमारे मत से अब आगे चलकर हरिजनों के लिये अलग छात्रालय या आश्रम नहीं होने चाहियें. हरिजन लड़कों के बारे में सिर्फ़ इतना ही देखना काफ़ी नहीं है कि उनकी तालीम कैसे बढ़ेगी, बल्कि यह भी देखना चाहिये कि छुआ छूत मिटाते हुए तालीम कैसे बढ़ेगी ? इसलिये अलग छात्रालय खोलने के बदले उन्हें सब के लिये चलने वाले छात्रालयों में ही जगह दिलानी चाहिये.

8. ज़मीन के बारे में सरकार की नीति

आप कहते हैं कि छोटे-छोटे टुकड़ों से पैदावार कम होती है. अपनी यह बात आप को साबित करना पड़ेगी. सहयोगी खेती की तालीम सबको देने के बाद ही आइन्दा इस तरह की खेती की जा सकेगी. लेकिन जब तक अपनी जुदा जुदा खेती की तरफ़ लोगों का झुकाव है, तब तक ज़मीन के छोटे-छोटे टुकड़ों के कारन पैदावार में कमी होगी, ऐसा मानने की कोई वजह नहीं है. तेलंगाना में शुरू में मैंने

ٹھیک نہیں ." اُن کا کہنا ٹھیک ہے . کوئی ایک مغل سمراٹ دلی کے تخت پر سے گو ہتیا بندی کا حکم جاری کر دے' اس طرح کا یہ سوال ہی نہیں ہے . لیکن پردھان منتری سوراج میں لوک، مت کا نمائندہ ہے . اگر وہی یہ بات نہ کرے تو پھر کون کرے ؟

7. بنیادی تعلیم

صرف اتنا کہہ دینے سے کہ بیسک طریقہ منظور ہے' کام نہیں چلے گا . یہ دکھانا ہوگا کہ موجودہ تعلیم کے مقابلے نئی بنیادی تعلیم کا خرچ زیادہ ہے یا کم . بنیادی تعلیم کے کارن لڑکوں کے من میں ایکتا کا خیال گھر پکڑتا ہے' اس لئے شروع سے چاہے بنیادی اسکول یا شالا سواولمبی بھلے ہی نہ معلوم ہوتی ہو' تو بھی آخر وہ محض سواولمبی ہی نہیں' بلکہ امن کن بھی ثابت ہوتی ہے . اس لئے آپ کو کہنا چاہئے کہ وہ شالا چل سکتی ہے' اور پلاننگ رپورٹ میں بنیادی شالا کی یوجنا دینی چاہئے . شالا کے پاس دو ایکڑ زمین ہونی چاہئے اور لڑکوں کو اپنی محنت سے شالا کے بغیچے میں ساگ' ترکاریاں اور کپڑے کے لئے ضروری کپاس پیدا کر لینی چاہئے . ماسٹر کو اُس زمین میں سے اپنی گذر کے لائق ساگ بھاجی اور کپاس ملتی رہنی چاہئے . گاؤں کے گرو جی کو ایک ایک پائلی (100 تولہ) غلہ ملنا چاہئے . اتنا سب کرنے پر بھی اور جو پھٹکر خرچ آئے گا' وہ اِس یوجنا میں بتلانا چاہئے .

ہریجن لڑکوں کے لئے چھاترالے یا ہوسٹل یا آشرموں کی یوجنا آپ نے سجھائی ہے . ہمارے مت سے اب آگے چلکر ہریجنوں کے لئے الگ چھاترالے یا آشرم نہیں ہونے چاہئیں . ہریجن لڑکوں کے بارے میں صرف اِتنا ہی دیکھنا کافی نہیں ہے کہ اُن کی تعلیم کیسے بڑھے گی' بلکہ یہ بھی دیکھنا چاہئے کہ چھوا چھوت مٹاتے ہوئے تعلیم کیسے بڑھے گی ؟ اس لئے الگ چھاترالے کھولنے کے بدلے انہیں سب کے لئے چلنے والے چھاترالیوں میں ہی جگہ دلانی چاہئے .

8. زمین کے بارے میں سرکار کی نیتی

آپ کہتے ہیں کہ چھوٹے چھوٹے ٹکڑوں سے پیداوار کم ہوتی ہے . اپنی یہ بات آپکو ثابت کرنا پڑے گی . سہیوگی کھیتی کی تعلیم سب کو دینے کے بعد ہی آئندہ اسطرح کی کھیتی کی جا سکیگی . لیکن جب تک اپنی جدا جدا کھیتی کی طرف لوگوں کا جھکاؤ ہے' تب تک زمین کے چھوٹے چھوٹے ٹکڑوں کے کارن پیداوار میں کمی ہوگی' ایسا ماننے کی کوئی وجہ نہیں ہے . تلنگانہ میں شروع میں میں نے

की हिम्मत नहीं दिखाई देती. हथियार बन्दी करो, कहने की हिम्मत नहीं है, मशीन बन्दी करो, कहने की भी हिम्मत नहीं है. गो हत्या बन्द करने की जरूरत नहीं है, यह कहने की भी हिम्मत नहीं है. लेकिन आपको यह पहचान लेना चाहिये कि इस मुल्क में गोहत्या चल नहीं सकती. गाय-बैल हमारे समाज में दाखिल हो गये हैं और इसलिये यह हमारा समाजवाद है. लोग मुझसे पूछते हैं कि, "क्या दूसरे जानवरों की तुम्हें दया नहीं आती ?" मैं कहता हूँ, "नहीं. पहले मुझे गाय पर दया कर लेने दो. उसको अगर मैं बचा सका, तो फिर बची हुई दया दूसरों के लिये बरतूँगा. गाय को बचा कर ही मैं दूसरों को बचा सकूँगा." सवाल सीधा है कि आपको अपने देश की हिफ़ाज़त करना है या नहीं ? अगर करना है तो गोवध हिन्दुस्तानी कलचर के मुवाफ़िक़ नहीं बैठता, इसका आपको ध्यान रखना चाहिये. गो हत्या जारी रही, तो हिन्दुस्तान में बग़ावत होगी. इसलिये 'गो हत्या जारी रहे' कहने की हिम्मत आपकी नहीं होती. 'औलाद रोको' के बारे में आप साफ़ बोलते हैं. शराब बन्दी के बारे में 'धीरे चलो' का इसरार करते हैं. इसी तरह यह भी कह डालिये कि गाय मारने में कोई हर्ज नहीं ! लेकिन राष्ट्र की हालत देखकर आप वैसा नहीं कर सकते. हमारा कहना यह है कि गो हत्या-बन्दी करना ही मुनासिब है. राष्ट्र की माली हालत इस बोझ को उठा सकती है. गो सदन में रहने वाले ढोरों के मल मूत्र और हड्डियों की खाद का अच्छी तरह से अगर हम उपयोग कर सकें, तो गो-पालन का बोझ नहीं होगा. और मुसलमानों की तरफ़ से अगर आप इतमीनान चाहते हों, तो मैं लिख कर देता हूँ कि उन्हें गो हत्या नहीं चाहिये.

मेव लोगों से मैंने मस्जिदों में जाकर कहा कि "अल्लाह अगर मांस का भूका होता और मांस से ख़ुश होने वाला होता, तो उसे यह क़साई ही ख़ुश कर लेते. उसका सन्देश सुनाने के लिये पैग़म्बर की ज़रूरत न रही होती. लेकिन वह मांस का भूका नहीं है, भक्ति भाव का भूका है." मेरी यह बात उनकी समझ में आ गई. उस वक़्त सरकार ने वहां गो हत्या-बन्दी का एलान नहीं किया था. मौलवी लोग मेव लोगों से कहते ही थे कि गो-हत्या नहीं होनी चाहिये. लेकिन एक गांव में दो गायें मारी गईं और इस पर वहां तूफ़ान मचने की नौबत आई, तब मैंने लोगों को समझाया और मामला बढ़ने नहीं दिया.

क्या आप ऐसा नहीं मानते कि गो हत्या बन्दी हिन्दुस्तान के लोगों का मैंन्डेट (फ़रमान) है ? आप को दो-टूक कहना चाहिये कि हम गो हत्या बन्दी करेंगे. वैसे, इस मामले पर जवाहरलाल जी का बंगलोर का भाशन मुझे बहुत पसन्द आया. उन्होंने कहा, "दिल्ली में बैठ कर

کی ہمت نہیں دکھائی دیتی . ہتھیار بندی کرو' کہنے کی ہمت نہیں ہے' مشین بندی کرو' کہنے کی بھی ہمت نہیں ہے . گو ہتیا بند کرنے کی ضرورت نہیں ہے' یہ کہنے کی بھی ہمت نہیں ہے . لیکن آپ کو یہ پہچان لینا چاہئے کہ اس ملک میں گو ہتیا چل نہیں سکتی. گائے بیل ہمارے سماج میں داخل ہوگئے ہیں اور اس لئے یہ ہمارا سماج واد ہے . لوگ مجھ سے پوچھتے ہیں کہ' " کیا دوسرے جانوروں کی تمہیں دیا نہیں آتی ؟" میں کہتا ہوں' " نہیں . پہلے مجھے گائے پر دیا کر لینے دو . اُس کو اگر میں بچا سکا' تو پھر بچی ہوئی دیا دوسروں کے لئے برتونگا . گائے کو بچا کر ہی میں دوسروں کو بچا سکونگا ." سوال سیدھا ہے کہ آپ کو اپنے دیش کی حفاظت کرنا ہے یا نہیں ؟ اگر کرنا ہے تو گو بدھ ہندستانی کلچر کے موافق نہیں بیٹھتا' اس کا آپ کو دھیان رکھنا چاہئے . گو ہتیا جاری رہی تو ہندستان میں بغاوت ہوگی . اس لئے 'گو ہتیا جاری رہے' کہنے کی ہمت آپکی نہیں ہوتی . 'اولاد روکو' کے بارے میں آپ صاف بولتے ہیں . شراب بندی کے بارے میں' دھیرے چلو کا اصرار کرتے ہیں . اِسی طرح یہ بھی کہہ ڈالئے کہ گائے مارنے میں کوئی ہرج نہیں ! لیکن راشٹر کی حالت دیکھکر آپ ویسا نہیں کر سکتے . ہمارا کہنا یہ ہے کہ گو ہتیا بندی کرنا ہی مناسب ہے . راشٹر کی مالی حالت اِس بوجھ کو اُٹھا سکتی ہے . گو سدن میں رہنے والے ڈھوروں کے مل موتر اور ہڈیوں کی کھاد کا اچھی طرح سے اگر ہم اُپیوگ کر سکیں' تو گو پالن کا بوجھ نہیں ہوگا. اور مسلمانوں کی طرف سے اگر آپ اطمینان چاہتے ہوں' تو میں لکھکر دیتا ہوں کہ اُنہیں گوہتیا نہیں چاہئے .

میو لوگوں سے میں نے مسجدوں میں جاکر کہا کہ " اللہ اگر مانس کا بھوکا ہوتا اور مانس سے خوش ہونے والا ہوتا تو اُسے یہ قصائی ہی خوش کر لیتے . اُس کا سندیش سنانے کے لئے پیغمبر کی ضرورت نہ رہی ہوتی . لیکن وہ مانس کا بھوکا نہیں ہے' بھکتی بھاؤ کا بھوکا ہے ." میری یہ بات اُن کی سمجھ میں آگئی . اُس وقت سرکار نے وہاں گوہتیا بندی کا اعلان نہیں کیا تھا . مولوی لوگ میو لوگوں سے کہتے ہی تھے کہ گوہتیا نہیں ہونی چاہئے . لیکن ایک گاؤں میں دو گائیں ماری گئیں اور اِس پر وہاں طوفان مچنے کی نوبت آئی' تب میں نے لوگوں کو سمجھایا اور معاملہ بڑھنے نہیں دیا .

کیا آپ ایسا نہیں مانتے کہ گوہتیا بندی ہندستان کے لوگوں کا مینڈیٹ (فرمان) ہے ؟ آپکو دو ٹوک کہنا چاہئے کہ ہم گوہتیا بندی کرینگے . ویسے' اس معاملے پر جواہر لال جی کا بنگلور کا بھاشن' مجھے بہت پسند آیا . اُنہوں نے کہا' " دلی میں بیٹھکر

इससे तो बेहतर होता कि आप कह देते कि हमें तलवार के बदले तबला चाहिये! हाय, हाय, कैसी तबाही है यह !

5. हमेशा भीक मांगने का प्लान

आपने प्रतिज्ञा की कि सन '51 के बाद हम बाहर से अनाज नहीं मगायेंगे इतनी बड़ी प्रतिज्ञा करने के बाद अब जब यह दिखाई देने लगा कि वह पूरी नहीं हो सकती, तब आप एक प्लानिंग कमीशन क़ायम करते हैं वह प्लानिंग कमीशन कहता है कि अभी कुछ बरस के लिये हमारा मुल्क अनाज के मामले में स्वावलम्बी नहीं हो सकता है. और इसके बाद सरकार को सारी लाज छोड कर कहना पड़ेगा कि प्लानिंग कमीशन कहता है कि अनाज के मामले में देश स्वावलम्बी नहीं हो सकता, इसलिये हम बाहर से अनाज मंगायेंगे।

हम लगातार लिखते आए हैं कि पहले अनाज स्वावलम्बन साध लीजिये. लेकिन उधर ध्यान न दे कर आज आप कहते हैं कि 30 लाख टन अनाज बाहर से मगाना पड़ेगा. बाहर कोई हमारे बाप की जायदाद रखी है? बाहर से मगाने का फ़ैसला करने पर बाहर वालों की मर्ज़ी के मुताबिक़ यहां पर फ़सल पैदा करनी होगी. इस तरह यह हमेशा के लिये भीक मांगने का प्लान होने वाला है. आपने यह भी लिख दिया है कि शायद ज़ियादा भी मगाना पड़ेगा. क्या आप दरअसल कभी हिन्दुस्तान की हिफ़ाज़त का विचार करते हैं? अगर करते हो तो क्या कभी यह विचार आप के मनमें आता है कि अनाज की अड़चन आने पर आप क्या करेंगे? कल अगर पाकिस्तान से आपकी लड़ाई हो गई, तो साफ़ है कि वह आपको अनाज देने से इनकार करेगा. फिर अमरीका वग़ैरा जो कोई आपको अनाज देंगे, वह आपके लिये प्रेम के कारन देंगे या आपको अपने बंधनों में बाधने के लिये देंगे? इसलिये आप कम से कम इतना क्यों नहीं कहते कि अनाज और कपड़े के बारे में हमें स्वावलम्बन पहले साधना है. प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट पढ़कर आज देहात के लोगों को ज़ियादा अनाज उपजाने का हौसला नहीं हो सकता. संकट के समय देश के लिये कुछ त्याग करने का जोश उन्हें यह रिपोर्ट पढ़कर नहीं पैदा होता.

6. गोबध-बन्दी

आपने अपनी रिपोर्ट में एक जगह कहा है कि क़साई ख़ानों का भी जानवरों की तादाद पर कोई असर नहीं हुआ है कमज़ोर ढोरों को मार डालने से अर्थशास्त्र की निगाह से बहुत ही ज़ोरदार योजना बनेगी, इसमें कोई शक नहीं. लेकिन वैसा करो, यह कहने की आपकी हिम्मत नहीं है किसी भी मामले में साफ़ रहनुमाई करने की आप

اس سے تو بہتر ہوتا کہ آپ کہہ دیتے کہ ہمیں تلوار کے بدلے طبلہ چاہئیے! ہائے، ہائے، کیسی تباہی ہے یہ!

5. ہمیشہ بھیک مانگنے کا پلان

آپ نے پرتگیا کی کہ سن 51 کے بعد ہم باہر سے اناج نہیں منگائینگے۔ اتنی بڑی پرتگیا کرنے کے بعد اب جب یہ دکھائی دینے لگا کہ وہ پوری نہیں ہوسکتی، تب آپ ایک پلاننگ کمیشن قائم کرتے ہیں۔ وہ پلاننگ کمیشن کہتا ہے کہ ابھی کچھ برس کے لئے ہمارا ملک اناج کے معاملے میں سواولمبی نہیں ہو سکتا ہے۔ اور اسکے بعد سرکار کو ساری لاج چھوڑ کر کہنا پڑے گا کہ پلاننگ کمیشن کہتا ہے کہ اناج کے معاملے میں دیش سواولمبی نہیں ہوسکتا، اسلئے ہم باہر سے اناج منگائیں گے!

ہم لگاتار لکھتے آئے ہیں کہ پہلے اناج سواولمبن سادھ لیجئے۔ لیکن اُدھر دھیان نہ دیکر آج آپ کہتے ہیں کہ 30 لاکھ ٹن اناج باہر سے منگانا پڑے گا۔ باہر کوئی ہمارے باپ کی جائیداد رکھی ہے؟ باہر سے منگانے کا فیصلہ کرنے پر باہر والوں کی مرضی کے مطابق یہاں پر فصل پیدا کرنی ہوگی۔ اس طرح یہ ہمیشہ کے لیے بھیک مانگنے کا پلان ہونے والا ہے۔ آپ نے یہ بھی لکھدیا ہے کہ شاید زیادہ بھی منگانا پڑے گا۔ کیا آپ دراصل کبھی ہندستان کی حفاظت کا وچار کرتے ہیں؟ اگر کرتے ہیں تو کیا کبھی یہ وچار آپ کے من میں آتا ہے کہ اناج کی اڑچن آنے پر آپ کیا کرینگے؟ کل اگر پاکستان سے آپ کی لڑائی ہوگئی، تو صاف ہے کہ وہ آپ کو اناج دینے سے انکار کرے گا۔ پھر امریکہ وغیرہ جو کوئی آپ کو اناج دینگے وہ آپ کے لئے پریم کے کارن دینگے یا آپ کو اپنے بندھنوں میں باندھنے کے لئے دینگے؟ اِس لئے آپ کم سے کم اِتنا کیوں نہیں کہتے کہ اناج اور کپڑے کے بارے میں ہمیں سواولمبن پہلے سادھنا ہے۔ پلاننگ کمیشن کی رپورٹ پڑھکر آج دیہات کے لوگوں کو زیادہ اناج اُپجانے کا حوصلہ نہیں ہوسکتا۔ سنکٹ کے سمے دیش کے لئے کچھ تیاگ کرنے کا جوش اُنہیں یہ رپورٹ پڑھکر نہیں پیدا ہوتا۔

6. گوبدھ بندی

آپ نے اپنی رپورٹ میں ایک جگہ کہا ہے کہ قصائی خانوں کا بھی جانوروں کی تعداد پر کوئی اثر نہیں ہوا ہے۔ کمزور ڈھوروں کو مار ڈالنے سے ارتھ شاستر کی نگاہ سے بہت ہی زور دار یوجنا بنے گی اس میں کوئی شک نہیں۔ لیکن ویسا کرو، یہ کہنے کی آپ کی ہمت نہیں ہے۔ کسی بھی معاملے میں صاف رہنمائی کرنے کی آپ

हों, तो फिर आप देहात में से लगान वसूल करके बाहर क्यों ले जाते हैं ? आपका काम सिर्फ़ सिफ़ारिशें करना नहीं है. उन पर अमल कराने के लिये मुनासिब रास्ते सुझाने की ताक़त आप में होनी चाहिये. मिल वालों की कोशिशों से सत्तरह गज़ फ़ी आदमी कपड़े की निकासी जो थी वह बारह गज़ क्यों रह गई ? कहते हैं कि मिल वालों को काफ़ी कपास नहीं मिली, इसलिये कपड़ा कम बना. कारन के बिना काम नहीं होता, यह तो उसूल ही है. लेकिन उन्हें कपास नहीं मिली, इसका मतलब यही है कि उन्हें जो कपास चाहिये, वैसी कपास यहां पैदा नहीं होती; और यहां जो कपास होती है, वह उनके काम की नहीं. अपना बच्चा नाचता नहीं, इसलिये दूसरे का बच्चा नहीं लिया जाता !

इस पर कमीशन के मेम्बर ने कहाः पहले भी यहां की कपास से कपड़ा होता था, पर वह मोटा व खुरदरा होता था. बाहर से महीन कपड़ा आने लगा, इसलिये यहां का मोटा कपड़ा बन्द हो गया और बाद में बाहर से कपास मंगा कर यही महीन कपड़ा बनना शुरू हो गया.

विनोबाः विदेशी कपड़ा जब आने लगता है, तो उसके मुक़ाबले में आप स्वदेशी मिलों की हिफ़ाज़त करते हैं न ? फिर उसी तरह मिलों के मुक़ाबले में खादी की हिफ़ाज़त क्यों नहीं करते ?

देहात के जो धन्दे आपने छीन लिये हैं, वह आप देहातियों को वापस नहीं देते. आपकी जो कुछ बुद्धि चलती है, वह अपने बच्चों को मारने के लिये दिमाग़ चलाने वाले बाप की तरह चलती है. आपने देहातियों से कपड़े का धन्दा छीन लिया और मिलें खोलीं, तेल का धन्दा छीन लिया और तेल की मिलें खोलीं, गुड़ का धन्दा छीन कर शक्कर के कारख़ाने खोले. इस तरह देहातों को कंगाल बनाने पर अगर आपने उन पर चढ़ाई की, तो वह उस चढ़ाई के सामने कैसे ठहर सकेंगे ? शहर वालों का बचाव तब आप कैसे कर सकेंगे ? इसलिये ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिये, जिससे ग्रामोद्योगों को नुक़सान हो. इस मामले में हमारा उसूल यही है कि जिन धन्दों का कच्चा माल देहातों में पैदा होता है और जिनके पक्के माल की देहात के लोगों को ज़रूरत होती है, वह धन्दे देहातियों के लिये 'रिज़र्व्ड' यानी महफ़ूज़ रखने चाहियें. 'रिज़र्व्ड' फ़ॉरेस्ट—महफ़ूज़ जंगलों—की तरह कुछ धन्दे देहातियों के लिये महफ़ूज़ क्यों नहीं रखे जा सकते ? जवाब में कहा जाता है कि फिर जीवन में कोई मज़ा नहीं रह जायगा. मौज शौक़ के जीवन के लिये इन्हें गांव-गांवड़ों का नाच-गाना चाहिये. बंगलोर में कुल हिन्द कांग्रेस कमेटी की उस बैठक के गंभीर वातावरण में आपने इसके लिये ठहराव पास करा लिया.

ں' تو پھر آپ دیہات میں سے لگان وصول کرکے
: کیوں لیجاتے ہیں ؟ آپ کا کام صرف سفارشیں
ا نہیں ہے . اُنپر عمل کرانے کے لئے مناسب راستے
ھانے کی طاقت آپ میں ہونی چاہئے . مل
ں کی کوششوں سے سترہ گز فی آدمی کپڑے کی نکاسی
تھی وہ بارہ گز کیوں رہ گئی ؟ کہتے ہیں کہ مل والوں
کافی کپاس نہیں ملی' اِس لئے کپڑا کم بنا . کارن کے
کام نہیں ہوتا' یہ تو اصول ہی ہے لیکن اُنہیں
س نہیں ملی' اِسکا مطلب یہی ہے کہ اُنہیں جو
س چاہئے' ویسی کپاس یہاں پیدا نہیں ہوتی؛ اور
ں جو کپاس ہوتی ہے' وہ اُنکے کام کی نہیں . اپنا
ہ ناچتا' نہیں' اِس لئے دوسرے کا بچہ نہیں لیا جاتا !

اِس پر کمیشن کے ممبر نے کہا : پہلے بھی یہاں کی
س سے کپڑا ہوتا تھا' پر وہ موٹا و کھردرا ہوتا تھا .
ر سے مہین کپڑا آنے لگا اِسلئے یہاں کا موٹا کپڑا بند
یا اور بعد میں باہر سے کپاس منگاکر یہیں مہین
ا بننا شروع ہوگیا .

ونوبا : ودیشی کپڑا جب آنے لگتا ہے' تو اُسکے مقابلے
ں آپ سودیشی ملوں کی حفاظت کرتے ہیں نا ؟
اُسی طرح ملوں کے مقابلے میں کھادی کی حفاظت
ں نہیں کرتے ؟

دیہات کے جو دھندے آپ نے چھین لئے ہیں' وہ
دیہاتیوں کو واپس نہیں دیتے . آپ کی جو کچھ
ی چلتی ہے' وہ اپنے بچوں کو مارنے کے لئے دماغ
نے والے باپ کی طرح چلتی ہے . آپ نے دیہاتیوں سے
ے کا دھندہ چھین لیا اور ملیں کھولیں' تیل کا
ندہ چھین لیا اور تیل کی ملیں کھولیں' گڑ کا دھندہ
ین کر شکر کے کارخانے کھولے اِس طرح دیہاتوں کو
ال بنانے پر اگر آپ نے اُن پر چڑھائی کی' تو وہ اُس
ھائی کے سامنے کیسے ٹھہر سکیں گے ؟ شہر والوں کا
او تب آپ کیسے کرسکیں گے ؟ اِس لئے ایسا کچھ
نہیں ہونا چاہئے' جس سے گرام اُدیوگوں کو نقصان
. اِس معاملے میں ہمارا اصول یہی ہے کہ جن
ندوں کا کچا مال دیہاتوں میں پیدا ہوتا ہے اور جن
پکے مال کی دیہات کے لوگوں کو ضرورت ہوتی ہے' وہ
ندے دیہاتیوں کے لئے 'ریزورڈ' یعنی محفوظ رکھنے
ئیں . 'ریزورڈ' — فارسٹ محفوظ جنگلوں —کی طرح
دھندے دیہاتوں کے لئے محفوظ کیوں نہیں رکھے
سکتے ؟ جواب میں کہا جاتا ہے کہ پھر جیون میں
مزا نہیں رہ جائیگا موج شوق کے جیون کے لئے
ں گاؤں گاؤنوں میں ناچ گانا چاہئے . بنگلور میں
ہند کانگریس کمیٹی کی اُس بیٹھک کے گمبھیر
ن میں آپ نے اسکے لئے ٹھہراو پاس کرا لیا .

4. ग्रामोद्योग

ग्रामोद्योगों से आप कहते हैं कि वह अपने पैरों पर खड़े रहें. आप मेरी टांगें तोड़ देते हैं और फिर मुझसे अपनी टांगों पर खड़े होने के लिये कहते हैं ! तिस पर भी मैं अपने हाथों के बल चल लेता हूँ, इसके लिये आपको मुझे शाबाशी देनी चाहिये. आपको यह विचार करना चाहिये कि सरकार जब विदेशी थी, तब उसकी मरज़ी के और पालिसी के ख़िलाफ़ गांधी जी ने खादी और ग्रामोद्योग चलाकर दिखाए. लेकिन इसकी क़द्र करने के बदले आप हम से कहते हैं कि गांधी जी जैसे आदमी के पचीस-पचीस बरस कोशिश करने पर भी जो नहीं हो सका, वह आज कैसे मुमकिन है ? मैं आप से पूछता हूँ कि हमें आज जो स्वराज मिला है, उसमें खादी का कोई दस फ़ी सदी हिस्सा भी है या नहीं ? मां कहती है, 'बेटा, मैंने आज तक मेहनत करके तुझे संभाला है. अब तू मुझे संभाल ले.' लेकिन उसे संभालने के बदले आप उसे नसीहत करने लगे हैं ! गांधी जी ने जो किया वह कैसे किया, इसका मुझे अचरज होता है. उन्होंने वह एक चमत्कार ही करके दिखाया.

आपको सोचना यह चाहिये कि गांधी जैसा अकेला आदमी अगर मुशकिल हालत में इतना कर सका तो आज, जब कि अपनी सरकार है, कितना अधिक होना चाहिये ? यह उलटे हिसाब (इनव्हर्स प्रपोर्शन) की मिसाल है, लेकिन आप उसे 'सीधे हिसाब' (डिरेक्ट प्रपोर्शन) की मिसाल बनाकर हल करना चाहते हैं. हिसाब के न जानने का यह नतीजा है.

अपने हाल ही के दौरे में मैंने गांव-गांव से पूछा, समाजवादियों से भी पूछा कि "भैया, यहां खादी के सिवा और कोई उद्योग तुम सुझा सकते हो ?" वह भी मानते हैं कि खादी के सिवा दूसरा कोई उद्योग हम सुझा नहीं सकते और न दे ही सकते हैं. खादी के लिये तेलंगाना में काफ़ी मौजूँ वातावरन है. सौ सौ स्त्रियां तीन-तीन मील से अपने सिर पर चरखे लेकर मुझ से मिलने आती थीं और बड़ी आसानी से दो-दो ढाई-ढाई घंटे कातती थीं. एक तार भी नहीं टूटता था. फिर भी वहां की सरकार इसका विचार भी नहीं करती है. इसका कारन इतना ही है कि आप लोगों ने अपनी कुछ बातें लासबूत मान रखी हैं. अपनी इन लासबूत बातों को अब आप छोड़िये. आप यह क़बूल कीजिये कि हम सब को काम देंगे. फिर आप देखेंगे कि ग्रामोद्योगों के सिवा रास्ता ही नहीं है. आप कहते हैं कि देहात के सब लोगों को काम देने की योजना ख़ुद देहातियों को ही करनी चाहिये. हम तो हर जगह यही बतलाते आए हैं. लेकिन अगर आप यही बतलाने वाले

4. گرام اُدیوگ

گرام ادیوگوں سے آپ کہتے ھیں کہ وہ اپنے پیروں پر ۔۔ے رھیں ۔ آپ میری ٹانگیں توڑ دیتے ھیں اور پھر ۔جھسے اپنی ٹانگوں پر کھڑے ھونے کے لئے کہتے ھیں ! ۔پھر بھی میں اپنے ھاتھوں کے بل چل لیتا ھوں' اسکے ۔ آپ کو مجھے شاباشی دینی چاھئے ۔ آپ کو یہ وچار ۔نا چاھئے کہ سرکار جب ودیشی تھی' تب اُسکی مرضی اور پالیسی کے خلاف گاندھی جی نے کھادی اور گرام ۔یوگ چلاکر دکھائے ۔ لیکن اِسکی قدر کرنے کے بدلے آپ ۔ سے کہتے ھیں کہ گاندھی جی جیسے آدمی کے پچیس ۔چیس برس کوشش کرنے پر بھی جو نہیں ھوسکا' وہ ۔ کیسے ممکن ھے ؟ میں آپ سے پوچھتا ھوں کہ ھمیں ۔ جو سوراج ملا ھے' اُس میں کھادی کا کوئی دس ۔صدی حصہ بھی ھے یا نہیں ؟ ماں کہتی ھے' 'بیٹا' ۔یں نے آج تک محنت کرکے تجھے سنبھالا ھے ۔ اب تو ۔جھے سنبھال لے ۔' لیکن اُسے سنبھالنے کے بدلے آپ اُسے ۔یحت کرنے لگے ھیں ! گاندھی جی نے جو کیا وہ ۔سے کیا' اسکا مجھے اچرج ھوتا ھے ۔ اُنھوں نے ایک چمتکار ۔ کرکے دکھایا ۔

آپ کو سوچنا یہ چاھئے کہ گاندھی جیسا اکیلا ۔می اگر مشکل حالت میں اِتنا کرسکا تو آج' جبکہ ۔ی سرکار ھے' کتنا ادھک ھونا چاھئے؟ یہ 'اُلٹے حساب' (اِنورس پرپورشن) کی مثال ھے' لیکن آپ اُسے 'سیدھے ۔ساب' (ڈیریکٹ پرپورشن) کی مثال بناکر حل کرنا ۔اھتے ھیں ۔ حساب کے نہ جاننے کا یہ نتیجہ ھے ۔

اپنے حال ھی کے دورے میں میں نے گاؤں گاؤں سے ۔چھا' سماج وادیوں سے بھی پوچھا کہ "بھیا' یہاں کھادی ۔ سوا اور کوئی اُدیوگ تم سجھا سکتے ھو؟" وہ بھی ۔انتے ھیں کہ کھادی کے سوا دوسرا کوئی اُدیوگ ھم ۔جھا نہیں سکتے اور نہ دے ھی سکتے ھیں ۔ کھادی ۔ لئے تیلنگانہ میں کافی موزوں واتاورن ھے ۔ سو سو استریاں ۔ن تین میل سے اپنے سر پر چرخے لے کر مجھسے ملنے ۔ی تھیں اور بڑی آسانی سے دو دو ڈھائی ڈھائی گھنٹے ۔تی تھیں ۔ ایک تار بھی نہیں ٹوٹتا تھا ۔ پھر بھی ۔اں کی سرکار اسکا وچار بھی نہیں کرتی ھے ۔ اِسکا کارن ۔نا ھی ھے کہ آپ لوگوں نے اپنی کچھ باتیں لاثبوت مان رکھی ۔ں ۔ اپنی اِن لاثبوت باتوں کو اب آپ چھوڑئیے ۔ آپ یہ ۔ول کیجئے کہ ھم سب کو کام دینگے ۔ پھر آپ دیکھیں گے ۔ گرام اُدیوگوں کے سوا راستہ ھی نہیں ھے ۔ آپ کہتے ۔ں کہ دیہات کے سب لوگوں کو کام دینے کی یوجنا ۔ود دیہاتیوں کو ھی کرنی چاھئے ۔ ھم تو ھر جگہ ۔ں بتلاتے آئے ھیں ۔ لیکن اگر آپ ھی بتلانے والے

आप ऐसी प्रतिज्ञा कीजिये और फिर चाहे जैसी प्लानिंग कर लीजिये, चाहे जैसी मशीनें लीजिये, मुझे एतराज़ नहीं है. पर आप उलटे कहते हैं कि सब को काम देना मुमकिन नहीं है. सारे राष्ट्र को काम देने की जिन पर ज़िम्मेदारी है, उन्हें अगर यह मुमकिन नहीं मालूम होता, तो उन्हें इस्तीफ़ा दे देना चाहिये !

2. शराब ख़ोरी

अभी मैं सारे तेलंगाना में घूमकर आया हूँ. अहिंसा में मेरा विश्वास है, इसलिये मैं अपना काम करता रहा. लेकिन वैसा न होता तो मैं कम्युनिस्टों में दाखिल हुआ दिखाई देता, ऐसी वहां की हालत है. इन पांच-पचास या सौ बरसों में लोग वहां बराबर शराब पीते आए हैं. राष्ट्र के राष्ट्र ऊपर उठे, लेकिन उनमें कहीं जाग्रति नहीं. लेकिन इस बात की प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट में कहीं चर्चा नहीं है. इस बात की तरफ़ उनका कहीं ध्यान नहीं गया है. तेलंगाना के देहात का जीवन मैं देखकर आया हूँ. जिस तरह आश्रम में शाम को प्रार्थना होती हुई दिखाई देती है, उसी तरह वहां रोज़ झगड़े होते हुए दिखाई देंगे. मैंने ख़ुद लोगों को इस तरह लड़ते हुए देखा है. उनका जीवन कैसे सुधर सकेगा, इसकी फ़िक्र इस कमीशन को बिलकुल नहीं है.

3. आबादी पर रोक

परिवार बढ़ने के बारे आप कहते हैं—बाल-बच्चे कम पैदा कीजिये. मैं कहता हूँ—आप हमारे सेवक हैं या गुरु ? आपका काम हमें खिलाने का है. हिन्दुस्तान में प्रजा ज़ियादा है, ऐसा मैं नहीं मानता. क्या आपका पैदायश-कन्ट्रोल के सम्बन्ध में अनुभव है ? प्रजा अधिक क्यों बढ़ती है, इस पर क्या आपने कभी विचार किया है ? सिंह के औलाद कम होती है, बकरी के ज़ियादा होती है. आपके इस 'औलाद रोको' प्रचार से बच्चे किसके कम होंगे ? देहात में बच्चे कम होने की ज़रूरत है. और आज तो देहात में ही किसान के बच्चे ज़ियादा होते हैं. गिरी हुई समाजी हालत की बदौलत यह सब हो रहा है. उसका इलाज औलाद-कन्ट्रोल नहीं है, बल्कि जीवन को ठीक दिशा में मोड़ना है. मैं सन्तान बढ़ने देने वाला हूँ, लेकिन साथ साथ यह भी कहने वाला हूं कि जीवन की रीति ही ऐसी हो, जिससे सन्तान अपने आप ही कम हो और अच्छी हो. सन्तान अच्छी होने के लिये जिन बातों की ज़रूरत होती है, उन्हीं बातोंकी ज़रूरत सन्तान कम होने के लिये होती है. यह सवाल औलाद-कन्ट्रोल का नहीं है, बल्कि जीवन बदलने का और उसके मुताबिक़ हालात पैदा करने का है.

آپ ایسی پرتگیا کیجئے اور پھر چاہے جیسی پلاننگ کرلیجئے' چاہے جیسی مشینیں لیجئے' مجھے اعتراض نہیں ہے. پر آپ اُلٹے کہتے ہیں کہ سب کو کام دینا ممکن نہیں ہے . سارے راشٹر کو کام دینے کی جن پر ذمےداری ہے' اُنہیں اگر یہ ممکن نہیں معلوم ہوتا' تو اُنہیں استعفیٰ دے دینا چاہئے !

2. شراب خوری

ابھی میں سارے تیلنگانہ میں گھوم کر آیا ہوں . اہنسا میں میرا وشواس ہے' اِس لئے میں اپنا کام کرتا رہا . لیکن ویسا نہ ہوتا تو میں کمیونسٹوں میں داخل ہوا دکھائی دیتا' ایسی وہاں کی حالت ہے. اِن پانچ' پچاس یا سو برسوں میں لوگ وہاں برابر شراب پیتے آئے ہیں. راشٹر کے راشٹر اوپر اُٹھے' لیکن اُن میں کہیں جاگرتی نہیں. لیکن اِس بات کی پلاننگ کمیشن کی رپورٹ میں کہیں چرچا نہیں ہے . اِس بات کی طرف اُن کا کہیں دھیان نہیں گیا ہے . تیلنگانہ کے دیہات کا جیون میں دیکھکر آیا ہوں. جس طرح آشرم میں شام کو پرارتھنا ہوتی ہوئی دکھائی دیتی ہے' اُسی طرح وہاں روز جھگڑے ہوتے ہوئے دکھائی دینگے . میں نے خود لوگوں کو اِس طرح لڑتے ہوئے دیکھا ہے . اُن کا جیون کیسے سدھر سکے گا' اِس کی فکر اِس کمیشن کو بالکل نہیں ہے .

3. آبادی پر روک

پریوار بڑھنے کے بارے میں آپ کہتے ہیں — بال بچے کم پیدا کیجئے . میں کہتا ہوں — آپ ہمارے سیوک ہیں یا گرو ؟ آپ کا کام ہمیں کھلانے کا ہے . ہندستان میں پرجا زیادہ ہے' ایسا میں نہیں مانتا . کیا آپ کا پیدایش کنٹرول کے سمبندھ میں انوبھو ہے ؟ پرجا ادھک کیوں بڑھتی ہے' اِس پر کیا آپ نے کبھی وچار کیا ہے ؟ سنگھ کے اولاد کم ہوتی ہے' بکری کے زیادہ ہوتی ہے . آپ کے اِس 'اولاد روکو' پرچار سے بچے کس کے کم ہونگے ؟ دیہات میں بچے کم ہونے کی ضرورت ہے . اور آج دیہات میں ہی کسان کے بچے زیادہ ہوتے ہیں . گری ہوئی سماجی حالت کی بدولت یہ سب ہو رہا ہے . اُس کا علاج اولاد کنٹرول نہیں ہے' بلکہ جیون کو ٹھیک دشا میں موڑنا ہے . میں سنتان بڑھنے دینے والا ہوں' لیکن ساتھ ساتھ یہ بھی کہنے والا ہوں کہ جیون کی ریت ہی ایسی ہو' جس سے سنتان اپنے آپ ہی کم ہو اور اچھی ہو . سنتان اچھی ہونے کے لئے جن باتوں کی ضرورت ہوتی ہے' اُنہیں باتوں کی ضرورت سنتان کم ہونے کے لئے ہوتی ہے . یہ سوال اولاد کنٹرول کا نہیں ہے' بلکہ جیون بدلنے کا اور اُسکے مطابق حالات پیدا کرنے کا ہے .

ताल्लुक़ क़ायम करने के लिये उसकी सच्ची खिदमत की जाये जिसकी खातिर एक नई फ़ौज—जो पुराने आना चाहें उन्हें मुबारक—खड़ी की जाय. हम रह रह कर सोचते हैं कि जवाहर लाल जी इस नेक काम में देरी क्यों कर रहे हैं और देश का दुखड़ा क्यों नहीं दूर करते जब कि वह सहज में दूर कर सकते हैं.

—सुरेश रामभाई

تعلق قائم کرنے کے لئے اُس کی سچی خدمت کی جائے جس کی خاطر ایک نئی فوج— جو پرانے آنا چاہیں اُنہیں مبارک— کھڑی کی جائے. ہم رہ رہ کر سوچتے ہیں کہ جواہر لال جی اس نیک کام میں دیری کیوں کر رہے ہیں اور دیش کا دکھڑا کیوں نہیں دور کرتے جب کہ وہ سہج میں دور کر سکتے ہیں .

— سریش رام بھائی

'सर्वोदय' से

हिन्द सरकार का पंच साला प्लान

[प्लानिंग कमीशन के एक मेम्बर भाई राम कृश्न पाटिल, 10 अगस्त 1951 को आचार्य विनोबा जी के आश्रम पौनार में हिन्द सरकार के पंच साला प्लान पर उनकी राय जानने के लिये आए थे. विनोबा जी ने दर्दभरे लहजे में जो अपनी राय जाहिर की वह सितम्बर के 'सर्वोदय' में छपी है. उसका एक हिस्सा हम नीचे दे रहे हैं.—एडीटर]

1. सब को काम

आपकी सारी योजना में यह बात नहीं है कि हर एक को काम और खाना मिलेगा ही. भारत के विधान में आपने यह उसूल मान लिया है, फिर भी आपकी योजना में वह प्रतिज्ञा नहीं है. घर का मालिक हमेशा यह मानता है कि सारे कुनबे को खाना और काम अभी इसी वक़्त मिलना चाहिये. उसी तरह से सारे समाज का विचार करने के लिये सरकार की ज़रूरत होती है. यह उसूल मान कर जब आप योजना बनायेंगे तो सारी दृष्टि ही बदल जायेगी. इस दृष्टि से हमें क्या करना मुमकिन है, इसका विचार करना चाहिये. लेकिन इस दृष्टि से विचार नहीं किया जाता. उन्हें फ़ौज चाहिये, बड़े पैमाने पर उद्योग चाहिये. यह सब मानकर ही यह योजना बनाई गई है, और फिर कहते हैं कि सब को काम देना मुमकिन नहीं है. मैं कहता हूँ कि मैं पहले सब को काम और अनाज दूंगा, सारी योजना इस दृष्टि से तैयार करूंगा.

सब को काम देने के बारे में आपको ऐसी प्रतिज्ञा करनी चाहिये कि फ़लाँ तारीख़ से हम सब को काम देंगे.

'سروودے' سے

ھند سرکار کا پنچ سالہ پلان

[پلاننگ کمیشن کے ایک ممبر بھائی رام کرشن پاٹل' 10 اگست 1951 کو آچاریہ ونوبا جی کے آشرم پونار میں ھند سرکار کے پنچ سالہ پلان پر اُن کی رائے جاننے کے لئے آئے تھے . ونوبا جی نے درد بھرے لہجے میں جو اپنی رائے ظاہر کی وہ ستمبر کے ' سروودے ' میں چھپی ہے . اُسکا ایک حصہ ہم نیچے دے رہے ہیں . — اڈیٹر]

1. سب کو کام

آپ کی ساری یوجنا میں یہ بات نہیں ہے کہ ہر ایک کو کام اور کھانا ملے گا ہی . بھارت کے ودھان میں آپ نے یہ اصول مان لیا ہے' پھر بھی آپ کی یوجنا میں وہ پرتگیا نہیں ہے . گھر کا مالک ہمیشہ یہ مانتا ہے کہ سارے کنبے کو کھانا اور کام ابھی اِسی وقت ملنا چاہئے . اُسی طرح سے سارے سماج کا وچار کرنے کے لئے سرکار کی ضرورت ہوتی ہے . یہ اصول مان کر جب آپ یوجنا بنائیں گے تو ساری درشٹی ہی بدل جائیگی . اِس درشٹی سے ہمیں کیا کرنا ممکن ہے' اس کا وچار کرنا چاہئے . لیکن اِس درشٹی سے وچار نہیں کیا جاتا . اُنہیں فوج چاہئے' بڑے پیمانے پر اُدیوگ چاہئے . یہ سب مان کر ہی یہ یوجنا بنائی گئی ہے' اور پھر کہتے ہیں کہ سب کو کام دینا ممکن نہیں ہے . میں کہتا ہوں کہ میں پہلے سب کو کام اور اناج دوں گا' ساری یوجنا اُس درشٹی سے تیار کرونگا .

سب کو کام دینے کے بارے میں آپ کو ایسی پرتگیا کرنی چاہئے کہ فلاں تاریخ سے ہم سب کو کام دینگے .

लेते हैं तो दूसरी जीतें तो होती ही जायेंगी. लेकिन असली जीतें तभी होंगी—जैसा कि पहले होती रही हैं—जब हम अपनी अक़्ल और जी-जान उस चीज़ के लिये खपा दें जो किसी क़द्र के लायक़ है और हम से बुलन्दी पर है."

इस ख़याल की हम हर तरह से ताईद करते हैं लेकिन देखना यह है कि कांगरेस इस 'असली जीत' के लिये क्या क़दम और किस तरह उठाती है.

सद्र के एड्रेस के बाद ठहराव शुरू हुए. दो ठहराव सब-जेक्ट कमेटी में जैसा हुआ था सद्र की तरफ़ से पेश किये गए. फिर विदेशी नीति और फ़िरक़े बन्दी वाले ठहराव आला स्पीचों के साथ रखे गये. दूसरे दिन 19 तारीख़ की शाम को आर्थिक प्रोग्राम वाला ठहराव आया जिस पर कुछ चर्चा चली. लेकिन सबजेक्ट कमेटी की इस ठहराव वाली चर्चा के मुक़ाबले यह चर्चा बेजान और कम पुरजोश मालूम होती थी. चर्चा का जवाब तो हुक्कामी लहजे में ही दिया गया. इसके बाद इजलास को ख़त्म करते हुए पंडित जवाहर लाल की तक़रीर हुई और फिर ज़ाब्ते के शुक्रिये मार्फ़ा के बाद क़ौमी गीत के साथ कांगरेस के 57 वें जलसे की कारवाई ख़त्म हुई.

दिल्ली कांगरेस के दूल्हा जवाहर लाल जी थे, उसके सब कुछ वही थे. सारा जलसा उनके चारों तरफ़ मानो नाच रहा था. कांगरेस के नुमायन्दों की निगाह जवाहर लाल जी पर थी और जवाहर लाल जी की निगाह नुमायन्दों पर. ज़्यादातर नुमायन्दों के हावभाव ऐसे थे मानो जवाहर लाल जी से पूछते हों, "पंडित जी! टिकट हमें दीजियेगा या नहीं?" और पंडित जी का जवाब था, "यह सब क्या वाहियात है? मुल्क में जात पात या भेद भाव फैलाने और तबाही मचाने वाली ताक़तों के ख़िलाफ़ कमर कस कर आप तैयार हैं या नहीं?"

दिल्ली कांगरेस में हमें महसूस हुआ कि आज हिन्दुस्तान की जनता और उसके सिर-मौर जवाहर लाल के बीच में नेताओं की बड़ी दीवार खड़ी हुई है. यह नेता वह हैं जिन्होंने बड़ी हिम्मत और बहादुरी से अंगरेज़ी साम्राज का मुक़ाबला करके उसे चारों ख़ाने चित गिरा दिया. लेकिन इस लड़ाई में ख़ुद भी दम दे गए और अब आराम के अलावा कोई दूसरा काम इनके बूते का नहीं है. अपने जवाहर लाल की बात उन्हें प्यारी ज़रूर लगती है लेकिन वह उस पर अमल करने से मजबूर हैं और इस बुरी तरह मजबूर हैं कि जहां हैं वहां से हटने को भी जी नहीं चाहता, आगे बढ़ने की कौन कहे. शायद इसी वजह से महात्मा गांधी ने वसीयत की थी कि वह नेता बने रहें लेकिन इनका संगठन तोड़ दिया जाय और जनता के साथ सच्चा

لیتے ہیں تو دوسری جیتیں تو ہو ہی جائیں گی . لیکن اصلی جیتیں تبھی ہونگی—جیسا کہ پہلے ہوتی رہی ہیں—جب ہم اپنی عقل اور جی جان اُس چیز کے لئے کھپادیں جو کسی قدر کے لائق ہے اور ہم سے بلندی پر ہے."

اِس خیال کی ہم ہر طرح سے تائید کرتے ہیں لیکن دیکھنا یہ ہے کہ کانگریس اِس 'اصلی جیت' کے لئے کیا قدم اور کس طرح اُٹھاتی ہے .

صدر کے ایڈریس کے بعد ٹھہراؤ شروع ہوئے . دو ٹھہراؤ سبجیکٹ کمیٹی میں جیسا ہوا تھا صدر کی طرف سے پیش کئے گئے . پھر بدیشی نیتی اور فرقے بندی والے ٹھہراؤ اعلیٰ اِسپیچوں کے ساتھ رکھے گئے . دوسرے دن 19 تاریخ کی شام کو آرتھک پروگرام والا ٹھہراؤ آیا جس پر کچھ چرچا چلی . لیکن سبجیکٹ کمیٹی کی اِس ٹھہراؤ والی چرچا کے مقابلے یہ چرچا بے جان اور کم پرجوش معلوم ہوتی تھی . چرچا کا جواب تو حکامی لہجے میں ہی دیا گیا . اس کے بعد اجلاس کو ختم کرتے ہوئے پنڈت جواہر لال کی تقریر ہوئی اور پھر ضابطے کے شکریے معافی کے بعد قومی گیت کے ساتھ کانگریس کے 57 ویں جلسے کی کاروائی ختم ہوئی .

دلی کانگریس کے دولہا جواہر لال جی تھے' اس کے سب کچھ وہی تھے . سارا جلسہ اُن کے چاروں طرف مانو ناچ رہا تھا . کانگریس کے نمائندوں کی نگاہ جواہر لال جی پر تھی اور جواہر لال جی کی نگاہ نمائندوں پر . زیادہ تر نمائندوں کے ہاؤ بھاؤ ایسے تھے مانو جواہر لال جی سے پوچھتے ہوں' " پنڈت جی! ٹکٹ ہمیں دیجئے گا یا نہیں؟" اور پنڈت جی کا جواب تھا' " یہ سب کیا واہیات ہے؟ ملک میں جات پات یا بھید بھاؤ پھیلانے اور تباہی مچانے والی طاقتوں کے خلاف کمر کس کر آپ تیار ہیں یا نہیں؟"

دلی کانگریس میں ہمیں محسوس ہوا کہ آج ہندستان کی جنتا اور اُس کے سر مور جواہر لال کے بیچ میں نیتاؤں کی بڑی دیوار کھڑی ہوئی ہے . یہ نیتا وہ ہیں جنھوں نے بڑی ہمت اور بہادری سے انگریزی سامراج کا مقابلہ کر کے اُسے چاروں خانے چت گرا دیا . لیکن اِس لڑائی میں خود بھی دم دے گئے اور اب آرام کے علاوہ کوئی دوسرا کام اِن کے بوتے کا نہیں ہے . اپنے جواہر لال کی بات اُنھیں پیاری ضرور لگتی ہے لیکن وہ اُس پر عمل کرنے سے مجبور ہیں اور اس بری طرح مجبور ہیں کہ جہاں ہیں وہاں سے ہٹنے کو بھی جی نہیں چاہتا' آگے بڑھنے کی کون کہے . شاید اِسی وجہ سے مہاتما گاندھی نے وصیت کی تھی کہ یہ نیتا بنے رہیں لیکن اِن کا سنگٹھن توڑ دیا جائے اور جنتا کے ساتھ سچا

गिराना-हराना जरूर चाहते हैं जिनके हम खिलाफ हैं जैसे फिरका बन्दी वग़ैरा.

छपे हुए एड्रेस के बारे में तो कहना ही क्या ? पंडित जवाहर लाल की गिनती दुनिया के अच्छे से अच्छे लिखने वालों में है. उन्होंने इसमें कहा है कि हम यहां पर असलियत का सामना करने और आगे का प्रोग्राम तय करने के लिये जमा हुए हैं. हमने जो हिन्दुस्तान की सेवा की वह महज़ इस वजह से नहीं की कि यहां हम पैदा हुए बल्कि इस वजह से की कि हमने सोचा कि हमारा हिन्दुस्तान कुछ उसूलों और मक़सदों का नुमायन्दा है, और अलमबरदार है इन्सान की माद्दी और रूहानी तरक़्क़ी का और इन्सानी समाज की एकता का. दुनिया की कश्मकश पर रोशनी डालते हुए उन्होंने बताया कि आज बहुत काफी बुराई फैली हुई है जिसका हमें मुक़ाबला करना है लेकिन इसका मुक़ाबला उन्हीं तरीक़ों से नहीं करना चाहिये जो खुद बुराई से लबालब हैं और न नफ़रत या हिंसा से यह काम कामयाबी के साथ किया जा सकता है.

लेकिन अपने देश के सवालों पर उन्होंने जो विचार ज़ाहिर किये हैं वह एक प्रधान मंत्री के हैं न कि लोक नेता के. मसलन ज़मीन के बारे में उन्होंने जो कहा वह एक गोलमोल बात है जिससे न ज़मींदार को शिकायत होगी न किसी हाकिम को, लेकिन किसान को कोई संतोश न होगा. इसी तरह ख़ुराक के मामले में स्वावलम्बन को ज़रूरी बताया है मगर अब तक यह क्यों न हो सका और क्यों करोड़ों मन अनाज बाहर से मंगा कर मुल्क बेच दिया जा रहा है इसका कोई जवाब नहीं दिया. इसके अलावा प्लानिंग की दुहाई देते हुए प्लानिंग कमीशन के कारनामे की तारीफ़ की है और कहा कि "कुछ लोगों की राय जो भी हो, मेरा ख़याल है कि आगे चलकर सोच-विचार या प्लानिंग ज्यादातर इसी पंचसाला योजना के आधार पर किया जायेगा." कहने की ज़रूरत नहीं कि जैसे यह प्लान बन गया वैसे काग़ज़ी प्लान हमेशा बनते रहेंगे लेकिन मुल्क के अन्दर उदर के ऊपर सफ़ेदी बराबर भी फ़र्क़ नहीं हुआ क्योंकि प्लान बनाने वाले यानी हुक्काम लोग और उनके साझीदार या जी हुज़ूरी करने वाले एक दुनिया में रहते हैं और मासूम दीन दुखी जनता दूसरी दुनिया में. दोनों के बीच की जो खाई है वह दिन दिन चौड़ी ही होती जा रही है.

फ़िरक़े बन्दी के हर ख़याल को—जो जाने अनजाने हमारे अन्दर घर कर लेते हैं—उन्होंने जड़ से उखाड़ फेंकने की अपील की, और आख़िर में कहा है—

"एक चुनाव जीतने या हारने को ज्यादा महत्व हमें नहीं देना चाहिये. अगर हम अपने अन्दर की लड़ाई जीत

گرانا ہرانا ضرور چاہتے ہیں جن کے ہم خلاف ہیں جیسے فرقہ‌بندی وغیرہ .

چھپے ہوئے ایڈریس کے بارے میں تو کہنا ہی کیا ؟ پنڈت جواہر لال کی گنتی دنیا کے اچھے سے اچھے لکھنے والوں میں ہے . انہوں نے اِس میں کہا ہے کہ ہم یہاں پر اصلیت کا سامنا کرنے اور آگے کا پروگرام طے کرنے کے لئے جمع ہوئے ہیں . ہم نے جو ہندستان کی سیوا کی وہ محض اِس وجہ سے نہیں کی کہ یہاں ہم پیدا ہوئے بلکہ اس وجہ سے کی کہ ہم نے سوچا کہ ہمارا ہندستان کچھ اصولوں اور مقصدوں کا نمائندہ ہے اور علمبردار ہے انسان کی مادی اور روحانی ترقی کا اور انسانی سماج کی ایکتا کا . دنیا کی کشمکش پر روشنی ڈالتے ہوئے انہوں نے بتایا کہ آج بہت کافی برائی پھیلی ہوئی ہے جس کا ہمیں مقابلہ کرنا ہے لیکن اِسکا مقابلہ انہیں طریقوں سے نہیں کرنا چاہئے جو خود برائی سے لبالب ہیں اور نہ نفرت یا ہنسا سے یہ کام کامیابی کے ساتھ کیا جاسکتا ہے .

لیکن اپنے دیش کے سوالوں پر انہوں نے جو وچار ظاہر کئے ہیں وہ ایک پردھان منتری کے ہیں نہ کہ لوک نیتا کے . مثلاً زمین کے بارے میں انہوں جو کہا وہ ایک گول مول بات ہے جس سے نہ زمیندار کو شکایت ہوگی نہ کسی حاکم کو لیکن کسان کو کوئی سنتوش نہ ہوگا . اِسی طرح خوراک کے معاملے میں سواولمبن کو ضروری بتایا ہے مگر اب تک یہ کیوں نہ ہوسکا اور کیوں کروڑوں من اناج باہر سے منگا کرملک بیچ دیا جا رہا ہے اس کا کوئی جواب نہیں دیا . اس کے علاوہ پلاننگ کی دہائی دیتے ہوئے پلاننگ کمیشن کے کارنامے کی تعریف کی ہے اور کہا ہے کہ " کچھ لوگوں کی رائے جو بھی ہو، میرا خیال ہے کہ آگے چل کر سوچ وچار یا پلاننگ زیادہ تر اِسی پنچ سالہ یوجنا کے آدھار پر کیا جائیگا ." کہنے کی ضرورت نہیں کہ جیسے یہ پلان بن گیا ویسے کاغذی پلان ہمیشہ بنتے رہیں گے لیکن ملک کے اندر اُدر کے اوپر سفیدی برابر بھی فرق نہیں ہوا کیونکہ پلان بنانے والے یعنی حکام لوگ اور اُن کے ساجھی‌دار یا جی حضوری کرنے والے ایک دنیا میں رہتے ہیں اور معصوم دین دکھی جنتا دوسری دنیا میں . دونوں کے بیچ کی جو کھائی ہے وہ دن دن چوڑی ہی ہوتی جا رہی ہے .

فرقے بندی کے ہر خیال کو — جو جانے انجانے ہمارے اندر گھر کر لیتے ہیں — انہوں نے جڑ سے اکھاڑ پھینکنے کی اپیل کی، اور آخر میں کہا ہے —

"ایک چناؤ جیتنے یا ہارنے کو زیادہ مہتو ہمیں نہیں دینا چاہئے . اگر ہم اپنے اندر کی لڑائی جیت

में 'कुछ' की जगह 'बहुत' लफ़्ज़ कह दिया), किसी भी प्रोग्राम का, जैसे बीमे का ही सही, राष्ट्रीकरन नहीं किया गया है. दूसरे भाई ने कहा कि ज़मीन के बारे में हमें इस ठहराव में साफ़ साफ़ कहना चाहिये कि वह हवा पानी की तरह सबकी है, ग़रीबों को उसे दे देना चाहिये और इस सिलसिले में आचार्य विनोबा भावे जो क़दम उठा रहे हैं उनकी हम ताईद करते हैं. इसी तरह से एक भाई ने कहा कि हमारे यहां की जो टैक्स सम्बन्धी नीति है उसे हमें 'जांचना' ही नहीं 'बदलना' चाहिये. मगर ऐसा लगता था कि ठहराव वाले लोग कांगरेस प्लेट फ़ार्म से नहीं हकूमत-हिन्द के मंच से बोल रहे थे जो—जैसा हर हकूमत का ढंग होता है—एक चिकने घड़े की तरह है और जो रत्ती भर टस-से-मस नहीं होना चाहती. इस बहस का जवाब वर्किंग कमेटी के नए मेम्बर ने जो दिल्ली केबिनट के नए मिनिस्टर हैं दिया वह अजीब-ग़रीब था. उन्होंने कहा कि बीमे का राष्ट्रीकरन हमें मंजूर है मगर आदमी कहां, ज़मीन पर सब का हक़ हमें मंजूर है मगर जिनके पास है उनसे लेकर बांटें कैसे, और दूसरी तरमीमें मंजूर तो हैं मगर उन पर अमल अभी मुशकिल है. हमें महसूस हुआ कि आर्थिक प्रोग्राम पर कोई ठहराव कांगरेस के लिये पास करना नामुमकिन है क्योंकि वह इस दायरे में कुछ नहीं कर सकती. अगर कर सकती है तो सिर्फ़ हकूमत की जी-हुज़ूरी और इसलिये अगर नाम के वास्ते करना ही था तो यह ठहराव पास कर देती—

'कांगरेस हकूमते-हिन्द के आर्थिक प्रोग्राम की पूरी तरह ताईद करती है और जनता से अपील करती है कि वह दिन दूने रात चौगुने सरकार के इशारे पर चलती ही रहे.'

खुला इजलास एक दम खुले में हुआ क्योंकि 17 तारीख़ की शाम को सबजेक्ट कमेटी वाला पंडाल बिजली की फ़िटिंग की ख़राबी से जल गया था. जिस फुर्ती से स्वागत समिति ने खुले इजलास का इन्तज़ाम किया वह वाक़ई बधाई की चीज़ है. लेकिन धूप की वजह से यह इजलास शाम को साढ़े पांच बजे ही शुरू किया जा सका. पहले दिन सदर कांगरेस पंडित जवाहर लाल नेहरू का एड्रेस हुआ. लेकिन जवाहर लाल जी ने जो एड्रेस पहले से लिख रखा था और जो छप कर तक़सीम भी हो गया था उसके बजाय उन्होंने एक नया एड्रेस दिया. अपनी स्पीच में उन्होंने मौजूदा हालात पर रोशनी डालते हुए कांगरेस वालों से अपील की कि ज़माने की नई रफ़्तार को देख कर काम करें. उन्होंने कहा कि हमें लड़ने में लुत्फ़ आता है और इसलिये हम चुनाव लड़ेंगे, हमें इस बात की परवाह नहीं कि हम जीतते हैं या हारते हैं. लेकिन हम उन चीज़ों को

ے "کچھ" کی جگہ "بہت" لفظ کہہ دیا)، کسی بھی پروگرام کا جیسے بیمے کا ہی سہی، راشٹری کرن نہیں کیا گیا ہے . دوسرے بھائی نے کہا کہ زمین کے بارے میں ہمیں اِس ٹھہراؤ میں صاف صاف کہنا چاہئیے کہ وہ ہوا پانی کی طرح سب کی ہے' غریبوں کو اُسے دے دینا چاہئیے اور اِس سلسلے میں آچاریہ ونوبا بھاوے جو قدم اُٹھا رہے ہیں اُن کی ہم تائید کرتے ہیں . اِسی طرح سے ایک بھائی نے کہا کہ ہمارے یہاں کی جو ٹیکس سمبندھی نیتی ہے اُسے ہمیں 'جانچنا' ہی نہیں 'بدلنا' چاہئیے مگر ایسا لگتا تھا کہ ٹھہراؤ والے لوگ کانگریس پلیٹ فارم سے نہیں حکومت ہند کے منچ سے بول رہے تھے جو — جیسا ہر حکومت کا ڈھنگ ہوتا ہے — ایک چکنے گھڑے کی طرح ہے اور جو رتی بھر ٹس سے مس نہیں ہونا چاہتی . اِس بحث کا جواب ورکنگ کمیٹی کے نئے ممبر نے جو دلی کیبنٹ کے نئے منسٹر ہیں دیا وہ عجیب غریب تھا . اُنہوں نے کہا کہ بیمے کا راشٹری کرن ہمیں منظور ہے مگر آدمی کہاں' زمین پر سب کا حق ہمیں منظور ہے مگر جن کے پاس ہے اُن سے لیکر بانٹیں کیسے' اور دوسری ترمیمیں منظور تو ہیں مگر اُن پر عمل ابھی مشکل ہے. ہمیں محسوس ہوا کہ آرتھک پروگرام پر کوئی ٹھہراؤ کانگریس کے لئے پاس کرنا ناممکن ہے کیونکہ وہ اِس دائرے میں کچھ نہیں کر سکتی . اگر کرسکتی ہے تو صرف حکومت کی جی حضوری اور اِس لئے اگر نام کے واسطے کرنا ہی تھا تو یہ ٹھہراؤ پاس کردیتی—

'کانگریس حکومت ہند کے آرتھک پروگرام کی پوری طرح تائید کرتی ہے اور جنتا سے اپیل کرتی ہے کہ وہ دن دونے رات چوگنے سرکار کے اِشارے پر چلتی ہی رہے .'

کھلا اجلاس ایک دم کھلے میں ہوا کیونکہ 17 تاریخ کی شام کو سبجیکٹ کمیٹی والا پنڈال بجلی کی فٹنگ کی خرابی سے جل گیا تھا . جس پھرتی سے سواگت سمیتی نے کھلے اجلاس کا انتظام کیا وہ واقعی بدھائی کی چیز ہے . لیکن دھوپ کی وجہ سے یہ اجلاس شام کو ساڑھے پانچ بجے ہی شروع کیا جاسکا . پہلے دن صدر کانگریس پنڈت جواہر لال نہرو کا ایڈریس ہوا . لیکن جواہر لال جی نے جو ایڈریس پہلے سے لکھ رکھا تھا اور جو چھپ کر تقسیم بھی ہو گیا تھا اُس کے بجائے انہوں نے ایک نیا ایڈریس دیا . اپنی اسپیچ میں انہوں نے موجودہ حالات پر روشنی ڈالتے ہوئے کانگریس والوں سے اپیل کی کہ زمانے کی نئی رفتار کو دیکھکر کام کریں . اُنہوں نے کہا کہ ہمیں لڑنے میں لطف آتا ہے اور اِس لئے ہم چناؤ لڑیں گے' ہمیں اِس بات کی پرواہ نہیں کہ ہم جیتتے ہیں یا ہارتے ہیں . لیکن ہم اُن چیزوں کو

'अपनी जगह पक्की या मजबूत कर लें. यही वजह है कि [स]बजेक्ट कमेटी की बहसें फीकी और बेजान थीं. सदर की [तर]फ़ से दो ठहराव होने के बाद—पिछले बरस में गुज़रे हुए [क]ांगरेस के सेवकों पर शोक और कांगरेस विधान में तब-[दी]ली के लिये कुल हिन्द कांगरेस कमेटी को अख़्तियार—[ती]न ठहराव पेश किये गये—विदेशी नीति पर, फ़िरक़ेबन्दी [प]र (यह दोनों 17 तरीख़ को) और आर्थिक प्रोग्राम [प]र जो 18 तारीख़ को पेश हुआ. जहां तक विदेशी नीति [वा]ले ठहराव की बात है उसमें हकूमत-हिन्द की नीति की [स]ोलह आने ताईद करते हुए कांगरेस ने यूनो में अपना [वि]श्वास ज़ाहिर किया और पाकिस्तान से वास्ता रखने वाले [म]ामलों का शान्ति से फ़ैसला करने की अपील की. फ़िरक़े-बन्दी वाले ठहराव में कांगरेस ने बताया कि धर्म या जात [प]ात या संस्कृति-तहज़ीब, किसी भी शकल में फ़िरक़ेबन्दी [उ]से मन्ज़ूर नहीं है और उसे वह मुल्क के लिये घातक [स]मझती है.

आर्थिक प्रोग्राम वाले ठहराव को पढ़कर हमें कुछ शरम [स]ी आती है. उससे साफ़ पता चलता है कि कांगरेस [त]ाक़तवर और दौलत मन्दों की जमात है न कि ग़रीबों और बेकसों की. इस ठहराव को जब हम पढ़ते हैं तो [ऐ]सा लगता है कि यह एक निराले दिमाग़ की पैदावार है. [इ]समें अलल-टप बातें, तुक या बेतुक रखदी गई हैं. [ख़]ास तौर से लचर बात ज़मीन के बारे में है. उसमें कहा गया है—

'हिन्दुस्तान की आर्थिक बुनियाद ज़मीन ही है. यहां के [ख]ेती तरीक़े का इस तरह से संगठन होना चाहिये ताकि जो [म]ेहनत करे उसे उसका फल मिल सके और ज़मीन का [उ]पयोग समाज के लिये एक दौलत के रूप में किया जाए...'

कहने को तो कुछ ज़रूर कहा है मगर ज़ाहिर है कि असली बात नहीं कही गई है—वह यह है कि ज़मीन उसी की समझी जाए जो उस पर ख़ुद मेहनत करे न कि उसकी जो कहता [कु]छ है और करता कुछ है. इसी तरह देहाती धंदों के बारे में कहा है कि 'उन्हें ऊंची से ऊंची तकनीकी लायक़ी के साथ किया जाना चाहिये.' शायद ठहराव लिखने वाले [के] दिमाग़ में जापान का ख़याल आ रहा था. इस ठहराव में एकाध बात जो सही है वह महज़ एक उपदेश के तौर पर है जिसका अमल से कोई वास्ता नहीं मालूम पड़ता. [ह]मारा यह ख़याल उस बहस को सुनकर और भी पक्का हो गया जो इस ठहराव के सिलसिले में हुई.

बहस के दौरान में एक भाई ने कहा कि सरकार ने जनता के हित में कुछ भी नहीं किया है (जिस पर सदर साहब ख़फ़ा हो गए और फिर उनके इसरार पर उन भाई

میں اپنی جگہ پکی یا مضبوط کر لیں. یہی وجہ ہے کہ سبجیکٹ کمیٹی کی بحثیں پھیکی اور بے جان تھیں. صدر کی طرف سے دو ٹھہراؤ ہونے کے بعد — پچھلے برس میں گذرے ہوئے کانگریس کے سیوکوں پر شوک اور کانگریس ودھان میں تبدیلی کے لئے کل ہند کانگریس کمیٹی کو اختیار — تین ٹھہراؤ پیش کئے گئے — ودیشی نیتی پر، فرقہ بندی پر (یہ دونوں 17 تاریخ کو) اور آرتھک پروگرام پر جو 18 تاریخ کو پیش ہوا. جہاں تک ودیشی نیتی والے ٹھہراؤ کی بات ہے اس میں حکومت ہند کی نیتی کی سولہ آنے تائید کرتے ہوئے کانگریس نے یونو میں اپنا وشواس ظاہر کیا اور پاکستان سے واسطہ رکھنے والے معاملوں کا شانتی سے فیصلہ کرنے کی اپیل کی. فرقہ بندی والے ٹھہراؤ میں کانگریس نے بتایا کہ دھرم یا جات پات یا سنسکرتی تہذیب، کسی بھی شکل میں فرقہ بندی اسے منظور نہیں ہے اور اسے وہ ملک کے لئے گھاتک سمجھتی ہے.

آرتھک پروگرام والے ٹھہراؤ کو پڑھکر ہمیں کچھ شرم سی آتی ہے. اس سے صاف پتہ چلتا ہے کہ کانگریس طاقتور اور دولت مندوں کی جماعت ہے نہ کہ غریبوں اور بے کسوں کی. اس ٹھہراؤ کو جب ہم پڑھتے ہیں تو ایسا لگتا ہے کہ یہ ایک نرالے دماغ کی پیداوار ہے. اس میں الل ٹپ باتیں، تک یا بے تک رکھدی گئی ہیں. خاص طور سے لچر بات زمین کے بارے میں ہے. اس میں کہا گیا ہے —

'ہندستان کی آرتھک بنیاد زمین ہی ہے. یہاں کے کھیتی طریقے کا اس طرح سے سنگھٹن ہونا چاہئے تاکہ جو محنت کرے اسے اس کا پھل مل سکے اور زمین کا اپیوگ سماج کے لئے ایک دولت کے روپ میں کیا جائے...'

کہنے کو تو کچھ ضرور کہا ہے مگر ظاہر ہے کہ اصلی بات نہیں کہی گئی ہے — وہ یہ ہے کہ زمین اسی کی سمجھی جائے جو اس پر خود محنت کرے نہ کہ اس کی جو کہتا کچھ ہے اور کرتا کچھ ہے. اسی طرح دیہاتی دھندوں کے بارے میں کہا ہے کہ 'انہیں اونچی سے اونچی تکنیکی لائقی کے ساتھ کیا جانا چاہئے.' شاید ٹھہراؤ لکھنے والے کے دماغ میں جاپان کا خیال آرہا تھا. اس ٹھہراؤ میں ایک آدھ بات جو صحیح ہے وہ محض ایک اپدیش کے طور پر ہے جس کا عمل سے کوئی واسطہ نہیں معلوم پڑتا. ہمارا یہ خیال اس بحث کو سنکر اور بھی پکا ہوگیا جو اس ٹھہراؤ کے سلسلے میں ہوئی.

بحث کے دوران میں ایک بھائی نے کہا کہ سرکار نے جنتا کے ہت میں کچھ بھی نہیں کیا ہے (جس پر صدر صاحب خفا ہوگئے اور پھر ان کے اصرار پر ان بھائی

चौड़ा साइनबोर्ड कोका-कोला जैसी नशीली चीज़ का था जो अब नई नई फ़ैशन में आ रही है. हमें नहीं मालूम कि इन इश्तिहारों से स्वागत कमेटी ने कितना पैसा कमा लिया या यह कांगरेस के नये अन्दाज़ का—जिसे पंडित जवाहर लाल नेहरू के लफ़्ज़ों में 'Approach' समझना चाहिये—नमूना थे.

कांगरेस वैसे तो 66 बरस की है लेकिन आज़ादी की लड़ाई के दौरान में कई बार इजलास न हो सकने की वजह से यह 57 वां इजलास ही था. इसके करने का फ़ैसला पिछले सितम्बर के महीने में ही किया गया था जब कुल हिन्द कांगरेस कमेटी की एक बैठक में पंडित जवाहर लाल नेहरू कांगरेस के सदर चुने गए. हमें वह दुख भरी कहानी सुनाने की ज़रूरत नहीं कि क्यों पंडित जवाहर लाल ने वर्किंग कमेटी से इस्तीफ़ा दिया, किस तरह पिछले सदर बाबू पुरुशोत्तम दास टंडन ने अपनी वर्किंग कमेटी को बदलने से इनकार किया और फिर किस तरह टंडन जी ने इस्तीफ़ा दिया. लेकिन यह ज़रूर कहेंगे कि कांगरेस वालों ने महसूस किया कि उसकी ख़स्ता हालत में जवाहर लाल के अलावा कोई दूसरा चारा उनके पास नहीं है और इसलिये वह यह जानना चाहते थे कि इस मौक़े पर पंडित जी का हमारे लिये क्या संदेश या हुक्म है.

कांगरेस इजलास का दस्तूर है कि शुरू में सबजेक्ट कमेटी की बैठक होती है जो वर्किंग कमेटी के तैयार शुदा ठहरावों पर ग़ौर बहस करके उन्हें खुले इजलास के लिये मुकम्मल बनाती है. सबजेक्ट कमेटी की यह बैठक 17,18 तारीख़ को सुबह के वक़्त हुई. 17 की सुबह जब बैठक शुरू हुई तो पिछली रात की दर्दभरी घटना—रावलपिंडी में एक पागल का पाकिस्तान के बड़े वज़ीर नवाबज़ादा लियाक़त अली ख़ां को मार देना—का असर सब के दिल पर था और ख़ास कर पंडित जवाहर लाल के दिल पर जो इधर कई महीनों से ऐसी फ़िरक़ेवाराना और जंगली ताक़तों के ख़िलाफ़ लड़ने का बीड़ा उठाए हुए हैं.

पंडित जवाहर लाल ने अपनी शुरू की स्पीच में ही दुनिया की बदलती हालत की चर्चा की, बताया कि इसमें हिन्दुस्तान क्या पार्ट खेल रहा है और इसके अन्दर कांगरेस का क्या फ़र्ज़ है. उन्होंने कहा कि कांगरेस के सामने हाल में होने वाले चुनाव ही सब कुछ नहीं हैं, वह महज़ उसके सौ कामों में से एक काम है, बाक़ी काम हैं जनता के बीच में जाना और उसके दिल में तरह तरह की सेवाओं से घर बनाना. लेकिन हमें यह तसलीम करना चाहिये कि सबजेक्ट कमेटी के मेम्बर भाई लोग कमेटी की कारवाई पर ध्यान न देकर अलग अलग गुटों में बैठकर आपस में मिसकौट कर रहे थे और चुनाव का भूत उन पर सवार था. शायद

چوڑا سائن بورڈ کوکا کولا جیسی نشیلی چیز کا تھا جو اب نئی نئی فیشن میں آرہی ہے . ہمیں نہیں معلوم کہ ان اشتہاروں سے سواگت کمیٹی نے کتنا پیسہ کما لیا یا یہ کانگریس کے نئے انداز کا—جسے پنڈت جواہر لال نہرو کے لفظوں میں 'Approach' سمجھنا چاہئے — نمونہ تھے.

کانگریس ویسے تو 66 برس کی ہے کہ لیکن آزادی کی لڑائی کے دوران میں کئی بار اجلاس نہ ہو سکنے کی وجہ سے یہ 57 واں اجلاس ہی تھا . اس کے کرنے کا فیصلہ پچھلے ستمبر کے مہینے میں ہی کیا گیا تھا جب کل ہند کانگریس کمیٹی کی ایک بیٹھک میں پنڈت جواہر لال نہرو کانگریس کے صدر چنے گئے . ہمیں وہ دکھ بھری کہانی سنانے کی ضرورت نہیں کہ کیوں پنڈت جواہر لال نے ورکنگ کمیٹی سے استعفیٰ دیا' کسطرح پچھلے صدر بابو پرشوتم داس ٹنڈن نے اپنی ورکنگ کمیٹی کو بدلنے سے انکار کیا' اور پھر کسطرح ٹنڈن جی نے استعفیٰ دیا . لیکن یہ ضرور کہینگے کہ کانگریس والوں نے محسوس کیا کہ اسکی خستہ حالت میں جواہر لال کے علاوہ کوئی دوسرا چارہ اُن کے پاس نہیں ہے اور اسلئے وہ یہ جاننا چاہتے تھے کہ اِس موقعے پر پنڈت جی کا ہمارے لئے کیا سندیش یا حکم ہے .

کانگریس اجلاس کا دستور ہے' شروع میں سبجکٹ کمیٹی کی بیٹھک ہوتی ہے جو ورکنگ کمیٹی کے تیار شدہ ٹھہراوؤں پر غور بحث کر کے انہیں کھلے اجلاس کے لئے مکمل بناتی ہے . سبجکٹ کمیٹی کی یہ بیٹھک 17,18 تاریخ کو صبح کے وقت ہوئی . 17 کی صبح جب بیٹھک شروع ہوئی تو پچھلی رات کی درد بھری گھٹنا — راولپنڈی میں ایک پاگل کا پاکستان کے بڑے وزیر نواب زادہ لیاقت علی خاں کو مار دینا — کا اثر سب کے دل پر تھا اور خاص کر پنڈت جواہر لال کے دل پر جو اِدھر کئی مہینوں سے ایسی فرقے وارانہ اور جنگلی طاقتوں کے خلاف لڑنے کا بیڑا اُٹھائے ہوئے ہیں .

پنڈت جواہر لال نے اپنی شروع کی اسپیچ میں ہی دنیا کی بدلتی حالت کی چرچا کی' بتایا کہ اِس میں ہندستان کیا پارٹ کھیل رہا ہے اور اِس کے اندر کانگریس کا کیا فرض ہے . اُنہوں نے کہا کہ کانگریس کے سامنے حال میں ہونے والے چناؤ ہی سب کچھ نہیں ہیں' وہ محض اُس کے سو کاموں میں سے ایک کام ہے' باقی کام ہیں جنتا کے بیچ میں جانا اور اُس کے دل میں طرح طرح کی سیواؤں سے گھر بنانا . لیکن ہمیں یہ تسلیم کرنا چاہئے کہ سبجکٹ کمیٹی کے ممبر بھائی لوگ کمیٹی کی کارروائی پر دھیان نہ دےکر الگ الگ گٹوں میں بیٹھکر آپس میں مسکوٹ کر رہے تھے اور چناؤ کا بھوت اُن پر سوار تھا . شاید

प्यारे ज़ाकिर, मैं अपना गिलास उठाता हूँ और अब ...ह गिलास मेरे बाएं हाथ में है और दाएं हाथ से अब मैं ...ख रहा हूँ.

तुम्हारा अपना ही

...खक—भ. वी. नन्द किशोर मेहरा

پیارے ذاکر، میں اپنا گلاس اُٹھاتا ہوں اور اب وہ گلاس میرے بائیں ہاتھ میں ہے اور داہنے ہاتھ سے اب میں لکھ رہا ہوں ۔

تمہارا اپنا ہی

لیکھک — ب . د نند کشور مہرا

दिल्ली कांगरेस

कांगरेस के दोस्त हों या मुख़ालिफ़, अकसर लोगों को ...िकायत है कि इस वक़्त जब कांगरेस के पास कोई नई ...ात कहने को नहीं थी तब इतना बड़ा जलसा करके लाखों ...पए बहाने की क्या ज़रूरत थी. लेकिन हमारा ख़याल है कि ...ांगरेस जब तक ज़िन्दा है तब तक उसे अपना सालाना ...जलास करने की परम्परा क़ायम रखनी चाहिये. मगर ...हमदाबाद में कुल हिन्द कांगरेस कमेटी की 29,30 जनवरी ...ाली बैठक में जो कांगरेस का नया विधान बना है उसमें ...ांगरेस इजलास और चुनाव हर दूसरे साल करने का तय ...ाया जो एक बदक़िस्मती का फ़ैसला है, ख़ास कर आज ...ल के ज़माने में जब दुनिया के हालात तेज़ी से बदल रहे ... हमें यक़ीन है कि अगर साल ब साल का तरीक़ा जारी ...हता तो न पंडित जवाहर लाल नेहरू को वर्किंग कमेटी ... इस्तीफ़ा देने की ज़रूरत पड़ती और न कांगरेस के अन्दर ...नी बेलुत्फ़ी पैदा होती जो पिछले दो महीनों में हुई. ...किन अगर हर इजलास के मौक़े पर कांगरेस के पास ... चीज़ ऐसी नहीं है जो वह मुल्क के आगे पेश करे तो ... कांगरेस के बुढ़ापे की अलामत है.

दिल्ली कांगरेस नई दिल्ली में बड़े वज़ीर के बंगले से ...न्द फ़रलांग की दूरी पर 17, 18,19 अक्तूबर को हुई— ...स जगह का नाम दिल्ली की एक बहादुर और जांनिसार ...ी के नाम पर सत्यवती नगर रखा गया था. वैसे इस ...गह पर विदेशी राज दूतों की बस्तियां बसने वाली हैं. ...खते ही जो इस कांगरेस की ख़ास बात मालूम पड़ती ... वह यह कि नुमायश नाम की चीज़ का इस मरतबा ...हीं पता ही नहीं है. इधर कई बरस से नुमायश कांगरेस ...लास का ख़ास हिस्सा समझी जाती थी. शायद समय ... कमी की वजह से स्वागत कमेटी उसका बन्दोबस्त नहीं ... सकी. लेकिन हमें यह देखकर हैरत हुई कि सत्यवती ...र में घुसते ही जो बड़े बड़े साइन-बोर्ड दिखते थे वह ...ल्ली के सिनेमाओं के इश्तिहार थे और एक बड़ा लम्बा

دلی کانگریس

کانگریس کے دوست ہوں یا مخالف، اکثر لوگوں کو شکایت ہے کہ اِس وقت جب کانگریس کے پاس کوئی نئی بات کہنے کو نہیں تھی تب اتنا بڑا جلسہ کرکے لاکھوں روپے بہانے کی کیا ضرورت تھی ۔ لیکن ہمارا خیال ہے کہ کانگریس جب تک زندہ ہے تب تک اُسے اپنا سالانہ اجلاس کرنے کی پرمپرا قائم رکھنی چاہئے ۔ مگر احمدآباد میں کل ہند کانگریس کمیٹی کی 29,30 جنوری والی بیٹھک میں جو کانگریس کا نیا ودھان بنا ہے اُس میں کانگریس اجلاس اور چناؤ ہر دوسرے سال کرنے کا طے پایا جو ایک بدقسمتی کا فیصلہ ہے، خاص کر آجکل کے زمانے میں جب دنیا کے حالات تیزی سے بدل رہے ہیں ۔ ہمیں یقین ہے کہ اگر سال در سال کا طریقہ جاری رہتا تو نہ پنڈت جواہر لال نہرو کو ورکنگ کمیٹی سے استعفیٰ دینے کی ضرورت پڑتی اور نہ کانگریس کے اندر اتنی بے لطفی پیدا ہوتی جو پچھلے دو مہینوں میں ہوئی ۔ لیکن اگر ہر اجلاس کے موقعے پر کانگریس کے پاس نئی چیز ایسی نہیں ہے جو وہ ملک کے آگے پیش کرے تو یہ کانگریس کے بڑھاپے کی علامت ہے ۔

دلی کانگریس نئی دلی میں بڑے وزیر کے بنگلے سے چند فرلانگ کی دوری پر 17,18,19 اکتوبر کو ہوئی— اُس جگہ کا نام دلی کی ایک بہادر اور جاں نثار بیٹی کے نام پر ستیہ وتی نگر رکھا گیا تھا ۔ ویسے اس جگہ پر ودیشی راج دوتوں کی بستیاں بسنے والی ہیں ۔ دیکھتے ہی جو اِس کانگریس کی خاص بات معلوم پڑتی تھی وہ یہ کہ نمائش نام کی چیز کا اس مرتبہ کہیں پتہ ہی نہیں ہے ۔ اِدھر کئی برس سے نمائش کانگریس اجلاس کا خاص حصہ سمجھی جاتی تھی ۔ شاید سمے کی کمی کی وجہ سے سواگت کمیٹی اس کا بندوبست نہیں کرسکی ۔ لیکن ہمیں یہ دیکھکر حیرت ہوئی کہ ستیہ وتی نگر میں گھستے ہی جو بڑے بڑے سائن بورڈ دکھتے تھے وہ دلی کے سنیماؤں کے اشتہار تھے اور ایک بڑا لمبا

बदबख़्त डायरी, अब तू मुझे क्या देख रही है. ले मैं तेरे सारे इन पंखों को नोचे लेता हूँ जो कमबख़्त इतना भी उड़ना नहीं जानते कि मौक़े बे मौक़े फैल कर तुझे उड़ा ले आएं और मुझे कभी कोई ज़रूरी बात की याद दिला दें. अब यह पंख इतना भी काम नहीं कर सकते तो इन का होना न होना बेकार. लो, मैं तुम्हें चार चार कर बिखेरता हूँ, और अभी तो क्या, अभी तो मैं तुम्हें आग के सुपुर्द करूंगा. मैं दुनिया में तुम्हारा कोई भी निशान न रहने दूंगा. तुमने मुझे रमज़ानी की नज़र में गिरा दिया, इतना ही नहीं तुमने मुझे शीला, शंकर और उन की मां की नज़रों में भी गिरा दिया.

ऐ याद, तू यह कह कर बच नहीं सकती कि तू मेरी डायरी छीन कर ले गई थी, यह दलील मेरी है. अब तू मेरी दलील लेकर मेरा मुक़ाबला नहीं कर सकती. मेरे दिमाग़ में तेरे रहने के लिये बे किराए की कोठरी सिर्फ़ इसी काम के लिये तो मिली है कि तू वक़्त बे वक़्त मेरे काम आए और मुझसे ऐसी बे इनसाफ़ी न होने दे जैसी आज हो गई. मैं यह हरगिज़ मानने को तैयार नहीं कि तू ग़ैर हाज़िर थी. तू ग़ैर हाज़िर होना तो जानती ही नहीं. हां, तू अपनी और सहेलियों से बातों में लग जाने में होशियार है और जब कोई उन सहेलियों से बातें करने लगे तब तू झट आ कूदती है. मैं जानता हूँ आज तू ज़रूर किसी सहेली या सहेलियों के साथ रंगरलियां मना रही होगी तभी तो ज़रा सी भूल से तूने मेरी इज़्ज़त को ख़ाक में मिला दिया और सब की नज़रों में नीचे गिरा दिया. डायरी बेजान है उसे माफ़ किया जा सकता था, पर तू तो जानदार है, तुझे माफ़ नहीं किया जा सकता. हां, मुझे मालूम है कि तेरी और मेरी एक जान है पर मैं आज तेरी जान लेने के लिये उस तरफ़ ध्यान ही न दूंगा बल्कि तेरी जान लेकर मैं अपनी जान भी ले लूंगा. जान से भी ज़ियादा प्यारी चीज़ है आबरू. आबरू गई तो जान का होना न होना बेकार. आदमियत बग़ैर आदमी कैसा, इनसानियत बग़ैर इनसान कैसा और आबरू बग़ैर जान कैसी.

ऐ याद, बस अब तू तैयार होजा और अपने मरने से पहले जिस को तुझे याद करना हो याद कर ले पर क्या तू इस क़ाबिल रह गई है कि किसी को याद कर सके.

मैं डायरी और याद को कोसने में इतनी बुरी तरह लगा कि मैं रमज़ानी के बारे में कुछ सोच ही न पाया. बस मेरे मन ने यह मान लिया कि अब कुछ नहीं हो सकता और जीते जी अब यह चेहरा इस क़ाबिल नहीं है कि उसे रमज़ानी तो क्या उस के बच्चे और उन बच्चों की मां भी उसे देख सकें.

بدبخت ڈائری، اب تو مجھے کیا دیکھ رہی ہے ۔ لے میں تیرے سارے اُن پنکھوں کو نوچے لیتا ہوں جو کمبخت اتنا بھی اُڑنا نہیں جانتے کہ موقعے بے موقعے پھیل کر تجھے اُڑا لے آئیں اور مجھے کبھی کوئی ضروری بات کی یاد دلا دیں ۔ جب یہ پنکھ اتنا بھی کام نہیں کر سکتے تو اِن کا ہونا نہ ہونا بیکار ۔ لو، میں تمہیں چیر چیر کر بکھیرتا ہوں اور ابھی تو کیا، ابھی تو میں تمہیں آگ کے سپرد کرونگا ۔ میں دنیا میں تمہارا کوئی بھی نشان نہ رہنے دونگا۔ تم نے مجھے رمضانی کی نظر میں گرا دیا، اتنا ہی نہیں تم نے مجھے شیلا، شنکر اور اُن کی ماں کی نظروں میں بھی گرا دیا ۔

اے یاد، تو یہ کہکر بچ نہیں سکتی کہ تو میری ڈائری چھین کر لے گئی تھی، یہ دلیل میری ہے ۔ اب تو میری دلیل لے کر میرا مقابلہ نہیں کر سکتی ۔ میرے دماغ میں تیرے رہنے کے لئے بے کرائے کی کوٹھری صرف اسی کام کے لئے تو ملی ہے کہ تو وقت بے وقت میرے کام آئے اور مجھ سے ایسی بے انصافی نہ ہونے دے جیسی آج ہوگئی ۔ میں یہ ہرگز ماننے کو تیار نہیں کہ تو غیر حاضر تھی۔ تو غیر حاضر ہونا تو جانتی ہی نہیں ۔ ہاں، تو اپنی اور سہیلیوں سے باتوں میں لگ جانے میں ہوشیار ہے اور جب کوئی اُن سہیلیوں سے باتیں کرنے لگے تب تو جھٹ آ کودتی ہے ۔ میں جانتا ہوں آج تو ضرور کسی سہیلی یا سہیلیوں کے ساتھ رنگ رلیاں منا رہی ہوگی تبھی تو ذرا سی بھول سے تو نے میری عزت کو خاک میں ملا دیا اور سب کی نظروں میں نیچے گرا دیا ۔ ڈائری بے جان ہے اُسے معاف کیا جا سکتا تھا پر تو تو جان دار ہے، تجھے معاف نہیں کیا جا سکتا ۔ ہاں، مجھے معلوم ہے کہ تیری اور میری ایک جان ہے پر میں آج تیری جان لینے کے لئے اُس طرف دھیان ہی نہ دوں گا بلکہ تیری جان لےکر میں اپنی جان بھی لے لوں گا ۔ جان سے بھی زیادہ پیاری چیز ہے آبرو ۔ آبرو گئی تو جان کا ہونا نہ ہونا بیکار ۔ آدمیت بغیر آدمی کیسا، انسانیت بغیر انسان کیسا اور آبرو بغیر جان کیسی ۔

اے یاد، بس اب تو تیار ہوجا اور اپنے مرنے سے پہلے جسکو تجھے یاد کرنا ہو یاد کر لے ۔ پر کیا تو اس قابل رہ گئی ہے کہ کسی کو یاد کر سکے ۔

میں ڈائری اور یاد کو کوسنے میں اتنی بری طرح لگا کہ میں رمضانی کے بارے میں کچھ سوچ ہی نہ پایا ۔ بس میرے من نے یہ مان لیا کہ اب کچھ نہیں ہوسکتا اور جیتے جی اب یہ چہرا اِس قابل نہیں ہے کہ اِسے رمضانی تو کیا اُس کے بچے اور اُن بچوں کی ماں بھی دیکھ سکے ۔

जीवन लाल से यह मालूम हो गया कि असामी रमज़ानी ही है. और इसी सिलसिले में यह भी पता लग गया कि उसके पास और भी कौन कौन चांदी की चीज़ें बरामद हुई हैं और यह भी मालूम हो गया कि रमज़ानी चीज़ें चोरी करने का इक़रार करता है. फ़ोन बन्द करने के बाद तीन मिनट तक फिर मैं अपनी याद से कुश्ती लड़ता रहा. मगर मेरी याद ने दस फ़ीसदी भी मदद न की कि मैं यह मान सकूं कि मैंने वह चाक़ू रमज़ानी को यादगार के तौर पर दिया था. मैं सोच ही रहा था कि दरवाज़े पर फिर थाप पड़ी और शीला बाहर से चिल्लाई कि बाबूजी आपकी डायरी में सब कुछ लिखा मिल गया. मैंने दरवाज़ा खोला और डायरी पढ़ी. अब याद एक दम ताज़ा हो गई और रमज़ानी की विदाई का सारा सीन मेरी आंखों के सामने आ गया. अब शक के लिये ज़रा सी भी जगह न रह गई. शीला के लिये दोबारा फिर मेरा हुक्म हुआ कि तुम जाओ. वह फ़ौरन चल दी. इस बार पहले की तरह वह उदास नहीं थी. उसके चेहरे पर सच्चाई की खोज की ख़ुशी लहरें मार रही थी. मैंने दरवाज़ा फिर बन्द कर लिया.

डायरी लिखना गुनाह है गुनाह. डायरी लिखना याददाश्त को किताब में बन्द कर देना है. सब क़ुसूर इस डायरी का है. अगर मैंने डायरी न लिखी होती तो यह बातें मैं कभी न भूलता और आज इतना बड़ा ज़ुल्म मेरे हाथों न हुआ होता जो मैं कर बैठा हूँ. जीवन लाल मेरा दोस्त है पर वह मेरी तरह मुसलमानों का दोस्त तो नहीं है. रमज़ानी मुझे बेटे जैसा प्यारा है पर जीवनलाल तो रमज़ानी को सांप समझता है. और फिर वह पुलिस का अफ़सर है. उसे अपने मुक़द्दमे की जीत से काम, सचाई से क्या सरोकार. और मैं जीवनलाल को कुछ भी कह देने का हक़दार भी क्यों ? मैंने जो बयान दिया है किसी दबाव से नहीं दिया, ख़ुशी से दिया है. ग़लत बयानी में मेरा क़ुसूर है और फिर सब से ज़ियादा क़ुसूर है इस डायरी का. यह कम्बख़्त डायरी मेरी याद को अपने वरक़ों में छिपा बैठी और फिर मुझे बताने आई शीला की मारफ़त. और बताने भी आई तो उस वक़्त जब मैं अपने हाथ कटा चुका और अपना दस्तख़ती बयान पुलिस इन्स्पेक्टर के हाथ सौंप चुका. जब यह डायरी बेजान थी तो यह कम्बख़्त बेजान ही क्यों न बनी रही. और अगर यह बोली ही थी तो शीला से क्यों बोली. मुझसे बोलती, मेरी डायरी थी शीला डायरी नहीं रखती इसलिये उसकी याद डायरी का काम देती है और वह ज़िन्दा डायरी है. उसने मेरी डायरी की याद शीला को दिला दी और मैं अपनी डायरी की याद भूल बैठा क्योंकि यह कम्बख़्त डायरी मेरी याद मुझ से छीन चुकी थी. ऐ

جیون لال سے یہ معلوم ہوگیا کہ اسامی رمضانی ہی ہے ۔ اور اسی سلسلے میں یہ بھی پتہ لگ گیا کہ اس کے پاس اور بھی کون کون چاندی کی چیزیں برآمد ہوئی ہیں اور یہ بھی معلوم ہوگیا کہ رمضانی چیزیں چوری کرنے کا اقرار کرتا ہے ۔ فون بند کرنے کے بعد تین منٹ تک پھر میں اپنی یاد سے کشتی لڑتا رہا ۔ مگر میری یاد نے دس فیصدی بھی مدد نہ کی کہ میں یہ مان سکوں کہ میں نے وہ چاقو رمضانی کو یادگار کے طور پر دیا تھا ۔ میں سوچ ہی رہا تھا کہ دروازے پر پھر تھاپ پڑی اور شیلا باہر سے چلائی کہ بابو جی آپ کی ڈائری میں سب کچھ لکھا مل گیا ۔ میں نے دروازہ کھولا اور اپنی ڈائری پڑھی ۔ اب یاد ایک دم تازہ ہوگئی اور رمضانی کی ودائی کا سارا سین میری آنکھوں کے سامنے آگیا ۔ اب شک کے لئے ذرا سی بھی جگہ نہ رہ گئی ۔ شیلا کے لئے دوبارہ پھر میرا حکم ہوا کہ تم جاؤ ۔ وہ فوراً چل دی ۔ اس بار پہلے کی طرح وہ اداس نہیں تھی ۔ اس کے چہرے پر سچائی کی کھوج کی خوشی لہریں مار رہی تھی ۔ میں نے دروازہ پھر بند کر لیا ۔

ڈائری لکھنا گناہ ہے گناہ ۔ ڈائری لکھنا یادداشت کو کتاب میں بند کر دینا ہے ۔ سب قصور اس ڈائری کا ہے ۔ اگر میں نے ڈائری نہ لکھی ہوتی تو یہ باتیں میں کبھی نہ بھولتا ۔ اور آج اتنا بڑا ظلم میرے ہاتھوں نہ ہوا ہوتا جو میں کر بیٹھا ہوں ۔ جیون لال میرا دوست ہے پر وہ میری طرح مسلمانوں کا دوست تو نہیں ہے ۔ رمضانی مجھے بیٹے جیسا پیارا ہے پر جیون لال تو رمضانی کو سانپ سمجھتا ہے ۔ اور پھر وہ پولیس کا افسر ہے ۔ اسے اپنے مقدمے کی جیت سے کام، سچائی سے کیا سروکار ۔ اور میں جیون لال کو کچھ بھی کہہ دینے کا حقدار بھی کیوں؟ میں نے جو بیان دیا ہے کسی دباؤ سے نہیں دیا، خوشی سے دیا ہے ۔ غلط بیانی میں میرا قصور ہے اور پھر سب سے زیادہ قصور ہے اس ڈائری کا ۔ یہ کمبخت ڈائری میری یاد کو اپنے ورقوں میں چھپا بیٹھی اور پھر مجھے بتانے آئی شیلا کی معرفت ۔ اور بتانے بھی آئی تو اس وقت جب میں اپنے ہاتھ کٹا چکا اور اپنا دستخطی بیان پولیس انسپکٹر کے ہاتھ سونپ چکا ۔ جب یہ ڈائری بے جان تھی تو یہ کمبخت بے جان ہی کیوں نہ بنی رہی ۔ اور اگر یہ بولی ہی تھی تو شیلا سے کیوں بولی ۔ مجھ سے بولتی، میری ڈائری تھی ۔ شیلا ڈائری نہیں رکھتی اس لئے اسکی یاد ڈائری کا کام دیتی ہے اور وہ زندہ ڈائری ہے ۔ اس نے میری ڈائری کی یاد شیلا کو دلا دی اور میں اپنی ڈائری کی یاد بھول بیٹھا کیونکہ یہ کمبخت ڈائری میری یاد مجھ سے چھین چکی تھی ۔ اے

मैं अपनी लड़की की यह बात सुन कर सन्न रह गया. मैंने इसके जवाब में कुछ न कहकर शीला से यही कहा कि अच्छा अब तुम जाओ. और उस मेरी आवाज़ में हुक्म की इतनी सख्ती मौजूद थी कि वह फ़ौरन उठ कर चल दी. उसके जाने के बाद मैंने कमरे का दरवाज़ा बन्द कर लिया.

लड़की के इस बयान से मेरी याद कुछ हरी तो हुई पर जी यह तय न कर पाया कि सचमुच मैंने यह चाक़ू रमज़ानी को पाकिस्तान चलते वक़्त इनाम या यादगार के रूप में दे दिया था. अब मेरे दिल का यह हाल था कि वह कभी यह कहता था कि हां दिया तो था और कभी यह कहता था कि नहीं बिलकुल नहीं दिया था. इनाम में मिला चाक़ू कहीं इस तरह दिया जा सकता है. हां, एक बात ज़रूर है कि उस चाक़ू को मैं न शीला को देता था और न शंकर को. यहां तक कि शंकर की मां को भी इस चाक़ू को देते हुए मैं झिझकता था. पर न जाने क्यों रमज़ानी के हाथ में देते मुझे न कोई झिझक होती और न मैं कुछ सोच में पड़ता था. शायद इसकी यह वजह रही हो कि रमज़ानी उसको ठीक तरह से रखता था और उसका ठीक ठीक इस्तेमाल भी जानता था. फिर यह सब बातें इस बात का सबूत नहीं हैं कि मैं इस इनामी चाक़ू को रमज़ानी को दे डालूँ. ऐसी प्यारी चीज़ किसी दूसरे को नहीं दी जा सकती जब तक कि उससे ज़ियादा प्यारी बात मेरे सामने न हो. इसी तरह सोचते सोचते मुझे यह भी याद आ गया कि रमज़ानी की जुदाई के वक़्त मेरी आंखें तर हो गई थीं पर चाक़ू देने की यह भी कोई ज़ोरदार दलील नहीं थी. भला चाक़ू भी कोई चीज़ है जो ऐसे मौक़े पर दिया जाय. मैं जितना भी सोचता था इसी नतीजे पर पहुँचता था कि वह चाक़ू मैंने रमज़ानी को नहीं दिया. बहुत सोचने पर इतना याद आया कि रमज़ानी के चलते वक़्त मैंने दराज़ खोला था और उसमें से रमज़ानी को देने के लिये पांच रुपये निकाले थे. रुपए, नोट नहीं. तब चाक़ू दराज़ में था और रुपए चाक़ू के नीचे थे. चाक़ू हटा कर रुपए निकाले थे. पर चाक़ू देने की बात याद के किसी कोने में ढूँढे नहीं मिलती थी. बहुत सोचने पर भी मैं यह तय न कर पाया कि मैंने चाक़ू रमज़ानी को दिया. शीला की बात मैं यूं मानने को तैयार न था कि जिस तरह मेरी अगर यह याद ग़लत है कि मैंने रमज़ानी को चाक़ू नहीं दिया तो शीला की यह याद भी तो ग़लत हो सकती है कि मैंने रमज़ानी को चाक़ू दिया था. और फिर यही क्या पता कि असामी रमज़ानी ही है. यह बात न मैंने इन्स्पेक्टर साहब से पूछी थी और न शीला ही ने अपने बयान में बताई. यह ध्यान में आते ही मैंने पुलिस स्टेशन को फ़ोन किया और थोड़ी देर में

میں اپنی لڑکی کی یہ بات سن کر سن رہ گیا ۔ میں نے اس کے جواب میں کچھ نہ کہکر شیلا سے یہی کہا کہ اچھا اب تم جاؤ ۔ اور اس میری آواز میں حکم کی اتنی سختی موجود تھی کہ وہ فوراً اُٹھکر چل دی ۔ اُس کے جانے کے بعد میں نے کمرے کا دروازہ بند کر لیا ۔

لڑکی کے اس بیان سے میری یاد کچھ ہری تو ہوئی پر جی یہ طے نہ کر پایا کہ سچ مچ میں نے یہ چاقو رمضانی کو پاکستان چلتے وقت انعام یا یادگار کے روپ میں دے دیا تھا ۔ اب میرے دل کا یہ حال تھا کہ وہ کبھی یہ کہتا تھا کہ ہاں دیا تو تھا اور کبھی یہ کہتا تھا کہ نہیں بالکل نہیں دیا تھا ۔ انعام میں ملا چاقو کہیں اس طرح دیا جا سکتا ہے ۔ ہاں ایک بات ضرور ہے کہ اُس چاقو کو میں نہ شیلا کو دیتا تھا اور نہ شنکر کو ۔ یہاں تک کہ شنکر کی ماں کو بھی اس چاقو کو دیتے ہوئے میں جھجھکتا تھا ۔ پر نہ جانے کیوں رمضانی کے ہاتھ میں دیتے مجھے نہ کوئی جھجھک ہوتی اور نہ میں کچھ سوچ میں پڑتا تھا ۔ شاید اِسکی یہ وجہ رہی ہو کہ رمضانی اُسکو ٹھیک طرح سے رکھتا تھا اور اس کا ٹھیک ٹھیک استعمال بھی جانتا تھا ۔ پھر یہ سب باتیں اس بات کا ثبوت نہیں ہیں کہ میں اس انعامی چاقو کو رمضانی کو دے ڈالوں ۔ ایسی پیاری چیز کسی دوسرے کو نہیں دی جا سکتی، جب تک کہ اُس سے زیادہ پیاری بات میرے سامنے نہ ہو ۔ اِسی طرح سوچتے سوچتے مجھے یہ بھی یاد آگیا کہ رمضانی کی جدائی کے وقت میری آنکھیں تر ہوگئی تھیں پر چاقو دینے کی یہ بھی کوئی زوردار دلیل نہیں تھی ۔ بھلا چاقو بھی کوئی چیز ہے جو ایسے موقعے پر دیا جائے ۔ میں جتنا بھی سوچتا تھا اسی نتیجے پر پہنچتا تھا کہ وہ چاقو میں نے رمضانی کو نہیں دیا ۔ بہت سوچنے پر اتنا یاد آیا کہ رمضانی کے چلتے وقت میں نے دراز کھولا تھا اور اُس میں سے رمضانی کو دینے کے لئے پانچ روپے نکالے تھے ۔ روپے' نوٹ نہیں ۔ تب چاقو دراز میں تھا اور روپے چاقو کے نیچے تھے ۔ چاقو ہٹا کر روپے نکالے تھے ۔ پر چاقو دینے کی بات یاد کے کسی کونے میں ڈھونڈھے نہیں ملتی تھی ۔ بہت سوچنے پر بھی میں یہ طے نہ کر پایا کہ میں نے چاقو رمضانی کو دیا ۔ شیلا کی بات میں یوں ماننے کو تیار نہ تھا کہ جسطرح میری اگر یہ یاد غلط ہے کہ میں نے رمضانی کو چاقو نہیں دیا تو شیلا کی یہ یاد بھی تو غلط ہو سکتی ہے کہ میں نے رمضانی کو چاقو دیا تھا ۔ اور پھر یہی کیا پتہ کہ اسامی رمضانی ہی ہے ۔ یہ بات نہ میں نے انسپکٹر صاحب سے پوچھی تھی اور نہ شیلا ہی نے اپنے بیان میں بتائی ۔ یہ دھیان میں آتے ہی میں نے پولیس اسٹیشن کو فون کیا اور تھوڑی دیر میں

"मैंने कहा न कि एक असामी की तलाशी में मिला है. वह हवालात में है. मैं कल ही उस को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने वाला हूँ."

"यह है कौन जो सिर्फ़ मेरा चाक़ू चुरा ले गया. मेरे कमरे में चाक़ू से ज़ियादा क़ीमती और ज़ियादा हलकी दसियों ऐसी चीज़ें हैं जिनमें से किसी एक को भी ले जाता तो आसानी से कहीं बेच कर अच्छे दाम उठा लेता. यह अजब बेवक़ूफ़ चोर है जो उठा कर ले गया मेरा इनाम में मिला चाक़ू. बेशक उसने मेरी प्यारी चीज़ चुरा कर मुझे तकलीफ़ तो दी पर ख़ुद उसके तो कुछ हाथ न आया."

"डाकू सोने की चीज़ें छोड़ कर बन्दूक़ और कारतूस पर सब से पहले हाथ मारते हैं और गठकटे और मामूली चोर चाक़ू कैंची को आपकी घड़ी से ज़ियादा क़ीमती समझते हैं."

"तो क्या मेरा चाक़ू गिरहकटों के काम का है. यह तो भाई क़लम तराश है क़लम तराश."

"तेज़ तो है, जेब तराश का काम भी दे सकता है."

इस तरह थोड़ी देर गप शप हांक कर और मेरा बयान ले कर जीवन लाल जी चल दिये.

अभी उनको गए हुए आधा घंटा भी न बीता होगा कि मेरी लड़की शाला कालिज से वापस आ पहुंची, और सीधी मेरे कमरे में आई और मुझ से बोली :—

"बाबूजी! वह आपका चांदी का चाक़ू तो मैंने आज पुलिस इंस्पेक्टर जीवन लाल के हाथ में देखा, वह उसको हमारी प्रोफ़ेसर नन्दनी को दिखा रहे थे. वह उसके भाई होते हैं न. बाबूजी, जब मेरी नज़र उस चाक़ू पर पड़ी तो मैं पूछ बैठी कि यह चाक़ू आप के पास कैसे. यह चाक़ू तो हमारे बाबूजी ने रमज़ानी को उस वक़्त इनाम में दे दिया था जब वह पाकिस्तान के लिये रवाना हो रहा था. इस चाक़ू को तो हमारे बाबूजी हमारे हाथ में भी नहीं देते थे. इस चाक़ू से तो उनका चपरासी रमज़ानी ही उनकी पेन्सिल बनाया करता था. यह आप के पास कैसे आ गया. क्या उसने आपको बेच दिया ? और यह आपके पास कब से है? बाबूजी, इसके जवाब में जीवन लाल जी ने सिर्फ़ इतना ही कहा कि नहीं नहीं, तुम ग़लती पर हो. तुम्हारे पिताजी के कमरे से यह चोरी हुआ है और हम उन से अभी पूछ कर आ रहे हैं. वह चाक़ू कोई और होगा जिसका तुम ध्यान कर रहा हो. बाबूजी, मैंने वह चाक़ू उनसे फिर देखने के लिये मांगा पर उन्होंने मुझे नहीं दिया. और न कुछ आगे और बताया, फ़ौरन उठकर सीधे पुलिस स्टेशन चल दिये."

"میں نے کہا نہ کہ ایک اسامی کی تلاشی میں ملا ہے۔ وہ حوالات میں ہے۔ میں کل ہی اسکو مجسٹریٹ کے سامنے پیش کرنے والا ہوں۔"

"یہ ہے کون جو صرف میرا چاقو چرا لے گیا۔ میرے کمرے میں چاقو سے زیادہ قیمتی اور زیادہ ہلکی دسیوں ایسی چیزیں ہیں جن میں سے کسی ایک کو بھی لے جاتا تو آسانی سے کہیں بیچ کر اچھے دام اٹھا لیتا۔ یہ عجب بیوقوف چور ہے جو اٹھا کر لے گیا میرا انعام میں ملا چاقو۔ بیشک اسنے میری پیاری چیز چرا کر مجھے تکلیف تو دی پر خود اسکے تو کچھ ہاتھ نہ آیا۔"

"ڈاکو سونے کی چیزیں چھوڑ کر بندوق اور کارتوس پر سب سے پہلے ہاتھ مارتے ہیں اور گٹھکٹے اور معمولی چور چاقو قینچی کو آپکی گھڑی سے زیادہ قیمتی سمجھتے ہیں۔"

"تو کیا میرا چاقو گرہ کٹوں کے کام کا ہے۔ یہ تو بھائی قلم تراش ہے قلم تراش۔"

"تیز تو ہے۔ جیب تراش کا کام بھی دے سکتا ہے۔"

اس طرح تھوڑی دیر گپ شپ ہانک کر اور میرا بیان لے کر جیون لال جی چل دیئے۔

ابھی اُن کو گئے ہوئے آدھا گھنٹہ بھی نہ بیتا ہوگا کہ میری لڑکی شالا کالج سے واپس آپہنچی اور سیدھی میرے کمرے میں آئی اور مجھ سے بولی :—

"بابو جی! وہ آپ کا چاندی کا چاقو تو میں نے آج پولیس انسپکٹر جیون لال کے ہاتھ میں دیکھا، وہ اسکو ہماری پروفیسر نندنی کو دکھا رہے تھے۔ وہ اُس کے بھائی ہوتے ہیں نہ۔ بابو جی، جب میری نظر اُس چاقو پر پڑی تو میں پوچھ بیٹھی کہ یہ چاقو آپ کے پاس کیسے۔ یہ چاقو تو ہمارے بابو جی نے رمضانی کو اُس وقت انعام میں دے دیا تھا جب وہ پاکستان کے لئے روانہ ہو رہا تھا۔ اس چاقو کو تو ہمارے بابو جی ہمارے ہاتھ میں بھی نہیں دیتے تھے۔ اِس چاقو سے تو اُن کا چپراسی رمضانی ہی اُن کی پنسل بنایا کرتا تھا۔ یہ آپ کے پاس کیسے آگیا۔ کیا اسنے آپ کو بیچ دیا؟ اور یہ آپکے پاس کب سے ہے؟ بابو جی، اِسکے جواب میں جیون لال جی نے صرف اتنا ہی کہا کہ نہیں نہیں، تم غلطی پر ہو۔ تمہارے پتاجی کے کمرے سے یہ چوری ہوا ہے اور ہم ان سے ابھی پوچھکر آرہے ہیں۔ وہ چاقو کوئی اور ہوگا جس کی تم بات کر رہی ہو۔ بابو جی، میں نے وہ چاقو اُن سے پھر دیکھنے کے لئے مانگا پر انہوں نے مجھے نہیں دیا۔ اور نہ کچھ آگے اور بتایا، فوراً اُٹھکر سیدھے پولیس اسٹیشن چل دیئے۔"

कहां सका. वह तो यहीं रहा और आज भी यहीं है. पर कहां और किस तरह से है यह तुम्हें मेरे ख़त में आगे चल कर मालूम होगा.

11 नवम्बर को न जाने क्यों मुझे उस चाक़ू की याद हो आई जो मुझे दौड़ में अव्वल आने पर इनाम में मिला था और जिसका दस्ता चांदी का था और जिस पर तुमने ख़ुद ही अंगरेज़ी में मेरा नाम एन. के. मेहरा ख़ुदवाया था. यह भी तुम जानते ही हो कि वह चाक़ू मुझे किस क़दर प्यारा था. बस मैं उस चाक़ू को अपने बक्स में तलाश करने लगा. बहुत तलाश किया न मिला. अपने कमरे की सब अलमारियां खोज डालीं, मेज़ के सब दराज़ देख डाले. अगर घर पर शीला या शंकर में से कोई होता तो उनसे भी पूछता पर वह दोनों ग़ैर हाज़िर थे. उनकी मां मुहल्ले में ही अपनी किसी सहेली के यहां गई हुई थीं. इसलिये मेरी पूछ ताछ की ख़्वाहिश मेरे मन में दब कर रह गई. मैं तलाश करने से न थका था न नाउम्मीद हुआ था, बराबर उसे इधर उधर ढूंढ रहा था. इतने में दरवाज़े पर थाप पड़ी. जैसे ही दरवाज़ा खोला तो सामने नज़र आए जीवन लाल इंस्पेक्टर पुलिस. मैं पूछ बैठा कि जनाब इस वक़्त कैसे आ टपके. वह बोले—"बैठिये, बैठिये, अभी सब क़िस्सा बताता हूँ.

"देखिये, यह चाक़ू आप का है?" चाक़ू जेब से निकाल कर मेरे हाथ में थमाते हुए जीवन लाल जी ने कहा.

"है तो मेरा ही. मगर यह आप के पास कैसे पहुँचा? मैं तो दो घंटे से इसी की तलाश में पागल बना हुआ हूँ. इसके लिये मैंने कमरे की सारी चीज़ें उलट पुलट कर डालीं. कहिये तो आप इसे कब उठा कर ले गए थे?"

"ख़ूब! मैं उठा कर ले गया था. अरे भाई यह एक असामी के पास निकला है, उसके पास और भी कई चांदी की चीज़ें निकली हैं पर यह चाक़ू तुम्हारे बार के साथी एक वकील ने पहचान लिया और उसी ने कहा कि यह चाक़ू नंद किशोर मेहरा का है. मैंने उन के पास देखा था. इसे मैं ख़ूब पहचानता हूँ और यह कि यह चाक़ू उन्हें इनाम में मिला था और वह इस को बड़ी अच्छी तरह रखते हैं. इसलिये मैं इस चाक़ू को ले कर आपके पास तहक़ीक़ात के लिये आया हूँ कि अगर यह चाक़ू आपका ही है तो आप एक बयान लिखा दीजिये और वक़्त पर गवाह के तौर पर अदालत में हाज़िर होने के लिये तैयार रहिये."

मैंने कहा—"बयान तो मैं लिखा दूंगा पर यह तो कहिये कि यह आपको मिला कहां?"

کہاں سکا ۔ وہ تو یہیں رہا اور آج بھی یہیں ہے ۔ پر کہاں اور کسطرح سے ہے یہ تمہیں میرے خط میں آگے چل کر معلوم ہوگا ۔

11 نومبر کو نہ جانے کیوں مجھے اُس چاقو کی یاد ہو آئی جو مجھے دوڑ میں اول آنے پر انعام میں ملا تھا اور جس کا دستہ چاندی کا تھا اور جس پر تم نے خود ہی انگریزی میں میرا نام این ۔ کے ۔ مہرا کھدوایا تھا ۔ یہ بھی تم جانتے ہی ہو کہ وہ چاقو مجھے کس قدر پیارا تھا ۔ بس میں اُس چاقو کو اپنے بکس میں تلاش کرنے لگا ۔ بہت تلاش کیا نہ ملا ۔ اپنے کمرے کی سب الماریاں کھوج ڈالیں ' میز کے سب دراز دیکھ ڈالے ۔ اگر گھر پر شیلا یا شنکر میں سے کوئی ہوتا تو اُن سے بھی پوچھتا پر وہ دونوں غیر حاضر تھے ۔ ان کی ماں محلے میں ہی اپنی کسی سہیلی کے یہاں گئی ہوئی تھیں ۔ اِس لئے میری پوچھ تاچھ کی خواہش میرے من میں دب کر رہ گئی ۔ میں تلاش کرنے سے نہ تھکا تھا نہ نا اُمید ہوا تھا برابر اسے اِدھر اُدھر ڈھونڈھ رہا تھا ۔ اتنے میں دروازے پر تھاپ پڑی ۔ جیسے ہی دروازہ کھولا تو سامنے نظر آئے جیون لال انسپکٹر پولیس ۔ میں پوچھ بیٹھا کہ جناب اس وقت کیسے آ ٹپکے ۔ وہ بولے—"بیٹھئے ' بیٹھئے ' ابھی سب قصہ بتاتا ہوں ۔

"دیکھئے ' یہ چاقو آپ کا ہے ؟" چاقو جیب سے نکال کر میرے ہاتھ میں تھماتے ہوئے جیون لال جی نے کہا ۔

"ہے تو میرا ہی ۔ مگر یہ آپ کے پاس کیسے پہونچا ؟ میں تو دو گھنٹے سے اسی کی تلاش میں پاگل بنا ہوا ہوں ' اس کے لئے میں نے کمرے کی ساری چیزیں اُلٹ پلٹ کر ڈالیں ۔ کہئے تو آپ اِسے کب اُٹھا کر لے گئے تھے ؟"

"خوب ! میں اُٹھا کر لے گیا تھا ۔ ارے بھائی یہ ایک اسامی کے پاس نکلا ہے ' اسکے پاس اور بھی کئی چاندی کی چیزیں نکلی ہیں ' پر یہ چاقو تمہارے بار کے ساتھی ایک وکیل نے پہچان لیا اور اُسی نے کہا کہ یہ چاقو نند کشور مہرا کا ہے ۔ میں نے اُن کے پاس دیکھا تھا ۔ اِسے میں خوب پہچانتا ہوں اور یہ کہ یہ چاقو اُنہیں انعام میں ملا تھا اور وہ اِسکو بڑی اچھی طرح رکھتے ہیں ۔ اس لئے میں اِس چاقو کو لے کر آپکے پاس تحقیقات کے لئے آیا ہوں کہ اگر یہ چاقو آپکا ہی ہے تو آپ ایک بیان لکھا دیجئے اور وقت پر گواہ کے طور پر عدالت میں حاضر ہونے کے لئے تیار رہئے ۔"

میں نے کہا—"بیان تو میں لکھا دونگا پر یہ تو کہئے کہ یہ آپ کو ملا کہاں ؟"

यह तो तुम समझ ही लो कि मैं यह ख़ुदकुशी करने में कोई जल्द बाज़ी नहीं कर रहा और मैं तो अपने तजरबे की बुनियाद पर यह कह सकता हूं कि ख़ुदकुशी जल्दबाज़ी में हो ही नहीं सकती. हाँ, यह किसी दर्जे तक ठीक है कि ख़ुदकुशी करने से पहले दिल व दिमाग़ को और भी ज़ियादा बातें करने का मौक़ा दिया जाया करता होता तो हो सकता था कि ख़ुदकुशी से मरने वालों की तादाद कुछ कम हो जाती. फिर भी वह इतनी कम न होती जिसकी बिना पर यह साबित किया जा सकता कि जल्द बाज़ी से भी ख़ुद कुशी की जा सकती है. ख़तरे के एक दम सामने आने पर जो ख़ुद कुशियां होती हैं उन्हें वक़्त के लिहाज़ से जल्द बाज़ी में भले ही गिन लिया जाय पर दिमाग़ के सोचने के लिहाज़ से उन ख़ुदकुशियों के मौक़े पर भी दिमाग़ इतना ही सोच जाता है जितना उसने बहुत वक़्त लगा कर सोचा होता है.

मैं इस बहस को ज़ियादा बढ़ाना नहीं चाहता. और अब मैं थोड़े से लफ़्ज़ों में तुमको यह बता देना चाहता हूँ कि मैं क्यों आत्म-हत्या करने जा रहा हूँ.

तुम यह ख़त मेरे भाई ईश्वर दत्त को भी दिखला देना. और यह लिखने की ज़रूरत नहीं कि अगर वह घबराने लगे तो तुम उसे समझा देना, और तुम हर तरह इस क़ाबिल तो हो ही.

अब मेरी सुनो.

मेरे चपरासी रमज़ानी को तुम अच्छी तरह से जानते होगे. वह कितना छोटा मेरे पास आया था और किस तरह घर भर ने उसको प्यार से अपनाया था. शंकर की मां उसको शंकर जैसा ही प्यार करती थी और शंकर की बड़ी बहन रमज़ानी को कितने प्यार से भय्या कह कर पुकारती थी और तीज-त्योहार के मौक़ों पर रमज़ानी के साथ ऐसा ही ब्योहार करता था जैसा शंकर के साथ. और रमज़ानी को मैंने ही कब चपरासी समझा था. मैं शंकर जैसा प्यार उसे न भी देता हूँ पर और बातों मे तो उसे शंकर जैसा रखता था. ख़ैर.

यह भी शायद तुम्हें मालूम होगा कि यह रमज़ानी सन '47 के नवम्बर के महीने में पाकिस्तान जाने के लिये हम को छोड़ गया. और उस वक़्त भी जब उसने घर छोड़ा था तो उसकी आंखें भी डब डबा आई थीं और मेरी आंखें भी तर हो गई थी और शंकर की मां ने तो अपनी साड़ी आंसुओं से भिगो ली थी और शंकर की बहन शीला तो बाक़ायदा रो पड़ी थी. शंकर अगर उस वक़्त स्कूल न गया होता तो हो सकता है रमज़ानी ने पाकिस्तान जाने की बात न सोची होती. और फिर वह पाकिस्तान जा भी

یہ تو تم سمجھ ہی لو کہ میں یہ خود کشی کرنے میں کوئی جلد بازی نہیں کررہا اور میں تو اپنے تجربے کی بنیاد پر یہ کہہ سکتا ہوں کہ خود کشی جلد بازی میں ہو ہی نہیں سکتی۔ ہاں، یہ کسی درجے تک ٹھیک ہے کہ خود کشی کرنے سے پہلے دل و دماغ کو اور بھی زیادہ باتیں کرنے کا موقع دیا جایا کرتا ہوتا تو ہو سکتا تھا کہ خود کشی سے مرنے والوں کی تعداد کچھ کم ہو جاتی۔ پھر بھی وہ اتنی کم نہ ہوتی جسکی بنا پر یہ ثابت کیا جاسکتا کہ جلد بازی سے بھی خود کشی کی جاسکتی ہے۔ خطرے کے ایک دم سامنے آنے پر جو خودکشیاں ہوتی ہیں انہیں وقت کے لحاظ سے جلد بازی میں بھلے ہی گن لیا جائے پر دماغ کے سوچنے کے لحاظ سے اُن خود کشیوں کے موقعے پر بھی دماغ اتنا ہی سوچ جاتا ہے جتنا اُس نے بہت وقت لگاکر سوچا ہوتا ہے

میں اس بحث کو زیادہ بڑھانا نہیں چاہتا، اور اب میں تھوڑے سے لفظوں میں تمکو یہ بتا دینا چاہتا ہوں کہ میں کیوں آتم ہتیا کرنے جارہا ہوں۔

تم یہ خط میرے بھائی ایشور دت کو بھی دکھلا دینا۔ اور یہ لکھنے کی ضرورت نہیں کہ اگر وہ گھبرانے لگے تو تم اُسے سمجھا دینا اور تم ہر طرح اس قابل تو ہو ہی۔
اب میری سنو۔

میرے چپراسی رمضانی کو تم اچھی طرح سے جانتے ہوگے۔ وہ کتنا چھوٹا میرے پاس آیا تھا اور کس طرح گھر بھر نے اُسکو پیار سے اپنایا تھا۔ شنکر کی ماں اسکو شنکر جیسا ہی پیار کرتی تھی اور شنکر کی بڑی بہن رمضانی کو کتنے پیار سے بھیا کہہ کر پکارتی تھی اور تیج تیوہار کے موقعوں پر رمضانی کے ساتھ ایسا ہی بیوہار کرتی تھی جیسا شنکر کے ساتھ۔ اور رمضانی کو میں نے ہی کب چپراسی سمجھا تھا۔ میں شنکر جیسا پیار اُسے نہ بھی دیتا ہوں پر اور باتوں میں تو اُسے شنکر جیسا رکھتا تھا۔ خیر۔

یہ بھی شاید تمہیں معلوم ہوگا کہ یہ رمضانی سن 47' کے نومبر کے مہینے میں پاکستان جانے کے لئے ہمکو چھوڑ گیا۔ اور اُس وقت بھی جب اُس نے گھر چھوڑا تھا تو اُس کی آنکھیں بھی ڈبڈبا آئی تھیں اور میری آنکھیں بھی تر ہوگئی تھیں اور شنکر کی ماں نے تو اپنی ساڑی آنسوؤں سے بھگولی تھی اور شنکر کی بہن شیلا تو با قاعدہ رو پڑی تھی۔ شنکر اگر اُس وقت اِسکول نہ گیا ہوتا تو ہوسکتا ہے رمضانی نے پاکستان جانے کی بات نہ سوچی ہوتی۔ اور پھر وہ پاکستان جا بھی

के जो बुरे लोग हैं उन्हें शरारत करने का मौक़ा मिल जाता है और वह खुले आम कमगिनत जाति के लोगों को सताना शुरू कर देते हैं.

नए चुनाव होने वाले हैं. साम्प्रदायिक जमातों की तरफ़ से नफ़रत फैलाने वाली बातें और ग़लत ढंग से भड़काने वाले नारे लगने शुरू हो गए हैं और उनका नतीजा भी सामने आने लगा है सरकार का फ़र्ज़ है कि वह ऐसे नफ़रत फैलाने वाले प्रचारों की तरफ़ ख़ास ध्यान रखे और ऐसी बातें न होने दे जिनसे देश की शान्ति को ख़तरा हो. जनता और देश के नेताओं से भी प्रार्थना है कि वह ऐसे प्रचार से बचें और यह समझ लें कि अगर देश में लोकशाही को ज़िन्दा रखना है तो फ़िरक़ाबन्दी के ख़िलाफ़ मोरचा लेना ही होगा. अगर ऐसा न हुआ तो देश में तानाशाही आ जायेगी और देश बरबाद हो जायेगा क्योंकि तानाशाही कुछ दिनों तो चलती है लेकिन अन्त में वह देश को ले डूबती हैं. जरमनी और इटली की मिसाल हमारे सामने है और हमें उससे सबक़ लेना चाहिये.

कहानी

एक चिट्ठी

प्यारे भाई ज़ाकिर,

जय हिन्द. तुम आड़े वक़्त मे हमेशा मेरे काम आए. तुम्हारे समझाने का तरीक़ा हमेशा इतना अच्छा साबित हुआ कि मैं बड़ी बड़ी ग़लतियों और बदकारियो से बच गया. और आज भी अगर तुम मेरे पास मौजूद होते तो मैं पोटाशियम सायनाइड पड़े पानी के गिलास को इस चिट्ठी के ख़तम होने के बाद न पी पाता. जो गिलास मेरी मेज़ पर मेरे सामने रखा है मुझे बहुत जल्दी वहाँ पहुँचा देगा जहाँ जाने के मैं क़ाबिल हूँ. तुम समुन्दर पार अफ़रीक़ा में बैठे हो और मैं हिन्दुस्तान के शहर दिल्ली से तुम्हें यह ख़त लिख रहा हूँ.

आज की इस दुनिया का कैसा अनोखा इन्तज़ाम है कि मेरी ख़ुद कुशी की तैयारी का यह ख़त तुम्हें उस वक़्त मिलेगा जब दो एक हफ़्ते पहले तुम तार के ज़रिये से मेरी मौत का हाल जान चुके होगे. और अगर तुम मेरी मौत के तार से कहीं पगला जाओ और हवाई जहाज़ से सीधे हिन्दुस्तान चले आओ तो फिर नहीं मालूम तुम्हें कितने दिन बाद यह ख़त मिलेगा और तुम मेरी मौत की ठीक ठीक वजह समझ सकोगे.

ہ جو برے لوگ ھیں اُنھیں شرارت کرنے کا موقع مل جاتا ھے اور وہ کھلے عام کم گنت جاتی کے لوگوں کو ستانا شروع کر دیتے ھیں ۔

نئے چناؤ ھونے والے ھیں ۔ سامپردایک جماعتوں کی طرف سے نفرت پھیلانے والی باتیں اور غلط ڈھنگ سے بھڑکانے والے نعرے لگنے شروع ھوگئے ھیں اور اُن کا نتیجہ بھی سامنے آنے لگا ھے ۔ سرکار کا فرض ھے کہ وہ ایسے نفرت پھیلانے والے پرچاروں کی طرف خاص دھیان رکھے اور ایسی باتیں نہ ھونے دے جن سے دیش کی شانتی کو خطرہ ھو ۔ جنتا اور دیش کے نیتاؤں سے بھی پرارتھنا ھے کہ وہ ایسے پرچار سے بچیں اور یہ سمجھ لیں کہ اگر دیش میں لوک شاھی کو زندہ رکھنا ھے تو فرقہ بندی کے خلاف مورچہ لینا ھی ھوگا ۔ اگر ایسا نہ ھوا تو دیش میں تانا شاھی آجائیگی اور دیش برباد ھوجائیگا کیونکہ تانا شاھی کچھ دنوں تو چلتی ھے لیکن انت میں وہ دیش کو لے ڈوبتی ھے ۔ جرمنی اور اٹلی کی مثال ھمارے سامنے ھے اور ھمیں اُس سے سبق لینا چاھئے ۔

کہانی

ایک چٹھی

پیارے بھائی ذاکر،

جے ھند. تم آڑے وقت میں ھمیشہ میرے کام آئے. تمھارے سمجھانے کا طریقہ ھمیشہ اتنا اچھا ثابت ھوا کہ میں بڑی بڑی غلطیوں اور بدکاریوں سے بچ گیا ۔ اور آج بھی اگر تم میرے پاس موجود ھوتے تو میں پوٹاشیم سائنائڈ پڑے پانی کے گلاس کو اُس چٹھی کے ختم ھونے کے بعد نہ پی پاتا ۔ جو گلاس میری میز پر میرے سامنے رکھا ھے مجھے بہت جلدی وھاں پہونچادیگا جہاں جانے کے میں قابل ھوں ۔ تم سمندر پار افریقہ میں بیٹھے ھو اور میں ھندستان کے شہر دلی سے تمھیں یہ خط لکھ رھا ھوں ۔

آج کی اس دنیا کا کیسا انوکھا انتظام ھے کہ میری خود کشی کی تیاری کا یہ خط تمھیں اُس وقت ملیگا جب دو ایک ھفتے پہلے تم تار کے ذریعے سے میری موت کا حال جان چکے ھوگے ۔ اور اگر تم میری موت کے تار سے کہیں پگلا جاؤ اور ھوائی جہاز سے سیدھے ھندستان چلے آؤ تو پھر نہیں معلوم تمھیں کتنے دن بعد یہ خط ملیگا اور تم میری موت کی ٹھیک ٹھیک وجہ سمجھ سکوگے ۔

यह मानना पड़ेगा कि हिन्दुस्तान के लोगों में साम्प्रदायिक और जात-पात से सम्बन्ध रखने वाले विचारों का बहुत जल्द असर होता है. इसे हम कह सकते हैं कि एक लम्बी मुद्दत की ग़ुलामी ने, ऐसी शिक्षा ने और विदेशी सरकार की तरफ़ से उन्हीं लोगों को बढ़ावा मिलने ने जो साम्प्रदायिक भावना रखने वाले थे, इस पौधे को पनपने दिया. यह ज़रूर है कि अगर अब इस पौधे को जिन चीज़ों से ख़ुराक मिलती है, उसके ख़िलाफ़ प्रेम, मुहब्बत और भाई चारे के विचारों का प्रचार किया जावे और फिरक़ावाराना या मज़हबी नफ़रत फैलाने वालों पर रोक हो और उन्हें नफ़रत की निगाह से देखा जावे तो यह पौधा मुरझा कर धीरे धीरे सूख सकता है और हो सकता है कि हमारी आने वाली सन्तान इससे बिलकुल बच जाय.

सवाल पैदा होता है कि क्या इतनी बड़ी ख़ूंरेज़ी से देश ने कोई सबक़ सीखा है और हम में इन ओछे और गंदे ख़यालों को छोड़ने की समझ आई है? अफ़सोस कि आज भी मुल्क की हालत देखने के बाद जवाब 'नहीं' में ही मिलता है. आज साम्प्रदायिकता की नदी ने छोटी छोटी नालियों का रूप धारन कर लिया है और वह जात-पात के विचार और साम्प्रदायिक संगठन और साम्प्रदायिक नफ़रत के रूप में ज़ाहिर हो रहा है.

मेरा ख़याल है कि असेम्बली वग़ैरा के चुनाव, जहां प्रजा तंत्र यानी जमहूरियत के लिये ज़रूरी हैं, उनमें ग़लत प्रचार के लिये ज़रूरी रोक न होने से और उस पर पूरी तरह निगरानी न रखने से जनता में नफ़रत का ज़हर फैलने का डर है. उसकी वजह यह है कि इन जगहों के लिये जो उम्मीदवार होते हैं उनमें कुछ ही लोगों को छोड़ कर बाक़ी सब लोग चुनाव में किसी न किसी तरह जीतना चाहते हैं. हर एक की सेवाओं और चरित्र का इतना प्रभाव नहीं होता कि आम लोगों में उनकी तरफ़ कुछ खिंचाव हो, फिर सबसे ज़ियादा असर करने वाली साम्प्रदायिक या जात धर्म की बातें होती हैं. उनकी बिना पर यह लोग फ़िरक़ावाराना संगठन बनाते हैं, उनके ख़ुद नेता बनते हैं और दूसरे फ़िरक़ों और जातियों के ख़िलाफ़ ज़हर फैलाते हैं. देहातों में, जहां लोग ज़ियादातर पढ़े लिखे नहीं होते, उन पर यह जादू ख़ूब चलता है. चुनाव हो जाते हैं और फिर चुने जाने वाले सज्जन के दर्शन दूसरे चुनाव से पहले शायद ही कभी होते हों. लेकिन जिन देहातों में उन्होंने यह ज़हर फैला रखा होता है, वह फ़िरक़ाबन्दी और पारटी-बाज़ी में फंस जाते हैं. इसका नतीजा बहुत ख़तरनाक होता है. छोटी जातियाँ बड़ी जातियों से बुरी तरह दबी रहती हैं. गांव में अकसरियत और अक़लियत के झगड़े शुरू हो जाते हैं. बहुगिनत जाति

یہ ماننا پڑے گا کہ ہندستان کے لوگوں میں سامپردایک اور جات پات سے سمبندھ رکھنے والے وچاروں کا بہت جلد اثر ہوتا ہے ۔ اِسے ہم کہہ سکتے ہیں کہ ایک لمبی مدت کی غلامی نے، ایسی شکشا نے اور ودیشی سرکار کی طرف سے انہیں لوگوں کو بڑھاوا ملنے نے جو سامپردایک بھاونا رکھنے والے تھے، اِس پودھے کو پنپنے دیا ۔ یہ ضرور ہے کہ اگر اب اِس پودھے کو جن چیزوں سے خوراک ملتی ہے، اُسکے خلاف پریم، محبت اور بھائی چارے کے وچاروں کا پرچار کیا جاوے اور فرقہ وارانہ یا مذہبی نفرت پھیلانے والوں پر روک ہو اور اُنھیں نفرت کی نگاہ سے دیکھا جاوے تو یہ پودھا مرجھا کر دھیرے دھیرے سوکھ سکتا ہے اور ہوسکتا ہے کہ ہماری آنے والی سنتان اِس سے بالکل بچ جائے ۔

سوال پیدا ہوتا ہے کہ کیا اتنی بڑی خونریزی سے دیش نے کوئی سبق سیکھا ہے اور ہم میں ان اوچھے اور گندے خیالوں کو چھوڑنے کی سمجھ آئی ہے؟ افسوس کہ آج بھی ملک کی حالت دیکھنے کے بعد جواب 'نہیں' میں ہی ملتا ہے ۔ آج سامپردایکتا کی بڑی ندی نے چھوٹی چھوٹی نالیوں کا روپ دھارن کرلیا ہے اور وہ جات پات کے وچار اور سامپردایک سنگھٹن اور سامپردایک نفرت کے روپ میں ظاہر ہو رہا ہے ۔

میرا خیال ہے کہ اسمبلی وغیرہ کے چناؤ جہاں پرجا تنتر یعنی جمہوریت کے لئے ضروری ہیں، ان میں غلط پرچار کے لئے ضروری روک نہ ہونے سے اور اُس پر پوری طرح نگرانی نہ رکھنے سے جنتا میں نفرت کا زہر پھیلنے کا ڈر ہے ۔ اسکی وجہ یہ ہے کہ اِن جگہوں کے لئے جو اُمیدوار ہوتے ہیں اُن میں کچھ ہی لوگوں کو چھوڑ کر باقی سب لوگ چناؤ میں کسی نہ کسی طرح جیتنا چاہتے ہیں ۔ ہر ایک کی سیواؤں اور چرتر کا اِتنا پربھاؤ نہیں ہوتا کہ عام لوگوں میں اُنکی طرف کچھ کھنچاؤ ہو، پھر سب سے زیادہ اثر کرنے والی سامپردایک یا جات دھرم کی باتیں ہوتی ہیں ۔ اُنکی بنا پر یہ لوگ فرقہ وارانہ سنگٹھن بناتے ہیں، انکے خود نیتا بنتے ہیں اور دوسرے فرقوں اور جاتیوں کے خلاف زہر پھیلاتے ہیں ۔ دیہاتوں میں، جہاں لوگ زیادہ تر پڑھے لکھے نہیں ہوتے، اُن پر یہ جادو خوب چلتا ہے ۔ چناؤ ہو جاتے ہیں اور پھر چنے جانے والے سجن کے درشن دوسرے چناؤ سے پہلے شاید ہی کبھی ہوتے ہوں ۔ لیکن جن دیہاتوں میں اُنہوں نے یہ زہر پھیلا رکھا ہوتا ہے، وہ فرقہ بندی اور پارٹی بازی میں پھنس جاتے ہیں ۔ اِس کا نتیجہ بہت خطرناک ہوتا ہے ۔ چھوٹی جاتیاں بڑی جاتیوں سے بری طرح دبی رہتی ہیں ۔ گاؤں میں اکثریت اور اقلیت کے جھگڑے شروع ہو جاتے ہیں ۔ بہوگنت جاتی

कोशिशों ने हमें आज़ाद कराया. हम सच्चाई, मुहब्बत और इनसाफ़ की राह पर चल कर दुनिया को यह दिखायेंगे कि इस ज़माने में सबसे बड़ी शख़्सियत और हम पर अहसान करने वाले की हमारे दिलों में कितनी इज़्ज़त, मुहब्बत और भक्ति है. हिन्दुस्तान ने हमेशा निजी और पब्लिक ज़िन्दगी में रूहानी ताक़तों पर बहुत ज़ोर दिया है.

ईश्वर हमें अच्छी नियत और हमारे इरादों में ख़लूस और मज़बूती दे ताकि हम तंग नज़री, ख़ुद ग़रज़ी से ऊपर उठ कर वतन की ख़िदमत कर सकें. हम एक नाज़ुक ज़माने से गुज़र रहे हैं. दुनिया का राजकाज अमन और जंग के तराज़ू में तुल रहा है. अगर हम हालत को न समझ सके, अगर हमने उन लीडरों का साथ नहीं दिया जो साफ़-दिली और साफ़ गोई से वह कमज़ोरियां दिखाते हैं जिन से हमारी क़ौम की नींव ख़तरे में है, जिन से लोक शाही और ग़ैर फ़िरक़ेवारी राज को धक्का पहुँच रहा है और अपनी हालत सुधारने के लिये हमने उनकी चुनौती को क़बूल नहीं किया तो फिर पछतावे के लिये मोहलत तक न मिलेगी—

"गया वक़्त फिर हाथ आता नहीं'

کوششوں نے ہمیں آزاد کرایا ۔ ہم سچائی، محبت اور انصاف کی راہ پر چل کر دنیا کو یہ دکھائیں گے کہ اِس زمانے میں سب سے بڑی شخصیت اور ہم پر احسان کرنے والے کی ہمارے دلوں میں کہ کتنی عزت محبت اور بھکتی ہے ۔ ہندستان نے ہمیشہ نجی اور پبلک زندگی میں روحانی طاقتوں پر بہت زور دیا ہے ۔

ایشور ہمیں اچھی نیت اور ہمارے ارادوں میں خلوص اور مضبوطی دے تاکہ ہم تنگ نظری، خود غرضی سے اوپر اُٹھ کر وطن کی خدمت کرسکیں ۔ ہم ایک نازک زمانے سے گزر رہے ہیں ۔ دنیا کا راج کاج امن اور جنگ کے ترازو میں تل رہا ہے ۔ اگر ہم حالت کو نہ سمجھ سکے، اگر ہم نے اُن لیڈروں کا ساتھ نہیں دیا جو صاف دلی اور صاف گوئی سے وہ کمزوریاں دکھاتے ہیں جن سے ہماری قوم کی نیو خطرے میں ہے، جن سے لوک شاہی اور غیر فرقہ‌واری راج کو دھکا پہونچ رہا ہے اور اپنی حالت سدھارنے کے لئے ہم نے اُن کی چنوتی کو قبول نہیں کیا تو پھر پچھتاوے کے لئے مہلت تک نہ ملے گی—

"گیا وقت پھر ہاتھ آتا نہیں'

फ़िरक़ा बन्दी का ज़हर

(भाई त्रिवेनी सहाय)

भारत में स्वराज के बाद साम्प्रदायिकता या फ़िरक़ा-बन्दी का भयानक रूप सामने आया जिससे इनसान की गिरावट की हद मालूम हुई और पता चला कि वह गुमराह होने पर जानवरों से भी बदतर हो सकता है. लेकिन ख़याल होता है कि क्या यह छू मन्तर स्वराज के मिलने ने किया जो एक साथ पूरे मुल्क में दो फ़िरक़े एक दूसरे से लड़ गए और एक दूसरे के ख़ून के प्यासे बन गए. काफ़ी सोचने के बाद भी ऐसा मालूम नहीं होता. बल्कि इसकी जड़ें पिछले चुनावों के समय के साम्प्रदायिक प्रचार और जीतने की धुन में मस्त नेताओं की तरफ़ से एक दूसरे के ख़िलाफ़ नफ़रत फ़ैलाने, प्लेट फ़ारमों से बिला किसी रोक थाम के दूसरों को गालियां देने और पाकिस्तान व अखंड हिन्दुस्तान के गली गली, गांव गांव नारे लगाये जाने के अन्दर दिखाई देती हैं. इसी फ़िरक़ेवाराना प्रचार ने लोगों के अन्दर नफ़रत की आग भर कर हिन्दू मुसलमानों के लाखों घरों को बरबाद किया और बरबाद किया इनसानों की नैतिकता, रहमदिली, भाई चारे के विचारों को जिससे पूरा देश गिरावट के गड्ढे में जा गिरा.

فرقہ بندی کا زہر

(بھائی تریبینی سہائے)

بھارت میں سوراج کے بعد سامپردایکتا یا فرقہ بندی کا بھیانک روپ سامنے آیا جس سے انسان کی گراوٹ کی حد معلوم ہوئی اور پتہ چلا کہ وہ گمراہ ہونے پر جانوروں سے بھی بدتر ہوسکتا ہے ۔ لیکن خیال ہوتا ہے کہ کیا یہ چھومنتر سوراج کے ملنے نے کیا جو ایک ساتھ پورے ملک میں دو فرقے ایک دوسرے سے لڑ گئے اور ایک دوسرے کے خون کے پیاسے بن گئے ۔ کافی سوچنے کے بعد بھی ایسا معلوم نہیں ہوتا ۔ بلکہ اِسکی جڑیں پچھلے چناؤوں کے سمے کے سامپردایک پرچار اور جیتنے کی دھن میں مست نیتاؤں کی طرف سے ایک دوسرے کے خلاف نفرت پھیلانے، پلیٹ‌فارموں سے بلا کسی روک، تھام کے دوسروں کو گالیاں دینے اور پاکستان و اکھنڈ ہندستان کے گلی گلی، گاؤں گاؤں نعرے لگائے جانے کے اندر دکھائی دیتی ہیں ۔ اسی فرقہ‌وارانہ پرچار نے لوگوں کے اندر نفرت کی آگ بھر کر ہندو مسلمانوں کے لاکھوں گھروں کو برباد کیا اور برباد کیا انسانوں کی نیتکتا، رحم دلی، بھائی چارے کے وچاروں کو جس سے پورا دیش گراوٹ کے گڈھے میں جا گرا ۔

हैं. माली ना बराबरी को दूर करने की कोशिश करें जिनसे समाज की नींव हिल रही है. किसान, मजदूर और ग़रीब तबक़ा अपने लिये सोसाइटी में एक इज्ज़त की जगह ढूंढ रहा है. अगर हम बदली हुई हालत और अपने रहन सहन के ढंग में मेल पैदा न कर सकेंगे तो एक जबरदस्त माली इन्क़लाब आएगा. फ़िरक़ेवारियत पर रोक लगाने के लिये एख़लाक़ी (नैतिक) और रूहानी ताक़तों को मज़बूत किया जाय. इस सिलसिले में हमको धर्म मज़हब से बड़ी मदद मिलेगी. धर्म मज़हब से मेरा मतलब है—सच्ची मज़हबी रवादारी, इनसान दोस्ती, मुहब्बत और क़ुरबानी से न कि उस वहम परस्ती से जिसे ग़लती से धर्म मज़हब का नाम दिया गया है. ख़ुदा का नाम ले ले कर कितने ज़ुल्म नहीं ढाए गए, कितने भयानक जुर्म नहीं किये गए! अगर मज़हब यही है तो दुनिया से जितनी जल्द मिट जाय उतनी ही इसमें दुनिया की भलाई है. लेकिन अगर मज़हब से मतलब ऊंची रूहानी और एख़लाक़ी ताक़तों से है तो पूरब ने पच्छिम की ताक़तों को अमन शान्ति का हमेशा पैग़ाम दिया है. इस ज़माने में भी महात्मा गांधी ने दुनिया को अमन का पैग़ाम दिया. अच्छाई को जिस्मानी ताक़त से नहीं बल्कि अहिन्सा, प्रेम और बलिदान से हासिल करने का संदेश सुनाया. अगर उनके बताए हुए उसूलों पर चलते रहें तो बेशक पच्छिमी मुल्कों के जंगी विचारों पर अच्छे असर डाले जा सकते हैं और इस तरह दुनिया के अमन और उसकी तरक्क़ी में हमारा बड़ा हिस्सा होगा. आइये हम तैहय्या करें कि पंडित जवाहरलाल की अन्दरूनी और बाहरी पालिसी में उनका हाथ बटायेंगे. वह गांधी जी के सच्चे जानशीन हैं.

आन्ध्र, महाराष्ट्र और करनाटक के नेताओं से मेरी अपील है कि वह ज़बान की बुनियाद पर सूबों के क़ायम करने की बात को क़ौमी निगाह से देखें. कहीं इस आन्दोलन से मुल्क के फ़ायदे को अनजाने तौर पर धक्का न लग जाय. मेरी राय में मिला जुला हैदराबाद जहां तलंगी, मरहटी, कनड़ी और हिन्दुस्तानी बोलने वाले और अलग अलग कलचर के मानने वाले अमन चैन की ज़िन्दगी गुज़ारने वाले आम लोग हैं हिन्दुस्तान के लिये एक ज़बरदस्त ताक़त साबित होगा. ज़बान की बुनियाद पर सूबों के क़ायम किये जाने के बारे में जनता जो भी फ़ैसला करेगी मुसलमान उसका साथ तो देंगे ही. जिसमें आम लोगों का फ़ायदा है उस में मुसलमानों का भी फ़ायदा है. लेकिन हम सबको एक बड़ा और ऊँचा हिन्दुस्तान बनाने की ख़ाहिश है. यह अच्छा नहीं होगा कि वफ़ादारी सूबेवारियत और फ़िरक़ेवारियत में बंट कर रह जाय.

हम बापू, और आज़ादी की राह में दूसरे शहीद होने वालों की ख़िदमत में श्रद्धांजलि पेश करते हैं. उन्हीं की

ہیں ۔ مالی نا برابری کو دور کرنے کی کوشش کریں جن سے سماج کی نیو ہل رہی ہے ۔ کسان، مزدور اور غریب طبقہ اپنے لئے سوسائٹی میں ایک عزت کی جگہ ڈھونڈھ رہا ہے ۔ اگر ہم بدلی ہوئی حالت اور اپنے رہن سہن کے ڈھنگ میں میل پیدا نہ کرسکیں گے تو ایک زبردست مالی انقلاب آئے گا ۔ فرقےواریت پر روک لگانے کے لئے اخلاقی (نیتک) اور روحانی طاقتوں کو مضبوط کیا جائے ۔ اِس سلسلے میں ہم کو دھرم مذھب سے بڑی مدد ملے گی ۔ دھرم مذھب سے میرا مطلب ہے— سچی مذہبی رواداری، انسان دوستی، محبت اور قربانی سے نہ کہ اُس وھم پرستی سے جسے غلطی سے دھرم مذھب کا نام دیا گیا ہے ۔ خدا کا نام لے لے کر کتنے ظلم نہیں ڈھائے گئے، کتنے بھیانک جرم نہیں کئے گئے ! اگر مذھب یہی ہے تو دنیا سے جتنی جلد مٹ جائے اُتنی ہی اِس میں دنیا کی بھلائی ہے ۔ لیکن اگر مذھب سے مطلب اونچی روحانی اور اخلاقی طاقتوں سے ہے تو پورب نے پچھم کی طاقتوں کو امن شانتی کا ہمیشہ پیغام دیا ہے ۔ اِس زمانے میں بھی مہاتما گاندھی نے دنیا کو امن کا پیغام دیا ۔ اچھائی کو جسمانی طاقت سے نہیں بلکہ اہنسا، پریم اور بلیدان سے حاصل کرنے کا سندیش سنایا ۔ اگر اُن کے بتائے ہوئے اصولوں پر چلتے رہیں تو بیشک پچھمی ملکوں کے جنگی وچاروں پر اچھے اثر ڈالے جاسکتے ہیں اور اِس طرح دنیا کے امن اور اُس کی ترقی میں ہمارا بڑا حصہ ہوگا ۔ آئیے ہم تہیہ کریں کہ پنڈت جواھر لال کی اندرونی اور باھری پالیسی میں اُن کا ہاتھ بٹائیں گے ۔ وہ گاندھی جی کے سچے جانشین ہیں ۔

آندھرا، مہاراشٹر اور کرناٹک کے نیتاؤں سے میری اپیل ہے کہ وہ زبان کی بنیاد پر صوبوں کے قائم کرنے کی بات کو قومی نگاہ سے دیکھیں ۔ کہیں اِس آندولن سے ملک کے فائدے کو انجانے طور پر دھکا نہ لگ جائے ۔ میری رائے میں ملا جلا حیدرآباد جہاں تلنگی، مرہٹی، کنڑی اور ہندستانی بولنے والے اور الگ الگ کلچر کے ماننے والے امن چین کی زندگی گزارنے والے عام لوگ ہیں ہندستان کے لئے ایک زبردست طاقت ثابت ہوگا ۔ زبان کی بنیاد پر صوبوں کے قائم کئے جانے کے بارے میں جنتا جو بھی فیصلہ کرے گی مسلمان اُس کا ساتھ تو دیں گے ہی ۔ جس میں عام لوگوں کا فائدہ ہے اُس میں مسلمانوں کا بھی فائدہ ہے ۔ لیکن ہم سب کو ایک بڑا اور اونچا ہندستان بنانے کی خواہش ہے ۔ یہ اچھا نہیں ہوگا کہ وفاداری صوبہ واریت اور فرقہ واریت میں بٹ کر رہ جائے ۔

ہم، باپو اور آزادی کی راہ میں دوسرے شہید ہونے والوں کی خدمت میں شردھانجلی پیش کرتے ہیں ۔ انہیں کی

नौकरियां थीं और जो अब छटनी में आकर बेरोजगार फिर रहे हैं. वह लोग जो ग़ैरसमाजी लोगों के ज़ुल्म और ज़ियादती का शिकार बने, जिनकी जायदादें छिन गईं, जिनको निकासी जायदाद क़ानून से नुक़सान पहुँचा, जो रोक थाम रखने की कोशिश में गिरफ़्तारियों और दूसरे डर से सहमे हुए हैं उनके दिलों में यह डर बैठ गया है कि दूसरे शहरियों के बराबर हक़ उन्हें हासिल नहीं हैं, उनके साथ इन्साफ़ का बरताव नहीं किया जाता. मेरी राय में इन सवालों की हद मुसलमानों तक ही नहीं है बल्कि उनका ताल्लुक़ लोकशाही से है. यह वह कसौटी है जिस पर ग़ैरफ़िरक़ेवारी राज को, जिससे हम क़ानूनी और एख़लाक़ी दोनों तरह से बंधे हैं, परखा जायगा. अगर हम यह चाहते हैं कि दुनिया की निगाह में हमारी इज़्ज़त बढ़े तो यह ज़रूरी है कि हम लोकशाही के क़ायल भी हों. कोई देश अपने माली, राजकाजी और समाजी मसलों को कामयाबी से हल नहीं कर सकता जब तक कि हर शहरी को इसका यक़ीन न हो जाय कि न सिर्फ़ उसकी ज़िन्दगी, इज़्ज़त और जायदाद महफ़ूज़ है बल्कि हाथ पैर चलाने के उसे बराबर के मौक़े हैं और उसे किसी ऐसी चीज़ से अलग नहीं रखा गया जो दूसरों को हासिल है. अगर कोई तबक़ा बाढ़, छूत की बीमारियों या कठिनाइयों से तबाह हो जाय तो लोकशाही उसूल की मांग है कि ऐसे तबक़े का औरों के मुक़ाबले में ख़ास तौर से लिहाज़ रखा जाय और हमदर्दी की जाय.

फ़िरक़ावारी रोग कई शकलों में ज़ाहिर होता है. मुझे ज़िलों के दौरों में यह देख कर बड़ा रंज हुआ कि ब्राह्मन ग़ैर ब्राह्मन, लिंगायत ग़ैर लिंगायत, रेड्डी ग़ैर रेड्डी के बीच दुशमनी के जज़्बे लोगों के दिलों में तेज़ी से लहरें ले रहे हैं. यह फ़िरक़ेवारियत की दूसरी सूरत है. अगर इसकी रोक थाम नहीं की गई, इस पर क़ाबू नहीं पाया गया तो हम कठिनाइयों में फंस जायँगे, जंजाल से निकलना मुहाल हो जायगा. हमें वायदा करना होगा कि कोई क़ुरबानी क्यों न देनी पड़े हम फ़िरक़ेवारियत के ख़िलाफ़ लड़ेंगे और महात्मा गांधी की तरह अपनी जान की बाज़ी तक लगा देंगे. फ़िरक़ेवारियत और जत्था बन्दी के रुजहान हैदराबाद और सारे हिन्दुस्तान के लिये अहम सवाल बन गए हैं. स्वार्थ, अलगाव और पिछ्छघसीटू विचारों को बेलगाम होने से रोकने के लिये हमें कोई असरदार क़दम उठाना पड़ेगा. हम एक आज़ाद मुल्क के रहने वाले हैं जिसकी तारीख़ और जिसकी तहज़ीब ऊंची है. हमें ऐसे ढंग निकालने पड़ेंगे जो न सिर्फ़ हमारी तरक़्क़ी में बल्कि सारी दुनिया की तरक़्क़ी में मददगार साबित हों. एके की जंजीरों को मज़बूत करने और अपनी ताक़तों के बेहतर इस्तेमाल के लिये दो तजवीज़ें पेश करता हूँ: एक तो यह कि हम माली हालत की मांग पर ज़ियादा ध्यान

نوکریاں تھیں اور جو اب چھٹنی میں آکر بے روزگار پھر رہے ھیں ۔ وہ لوگ جو غیرسماجی لوگوں کے ظلم اور زیادتی کا شکار بنے' جنکی جائدادیں چھن گئیں' جن کو نکاسی جائداد قانون سے نقصان پہونچا' جو روک تھام رکھنے کی کوشش میں گرفتاریوں اور دوسرے ڈر سے سہمے ہوئے ھیں اُن کے دلوں میں یہ ڈر بیٹھ گیا ھے کہ دوسرے شہریوں کے برابر حق اُنھیں حاصل نہیں ھیں' اُن کے ساتھ انصاف کا برتاؤ نہیں کیا جاتا۔ میری رائے میں اِن سوالوں کی حد مسلمانوں تک ھی نہیں ھے بلکہ اِن کا تعلق لوک شاھی سے ھے ۔ یہ وہ کسوٹی ھے جس پر غیرفرقہ‌واری راج کو' جس سے ھم قانونی اور اخلاقی دونوں طرح سے بندھے ھیں' پرکھا جائے گا ۔ اگر ھم یہ چاھتے ھیں کہ دنیا کی نگاہ میں ھماری عزت بڑھے تو یہ ضروری ھے کہ ھم لوک شاھی کے قائل بھی ہوں ۔ کوئی دیش اپنے مالی' راج کاجی اور سماجی مسئلوں کو کامیابی سے حل نہیں کر سکتا ھے جب تک کہ ھر شہری کو اِس کا یقین نہ ھوجائے کہ نہ صرف اُس کی زندگی' عزت اور جائداد محفوظ ھے بلکہ ھاتھ پیر چلانے کے اُسے برابر کے موقعے ھیں اور اُسے کسی ایسی چیز سے الگ نہیں رکھا گیا جو دوسروں کو حاصل ھے ۔ اگر کوئی طبقہ باڑھ' چھوت کی بیماریوں' یا کٹھنائیوں سے تباہ ھوجائے تو لوک شاھی اصول کی مانگ ھے کہ ایسے طبقے کا اوروں کے مقابلے میں خاص طور سے لحاظ رکھا جائے اور ھمدردی کی جائے ۔

فرقہ‌واری روگ کئی شکلوں میں ظاھر ھوتا ھے ۔ مجھے ضلعوں کے دوروں میں یہ دیکھ کر بڑا رنج ھوا کہ براھمن غیر براھمن' لنگایت غیر لنگایت' ریڈی غیر ریڈی کے بیچ دشمنی کے جذبے لوگوں کے دلوں میں تیزی سے لہریں لے رھے ھیں ۔ یہ فرقہ‌واریت کی دوسری صورت ھے ۔ اگر اِس کی روک تھام نہیں کی گئی' اس پر قابو نہیں پایا گیا تو ھم کٹھنائیوں میں پھنس جائیں گے' جنجال سے نکلنا محال ھو جائے گا ۔ ھمیں وعدہ کرنا ھوگا کہ کوئی قربانی کیوں نہ دینی پڑے ھم فرقہ‌واریت کے خلاف لڑیں گے اور مہاتما گاندھی کی طرح اپنی جان کی بازی تک لگادیں گے ۔ فرقہ‌واریت اور جتھا بندی کے رجحان حیدرآباد اور سارے ھندستان کے لئے اھم سوال بن گئے ھیں ۔ سوارتھ' الگاؤ اور پچھ گھسیٹو وچاروں کو بے لگام ھونے سے روکنے کے لئے ھمیں کوئی اثردار قدم اُٹھانا پڑے گا ۔ ھم ایک آزاد ملک کے رھنے والے ھیں جس کی تاریخ اور جسکی تہذیب اونچی ھے ۔ ھمیں ایسے ڈھنگ نکالنے پڑیں گے جو نہ صرف ھماری ترقی بلکہ ساری دنیا کی ترقی میں مددگار ثابت ھوں ۔ ایکے کی زنجیروں کو مضبوط کرنے اور اپنی طاقتوں کے بہتر استعمال کے لئے دو تجویزیں پیش کرتا ھوں : ایک تو یہ کہ ھم مالی حالت کی مانگ پر زیادہ دھیان

एक जागीरदारी समाज की झलक है, इसमें उस समाज
तमाम खराबियां मौजूद हैं लेकिन फ़िरक़ेवारियत और
स्सुब की परछाईं दिखाई नहीं पड़ती.

दस बारह साल से मुसलमानों में फ़िरक़ेवारी जज़्बा
ड़कने की वजह यह थी कि बरतानवी हिन्द में जो गड़-
ड़ियां हुईं उनकी लहरें हैदराबाद को भी छू गईं. हमारी
रकार स्वार्थी और नाक़ाबिल लोगों के हाथों में थी, वह
ालत पर क़ाबू न पासके. मुसलमानों को अपनी तंग-नज़री
ा काफ़ी ख़मियाज़ा भुगतना पड़ा. अब हैदराबाद की फ़िरक़े-
ारियत मर चुकी है. जो रही सही है वह आख़िरी सांसें
ले रही है. यक़ीन के साथ कहा जा सकता है कि मुस्तक़-
बिल में हैदराबाद के राज काज को कम से कम मुस्लिम
फ़िरक़ेवारियत की तरफ़ से कोई डर नहीं है.

लोकशाही विचारों और लोकशाही में चीज़ों के ढालने का जहां तक ताल्लुक़ है हमें अभी बहुत दूर जाना है. हिन्दुस्तानी विधान और भारत लोकराज क़ायम होने से लोकशाही की दाग़ बेल पड़ चुकी है. पर हमारे विचारों पर ग़ैरमज़हबी और जागीरदारी असर अभी तक छाए हैं. हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों की वही हालत है. तालीम और प्रोपेगेन्डा से लोकशाही फ़िज़ा पैदा करने की बड़ी ज़रूरत है. लोकशाही की मांग है कि फ़र्द (व्यक्ति) का आदर किया जाय न कि इन पुराने जागीरदारी ढंगों का जो अब भी इज़्ज़त की निगाह से देखे जाते हैं. इनसान की सेवा के लिये हमें उसी रास्ते पर चलना पड़ेगा जो दुनिया के दूसरे मुल्कों ने जनता की भलाई के लिये अपनाए. यह एक मुश्किल काम और भारी ज़िम्मेदारी है. महात्मा गांधी का हम को एहसान मानना चाहिये कि उनकी लीडरी में हमें राजकाजी आज़ादी मिल गई. पर यह जीत हार बन जायगी अगर हम माली और समाजी आज़ादी हासिल करने में नाकाम हुए. हमारी सारी कोशिशें जनता को कपड़ा, खाना और रहने की आसानियां पहुँचाने में ख़र्च होनी चाहियें. आज़ाद मुल्क के हर शहरी के यह बुनियादी हक़ हैं. हैदराबादी वतन की ख़िदमत में किसी से पीछे नहीं रहेंगे. हमें बहुत कुछ करना है. अगर हर शहरी इनसान की ख़िदमत का सच्चा जज़्बा ले कर उठे और मिली जुली कोशिश हो तब भी योरपी मुल्कों के रहन सहन की ऊंचाई तक पहुंचने में कई साल लगेंगे. सोचिये तो हमारा क्या नतीजा होगा अगर हम एक दूसरे से अलग होकर मामूली बातों और मन मुटाव में अपना क़ीमती समय बरबाद करें.

जो मसले आज मुसलमानों को परेशान कर रहे हैं वह चन्द रोज़ा हैं. मिसाल के तौर पर उन लोगों को फिर बसाने का मसला जिनकी रोज़ी का ज़रिया सिर्फ़ सरकारी

یہ ایک جاگیرداری سماج کی جھلک ہے۔ اِس میں اُس سماج کی تمام خرابیاں موجود ہیں لیکن فرقہ واریت اور تعصب کی پرچھائیں دکھائی نہیں پڑتی۔

دس بارہ سال سے مسلمانوں میں فرقہ واری جذبہ بھڑکنے کی وجہ یہ تھی کہ برطانوی ہند میں جو گڑبڑیاں ہوئیں اُن کی لہریں حیدرآباد کو بھی چھو گئیں۔ ہماری سرکار سوارتھی اور ناقابل لوگوں کے ہاتھوں میں تھی، وہ حالت پر قابو نہ پاسکی۔ مسلمانوں کو اپنی تنگ نظری کا کافی خمیازہ بھگتنا پڑا۔ اب حیدرآباد کی فرقہ واریت مرچکی ہے۔ جو رہی سہی ہے وہ آخری سانسیں لے رہی ہے۔ یقین کے ساتھ کہا جا سکتا ہے کہ مستقبل میں حیدرآباد کے راج کاج کو کم سے کم مسلم فرقہ واریت کی طرف سے کوئی ڈر نہیں ہے۔

لوک شاہی وچاروں اور لوک شاہی میں چیزوں کے ڈھالنے کا جہاں تک تعلق ہے ہمیں ابھی بہت دور جانا ہے۔ ہندستانی ودھان اور بھارت لوک راج قائم ہونے سے لوک شاہی کی داغ بیل پڑ چکی ہے۔ پر ہمارے وچاروں پر غیر مذہبی اور جاگیرداری اثر ابھی تک چھائے ہیں۔ ہندوؤں اور مسلمانوں دونوں کی وہی حالت ہے۔ تعلیم اور پروپیگنڈہ سے لوک شاہی فضا پیدا کرنے کی بڑی ضرورت ہے۔ لوک شاہی کی مانگ ہے کہ فرد (ویکتی) کا ادر کیا جائے نہ کہ اِن پرانے جاگیرداری ڈھنگوں کا جو اب بھی عزت کی نگاہ سے دیکھے جاتے ہیں۔ انسان کی سیوا کے لئے ہمیں اسی راستے پر چلنا پڑے گا جو دنیا کے دوسرے ملکوں نے جنتا کی بھلائی کے لئے اپنائے۔ یہ ایک مشکل کام اور بھاری ذمہ داری ہے۔ مہاتما گاندھی کا ہم کو احسان ماننا چاہئے کہ اُن کی لیڈری میں ہمیں راج کاجی آزادی مل گئی۔ پر یہ جیت ہار بن جائیگی اگر ہم مالی اور سماجی آزادی حاصل کرنے میں ناکام ہوئے۔ ہماری ساری کوششیں جنتا کو کپڑا کھانا اور رہنے کی آسانیاں پہونچانے میں خرچ ہونی چاہئیں۔ آزاد ملک کے ہر شہری کے یہ بنیادی حق ہیں۔ حیدرآبادی وطن کی خدمت میں کسی سے پیچھے نہیں رہیں گے۔ ہمیں بہت کچھ کرنا ہے اگر ہر شہری انسان کی خدمت کا سچا جذبہ لے کر اٹھے اور ملی جلی کوشش ہو تب بھی یوروپی ملکوں کے رہن سہن کی اونچائی تک پہونچنے میں کئی سال لگیں گے۔ سوچئے تو ہمارا کیا نتیجہ ہوگا اگر ہم ایک دوسرے سے الگ ہو کر معمولی باتوں اور من مٹاؤ میں اپنا قیمتی سمے برباد کردیں۔

جو مسئلے آج مسلمانوں کو پریشان کر رہے ہیں وہ چند روزہ ہیں۔ مثال کے طور پر اُن لوگوں کو پھر سے بسانے کا مسئلہ جن کی روزی کا ذریعہ صرف سرکاری

हों उस पर सोच विचार करें और ईमानदारी से इस बात की कोशिश करें कि मुल्क का कोई तब्क़ा यह महसूस न करने पाये कि उसके साथ इनसाफ़ नहीं हुआ.

हैदराबाद में न सिर्फ़ हिन्दुओं और मुसलमानों के आपसी ताल्लुक़ अच्छे थे बल्कि बीते दिनों में सरकार भी बेहद बे तास्सुब और ग़ैरजानिबदार थी. पिछले दस बीस बरस को छोड़ कर हैदराबाद की हुकूमत ऐसी ही क़ौमी और ग़ैरसम्प्रदाई थी जैसी कि मैसूर की सरकार. रवादारी का यह ज़माना सच्चे मानों में उस समय से ख़तम हो गया जब महाराजा किशन प्रशाद बहादुर रियासत के प्रधान मंत्री के ओहदे से अलग हो गए, जब निज़ामत जंग, राय मुरलीधर, अक़ील जंग और वेन्कट रामा रेड्डी जैसे बड़े लोग पिन्शन लेने या मर जाने के कारन सरकारी ज़िम्मेदारियों से अलहदा हो गए. तारीख़ गवाह है कि पांच सौ साल की लम्बी मुद्दत में फ़िरक़े-वाराना मेल मिलाप इतना मज़बूत था कि हिन्दू और मुसलमान प्रधान मंत्रियों की तादाद लगभग बराबर थी. हिन्दू और मुसलमान जागीरदारों और वालियाने समस्तान को जागीरें दी गईं, मन्दिरों और मस्जिदों को नक़दी और ज़मीन दोनों शकलों में इनाम दिया गया. समाजी जिन्दगी में मुसलमान और हिन्दू एक दूसरे से घुल मिल गये थे. माल के महकमे के दफ़्तर में इसका दस्तावेज़ी सबूत मौजूद है कि ईद के साथ दीवाली भी धूम धाम से मनाई जाती थी. ऐसी और भी मिसालें हैं. बाहरी हमला होता या रियासत में बग़ावत होती तो बिना मज़हबी फ़रक़ या किसी दूसरे फ़रक़ के मिला जुला मोरचा क़ायम किया जाता था. हैदराबाद से जब मरहटों की लड़ाई छिड़ी तो हैदराबादी फ़ौजों के कमान्डर मरहटे ही थे. हैदराबादी चाहे वह हिन्दू हों या मुसलमान, ईसाई हों या पारसी, आन्ध्र के रहने वाले हों या महाराष्ट्र या करनाटक के, किसी को भी फ़िरक़ेवारियत की छूत नहीं लगी था. अलग अलग मज़हबों के मानने वाले, अलग अलग ज़बानें बोलने वाले, अलग अलग तहज़ीब के चाहने वाले, एक दूसरे से दूर रह कर भी क़रीब थे. इस अलगाव में भी एकता की शान थी. बेमेल होने में भी एक मेल था. तास्सुब नहीं था. पिछली पांच सदियों में न सिर्फ़ हिन्दुओं और मुसलमानों में बल्कि करनाटक, आन्ध्र और महाराष्ट्र में मेल और ख़लूस था. शादी ग़मी की रस्मों और दूसरी रस्मों में फ़रक़ भी था और मेल भी. रहने सहने के तरीक़े, सोचने विचारने के ढंग पर फ़िरक़ों ने कुछ असर डाला और उन्हीं अलग अलग बातों ने इकट्ठा होकर हमारी राजकाजी, माली और समाजी जिन्दगी में एक नई स्प्रिट पैदा कर दी और हैदराबाद और उसके रिवाजों को संवारा. मैं यह नहीं कहता हूँ कि जिस समाज की तस्वीर मैंने खींची है उसमें कालिख बिलकुल नहीं है.

ہیں اُس پر سوچ وچار کریں اور ایمانداری سے اِس بات کی وشش کریں کہ ملک کا کوئی طبقہ یہ محسوس نہ کرنے پائے کہ اُس کے ساتھ انصاف نہیں ہوا .

حیدرآباد میں نہ صرف ہندوؤں اور مسلمانوں کے پسی تعلق اچھے تھے بلکہ بیتے دنوں میں سرکار بھی بے حد بے تعصب اور غیر جانب‌دار تھی . پچھلے دس بیس رس کو چھوڑ کر حیدرآباد کی حکومت ایسی ہی قومی ر غیرسمپردائی تھی جیسی کہ میسور کی سرکار . واداری کا یہ زمانہ سچے معنوں میں اُس سمے سے ختم وگیا جب مہاراجہ کشن پرشاد بہادر ریاست کے پردھان ملتری کے عہدے سے الگ ہوگئے' جب نظامت جنگ' ائے مرلی دھر' عقیل جنگ اور وینکٹ راما ریڈی جیسے ے لوگ پنشن لینے یا مرجانے کے کارن سرکاری مہ داریوں سے علحدہ ہوگئے . تاریخ گواہ ہے کہ پانچ سو ال کی لمبی مدت میں فرقہ وارانہ میل ملاپ اتنا مضبوط ا کہ ہندو اور مسلمان پردھان منتریوں کی تعداد لگ ک برابر تھی . ہندو اور مسلمان جاگیرداروں اور والیان مستان کو جاگیریں دی گئیں' مندروں اور مسجدوں نقدی اور زمین دونوں شکلوں میں انعام دیا گیا . ماجی زندگی میں مسلمان اور ہندو ایک دوسرے سے ل مل گئے تھے . مال کے محکمے کے دفتر میں س کا دستاویزی ثبوت موجود ہے کہ عید کے ساتھ والی بھی دھوم دھام سے منائی جاتی تھی . ایسی اور ی مثالیں ہیں . باہری حملہ ہوتا یا ریاست میں غاوت ہوتی تو بنا مذہبی فرق یا کسی دوسرے فرق کے لا جلا مورچہ قائم کیا جاتا تھا . حیدرآباد سے جب رہٹوں کی لڑائی چھڑی تو حیدرآبادی فوجوں کے کمانڈر رہٹے ہی تھے . حیدرآبادی چاہے وہ ہندو ہوں یا مسلمان' سائی ہوں یا پارسی' آندھرا کے رہنے والے ہوں یا ہاراشٹر یا کرناٹک کے' کسی کو بھی فرقہ واریت کی چھوت ہیں لگی تھی. الگ الگ مذہبوں کے ماننے والے' الگ لگ زبانیں بولنے والے' الگ الگ تہذیب کے چاہنے والے' ایک دوسرے سے دور رہ کر بھی قریب تھے . اِس لگاؤ میں بھی ایکتا کی ایک شان تھی . بے میل ہونے یں بھی ایک میل تھا . تعصب نہیں تھا . پچھلی انچ صدیوں میں نہ صرف ہندوؤں اور مسلمانوں میں لکہ کرناٹک' آندھرا اور مہاراشٹر میں میل اور خلوص ھا . شادی غمی کی رسموں اور دوسری رسموں میں فرق بھی تھا اور میل بھی. رہنے سہنے کے طریقے' سوچنے چارنے کے ڈھنگ پر فرقوں نے کچھ اثر ڈالا اور اُنہیں الگ لگ باتوں نے اکٹھا ہوکر ہماری راج کاجی' مالی اور سماجی ندگی میں ایک نئی اسپرٹ پیدا کردی اور حیدرآباد اور اُسکے واجوں کو سنوارا . میں یہ نہیں کہتا ہوں کہ جس سماج کی صویر میں نے کھینچی ہے اُس میں کالکھ بالکل نہیں ہے .

(5) भारत और चीन के बौद्ध भिक्षुओं में दोस्ती का सम्बन्ध क़ायम हुआ जो भारत और चीन की अटूट दोस्ती का निशान था. चीनी भिक्षु चीन लौट कर वहाँ से भारती भिक्षुओं से पत्र व्योहार के ज़रिये अपनी दोस्ती क़ायम रखते थे. ह्वेन-सांग ने चीन से भारती भिक्षुओं के नाम जो ख़त लिखे थे वह आज भी चीनी रैकार्डस में रक्खे हुए हैं.

(6) ह्वेन-सांग जैसे चीनी भिक्षुओं के असर से भारत और चीन के शासकों ने आपस में राजनैतिक रिश्ता क़ायम किया. सम्राट हर्ष ने अपना एक राज दूत चीनी सम्राट के दरबार में भेजा था और चीनी सम्राट ने बदले में अपना एक दूत हर्ष के दरबार में भेजा था. इसी तरह समय समय पर भारत और चीन के बीच राजदूतों का आना जाना जारी रहा.

(7) चीनी भिक्षुओं में से कई ने अपने समय के भारत के राजनैतिक, धार्मिक और सामाजिक जीवन का हाल तफ़सील से लिख छोड़ा है. भारत का प्राचीन इतिहास लिखने में इन बयानों से बहुत मदद मिली है. भारती इतिहासकार इन चीनी बयानों को प्राचीन भारती इतिहास का सबसे बड़ा ज़रिया मानते हैं. अगर यह भिक्षु ऐसी किताबें न लिख जाते तो प्राचीन भारत का इतिहास लिखना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता.

भारत में चीनी भिक्षुओं के आने के यह कुछ ख़ास नतीजे हुए. पर इन चीनी यात्रियों की हिम्मत, बलिदान और बेलगाव त्याग का सब से महत्वपूर्ण नतीजा यह हुआ कि भारत और चीन के बीच एक गहरा और टिकाऊ कलचरी सम्बन्ध क़ायम हुआ जिसके निशान आज भी क़ायम हैं.

(5) بھارت اور چین کے بودھ بھکشوؤں میں دوستی کا سمبندھ قائم ہوا جو بھارت اور چین کی اٹوٹ دوستی کا نشان تھا ۔ چینی بھکشو چین لوٹ کر وہیں سے بھارتی بھکشوؤں سے پتر بیوہار کے ذریعے اپنی دوستی قائم رکھتے تھے ۔ ہیون سانگ نے چین سے بھارتی بھکشوؤں کے نام جو خط لکھے تھے وہ آج بھی چینی ریکارڈس میں رکھے ہوئے ہیں ۔

(6) ہیون سانگ جیسے چینی بھکشوؤں کے اثر سے بھارت اور چین کے شاسکوں نے آپس میں راج نیتک رشتہ قائم کیا ۔ سمراٹ ہرش نے اپنا ایک راج دوت چینی سمراٹ کے دربار میں بھیجا تھا اور چینی سمراٹ نے بدلے میں اپنا ایک دوت ہرش کے دربار میں بھیجا تھا ۔ اسی طرح سمے سمے پر بھارت اور چین کے راج دوتوں کا آنا جانا جاری رہا ۔

(7) چینی بھکشوؤں میں سے کئی نے اپنے سمے کے بھارت کے راج نیتک، دھارمک اور سماجک جیون کا حال تفصیل سے لکھ چھوڑا ہے ۔ بھارت کا پراچین اتہاس لکھنے میں ان بیانوں سے بہت مدد ملی ہے ۔ بھارتی اتہاس کار ان چینی بیانوں کو پراچین بھارتی اتہاس کا سب سے بڑا ذریعہ مانتے ہیں ۔ اگر یہ بھکشو ایسی کتابیں نہ لکھ جاتے تو پراچین بھارت کا اتہاس لکھنا مشکل ہی نہیں ناممکن ہو جاتا ۔

بھارت میں چینی بھکشوؤں کے آنے کے یہ کچھ خاص نتیجے ہوئے ۔ پر ان چینی یاتریوں کی ہمت، بلیدان اور بے لگاؤ تیاگ کا سب سے مہتو پورن نتیجہ یہ ہوا کہ بھارت اور چین کے بیچ ایک گہرا اور ٹکاؤ کلچری سمبندھ قائم ہوا، جس کے نشان آج بھی قائم ہیں ۔

हैदराबाद के मुसलमान

(मीर अकबर अली ख़ां, बैरिस्टर, हैदराबाद)

[15 अगस्त सन '51 आज़ादी के दिन यह लेख हैदराबाद के अख़बारों 'सियासत' और 'दकन क्रानिकल' में निकला था. इसके ख़ास ख़ास हिस्से आसान बोली में हम नीचे दे रहे हैं —एडीटर]

राजकाजी और माली मसलों को हल करते वक़्त हमें इसकी कोशिश करनी चाहिये कि मज़हब की बुनियाद पर इनसानों की गिन्ती करना छोड़ दें. इस पहलू को जितनी अहमियत दी जाय हालत उतनी ही बिगड़ जायगी. लोकशाही का मक़सद यही है कि हम जिस मसले से दो चार

حیدرآباد کے مسلمان

(میر اکبر علی خان، بیرسٹر، حیدرآباد)

[15 اگست سن '51 آزادی کے دن یہ لیکھ حیدرآباد کے اخباروں 'سیاست' اور 'دکن کرانیکل' میں نکلا تھا ۔ اس کے خاص خاص حصے آسان بولی میں ہم نیچے دے رہے ہیں — ایڈیٹر]

راج کاجی اور مالی مسئلوں کو حل کرتے وقت ہمیں اس کی کوشش کرنی چاہئے کہ مذہب کی بنیاد پر انسانوں کی گنتی کرنا چھوڑ دیں ۔ اس پہلو کو جتنی اہمیت دی جائے حالت اتنی ہی بگڑ جائے گی ۔ لوک شاہی کا مقصد یہی ہے کہ ہم جس مسئلے سے دو چار

पथा है. यह हीनयान बौद्धों के सरवस्तिवाद पन्थ की किताब है. इसे मशहूर भारती भिक्षु वासुबन्धु ने लिखा था. व्हेन-सांग ने इसका चीनी भाशा में अनुवाद किया और इसी के नाम से "कोश" पन्थ क़ायम किया.

सन 664 ईसवी में व्हेन-सांग इस संसार से चल बसा.

व्हेन-सांग की मृत्यु के बाद उसकी मूरतियां बना कर बौद्ध मन्दिरों में क़ायम की गईं. बहुत से लोग बुद्ध की मूरती के साथ व्हेन-सांग की मूरती की भी पूजा करते हैं. इन मूरतियों में व्हेन-सांग भिक्षु का बाना पहने, टोपी लगाए, दाहिना हाथ ऊपर उठाए और बाएं हाथ में भिक्षा का बरतन लिये हुए दिखाया गया है.

इ-छिंग

सन 671 ईसवी में इ-छिंग चीन से भारत के लिये रवाना हुआ. उसके साथ कई और भिक्षु आने वाले थे पर चलते समय उन सबने इ-छिंग का साथ छोड़ दिया. इ-छिंग समन्दरी रास्ते से अकेले भारत के लिये चल पड़ा. रास्ते में वह सुमात्रा में कुछ साल ठहरा. यहां वह बौद्धों की ज़िन्दगी, उनके रहन सहन के तरीक़ों और उनके मज़हबी तौर तरीक़ों को समझने की कोशिश करता रहा. बाद में इसके बारे में उसने एक किताब लिख डाली.

भारत आकर वह बौद्ध धर्म की सभी मशहूर पवित्र जगहों को देखने गया. फिर वह नालन्द विश्वविद्यालय में दस साल ठहरा. यहां उसने बहुत सी किताबों की नक़ल की.

सन 695 ईसवी में वह चीन लौट गया. अपने साथ वह बौद्ध धर्म की 400 किताबें ले गया. चीन में उसने मूल सरवस्तिवाद की एक किताब का अनुवाद किया और एक संस्कृत चीनी शब्द कोश तैयार किया.

फ़ाह्यान, शुंग युन, व्हेन-सांग और इ-छिंग के अलावा बहुत से और भी चीनी भिक्षु चीन से भारत आए. इनके भारत आने के सात ख़ास नतीजे हुए—

(1) चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार बढ़ा और बौद्ध मठों का संगठन भारती तरीक़े से हुआ.

(2) चीन में भारती साहित्य काफ़ी तादाद में पहुंचा और उसका चीनी अनुवाद किया गया.

(3) चीन में भारती कला को काफ़ी रिवाज दिया गया.

(4) भारत में चीनी भिक्षुओं के बरसों रहने से चीनियों को भारती ज़िन्दगी का अनुभव हुआ और भारतियों को चीनियों के रहन सहन का पता लगा और दोनों ने एक दूसरे की अच्छी बातों को अपनाने की कोशिश की.

ہوا ہے . یہ ھینیان بودھوں کے سروستی واد پنتھ کی کتاب ہے . اِسے مشہور بھارتی بھکشو واسو بندھو نے لکھا تھا . وھین سانگ نے اس کا چینی بھاشا میں انوواد کیا اور اِسی کے نام سے ''کوش'' پنتھ قائم کیا .

سن 664 عیسوی میں وھین سانگ اس سنسار سے چل بسا .

وھین سانگ کی مرتیو کے بعد اُس کی مورتیاں بناکر بودھ مندروں میں قائم کی گئیں . بہت سے لوگ بدھ کی مورتی کے ساتھ وھین سانگ کی مورتی کی بھی پوجا کرتے ھیں . ان مورتیوں میں وھین سانگ بھکشو کا بانا پہنے، ٹوپی لگائے، داھنا ھاتھ اُوپر اُٹھائے اور بائیں ھاتھ میں بھکشا کا برتن لئے ہوئے دکھایا گیا ہے .

ای چھنگ

سن 671 عیسوی میں ای چھنگ چین سے بھارت کے لئے روانہ ھوا . اُس کے ساتھ کئی اور بھکشو آنے والے تھے پر چلتے سمے اُن سب نے ای چھنگ کا ساتھ چھوڑ دیا . ای چھنگ سمندری راستے سے اکیلے بھارت کے لئے چل پڑا . راستے میں وہ سماترا میں کچھ سال ٹھہرا . یہاں وہ بودھوں کی زندگی، اُن کے رھن سہن کے طریقوں اور اُن کے مذھبی طور طریقوں کو سمجھنے کی کوشش کرتا رھا . بعد میں اِسکے بارے میں اُس نے ایک کتاب لکھ ڈالی .

بھارت آکر وہ بودھ دھرم کی سبھی مشہور پوتر جگہوں کو دیکھنے گیا . پھر وہ نالند وشو ودیالے میں دس سال ٹھہرا . یہاں اُس نے بہت سی کتابوں کی نقل کی .

سن 695 عیسوی میں وہ چین لوٹ گیا . اپنے ساتھ وہ بودھ دھرم کی 400 کتابیں لے گیا . چین میں اس نے مول سروستی واد کی ایک کتاب کا انوواد کیا اور ایک سنسکرت چینی شبد کوش تیار کیا .

فاھیان، شنگ یُن، وھین سانگ اور اِی چھنگ کے علاوہ بہت سے اور بھی چینی بھکشو چین سے بھارت آئے . ان کے بھارت آنے کے سات خاص نتیجے ھوئے —

(1) چین میں بودھ دھرم کا پرچار بڑھا اور بودھ مٹھوں کا سنگٹھن بھارتی طریقے سے ھوا .

(2) چین میں بھارتی ساھتیہ کافی تعداد میں پہنچا اور اُن کا چینی انوواد کیا گیا .

(3) چین میں بھارتی کلا کو کافی رواج دیا گیا .

(4) بھارت میں چینی بھکشوؤں کے برسوں رھنے سے چینیوں کو بھارتی زندگی کا انوبھو ھوا اور بھارتیوں کو چینیوں کے رھن سہن کا پتہ لگا اور دونوں نے ایک دوسرے کی اچھی باتوں کو اپنانے کی کوشش کی .

यात्रा का ज़िक्र किया और बिना इजाज़त भारत चले आने की माफ़ी मांगी. सम्राट ने ह्वेन-सांग को माफ़ कर दिया और उसे राजधानी आने की दावत दी. ह्वेन-सांग ने भारत में चीन की इज़्ज़त और चीन का मान बढ़ाया था. इसलिये जब ह्वेन-सांग राजधानी में पहुंचा तो राजधानी की सारी जनता उसके स्वागत के लिये उमड़ पड़ी. "चीन के इतिहास में किसी भी बौद्ध भिक्षु का इतना शानदार स्वागत नहीं किया गया था जितना इस तीर्थ यात्री का. उस दिन सम्राट ने, उनके दरबार ने, सरकारी नौकरों ने, सौदागरों ने और आम जनता ने छुट्टी मनाई. सड़कों पर मर्दों और औरतों की भीड़ लग गई. यह लोग झंडे दिखा कर और नाच गाकर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर कर रहे थे. क़ुदरत ने भी उस दिन ह्वेन-सांग का दिल से इस्तक़बाल किया. आसमान बिलकुल साफ़ था. बादल और पानी के कोई आसार नहीं थे. आसमान से ख़ुशी झलक रही थी. ह्वेन-सांग का पुराना चीड़ का पेड़ भी झूम झूम कर ख़ुशी मना रहा था. जब से ह्वेन-सांग भारत के लिये चला तभी से वह पच्छिम की ओर झुका हुआ था. जब वह भारत से चीन के लिये रवाना हुआ तब से वह पेड़ अपने मालिक के घर लौटने की सूचना देने के लिये पूरब की ओर झुक गया, और उसी तरह झुका रहा जब तक ह्वेन-सांग चांग-गान वापस नहीं पहुंच गया.'' ("आन युआन-च्वांग''—लेखक वाटर्स, सफ़ा—11).

सम्राट ने ह्वेन-सांग को बहुत दिनों तक अपने महल में रखा और एक अलग कमरे में बैठ कर वह ह्वेन-सांग से भारत का हाल घंटों सुना करता था.

ह्वेन-सांग भारत से अपने साथ महायान बौद्ध धर्म की 124 किताबें और 520 दूसरी किताबें बाईस घोड़ों पर लाद कर चीन ले आया था. ह्वेन-सांग के कहने पर सम्राट ने इन तमाम किताबों के अनुवाद के लिये विद्वानों की एक कमेटी नियोजित कर दी थी.

सम्राट के कहने पर ह्वेन-सांग ने अपनी यात्रा का हाल एक किताब में लिख डाला. इस किताब को "सि-यू-की" यानी "पच्छिमी देसों का हाल'' कहते हैं. इसे ह्वेन-सांग ने सन 646 ईसवी में सम्राट को पेश किया था. चीन, कोरिया और जापान में यह बौद्ध धर्म की एक पवित्र किताब मानी जाती है. भारत के इतिहासकारों को भारत का प्राचीन इतिहास लिखने में इस किताब से बहुत मदद मिली है. प्राचीन भारत का जितना सच्चा और यक़ीन करने लायक़ बयान इस किताब में मिलता है उतना और किसी में नहीं.

चीन में ह्वेन-सांग ने बौद्ध धर्म का एक पन्थ क़ायम किया जिसे "किउ-शे" यानी "कोश" पन्थ कहते हैं. इस पन्थ का नाम बौद्ध धर्म की किताब "अभिधर्म कोश" से

یاترا کا ذکر کیا اور بلا اجازت بھارت چلے جانے کی معافی مانگی . سمراٹ نے ہیون سانگ کو معاف کر دیا اور اسے راجدھانی آنے کی دعوت دی . ہیون سانگ نے بھارت میں چین کی عزت اور چین کا مان بڑھایا تھا اس لئے جب ہیون سانگ راجدھانی میں پہونچا تو راجدھانی کی ساری جنتا اُس کے سواگت کے لئے اُمڈ پڑی . "چین کے اتہاس میں کسی بھی بودھ بھکشو کا اتنا شاندار سواگت نہیں کیا گیا تھا جتنا اِس تیرتھ یاتری کا . اُس دن سمراٹ نے ان کے دربار نے سرکاری نوکروں نے سوداگروں نے اور عام جنتا نے چھٹی منائی . سڑکوں پر مردوں اور عورتوں کی بھیڑ لگ گئی . یہ لوگ جھنڈے دکھا کر اور ناچ گا کر اپنی خوشی ظاہر کر رہے تھے . قدرت نے بھی اُس دن ہیون سانگ کا دل سے استقبال کیا . آسمان بالکل صاف تھا . بادل اور پانی کے کوئی آثار نہیں تھے . آسمان سے خوشی جھلک رہی تھی . ہیون سانگ کا پرانا چیڑ کا پیڑ بھی جھوم جھوم کر خوشی منا رہا تھا . جب سے ہیون سانگ بھارت کے لئے چلا تبھی سے وہ پچھم کی اور جھکا ہوا تھا . جب وہ بھارت سے چین کے لئے روانہ ہوا تب سے وہ پیڑ اپنے مالک کے گھر لوٹنے کی سوچنا دینے کے لئے پورب کی اور جھک گیا اور اُسی طرح جھکا رہا جب تک ہیون سانگ چانگ گان واپس نہیں پہنچ گیا ." ("آن یوان چوانگ" لیکھک واٹرس صفحہ—11)

سمراٹ نے ہیون سانگ کو بہت دنوں تک اپنے محل میں رکھا اور ایک الگ کمرے میں بیٹھ کر وہ ہیون سانگ سے بھارت کا حال گھنٹوں سنا کرتا تھا .

ہیون سانگ بھارت سے اپنے ساتھ مہایان بودھ دھرم کی 124 کتابیں اور 520 دوسری کتابیں بائیس گھوڑوں پر لاد کر چین لے آیا تھا . ہیون سانگ کے کہنے پر سمراٹ نے اِن تمام کتابوں کے انوواد کے لئے ودوانوں کی ایک کمیٹی نیوجت کر دی تھی .

سمراٹ کے کہنے پر ہیون سانگ نے اپنی یاترا کا حال ایک کتاب میں لکھ ڈالا . اس کتاب کو "سی یو کی" یعنی "پچھمی دیسوں کا حال" کہتے ہیں . اسے ہیون سانگ نے سن 646 عیسوی میں سمراٹ کو پیش کیا تھا . چین، کوریا اور جاپان میں یہ بودھ دھرم کی ایک پوتر کتاب مانی جاتی ہے . بھارت کے اتہاس کاروں کو بھارت کا پراچین اتہاس لکھنے میں اس کتاب سے بہت مدد ملی ہے . پراچین بھارت کا جتنا سچا اور یقین کرنے لائق بیان اس کتاب میں ملتا ہے اتنا اور کسی میں نہیں .

چین میں ہیون سانگ نے بودھ دھرم کا ایک پنتھ قائم کیا جسے "کیو شے" یعنی "کوش" پنتھ کہتے ہیں . اس پنتھ کا نام بودھ دھرم کی کتاب "ابھیدھرم کوش" سے

धर्म के अनेक पन्थ क़ायम हो गए थे जो आपस में लड़ा करते थे. इस लिये उसने यह तय किया कि वह भारत जाकर बौद्ध धर्म और बौद्ध दरशन का अध्ययन करेगा और वहां से बौद्ध किताबें लाकर उनका चीनी अनुवाद करेगा.

सन् 629 ईसवी में व्हेन-सांग चीन की राज धानी चांग-गान से भारत के लिये रवाना हुआ. उसने भारत जाने के लिये चीन के सम्राट से इजाज़त नहीं ली. बीच एशिया के रास्ते होकर वह भारत आया.

भारत में व्हेन-सांग सोलह साल ठहरा. इस अरसे मे वह भारत की सभी मशहूर जगहों को देखने गया. उसने भारत के पवित्र बौद्ध स्थानों की भी यात्रा की और वहां जाकर अपनी श्रद्धान्जलि अरपित की. नालन्द विश्वविद्यालय मे वह पांच साल ठहरा. यहां वह मशहूर बौद्ध शिक्षक आचार्य शीलभद्र के साथ बौद्ध धर्म की किताबों का अध्ययन करता रहा और उसने उनसे बौद्ध दरशन की तालीम हासिल की.

भारत के राजाओं से भी व्हेन-सांग ने गहरी दोस्ती पैदा कर ली थी जिस समय वह भारत आया था, सम्राट हर्श भारत मे राज कर रहा था. हर्श बौद्ध धर्म का मानने वाला था. इसके अलावा वह महायान पन्थ का समर्थक था. व्हेन-सांग भी महायानी था, इसलिये हर्श ने उसे अपने दरबार में रख लिया और उसकी बड़ी आवभगत की. व्हेन-सांग अपनी विद्वता के लिये भारत मे भी बहुत जल्द मशहूर हो गया. सम्राट हर्श उसकी विद्वता से इतने प्रभावित हुए कि उन्होने व्हेन-सांग की बौद्ध दरशन की व्याख्या सुनने के लिये क़न्नौज में एक विशाल धार्मिक सभा का आयोजन किया जिसमें सारे हिन्दुस्तान से बौद्ध भिक्षु और प्रचारक बुलाए गए. इसके अलावा, सभी राजाओं को इस सभा मे शामिल होने की दावत दी गई. आसाम के राजा भास्कर-वरमन जो सम्राट हर्श के गहरे दोस्त थे, इस सभा मे शामिल हुए थे. यह सभा कई दिन चलती रही. व्हेन-सांग की धर्म व्याख्या से सारी सभा पर बहुत गहरा असर पड़ा और व्हेन-सांग सारे भारत मे मशहूर हो गया. इसी सभा में कुछ ब्राह्मणो ने सम्राट हर्श की हत्या करने की कोशिश की थी और उस कमरे मे आग लगा दी थी जहां भगवान बुद्ध की सोने की मूर्ति रखी हुई थी.

व्हेन-मांग सन 645 ईसवी में चीन वापस गया. सम्राट हर्श ने बहुत से उपहार के साथ उसे अपने दूतों की देख रेख में भारत की सरहद तक पहुंचा दिया. वहां से फिर वह चीन चला गया.

चीन में व्हेन सांग का शाही स्वागत किया गया. जब वह चीन के रास्ते में था तभी उसने सम्राट के नाम एक प्रार्थना पत्र लिख कर भेजा जिसमें उसने अपनी भारत

دھرم کے انیک پنتھ قائم ہوگئے تھے جو آپس میں لڑا کرتے تھے . اُس لئے اِس نے یہ طے کیا کہ وہ بھارت جاکر بودھ دھرم اور بودھ درشن کا ادھین کرے گا اور وہاں سے بودھ کتابیں لاکر اُن کا چینی انواد کریگا .

سن 629 عیسوی میں وھین سانگ چین کی راجدھانی چانگ گان سے بھارت کے لئے روانہ ہوا . اُس نے بھارت جانے کے لئے چین کے سمراٹ سے اجازت نہیں لی . بیچ ایشیا کے راستے ہو کر وہ بھارت آیا

بھارت میں وھین سانگ سولہ سال ٹھہرا اِس عرصے میں وہ بھارت کی سبھی مشہور جگہوں کو دیکھنے گیا . اُس نے بھارت کے پوتر بودھ استھانوں کی بھی یاترا کی اور وہاں جاکر اپنی شردھانجلی ارپت کی . نالند وشوودیالیہ میں وہ پانچ سال ٹھہرا . یہاں وہ مشہور بودھ شکشک آچاریہ شیل بھدر کے ساتھ بودھ دھرم کی کتابوں کا ادھین کرتا رہا اور اُس نے ان سے بودھ درشن کی تعلیم حاصل کی .

بھارت کے راجاؤں سے بھی وھین سانگ نے گہری دوستی پیدا کر لی تھی . جس سمے وہ بھارت آیا تھا، سمراٹ ہرش بھارت میں راج کر رہا تھا ہرش بودھ دھرم کا ماننے والا تھا . اس کے علاوہ وہ مہایان پنتھ کا سمرتھک تھا . وھین سانگ بھی مہایانی تھا اس لئے ہرش نے اُسے اپنے دربار میں رکھ لیا اور اس کی بڑی آؤ بھگت کی . وھین سانگ اپنی ودوتا کے لئے بھارت میں بھی بہت جلد مشہور ہوگیا . سمراٹ ہرش اس کی ودوتا سے اتنے پربھاوت ہوئے کہ اُنھوں نے وھین سانگ کی بودھ درشن کی ویاکھیا سننے کے لئے قنوج میں ایک وشال دھارمک سبھا کا آیوجن کیا جس میں سارے ہندستان سے بودھ بھکشو اور پرچارک بلائے گئے . اِس کے علاوہ سبھی راجاؤں کو اِس سبھا میں شامل ہونے کی دعوت دی گئی . آسام کے راجا بھاسکر ورمن جو سمراٹ ہرش کے گہرے دوست تھے، اِس سبھا میں شامل ہوئے تھے . یہ سبھا کئی دن چلتی رہی . وھین سانگ کی دھرم ویاکھیا سے ساری سبھا پر بہت گہرا اثر پڑا اور وھین سانگ سارے بھارت میں مشہور ہوگیا . اسی سبھا میں کچھ براہمنوں نے سمراٹ ہرش کی ہتیا کرنے کی کوشش کی تھی اور اُس کمرے میں آگ لگا دی تھی جہاں بھگوان بدھ کی سونے کی مورتی رکھی ہوئی تھی .

وھین سانگ سن 645 عیسوی میں چین واپس گیا . سمراٹ ہرش نے بہت سے اُپہار کے ساتھ اُسے اپنے دوتوں کی دیکھ ریکھ میں بھارت کی سرحد تک پہونچا دیا . وہاں سے پھر وہ چین چلا گیا .

چین میں وھین سانگ کا شاہی سواگت کیا گیا . جب وہ چین کے راستے میں تھا تبھی اُس نے سمراٹ کے نام ایک پرارتھنا پتر لکھ کر بھیجا جس میں اُس نے اپنی بھارت

शुंग-युन बीच एशिया होकर भारत आया. भारत के उत्तर पच्छिम के सरहदी राज उदयन के राजा के नाम वह चीन की मलका का ख़त ले आया था. उसने वह ख़त उदयन के राजा को दिया. राजा साहब ने उस ख़त को बड़े आदर से स्वीकार किया और उसे पढ़वा कर सुना. जब राजा साहब को यह मालूम हुआ कि चीन की मलका बौद्ध धर्म की मानने वाली हैं तो उन्होंने फौरन पूरब की ओर (चीन की ओर) मुँह करके, हाथ जोड़ कर और ध्यान मग्न होकर अपना सिर झुका लिया. फिर उन्होंने शुंग-युन का बड़ी ख़ातिर की और चीन के बारे में तरह तरह के सवाल किये. चीन के बौद्ध धर्म के बारे मे उन्होंने ख़ास दिलचस्पी ली. चीन के बारे में शुंग-युन की बातें सुनकर राजा साहब बोले—

"आपने जो कुछ बताया अगर वह सब सच है तो आपका देस सचमुच भगवान बुद्ध का देस है. मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि इस जीवन के बाद मैं आपके देस मे ही जन्म लूँ." ("बुधिस्ट रेकार्ड्स आफ़ दी वेस्टन वर्ल्ड" —बील, सफ़ा—91)

उदयन मे कई साल रह कर शुंग-युन बौद्ध धर्म की किताबें इकट्ठा करता रहा, फिर वह गान्धार गया. वहां भी उसन बहुत सी किताबें हासिल की. फिर सन 522 ईसवी में वह गान्धार से चीन वापस चला गया. वह अपने साथ बौद्ध धर्म की 170 किताबें चीन ले गया.

ह्वेनसांग

जितने चीनी यात्री भारत आए उनमे ह्वेन-सांग सबसे ज़ियादा विद्वान था, उसने सबसे ज़ियादा शोहरत हासिल की और भारतियो के साथ सबसे ज़ियादा मेल जोल पैदा किया.

ह्वेन-सांग सन 603 ईसवी में पैदा हुआ. उसके घर मे सभी कंग फूत्ज़े धर्म के मानने वाले थे. इसलिये शुरू शुरू मे वह कंग फूत्ज़े धर्म की ही किताबों का अध्ययन करता रहा. फिर जब वह तेरह साल का हुआ तो उनका बड़ा भाई बौद्ध भिक्षु हो गया. अपने भाई के साथ साथ ह्वेन-सांग भी बौद्ध धर्म का अनुयायी हो गया और उसने बौद्ध साहित्य का पढ़ाई शुरू की. बचपन से ही वह बड़ा होनहार और तेज था. याद करने की ताक़त भी उसमें और लोगों से ज़ियादा थी. उसने बौद्ध दरशन का इतना गहरा अध्ययन किया कि बहुत जल्दी सारे चीन मे वह अपनी विद्वता के लिये मशहूर हो गया. चीन के दूर दूर हिस्सों से बौद्ध भिक्षु उसके पास तालीम हासिल करने आने लगे.

ह्वेन-सांग बौद्ध किताबों के चीनी अनुवाद से बहुत असन्तुष्ट था. उसने यह भी देखा कि चीन में बौद्ध

شنگ یون بیچ ایشیا ہوکر بھارت آیا ۔ بھارت کے اتر پچھم کے سرحدی راج ادین کے راجہ کے نام وہ چین کی ملکہ کا خط لے آیا تھا ۔ اس نے وہ خط ادین کے راجہ کو دیا ۔ راجہ صاحب نے اس خط کو بڑے آدر سے سوئیکار کیا اور اسے پڑھواکر سنا ۔ جب راجہ صاحب کو یہ معلوم ہوا کہ چین کی ملکہ بودھ دھرم کی ماننے والی ہیں تو انہوں نے فوراً پورب کی اور (چین کی اور) منہ کر کے ہاتھ جوڑ کر اور دھیان مگن ہو کر اپنا سر جھکا لیا ۔ پھر انہوں نے شنگ یون کی بڑی خاطر کی اور چین کے بارے میں طرح طرح کے سوال کیے ۔ چین کے بودھ دھرم کے بارے میں انہوں نے خاص دلچسپی لی ۔ چین کے بارے میں شنگ یون کی باتیں سن کر راجہ صاحب بولے

"آپ نے جو کچھ بتایا اگر وہ سب سچ ہے تو آپ کا دیس سچ مچ بھگوان بدھ کا دیس ہے ۔ میں ایشور سے پرارتھنا کرتا ہوں کہ اس جیون کے بعد میں آپ کے دیس میں ہی جنم لوں " ("بدھسٹ ریکارڈس آف دی ویسٹرن ورلڈ" — بیل ، صفحہ 91)

ادین میں کئی سال رہ کر شنگ یون بودھ دھرم کی کتابیں اکٹھا کرتا رہا پھر وہ گندھار گیا وہاں بھی اس نے بہت سی کتابیں حاصل کیں پھر سن 522 عیسوی میں وہ گندھار سے چین واپس چلا گیا وہ اپنے ساتھ بودھ دھرم کی 170 کتابیں چین لے گیا ۔

ھیون سانگ

جتنے چینی یاتری بھارت آئے ان میں ھیون سانگ سب سے زیادہ ودوان تھا اس نے سب سے زیادہ شہرت حاصل کی اور بھارتیوں کے ساتھ سب سے زیادہ میل جول پیدا کیا ۔

ھیون سانگ سن 603 عیسوی میں پیدا ہوا ۔ اس کے گھر میں سبھی کنگ فوتزے دھرم کے ماننے والے تھے ۔ اس لئے شروع شروع میں وہ کنگ فوتزے دھرم کی کتابوں کا ادھین کرتا رہا ۔ پھر جب وہ تیرہ سال کا ہوا تو اس کا بڑا بھائی بودھ بھکشو ہوگیا ۔ اپنے بھائی کے ساتھ ساتھ ھیون سانگ بھی بودھ دھرم کا انویائی ہوگیا اور اس نے بودھ ساھتیہ کی پڑھائی شروع کی بچپن سے ہی وہ بڑا ہونہار اور تیز تھا یاد کرنے کی طاقت بھی اس میں اور لوگوں سے زیادہ تھی ۔ اس نے بودھ درشن کا اتنا گہرا ادھین کیا کہ بہت جلدی سارے چین میں وہ اپنی ودوتا کے لئے مشہور ہوگیا ۔ چین کے دور دور حصوں سے بودھ بھکشو اس کے پاس تعلیم حاصل کرنے آنے لگے ۔

ھیون سانگ بودھ کتابوں کے چینی انواد سے بہت اسنتشٹ تھا ۔ اس نے یہ بھی دیکھا کہ چین میں بودھ

जहाज़ पर यह श्रमन (बौद्ध भिक्षु) सवार है, इसलिये हमारे ऊपर इतनी मुसीबतें आ पड़ी हैं. इस श्रमन को किसी पास के टापू पर उतार दिया जायगा जिससे इस एक आदमी की वजह से तमाम दूसरे मुसाफ़िरों की जान ख़तरे में न पड़े.''

जब फ़ाहयान के धार्मिक गुरु वनपति ने ब्राह्मनों का यह इरादा सुना तो वह बहुत नाराज़ हुए. उन्होंने उन ब्राह्मनों से कहा—"अगर तुम इस भिक्षु को जहाज़ से उतारोगे तो इस के साथ तुम्हें मुझे भी उतारना पड़ेगा. अगर तुम मुझे इसके साथ नहीं उतारना चाहते तो मुझे मार डालो क्योंकि अगर तुम इस श्रमन को जहाज़ से उतार दोगे, तब मैं चीन पहुँच कर सीधा बादशाह के पास जाऊंगा और उनसे तुम्हारी शिकायत करूंगा. चीन का बादशाह बौद्ध धर्म का कट्टर मानने वाला है और वह भिक्षुओं और पुजारियों का बहुत आदर करता है." यह सुनकर वह सब के सब बहुत घबराए और उन्होंने फ़ाहयान को जहाज़ से उतार देने का इरादा बिलकुल छोड़ दिया.

मौसम अब भी ख़राब रहा. मुसाफ़िरों का राशन और पानी सब ख़तम हो चला. इसलिये मल्लाहों ने जहाज़ को चीन के किनारे कहीं लगा दिया, जहां कोई बन्दरगाह न था. यहीं फ़ाहयान उतर गया. पाम के खेत और उड़ती हुई चिड़ियों को देख कर वह समझ गया कि यह चीन का ही देस है. यहां से वह उस ज़िले के हाकिम की मदद से चीन की राजधानी चांग-गान चला गया.

पन्द्रह साल बाहर रह कर सन 414 ईसवी में फ़ाहयान अपने चांग-गान के मठ में वापस आया.

फ़ाहयान ने अपनी भारत यात्रा का एक बयान लिखा है जिसे "फ़ू-कुओ-की" यानी "भगवान बुद्ध के देस की कहानी" कहते हैं. इस किताब में फ़ाहयान ने अपने समय में भारत में जो कुछ देखा और सुना सब दर्ज किया है. भारत के इतिहासकारों को भारत का प्राचीन इतिहास लिखने में इस किताब से बहुत मदद मिली है.

फ़ाहयान की भारत यात्रा का बयान चीनी भिक्षुओं ने बड़े चाव से सुना और उससे उनके दिल पर बहुत असर पड़ा. फ़ाहयान की हिम्मत और निडरता से प्रभावित होकर अनेक बौद्ध भिक्षु चीन से भारत आए. सच तो यह है कि फ़ाहयान ने ही चीनियों को भारत आने का रास्ता दिखाया और हिम्मत दिलाई.

शुंग-युन

शुंग-युन चीन का एक बौद्ध भिक्षु था. 517 ईसवी में चीन की मलका ने बौद्ध किताबें लाने के लिये उसे अपना दूत बनाकर भारत भेजा था.

جہاز پر یہ شرمن (بودھ بھکشو) سوار ہے، اس لئے ہمارے اوپر اتنی مصیبتیں آ پڑی ہیں۔ اس شرمن کو کسی پاس کے ٹاپو پر اُتار دیا جائے گا جس سے اِس ایک آدمی کی وجہ سے تمام دوسرے مسافروں کی جان خطرے میں نہ پڑے۔"

جب فاہیان کے دھارمک گرو ونپتی نے براہمنوں کا یہ اِرادہ سنا تو وہ بہت ناراض ہوئے۔ اُنہوں نے اُن براہمنوں سے کہا — "اگر تم اِس بھکشو کو جہاز سے اُتاروگے تو اِس کے ساتھ تمہیں مجھے بھی اُتارنا پڑے گا۔ اگر تم مجھے اِس کے ساتھ نہیں اُتارنا چاہتے، تو مجھے مارڈالو کیونکہ اگر تم اِس شرمن کو جہاز سے اُتار دوگے، تب میں چین پہونچ کر سیدھا بادشاہ کے پاس جاؤں گا اور اُن سے تمہاری شکایت کروں گا۔ چین کا بادشاہ بودھ دھرم کا کٹر ماننے والا ہے اور وہ بھکشوؤں اور پجاریوں کا بہت آدر کرتا ہے۔" یہ سنکر وہ سب کے سب بہت گھبرائے اور اُنہوں نے فاہیان کو جہاز سے اُتار دینے کا اِرادہ بالکل چھوڑ دیا۔

موسم اب بھی خراب رہا۔ مسافروں کا راشن اور پانی سب ختم ہوچلا۔ اِس لئے ملاحوں نے جہاز کو چین کے کنارے کہیں لگا دیا، جہاں کوئی بندرگاہ نہ تھا۔ یہیں فاہیان اتر گیا۔ پاس کے کھیت اور اُڑتی ہوئی چڑیوں کو دیکھکر وہ سمجھ گیا کہ یہ چین کا ہی دیس ہے۔ یہاں سے وہ اُس ضلع کے حاکم کی مدد سے چین کی راجدھانی چانگ گان چلا گیا۔

پندرہ سال باہر رہکر سن 414 عیسوی میں فاہیان اپنے چانگ گان کے مٹھ میں واپس آیا۔ فاہیان نے اپنی بھارت یاترا کا ایک بیان لکھا ہے جسے "فو۔کوا۔کی۔" یعنی "بھگوان بدھ کے دیس کی کہانی" کہتے ہیں۔ اِس کتاب میں فاہیان نے اپنے سمے میں بھارت میں جو کچھ دیکھا اور سنا سب درج کیا ہے۔ بھارت کے اِتہاس کاروں کو بھارت کا پراچین اِتہاس لکھنے میں اِس کتاب سے بہت مدد ملی ہے۔

فاہیان کی بھارت یاترا کا بیان چینی بھکشوؤں نے بڑے چاؤ سے سنا اور اُس سے انکے دل پر بہت اثر پڑا۔ فاہیان کی ہمت اور نڈرتا سے پربھاوت ہوکر انیک بودھ بھکشو چین سے بھارت آئے۔ سچ تو یہ ہے کہ فاہیان نے ہی چینیوں کو بھارت آنے کا راستہ دکھایا اور ہمت دلائی۔

شنگ یُن

شنگ یُن چین کا ایک بودھ بھکشو تھا۔ 517 عیسوی میں چین کی ملکہ نے بودھ کتابیں لانے کے لئے اُسے اپنا دوت بناکر بھارت بھیجا تھا۔

आया था, लेकर वह चीन के लिये एक बहुत बड़े सौदागरी जहाज पर सवार हुआ.

फाह्यान को लंका से चीन की यात्रा बहुत ही ख़तरनाक साबित हुई. इस बार उसे जिन मुसीबतों का सामना करना पड़ा वह उसकी चीन भारत यात्रा से कहीं ज़ियादा दुखदाई थी.

जिस जहाज़ पर फ़ाह्यान सवार हुआ, उसमें दो सौ मुसाफ़िर और मल्लाह थे. उस जहाज़ के साथ एक छोटा जहाज़ भी बंधा हुआ था जो ख़तरे के समय इस्तेमाल किया जा सकता था. लंका से जिस समय जहाज़ चला, मौसम बहुत अच्छा था और दो दिन तक जहाज़ आसानी से चलता रहा. तीसरे दिन बड़े ज़ोरों का तूफ़ान आया और बड़े जहाज़ में एक सूराख़ हो गया. इसी के ज़रिये जहाज़ में पानी भरने लगा और अब डर हुआ कि कहीं जहाज़ डूब न जाए. छोटे जहाज़ के मल्लाह बड़े जहाज़ वालों को धोका देकर रस्सा तुड़ा कर अलग निकल गए जिससे बड़े जहाज़ के मल्लाह बड़ी परेशानी में पड़े. उन्होंने सौदागरों को आदेश दिया कि वह अपना सब सामान पानी में फेंक दें जिससे जहाज़ का बोझ हलका हो जाय. उन्होंने वैसा किया. फ़ाह्यान ने अपनी पानी की सुराही और हाथ धोने का बरतन पानी में फेंक दिया. उसे डर लगा कि कहीं उसकी तमाम किताबें और मूर्तियां भी पानी में न फेंक दी जायँ. इसलिये उसने भगवान अवलोकितेश्वर की प्रार्थना करना शुरू की—"हे भगवान! मैं बौद्ध साहित्य की खोज में दूर दूर देशों में घूमता फिरा आप कृपा कर के अपनी रूहानी शक्ति से मुझे किसी सुरक्षित जगह पर ले चलिये." तेरह दिन तूफ़ान चलता रहा. फिर एक दिन जहाज़ एक टापू के किनारे लगा. यहां मल्लाहों ने जहाज़ को रोक कर उसके सूराख़ को बन्द कर लिया और अब जहाज़ किसी तरह जावा पहुंचा. जावा में फ़ाह्यान ने दूसरा जहाज़ किया. इस जहाज़ पर भी दो सौ आदमी थे.

एक महीने सात दिन तक जहाज़ चलने के बाद समन्दर में ज़ोरों का तूफ़ान आया और तूफ़ान के साथ पानी भी. आकाश में बादल घिर आए जिसकी वजह से दिशा का पता लगाना भी मुशकिल हो गया. जहाज़ ख़तरे में पड़ गया. इस वक़्त डूब जाय कुछ ठीक नहीं. सौदागर और मल्लाह सभी बहुत परेशान थे. ऐसे समय फ़ाह्यान ने भगवान अवलोकितेश्वर की प्रार्थना फिर शुरू कर दी. और इसी समय जहाज़ के ब्राह्मन मुसाफ़िरों ने एक सभा की जिसमें यह विचार किया गया कि जहाज़ पर जो मुसीबत आ पड़ी है, उसका कारन क्या है. बहुत सोच विचार और बहस के बाद यह तय पाया कि सारी मुसीबत की जड़ बौद्ध भिक्षु फ़ाह्यान है. उन्होंने एलान किया—"चूंकि हमारे

لے آیا تھا' لے کر وہ چین کے لئے ایک بہت بڑے سوداگری جہاز پر سوار ہوا ۔

فاہیان کو لنکا سے چین کی یاترا بہت ہی خطرناک ثابت ہوئی ۔ اِس بار اُسے جن مصیبتوں کا سامنا کرنا پڑا وہ اُس کی چین بھارت یاترا سے کہیں زیادہ دُکھدائی تھی ۔

جس جہاز پر فاہیان سوار ہوا' اس میں دو سو مسافر اور ملاح تھے اس جہاز کے ساتھ ایک چھوٹا جہاز بھی بندھا ہوا تھا جو خطرے کے سمے استعمال کیا جا سکتا تھا ۔ لنکا سے جس سمے جہاز چلا' موسم بہت اچھا تھا اور دو دن تک جہاز آسانی سے چلتا رہا تیسرے دن بڑے زوروں کا طوفان آیا اور بڑے جہاز میں ایک سوراخ ہوگیا ۔ اسی کے ذریعے جہاز میں پانی بھرنے لگا اور اب ڈر ہوا کہ کہیں جہاز ڈوب نہ جائے چھوٹے جہاز کے ملاح بڑے جہاز والوں کو دھوکا دے کر رسا توڑا کر الگ نکل گئے جس سے بڑے جہاز کے ملاح بڑی پریشانی میں پڑے ۔ اُنھوں نے سوداگروں کو آدیش دیا کہ وہ اپنا سب سامان پانی میں پھینک دیں جس سے جہاز کا بوجھ ہلکا ہوجائے ۔ اُنھوں نے ویسا کیا ۔ فاہیان نے اپنی پانی کی صراحی اور ہاتھ دھونے کا برتن پانی میں پھینک دیا اُسے ڈر لگا کہ کہیں اُس کی تمام کتابیں اور مورتیاں بھی پانی میں نہ پھینک دی جائیں ۔ اِس لئے اس نے بھگوان اولوکتیشور سے پرارتھنا کرنا شروع کی —" ہے بھگوان ! میں بودھ ساہتیہ کی کھوج میں دور دور دیسوں میں گھومتا پھرا آپ کرپا کر کے اپنی روحانی شکتی سے مجھے کسی سرکشت جگہ پر لے چلئے ۔" تیرہ دن طوفان چلتا رہا ۔ پھر ایک دن جہاز ایک ٹاپو کے کنارے لگا ۔ یہاں ملاحوں نے جہاز کو روک کر اس کے سوراخ کو بند کر دیا اور اب جہاز کسی طرح جاوا پہونچا ۔ جاوا میں فاہیان نے دوسرا جہاز کیا ۔ اِس جہاز پر بھی دو سو آدمی تھے ۔

ایک مہینے سات دن تک جہاز چلنے کے بعد سمندر میں زوروں کا طوفان آیا اور طوفان کے ساتھ پانی بھی ۔ آکاش میں بادل گھر آئے جس کی وجہ سے دشا کا پتہ لگانا بھی مشکل ہوگیا ۔ جہاز خطرے میں پڑ گیا ۔ اس وقت ڈوب جائے کچھ ٹھیک نہیں ۔ سوداگر اور ملاح سبھی بہت پریشان تھے ۔ ایسے سمے فاہیان نے بھگوان اولوکتیشور کی پرارتھنا پھر شروع کر دی اور اِسی سمے جہاز کے براہمن مسافروں نے ایک سبھا کی جس میں یہ وچار کیا گیا کہ جہاز پر جو مصیبت آ پڑی ہے' اس کا کارن کیا ہے ۔ بہت سوچ وچار اور بحث کے بعد یہ طے پایا کہ ساری مصیبت کی جڑ بودھ بھکشو فاہیان ہے ۔ اُنھوں نے اعلان کیا —" چونکہ ہمارے

उन्होंने सोचा, यह वही जगह है जहां भगवान बुद्ध ने अपनी ज़िन्दगी के पच्चीस साल गुज़ारे थे. इस समय वह (फ़ाहयान और उसका साथी) अपनी जान खतरे में डाल कर बिदेसियों के बीच रह रहे हैं. उनके साथ जो भिक्षु उसी मक़सद से कई देसों से होते हुए भारत आ रहे थे, कुछ तो चीन वापस चले गए और कुछ रास्ते में ही मर गए. और अब उस जगह को देख कर जहां किसी समय भगवान बुद्ध रहा करते थे और अब वहां मौजूद नहीं थे, उनका दिल दर्द से भर आया. उनको इस तरह दुखी होते देख कर, उस मठ के भिक्षु उनके पास आए और उनसे पूछा— "आप लोग किस देस से आ रहे हैं ?"

उन्होंने जवाब दिया—"हम लोग हान देस (चीन) से आ रहे हैं."

यह सुनकर उन भिक्षुओं को बड़ा ताज्जुब हुआ और वह बोले—"कितने अचरज की बात है ! ज़रा सोचिये तो, बौद्ध धर्म की तालीम हासिल करने धरती की सरहद से इतनी दूर यह लोग आए हैं." और फिर आपस में बात करते हुए उन्होंने कहा—"हमारे पुरखे जो इसी जगह समय समय पर रह चुके हैं, उन्होंने हान देस के लोगों को इतनी दूर आते कभी नहीं देखा !" (फ़ू-कुओ-की, लेखक—फ़ाहयान, सफ़ा-45)

जेतवन मठ में फ़ाहयान को बड़े आदर के साथ ठहराया गया. कुछ दिन यहां रह कर फ़ाहयान दूसरी जगहों को देखने चला गया.

फ़ाहयान भारत में बौद्ध धर्म की किताबें इकट्ठा करना चाहता था इसलिये वह पाटली पुत्र गया. पाटली पुत्र में उसका भारत आने का मिशन पूरा हुआ. यहां से उसे 7000 गाथाओं की अवस्तिवाद पन्थ की एक किताब, 6000 गाथाओं की संयुक्त अभिधर्म हृदय शास्त्र की एक किताब, 2500 श्लोकों की निरवान सूत्र की एक किताब 5000 श्लोकों की वैपुल्य निरवान सूत्र की एक किताब और महा संघिका पन्थ के अभिधर्मशास्त्र की एक किताब मिली. यहीं उसने बहुत सी बौद्ध मूरतियां भी इकट्ठा कीं जिन्हें वह चीन ले गया. फ़ाहयान तीन साल पाटलीपुत्र में रहा. इस अरसे में उसने संस्कृत का अध्ययन किया और बहुत सी बौद्ध पुस्तकों को नक़ल किया.

पाटली पुत्र में अपना काम पूरा कर के वह चीन के लिये रवाना हुआ. रास्ते में वह लंका में दो साल ठहरा. यहां उसे महीशासक पन्थ के विनय पिटक की एक किताब और दीर्घगम और संयुक्त गम की एक एक किताब मिली. यह किताबें पहली बार चीन लाई गईं थीं. इन किताबों को, और उन मूरतियों और किताबों को, जो वह भारत से

اُنھوں نے سوچا ' یہ وہی جگہ ہے جہاں بھگوان بدھ نے اپنی زندگی کے پچیس سال گذارے تھے . اس سمے وہ (فاھیان اور اس کا ساتھی) اپنی جان خطرے میں ڈال کر بدیسیوں کے بیچ رہ رہے ھیں . اُن کے ساتھ جو بھکشو اُسی مقصد سے کئی دیسوں سے ہوتے ہوئے بھارت آرہے تھے' کچھ تو چین واپس چلے گئے اور کچھ راستے میں ہی مر گئے . اور اب اُس جگہ کو دیکھکر جہاں کسی سمے بھگوان بدھ رہا کرتے تھے اور اب وہاں موجود نہیں تھے' اُن کا دل درد سے بھر آیا . اُن کو اِس طرح دکھی ہوتے دیکھکر' اُس مٹھ کے بھکشو اُن کے پاس آئے اور اُن سے پوچھا— " آپ لوگ کس دیس سے آرہے ھیں ؟"

اُنھوں نے جواب دیا —" ہم لوگ ھان دیس (چین) سے آرہے ھیں ".

یہ سن کر اُن بھکشوؤں کو بڑا تعجب ہوا اور وہ بولے— " کتنے اچرج کی بات ہے ! ذرا سوچئے تو' بودھ دھرم کی تعلیم حاصل کرنے دھرتی کی سرحد سے اتنی دور یہ لوگ آئے ھیں ." اور پھر آپس میں بات کرتے ہوئے انھوں نے کہا —" ہمارے پرکھے جو اِسی جگہ سمے سمے پر رہ چکے ھیں' اُنھوں نے ھان دیس کے لوگوں کو اتنی دور آتے کبھی نہیں دیکھا !" (فو. کواو. کی' لیکھک— فاھیان' صفحہ— 45)

جیتون مٹھ میں فاھیان کو بڑے آدر کے ساتھ ٹھہرایا گیا . کچھ دن یہاں رہ کر فاھیان دوسری جگہوں کو دیکھنے چلا گیا .

فاھیان بھارت میں بودھ دھرم کی کتابیں اِکھٹا کرنا چاھتا تھا اِس لئے وہ پاٹلی پتر گیا . پاٹلی پتر میں اُس کا بھارت آنے کا مشن پورا ہوا . یہاں سے اُسے 7000 گاتھاؤں کی ستی واد پنتھ کی ایک کتاب' 6000 گاتھاؤں کی سنیکت ابھیدھرم ھردے شاستر کی ایک کتاب 2500 اشلوکوں کی نروان سوتر کی ایک کتاب' 5000 اشلوکوں کی ویپولیہ نروان سوتر کی ایک کتاب اور مہا سانگھیکا پنتھ کے ابھیدھرم شاستر کی ایک کتاب ملی . یہیں اُس نے بہت سی بودھ مورتیاں بھی اکٹھا کیں جنھیں وہ چین لے گیا . فاھیان تین سال پاٹلی پتر میں رہا . اِس عرصے میں اُس نے سانسکرت کا ادھین کیا اور بہت سی بودھ پستکوں کو نقل کیا .

پاٹلی پتر میں اپنا کام پورا کرکے وہ چین کے لئے روانہ ہوا . راستے میں وہ لنکا میں دو سال ٹھہرا . یہاں اُسے مہی شاسک پنتھ کے ونے پٹک کی ایک کتاب اور دیرگھ گم اور سنیکت گم کی ایک ایک کتاب ملی . یہ کتابیں پہلی بار چین لائی گئی تھیں . اِن کتابوں کو' اور اُن مورتیوں اور کتابوں کو' جو وہ بھارت سے

फाहयान अपने समय के चीनी बौद्ध साहित्य से बहुत संतुष्ट था. भारत से अनेक बौद्ध किताबें आई थीं और .का चीनी अनुवाद किया गया था पर वह सबके सब .त थे, और उनमें बहुत नुक्स था. इसके अलावा चीन बौद्ध दरशन और बौद्ध धर्म के बारे में बहुत सी ग़लत रनाएं पैदा हो गई थीं. बौद्ध किताबों को सही तरह से मझाने वाला भी चीन में उस समय कोई न था. इसलिये हयान ने यह तय किया कि वह भारत जाकर बौद्ध धर्म । किताबें इकट्ठा करेगा, उनका अनुवाद करेगा और रत के बौद्ध भिक्षुओं और शिक्षकों से बौद्ध धर्म की लीम हासिल करेगा

सन 399 ईसवी में फाहयान अपने कुछ साथियों के थ चीन से भारत के लिये रवाना हुआ. बीच एशिया रास्ते होकर वह भारत आया. रास्ते में उसे अनेक ीबतों का सामना करना पड़ा. उसके साथ जो भिक्षु रहे थे, उनमें से बहुत तो चीन वापस लौट गए और कु रास्ते में ही मर गए. अपनी भारत यात्रा की किताब उसने इस सफर का जो बयान लिखा है वह बहुत दर्द-ा और दुखदायी है. उससे पता चलता है कि अपना ान पूरा करने के लिये फाहयान अपनी जान कितने खिम में डाल कर भारत आया था.

बीच एशिया के लोप रेगिस्तान पार करने के बारे में लिखता है—

"इस रेगिस्तान में बहुत से शैतान रहते थे. इनसे मुठभेड़ ने पर यह सब के सब आदमी को मार डालते थे. आसमान न एक चिड़िया उड़ती दिखाई पड़ती थी और न ज़मीन पर जानवर चलता दिखाई देता था. रास्ते का पता लगाना मकिन था. केवल मुरदों की गली हुई हड्डियों से ही का पता लगता था." (फू-कुओ-की. लेखक—फाहयान, नुवादक—बील, सफा—24)

लोप रेगिस्तान पार करने के बाद उसे रास्ते में जो क़तें उठानी पड़ीं उनके बारे में फाहयान लिखता है—

"सड़कों पर न रहने के मकान थे और न रहने वाले सड़क की कठिनाइयों के कारन उन्हें अपनी यात्रा में मुसीबतें उठानी पड़ीं, उनकी तुलना करना आदमी की त के बाहर है." (फू-कुओ-की, लेखक—फाहयान, वादक—बील, सफा-25)

भारत आकर फाहयान ने सारे देश में भ्रमन किया : वह यहां के सभी पवित्र बौद्ध स्थानों को देखने गया. : सिलसिले में वह श्रवस्ती (कोशल प्रदेश) के जेतवन मी पहुंचा. जेतवन मठ को देख कर फाहयान का दिल आया. उस वक़्त की अपनी भावनाओं को ज़ाहिर : हुए वह लिखता है—

"जब फाहयान और तो-चिंग जेतवन मठ पहुंचे तो

فاهیان اپنے سمے کے چینی بودھ ساهتیہ سے بہت اسنتشٹ تھا . بھارت سے انیک بودھ کتابیں آئی تھیں اور اُن کا چینی انوواد کیا گیا تھا پر وہ سب کے سب غلط تھے' اور ان میں بہت نقص تھا . اس کے علاوہ چین میں بودھ درشن اور بودھ دھرم کے بارے میں بہت سی غلط دھارنائیں پیدا ہوگئی تھیں . بودھ کتابوں کو صحیح طرح سے سمجھانے والا بھی چین میں اس سمے کوئی نہ تھا . اس لئے فاهیان نے یہ طے کیا کہ وہ بھارت جاکر بودھ دھرم کی کتابیں اکٹھا کرے گا' ان کا انوواد کریگا اور بھارت کے بودھ بھکشوؤں اور شکشکوں سے بودھ دھرم کی تعلیم حاصل کرے گا ۔

سن 399 عیسوی میں فاهیان اپنے کچھ ساتھیوں کے ساتھ چین سے بھارت کے لئے روانہ ہوا' بیچ ایشیا کے راستے ہوکر وہ بھارت آیا . راستے میں اُسے انیک مصیبتوں کا سامنا کرنا پڑا . اس کے ساتھ جو بھکشو آرہے تھے' ان میں سے بہت تو چین واپس لوٹ گئے اور کچھ راستے میں ہی مرگئے . اپنی بھارت یاترا کی کتاب میں اس نے اس سفر کا جو بیان لکھا ہے وہ بہت درد بھرا اور دکھ دائی ہے . اس سے پتہ چلتا ہے کہ اپنا مشن پورا کرنے کے لئے فاهیان اپنی جان کتنی جوکھم میں ڈالکر بھارت آیا تھا .

بیچ ایشیا کے لوپ ریگستان پار کرنے کے بارے میں وہ لکھتا ہے —

"اس ریگستان میں بہت سے شیطان رہتے تھے ان سے مٹھ بھیڑ ہونے پر یہ سب کے سب آدمی کو مار ڈالتے تھے . آسمان میں نہ ایک چڑیا اُڑتی دکھائی پڑتی تھی اور نہ زمین پر ایک جانور چلتا دکھائی دیتا تھا . راستے کا پتہ لگانا ناممکن تھا . کیول مردوں کی گلی ہوئی ہڈیوں سے ہی راہ کا پتہ لگتا تھا ." (فو کواو . کی' لیکھک — فاهیان' انوادک — بیل' صفحہ - 24)

لوپ ریگستان پار کرنے کے بعد اُسے راستے میں جو دقتیں اُٹھانی پڑیں اُن کے بارے میں فاهیان لکھتا ہے —

" سڑکوں پر نہ رہنے کے مکان تھے اور نہ رہنے والے تھے سڑک کی کٹھنائیوں کے کارن انہیں اپنی یاترا میں جو مصیبتیں اٹھانی پڑیں' اُن کی تلنا کرنا آدمی کی طاقت کے باہر ہے " (فو . کواو . کی' لیکھک — فاهیان' انوادک — بیل' صفحہ — 25)

بھارت آکر فاهیان نے سارے دیش میں بھرمن کیا اور وہ یہاں کے سبھی پوتر بودھ استھانوں کو دیکھنے گیا . اسی سلسلے میں وہ شروستی (کوشل پردیش) کے جیتون مٹھ بھی پہونچا . جیتون مٹھ کو دیکھکر فاهیان کا دل بھر آیا . اُس وقت کی اپنی بھاوناؤں کو ظاہر کرتے ہوئے وہ لکھتا ہے —

"جب فاهیان اور تو چنگ جیتون مٹھ پہونچے تو

भारत में चीनी बौद्ध भिक्षु

(भाई भान चन्द्र वर्मा)

भारत और चीन के कलचरी मेल को बढ़ाने और मज़बूत करने में उन चीनी बौद्ध यात्रियों ने भी बहुत मदद की जो चीन से समय समय पर भारत आए. यों तो चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार सन 65 ईसवी में शुरू हो चुका था और भारत से बौद्ध प्रचारक भी चीन जाने लगे थे फिर भी चीन से चौथी सदी के अन्त तक कोई भी चीनी भिक्षु भारत नहीं आया. सन 399 ईसवी में पहला चीनी यात्री फ़ाह्यान भारत आया. और फिर उसके बाद सैकड़ों चीनी भिक्षु समय समय पर भारत आए. भारत में इन भिक्षुओं ने ख़ासकर चार काम किये—

(1) इन भिक्षुओं ने सारे देश में घूमकर बौद्ध धर्म के पवित्र स्थानों का दरशन किया और वहां अपनी श्रद्धान्जलि अरपित की.

(2) यह भिक्षु ज़ियादातर बौद्ध धर्म की शिक्षा हासिल करने नालन्द विश्वविद्यालय आते थे और यहीं रह कर अध्ययन करते थे.

(3) भारत में इन भिक्षुओं ने बहुत सी बौद्ध किताबों का अनुवाद किया और बहुतों की नक़ल किया.

(4) इन भिक्षुओं में से कुछ बौद्ध मूर्तियों की तसवीरें बनाकर अपने साथ चीन लेते गए जिससे चीन में भारती कला को काफ़ी रिवाज मिला. बहुत से भिक्षु अपने साथ मूर्तियां भी ले गए.

इन चीनी मुसाफ़िरों में से कुछ ने अपनी यात्रा का हाल लिख छोड़ा है. इन्हीं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इन बौद्ध भिक्षुओं ने कहां कहां क्या क्या किया. पर जो चीनी भिक्षु भारत आए उन में से बहुतों ने इस तरह का कोई बयान नहीं लिखा है, इसलिये तफ़सील में बहुत कम भिक्षुओं की ज़िन्दगी का सच्चा बयान मिलता है. नीचे उन कुछ चीनी भिक्षुओं के बारे में लिखा जा रहा है जो चीन से भारत आए—

शिह फ़ाह्यान

फ़ाह्यान चीन के पिंग-याग ज़िले का रहने वाला था. तीन साल की उमर में उसे बौद्ध भिक्षु बना लिया गया. उसके समय में यह रिवाज था कि जिस आदमी को बौद्ध भिक्षु की दीक्षा दी जाती थी उसे 'शिह' यानी 'शाक्यपुत्र' की उपाधि मिलती थी. इसलिये फ़ाह्यान भी 'शाक्यपुत्र' यानी 'शिह' फ़ाह्यान कहा जाने लगा.

بھارت میں چینی بودھ بھکشو

(بھائی بھان چندر ورما)

بھارت اور چین کے کلچری میل کو بڑھانے اور مضبوط کرنے میں اُن چینی بودھ یاتریوں نے بھی بہت مدد کی جو چین سے سمے سمے پر بھارت آئے ۔ یوں تو چین میں بودھ دھرم کا پرچار سن 65 عیسوی میں شروع ہوچکا تھا اور بھارت سے بودھ پرچارک بھی چین جانے لگے تھے پھر بھی چین سے چوتھی صدی کے انت تک کوئی بھی چینی بھکشو بھارت نہیں آیا ۔ سن 399 عیسوی میں پہلا چینی یاتری فاھیان بھارت آیا ۔ اور پھر اُس کے بعد سیکڑوں چینی بھکشو سمے سمے پر بھارت آئے ۔ بھارت میں اِن بھکشوؤں نے خاص کر چار کام کئے—

(1) اِن بھکشوؤں نے سارے دیش میں گھوم کر بودھ دھرم کے پوتر استھانوں کا درشن کیا اور وہاں اپنی شردھانجلی ارپت کی

(2) یہ بھکشو زیادہ تر بودھ دھرم کی شکشا حاصل کرنے نالند وشوودیالے آتے تھے اور یہیں رہ کر ادھین کرتے تھے ۔

(3) بھارت میں اِن بھکشوؤں نے بہت سی بودھ کتابوں کا انوواد کیا اور بہتوں کو نقل کیا ۔

(4) اِن بھکشوؤں میں سے کچھ بودھ مورتیوں کی تصویریں بناکر اپنے ساتھ چین لیتے گئے جس سے چین میں بھارتی کلا کو کافی رواج ملا ۔ بہت سے بھکشو اپنے ساتھ مورتیاں بھی لے گئے ۔

اِن چینی مسافروں میں سے کچھ نے اپنی یاترا کا حال لکھ چھوڑا ہے ۔ اِنہیں کے آدھار پر یہ کہا جاسکتا ہے کہ اِن بودھ بھکشوؤں نے کہاں کہاں کیا کیا کیا۔ پر جو چینی بھکشو بھارت آئے اُن میں سے بہتوں نے اِس طرح کا کوئی بیان نہیں لکھا ہے' اِس لئے تفصیل میں بہت کم بھکشوؤں کی زندگی کا سچا بیان ملتا ہے۔ نیچے اُن کچھ چینی بھکشوؤں کے بارے میں لکھا جا رہا ہے جو چین سے بھارت آئے---

شیہہ فاھیان

فاھیان چین کے پنگ یاگ ضلعے کا رہنے والا تھا ۔ تین سال کی عمر میں اُسے بودھ بھکشو بنالیا گیا ۔ اُس کے سمے میں یہ رواج تھا کہ جس آدمی کو بودھ بھکشو کی دیکشا دی جاتی تھی اُسے 'شیہہ' یعنی 'شاکیہ پتر' کی اُپادھی ملتی تھی' اِس لئے فاھیان بھی 'شاکیہ پتر' یعنی 'شیہہ' فاھیان کہا جانے لگا ۔

(भाई ग़ु. म.)

(5)

शाम का वक़्त था. एक पहाड़ी की चोटी पर एक ख़ुदा के बन्दे के इर्द गिर्द कुछ लोग बैठे हुए थे. सब की आँखें डूबते हुए सूरज पर लगी हुई थीं. ज्यों ही सूरज डूब गया, उस ख़ुदा के बन्दे ने अपना सर ऊँचा किया और आए हुए लोगों से पूछा—"यह ख़ुशबू कहाँ से आ रही है ?" उन का यह सवाल सुनकर सुनने वाले ज़रा हैरानी में पड़ गए क्योंकि उन में से उस वक़्त किसी को भी किसी क़िस्म की ख़ुशबू नहीं महसूस हुई थी. इस लिये उनमें से एक ने हिम्मत कर के थोड़ी देर के बाद जवाब दिया—"साहबे मन! यहाँ तो किसी क़िस्म की ख़ुशबू हमें महसूस नहीं हो रही."

"ख़ूब रही". ख़ुदा के बन्दे ने कुछ मुस्करा कर कहा—"तुम कहते हो किसी क़िस्म की ख़ुशबू तुम्हें महसूस नहीं हो रही और मुझे तो क़रीब एक आध घंटे से हर एक तरफ़ से गुलाब के फूलों की ख़ुशबू ने मस्त और मतवाला कर दिया है."

"गुलाब के फूलों की ख़ुशबू ?" एक दूसरे की तरफ़ नज़र करते हुए उनके आस पास बैठे हुए लोगों में से एक ने शक के लहजे में कहा.

"हाँ, हाँ." ख़ुदा के बन्दे ने जवाब दिया—'गुलाब के फूलों की ख़ुशबू ! मगर तुम लोगों ने तो सिर्फ़ बाहरी बाग़ के गुलाब के फूल ही देखे हैं. इसलिये तुम्हें तो किसी और क़िस्म के गुलाब के फूल का ख़याल ही क्या आ सकता है. मगर हर एक इन्सान के अन्दर भी एक बाग़ है. वहाँ क़िस्म क़िस्म के फूल उगते हैं और उनकी ख़ुशबू हर एक इन्सान को कभी न कभी महसूस होती ही है. जब वह किसी से सच्ची मुहब्बत करता है या किसी की सच्चाई से ख़िदमत करता है या किसी के लिये दिल व जान से क़ुर्बानी करता है उस वक़्त उसे इस अन्दरूनी बाग़ के फूलों की ख़ुशबू महसूस होता है अगरचे बहुत दफ़ा वह उसे पहचान भी नहीं सकता. उसे एक अजीब क़िस्म की ख़ुशी मालूम होती है. मगर वह नहीं जानता कि इस ख़ुशी का मूल उसके अपने दिल के बाग़ की ख़ुशबू ही है. इन्सान की रूह क्या है ? अगर वह एक फूल नहीं जिसे ख़ुदावन्दताला ने अपने दिल के बाग़ में से उखाड़ कर उस के दिल में लगा दिया है, तो वह और क्या है. और मुहब्बत क्या है ? इन्सान की रूह की ख़ुशबू. और जहाँ जहाँ और जब जब जैसे कि इस वक़्त तुम लोगों और मेरे बीच में बंधा है, एक रूहानी रिश्ता (दुनियावी रिश्ता नहीं) बंध जाता है तो उस वक़्त इस अन्दरूनी बाग़ के फूलों की ख़ुशबू लोगों को महसूस होती है.''

صوفیوں کی صحبت میں

(بھائی گ . م .)

(5)

شام کا وقت تھا . ایک پہاڑی کی چوٹی پر ایک خدا کے بندے کے اِرد گرد کچھ لوگ بیٹھے ہوئے تھے . سب کی آنکھیں ڈوبتے ہوئے سورج پر لگی ہوئی تھیں . جیوں ہی سورج ڈوب گیا' اُس خدا کے بندے نے اپنا سر اونچا کیا اور آئے ہوئے لوگوں سے پوچھا —'' یہ خوشبو کہاں سے آ رہی ہے ؟'' ان کا یہ سوال سن کر سننے والے ذرا حیرانی میں پڑ گئے کیونکہ اُن میں سے اُس وقت کسی کو بھی کسی قسم کی خوشبو نہیں محسوس ہوئی تھی . اِس لئے اُن میں سے ایک نے ہمت کر کے تھوڑی دیر کے بعد جواب دیا —'' صاحبِ من ! یہاں تو کسی قسم کی خوشبو ہمیں محسوس نہیں ہو رہی .''

'' خوب رہی '' خدا کے بندے نے کچھ مسکرا کر کہا —'' تم کہتے ہو کسی قسم کی خوشبو تمہیں محسوس نہیں ہو رہی اور مجھے تو قریب ایک آدھ گھنٹے سے ہر ایک طرف سے گلاب کے پھولوں کی خوشبو نے مست اور متوالا کر دیا ہے .'

'' گلاب کے پھولوں کی خوشبو ؟'' ایک دوسرے کی طرف نظر کرتے ہوئے اُن کے آس پاس بیٹھے ہوئے لوگوں میں سے ایک نے شک کے لہجے میں کہا .

'' ہاں' ہاں .'' خدا کے بندے نے جواب دیا —'' گلاب کے پھولوں کی خوشبو ! مگر تم لوگوں نے تو صرف باہری باغ کے گلاب کے پھول ہی دیکھے ہیں . اس لئے تمہیں تو کسی اور قسم کے گلاب کے پھول کا خیال ہی کیا آسکتا ہے . مگر ہر ایک انسان کے اندر بھی ایک باغ ہے . وہاں قسم قسم کے پھول اُگتے ہیں اور اُن کی خوشبو ہر ایک انسان کو کبھی نہ کبھی محسوس ہوتی ہی ہے . جب وہ کسی سے سچی محبت کرتا ہے یا کسی کی سچائی سے خدمت کرتا ہے یا کسی کے لئے دل و جان سے قربانی کرتا ہے اُس وقت اُسے اِس اندرونی باغ کے پھولوں کی خوشبو محسوس ہوتی ہے اگرچہ بہت دفعہ وہ اُسے پہچان بھی نہیں سکتا . اُسے ایک عجیب قسم کی خوشی معلوم ہوتی ہے . مگر وہ نہیں جانتا کہ اس خوشی کا مول اُس کے اپنے دل کے باغ کی خوشبو ہی ہے . اِنسان کی روح کیا ہے ؟ اگر وہ ایک پھول نہیں جسے خداوندتعالیٰ نے اپنے دل کے باغ میں سے اُکھاڑ کر اُس کے دل میں لگا دیا ہے' تو وہ اور کیا ہے . اور محبت کیا ہے ؟ اِنسان کی روح کی خوشبو . اور جہاں جہاں اور جب جب جیسے کہ اِس وقت تم لوگوں اور میرے بیچ میں بندھا ہے' ایک روحانی رشتہ (دنیاوی رشتہ نہیں) بندھ جاتا ہے تو اُس وقت اِس اندرونی باغ کے پھولوں کی خوشبو لوگوں کو محسوس ہوتی ہے .''

वह दावत दिये बग़ैर नहीं रहता है. फिर इसरार भी करता है और अगर उसके घर पर पहुँच जाओ तो इतनी ख़ातिर और मदारात करता है कि बयान नहीं किया जा सकता. यानी पहले तो वह अपने घर के तमाम लोगों से परिचय कराता है छोटे बड़े, औरत मर्द सब से. फिर घर के सब लोग मेहमान की ख़ातिर में जी जान से लग जाते हैं और बारी बारी से कहते हैं—आप ने हमें सर फ़राज़ किया है और हमारे घर को रोशन कर दिया है. क़सम ख़ुदा की आप की तशरीफ़ आवरी से हम लोगों को बड़ी बरकत हासिल हुई है. इस का जवाब उलट कर यही होता है कि यह सब कुछ आप हज़रात की बदौलत मुझे हासिल हुआ है. और यह कि यह सब कुछ आपकी ख़ुश इख़लाक़ी, मेहमां नवाज़ी और बंदा परवरी का करिशमा है वग़ैरा वग़ैरा.

मेज़बान के घर के सब नर नारी, बालक और कन्याएं कुछ इस तरह घुल मिल जाती हैं कि मालूम होता है यह अपना ही ख़ानदान है. छोटे बड़े सब बेतकल्लुफ़ी से बातें करने लगते हैं और अनगिनत सवालात करने लग जाते हैं. वह भारत को जानना चाहते हैं और भारत की हर चीज़ के बारे में जानना चाहते हैं. भारत कितना बड़ा मुल्क है, भारत में कितने लोग हैं, भारत में कितने बड़े शहर हैं, कितने छोटे हैं. भारत में अरबी बोली जाती है कि कोई दूसरी भाशा. दूसरी भाशा कैसी भाशा है, एक है कि कई भाशायें हैं. भारत सरकार और पाकिस्तान का क्या झगड़ा है. इस में कौन दोशी है कौन निर्दोश. भारत में मुसलमान कितने हैं ग़ैर मुस्लिम कितने. ग़ैर मुस्लिम भारतीय का मुसलमानों के साथ क्या बरताव है, यह लोग आपसी झगड़े को क्यों नहीं ख़त्म करते. क्या इन झगड़ों में अंगरेज़ों का भी हाथ है वग़ैरा वग़ैरा. बेशुमार सवालात होते हैं और उनका जवाब देते देते नातक़ा बन्द हो जाता है.

(बाक़ी फिर)

"वह धन को उसके सिंहासन से हटा कर ईश्वर के लिये थोड़ी जगह ख़ाली करे. मेरा ख़याल है कि अमरीका का भविश्य उज्ज्वल है. लेकिन अगर वह धन की ही पूजा करता रहा तो उसका भविश्य अंधकारमय है, फिर लोग चाहे जो कहें. धन आख़ीर तक किसी का सगा नहीं रहा. वह हमेशा बेवफ़ा दोस्त साबित हुआ है."

—महात्मा गांधी

وہ دعوت دیئے بغیر نہیں رہتا ہے ۔ پھر اصرار بھی کرتا ہے اور اگر اُس کے گھر پر پہونچ جاؤ تو اتنی خاطر اور مدارات کرتا ہے کہ بیان نہیں کیا جاسکتا ۔ یعنی پہلے تو وہ اپنے گھر کے تمام لوگوں سے پریچے کراتا ہے چھوٹے بڑے، عورت مرد سب سے ۔ پھر گھر کے سب لوگ مہمان کی خاطر میں جی جان سے لگ جاتے ہیں اور باری باری سے کہتے ہیں — آپ نے ہمیں سرفراز کیا ہے اور ہمارے گھر کو روشن کر دیا ہے ۔ قسم خدا کی آپ کی تشریف آوری سے ہم لوگوں کو بڑی برکت حاصل ہوئی ہے ۔ اس کا جواب اُلٹ کر یہی ہوتا ہے کہ یہ سب کچھ آپ حضرات کی بدولت مجھے حاصل ہوا ہے ۔ اور یہ کہ یہ سب کچھ آپ کی خوش اخلاقی، مہماں نوازی اور بندہ پروری کا کرشمہ ہے وغیرہ وغیرہ ۔

میزبان کے گھر کے سب نر ناری، بالک اور کنیائیں کچھ اس طرح گھل مل جاتی ہیں کہ معلوم ہوتا ہے یہ اپنا ہی خاندان ہے ۔ چھوٹے بڑے سب بے تکلفی سے باتیں کرنے لگتے ہیں اور ان گنت سوالات کرنے لگ جاتے ہیں ۔ وہ بھارت کو جاننا چاہتے ہیں اور بھارت کی ہر چیز کے بارے میں جاننا چاہتے ہیں ۔ بھارت کتنا بڑا ملک ہے، بھارت میں کتنے لوگ ہیں، بھارت میں کتنے بڑے شہر ہیں کتنے چھوٹے ہیں ۔ بھارت میں عربی بولی جاتی ہے کہ کوئی دوسری بھاشا ۔ دوسری بھاشا کیسی بھاشا ہے، ایک ہے کہ کئی بھاشائیں ہیں ۔ بھارت سرکار اور پاکستان کا کیا جھگڑا ہے ۔ اس میں کون دوشی ہے کون نردوش ۔ بھارت میں مسلمان کتنے ہیں غیر مسلم کتنے ۔ غیر مسلم بھارتیوں کا مسلمانوں کے ساتھ کیا برتاؤ ہے ۔ یہ لوگ آپسی جھگڑے کو کیوں نہیں ختم کرتے ۔ کیا ان جھگڑوں میں انگریزوں کا بھی ہاتھ ہے وغیرہ وغیرہ بے شمار سوالات ہوتے ہیں اور اُن کا جواب دیتے دیتے ناطقہ بند ہوجاتا ہے ۔

(باقی پھر)

"وہ دھن کو اُس کے سنگھاسن سے ہٹا کر ایشور کے لئے تھوڑی جگہ خالی کرے ۔ میرا خیال ہے کہ امریکہ کا بھوشیہ اُجول ہے ۔ لیکن اگر وہ دھن کی ہی پوجا کرتا رہا تو اُس کا بھوشیہ اندھکار مے ہے، پھر لوگ چاہے جو کہیں ۔ دھن آخیر تک کسی کا سگا نہیں رہا ۔ وہ ہمیشہ بے وفا دوست ثابت ہوا ہے"۔

—مہاتما گاندھی

...ाज उसके मज़हब के हुक्म पर चलने में मौजूद है और ...ोंकि वह मज़हब के हुक्म नहीं मानता इसलिये मुसीबतों ...र तकलीफ़ों का शिकार है. मज़हब पर ठीक ठीक चलकर ... अपनी मुसीबतों और तकलीफ़ों को दूर कर सकता है ...र उसे हर तरह की सुख शांति भी मिल सकती है. मिस्री यह मानता है कि दुनिया में उसी का मज़हब सच्चा है और सब झूटे. धर्म के मामले में इसी तरह का ... ख़याली हिन्दुस्तान के लोगों में भी मिलती है. यह विचार कहाँ तक सही है और कहाँ तक ग़लत है यह एक ...री बात है मगर दुनिया के तमाम मज़हबी लोगों में अपने धरम के मामले में इस तरह की विचार धारा ज़रूर ...ई जाती है

इसके बावजूद मिस्र के लोग काफ़ी आज़ाद ख़याल ...र काफ़ी ज़िन्दा दिल हैं. अभी कल की बात है. मैं ट्राम ... सवार था. एक ख़ातून (महिला) अपनी तेरह चौदह ...ल की लड़की के साथ ट्राम में सवार हुई. ख़ातून को ...छे की बेंच पर जगह मिल गई. लड़की खड़ी रही मेरे ...जू में ज़रा सी जगह थी. एक मिस्री ने इशारा किया ...र लड़की मेरे पास आकर बैठ गई. एक शेख़ ने कहा. ...ड़ा अच्छा है. सब लोग खिल खिला कर हंस पड़े. एक ...रे अरब ने लड़की को मुख़ातिब करते हुए कहा—'तू ... हिन्दी से ब्याह कर ले, बड़ा आदमी मालूम होता है. ...के गहनों से लाद देगा'. पीछे से उसकी माँ ने कहा—...मुझे मंज़ूर है.' मैंने कहा—'लड़की मुझे बिलकुल पसंद ... भाली भाली भी है और ख़ूबसूरत भी. मैं इसे हिन्दुस्तान ... जाऊंगा. ख़ुदा के फ़ज़ल से मेरे पांच बेटे हैं. जिसको ... पसंद करेगी उससे इसका ब्याह करदूंगा.' उसकी मां ... कहा—'नहीं जनाब, मैं तो इसका ब्याह आप ही से ...रूंगी.' इस बीच में पीछे की बेंच पर कुछ जगह ख़ाली ...ई. लड़की जो अबतक नीची निगाह किये हुए चुप चाप ...ी हुई थी, उठकर अपनी मां के पहलू में जा बैठी. एक ...स्री ने कहा—'शौहर ने मुँह नहीं लगाया तो भाग खड़ी ...ई.' मैंने कहा—'नहीं जनाब, यह मेरी बद क़िस्मती है. ...की ने मुझे पसन्द नहीं किया. तभी तो वह मेरे पास ...उठकर चली गई.' उसकी माँ ने कहा—'नहीं नहीं यह ...त नहीं है. लड़की बिलकुल राज़ी है. आख़िर कुंआरी है ...! ज़रा शरमाती है.'

मिस्र के लोग निहायत सीधे सादे, निहायत मिलनसार, ...ायत ख़ुश इख़लाक़ और मेहमाँ नवाज़ होते हैं. दिल्ली में मुद्दतों रहा किसी एक मर्दे-ख़ुदा ने मेरी दावत नहीं की, किसी हिन्दू भाई ने न किसी मुसलमान ने. यह अलग ...त है कि किसी दोस्त के यहाँ खाने के वक़्त पहुँचा तो ... खिला लिया, लेकिन मिस्र में जिससे भी मुलाक़ात होती है

علاج اس کے مذہب کے حکم پر چلنے میں موجود ہے اور کیونکہ وہ مذہب کے حکم نہیں مانتا اس لئے مصیبتوں اور تکلیفوں کا شکار ہے۔ مذہب پر ٹھیک ٹھیک چل کر وہ اپنی مصیبتوں اور تکلیفوں کو دور کر سکتا ہے اور اسے ہر طرح کی سکھ شانتی بھی مل سکتی ہے۔ ہر مصری یہ مانتا ہے کہ دنیا میں اس کا مذہب سچا ہے اور سب جھوٹے۔ دھرم کے معاملے میں اسی طرح کی تنگ خیالی ہندوستان کے لوگوں میں بھی ملتی ہے۔ یہ وچار کہاں تک صحیح ہے اور کہاں تک غلط ہے یہ ایک دوسری بات ہے مگر دنیا کے تمام مذہبی لوگوں میں اپنے دھرم کے معاملے میں اس طرح کی وچار دھارا ضرور پائی جاتی ہے

اس کے باوجود مصر کے لوگ کافی آزاد خیال اور کافی زندہ دل ہیں۔ ابھی کل کی بات ہے میں ٹرام پر سوار تھا۔ ایک خاتون (مہیلا) اپنی تیرہ چودہ سال کی لڑکی کے ساتھ ٹرام میں سوار ہوئیں۔ خاتون کو پیچھے کی بینچ پر جگہ مل گئی۔ لڑکی کھڑی رہی۔ میرے بازو میں ذرا سی جگہ تھی۔ ایک مصری نے اشارہ کیا اور لڑکی میرے پاس آکر بیٹھ گئی۔ ایک شیخ نے کہا۔ جوڑا اچھا ہے۔ سب لوگ کھلکھلا کر ہنس پڑے۔ ایک دوسرے عرب نے لڑکی کو مخاطب کرتے ہوئے کہا— 'تو اس ہندی سے بیاہ کر لے۔ بڑا آدمی معلوم ہوتا ہے۔ تجھے گہنوں سے لاد دے گا'۔ پیچھے سے اس کی ماں نے کہا— 'مجھے منظور ہے۔' میں نے کہا— 'لڑکی مجھے بالکل پسند ہے بھولی بھالی بھی ہے اور خوبصورت بھی۔ میں اسے ہندوستان لے جاؤں گا۔ خدا کے فضل سے میرے پانچ بیٹے ہیں۔ جس کو یہ پسند کرے گی اس سے اس کا بیاہ کر دوں گا' اس کی ماں نے کہا— 'نہیں جناب میں تو اس کا بیاہ آپ ہی سے کروں گی۔' اس بیچ میں پیچھے کی بینچ پر کچھ جگہ خالی ہوئی۔ لڑکی جو اب تک نیچی نگاہ کئے ہوئے چپ چاپ بیٹھی ہوئی تھی' اٹھ کر اپنی ماں کے پہلو میں جا بیٹھی۔ ایک مصری نے کہا— 'شوہر نے منہ نہیں لگایا تو بھاگ کھڑی ہوئی۔' میں نے کہا 'نہیں جناب یہ میری بدقسمتی ہے۔ لڑکی نے مجھے پسند نہیں کیا۔ تب ہی تو وہ میرے پاس سے اٹھ کر چلی گئی' اس کی ماں نے کہا— 'نہیں نہیں یہ بات نہیں ہے لڑکی بالکل راضی ہے۔ آخر کنواری ہے نا! ذرا شرماتی ہے'

مصر کے لوگ نہایت سیدھے سادے' نہایت ملنسار' نہایت خوش اخلاق اور مہماں نواز ہوتے ہیں۔ دلی میں میں مدتوں رہا کسی ایک مرد خدا نے میری دعوت نہیں کی' نہ کسی ہندو بھائی نے نہ کسی مسلمان نے۔ یہ الگ بات ہے کہ کسی دوست کے یہاں کھانے کے وقت پہونچا تو کھا لیا' لیکن مصر میں جس سے بھی ملاقات ہوتی ہے

के पहनावे ओढ़ावे और रहन सहन में कोई चीज़ भी पूरबी या इसलामी बाक़ी नहीं रही है. यहां तक कि रंग ढंग और विचार भी पच्छिमी सांचे मे ढल गए हैं. शायरी, चित्रकारी, ललित कला, आर्ट और लिट्रेचर भी योरप के रंग में रंग गया है. लेकिन ग़रीब मज़दूर, किसान और आम लोगों में अभी तक पूरबी पन और इस्लामी तहज़ीब का रंग नुमाया है, अगरचे पच्छिम के असर से बिलकुल ख़ाली नहीं है. ख़ासकर औरतों की रिहाइश, घरेलू लिबास और रहन सहन पर मज़हब का गहरा असर पड़ा है. फिर भी जब यह औरतें बाहर निकलती हैं तो पूरब का असर भी उनके रंग ढंग और लिबास मे बड़ी हद तक नुमायां होता है. परदे का रिवाज उस शक्ल में, जो कि हिन्दुस्तान की मुस्लिम औरतों मे पाया जाता है, यहां नहीं है. फिर भी यहां जिसको परदा कहा जाता है वह यहां के आम तबक़े की औरतों में आमतौर पर देखा जाता है. उसकी शक्ल यह होती है कि औरतें एक काली चादर थैले की शक्ल में ओढ़ लेती हैं, जिससे जिस्म का बेशतर हिस्सा ढक जाता है. सिर्फ़ दोनों पिंडलियों का कुछ हिस्सा, दोनों हाथ और मुंह खुला रहता है. बहुत सी औरतों का मुंह बिलकुल खुला रहता है, बहुत सी औरतें एक जाली मुंह पर इस तरह रखती हैं कि नाक से ऊपर का आधा चेहरा तो बिलकुल खुला रहता है और नाक के सिरे पर एक पट्टी होती है जिसमें एक जाली लटकती रहती है जो चेहरे के निचले हिस्से को किसी क़दर ढांक लेती है. अगरचे जाली इतनी छिछली और महीन होती है कि चेहरा झलकता रहता है. बस यही परदा है और यही पच्छिमी या इसलामी कलचर.

कलचर के सिलसिले मे यहाँ कुछ चीज़ें एक दूसरे से बहुत उलटी देखने मे आती हैं. एक तरफ़ तो मिस्री बे धड़क सनीमा, थेटर, अधनंगे नाच गाने और शराब ख़ोरी के मैदान में एक दूसरे से आगे जाते हुए नज़र आते हैं और दूसरी तरफ़ नमाज़ियों का हजूम भी कुछ कम नहीं होता. इसी तरह हज करने वालों की तादाद भी तमाम दुनिया के मुसलमानों से ज़ियादा मिस्री मुसलमानों की होती है. यानी हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की मिली जुली हाजियों की गिनती के बराबर. हालांकि गिनती में हिन्दुस्तान के मुसलमानों से मिस्री आधे से भी कम हैं और पाकिस्तान से एक चौथाई से भी कम.

इससे ज़ियादा अचरज की चीज़ मिस्रियों की ज़हनियत और विचार हैं. एक शख़्स जिसको मज़हब से कोई लगाव नहीं वह यह समझता है कि मज़हब के बग़ैर वह ज़िन्दा नहीं रह सकता. न वह ज़िंदा रह सकता है न उसकी क़ौम. उसकी तमाम मुसीबतों और तकलीफ़ों का

کے پہناوے اوڑھاوے اور رہن سہن میں کوئی چیز بھی پوربی یا اسلامی باقی نہیں رہی ہے . یہاں تک کہ رنگ ڈھنگ اور وچار بھی پچھمی سانچے میں ڈھل گئے ہیں . شاعری ' چترکاری ' للت کلا ' آرٹ اور لٹریچر بھی یورپ کے رنگ میں رنگ گیا ہے . لیکن غریب مزدور ' کسان اور عام لوگوں میں ابھی تک پوربی پن اور اسلامی تہذیب کا رنگ نمایاں ہے ' اگرچہ پچھم کے اثر سے بالکل خالی نہیں ہے . خاص کر عورتوں کی رہائش ' گھریلو لباس اور رہن سہن پر مذہب کا گہرا اثر پڑا ہے . پھر بھی جب یہ عورتیں باہر نکلتی ہیں تو پورب کا اثر بھی ان کے رنگ ڈھنگ اور لباس سے بڑی حد تک نمایاں ہوتا ہے . پردے کا رواج اُس شکل میں ' جو کہ ہندستان کی مسلم عورتوں میں پایا جاتا ہے ' یہاں نہیں ہے . پھر بھی یہاں جس کو پردہ کہا جاتا ہے وہ یہاں کے عام طبقے کی عورتوں میں عام طور پر دیکھا جاتا ہے . اسکی شکل یہ ہوتی ہے کہ عورتیں ایک کالی چادر تھیلے کی شکل میں اوڑھ لیتی ہیں ' جس سے جسم کا بیشتر حصہ ڈھک جاتا ہے . صرف دونوں پنڈلیوں کا کچھ حصہ ' دونوں ہاتھ اور منھ کھلا رہتا ہے . بہت سی عورتوں کا منھ بالکل کھلا رہتا ہے ' بہت سی عورتیں ایک جالی منھ پر اس طرح رکھتی ہیں کہ ناک سے اوپر کا آدھا چہرہ تو بالکل کھلا رہتا ہے اور ناک کے سرے پر ایک پٹی ہوتی ہے ' جس میں ایک جالی لٹکتی رہتی ہے جو چہرے کے نچلے حصے کو کسی قدر ڈھانک لیتی ہے . اگرچہ جالی اتنی چھچھلی اور مہین ہوتی ہے کہ چہرہ جھلکتا رہتا ہے . بس یہی پردہ ہے اور یہی پچھمی یا اسلامی کلچر .

کلچر کے سلسلے میں یہاں کچھ چیزیں ایک دوسرے سے بہت الٹی دیکھنے میں آتی ہیں . ایک طرف تو مصری بے دھڑک سنیما ' تھیٹر ' ادھ ننگے ناچ گانے اور شراب خوری کے میدان میں ایک دوسرے سے آگے جاتے ہوئے نظر آتے ہیں اور دوسری طرف نمازیوں کا ہجوم بھی کچھ کم نہیں ہوتا . اسی طرح حج کرنے والوں کی تعداد بھی تمام دنیا کے مسلمانوں سے زیادہ مصری مسلمانوں کی ہوتی ہے . یعنی ہندستان اور پاکستان کی ملی جلی حاجیوں کی گنتی کے برابر . حالانکہ گنتی میں ہندستان کے مسلمانوں سے مصری آدھے سے بھی کم ہیں اور پاکستان سے ایک چوتھائی سے بھی کم .

اس سے زیادہ اچرج کی چیز مصریوں کی ذہنیت اور وچار ہیں . ایک شخص جس کو مذہب سے کوئی لگاؤ نہیں وہ یہ سمجھتا ہے کہ مذہب کے بغیر وہ زندہ نہیں رہ سکتا . نہ وہ زندہ رہ سکتا ہے نہ اس کی قوم . اُسکی تمام مصیبتوں اور تکلیفوں کا

यहां कम गिनत जातियों के साथ बहुगिनत जाति का बरताव बहुत उदार और हमदर्दाना है. क़िब्ती अपनी आबादी के हिसाब से नौ फीसदी हैं लेकिन सरकारी नौकरियों में इनकी गिनती 30 फीसदी है और बड़ी से बड़ी जगहों पर भी इसी हिसाब से वह काम करते हैं.

मिस्र का बजट 231 मिलयन पौंड का है जिसके 3234,000,000 रुपए होते हैं. इस में से 1148,000,000 रुपया देश बचाव पर खर्च होता है और 148,000 000 शिक्षा पर, 252 000,000 तन्दुरुस्ती पर और बाक़ी दूसरी मदों में.

मिस्र में चार यूनिवरसिटियां, 28 कालिज और क़रीब पांच हज़ार के प्रायमरी मिडिल और हाई स्कूल हैं. सरकारी कालिजों और स्कूलों में इस वक्त 15 लाख तालिब-इल्म या विद्यार्थी पढ़ते हैं. नई पच साला स्कीम के मातहत इनकी गिनती 50 लाख की होगी

इन स्कूलों और कालिजों के अलावा अल-अज़हर यूनिवरसिटी के मातहत भी कई कालिज और बहुत से स्कूल हैं. फिर बहुत से प्राइवेट स्कूल कालिज भी हैं.

मिस्र के सरकारी अस्पतालों में 50 हज़ार मरीज़ों के लिये चारपाइयां हैं 25 हज़ार गैर सरकारी अस्पतालों में हैं

मिस्र में तीन सौ से कुछ ऊपर मुख़्तलिफ़ सोसाइटियां और क्लब हैं जिनमें बहुत सी सोसाइटियां ऐसी हैं जिनकी शाखें मिस्र के हर हिस्से में फैली हुई हैं. यह सोसाइटियां तरह तरह के प्रोग्राम और मक़सदों के मातहत काम करती हैं. राज काजी. समाजी, आर्थिक, धार्मिक, तिजारती सनअती हर किस्म के काम. इन सोसाइटियों में बहुत सी सोसाइटियां औरतों, बच्चों, बूढ़ों, लंगड़ों, लूलों, अन्धों बहरों. नादारों और ग़रीबों की इमदाद और सहायता भी करती हैं. इनके लिये खाना कपड़ा भी मुहैया करना है और मुनासिब काम भी. फिर ग़रीब तबक़े के दूध पीते बच्चों की देखभाल और आम बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिये भी इन सोसाइटियों का इन्तज़ाम क़ाबिले क़द्र है. इसी तरह बहुत सी सोसाइटियां ग़रीब खानदानों की मुनासिब मदद भी करती हैं और कुछ मज़हबी, इख़लाक़ी और कलचरी सुधार भी.

मिस्र का तमद्दुन, तहज़ीब, संस्कृति और कलचर बिलकुल बदल गया है, ऊंचे तबक़े के लोग और बीच के दरजे के लोग सब के सब पच्छिमी तहज़ीब, पच्छिमी रहन सहन और पच्छिमी लिबास को अपना चुके हैं. मर्दों के लिबास में सिर्फ़ तुर्की टोपी तुर्कों के राज के ज़माने की याद दिला रही है लेकिन ऊंचे तबक़े की और नीचे के तबक़े की औरतों

یہاں کم گنتی جاتیوں کے ساتھ بہوگنتی جاتی کا برتاؤ بہت اُدار اور ہمدردانہ ہے . قبطی اپنی آبادی کے حساب سے نو فیصدی ہیں لیکن سرکاری نوکریوں میں ان کی گنتی 30 فیصدی ہے اور بڑی سے بڑی جگہوں پر بھی اسی حساب سے [illegible]

مصر کا بجٹ 231 ملین پونڈ کا ہے جس کے [illegible]

مصر میں چار یونیورسٹیاں 28 کالج اور [illegible] پانچ ہزار کے [illegible] اور ہائی اسکول ہیں [illegible] لاکھ طالب علم یا [illegible]

ان اسکولوں اور کالجوں کے علاوہ الازہر یونیورسٹی کے [illegible] اسکول ہیں پھر بہت سے پرائیویٹ اسکول کالج بھی ہیں .

مصر کے [illegible] اسپتالوں میں 50 ہزار مریضوں کے لئے چارپائیاں ہیں 25 ہزار غیر سرکاری اسپتالوں میں ہیں

مصر میں تین سو سے کچھ اوپر مختلف سوسائٹیاں اور کلب ہیں جن میں بہت سی سوسائٹیاں ایسی ہیں جن کی شاخیں مصر کے ہر حصے میں پھیلی ہوئی ہیں . یہ سوسائٹیاں طرح طرح کے پروگرام اور مقصدوں کے ماتحت کام کرتی ہیں راج کاجی سماجی آرتھک دھارمک تجارتی صنعتی ہر قسم کے کام ان سوسائٹیوں میں بہت سی سوسائٹیاں عورتوں، بچوں بوڑھوں لنگڑوں لولوں، اندھوں بہروں، ناداروں اور غریبوں کی امداد اور سہایتا بھی کرتی ہیں ان کے لئے کھانا کپڑا بھی مہیا کرتی ہیں اور مناسب کام بھی پھر غریب طبقے کے دودھ پیتے بچوں کی دیکھ بھال اور عام بچوں کی پڑھائی لکھائی کے لئے بھی ان سوسائٹیوں کا انتظام قابل قدر ہے . اسی طرح بہت سی سوسائٹیاں غریب خاندانوں کی مناسب مدد بھی دیتی ہیں اور کچھ مذہبی اخلاقی اور کلچری سدھار بھی .

مصر کا تمدن، تہذیب سنسکرتی اور کلچر بالکل بدل گیا ہے اونچے طبقے کے لوگ اور بیچ کے درجے کے لوگ سب کے سب پچھمی تہذیب، پچھمی رہن سہن اور پچھمی لباس کو اپنا چکے ہیں مردوں کے لباس میں صرف ترکی ٹوپی ترکوں کے راج کے زمانے کی یاد دلا رہی ہے لیکن اونچے طبقے کی اور نیچے کے طبقے کی عورتوں

के हाउस आफ़ लार्ड स को हैं. हाँ, मिस्र के बादशाह के अधिकार इंगलैंड के बादशाह के अधिकारों से कुछ ज़ियादा हैं. लेकिन इन इख़तियारों का इस्तेमाल करने की बादशाह को न तो ज़रूरत पड़ती है और न इसकी फ़ुरसत मिलती है.

आम सदन की बहुमित पारटी का लीडर प्रधान मंत्री चुना जाता है और दूसरे सब मंत्री प्रधान मंत्री की तरफ़ से चुन लिये जाते हैं और उस समय तक वज़ीरी कुरसियों पर डटे रहते हैं जब तक कि आम सदन में उनकी पारटी का बहुमत होता है और जब तक यह बहुमत उन पर विश्वास करता है.

इस वक़्त हुकूमत की बागडोर वफ़्द पारटी के हाथों में है. वफ़्द पारटी की मिस्र में वही हैसियत है जो हिन्दुस्तान में कांग्रेस की. वफ़्द पारटी के सब से बड़े लीडर मरहूम साद ज़ग़लोल बाशा माने जाते हैं. उनकी इज़्ज़त मिस्र वालों के दिलों में वही थी और है, जो हिन्दुस्तान में मरहूम गांधी जी की थी और है. इस समय वफ़्द पारटी के लीडर मुस्तफ़ा नहास बाशा हैं. उनकी हैसियत मिस्र में वही है जो हिन्दुस्तान में पंडित जवाहर लाल नेहरू की है.

मिस्री हुकूमत के अदालती क़ानून ज़ियादातर फ़्रान्स से लिये गए हैं या फिर स्वीटज़रलैंड और इंगलैंड से. हां, परसनल ला सिर्फ़ मुसलमानों के लिये है और इसलामी ढंग से बनाया गया है. यह क़ानून सिर्फ़ मुसलमानों के निकाह, तलाक़, विरासत का बटवारा और वक़्फ़ (ट्रस्ट) तक सीमित है. यह परसनल ला बहुत कुछ हिन्दुस्तान के मोहमडन ला से मिलता जुलता है. फ़र्क़ बस इतना है कि हिन्दुस्तान में मोहमडन ला से सम्बन्ध रखने वाले मुक़दमों का फ़ैसला भी आम अदालत में होता है लेकिन मिस्र में इसके लिये ख़ास अदालतें हैं. इन ख़ास अदालतों में आम जजों की जगह शरियत के माहिर क़ाज़ी होते हैं और इनके फ़ैसले आख़री माने जाते हैं. इन क़ाज़ियों के पास दूसरे मुक़दमे जाने भी नहीं हैं. आम अदालतों का इन्तज़ाम वैसा ही है जैसे हिन्दुस्तान का है यानी पुलिस कोर्ट, लोअर कोर्ट, हाई कोर्ट वग़ैरा में भी उसी तरह का काम होता है जैसे हिन्दुस्तान में होता है.

मिस्र का रक़बा चार लाख मुरब्बा मील के क़रीब है जिसमें सिर्फ़ चार फ़ीसदी ज़मीन पर खेती बाड़ी हो सकती है. बाक़ी ज़मीन रेगिस्तान है. मिस्र में बारिश न होने के बराबर होती है. खेती दरियाए नील के पानी से होती है. आबपाशी का इन्तज़ाम अच्छा है और इसमें और भी तरक़्क़ी हो रही है.

मिस्र की कुल आबादी क़रीब दो करोड़ के है जिनमें 18 लाख क़िब्ती, दो लाख विदेशी और बाक़ी मुसलमान हैं.

ؤس آف لارڈس کو ہیں ۔ ہاں' مصر کے بادشاہ
ھیکار انگلینڈ کے بادشاہ کے ادھیکاروں سے کچھ
ہیں ۔ لیکن ان اختیاروں کا استعمال کرنے کی
اہ کو نہ تو ضرورت پڑتی ہے اور نہ اس کی فرصت
ہے ۔

عام سدن کی بہومت پارٹی کا لیڈر پردھان منتری
جاتا ہے اور دوسرے سب منتری پردھان منتری کی
سے چن لئے جاتے ہیں اور اس سمے تک وزیری
ں پر ڈٹے رہتے ہیں جب تک کہ عام سدن میں
ی پارٹی کا بہومت ہوتا ہے اور جب تک یہ بہومت
وشواس کرتا ہے ۔

س وقت حکومت کی باگ ڈور وفد پارٹی کے ہاتھوں
ہے ۔ وفد پارٹی کی مصر میں وہی حیثیت ہے جو
ستان میں کانگریس کی ۔ وفد پارٹی کے سب سے بڑے
مرحوم سعد زغلول باشا مانے جاتے ہیں ۔ ان کی
مصر والوں کے دلوں میں وہی تھی اور ہے' جو
ستان میں مرحوم گاندھی جی کی تھی اور ہے ۔ اس
وفد پارٹی کے لیڈر مصطفی نحاس باشا ہیں ۔ ان کی
یت مصر میں وہی ہے جو ہندستان میں پنڈت
ر لال نہرو کی ہے ۔

مصری حکومت کے عدالتی قانون زیادہ تر فرانس
لئے گئے ہیں یا پھر سوئٹزرلینڈ اور انگلینڈ سے ۔ ہاں'
نل لا صرف مسلمانوں کے لئے ہے اور اسلامی ڈھنگ
ایا گیا ہے ۔ یہ قانون صرف مسلمانوں کے نکاح' طلاق'
ت کا بٹوارہ اور وقف (ٹرسٹ) تک سیمت ہے ۔ یہ
ل لا بہت کچھ ہندستان کے محمڈن لا سے ملتا
ا ہے ۔ فرق بس اتنا ہے کہ ہندستان میں محمڈن لا
مبندھ رکھنے والے مقدموں کا فیصلہ بھی عام عدالت
ہوتا ہے لیکن مصر میں اس کے لئے خاص عدالتیں
۔ ان خاص عدالتوں میں عام ججوں کی جگہ
یت کے ماہر قاضی ہوتے ہیں اور ان کے فیصلے آخری
جاتے ہیں ۔ ان قاضیوں کے پاس دوسرے مقدمے جاتے
نہیں ہیں ۔ عام عدالتوں کا انتظام ویسا ہی ہے
ا ہندستان کا ہے یعنی پولیس کورٹ' لوئر کورٹ'
کورٹ وغیرہ میں بھی اسی طرح کام ہوتا ہے جیسے
ستان میں ہوتا ہے ۔

مصر کا رقبہ چار لاکھ مربع میل کے قریب ہے جس
صرف چار فیصدی زمین پر کھیتی باڑی ہو سکتی
باقی زمین ریگستان ہے ۔ مصر میں بارش نہ ہونے
برابر ہوتی ہے ۔ کھیتی دریائے نیل کے پانی سے ہوتی
آب پاشی کا انتظام اچھا ہے اور اس میں اور بھی
ہو رہی ہے ۔

مصر کی کل آبادی قریب دو کروڑ کے ہے جن میں
لاکھ قبطی' دو لاکھ ودیشی اور باقی مسلمان ہیں ۔

मौलाना अब्दुल्ला मिस्री का खत—क़ाहिरा से

प्यारे पंडित सुन्दरलाल,

अपने पिछले खत में मिस्र का कुछ हाल लिख चुका हूँ. इस खत में भी कुछ हाल लिखूंगा. यों अगर लिखा जाय तो यहाँ के एक एक विषय, एक एक चीज़ पर बहुत कुछ लिखा जा सकता है. हो सकता है आगे चलकर मैं यहाँ की चीज़ों पर बहुत तफ़सील से लिखूं, पर अभी तो मैं बहुत कुछ न लिखकर बहुत थोड़े में कुछ लिख रहा हूँ.

मिस्र बीच पूरब के देशों में बहुत उन्नति शील देश है. बीच पूरब के दूसरे कई देशों की तरह यह भी "इसलामी" देश कहलाता है. यहाँ की सरकार भी इसलामी कही जाती है. लेकिन दर असल इसको इसलाम से महज़ नाम का लगाव है. मिस्र की सरकार का ढांचा तीन अहम जुज़ो यानी तत्वों से बना है. इसका विधान तो इंगलैंड का है, अदालती और पुलिस क़ानून फ्रान्स और स्वाटज़रलेंड के है और 'परसनल ला' इसलाम का है.

मिस्र की हकूमत का ऊपरी ढॉचा इस मानी में इंगलैन्ड से बहुत कुछ मिलता जुलता है कि यहां भी हकूमत की सब से ऊँची गद्दी पर हिज़ मेजेस्टी शाह फ़ारूक़ बिराजते हैं और बहुत आन बान और शान के साथ बिराजते है और मिस्री सरकार का सब काम काज हिज़ मेजेस्टी के नाम से होता है. अगरचे सब काम दूसरे लोग ही करते हैं जैसे इंगलैन्ड में होता है.

सोच बिचार और क़ायदे क़ानून बनाने के लिये इंगलैन्ड के हाउस आफ़ कामन्स और हाउस आफ़ लार्ड्स की तरह यहाँ भी दो सदन हैं. एक आम सदन और दूसरा ख़ास सदन. आम सदन के मेम्बरों की गिनती 319 और ख़ास सदन के मेम्बरों की गिनती 180 है. आम सदन के तमाम मेम्बर चुनाव से आते है और ख़ास सदन के आधे मेम्बर चुनाव से और आधे सरकार की तरफ़ से नामज़द होकर. चुनाव में राय देने का हक़ यहाँ सिर्फ़ बालिग़ मर्दों को है औरतों को नहीं. औरतों को राज काजी मामलों में भी कोई दख़ल नहीं है, अगरचे औरतें यहां काफ़ी पढ़ी लिखी और आज़ाद हैं.

आम सदन की उमर पाँच साल की और ख़ास सदन की दस साल की रक्खी गई है. आम सदन को वह सब अधिकार है जो इंगलैन्ड में हाउस आफ़ कामन्स को है. मिस्र के ख़ास सदन को भी वही इख़तियार है जो इंगलैन्ड

مولانا عبداللہ مصری کا خط — قاہرہ سے

پیارے پنڈت سندر لال،

اپنے پچھلے خط میں مصر کا کچھ حال لکھ چکا ہوں ... خط میں بھی کچھ حال لکھوں گا۔ یوں اگر لکھا جائے تو یہاں کی ایک ایک ... ایک ایک چیز پر بہت کچھ لکھا جا سکتا ہے۔ ہو سکتا ہے آگے چل کر میں یہاں کی چیزوں پر بہت تفصیل سے لکھوں پر ابھی تو میں بہت کچھ نہ لکھ کر بہت تھوڑے میں کچھ لکھ رہا ہوں۔

مصر بیچ پورب کے دیشوں میں بہت ترقی شیل دیش ہے۔ بیچ پورب کے دوسرے کئی دیشوں کی طرح یہ بھی "اسلامی" دیش کہلاتا ہے یہاں کی سرکار بھی اسلامی کہی جاتی ہے لیکن دراصل اسکو اسلام سے محض نام کا لگاؤ ہے۔ مصر کی سرکار کا ڈھانچہ تین اہم جزوں یعنی تتوؤں سے بنا ہے۔ اس کا ودھان تو انگلینڈ کا ہے، عدالتی اور پولیس قانون فرانس اور سوئٹزرلینڈ کے ہیں اور 'پرسنل لا' اسلام کا ہے۔

مصر کی حکومت کا اوپری ڈھانچہ اس معنی میں انگلینڈ سے بہت کچھ ملتا جلتا ہے کہ یہاں بھی حکومت کی سب سے اونچی گدی پر ہز مجسٹی شاہ فاروق براجتے ہیں اور بہت آن بان اور شان کے ساتھ براجتے ہیں اور مصری سرکار کا سب کام کاج ہز مجسٹی کے نام سے ہوتا ہے۔ اگرچہ سب کام دوسرے لوگ ہی کرتے ہیں جیسے انگلینڈ میں ہوتا ہے۔

سوچ وچار اور قاعدے قانون بنانے کے لئے انگلینڈ کے ہاؤس آف کامنس اور ہاؤس آف لارڈس کی طرح یہاں بھی دو سدن ہیں۔ ایک عام سدن اور دوسرا خاص سدن۔ عام سدن کے ممبروں کی گنتی 319، اور خاص سدن کے ممبروں کی گنتی 180 ہے۔ عام سدن کے تمام ممبر چناؤ سے آتے ہیں اور خاص سدن کے آدھے ممبر چناؤ سے اور آدھے سرکار کی طرف سے نامزد ہو کر۔ چناؤ میں رائے دینے کا حق یہاں صرف بالغ مردوں کو ہے عورتوں کو نہیں۔ عورتوں کو راج کاجی معاملوں میں بھی کوئی دخل نہیں ہے، اگرچہ عورتیں یہاں کافی پڑھی لکھی اور آزاد ہیں

عام سدن کی عمر پانچ سال کی اور خاص سدن کی دس سال کی رکھی گئی ہے۔ عام سدن کو وہ سب ادھیکار ہیں جو انگلینڈ میں ہاؤس آف کامنس کو ہیں۔ مصر کے خاص سدن کو بھی وہی اختیار ہیں جو انگلینڈ

मुल्क के अन्दर एक इनक़लाब अहिंसात्मक ढंग से आप से आप हो जायेगा.

हमें यक़ीन है कि अहिंसात्मक इनक़लाब करना हिन्दुस्तान की मिट्टी की तासीर है. हिन्दुस्तान के लोगों ने अहिंसा के ज़रिये दुनिया की सबसे बड़ी हुकूमत को ख़त्म कर दिया, वही लोग उसी अहिंसा या सत्याग्रह के ज़रिये विरोधी सरकार या ताक़तों को अपने प्रेम और सेवा से जीत कर हिन्दुस्तान के अन्दर किसान-मज़दूर का सच्चा स्वराज क़ायम करेंगे. यही वह संदेसा है जिसकी तमन्ना आज दुनिया हमारे हिन्दुस्तान से कर रही है. यह संदेसा अमली तौर से देना हिन्दुस्तान के जीवन का मक़सद हमेशा से रहा है और हमेशा तक तक रहेगा.

—सुरेश रामभाई

ملک کے اندر ایک انقلاب اہنساتمک ڈھنگ، سے آپ سے آپ ہو جائیگا .

ہمیں یقین ہے کہ اہنساتمک انقلاب کرنا ہندستان کی مٹی کی تاثیر ہے . ہندستان کے لوگوں نے اہنسا کے ذریعے دنیا کی سب سے بڑی حکومت کو ختم کردیا' وہی لوگ اُسی اہنسا یا ستیاگرہ کے ذریعے ورودھی سرکار یا طاقتوں کو اپنے پریم اور سیوا سے جیت کر ہندستان کے اندر کسان مزدور کا سچا سوراج قائم کرینگے . یہی وہ سندیسہ ہے جسکی تمنا آج دنیا ہمارے ہندستان سے کر رہی ہے . یہ سندیسہ عملی طور سے دنیا ہندستان کے جیون کا مقصد ہمیشہ سے رہا ہے اور ہمیشہ تک رہیگا .

——سریش رام بھائی

घास के एक तिनके ने कहा —

(ख़लील जिब्रान)

घास के एक तिनके ने पतझड़ में झड़े पत्ते से कहा—"तुम गिरते समय शोर क्यों मचाते हो? तुम्हारे इस शोर ने मेरे सुन्दर सपने को तोड़ दिया है."

पत्ता गुस्से में आकर बोला—"ओ नीच, पस्ती में रहने वाले, संगीत से बेबहरा, चिड़चिड़े तिनके! जब तू ऊंची हवा में नहीं रहता, तो राग की लय को क्या जाने?"

फिर पतझड़ में गिरा हुआ पत्ता ज़मीन पर सो गया और जब बहार आई तो उसकी आंख खुली पर अब वह घास का एक तिनका बन चुका था!

जब पतझड़ आया और उस पर दूसरे पत्ते गिरने लगे तो उस ने धीरे से कहा—

"यह पतझड़ में गिरे पत्ते कितना शोर मचाते हैं और मेरी मीठी नींद भंग कर देते हैं."

अनुवादक—बेनी माधव

گھاس کے ایک تنکے نے کہا—

(خلیل جبران)

گھاس کے ایک تنکے نے پتجھڑ میں جھڑے پتے سے کہا— "تم گرتے سمے شور کیوں مچاتے ہو؟ تمہارے اِس شور نے میرے سندر سپنے کو توڑ دیا ہے ."

پتا غصے میں بھر کر بولا—"او نیچ' پستی میں رہنے والے' سنگیت سے بے بہرہ' چڑ چڑے تنکے! جب تو اونچی ہوا میں نہیں رہتا' تو راگ کی لے کو کیا جانے؟"

پھر پتجھڑ میں گرا ہوا پتہ زمین پر سو گیا اور جب بہار آئی تو اُس کی آنکھ کھلی پر اب وہ گھاس کا ایک تنکا بن چکا تھا!

جب پھر پتجھڑ آیا اور اُس پر دوسرے پتے گرنے لگے تو اُس نے دھیرے سے کہا—

"یہ پتجھڑ میں گرے پتے کتنا شور مچاتے ہیں اور میری میٹھی نیند بھنگ کردیتے ہیں."

انوادک—بینی مادھو

पर और पूरी ईमानदारी के साथ नहीं अपनाया जाता तो कम्यूनिज्म हिन्दुस्तान में आकर ही रहेगा. उसका आना लाज़मी है, क्यों कि जनता के पास कोई दूसरा चारा नहीं है. आज जनता बेहाल है, बेचैन है, आधी जागी हुई है, उसके पास अपना नेता नहीं है. हुकूमत या लोकशाही या बाकायदा इन्तज़ाम के नाम पर जो चीज़ चल रही है उससे मुल्क के अंदर अंधेर और आफ़त मची हुई है. इनको दूर करने के लिये जनता कम्यूनिज्म को खुली दावत देती है "

आज बदकिस्मती यह है कि हुकूमत और पढ़े लिखों का मुँह पच्छिम को है तो जनता का पूरब को. दोनों एक दूसरे से मिलते ही नहीं. पंडित जवाहर लाल जी ने कबूल किया है कि पिछले चार बरस में आपस की यह खाई बढ़ी है, खूब बढ़ी है. इस लिये पहली ज़रूरत तो इस बात की है कि जनता के अन्दर अपना विश्वास पैदा किया जाय, और जो कुछ भी किया जाये सच्चे जी से किया जाय.

किशोर लाल भाई चेतावनी देते हैं —

" हम कदम कदम भले चलें, लेकिन अगर यह कदम ऊपरी दिल से उठाए जाते हैं तो कम्यूनिस्टों की बाढ़ रोके नहीं रुकेगी और चूंकि आज की हालत कुछ ऐसी नहीं है जिसे कायम रखने के लिये कोई भगवान या मालिक से दुआ करे. इसलिये यह बाढ़ पूरी ताक़त से आयेगी और अपने रास्ते में पड़ने वाली हर चीज़ को कहीं का कहीं उखाड़ फेंकेगा."

यह असलियत है. भूके को रोटी चाहिए. अगर कम्यूनिस्ट यह रोटी देता है तो भूका उसके साथ है, अगर सत्याग्रही देता है तो उसके साथ है. अगर दोनों देते हैं तब वह ज़रूर कुछ सोच विचार में पड़ेगा. लेकिन जहां तक मौजूदा सरकार की बात है उसके ऊपर इतमिनान शायद ही किसी को बाकी हो. भूके का भगवान रोटी में है, न कम्यूनिज्म में, न सर्वोदय में.

× × ×

आगे के बारे में कुछ भी कहना ज़ियादती है. मन के लड्डू फोड़ने से भी काम नहीं चलता है लेकिन जहां आज की हालत से हमें बेचैनी होती है वहां खुशी यह होती है कि सर्वोदय केवल एक विचार ही नहीं है, उसके मानने वाले मैदान में उतर आये हैं गांधी जी की जिन्दगी ही सर्वोदय का एक आला नमूना थी लेकिन उनके पैरोकार बड़ी खूबी के साथ इस तरफ़ क़दम बढ़ा रहे हैं. विनोबा जी का पैदल घूमना और भू-दान-यज्ञ में शरीक होने के लिये हर ग़रीब अमीर से अपील करना एक ठोस कदम है. उनका कहना है इससे एक हवा बंध जायेगी जिससे इस

پر اور پوری ایمانداری کے ساتھ نہیں اپنایا جاتا تو کمیونزم ہندستان میں آکر ہی رہیگا . اُس کا آنا لازمی ہے کیونکہ جنتا کے پاس کوئی دوسرا چارہ نہیں ہے . آج جنتا بےحال ہے، بےچین ہے، آدھی جاگی ہوئی ہے. اُس کے پاس اپنا نیتا نہیں ہے . حکومت یا لوک شاہی یا باقاعدہ انتظام کے نام پر جو چیز چل رہی ہے اس سے ملک کے اندر اندھیر اور آفت مچی ہوئی ہے . ان کو دور کرنے کے لئے جنتا کمیونزم کو کھلی دعوت دیتی ہے

آج بدقسمتی یہ ہے کہ حکومت اور پڑھے لکھوں کا منہ پچھم کو ہے تو جنتا کا پورب کو . دونوں ایک دوسرے سے ملتے ہی نہیں . پنڈت جواہر لال نہرو نے قبول کیا ہے کہ پچھلے چار برس میں آپس کی یہ کھائی بڑھی ہے، خوب بڑھی ہے . اس لئے پہلی ضرورت تو اس بات کی ہے کہ جنتا کے اندر اپنا وشواس پیدا کیا جائے اور جو کچھ بھی کیا جائے سچے جی سے کیا جائے

کشور لال بھائی چیتاونی دیتے ہیں —

ہم قدم قدم بھلے چلیں لیکن اگر یہ قدم اوپری دل سے اٹھائے جاتے ہیں تو کمیونسٹوں کی باڑھ روکے نہیں رکے گی اور چونکہ آج کی حالت ایسی نہیں ہے جسے قائم رکھنے کے لئے کوئی بھگوان یا مالک سے دعا کرے اس لئے یہ باڑھ پوری طاقت سے آئیگی اور اپنے راستے میں پڑنے والی ہر چیز کو کہیں کا کہیں اکھاڑ پھینکیگی

یہ اصلیت ہے . بھوکے کو روٹی چاہئے . اگر کمیونسٹ یہ روٹی دیتا ہے تو بھوکا اُس کے ساتھ ہے . اگر ستیاگرہی دیتا ہے تو اُس کے ساتھ ہے . اگر دونوں دیتے ہیں تب وہ ضرور کچھ سوچ وچار میں پڑیگا . لیکن جہاں تک موجودہ سرکار کی بات ہے اُس کے اوپر اطمینان شاید ہی کسی کو باقی ہو . بھوکے کا بھگوان روٹی میں ہے نہ کمیونزم میں، نہ سروودے میں .

× × × ×

آگے کے بارے میں کچھ بھی کہنا زیادتی ہے . من کے لڈو پھوڑنے سے بھی کام نہیں چلتا ہے لیکن جہاں آج کی حالت سے ہمیں بےچینی ہوتی ہے وہاں خوشی یہ ہوتی ہے کہ سروودے کیول ایک وچار ہی نہیں ہے، اسکے ماننے والے میدان میں اُتر آئے ہیں . گاندھی جی کی زندگی ہی سروودے کا ایک اعلیٰ نمونہ تھی . لیکن اُن کے پیروکار بڑی خوبی کے ساتھ اِس طرف قدم بڑھا رہے ہیں . ونوبا جی کا پیدل گھومنا اور بھودان یگیہ میں شریک ہونے کے لئے ہر غریب امیر سے اپیل کرنا ایک ٹھوس قدم ہے . انکا کہنا ہے اس سے ایک ہوا بندھ جائیگی جس سے اس

अभय (निडर रहना), सर्व धर्म समभाव (सब धर्मों के लिये एक सी इज्जत), स्वदेशी का इस्तेमाल करना और छुआ छूत न करना. ज़रा ग़ौर से देखें तो पता चलेगा कि कम्यूनिस्ट भाई इन ग्यारह में से सिर्फ़ असंग्रह पर इसरार करते हैं—ब्रह्मचर्य रखिये या न रखिये उसे कोई शिकायत नहीं होगी, सत्य में तो वह यक़ीन ही नहीं करता, या करता है तो अपने अलग ढंग से, अस्तेय की वह क़द्र करता है, शरीर श्रम को बुरा नहीं कहता, अस्वाद को दीवाना पन समझता है, अभय उसे पसंद है, धर्म को तो वह अफ़ीम मानता है, स्वदेशी उसे बाबा आदम के ज़माने की चीज़ मालूम पड़ती है, छुआ छूत वह उठ गई ख़याल करता है. इस तरह अपनी बेहतरीन से बेहतरीन हालत में भी कम्यूनिज्म सर्वोदय का महज़ एक छोटा-सा टुकड़ा है. सच तो यह है कि कम्यूनिस्ट भाई जिस चीज़ को माली या आर्थिक दायरे में बुलन्द हालत में देखना चाहते हैं, सत्याग्रही उसे जीवन के हर पहलू में बुलन्द देखना चाहता है. इसी का नतीजा यह होता है कि अपना जिस्म, जो कम्यूनिस्ट को सबसे प्यारी चीज़ है, सत्याग्रही के लिये सबसे बड़ी रुकावट बन जाता है. इसी वजह से सर्वोदय और कम्यूनिज्म में कोई मेल नहीं रह जाता और दोनों एक दूसरे के कट्टर ख़िलाफ़ पड़ते हैं.

× × × ×

हमने ऊपर कम्यूनिस्ट भाइयों के उसूलों की चर्चा की और यह देखा कि उनमें और सर्वोदय के मानने वालों में कितना गहरा और बुनियादी फ़र्क़ है. "गांधी और मार्क्स" नाम की किताब में किशोरलाल भाई और विनोबाजी, दोनों ने ही, अपने मंझे हुए क़लम और पैनी व दूर पहुँचने वाली निगाह से इस चीज़ को इतने आसान तरीक़े से रख दिया है कि हर कोई ख़ूब अच्छी तरह से समझ सकता है. लेकिन उसूल उसूल ही हैं, असल बात है उनका अमल. आज हमारे हिन्दुस्तान में दोनों विचार मौजूद हैं. उनकी कामयाबी इस बात पर मुनहसिर है कि दोनों के पैरोकार किस तरह अमली रूप में इन्हें अपना कर यहां के दीन दुखियों की सच्ची सेवा कर पाते हैं.

सर्वोदय के दावेदार बहुत बनते हैं, सरकार भी बनती है. लेकिन अगर सर्वोदय की आड़ में सरकार महज़ अमीरों को अमीर और ग़रीबों को ग़रीब बनाने का काम करती है तो वह बदनाम तो होगी ही, चौपट भी हो जायगी, *लेकिन यही नहीं, इससे वह विचार भी बदनाम होगा.* अगर इस विचार पर ठीक तरह से ईमानदारी के साथ अमल नहीं किया जाता है तो हमें किशोरलाल भाई की भविष्य वानी की सचाई के बारे में कोई शक नहीं है. उनका कहना है—

"अगर गांधीजी का रास्ता सचमुच अमली तौर

بھ (نڈر رہنا)' سرو دھرم سمبھاو (سب دھرموں کے لئے ایک ی عزت)' سودیشی کا استعمال کرنا اور چھوا چھوت نہ کرنا. را غور سے دیکھیں تو پتہ چلے گا کہ کمیونسٹ بھائی ان ارہ میں سے صرف اسنگرہ پر اصرار کرتے ہیں— برہمچریہ ھئے یا نہ رکھئے اُسے کوئی شکایت نہیں ہوگی' ستیہ یں تو وہ یقین ہی نہیں کرتا' یا کرتا ہے تو اپنے الگ ھنگ سے' استیے کی وہ قدر کرتا ہے' شریر شرم کو برا نہیں ہتا' اسواد کو دیوانہ پن سمجھتا ہے' ابھے اُسے پسند ہے' ھرم کو تو وہ افیم مانتا ہے' سودیشی اُسے بابا آدم کے مانے کی چیز معلوم پڑتی ہے' چھوا چھوت وہ اُٹھ گئی خیال کرتا ہے . اِس طرح اپنی بہترین سے بہترین حالت یں بھی کمیونزم سرودے کا محض ایک چھوٹا سا ٹکڑا ے . سچ تو یہ ہے کہ کمیونسٹ بھائی جس چیز کو مالی یا رتھک دائرے میں بلند حالت میں دیکھنا چاہتے ہیں' ستیہ گرہی اُسے جیون کے ہر پہلو میں بلند دیکھنا چاہتا ے . اِسی کا نتیجہ یہ ہوتا ہے کہ اپنا جسم' جو کمیونسٹ و سب سے پیاری چیز ہے' ستیہ گرہی کے لئے سب سے ڑی رکاوٹ بن جاتا ہے . اِسی وجہ سے سرودے اور کمیونزم یں کوئی میل نہیں رہ جاتا اور دونوں ایک دوسرے کے ٹر خلاف پڑتے ہیں .

× × × ×

ہم نے اوپر کمیونسٹ بھائیوں کے اُصولوں کی چرچا ی اور یہ دیکھا کہ اُن میں اور سرودے کے ماننے والوں یں کتنا گہرا اور بنیادی فرق ہے . "گاندھی اور مارکس" ام کی کتاب میں کشور لال بھائی اور ونوبا جی' دونوں ے ہی' اپنے منجھے ہوئے قلم اور پینی و دور پہنچنے والی گاہ سے اِس چیز کو اِتنے آسان طریقے سے رکھدیا ہے کہ ہر وئی خوب اچھی طرح سے سمجھ سکتا ہے لیکن اصول صول ہی ہیں' اصل بات ہے اُن کا عمل . آج ہمارے ہندستان میں دونوں وچار موجود ہیں . اُن کی کامیابی اِس ات پر منحصر ہے کہ دونوں کے پیروکار کس طرح عملی روپ یں انہیں اپنا کر یہاں کے دین دکھیوں کی سچی سیوا کر اتے ہیں .

سرودے کے دعویدار بہت بنتے ہیں' سرکار بھی بنتی ے . لیکن اگر سرودے کی آڑ میں سرکار محض امیروں و امیر اور غریبوں کو غریب بنانے کا کام کرتی ہے تو وہ بدنام تو ہوگی ہی' چوپٹ بھی ہوجائے گی' لیکن یہی ہیں اس سے وہ وچار بھی بدنام ہوگا . اگر اس وچار پر ٹھیک طرح سے ایمانداری کے ساتھ عمل نہیں کیا جاتا ہے و ہمیں کشور لال بھائی کی بھوشیہ بانی کی سچائی کے ارے میں کوئی شک نہیں ہے . اُن کا کہنا ہے —

"اگر گاندھی جی کا راستہ سچ مچ عملی طور

सकते. यह बात सर्वोदय के विचार से एक दम उलटी है. उसका मानने वाला तो हथियारों के सवा सोलह आने खिलाफ है और अहिंसा के बिना एक इन्च भी नहीं खसक सकता.

अपने इस लेख के शुरू में ही हमने जो चार हिसाब दिये हैं उनकी असलियत अब साफ समझ में आ जाती है. इन चारों में पहला, दूसरा और चौथा तो दिमाग़ का महज़ फ़ितूर हैं, तीसरा हिसाब यह है—

गांधी वाद—अहिंसा = 0

इस के बारे में हम इतना कहेंगे कि यह ग़लत नहीं है. थोड़ा सा सही है, लेकिन पूरा सही नहीं है. क्योंकि गांधी वाद या सर्वोदय जिस विचार का नाम है वह महज़ अहिंसा ही नहीं है, बल्कि यह वह विचार है जिसका पैरोकार सत्य को पाना चाहता है, सत्य जिसका मक़सद है और उस तक पहुँचने के लिये वह अहिंसा के रास्ते सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ना चाहता है. अहिंसा या प्रेम के रास्ते ही वह उस सत्य या चेतन को पा सकता है जो सारे आलम की जड़ है. यह प्रेम का रास्ता बहुत ही तंग रास्ता है जिसका मज़ा लगातार मश्क़ से ही मिल सकता है. जैसा कबीर ने कहा है—

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित हुआ न कोय,
ढाई अक्खर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय.

इन ढाई अक्खरों का ज्ञान कर लेना कोई मज़ाक़ नहीं है. एक प्रानी की सारी ज़िन्दगी भी नाकाफ़ी है. ज़रा दूर तक देखें तो आख़िरी मंज़िल पर पहुँचने के लिये, प्रेम का पूरी तरह पंडित बनने के लिये, इन्सान का यह बदन भी—जो एक तरह की पूँजी है—उसके लिये एक रुकावट है क्योंकि इसकी वजह से कुछ-न-कुछ हिंसा तो हो ही जाती है, प्रेम में कुछ न कुछ बाधा तो पड़ही जाती है.

इस तरह अपनी ऊंची से ऊंची उड़ान में सर्वोदय के अंदर जिस्म या बदन की भी गुंजायश नहीं है, दूसरी फिर किसी चीज़ का तो कहना ही क्या ? यह वह चीज़ है जिसके बारे में कुछ कहते नहीं बनता और क़लम रुक जाता है. हमारे कम्यूनिस्ट भाई इसे ख़याली पुलाव कहेंगे, लेकिन दर असल यह चीज़ उनकी क्या हर एक की समझ के बाहर की चीज़ हो गई है. दिमाग़ फ़ेल हो जाता है, सिर्फ़ दिल चलता है, दिल की भावना चलती है.

इसी सिलसिले में यह कह देना मुनासिब होगा कि सर्वोदय के विचार पर अमल करने के लिये उसके पैरोकार पर इन ग्यारह क़ायदों की पाबन्दी लाज़मी हो जाती है— अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (नफ़्स पर क़ाबू), असंग्रह (सामान जमा न रखना), शरीर श्रम (जिस्मानी मेहनत), अस्वाद (ज़बान के चटोरे न बनना),

سکتے۔ یہ بات سروودے کے وچار سے ایک دم اُلٹی ہے۔ اُس کا ماننے والا تو ہتھیاروں کے سوا سولہ آنے خلاف ہے اور اہنسا کے بنا ایک انچ بھی نہیں کھسک سکتا۔

اپنے اِس لیکھ کے شروع میں ہی ہم نے جو چار حساب دیئے ہیں اُن کی اصلیت اب صاف سمجھ میں آجاتی ہے۔ اِن چاروں میں پہلا، دوسرا اور چوتھا تو دماغ کا محض فتور ہیں، تیسرا حساب یہ ہے --

گاندھی واد -- اہنسا = 0

اِسکے بارے میں ہم اتنا کہیں گے کہ یہ غلط نہیں ہے۔ تھوڑا سا صحیح ہے، لیکن پورا صحیح نہیں ہے۔ کیونکہ گاندھی واد یا سروودے جس وچار کا نام ہے وہ محض اہنسا ہی نہیں ہے، بلکہ یہ وہ وچار ہے جس کا پیروکار ستیہ کو پانا چاہتا ہے، ستیہ جس کا مقصد ہے اور اُس تک پہنچنے کے لئے وہ اہنسا کے راستے سیڑھی در سیڑھی چڑھنا چاہتا ہے۔ اہنسا یا پریم کے راستے ہی وہ اُس ستیہ یا چیتن کو پاسکتا ہے جو سارے عالم کی جڑ ہے۔ یہ پریم کا راستہ بہت ہی تنگ راستہ ہے جس کا مزہ لگاتار مشق سے ہی مل سکتا ہے۔ جیسا کبیر نے کہا ہے —

پوتھی پڑھی پڑھی جگ موا، پنڈت ہوا نہ کوئے
ڈھائی اکھر پریم کا پڑھے سو پنڈت ہوئے

ان ڈھائی اکھروں کا گیان کر لینا کوئی مذاق نہیں ہے۔ ایک پرانی کی ساری زندگی بھی ناکافی ہے۔ ذرا دور تک دیکھیں تو آخری منزل پر پہنچنے کے لئے، پریم کا پوری طرح پنڈت بننے کے لئے، اِنسان کا یہ بدن بھی — جو ایک طرح کی پونجی ہے - اُس کے لئے ایک رکاوٹ ہے کیونکہ اسکی وجہ سے کچھ نہ کچھ ہنسا تو ہو ہی جاتی ہے، پریم میں کچھ نہ کچھ بادھا تو پڑ ہی جاتی ہے۔

اِس طرح اپنی اونچی سے اونچی اُڑان میں سروودے کے اندر جسم یا بدن کی بھی گنجائش نہیں ہے، دوسری پھر کسی چیز کا تو کہنا ہی کیا ؟ یہ وہ چیز ہے جس کے بارے میں کچھ کہتے نہیں بنتا اور قلم رک جاتا ہے۔ ہمارے کمیونسٹ بھائی اِسے خیالی پلاؤ کہیں گے، لیکن دراصل یہ چیز اُن کی کیا ہر ایک کی سمجھ کے باہر کی چیز ہوگئی ہے۔ دماغ فیل ہوجاتا ہے، صرف دل چلتا ہے، دل کی بھاونا چلتی ہے۔

اِسی سلسلے میں یہ کہدینا مناسب ہوگا کہ سروودے کے وچار پر عمل کرنے کے لئے اُس کے پیروکار پر اِن گیارہ قاعدوں کی پابندی لازمی ہوجاتی ہے — 'اہنسا' ستیہ' استیہ (چوری نہ کرنا)' برہمچریہ (نفس پر قابو)' اسنگرہ (سامان جمع نہ رکھنا)' شریر شرم (جسمانی محنت)' اسواد (زبان کے چٹورے نہ بننا)'

स्याग्रही अपने शरीर का, जो कुछ उसके पास है उसका, बस एक ट्रस्टी है और यह ट्रस्टी शिप उसे जीवन भर माना है.

इस तरह सर्वोदय के विचार पर चलने के लिये वर्धा वस्था, गैर केन्द्री करन और ट्रस्टी शिप पर अमल करना ता है. इन तीनों चीजों को बहुत ही सफाई के साथ शोर लाल भाई ने चन्द सफ़ों में रख दिया है. इन से धी जी की क्या मुराद थी यह बात बिलकुल साफ़ साफ़ न में आ गई है.

हमने कहा है कि सर्वोदय में स्वदेशी—क़तई स्वदेशी—बोलबाला है. सर्वोदय का मानने वाला यानी सत्या-ी यह चाहेगा कि स्वदेशी का पूरा पूरा इस्तेमाल करूँ नी अपनी खातिर दूसरों को कम से कम तकलीफ़ दूं. लिये वह अपना काम अपने आप करेगा, खाने कपड़े ज़रूरतें अपने आप पूरी करने की कोशिश करेगा. को कामयाबी से निभाने के लिये उसे दो बातें अमली पर करनी होंगी—पहली यह कि खुद चोटी का ीना एड़ी तक बहाये, यानी बदन से मेहनत का काम ले. नत करने पर ही वह रोटी खायेगा. दूसरी यह कि वह नी ज़रूरतें बहुत ही कम कर देगा और जो जो ज़रूरतें ी उनको अपनी या गांव के लोगों की मेहनत से पूरी लेगा. और जब अपनी ज़रूरतों के लिये उसे बाहर के ार का मुंह नहीं देखना पड़ता तो पैसे या सोना रखने उसकी तमन्ना आप से आप कम हो जायगी. इन दोनों ज़ों को विनोबा जी ने श्रम देवता (मेहनत के देवता) की सना पूजा और कांचन-मुक्ति नाम दिया है, जिनकी उन्होंने अपनी भूमिका के आखिर में ध्यान खींचा ौर कहा है कि इन दो बातों से ही हिन्दुस्तान की नाइयाँ दूर हो सकती हैं. असल में यह दोनों एक हैं के एक के बिना दूसरी नामुमकिन है. इसी चीज़ में, विनोबाजी ने बताया है, गांधी विचार या सर्वोदय सार दिखा देता है, साम्यवाद या कम्यूनिज़्म से उसका दिखाई देता है और उसी में क्या कम्यूनिज़्म और क्या वाद दोनों का हल दिखाई देता है.

यह क्या ? कम्यूनिज़्म और पूँजीवाद दोनों का हल ? कम्यूनिज़्म और पूँजीवाद में जहां काले-सफ़ेद का फ़र्क़ हां दोनों ही हथियारों या हिंसा के मानने वाले हैं और या सोने को ही सब कुछ मानते हैं, कांचन-मुक्ति दोनों किसी में नहीं होती. आगे चलकर भले ही पैसे या का दाम या अहमियत कम्यूनिज़्म में कम हो जाये न हथियार या हिन्सा तो उसकी जान है, मानो बिना यारों के तो कम्यूनिस्ट एक क़दम भी आगे नहीं रख

سعیا گرھی اپنے شریر کا' جو کچھ اُسکے پاس ھے اسکا' کیول ایک ٹرسٹی ھے اور یہ ٹرسٹی شپ اُسے جیون بھر نبھانا ھے .

اِس طرح سرووِدے کے وچار پر چلنے کے لئے وردھا ویوستھا' غیر کیندری کرن اور ٹرسٹی شپ پر عمل کرنا ہوتا ھے . اِن تینوں چیزوں کو بہت ھی صفائی کے ساتھ کشور لال بھائی نے چند صفحوں میں رکھدیا ھے . اِن سے گاندھی جی کی کیا مراد تھی یہ بات بالکل صاف صاف اِس میں آگئی ھے .

ھم نے کہا ھے کہ سرووِدے میں سودیشی—قطعی سودیشی—کا بول بالا ھے . سرووِدے کا ماننے والا یعنی ستیا گرھی یہ چاھے گا کہ سودیشی کا پورا پورا استعمال کروں یعنی اپنی خاطر دوسروں کو کم سے کم تکلیف دوں اِسلئے وہ اپنا کام اپنے آپ کرے گا' کھانے کپڑے کی ضرورتیں اپنے آپ پوری کرنے کی کوشش کرے گا . اِس کو کامیابی سے نبھانے کے لئے اُسے دو باتیں عملی طور پر کرنی ہونگی—پہلی یہ کہ خود چوٹی کا پسینہ ایڑی تک بہائے' یعنی بدن سے محنت کا کام لے . محنت کرنے پر ھی وہ روٹی کھائے گا . دوسری یہ کہ وہ اپنی ضرورتیں بہت ھی کم کردے گا اور جو جو ضرورتیں رھینگی اُن کو اپنی یا گاؤں کے لوگوں کی محنت سے پوری کرلے گا . اور جب اپنی ضرورتوں کے لئے اُسے باھر کے بازار کا منہ نہیں دیکھنا پڑتا تو پیسے یا سونا رکھنے کی اُسکی تمنا آپ سے آپ کم ھو جائیگی. اِن دونوں چیزوں کو ونوباجی نے شرم دیوتا (محنت کے دیوتا) کی اُپاسنا پوجا اور کانچن مکتی نام دیا ھے' جنکی طرف اُنھوں نے اپنی بھومیکا کے آخر میں دھیان کھینچا ھے اور کہا ھے کہ اِن دو باتوں سے ھی ھندستان کی کٹھنائیاں دور ھوسکتی ھیں . اصل میں یہ دونوں ایک ھیں کیونکہ ایک کے بنا دوسری ناممکن ھے . اِسی چیز میں' جیسا ونوباجی نے بتایا ھے' گاندھی وچار یا سرووِدے کا سار دکھائی دیتا ھے . سامیہ واد یا کمیونزم سے اُسکا میل دکھائی دیتا ھے اور اُسی میں کیا کمیونزم اور کیا پونجی واد دونوں کا حل دکھائی دیتا ھے .

یہ کیا ؟ کمیونزم اور پونجی واد دونوں کا حل ؟ ھاں' کمیونزم اور پونجی واد میں جہاں کالے سفید کا فرق ھے وھاں دونوں ھی ھتھیاروں یا ھنسا کے ماننے والے ھیں اور پیسے یا سونے کو ھی سب کچھ مانتے ھیں' کانچن مکتی دونوں میں سے کسی میں نہیں ہوتی . آگے چلکر بھلے ھی پیسے یا سونے کا دام یا اھمیت کمیونزم میں کم ھو جائے لیکن ھتھیار یا ھنسا تو اُسکی جان ھے' مانو بنا ھتھیاروں کے تو کمیونسٹ ایک قدم بھی آگے نہیں رکھ

व हा, से कायदा ... की तरह हर चीज़ को चीरता हुआ सीधा. चला येगा. इसी लिये उसे हर तरह के हथियार चाहियें और तरह का सामान व कारख़ाने चाहियें. उसे बड़े बड़े चाहिये और वह सब चीज़ चाहिये जिससे वक़्त और कम से कम समय में ज़ियादा से ज़ियादा नतीजा ले. इसी वजह से उसे खेती में ट्रैक्टर और कीमिया द चाहिये. इसी का नतीजा है कि रूस (और शायद न भी) हिंसा में सोलह आने यक़ीन रखता है और इन्स के हर तरह के औज़ारों से अपने आप को महफ़ूज़ तैार सजा धजा रखना चाहता है. और जब यह सब ीज़ें उसे चाहियें तो इस सारे सामान को बटोरने, संभालने ी ख़ातिर पैसा या सोना उसे आप से आप चाहिये. इस रह कम्यूनिस्ट पूँजी वाद के ख़िलाफ़ होते हुए भी सोने ा पूँजी से प्यार करता है.

सर्वोदय की भाशा एकदम उलटी है. पहली मंज़िल र पहुँचने के लिये सर्वोदयी हर साधन इस्तेमाल नहीं रेगा. चेतन शक्ति को—सत्य को—वह कभी नहीं भूल सकता. इसलिये उसके हर क़दम में, हर काम में और हर ांस में इसी सत्य पर इसरार होगा, इसी सत्य का आग्रह ोगा, यानी जिसे गांधी जी के शब्दों में कहें वह सत्याग्रही ोगा. दूसरे को मारना वह बुरा समझता है. इसलिये थियार उठाना गुनाह मानता है. वह पशुबल या हथियार-बल पर आसरा न करके आत्मबल पर आसरा करता है. वह अपना सारा काम ख़ुद करना चाहता है और गुज़र-बसर के लिये कोई एक धंदा—बेहतर हो कि वह बाप-दादों से चला आने वाला धंदा हो—होशियारी व समझ-बूझ के साथ करने लगेगा. उसे कम से कम चीज़ें चाहियें. उसे यह ख़्वाहिश रहेगी कि कहीं वह दूसरों के दिल को चोट न पहुँचाये, वह चीज़ें वह ख़ुद ही तैयार कर ले. इसलिये सत्याग्रही स्वदेशी का मुरीद होगा, स्वदेश माने अपना देश ही नहीं बल्कि अपने प्रदेश का सूबा, अपना ज़िला, अपना घर, अपने हाथ पैर ख़ुद. इसलिये सर्वोदय में केन्द्री करन (Centralism) की जगह ग़ैर-केन्द्री करन (De-Centralism) रहता है. लेकिन सत्याग्रही अपने हाथ से बनाई हुई चीज़ों को, सचमुच किसी चीज़ को भी, अपनी नहीं समझता, किसी माल पर वह अपनी मिलकियत नहीं मानता. सारा माजरा उस शक्ति का है जिसके इशारे पर आलम चल रहा है. सत्याग्रही के पास जो सामान है वह एक तरह की धरोहर है जो उसे एहतियात के साथ बरतनी है ताकि असली मालिक को वैसी की वैसी वापिस कर सके यहां तक कि उसका शरीर भी सही मानों में उसका अपना नहीं है. सत्य की खोज करने के लिये मिला हुआ एक साधन है

طرح ہر چیز کو چیرتا ہوا سیدھا چلا جائیگا. اِسی لئے اُسے ہر طرح کے ہتھیار چاہئیں اور ہر طرح کا سامان و کارخانے چاہئیں اُسے بڑے بڑے مل چاہئے اور وہ سب چیز چاہئے جس سے وقت بچے اور کم سے کم سمے میں زیادہ سے زیادہ نتیجہ ملے. اِسی وجہ سے اُسے کھیتی میں ٹریکٹر اور کیمیا کھاد چاہئے. اِسی کا نتیجہ ہے کہ روس (اور شاید چین بھی) ہنسا میں سولہ آنے یقین رکھتا ہے اور سائنس کے ہر طرح کے اوزاروں سے اپنے آپ کو محفوظ اور سجا دھجا رکھنا چاہتا ہے. اور جب یہ سب چیزیں اُسے چاہئیں تو اس سارے سامان کو بٹورنے، سنبھالنے کی خاطر پیسہ یا سونا اُسے آپ سے آپ چاہئے. اس طرح کمیونسٹ پونجی واد کے خلاف ہوتے ہوئے بھی سونے یا پونجی سے پیار کرتا ہے.

سروودے کی بھاشا ایک دم اُلٹی ہے. پہلی منزل پر پہونچنے کے لئے سروودئی ہر سادھن استعمال نہیں کریگا. چیتن شکتی کو—ستیہ کو—وہ کبھی نہیں بھول سکتا. اس لئے اُسکے ہر قدم میں، ہر کام میں اور ہر سانس میں اسی ستیہ پر اصرار ہوگا، اسی ستیہ کا اگرہ ہوگا، یعنی جسے گاندھی جی کے شبدوں میں کہیں وہ ستیاگرہی ہوگا. دوسرے کو مارنا وہ برا سمجھتا ہے، اسلئے ہتھیار اُٹھانا گناہ مانتا ہے. وہ پشوبل یا ہتھیار بل پر آسرا نہ کرکے آتم بل پر آسرا کرتا ہے. وہ اپنا سارا کام خود کرنا چاہتا ہے اور گذر بسر کے لئے کوئی ایک دھندہ—بہتر ہو کہ وہ باپ دادوں سے چلا آنے والا دھندہ ہو—ہوشیاری و سمجھ بوجھ کے ساتھ کرنے لگیگا. اُسے کم سے کم چیزیں چاہئیں. اُسے یہ خواہش رہیگی کہ کہیں وہ دوسروں کے دل کو چوٹ نہ پہونچائے، وہ چیزیں وہ خود ہی تیار کرلے. اس لئے ستیاگرہی سودیشی کا مرید ہوگا، سودیش معنی اپنا دیش ہی نہیں بلکہ اپنے پردیش کا صوبہ، اپنا ضلع، اپنا گھر اپنے ہاتھ پیر خود. اس لئے سروودے میں کیندری کرن (Centralism) کی جگہ غیر کیندری کرن (De-Centralism) رہتا ہے. لیکن ستیاگرہی اپنے ہاتھ سے بنائی ہوئی چیزوں کو، سچ مچ کسی چیز کو بھی، اپنی نہیں سمجھتا، کسی مال پر وہ اپنی ملکیت نہیں مانتا. سارا ماجرا اُس شکتی کا ہے جسکے اشارے پر عالم چل رہا ہے. ستیاگرہی کے پاس جو سامان ہے وہ ایک طرح کی دھروہر ہے جو اُسے احتیاط کے ساتھ برتنی ہے تاکہ اصلی مالک کو ویسی کی ویسی واپس کرسکے. یہاں تک کہ اسکا شریر بھی صحیح معنوں میں اُس کا اپنا نہیں ہے. ستیہ کی کھوج کرنے کے لئے ملا ہوا ایک سادھن ہے

और तरह तरह की पूँजी या तानाशाहियों का उतना ही बड़ा दुशमन है जितना कि कम्यूनिज़म है. सच तो यह है कि इन के ख़िलाफ़ लड़ाई में सर्वोदय और कम्यूनिज़म एक तरह से साथ साथ हैं, हालांकि जैसा हम ऊपर देख चुके— दोनों में बुनियादी फ़र्क़ है.

× × × ×

कम्यूनिस्टों के बारे में हमने ऊपर कहा है कि वह हो चुके-पन के पैरोकार हैं. मान लीजिये कि सर्वोदयी भी थोड़ी देर के लिये इस हो चुकेपन को मान लेता है. तब दोनों को मैदान में उतर आना चाहिये और समाज को उसके मुक़र्रर रास्ते पर चलने में मदद देना चाहिये.

दोनों उतर आये, और उन्होंने मदद देने के लिये हाथ लगाना भी शुरू कर दिया. लेकिन शुरू में ही सर्वोदयी को एक मुसीबत का सामना करना पड़ा. वह यह कि वह यह देखता है कि कम्यूनिस्ट अपनी मंज़िल पर पहुंचने के लिये जा बेजा या भले बुरे का ख़याल नहीं करता, जो उसके हाथ लगा उसने उठाया, जो बीच में आया उसे उस ने दे मारा और आगे बढ़ने की हविस रखता है. सर्वोदयी यह सोचता है कि जो चेतन शक्ति मुझमें है वह दूसरे में भी है, मैं इस दूसरे को मारने वाला कौन ? मैं उससे कहूँगा कि मेरे रास्ते से हट जा, मुझे जाने दे, मैं अपनी बात पर इसरार करूंगा, अपनी बात मनवाने के लिये उस पर ज़ोर डालूँगा यहां तक कि अपना खाना पीना भी बंद कर सकता हूँ और यही कोशिश करूंगा कि उसका दिल पसीज जाये और वह मुझे जगह दे; लेकिन ख़ुद उसकी जान नहीं लूँगा, उसे किसी तरह की भी चोट नहीं पहुंचाऊंगा, दिल से उसकी बुराई हरगिज़ नहीं बल्कि भलाई ही चाहूँगा.

यह है कम्यूनिस्ट और सर्वोदय वाले के बीच साधन का फ़र्क़. कम्यूनिस्ट साधन के बारे में कोई परहेज़ नहीं मानता, सर्वोदयी—हालांकि उसकी मंज़िल एक हो—साधन पर ही सब दारोमदार रखता है. मंज़िल पर तो जब पहुँचा जायेगा पहुँचा जायगा. लेकिन उस मंज़िल पर पहुँचने के लिये रास्ते के सभी क़दम अपनी जगह पर मंज़िल हैं. मगर इस पहली मंज़िल पर पहुंचने के लिये कम्यूनिस्ट धड़ से, चटपट क़दम उठाता है, सर्वोदयी ज़रा दायें बायें, आगे पीछे, ऊपर नीचे देख कर. एक को मार काट से कोई एतराज़ नहीं सिर्फ़ अपनी जान सलामत रहे, दूसरे को मार काट से कोई वास्ता नहीं चाहे अपनी जान ही क्यों न चली जाये. इस तरह दोनों के रास्ते अलग अलग हो जाते हैं. एक कहीं का रह जाता है, दूसरा कहीं का.

जब साधन का परहेज़ कम्यूनिस्ट को नहीं तो वह विज्ञान के तैयार शुदा हर औज़ार, चाहे वह एटम बम ही

اور طرح طرح کی پونجیوں یا تانا شاہیوں کا اُتنا ہی بڑا دشمن ہے جتنا کہ کمیونزم ہے ۔ سچ تو یہ ہے کہ ان کے خلاف لڑائی میں سرودے اور کمیونزم ایک طرح سے ساتھ ساتھ ہیں' حالانکہ جیسا ہم اوپر دیکھ چکے — دونوں میں بنیادی فرق ہے ۔

× × × ×

کمیونسٹوں کے بارے میں ہم نے اوپر کہا ہے کہ وہ ہوچکے پن کے پیروکار ہیں ۔ مان لیجئے کہ سرودئی بھی تھوڑی دیر کے لئے اس ہو چکے پن کو مان لیتا ہے ۔ تب دونوں کو میدان میں اُتر آنا چاہئے اور سماج کو اس کے مقرر راستے پر چلنے میں مدد دینا چاہئے ۔

دونوں اُتر آئے' اور اُنہوں نے مدد دینے کے لئے ہاتھ لگانا بھی شروع کر دیا ۔ لیکن شروع میں ہی سرودئی کو ایک مصیبت کا سامنا کرنا پڑا ۔ وہ یہ کہ وہ یہ دیکھتا ہے کہ کمیونسٹ اپنی منزل پر پہونچنے کے لئے جا بیجا یا بھلے بُرے کا خیال نہیں کرتا جو اُس کے ہاتھ لگا اُس نے اُٹھایا' جو بیچ میں آیا سے اُس نے دے مارا اور آگے بڑھنے کی ہوس رکھتا ہے ۔ سرودئی یہ سوچتا ہے کہ جو چیتن شکتی مجھ میں ہے وہ دوسرے میں بھی ہے' میں اِس دوسرے کو مارنے والا کون ؟ میں اُس سے کہونگا کہ میرے راستے سے ہٹ جا' مجھے جانے دے' میں اپنی بات پر اصرار کرونگا' اپنی بات منوانے کے لئے اُس پر زور ڈالونگا یہاں تک کہ اپنا کھانا پینا بھی بند کر سکتا ہوں اور یہی کوشش کرونگا کہ اُس کا دل پسیج جائے اور وہ مجھے جگہ دے؛ لیکن خود اُسکی جان نہیں لونگا' اُسے کسی طرح کی بھی چوٹ نہیں پہونچاونگا' دل سے اُسکی برائی ہرگز نہیں بلکہ بھلائی ہی چاہونگا ۔

یہ ہے کمیونسٹ اور سرودے والے کے بیچ سادھن کا فرق. کمیونسٹ سادھن کے بارے میں کوئی پرہیز نہیں مانتا' سرودئی — حالانکہ اُسکی منزل ایک ہو — سادھن پر ہی سب دارومدار رکھتا ہے ۔ منزل پر تو جب پہنچا جاے گا پہنچا جائے گا لیکن اُس منزل پر پہونچنے کے لئے راستے کے سبھی قدم اپنی جگہ پر منزل ہیں ۔ مگر اس پہلی منزل پر پہونچنے کے لئے کمیونسٹ دھڑ سے' چٹ پٹ قدم اُٹھاتا ہے' سرودئی ذرا دائیں بائیں' آگے پیچھے' اوپر نیچے دیکھکر ۔ ایک کو مارکاٹ سے کوئی اعتراض نہیں صرف اپنی جان سلامت رہے' دوسرے کو مار کاٹ سے کوئی واسطہ نہیں چاہے اپنی جان ہی کیوں نہ چلی جایے ۔ اس طرح دونوں کے راستے الگ الگ ہوجاتے ہیں ایک کہیں کا رہ جاتا ہے' دوسرا کہیں کا ۔

جب سادھن کا پرہیز کمیونسٹ کو نہیں تو وہ وگیان کے تیار شدہ ہر اوزار' چاہے وہ ایٹم بم ہی

क्सी पर आर्विन बायोलाजी या जानवरों की
के जरिये पहुँचे. उस वक़्त सभी साइन्सदां पेड़
ो वे जानदार मानते थे और ऐटम नाम की चीज़
ट और बुनियादी इकाई मानने वाले थे. सारे चांद
र सैयारों की हरकत न्यूटन के बताये क़ानून के मुताबिक़
. कहने की ज़रूरत नहीं कि बीसवीं सदी के शुरू
ते जगदीश चंद्र बसु ने यह साबित कर दिया था
पौधों में भी हमारे जैसी जान और तमीज़ होती
री वैकरल ने यह साबित कर दिया था कि ऐटम
भिन्न किया जा सकता है और यह बुनियादी इकाई
नहीं है. और आइन्सटाइन ने यह साबित कर दिया
आसमानी चीज़ों की हरकत कोई आम ढंग से,
के उसूलों पर नहीं होती. हमारे कहने का मतलब
के उन्नीसवीं सदी दुनिया के इतिहास में सब से
माद्दा पसंद और माद्दा परस्त थी—कोई अचरज
नहीं कि इसी सदी ने माली व इन्सानी दायरे में
के अलमबरदार कार्ल मार्क्स को भी खड़ा कर
म यहां यह भी बतादें कि मार्क्स ख़ुद चेले थे
ख के जो सोलह आने माद्देवादी या माटीवादी
फ़र था. मार्क्स का कहना है—

लिये तो आदर्श नाम की चीज़ इस 'माद्दी
के अलावा कुछ भी नहीं है. यह माद्दी दुनिया
जो इन्सानी दिमाग़ से ज़ाहिर होती है और तरह
विचारों की शक्ल लेती है.''

र है कि चेतन को मानने वाले को यह विचार
रह भी मन्ज़ूर नहीं हो सकता.

× × ×

ऊपर कहा है कि उन्नीसवीं सदी के विज्ञानी
क़िले को जगदीश चन्द्र बसु, हैनरी वैकरल और
टाइन ने ढा दिया. उसी तरह से मार्क्स और लेनिन
उसूली क़िले को टाल्सटाय और गांधी ने ढा दिया,
म्यूनिज़्म के बराबर में सर्वोदय का विचार पेश
र उस पर अमल कर के उसे पायदार बनाया.
स तरह से मोटे कामों में साइन्स में न्यूटन और
ये वग़ैरा के उसूल बरते जाते हैं, उसी तरह से
ताव में कम्यूनिज़्म के उसूल की गुँजायश बनी
मेशा बनी रहेगी. लेकिन उसका कौन सा पहलू?
अमीर ग़रीब के बीच की दीवारें टूटें. यहां यह
ने की ज़रूरत है कि दुनिया में महज़ सर्वोदय
यूनिज़्म की टक्कर तो ऐसी बात नहीं है, बल्कि
के ख़िलाफ़ पूँजीवाद, नाज़ीवाद वग़ैरा दूसरी
ी थीं जिनसे उनको मोर्चा लेना था और है. जहां
य की बात है वह इन पूंजी और दूसरे वादों

پہونچے اُسی طرح قاروِن بایولاجی یا جانوروں کی
سائنس کے ذریعہ پہونچے ۔ اُس وقت سبھی سائنسداں
پیڑ پودھوں کو بے جاندار مانتے تھے اور ایٹم نام کی چیز
کو اٹوٹ اور بنیادی اکائی ماننے والے تھے ۔ سارے چاند
تارے اور سیاروں کی حرکت نیوٹن کے بتائے قانون کے مطابق
مانتے تھے ۔ کہنے کی ضرورت نہیں کہ بیسویں صدی کے
شروع ہوتے ہوتے جگدیش چندر بسو نے یہ ثابت کر دیا
تھا کہ پیڑ پودھوں میں بھی ہمارے جیسی جان اور تمیز
ہوتی ہے ۔ ہینری ویکرل نے یہ ثابت کر دیا تھا کہ ایٹم
چھن بھن کیا جاسکتا ہے اور یہ بنیادی اکائی ہرگز نہیں
ہے اور آئنسٹائن نے یہ ثابت کر دیا تھا کہ آسمانی چیزوں
کی حرکت کوئی عام ڈھنگ سے نیوٹن کے اصولوں پر نہیں
ہوتی۔ ہمارے کہنے کا مطلب یہ ہے کہ انیسویں صدی دنیا کے
اتہاس میں سب سے زیادہ مادہ پسند اور مادہ
پرست تھی — کوئی اچنبھے کی بات نہیں کہ اسی صدی
نے مالی و انسانی دائرے میں مادے کے علمبردار کارل
مارکس کو بھی کھڑا کر دیا ۔ ہم یہاں یہ بھی بتادیں کہ
مارکس خود چیلے تھے فویر باخ کے جو سولہ آنے مادے
وادی یا ماٹی وادی فلاسفر تھا ۔ مارکس کا کہنا ہے —

"میرے لئے تو آدرش نام کی چیز اس 'مادی
دنیا' کے علاوہ کچھ بھی نہیں ہے ۔ یہ مادی دنیا
وہی ہے جو انسانی دماغ سے ظاہر ہوتی ہے اور طرح طرح
کے وچاروں کی شکل لیتی ہے"

ظاہر ہے کہ چیتن کو ماننے والے کو یہ وچار کسی
طرح بھی منظور نہیں ہوسکتا ۔

× × × ×

ہم نے اوپر کہا ہے کہ انیسویں صدی کے وگیانی اصولی
قلعے کو جگدیش چندر بسو، ہینری ویکرل اور آئنسٹائن
نے ڈھا دیا ۔ اُسی طرح سے مارکس اور لینن کے مالی اصولی
قلعے کو ٹالسٹائے اور گاندھی نے ڈھا دیا، اور کمیونزم کے برابر
میں سروودے کا وچار پیش کیا اور اُس پر عمل کرکے اُسے
پائدار بنایا۔ لیکن جس طرح سے موٹے کاموں میں سائنس
میں نیوٹن اور لیوازیئے وغیرہ کے اصول برتے جاتے ہیں،
اُسی طرح سے عام برتاو میں کمیونزم کے اصول کی گنجائش
بنی ہے اور ہمیشہ بنی رہیگی ۔ لیکن اُس کا کون سا
پہلو؟ وہی کہ امیر غریب کے بیچ کی دیواریں ٹوٹیں۔
یہاں یہ بھی کہہ دینے کی ضرورت ہے کہ دنیا میں محض
سروودے اور کمیونزم کی ٹکر تو ایسی بات نہیں ہے، بلکہ
کمیونزم کے خلاف پونجی واد، نازی واد وغیرہ دوسری طاقتیں
بھی تھیں جن سے اُس کو مورچہ لینا تھا اور ہے ۔ جہاں
تک سروودے کی بات ہے وہ ان پونجی اور دوسرے وادوں

का नतीजा नहीं, बल्कि मां और बच्चे के बीच दूध की ख़ातिर आर्थिक मुक़ाबले में बच्चे की जीत का नतीजा है!

इसी से दोनों में एक और नया फ़र्क़ पैदा हो जाता है—व्यक्ति या फ़र्द और समाज का. कम्यूनिस्ट के लिये व्यक्ति की कोई हस्ती नहीं है, वह तो एक वर्ग या दर्जे या मशीन का पुर्ज़ा है. व्यक्ति आया और गया, लेकिन असल और क़ायम चीज़ समाज है, समाज की ही हस्ती बनी रहती है. और समाज के विकास का रास्ता महज़ एक दर्जे का दूसरे को दबा कर आगे बढ़ना है. अब तक के इतिहास में मुट्ठी भर मालदार लोग लखूखा ग़रीबों को दबाते रहे. अब जब ग़रीबों में अक़्ल आ गई है तो वह यह चीज़ बर्दाश्त न कर के समाज का ढांचा बदल देंगे, ग़रीब अमीर का फ़र्क़ नहीं रहेगा और सब लोग मज़े से अपनी ज़िन्दगी गुज़ार सकेंगे.

इस सिलसिले को जारी रखते हुए कम्यूनिस्ट भाई कहते हैं कि इन्सान का अब तक का सारा इतिहास उनके इस ख़याल की गवाही देता है. इन्सान की कोई अलग अहमियत नहीं है, वह समाजी मशीन का पुर्ज़ा बना हुआ है और इस मशीन का ढंग एक तै शुदा बात है. इन्सान चाहे या न चाहे समाज उस तरफ़ बढ़ रहा है. "मुक़ाबले" के तरीक़े से उसका बढ़ना लगातार जारी है और जारी रहेगा. समाज का यह रास्ता बदला या टाला नहीं जा सकता. इसी को कम्यूनिस्ट भाषा में Determinism यानी होचुकापन कहा जाता है, यानी समाज का यह रास्ता मुक़र्रर या तै हो चुका है, यह बदस्तूर जारी रहेगा.

× × × ×

हमने ऊपर कहा है कि कम्यूनिज़्म विचार को कार्ल मार्क्स नामी ज्ञान वान हस्ती ने जानदार बनाने का काम किया. बरसों की पढ़ाई और सर खपाई के बाद वह इस नतीजे पर पहुँचे थे कि दुनिया का इतिहास वर्गों या दर्जों के आपसी मुक़ाबले की कहानी है, और उसकी जड़ कोई ख़ुदा या परमात्मा या बाहरी शक्ति नहीं बल्कि बे जानदार माद्दा है जो हमेशा हमेशा से ही रहा है जब जानदार चीज़ का नाम भी नहीं था. मार्क्स उन्नीसवीं सदी (1818-1883) के रहने वाले थे. यह वही सदी है जब कोयला, भाप और बाद में बिजली ने अन होनी चीज़ें कर दिखाई थीं, साइन्स या विज्ञान का सितारा बुलन्द था, योरप ख़ूब मालामाल हो रहा था और पैसे या माद्दे का बोल बाला था. उन्हीं दिनों में डार्विन नामक साइन्सदां हुए जिन्होंने यह खोज की कि इन्सान का जन्म किसी ख़ास ताक़त से नहीं हुआ बल्कि इन्सान से पहले आई हुई चीज़ों की आपसी टक्कर या मुक़ाबले के कारन आप से आप हो गया. जिस नतीजे पर मार्क्स माली निगाह से

نتیجہ نہیں' بلکہ ماں اور بچے کے بیچ دودھ کی
طر آرتھک مقابلے میں بچے کی جیت کا نتیجہ ہے !

اسی سے دونوں میں ایک اور نیا فرق پیدا ہوجاتا
—ویکتی یا فرد اور سماج کا . کمیونسٹ کے لئے ویکتی
ی کوئی ہستی نہیں ہے' وہ تو ایک ورگ یا درجے یا
شین کا پرزہ ہے . ویکتی آیا اور گیا' لیکن اصل اور قائم
ز سماج ہے' سماج کی ہی ہستی بنی رہتی ہے . اور
ماج کے وکاس کا راستہ محض ایک درجے کا دوسرے کو
ا کر آگے بڑھنا ہے . اب تک کے اتہاس میں مٹھی بھر
لدار لوگ لکھوکھا غریبوں کو دباتے رہے . اب جب غریبوں
ں عقل آگئی ہے تو وہ یہ چیز برداشت نہ کر کے سماج
ڈھانچا بدل دینگے' غریب امیر کا فرق نہیں رہیگا اور
ب لوگ مزے سے اپنی زندگی گذار سکینگے .

اس سلسلے کو جاری رکھتے ہوئے کمیونسٹ بھائی
ہتے ہیں کہ انسان کا اب تک کا سارا اتہاس اُن کے اس
یال کی گواہی دیتا ہے . انسان کی کوئی الگ اہمیت
ں ہے' وہ سماجی مشین کا پرزہ بنا ہوا ہے اور اس
شین کا ڈھنگ ایک طے شدہ بات ہے . انسان چاہے یا
چاہے سماج اُس طرف بڑھ رہا ہے . " مقابلے " کے
یقے سے اُس کا بڑھنا لگاتار جاری ہے اور جاری رہیگا .
ماج کا یہ راستہ بدلا یا ٹالا نہیں جاسکتا . اسی کو
یونسٹ بھاشا میں Determinism یعنی ہو چکا
ن کہا جاتا ہے' یعنی سماج کا راستہ مقرر یا طے ہو چکا
' یہ بدستور جاری رہیگا .

× × × ×

ہم نے اوپر کہا ہے کہ کمیونزم وچار کو کارل مارکس
می گیان وان ہستی نے جاندار بنانے کا کام کیا . برسوں
ی پڑھائی اور سر کھپائی کے بعد وہ اس نتیجے پر پہونچے
ے کہ دنیا کا اتہاس ورگوں یا درجوں کے آپسی مقابلے کی
ہانی ہے' اور اُس کی جڑ کوئی خدا یا پرماتما یا باہری
کتی نہیں بلکہ بے جاندار مادہ ہے جو ہمیشہ
میشہ سے ہی رہا ہے جب جاندار چیز کا نام بھی نہیں تھا .
ارکس انیسویں صدی (1818-1883) کے رہنے والے
ے . یہ وہی صدی ہے جب کوئلہ' بھاپ اور بعد میں
جلی نے ان ہونی چیزیں کر دکھائی تھیں' سائنس یا
یان کا ستارہ بلند تھا' یورپ خوب مالا مال ہو رہا تھا
ر پیسے یا مادے کا بول بالا تھا . اُنہیں دنوں میں
روِن نامک سائنسداں ہوئے جنہوں نے یہ کھوج کی کہ
سان کا جنم کسی خاص طاقت سے نہیں ہوا بلکہ
سان سے پہلے آئی ہوئی چیزوں کی آپسی ٹکر یا مقابلے کے
ن آپ سے آپ ہوگیا . جس نتیجے پر مارکس مالی نگاہ سے

बल्कि यह, एक दूसरे के जानलेवा या अेआक्राक़ न हो कर एक दूसरे में बैठने या सटने की कोशिश करते हैं. इसी का नतीजा है, कि हमें मन को हर लेने वाला राग सुनने को मिलता है. अगर सुरों में यह बुनियादी मेल या ताल न होता तो राग बनना नामुमकिन था. इसी तरह इस सारी दुनिया के विकास का मेल या ताल है.

ऊपर कही बात से फ़ौरन ही दूसरा सवाल यह पैदा होता है कि आख़िर इस विकास की जड़ क्या है. इस सब की बुनियाद में कोई जानदार चीज़ है या बेजानदार माद्दा है. अब हम सर्वोदय और कम्यूनिज़्म के दूसरे फ़र्क़ पर आ पहुँचे. कम्यूनिस्ट भाई कहते हैं कि सारे विकास की जड़ जड़ है, यानी कोई जानदार चीज़ न हो कर बेजानदार माद्दा ही जड़ है. वह बताते हैं कि हज़ारों लाखों बरस पहले जानदार चीज़ थी ही नहीं, बेजानदार माद्दा ही माद्दा था जिसने आगे चल कर जानदार जीव की शक्ल ले ली. जानदार जीव या जीवन की मां बेजानदार माद्दा ही है. बे जानदार माद्दे से विकास हो कर जानदार जीव आए और इसी तरह हज़रत इन्सान आए. यह सब का सब करिश्मा बे जानदार माद्दे का है जो अपने ख़ास ख़ास ढंगों और शक्लों में ज़ाहिर होता रहता है.

लेकिन सर्वोदय विचार के मुताबिक़ सारे विकास की जड़ जड़ न होकर चेतन या जानदार चीज़ है. सारे माद्दे या जड़ पदार्थ का जन्म चेतन से ही है, या अगर चेतन न हो तो जड़ का पता हरगिज़ नहीं चल सकता. यह चेतन ही जीवन है, यही सत्य है. सत्य ही अटल चीज़ या उसूल है. यह सत्य या आत्मा सब में एकसी रहता है और हमेशा रहती है. बाक़ी सारे रूप या माद्दे इसी सत्य से पैदा हैं. इस सत्य की ख़ूबी यह है कि गो यह सत्य या आत्मा सब में रहता है फिर भी इस की तमीज़ नहीं होती, अकसर तो ज़िन्दगी भर इस की तमीज़ नहीं हो पाती.

इसी चीज़ को लेकर सर्वोदयी और कम्युनिस्ट में आत्मा और मन का भेद है. कम्यूनिस्ट आत्मा को नहीं मानता, मन (matter) को मानता है, सर्वोदयी मन को नहीं मानता, आत्मा को मानता है. इसी वजह से कम्यूनिस्ट 'धर्म' नाम की चीज़ में यक़ीन नहीं रखते और आत्मा, परमात्मा, राम, ईश्वर, अल्लाह, ख़ुदा, जेहुआ, गाड—सब के सब को यह ढोंग या ढकोसला मानते हैं जो इन्सान ने अपना मतलब हल करने के लिये गढ़ रखे हैं. सर्वोदयी को जो चीज़ मज़हबी या धार्मिक, रूहानी या आत्मिक महसूस होती है, कम्यूनिस्ट उसे महज़ आर्थिक संघर्ष का नतीजा मानता है. इनके मुताबिक़ मां का दूध, मां की आत्मा और बच्चे की आत्मा के प्यार

بلکہ وہ ایک دوسرے کے جانی لیوا یا بیچھا کھاو نہ ہوکر ایک دوسرے میں بیٹھنے یا سٹنے کی کوشش کرتے ہیں۔ اسی کا نتیجہ ہے کہ ہمیں من کو ہر لینے والا راگ سننے کو ملتا ہے۔ اگر سروں میں یہ بنیادی میل یا تال نہ ہوتا تو راگ بننا ناممکن تھا۔ اسی طرح اس ساری دنیا کے وکاس کا میل یا تال ہے۔

اوپر کہی بات سے فوراً ہی دوسرا سوال یہ پیدا ہوتا ہے کہ آخر اس وکاس کی جڑ کیا ہے۔ اس سب کی بنیاد میں کوئی جان دار چیز ہے یا بے جان دار مادہ ہے۔ اب ہم سرودے اور کمیونزم کے دوسرے فرق پر آ پہونچے۔ کمیونسٹ بھائی کہتے ہیں کہ سارے وکاس کی جڑ جڑ ہے، یعنی کوئی جاندار چیز نہ ہوکر بے جان دار مادہ ہی جڑ ہے۔ وہ بتاتے ہیں کہ ہزاروں لاکھوں برس پہلے جان دار چیز تھی ہی نہیں، بے جاندار مادہ ہی مادہ تھا جس نے آگے چل کر جاندار جیو کی شکل لے لی۔ جان دار جیو یا جیون کی ماں بے جان دار مادہ ہی ہے۔ بے جاندار مادے سے وکاس ہو کر جاندار جیو آئے اور اسی طرح حضرت انسان آئے۔ یہ سب کا سب کرشمہ بے جان دار مادے کا ہے جو اپنے خاص خاص ڈھنگوں اور شکلوں میں ظاہر ہوتا رہتا ہے۔

لیکن سرودے وچار کے مطابق سارے وکاس کی جڑ جڑ نہ ہوکر چیتن یا جاندار چیز ہے۔ سارے مادے یا جڑ پدارتھ کا جنم چیتن سے ہی ہے، یا اگر چیتن نہ ہو تو جڑ کا پتہ ہرگز نہیں چل سکتا۔ یہ چیتن ہی جیون ہے، یہی ستیہ ہے۔ ستیہ ہی اٹل چیز یا اصول ہے۔ یہ ستیہ یا آتما سب میں ایک سی رہتی ہے اور ہمیشہ رہتی ہے۔ باقی سارے روپ یا مادے اسی ستیہ سے پیدا ہیں۔ اس ستیہ کی خوبی یہ ہے کہ گو یہ ستیہ یا آتما سب میں رہتا ہے پھر بھی اس کی تمیز نہیں ہوتی، اکثر تو زندگی بھر اس کی تمیز نہیں ہو پاتی۔

اسی چیز کو لے کر سرودئی اور کمیونسٹ میں آتما اور من کا بھید ہے۔ کمیونسٹ آتما کو نہیں مانتا، من (matter) کو مانتا ہے، سرودئی من کو نہیں مانتا، آتما کو مانتا ہے۔ اسی وجہ سے کمیونسٹ 'دھرم' نام کی چیز میں یقین نہیں رکھتے اور آتما، پرماتما، رام، ایشور، اللہ، خدا، جیہوا، گاڈ — سب کے سب کو یہ ڈھونگ یا ڈھکوسلہ مانتے ہیں جو انسان نے اپنا مطلب حل کرنے کے لئے گڑھ رکھے ہیں۔ سرودئی کو جو چیز مذہبی یا دھارمک، روحانی یا آتمک محسوس ہوتی ہے کمیونسٹ اسے محض آرتھک سنگھرش کا نتیجہ مانتا ہے۔ ان کے مطابق ماں کا دودھ، ماں کی آتما اور بچے کی آتما کے پیار

ऊपर हमने कहा है कि कम्यूनिस्ट यह मानते हैं कि दुनिया लगातार विकास की तरफ़ बढ़ रही है. यह बात सर्वोदयी भी मंज़ूर करेंगे. लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यह 'विकास' किस तरह हो रहा है. मान लीजिये इलाहाबाद के दशहरे के मौक़े पर रात के चार बजे चौक में चौकियां देखने के लिये भीड़ लगी है. यह भीड़ लगातार चलायमान है. कोई नया आदमी अब देखने पहुँचता है. वह भीड़ में घुसेगा और रास्ता बनायेगा यानी बढ़ेगा. मगर बढ़ने के दो तरीक़े हैं. एक तो यह कि वह हवा पर सवार है, दायें बायें, आगे-पीछे सब पर लाठी या दूसरी किसी चीज़ से वार करता है, धुंआँधार ऊधम मचाता हुआ, जो आया उसे दबाता हुआ चला जा रहा है और इस तरह बढ़ रहा है. दूसरा तरीक़ा यह है कि वह ज़रा धीमे चलेगा, दायें-बायें, आगे-पीछे प्यार से भाई बंदों से कहेगा—"मुझे भी जगह थोड़ी सी दे दीजिये, मैं भी दर्शन कर लूं." वह न किसी पर हाथ उठाता है न भला-बुरा कहता है. और अगर इस बीच भीड़ में वह पिस भी गया तब भी राम का नाम लेकर सबर कर लेगा, यह नहीं कि आपे से बाहर होकर, आव देखे न ताव और आगे बढ़ ही जाये. उसे दर्शन हो गये तो भला, न हो गये तो भला.

हमारे कम्यूनिस्ट भाइयों का यक़ीन है कि दुनिया में 'विकास' का पहला वाला तरीक़ा काम कर रहा है. दशहरे के मेले की मिसाल लें—उनका कहना है कि सब आदमी एक दूसरे के दुश्मन हैं या उनमें छोटे बड़े ऐसे वर्ग या दर्जे बन गये हैं कि एक दर्जा दूसरे के ख़ून का प्यासा है, एक दूसरे को देखना बर्दाश्त नहीं कर सकता. इन दर्जों में हमेशा ही "मुक़ाबला" या "संघर्ष" मचा हुआ है और एक दूसरे को चित करने की कोशिश में हैं. इसी तरह से, इन भाइयों का कहना है, दुनिया बढ़ रही है. चीज़ों में बुनियादी तौर से आपसी तनातनी है. जो वाक़यात होते हैं उनमें बुनियादी तौर से आपसी टक्कर है. इन विरोधी चीज़ों में मुक़ाबला हर वक़्त जारी है.

इसके ख़िलाफ़ सर्वोदयी का यह विचार है कि सब आदमी एक दूसरे के दुश्मन नहीं भाई भाई हैं, गो यह ज़रूर है कि उन के रहन-सहन में इतना फ़र्क़ है कि वह अलग अलग वर्ग या दर्जे के जैसे लगते हैं. लेकिन यह एक दूसरे के दुश्मन बुनियादी तौर पर नहीं हैं. एक दूसरे का गला दबा कर यह मूर्ति के दर्शन नहीं करना चाहते, बल्कि मुहब्बत के साथ, एक दूसरे की सुविधा के ख़याल के साथ—दर्शन करना चाहते हैं. इस सारे आलम के पीछे एक सिलसिला है. वह कैसा? जैसा कि संगीत में होता है. सब सुर अलग अलग रंग के होते हैं

حاتم طائی (تین بھاگ)
آلہا اودل (دو بھاگ)
شکنتلا اور دشینت
پدماوت
پنچ تنتر (دو بھاگ)
الف لیلہ (چار بھاگ)

ملنے کا پتہ—
مکتبہ جامعہ لمیٹڈ، جامعہ نگر، دہلی .

इस जरूरत को पूरा कर रहे हैं. इस सम्बंध में वह 'शेर-ओ-शायरी' नामी किताब बहुत पहले निकाल चुके हैं, उससे लोगों की प्यास नहीं बुझी. गोयलीय जी ने अब तय किया है कि उरदू की शायरी के इतिहास को सामने रख वह उरदू शायरों को हिन्दी में पेश करेंगे ताकि कोई छूटने न पाए. यह बहुत बड़ी योजना है. 'शेर-ओ-सुखन' उस सिलसिले की पहली किताब है. किताब मोटी होने की वजह से उसे छै भागों में बांटा गया है. शुरू से लेकर 1900 ई० तक के सब मशहूर और इतिहासी अहमियत रखने वाले 'राजल गो' शायरों का इस मे जिक्र है. हर शायर की राजल का नमूना देने से पहले उसकी जिन्दगी का भी थोड़ा थोड़ा सा परिचय दिया गया है, उस के वातावरन और माहौल का भी अनुमान कराया गया है. सम्पादक के नोट तो बहुत मारके के हैं. उरदू शायरी से इस तरह की जानकारी इससे कम मे कोई किताब अभी तक नहीं पेश कर सकी. गोलीय जी को इस मेहनत पर जितनी बधाई दी जाय कम है.

किताब की जिल्द बेहद सुन्दर है और पीछे इन्डेक्स दिया हुआ है. किताब के लाभ के बारे में जो कुछ भी कहा जाय कम है. मेरी निगाह में तो बस इतना ही कहना काफ़ी है कि इस किताब को हर उस आदमी को पढ़ना चाहिये जो उरदू साहित्य की एक प्रनाली के बारे में एक ही किताब पढ़कर बहुत कुछ जानना चाहता है. मन बहलाव के लिये तो यह जबरदस्त साधन है. हमें अब 'शेर-ओ-सुखन' के दूसरे भागों का बेचैनी से इन्तजार है.

—मुजीब रिजवी

प्रौढ़ शिक्षामाला की किताबें

जामिआ मिल्लिआ देहली के प्रौढ़ शिक्षा विभाग (इदारए-तालीम व तरक्क़ी) ने दस साल तक सियानों में शिक्षा फैलाने का काम किया है. इस सिलसिले में उसने जो तजरबे किये हैं वह बहुत सफल रहे हैं. मक्तबा जामिआ देहली ने बालिग़ों की शिक्षा के लिये बहुत सी किताबें भी छापी हैं. इन किताबों की खूबी यह है कि इन्हें अक्षर पहचान सकने वाले लोग भी बड़े मजे में पढ़ सकते हैं. किताबों की भाशा बहुत आसान है और इन छोटी छोटी किताबों के जरिये हर तरह की जानकारी बढ़ सकती है.

अलग अलग विशयों की किताबों के अलग अलग कवर हैं जो बहुत सुन्दर हैं. टाइप काफ़ी मोटा इस्तेमाल किया गया है और तस्वीरों की वजह से यह किताबें और भी उपयोगी बन गई हैं. किताबों के नाम ही से उनके अन्दर क्या है, यह मालूम हो जायगा. हम सिफ़ारिश करते

اس ضرورت کو پورا کر رہے ہیں. اس سمبندھ میں وہ 'شعر و شاعری' نامی کتاب بہت پہلے نکال چکے ہیں. اس سے لوگوں کی پیاس نہیں بجھی. گوئلیہ جی نے اب طے کیا ہے کہ اُردو کی شاعری کے اتہاس کو سامنے رکھ کر اُردو شاعروں کو ہندی میں پیش کریں گے تاکہ کوئی چھوٹنے نہ پائے. یہ بہت بڑی یوجنا ہے. 'شعر و سخن' اس سلسلے کی پہلی کتاب ہے. کتاب موٹی ہونے کی وجہ سے اسے چھ بھاگوں میں بانٹا گیا ہے. شروع سے لے کر 1900 عیسوی تک کے سب مشہور اور اتہاسی اہمیت رکھنے والے غزل گو شاعروں کا اس میں ذکر ہے. ہر شاعر کی غزل کا نمونہ دینے سے پہلے اس کی زندگی کا بھی تھوڑا تھوڑا سا پریچے دیا گیا ہے اس کے واتاورن اور ماحول کا بھی انومان کرایا گیا ہے. سمپادک کے نوٹ تو بہت معرکے کے ہیں. اُردو شاعری سے اس طرح کی جانکاری اِس سے کم میں کوئی کتاب ابھی تک نہیں پیش کر سکی. گوئلیہ جی کو اِس محنت پر جتنی بدھائی دی جائے کم ہے.

کتاب کی جلد بے حد سندر ہے اور پیچھے انڈکس دیا ہوا ہے. کتاب کے لابھ کے بارے میں جو کچھ بھی کہا جائے کم ہے. میری نگاہ میں تو بس اتنا ہی کہنا کافی ہے کہ اِس کتاب کو ہر اُس آدمی کو پڑھنا چاہئے جو اُردو ساہتیہ کی ایک پرنالی کے بارے میں ایک ہی کتاب پڑھکر بہت کچھ جاننا چاہتا ہے. من بہلاو کے لئے تو یہ زبردست سادھن ہے. ہمیں اب 'شعروسخن' کے دوسرے بھاگوں کا بے چینی سے انتظار ہے.


— مجیب رضوی

پرورھ شکشا مالا کی کتابیں

جامعہ ملیہ دہلی کے پرورھ شکشا و بھاگ (اِدارہ تعلیم و ترقی) نے دس سال تک سیانوں میں شکشا پھیلانے کا کام کیا ہے. اِس سلسلے میں اُس نے جو تجربے کئے ہیں وہ بہت سپھل رہے ہیں. مکتبہ جامعہ دہلی نے بالغوں کی شکشا کے لئے بہت سی کتابیں بھی چھاپی ہیں. اِن کتابوں کی خوبی یہ ہے کہ اِنہیں اکشر پہچان سکنے والے لوگ بھی بڑے مزے میں پڑھ سکتے ہیں. کتابوں کی بھاشا بہت آسان ہے اور اِن چھوٹی چھوٹی کتابوں کے ذریعے ہر طرح کی جانکاری بڑھ سکتی ہے.

الگ الگ وشیوں کی کتابوں کے الگ الگ کور ہیں جو بہت سندر ہیں. ٹائپ کافی موٹا اِستعمال کیا گیا ہے اور تصویروں کی وجہ سے یہ کتابیں اور بھی اُپیوگی بن گئی ہیں. کتابوں کے نام ہی سے اُن کے اندر کیا ہے، یہ معلوم ہوجائے گا. ہم سفارش کرتے

कुछ किताबें



کچھ کتابیں

सितारों से ज़र्रों तक

लिखने वाले—जगन्नाथ आज़ाद.

निकालने वाले—मकतबा शाहराह, देहली.

लिखावट—उरदू, सफ़े 192, क़ीमत दो रुपए बारह आने.

'बेकरां' के बाद जगन्नाथ आज़ाद का यह दूसरा मजमूआ है. सन '47 के बाद बहुत सी चीज़ों में तबदीली हुई है. आज़ाद की शायरी में भी काफ़ी तबदीली हुई है. इस दीवान का नाम "सितारों से ज़र्रों तक'' ही इस तबदीली का परिचय देता है. इस किताब में सन '47 के बाद की कही हुई नज़्में, ग़ज़लें और रुबाइयाँ शामिल हैं. कमज़ोर से कमज़ोर इनसान की ताक़त का आज़ाद क़ायल है और कहता है—

वही इनसान, साहिल पर जिन्हें तूफ़ां का धोका हो
अगर अड़ जायं, तूफ़ानों को भी साहिल समझते हैं.

आज सिक्कों की चमक हमारे साहित्यकों की नीयत डांवांडोल कर देती है, मजबूरी के धारे उन्हें बहा ले जाते हैं. आज़ाद उन्हें यह पैग़ाम देता है—

अपना पैग़ाम ज़माने को सुनाने के एवज़
ताज और तख़्त भी मिलते हों तो इनकार करें.

आज़ाद का माहौल तो आज हम सबका माहौल है. लेकिन इस माहौल ने आज़ाद पर जो असर डाला है, उसकी शायरी को जो रूप दिया है, उसे जानने के लिये इस किताब को पढ़ना बहुत ही ज़रूरी है.

—मुजीब रिज़वी

शेर-ओ-सुख़न

सम्पादक—श्री अयोध्या प्रसाद गोयलीय

निकालने वाले—भारतीय ज्ञान पीठ, काशी.

लिखावट—हिन्दी, सफ़े 754, क़ीमत आठ रुपया.

उरदू साहित्य को सिर्फ़ नागरी लिखावट जानने वालों के सामने लाने की आज सख़्त ज़रूरत है. गोयलीय जी

ستاروں سے ذروں تک

لکھنے والے—جگن ناتھ آزاد .

نکالنے والے—مکتبہ شاہراہ' دھلی .

لکھاوٹ—اُردو' صفحے 192' قیمت دو روپے بارہ آنے .

'بیکراں' کے بعد جگن ناتھ آزاد کا یہ دوسرا مجموعہ ہے . سن '47 کے بعد بہت سی چیزوں میں تبدیلی ہوئی ہے . آزاد کی شاعری میں بھی کافی تبدیلی ہوئی ہے . اس دیوان کا نام ''ستاروں سے ذروں تک'' ہی اس تبدیلی کا پریچے دیتا ہے . اس کتاب میں سن '47 کے بعد کی کہی ہوئی نظمیں' غزلیں اور رباعیاں شامل ہیں . کمزور سے کمزور انسان کی طاقت کا آزاد قائل ہے اور کہتا ہے—

وہی انسان' ساحل پر جنھیں طوفاں کا دھوکا ہو
اگر اڑ جائیں' طوفانوں کو بھی ساحل سمجھتے ہیں .

آج سکوں کی چمک ہمارے ساہتیکوں کی نیت ڈانواڈول کردیتی ہے' مجبوری کے دھارے انھیں بہا لیجاتے ہیں . آزاد انھیں یہ پیغام دیتا ہے —

اپنا پیغام زمانے کو سنانے کے عوض
تاج اور تخت بھی ملتے ہوں تو انکار کریں

آزاد کا ماحول تو آج ہم سب کا ماحول ہے . لیکن اِس ماحول نے آزاد پر جو اثر ڈالا ہے' اُس کی شاعری کو جو روپ دیا ہے' اُسے جاننے کے لئے اِس کتاب کو پڑھنا بہت ہی ضروری ہے .

— مجیب رضوی

شعروسخن

سمپادک — شری ایودھیا پرساد گوئلیہ

نکالنے والے — بھارتیہ گیان پیٹھ' کاشی .

لکھاوٹ — ہندی' صفحے 754' قیمت آٹھ روپیہ .

اُردو ساہتیہ کو صرف ناگری لکھاوٹ جاننے والوں کے سامنے لانے کی آج سخت ضرورت ہے . گوئلیہ جی

ब्योपारी ने थाने में ड्राइवर के खिलाफ़ रिपोर्ट लिखाई और ड्राइवर को गिरफ्तार कराने के लिये अपनी सारी कोशिश लगादी मगर वह कामयाब न हुआ.

बहुत दिन बीत गए. कई बरस के बाद सी. आई. डी. की रिपोर्ट पर एक आदमी पकड़ा गया. सी. आई. डी. के अफ़सरों को पूरा यक़ीन था कि यह आदमी वही चोर ड्राइवर है.

उस आदमी को अदालत में पेश किया गया और धोका देने का इलज़ाम लगा कर मुक़द्दमा चलाया गया. मगर उसने ड्राइवर होने से ही इनकार कर दिया और कहा कि मैंने आज तक ड्राइवरी नहीं की है. वह आदमी ज़मानत पर रिहा हो गया और मुक़द्दमा चलने लगा. कई बार अदालत में पेशी हुई, मगर वह इनकार ही करता रहा. वह इतनी सफ़ाई से बहस का जवाब देता था कि मुख़ालिफ़ वकील की कुछ न चलती. आख़िर नौबत यहाँ तक पहुंची कि मुक़द्दमे को ख़त्म करने की बात होने लगी.

लेकिन सच सच है और झूट झूट. एक दिन उस आदमी के पाप का भंडा फूट ही गया. हुआ यह कि एक दिन अदालत ही में ब्योपारी ने उस आदमी को यह कह-कर बुलाया—"ड्राइवर साहब ! मेरी एक बात तो सुनिये ."

वह आदमी मुलज़िमों के कटघरे में खड़ा था. ब्योपारी की बात सुनकर उसी तरह चौंक पड़ा जैसे कोई हमारा नाम लेकर पुकारे तो हम चौंक कर देखने लगते हैं. उसने झट ब्योपारी की तरफ़ देखा और कहा—"कहिये क्या कहते हैं ?"

हाकिम बैठा हुआ यह सब देख रहा था. उसे विश्वास हो गया कि यह आदमी पहले ज़रूर ड्राइवर रहा होगा. और फिर उसे चोरी और धोका देने के जुर्म में सात बरस की सज़ा दे दी गई और उसका माल सरकार ने ज़ब्त करके ब्योपारी को दिला दिया.

('पयाम तालीम' से)

चुटकुला

बाप—बेटा, रास्ते में देख कर चला करो, नहीं तो किसी दिन मोटर के नीचे आ जाओगे.

बेटा—इससे क्या ? मैंने न जाने कितनी बार हवाई जहाज़ के नीचे आ गया हूँ.

—बेनी माधो प्रसाद

بیوپاری نے تھانے میں ڈرائیور کے خلاف رپورٹ لکھائی اور ڈرائیور کو گرفتار کرانے کے لئے اپنی ساری کوشش لگادی مگر وہ کامیاب نہ ہوا .

بہت دن بیت گئے. کئی برس کے بعد سی. آئی. ڈی. کی رپورٹ پر ایک آدمی پکڑا گیا . سی . آئی . ڈی کے افسروں کو پورا یقین تھا کہ یہ آدمی وہی چور ڈرائیور ھے.

اُس آدمی کو عدالت میں پیش کیا گیا اور دھوکہ دینے کا الزام لگا کر مقدمہ چلایا گیا . مگر اُس نے ڈرائیور ہونے سے ہی انکار کر دیا اور کہا کہ میں نے آج تک ڈرائیوری نہیں کی ھے . وہ آدمی ضمانت پر رہا ہوگیا اور مقدمہ چلنے لگا . کئی بار عدالت میں پیشی ہوئی' مگر وہ انکار ھی کرتا رہا . وہ اتنی صفائی سے بحث کا جواب دیتا تھا کہ مخالف وکیل کی کچھ نہ چلتی . آخر نوبت یہاں تک پہنچی کہ مقدمے کو ختم کرنے کی بات ہونے لگی .

لیکن سچ سچ ھے اور جھوٹ جھوٹ . ایک دن اُس آدمی کے پاپ کا بھانڈا پھوٹ ہی گیا . ہوا یہ کہ ایک دن عدالت ہی میں بیوپاری نے اُس آدمی کو یہ کہکر بلایا— "ڈرائیور صاحب ! میری ایک بات تو سنئیے."

وہ آدمی ملزموں کے کٹگھرے میں کھڑا تھا . بیوپاری کی بات سن کر اُسی طرح چونک پڑا جیسے کوئی ھمارا نام لے کر پکارے تو ھم چونک کر دیکھنے لگتے ھیں . اُس نے جھٹ بیوپاری کی طرف دیکھا اور کہا—"کہئیے کیا کہتے ھیں ؟"

حاکم بیٹھا ھوا یہ سب دیکھ رہا تھا . اُسے وشواس ھوگیا کہ یہ آدمی پہلے ضرور ڈرائیور رہا ھوگا . اور پھر اُسے چوری اور دھوکہ دینے کے جرم میں سات برس کی سزا دیدی گئی اور اُس کا مال سرکار نے ضبط کرکے بیوپاری کو دلا دیا.

('پیام تعلیم' سے)

چٹکلہ

باپ — بیٹا' راستے میں دیکھکر چلا کرو' نہیں تو کسی دن موٹر کے نیچے آجاؤ گے .

بیٹا — اِس سے کیا ؟ میں نہ جانے کتنی بار ھوائی جہاز کے نیچے آگیا ھوں .

—بینی مادھو پرساد

लौटने से पहले इन लोगों ने मल्लोरी का बर्फ़ हटाने का बेलचा देखा जो एवरेस्ट की चोटी के पास के टीले से 30 फ़ीट नीचे पड़ा था. यह बेलचा पत्थरों पर इस तरह रखा था मानो किसी ने कल ही उसे वहाँ रखा हो. यही बेलचा उन दो वीरों मल्लोरी और इरविन का आख़िरी निशान था जो सन 1924 में एवरेस्ट की चोटी तक पहुँचते पहुँचते बादलों में खो गए थे. एवरेस्ट की ऊंची चोटी तक पहुंचने की यह कोशिश भी नाकामयाब रही.

सन 1933 मे एवरेस्ट की चोटी को हवाई जहाज़ से फ़तह किया गया. महीनों की तैयारी के बाद, दो हवाई जहाज़ 3 अप्रैल को बिहार के ज़िला पूरनीया से एवरेस्ट के लिये रवाना हुए. उनका नेता लार्ड क्लैडस डेल था. उस दिन मौसम कुछ अच्छा था और चोटी भी साफ़ दिखाई दे रही थी. आहिस्ता आहिस्ता हवाई जहाज़ 30,000 फ़ीट ऊपर चढ़े और एवरेस्ट की चोटी पर चक्कर काटने लगे. सारी दुनिया यह सुनकर ताज्जुब में पड़ गई कि एवरेस्ट की ऊंची चोटी को आदमी ने हवाई जहाज़ से फ़तह कर लिया है.

सन 1936 मे पाँचवीं बार एवरेस्ट पहाड़ पर पैदल चढ़ने की कोशिश की गई. इस बार रिटलज ही यात्रियों का नेता बना. 27 अप्रैल को चढ़ाई शुरू हुई. मौसम बहुत अच्छा था. ऐसा लगता था इस बार सफलता ज़रूर मिलेगी. यात्रियों ने पहाड़ पर अपना चौथा कैम्प 23,000 फ़िट की ऊंचाई पर लगा लिया था. पर इसी बीच ज़ोरों का बर्फ़ गिरने लगा और पहाड़ पर चढ़ना नामुमकिन हो गया. इस तरह यह यात्रा भी नाकामयाब रही.

इन पाँच कोशिशों की असफलता के बावजूद एवरेस्ट फ़तह करने की कोशिशें अब भी जारी हैं.

لوٹنے سے پہلے اُن لوگوں نے ملوری کا برف ہٹانے کا بیلچہ دیکھا جو ایورسٹ کی چوٹی کے پاس کے ٹیلے سے 30 فٹ نیچے پڑا تھا۔ یہ بیلچہ پتھروں پر اس طرح پڑا تھا مانو کسی نے کل ہی اسے وہاں رکھا ہو۔ یہی بیلچہ اُن دو ویروں ملوری اور اروِن کا آخری نشان تھا جو سن 1924 میں ایورسٹ کی چوٹی تک پہونچتے پہونچتے بادلوں میں کھو گئے تھے۔ ایورسٹ کی اونچی چوٹی تک پہونچنے کی یہ کوشش بھی ناکامیاب رہی۔

سن 1933 میں ایورسٹ کی چوٹی کو ہوائی جہاز سے فتح کیا گیا۔ مہینوں کی تیاری کے بعد دو ہوائی جہاز 3 اپریل کو بہار کے ضلع پورنیا سے ایورسٹ کے لئے روانہ ہوئے۔ اُن کا نیتا لارڈ کلیڈس ڈیل تھا۔ اُس دن موسم کچھ اچھا تھا اور چوٹی بھی صاف دکھائی دے رہی تھی۔ آہستہ آہستہ ہوائی جہاز 30,000 فٹ اوپر اُڑے اور ایورسٹ کی چوٹی پر چکر کاٹنے لگے۔ ساری دنیا یہ سن کر تعجب میں پڑ گئی کہ ایورسٹ کی اونچی چوٹی کو آدمی نے ہوائی جہاز سے فتح کر لیا ہے۔

سن 1936 میں پانچویں بار ایورسٹ پہاڑ پر پیدل چڑھنے کی کوشش کی گئی۔ اس بار بھی رٹلز ہی یاتریوں کا نیتا بنا۔ 27 اپریل کو چڑھائی شروع ہوئی۔ موسم بہت اچھا تھا۔ ایسا لگتا تھا اِس بار سپھلتا ضرور ملیگی۔ یاتریوں نے پہاڑ پر اپنا چوتھا کیمپ 23 000 فٹ کی اونچائی پر لگا لیا تھا۔ اسی بیچ زوروں کا برف گرنے لگا اور پہاڑ پر چڑھنا ناممکن ہوگیا۔ اس طرح یہ یاترا بھی ناکامیاب رہی۔

ان پانچ کوششوں کی اسپھلتا کے باوجود ایورسٹ فتح کرنے کی کوششیں اب بھی جاری ہیں۔

झूट कैसे छिपता ?

एक व्योपारी ने कुछ सामान ख़रीद कर एक किराये की मोटर ली और उसी पर माल रखकर आप भी उसी पर बैठ गया. थोड़ी दूर चलने के बाद उसने ड्राइवर से गाड़ी रुकवाई और पेशाब करने के लिये मोटर से नीचे उतर गया.

वह जैसे ही पेशाब करने बैठा, ड्राइवर ने गाड़ी स्टार्ट करदी और कुल सामान लेकर चलता बना. व्योपारी सैकड़ों बार इस तरह अपनी दुकान तक सामान ले गया था, लेकिन कभी ऐसा संजोग न हुआ था. सामान के अलावा व्योपारी का थैला भी मोटर में था जिसमें क़रीब तीस या बत्तीस हज़ार रुपए के नोट थे.

جھوٹ کیسے چھپتا ؟

ایک بیوپاری نے کچھ سامان خرید کر ایک کرائے کی موٹر لی اور اسی پر مال رکھکر آپ بھی اسی پر بیٹھ گیا۔ تھوڑی دور چلنے کے بعد اس نے ڈرائیور سے گاڑی رکوائی اور پیشاب کرنے کے لئے موٹر سے نیچے اُتر گیا۔

وہ جیسے ہی پیشاب کرنے بیٹھا، ڈرائیور نے گاڑی سٹارٹ کردی اور کل سامان لےکر چلتا بنا۔ بیوپاری سیکڑوں بار اس طرح اپنی دوکان تک سامان لے گیا تھا، لیکن کبھی ایسا سنجوگ نہ ہوا تھا۔ سامان کے علاوہ بیوپاری کا تھیلا بھی موٹر میں تھا جسمیں قریب تیس بتیس ہزار روپے کے نوٹ تھے۔

कड़ी बर्फीली हवा के कारन उन लोगों को कैम्प में थोड़े दिन रुकना पड़ा और फिर वह आगे न बढ़ सके. जब बरफ़ का तूफ़ान आता है तो हर चीज़ बर्फ़ से ढक जाती है और आगे के रास्ते का पता नहीं लगता इसलिये इन लोगों को लौट आना पड़ा. सन 1921 की यात्रा सफल न हुई तो भी उन लोगों ने एवरेस्ट पहाड़ के आस पास का एक नक़शा बना लिया और एवरेस्ट जाने का रास्ता ढूँढ लिया.

सन 1922 में दूसरी यात्रा शुरू हुई. जी. सी. ब्रूस ने 25,000 फ़िट ऊँचाई पर एक कैम्प लगाया. वहां से यह लोग और आगे बढ़े और 26,985 फ़िट की ऊँचाई पर पहुंचे. वहां मौसम बहुत ख़राब था. फिर भी उन लोगों ने हिम्मत न हारी और 27,300 फ़िट तक पहुंच गए. मौसम और ज़ियादा ख़राब होने के कारन उन्हें लौटना पड़ा. उन्होंने फिर ऊपर चढ़ने की कोशिश की. इस बार जब वह ऊपर चढ़ रहे थे तब बर्फ़ के एक पहाड़ के बीच वह फंस गए और दब गए. सात क़ुली मर गए मगर एक भी अंगरेज़ पहाड़ बाज़ नहीं मरा.

सन 1924 में तीसरी यात्रा शुरू हुई जिस का नेता ब्रूस था. उसने पहले 16,800 फ़िट की ऊँचाई पर कैम्प लगाया. फिर आख़िर में उसने क़रीब 27,000 फ़िट की ऊँचाई पर कैम्प लगाया. यहाँ से एवरेस्ट की चोटी बहुत नज़दीक थी. मशहूर यात्री मलोरी जो पहली कोशिशों में हिस्सा ले चुका था, अपने साथी एन्ड्रियू इरविन के साथ, जो अभी अभी आक्सफ़ोर्ड से पढ़ाई ख़तम कर के आया था, एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने की कोशिश की. 6 जून को सुबह साढ़े सात बजे मलोरी और इरविन अपने छै नम्बर कैम्प से रवाना हुए. एवरेस्ट की चोटी के वह नज़दीक पहुँच गए और उसके पास चलते हुए दिखाई पड़े. मगर थोड़ी देर के बाद बादल घिर आया और तब से इरविन और मलोरी का कुछ पता न मिला. हो सकता है कि उनको सांस लेने के लिये आक्सीजन की कमी पड़ी हो या दोनों बर्फ़ के नीचे आ गए हों. इन दो वीरों की याद में कैम्प के पास उनके साथियों ने एक यादगार क़ायम की.

सन 1933 में चौथी बार पहाड़ बाज़ों के एक दल ने एवरेस्ट जीतने की कोशिश की. इस दल का नेता रिटल्ज था. 17 मार्च को एवरेस्ट पर चढ़ाई शुरू हुई. उन्होंने अपना छटा कैम्प 27,400 फ़िट की ऊँचाई पर लगाया. इस के बाद वह और भी ऊंचे गए और 28,100 फ़िट की ऊंचाई तक पहुंच गए. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने के लिये केवल 1000 फ़िट बाक़ी था. लेकिन अब ऊपर चढ़ना ख़तरनाक और मुशकिल हो गया. बड़े ज़ोरों का बरफ़ गिरने लगा और तूफ़ान आ गया जिसकी वजह से पहाड़ बाज़ों को वापस लौटना पड़ा.

کڑی برفیلی ھوا کے کارن اُن لوگوں کو کیمپ میں تھوڑے دن رکنا پڑا اور پھر وہ آگے نہ بڑھ سکے۔ جب برف کا طوفان آتا ھے تو ھر چیز برف سے ڈھک جاتی ھے اور آگے کے راستے کا پتہ نہیں لگتا اس لئے ان لوگوں کو لوٹ آنا پڑا۔ سن 1921 کی یاترا سپھل نہ ھوئی تو بھی اُن لوگوں نے ایورسٹ پہاڑ کے آس پاس کا ایک نقشہ بنالیا اور ایورسٹ جانے کا راستہ ڈھونڈھ لیا۔

سن 1922 میں دوسری یاترا شروع ھوئی۔ جی۔ سی۔ بروس نے 25,000 فٹ اونچائی پر ایک کیمپ لگایا۔ وھاں یہ لوگ اور آگے بڑھے اور 26985 فٹ کی اونچائی پر پہونچے۔ وھاں موسم بہت خراب تھا پھر بھی اُن لوگوں نے ھمت نہ ھاری اور 27,300 فٹ تک پہونچ گئے۔ موسم اور زیادہ خراب ھونے کے کارن اُنھیں لوٹنا پڑا۔ انھوں نے پھر اوپر چڑھنے کی کوشش کی۔ اس بار جب وہ اوپر چڑھ رہے تھے تب برف کے ایک پہاڑ کے بیچ وہ پھنس گئے اور دب گئے۔ سات قلی مرگئے مگر ایک بھی انگریز پہاڑ باز نہیں مرا۔

سن 1924 میں تیسری یاترا شروع ھوئی جس کا نیتا بروس تھا۔ اُس نے پہلے 16,800 فٹ کی اونچائی پر کیمپ لگایا۔ پھر آخر میں اس نے قریب 27,000 فٹ کی اونچائی پر کیمپ لگایا۔ یہاں سے ایورسٹ کی چوٹی بہت نزدیک تھی۔ مشہور یاتری ملوری جو پہلی کوششوں میں حصہ لے چکا تھا' اپنے ساتھی اینڈریو اروِن کے ساتھ' جو ابھی ابھی آکسفورڈ سے پڑھائی ختم کر کے آیا تھا' ایورسٹ کی چوٹی پر پہونچنے کی کوشش کی۔ 6 جون کو صبح ساڑھے سات بجے ملوری اور اروِن اپنے چھ نمبر کیمپ سے روانہ ھوئے۔ ایورسٹ کی چوٹی کے وہ نزدیک پہونچ گئے اور اُس کے پاس چلتے ھوئے دکھائی پڑے۔ مگر تھوڑی دیر کے بعد بادل گھر آیا اور تب سے اِروِن اور ملوری کا کچھ پتہ نہ ملا۔ ھو سکتا ھے کہ اُن کو سانس لینے کے لئے آکسیجن کی کمی پڑی ھو یا دونوں برف کے نیچے آگئے ھوں۔ اِن دو ویروں کی یاد میں کیمپ کے پاس اُن کے ساتھیوں نے ایک یادگار قائم کی۔

سن 1933 میں چوتھی بار پہاڑ بازوں کے ایک دل نے ایورسٹ جیتنے کی کوشش کی۔ اِس دل کا نیتا رٹلز تھا۔ 17 مارچ کو ایورسٹ پر چڑھائی شروع ھوئی۔ اُنھوں نے اپنا چھٹا کیمپ 27,400 فٹ کی اونچائی پر لگایا۔ اِس کے بعد وہ اور بھی اونچے گئے اور 28,100 فٹ کی اونچائی تک پہونچ گئے۔ ایورسٹ کی چوٹی پر پہونچنے کے لئے کیول 1000 فٹ باقی تھا۔ لیکن اب اوپر چڑھنا خطرناک اور مشکل ھوگیا۔ بڑے زوروں کا برف گرنے لگا اور طوفان آگیا جس کی وجہ سے پہاڑ بازوں کو واپس لوٹنا پڑا۔

एवरेस्ट की कहानी

(भाई सी. वी. कृशनन)

दुनिया का सबसे ऊँचा पहाड़ "एवरेस्ट" है. यह 29,141 फ़िट ऊँचा है और नेपाल के उत्तर में है. इस पहाड़ की ऊँची चोटी तक पहुँचने के लिये पाँच बार कोशिशें की गईं. लेकिन हर एक कोशिश नाकामयाब रही. एवरेस्ट को फ़तह करने का जतन अब भी जारी है. अगस्त के महीने में इंगलैंड से चार पहाड़ बाजों का एक दल एवरेस्ट पर चढ़ने के लिये भारत आया है. इस दल के नेता एरिक शिप्टन है. दिल्ली में इनका बड़ा स्वागत किया गया है.

एवरेस्ट पहाड़ का नाम सर जार्ज एवरेस्ट के नाम से पड़ा है. उन्होंने ही सबसे पहले इस मशहूर पहाड़ की ऊँचाई का पता लगाया था. सन 1841 में जब वह हिमालय की मशहूर चोटियों की ऊँचाई का पता लगा रहे थे तब एक दिन एक हिन्दुस्तानी अफ़सर उनके कमरे में भागा भागा पहुँचा और चिल्लाने लगा—"मैंने दुनिया के सबसे ऊँचे पहाड़ का पता लगा लिया है." उसने सही कहा था. वह पहाड़ 29,000 फ़िट ऊँचा था. तब से वह पहाड़ "माउन्ट एवरेस्ट" कहा जाने लगा.

यह बात योरप में सन 1841 में ही मालूम थी तो भी किसी योरोपियन ने सन् 1920 से पहले एवरेस्ट को नहीं देखा था. इसकी वजह यह थी कि तिब्बत के लोग किसी परदेसी को अपने देस में नहीं आने देते थे. सन 1920 में तिब्बत के दलाई लामा ने अंगरेजी यात्रियों को तिब्बत आने की इजाजत दी.

सन 1921 में एवरेस्ट की चोटी तक पहुँचने की पहली कोशिश की गई. एवरेस्ट का रास्ता खोजने के लिये नौ आदमी चले जिनके नेता कर्नल होवर्ड बेरिंग थे. जी. एल. मल्लोरी भी उनमें थे. वह लोग 18 मई को दार्जिलिंग से रवाना हुए और जेलप घाटी पार करने के बाद तिब्बत पहुँचे. तिब्बत पहुँचने पर उन्हें पता लगा कि एवरेस्ट जाने के दो रास्ते हैं—एक नजदीक का रास्ता और दूसरा दूर का रास्ता. नजदीक का रास्ता तंग घाटी के बीच से निकलता था इसलिये उन्हें लम्बे रास्ते से होकर जाना पड़ा जो तिब्बत के गांवों से होकर जाता था. यह रास्ता आसान था.

एक महीना चलने के बाद वह खारटा घाटी पहुंचे और बड़ी मुशकिल से उन्होंने वहां एक कैम्प लगाया. इसके बाद 20,000 फ़िट की ऊँचाई पर उन लोगों ने एक और कैम्प लगाया और वहां से वह एवरेस्ट की जाँच करने लगे. जल्दी ही उन लोगों ने और ऊँचाई पर दूसरा कैम्प लगाया. इस कैम्प से उन्हें एवरेस्ट का पूरा दृश्य दिखाई पड़ा. मगर

ایورسٹ کی کہانی

(بھائی سی . وی . کرشنن)

دنیا کا سب سے اونچا پہاڑ "ایورسٹ" ہے . یہ 29,141 فٹ اونچا ہے اور نیپال کے اُتّر میں ہے . اِس پہاڑ کی اونچی چوٹی تک پہونچنے کے لئے پانچ بار کوششیں کی گئیں لیکن ہر ایک کوشش نا کامیاب رہی . ایورسٹ کو فتح کرنے کا جتن اب بھی جارہی ہے . اگست کے مہینے میں انگلینڈ سے چار پہاڑ بازوں کا ایک دل ایورسٹ پر چڑھنے کے لئے بھارت آیا ہے . اس دل کے نیتا ایریک شپٹن ہیں . دلی میں اِن کا بڑا سواگت کیا گیا ہے .

ایورسٹ پہاڑ کا نام سر جارج ایورسٹ کے نام سے پڑا ہے . اُنہوں نے ہی سب سے پہلے اس مشہور پہاڑ کی اونچائی کا پتہ لگایا تھا . سن 1841 میں جب وہ ہمالے کی مشہور چوٹیوں کی اونچائی کا پتہ لگا رہے تھے تب ایک دن ایک ہندستانی افسر اُن کے کمرے میں بھاگا بھاگا پہونچا اور چلانے لگا—"میں نے دنیا کے سب سے اونچے پہاڑ کا پتہ لگا لیا ہے." اُس نے صحیح کہا تھا . وہ پہاڑ 29,000 فٹ اونچا تھا . تب سے وہ پہاڑ "ماونٹ ایورسٹ" کہا جانے لگا .

یہ بات یورپ میں سن 1841 میں ہی معلوم تھی تو بھی کسی یوروپین نے سن 1920 سے پہلے ایوریسٹ کو نہیں دیکھا تھا . اسکی وجہ یہ تھی کہ تبت کے لوگ کسی پردیسی کو اپنے دیس میں نہیں آنے دیتے تھے . سن 1920 میں تبت کے دلائی لاما نے انگریزی یاتریوں کو تبت آنے کی اجازت دی .

سن 1921 میں ایورسٹ کی چوٹی تک پہونچنے کی پہلی کوشش کی گئی . ایورسٹ کا راستہ کھوجنے کے لئے نو آدمی چلے جنکے نیتا کرنل ہوورڈ بیرنگ تھے . جی . ایل . ملوری بھی اُن میں تھے . وہ لوگ 18 مئی کو دارجلنگ سے روانہ ہوئے اور جیلپ گھاٹی پار کرنے کے بعد تبت پہونچے . تبت پہونچنے پر انہیں پتہ لگا کہ ایورسٹ جانے کے دو راستے ہیں—ایک نزدیک کا راستہ اور دوسرا دور کا راستہ . نزدیک کا راستہ تنگ گھاٹی کے بیچ سے نکلتا تھا اس لئے اُنہیں لمبے راستے سے ہوکر جانا پڑا جو تبت کے گاؤں سے ہوکر جاتا تھا . یہ راستہ آسان تھا .

ایک مہینہ چلنے کے بعد وہ کھارتا گھاٹی پہونچے اور بڑی مشکل سے اُنہوں نے وہاں ایک کیمپ لگایا . اسکے بعد 20,000 فٹ کی اُونچائی پر اُن لوگوں نے ایک اور کیمپ لگایا اور وہاں سے وہ ایوریسٹ کی جانچ کرنے لگے . جلدی ہی اُن لوگوں نے اور اونچائی پر دوسرا کیمپ لگایا . اس کیمپ سے اُنہیں ایوریسٹ کا پورا درشیہ دکھائی پڑا . مگر

बच्चों की दुनिया

शाम का गीत

हे मन अपने को धो डालो
बैर बुराई मार निकालो
खोलो ऐंठन, गुस्सा थूको
लोभ जलापा दोनों फूँको
देखो, अब तुमको है सोना
है न, जरूरी हलका होना ?
बोलो, अम्मां सुख से सोए
छोटी जीजी नेक न रोए
नींद पिता जी को जो आए
मीठी हो वह सुख सरसाए
गहरी नींदें भाई सोएं
सपने बुरे न देखें रोएं
रहें बुरे कामों से डरते
सुस्ती पास न आए मरते
सबका भला मनाकर सोना
बैर विरोध मिटा कर सोना
सब से प्रीत बढ़ा कर सोना
बहुत असीसें पाकर सोना
सोकर देखो उठना ऐसे
जनम हुआ हो अब हो जैसे
ओम, आमीन सहज से बोलो
वक्त हो गया, आओ, सोलो.

—भगवानदीन

بچوں کی دنیا

شام کا گیت

ہے من اپنے کو دھو ڈالو
بیر برائی مار نکالو
کھولو اینٹھن غصہ تھوکو
لوبھ جلاپا دونوں پھونکو
دیکھو، اب تم کو ہے سونا
ہے نہ، ضروری ہلکا ہونا ؟
بولو، اماں سکھ سے سوئے
چھوٹی جی جی نیک نہ روئے
نیند پتاجی کو جو آئے
میٹھی ہو وہ سکھ برسائے
گہری نیندیں بھائی سوئیں
سپنے برے نہ دیکھیں روئیں
رہیں برے کاموں سے ڈرتے
سستی پاس نہ آئے مرتے
سب کا بھلا مناکر سونا
بیر ورودھ مٹاکر سونا
سب سے پریت بڑھاکر سونا
بہت اسیسیں پاکر سونا
سوکر دیکھو اٹھنا ایسے
جنم ہوا ہو اب ہی جیسے
اوم، آمین سہج سے بولو
وقت ہوگیا، آؤ سولو .

—بھگوان دین

सवाल उठता है कि वह किस तरह का अब काम चलाने वाली ? मैं कांगरेस का दुशमन नहीं हूँ. अब मैं उसके नियम के ताबिक़ मेम्बर नहीं रहा हूँ, लेकिन आज़ादी के लिये सके बड़े बड़े आन्दोलनों में मैंने उसकी सेवा की है. किन अगर वह सही रास्ते से भटक रही है, तो मैं उसका ाथ नहीं दे सकता, और न मुझे देना चाहिये.

वर्धा, 11-9-'51 —किशोरलाल मशरूवाला

सफ़ेद क़ौम की नफ़रत

सफ़ेद क़ौम सब कुछ भूल सकती है लेकिन शायद यह नहीं भूल सकती कि उसका रंग सफ़ेद है. वक़्त पड़ने पर कालों को बाप भी बना सकती है लेकिन नफ़रत के भाव में कोई कमी नहीं होगी. एशिया को बचाने की तरकीबें हो रही हैं, एशिया को "आज़ाद" रखने की कोशिश में वह तन मन धन सब लुटा रहे हैं. वह कालों के दोस्त हैं, उनके शुभ चिंतक हैं. लेकिन नफ़रत करना भी उनका धर्म है ! यह लोग किसी को 'नेटिव' कहते हैं, किसी को 'क़ुली' का नाम देते हैं और अब दक्खिनी कोरिया वालों को नफ़रत से 'गुक' कहते हैं. अमरीकी और अंगरेज़ी फ़ौजें कोरिया में लड़ने गई हैं. अपने लिये या कोरिया वालों के लिये इसका फ़ैसला नीचे दिया बयान ज़ोर ज़ोर से सुना रहा है. दक्खिनी कोरिया वालों के साथ जिस तरह का सलूक यह लोग कर रहे हैं उसे ख़ुद कनाडा के जंगी ख़बर देने वाले श्री बिल रास से, जो अभी कोरिया के मोरचे से लौटे हैं और अपना बयान रेडियो से बिखेरा है, सुनिये और यक़ीन कर लिजिये कि सफ़ेद क़ौम सब कुछ भूल सकती है लेकिन कालों से नफ़रत करना नहीं भूल सकती.

"मैं यह नहीं कहता हूँ कि दक्खिनी कोरिया वाले हम से नफ़रत करते हैं. मेरा कहने का मतलब यह है कि वह हम को पसंद नहीं करते. लेकिन मैं यह ज़रूर कहता हूँ कि अगर हमने अपने ब्योहार को न बदला तो धीरे धीरे वह सचमुच हम से नफ़रत करने लगेंगे............यू. एन. ओ. की फ़ौजों का ध्यान कम्युनिज़्म से लड़ने पर ही है. दक्खिनी कोरिया वालों की मदद करने से उनको कोई सरोकार नहीं है. एक बार तो मैंने ख़ुद एक यू. एन. ओ. के पुलिस वाले को एक दक्खिनी कोरियाई को ठोकर मार कर सड़क से हटाते हुए देखा था. दक्खिनी कोरिया वाले अपना सब कुछ खो चुके हैं. उनका घर बरबाद हो गया, उनकी जायदाद लुट गई, उनका कुटुम्ब तितर बितर हो गया. कम से कम हमको उनसे उनका आत्म सम्मानन छीनना चाहिये ! हम ने उनसे उनकी शान भी छीन ली है. इस को न वह माफ़ कर सकते हैं और न भूल सकते हैं. पी. टी. आई. आर".

سوال اٹھتا ہے کہ وہ کس طرح کا کام چلانے والی ہے؟ میں کانگریس کا دشمن نہیں. اب میں اُس کے نیم کے مطابق ممبر نہیں رہا ہوں، لیکن آزادی کے لئے اس کے بڑے بڑے آندولنوں میں میں نے اُس کی سیوا کی ہے. لیکن اگر وہ صحیح راستے سے بھٹک رہی ہے، تو میں اُس کا ساتھ نہیں دے سکتا، اور نہ مجھے دینا چاہئے.

وردھا، 11-9-'51 کشور لال مشروالا

سفید قوم کی نفرت

سفید قوم سب کچھ بھول سکتی ہے لیکن شاید یہ نہیں بھول سکتی کہ اُس کا رنگ سفید ہے. وقت پڑنے پر کالوں کو باپ بھی بنا سکتی ہے لیکن نفرت کے بھاؤ میں کوئی کمی نہیں ہوگی. ایشیا کو بچانے کی ترکیبیں ہو رہی ہیں، ایشیا کو "آزاد" رکھنے کی کوشش میں وہ تن من دھن سب لٹا رہے ہیں. وہ کالوں کے دوست ہیں، اُن کے شبھ چنتک ہیں. لیکن نفرت کرنا بھی اُن کا دھرم ہے! یہ لوگ کسی کو 'نیٹو' کہتے ہیں، کسی کو 'قلی' کا نام دیتے ہیں اور اب دکھنی کوریا والوں کو نفرت سے 'گک' کہتے ہیں. امریکی اور انگریزی فوجیں کوریا میں لڑنے گئی ہیں. اپنے لئے یا کوریاوالوں کے لئے اِس کا فیصلہ نیچے دیا بیان زور زور سے سنا رہا ہے. دکھنی کوریاوالوں کے ساتھ جس طرح کا سلوک یہ لوگ کر رہے ہیں اُسے خود کناڈا کے جنگی خبر دینے والے شری بل راس سے، جو ابھی کوریا کے مورچے سے لوٹے ہیں اور اپنا بیان ریڈیو سے بکھیرا ہے، سنئے اور یقین کرلیجئے کہ سفید قوم سب کچھ بھول سکتی ہے لیکن کالوں سے نفرت کرنا نہیں بھول سکتی.

"میں یہ نہیں کہتا ہوں کہ دکھنی کوریا والے ہم سے نفرت کرتے ہیں. میرا کہنے کا مطلب یہ ہے کہ وہ ہم کو پسند نہیں کرتے. لیکن میں یہ ضرور کہتا ہوں کہ اگر ہم نے اپنے بیوہار کو نہ بدلا تو دھیرے دھیرے وہ سچ مچ ہم سے نفرت کرنے لگیں گے............یو. این. او. کی فوجوں کا دھیان کمیونزم سے لڑنے پر ہی ہے. دکھنی کوریا والوں کی مدد کرنے سے اُن کو کوئی سروکار نہیں ہے. ایک بار تو میں نے خود ایک یو. این. او. کے پولیس والے کو ایک دکھنی کوریائی کو ٹھوکر مارکر سڑک سے ہٹاتے ہوئے دیکھا تھا. دکھنی کوریا والے اپنا سب کچھ کھو چکے ہیں. اُن کا گھر برباد ہوگیا، اُن کی جائداد لٹ گئی، اُن کا کٹمب تتر بتر ہوگیا. کم سے کم ہم کو اُن سے اُن کا آتم سمان نہ چھیننا چاہئے! ہم نے اُن سے اُن کی شان بھی چھین لی ہے. اِس کو نہ وہ معاف کرسکتے ہیں اور نہ بھول سکتے ہیں. پی. ٹی. آئی. آر".

मेरे देखने में अभी तक कोई ऐसी चीज़ नहीं आई, जिससे ज़ाहिर होता हो कि इस योजना में उन्होंने कोई ज़ाती दिलचस्पी ली थी. सच तो यह है कि उनका मन उस तरफ़ जा ही नहीं सकता था. हम सब जानते हैं कि वह उस समय साम्प्रदायिक एकता के निर्माण में 'करूंगा या मरूंगा' की भावना से लगे हुए थे, और ऐसी किसी चीज़ का ख़याल ही नहीं कर सकते थे, जिससे कुछ भी ग़लतफ़हमी पैदा होने का डर हो.

बाबा राघव दास मशहूर रचनात्मक काम करने वाले हैं और उत्तर प्रदेश की विधान सभा और सूबा कांगरेस कमेटी के ख़ास मेम्बर हैं साथ ही असरदार बोलने वाले और एक मठ के महंत भी हैं. हुकूमत के अधिकारियों पर उनका बड़ा असर है, और उससे भी ज़ियादा असर हमारी भोली जनता पर है. अयोध्या की बाबरी मस्जिद के बारे में जो झगड़ा हुआ, उसमें उनका हाथ था. लेकिन उनका यह क़दम उससे भी ज़ियादा शरारत भरा है. अपने इस सुझाव का मुक़ाबला उन्होंने, सन् 1947-'48 में गांधी जी ने दिल्ली के हिन्दुओं से मुसलमानों को उनकी मस्जिदें लौटाने की बात कही थी, उसके साथ किया है. बाबा जी यह ख़ूब जानते हैं कि वह बात बिलकुल अलग तरह की थी. उसमें गड़े पत्थर उखाड़ने की, एक पुराना और भूला हुआ झगड़ा उभारने की कोशिश नहीं थी. हिंसा और बेरहमी भरी वह गांधी जी की आंखों के सामने हुई एक हाल की घटना थी, और जिन लोगों से उन्होंने यह मस्जिदें लौटाने को कहा, वह ही इसके लिये ज़िम्मेदार थे. उसमें कोई दो सौ बरस पुराना झगड़ा फिर से शुरू नहीं किया जा रहा था.

बाबा राघव दास के बारे में मुझे कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, इसका मुझे दुख है. क्योंकि उनके लिये मेरे मन में काफ़ी निजी आदर रहा है. लेकिन मैं यह कहने के लिये मजबूर हूँ कि उनका रुजहान बहुत ज़ियादा फ़िरक़ेवाराना है. और हमारी भोली जनता में फ़िरक़ेवाराना ज़हर फैलाने वाले वह अकेले कांगरेसी नहीं हैं. ख़ासकर उत्तर प्रदेश में इस क़िस्म के अनेक लोग हैं. एक ने तो श्री महादेव देसाई और गांधी जी के नाम पर जाली चिट्ठी और लेख भी तैयार करने की ढिटाई की है. अगर कांगरेस, जैसा कि वह दावा करती है, हिन्दुओं की साम्प्रदायिक संस्था नहीं है, तो मेरी समझ में नहीं आता कि ऐसे लोग उसमें कैसे रह सकते हैं. क्या उसे यह महसूस हुआ है कि यह एक गम्भीर सवाल है और इसके कारन देश में फिर से साम्प्रदायिक दंगों की आग भड़क सकती है और ख़ून बह सकता है ? कांगरेस दावा करती है कि वही एक राजकाजी संस्था है, जो देश का काम चला सकती है.

میرے دیکھنے میں ابھی تک کوئی ایسی چیز نہیں آئی، جس سے ظاہر ہوتا ہو کہ اس یوجنا میں انہوں نے کوئی ذاتی دلچسپی لی تھی. سچ تو یہ ہے کہ اُن کا من اُس طرف جا ہی نہیں سکتا تھا. ہم سب جانتے ہیں کہ وہ اُس سمے سامپردائک ایکتا کے نرمان میں 'کرونگا یا مرونگا' کی بھاونا سے لگے ہوئے تھے، اور ایسی کسی چیز کا خیال ہی نہیں کر سکتے تھے، جس سے کچھ بھی غلط فہمی پیدا ہونے کا ڈر ہو.

بابا راگھو داس مشہور رچناتمک کام کرنے والے ہیں اور اُتر پردیش کی ودھان سبھا اور صوبہ کانگریس کمیٹی کے خاص ممبر ہیں ساتھ ہی اثر دار بولنے والے اور ایک مٹھ کے مہنت بھی ہیں. حکومت کے ادھیکاریوں پر اُن کا بڑا اثر ہے اور اُس سے بھی زیادہ اثر ہماری بھولی جنتا پر ہے. ایودھیا کی بابری مسجد کے بارے میں جو جھگڑا ہوا اُس میں اُن کا ہاتھ تھا. لیکن اُن کا یہ قدم اُس سے بھی زیادہ شرارت بھرا ہے. اپنے اِس سجھاؤ کا مقابلہ انہوں نے، سن 1947-'48 میں گاندھی جی نے دلی کے ہندوؤں سے مسلمانوں کو اُن کی مسجدیں لوٹانے کی بات کہی تھی، اس کے ساتھ کیا ہے. بابا جی یہ خوب جانتے ہیں کہ وہ بات بالکل الگ طرح کی تھی. اُس میں گڑے پتھر اُکھاڑنے کی، ایک پرانا اور بھولا ہوا جھگڑا اُبھارنے کی کوشش نہیں تھی. ہنسا اور بے رحمی بھری وہ گاندھی جی کی آنکھوں کے سامنے ہوئی ایک حال کی گھٹنا تھی، اور جن لوگوں سے اُنہوں نے یہ مسجدیں لوٹانے کو کہا، وہ ہی اِس کے لئے ذمے دار تھے. اُس میں کوئی دو سو برس پرانا جھگڑا پھر سے شروع نہیں کیا جارہا تھا.

بابا راگھو داس کے بارے میں مجھے کڑے شبدوں کا استعمال کرنا پڑ رہا ہے، اِس کا مجھے دکھ ہے. کیونکہ اُن کے لئے میرے من میں کافی نجی آدر رہا ہے. لیکن میں یہ کہنے کے لئے مجبور ہوں کہ اُن کا رجحان بہت زیادہ فرقہ وارانہ ہے. اور ہماری بھولی جنتا میں فرقہ وارانہ زہر پھیلانے والے وہ اکیلے کانگریسی نہیں ہیں. خاص کر اُتر پردیش میں اس قسم کے انیک لوگ ہیں. ایک نے تو شری مہا دیو دیسائی اور گاندھی جی کے نام پر جعلی چٹھی اور لیکھ بھی تیار کرنے کی ڈھٹائی کی ہے. اگر کانگریس، جیسا کہ وہ دعویٰ کرتی ہے، ہندوؤں کی سامپردائک سنستھا نہیں ہے، تو میری سمجھ میں نہیں آتا کہ ایسے لوگ اُس میں کیسے رہ سکتے ہیں. کیا اُسے یہ محسوس ہوا ہے کہ یہ ایک گمبھیر سوال ہے اور اِس کے کارن دیش میں پھر سے سامپردائک دنگوں کی آگ بھڑک سکتی ہے اور خون بہہ سکتا ہے؟ کانگریس دعویٰ کرتی ہے کہ وہی ایک راج کاجی سنستھا ہے، جو دیش کا کام چلا سکتی ہے.

"चुनाव आने वाला है. करोड़ों औरतों मर्दों को इनसाफ़
ा आश्वासन देना है. और हम यह पूरा विश्वास करते हैं
: इन तीन महान इतिहासी स्थानों का फिर से सम्मान होते
ख भारती जनता न्याय में अधिक विश्वास करेगी."
बाबा राघव दास ने यह साफ़ नहीं किया है कि वह
काशी, अयोध्या और मथुरा में ठीक क्या करना चाहते हैं.
वह किन मन्दिरों का उद्धार चाहते हैं? क्या उनका इशारा
यह है कि काशी में औरंगज़ेब की बनवाई हुई बड़ी मस्जिद,
या अयोध्या में हनुमान गढ़ी या मथुरा में इसी तरह की
मस्जिदों को 'दुबारा' जैसा कि अयोध्या में करने की कोशिश
हुई है, मन्दिरों में बदल देना चाहिये?
इस सिलसिले में गांधी जी और सरदार का नाम लेना
बिलकुल ही ग़लत था. सोमनाथ का मन्दिर खंडहर की
हालत में था और हिन्दुओं के अधिकार में था. वहां कोई
मस्जिद नहीं थी, और न किसी मुसलमान ने उस जगह के
अधिकार का ही दावा किया था. कुछ बड़े बड़े हिन्दुओं ने,
जिनका काफ़ी असर था, उसका फिर से निर्मान करना
चाहा. इसका उन्हें पूरा अधिकार था. इन हिन्दुओं में
सरदार जैसे कुछ केन्द्र या रियासती सरकारों के मंत्री भी
थे. चूँकि जूना गढ़ राज भारत संघ में शामिल हुआ और
उसी के साथ इस काम का आरम्भ हुआ, और चूँकि
सोमनाथ के इतिहास में साम्प्रदायिक अनबन की पुरानी
याद जुड़ी हुई है, इसलिये इसमें ग़लतफ़हमी पैदा हो सकती
थी और हुई भी. यह कहा जा सकता है कि सरकार से
सम्बन्ध रखने वाले हिन्दू नेताओं ने इसमें हिस्सा न लिया
होता, तो अच्छा होता. लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता
कि उन्हें ऐसा हिस्सा लेने का हक़ नहीं था. गांधी जी ने इसमें
जो हिस्सा लिया, वह यह समझने के लिये ही कि मन्दिर
के फिर से निर्मान का यह काम सरकारी खर्च पर न हो.
तारीख़ 7 दिसम्बर '47 के 'हरिजन सेवक' में उनका
तारीख़ 28 नवम्बर '47 का प्रार्थना प्रवचन निकला है,
उसमें इस विशय का ज़िक्र है. उसे मैं यहां नक़ल करता हूँ:
"एक भाइ लिखते हैं कि सोमनाथ के मन्दिर का जो
फिर से उद्धार होने वाला है, उसमें सरकारी पैसा नहीं
लगाना चाहिये. मुझे बताया गया है कि शामलदास
गांधी ने आरज़ी हुकूमत बनाई है और इस काम के लिये
जनता से इकट्ठे किये पैसे में से 50 हज़ार रुपए देना मंज़ूर
किया है. जाम साहब एक लाख देने वाले हैं. सरदार पटेल
ने कहा कि सरदार ऐसा नहीं है कि जो चीज़ हिन्दुओं के
लिये ही है, उसके लिये सरकारी ख़ज़ाने से पैसा निकाले.
हम सब हिन्दी हैं, मगर धर्म हमारी अपनी चीज़ है.
सोमनाथ के फिर से उद्धार के लिये हिन्दू जो पैसा ख़ुशी
से देंगे, उसी से काम चल जायगा. पैसा नहीं मिलेगा, तो
वह काम पड़ा रहेगा. मैं यह सुनकर ख़ुश हुआ."

"چناؤ آنے والا ھے . کروڑوں عورتوں مردوں کو انصاف
کا آشواسن دینا ھے . اور ھم یہ پورا وشواس کرتے ھیں کہ
ان تین مہان اِتہاسی استھانوں کا پھر سے سمان ہوتے دیکھ
بھارتی جنتا نیائے میں ادھک وشواس کریگی ."
بابا راگھو داس نے یہ صاف نہیں کیا ھے کہ وہ کاشی،
ایودھیا اور متھرا میں ٹھیک کیا کرنا چاھتے ھیں . وہ
کن مندروں کا اُددھار چاھتے ھیں ؟ کیا اُن کا اِشارہ یہ ہے
کہ کاشی میں اورنگ زیب کی بنوائی ہوئی بڑی مسجد،
یا ایودھیا میں ھنومان گڑھی یا متھرا میں اِسی طرح
کی مسجدوں کو 'دوبارا' جیسا کہ ایودھیا میں کرنے کی
کوشش ھوئی ھے، مندروں میں بدل دینا چاھئے ؟
اِس سلسلے میں گاندھی جی اور سردار کا نام لینا
بالکل ھی غلط تھا . سومناتھ کا مندر کھنڈھر کی حالت
میں تھا اور ھندوؤں کے ادھیکار میں تھا . وھاں کوئی
مسجد نہیں تھی، اور نہ کسی مسلمان نے اُس جگہ کے
ادھیکار کا ھی دعویٰ کیا تھا . کچھ بڑے بڑے ھندوؤں نے،
جن کا کافی اثر تھا، اس کا پھر سے نرمان کرنا چاھا . اِس
کا انہیں پورا ادھیکار تھا . ان ھندوؤں میں سردار جیسے
کچھ کیندر یا ریاستی سرکاروں کے منتری بھی تھے . چونکہ
جونا گڑھ راج بھارت سنگھ میں شامل ھوا اور اُسی کے
ساتھ اس کام کا آرمبھ ھوا، اور چونکہ سومناتھ کے اِتہاس
میں سامپردایک ان بن کی پرانی یاد جڑی ھوئی ھے،
اس لئے اِس میں غلط فہمی پیدا ھو سکتی تھی اور
ھوئی بھی . یہ کہا جا سکتا ھے کہ سرکار سے سمبندھ رکھنے
والے ھندو نیتاؤں نے اس میں حصہ نہ لیا ھوتا، تو اچھا
ھوتا . لیکن ایسا نہیں کہا جا سکتا کہ انھیں ایسا
حصہ لینے کا حق نہیں تھا . گاندھی جی نے اس میں
جو حصہ لیا، وہ یہ سمجھنے کے لئے ھی کہ مندر کے پھر
سے نرمان کا یہ کام سرکاری خرچ پر نہ ھو . تاریخ 7 دسمبر
'47 کے 'ھریجن سیوک' میں اُن کا تاریخ 28 نومبر '47
کا پرارتھنا پروچن نکلا ھے، اس میں اس وشے کا ذکر ھے .
اسے میں یہاں نقل کرتا ھوں :
" ایک بھائی لکھتے ھیں کہ سومناتھ کے مندر کا جو
پھر سے اُددھار ھونے والا ھے، اس میں سرکاری پیسہ نہیں
لگانا چاھئے . مجھے بتایا گیا ھے کہ شامل داس گاندھی
نے عارضی حکومت بنائی ھے اور اس کام کے لئے جنتا سے
اکٹھے کئے پیسے میں سے 50 ھزار روپے دینا منظور کیا
ھے . جام صاحب ایک لاکھ دینے والے ھیں . سردار پٹیل
نے کہا کہ سردار ایسا نہیں ھے کہ جو چیز ھندوؤں کے لئے
ھی ھے، اُس کے لئے سرکاری خزانے سے پیسہ نکالے . ھم سب
ھندی ھیں، مگر دھرم ھماری اپنی چیز ھے . سومناتھ
کے پھر سے اُددھار کے لئے ھندو جو پیسہ خوشی سے دینگے،
اسی سے کام چل جائے گا . پیسہ نہیں ملے گا، تو وہ کام پڑا
رھیگا . میں یہ سن کر خوش ھوا".

शरारत भरा क़दम

उत्तर प्रदेश के मशहूर कांगरेसी काम करने वाले बाबा राघवदास के इलाहाबाद की हिन्दी 'अमृत पत्रिका' के तारीख़ 29-7-'51 के परचे में छपे एक लेख का हिस्सा नीचे देता हूँ.

"स्वर्गीय सरदार पटेल ने भारत के मशहूर इतिहासी पुन्य स्थान श्री सोमनाथ जी का फिर से उद्धार करके यह बता दिया कि पुराने पवित्र स्थानों का उद्धार आज़ाद भारत में ज़रूर होगा. वह हमें अमली आश्वासन दे गए हैं. पूज्य बापू जी ने भारत के आज़ाद होने पर जो मस्जिदें हिन्दुओं के क़ब्ज़े में थीं, उन मस्जिदों को मुसलमानों को वापस दिलाकर हमें यह आशा दिलाई कि मुसलमानों के राज के समय हिन्दुओं के जो मन्दिर अपवित्र कर दिये गए थे, या जिन पर मुसलमानों ने क़ब्ज़ा कर लिया था, उनका भी कभी उद्धार होगा.........

"हम यहां पर यह भी नम्रता से कहना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश के तीन ख़ास स्थान काशी, अयोध्या और मथुरा के साथ भारतीय जनता और उसके कलचरी जीवन का गहरा सम्बन्ध है. श्री राम, श्री कृशन और श्री विश्वनाथ भारत के दिल के राजा हैं. घर घर इनकी चरचा है. श्री सोमनाथ जी के बारे में भारती जनता बहुत कम जानकारी रखती है, इसलिये भी इन स्थानों का फिर से उद्धार अपना एक ख़ास महत्त्व रखता है.

"यहां कभी कभी यह बात कही जाती है कि यह साम्प्रदायिक सवाल है. पर इतिहास इस बात का गवाह है कि यह साम्प्रदायिक सवाल नहीं है. यह जीतने वाले और हारने वाले के बीच का सवाल है. अगर यूनियन जैक (अंगरेज़ी झंडा) जा सकता है और उसकी जगह पर तिरंगा झंडा आ सकता है, अगर वाइसराय की जगह को राशट्रपति शोभा दे सकते हैं, तो इन गौरव वाले पवित्र स्थानो का फिर से उद्धार भी हो सकता है. अगर भारत सरकार की देख रेख में एक हज़ार बरस पहले के विजेता (जीतने वाले) के ज़रिये बरबाद किये गए सोमनाथ जी के मन्दिर का उद्धार मुमकिन है, तो फिर उत्तर प्रदेश के इन तीनों स्थानों के फिर से उद्धार में रुकावट क्यों कर होगी?

"सवाल महत्त्व का है. उसको जितना जल्दी हल किया जाय, उतना ही अच्छा है. *हमें श्री सोमनाथ जी के मन्दिर का फिर से उद्धार देखकर जितनी ख़ुशी होती है, उतनी ही इन महान तीर्थ स्थानों से लापरवाही देखकर बेचैनी होती है.*"

شرارت بھرا قدم

اُتر پردیش کے مشہور کانگریسی کام کرنے والے بابا راگھو داس کے الہ آباد کی ہندی 'امرت پتریکا' کے تاریخ 29-7-'51 کے پرچے میں چھپے ایک لیکھ کا حصہ نیچے دیتا ہوں۔

" سورگیہ سردار پٹیل نے بھارت کے مشہور اِتہاسی پنیہ استھان شری سومناتھ جی کا پھر سے اُدھار کرکے یہ بتا دیا کہ پرانے پوتر استھانوں کا اُدھار آزاد بھارت میں ضرور ہوگا۔ وہ ہمیں عملی آشواسن دے گئے ہیں۔ پوجیہ باپو جی نے بھارت کے آزاد ہونے پر جو مسجدیں ہندوؤں کے قبضے میں تھیں' اُن مسجدوں کو مسلمانوں کو واپس دلا کر ہمیں یہ آشا دلائی کہ مسلمانوں کے راج کے سمے ہندوؤں کے جو مندر اپوتر کر دیئے گئے تھے' یا جن پر مسلمانوں نے قبضہ کر لیا تھا' اُن کا بھی کبھی اُدھار ہوگا.........

"ہم یہاں پر یہ بھی نمرتا سے کہنا چاہتے ہیں کہ اُتر پردیش کے تین خاص استھان کاشی' ایودھیا' اور متھرا کے ساتھ بھارتیہ جنتا اور اُس کے کلچری جیون کا گہرا سمبندھ ہے۔ شری رام' شری کرشن اور شری وشو ناتھ بھارت کے دل کے راجہ ہیں۔ گھر گھر ان کی چرچا ہے۔ شری سومناتھ جی کے بارے میں بھارتی جنتا بہت کم جانکاری رکھتی ہے' اِس لئے بھی اِن استھانوں کا پھر سے اُدھار اپنا خاص مہتو رکھتا ہے۔

"یہاں کبھی کبھی یہ بات کہی جاتی ہے کہ یہ سامپردایک سوال ہے۔ پر اِتہاس اِس بات کا گواہ ہے کہ یہ سامپردایک سوال نہیں ہے۔ یہ جیتنے والے اور ہارنے والے کے بیچ کا سوال ہے۔ اگر یونین جیک (انگریزی جھنڈا) جاسکتا ہے اور اُس کی جگہ پر ترنگا جھنڈا آسکتا ہے' اگر وائسرائے کی جگہ کو راشٹر پتی شوبھا دے سکتے ہیں تو اِن گورو والے پوتر استھانوں کا پھر سے اُدھار بھی ہو سکتا ہے۔ اگر بھارت سرکار کی دیکھ ریکھ میں ایک ہزار برس پہلے کے وجیتا (جیتنے والے) کے ذریعے برباد کئے گئے سومناتھ جی کے مندر کا اُدھار ممکن ہے' تو پھر اُتر پردیش کے اِن تینوں استھانوں کے پھر سے اُدھار میں رکاوٹ کیوں کر ہوگی؟

"سوال مہتو کا ہے اس کو جتنا جلدی حل کیا جائے اتنا ہی اچھا ہے۔ ہمیں شری سومناتھ جی کے مندر کا پھر سے اُدھار دیکھکر جتنی خوشی ہوتی ہے' اُتنی ہی اِن مہان تیرتھ استھانوں سے لاپرواہی دیکھکر بے چینی ہوتی ہے۔"

शुरू किया और फिर आपकी देखा देखी आप के पास रहने वाले और आप के भक्त भी करने लगे. कुछ न कुछ यह हवा सारे देश में फैल गई. बापू, यह सुनकर आप को कितनी खुशी होगी कि ऐसे अनेकों बाल गांधी पैदा हो गए हैं जिन्हों ने मेहतर के काम में पुश्तहा पुश्त के मेहतरों को कहीं पीछे छोड़ दिया है. और यह बाल गांधी ऐसे कुल के हैं जिनके कुल में मेहतर की परछाईं से भी छूत हो जाती थी. आखिर जब मेहतर अपना काम छोड़ेंगे तो उनका काम अपनाने के लिये कोई और होना ही चाहिये. और बापू यह सुन कर आप को बड़ी खुशी होगी कि यह नए मेहतर बाल गांधी इस मेहतर के काम के बदले में एक पैसा भी नहीं लेते. कोई अखबार में उनकी तस्वीर देदे, यह तस्वीर खेंचने वाला जाने. कोई उन्हें म्युनिसपलटी के लिये वोट दे दे, यह वोटर जाने. कोई उन्हें सूबा कांगरेस कमेटी का सभापति चुन दे, यह कांगरेसी मेम्बर जाने, कोई उन्हें मिनिस्टर चुन दे, यह क़ानून सभा जाने. कोई उन्हें 8000 तनख़ाह और मोटरें देदे, तो यह विधान की लाल किताब जाने. और अगर अब उन से कोई मेहतर का काम न ले तो यह काम लेने वाले जानें. बोलिये बापू. इन बाल गांधियों से आप और क्या चाहते हैं. आप सोचिये तो सही, आप भी तो दुनिया भर की फ़िकर, दुनिया भर के सुधार और अनगिनत झंझट अपने कंधों पर संभाल बैठे थे. आप ने भूल की या आप ने ठीक किया यह आप जानें. पर यह बाल गांधी तो एक वक़्त में एक ही काम संभाल सकते हैं. अब जब आप के बराबर हो जायंगे तब शायद आप के जितना बोझ संभाल सकें. हो सकता है उस वक़्त के लिये बोझ ही न रह जाय ! यह उनकी क़िस्मत !

बापू, आप के नाम पर मरने वाले यह बाल गांधी क्या बड़े होकर इतने क़िस्मत वाले भी न निकलेंगे कि इन बोझों से बचे रहें !

बापू, अब तो आप की दूर तक पहुँच है. इन बाल गांधियों के हक़ में दुआ कीजिये.

—भगवान दीन

"श्रद्धा की कसौटी यह है कि अपना फ़र्ज़ अदा करने के बाद जो कुछ भी भला या बुरा नतीजा हो, इनसान उसे मानले. सुख आए या दुख आए, उसके लिये सब बराबर होना चाहिये."

—महात्मा गांधी

شروع کیا اور پھر آپ کی دیکھا دیکھی آپ کے پاس رہنے والے اور آپکے بھگت بھی کرنے لگے. کچھ نہ کچھ یہ ہوا سارے دیش میں پھیل گئی. باپو، یہ سنکر آپ کو کتنی خوشی ہوگی کہ ایسے انیکوں بال گاندھی پیدا ہوگئے ہیں جنہوں نے مہتر کے کام میں پشتہا پشت کے مہتروں کو کہیں پیچھے چھوڑ دیا ہے. اور یہ بال گاندھی ایسے کل کے ہیں جن کے کل میں مہتر کی پرچھائیں سے بھی چھوت ہو جاتی تھی. آخر جب مہتر اپنا کام چھوڑینگے تو انکا کام اپنانے کے لئے کوئی اور ہونا ہی چاہئے. اور باپو یہ سنکر آپکو بڑی خوشی ہوگی کہ یہ نئے مہتر بال گاندھی اِس مہتر کے کام کے بدلے میں ایک پیسہ بھی نہیں لیتے. کوئی اخبار میں اُن کی تصویر دے دے، یہ تصویر کھینچنے والا جانے. کوئی اُنہیں میونسپلٹی کے لئے ووٹ دے دے، یہ ووٹر جانے. کوئی اُنہیں صوبہ کانگریس کمیٹی کا سبھاپتی چن دے، یہ کانگریسی ممبر جانے، کوئی اُنہیں منسٹر چن دے، یہ قانون سبھا جانے، کوئی اُنہیں 3000 تنخواہ اور موٹریں دےدے تو یہ ودھان کی لال کتاب جانے. اور اگر اب اُن سے کوئی مہتر کا کام نہ لے تو یہ کام لینےوالے جانیں. بولئے باپو، ان بال گاندھیوں سے آپ اور کیا چاہتے ہیں. آپ سوچئے تو سہی، آپ بھی تو دنیا بھر کی فکر، دنیا بھر کے سدھار اور اَن گنت جھنجھٹ اپنے کندھوں پر سنبھال بیٹھے تھے. آپ نے بھول کی یا آپ نے ٹھیک کیا یہ آپ جانیں. پر یہ بال گاندھی تو ایک وقت میں ایک ہی کام سنبھال سکتے ہیں. اب جب آپ کے برابر ہوجائینگے تب شاید آپ کے جتنا بوجھ سنبھال سکیں. ہوسکتا ہے اس وقت کے لئے بوجھ ہی نہ رہ جائے! یہ اُن کی قسمت!

باپو، آپکے نام پر مرنے والے یہ بال گاندھی کیا بڑے ہوکر اتنے قسمت والے بھی نہ نکلینگے کہ ان بوجھوں سے بچے رہیں!

باپو، آپ تو آپ کی دور تک پہونچ ہے. ان بال گاندھیوں کے حق میں دعا کیجئے.

—بھگوان دین

" شردھا کی کسوٹی یہ ہے کہ اپنا فرض ادا کرنے کے بعد جو کچھ بھی بھلا یا برا نتیجہ ہو، اِنسان اُسے مان لے. سکھ آئے یا دکھ آئے، اُس کے لئے سب برابر ہونا چاہئے."

—مہاتما گاندھی

दूसरे के पढ़े लिखे और हर तरह समझदार ही समझदार थे. वह हमें घेर कर बैठ गए, और लगे अपना अपना हाल सुनाने. एक साहब बोले, मैं पाँचसौ रुपए महीने का नौकर था और पांच रुपए रोज़ अपने खाने पर ख़र्च करता था. अब आपको मालूम है मैं क्या ख़र्च करता हूँ ? सिर्फ़ बारह आने रोज़ ! और बहुत जल्दी आठे आने पर आ जाऊँगा.

दूसरे साहब बोले, मेरी आप क्या पूछते हैं. मैं तो दस रुपए रोज़ ख़र्च कर देता था तो कम. और पन्द्रह कर देता था तो कम. और अब तो मैं सिर्फ़ बारह आने पर रहता हूँ !

तीसरे साहब बोले, मुझे तो साहब डेढ़ सौ रुपए मिलते थे, डेढ़ रुपया मेरा ख़र्च था और अब मैं पूरे पाँच आने में अपनी गुज़र कर लेता हूँ !

बापू, आपको इन त्यागियों का हाल सुनकर कितनी ख़ुशी हुई होगी. खाने में ही नहीं, पहनने के मामले में भी यह आप से हर तरह आगे बढ़े हुए थे. बापू, हमारे मन पर भी इन सबका बड़ा असर पड़ा और जी में लहर उठी कि ऐसे त्यागियों के साथ ही रहना चाहिये. और अब हम उन से ख़ूब घुल घुल कर बातें करने लगे. और फिर हमने पूछा कि आप सब कितने कितने गज़ सूत कात लेते हैं. तो पाँच रुपए से ख़र्च घटाने वाले त्यागी ने बताया कि वह दिन भर में 300 गज सूत कात लेता है, और दस पन्द्रह रुपए रोज़ ख़र्च से घटाकर बारह आने तक पहुँचने वाले ने बताया कि वह 200 गज सूत रोज़ कात लेता है. और डेढ़ रुपए वाले ने बताया कि वह 600 गज सूत रोज़ कात लेता है. फिर हमने पूछा कि अगर यही सूत आप किसी और से कतवाते तो कताई क्या देते. जवाब मिला ज़ियादा से ज़ियादा फ़ी सौ गज़ एक पैसा ! यानी आश्रम की कुल कमाई ग्यारह पैसे रोज़ थी और ख़र्च 116 पैसे रोज़. अब रहे उनके उस मेहनत के दाम जो वह कीर्तन करने और गीता पढ़ने में करते थे उन दामों का अन्दाज़ा तो बापू कोई लगा नहीं सकता. उनके तो इतने ही दाम होते हैं जितनी मां की मुहब्बत के और गुरू की सीख के. हां, तो बापू यह आप के चरखे, रामधुन और गीता पाठ की बगिया को लहलहाए हुए हैं और फिर इन्हें हक़ है कि बाल गांधी होते हुए भी अपने को बापू समझें.

बापू, आप की सूझ कमाल की थी. आप जी से चाहते थे कि अछूतों का उद्धार हो और यह ख़ूब समझते थे कि अछूतों में से तरह तरह के और अछूतों का उद्धार तो आसानी से हो सकता है पर मेहतरों का उद्धार कोरे उपदेश से नहीं हो सकता और इस मामले में आदेश की तो ज़रा भी पहुंच नहीं हो सकती. इसलिये आप ने अपने आश्रम से मेहतर का बाईकाट किया और मेहतर का काम आप ने

دوسرے کے پڑھے لکھے اور ہر طرح سمجھدار ہی سمجھدار تھے ۔ وہ ہمیں گھیر کر بیٹھ گئے' اور لگے اپنا اپنا حال سنانے. ایک صاحب بولے' میں پانچ سو روپے مہینے کا نوکر تھا اور پانچ روپے روز اپنے کھانے پر خرچ کرتا تھا ۔ اب آپ کو معلوم ہے میں کیا خرچ کرتا ہوں ؟ صرف بارہ آنے روز ! اور بہت جلدی آٹھ آنے پر آجاؤنگا ۔

دوسرے صاحب بولے' میری آپ کیا پوچھتے ہیں' میں تو دس روپے روز خرچ کر دیتا تھا تو کم' اور پندرہ کر دیتا تھا تو کم اور اب تو میں صرف بارہ آنے پر رہتا ہوں !

تیسرے صاحب بولے' مجھے تو صاحب ڈیڑھ سو روپے ملتے تھے' ڈیڑھ روپیہ میرا خرچ تھا اور اب میں پورے پانچ آنے میں اپنی گذر کر لیتا ہوں !

باپو' آپ کو ان تیاگیوں کا حال سنکر کتنی خوشی ہوئی ہوگی ۔ کھانے میں ہی نہیں' پہننے کے معاملے میں بھی یہ آپ سے ہر طرح آگے بڑھے ہوئے تھے باپو' ہمارے من پر بھی ان سب کا بڑا اثر پڑا اور جی میں لہر اٹھی کہ ایسے تیاگیوں کے ساتھ ہی رہنا چاہئے ۔ اور اب ہم اُن سے خوب گھل گھل کر باتیں کرنے لگے ۔ اور پھر ہم نے پوچھا کہ آپ سب کتنے کتنے گز سوت کات لیتے ہیں ۔ تو پانچ روپے سے خرچ گھٹانے والے تیاگی نے بتایا کہ وہ دن بھر میں 300 گز سوت کات لیتا ہے' اور دس پندرہ روپے روز خرچ سے گھٹا کر بارہ آنے تک پہونچنے والے نے بتایا کہ وہ 200 گز سوت روز کات لیتا ہے. اور ڈیڑھ روپے والے نے بتایا کہ وہ 600 گز سوت روز کات لیتا ہے ۔ پھر ہم نے پوچھا کہ اگر یہی سوت آپ کسی اور سے کتواتے تو کتائی کیا دیتے ۔ جواب ملا زیادہ سے زیادہ فی سو گز ایک پیسہ ! یعنی آشرم کی کل کمائی گیارہ پیسے روز تھی اور خرچ 116 پیسے روز ۔ اب رہے ان کے اُس محنت کے دام جو وہ کیرتن کرنے اور گیتا پڑھنے میں کرتے تھے ۔ اُن داموں کا اندازہ تو باپو کوئی لگا نہیں سکتا ۔ اُن کے تو اتنے ہی دام ہوتے ہیں جتنی ماں کی محبت کے اور گرو کی سیکھ کے. ہاں' تو باپو یہ آپ کے چرخے' رام دھن اور گیتا پاٹھ کی بگیا کو لہلہائے ہوئے ہیں اور پھر انہیں حق ہے کہ بال گاندھی ہوتے ہوئے بھی اپنے کو باپو سمجھیں ۔

باپو' آپ کی سوجھ کمال کی تھی ۔ آپ جی سے چاہتے تھے کہ اچھوتوں کا اُدھار ہو اور یہ خوب سمجھتے تھے کہ اچھوتوں میں سے طرح طرح کے اور اچھوتوں کا اُدھار تو آسانی سے ہوسکتا ہے پر مہتروں کا اُدھار کورے اُپدیش سے نہیں ہوسکتا اور اس معاملے میں آدیش کی تو ذرا بھی پہونچ نہیں ہوسکتی ۔ اس لئے آپ نے اپنے آشرم سے مہتر کا بائیکاٹ کیا اور مہتر کا کام آپ نے

जैसे शराबबन्दी, छुआछूत का अन्त, लड़कियों का जायदाद में हिस्सा, किसानों का ज़मीन पर हक़. बापू, अगर किसी दिन सचमुच यह बाल सरकार ऐसा कर बैठी तब क्या होगा ! बापू, आप तो मुस्करा रहे हैं—हमारा दम निकला जा रहा है. आपने तो बड़े बड़े उलझे मामले सुलझाए हैं, आप तो मुस्कराएंगे ही. पर हम तो उलझन में और उलझ गए हैं और हमने ऐसी उलझनें कहाँ सुलझाई हैं. आप हम पर हंसिये नहीं. कोई राह बताइये. यह आपकी सत्य और अहिन्सा की बात तो हम से सधती नहीं. कोई और नुसखा बताइये जिस में यह दोनों दवाएं तो बिलकुल न हों.

बापू, इन बाल गांधियों की नज़र में तो आप उसी दिन से महात्मा हैं जिस दिन आपने जन्म लिया. इसलिये यह आपके बचपन की किसी भी बात की नक़ल करके अपने आपको बापू मानने लगते हैं. और जिस काम को आपने कभी भूल से एक दिन कर डाला उसे यह बरसों करने के अपने आपको हक़दार समझते हैं. और जब आपको यह महात्मा समझते हैं तो ऐसा करने के हक़दार भी हैं. यहां हमें शेख़ सादी की कही हुई एक बात याद आगई.

बापू, एक दिन एक बादशाह जंगल में शिकार खेल रहा था. जब उसके लिये जंगल में खाना बनने लगा तो मालूम हुआ साथ में नमक बिलकुल नहीं है. बादशाह ने पास लगे गांव से नमक लाने के लिये एक आदमी भेजा और उसे हिदायत की, देखो, पैसा देकर नमक लाना. दरबारी लोग यह सुनकर हंस पड़े. बादशाह ने पूछा, हंसते क्यों हो. दरबारियों ने जवाब दिया, हुज़ूर ज़रा सा नमक लाना है पैसे देने की क्या ज़रूरत, और गांव वाले पैसा लेंगे भी कब ? बादशाह ने जवाब दिया कि याद रखो, अगर बादशाह रैयत के बाग़ से एक सेब तोड़कर खाले तो बादशाह के नौकर जाकर पेड़ का पेड़ उखाड़ लेंगे. इसी तरह अगर बादशाह आधे अन्डे का ज़ुल्म ठीक समझे तो उसके दरबारी लोग सैकड़ों मुरग़ों का कबाब बना कर खा जायंगे. याद रखो, ज़ुल्म की जड़ बहुत छोटी होती है पर उसका पेड़ सारी दुनिया घेर लेता है. हां, तो बापू, यह बाल-गांधी आपकी एक एक बात को खूब खींच कर अपनाते हैं और अपने को बापू समझते हैं और चाहे कहते न हों, मन में तो यह अपने को आप से बड़ा समझते हैं.

बापू, कुछ लोगों ने आपका चरखा अपना रक्खा है. और ऐसा अपना रक्खा है कि वह चरखा चलाने के सिवाय हाथ का और कोई काम नहीं करते. और चरखा भी वह दिन में घंटे दो घंटे से ज़ियादा नहीं चलाते. बाक़ी वक़्त गीता के पढ़ने और कीर्तन में ख़र्च करते हैं. बापू एक दिन हम ऐसे एक आश्रम में जा निकले. उस आश्रम में सब ऊँचे

جیسے شراب بندی، چھوا چھوت کا انت، لڑکیوں کا جائداد میں حصہ، کسانوں کا زمین پر حق. باپو، اگر کسی دن سچ مچ یہ بال سرکار ایسا کر بیٹھی تب کیا ہوگا ! باپو، آپ تو مسکرا رہے ہیں— ہمارا دم نکلا جارہا ہے. آپ نے تو بڑے بڑے اُلجھے معاملے سلجھائے ہیں آپ تو مسکرائینگے ہی. پر ہم تو اُلجھن میں اور اُلجھ گئے ہیں اور ہم نے ایسی اُلجھنیں کہاں سلجھائی ہیں. آپ ہم پر ہنسئے نہیں. کوئی راہ بتائیے. یہ آپ کی ستیہ اور اہنسا کی بات تو ہم سے سدھتی نہیں. کوئی اور نسخہ بتائیے جس میں یہ دونوں دوائیں تو بالکل نہ ہوں.

باپو، ان بال گاندھیوں کی نظر میں تو آپ اُسی دن سے مہاتما ہیں جس دن آپنے جنم لیا. اس لئے یہ آپ کے بچپن کی کسی بھی بات کی نقل کر کے اپنے آپ کو باپو ماننے لگتے ہیں. اور جس کام کو آپنے کبھی بھول سے ایک دن کر ڈالا اُسے یہ برسوں کرنے کے اپنے آپ کو حقدار سمجھتے ہیں اور جب آپ کو یہ مہاتما سمجھتے ہیں تو ایسا کرنے کے حقدار بھی ہیں. یہاں ہمیں شیخ سعدی کی کہی ہوئی ایک بات یاد آگئی.

باپو، ایک دن ایک بادشاہ جنگل میں شکار کھیل رہا تھا. جب اُس کے لئے جنگل میں کھانا بننے لگا تو معلوم ہوا ساتھ میں نمک بالکل نہیں ہے. بادشاہ نے پاس لگے گاؤں سے نمک لانے کے لئے ایک آدمی بھیجا اور اُسے ہدایت کی، دیکھو، پیسہ دے کر نمک لانا. درباری لوگ یہ سن کر ہنس پڑے. بادشاہ نے پوچھا، ہنستے کیوں ہو. درباریوں نے جواب دیا حضور ذرا سا نمک لانا ہے پیسے دینے کی کیا ضرورت، اور گاؤں والے پیسہ لینگے بھی کب ؟ بادشاہ نے جواب دیا کہ یاد رکھو، اگر بادشاہ رعیت کے باغ سے ایک سیب توڑ کر کھا لے تو بادشا کے نوکر چاکر پیڑ کا پیڑ اُکھاڑ لینگے. اسی طرح اگر بادشاہ آدھے انڈے کا ظلم ٹھیک سمجھے تو اُس کے درباری لوگ سیکڑوں مرغوں کو کباب بناکر کھا جائینگے. یاد رکھو، ظلم کی جڑ بہت چھوٹی ہوتی ہے پر اُس کا پیڑ ساری دنیا گھیر لیتا ہے. ہاں، تو باپو، یہ بال گاندھی آپ کی ایک ایک بات کو خوب کھینچ کر اپناتے ہیں اور اپنے کو باپو سمجھتے ہیں اور چاہے کہتے نہ ہوں، من میں تو یہ اپنے کو آپ سے بڑا سمجھتے ہیں.

باپو، کچھ لوگوں نے آپ کا چرخہ اپنا رکھا ہے. اور ایسا اپنا رکھا ہے کہ وہ چرخہ چلانے کے سوائے ہاتھ کا اور کوئی کام نہیں کرتے. اور چرخہ بھی وہ دن میں گھنٹے دو گھنٹے سے زیادہ نہیں چلاتے. باقی وقت گیتا کے پڑھنے اور کیرتن میں خرچ کرتے ہیں. باپو ایک دن ہم ایسے ایک آشرم میں جا نکلے. اُس آشرم میں سب اونچے

बढ़ा उठती है और कभी बौखला जाता है. और बापू, सरकार भी क्या करे, वह ही कौन सौ बरस की बुड्ढी, या तीस पैंतीस की अधेड़, या अट्ठारह बरस की जवान है ! उसकी भी तो उमर ले देके चार बरस या इस से कुछ ऊपर है।

बापू, यह तीन तीन बरस के गांधी बड़ी जल्दी भूक हड़ताल पर उतर आते हैं. आप तो भूक सत्याग्रह को आख़िरी हथियार मानते थे और उसको सबसे पैना और बड़ा हथियार समझते थे. पर यह बाल गांधी तो हर दम उसी हथियार को बांधे फिरते हैं. और छोटा मोटा नहीं आमरण अनशन की हट कर के बैठ जाते हैं. इससे तो हमारी सरकार और भी घबरा जाती है. बापू इन बाल गांधियों का यह काम नहीं कि वह यह सोचते फिरें कि सत्याग्रह क्या चीज़ है ? सत्य किसे कहते हैं ? राजकाजी ज़रूरत और चीज़ होती है, सत्य बिलकुल दूसरी चीज़ है ? आग्रह सत्य पर किया जाता है. राजकाजी ज़रूरतों पर आग्रह कर बैठना सत्याग्रह नहीं दुराग्रह होता है. इस बात से उन्हें क्या लेना देना. और बाल गांधियों को ऐसा कभी सोचना भी नहीं चाहिये. अगर वह ऐसा सोचने लगें तो उनके आगे बढ़ने का रास्ता ही रुक जाय.

बापू, आजकल आमरण अनशनों की बहार आ रही है. आप का यह एक एक गुण एक एक आदमी में अलग अलग अपने अपने तरीक़े से फल फूल रहा है. यह देख कर तो आपकी बाछें खिल जाती होंगी और आप फूले न समाते होंगे. कभी कोई इस बात को लेकर भूकों मरने को तैयार हो जाता है कि इधर जब तक रेल नहीं निकलेगी मैं खाना नहीं खाऊंगा, कोई नहर निकलने की बात पर हट कर बैठता है, कोई भाशा वार सूबों के न बनने पर मरने को तैयार हो जाता है, कोई कालिज की फ़ीस कम कराने के लिये खाना छोड़ बैठता है. कोई बरख़ास्त होने पर फिर अपनी जगह पाने के लिये डट जाता है. ख़ुलासा यह कि आज कल हर काम पूरा कराने के लिये भूके मरने के हथियार से काम लिया जाता है. इन बाल गांधियों से कोई स्वार्थ और परमार्थ के समझने की आशा भी क्या करे। और इनको समझाने को भी कौन तैयार हो ! हां, अगर कोई इन सब बाल लीलाओं को देख कर मुस्कराने वाला इनकी पीठ ठोंक कर इनकी हिम्मत बंधाने वाला होता तो यह बाल गांधी आप ही ऊधम का रस लेते और बाल सरकार भी इनकी लीलाओं पर बौखलाहट का तमाशा न दिखाती.

बापू, हमें तो यह डर लगा हुआ है कि कहीं किसी दिन यह बाल सरकार आमरण सत्याग्रह न कर बैठे. और उस सत्याग्रह के लिये ऐसे ही दो चार विशय हो सकते हैं.

... سرکار بھی کیا کرے، وہ ہی کون سو برس کی بڈھی، یا تیس پینتیس کی ادھیڑ، یا اٹھارہ برس کی جوان ہے ! اس کی بھی تو عمر لے دے کے چار برس یا اس سے کچھ اوپر ہے !

باپو، یہ تین تین برس کے گاندھی بڑی جلدی بھوک ہڑتال پر اتر آتے ہیں . آپ تو بھوک ستیاگرہ کو آخری ہتھیار مانتے تھے اور اس کو سب سے پینا اور بڑا ہتھیار سمجھتے تھے . پر یہ بال گاندھی تو ہر دم اسی ہتھیار کو باندھے پھرتے ہیں . اور چھوٹا موٹا نہیں آمرن انشن کی ہٹ کر کے بیٹھ جاتے ہیں . اس سے تو ہماری سرکار اور بھی گھبرا جاتی ہے . باپو ان بال گاندھیوں کا یہ کام نہیں کہ وہ یہ سوچتے پھریں کہ ستیاگرہ کیا چیز ہے ؟ ستیہ کسے کہتے ہیں ؟ راج کاجی ضرورت اور چیز ہوتی ہے ؟ ستیہ بالکل دوسری چیز ہے ؟ آگرہ ستیہ پر کیا جاتا ہے راج کاجی ضرورتوں پر آگرہ کر بیٹھنا ستیاگرہ نہیں دوراگرہ ہوتا ہے . اس بات سے انہیں کیا لینا دینا . اور بال گاندھیوں کو ایسا کبھی سوچنا بھی نہیں چاہئے . اگر وہ ایسا سوچنے لگیں تو ان کے آگے بڑھنے کا رستہ ہی رک جائے .

باپو، آج کل آمرن انشنوں کی بہار آ رہی ہے . آپ کا یہ ایک ایک گن ایک ایک آدمی میں الگ الگ اپنے اپنے طریقے سے پھل پھول رہا ہے . یہ دیکھ کر تو آپ کی باچھیں کھل جاتی ہونگی اور آپ پھولے نہ سماتے ہونگے . کبھی کوئی اس بات کو لے کر بھوکوں مرنے کو تیار ہو جاتا ہے کہ ادھر جب تک ریل نہیں نکلے گی میں کھانا نہیں کھاؤں، کوئی نہر نکلنے کی بات پر ہٹ کر بیٹھتا ہے، کوئی بھاشا وار صوبوں کے نہ بننے پر مرنے کو تیار ہو جاتا ہے، کوئی کالج کی فیس کم کرانے کے لئے کھانا چھوڑ بیٹھتا ہے، کوئی برخاست ہونے پر پھر اپنی جگہ پانے کے لئے ڈٹ جاتا ہے . خلاصہ یہ کہ آج کل ہر کام پورا کرانے کے لئے بھوکے مرنے کے ہتھیار سے کام لیا جاتا ہے . ان بال گاندھیوں سے کوئی سوارتھ اور پرمارتھ کے سمجھنے کی آشا بھی کیا کرے ! اور ان کو سمجھانے کو بھی کون تیار ہو ! ہاں، اگر کوئی ان سب بال لیلاؤں کو دیکھ کر مسکرانے والا ان کی پیٹھ ٹھونک کر ان کی ہمت بندھانے والا ہوتا تو یہ بال گاندھی آپ ہی اودھم کا رس لیتے اور بال سرکار بھی ان کی لیلاؤں پر بوکھلاہٹ کا تماشہ نہ دکھاتی .

باپو، ہمیں تو یہ ڈر لگا ہوا ہے کہ کہیں کسی دن یہ بال سرکار آمرن ستیاگرہ نہ کر بیٹھے . اور اس ستیاگرہ کے لئے ایسے ہی دو چار وشے ہو سکتے ہیں .

जाय, उसको उमर क़ैद की सज़ा दी जाय, उसको फांसी के तख़्ते पर लटका दिया जाय, उसको थोते तीरों से बींधा जाय या यह कि उसको आधा ज़मीन में दफ़न करके उस पर कुत्ते छोड़ दिये जायं. और फिर बापू, यह भी आपको मालूम है कि जब बादशाह अकबर ने यही सवाल बीरबल से पूछा तो बीरबल ने यह जवाब दिया था कि नहीं, उस बादशाह की दाढ़ी पकड़ने वाले को मिठाई खिलाई जाय. और यह जवाब सुन कर सारे दरबारी हक्के बक्के रह गए थे, और बादशाह यह जवाब सुनकर मुस्करा दिये थे. पर दरबारी क्या फिर भी कुछ समझ पाए थे ? आख़िर बीरबल को ही उन बेवक़ूफ़ों को यह समझाना पड़ा था कि बादशाह के बेटे के सिवा कौन हो सकता है जो बादशाह की दाढ़ी पकड़े और वह गोद में बिठाकर बड़े प्यार के साथ सिवाय मिठाई के और किस बात का मुस्तहक़ हो सकता है.

बापू, ठीक इसी तरह से आज कोई मामूली अमीरज़ादा अपने दोस्तों से यह पूछ बैठे कि अगर मेरी औरत को कोई हलवाई के हाथ चार आने मे बेच कर जलेबी खाने की बात कह बैठे तो उसके साथ मैं क्या बरताव करूं. ज़रूर उसके ना समझ दोस्त कुछ ऐसा ही सज़ा तजवीज़ कर देंगे जैसी अकबर के दरबारियों ने की थी. और मुशकिल से ही कोई एक ऐसा निकलेगा जो बीरबल जैसा ठीक और चुस्त जवाब दे सके. और बापू अगर आज आप हिन्दुस्तान के चोटी के समझदारों से कहीं यह सवाल कर बैठें कि अगर कोई भारत माता को अमरीका के हाथ कुछ मोटरों और बड़े बड़े मकानों के लोभ में आकर गिरवी रखने की बात सोच बैठे तो उसको क्या सज़ा दी जाय. तो क्या अजब, सारे चोटी के नेता, अपनी समझ को धता बता कर एक आवाज़ में चिल्ला पड़ें कि ऐसे आदमी को फ़ौरन गोली से मार देना चाहिये. और जब जैसे ही उनके इस फ़ैसले की चिल्लाहट ख़त्म हो तब वैसे ही कहीं एक सीधा सादा आदमी यह कह बैठे कि नहीं, उस को तो पुचकार कर गोदी ले लेना चाहिये, और उसकी इस हिम्मत पर उसकी बलाएं लेनी चाहियें. तो बापू उस वक़्त सिवाय आप के कौन मुस्करायगा. चोटी के नेता तो आग बबूला होकर ऐसी सलाह देने वाले के ऊपर कूद पड़ेंगे और न जाने उसका क्या हाल कर देने के लिये तैयार हो जायंगे. बापू, यह तो आप ही समझते हैं कि आख़िर तीन बरस के गांधी के सिवाय और कौन ऐसी बात सोच सकता है.

बापू, इन तीन तीन बरस के गांधियों ने सारे हिन्दुस्तान में ऊधम मचा रखा है इनके ऊधम को, आप ज़िन्दा होते, तो हंसते हंसते देखते रहते और अब भी आप जहां कहीं हैं वहीं से इस तमाशे को हंस हंस देख रहे होंगे. पर आज की हमारी सरकार तो ऐसे तमाशे देख कर कभी

جائے' اس 'وعمر قید کی سزا دی جائے' اس کو پھانسی کے تختے پر لٹکا دیا جائے' اُس کو تھوتے تیروں سے بیندھا جائے یا یہ کہ اس کو آدھا زمین میں دفن کرکے اس پر کتے چھوڑ دئے جائیں . اور پھر باپو' یہ بھی آپ کو معلوم ہے کہ جب بادشاہ اکبر نے یہی سوال بیربل سے پوچھا تو بیربل نے یہ جواب دیا تھا کہ نہیں' اس بادشاہ کی داڑھی پکڑنے والے کو مٹھائی کھلائی جائے . اور یہ جواب سن کر سارے درباری ہکے بکے رہ گئے تھے' اور بادشاہ یہ جواب سن کر مسکرا دئے تھے . پر درباری کیا پھر بھی کچھ سمجھ پائے تھے ؟ آخر بیربل کو ہی اُن بیوقوفوں کو سمجھانا پڑا تھا کہ بادشاہ کے بیٹے کے سوا کون ہوسکتا ہے جو بادشاہ کی داڑھی پکڑے اور وہ گود میں بٹھاکر بڑے پیار کے ساتھ سوائے مٹھائی کے اور کس بات کا مستحق ہو سکتا ہے .

باپو' ٹھیک اِسی طرح سے آج کوئی معمولی امیرزادہ اپنے دوستوں سے یہ پوچھ بیٹھے کہ اگر میری عورت کو کوئی حلوائی کے ہاتھ چار آنے میں بیچ کر جلیبی کھانے کی بات کہ بیٹھے تو اس کے ساتھ میں کیا برتاؤ کروں . ضرور اس کے ناسمجھ دوست کچھ ایسی ہی سزا تجویز کریں گے جیسی اکبر کے درباریوں نے کی تھی . اور مشکل سے ہی کوئی ایک ایسا نکلے گا جو بیربل جیسا ٹھیک اور چست جواب دے سکے . اور باپو اگر آج آپ ہندستان کے چوٹی کے سمجھداروں سے کہیں یہ سوال کر بیٹھیں کہ اگر کوئی بھارت ماتا کو امریکہ کے ہاتھ کچھ موٹروں اور بڑے بڑے مکانوں کے لوبھ میں آکر گروی رکھنے کی بات سوچ بیٹھے تو اُس کو کیا سزا دی جائے . تو کیا عجب' سارے چوٹی کے نیتا' اپنی سمجھ کو دھتا بتاکر ایک آواز میں چلا پڑیں کہ ایسے آدمی کو فوراً گولی سے مار دینا چاہئے . اور جب جیسے ہی اُن کے اس فیصلے کی چلاہٹ ختم ہو تب ویسے ہی کہیں ایک سیدھا سادا آدمی یہ کہہ بیٹھے کہ نہیں' اس کو تو پچکار کر گودی لے لینا چاہئے' اُس کی اِس ہمت پر اُس کی بلائیں لینی چاہئیں . باپو اُس وقت سوائے آپ کے کون مسکرائے گا . چوٹی کے نیتا تو آگ بگولا ہوکر ایسی صلاح دینے والے کے اوپر کود پڑیں گے اور نہ جانے اس کا کیا حال کر دینے کے لئے تیار ہو جائیں گے . باپو' یہ تو آپ ہی سمجھتے ہیں کہ آخر تین برس کے گاندھی کے سوائے اور کون ایسی بات سوچ سکتا ہے .

باپو' اِن تین تین برس کے گاندھیوں نے سارے ہندستان میں اُودھم مچا رکھا ہے . اِن کے اُودھم کو' آپ زندہ ہوتے' ہنستے ہنستے دیکھتے رہتے اور اب بھی آپ جہاں کہیں ہیں وہیں سے اِس تماشے کو ہنس ہنس دیکھ رہے ہوں گے . پر آج کی ہماری سرکار تو ایسے تماشے دیکھکر کبھی

सके बहुत बारीक टुकड़े कर दिये जायं और काटने से जो छोटे छोटे रेशे बनें उनमें से कहीं एक रेशा बो दिया जाय तो वह पानी पा कर केले का पेड़ बन जाता है. खुलासा यह कि पका केला सब का सब बीज होता है. आपके शहीद होने के बाद, हमारा ऐसा खयाल है, कि हिन्दुस्तान के चोटी के नेताओं ने, आपके इस पाँच भूत से बने तन के बारे में भी कुछ ऐसा ही अन्दाज़ा लगाया, इसीलिये उन्होंने आपकी हड्डियों के फूल जगह जगह नदियों में डाल दिये. और विनोबा के परमधाम के नीचे बहने वाली पौनार नदी में भी उनमें से कुछ फूलों को जगह मिल गई. और बापू, यह सुनकर तो तुम्हें कितनी खुशी होगी कि चोटी के नेताओं का अन्दाज़ा आपकी मुट्ठी भर राख के बारे में बिलकुल ठीक निकला ! बापू, तीन बरस के इस अरसे में हिन्दुस्तान के कोने कोने में अनगिनत गांधी पैदा हो गए हैं. उमर के लिहाज़ से तो वह अभी बच्चे हैं क्योंकि तीन बरस की उमर होती ही क्या है, लेकिन यह सुनकर तो बापू आपको बेहद खुशी होगी कि उनमें से हर एक अपने आपको बापू समझता है. यह दूसरी बात है कि दूसरे लोग उन्हें बापू कह कर नहीं पुकारते.

बापू, कैनी बाल (आदमखोर) बनना, अगर बुरी बात न हो और समाज की दौड़ में पीछे हटने वाली बात न हो, तो हम कहे देते हैं, हमारे मन में आज यह बात ज़रूर उठी है. अगर आपके शहीद होने के वक़्त हम हिन्दुस्तानी कैनीबाल होते तो हम किसी न किसी तरह आपकी बुद्धि, आपका सत्य, आपकी अहिन्सा हज़म किये बिना न मानते. आपकी हिन्दुस्तान भर में फैलाई हुई राख के ज़रिये आपकी बुद्धि का या सत्य और अहिन्सा का भी कुछ अंश हमारे हिस्से में आया है या नहीं यह हम नहीं कह सकते. पता नहीं ईश्वर का इसमें क्या भेद था कि हम आपकी शहादत के वक़्त कैनीबाल नहीं थे.

बापू, यह ठीक है कि अभी जितने गांधी पैदा हुए हैं वह उमर में चाहे कितने बड़े क्यों न हों, गांधी बनने की उनकी उमर अभी तीन बरस नौ ही महीने की है. और इस उमर के लिहाज़ से वह जो कुछ कर रहे हैं वह इस क़ाबिल ज़रूर है कि उनको बढ़ावा दिया जाय और उनकी हिम्मत बढ़ाई जाय. और इसमें शक नहीं कि आप जहां भी होंगे वहां से ऐसा ज़रूर कर रहे होंगे.

बापू, अब आप से तो हम क्या कहें, आपको तो बादशाह अकबर की वह बात मालूम ही है जिस वक़्त उसने अपने दरबारियों से यह सवाल किया कि अगर कोई हमारी दाढ़ी पकड़ ले तो उसका हम क्या करें. और दरबारियों ने जो जवाब दिया था वह भी आपको मालूम है. उन नासमझों ने यही तो जवाब दिया था कि उसका अंत की सज़ा दी

اُس کے بہت باریک ٹکڑے کردئے جائیں اور کاٹنے سے جو چھوٹے چھوٹے ریشے بنیں اُن میں سے کہیں ایک ریشا بو دیا جائے تو وہ پانی پاکر کیلے کا پیڑ بن جاتا ھے . خلاصہ یہ کہ پکا کیلا سب کا سب بیج ھوتا ھے . آپ کے شہید ھونے کے بعد، ھمارا ایسا خیال ھے، کہ ھندستان کے چوٹی کے نیتاؤں نے، آپ کے اِس پانچ بھوت سے بنے تن کے بارے میں بھی کچھ ایسا ھی اندازہ لگایا، اِسی لئے اُنہوں نے آپ کی ھڈیوں کے پھول جگہ جگہ ندیوں میں ڈال دئے . اور ونوبا کے پرم دھام کے نیچے بہنے والی پونار ندی میں بھی اُن میں سے کچھ پھولوں کو جگہ مل گئی . اور باپو، یہ سن کر تو تمہیں کتنی خوشی ھوگی کہ چوٹی کے نیتاؤں کا اندازہ آپ کی مٹھی بھر راکھ کے بارے میں بالکل ٹھیک نکلا ! باپو، تین برس کے اِس عرصے میں ھندستان کے کونے کونے میں اَن گنت گاندھی پیدا ھوگئے ھیں . عمر کے لحاظ سے تو وہ ابھی بچے ھیں کیونکہ تین برس کی عمر ھوتی ھی کیا ھے، لیکن یہ سن کر تو باپو آپ کو بے حد خوشی ھوگی کہ اُن میں سے ھر ایک اپنے آپ کو باپو سمجھتا ھے . یہ دوسری بات ھے کہ دوسرے لوگ اُنہیں باپو کہکر نہیں پکارتے .

باپو، کینی بال (آدم‌خور) بننا، اگر بری بات نہ ھو اور سماج کی دوڑ میں پیچھے ھٹنے والی بات نہ ھو، تو ھم کہے دیتے ھیں، ھمارے من میں آج یہ بات ضرور اُٹھی کہ اگر آپ کے شہید ھونے کے وقت ھم ھندستانی کینی بال ھوتے تو ھم کسی نہ کسی طرح آپ کی بدھی، آپکا ستیہ، آپ کی اھنسا ھضم کئے بنا نہ مانتے . آپ کی ھندستان بھر میں پھیلائی ھوئی راکھ کے ذریعے آپ کی بدھی کا یا ستیہ اور اھنسا کا بھی کچھ انش ھمارے حصے میں آیا ھے یا نہیں یہ ھم نہیں کہہ سکتے . پتہ نہیں ایشور کا اِس میں کیا بھید تھا کہ ھم آپ کی شہادت کے وقت کینی بال نہیں تھے .

باپو، یہ ٹھیک ھے کہ ابھی جتنے گاندھی پیدا ھوئے ھیں وہ عمر میں چاھے کتنے بڑے کیوں نہ ھوں، گاندھی بننے کی اُن کی عمر ابھی تین برس نو ھی مہینے کی ھے . اور اُس عمر کے لحاظ سے وہ جو کچھ کر رھے ھیں وہ اِس قابل ضرور ھے کہ اُن کو بڑھاوا دیا جائے اور اُن کی ھمت بڑھائی جائے . اور اِس میں شک نہیں کہ آپ جہاں بھی ھونگے وھاں سے ایسا ضرور کررھے ھونگے .

باپو، اب آپ سے تو ھم کیا کہیں، آپ کو تو بادشاہ اکبر کی وہ بات معلوم ھی ھے جس وقت اُس نے اپنے درباریوں سے یہ سوال کیا کہ اگر کوئی ھماری داڑھی پکڑلے تو اُس کا ھم کیا کریں . اور درباریوں نے جو جواب دیا تھا وہ بھی آپ کو معلوم ھے . اُن ناسمجھوں نے یہی تو جواب دیا تھا کہ اُس کو بھینٹ کی سزا دی

ख़ुश करने के लिये उन्होंने इस होस्टल को ज़मीन दे दी थी. लाखों रुपया इस भट्टी से कमाते हैं. हज़ारों कांगरेस को चंदा दे देते हैं. उन से बोल ही कौन सकता है. आए दिन मिनिस्टरों की दावत होती रहती है. भला उनके ख़िलाफ़ किस की दाल गल सकती है."

"भ्रष्टाचार तमाम फैल गया है, यह सही है. लेकिन हाई कोर्ट में तो अपील हो सकती है. वहाँ तो तुम अपनी तन्दुरुस्ती और सदाचार की दुहाई दे कर इन्साफ़ मांग सकते हो." मैंने जैसे उसकी अड़चन दूर करने के लिये ज़बरदस्त सुझाव पेश करते हुए कहा.

"जी, ज़रूर! हाई कोर्ट क़ानून के शब्दों को मानता है, उसकी आत्मा को नहीं. होस्टल के बनने से पहले यह भट्टी यहाँ थी इसलिये इसे यहाँ रहना चाहिये. ग़लती उन लोगों की है जिन्होंने यहाँ होस्टल बनवाया था. इसलिये हाई कोर्ट का फ़ैसला हो जायगा कि अगर आप चाहें तो होस्टल दूसरी जगह खिसका लीजिये. आपको पूरी आज़ादी है..........और तुम जानते हो शराब की भट्टी के लिये जगह मिल सकती है, मंदिर मस्जिद बनाने के लिये जगह मिल सकती है, बनस्पति घी की फ़ैक्टरी खोलने की जगह मिल सकती है, सिगरट की फ़ैक्टरी के लिये जगह पैदा की जा सकती है, लेकिन विद्यार्थियों के होस्टल बनाने के लिये जगह नहीं मिल सकती, स्कूल खोलने के लिये जगह नहीं मिल सकती, जनता के वास्ते अस्पताल खोलने की जगह नहीं मिल सकती, रहने के लिये मकान बनाने का जगह नहीं मिल सकती. ज़मीन तो किसी न किसी ज़मींदार की ही है. वह धन चाहता है जनता का फ़ायदा नहीं. सरकार भी तो उसी की है. जो कुछ करेगी उसके फ़ायदे का बचाव करके ही तो करेगी..........."

मेरे मुँह से आवेश में निकल गया—

"जय स्वराज! जय भारत!! जय रिशियों मुनियों की संतान!!!

خوش کرنے کے لئے انہوں نے اس ہوسٹل کو زمین دے دی تھی . لاکھوں روپیہ اِس بھٹی سے کماتے ھیں . ھزاروں کانگریس کو چندہ دے دیتے ھیں . اُن سے بول ھی کون سکتا ھے . آئے دن منسٹروں کی دعوت ھوتی رھتی ھے . بھلا اِن کے خلاف کس کی دال گل سکتی ھے ."

" بھرشٹاچار تمام پھیل گیا ھے' یہ صحیح ھے . لیکن ھائیکورٹ میں تو اپیل ھوسکتی ھے . وھاں تو تم اپنی تندرستی اور سداچار کی دھائی دے کر انصاف مانگ سکتے ھو ." میں نے جیسے اُس کی اڑچن دور کرنے کے لئے زبردست سجھاؤ پیش کرتے ھوئے کہا .

" جی' ضرور ! ھائیکورٹ قانون کے شبدوں کو مانتا ھے' اُس کی آتما کو نہیں . ھوسٹل کے بننے سے پہلے یہ بھٹی یہاں تھی اس لئے اِسے یہاں رھنا چاھئے . غلطی اُن لوگوں کی ھے جنھوں نے یہاں ھوسٹل بنوایا تھا . اِس لئے ھائیکورٹ کا فیصلہ ھوجائے گا کہ اگر آپ چاھیں تو ھوسٹل دوسری جگہ کھسکا لیجئے آپ کو پوری آزادی ھے ...... اور تم جانتے ھو شراب کی بھٹی کے لئے جگہ مل سکتی ھے مندر مسجد بنانے کے لئے جگہ مل سکتی ھے' بناسپتی گھی کی فیکٹری کھولنے کے لئے جگہ مل سکتی ھے' سگریٹ کی فیکٹری کے لئے جگہ پیدا کی جا سکتی ھے' لیکن ودیارتھیوں کے ھوسٹل بنانے کے لئے جگہ نہیں مل سکتی' اسکول کھولنے کے لئے جگہ نہیں مل سکتی' جنتا کے واسطے اسپتال کھولنے کی جگہ نہیں مل سکتی' رھنے کے لئے مکان بنانے کی جگہ نہیں مل سکتی . زمین تو کسی نہ کسی زمیندار کی ھی ھے . وہ دھن چاھتا ھے جنتا کا فائدہ نہیں . سرکار بھی تو اُسی کی ھے . جو کچھ کرے گی اُس کے فائدے کا بچاؤ کر کے ھی تو کرے گی . "

میرے منہ سے آویش میں نکل گیا —

"جے سوراج ! جے بھارت!! جے رشیوں منیوں کی سنتان!!!

बापू से

बापू,

गेहूँ का एक दाना ज़मीन में दफ़न होकर अपने जैसे सैकड़ों हज़ारों पैदा कर लेता है. और हमने यह भी सुन रखा है कि एक पके हुए केले को अगर एक सुतली पर सूंत दिया जाय और फिर उस सुतली को सुखा कर क़ैंची से

باپو سے

باپو'

گیہوں کا ایک دانا زمین میں دفن ھوکر اپنے جیسے سیکڑوں ھزاروں پیدا کرلیتا ھے . اور ھم نے یہ بھی سن رکھا ھے کہ ایک پکے ھوئے کیلے کو اگر ایک سُتلی پر سونت دیا جائے اور پھر اُس سُتلی کو سکھا کر قینچی سے

वह सड़क पर बैठा कै कर रहा था. सामने कोतवाली पर एक सिपाही संगीन से लैस खड़ा था. क़ानून टूट चुका था और वह खड़ा था.......मुजरिम सामने खड़ा था और वह खड़ा देख रहा था. उसकी ख़ता ही क्या है. क़ानून ही कुछ ऐसा है—इस हिन्दुस्तान में सब मन के हाथों मजबूर हैं!

उन के उतरने से एक मुसीबत हल हो गई. मैं ठंडी हवा का मज़ा ले सका. ख़ूब ही सीन हैं. हम सड़कों को पार करते हुए टी. जी. होस्टल पहुँच गए. तेज बहादुर कमरे में नहीं थे. बग़ल वालों से मालूम हुआ वह गोमती किनारे घूमने गए हैं. मैंने उनके कमरे के सामने सामान फेंका और गोमती की तरफ़ चल दिया. सौ गज़ के फ़ासले पर गोमती लहरें मार रही थी. मैं तेज बहादुर तक पहुँच गया हम दोनों गले मिले. मैंने जिज्ञासा से लदे स्वर में पूछा—"क्या गम्भीर मामला है, तेज?"

"मामला तो कोई गम्भीर नहीं है. सिर्फ़ सतीश की शादी होने वाली है. आज ही होगी. तुम्हें वह बुलाना चाहता था. मुझ से तार दिलवा दिया. तुम घबरा तो उठे होगे?"

मैंने उसके कंधे पर हाथ मारते हुए कहा—"धत तेरी की! ऐसा भी कहीं मज़ाक़ किया जाता है."

दरिया का सीन बहुत मोहक था बहाव में तेज़ी थी और लहरों में जवानी की अंगड़ाई. हरियाली किनारे के दोनों तरफ़ थी. यह सुन्दर दृश्य मुझे बहुत भा रहा था. लेकिन शराब की बू हवा में मिल गई थी. मैंने दो चार बार सूँघ कर पता लगाने की कोशिश की कि बू किधर से आ रही है. कुछ पता न लग पाया. फिर तेज से पूछा—"शराब की महक कहाँ से आ रही है तेज?"

"हमारे होस्टल के बिलकुल बग़ल में एक भट्टी है." तेज ने उत्तर दिया.

"लखनऊ में शराब पीने पर तो पाबन्दी है और होस्टल के बग़ल में भट्टी जल रही है. यह दुरंगी हमारी समझ से दूर है." मैंने गम्भीर स्वर में तेज से कहा.

"यह कांगरेस राज है कांगरेस राज." तेज ने व्यंग किया.

"तुम लोग लड़ते क्यों नहीं हो. सरकार से मांग करो के इस भट्टी को बन्द कर दे." मैंने आवेश भरे लहजे में सवाल रखा.

तेज के मुँह पर हलकी सी मुस्कराहट आ गई और उसने कहा—"तुम नहीं जानते कि भट्टी के मालिक बड़े ज़मींदार हैं. यह सारी ज़मीन उन्हीं की है. गवरनर साहब को

وہ سڑک پر بیٹھا قے کر رہا تھا۔ سامنے کوتوالی پر ایک سپاہی سنگین سے لیس کھڑا تھا۔ قانون ٹوٹ چکا تھا اور وہ کھڑا تھا...... مجرم سامنے کھڑا تھا اور وہ کھڑا دیکھ رہا تھا۔ اس کی خطا ہی کیا ہے۔ قانون ہی کچھ ایسا ہے۔ اس ہندوستان میں سب من کے ہاتھوں مجبور ہیں!

ان کے اترنے سے ایک مصیبت حل ہوگئی۔ میں ٹھنڈی ہوا کا مزہ لے سکا۔ خوب ہی سین ہیں۔ ہم سڑکوں کو پار کرتے ہوئے ٹی۔ جی ہوسٹل پہنچ گئے۔ تیج بہادر کمرے میں نہیں تھے۔ بغل والوں سے معلوم ہوا وہ گومتی کنارے گھومنے گئے ہیں۔ میں نے ان کے کمرے کے سامنے سامان پھینکا اور گومتی کی طرف چل دیا۔ سو گز کے فاصلے پر گومتی لہریں مار رہی تھی۔ میں تیج بہادر تک پہنچ گیا۔ ہم دونوں گلے ملے۔ میں نے جگیاسا سے لدے سور میں پوچھا —" کیا گمبھیر معاملہ ہے، تیج؟"

"معاملہ تو کوئی گمبھیر نہیں ہے۔ صرف ستیش کی شادی ہونے والی ہے۔ آج ہی ہوگی۔ تمہیں وہ بلانا چاہتا تھا۔ مجھ سے تار دلوا دیا۔ تم گھبرا تو اٹھے ہوگے؟"

میں نے اس کے کندھے پر ہاتھ مارتے ہوئے کہا —"دھت تیری کی! ایسا بھی کہیں مذاق کیا جاتا ہے"

دریا کا سین بہت موہک تھا۔ بہاؤ میں تیزی تھی اور لہروں میں جوانی کی انگڑائی۔ ہریالی کنارے کے دونوں طرف تھی۔ یہ سندر درشیہ مجھے بہت بھا رہا تھا لیکن شراب کی بو ہوا میں مل گئی تھی۔ میں نے دو چار بار سونگھ کر پتہ لگانے کی کوشش کی کہ بو کدھر سے آ رہی ہے۔ کچھ پتہ نہ لگ پایا۔ پھر تیج سے پوچھا —" شراب کی مہک کہاں سے آ رہی ہے تیج؟"

"ہمارے ہوسٹل کے بالکل بغل میں ایک بھٹی ہے۔" تیج نے اتر دیا۔

"لکھنؤ میں شراب پینے پر تو پابندی ہے اور ہوسٹل کے بغل میں بھٹی جل رہی ہے۔ یہ دورنگی ہماری سمجھ سے دور ہے۔" میں نے گمبھیر سور میں تیج سے کہا۔

"یہ کانگریس راج ہے کانگریس راج۔" تیج نے ویَنگ کیا۔

"تم لوگ لڑتے کیوں نہیں ہو۔ سرکار سے مانگ کرو کہ اس بھٹی کو بند کر دے۔" میں نے آویش بھرے لہجے میں سوال رکھا۔

تیج کے منہ پر ہلکی سی مسکراہٹ آگئی اور اس نے کہا —" تم نہیں جانتے کہ بھٹی کے مالک بڑے زمیندار ہیں۔ یہ ساری زمین انہیں کی ہے۔ گورنر صاحب کو

[द]ेरी मेरे दिमाग़ में उलझन पैदा कर रही थी. मैंने [झुं]झला कर कहा—"बाबा जल्दी भी करो, बैठा भी लो.

उसने दूसरी सवारी को बैठा लिया. अभी कुछ ही क़दम रिक्शा चला होगा कि उन सज्जन ने मेरी तरफ़ अपना मुँह घुमाया और बोले—"आप जानते हैं, मैं कौन हूँ. मैं महाराजा ग्वालियार का 'एयर ऐपरेन्ट' हूँ." मुँह से शराब का भभका निकल रहा था. मुझे शराबी से एक तरह की हमदर्दी है. जब कोई शराब पी लेता है तो वह सच बोलता है. सच शायद बिना नशे के कोई बोलता ही नहीं है. नशे नशे में फ़रक़ जरूर है लेकिन हैं तो सब नशे ही की बातें. लेकिन यह आदमी साफ़ झूट बोल रहा था. यह कोई ग़रीब क्लर्क मालूम हो रहा था. अपनी पत्नी को रुला कर, बच्चों का दूध और खाना छीन कर इसने शराब पी थी. शराब पी थी तो भी यह झूट बोल रहा था. मुझे चिढ़ सी हो गई. मैंने मुँह मोड़ लिया. वह बकवास करता रहा. थोड़ी देर बाद मुझे चुहल सूझी. उसकी तरफ़ मुँह घुमा कर मैंने पूछा—"लखनऊ में तो शराब पीना मना है. आप कहां से चढ़ा कर आ रहे हैं ?"

"जी, लखनऊ में मना है लखनऊ में.......आस पास के गांव में कोई मनाही नहीं है. जब मन चाहता है....... एक दो स्टेशन इधर उधर निकल जाता हूँ.......सैर हो आता हूँ..."

"पुलिस कुछ नहीं करती ? शहर में आप इस तरह पी कर घूम रहे हैं. आप को तो जरूर पकड़ लेना चाहिये." मैंने सवाल किया.

"हाँ गिरफ़्तार तो कर लेना चाहिये......लेकिन ..... लेकिन......पुलिस जो ठहरी......और वह भी स्वराज की पुलिस...... हा हा हा हा......बस जो सामने आया कुछ टिका दिया. सारा मामला ठीक हो जाता है." वह ठहाका लगा लगाकर हंसता रहा. मैं सुकड़ा हुआ नशे में डूबे व्यंग का मज़ा लेता रहा.

ठीक क़ैसर बाग़ पुलिस चौकी के सामने वह सज्जन उतर गए. रिक्शे से उतरते ही उनको क़ै हो गई. अच्छा हुआ रिक्शे पर उनको उलटी नहीं हुई. एक तो क़ै दूसरे शराब की क़ै. दिमाग़ भन्ना उठा. जी चाहा उन को एक चपत लगाऊँ. मैंने ग़ुस्से में कहा—"जब हज़म नहीं कर पाते तो ठकोसते क्यों हो ? अपना पेट काटते हो, ख़ून जलाते हो, दुख सहते हो, सिर्फ़ कम्बख़्त नशे के लिये."

"बात तो ठीक है.......मन को क्या किया जाय !...... मन के हाथों हम सब मजबूर हैं ...... !!"शराबी ने नीचे गरदन किये हुए मुझे उत्तर दिया.

تھا . دیری میرے دماغ میں اُلجھن پیدا کر رہی تھی . میں نے جھنجھلا کر کہا — " بابا جلدی بھی کرو، بیٹھا بھی لو ."

اُس نے دوسری سواری کو بیٹھا لیا . ابھی کچھ قدم ہی رکشا چلا ہوگا کہ اُن سجن نے میری طرف اپنا منہ گھمایا اور بولے — " آپ جانتے ہیں، میں کون ہوں میں مہاراجہ گوالیار کا ' ایرایپرنٹ ' ہوں ." منہ سے شراب کا بھبکا نکل رہا تھا . مجھے شرابی سے ایک طرح کی ہمدردی ہے . جب کوئی شراب پی لیتا ہے تو وہ سچ بولتا ہے . سچ شاید بنا نشے کے کوئی بولتا ہی نہیں ہے . نشے نشے میں فرق ضرور ہے لیکن ہیں تو سب نشے ہی کی باتیں . لیکن یہ آدمی صاف جھوٹ بول رہا تھا . یہ کوئی غریب کلرک معلوم ہو رہا تھا . اپنی پتنی کو رُلاکر، بچوں کا دودھ اور کھانا چھین کر اِس نے شراب پی تھی . شراب پی تھی تو بھی یہ جھوٹ بول رہا تھا . مجھے چڑھ سی ہوگئی . میں نے منہ موڑ لیا . وہ بکواس کرتا رہا . تھوڑی دیر بعد مجھے چہل سوجھی . اُس کی طرف منہ گھما کر میں نے پوچھا —" لکھنؤ میں تو شراب پینا منع ہے . آپ کہاں سے چڑھا کر آ رہے ہیں؟"

" جی، لکھنؤ میں منع ہے لکھنؤ میں .... آس پاس کے گاؤں میں کوئی مناہی نہیں ہے جب من چاہتا ہے .... ایک دو اسٹیشن اِدھر اُدھر نکل جاتا ہوں .... سیر ہو آتا ہوں ..."

" پولیس کچھ نہیں کرتی ؟ شہر میں آپ اِس طرح پی کر گھوم رہے ہیں . آپ کو تو ضرور پکڑ لینا چاہئے ." میں نے سوال کیا .

" ہاں گرفتار تو کر لینا چاہئے ...... لیکن...... لیکن ...... پولیس جو ٹھہری ...... اور وہ بھی سوراج کی پولیس ...... ہا ہا ہا ہا .... بس جو سامنے آیا کچھ ٹکا دیا . سارا معاملہ ٹھیک ہوجاتا ہے ." وہ ٹھہاکا لگا لگا کر ہنستا رہا . میں سکڑا ہوا نشے میں ڈوبے ویَنگ کا مزا لیتا رہا .

ٹھیک قیصر باغ پولیس چوکی کے سامنے وہ سجن اُتر گئے . رکشے سے اُترتے ہی اُن کو قے ہوگئی . اچھا ہوا رکشے پر اُن کو اُلٹی نہیں ہوئی . ایک تو قے دوسرے شراب کی قے . دماغ بھنّا اُٹھا . جی چاہا اُن کو ایک چپت لگاؤں . میں نے غصے میں کہا —" جب ہضم نہیں کر پاتے تو ٹھکوستے کیوں ہو ؟ اپنا پیٹ کاٹتے ہو، خون جلاتے ہو، دکھ سہتے ہو، صرف کمبخت نشے کے لئے ."

" بات تو ٹھیک ہے ...... من کو کیا کیا جائے ! ... من کے ہاتھوں ہم سب مجبور ہیں ...... !!" شرابی نیچے گردن کئے ہوئے مجھے اُتر دیا .

डाक्टर साहब ने बात काट कर कहना शुरू किया—

"अंगरेज़ का ज़माना रह रह के याद करना पड़ता है. मामूली मामूली डाक्टर तीन तीन सौ चार चार सौ की आमदनी कर लेते थे. बिना कहे सुने रुपए मिलते थे. लेकिन आज कल कमबख्तों से मुँह खोल के कहो भी तो कोई नहीं देता. आप तो डाक्टर ही हैं, मैं तो सिविल सर्जन हूँ. लेकिन पहले के मुक़ाबले में कुछ आमदनी नहीं होती. कहीं किसी क़त्ल वग़ैरा के मुक़दमे में मौक़ा भी मिलना है तो किसी न किसी खद्दर धारी को भी शामिल करना पड़ता है...... मैं तो अब साफ़ कह देता हूँ सर्टीफ़िकेट लिखने, ख़तरनाक चोट का सर्टीफ़िकेट वग़ैरा देने का मेरा रेट मुक़र्रर है. खरा काम खरा दाम. किसी के साथ रिआयत नहीं. परसों एक गाँव में लाठी चल गई. एक आदमी की हड्डी टूट गई. मैंने उसकी पारटी वालों से साफ़ कह दिया कि पाँच सौ रुपया दो नहीं तो मैं 'ख़तरनाक' चोट नहीं लिखूँगा. लगे इधर उधर की पट्टी पढ़ाने. मैंने एक भी नहीं सुनी. बिना लिये मैंने क़लम नहीं उठाया."

"हम जैसे छोटों का तो कुछ बस ही नहीं चलता. मुक़दमे वग़ैरा हम तक पहुंचने ही नहीं पाते. ऊपर ही ऊपर सब तय हो जाता है. मरीज़ों से पान फूल के लिये भी कुछ नहीं मिलता. मैं तो बताऊँ साफ़, आप से क्या छिपाना. दवाएँ ब्लैक मार्केट में बिकवा लेता हूं, और पानी रोगियों को देता हूं. लेकिन इतने हिस्सेदार हो जाते हैं कि कोई ख़ास आमदनी नहीं होती."

"आख़िर किया ही क्या जाय. भई कुछ न कुछ अपने और बच्चों के लिये करना ही पड़ेगा. फिर किसी सूरत क्यों न हो. पेट पालना भी कोई जुर्म है.' सिविल सरजन साहब ने डाक्टर साहब की करतूत को ठीक ठहराते हुए कहा.

मेरे मुंह से एक बारगी निकल गया—"जय स्वराज ! जय भारत !! जय महारिशियों की सन्तान !!! "

मेरी आवाज़ से दोनों चौंक पड़े और चुप हो गए. मैंने किताब मुँह पर रखकर करवट बदल ली.

सुबह सुबह गाड़ी लखनऊ पहुंच गई. मेरे पास था ही क्या. झट से स्टेशन से बाहर आया. मेडिकल कालिज जाने के लिये रिक्शा किया. इस समय मैं प्रसन्न था, मेरी उमंग लौट आई थी. ऐसा लग रहा था कि मैंने अपने दोस्त को फाँसी से बचा लिया है, या ख़ुद किसी झूटे इलज़ाम से बरी कर दिया गया हूँ. मैं बेहद ख़ुश था. रिक्शा अभी जगह से हिला भी न था कि पीछे से आवाज़ आई —"रिक्शाख़ाली है ?"

रिक्शे वाले ने पूछा, अगर मैं राज़ी हूँ तो वह यह सवारी भी बैठा ले. उसको पैसे मिल जायँगे. वह अपनी ग़रीबी का रोना रोने लगा. मुझे उस वक़्त तेज तक पहुंचना

انگریز

کا زمانہ رہ رہ کے یاد کرنا پڑتا ہے. معمولی معمولی ڈاکٹر تین تین سو چار چار سو کی آمدنی کر لیتے تھے. بنا کہے سنے روپے ملتے تھے. لیکن آج کل کمبختوں سے منہ کھول کے کہو بھی تو کوئی نہیں دیتا. آپ تو ڈاکٹر ہی ہیں، میں تو سول سرجن ہوں. لیکن پہلے کے مقابلے میں کچھ آمدنی نہیں ہوتی. کہیں کسی قتل وغیرہ کے مقدمے میں موقع بھی ملتا ہے تو کسی نہ کسی کھدر دھاری کو بھی شامل کرنا پڑتا ہے. میں تو اب صاف کہہ دیتا ہوں . سرٹیفکیٹ لکھنے، خطرناک چوٹ کا سرٹیفکیٹ وغیرہ دینے کا میرا ریٹ مقرر ہے. کھرا کام کھرا دام. کسی کے ساتھ رعایت نہیں. پرسوں ایک گاؤں میں لاٹھی چل گئی. ایک آدمی کی ہڈی ٹوٹ گئی. میں نے اس کی پارٹی والوں سے صاف کہہ دیا کہ پانچ سو روپیہ دو نہیں تو میں "خطرناک" چوٹ نہیں لکھوں گا. لگے ادھر ادھر کی پٹی پڑھانے. میں نے ایک بھی نہیں سنی. بنا لئے میں نے قلم نہیں اٹھایا."

"ہم جیسے چھوٹوں کا تو کچھ بس ہی نہیں چلتا. مقدمے وغیرہ ہم تک پہونچنے ہی نہیں پاتے. اوپر ہی اوپر سب طے ہو جاتا ہے. مریضوں سے پان پھول کے لئے بھی کچھ نہیں ملتا. میں تو بتاؤں صاف، آپ سے کیا چھپانا. دوائیں بلیک مارکیٹ میں بکوا لیتا ہوں اور پانی روگیوں کو دیتا ہوں. لیکن اتنے حصے دار ہو جاتے ہیں کہ کوئی خاص آمدنی نہیں ہوتی."

"آخر کیا ہی کیا جائے. بھئی کچھ نہ کچھ اپنے اور بچوں کے لئے کرنا ہی پڑے گا. پھر کسی صورت کیوں نہ ہو. پیٹ پالنا بھی کوئی جرم ہے.' سول سرجن صاحب نے ڈاکٹر صاحب کی کرتوت کو ٹھیک ٹھہراتے ہوئے کہا.

میرے منہ سے یکبارگی نکل گیا — "جے سوراج ! جے بھارت !! جے مہارشیوں کی سنتان !!!"

میری آواز سے دونوں چونک پڑے اور چپ ہو گئے. میں نے کتاب منہ پر رکھ کر کروٹ بدل لی.

صبح صبح گاڑی لکھنؤ پہونچ گئی. میرے پاس تھا ہی کیا. جھٹ سے اسٹیشن سے باہر آیا. میڈیکل کالج جانے کے لئے رکشا کیا. اس سمے میں پرسن تھا، میری امنگ لوٹ آئی تھی. ایسا لگ رہا تھا کہ میں نے اپنے دوست کو پھانسی سے بچا لیا ہے، یا خود کسی جھوٹے الزام سے بری کر دیا گیا ہوں. میں بے حد خوش تھا. رکشا ابھی جگہ سے ہلا بھی نہ تھا کہ پیچھے سے آواز آئی —"رکشا خالی ہے ؟"

رکشے والے نے پوچھا، اگر میں راضی ہوں تو وہ یہ سواری بھی بیٹھا لے. اس کو پیسے مل جائیں گے. وہ اپنی غریبی کا رونا رونے لگا. مجھے اس وقت تیج تک پہونچنا

ही चाहिये, अपनी सरकार होगई है न.' वह बोले—'क्या बात करते हैं दारोग़ा जी आप भी, अब ही तो मौक़ा है हाथ की सफ़ाई का.' मैंने संकोच ज़ाहिर करते हुए कहा —'क्या किया जाय.' वह मुस्करा कर बोले—'ख़ूब धड़ाके से हाथ चलाइये. हम तो हैं ही. कोई ऊँच नीच पड़ेगा तो देखा जायगा. लेकिन......आधा आध रहेगा दारोग़ा जी.' मेरी तो बाछें खिल गईं. यक़ीन मानो एक साल में उस थाने से दस हज़ार रुपये मैंने कमाए थे. सेक्रेटरी साहब के हवाले भी इतना ही कर दिया. अब तो मेरी हिम्मत खुल गई है. जहां जाता हूँ वहां के सबसे असरदार कांगरसी से मामला तय करलेता हूं."

"यही हाल तो अपना भी है दारोग़ा जी ! लेकिन अब तो इन कांगरेसियों का लालच बढ़ता ही जाता है. जियादा से जियादा हिस्सा मांगते हैं. मेहनत करें हम और मुफ़्त का हिस्सा इन को बटाएं. अच्छे आए कहीं के......"

मुझे हंसी आ रही थी और साथ ही ग़ुस्सा भी. लेकिन मैं कर ही क्या सकता था. बात तो सच थी. गाड़ी ने ज़ोर ज़ोर से सीटी देनी शुरू कर दी थी. मैंने दारोग़ा लोगों को उन के हाल पर छोड़ा और सीधा अपने बिस्तरे पर आ गया. कुछ ही देर में गाड़ी रुक गई. यह रायबरेली स्टेशन था. लोग इतनी रात गए भी गाड़ी के लिये यहां खड़े थे. दो साहब मेरे डिब्बे में भी घुस आए. दोनों के साथ काफ़ी सामान था. सफ़ेद पतलून और सफ़ेद क़मीज़ दोनों पहने थे. अन्दर आकर उन्होंने चारों तरफ़ नज़र डाली. कोई जगह ख़ाली नहीं थी. नाक भौं चढ़ा कर उन्होंने फ़र्श पर बिस्तर खोल दिया और मेरी बग़ल में ही दोनों बैठ गए. गाड़ी रायबरेली से चल पड़ी.

मैं किताब पढ़ता रहा और वे दोनों बातें करते रहे. पहले मैंने कोई ध्यान नहीं दिया लेकिन एक जगह कहानी बड़ी डल हो गई. मेरा चित्त वहाँ से हट गया. बिन चाहे ही मेरा ध्यान उनकी बातों की तरफ़ होगया.

"चलते चलाते अच्छी मुलाक़ात होगई. कहीं आने जाने का मौक़ा ही नहीं मिलता जो लोगों से मुलाक़ात हो सके.........."

"क्या कहा जाय डाक्टर साहब. बहुत बुरा ज़माना लगा है. आप तो जानते हैं मैं कितना घुमक्कड़ था. लेकिन उस वक़्त मरीज़ों से आमदनी होती थी, महँगाई भी नहीं थी. हाथ खोलकर ख़र्च करता था. अब तो कोई कमबख़्त पैसे ही नहीं देता. जो है सो मुफ़्त काम लेने की सोचता है. किसी सूरत गाड़ी चली जा रही है. शरीफ़ आदमियों की किसी सूरत इज़्ज़त बची जा रही है........"

ہی چاهئیے' اپنی سرکار هوگئی هے نہ' وہ بولے—'کیا بات کرتے هیں داروغہ جی آپ بھی' اب هی تو موقع هے هاتھ کی صفائی کا'. میں نے سنکوچ ظاهر کرتے هوئے کہا—'کیا کیا جائے.' وہ مسکرا کر بولے—'خوب دھڑاکے سے هاتھ چلائیے هم تو هیں هی . کوئی اونچ نیچ پڑے گا تو دیکھا جائے گا . لیکن......آدھو آدھ رہے گا داروغہ جی.' میری تو باچھیں کھل گئیں . یقین مانو ایک سال میں اُس تھانے سے دس هزار روپئے میں نے کمائے هے . سکریٹری صاحب کے حوالے بھی اتنا هی کردیا . ب تو میری همت کھل گئی هے . جہاں جاتا هوں ہاں کے سب سے اثردار کانگریسی سے معاملہ طے کرلیتا ں."

"یہی حال تو اپنا بھی هے داروغہ جی ! لیکن اب اِن کانگریسیوں کا لالچ بڑھتا هی جاتا هے . زیادہ زیادہ حصہ مانگتے هیں . محنت کریں هم اور ت کا حصہ اِن کو بٹائیں . اچھے آئے کہیں کے....."

مجھے هنسی آرهی تھی اور ساتھ هی غصہ بھی لیکن کر هی کیا سکتا تھا . بات تو سچ تھی . گاڑی زور زور سے سیٹی دینی شروع کردی تھی . میں نے ہ لوگوں کو اُن کے حال پر چھوڑا اور سیدھا اپنے رے پر آگیا . کچھ هی دیر میں گاڑی رک گئی . ئے بریلی اسٹیشن تھا . لوگ اتنی رات گئے بھی کے لئے یہاں کھڑے تھے . دو صاحب میرے ڈبے بھی گھس آئے . دونوں کے ساتھ کافی سامان تھا . پتلون اور سفید قمیض دونوں پہنے تھے . اندر آکر نے چاروں طرف نظر ڈالی . کوئی جگہ خالی تھی . ناک بھوں چڑھا کر اُنھوں نے فرش پر کھول دیا اور میری بغل میں هی دونوں بیٹھ گئے . ائے بریلی سے چل پڑی .

ں کتاب پڑھتا رہا اور وہ دونوں باتیں کرتے رہے . میں نے کوئی دھیان نہیں دیا لیکن ایک جگہ بڑی ڈل هوگئی . میرا چت وہاں سے هٹ گیا . هی میرا دھیان اُن کی باتوں کی طرف هوگیا .

لتے چلاتے اچھی ملاقات هوگئی . کہیں آنے موقع هی نہیں ملتا جو لوگوں سے ملاقات هو .."

کہا جائے ڈاکٹر صاحب . بہت برا زمانہ لگا هے . جانتے هیں میں کتنا گھمکڑ تھا . لیکن اُس ضوں سے آمدنی هوتی تھی' مہنگائی بھی نہیں کھول کر خرچ کرتا تھا . اب تو کوئی کمبخت نہیں دیتا . جو هے سو مفت کام لینے کی . کسی صورت گاڑی چلی جارهی هے . شریف کسی صورت عزت بچی جارهی هے..."

फुसफुसाहट कान में आई. लोगों ने लाइट बुझा दी थी. अंधेरे में मेरा ध्यान उन बातों की तरफ़ गया. पास हम के बिलकुल क़रीब ही कोई दो आदमी बात कर रहे थे. मैं धोती ठीक करने के बहाने वहीं रुक गया और बात सुनने की कोशिश में लग गया. उनकी बातों से मालूम हुआ कि दोनों पुलिस के आदमी हैं. जब दो आदमी एक ही महकमे के मिलते हैं तो अपनी कारगुज़ारियां गिनवाते हैं. बड़े अफ़सरों की बुराई और अच्छाई की चरचा करते हैं, पूरे महकमे का रिविव्यु हो जाता है. वह लोग अपने महकमे के बारे में बे सर पैर की बातें करते रहे. मैं चलने ही वाला था कि मुझे सुनाई पड़ा—

"दारोग़ा जी! अंगरेज़ अंगरेज़ ही था और यह देसी साहब देसी साहब ही हैं. क्या कहने उसके इन्तज़ाम के. क्या शान थी उसकी. भई हम लोगों को तो बादशाह बना गया था बादशाह..... ...."

बात काटते हुए दूसरे ने जवाब दिया—"सच बात तो यह है कि अंगरेज़ ही की देन है जो हम लोगों का कुछ रोब अब तक चला जा रहा है. नहीं तो इन लोगों का बस चले तो हम लोगों को भंगी बना कर छोड़ें. अंगरेज़ हमें शाही सवारी घोड़ा दे गया था, और यह घोड़ा छीन कर मोटर साइकिल दे रहे हैं. यार घोड़ा घोड़ा ही है. मोटर साइकिल का उसका क्या मुक़ाबला. घोड़े पर थानेदार जिधर निकल जाता था लोग रोब से दब जाते थे."

"तभी तो इनके राज में गड़बड़ी फैली है.. ..कोई पुलिस का रोब तो मानता ही नहीं है....बिना पुलिस के किसी ने शान से हुकूमत की है!.....लेकिन दारोग़ा जी, कांगरेस सरकार ही क्या करे. बात इन्साफ़ की कहना चाहिये. क़ानून के हथियारों से उसने तो हम को ख़ूब लैस कर दिया है. अधिकार पर अधिकार हम को देती जाती है. किया क्या जाय, लोगों में ही न जाने कहाँ से हिम्मत आगई है. लाल पगड़ी का कोई रोब ही नहीं मानता. भई रोब का ज़माना तो गया. कमाने के अलबत्ता मौक़े हैं. वह भी सब के लिये नहीं. जो तरकीब जान गया है उसके पौ बारे हैं... ..

"बात तो ईमान की है. कांगरेस में कोई और बुराई हो तो हो लेकिन अपने लोगों को तो काफ़ी मौक़ा हाथ की सफ़ाई के लिये दिया गया है. मैं तो डर गया था. अंगरेज़ के जाते ही मैंने रिशवत से छै महीने के लिये हाथ खींच लिया था. लेकिन भगवान की भी लीला ख़ूब है. एक दिन कांगरेस के सेक्रेटरी साहब मुझ से मिलने आए और अलग ले जाकर बोले—'दारोग़ा जी, कुछ मामला चल नहीं रहा आजकल.' मैंने कहा—'आप लोगों से साहब डर लगता है. और अब हमको अपनी आदत बदल लेनी

ساهٹ کان میں آئی. لوگوں نے لالٹین بجھا دی تھی.
یرے میں میرا دھیان اُن باتوں کی طرف گیا . پاس
کے بالکل قریب ہی کوئی دو آدمی بات کر رہے تھے .
دھوتی ٹھیک کرنے کے بہانے وہیں رک گیا اور بات
کی کوشش میں لگ گیا . اُن کی باتوں سے معلوم
کہ دونوں پولیس کے آدمی ہیں . جب دو آدمی
ہی محکمے کے ملتے ہیں تو اپنی کارگزاریاں
تے ہیں، بڑے افسروں کی برائی اور اچھائی کی
کرتے ہیں پورے محکمے کا ریویو ہوجاتا ہے .
لوگ اپنے محکمے کے بارے میں بے سر پیر کی باتیں
رہے . میں چلنے ہی والا تھا کہ مجھے سنائی پڑا—

"داروغہ جی! انگریز انگریز ہی تھا اور یہ دیسی
صاحب دیسی صاحب ہی ہیں کیا کہنے اُس کے
انتظام کے . کیا شان تھی اُس کی . بھئی ہم لوگوں کو
بادشاہ بنایا گیا تھا بادشاہ...... ......"

بات کاٹتے ہوئے دوسرے نے جواب دیا—"سچ بات
یہ ہے کہ انگریز ہی کی دین ہے جو ہم لوگوں کا کچھ
رعب اب تک چلا جارہا ہے . نہیں تو اِن لوگوں کا
بس چلے تو ہم لوگوں کو بھنگی بناکر چھوڑیں . انگریز
ہمیں شاہی سواری گھوڑا دے گیا تھا، اور یہ گھوڑا چھین
کر موٹر سائیکل دے رہے ہیں . یار گھوڑا گھوڑا ہی ہے .
موٹر سائیکل کا اُس کا کیا مقابلہ . گھوڑے پر تھانیدار
جدھر نکل جاتا تھا لوگ رعب سے دب جاتے تھے."

"تبھی تو اِن کے راج میں گڑبڑی پھیلی ہے ... .
کوئی پولیس کا رعب تو مانتا ہی نہیں ہے......بنا
پولیس کے کسی نے شان سے حکومت کی ہے!......
لیکن داروغہ جی، کانگریس سرکار ہی کیا کرے . بات
انصاف کی کہنا چاہئے . قانون کے ہتھیاروں سے اُس نے
ہم کو خوب لیس کردیا ہے . ادھیکار پر ادھیکار ہم
کو دیتی جاتی ہے . کیا کیا جائے، لوگوں میں ہی نہ
جانے کہاں سے ہمت آگئی ہے . لال پگڑی کا کوئی رعب
ہی نہیں مانتا . بھئی رعب کا زمانہ تو گیا، کمانے کے
البتہ موقعے ہیں . وہ بھی سب کے لئے نہیں . جو
ترکیب جان گیا ہے اُس کے پوبارے ہیں..... "

"بات تو ایمان کی ہے . کانگریس میں کوئی اور
برائی ہو تو ہو لیکن اپنے لوگوں کو تو کافی موقع ہاتھ
کی صفائی کے لئے دیا گیا ہے . میں تو ڈر گیا تھا .
انگریز کے جاتے ہی میں نے رشوت سے چھ مہینے کے لئے
ہاتھ کھینچ لیا تھا . لیکن بھگوان کی بھی لیلا خوب
ہے . ایک دن کانگریس کے سکریٹری صاحب مجھ سے
ملنے آئے اور الگ لے جاکر بولے—'داروغہ جی' کچھ
معاملہ چل نہیں رہا آجکل.' میں نے کہا—'آپ لوگوں
سے صاحب ڈر لگتا ہے. اور اب ہم کو اپنی عادت بدل لینی

विचार ही विचार निकला. देस का यह नक़्शा देखकर मेरे दिल पर तो सांप लोट जाता है. लेकिन क्या करूँ. बूढ़ा हो गया हूँ. कुछ बस भी तो नहीं चलता......स्वराज क्या हुआ मुसीबत आ गई. मैं अगर यह सब जानता तो कभी भी घर बार न उजाड़ता, न जेल जाता, न पुलिस की लाठी खाता. इस भारत के लिये थोड़े ही हमने त्याग किया था."

"मुझे भी कुछ कुछ याद पड़ता है. मैं सोचता हूं मैं भी कितना बेवकूफ़ था उस वक़्त. हर एक से यही सवाल किया करता था. मुझे असल में फ़िकर हो गई थी. तुम्हें याद हो या न याद हो मुझे याद पड़ता है कि मैंने दूसरे दिन फिर पूछा था कि भई स्वराज के बाद आख़िर होगा क्या.........?"

पंडित जी बात काट कर बोल उठे—"ख़ूब याद है ख़ाँ साहब! आप के बार बार पूछने से मुझे भी चिन्ता हो गई थी. मैंने आप को फिर समझाया था कि जब स्वराज हो जायगा तो देस भर में दूध और घी न बिकने पाएगा. सबके घर में भैंस गाय होंगी. बाहर से कोई ख़रीदेगा ही नहीं. दूध घी का रेला पेला होगा. सचमुच ही भारत में दूध की नदियाँ बहेंगी. तुम ने फिर पूछा था ख़ाँ साहब कि अगर किसी का जानवर तुड़ा गया तो क्या होगा? मैंने कहा था तुम भी ख़ाँ साहब अजीब आदमी हो. एक के यहाँ कुछ कमी होगी तो दूसरे के यहाँ से सौग़ात में आ जाएगा. मिल जुल कर सब का काम चलेगा. लेकिन यार कुछ भी न हुआ, कोई बात भी तो सच्ची होती. जो कुछ हुआ सब उलटा ही हुआ......"

"लेकिन पंडित इतना तो जरूर हुआ कि देश में दूध घी बिकना सचमुच बन्द हो गया." ख़ाँ साहब ने व्यंग भरे स्वर में कहा.

"हाँ भई हुआ तो कुछ ज़रूर ही! यह दूसरी बात है कि वह नहीं हुआ जो कि होना चाहिये था." पंडित जी ने एक ठहाका लगाया. दोनों की ऊँची हंसी डिब्बे में गूँज रही थी. भारत के स्वराज का मज़ाक़ उड़ा रही थी. चुनौती दे रही थी. मैं इस चुनौती पर सोच रहा था, शायद सारा भारत सोच रहा था. मैं इन पुराने त्यागियों के स्वराज पर सोचता रहा, नए नेताओं के स्वराज पर सोचता रहा. मेरे सामने भारत का एक ही रुख़ आ खड़ा हुआ था. भारत में ख़ुशहाली महज़ बकवास है, सुख सम्पन्नता महज़ सपना. लेकिन चोर बाज़ारी, लूट, जोंकपन, रिश्वत, बदमाशी, चालबाज़ी, ज़ुल्म अत्याचार सच्ची बातें हैं. आज के भारत की बातें हैं, आज़ाद भारत की बातें हैं. मैं उसी रुख़ पर सोच रहा था. और उसी सोच में न जाने कब सोगया.

रात को एक बार पेशाब करने के लिये उठा और बाथ रूम से लौट रहा था कि रात के सन्नाटे में कुछ

وچاروں وچار نکلا. دیس کا یہ نقشہ دیکھکر میرے دل پر تو سانپ لوٹ جاتا ہے . لیکن کیا کروں . بوڑھا ہوگیا ہوں . کچھ بس بھی تو نہیں چلتا......سوراج کیا ہوا مصیبت آگئی. میں اگر یہ سب جانتا تو کبھی بھی گھر بار نہ اجاڑتا، نہ جیل جاتا، نہ پولیس کی لاٹھی کھاتا . اس بھارت کے لئے تھوڑے ہی ہم نے تیاگ کیا تھا ."

"مجھے بھی کچھ کچھ یاد پڑتا ہے . میں سوچتا ہوں میں بھی کتنا بیوقوف تھا اس وقت . ہر ایک سے یہی سوال کیا کرتا تھا . مجھے اصل میں فکر ہوگئی تھی . تمہیں یاد ہو یا نہ یاد ہو مجھے یاد پڑتا ہے کہ میں نے دوسرے دن پھر پوچھا تھا کہ بھئی سوراج کے بعد آخر ہوگا کیا......؟"

پنڈت جی بات کاٹ کر بول اٹھے—"خوب یاد ہے خاں صاحب! آپ کے بار بار پوچھنے سے مجھے بھی چنتا ہوگئی تھی. میں نے آپ کو پھر سمجھایا تھا کہ جب سوراج ہوجائیگا تو دیس بھر میں دودھ اور گھی نہ بکنے پائے گا . سب کے گھر میں بھینس گائے ہونگی. باہر سے کوئی خریدیگا ہی نہیں دودھ گھی کا ریلا پیلا ہوگا . سچ مچ ہی بھارت میں دودھ کی ندیاں بہیں گی . تم نے پھر پوچھا تھا خاں صاحب کہ اگر کسی کا جانور تڑا گیا تو کیا ہوگا ؟ میں نے کہا تھا تم بھی خاں صاحب عجیب آدمی ہو . ایک کے یہاں کچھ کمی ہوگی تو دوسرے کے یہاں سے سوغات میں آجائے گا . مل جل کر سب کا کام چلے گا . لیکن کچھ بھی نہ ہوا، کوئی بات بھی تو سچی ہوتی . جو کچھ ہوا سب الٹا ہی ہوا......"

"لیکن پنڈت اتنا تو ضرور ہوا کہ دیش میں دودھ گھی بکنا سچ مچ بند ہوگیا." خاں صاحب نے ویَنگ بھرے سور میں کہا .

"ہاں بھئی ہوا تو کچھ ضرور ہی ! یہ دوسری بات ہے کہ وہ نہیں ہوا جو کہ ہونا چاہئے تھا ." پنڈت جی نے ایک ٹھہاکا لگایا . دونوں کی اونچی ہنسی ڈبے میں گونج رہی تھی . بھارت کے سوراج کا مذاق اڑا رہی تھی. چنوتی دے رہی تھی. میں اس چنوتی پر سوچ رہا تھا شاید سارا بھارت سوچ رہا تھا . میں ان پرانے تیاگیوں کے سوراج پر سوچتا رہا، نئے نیتاؤں کے سوراج پر سوچتا رہا . میرے سامنے بھارت کا ایک ہی رخ آ کھڑا ہوا تھا . بھارت میں خوشحالی محض بکواس ہے، سکھ سمپنتا محض سپنا . لیکن چور بازاری، لوٹ، جونک پن، رشوت، بدمعاشی، چالبازی، ظلم اتیاچار سچی باتیں ہیں، آج کے بھارت کی باتیں ہیں، آزاد بھارت کی باتیں ہیں . میں اسی رخ پر سوچ رہا تھا . اور اسی سوچ میں نہ جانے کب سوگیا .

رات کو ایک بار پیشاب کرنے کے لئے اٹھا . باتھ روم سے لوٹ رہا تھا کہ رات کے سناٹے میں کچھ

पर खिंच गईं और आवाज़ में ज़रा आवेश भर गया और उन्होंने फिर बात शुरू की—"लेकिन आज सारे सपने टूट गए.......हम ने तुमने जिसके लिये क़ुरबानी की थी वह भारत कहीं दिखाई ही नहीं पड़ता.'' बूढ़े पंडित ने फिर एक ठंडी सांस खींची और किसी विचार में खो गए.

खाँ साहब भी दुखी मालूम पड़ रहे थे. शायद वह भी किसी बीते दिन की याद ताज़ा कर रहे थे. मैं उनकी तरफ़ टकटकी बांधे देख रहा था. उनकी बुढ़ाई के पास मेरी जवानी को देने के लिये बहुत कुछ था. मैं लेना चाहता था. उनकी उमर मैं लेना नहीं चाहता था, मैं उनका अनुभव लेना चाहता था, उनकी लगन और क़ुरबानी लेना चाहता था, उनका भाई चारा और प्रेम लेना चाहता था. लेकिन जवानी के पास देने को क्या था—फूट, स्वार्थ, चाल बाजी और द्वेश—मेरी आंख उनसे एक बार मिली और शरम से किताब के पन्नों में गड़ गई.

डिब्बे में सन्नाटा था. सब पर नींद अपना जादू फेर रही थी. पंखों की भन भन ज़रूर कानों में आती थी. फिर भी पूरी शान्ति फैली हुई थी.

"पंडितजी, नैनी जेल में एक दिन खाना खाते वक़्त की बात याद है न ?''

"हां, हां, खाँ साहब ! मेरे लिये तो वह कल की सी बात है. आप का उस दिन का सवाल भी मुझे याद है. उस समय तो मैं आप पर हंसा था. लेकिन अब सोचता हूँ कितना मौक़े का वह सवाल था."

"मेरी याददाश्त इतनी कमज़ोर हो गई है कि कुछ याद ही नहीं रहता. बताओ तो पंडित क्या बात थी. भई अब ज़िन्दगी में रह ही क्या गया है. बुझते चिराग़ हैं हम लोग. यही मिल बैठ के पिछले दिनों की याद के सहारे तो चले जा रहे हैं."

"तुम चिन्ता में डूबे हुए आए उस दिन. उदास बैठ गए. फिर झट से पूछ बैठे कि स्वराज में क्या होगा ? सब लोग हंस पड़े. मैंने भी मन ही मन सोचा था कि खाँ साहब भी क्या बेवक़ूफ़ आदमी हैं. लेकिन तुम्हारी चिन्ता देखकर मेरी हिम्मत मज़ाक़ उड़ाने की नहीं हुई. मैंने तुमसे कहा था, भई जब स्वराज हो जायगा तो हमारे यहां अनाज और कपड़े की बिलकुल कमी न रह जायगी. सब को काफ़ी कपड़ा मिलेगा. अनाज की रेल पेल होगी. कोई भूका नंगा न रह पायगा. हमारे देश में कमी ही किस बात की है. यह तो सब अंगरेज़ की लूट है जो हम पर ग़रीबी का राज है. स्वराज मिलते ही हम अनाज और कपड़े के मालिक ख़ुद हो जायेंगे. अपनी ज़रूरत पूरी किये बिना दमड़ी की भी चीज़ बाहर न जाने पायगी. लेकिन खाँ साहब, वह सब

پر کھنچ گئیں اور آواز میں ذرا آویش بھر گیا اور انہوں نے پھر بات شروع کی—" لیکن آج سارے سپنے ٹوٹ گئے ۔ ... ہم نے تم نے جس کے لئے قربانی کی تھی وہ بھارت کہیں دکھائی ہی نہیں پڑتا ۔" بوڑھے پنڈت نے پھر ایک ٹھنڈی سانس کھینچی اور کسی وچار میں کھو گئے۔

خاں صاحب بھی دکھی معلوم پڑ رہے تھے ۔ شاید وہ بھی کسی بیتے دن کی یاد تازہ کر رہے تھے ۔ میں ان کی طرف ٹکٹکی باندھے دیکھ رہا تھا ۔ ان کی بڑھائی کے پاس میری جوانی کو دینے کے لئے بہت کچھ تھا ۔ میں لینا چاہتا تھا ان کی عمر میں لینا نہیں چاہتا میں ان کا انوبھو لینا چاہتا تھا ان کی لگن اور قربانی لینا چاہتا تھا ان کا بھائی چارہ اور پریم لینا چاہتا تھا ۔ لیکن جوانی کے پاس دینے کو کیا تھا — پھوٹ سوارتھ چالبازی اور دویش — میری آنکھ ان سے ایک بار ملی اور شرم سے کتاب کے پنوں میں گڑ گئی

ڈبے میں سناٹا تھا سب پر نیند اپنا جادو پھیر رہی تھی ۔ پنکھوں کی بھن بھن ضرور کانوں میں آتی تھی ۔ پھر بھی پوری شانتی پھیلی ہوئی تھی ۔

" پنڈت جی ' نینی جیل میں ایک دن کھانا کھاتے وقت کی بات یاد ہے نہ ؟"

"ہاں ' ہاں ' خاں صاحب ! میرے لئے تو وہ کل کی سی بات ہے ۔ آپ کا اس دن کا سوال بھی مجھے یاد ہے ۔ اس سمے تو میں آپ پر ہنسا تھا ۔ لیکن اب سوچتا ہوں کتنا موقع کا وہ سوال تھا ۔"

" میری یاد داشت اتنی کمزور ہوگئی ہے کہ کچھ یاد ہی نہیں رہتا ۔ بتاؤ تو پنڈت' کیا بات تھی ۔ بھئی اب زندگی میں رہ ہی کیا گیا ہے ۔ بجھتے چراغ ہیں ہم لوگ ۔ یہی مل بیٹھ کے پچھلے دنوں کی یاد کے سہارے تو چلے جا رہے ہیں ۔"

" تم چنتا میں ڈوبے ہوئے آئے اس دن ۔ اداس بیٹھ گئے ۔ پھر جھٹ سے پوچھ بیٹھے کہ سوراج میں کیا ہوگا ؟ سب لوگ ہنس پڑے ۔ میں نے بھی من ہی من سوچا تھا کہ خاں صاحب بھی کیا بیوقوف آدمی ہیں ۔ لیکن تمہاری چنتا دیکھکر میری ہمت مذاق اڑانے کی نہیں ہوئی ۔ میں نے تم سے کہا تھا' بھئی جب سوراج ہوجائے گا تو ہمارے یہاں اناج اور کپڑے کی بالکل کمی نہ رہ جائے گی ۔ سب کو کافی کپڑا ملے گا ۔ اناج کی ریل پیل ہوگی ۔ کوئی بھوکا ننگا نہ رہ پائے گا ۔ ہمارے دیش میں کمی ہی کس بات کی ہے یہ تو سب انگریز کی لوٹ ہے جو ہم پر غریبی کا راج ہے ۔ سوراج ملتے ہی ہم اناج اور کپڑے کے مالک خود ہوجائیں گے ۔ اپنی ضرورت پوری کئے بنا دمڑی کی بھی چیز باہر ... خاں صاحب' وہ سب

मिली जुली इनसानी आवाज़ मेरे कानों में गूँज उठी—
जय गंगा माई की !"

पुल पर से जब गाड़ी गुज़रती है, देश का कुछ न
कुछ धन ज़रूर इस नदी के पेटे में दफ़न कर दिया जाता है.
नदियां भी कितनी भागवान हैं. नील हो या गंगा या कोई
और जल धारा, सभी का भाग अच्छा है. इनसान किस किस
तरह इनकी पूजा करता रहा है. आज भी वह इनकी
पूजा करता है. पेट काटता है, भूकां मरता है, दुख
सहता है, लेकिन गंगा के पेट में कुछ न कुछ ज़रूर
सिरा देता है. काश इसके आधा भी इनसान इनसान की
पूजा कर सके, मानवता की भक्ति कर सके ! लेकिन
देवताओं को फिर कौन पूछेगा, उनकी पूजा कौन करेगा,
उनकी इच्छा कौन पूरी करेगा यही तो ट्रेजडी है ! मैंने मन से
सवाल किया —आख़िर यह लोग क्यों अपना धन इस तरह
ख़राब करते हैं ? मेरे मन ने उनकी तरफ़ से उत्तर दिया—
मन के हाथों मजबूर हैं—इन्हें रोशनी की ज़रूरत है, इनकी
आत्मा को विकास की ज़रूरत है.

एकाएक धक्के के साथ गाड़ी रुक गई. मैं भी यथार्थ
वातावरन में लौट आया. इधर उधर नज़र डाली. दो
आदमी मेरी बग़ल वाली सीटों पर आमने सामने बैठे थे.
दोनों बूढ़े थे, दोनों नंगे सर थे, दोनों के मुंह पर रोब छाया
हुआ था. हड्डी की चौड़ाई और बुढ़ापे में सुरख़ी साफ़ बता
रही थी कि ज़रूर उन्नीसवीं सदी के माडल हैं. पांच सेर
का घी खाने वालों की ऐसी शकल होती थी. अब तो ऐसी
शकलें अजायब घर की चीज़ें हैं. भाग से ही कहीं देखने
को मिल जाती हैं. मैंने उन पर आँखें गड़ा दीं. उनके
पहनावे उढ़ावे, शकल सूरत और हाव भाव में कोई ख़ास
अन्तर नहीं था. सन-सी सफ़ेद दाढ़ियां दोनों के चेहरों पर
पंखे की हवा से लहरा रही थीं. मैं उस समय तक कुछ न
जान सका कि वह कौन हैं और क्या हैं जब तक उन्होंने
ख़ुद ही बात करनी शुरू न कर दी—

"कहो, पण्डित ! जेल की पहली मुलाक़ात याद है न ?"
"जीवन के अंग को कभी भुलाया भी जा सकता है
ख़ाँ साहब. क्या ज़माना था वह भी और हम लोग भी
क्या थे." बूढ़े पण्डित ने ठंडी सांस लेते हुए कहा और इस
तरह की मुद्रा बनाई जैसे सारा अतीत उनके सामने एक
बार नाच गया हो.

कुछ देर चुप रहने के बाद ख़ाँ साहब ने फिर कहा—
"आज जब मैं उस वक़्त की बातों को याद करता हूँ तो
हंसी आती है पंडित जी. ज़माना ही बिलकुल बदल गया."
[illegible] की बातें हो गईं. हम लोग क्या
[illegible] " तब

ملی جلی انسانی آواز میرے کانوں میں گونج اٹھی—"جے
گنگا مائی کی !"

پل پر سے جب گاڑی گزرتی ہے، دیش کا کچھ نہ کچھ
دھن ضرور اِس ندی کے پیٹے میں دفن کردیا جاتا ہے.
ندیاں بھی کتنی بھاگوان ہیں. نیل ہو یا گنگا یا کوئی
اور جل دھارا، سبھی کا بھاگ اچھا ہے. انسان کس
کس طرح اِن کی پوجا کرتا رہا ہے. آج بھی وہ اِن کی
پوجا کرتا ہے. پیٹ کاٹتا ہے، بھوکوں مرتا ہے، دکھ
سہتا ہے، لیکن گنگا کے پیٹ میں کچھ نہ کچھ ضرور
سرا دیتا ہے. کاش اِس کے آدھا بھی انسان انسان کی
پوجا کرسکے، مانوتا کی بھکتی کرسکے ! لیکن دیوتاؤں
کو پھر کون پوچھے گا، اُن کی پوجا کون کرے گا، اُن کی
اِچھا کون پوری کرے گا ! یہی تو ٹریجیڈی ہے. میں
نے من سے سوال کیا—آخر یہ لوگ کیوں اپنا دھن اِس
طرح خراب کرتے ہیں ؟ میرے من نے اُن کی طرف سے
جواب دیا—من کے ہاتھوں مجبور ہیں—اِنہیں روشنی کی
ضرورت ہے، اِن کی آتما کو وکاس کی ضرورت ہے.

یکایک ایک دھکے کے ساتھ گاڑی رک گئی. میں بھی
یتھارتھ واتاورن میں لوٹ آیا. اِدھر اُدھر نظر ڈالی. دو
آدمی میری بغل والی سیٹوں پر آمنے سامنے بیٹھے تھے.
دونوں بوڑھے تھے، دونوں ننگے سر تھے، دونوں کے منہ پر
رعب چھایا ہوا تھا. ہڈی کی چوڑائی اور بڑھاپے میں
سرخی صاف بتا رہی تھی کہ ضرور انیسویں صدی کے
ماڈل ہیں. پانچ سیر کا گھی کھانے والوں کی ایسی شکل
ہوتی تھی. اب تو ایسی شکلیں عجائب گھر کی چیزیں ہیں
. بھاگ سے ہی کہیں دیکھنے کو مل جاتی ہیں. میں
نے اُن پر آنکھیں گڑا دیں. اُن کے پہناوے اڑھاوے، شکل
صورت اور ہاو بھاو میں کوئی خاص انتر نہیں تھا. سن سی
سفید ڈاڑھیاں دونوں کے چہروں پر پنکھے کی ہوا سے لہرا
رہی تھیں. میں اس سمے تک کچھ نہ جان سکا کہ وہ
کون ہیں اور کیا ہیں جب تک انہوں نے خود ہی بات
شروع نہ کر دی—

"کہو، پنڈت ! جیل کی پہلی ملاقات یاد ہے نہ ؟"
"جیون کے انگ کو کبھی بھلایا بھی جا سکتا ہے
خاں صاحب. کیا زمانہ تھا وہ بھی اور ہم لوگ بھی کیا
تھے." بوڑھے پنڈت نے ٹھنڈی سانس لیتے ہوئے کہا اور
اِس طرح کی مدرا بنائی جیسے سارا اتیت اُن کے سامنے
ایک بار ناچ گیا ہو.

کچھ دیر چپ رہنے کے بعد خاں صاحب نے پھر کہا—
"آج جب میں اُس وقت کی باتوں کو یاد کرتا ہوں تو
ہنسی آتی ہے پنڈت جی. زمانہ ہی بالکل بدل گیا."
"تو پرلوک کی باتیں ہوگئیں. ہم لوگ کیا
تھے، کیا سپنے دیکھتے تھے. لیکن ......"
آنکھوں سے [illegible]

कहना चाहते हैं?" उनकी मुद्रा से गुस्सा और चुनौती का पता चल रहा था.

"मैं कुछ नहीं कहूँगा. आप ही सोचिये. मैं क़ानून की बात नहीं करता. सिर्फ़ भाई-चारे के नाते कहता हूँ......"

"आप क्या चाहते हैं, साफ़ साफ़ क्यों नहीं कहते ?" झल्लाहट भरे स्वर में उन सज्जन ने सवाल किया.

"मैं क़ानून की बात नहीं करता हूँ. सिर्फ़ सदाचार की निगाह से......"

"आपका मतलब है कि हम चार बर्थ छोड़ दें."

"जैसा आप ठीक समझें. मैंने कहा न कि मैं क़ानून की बात नहीं कर रहा हूँ. सिर्फ़ आपके भाईचारे और न्याय से अपील कर रहा हूँ. आप जो ठीक समझिये कीजिये. मैं कुछ कह नहीं रहा हूँ. माफ़ कीजियेगा मैं आप से कह भी कैसे सकता हूँ. आप ही विचार कीजिये. आप लोग तो जनता के आदमी हैं. आपको तो कष्ट उठाकर लोगों को आराम पहुँचाना चाहिये... ..माफ़ कीजियेगा मैं कुछ कहता नहीं हूँ. जो आप ठीक समझें. देखिये न एक मुसाफ़िर को बैठने तक के लिये सीट नहीं है. उसने पैसे ख़र्च किये हैं और आप ढाई टिकट में आधे डिब्बे पर क़ब्ज़ा जमाए हैं. आप ही सोचिये न."

"जैसा आप कहिये." खद्दर धारी सज्जन के स्वर से लज्जा टपक रही थी.

"मैं कुछ नहीं कहूँगा. जो आपका सदाचार और भाई चारा कहे !" अब टिकट कलक्टर की आवाज़ में व्यंग भर गया था.

मुझे इस बात चीत से दिलचस्पी पैदा हो गई. एक टिकट कलक्टर एक खद्दर धारी के सदाचार और उसके इन्साफ़ से अपील कर रहा था. उसके मन को, उसकी आत्मा को जीतने की कोशिश कर रहा था. लेकिन खादी के खोल के नीचे आत्मा नहीं थी, अधिकार था, स्वार्थ था. कांगरेसी सज्जन ने चादर खोलकर ओढ़ ली और चुप हो गए. उनका वह मौन उत्तर था—"बकवास बन्द करो, हम लाखों को रोज़ यह पाठ पढ़ाते हैं, इन चीज़ों से लोगों को ख़ूब बेवक़ूफ़ बनाते हैं, तुम चले हो हमारा ही जादू हम पर आज़माने." टिकट कलक्टर उनकी इस बेशरमी पर चकित खड़ा रहा. उसके चेहरे पर एक कटीली मुस्कराहट थी और उस मुस्कराहट में छिपा हुआ मेरे लिये एक संदेश.

न जाने कब तक मैं खोया रहता कि गाड़ी फाफामऊ के पुल पर आ गई. लगा शोर मचने. मैंने आंख बन्द कर ली, कानों में उंगली ठूँस लीं. मन ही मन कोसने लगा—कमबख़्त यह शोर ख़तम भी हो—इस शोर में

کہنا چاہتے ہیں؟" اُن کی مدرا سے غصہ اور چنوتی کا پتہ چل رہا تھا۔

"میں کچھ نہیں کہونگا۔ آپ ہی سوچئے۔ میں قانون کی بات نہیں کرتا۔ صرف بھائی چارے کے ناتے کہتا ہوں......"

"آپ کیا چاہتے ہیں، صاف صاف کیوں نہیں کہتے؟" جھلاہٹ بھرے سور میں اُن سجن نے سوال کیا۔

"میں قانون کی بات نہیں کرتا ہوں۔ صرف سداچار کی نگاہ سے......"

"آپ کا مطلب ہے کہ ہم چار برتھ چھوڑ دیں۔"

"جیسا آپ ٹھیک سمجھیں۔ میں نے کہا نہ کہ میں قانون کی بات نہیں کر رہا ہوں۔ صرف آپ کے بھائی چارے اور نیائے سے اپیل کر رہا ہوں۔ آپ جو ٹھیک سمجھئے کیجئے۔ میں کچھ کہہ نہیں رہا ہوں۔ معاف کیجئے گا میں آپ سے کہہ بھی کیسے سکتا ہوں۔ آپ ہی وچار کیجئے۔ آپ لوگ تو جنتا کے آدمی ہیں۔ آپ کو تو کشٹ اٹھا کر لوگوں کو آرام پہونچانا چاہئے...... معاف کیجئے گا میں کچھ کہتا نہیں ہوں۔ جو آپ ٹھیک سمجھیں۔ دیکھئے نہ ایک مسافر کو بیٹھنے تک کے لئے سیٹ نہیں ہے۔ اُس نے پیسے خرچ کئے ہیں اور آپ ڈھائی ٹکٹ میں آدھے ڈبے پر قبضہ جمائے ہیں۔ آپ ہی سوچئے نہ۔"

"جیسا آپ کہئے۔" کھدر دھاری سجن کے سور سے لجا ٹپک رہی تھی۔

"میں کچھ نہیں کہونگا۔ جو آپ کا سداچار اور بھائی چارہ کہے!" اب ٹکٹ کلکٹر کی آواز میں وینگ بھر گیا تھا۔

مجھے اِس بات چیت سے دلچسپی پیدا ہوگئی۔ ایک ٹکٹ کلکٹر ایک کھدر دھاری کے سداچار اور اُس کے انصاف سے اپیل کر رہا تھا۔ اس کے من کو، اُس کی آتما کو جیتنے کی کوشش کر رہا تھا۔ لیکن کھادی کے جھول کے نیچے آتما نہیں تھی، ادھیکار تھا، سوارتھ تھا۔ کانگریسی سجن نے چادر کھول کر اوڑھ لی اور چپ ہوگئے۔ اُن کا یہ مون اُتر تھا "بکواس بند کرو، ہم لاکھوں کو روز یہ پاٹھ پڑھاتے ہیں، اِن چیزوں سے لوگوں کو خوب بیوقوف بناتے ہیں، تم چلے ہو ہمارا ہی جادو ہم پر آزمانے۔" ٹکٹ کلکٹر اُن کی اِس بے شرمی پر چکت کھڑا رہا۔ اُس کے چہرے پر ایک کٹیلی مسکراہٹ تھی اور اُس مسکراہٹ میں چھپا ہوا میرے لئے ایک سندیش۔

نہ جانے کب تک میں کھویا رہتا کہ گاڑی پھاپھامئو کے پل پر آگئی۔ لگا شور مچنے۔ میں نے آنکھ بند کر لی، کانوں میں انگلی ٹھونس لی۔ من ہی من کوسنے لگا—کمبخت یہ شور ختم بھی ہو— اِس شور میں

گئے ہیں اور بہت سے فرعونوں کے دربار اور انکے زمانے کے
سازوسامان بھی ملے ہیں جن کے دیکھنے سے صاف پتہ
چلتا ہے کہ مصر کی پرانی تہذیب اور وچار بھارت کی
پرانی تہذیب اور وچاروں سے بہت کچھ ملتے جلتے تھے ۔
خود اہرامات کی کہانی میں اس کے بہت سے ثبوت ملتے
ہیں ۔ ان اہرامات کی تعمیر آواگون کے فلسفے کی بنا پر
ہوئی تھی ۔ مصر کے پرانے پنڈتوں کا عقیدہ تھا کہ
آدمی مرتا نہیں بلکہ صرف قالب یعنی شریر بدل دیتا
ہے ۔ پھر ایک زمانے کے بعد وہ اس سنسار میں پھر سے
جنم لیتا ہے ۔ جنم لیتے وقت اگر اس کا پرانا قالب
کسی طرح محفوظ رہ جائے تو جنم لینے والا پھر اپنی
پہلی شان شوکت سے جنم لے گا ۔ اسی فلسفے کے کارن
بڑے لوگوں اور راجاؤں کی لاشیں ہمیشہ تک محفوظ
رکھنے کے لئے بہت جتن کئے گئے ۔ ممی تیار کی گئی
اور پہاڑ ایسے مقبرے بنائے گئے جو آندھی پانی، باڑھ اور
بھونچال سے بھی بچے رہ سکے ۔ اس میں شک نہیں کہ
مصریوں کی یہ پرانی عمارتیں جوں کی توں ابتک کھڑی
ہیں اور اسی طرح فرعونوں کی لاشیں بھی پانچ پانچ
ہزار برس سے رکھی ہیں ۔ اس زمانے سے اس زمانے تک
مصر میں بہت سے انقلاب ہوئے، بے شمار شاہنشاہیتیں
وجود میں آئیں اور مٹ گئیں مگر فرعون کے سمے کی
یہ [illegible] تک موجود ہیں ۔

[illegible] جس طرح گنگا جمنا کو پوتر مانتے
[illegible] رتے ہیں مصر کے پرانے باسی بھی
[illegible] پاک) مانتے اور اسکی پوجا کرتے
[illegible] کے لئے مصری ہر سال
[illegible] کی باڑھ کا زمانہ ہوتا
[illegible] یہاں کے کمبھ کے میلے
[illegible] دوان، راجا، پرجا
[illegible] ہوتا تھا اور
[illegible] ہیں ۔ ہیرو
[illegible] سے اشلوک اور
[illegible] ایک سندر سے سندر
[illegible] جو مہا رانی کی طرح
بہت [illegible] کے ساتھ جشن میں گھمائی
جاتی تھی ۔ [illegible] کپڑے اور زیور پہنائے جاتے تھے ۔
رنگا رنگ پھولوں [illegible] ہار اس کے گلے میں ڈالے جاتے تھے ۔
اس کا بہت شاندار جلوس نکلتا تھا ۔ جلوس میں کنیا
تو رتھ پر بیٹھتی تھی اور راجا پیدل اس رتھ کے آگے آگے سلامی
دیتا ہوا چلتا تھا ۔ راجا کے ارد گرد اس کے سب منتری

अलग अलग शक्तियों को समझ कर उन्हें ज्ञान, भक्ति या कर्म की तरफ़ लगायें और दुनिया भर के तालीम देने वालों का फ़र्ज़ है कि वह लड़कों और लड़कियों के अलग अलग स्वभाव को समझ कर उन्हें इनसानी समाज का ज्ञान बढ़ाने या कला और कलचर को तरक़्क़ी देने या अपने अमल से पेशों और दस्तकारियों को बढ़ाने और तरक़्क़ी देने की तरफ़ लगायें. यही मानव धर्म यानी मज़हबे इनसानियत का रास्ता है.*

मौलाना अब्दुल्ला मिस्री का ख़त—क़ाहिरा से

प्यारे पंडित सुन्दरलाल—आदाब, तसलीमात, नमस्ते और सब कुछ × × × × मुझे तो अपने देस की हर चीज़ सुन्दर मालूम होती है. गंगा जमना, काशी, मथुरा, वृन्दावन कितने सुन्दर नाम हैं. फिर 'भारत माता' और 'जन्ता' 'भोली भाली देवियाँ' और 'ज्ञानी ध्यानी' 'देवी देवता' सभी तो सुन्दर हैं. सभी तो मनमोहन. आदमी पाप भी करता है और पुन भी, संसार में उजाला भी है और अंधेरा भी. सुख दुख की इस धरती में पाप और पुन दोनों का पाया जाना क़ुदरती है. अगर पाप न हो तो यह संसार स्वर्ग बन कर ख़त्म हो जाय. अगर पुन न हो तो निरा नरक ही नरक. हमें पापियों के साथ ज़ियादा प्रेम करना चाहिये क्योंकि वह कम बुद्धि रखने की वजह से ज़ियादा प्रेम के हक़दार हैं. जैसे बंजर ज़मीन ज़ियादा जल और खाद की हक़दार होती है.

मैं यह ख़त क़ाहिरा (मिस्र) से लिख रहा हूं. इतिहास से मालूम होता है कि यह देस भी हमारे देस की तरह धरती का एक बहुत पुराना देस है. यहाँ के बादशाहों—फ़िरऔनों के मक़बरे, जिन को इस देस वाले अहरामात और फ़िरंगी लोग पेरामिड कहते हैं, पाँच छै हज़ार बरस की तारीख़ बताते हैं और इतिहास के कुछ विद्वान उन्हें और भी पुराना बताते हैं. फ़िरऔन यहाँ के बसने वालों की पुरानी भाषा में राजा महाराजा या बादशाह को कहते थे. मिस्र के उस पुराने ज़माने की संस्कृति, रहन सहन, सोच बिचार और धरम करम भारत के पुराने लोगों की उन चीज़ों से बहुत कुछ मिलते जुलते थे. मूर्ति पूजा मिस्र

*ज़ियादा जानकारी के लिये लेखक की अंगरेज़ी किताब 'The Essential Unity of All Religions' पढ़िये.

الگ الگ شکتیوں کو سمجھکر انہیں گیان' بھکتی
یا کرم کی طرف لگاوے اور دنیا بھر کے تعلیم دینے
والوں کا فرض ہے کہ وہ لڑکوں اور لڑکیوں کے الگ الگ
سوبھاؤ کو سمجھکر انہیں انسانی سماج کا گیان بڑھانے'
یا کلا اور کلچر کو ترقی دینے یا اپنے عمل سے پیشوں اور
دستکاریوں کو بڑھانے اور ترقی دینے کی طرف لگاویں ۔ یہی
مانو دھرم یعنی مذہب انسانیت کا راستہ ہے ۔ *

مولانا عبداللہ مصری کا خط—قاہرہ سے

پیارے پنڈت سندر لال—آداب' تسلیمات' نمستے اور سب کچھ × × × × مجھے تو اپنے دیس کی ہر چیز سندر معلوم ہوتی ہے ۔ گنگا جمنا' کاشی' متھرا' برنداون' کتنے سندر نام ہیں ۔ پھر 'بھارت ماتا' اور 'جنتا' 'بھولی بھالی دیویاں' اور 'گیانی دھیانی' 'دیوی دیوتا' سبھی تو سندر ہیں ۔ سبھی تو من موہن. آدمی پاپ بھی کرتا ہے اور پن بھی' سنسار میں اجالا بھی ہے اور اندھیرا بھی ۔ سکھ دکھ کی اس دھرتی میں پاپ اور پن دونوں کا پایا جانا قدرتی ہے ۔ اگر پاپ نہ ہو تو یہ سنسار سورگ بن کر ختم ہو جائے ۔ اگر پن نہ ہو تو نرا نرک ہی نرک. ہمیں پاپیوں کے ساتھ زیادہ پریم کرنا چاہئیے کیونکہ وہ کم بدھی رکھنے کی وجہ سے زیادہ پریم کے حقدار ہیں ۔ جیسے بنجر زمین زیادہ جل اور کھاد کی حقدار ہوتی ہے ۔

میں یہ خط قاہرہ (مصر) سے لکھ رہا ہوں ۔ اتہاس سے معلوم ہوتا ہے کہ یہ دیس بھی ہمارے دیس کی طرح دھرتی کا ایک بہت پرانا دیس ہے ۔ یہاں کے بادشاہوں— فرعونوں کے مقبرے' جنکو اس دیس والے اہرامات اور فرنگی لوگ پیرامڈ کہتے ہیں' پانچ چھہ ہزار برس کی تاریخ بتاتے ہیں اور اتہاس کے کچھ ودوان انہیں اور بھی پرانا بتاتے ہیں ۔ فرعون یہاں کے بسنے والوں کی پرانی بھاشا میں راجا مہاراجا یا بادشاہ کو کہتے تھے ۔ مصر کے اس پرانے زمانے کی سنسکرتی' رہن سہن' سوچ بچار اور دھرم کرم بھارت کے پرانے لوگوں کی ان چیزوں سے بہت کچھ ملتے جلتے تھے ۔ مورتی پوجا مصر

* زیادہ جانکاری کے لئے لیکھک کی انگریزی کتاب 'The Essential Unity of All Religions' پڑھئیے ۔

यही तीन पहलू दुनिया की हर सभ्यता के होते हैं. एक साइन्स, ज्ञान और विद्या का पहलू. दूसरा लोगों की इच्छाओं, उनके आदर्शों, उनके शौक़ और भावों का पहलू और तीसरे उनके रहन सहन, बरताव और काम काज का पहलू. किसी भी सभ्यता या तहज़ीब का ज्ञान का भंडार जितना बड़ा, जितना तरह तरह का और जितना ठीक और सच्चा होगा, वहाँ के लोगों के भाव, जज़बात, शौक़ और आदर्श जितने ऊँचे, जितने सुन्दर, जितने बेलाग और जितने नेक होंगे. उनका रहन सहन जितना पाक, जितना इनसानियत के असूलों पर क़ायम और उदार और रवादार होगा, उतनी ही वह सभ्यता या वह तहज़ीब बड़ी और ऊँची समझी जायगी. इस तरह हर तहज़ीब का बड़प्पन धर्म या मज़हब के इन तीनों असूलों में ठीक ठीक तरक़्क़ी करने और उन पर ठीक ठीक अमल करने पर है.

दुनिया के उस्तादों, अध्यापकों और तालीम देने वालों का ख़ास फ़र्ज़ है कि वह हमेशा इस बात का ख़याल रक्खें कि उनके विद्यार्थियों का दिमाग़, उनका दिल और उनका जिस्म तीनों ठीक ठीक और एक साथ मिल कर चलें और बढ़ें. वह तालीम ही अच्छी तालीम हो सकती है जो विद्यार्थी के दिमाग़ को सच्चे और काम आने वाले ज्ञान से भर दे, उसके दिल को ऊँचा रक्खे और उसे दिल पर क़ाबू करना सिखावे और उसके रहन सहन को नेक, परोपकारी और मेहनती बनावे जिससे दिमाग़, दिल और जिस्म तीनों सुन्दर दिखाई दें. इसके लिये साइन्स की तालीम ,,मानव धर्म यानी मज़हबे इनसानियत की तालीम और अच्छी दस्तकारियों और पेशे की तालीम तीनों ज़रूरी हैं.

आजकल योरप के बड़े बड़े देशों में यह बात बड़ी अच्छी होने लगी है कि किस विद्यार्थी में कितने दरजे की और किस तरह की समझ है, इसे वह ख़ूब तजरबे कर कर के पता लगाते हैं. लेकिन अभी शायद उनका ध्यान इस तरफ़ नहीं गया कि हर विद्यार्थी के स्वभाव को भी समझने की कोशिश करें, यानी यह कि विद्यार्थी में ज्ञान को बढ़ाने का पहलू ज़ियादा ज़ोर का है या इच्छा का पहलू ज़ियादा ज़ोरदार है या अमल का पहलू ज़ियादा चमकता हुआ है. इस चीज़ के बग़ैर समझे हर लड़के या लड़की को समाज में उसकी ठीक जगह दे सकना नामुमकिन है इसके बिना न वह फूल की तरह पूरा खिल सकेगा और न समाज को उससे पूरा फ़ायदा पहुँच सकेगा. जिस तरह हकीम या वैद्य का काम है कि वह अपने रोगी के मिज़ाज को समझ कर यह तय करे कि रोगी के अन्दर कफ़, वात या पित्त में से किस को बढ़ाने और किस को दबाने की ज़रूरत है, वैसे ही धर्म गुरुओं और मज़हबी लीडरों का यह फ़र्ज़ है कि वह अपने लोगों की

یہی تین پہلو دنیا کی ہر سبھیتا کے ہوتے ہیں ۔ ایک سائنس، گیان اور ودیا کا پہلو ۔ دوسرا لوگوں کی اچھاؤں، اُن کے آدرشوں، اُن کے شوق اور بھاووں کا پہلو اور تیسرے اُن کے رہن سہن، برتاؤ اور کام کاج کا پہلو ۔ کسی بھی سبھیتا یا تہذیب کا گیان کا بھنڈار جتنا بڑا، جتنا طرح طرح کا اور جتنا ٹھیک اور سچا ہوگا، وہاں کے لوگوں کے بھاؤ، جذبات، شوق اور آدرش جتنے اونچے، جتنے سندر، جتنے بے لاگ اور جتنے نیک ہونگے، اُن کا رہن سہن جتنا پاک، جتنا انسانیت کے اصولوں پر قائم اور اُدار اور روادار ہوگا، اُتنی ہی وہ سبھیتا یا وہ تہذیب بڑی اور اونچی سمجھی جائے گی ۔ اس طرح ہر تہذیب کا بڑپن دھرم یا مذہب کے اِن تینوں اصولوں میں ٹھیک ٹھیک ترقی کرنے اور اُن پر ٹھیک ٹھیک عمل کرنے پر ہے

دنیا کے اُستادوں، ادھیاپکوں اور تعلیم دینے والوں کا خاص فرض ہے کہ وہ ہمیشہ اِس بات کا خیال رکھیں کہ اُن کے ودیارتھیوں کا دماغ، اُن کا دل اور اُن کا جسم تینوں ٹھیک ٹھیک اور ایک ساتھ مل کر چلیں اور بڑھیں ۔ وہ تعلیم ہی اچھی تعلیم ہوسکتی ہے جو ودیارتھی کے دماغ کو سچے اور کام آنے والے گیان سے بھر دے، اُس کے دل کو اونچا رکھے اور اُسے دل پر قابو کرنا سکھاوے اور اُس کے رہن سہن کو نیک، پروپکاری اور محنتی بناوے جس سے دماغ، دل اور جسم تینوں سندر دکھائی دیں ۔ اِس کے لئے سائنس کی تعلیم، مانو دھرم یعنی مذہب انسانیت کی تعلیم اور اچھی دستکاریوں اور پیشے کی تعلیم تینوں ضروری ہیں ۔

آجکل یورپ کے بڑے چھوٹے دیشوں میں یہ بات بڑی اچھی ہونے لگی ہے کہ کس ودیارتھی میں کتنے درجے کی اور کس طرح کی سمجھ ہے، اِسے وہ خوب تجربے کر کرکے پتہ لگاتے ہیں ۔ لیکن ابھی شاید ان کا دھیان اِس طرف نہیں گیا کہ ہر ودیارتھی کے سوبھاؤ کو بھی سمجھنے کی کوشش کریں، یعنی یہ کہ ودیارتھی میں گیان کو بڑھانے کا پہلو زیادہ زور کا ہے یا اچھا کا پہلو زیادہ زور دار ہے یا عمل کا پہلو زیادہ چمکتا ہوا ہے ۔ اس چیز کے بغیر سمجھے ہر لڑکے یا لڑکی کو سماج میں اُس کی ٹھیک جگہ دے سکنا ناممکن ہے ۔ اِس کے بنا نہ وہ پھول کی طرح پورا کھل سکے گا اور نہ سماج کو اُس سے پورا فائدہ پہونچ سکے گا ۔ جس طرح حکیم یا وید کا کام ہے کہ وہ اپنے روگی کے مزاج کو سمجھکر یہ طے کرے کہ روگی کے اندر کف، وات یا پت میں کس کو بڑھانے اور کسکو دبانے کی ضرورت ہے، ویسے ہی دھرم گروؤں اور مذہبی لیڈروں کا یہ فرض ہے کہ وہ اپنے لوگوں کی

के धर्म का नाम 'ताओ' रक्खा. ताओ का अर्थ भी रास्ता है. चीनी शब्द 'ताओ' के अलावा वह सब अर्थ होते हैं जो संस्कृत शब्द 'धर्म' के. ताओ धर्म और वैदिक धर्म दोनों के जानने वालों की राय है कि दोनों में क़दम क़दम पर एक दूसरे के साथ गहरी समानता है. 'ताओ' शब्द 'ब्रह्म' शब्द के भी अर्थ में आता है.

हम इनमें से किसी रास्ते को भी समझें, परखें और उस पर चलें, नतीजा हर सूरत में हमें एक ही मिलेगा, यानी यह कि धर्म का रास्ता सुख शान्ति का रास्ता है, दुख, मौत और डर से छुटकारे का रास्ता है. वह रास्ता 'तर्के ख़ुदी' या 'अस्मिता त्याग' यानी अपनी छोटी ख़ुदी को समाज की और दुनिया की बेअन्त विशाल आत्मा में लीन या फ़ना कर देने का रास्ता है.

दुनिया के सब धर्मों में तीन अलग अलग मार्ग या तरीक़े मिलते हैं. वैदिक धर्म में इन्हें ज्ञान मार्ग, भक्ति मार्ग और कर्म मार्ग कहा गया है. इसलाम में इन्हीं को 'मारफ़त', 'तरीक़त' और 'शरीअत' कहा जाता है. यही तीन रास्ते ईसाई मज़हब में भी मिलते हैं. बौद्ध धर्म में इन्हीं तीन को 'सम्यक दृष्टि', 'सम्यक संकल्प' और 'सम्यक व्यायाम' कहा गया है. जैन तत्त्वार्थ सूत्र में भी इन्हीं तीनों का ज़िकर है. सूफ़ी किताब 'गुलशने राज़' में इन तीनों रास्तों को ख़ूब अच्छी तरह समझाया गया है और यह भी कहा गया है कि ये तीनों रास्ते—"बुवद दायम मियाने कुफ़्रो ईमाँ" यानी कुफ़्र और इसलाम दोनों में यह एक बराबर हैं.

ऐसे ही महाभारत में लिखा है—

"अपनी ज़बान को, अपने मन को और अपने शरीर को, जो इन तीनों को अपनी बुद्धि के बस में रख सके वही त्रिदंडी है."

बौद्ध ग्रंथ धम्मपद में भी 'भिक्षु' की ठीक यही तारीफ़ की गई है और इसी को 'साधूपन' कहा गया है. आदमी के स्वभाव के ये तीन पहलू साफ़ हैं—ज्ञान, इच्छा और क्रिया यानी इल्म, ख़ाहिश और अमल. इसी लिये इन तीन के मुताबिक़ तीन रास्ते या रास्ते के तीन पहलू सब धर्मों में बताए गए हैं—ठीक जानना, ठीक चाहना और ठीक अमल करना. पारसी धर्म में इसी को ज़रा बदल कर 'हुम्त', 'हुख़्त', 'हुवर्श्त' नाम दिये गए हैं जिनके मानी हैं—ठीक सोचना, ठीक बोलना और ठीक बरतना. उपनिषदों में भी यह ख़याल बारबार आता है. यही बात महाभारत में भी बार-बार दोहराई गई है. ज़ेन्दअवस्ता में लिखा है—

"अहुरमज़्द यानी ईश्वर कहता है कि जो लोग भलाई सोचते हैं, भलाई कहते हैं और भलाई करते हैं उनके मैं साथ रहता हूँ और उनके नहीं जो बुराई सोचते हैं, बुराई कहते हैं और बुराई करते हैं."

کے دھرم کا نام 'تاؤ' رکھا ۔ تاؤ کا ارتھ بھی راستہ ہے ۔ چینی شبد 'تاؤ' کے الگ بھگ وہ سب ارتھ ہوتے ہیں جو سنسکرت شبد 'دھرم' کے ۔ تاؤ دھرم اور ویدک دھرم دونوں کے جاننے والوں کی رائے ہے کہ دونوں میں قدم قدم پر ایک دوسرے کے ساتھ گہری سمانتا ہے ۔ 'تاؤ' شبد 'برہم' شبد کے بھی ارتھ میں آتا ہے ۔

ہم اِن میں سے کسی راستے کو بھی سمجھیں، پرکھیں اور اُس پر چلیں، نتیجہ ہر صورت میں ہمیں ایک ہی ملے گا یعنی یہ کہ دھرم کا راستہ سکھ شانتی کا راستہ ہے، دکھ، موت اور ڈر سے چھٹکارے کا راستہ ہے ۔ وہ راستہ 'ترک خودی' یا 'اسمتا تیاگ' یعنی اپنی چھوٹی خودی کو سماج کی اور دنیا کی بے انت وشال آتما میں لین یا فنا کر دینے کا راستہ ہے ۔

دنیا کے سب دھرموں میں تین الگ الگ مارگ یا طریقے ملتے ہیں ۔ ویدک دھرم میں انہیں گیان مارگ، بھکتی مارگ اور کرم مارگ کہا گیا ہے ۔ اسلام میں اِنہیں کو 'معرفت'، 'طریقت' اور 'شریعت' کہا جاتا ہے ۔ یہی تین راستے عیسائی مذہب میں بھی ملتے ہیں ۔ بودھ دھرم میں انہیں تین کو 'سمیک درشٹی'، 'سمیک سنکلپ' اور 'سمیک ویایام' کہا گیا ہے ۔ جین تتوارتھ سوتر میں بھی انہیں تینوں کا ذکر ہے ۔ صوفی کتاب 'گلشن راز' میں اِن تینوں راستوں کو خوب اچھی طرح سمجھایا گیا ہے اور یہ بھی کہا گیا ہے کہ یہ تینوں راستے—"بود دائم میانِ کفر و ایماں" یعنی کفر اور اسلام دونوں میں یہ ایک برابر ہیں ۔

ایسے ہی مہا بھارت میں لکھا ہے—"اپنی زبان کو، اپنے من کو اور اپنے شریر کو، جو اِن تینوں کو اپنی بدھی کے بس میں رکھ سکے وہی تریدنڈی ہے ۔"

بودھ گرنتھ دھمپد میں بھی 'بھکشو' کی ٹھیک یہی تعریف کی گئی ہے اور اِسی کو 'سادھوپن' کہا گیا ہے ۔ آدمی کے سوبھاؤ کے یہ تین پہلو صاف ہیں — گیان، اچھا اور کریا یعنی علم، خواہش اور عمل ۔ اِسی لئے اِن تین کے مطابق تین راستے یا راستے کے تین پہلو سب دھرموں میں بتائے گئے ہیں — ٹھیک جاننا، ٹھیک چاہنا اور ٹھیک عمل کرنا ۔ پارسی دھرم میں اِسی کو ذرا بدل کر 'ہمت'، 'ہخت'، 'ہورشت' نام دیئے گئے ہیں جن کے معنی ہیں — ٹھیک سوچنا، ٹھیک بولنا اور ٹھیک برتنا ۔ اُپنشدوں میں بھی یہ خیال برابر آتا ہے ۔ یہی بات مہابھارت میں بھی بار بار دہرائی گئی ہے ۔ ژند اوستا میں لکھا ہے —

"اہرمزد یعنی ایشور کہتا ہے کہ جو لوگ بھلائی سوچتے ہیں، بھلائی کہتے ہیں اور بھلائی کرتے ہیں اُن کے میں ساتھ رہتا ہوں اور اُن کے نہیں جو برائی سوچتے ہیں، برائی کہتے ہیں اور برائی کرتے ہیں ۔"

धर्म या रूहानी साइन्स, मानव धर्म या मज़हबे इनसानियत जो सब अलग अलग धर्मों का वह हिस्सा है जो सब में पाया जाता है हमें यह साफ़ बताता है कि ईश्वर की इच्छा क्या है. दूसरा यह कि ख़ास सूरतों में अच्छे और समझदारी के क़ानून जो अच्छे और समझदार लोगों के बनाए हुए हों, ऐसे लोगों के जो ईश्वर को यानी सबके घट घट में रहने वाली आत्मा को जानते और प्यार करते हों, और जो बेलाग और बेग़रज़ होकर सब का, सब अलग अलग धर्म वालों का, सब जमातों और सब पेशे वालों का भला चाहते हों, और भला करने की पूरी कोशिश करते हों, जिन पर सबको भरोसा हो—ऐसे लोगों के बनाए हुए क़ानून ही जहाँ तक मुमकिन हो सकता है ईश्वर की इच्छा के अनुसार हो सकते हैं. ऐसे लोग ही अल्लाह के नज़दीक हैं और उसके बेटे कहलाने के हक़दार हैं. वह जनता या समाज की व्यापक आत्मा, 'रूहे कुल' के नुमाइन्दे होते हैं. ऐसे लोगों के बनाए हुए क़ानूनों से ही जनता का भला हो सकता है. *ऐसे लोगों की हकूमत ही 'राम राज' या 'हकूमते* इलाही' कहला सकती है.

'क्रिश्चियैनिटी' शब्द का भी असल मतलब वही है जो धर्म का. 'क्रिस्टास' का अर्थ है 'ईश्वरी ज्ञान मे नहाया हुआ' यानी वह जो अपनी छोटी ख़ुदी को मिटा कर बड़ी ख़ुदी यानी समाज की आत्मा या परमातमा को उसकी जगह बैठा चुका हो.

'वैदिक धर्म' का अर्थ है ज्ञान का धर्म, समझदारी का धर्म. 'सनातन धर्म' का अर्थ है हमेशा का धर्म. 'मानव धर्म' का अर्थ है सब इनसानों का धर्म जिसे आजकल यौरप में 'ह्यूमनिज़्म' कहते हैं. 'बौद्ध धर्म' का अर्थ है बुद्धि यानी अक़ल का धर्म. 'आर्य धर्म' का अर्थ है भले लोगों का धर्म. मज़हब का अर्थ है रास्ता, यानी पथ या पंथ, नेकी का रास्ता, सुख सौख्य का रास्ता.

इस रास्ते पर चलने के लिये रोशनी हर आदमी को अपने अन्दर से ही मिल सकती है. भागवत में लिखा है—

"रोशनी आदमी के अपने अन्दर ही है और कहीं नहीं, और वह रोशनी सब प्राणियों में एक बराबर है."

हज़रत ईसा ने कहा है—"इस बात को समझ लेना ही कि सब की आत्मा ही मेरी आत्मा है सचाई को जानना है, अपनी तरह सबसे प्यार करना ही ठीक ज़िन्दगी है और सबके लिये वही करना जो आदमी अपने लिये चाहता है यही धर्म का रास्ता है."

जापान के पुराने धर्म का नाम 'शिन्तो' है. 'शिन्तो' का अर्थ भी सब आत्माओं का रास्ता है. लाओत्से ने चीन

دھرم یا روحانی سائنس، مانو دھرم یا مذہبِ انسانیت جو سب الگ الگ دھرموں کا وہ حصہ ہے جو سب میں پایا جاتا ہے ہمیں یہ صاف بتاتا ہے کہ ایشور کی اچھا کیا ہے. دوسرا یہ کہ خاص صورتوں میں اچھے اور سمجھداری کے قانون جو اچھے اور سمجھدار لوگوں کے بنائے ہوئے ہوں، ایسے لوگوں کے جو ایشور کو یعنی سب کے گھٹ گھٹ میں رہنے والی آتما کو جانتے اور پیار کرتے ہوں اور جو بے لاگ اور بے غرض ہوکر سب کا، سب الگ الگ دھرم والوں کا، سب جماعتوں اور سب پیشے والوں کا بھلا چاہتے ہوں اور بھلا کرنے کی پوری کوشش کرتے ہوں، جن پر سب کو بھروسہ ہو—ایسے لوگوں کے بنائے ہوئے قانون ہی جہاں تک ممکن ہوسکتا ہے ایشور کی اچھا کے انوسار ہوسکتے ہیں. ایسے لوگ ہی اللہ کے نزدیک ہیں اور اس کے بیٹے کہلانے کے حقدار ہیں. وہ جنتا یا سماج کی ویاپک آتما، 'روحِ کل' کے نمائندے ہوتے ہیں. ایسے لوگوں کے بنائے ہوئے قانونوں سے ہی جنتا کا بھلا ہوسکتا ہے. ایسے لوگوں کی حکومت ہی 'رام راج' یا 'حکومتِ الٰہی' کہلا سکتی ہے.

'کرشچیانٹی' شبد کا بھی اصل مطلب وہی ہے جو دھرم کا. 'کرسٹاس' کا ارتھ ہے 'ایشوری گیان میں نہایا ہوا' یعنی وہ جو اپنی چھوٹی خودی کو مٹا کر بڑی خودی یعنی سماج کی آتما یا پرماتما کو اس کی جگہ بیٹھا چکا ہو.

'ویدک دھرم' کا ارتھ ہے گیان کا دھرم، سمجھداری کا دھرم. 'سناتن دھرم' کا ارتھ ہے ہمیشہ کا دھرم. 'مانو دھرم' کا ارتھ ہے سب انسانوں کا دھرم جسے آجکل یورپ میں 'ہیومنزم' کہتے ہیں. 'بودھ دھرم' کا ارتھ ہے بدھی یعنی عقل کا دھرم. آریہ دھرم کا ارتھ ہے بھلے لوگوں کا دھرم. مذہب کا ارتھ ہے راستہ، یعنی پتھ یا پنتھ، نیکی کا راستہ، سکھ سوکھیہ کا راستہ.

اس راستے پر چلنے کے لئے روشنی ہر آدمی کو اپنے اندر سے ہی مل سکتی ہے. بھاگوت میں لکھا ہے—

"روشنی آدمی کے اپنے اندر ہی ہے اور کہیں نہیں اور وہ روشنی سب پرانیوں میں ایک برابر ہے."

حضرت عیسیٰ نے کہا ہے — "اس بات کو سمجھ لینا ہی کہ سب کی آتما ہی میری آتما ہے سچائی کو جاننا ہے اپنی طرح سب سے پیار کرنا ہی ٹھیک زندگی ہے اور سب کے لئے وہی کرنا جو آدمی اپنے لئے چاہتا ہے یہی دھرم کا راستہ ہے."

جاپان کے پرانے دھرم کا نام 'شنتو' ہے. اور 'شنتو' کا ارتھ بھی سب آتماؤں کا راستہ ہے. لاؤتسے نے چین

[illegible] आ जाते हैं. बिना इस तरह की कुरबानी या इस तरह के त्याग के कोई आदमी अपनी छोटी छोटी निजी ज़रूरतों को भी पूरा नहीं कर सकता. स्वार्थ भी परमार्थ के सहारे ही चल सकता है. संसार का यही अटल नियम है. गीता में श्री कृष्ण ने कहा है:—

"भगवान ने सृष्टि के शुरू में यज्ञ से सब प्रानियों को बना कर उन्हें यह हिदायत करदी कि इस यज्ञ से ही तुम सब फल फूल सकते हो. यही वह कामधेनु गाय है जो तुम्हारी सारी इच्छाओं को पूरा कर सकती है."

यहाँ 'यज्ञ' का मतलब है एक दूसरे की सेवा, एक दूसरे की मदद और एक दूसरे के लिये त्याग यानी अपनी छोटी सी खुदी को दूसरों की या समाज की भलाई में क़ुरबान कर देना. इसी तरह समाज भी हर आदमी के लिये यज्ञ यानी क़ुरबानी करता है. इसी लेन देन को इस तरह के क़ानूनों के ज़रिये क़ायदे में लाया जाता है. जो क़ानून अधिकारों को कर्तव्यों के साथ और इनसानों को एक दूसरे के साथ बाँधते हैं. हर आदमी को यह समझना होता है कि मैं समाज का एक छोटा सा हिस्सा हूँ. मेरी आत्मा उसी बड़ी आत्मा का एक ज़र्रा है, ठीक उसी तरह जिस तरह आदमी के जिस्म का हर अंग और हर ज़र्रा सारे जिस्म का अंग होता है. जिस्म की ज़िन्दगी में उसकी ज़िन्दगी और जिस्म की मौत में उसकी मौत होती है. इस एक बात को समझ लेना ही सारे धर्म, मज़हब या रिलिजन का इत्र है. और आगे चल कर यह जान लेना कि यह सब अलग अलग जानें या अलग अलग वजूद उसी एक बड़े वजूद से निकले और बने हैं और आख़िर में उसी में आकर मिल जायंगे और इस समझ से जो सच्चा बड़प्पन, ऊँचापन, उदारता और रवादारी आदमी में पैदा होती है यही ऊँचे से ऊँचा धर्म, मज़हब या 'रिलिजन' है.

इसलाम शब्द 'सलम' से निकला है, जिसके मानी हैं 'शान्ति' या 'अमन'. इन मानों में इसलाम शब्द ही इसलाम धर्म का सार है. इसका मतलब है शान्ति के साथ अल्लाह के सामने झुकना यानी अपने को उसके हवाले कर देना, उसकी सब आज्ञाओं को मानना. संस्कृत में इसी को 'प्रणिधान' या 'प्रपत्ति' कहा गया है, यानी ख़ुदी को मारना और ख़ुदा को उसकी जगह बैठाना. वैदिक असूल है—"नमम किन्तु तव ईहा" यानी हे ईश्वर! तेरी इच्छा पूरी हो मेरी नहीं. इस भाव में डूब कर और उसके अनुसार अमल करके ही आदमी सारी दुनिया के साथ अमन और सुख से रह सकता है.

यहाँ यह सवाल पैदा होता है कि कितने आदमी ईश्वर, ख़ुदा या परमात्मा की इच्छा को जान सकते हैं. इसके दो जवाब हैं. एक यह कि व्यापक बुनियादी धर्म, साइन्सी

تیاگ سب اس میں آجاتے ہیں۔ بنا اس طرح کی قربانی یا اس طرح کے تیاگ کے کوئی آدمی اپنی چھوٹی چھوٹی نجی ضرورتوں کو بھی پورا نہیں کرسکتا۔ سوارتھ بھی پرمارتھ کے سہارے ہی چل سکتا ہے۔ سنسار کا یہی اٹل نیم ہے۔ گیتا میں شری کرشن نے کہا ہے:—

"بھگوان نے سرشٹی کے شروع میں یگیہ سے سب پرانیوں کو بنا کر انہیں یہ ہدایت کردی کہ اس یگیہ سے ہی تم سب پھل پھول سکتے ہو۔ یہی وہ کامدھینو گائے ہے جو تمہاری ساری اچھاؤں کو پورا کرسکتی ہے۔"

یہاں اس 'یگیہ' کا مطلب ہے ایک دوسرے کی سیوا، ایک دوسرے کی مدد اور ایک دوسرے کے لئے تیاگ یعنی اپنی چھوٹی سی خودی کو دوسروں کی یا سماج کی بھلائی میں قربان کردینا۔ اسی طرح سماج بھی ہر آدمی کے لئے یگیہ یعنی قربانی کرتا ہے۔ اسی لین دین کو اس طرح کے قانونوں کے ذریعے قاعدے میں لایا جاتا ہے جو قانون ادھیکاروں کو کرتویوں کے ساتھ اور انسانوں کو ایک دوسرے کے ساتھ باندھتے ہیں۔ ہر آدمی کو یہ سمجھنا ہوتا ہے کہ میں سماج کا ایک چھوٹا سا حصہ ہوں۔ میری آتما اسی بڑی آتما کا ایک ذرہ ہے، ٹھیک اسی طرح جس طرح آدمی کے جسم کا ہر انگ اور ہر ذرہ سارے جسم کا انگ ہوتا ہے۔ جسم کی زندگی میں اسکی زندگی اور جسم کی موت میں اس کی موت ہوتی ہے۔ اس ایک بات کو سمجھ لینا ہی سارے دھرم، مذہب یا رلیجن کا عطر ہے۔ اور آگے چل کر یہ جان لینا کہ یہ سب الگ الگ جانیں یا الگ الگ وجود اسی ایک بڑے وجود سے نکلے اور بنے ہیں اور آخر میں اسی میں جاکر مل جائیں گے اور اس سمجھ سے جو سچا بڑپن، اونچاپن، اُدارتا اور رواداری آدمی میں پیدا ہوتی ہے یہی اونچے سے اونچا دھرم، مذہب یا 'رلیجن' ہے۔

اسلام شبد 'سلم' سے نکلا ہے، جس کے معنی ہیں 'شانتی' یا 'امن'۔ ان معنوں میں اسلام شبد ہی اسلام دھرم کا سار ہے۔ اس کا مطلب ہے شانتی کے ساتھ اللہ کے سامنے جھکنا یعنی اپنے کو اس کے حوالے کر دینا، اس کی سب آگیاؤں کو ماننا۔ سنسکرت میں اسی کو 'پرنی دھان' یا 'پرپتی' کہا گیا ہے، یعنی خودی کو مارنا اور خدا کو اس کی جگہ بٹھانا۔ ویدک اصول ہے— "نمم کنتو تو ایہا" یعنی ہے ایشور! تیری اچھا پوری ہو میری نہیں۔ اس بھاؤ میں ڈوب کر اور اس کے انوسار عمل کرکے ہی آدمی ساری دنیا کے ساتھ امن اور سکھ سے رہ سکتا ہے۔

یہاں یہ سوال پیدا ہوتا ہے کہ کتنے آدمی ایشور، خدا یا پرماتما کی اچھا کو جان سکتے ہیں۔ اس کے دو جواب ہیں۔ ایک یہ کہ ویاپک بنیادی دھرم، سائنسی

हीरा हरेक को नहीं दिखाया जाता. हरेक उसकी क़द्र नहीं कर सकता. इसीलिये असली ज्ञान उपमाओं और मिसालों में बयान किया जाता है.

हज़रत ईसा ने इनजील में एक जगह कहा है:—

"ईश्वर के राज के भेद जानने का तुम्हें मौक़ा दिया गया है, लेकिन उन लोगों को यह मौक़ा नहीं दिया गया. जिस किसी के पास चाबी होगी उसी को मौक़ा दिया जायगा, और उसे बहुतायत के साथ मिलेगा. लेकिन जिस किसी के पास चाबी नहीं है या जिससे डर है कि वह चाबी का ग़लत इस्तेमाल करे उस से कभी कभी जो कुछ उसके पास है वह भी ले लिया जाता है."

लेकिन फिर सवाल सामने आता है कि आख़िर धर्म, मज़हब या रिलिजन है क्या चीज़? यहाँ हम इस सवाल पर बहुत सरसरी विचार ही कर सकते हैं.

अंगरेज़ी शब्द 'रिलिजन' दो लातीनी शब्दों 'रि' और 'लिआरे' से बना है जिनके मानी हैं 'फिर से बांधना' यानी जो चीज़ आदमियों को एक दूसरे के साथ और सबको भगवान के साथ हमदर्दी और प्रेम की डोरी में बाँधे वही 'रिलिजन' है. आदमी का निचले दरजे का स्वाभाव, उसका मन, उसका नफ़्स उसे बार बार दूसरे आदमियों से और भगवान से फाड़ता रहता है और 'रिलिजन' उसे बार बार फिर से जोड़ता रहता है. इस एकता की तरफ़ बराबर ध्यान जमाए रखना, खाते पीते चलते फिरते इसका ख़याल रखना यही धर्म का सार है. इसी से आदमी के सब काम ठीक और अच्छे रह सकते हैं. इसी से क़ौमों में वह शक्ति पैदा होती है जिससे बड़ी बड़ी सभ्यताएं जन्म लेती हैं और क़ायम रहती हैं. इतिहास में जितनी बड़ी बड़ी सभ्यताएं हुई हैं या हैं हरेक का अपना कोई न कोई ख़ास 'रिलिजन' होता है, कोई न कोई आदर्श होता है जिसको वह मानती और पूजती हैं. हर नए रिलिजन की पैदाइश के साथ साथ यानी धर्म की पुरानी भावना में फिर से जान डाले जाने के साथ साथ लोगों में मिल कर काम करने की इच्छा जागती है और हमेशा इसी से नई सभ्यताओं ने जन्म लिया है.

संस्कृत शब्द 'धर्म' 'धृ' धातु से निकला है जिसके मानी हैं 'बाँधे रखना' या 'सँभाले रखना' है, जो अर्थ रिलिजन का है वही धर्म का है.

समाज में लोगों को बाँधे रखना या मिलाए रखना तभी हो सकता है जब सब एक दूसरे को कुछ देते रहें और एक दूसरे से लेते रहें. इसी को 'हक़ और फ़र्ज़' या 'अधिकार और कर्तव्य' अंगरेज़ी में 'राइट एन्ड ड्यूटी' का नाम दिया जाता है. एक दूसरे के लिये छोटी छोटी क़ुरबानियाँ या

ھیرا ھر ایک کو نہیں دکھایا جاتا ۔ ھر ایک اُسکی قدر نہیں کرسکتا ۔ اِسی لئے اصلی گیان اُپماؤں اور مثالوں میں بیان کیا جاتا ھے ۔

حضرت عیسیٰ نے اِنجیل میں ایک جگہ کہا ھے :—

"ایشور کے راج کے بھید جاننے کا تمہیں موقع دیا گیا ھے' لیکن اُن لوگوں کو یہ موقع نہیں دیا گیا ۔ جس کسی کے پاس چابی ھوگی اُسی کو موقعہ دیا جائیگا' اور اُسے بہتایت کے ساتھ ملیگا ۔ لیکن جس کسی کے پاس چابی نہیں ھے یا جس سے ڈر ھے کہ وہ چابی کا غلط استعمال کرے اُس سے کبھی کبھی جو کچھ اُسکے پاس ھے وہ بھی لے لیا جاتا ھے ۔"

لیکن پھر سوال سامنے آتا ھے کہ آخر دھرم' مذھب یا رلیجن ھے کیا چیز ؟ یہاں ھم اِس سوال پر بہت سرسری وچار ھی کرسکتے ھیں ۔

انگریزی شبد 'رلیجن' دو لاطینی شبدوں 'ری' اور 'لجارے' سے بنا ھے جن کے معنی ھیں 'پھر سے باندھنا' یعنی جو چیز آدمیوں کو ایک دوسرے کے ساتھ اور سب کو بھگوان کے ساتھ ھمدردی اور پریم کی ڈوری میں باندھے وھی 'رلیجن' ھے ۔ آدمی کا نچلے درجے کا سوبھاؤ' اُسکا من' اُسکا نفس اُسے بار بار دوسرے آدمیوں سے اور بھگوان سے پھاڑتا رھتا ھے اور 'رلیجن' اُسے بار بار پھر سے جوڑتا رھتا ھے ۔ اِس ایکتا کی طرف برابر دھیان جمائے رکھنا' کھاتے پیتے چلتے پھرتے اِسکا خیال رکھنا یہی دھرم کا سار ھے ۔ اسی سے آدمی کے سب کام ٹھیک اور اچھے رہ سکتے ھیں ۔ اِسی سے قوموں میں وہ شکتی پیدا ھوتی ھے جس سے بڑی بڑی سبھیتائیں جنم لیتی ھیں اور قائم رھتی ھیں ۔ اِتہاس میں جتنی بڑی بڑی سبھیتائیں ھوئی ھیں یا ھیں ھر ایک کا اپنا کوئی نہ کوئی خاص 'رلیجن' ھوتا ھے' کوئی نہ کوئی آدرش ھوتا ھے جسکو وہ مانتی اور پوجتی ھیں ۔ ھر نئے رلیجن کی پیدائش کے ساتھ ساتھ یعنی دھرم کی پرانی بھاؤنا میں پھر سے جان ڈالے جانے کے ساتھ ساتھ لوگوں میں مل کر کام کرنے کی اچھا جاگتی ھے اور ھمیشہ اِسی سے نئی سبھیتاؤں نے جنم لیا ھے ۔

سنسکرت شبد 'دھرم' 'دھری' (धृ) دھاتو سے نکلا ھے جسکے معنی ھیں 'باندھے رکھنا' یا 'سنبھالے رکھنا' ھے ۔ جو ارتھ رلیجن کا ھے وھی دھرم کا ھے ۔

سماج میں لوگوں کو باندھے رکھنا یا ملائے رکھنا تبھی ھوسکتا ھے جب سب ایک دوسرے کو کچھ دیتے رھیں اور ایک دوسرے سے لیتے رھیں ۔ اِسی کو 'حق اور فرض' یا 'ادھیکار اور کرتویہ' انگریزی میں 'رائٹ اینڈ ڈیوٹی' کا نام دیا جاتا ھے ۔ ایک دوسرے کے لئے چھوٹی چھوٹی قربانیاں یا

दरख्त लगाने का एक वक्त होता है और उखाड़ने का दूसरा वक्त होता है......गिराने का एक वक्त होता है और बनाने का दूसरा वक्त होता है, कोई वक्त रोने का होता है और कोई हंसने का, कोई समय चुप रहने का होता है और कोई बोलने का."

मुहम्मद साहब की एक मशहूर हदीस है. वह कहा करते थे—"इस समय तुम एक ऐसे ज़माने में हो कि जब जो जो हुकुम तुमको दिये जा रहे हैं उनमें से एक दसवां हिस्सा भी अगर तुम छोड़ दोगे तो तुम बरबाद हो जाओगे. इसके बाद एक ज़माना आयगा कि जब जो आदमी जो जो हुकुम इस वक़्त दिये गए हैं उनके दसवें हिस्से पर भी अमल करेगा वह निजात पायगा." (तिरमिज़ी)

मौलाना जलालुद्दीन रूमी ने दीन की 'असल' यानी उसके प्रधान अंश को उसके 'फ़रु' या गौण अंश से अलग करते हुए अपनी मसनवी में लिखा है:—

मन ज़ क़ुरां मग़ज़ रा बरदाश्तम
उस्तख़ां पेशे सगां अन्दाख़्तम

यानी मैंने क़ुरान में से गूदा गूदा ले लिया है और हड्डियां कुत्तों के सामने फेंक दी हैं.

मौलाना रूम की मसनवी को मुसलमान आलिम "फ़ारसी ज़बान का क़ुरान" कहते हैं.

गीता में भी कृष्ण ने साफ़ साफ़ शब्दों में वेदों के रीत रिवाजों और कर्म काण्डों पर ज़ोर देने वालों की निन्दा की है और उन्हें 'नासमझ' कहा है.

एक और बात भी है. जिनकी आत्माएं अभी बच्चों की सी हैं उन्हें हम धीरे धीरे कम ज़रूरी चीज़ों से अधिक ज़रूरी चीज़ों की तरफ़ ले जाते हैं. धीरे धीरे उन्हें शब्दों से असल अर्थ की तरफ़ लाते हैं. इनजील में कहा गया है कि—"बच्चों को दूध दो और बड़े आदमियों को खाना दो." हज़रत मूसा और हज़रत मोहम्मद भी बिना नक़ाब या परदे के 'नूरे क़ाहिर' यानी उस अल्लाह के चेहरे को न देख सकते थे. अर्जुन की जब एक पल के लिये आँखें खुलीं और उसने 'हज़ारों सूरजों से बढ़कर' चमक वाले उस विराट रूप को देखा तो वह काँप उठा. उस बेअन्त की ज्योति के सामने आदमी की सारी ख़ुदी और उसका सारा वजूद जलकर या पिघल कर ख़तम हो जाता है.

पुरान में लिखा है—

"मामूली आदमियों के देवता नदियों और तालाबों में होते हैं, उन से ज़ियादा सोचने समझने वालों के देवता आकाश और रोशनी में होते हैं, बच्चों के देवता लकड़ी पत्थर में होते हैं और बुद्धिमान आदमी ख़ुद अपनी आत्मा के अन्दर अपने ईश्वर अल्लाह का दर्शन करता है."

درخت لگانے کا ایک وقت ہوتا ہے اور اکھاڑنے کا دوسرا وقت ہوتا ہے......گرانے کا ایک وقت ہوتا ہے' اور بنانے کا دوسرا وقت ہوتا ہے' کوئی وقت رونے کا ہوتا ہے اور کوئی ہنسنے کا' کوئی سمے چپ رہنے کا ہوتا ہے اور کوئی بولنے کا".

محمد صاحب کی ایک مشہور حدیث ہے . وہ کہا کرتے تھے کہ—"اس سمے تم ایک ایسے زمانے میں ہو کہ جب جو جو حکم تمکو دیئے جارہے ہیں اُن میں سے ایک دسواں حصہ بھی اگر تم چھوڑ دو گے تو تم برباد ہو جاؤ گے . اِس کے بعد ایک زمانہ آئیگا کہ جب جو آدمی جو جو حکم اِس وقت دیئے گئے ہیں اُن کے دسویں حصے پر بھی عمل کریگا وہ نجات پائیگا ." (ترمذی)

مولانا جلال الدین رومی نے دین کی 'اصل' یعنی اُسکے پردھان انش کو اُس کے 'فروع' یا گون انش سے الگ کرتے ہوئے اپنی مثنوی میں لکھا ہے :—

من ز قرآں مغز را برداشتم
استخواں پیش سگاں انداختم

یعنی میں نے قران میں سے گودا گودا لے لیا ہے اور ہڈیاں کتوں کے سامنے پھینک دی ہیں .

مولانا روم کی مثنوی کو مسلمان عالم "فارسی زبان کا قران" کہتے ہیں .

گیتا میں شری کرشن نے صاف صاف شبدوں میں ویدوں کے ریت رواجوں اور کرم کانڈوں پر زور دینے والوں کی نندا کی ہے اور انہیں 'ناسمجھ' کہا ہے .

ایک اور بات بھی ہے . جنکی آتمائیں ابھی بچوں کی سی ہیں اُنہیں ہم دھیرے دھیرے کم ضروری چیزوں سے ادھک ضروری چیزوں کی طرف لے جاتے ہیں . دھیرے دھیرے اُنہیں شبدوں سے اصل ارتھ کی طرف لاتے ہیں . انجیل میں کہا گیا ہے کہ—"بچوں کو دودھ دو اور بڑے آدمیوں کو کھانا دو' . حضرت موسیٰ اور حضرت محمد بھی بنا نقاب یا پردے کے 'نور قاہر' یعنی اُس اللہ کے چہرے کو نہ دیکھ سکتے تھے . ارجن کی جب ایک پل کے لئے آنکھیں کھلیں اور اُس نے 'ہزاروں سورجوں سے بڑھکر' چمک والے اُس وراٹ روپ کو دیکھا تو وہ کانپ اُٹھا . اُس بے انت کی جیوتی کے سامنے آدمی کی ساری خودی اور اُس کا سارا وجود جل کر یا پگھل کر ختم ہو جاتا ہے .

پران میں لکھا ہے—

"معمولی آدمیوں کے دیوتا ندیوں اور تالابوں میں ہوتے ہیں' اُن سے زیادہ سوچنے سمجھنے والوں کے دیوتا آکاش اور روشنی میں ہوتے ہیں' بچوں کے دیوتا لکڑی پتھر میں ہوتے ہیں اور بدھی مان آدمی خود اپنی آتما کے اندر اپنے ایشور اللہ کا درشن کرتا ہے ."

सूफ़ी ने कहा है—

तफ़रक़ा दर नफ़्से हैवानी बुवद
रूहे वाहिद रूहे इनसानी बुवद

यानी फ़रक़ या भेद भाव जानवरों या जानवरों के से मारा वालों के अन्दर होता है, इनसानी रूह वह है जो रूहों की एकता को समझती है.

अरबी का शब्द 'इनसान' 'उन्स' से निकला है जिसके नी हैं 'प्रेम' या 'हमदरदी'. इनसान वह है जो सब के थ प्रेम या हमदरदी करे, जो सब इनसानों का दोस्त हो. ही संस्कृत शब्द 'आर्य' 'ऋ' धातू से निकला है जिस अर्थ 'जाना' है. आर्य शब्द का अर्थ बताते हुए एक ान ने कहा है—

निवारणार्थम अर्ती नाम अर्तम योग्यो भवेततुयः
अर्यते सततम चार्तैः स आर्य इति कथ्यते.

यानी आर्य उस आदमी को कहना जो दुखियों का दुख करने के क़ाबिल हो और जिसके पास हमेशा दुखी लोग ने दुख दूर कराने के लिये चल कर आवें.

गीता में बार बार कहा गया है कि जो सब प्रानियों एक ही निगाह से देखता है और अपने को सब में और ने अन्दर सब को देखता है, और जो एक ईश्वर के दर सबको और सब के अन्दर एक ईश्वर को देखता ही ज्ञानी है और वही देखने वाला है.

यह भी ज़ाहिर है कि किसी भी धर्म, मज़हब के सब रिवाज और उसकी सब बातें एक बराबर ज़रूरी या सी अहम नहीं होतीं. सब मज़हबों में यह बात बता गई है कि उनमें कुछ बातें ज़ियादा ज़रूरी हैं और कुछ , कुछ 'नित्य' हैं और कुछ 'काम्य' कुछ पक्के हुक्म हैं र कुछ समझाने के लिये मिसाल के तौर पर कहे गए कुछ 'मोहकमात' हैं और कुछ 'मुतशाबेहात.' सब हबों में यह भी बताया गया है कि देश, काल और त के मुताबिक़ आदमी के यह छोटे छोटे फ़र्ज़ या ऊपरी रिवाज बदलते रहते हैं. महाभारत मे लिखा है—

देश काल निमित्ता नाम
भेदे धर्मो विभिद्यते

यानी देश और काल, जगह और वक़्त के फ़रक़ से धर्म ग अलग होते हैं. यहां पर धर्म से मतलब इन्ही ऊपरी रिवाजों से है.

इनजील में लिखा है—

"हर चीज़ के लिये मौसम होता है और दुनिया की ग़रज़ के लिये एक वक़्त होता है × × × × पैदा होने एक वक़्त होता है और मरने का अलग वक़्त होता है,

صوفی نے کہا ہے—

تفرقہ در نفس حیوانی بود
روح واحد روح انسانی بود

یعنی فرق یا بھید بھاؤ جانوروں یا جانوروں کے سے دماغ والوں کے اندر ہوتا ہے، انسانی روح وہ ہے جو سب روحوں کی ایکتا کو سمجھتی ہے۔

عربی کا شبد 'انسان' 'اُنس' سے نکلا ہے جس کے معنی ہیں 'پریم' یا 'ہمدردی'. انسان وہ ہے جو سب کے ساتھ پریم یا ہمدردی کرے، جو سب انسانوں کا دوست ہو. ایسے ہی سنسکرت شبد 'آریہ' 'رِی' (ऋ) دھاتو سے نکلا ہے جس کا ارتھ 'جانا' ہے. آریہ شبد کا ارتھ بتاتے ہوئے ایک ودوان نے کہا ہے—

نوارنارتھم ارتی‌نام ارتم یوگیو بھویت تویہ
اریتے ستتم چارتیہ سآریہ اتی کتھیتے.

یعنی آریہ اُس آدمی کو کہنا جو دکھیوں کا دکھ دور کرنے کے قابل ہو اور جس کے پاس ہمیشہ دکھی لوگ اپنے دکھ دور کرانے کے لئے چل کر آویں.

گیتا میں بار بار کہا گیا ہے کہ جو سب پرانیوں کو ایک ہی نگاہ سے دیکھتا ہے اور اپنے کو سب میں اور اپنے اندر سب کو دیکھتا ہے، اور جو ایک ایشور کے اندر سب کو اور سب کے اندر ایک ایشور کو دیکھتا ہے وہی گیانی ہے اور وہی دیکھنے والا ہے.

یہ بھی ظاہر ہے کہ کسی بھی دھرم، مذہب کے سب ریت رواج اور اُسکی سب باتیں ایک برابر ضروری یا ایک سی اہم نہیں ہوتیں. سب مذہبوں میں یہ بات بتائی گئی ہے کہ اُن میں کچھ باتیں زیادہ ضروری ہیں اور کچھ کم، کچھ 'نتیہ' ہیں اور کچھ 'کامیہ' کچھ پکے حکم ہیں اور کچھ سمجھانے کے لئے مثال کے طور پر کہے گئے ہیں، کچھ 'محکمات' ہیں اور کچھ 'متشابہات'. سب مذہبوں میں یہ بھی بتایا گیا ہے کہ دیش، کال اور حالت کے مطابق آدمی کے یہ چھوٹے چھوٹے فرض یا اوپری ریت رواج بدلتے رہتے ہیں.

مہابھارت میں لکھا ہے—

دیش کال نمتتا نام
بھیدے دھرمو وبھدیتے

یعنی دیش اور کال، جگہ اور وقت کے فرق سے دھرم الگ الگ ہوتے ہیں. یہاں پر دھرم سے مطلب انہیں اوپری ریت رواجوں سے ہے.

انجیل میں لکھا ہے—

"ہر چیز کے لئے موسم ہوتا ہے اور دنیا کی ہر غرض کے لئے ایک وقت ہوتا ہے × × × × پیدا ہونے کا ایک وقت ہوتا ہے اور مرنے کا الگ وقت ہوتا ہے،

जापान के एक विद्वान डाक्टर इनाजो नितोबे ने अपनी किताब 'जापान' में लिखा है कि सातवीं सदी ईसवी के शुरू में जापान में एक बहुत बड़ा सन्त और राजनेता हुआ है जिसका नाम शोतोकु था. जापान के इतिहास में उसे बड़े से बड़े महात्माओं में गिना जाता है. कहते हैं कि जब वह मरा तो बूढ़े लोग इस तरह रोए कि जिस तरह उनका बच्चा मर गया हो और नौजवान लोग इस तरह रोए कि मानो उनकी मां मर गई हो. उस ज़माने में 'शिनतो' धर्म जापान में पहले से मौजूद था और कनफ़ूशियन धर्म चीन से और बौद्ध धर्म भारत से कोरिया के रस्ते जापान पहुँच चुके थे. इन तीनों मजहबों के पन्डे पुरोहित आपस में लड़ने लगे थे. डर था कि जापान के रहने वालों में झगड़े न पड़ जायें. शोतोकु ने उन झगड़ों का फ़ैसला इन शब्दों में किया :—

"शिनतो धर्म, धर्म की जड़ और उसका स्रोत है. ज़मीन और आसमान के पैदा होने के साथ साथ इस धर्म के अंकुर फूटे. यह धर्म आदमी को शुरू का रास्ता सिखाता है. कनफ़ूशियन धर्म, धर्म की शाखें और उसके पत्ते हैं. आदमी की पैदायश के साथ साथ इस धर्म के कल्ले निकले. यह धर्म आदमी को बीच का रास्ता बताता है. बौद्ध धर्म, धर्म का फूल और उसका फल है. आदमी की दिमाग़ी ताक़तों के बढ़ने के साथ साथ इसने जन्म लिया. यह धर्म आदमी को आख़िरी रास्ता दिखाता है. इसलिये इन तीनों में से किसी को छोड़ना और किसी को लेना या एक को दूसरे से ज़ियादा पसन्द करना या बड़ा बताना केवल हट धर्मी और ख़ुदग़रज़ी है. × × × × बाहर से किसी नए धर्म के आने और अपनाए जाने से हमारी क़ौम की दिमाग़ी ऊँचाई एक हाथ बढ़ेगी ही. उससे पहले के धर्मों का अधिकार छिन नहीं जायगा. सच यह है कि हर नया धर्म पुराने धर्म की रोशनी को बढ़ाता और चमकाता है."

एक अंगरेज़ी कवि ने बहुत अच्छा कहा है—"दूसरे का मज़ाक़ उड़ाना छोटे दिल वालों का काम है. बड़े और उदार दिल वालों के तौर तरीक़े भी बड़े और उदार ही होते हैं."

चीनी बौद्ध विद्वान लू-शुन-यान ने लिखा है—

"अलग अलग मजहबों की तालीम एक दूसरे के ख़िलाफ़ नहीं हैं. बड़े दिल वाले लोग जानते हैं कि सब मजहबों के अन्दर एक ही सी सचाइयां हैं. छोटे दिल वाले लोग केवल उनके फ़रक़ों को देखते हैं."

हर ज़माने की पाक आत्माओं के अन्दर एक ही सा ज्ञान उतर कर उन सबको एक ईश्वर के और सब रसूलों के दोस्त बना देता है.

جاپان کے ایک ودوان ڈاکٹر انازو نتوبے نے اپنی کتاب ' جاپان ' میں لکھا ہے کہ ساتویں صدی عیسوی کے شروع میں جاپان میں ایک بہت بڑا سنت اور راج نیتا ہوا ہے جس کا نام شوتوکو تھا . جاپان کے اتہاس میں اسے بڑے سے بڑے مہاتماؤں میں گنا جاتا ہے . کہتے ہیں کہ جب وہ مرا تو بوڑھے لوگ اس طرح روئے کہ جس طرح اُن کا بچہ مر گیا ہو اور نوجوان لوگ اس طرح روئے کہ مانو اُن کی ماں مر گئی ہو . اُس زمانے میں ' شنتو ' دھرم جاپان میں پہلے سے موجود تھا اور کنفیوشین دھرم چین سے اور بودھ دھرم بھارت سے کوریا کے رستے جاپان پہونچ چکے تھے . ان تینوں مذہبوں کے پنڈے پروہت آپس میں لڑنے لگے تھے . ڈر تھا کہ جاپان کے رہنے والوں میں جھگڑے نہ پڑ جائیں . شوتوکو نے اُن جھگڑوں کا فیصلہ ان شبدوں میں کیا :—

''شنتو دھرم' دھرم کی جڑ اور اُس کا سروت ہے . زمین اور آسمان کے پیدا ہونے کے ساتھ ساتھ اِس دھرم کے انکر پھوٹے . یہ دھرم آدمی کو شروع کا راستہ سکھاتا ہے . کنفیوشین دھرم' دھرم کی شاخیں اور اُسکے پتے ہیں آدمی کی پیدائش کے ساتھ ساتھ اِس دھرم کے کلے نکلے . یہ دھرم آدمی کو بیچ کا راستہ بتاتا ہے . بودھ دھرم' دھرم کا پھول اور اُسکا پھل ہے . آدمی کی دماغی طاقتوں کے بڑھنے کے ساتھ ساتھ اِس نے جنم لیا . یہ دھرم آدمی کو آخری راستہ دکھاتا ہے . اس لئے ان تینوں میں سے کسی کو چھوڑنا اور کسی کو لینا یا ایک کو دوسرے سے زیادہ پسند کرنا یا بڑا بتانا کیول ہٹ دھرمی اور خود غرضی ہے . × × × × باہر سے کسی نئے دھرم کے آنے اور اپنائے جانے سے ہماری قوم کی دماغی اونچائی ایک ہاتھ بڑھیگی ہی . اُس سے پہلے کے دھرموں کا ادھیکار چھن نہیں جائیگا . سچ یہ ہے کہ ہر نیا دھرم پرانے دھرم کی روشنی کو بڑھاتا اور چمکاتا ہے .''

ایک انگریزی کوی نے بہت اچھا کہا ہے —''دوسرے کا مذاق اُڑانا چھوٹے دل والوں کا کام ہے . بڑے اور اُدار دل والوں کے طور طریقے بھی بڑے اور اُدار ہی ہوتے ہیں .''

چینی بودھ ودوان لو شن یان نے لکھا ہے—

''الگ الگ مذہبوں کی تعلیم ایک دوسرے کے خلاف نہیں ہیں . بڑے دل والے لوگ جانتے ہیں کہ سب مذہبوں کے اندر ایک ہی سی سچائیاں ہیں . چھوٹے دل والے لوگ کیول اُن کے فرقوں کو دیکھتے ہیں .''

ہر زمانے کی پاک آتماؤں کے اندر ایک ہی سا گیان اُتر کر اُن سب کو ایک ایشور کے اور سب رسولوں کے دوست بنا دیتا ہے .

इन सब अलग अलग बोलियों, लिबासों और तौर तरीक़ों में इधर से उधर तक फैली हुई और रमी हुई एक बुनियादी एकता है जो इन सब को संभाले और मिलाए हुए है. यह वह सचाई है जिसे कभी हमें अपनी याद से नहीं मिटने देना चाहिये.

घड़े, मटके, सुराही, गिलास, लोटे, जग वग़ैरा बरतन कितनी भी अलग अलग शक्लों के हों उन सब के अन्दर का पानी एक है. लैम्प, लालटेन, दिये, क़न्दील, फ़ानूस और बल्ब कितनी भी अलग अलग शक्लों के हों सब के अन्दर की रोशनी एक है. लकड़ी हो या कोयला, उपले हों या कोई और ईंधन आग सबके अन्दर एक है. चलते फिरते जानवर अनगिनत हैं और अनगिनत ही उनकी शक्लें हैं पर जान सब के अन्दर एक है. इसी तरह मज़हब बहुत से हैं और सबके अलग अलग रीत-रिवाज और नाम रूप हैं पर आलमगीर यानी व्यापक मानव धर्म, मज़हबे इनसानियत एक ही है.

मशहूर अंगरेज़ विद्वान जे. ई. कारपैन्टर ने अपनी किताब 'दि प्लेस आफ़ क्रिश्चियानिटी इन दी रिलीजन्स आफ़ दि वर्ल्ड' में चीन का हाल बयान करते हुए लिखा है :—

"चीन में यह रिवाज है कि जब कई देशों या सूबों के लोग एक दूसरे से मिलते हैं तो हर एक दूसरे से पूछता है—'आप किस ऊँचे (सबलाइम) मज़हब के हैं ?' तीन आदमियों में शायद एक कनफ़ूशियन मज़हब का मानने वाला है, दूसरा ताओ धर्म का और तीसरा बौद्ध धर्म का. इसके बाद उन तीनों में से हर एक अपने मज़हब के अलावा किसी दूसरे मज़हब की दिल खोलकर तारीफ़ करना शुरू कर देता है. फिर वह तीनों मिलकर यह कहते हैं—'मज़हब बहुत से हैं, समझ एक है, हम सब भाई हैं.'"

चीन के इस रिवाज को सुनकर एक तरह के आदमी चिल्ला पड़ेंगे—"ढोंगी !" दूसरी तरह के आदमी कह पड़ेंगे—"पुराने खूसट, पागल, काठ के उल्लू !" एक तीसरी तरह के आदमी, जिनकी तादाद आजकल बदक़िस्मती से शायद बहुत कम है, कहेंगे—"कैसी अच्छी इनसाफ़, समझदारी और शराफ़त की बात है !" अलग अलग विद्याओं के माहिर और अलग अलग कलाओं के कलावन्त जो अपनी अपनी विद्या और अपनी अपनी कला में मगन हैं और ऐसे समझते हैं, अगर वह सच्चे विद्वान और कलावन्त हैं, नीम मुल्ला या नीम हकीम नहीं हैं, तो एक दूसरे की कलाओं और विद्याओं के अन्दर उसी एक इनसानी होशियारी, लगन और बुद्धि की प्रखरता को देख सकते हैं, उस की क़द्र कर सकते हैं और उसके सामने आदर के साथ सर झुका सकते हैं

ان سب الگ الگ بولیوں، لباسوں اور طور طریقوں میں ادھر سے اُدھر تک پھیلی ہوئی اور رمی ہوئی ایک بنیادی ایکتا ہے جو اُن سب کو سنبھالے اور ملائے ہوئے ہے . یہ وہ سچائی ہے جسے کبھی ہمیں اپنی یاد سے نہیں مٹنے دینا چاہئے .

گھڑے، مٹکے، صراحی، گلاس، لوٹے، جگ وغیرہ برتن کتنی بھی الگ الگ شکلوں کے ہوں اُن سب کے اندر کا پانی ایک ہے . لیمپ، لالٹین، دیئے، قندیل، فانوس اور بلب کتنی بھی الگ الگ شکلوں کے ہوں سب کے اندر کی روشنی ایک ہے . لکڑی ہو یا کوئلہ، اُپلے ہوں یا کوئی اور ایندھن آگ سب کے اندر ایک ہے . چلتے پھرتے جانور ان گنت ہیں اور ان گنت ہی ان کی شکلیں ہیں پر جان سب کے اندر ایک ہے . اسی طرح مذہب بہت سے ہیں اور سب کے الگ الگ ریت رواج اور نام روپ ہیں پر عالم گیر یعنی ویاپک مانو دھرم، مذہب انسانیت ایک ہی ہے .

مشہور انگریز ودوان جے . ای . کارپینٹر نے اپنی کتاب ' دی پلیس آف کرشچیانٹی اِن دی رلیجنس آف دی ورلڈ' میں چین کا حال بیان کرتے ہوئے لکھا ہے :—

" چین میں یہ رواج ہے کہ جب کئی دیشوں یا صوبوں کے لوگ ایک دوسرے سے ملتے ہیں تو ہر ایک دوسرے سے پوچھتا ہے —' آپ کس اونچے (سب لائم) مذہب کے ہیں ؟' تین آدمیوں میں شاید ایک کنفوشین مذہب کا ماننے والا ہے، دوسرا تاؤ دھرم کا اور تیسرا بودھ دھرم کا . اِسکے بعد اُن تینوں میں سے ہر ایک اپنے مذہب کے علاوہ کسی دوسرے مذہب کی دل کھول کر تعریف کرنا شروع کر دیتا ہے . پھر وہ تینوں مل کر یہ کہتے ہیں — ' مذہب بہت سے ہیں، سمجھ ایک ہے، ہم سب بھائی ہیں'."

چین کے اس رواج کو سن کر ایک طرح کے آدمی چلا پڑینگے —" ڈھونگی ! " دوسری طرح کے آدمی کہہ پڑینگے — " پرانے کھوسٹ، پاگل، کاٹھ کے اُلو ! ." ایک تیسری طرح کے آدمی، جن کی تعداد آجکل بد قسمتی سے شاید بہت کم ہے، کہینگے —" کیسی اچھی انصاف، سمجھداری اور شرافت کی بات ہے !" الگ الگ ودیاؤں کے ماہر اور الگ الگ کلاؤں کے کلاونت جو اپنی اپنی ودیا اور اپنی اپنی کلا میں مگن ہیں اور ایسے سمجھتے ہیں، اگر وہ سچے ودوان اور کلاونت ہیں، نیم ملا یا نیم حکیم نہیں ہیں، تو ایک دوسرے کی کلاؤں اور ودیاؤں کے اندر اسی ایک انسانی ہوشیاری، لگن اور بدھی کی پرکھرتا کو دیکھ سکتے ہیں، اس کی قدر کر سکتے ہیں اور اس کے سامنے آدر کے ساتھ سر جھکا سکتے ہیں .

दूसरों के दिलों और दिमागों में अपनी बात के यही कारण है कि बोलने वाला चाहता है लोग उसे सुनें, लेखक चाहता है लोग उसकी चीज़ पढ़ें और कलावन्त या चित्रकार चाहता है कि दूसरे उसकी कला या चित्र की तारीफ़ करें.

किसी विचार को एक ही भाषा के परदे से देखना ऐसा है जैसा उसे एक आंख से या एक तरफ़ से देखना. उसी विचार को कई भाषाओं के अन्दर से देखना ऐसा है जैसा उसे दोनों आंखों से और सब तरफ़ से जी भर कर देखना.

दो दोस्त अगर दो अलग अलग तौर तरीक़ों और दो अलग अलग कलचरों में पैदा हुए हों और उन्हीं में अलग अलग परवान चढ़े हों, लेकिन दोनों सब कलचरों की बुनियादी एकता और जीवन की भरपूरता को समझ सकने के क़ाबिल हों, तो उनका मिलना जितना दिलचस्प और फल देने वाला होता है उतना दिलचस्प और फल देने वाला ऐसे दो दोस्तों का मिलना कभी नहीं हो सकता जो एक ही कलचर में पैदा हुए और पले हों. दोनों को मालूम होता है कि हम नए नए देशों की सैर कर रहे हैं, नई नई जगह मेहमांनवाज़ी का आनन्द ले रहे हैं, नए नए सीन, नए नए खानों, नए नए फूलों, नए नए लिबास और नए नए रीत-रिवाजों का मज़ा ले रहे हैं, जिनमें वह सब सुख सुविधाएं भी हैं जो अपने यहां की चीज़ों में हैं और अनोखापन भी है. तब 'एकोहं बहुस्याम' (मैं एक हूँ, बहुत हो जाऊं) की ईश्वरी सचाई के कुछ कुछ अर्थ समझ में आते हैं. तब पता चलता है कि उस एक रूप या बेरूप ने अनेक रूप या बहुरूप क्यों धारन किये.

अगर हम अपने किसी प्यारे को केवल एक ही पोशाक में पहचान सकें तो हम अपने प्यारे को नहीं पहचानते, पोशाक को पहचानते हैं. अपने 'प्रीतम' को पहचानना तब कहा जासकता है जब हम उसे जापान के 'किमोनों' में चीन के 'मंडारिन कोट' में, पुराने हिन्दुस्तान के 'उत्तरीय' 'अवरीय' में या नए हिन्दुस्तान की चपकन शेरवानी , कासमीर के दुशाले में या ईरान के 'अबा' या चोग़े में, रब के 'बरनोस' में या यूरोप के हैट कोट या पेटी कोट अमरीकी हब्शियों की परों की पोशाक में या पुराने मियों के 'तोगा' में, सब में एक सा पहचान सकें. अगर खुद ही बार बार पोशाक बदल कर बार बार शीशे के सामने खड़े हों तो क्या हम अपने चेहरे को या अपने को पहचान सकेंगे ? हम चाहे संस्कृत में बोलें या अरबी में, में बोलें या यूनानी में, लातीनी में या चीनी में, ज़ेन्द या जापानी में, पाली में या प्राकृत में, या गुरमुखी में उन हज़ारों बोलियों में से किसी में भी बोलें जो हम चुके हैं या रोज़ गढ़ते और भुलाते रहते हैं, हर हालत में अपनी आवाज़ को पहचान लेते हैं और अपना भी समझ लेते हैं.

دوسروں کے دلوں اور دماغوں میں لے جاکر لیں . یہی کارن ہے کہ بولنے والا چاہتا ہے لوگ اسے سنیں، لیکھک چاہتا ہے لوگ اس کی چیز پڑھیں اور کلاونت یا چترکار چاہتا ہے کہ دوسرے اس کی کلا یا چتر کی تعریف کریں .

کسی وچار کو ایک ہی بھاشا کے پردے سے دیکھنا ایسا ہے جیسا اسے ایک آنکھ سے یا ایک طرف سے دیکھنا . اسی وچار کو کئی بھاشاؤں کے اندر سے دیکھنا ایسا ہے جیسا اسے دونوں آنکھوں سے اور سب طرف سے جی بھر کر دیکھنا .

دو دوست اگر دو الگ الگ طور طریقوں اور دو الگ الگ کلچروں میں پیدا ہوئے ہوں اور انہیں میں الگ الگ پروان چڑھے ہوں، لیکن دونوں سب کلچروں کی بنیادی ایکتا اور جیون کی بھرپورتا کو سمجھ سکنے کے قابل ہوں، تو ان کا ملنا جتنا دلچسپ اور پھل دینے والا ہوتا ہے اتنا دلچسپ اور پھل دینے والا ایسے دو دوستوں کا ملنا کبھی نہیں ہو سکتا جو ایک ہی کلچر میں پیدا ہوئے اور پلے ہوں . دونوں کو معلوم ہوتا ہے کہ ہم نئے نئے دیشوں کی سیر کر رہے ہیں، نئی نئی جگہ مہماں نوازی کا آنند لے رہے ہیں، نئے نئے سین، نئے نئے کھانوں، نئے نئے پھولوں، نئے نئے لباس اور نئے نئے ریت رواجوں کا مزہ لے رہے ہیں، جن میں وہ سب سکھ سودھائیں بھی ہیں جو اپنے یہاں کی چیزوں میں ہیں اور انوکھا پن بھی ہے . تب 'ایکوہم بہوسیام' (میں ایک ہوں، بہت ہوجاؤں) کی ایشوری سچائی کے کچھ کچھ ارتھ سمجھ میں آتے ہیں . تب پتہ چلتا ہے کہ اس ایک روپ یا بے روپ نے انیک روپ یا بہو روپ کیوں دھارن کئے .

اگر ہم اپنے کسی پیارے کو کیول ایک ہی پوشاک میں پہچان سکیں تو ہم اپنے پیارے کو نہیں پہچانتے، پوشاک کو پہچانتے ہیں . اپنے 'پریتم' کو پہچاننا تبھی کہا جا سکتا ہے جب ہم اسے جاپان کے 'کمونوں' میں یا چین کے 'منڈارن کوٹ' میں، پرانے ہندستان کے 'اتریہ' یا 'ادھریہ' میں یا نئے ہندستان کی چپکن شیروانی میں، کاشمیر کے دوشالے میں یا ایران کے 'عبا' یا چوغے میں، عرب کے 'برنوس' میں یا یورپ کے ہیٹ کوٹ یا پیٹی کوٹ میں، امریکی حبشیوں کی پروں کی پوشاک میں یا پرانے رومیوں کے 'توگا' میں، سب میں ایک سا پہچان سکیں . اگر ہم خود ہی بار بار پوشاک بدل کر بار بار شیشے کے سامنے کھڑے ہوں تو کیا ہم اپنے چہرے کو یا اپنے کو نہ پہچان سکیں گے ؟ ہم چاہے سنسکرت میں بولیں یا عربی میں، عبرو میں بولیں یا یونانی میں، لاطینی میں یا چینی میں، زند میں یا جاپانی میں، پالی میں یا پراکرت میں، یا گورمکھی میں یا ان ہزاروں بولیوں میں سے کسی میں بھی بولیں جو ہم گڑھ چکے ہیں یا روز گڑھتے اور بھلاتے رہتے ہیں، ہر حالت میں ہم اپنی آواز ... اپنا مطلب بھی سمجھ لیتے ہیں .

मानव धर्म या मज़हबे इनसानियत का रास्ता

(डाक्टर भगवान दास)

कुछ लोग दुनिया में ऐसे हैं जिन्हें अलग अलग धर्म मज़हबों और तौर तरीक़ों में एकता महसूस करने और मिलती जुलती बातें ढूँढ निकालने में आनंद आता है. यह लोग इसी एकता को दिल से चिपट जाते हैं. इसके ख़िलाफ़ एक दूसरे के फ़रक़ ढूंढने और उन पर ज़ोर देने से उन्हें तकलीफ़ होती है. मौलाना रूम ने कहा है—

ख़ुशतर आँ बाशद कि सिर्रे दिलबराँ
गुफ़्ता आयद दर हदीसे दीगराँ

यानी ज़ियादा अच्छी बात यही है कि प्रीतम के राज़ न्याज़ यानी उसके प्रेम की बातें दूसरों की कहानियों में कही और सुनी जायँ.

भागवत में कहा गया है कि:—

"सब कवियों और महापुरुशों ने उन्हीं एक नित्य सच्चाइयों को अपने अपने ढंग से बयान किया है. जानने वालों के लिये उन बयानों में कोई बात एक दूसरे के ख़िलाफ़ नहीं है. वह उन्हें मिला कर समझना जानते हैं."

सुन्दर से सुन्दर चेहरा भी उस समय तक अपनी सुन्दरता को अनुभव नहीं कर सकता जब तक कि अपने को शीशे में न देखे. वेदान्तियों और सूफ़ियों दोनों का कहना है कि ईश्वर अल्लाह ने अपने अन्दर छिपी हुई बहुरूपता को साक्षात करने के लिये 'शून्य' यानी 'अदम' के आईने में से अपने को देखा. सूफ़ी कहता है कि 'ऐनियते हक़ीक़ी' केवल 'ग़ैरियते एतबारी' के ज़रिये ही समझी जा सकती है. वेदान्ती कहता है कि 'आत्म-अद्वैतसत्ता' यानी आत्मा की एकता का साक्षात्कार 'द्वैत-मिथ्यात्व' यानी ग़ैरियत के झूटेपन के द्वारा ही हो सकता है. दोनों एक ही शब्दों में एक ही बात कह रहे हैं.

एक सूफ़ी कहता है:—

ख़ुद रा ब लिबासे ग़ैर दीदन अज़ बस्त
कीं बुलअजबी कारे ख़ुदाई बाशद

यानी दूसरे के कपड़ों में ख़ुद अपने को देखना कैसी मज़े की बात है. यही करामात है. यही ख़ुदा की राह है. यही ख़ुद ख़ुदाई है.

ख़ुद अपने विचारों और भावों को भी हम उस समय तक पूरी तरह नहीं समझ पाते जब तक हम उनका अक्स

مانو دھرم یا مذہب اِنسانیت کا راستہ

(ڈاکٹر بھگوان داس)

کچھ لوگ دنیا میں ایسے ہیں جنہیں الگ الگ دھرم مذہبوں اور طور طریقوں میں ایکتا محسوس کرنے اور ملتی جلتی باتیں ڈھونڈھ نکالنے میں آنند آتا ہے . یہ لوگ اِسی ایکتا کو دل سے چپٹ جاتے ہیں . اس کے خلاف ایک دوسرے کے فرق ڈھونڈھنے اور اُن پر زور دینے سے اُنہیں تکلیف ہوتی ہے . مولانا روم نے کہا ہے —

خوشتر آں باشد کہ سر دلبراں
گفتہ آید در حدیث دیگراں

یعنی زیادہ اچھی بات یہی ہے کہ پریتم کے راز نیاز یعنی اس کے پریم کی باتیں دوسروں کی کہانیوں میں کہی اور سنی جائیں .

بھاگوت میں کہا گیا ہے کہ :—

''سب کویوں اور مہاپرشوں نے انہیں ایک نتیہ سچائیوں کو اپنے اپنے ڈھنگ سے بیان کیا ہے . جاننے والوں کے لئے اُن بیانوں میں کوئی بات ایک دوسرے کے خلاف نہیں ہے . وہ اُنہیں ملا کر سمجھنا جانتے ہیں .''

سندر سے سندر چہرہ بھی اُس سمے تک اپنی سندرتا کو انوبھو نہیں کر سکتا جب تک کہ اپنے کو شیشے میں نہ دیکھے . ویدانتیوں اور صوفیوں دونوں کا کہنا ہے کہ ایشور اللہ نے اپنے اندر چھپی ہوئی بہو روپتا کو ساکشات کرنے کے لئے ' شونیہ ' یعنی ' عدم ' کے آئینے میں سے اپنے کو دیکھا . صوفی کہتا ہے کہ 'عینیت حقیقی' کیول 'غیریت اعتباری' کے ذریعے ہی سمجھی جاسکتی ہے . ویدانتی کہتا ہے کہ 'آتم ادویت ستا' یعنی آتما کی ایکتا کا ساکشاتکار ' دویت متھیاتو ' یعنی غیریت کے جھوٹے پن کے دوارا ہی ہوسکتا ہے . دونوں ایک ہی شبدوں میں ایک ہی بات کہہ رہے ہیں .

ایک صوفی کہتا ہے :—

خود را بہ لباس غیر دیدن از بست
کیں بوالعجبی کار خدائی باشد

یعنی دوسرے کے کپڑوں میں خود اپنے کو دیکھنا کیسی مزے کی بات ہے . یہی کرامات ہے . یہی خدا کی راہ ہے . یہی خود خدائی ہے .

خود اپنے وچاروں اور بھاوں کو بھی ہم اُس سمے تک پوری طرح نہیں سمجھ پاتے جب تک ہم اُن کا عکس

नया हिन्द

जिल्द 11 अक्तूबर, सन् '51 नम्बर 4

जात आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

राही

(भाई अली अहमद एम० ए०)

राही ! अपनी राह चला जा

पग पग पर हैं सौ सौ धोखे   माया के फैले हैं फंदे
कम हैं फूल, ज़ियादा काटे   काटों को भी फूल समझता

राही ! अपनी राह चला जा

रोकेंगे पथ तेरा नाले   टीले बन जाएंगे हिमाले
डसने को दौड़ेंगे काले   इन कालों के सीस कुचलता

राही ! अपनी राह चला जा

तूफ़ां उट्ठें, भूकम्प आए   परबत से परबत टकराए
धरती चलने से रुक जाए   रुकने का तू नाम न लेना

राही ! अपनी राह चला जा

आँखों के मत ढूंढ इशारे   भटका देंगे राह ये तारे
झूटे पीत के सपने सारे   इन सपनों को झूट समझता

राही ! अपनी राह चला जा

तारे आँख झपक सकते हैं   दरिया राह भटक सकते हैं
चाँद और सूरज थक सकते हैं   थकना काम नहीं है तेरा

राही ! अपनी राह चला जा

نیا ہند

جلد 11 اکتوبر، سن '51 نمبر 4

جات آدمی، پریم دھرم ہے، ہندستانی بولی،
'نیا ہند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی.

راہی

(بھائی علی احمد ایم. اے.)

راہی ! اپنی راہ چلا جا

پگ پگ پر ہیں سو سو دھوکے   مایا کے پھیلے ہیں پھندے
کم ہیں پھول، زیادا کانٹے   کانٹوں کو بھی پھول سمجھتا

راہی ! اپنی راہ چلا جا

روکیں گے پتھ تیرا نالے   ٹیلے بن جائیں گے ہمالے
ڈسنے کو دوڑیں گے کالے   ان کالوں کے سیس کچلتا

راہی ! اپنی راہ چلا جا

طوفاں اٹھیں، بھوکمپ آئے   پربت سے پربت ٹکرائے
دھرتی چلنے سے رک جائے   رکنے کا تو نام نہ لینا

راہی ! اپنی راہ چلا جا

آنکھوں کے مت ڈھونڈھ اشارے   بھٹکا دیں گے راہ یہ تارے
جھوٹے پریت کے سپنے سارے   ان سپنوں کو جھوٹ سمجھتا

راہی ! اپنی راہ چلا جا

تارے آنکھ جھپک سکتے ہیں   دریا راہ بھٹک سکتے ہیں
چاند اور سورج تھک سکتے ہیں   تھکنا کام نہیں ہے تیرا

راہی ! اپنی راہ چلا جا

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

अक्तूबर 1951

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

اکتوبر 1951

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने .

मैनेजर
'नया हिन्द'
155, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद .

قیمت—ھندستان میں چھ روپیہ سال' باہر دس روپیہ سال' ایک پرچہ دس آنے .

مینیجر
' نیا ھند '
مٹھی گنج' الہ آباد .

नया हिन्द — نیا ہند

* * *

* * *

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद

अक्तूबर 1951 اکتوبر

हिन्दुस्तानी कलचर

पर

निबन्धों (मक़ालों) के लिये

इनाम

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी ने तय किया है कि हिन्दुस्तानी कलचर पर तीन सबसे अच्छे निबन्धों (मक़ालों) के लिये तीन इनामें दिये जाएं. पहला इनाम एक हज़ार रुपए, दूसरा इनाम पाँच सौ रुपए और तीसरा इनाम ढाई सौ रुपए.

اِس صلحنامے کے ذریعے سن '43 کے قاہرہ اور سن '45 کے یالٹا اور پوٹسڈم کے اعلانوں کے اوپر ہرتال پھیری جا رہی ہے جن کی رو سے جاپان کا اُن جزیروں پر کوئی حق نہیں رہ جاتا تھا جو اُس نے ہتھیا لئے تھے اور جن کی رو سے کوریا ہر طرح سے آزاد رہنا چاہئے تھا اور جن کی رو سے چین کو اُس کے چھنے ہوئے حصے جاپانیوں سے واپس مل جانے چاہئے تھے۔ اُنہیں اعلانوں کی رو سے دکھنی سکھالین اور کیورائل ٹاپو روس کے ہاتھ میں ہونے چاہئے تھے۔ اُنہیں اعلانوں کی شرطوں کی رو سے جاپان آج بے ہتھیار والا ہونا چاہئے تھا۔ پر ایسا معلوم ہوتا ہے کہ جاپانیوں نے اُن اعلانوں کو اس طرح برباد کیا ہے کہ اُن کی یاد تک امریکہ اور برطانیہ کو نہیں رہ گئی۔ تبھی تو یہ نیا جاپانی صلحنامہ جاپان کو اپنے ہاتھوں تلوار طمنچوں سے لیس کر رہا ہے۔

اس نئے جاپانی صلحنامے کی خاص خاص شرطیں یہ ہیں:

(1) جاپان کی حد بندی۔

(2) جاپان کو پھر سے ہتھیاروں سے لیس کرنا۔

(3) جاپان سے ہرجانا وصول کرنا۔

(4) جاپان میں امریکی فوج کا بنا رہنا۔ اور

(5) فارموسا کی کیا حالت رہے گی؟

اِن سب شرطوں پر یو۔ این۔ او۔ میں شامل ملکوں میں مت بھید ہے۔

ہندستان اِن شرطوں کو ٹھیک نہیں سمجھتا جو فارموسا کے بارے میں کی گئی ہیں۔ وہ جاپان سے اِس وقت ہرجانا وصول کرنے کے بھی خلاف ہے اور یہ تو وہ ہرگز پسند نہیں کرتا کہ جاپان کی زمین پر دوسرے ملک کی فوجیں چھائی رہیں۔

ہم نہیں سمجھتے جاپان بھی اِس شرط پر کہ اُس ملک میں دوسرے ملک کی فوجیں بنی رہیں کیسے راضی ہوسکتا ہے۔

معلوم ہوا ہے اِس صلحنامے کی رو سے جاپان کے ریکیو اور بونن ٹاپو کسی دوسرے ملک کی دیکھ بھال میں رہیں گے۔ اس کے تو صاف یہ معنی ہیں کہ جاپانی جاپان کے مالک رہتے ہوئے بھی ملکیت کے معاملے میں دوسرے ملک سے دبے رہیں گے۔

ایشیا کے ملک تو یہ چاہتے ہیں کہ فارموسا کا ٹاپو اس چینی سرکار کو واپس کر دیا جائے جو اِس وقت سارے چین پر قابض ہے، پھر وہ سرکار چاہے کسی بھی طرح کی کیوں نہ ہو۔

ہرجانا وصول کرنے کے بارے میں ہندستان کی یہ رائے ہے کہ جاپان سے ہر جانا اُسی وقت وصول کیا

गया कि इन्डोनीशिया जैसा छोटा टापू और बरमा जैसा नया आज़ाद मुल्क हर तरह के हथियारों से लैस जापान से अपना बचाव कैसे करेंगे.

इस जापानी सुलहनामे में तो हम यही पाते हैं कि अमरीका जापानी शहद की मक्खियों के छत्ते को छेड़ कर और अपने और जापान के बीच में धुएं का परदा खड़ा करके ख़ुद मक्खियों का तमाशा देखना चाहता है.

जिसने जापानी इतिहास पर सरसरी नज़र भी डाली है वह अच्छी तरह जानता है कि जापान ने पिछले छयालीस बरस से सिवाय इसके किया ही क्या है कि वह अपने पड़ोसियों पर आए दिन जबरदस्ती करता रहे. यह किस को नहीं मालूम कि जापान के पास न खाने के लिये काफ़ी नाज है और न तन ढकने के लिये काफ़ी रुई और न बढ़ती हुई औलाद के लिये काफ़ी जगह. ऐसी हालत में वह उधर की तरफ़ बढ़े बग़ैर कैसे रहेगा जिधर उसे कम से कम ख़तरा हो.

यह किसे नहीं मालूम कि जापान बरसों कोरिया और फ़ारमूसा का मालिक रह चुका है, रूस में ज़ारशाही का मुक़ाबला करके उसको धक्का पहुंचा चुका है और चीन के एक हिस्से पर भी बरसों क़ाबिज़ रह चुका है. फिर इस सुलहनामे में इन सब बातों की रोक थाम का कोई इन्तज़ाम न होने से क्या यह नहीं समझा जा सकता कि अमरीका जापान को बम बना कर पच्छिम के देशों पर फेंकना चाहता है.

किसको नहीं मालूम कि बरतानिया और योरप के और देश और अमरीका भी उस वक़्त सिर्फ़ तमाशा देखा किये जब जापान चीन पर ज़बरदस्ती कर रहा था. जब तक पर्ल हारबर पर जापान का हमला न हुआ जो सन 1941 की बात है तब तक क्या अमरीका मैदान में कूदा ? सिर्फ़ तब और तभी अमरीका ने जापान को सब से बड़ा मुजरिम माना. और क्या अमरीका को यह नहीं मालूम कि वह सौ बरस भी जापान से लड़कर जापान को नहीं हरा सकता था अगर उसने एटम बम के नाजायज़ इस्तेमाल को जायज़ मानकर जापानियों पर न गिराया होता. अमरीका याद रक्खे उसने जापान को धर्म युद्ध में नहीं जीता अधर्म युद्ध में जीता है. अगर कुश्ती में काटना और नोचना अधर्म है तो पिछली लड़ाई में गैस का इस्तेमाल अधर्म रहते हुए एटम बम का इस्तेमाल अधर्म ही रहेगा. हमें याद है कि उस वक़्त एक ईसाई पादरी ने अमरीका के एटम बम गिराने के काम को अधर्म कहा था. पर वही तो सत्य परमेश्वर की आवाज़ थी. ख़ैर, इन सब बातों को छोड़िये. हम तो यही कहेंगे कि अमरीका जान बूझ कर यह भूल कर रहा है और समझ में नहीं आता क्यों कर रहा है.

یا کہ انڈونیشیا جیسا چھوٹا ٹاپو اور برما جیسا نیا آزاد ملک ہر طرح کے ہتھیاروں سے لیس جاپان سے اپنا بچاؤ کیسے کریں گے ۔

اس جاپانی صلحنامے میں تو ہم یہی پاتے ہیں کہ امریکہ جاپانی شہد کی مکھیوں کے چھتے کو چھیڑ کر اور اپنے اور جاپان کے بیچ میں دھوئیں کا پردہ کھڑا کرکے خود مکھیوں کا تماشہ دیکھنا چاہتا ہے

جس نے جاپانی اتہاس پر سرسری نظر بھی ڈالی ہے وہ اچھی طرح جانتا ہے کہ جاپان نے پچھلے چھیالیس برس سے سوائے اس کے کیا ہی کیا ہے کہ وہ اپنے پڑوسیوں پر آئے دن زبردستی کرتا رہے ۔ یہ کس کو نہیں معلوم کہ جاپان کے پاس نہ کھانے کے لئے کافی اناج ہے اور نہ تن ڈھکنے کے لئے کافی روئی اور نہ بڑھتی ہوئی اولاد کے لئے کافی جگہ ۔ ایسی حالت میں وہ ادھر کی طرف بڑھے بغیر کیسے رہے گا جدھر اسے کم سے کم خطرہ ہو ۔

یہ کسے نہیں معلوم کہ جاپان برسوں کوریا اور فارموسا کا مالک رہ چکا ہے، روس میں زار شاہی کا مقابلہ کرکے اس کو دھکا پہونچا چکا ہے اور چین کے ایک حصے پر بھی برسوں قابض رہ چکا ہے ۔ پھر اس صلحنامے میں ان سب باتوں کی روک تھام کا کوئی انتظام نہ ہونے سے کیا یہ نہیں سمجھا جاسکتا کہ امریکہ جاپان کو بم بناکر پچھم کے دیشوں پر پھینکنا چاہتا ہے

کس کو نہیں معلوم کہ برطانیہ اور یورپ کے اور دیش اور امریکہ بھی اس وقت صرف تماشہ دیکھا کئے جب جاپان چین پر زبردستی کررہا تھا ۔ جب تک پرل ہاربر پر جاپان کا حملہ نہ ہوا جو سن 1941 کی بات ہے تب تک کیا امریکہ میدان میں کودا ؟ صرف تب اور تبھی امریکہ نے جاپان کو سب سے بڑا مجرم مانا ۔ اور کیا امریکہ کو یہ نہیں معلوم کہ وہ سو برس بھی جاپان سے لڑکر جاپان کو نہیں ہرا سکتا تھا اگر اس نے ایٹم بم کے ناجائز استعمال کو جائز مان کر جاپانیوں پر نہ گرایا ہوتا ۔ امریکہ یاد رکھے اس نے جاپان کو دھرم یدھ میں نہیں جیتا ادھرم یدھ میں جیتا ہے ۔ اگر کشتی میں کاٹنا اور نوچنا ادھرم ہے تو پچھلی لڑائی میں گیس کا استعمال ادھرم رہتے ہوئے ایٹم بم کا استعمال ادھرم ہی رہے گا ۔ ہمیں یاد ہے کہ اس وقت ایک عیسائی پادری نے امریکہ کے ایٹم بم گرانے کے کام کو ادھرم کہا تھا ۔ پر وہی تو ستیہ پرمیشور کی آواز تھی ۔ خیر، ان سب باتوں کو چھوڑیئے ۔ ہم تو یہی کہیں گے کہ امریکہ جان بوجھ کر یہ بھول کر رہا ہے اور سمجھ میں نہیں آتا کیوں کر رہا ہے ۔

सुलहनामे में सुलह की जगह लड़ाई के बीज ही दिखाई देते हैं और यही हाल बरमा और इन्डोनीशिया का है.

आस्ट्रेलिया और न्युज़िलैंड जो हर तरह से अमरीकी गुट में हैं वह तक घबराए हुए हैं कि यह जापान को हथियारों से लैस करके किया क्या जा रहा है. मतलब यह कि प्रशान्त महासागर के सारे मुल्क सुलहनामे के इस मसौदे को हर तरह से लड़ाई नामा मानते हैं.

सुना है कि आस्ट्रेलिया और न्युज़िलैंड इस पर दसख़त कर रहे हैं. तब तो हम यही कहेंगे कि लड़ने के लिये उनके बाज़ू फड़क रहे हैं और जापान के मुक़ाबले में मरने के लिये उनके पंख निकल आए हैं. लेकिन वह मरना नहीं चाहते और मरने से बचने का इलाज उन्होंने यह सोचा है कि वह दोनों मिलकर अमरीका के साथ जापानी सुलहनामे पर दसख़त करने से पहले अमरीका के साथ एक सुलहनामा और कर लें. यह चाल तो उनकी ठीक है, पर यह इस बात की गारन्टी नहीं है कि तीसरी लड़ाई नहीं होगी

कितने मज़े की बात है कि अमरीका मरे हुए जापानी शेर में जान डाल कर यह भी समझता है कि वह उसे सरकस का शेर बनाए रखेगा. और अन्दर अन्दर यह भी डरता है कि अजब नहीं वही शेर फिर अमरीका नहीं तो कहीं न्यूज़ीलैंड या आस्ट्रेलिया पर न चढ़ बैठे. क्योंकि उन्हें यह ख़ूब मालूम है कि जापानी शेर का बरसों से आस्ट्रेलिया पर दांत रहा है. जब अमरीका को ख़ुद इस सुलहनामे में लड़ाई दिखाई देती है तो इन्डोनीशिया, बरमा और हिन्दुस्तान को वही चीज़ दिखाई दे, इस में अचरज क्या.

इस सुलहनामे पर दसख़त हो जाने के बाद अगर एशिया के हिन्दुस्तान, बरमा और इन्डोनीशिया जैसे मुल्क दसख़त करने से रह जाते हैं तो उनको इसके सिवाय क्या चारा रह जायगा कि वह या तो किसी दूसरे गुट से मिलें या फिर अमरीका के साथ वैसा ही सुलहनामा करें जैसा आस्ट्रेलिया और न्युज़िलैंड करने जा रहे हैं और फिर अपने पड़ोसी रूस और चीन को दुशमन बनाएं.

इसमें भी कोई शक नहीं किया जा सकता कि जापानी शेर आस्ट्रेलिया की तरफ़ रुख़ न करके पच्छिम या उत्तर पच्छिम की तरफ़ रुख़ करले और च्यांग के साथ सांठगांठ कर के जापानी समंदर को लांघने की सोचने लगे. तो फिर तीसरी लड़ाई शुरू होगी ही और प्रशान्त सागर का अमन ख़तरे में पड़ जायगा. हमारी समझ में नहीं आता कि अमरीका यह सब ख़तरा क्यों मोल ले रहा है. क्या उसके पास एटमी हथियारों और एटमी बम का इतना ढेर लग गया है कि जो उसे चैन से बैठने नहीं देता.

इस सुलहनामे के नए मसौदे में यह कहीं नहीं सोचा

صلحنامے میں صلح کی جگہ لڑائی کے بیج ہی دکھائی دیتے ہیں اور یہی حال برما اور انڈونیشیا کا ہے۔

آسٹریلیا اور نیوزی لینڈ جو ہر طرح سے امریکی گٹ میں ہیں وہ تک گھبرائے ہوئے ہیں کہ یہ جاپان کو ہتھیاروں سے لیس کرکے کیا کیا جا رہا ہے۔ مطلب یہ ہے کہ پرشانت مہاساگر کے سارے ملک صلحنامے کے اس مسودے کو ہر طرح سے لڑائی نامہ مانتے ہیں۔

سنا ہے کہ آسٹریلیا اور نیوزیلینڈ اس پر دستخط کر رہے ہیں۔ تب تو ہم یہی کہیں گے کہ لڑنے کے لئے اُن کے بازو پھڑک رہے ہیں اور جاپان کے مقابلے میں مرنے کے لئے اُن کے پنکھ نکل آئے ہیں۔ لیکن وہ مرنا نہیں چاہتے اور مرنے سے بچنے کا علاج اُنہوں نے یہ سوچا ہے کہ وہ دونوں مل کر امریکہ کے ساتھ جاپانی صلحنامے پر دستخط کرنے سے پہلے امریکہ کے ساتھ ایک صلحنامہ اور کرلیں۔ یہ چال تو اُن کی ٹھیک ہے، پر یہ اس بات کی گارنٹی نہیں ہے کہ تیسری لڑائی نہیں ہوگی۔

کتنے مزے کی بات ہے کہ امریکہ مرے ہوئے جاپانی شیر میں جان ڈال کر یہ بھی سمجھتا ہے کہ وہ اُسے سرکس کا شیر بنائے رکھے گا۔ اور اندر اندر یہ بھی ڈرتا ہے کہ عجب نہیں وہی شیر پھر امریکہ نہیں تو کہیں نیوزیلینڈ یا آسٹریلیا پر نہ چڑھ بیٹھے۔ کیونکہ اُنہیں یہ خوب معلوم ہے کہ جاپانی شیر کا برسوں سے آسٹریلیا پر دانت رہا ہے۔ جب امریکہ کو خود اس صلحنامے میں لڑائی دکھائی دیتی ہے تو انڈونیشیا، برما اور ہندستان کو وہی چیز دکھائی دے، اس میں اچرج کیا۔

اس صلحنامے پر دستخط ہو جانے کے بعد اگر ایشیا کے ہندستان، برما اور انڈونیشیا جیسے ملک دستخط کرنے سے رہ جاتے ہیں تو اُن کو اس کے سوائے کیا چارا رہ جائے گا کہ وہ یا تو کسی دوسرے گٹ سے ملیں یا پھر امریکہ کے ساتھ ویسا ہی صلحنامہ کریں جیسا آسٹریلیا اور نیوزیلینڈ کرنے جا رہے ہیں اور پھر اپنے پڑوسی روس اور چین کو دشمن بنائیں۔

اس میں بھی کوئی شک نہیں کیا جا سکتا کہ جاپانی شیر آسٹریلیا کی طرف رخ نہ کرکے پچھم یا اُتر پچھم کی طرف رخ کرلے اور چیانگ کے ساتھ سانٹھ گانٹھ کرکے جاپانی سمندر کو لانگھنے کی سوچنے لگے، تو پھر تیسری لڑائی شروع ہوگی ہی اور پرشانت ساگر کا امن خطرے میں پڑ جائے گا۔ ہماری سمجھ میں نہیں آتا کہ امریکہ یہ سب خطرہ کیوں مول لے رہا ہے۔ کیا اُس کے پاس ایٹمی ہتھیاروں اور ایٹمی بم کا اتنا ڈھیر لگ گیا ہے کہ جو اُسے چین سے بیٹھنے نہیں دیتا۔

اس صلحنامے کے نئے مسودے میں یہ کہیں نہیں سوچا

हमारी राय

ہماری رائے

जापानी सुलहनामा—

इस सुलहनामे का नाम 'जापानी सुलहनामा' धोके का नाम है. इसमें दिखावा ही दिखावा है. सुलह की असलियत नाम को भी नहीं है. इसका अगर हम नाम रक्खें तो वह हो सकता है 'प्रशान्त महासागरी लड़ाई नामा.' इस सुलहनामे में उस यू. एन. ओ. ने जो आज अमरीका के हाथ में खेल रही है तीसरी लड़ाई का ऐसा बीज बो दिया है जिसमें बहुत जल्दी किल्ले फूटेंगे और जल्दी ही फल लग जायंगे. इस सुलहनामे में सलाह लेने के लिये जापान के पड़ोसी लाल चीन के माओ-त्से-तुँग को बुलावा तक नहीं दिया गया. और अमरीका के हाथ में खेलने वाले च्यांग के मुँह पर पट्टी बांध दी गई है. रहे एशिया के दूसरे मुल्क वह सब जहां तक हमें पता चला है इस सुलहनामे को पसन्द नहीं करते और एशिया के मुल्कों की पसन्दगी तो उसके लिये बेहद ज़रूरी थी. पर न जाने इस बेहद ज़रूरी को यू. एन. ओ. ने बेहद की हद काट कर सिर्फ़ बे ज़रूरी क्यों समझा.

अमरीका और अंगरेज़ दोनों मिलकर इस सुलहनामे के तमाशे को सितम्बर के पहले हफ़्ते में सान फ्रॉंसिसको में दिखाने वाले हैं और बड़ी आन बान से दिखाने वाले हैं क्योंकि रूस इसके मसौदे के एक दम ख़िलाफ़ है. जो जो मुल्क इस सुलहनामे पर दस्ख़त करेंगे उनके बारे में हमारी यह राय है कि या तो वह अमरीका से दबकर दस्ख़त कर रहे हैं या उनके बाज़ू लड़ाई के लिये इतने फड़क रहे हैं कि वह तीसरी लड़ाई में अपने करतब दिखाने की तेज़ी से राह देख रहे हैं.

हिन्दुस्तान और मामलों में चाहे गांधी का देश न भी बना हो पर दुनिया में सच्चे मानों में शान्ति बनाए रखने में वह सौ फ़ीसदी और पूरी ईमानदारी से गांधी का देश बना हुआ है. साथ ही साथ वह जापान के काफ़ी पास है और उसका जापान से सैकड़ों बरस से कलचरी सम्बन्ध भी रहा है. इतना ही नहीं वह जापान की साम्राजवादी ख़्वाहिशों से भी पूरी तरह वाक़िफ़ है. उसको भी इस

جاپانی صلح نامہ —

اِس صلحنامے کا نام 'جاپانی صلحنامہ' دھوکے کا نام ہے۔ اس میں دکھاوا ہی دکھاوا ہے۔ صلح کی اصلیت نام کو بھی نہیں ہے۔ اِس کا اگر ہم نام رکھیں تو وہ ہو سکتا ہے 'پرشانت مہاساگری لڑائی نامہ'۔ اِس صلحنامے میں اس یو. این. او. نے جو آج امریکہ کے ہاتھ میں کھیل رہی ہے تیسری لڑائی کا ایسا بیج بو دیا ہے جس میں بہت جلدی کلّے پھوٹیں گے اور جلدی ہی پھل لگ جائیں گے۔ اس صلحنامے میں صلاح لینے کے لئے جاپان کے پڑوسی لال چین کے ماؤ سے تونگ کو بلاوا تک نہیں دیا گیا۔ اور امریکہ کے ہاتھ میں کھیلنے والے چیانگ کے منہ پر پٹی باندھ دی گئی ہے۔ رہے ایشیا کے دوسرے ملک وہ سب جہاں تک ہمیں پتہ چلا ہے اِس صلحنامے کو پسند نہیں کرتے اور ایشیا کے ملکوں کی پسندگی تو اس کے لئے بے حد ضروری تھی۔ پر نہ جانے اس بے حد ضروری کو یو. این. او. نے بے حد کی حد کاٹ کر صرف بے ضروری کیوں سمجھا۔

امریکہ اور انگریز دونوں مل کر اِس صلحنامے کے تماشے کو ستمبر کے پہلے ہفتے میں سان فرانسسکو میں دکھانے والے ہیں اور بڑی آن بان سے دکھانے والے ہیں کیونکہ روس اِس کے مسودے کے ایک دم خلاف ہے۔ جو جو ملک اِس صلحنامے پر دستخط کریں گے اُن کے بارے میں ہماری یہ رائے ہے کہ یا تو وہ امریکہ سے دب کر دستخط کر رہے ہیں یا اُن کے بازو لڑائی کے لئے اتنے پھڑک رہے ہیں کہ وہ تیسری لڑائی میں اپنے کرتب دکھانے کی تیزی سے راہ دیکھ رہے ہیں۔

ہندستان اور معاملوں میں چاہے گاندھی کا دیش نہ بھی رہا ہو پر دنیا میں سچے معنوں میں شانتی بنائے رکھنے میں وہ سو فیصدی اور پوری ایمانداری سے گاندھی کا دیش بنا ہوا ہے۔ ساتھ ہی ساتھ وہ جاپان کے کافی پاس ہے اور اُس کا جاپان سے سیکڑوں برس سے کلچری سمبندھ بھی رہا ہے۔ اتنا ہی نہیں وہ جاپان کی سامراج وادی خواہشوں سے بھی پوری طرح واقف ہے۔ اُس کو بھی اِس

देस बिदेस की खबरें

(अगस्त 1951)

1. मास्को के अखबार "प्रवदा" में अंगरेज मिनिस्टर मारीसन का विचार व समाचार की आज़ादी पर एक लेख और उसका जवाब छपा. लोकमान्य तिलक की इकतीसवीं बरसी. वर्धा में गांधी विचार परिशद क़ायम हुई.

2. ट्रूमैन चार पाइन्ट योजना के मुताबिक़ हिन्दुस्तान में अमरीकी कारखाने खुलने का फ़ैसला. पाकिस्तानी बड़े वज़ीर का बिला किसी शर्त हिन्दुस्तान आने से इनकार.

3. तेल के मसले पर ईरान से बात करने के लिये स्टोक्स मिशन लन्दन से रवाना. दरभंगा जिले में ज़बरदस्त बाढ़.

4. केसांग की बात चीत बीच में ही अटक गई. प्रजा पारटी की कौंसिल ने कन्ट्रोल हटाने के मुआफ़िक़ ठहराव पास किया.

5. पंडित जवाहर लाल का पाकिस्तान को जवाब.

6. तेहरान में इंगलैंड और ईरान के बीच बात-चीत शुरू. नई दिल्ली में राजपति ने पार्लिमेन्ट का नया इजलास खोला.

7. रूसी सोवियत के सदर का विश्व शान्ति के लिये अमरीकी राजपति को खत. केसांग की बात चीत फिर से शुरू करने के लिये अमरीकी जनरल रिजवे की शर्तें.

8. आसाम का कुछ हिस्सा भूटान को दे देने का बिल पार्लिमेन्ट में पास. सरकार के पास चावल की कमी—अनाज मिनिस्टर का एलान.

9. मिस्र को ब्रिटेन मित्र सुलहनामे पर एतराज़. हिन्दुस्तान के अगले चुनाव 3 जनवरी से 24 जनवरी तक होंगे. रेलवे वालों ने हड़ताल फ़िलहाल नहीं करने का फ़ैसला किया.

10. पंडित जवाहर लाल ने कांगरेस वरकिंग कमेटी और सेन्ट्रल कांगरेसी पार्लिमेन्टरी बोर्ड से स्तीफ़ा दे दिया.

11. मौलाना आज़ाद का वरकिंग कमेटी से स्तीफ़ा. दिल्ली में वरकिंग कमेटी की बैठक शुरू.

12. पाकिस्तान सरकार पख्तूनिस्तान के लोगों को अपना जन्मजात हक़ लेने से नहीं रोक सकती—अफ़ग़ानी राज दूत का एलान.

13. दिल्ली में वरकिंग कमेटी की बैठक जारी. नैपाल के राजा दिल्ली पहुंचे.

14. कांगरेस सदर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल का स्तीफ़ा कुलहिन्द कांगरेस कमेटी की एक खास मीटिंग में पेश किया जायगा. हिन्दुस्तान के मुसलमानों का पाकिस्तान की कश्मीर पालिसी पर डाक्टर ग्राहम को मेमोरेन्डम.

15. जगह जगह आज़ादी का दिन मनाया गया.

नोट—आइन्दा से एक माह की 15 तारीख से दूसरे माह की 15 तारीख तक की खबरें दी जाया करेंगी.

دیس بدیس کی خبریں

(اگست 1951)

1. ماسکو کے اخبار " پروداً " میں انگریز منسٹر ماریسن کا وچار وسماچار کی آزادی پر ایک لیکھ اور اس کا جواب چھپا . لوک مانیہ تلک کی ایکتیسویں برسی . وردھا میں گاندھی وچار پریشد قائم ہوئی .

2. ٹرومین چار پائنٹ یوجنا کے مطابق ہندستان میں امریکی کارخانے کھلنے کا فیصلہ . پاکستانی بڑے وزیر کا بلا کسی شرط ہندستان آنے سے انکار .

3. تیل کے مسلے پر ایران سے بات کرنے کے لئے اسٹوکس مشن لندن سے روانہ . دربھنگا ضلع میں زبردست باڑھ .

4. کیسانگ کی بات چیت بیچ میں ہی اٹک گئی . پرجا پارٹی کی کونسل نے کنٹرول ہٹانے کے موافق ٹھہراو پاس کیا .

5. پنڈت جواہرلال کا پاکستان کو جواب .

6. تہران میں انگلینڈ اور ایران کے بیچ بات چیت شروع . نئی دلی میں راج پتی نے پارلیمنٹ کا نیا اجلاس کھولا .

7. روسی سوویت کے صدر کا وشو شانتی کے لئے امریکی راجپتی کو خط . کیسانگ کی بات چیت پھر سے شروع کرنے کے لئے امریکی جنرل رجوے کی شرطیں .

8. آسام کا کچھ حصہ بھوٹان کو دے دینے کا بل پارلیمنٹ میں پاس . سرکار کے پاس چاول کی کمی — اناج منسٹر کا اعلان .

9 مصر کو برٹش مصر صلح نامہ پر اعتراض . ہندستان کے اگلے چناو 3 جنوری سے 21 جنوری تک ہونگے . ریلوے والوں نے ہڑتال فی الحال نہیں کرنے کا فیصلہ کیا .

10. پنڈت جواہر لال نے کانگریس ورکنگ کمیٹی اور سنٹرل کانگریسی پارلیمنٹری بورڈ سے استعفیٰ دے دیا .

11 مولانا آزاد کا ورکنگ کمیٹی سے استعفیٰ . دلی میں ورکنگ کمیٹی کی بیٹھک شروع .

12. پاکستان سرکار پختونستان کے لوگوں کو اپنا جنم جات حق لینے سے نہیں روک سکتی — افغانی راج دوت کا اعلان .

13. دلی میں ورکنگ کمیٹی کی بیٹھک جاری . نیپال کے راجہ دلی پہونچے .

14. کانگریس صدر نے کہا کہ پنڈت جواہر لال کا استعفیٰ کل ہند کانگریس کمیٹی کی ایک خاص میٹنگ میں پیش کیا جائے گا . ہندستان کے مسلمانوں کا پاکستان کی کشمیر پالیسی پر ڈاکٹر گراہم کو میمورینڈم .

15 جگہ جگہ آزادی کا دن منایا گیا .

نوٹ — آئندہ سے ایک ماہ کی 15 تاریخ سے دوسرے کی 15 تاریخ تک کی خبریں دی جایا کرینگی .

निकालने वाले—चरखा संघ की तामिलनाद शाखा और सर्वोदय प्रचारयालयम, तिरूपुर (दक्खिन भारत). सफ़े 112; दाम—चौदह आने.

जब हमारे पास यह किताब आई तो हम हैरत में रह गए कि यह चीज़ अब तक क्यों नहीं निकली थी. तरह तरह के मसलों पर महात्मा गांधी के विचारों को जमा कर के किताबें निकल चुकी हैं लेकिन खादी पर, जो उनकी खास ईजाद थी, अब तक नदारद ! इसलिये जाजू जी का हम सब पर बड़ा अहसान है कि उन्होंने मेहनत करके यह चीज़ तैयार की और दुनिया के आगे रख दी.

किताब के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दीपक दिखाना है. बापू के जो लेख या स्पीचें इस में जमा की गई हैं उनमें वह जान है, वह आग है. वह सच्चाई है कि हर किसी को—अगर उसने पहले से ही इस के खिलाफ़ मन में कोई राय न बना ली हो—मानना पड़ेगा कि चरखे और खादी की हिन्दुस्तान को जरूरत है, जितनी आज़ाद होने के लिये थी उस से कहीं ज्यादा आज़ादी पाने के बाद है. खादी के पनपने पर ही हमारे देहाती धंदे पनपेंगे, हमारे देहात पनपेंगे, हिन्दुस्तान पनपेगा वरना सब का बंटा धार होने वाला है, कोई ताक़त नहीं बचा सकती.

बापू में, हिन्दुस्तान में या इनसानी समाज में जिसे ज़रा भी दिलचस्पी है उसने अगर यह किताब नहीं पढ़ी तो हम कहेंगे कि कुछ नहीं पढ़ा. चौदह आने में यह किताब बहुत सस्ती है.

—सुरेश रामभाई

चरखे की तात्विक मीमांसा

निकालने वाले—मंत्री, चरखा संघ, सेवा ग्राम, वर्धा. सफ़े—72, दाम एक रुपया.

यह किताब 'आईडियोलाजी आफ़ दी चरखा' का हिन्दी अनुवाद है. मंत्री, चरखा संघ से इतनी बिनती ज़रूर है कि अगली बार जब इसे छपवाएँ तो इस की बोली सब की बोली जैसी कर दें ताकि हर कोई इसे आसानी से समझ सके.

—सुरेश रामभाई

نکالنے والے — چرخہ سنگھ کی تامل ناد شاکھا اور سروودے پرچار یالیم، ترپور (دکھن بھارت) صفحے 112؛ دام چودہ آنے .

جب ہمارے پاس یہ کتاب آئی تو ہم حیرت میں رہ گئے کہ یہ چیز اب تک کیوں نہیں نکلی تھی . طرح طرح کے مسئلوں پر مہاتما گاندھی کے وچاروں کو جمع کر کے کتابیں نکل چکی ہیں لیکن کھادی پر، جو اُن کی خاص ایجاد تھی، اب تک ندارد ! اس لئے جاجو جی کا ہم سب پر بڑا احسان ہے کہ انہوں نے محنت کر کے یہ چیز تیار کی اور دنیا کے آگے رکھ دی .

کتاب کے بارے میں کچھ بھی کہنا سورج کو دیپک دکھانا ہے . باپو کے جو لیکھ یا سپیچیں اِس میں جمع کی گئی ہیں اُن میں وہ جان ہے، وہ آگ ہے، وہ سچائی ہے کہ ہر کسی کو — اگر اس نے پہلے سے ہی اُس کے خلاف من میں کوئی رائے نہ بنا لی ہو — ماننا پڑے گا کہ چرخے اور کھادی کی ہندوستان کو ضرورت ہے، جتنی آزاد ہونے کے لئے تھی اس سے کہیں زیادہ آزادی پانے کے بعد ہے . کھادی کے پنپنے پر ہی ہمارے دیہاتی دھندے پنپیں گے، ہمارے دیہات پنپیں گے، ہندوستان پنپے گا ورنہ سب کا بنٹا دھار ہونے والا ہے، کوئی طاقت نہیں بچا سکتی .

باپو میں، ہندوستان میں یا انسانی سماج میں جسے ذرا بھی دلچسپی ہے اُس نے اگر یہ کتاب نہیں پڑھی تو ہم کہیں گے کہ کچھ نہیں پڑھا . چودہ آنے میں یہ کتاب بہت سستی ہے .

— سریش رام بھائی

چرخے کی تاتوک میمانسا

نکالنے والے- منتری، چرخہ سنگھ، سیوا گرام، وردھا . صفحے—72، دام ایک روپیہ .

یہ کتاب 'آئڈیولاجی آف دی چرخہ' کا ہندی انوواد ہے . منتری، چرخہ سنگھ سے اتنی بنتی ضرور ہے کہ کہ اگلی بار جب اسے چھپوائیں تو اِس کی بولی سب کی بولی جیسی کر دیں تاکہ ہر کوئی اِسے آسانی سے سمجھ سکے .

—سریش رام بھائی

खरी कहते हैं, सच्ची कहते हैं, बेधड़क कहते हैं. उन्होंने इस किताब के शुरू में ही बतलाया है कि समाज को रोज़ की ज़िन्दगी के लिहाज़ से पाँच हिस्सों में बांटा जा सकता है—मारखाऊ (चीता-शेर जैसे), लुटेरे (बन्दर जैसे), जफ़ाकश (चिड़िया जैसे), गिरोह बन्द (शहद की मक्खी जैसे) और सेवक (मां जैसे). यही पाँच किस्में हकूमतों, राष्ट्रों में भी मिलती हैं. पूंजी पतियों को जो खुद कोई मेहनत न करके दूसरों का पसीना चूसते हैं वह मारखाऊ दरजे में गिनते हैं, नौकर पेशा को लुटेरों में. किसान को जफ़ाकश में, सोवियत रूस को चौथे में. सेवा वाला दरजा वह है जिस की तरफ़ गांधी जी ने हमारा ध्यान खींचा और जिसकी खातिर उन्होंने काम किया. सभ्यता का असली नाप ही यही है कि हम मारखाऊ और लुटेरेपन से किस हद तक सेवा की तरफ़ बढ़े.

डाक्टर कुमारप्पा ने बहुत ही सुन्दर ढंग से सत्य और अहिन्सा के आधार पर समाज के आर्थिक और नैतिक ढाँचे की तसवीर दी है जिसमें इनसान को अपने निजी विकास का पूरा मौक़ा मिलेगा और वह मशीन का एक निकम्मा पुर्ज़ा न रह कर समाज का एक जानदार हिस्सा बनेगा जिसकी सेवाओं के सिले में समाज उसे पालता पोसता है. यही ख़ास चीज़ है जो समाजवाद, साम्यवाद, साम्राजवाद, नाज़ीवाद वग़ैरा को एक तरफ़ और गांधी-वाद को दूसरी तरफ़ अलग कर देती है. अगर सच्चे सुख और शान्ति की इनसान को तमन्ना है तो इस रास्ते पर उसे चलना होगा.

खुशी की बात है कि इस किताब में जो आर्थिक तजवीज़ डाक्टर. कुमारप्पा ने पेश की है उसी को अमल में लाने के लिये वह वर्धा नगरी से बीस मील दूर एक देहात में जाकर बैठ गए हैं और खेती वग़ैरा सब चीज़ों के प्रयोग अपने ढंग से उन्होंने शुरू कर दिये हैं.

किताब बहुत ही प्यारी है और पढ़ने वाले के मन को हरलेती है. हमारी देशी भाशाओं में इसका अनुवाद ज़रूर किया जाना चाहिये.

—सुरेश रामभाई

दि आईडियोलाजी आफ़ दी चरख़ा

(महात्मा गांधी के खादी के सवाल पर कुछ लेखों और स्पीचों का संग्रह)

सम्पादक—भाई श्री कृश्न दास जाजू;

लिखावट—अंगरेज़ी;

کھری کہتے ھیں، سچی کہتے ھیں، بے دھڑک کہتے ھیں. انہوں نے اس کتاب کے شروع میں ھی بتلایا ھے کہ سماج کو روز کی زندگی کے لحاظ سے پانچ حصوں میں بانٹا جا سکتا ھے — مار کھاؤ (چیتا شیر جیسے)، لٹیرے (بندر جیسے)، جفاکش (چڑیا جیسے)، گروہ بند (شہد کی مکھی جیسے) اور سیوک (ماں جیسے). یہی پانچ قسمیں حکومتوں، راشٹروں میں بھی ملتی ھیں. پونجی پتیوں کو جو خود کوئی محنت نہ کرکے دوسروں کا پسینا چوستے ھیں وہ مار کھاؤ درجے میں گنتے ھیں، نوکر پیشہ کو لٹیروں میں، کسانوں کو جفاکش میں، سوویت روس کو چوتھے میں. سیوا والا درجہ وہ ھے جس کی طرف گاندھی جی نے ھمارا دھیان کھینچا اور جس کی خاطر انہوں نے کام کیا. سبھیتا کا اصلی ناپ ھی یہی ھے کہ ھم مار کھاؤ اور لٹیرے پن سے کس حد تک سیوا کی طرف بڑھے.

ڈاکٹر کماریپا نے بہت ھی سندر ڈھنگ سے ستیہ اور اہنسا کے آدھار پر سماج کے آرتھک اور نیتک ڈھانچے کی تصویر دی ھے جس میں انسان کو اپنے نجی وکاس کا پورا موقع ملے گا اور وہ مشین کا ایک نکما پرزہ نہ رہ کر سماج کا ایک جاندار حصہ بنے گا جس کی سیواؤں کے صلے میں سماج اسے پالتا پوستا ھے. یہی خاص چیز ھے جو سماج واد، سامیہ واد، سامراج واد، نازی واد وغیرہ کو ایک طرف اور گاندھی واد کو دوسری طرف الگ کر دیتی ھے. اگر سچے سکھ اور شانتی کی انسان کو تمنا ھے تو اس راستے پر اسے چلنا ھوگا.

خوشی کی بات ھے کہ اس کتاب میں جو آرتھک تجویز ڈاکٹر کماریپا نے پیش کی ھے اسی کو عمل میں لانے کے لئے وہ وردھا نگری سے بیس میل دور ایک دیہات میں جاکر بیٹھ گئے ھیں اور کھیتی وغیرہ سب چیزوں کے پریوگ اپنے ڈھنگ سے انہوں نے شروع کر دیئے ھیں.

کتاب بہت ھی پیاری ھے اور پڑھنے والے کے من کو ھر لیتی ھے. ھماری دیشی بھاشاؤں میں اس کا انوواد ضرور کیا جانا چاھئے.

— سریش رام بھائی

دی آئڈیولاجی آف دی چرخہ

(مہاتما گاندھی کے کھادی کے سوال پر کچھ لیکھوں اور اسپیچوں کا سنگرہ)

سمپادک — بھائی شری کرشن داس جاجو؛

لکھاوٹ — انگریزی؛

मिलते, उनके दिल का हाल पूछते और शाम को प्रार्थना में एक प्रवचन देते थे. रात को आराम कर सुबह फिर निकल पड़ते.

अपने प्रवचनों में विनोबाजी ने सर्वोदय, खेती, तालीम, उद्योग-धंदों, शहर-देहात, क़ुदरती इलाज, सहयोग, खद्दर, हाथ चक्की, जन सेवा वगैरा पर रोशनी डाली है और दिल में घर कर जाने वाली बातें कही हैं. मिसाल के तौर पर आदिलाबाद जिले के निमल गांव का प्रवचन लीजिये. इसमें उन्होंने कहा कि "हमारे खेत में तरह तरह के निकम्मे झाड़ उगे हुए थे. उनके काटने का जो काम हुआ उसी का नाम स्वराज था. अब स्वराज पाने के बाद उस खेत में मेहनत करना है और बोना है. लेकिन मैं देख रहा हूँ कि लोगों का यही ख़याल है कि अब तो काटने का समय है. यह बिलकुल ग़लत ख़याल है. तो वह जो खेती में मेहनत करके फ़सल लगाना है इसी का नाम है सर्वोदय." कितने सीधे-सादे लफ़्ज़ों में कितनी बड़ी बात विनोबा जी ने कह दी! इसी तरह के अनमोल रत्नों से यह किताब भरी हुई है. विनोबा जी की सादी, शानदार और और बे लाग ज़िन्दगी की, उनके दिल की तड़प की, उनकी पैनी और दूरदर्शी निगाह की, उनके खुले और ठंडे दिमाग़ की झलक पढ़ने वाले पर असर डाले बिना नहीं रह सकती. यह किताब पढ़ने, समझने और अमल करने की चीज़ है.

ढाई सौ सफ़ों के क़रीब की किताब का दाम सिर्फ़ बीस आने रख कर भारत जैन महामण्डल, वर्धा ने एक बड़ा भारी उपकार किया है. हमें उम्मीद है कि यह विनोबा जी की दूसरी पुस्तकें और इस तरह का और साहित्य भी इसी तरीक़े से निकाल कर सच्ची जन सेवा करते रहेंगे.

—सुरेश रामभाई

गांधियन एकोनामिक थाट—

लिखने वाले—डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा;

निकालने वाले—वोरा ऐन्ड को, बम्बई 2.

लिखावट—अंगरेज़ी; सफ़े 72; दाम —सवा रुपया.

बम्बई यूनिवरसिटी के 'स्कूल आफ़ एकोनामिक्स ऐन्ड सोशियोलाजी' के डायरक्टर, मशहूर अर्थ शास्त्री प्रोफ़ेसर सी. एन. वकील की निगरानी में 'लायब्रेरी आफ़ इन्डियन एकोनामिक्स' नाम से किताबों की एक माला निकल रही है. यह किताब इस माला का पहला फूल है.

ग्रामोद्योग और देसी या गांधीवादी अर्थ शास्त्र के अलमबरदार होने के नाते डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा के नाम से देश और विदेश के लोग अच्छी तरह वाक़िफ़ हैं. वह बात

ملتے، ان کے دل کا حال پوچھتے اور شام کو پرارتھنا میں ایک پرچن دیتے تھے۔ رات کو آرام کر صبح پھر نکل پڑتے۔

اپنے پرچنوں میں ونوبا جی نے سرودے، کھیتی، تعلیم، ادیوگ دھندوں، شہر دیہات، قدرتی علاج، سہیوگ، کھدر، ہاتھ چکی، جن سیوا وغیرہ پر روشنی ڈالی ہے اور دل میں گھر کر جانے والی باتیں کہی ہیں۔ مثال کے طور پر عادل آباد ضلعے کے نمل گاؤں کا پرچن لیجئے۔ اس میں انہوں نے کہا کہ "ہمارے کھیت میں طرح طرح کے نکمے جھاڑ اگے ہوئے تھے۔ ان کے کاٹنے کا جو کام ہوا اسی کا نام سوراج تھا۔ اب سوراج پانے کے بعد اس کھیت میں محنت کرنا ہے اور بونا ہے۔ لیکن میں دیکھ رہا ہوں کہ لوگوں کا یہی خیال ہے کہ اب تو کاٹنے کا سمے ہے۔ یہ بالکل غلط خیال ہے۔ تو وہ جو کھیتی میں محنت کرکے فصل اگانا ہے اسی کا نام ہے سرودے۔" کتنے سیدھے سادے لفظوں میں کتنی بڑی بات ونوبا جی نے کہہ دی! اسی طرح کے انمول رتنوں سے یہ کتاب بھری ہوئی ہے۔ ونوبا جی کی سادی، شاندار اور بے لاگ زندگی کی، ان کے دل کی تڑپ کی، ان کی پینی اور دور درشی نگاہ کی، ان کے کھلے اور ٹھنڈے دماغ کی جھلک پڑھنے والے پر اثر ڈالے بنا نہیں رہ سکتی۔ یہ کتاب پڑھنے، سمجھنے اور عمل کرنے کی چیز ہے۔

ڈھائی سو صفحوں کے قریب کی کتاب کا دام صرف بیس آنے رکھ کر بھارت جین مہا منڈل، وردھا نے ایک بڑا بھاری اپکار کیا ہے۔ ہمیں امید ہے کہ یہ ونوبا جی کی دوسری پستکیں اور اس طرح کا اور ساہتیہ بھی اسی طریقے سے نکال کر سچی جن سیوا کرتے رہیں گے۔

— سریش رام بھائی

گاندھین ایکونامک تھاٹ—

لکھنے والے — ڈاکٹر جے. سی. کماریا؛

نکالنے والے — وورا اینڈ کو، بمبئی 2۔

لکھاوٹ — انگریزی؛ صفحے — 72؛ دام — سوا روپیہ۔

بمبئی یونیورسٹی کے 'اسکول آف ایکونامکس اینڈ سوشیولاجی' کے ڈائرکٹر، مشہور ارتھ شاستری پروفیسر سی. این. وکیل کی نگرانی میں 'لائبریری آف انڈین ایکونامکس' نام سے کتابوں کی ایک مالا نکل رہی ہے۔ یہ کتاب اس مالا کا پہلا پھول ہے۔

گرام ادیوگ اور دیسی یا گاندھی وادی ارتھ شاستر کے علمبردار ہونے کے ناتے ڈاکٹر جے. سی. کماریا کے نام سے دیش اور ودیش کے لوگ اچھی طرح واقف ہیں۔ وہ بات

लिये या बैठते हुए दिल को उभारने के लिये वह आतंक फैलाते थे. उनके दिमाग़ में न जाने क्यों बैठ गया था कि काले लोगों पर शान शौकत दिखा कर असर क़ायम रखा जा सकता है. आतंक फैला कर और शान शौकत दिखा कर अंगरेज़ हिन्दुस्तान पर राज करना चाहते थे. साम्राज की दीवार को जात भेद, रंग भेद और बेजा अभिमान मज़बूत करते हैं. जो अंगरेज़ भी साम्राज की सेवा के लिये इंगलैंड से आता था वह इन्हीं शराबों से बदमस्त यहाँ आता था. साम्राज की यह शराबें डेलाहोरा को बदमस्त नहीं कर पाईं. उसका दिल मज़दूरों के साथ धड़कता है. वह एक अंगरेज़ और एक काले हिन्दुस्तानी में फ़रक़ नहीं करता. मज़दूरों की उसके दिल में इज़्ज़त है, वह उनसे हमदर्दी रखता है. डेलाहोरा को दूसरे अंगरेज़ ग़द्दार समझते हैं. मज़दूरों से हमदर्दी रखने के कारन ही उसे अपनी प्रेमिका को छोड़ना पड़ा, सिविल सर्विस छोड़नी पड़ी, चाय बगान की डाकटरी छोड़नी पड़ी. लेकिन वह ख़ुश था. उसने दुख सहा था पीड़तों के लिये, मानवता के लिये. पूरी नावेल गंगू नामी किसान की कहानी है और उस कहानी का ख़ात्मा रेगीहन्ट की गोली खाकर गंगू की मौत पर होता है. गंगू असल में हिन्दुस्तान के किसान समाज का नुमाइन्दा है. इस नावेल में अंगरेज़ी साम्राज से पैदा होने वाली समस्याओं और चरित्रों का चित्रन सुन्दर ढंग से किया गया है. अंगरेज़ी साम्राज की लूट खसोट और ज़ुल्म की सच्ची कहानी 'दो पत्तियां, एक कली' अपने पन्नों में समो कर विदेशी जनता तक गई है और उन्हें हमारा हमदर्द बनाया है.

—मुजीब रिज़वी

لئے یا بھٹکتے ہوئے دل کو اُبھارنے کے لئے وہ آتنک پھیلاتے تھے. اُن کے دماغ میں نہ جانے کیوں بیٹھ گیا تھا کہ کالے لوگوں پر شان شوکت دکھا کر اثر قایم رکھا جا سکتا ہے. آتنک پھیلا کر اور شان شوکت دکھاکر انگریز ہندستان پر راج کرنا چاہتے تھے. سامراج کی دیوار کو جات بھید' رنگ بھید اور بیجا ابھیمان مضبوط کرتے ہیں. جو انگریز بھی سامراج کی سیوا کے لئے انگلینڈ سے آتا تھا وہ انہیں شرابوں سے بدمست یہاں آتا تھا. سامراج کی یہ شرابیں ڈیلا ہورا کو بدمست نہیں کرپائیں. اُس کا دل مزدوروں کے ساتھ دھڑکتا ہے. وہ ایک انگریز اور ایک کالے ہندستانی میں فرق نہیں کرتا. مزدوروں کی اُس کے دل میں عزت ہے' وہ اُن سے ہمدردی رکھتا ہے. ڈیلا ہورا کو دوسرے انگریز غدار سمجھتے ہیں. مزدوروں سے ہمدردی رکھنے کے کارن ہی اُسے اپنی پریمکا کو چھوڑنا پڑا' سول سروس چھوڑنی پڑی' چائے بگان کی ڈاکٹری چھوڑنی پڑی. لیکن وہ خوش تھا. اُس نے دکھ سہا تھا پیڑتوں کے لئے' مانوتا کے لئے. پوری ناول گنگو نامی کسان کی کہانی ہے اور اُس کہانی کا خاتمہ ریگی ہنٹ کی گولی کھاکر گنگو کی موت پر ہوتا ہے. گنگو اصل میں ہندستان کے کسان سماج کا نمائندہ ہے. اِس ناول میں انگریزی سامراج سے پیدا ہونے والی سمسیاؤں اور چرتروں کا چترن سندر ڈھنگ سے کیا گیا ہے. انگریزی سامراج کی لوٹ کھسوٹ اور ظلم کی سچی کہانی 'دو پتیاں' ایک کلی' اپنے پنوں میں سموکر ودیشی جنتا تک گئی ہے اور اُنہیں ہمارا ہمدرد بنایا ہے.

—مجیب رضوی

सर्वोदय यात्रा

लिखने वाले—आचार्य विनोबा भावे.

निकालने वाले—भारत जैन महामण्डल, वर्धा.

लिखावट—नागरी, सफ़े 161; दाम सवा रुपया.

यह किताब उन फूलों का हार है जो रोज़ शाम को प्रार्थना के बाद विनोबा जी की बानी से बरसते थे. उन दिनों जब कि वह वर्धा से हैदराबाद तक की तीन सौ मील से ऊपर की यात्रा पैदल पूरी कर रहे थे. यह यात्रा 8 मार्च 1951 से शुरू होकर 7 अप्रैल को ख़त्म हुई, यह यात्रा मध्य प्रदेश के वर्धा और यवतमाल ज़िलों के गांवों में होकर निज़ाम की रियासत हैदराबाद, आदिलाबाद, निज़ामाबाद, मेदक और हैदराबाद ज़िलों के गांवों में हुई. विनोबा जी रोज़ सवेरे साढ़े चार पाँच बजे निकल जाते थे, दस-बारह-सत्रह मील चल कर एक गांव में ठहर जाते, वहां के लोगों से

سرودے یاترا

لکھنے والے — آچاریہ ونوبا بھاوے.

نکالنے والے — بھارت جین مہا منڈل' وردھا.

لکھاوٹ — ناگری' صفحے 161؛ دام سوا روپیہ.

یہ کتاب اُن پھولوں کا ہار ہے جو روز شام کو پرارتھنا کے بعد ونوبا جی کی بانی سے برستے تھے. اُن دنوں جب کہ وہ وردھا سے حیدرآباد تک کی تین سو میل سے اوپر کی یاترا پیدل پوری کر رہے تھے. یہ یاترا 8 مارچ 1951 سے شروع ہوکر 7 اپریل کو ختم ہوئی. یہ یاترا مدھیہ پردیش کے وردھا اور یوت مال ضلعوں کے گاؤں میں ہو کر نظام کی ریاست حیدرآباد کے عادل آباد' نظام آباد' میدک اور حیدرآباد ضلعوں کے گاؤں میں ہوئی. ونوبا جی روز سویرے ساڑھے چار پانچ بجے نکل جاتے تھے' دس بارہ سترہ میل چلکر ایک گاؤں میں ٹھہر جاتے' وہاں کے لوگوں سے

दो पत्तियां, एक कली

लिखने वाले—डाक्टर मुल्कराज आनंद ; लिखावट—नागरी, सफ़े 277; क़ीमत—चार रुपए पांच आने.

निकालने वाले—चेतना प्रकाशन लिमिटेड, आबिद रोड हैदराबाद दक्खिन.

देश से जियादा विदेश में डाक्टर मुल्कराज आनंद अपनी रचनाओं के लिये मशहूर हैं. उनकी रचनाएं अंगरेज़ी भाशा में होती हैं. डाक्टर आनंद का पहला नावेल 'कुली' का तरजुमा लगभग सभी योरुपी भाशाओं में हो चुका है. 'दो पत्तियां, एक कली' भी अंगरेज़ी भाशा में है इस का अनुवाद श्री श्यामू सन्यासी ने किया है. अनुवाद में बहाव और भाशा की स्वाभाविकता दोनों है. जमींदारों के जुल्म और साहूकारों की लूट से परेशान होकर किसान मजदूर बनने पर मजबूर हो जाता है हिन्दुस्तान में अंगरेज़ी साम्राजवादियों को यहां का कच्चा माल लूटना था. उन्हें सस्ते मजदूरों की ज़रूरत थी. इसी लूट खसोट, जुल्म जियादती और इन से पैदा होने वाले क़ुदरती असरों का चित्रन इस नावेल में किया गया है.

होशियार पुर गांव के गंगू नामी किसान की जायदाद पर साहूकार क़बज़ा जमा लेता है. जमीन का मोह उसे मजदूरी कर के अपनी जमीन वापस लेने का आदेश देता है. उसी गांव के एक बूटा राम नाई के जाल में फंस कर गंगू चाय बगान में आ जाता है. किसान का भ्रम यहां टूट गया. बूटा राम हमदर्द होने के बजाय साहब लोगों का ऐजन्ट निकला. गंगू ने बड़े दुख से कहा "नाऊ बड़ा छलीसा". नौकर शाही का यह सिद्धान्त है कि हर एक अपने बड़े की गाली सुनता और खुशामद करता है और अपने से छोटों को गाली देता है और खुशामद करवाता है. कहते हैं बिना इस सिद्धान्त के नौकर शाही चल ही नहीं सकती. चाय बगान के साहबों, क्लरकों, सरदारों, चपरासियों, बैरों सभी का यह सिद्धान्त है. सब से कमज़ोर क़ुली है. उसी पर इन सब का गुस्सा उतरता है, और हर एक किसी न किसी तरह क़ुलियों को सताता और रिशवत लेता है, ग़मी और शादी का भी विचार नहीं करता. गुलामी की प्रवृति ने हिन्दुस्तानियों को पत्थर बना दिया था. वह इनसानी भावनाओं से हमदरदी करना भी भूल गए थे. गंगू की पत्नी मरी पड़ी थी. बेचारा कफ़न के लिये क़रज़ा ढूंढ रहा था और हिन्दुस्तानी क्लर्क और चपरासी साहब से मिलवाने और सिफ़ारिश करने के लिये उस दुखी आदमी से रिशवत मांग रहे थे. इस दृश्य का चित्रन रोएं खड़े कर देता है. अंगरेज़ हिन्दुस्तान में मुट्ठी भर थे. वह बेहद डरे हुए रहते थे. अपने डर को छुपाने के

دو پتیاں' ایک کلی

لکھنے والے—ڈاکٹر ملک راج آنند لکھاوٹ - ناگری' صفحے 277، قیمت چار روپے پانچ آنے.

نکالنے والے چیتنا پرکاشن لمیٹڈ عابد روڈ حیدرآباد دکھن.

دیش سے زیادہ ودیش میں ڈاکٹر ملک راج آنند اپنی رچناؤں کے لئے مشہور ہیں. ان کی رچنائیں انگریزی بھاشا میں ہوتی ہیں. ڈاکٹر آنند کا پہلا ناول 'قلی' کا ترجمہ لگ بھگ سبھی یورپی بھاشاؤں میں ہو چکا ہے. 'دو پتیاں' ایک کلی' بھی انگریزی بھاشا میں ہے. اس کا انوواد شری شیامو سنیاسی نے کیا ہے. انوواد میں بہاؤ اور بھاشا کی سوابھاوکتا دونوں ہیں. زمینداروں کے ظلم اور ساہوکاروں کی لوٹ سے پریشان ہوکر کسان مزدور بننے پر مجبور ہو جاتا ہے. ہندستان میں انگریزی سامراج وادیوں کو یہاں کا کچا مال لوٹنا تھا. انہیں سستے مزدوروں کی ضرورت تھی. اسی لوٹ کھسوٹ ظلم زیادتی اور ان سے پیدا ہونے والے قدرتی اثروں کا چترن اس ناول میں کیا گیا ہے.

ہوشیار پور گاؤں کے گنگو نامی کسان کی جائداد پر ساہوکار قبضہ جما لیتا ہے. زمین کا موہ اُسے مزدوری کرکے اپنی زمین واپس لینے کا آدیش دیتا ہے. اُسی گاؤں کے ایک بوٹا رام نائی کے جال میں پھنس کر گنگو چائے بگان میں آجاتا ہے. کسان کا بھرم یہاں ٹوٹ گیا. بوٹا رام ہمدرد ہونے کے بجائے صاحب لوگوں کا ایجنٹ نکلا. گنگو نے بڑے دکھ سے کہا 'ناؤ بڑا چھلیسا'. نوکر شاہی کا یہ سدھانت ہے کہ ہر ایک اپنے بڑے کی گالی سنتا اور خوشامد کرتا ہے اور اپنے سے چھوٹوں کو گالی دیتا ہے اور خوشامد کرواتا ہے. کہتے ہیں بنا اِس سدھانت کے نوکر شاہی چل ہی نہیں سکتی. چائے بگان کے صاحبوں' کلرکوں' سرداروں' چپراسیوں' بیروں سبھی کا یہ سدھانت ہے. سب سے کمزور قلی ہے. اُسی پر اِن سب کا غصہ اترتا ہے' اور ہر ایک کسی نہ کسی طرح قلیوں کو ستاتا اور رشوت لیتا ہے' غمی اور شادی کا بھی وچار نہیں کرتا. غلامی کی پرورتی نے ہندستانیوں کو پتھر بنا دیا تھا. وہ انسانی بھاؤناؤں سے ہمدردی کرنا بھی بھول گئے تھے. گنگو کی پتنی مری پڑی ہوی' بے چارا کفن کے لئے قرضہ ڈھونڈھ رہا تھا اور ہندستانی کلرک اور چپراسی صاحب سے ملوانے اور سفارش کرنے کے لئے اُس دکھی آدمی سے رشوت مانگ رہے تھے. اس درشیہ کا چترن رونگٹے کھڑے کر دیتا ہے. انگریز ہندستان میں مٹھی بھر تھے. وہ بے حد ڈرے ہوئے رہتے تھے. اپنے ڈر کو چھپانے کے

"यह लच्चन हिन्दू धर्म के एक बाजू का बहुत ही अच्छी तरह से वर्नन करता है. इससे यह बात सहज ही खुल जाती है कि हिन्दू धर्म की कोई विधायक (Positive) व्यवस्थित, सगंठित और सुसंगत, पारमार्थिक नींव नहीं हैं. 'प्रामाण्य बुद्धिर्वेदेषु' से यह सूचित होता है कि वेद सारे हिन्दुओं का प्रमान ग्रंथ है परन्तु ऐसे सत्तर प्रतिशत लोग हिन्दू समाज में हैं जिनको वेदाधिकार नहीं है और जिनके रीत रिवाज वैदिक धर्माश्रित नहीं हैं. भला उनके लिये वेद प्रमान ग्रंथ कैसे हो सकता है? जिन लोगों को वेद सुनने का भी अधिकार नहीं, बल्कि सुनने से महापातक और नरक का अधिकारी बनना पड़ता है उन लोगों की वेदों पर प्रामान्य बुद्धि या श्रद्धा है, ऐसा कहने का कुछ अर्थ ही नहीं है. साधनाओं की अनेकता और उपास्यों का अनियम यह व्याख्या हो नहीं हो सकती. प्रत्येक विशिष्ट सम्प्रदाय के हिन्दू के यानी शैव, वैशनव, स्मार्त, शाक्त आदि के विशिष्ट साधन और विशिष्ट उपास्य हैं ही. यह बात ठीक है कि सारे हिन्दुओं के एक तरह के साधन अथवा एक तरह के उपास्य नहीं हैं, परन्तु यह अभावात्मक लच्चन हिन्दू धर्म का सच्चा लच्चन नहीं. जब किसी पदार्थ का अथवा पदार्थ समुदाय का लच्चन कहने की आवश्यकता होती है तब उस पदार्थ के बाहर न मिलने वाले परन्तु उस सारे पदार्थ को व्याप्त करने वाले उस पदार्थ का भाव रूप (Positive) स्वरूप कहना पड़ता है. 'उपास्यानानियम और 'साधनानाम नेकता' से इतना ही सिद्ध होता है कि सारे हिन्दुओं का हिन्दू धर्म एक विशिष्ट सर्व साधारन धर्म नहीं है. हिन्दुओं के धर्म अनेक हैं और हिन्दुओं के धर्म में एक सूत्रता नहीं है.

हिन्दुओं की समाज संस्था का महत्व का (Positive) लच्चन जाति व्यवस्था है. प्रार्थना समाज, आर्य समाज आदि आधुनिक अपवादों को यदि छोड़ दिया जाय तो हिन्दुओं का बहुजन समाज जाति संस्था को मान कर ही चलता है. आर्य समाज और प्रार्थना समाज में भी जाति मान कर चलने वाले बहुत से लोग हैं. जैन धर्म जाति नहीं मानता है. तो भी जैनी जाति मानते हैं. हिन्दुस्तान के मुसलमानों और क्रिश्चियनों तक में जाति मानने वालों की भारी संख्या है. हिन्दू समाज की इस मुख्य संस्था का असर उनमें भी बाक़ी रह गया है."

बस यह सारी किताब इसी तरह की भाशा और इसी तरह के विचारों से भरी हुई है.

—भगवानदीन

"یہ لکشن هندو دهرم کے ایک بازو کا بہت هی اچھی طرح سے ورنن کرتا هے اس سے یہ بات سہج هی کھل جاتی هے کہ هندو دهرم کی کوئی ودهائک (Positive) ویوستهت سنگتهت اور سوسنگت' پارمارتهک نیو نہیں هیں. 'پرامانیہ بدهیرویدیشو' سے یہ سوچت هوتا هے کہ وید سارے هندؤں کا پرمان گرنتھ هے پرنتو ایسے ستر پرتی شت لوگ هندو سماج میں هیں جنکو وید ادهیکار نہیں ہے اور جنکے ریت رواج ویدک دهرم آشرت نہیں هیں. بھلا اُن کے لئے وید پرمان گرنتھ کیسے هوسکتا هے؟ جن لوگوں کو وید سننے کا بھی ادهیکار نہیں هے' بلکہ سننے سے مہا پاتک اور نرک کا ادهیکاری بننا پڑتا هے اُن لوگوں کی ویدوں پر پرامانیہ بدهی یا شردها هے' ایسا کہنے کا کچھ ارتھ هی نہیں هے. سادهناؤں کی انیکتا اور اُپاسیوں کا انیم یہ ویاکھیا هی نہیں هوسکتی. پرتیک وششٹ سمپردائے کے هندو کے یعنی شیو' ویشنو' اسمارت' شاکت آدی کے وششٹ سادهن اور وششٹ اُپاسیہ هیں هی. یہ بات ٹھیک هے کہ سارے هندؤں کے ایک طرح کے سادهن اتھوا ایک طرح کے اُپاسیہ نہیں هیں' پرنتو یہ ابھاواتمک لکشن هندو دهرم کا سچا لکشن نہیں. جب کسی پدارتھ کا اتھوا پدارتھ سمودائے کا لکشن کہنے کی آوشیکتا هوتی هے تب اُس پدارتھ کے باهر نہ ملنے والے پرنتو اُس سارے پدارتھ کو ویاپت کرنے والے اس پدارتھ کا بھاؤ روپ (Positive) سوروپ کہنا پڑتا هے. 'اُپاسیانانیم' اور 'سادهنانام نیکتا' سے اتنا هی سدھ هوتا هے کہ سارے هندؤں کا هندو دهرم ایک وششٹ سرو سادهارن دهرم نہیں هے. هندؤں کے دهرم انیک هیں اور هندؤں کے دهرم میں ایک سوترتا نہیں هے.

هندؤں کی سماج سنستھا کا مہتو کا (Positive) لکشن جاتی ویوستھا هے. پرارتھنا سماج' آریہ سماج آدی آدهونک اپوادوں کو یدی چھوڑ دیا جائے تو هندؤں کا بہو جن سماج جاتی سنستھا کو مان کر هی چلتا هے. آریہ سماج اور پرارتھنا سماج میں بھی جاتی مان کر چلنے والے بہت سے لوگ هیں. جین دهرم جاتی نہیں مانتا هے' تو بھی جینی جاتی مانتے هیں. هندوستان کے مسلمانوں اور کرشچینوں تک میں جاتی ماننے والوں کی بھاری سنکھیا هے. هندو سماج کی اس مکھیہ سنستھا کا اثر اُن میں بھی باقی رہ گیا هے."

بس یہ ساری کتاب اسی طرح کی بھاشا اور اسی طرح کے وچاروں سے بھری هوئی هے.

— بھگوان دین

खुद नाथूराम जी प्रेमीने. किताब के नाम से पढ़ने वालों को किताब में क्या लिखा है यह समझने में कोई दिक़्क़त नहीं हो सकती और पंडित सुख लाल संघवी ने यह लिख कर कि ..."ऐसे लेखक का ब्राह्मन परम्परा में जीवित रहना नवयुग का जीवित लच्छन है" यह बता दिया है कि किताब अपने ढंग की ऐसी है जैसी अब तक इससे पहले कभी नहीं लिखी गई. हम श्री संघवी जी की राय में राय मिलाते हुए यह कहेंगे कि अगर यह किताब बोलती हिन्दी में लिख दी जाय तो हिन्दुस्तान में एक क्रान्ति पैदा कर सकती है. और वह क्रान्ति भले के लिये ही होगी.

यह किताब कुछ हिन्दू धर्म से चिढ़कर नहीं लिखी गई. बड़े ठन्डे जी से इतिहास और विज्ञान दोनों को निगाह मे रखकर किसी का पच्छपात किये बिना लिखी गई है. जिन्होंने इसको लिखा है और जो कुछ उन्होंने इसमें कहा है वह वैसा कहने के हर तरह अधिकारी हैं क्योंकि वह संस्कृत के अच्छे ज्ञाता और चारों वेदों के पाठी होने के साथ साथ पच्छिमी विद्या अंगरेज़ी के जानकार भी हैं और पच्छिमी दर्शन शास्त्र को भी उन्होंने खूब पढ़ा है. कार्ल मार्क्स का भी किताब में जगह जगह हवाला है. कम से कम पौन सौ किताबों का इस किताब में निचोड़ मौजूद है. इस किताब की भूमिका लिखी है श्री नरेन्द्र देव जी ने.

इस पुस्तक को हमारे पास समालोचना के लिये आए डेढ़ बरस हो चुका. हम तीन बार इसको पढ़ चुके और हर बार कुछ न कुछ हमारी जानकारी बढ़ी ही. हम इस पर एक बड़ी आलोचना लिखना चाहते थे पर किसी वजह से वैसा न कर सके. इस वक़्त तो हम इतना ही कहेंगे कि यह किताब आँखें खोलने वाली किताब है. बस इसमें कमी इतनी है कि इसकी भाशा इतनी संस्कृतमय कर दी गई है कि बी. ए. में हिन्दी लेकर पास करने वाला विद्यार्थी भी इसे आसानी से नहीं समझ सकता. मालूम ऐसा होता है कि साधारन हिन्दी जानकारों के लिये यह किताब लिखी भी नहीं गई. पर धर्म पुस्तकों की तरह यह घर में रखने लायक़ तो है ही.

इस पुस्तक का मसाला उस व्याख्यान-क्रम से लिया गया है जो लेखक ने नागपुर विश्वविद्यालय में दिये थे. इसलिये यह यूनिवरसिटी लायब्रेरियों में रहने के काम की ज़ियादा है और मामूली आदमियों के काम की कम.

ऐसी किताब में इन्डैक्स का न होना बड़ी भारी कमी है. दूसरे एडीशन में प्रकाशक इसका ख़याल रखें. बानगी के तौर पर हम किताब में से नीचे कुछ दिये देते हैं:

"लोकमान्य तिलक ने हिन्दू धर्म का जो निम्न लिखित लच्छन किया है वह सन्तोश जनक नहीं है :—

प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु साधनानामनेकता ।
उपास्यानामनियमः एतद्धर्मस्य लक्षणम् ॥

خود ناتھورام جی پریمی نے. کتاب کے نام سے پڑھنے والوں کو کتاب میں کیا لکھا ہے یہ سمجھنے میں کوئی دقت نہیں ہو سکتی اور پنڈت سکھ لال سنگھوی نے یہ لکھ کر کہ ..."ایسے لیکھک کا براہمن پرمپرا میں جیوت رہنا نوَیُگ کا جیوت لچھن ہے" یہ بتا دیا ہے کہ کتاب اپنے ڈھنگ کی ایسی ہے جیسی اب تک اس سے پہلے کبھی نہیں لکھی گئی. ہم شری سنگھوی جی کی رائے میں رائے ملاتے ہوئے یہ کہینگے کہ اگر یہ کتاب بولتی ہندی میں لکھ دی جائے تو ہندوستان میں ایک کرانتی پیدا کر سکتی ہے اور وہ کرانتی بھلے کے لئے ہی ہوگی.

یہ کتاب کچھ ہندو دھرم سے چڑھکر نہیں لکھی گئی. بڑے ٹھنڈے جی سے اتہاس اور وگیان دونوں کو نگاہ میں رکھکر کسی کا پچھپات کئے بنا لکھی گئی ہے. جنھوں نے اسکو لکھا ہے اور جو کچھ انہوں نے اس میں کہا ہے وہ ویسا کہنے کے ہر طرح ادھیکاری ہیں کیونکہ وہ سنسکرت کے اچھے گیاتا اور چاروں ویدوں کے پاٹھی ہونے کے ساتھ ساتھ پچھمی ودیا انگریزی کے جانکار بھی ہیں اور پچھمی درشن شاستر کو بھی انہوں نے خوب پڑھا ہے. کارل مارکس کا بھی کتاب میں جگہ جگہ حوالہ ہے. کم سے کم پون سو کتابوں کا اس کتاب میں نچوڑ موجود ہے. اس کتاب کی بھومکا لکھی ہے شری نریندر دیو جی نے

اس پستک کو ہمارے پاس سمالوچنا کے لئے آئے ڈیڑھ برس ہو چکا. ہم تین بار اسکو پڑھ چکے اور ہر بار کچھ نہ کچھ ہماری جانکاری بڑھی ہی. ہم اس پر ایک بڑی آلوچنا لکھنا چاہتے تھے پر کسی وجہ سے ویسا نہ کر سکے. اس وقت تو ہم اتنا ہی کہینگے کہ یہ کتاب آنکھیں کھولنے والی کتاب ہے. بس اس میں کمی اتنی ہے کہ اسکی بھاشا اتنی سنسکرت مے کر دی گئی کہ بی. اے. میں ہندی لے کر پاس کرنے والا ودیارتھی بھی اسے آسانی سے نہیں سمجھ سکتا. معلوم ایسا ہوتا ہے کہ سادھارن ہندی جانکاروں کے لئے یہ کتاب لکھی بھی نہیں گئی. پر دھرم پستکوں کی طرح یہ گھر میں رکھنے لائق تو ہے ہی.

اس پستک کا مسالہ اس ویاکھیان کرم سے لیا گیا ہے جو لیکھک نے ناگپور وشو ودیالے میں دیئے تھے اسلئے یہ یونیورسٹی لائبریریوں میں رہنے کے کام کی زیادہ ہے اور معمولی آدمیوں کے کام کی کم.

ایسی کتاب میں انڈیکس کا نہ ہونا بڑی بھاری کمی ہے. دوسرے ایڈیشن میں پرکاشک اس کا خیال رکھیں. بانگی کے طور پر ہم کتاب میں سے نیچے کچھ دیئے دیتے ہیں

"لوک مانیہ تلک نے ہندو دھرم کا جو نمن لکھت لچھن کیا ہے وہ سنتوش جنک نہیں ہے :—

پرامانیہ بدھیرویدیشو سادھنانام نیکتا.
اپاسیانام نیم ایتد دھرمسیہ لکشنم.

संघवी ने अपना अवलोकन लिखा है. पढ़ने वालों को ग्रन्थ शुरू करने से पहले उसे जरूर पढ़ लेना चाहिये. ऐसा करने से किताब के पढ़ने में किसी जगह भी अरुचि का डर नहीं रहेगा. यह किताब मराठी में लिखी गई है, गुजराती रूप इसका दिया जा चुका है और हिन्दी में इसको इस पुस्तक माला ने निकाला है. इस किताब में कोसाम्बी जी ने जहां आलोचना की है वहां खासी पैनी कर दी है. अगर इतनी पैनी न होती तब भी काम चल सकता था. पढ़ने वाले अगर उस पैनी आलोचना से अपने आपको बचालेंगे तो इस किताब में जो सचाई भरी पड़ी है उसका पूरा आनन्द ले सकेंगे.

कोसाम्बी जी ने इस किताब में हजारों बरस पहले से आज के दिन तक भारतीय संसस्कृति के अनेकों रूपों को बड़ी गहराई से पढ़ समझ कर अपनी जो राय क़ायम की है वह ऐसी नहीं है जो यूंही उड़ा दी जाय. उन्होंने संस्कृति को पांच हिस्सों में बांटा है—एक वैदिक, दो श्रमन, तीन पौरानिक, चार पाश्चात्य, पांच संस्कृति और अहिंसा और इन का मेल कुछ इस तरह बिठाया है जिस तरह आज तक किसी लेखक ने न किया. इसके पढ़ने में आनन्द तो आता है पर यह कहने के लिये कि कोसाम्बी जी ने जो कुछ लिखा है वही ठीक, इसके लिये इतिहास के बहुत बड़े ज्ञान की जरूरत है और उतने ज्ञान का दावा हम नहीं कर सकते. हम तो इस किताब के बारे में इतना कह सकते हैं कि आजकल जितनी ऐसी किताबें लिखी जाती हैं वह या तो इतिहास को निगाह में रखकर या विज्ञान की निगाह में रख कर या दोनों को ही निगाह में रख कर. और यह किताब ज़ियादातर इतिहास को निगाह में रख कर लिखी गई है और इतिहास के बारे में कुछ विद्वानों की यह राय है कि वह कभी सच्चा नहीं हो सकता और हम भी इस राय के हैं. इसलिये हम को इसके समझने में थोड़ी मुशकिल होती है. हो सकता है यही मुशकिल पाठकों को भी हो

कुछ भी सही कोसाम्बी जी ने इस किताब में ऐसे विचार दे दिये हैं जिन पर चिन्तन करने के लिये जी मचल उठता है और ऐसी सामग्री इकट्ठा कर दी है जिससे इस विशय पर लिखने वाले लेखकों को बेहद मदद मिल सकती है.

किताब बड़े काम की है. भाशा बहुत मुशकिल नहीं है लायब्रेरियों के बड़े काम की है और लेखकों के पास तो यह रहनी ही चाहिये.

हिन्दू धर्म की समीक्षा—

यह इसी पुस्तकमाला का दूसरा फूल है. यह भी असल में मराठी में लिखा गई है और इसके लेखक हैं तर्क तीर्थ पंडित लक्ष्मन शास्त्री जोशी. इसका हिन्दी अनुवाद किया है

سنگھوی نے اپنا اولوکن لکھا ھے . پڑھنے والوں کو گرنتھ شروع کرنے سے پہلے اُسے ضرور پڑھ لینا چاھئے . ایسا کرنے سے کتاب کے پڑھنے میں کسی جگہ بھی اَروچی کا ڈر نہیں رھیگا . یہ کتاب مراٹھی میں لکھی گئی ھے' گجراتی روپ اِسکا دیا جا چکا ھے اور ھندی میں اِس کو اس پستک مالا نے نکالا ہے . اس کتاب میں کوسامبی جی نے جہاں آلوچنا کی ھے وھاں خاصی پینی کردی ھے . اگر اتنی پینی نہ ھوتی تب بھی کام چل سکتا تھا . پڑھنے والے اگر اُس پینی آلوچنا سے اپنے آپ کو بچالینگے تو اس کتاب میں جو سچائی بھری پڑی ھے اُس کا پورا آنند لے سکینگے .

کوسامبی جی نے اس کتاب میں ھزاروں برس پہلے سے آج کے دن تک بھارتیہ سنسکرتی کے انیکوں روپوں کو بڑی گہرائی سے پڑھ سمجھ کر اپنی جو رائے قائم کی ھے وہ ایسی نہیں ھے جو یوں ھی اُڑادی جائے . انہوں نے سنسکرتی کو پانچ حصوں میں بانٹا ھے - ایک ویدک' دو شرمن' تین پورانک' چار پاشچاتیہ' پانچ سنسکرتی اور اھنسا . اور ان کا میل کچھ اس طرح بٹھایا ھے جسطرح آج تک کسی لیکھک نے نہ کیا . اِسکے پڑھنے میں آنند تو آتا ھے پر یہ کہنے کے لئے کہ کوسامبی جی نے جو کچھ لکھا ھے وھی ٹھیک' اسکے لئے اتہاس کے بہت بڑے گیان کی ضرورت ھے اور اُتنے گیان کا دعوا ھم نہیں کر سکتے . ھم تو اس کتاب کے بارے میں اتنا کہہ سکتے ھیں کہ آجکل جتنی ایسی کتابیں لکھی جاتی ھیں وہ یا تو اتہاس کو نگاہ میں رکھ کر یا وگیان کو نگاہ میں رکھکر یا دونوں کو ھی نگاہ میں رکھ کر . اور یہ کتاب زیادہ تر اتہاس کو نگاہ میں رکھ کر لکھی گئی ھے اور اتہاس کے بارے میں کچھ ودوانوں کی یہ رائے ھے کہ وہ کبھی سچا نہیں ھوسکتا اور ھم بھی اِس رائے کے ھیں . اس لئے ھمکو اِس کے سمجھنے میں تھوڑی مشکل ھوتی ھے . ھوسکتا ھے یہی مشکل پاٹھکوں کو بھی ھو .


کچھ بھی صحیح کوسامبی جی نے اِس کتاب میں ایسے وچار دے دئے ھیں جن پر چنتن کرنے کے لئے جی مچل اُٹھتا ھے اور ایسی سامگری اکٹھی کردی ھے جس سے اس وشے پر لکھنے والے لیکھکوں کو بے حد مدد مل سکتی ھے .

کتاب بڑے کام کی ھے . بھاشا بہت مشکل نہیں ھے لائبریریوں کے بڑے کام کی ھے اور لیکھکوں کے پاس تو یہ رھنی ھی چاھئے .

ھندو دھرم کی سمیکشا —

یہ اسی پستک مالا کا دوسرا پھول ھے. یہ بھی اصل میں مراٹھی میں لکھی گئی ھے اور اس کے لیکھک ھیں ترک تیرتھ پنڈت لکشمن شاستری جوشی . اس کا ھندی انوواد کیا ھے

कुछ किताबें



کچھ کتابیں

हेम चन्द्र पुस्तक माला—

हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, हीरा बाग़, गिरगांव, बम्बई के मालिक श्री नाथूराम प्रेमी हिन्दी की अच्छी किताबें निकालने के लिये हिन्दुस्तान भर में मशहूर हैं. इस की एक वजह यह है कि वह खुद एक बड़े ऊंचे दरजे के लेखक हैं और दूसरी वजह यह है कि उनकी साहित्य की रुचि बड़ी ऊंची है. यह हेम चन्द्र मोदी पुस्तक माला उन्हों ने ही शुरू की है. हेम चन्द्र प्रेमीजी के एकलौते बेटे थे. वह भरी जवानी में उन्हें छोड़ कर चल बसे. प्रेमी जी ने उनकी याद में दुख मे गलने की जगह यही ठीक समझा कि उस जवान की मन लगती चीजें ही छापकर सस्ते दामों में पढ़ने वालों तक पहुँचा दी जायं. इस के लिये उन्होंने दस हज़ार रूपया अलग कर दिया और इस तरह से बेटे की जगह बाप ने बेटे का श्राद्ध किया. यादगार का यह क्या ही अच्छा तरीक़ा है.

इस पुस्तक माला की पांच किताबें हमें मिल चुकी हैं जिनके नाम हैं:

1. भारतीय संस्कृति और अहिंसा
2. हिन्दू धर्म की समीक्षा
3. जड़वाद
4. स्वतंत्र चिन्तन
5. नारी का मूल्य

इन में से स्वतंत्र चिन्तन और जड़वाद की आलोचना दिसम्बर सन '50 के 'नया हिन्द' में हो चुकी है. बाक़ी तीन की इसी अंक में दी जा रही हैं.

इस पुस्तक माला के सभी ग्रन्थ ऐसे हैं जो हर लायब्रे री और हर घर में होना चाहियें.

भारतीय संसकृति और अहिन्सा

यह हेम चन्द्र मोदी पुस्तक माला का पहला फूल है. इसके लेखक हैं स्वर्गीय धर्मानन्द कोसाम्बी. इसका दाम दो रुपया है. इस पुस्तक के शुरू में मशहूर पंडित सुखलाल

ھیم چندر پستک مالا—

ہندی گرنتھ رتناکر کاریالیہ، ہیرا باغ، گرگاؤں، بمبئی کے مالک شری ناتھورام پریمی ہندی کی اچھی کتابیں نکالنے کے لئے ہندوستان بھر میں مشہور ہیں۔ اِس کی ایک وجہ یہ ہے کہ وہ خود ایک بڑے اونچے درجے کے لیکھک ہیں اور دوسری وجہ یہ ہے کہ اُن کی ساہتیہ کی رچی بڑی اونچی ہے۔ یہ ہیم چندر مودی پستک مالا اُنہوں نے ہی شروع کی ہے۔ ہیم چندر پریمی جی کے اکلوتے بیٹے تھے۔ وہ بھری جوانی میں اُنہیں چھوڑ کر چل بسے۔ پریمی جی نے اُن کی یاد میں دکھ میں گلنے کی جگہ یہی ٹھیک سمجھا کہ اُس جوان کی من لگتی چیزیں ہی چھاپ کر سستے داموں میں پڑھنے والوں تک پہونچادی جائیں۔ اِس کے لئے اُنہوں نے دس ہزار روپیہ الگ کر دیا۔ اور اِس طرح سے بیٹے کی جگہ باپ نے بیٹے کا شرادھ کیا۔ یادگار کا یہ کیا ہی اچھا طریقہ ہے

اِس پستک مالا کی پانچ کتابیں ہمیں مل چکی ہیں جن کے نام ہیں:

1. بھارتیہ سنسکرتی اور اہنسا
2. ہندو دھرم کی سمیکشا
3. جڑ واد
4. سوتنتر چنتن
5. ناری کا مولیہ

اِن میں سے سوتنتر چنتن اور جڑواد کی آلوچنا دسمبر سن 50' کے 'نیا ہند' میں ہو چکی ہے۔ باقی تین کی اسی انک میں دی جارہی ہیں۔

اِس پستک مالا کے سبھی گرنتھ ایسے ہیں جو ہر لائبریری اور ہر گھر میں ہونا چاہئیں۔

بھارتیہ سنسکرتی اور اہنسا

یہ ہیم چندر مودی پستک مالا کا پہلا پھول ہے۔ اسکے لیکھک ہیں سورگیہ دھرمانند کوسامبی۔ اِسکا دام دو روپیہ ہے۔ اُس پستک کے شروع میں مشہور پنڈت سکھ لال

की. मां ने कहा कि तू जो सुशीला की इतनी तारीफ करती है तो फिर तू भी उसकी तरह क्यों नहीं पढ़ना लिखना शुरू करती. कुशीला ने कहा कि मेरा मन तो पढ़ने लिखने में लगता नहीं है. मैं सुशीला की तरह किस तरह काम करूं. मां ने कहा कि जब सुशीला का मन लग जाता है तो तेरा क्यों नहीं लगता. उसी के पास तू भी जा कर बैठा कर और जिस तरह वह सब करती है उसी तरह तू भी करना शुरू कर दे. कुशीला ने कहा कि अच्छी बात है मैं आज शाम को सुशीला से पूछू गी.

नोटः—सुशीला और कुशीला की कहानी का यह सिलसिला यहाँ खत्म हो जाता है, मगर आगे की एक चिट्ठी में इसका नतीजा यह निकला है कि सुशीला के अच्छे असर मे आकर कुशीला ने भी अपना मन पढ़ने लिखने मे लगाया और अपना हर काम ठीक वक्त पर सलीके से करना और पढ़ना सीखा, और थोड़े ही दिनो मे वह भी एक बहुत अच्छी लड़की बन गई

भारत देस

(बहन सैयदा फरहत)

कितना अच्छा, कितना प्यारा
सुन्दर भारत देश हमारा
फूल हैं इसमे रंग बिरंगे
नीले, पीले, सब्ज़ और ऊदे
सब से है इस बाग़ की शोभा
बाग़ का जीवन, सबका एका
भारत माता सबकी मां है
सब में अटकी उसकी जॉ है
हिन्दू, मुसलिम, सिक्ख, ईसाई
उसके पूत, आपस के भाई
सब के सुख से उसको सुख है
कोई दुखी हो, उसको दुख है
भारत बाग़ की नन्ही कलियो
नन्हे मुन्ने, प्यारे बच्चो !
बाग़ को अपने खूब सजाओ
अपनी खुशबू से महकाओ
सब फूलों को अपनाओ तुम
प्रीत भर नग़मे गाओ तुम

बाग़ की रक्षा फर्ज़ है तुम पर
देश की सेवा फ़र्ज़ है तुम पर

(उरदू 'आजकल' से)

کی ۔ ماں نے کہا کہ تو جو سوشیلا کی اتنی تعریف کرتی ہے تو پھر تو بھی اُسکی طرح کیوں نہیں پڑھنا لکھنا شروع کرتی ۔ کوشیلا نے کہا کہ میرا من تو پڑھنے لکھنے میں لگتا نہیں ہے ۔ میں سوشیلا کی طرح کس طرح کام کروں ۔ ماں نے کہا کہ جب سوشیلا کا من لگ جاتا ہے تو تیرا کیوں نہیں لگتا ۔ اُسی کے پاس تو بھی جاکر بیٹھا کر اور جس طرح وہ سب کرتی ہے اُسی طرح تو بھی کرنا شروع کردے ۔ کوشیلا نے کہا کہ اچھی بات ہے میں آج شام کو سوشیلا سے پوچھونگی ۔

نوٹ:—سوشیلا اور کوشیلا کی کہانی کا یہ سلسلہ یہاں ختم ہوجاتا ہے، مگر آگے کی ایک چٹھی میں اس کا نتیجہ یہ نکلا ہے کہ سوشیلا کے اچھے اثر میں آکر کوشیلا نے بھی اپنا من پڑھنے لکھنے میں لگایا اور اپنا ہر کام ٹھیک وقت پر سلیقے سے کرنا اور پڑھنا سیکھا اور تھوڑے ہی دنوں میں وہ بھی ایک بہت اچھی لڑکی بن گئی ۔

بھارت دیس

(بہن سیدہ فرحت)

کتنا اچھا، کتنا پیارا
سندر بھارت دیش ہمارا
پھول ہیں اس میں رنگ برنگے
نیلے، پیلے، سبز اور اُودے
سب سے ہے اِس باغ کی شوبھا
باغ کا جیون، سب کا ایکا
بھارت ماتا سب کی ماں ہے
سب میں ٹکی اس کی جاں ہے
ہندو، مسلم، سکھ، عیسائی
اس کے پوت، آپس کے بھائی
سب کے سکھ سے اس کو سکھ ہے
کوئی دکھی ہو، اس کو دکھ ہے
بھارت باغ کی ننھی کلیو
ننھے منے، پیارے بچو!
باغ کو اپنے خوب سجاؤ
اپنی خوشبو سے مہکاؤ
سب پھولوں کو اپناؤ تم
پریت بھرے نغمے گاؤ تم

باغ کی رکشا فرض ہے تم پر
دیش کی سیوا فرض ہے تم پر

(اُردو 'آج کل' سے)

किन्नी बंगला
12-6-'06

राधे,

कल की चिट्ठी की तरह आज भी सुशीला कुशीला की बातें लिखी जाती हैं. सुशीला ने कहा कि बालों का गिनना तो आसान है क्योंकि उनको हर तरह से छू सकते हैं, तोल सकते हैं और एक एक अलग कर के गिन सकते हैं. मगर तारों को तो न छू सकते हैं न अलग अलग कर सकते हैं. फिर भी गिनने वालों ने जितने तारे आंख से दिखाई देते हैं उन को तो गिन ही लिया है. उनके अलावा जितने बड़ी से बड़ी दूरबीन से दिखाई देते हैं उनको भी गिन लिया है. और सिर्फ *गिना ही नहीं है बल्कि हर एक* तारे का नाम रख दिया है, और उनकी फेहरिस्तें बना ली हैं और उनको पहचानने की तरकीबें निकाल ली हैं. कुशीला ने पूछा कि तारों को क्यों कर गिन सकते हैं. वह तो इतनी दूर हैं और जहां देखो वहां एक के ऊपर एक पास पास गुच्छे दिखाई देते हैं. सुशीला ने कहा अभी तो मैंने इतना पढ़ा नहीं है कि सब तरह के तारों को गिन लूँ और पहचान लूँ. मगर बड़े बड़े मशहूर मशहूर तारों का पहचानना तो कुछ भी मुशकिल नहीं है. *यह जो तरह तरह की शकलें तारों की मैंने कल रात को तुम्हें दिखलाईं यह इसी वास्ते* तो बनाई हैं कि जो जो तारे इन शकलों को बनाते हैं वह फौरन पहचाने जा सकें. कुशीला ने पूछा कि अच्छा बताओ कि जितने तारे हमें आंख से दिखाई देते हैं वह कितने हैं. सुशीला ने कहा कि जितने तारे आंख से साफ़ दिखाई देते हैं वह तो सिर्फ़ तीन हज़ार हैं. और इन में से तीन सौ या चार सौ तारे ऐसे हैं कि जो उन शकलों के ज़रिये जो मैंने तुम्हें कल दिखलाईं, बड़ी आसानी से पहचाने जा सकते हैं. बाक़ियों का पहचानना ज़रा मुशकिल है. *कुशीला ने कहा कि अरी सुशीला तुझे यह सब बातें क्यों कर और* कहां से मालूम हो गईं. सुशीला ने कहा कि कुछ तो किताबों के पढ़ने से और कुछ अपने बड़े भाई से जो कालिज में पढ़ते हैं.

यह बातें हो ही रही थीं कि इतने में पांच बज गए. सुशीला ने कहा कि मेरे तो उठने का वक़्त हो गया. मैं तो अब नहाने धोने जाती हूँ, फिर पढ़ने लिखने का काम करूंगी. बेहतर है कि तुम भी इसी तरह करो सब काम ठीक वक़्त पर करने चाहियें ताकि फ़ज़ूल वक़्त ज़ाया न हो. तुम मेरी उजली चादर अपने बिस्तरे में बांध कर ले जाओ. मैं तुम्हारी मैली चादर कल तक धुलवा दूंगी. फिर चादरें बदल लेंगे. यह कह कर सुशीला तो उठ कर चली गई और कुशीला अपना बिस्तर बांध कर अपने घर चली गई और अपनी मां से जाकर सुशीला की बड़ी तारीफ़

کنی بنگلا
12.6.'06

رادھے،

کل کی چٹھی کی طرح آج بھی سوشیلا کوشیلا کی باتیں لکھی جاتی ہیں. سوشیلا نے کہا کہ بالوں کا گننا تو آسان ہے کیونکہ ان کو ہر طرح سے چھو سکتے ہیں، تول سکتے ہیں اور ایک ایک الگ کر کے گن سکتے ہیں. مگر تاروں کو تو نہ چھو سکتے ہیں نہ الگ الگ کر سکتے ہیں. پھر بھی گننے والوں نے جتنے تارے آنکھ سے دکھائی دیتے ہیں ان کو تو گن ہی لیا ہے. ان کے علاوہ جتنے بڑی سے بڑی دوربین سے دکھائی دیتے ہیں ان کو بھی گن لیا ہے. اور صرف گنا ہی نہیں ہے بلکہ ہر ایک تارے کا نام رکھ دیا ہے اور ان کی فہرستیں بنا لی ہیں اور ان کو پہچاننے کی ترکیبیں نکال لی ہیں. کوشیلا نے پوچھا کہ تاروں کو کیوں کر گن سکتے ہیں وہ تو اتنی دور ہیں اور جہاں دیکھو وہاں ایک کے اوپر ایک پاس پاس گچھے دکھائی دیتے ہیں. سوشیلا نے کہا ابھی تو میں نے اتنا پڑھا نہیں ہے کہ سب طرح کے تاروں کو گن لوں اور پہچان لوں. مگر بڑے بڑے مشہور مشہور تاروں کا پہچاننا تو کچھ بھی مشکل نہیں ہے. یہ جو طرح طرح کی شکلیں تاروں کی میں نے کل رات کو تمہیں دکھلائیں یہ اسی واسطے تو بنائی ہیں کہ جو جو تارے ان شکلوں کو بناتے ہیں وہ فوراً پہچانے جا سکیں. کوشیلا نے پوچھا کہ اچھا بتاؤ کہ جتنے تارے ہمیں آنکھ سے دکھائی دیتے ہیں وہ کتنے ہیں. سوشیلا نے کہا کہ جتنے تارے آنکھ سے صاف دکھائی دیتے ہیں وہ تو صرف تین ہزار ہیں. اور ان میں سے تین سو یا چار سو تارے ایسے ہیں کہ جو ان شکلوں کے ذریعے جو میں نے کل تمہیں دکھلائیں، بڑی آسانی سے پہچانے جا سکتے ہیں. باقیوں کا پہچاننا ذرا مشکل ہے. کوشیلا نے کہا کہ اری سوشیلا تجھے یہ سب باتیں کیوں کر اور کہاں سے معلوم ہو گئیں. سوشیلا نے کہا کہ کچھ تو کتابوں کے پڑھنے سے اور کچھ اپنے بڑے بھائی سے جو کالج میں پڑھتے ہیں.

یہ باتیں ہو ہی رہی تھیں کہ اتنے میں پانچ بج گئے. سوشیلا نے کہا کہ میرے تو اٹھنے کا وقت ہو گیا. میں تو اب نہانے دھونے جاتی ہوں، پھر پڑھنے لکھنے کا کام کروں گی. بہتر ہے کہ تم بھی اسی طرح کرو. سب کام ٹھیک وقت پر کرنے چاہئیں تاکہ فضول وقت ضائع نہ ہو. تم میری اجلی چادر اپنے بسترے میں باندھ کر لے جاؤ. میں تمہاری میلی چادر کل تک دھلوا دوں گی. پھر چادریں بدل لیں گے. یہ کہہ کر سوشیلا تو اٹھ کر چلی گئی اور کوشیلا اپنا بسترا باندھ کر اپنے گھر چلی گئی اور اپنی ماں سے جا کر سوشیلا کی بڑی تعریف

उसको ठीक ठीक पढ़ने और समझने से भगवान का हाल और उसकी मरजी मालूम होती है. इस वास्ते छोटी या बड़ी जो चीज़ भगवान की बनाई हुई हम को मिले या दिखाई दे उसका असल हाल मालूम करने की कोशिश करनी चाहिये.

कुशीला ने पूछा कि अच्छा यह जो तरह तरह की शकलें तारों की बनाई हैं इसका क्या फ़ायदा है. सुशीला ने कहा कि यह शकलें कोई असली थोड़ी हैं यह तो सिर्फ़ तारों को पहचानने और गिनने में और उनको अलग अलग दूरबीन वग़ैरा से देखकर उनका हाल मालूम करने के वास्ते यों ही मुक़र्रर कर ली हैं. इसी वास्ते बाज़ी बाज़ी शकलें तो ठीक ठीक मिल जाती हैं और बाज़ी ठीक नहीं मिलतीं. मसलन बड़े कुत्ते के तो पैर भी मालूम होते हैं, पूंछ भी और कान भी. मगर छोटे कुत्ते का तो सिर्फ़ मुंह और पीठ ही पीठ दिखाई देती है. असल मतलब तो इनका सिर्फ़ यह है कि सारे तारे गिने और पहचाने जा सकें. कुशीला ने हैरान होकर कहा कि हैं! तारों को भी कोई गिन सकता है? यह तो इतने सारे हैं कि कोई सारी उमर गिने जाय तो भी ख़तम न हों. सिर के बाल और आसमान के तारे तो अनगिनत हैं, इनको क्यों कर कोई गिन सकता है. सुशीला ने कहा कि जो पढ़े न लिखे न सोचे न अक़ल को काम में लाए उसके लिये तो कोई काम भी आसान नहीं, सब मुशकिल मालूम होंगे. मगर जो भगवान की दी हुई अक़ल को काम में लाए और अच्छी अच्छी किताबें पढ़ कर जो कुछ उन में लिखा है उसकी बाबत ख़ूब सोचे वह मुशकिल से मुशकिल काम के लिये भी कुछ न कुछ तरीक़ा निकाल लेता है. देखो तुम्हें तो आसमान के तारे और सिर के बाल अनगिनत मालूम होते हैं लेकिन गिनने वालों ने दोनों को गिन लिया है और किताबों में लिख दिया है. सिर के बाल गिनने तो कुछ बहुत मुशकिल भी नहीं हैं. क्योंकि अगर किसी के बाल बिलकुल बराबर काट कर तोल लें और फिर जितने बाल एक रत्ती या एक माशे में हों उन को गिन लें तो फिर सारे बालों की गिनती मालूम हो जायगी. मसलन अगर किसी के सब बाल जो काटे गए आध पाव यानी दो छटांक वज़न में हों, और एक रत्ती में सौ बाल गिने जायं तो सारे बाल आध पाव की रत्तियां बना कर फिर सौ में ज़रब देने से निकल आयंगे. जैसे देखो आध पाव की दो छटांक और दो छटांक के 10 तोले और दस तोलों के 120 माशे और 120 माशों की 960 रत्तियां बनीं. इसलिये अगर एक एक रत्ती में सौ बाल होवें तो 960 रत्तियों में 960 × 100 यानी 96000 बाल कुल सिर पर हुए. कुशीला बड़ी अचरज में पड़ी कि अरे तू तो सिर के बाल भी गिन सकती है.

اسکو ٹھیک ٹھیک پڑھنے اور سمجھنے سے بھگوان کا حال اور اُس کی مرضی معلوم ہوتی ہے ۔ اِس واسطے چھوٹی یا بڑی جو چیز بھگوان کی بنائی ہوئی ہم کو ملے یا دکھائی دے اُس کا اصل حال معلوم کرنے کی کوشش کرنی چاہئے۔

کوشیلا نے پوچھا کہ اچھا یہ جو طرح طرح کی شکلیں تاروں کی بنائی ہیں اِس کا کیا فائدہ ہے ۔ سوشیلا نے کہا کہ یہ شکلیں کوئی اصلی تھوڑی ہیں ۔ یہ تو صرف تاروں کو پہچاننے اور گننے میں اور اُن کو الگ الگ دوربین وغیرہ سے دیکھ کر اُن کا حال معلوم کرنے کے واسطے یوں ہی مقرر کرلی ہیں ۔ اسی واسطے بعضی بعضی شکلیں تو ٹھیک ٹھیک مل جاتی ہیں اور بعضی ٹھیک نہیں ملتیں مثلاً بڑے کتے کے تو پیر بھی معلوم ہوتے ہیں، پونچھ بھی اور کان بھی ۔ مگر چھوٹے کتے کا تو صرف منھ اور پیٹھ ہی پیٹھ دکھائی دیتی ہے ۔ اصل مطلب تو اِن کا صرف یہ ہے کہ سارے تارے گنے اور پہچانے جاسکیں ۔ کوشیلا نے حیران ہوکر کہا کہ ہیں! تاروں کو بھی کوئی گن سکتا ہے ؟ یہ تو اتنے سارے ہیں کہ کوئی ساری عمر گنے جائے تو بھی ختم نہ ہوں ۔ سر کے بال اور آسمان کے تارے تو ان گنت ہیں، اِن کو کیونکر کوئی گن سکتا ہے ۔ سوشیلا نے کہا کہ جو پڑھے نہ لکھے نہ سوچے نہ عقل کو کام میں لائے اُس کے لئے تو کوئی کام بھی آسان نہیں، سب مشکل معلوم ہونگے ۔ مگر جو بھگوان کی دی ہوئی عقل کو کام میں لائے اور اچھی اچھی کتابیں پڑھ کر جو کچھ اُن میں لکھا ہے اُس کی بابت خوب سوچے وہ مشکل سے مشکل کام کے لئے بھی کچھ نہ کچھ طریقہ نکال لیتا ہے ۔ دیکھو تمہیں تو آسمان کے تارے اور سر کے بال ان گنت معلوم ہوتے ہیں لیکن گننے والوں نے دونوں کو گن لیا ہے اور کتابوں میں لکھ دیا ہے ۔ سر کے بال گننے تو کچھ بہت مشکل بھی نہیں ہیں ۔ کیونکہ اگر کسی کے بال بالکل برابر کاٹ کر تول لیں اور پھر جتنے بال ایک رتی یا ایک ماشے میں ہوں اُن کو گن لیں تو پھر سارے بالوں کی گنتی معلوم ہو جائے گی ۔ مثلاً اگر کسی کے سب بال جو کٹے گئے آدھ پاؤ یعنی دو چھٹانک وزن میں ہوں اور ایک رتی میں سو بال گنے جائیں تو سارے بال آدھ پاؤ کی رتیاں بناکر پھر سو میں ضرب دینے سے نکل آئیں گے ۔ جیسے دیکھو آدھ پاؤ کی دو چھٹانک اور دو چھٹانک کے 10 تولے اور دس تولوں کے 120 ماشے اور 120 ماشوں کی 960 رتیاں بنیں ۔ اِس لئے اگر ایک ایک رتی میں سو بال ہوتے ہیں تو 960 رتیوں میں 960 × 100 یعنی 96000 بال کل سر پر ہوئے ۔ کوشیلا بڑی اچنبھے میں پڑی کہ ارے تو تو سر کے بال بھی گن سکتی ہے ۔

अपनी सब चादरों को संभाल कर रखो और जहाँ एक ज़रा भी मैली हो उसे फ़ौरन धुलने को भेजो और धोबन जब कपड़े लाए तो ख़ूब अच्छी तरह देख कर लो और जो कपड़ा ख़राब धुला हुआ हो उसे फिर धोकर लाने के वास्ते वापस कर दो और उसकी धुलाई न दो, तो आप से आप कपड़े हमेशा उजले रहेंगे और अच्छे धुलने लगेंगे. मेरे पास तीन चादरें और भी धुली हुई रखी हैं. मैं एक तुम्हें लाकर देती हूँ और सुबह तुम्हारी मैली चादर को खड़े घाट अपनी धोबन से धुलवा दूंगी. फिर देखो तुम्हारी चादर भी ऐसी ही उजली हो जाती है कि नहीं. यह कह कर सुशीला ने कुशीला को एक उजली चादर ला दी और मैला चादर मैले कपड़ों में बाँध कर रख दी. फिर जब दोनों अपनी अपनी खाटों पर लेट गईं तो सुशीला ने कुशीला को तारों में बड़ा खटोला, छोटा खटोला, तारों का शेर, सांप और बिच्छू, समुन्दर का सांप, अजदहा, और कटोरा और प्याला यह सब दिखलाया. सफ़ेद और लाल दुनिया दिखलाई और यह भी बतलाया कि यह जो तारे दिखाई देते हैं इन में से जो लपक लपक नहीं करते वह तो दुनियाएं हैं और बाक़ी सब सूरज हैं.

सुबह दिन निकलने से एक घंटा पहले जो सुशीला की आँख खुली तो उस ने कुशीला को तारों का देव, साँड और बड़ा कुत्ता और छोटा कुत्ता दिखाया.

اپنی سب چادروں کو سنبھال کر رکھو اور جہاں ایک ذرا بھی میلی ہو اُسے فوراً دھلنے کو بھیجو اور دھوبن جب کپڑے لائے تو خوب اچھی طرح دیکھ کر لو اور جو کپڑا خراب دھلا ہوا ہو اُسے پھر دھوکر لانے کے واسطے واپس کر دو اور اُس کی دھلائی نہ دو، تو آپ سے آپ کپڑے ہمیشہ اُجلے رہیں گے اور اچھے دھلنے لگیں گے۔ میرے پاس تین چادریں اور بھی دھلی ہوئی رکھی ہیں۔ میں ایک تمہیں لاکر دیتی ہوں اور صبح تمہاری میلی چادر کو کھڑے گھاٹ اپنی دھوبن سے دھلوا دوں گی۔ پھر دیکھو تمہاری چادر بھی ایسی ہی اُجلی ہو جاتی ہے کہ نہیں۔ یہ کہہ کر سوشیلا نے کوشیلا کو ایک اُجلی چادر لادی اور میلا چادر میلے کپڑوں میں باندھ کر رکھ دی۔ پھر جب دونوں اپنی اپنی کھاٹوں پر لیٹ گئیں تو سوشیلا نے کوشیلا کو تاروں میں بڑا کھٹولا، چھوٹا کھٹولا، تاروں کا شیر، سانپ اور بچھو، سمندر کا سانپ، اژدہا اور کٹورا اور پیالہ یہ سب دکھلایا۔ سفید اور لال دنیا دکھلائی اور یہ بھی بتلایا کہ یہ جو تارے دکھائی دیتے ہیں اِن میں سے جو لپک لپک نہیں کرتے وہ تو دنیائیں ہیں اور باقی سب سورج ہیں۔

صبح دن نکلنے سے ایک گھنٹہ پہلے جو سوشیلا کی آنکھ کھلی تو اُس نے کوشیلا کو تاروں کا دیو، سانڈ اور بڑا کتا اور چھوٹا کتا دکھایا۔

चेले वहान

11-6-'06

राधे,

कल भी सुशीला कुशीला का हाल लिखा था आज फिर वही.

कुशीला ने जब तारों का देव और कुत्ते और खरगोश और सांड और जहाज़ वग़ैरा सब देख लिये तो फिर उसने सुशीला से पूछा कि इन तारों को देखने और पहचानने से फ़ायदा क्या ? सुशीला ने कहा कि सब से बड़ा फ़ायदा तो यह है कि भगवान की बनाई हुई जितनी ज़ियादा चीज़ों को हम देखें, पहचानें और उनका सही सही हाल मालूम करें, उसी क़दर ज़ियादा हमें यह पता लगेगा कि परमेश्वर असल में कौन है, कैसा है, और उसकी क्या मरज़ी है. जिस तरह हम को किसी आदमी की बनाई हुई किताब को पढ़ने से मालूम हो जाता है कि वह आदमी कैसा है और उसका क्या मतलब और उसकी क्या राय है, उसी तरह भगवान की बड़ी भारी किताब, जो इस जगत की शकल में हमारे चारों तरफ़ फैली हुई है,

چھلے وہاں

11-6-'06

رادھے،

کل بھی سوشیلا کوشیلا کا حال لکھا تھا آج پھر وہی۔

کوشیلا نے جب تاروں کا دیو اور کتے اور خرگوش اور سانڈ اور جہاز وغیرہ سب دیکھ لئے تو پھر اُس نے سوشیلا سے پوچھا کہ ان تاروں کو دیکھنے اور پہچاننے سے فائدہ کیا؟ سوشیلا نے کہا کہ سب سے بڑا فائدہ تو یہ ہے کہ بھگوان کی بنائی ہوئی جتنی زیادہ چیزوں کو ہم دیکھیں، پہچانیں اور اُن کا سہی سہی حال معلوم کریں، اُسی قدر زیادہ ہمیں یہ پتہ لگے گا کہ پرمیشور اصل میں کون ہے، کیسا ہے اور اُس کی کیا مرضی ہے۔ جس طرح ہم کو کسی آدمی کی بنائی ہوئی کتاب کو پڑھنے سے معلوم ہو جاتا ہے کہ وہ آدمی کیسا ہے اور اُس کا کیا مطلب اور اُسکی کیا رائے ہے، اُسی طرح بھگوان کی بڑی بھاری کتاب، جو اِس جگت کی شکل میں ہمارے چاروں طرف پھیلی ہوئی ہے،

बच्चों की दुनिया

चले वहान

10-6-'06.

राधे,

कुशीला का मन सुशीला में ऐसा लगा कि शाम हो गई और उसे घर जाने की याद ही न आई. सुशीला ने कहा कि अगर तुम रात को यहाँ ही सो जाओ तो मैं तुम्हें तारे दिखाऊँगी और उनसे जो तरह तरह की शकलें बनती हैं वह भी. कुशीला ने कहा अच्छा मैं अपने घर कह आऊँ फिर अभी आजाऊँगी. यह कह कर कुशीला ने अपनी माँ से जाकर कहा कि मैं तो आज सुशीला के घर सोऊँगी. माँ ने पूछा कि क्यों. कुशीला ने कहा कि सुशीला ने तो मुझे आज बड़ी अच्छी अच्छी बातें सुनाईं. मेरा मन करता है कि उसके पास ही बैठी रहूँ. माँ ने पूछा, क्या बातें सुशीला ने बताईं. कुशीला ने बताया कि दिन में तो पढ़ने लिखने की बातें बताती रही अब रात को तारे दिखलायगी. माँ ने पूछा तारों को देखने से क्या फायदा है. कुशीला ने कहा मुझे तो खबर नहीं. यह भी सुशीला से पूछ लूंगी. माँ ने कहा अच्छी बात है अगर सुशीला के पास तेरा इतना मन लगता है तो वहां जाकर आज सो रह. बिस्तरा अपना ले जा.

कुशीला अपना बिस्तरा उठा सुशीला के यहाँ पहुँची. दोनों की खाटें छत पर बिछ गईं. सुशीला ने जो अपना बिस्तर बिछाया तो बड़ा उजला और साफ़ था. चादर बिलकुल सफ़ेद धुली हुई जिस में न गुजंलट थी न कोई धब्बा. मगर कुशीला ने जो अपना बिस्तरा खोला तो उस की चादर बिलकुल मैली और बदबूदार निकली. और सारे में गुँजलटें पड़ी हुईं. सुशीला ने कहा कि अरे कैसी मैली चादर है. तुम ऐसी खराब चादर पर खबर नहीं कैसे सोती हो. तुम ने इसे धुलवाया क्यों नहीं. कुशीला ने कहा कि हम तो अकसर ऐसे ही बिस्तरों पर सोया करती हैं और मेरी माँ की चादर भी ऐसी ही मैली कुचैली है. खबर नहीं सुशीला तेरी चादर ऐसी उजली क्यों कर रहती है. हमारी तो जब धोबन भी धोकर लाती है तब भी ऐसी नहीं होती. सुशीला ने कहा यह तो खबर रखने की बात है. अगर

بچوں کی دنیا

چلے وہاں

10-6-'06

رادھے،

کوشیلا کا من سوشیلا میں ایسا لگا کہ شام ہوگئی اور اسے گھر جانے کی یاد ھی نہ آئی سوشیلا نے کہا کہ اگر تم رات کو یہاں ھی سوجاؤ تو میں تمہیں تارے دکھاؤں گی اور ان سے جو طرح طرح کی شکلیں بنتی ھیں وہ بھی . کوشیلا نے کہا اچھا میں اپنے گھر کہہ آؤں پھر ابھی آجاؤں گی . یہ کہکر کوشیلا نے اپنی ماں سے جا کر کہا کہ میں تو آج سوشیلا کے گھر سوؤنگی . ماں نے پوچھا کہ کیوں . کوشیلا نے کہا کہ سوشیلا نے تو مجھے آج بڑی اچھی اچھی باتیں سنائیں . میرا من کرتا ھے کہ اس کے پاس ھی بیٹھی رھوں. ماں نے پوچھا کیا باتیں سوشیلا نے بتائیں . کوشیلا نے بتایا کہ دن میں تو پڑھنے لکھنے کی باتیں بتاتی رھی اب رات کو تارے دکھلائے گی . ماں نے پوچھا تاروں کو دیکھنے سے کیا فائدہ ھے . کوشیلا نے کہا مجھے تو خبر نہیں . یہ بھی سوشیلا سے پوچھ لونگی . ماں نے کہا اچھی بات ھے اگر سوشیلا کے پاس تیرا اتنا من لگتا ھے تو وہاں جاکر آج سو رہ . بستر اپنا لے جا .

کوشیلا اپنا بستر اٹھا سوشیلا کے یہاں پہونچی. دونوں کی کھاٹیں چھت پر بچھ گئیں . سوشیلا نے جو اپنا بستر بچھایا تو بڑا اجلا اور صاف تھا . چادر بالکل سفید دھلی ہوئی جس میں نہ گنجلٹ تھی نہ کوئی دھبہ. مگر کوشیلا نے جو اپنا بستر کھولا تو اس کی چادر بالکل میلی اور بدبو دار نکلی . اور سارے میں گنجلٹیں پڑی ہوئیں . سوشیلا نے کہا ارے کیسی میلی چادر ھے، تم ایسی خراب چادر پر خبر نہیں کیسے سوتی ھو . تم نے اسے دھلوایا کیوں نہیں . کوشیلا نے کہا کہ ہم تو اکثر ایسے ھی بستروں پر سویا کرتی ھیں اور میری ماں کی چادر بھی ایسی ھی میلی کچیلی ھے . خبر نہیں سوشیلا تیری چادر ایسی اجلی کیونکر رھتی ھے . ھماری تو جب دھوبن بھی دھوکر لاتی ھے تب بھی ایسی نہیں ہوتی ، سوشیلا نے کہا یہ تو خبر رکھنے کی بات ھے . اگر

आशा की जाती है कि वह अपनी पूरी शक्ति भर रचनात्मक प्रोग्राम के काम को बढ़ाएंगे. पर वह सर्व सेवा संघ के नुमाइन्दे होने का दावा नहीं कर सकेंगे.

सचमुच थोड़े से योग्य रचनात्मक काम करने वालों का अपने निजी 'आज़ाद' ढंग से या किसी राजकाजी पारटी के मेम्बरों की हैसियत से राजकाज में हिस्सा लेना ख़ुद रचनात्मक प्रोग्राम के हित में अच्छा हो सकता है. ऐसे मौक़े भी आ सकते हैं जब हर रचनात्मक काम करने वाले को रचनात्मक काम के अन्दर अपनी बुनियादी श्रद्धा की रक्षा के लिये राजकाजी आन्दोलन में कूदना पड़े. लेकिन यह सवाल इस समय पैदा नहीं होता.

(6) इन हालतों में सर्व सेवा संघ के लिये एक राजकाजी पारटी की तरह काम करना ठीक नहीं है. लेकिन संघ चाहता है कि वे रचनात्मक काम करने वाले जो किसी राजकाजी संगठन के मेम्बर हैं अपनी पारटियों पर इस बात के लिये जोर डालें कि केवल इस तरह के लोग ही खड़े किये जावें जो बेग़रज़ हों, योग्य हों और जो पैसे के या किसी और तरह के बेजा असर में न आ सकें. केवल इसी तरह हम अपनी धारा सभाओं के मेम्बरों के और उन लोगों के जो देश के अच्छे शासन के लिये ज़िम्मेवार हैं नैतिक यानी इख़लाक़ी स्तर को ऊँचा कर सकते हैं. वोटरों को आम तौर पर संघ की सलाह यह है कि उन्हें किसी ऐसे उम्मेदवार को वोट देने से इनकार कर देना चाहिये जिसकी पबलिक ज़िन्दगी, उनकी राय में, उतनी पवित्र नहीं है जितनी होनी ज़रूरी है, चाहे वह उम्मेदवार किसी ऐसी पारटी की तरफ़ से भी क्यों न खड़ा किया गया हो जिस पारटी की तरफ़ उस वोटर का निजी झुकाव है. उन्हें यह भी याद रखना चाहिये कि किसी ऐसे उम्मेदवार को वोट देने का, जो फ़िरक़ेवाराना विचार का है या जो अपना मक़सद पूरा करने के लिये हिन्सा के तरीक़ों को काम में लाने में विश्वास रखता है, सवाल ही नहीं उठ सकता क्यों कि यह बातें 'सर्वोदय' के असूलों के बिलकुल ख़िलाफ़ हैं.

...اپنی پوری شکتی بھر رچناتمک پروگرام کے کام کو بڑھائینگے. پر وہ سرو سیوا سنگھ کے نمائندے ہونے کا دعوی نہیں کر سکینگے.

سچ مچ تھوڑے سے یوگیہ رچناتمک کام کرنے والوں کا اپنے نجی 'آزاد' ڈھنگ سے یا کسی راج کاجی پارٹی کے ممبروں کی حیثیت سے راج کاج میں حصہ لینا خود رچناتمک پروگرام کے ہت میں اچھا ہوسکتا ہے. ایسے موقعے بھی آ سکتے ہیں جب ہر رچناتمک کام کرنے والے کو رچناتمک کام کے اندر اپنی بنیادی شردھا کی رکشا کے لئے راج کاجی آندولن میں کودنا پڑے. لیکن یہ سوال اس سمے پیدا نہیں ہوتا.

(۶) ان حالتوں میں سرو سیوا سنگھ کے لئے ایک راج کاجی پارٹی کی طرح کام کرنا ٹھیک نہیں ہے. لیکن سنگھ چاہتا ہے کہ وہ رچناتمک کام کرنے والے جو کسی راج کاجی سنگٹھن کے ممبر ہیں اپنی پارٹیوں پر اس بات کے لئے زور ڈالیں کہ کیول اس طرح کے لوگ ہی کھڑے کئے جاویں جو بے غرض ہوں، یوگیہ ہوں اور جو پیسے کے یا کسی اور طرح کے بیجا اثر میں نہ آ سکیں. کیول اسی طرح ہم اپنی دھارا سبھاؤں کے ممبروں کے اور ان لوگوں کے جو دیش کے اچھے شاسن کے لئے ذمہ وار ہیں نیتک یعنی اخلاقی استر کو اونچا کر سکتے ہیں. ووٹروں کو عام طور پر سنگھ کی صلاح یہ ہے کہ انہیں کسی ایسے امیدوار کو ووٹ دینے سے انکار کر دینا چاہئے جس کی پبلک زندگی ان کی رائے میں اتنی پوتر نہیں ہے جتنی ہونی ضروری ہے، چاہے وہ امیدوار کسی ایسی پارٹی کی طرف سے بھی کیوں نہ کھڑا کیا گیا ہو جس پارٹی کی طرف اس ووٹر کا نجی جھکاؤ ہے. انہیں یہ بھی یاد رکھنا چاہئے کہ کسی ایسے امیدوار کو ووٹ دینے کا جو فرقہ وارانہ وچار کا ہے یا جو اپنا مقصد پورا کرنے کے لئے ہنسا کے طریقوں کو کام میں لانے میں وشواس رکھتا ہے سوال ہی نہیں اٹھ سکتا کیونکہ یہ باتیں 'سروودے' کے اصولوں کے بالکل خلاف ہیں.

प्रेम कुछ नहीं मांगता. बल्कि कुछ न कुछ देता रहता है. प्रेम दुख सहता है कभी नाराज़ नहीं होता और न कभी बदला लेता है. जहाँ प्रेम है, वहां भगवान भी है.

—महात्मा गांधी

پریم کچھ نہیں مانگتا بلکہ کچھ نہ کچھ دیتا رہتا ہے. پریم دکھ سہتا ہے، کبھی ناراض نہیں ہوتا اور نہ کبھی بدلہ لیتا ہے. جہاں پریم ہے، وہاں بھگوان بھی ہے.

— مہاتما گاندھی

---

(4) फिर भी यह ध्यान में रखना जरूरी है कि ाजकल की हालत में धारा सभाओं और सरकारों का सर जनता की जिन्दगी पर हर तरफ से पड़ता है और : जगह और हर स्तर पर धारा सभाएं और सरकारें ष्ट्र की नई रचना को रूप देती हैं. ऐसी हालत में उन रटियों की सरकारें, जिन्हें ऐसे राजकाजी, समाजी और ली ढाँचे में विश्वास है जिससे 'सर्वोदय' का आदर्श ा करने में मदद नहीं मिल सकती, रचनात्मक प्रोग्राम को ा करने में खुद बड़ी रुकावट बन जाती हैं और नई नई कावटें खड़ी कर देती हैं. इसलिये जब कि रचनात्मक ाम करने वालों को अपना काम बेरोक करते रहना चाहिये, न्हें समझ बूझ के साथ राजकाज में और देश के ठीक क शासन में दिलचस्पी लेने को भी अपनी चौतरफा चनात्मक सेवा यानी समग्र सेवा का ही एक हिस्सा मझना चाहिये. इसके लिये वोटरों को इस तरह की ालीम देना उनका फ़र्ज़ है जिससे वह अपने वोट की वित्रता और उसकी शक्ति को समझने लगें और सोच मझ कर और निस्वार्थ ढग से अपने वोट का इस तरह स्तेमाल करना सीखें जिससे आम जनता का भला हो ौर पबलिक जिन्दगी में पवित्रता आवे. इसका यह मतलब हीं है कि हर रचनात्मक काम करने वाला किसी न किसी ाजकाजी पारटी का मेम्बर ही हो. असल में अधिक अच्छा ही है कि ज़्यादातर रचनात्मक काम करने वाले किसी भी ाजकाजी पारटी के मेम्बर न हों.

(5) इस सवाल पर कि सर्व सेवा संघ के मेम्बरों को ाजकाज, चुनाव वग़ैरा में अमली हिस्सा लेना चाहिये या हीं या खुद उम्मीदवार होना चाहिये या नहीं, संघ अपने 1 और 12 अक्तूबर 1950 के ठहराव की फिर से सदीक़ करता है. वह ठहराव यह है—

"सर्व सेवा संघ के ओहदेदार और पूरा वक़्त देने वाले ार्य कर्त्ता, चाहे वह तनख्वाह लेते हों या न लेते हों, किसी ाजकाजी संगठन में या किसी गवरमेन्ट या लोकल गवर-मेन्ट में किसी चुनाव के ओहदे के लिये उम्मेदवार नहीं ोंगे, और अगर बिना किसी तरह के विरोध के भी वह स तरह की किसी जगह के लिये चुन लिये जावें तब भी ह उसे मंज़ूर नहीं करेंगे. वह किसी चुनाव आन्दोलन में अमली हिस्सा नहीं लेंगे."

ज़ाहिर है कि ऊपर की रोक उन मेम्बरों के लिये नहीं ै जो संघ के ओहदेदार या पूरा वक़्त देने वाले कार्यकर्ता हीं हैं. ऐसे मेम्बर अगर उनका सम्बन्ध किसी खास चनात्मक संस्था से है तो उसके नियमों के मातहत रहते ुए, अपनी निजी हैसियत से, जिस तरह वह ठीक समझें ाजकाज में हिस्सा लेने के लिये आज़ाद हैं. उनसे यह

(4) پھر بھی یہ دھیان میں رکھنا ضروری ہے کہ آج کل کی حالت میں دھارا سبھاؤں اور سرکاروں کا اثر جنتا کی زندگی پر ہر طرف سے پڑتا ہے اور ہر جگہ اور ہر استر پر دھارا سبھائیں اور سرکاریں راشٹر کی نئی رچنا کو روپ دیتی ہیں . ایسی حالت میں اُن پارٹیوں کی سرکاریں' جنہیں ایسے راج کاجی' سماجی اور مالی ڈھانچے میں وشواس ہے جس سے 'سرودے' کا آدرش پورا کرنے میں مدد نہیں مل سکتی' رچناتمک پروگرام کو پورا کرنے میں خود بڑی رکاوٹ بن جاتی ہیں اور نئی نئی رکاوٹیں کھڑی کر دیتی ہیں. اس لئے جب کہ رچناتمک کام کرنے والوں کو اپنا کام بےروک کرتے رہنا چاہئے' اُنہیں سمجھ بوجھ کے ساتھ راج کاج میں اور دیش کے ٹھیک ٹھیک شاسن میں دلچسپی لینے کو بھی اپنی چوطرفہ رچناتمک سیوا یعنی سمگر سیوا کا بھی ایک حصہ سمجھنا چاہئے . اس کے لئے ووٹروں کو اس طرح کی تعلیم دینا ان کا فرض ہے جس سے وہ اپنے ووٹ کی پوترتا اور اُسکی شکتی کو سمجھنے لگیں اور سوچ سمجھکر اور نسوارتھ ڈھنگ سے اپنے ووٹ کا اس طرح استعمال کرنا سیکھیں جس سے عام جنتا کا بھلا ہو اور پبلک زندگی میں پوترتا آوے . اس کا یہ مطلب نہیں ہے کہ ہر رچناتمک کام کرنے والا کسی نہ کسی راج کاجی پارٹی کا ممبر ہی ہو . اصل میں ادھک اچھا یہی ہے کہ زیادہ تر رچناتمک کام کرنے والے کسی بھی راج کاجی پارٹی کے ممبر نہ ہوں .

(5) اس سوال پر کہ سرو سیوا سنگھ کے ممبروں کو راج کاج' چناو وغیرہ میں عملی حصہ لینا چاہئے یا نہیں یا خود اُمیدوار ہونا چاہئے یا نہیں' سنگھ اپنے 11 اور 12 اکتوبر 1950 کے ٹھہراو کی پھر سے تصدیق کرتا ہے . وہ ٹھہراو یہ ہے—

" سرو سیوا سنگھ کے عہدے دار اور پورا وقت دینے والے کاریہ کرتا چاہے وہ تنخواہ لیتے ہوں یا نہ لیتے ہوں' کسی راج کاجی سنگٹھن میں یا کسی گورمینٹ یا لوکل گورمینٹ میں کسی چناؤ کے عہدے کے لئے اُمیدوار نہیں ہوں گے' اور گر بنا کسی طرح کے وردھ کے بھی وہ اس طرح کی کسی جگہ کے لئے چن لئے جاویں تب بھی وہ اُسے منظور نہیں کرینگے . وہ کسی چناؤ آندولن میں عملی حصہ نہیں لینگے ."

ظاہر ہے کہ اوپر کی روک اُن ممبروں کے لئے نہیں ہے جو سنگھ کے عہدے دار یا پورا وقت دینے والے کاریہ کرتا نہیں ہیں . ایسے ممبر اگر اُن کا سمبندھ کسی خاص رچناتمک سنستھا سے ہے تو اُس کے نیموں کے ماتحت رہتے ہوئے' اپنی نجی حیثیت سے' جس طرح وہ ٹھیک سمجھیں راج کاج میں حصہ لینے کے لئے آزاد ہیں اُن سے یہ

'सर्वोदय' से

आने वाले चुनाव के बारे में

(रचनात्मक या तामीरी काम करने वालों और वोटरों को हिदायत)

29 जुलाई सन 1951 को वर्धा में सर्व सेवा संघ की एक बैठक हुई थी जिसमें आने वाले चुनाव के बारे में नीचे लिखा ठहराव पास हुआ :—

चूँकि सब रचनात्मक कामों का आखिरी मंशा 'सर्वोदय' यानी एक ऐसा समाज क़ायम करना है जिसमें कोई दूसरे से बेजा फ़ायदा न उठावे और जिसकी बुनियाद सचाई, अहिंसा और सबके भले पर हो, और

चूँकि आने वाले चुनावों को निगाह में रखते हुए अलग अलग राजकाजी पारटियों की तरफ़ से प्रोग्राम और एलान निकल रहे हैं जिनमें एक दूसरे से बहुत फ़रक़ नहीं है और जो एक दरजे तक सर्वोदय की भाशा काम में लाते हैं, और

चूँकि बहुत से रचनात्मक काम करने वाले सर्व सेवा संघ से इस बारे में साफ़ साफ़ हिदायत चाहते हैं,

इसलिये इस मौक़े पर सर्व सेवा संघ इन मामलों पर नीचे लिखे मुताबिक़ अपने विचार और अपनी पालिसी ज़ाहिर करता है :

(1) सर्व सेवा संघ राजकाजी पारटियों के इन प्रोग्रामों और एलानों में से किसी को भी 'सर्वोदय' के क़ायम करने के लिये काफ़ी नहीं पाता. सर्व सेवा संघ को यह भी बिस्वास नहीं होता कि यह पारटियाँ ताक़त हासिल कर लेने पर इन प्रोग्रामों पर भी पूरी तरह और असरदार ढंग से अमल करेंगी, इसलिये यह संघ आज की राजकाजी पारटियों में से किसी को भी अपनाने के लिये तैयार नहीं है.

(2) संघ को यक़ीन है कि राजसत्ता से बिलकुल अलग रहते हुए और वोटरों की शुद्ध और निस्वार्थ सेवा में अपने को लगाए रखते हुए देश में राजकाजी शक्ति पैदा की जा सकती है और वोटरों पर इस तरह का असर डाला जा सकता है और उनकी इस तरह रहनुमाई की जा सकती है कि वह ठीक तरह के आदमियों को ही चुन कर सत्ता की जगहों में भेजें.

(3) रचनात्मक काम करने वाले हकूमत चलाने की सीधी जिम्मेवारी अपने हाथ में लें. यह सवाल तभी पैदा होगा जब लोग खुद इस बात को महसूस करें और कहें कि वह चाहते हैं कि रचनात्मक काम करने वाले ही हकूमत अपने हाथ में लें और दूसरा कोई न ले. पर यह अभी भविश्य की बात है.

<u>'سروودے' سے</u>

آنے والے چناؤ کے بارے میں

(رچناتمک یا تعمیری کام کرنے والوں اور ووٹروں کو ہدایت)

29 جولائی سن 1951 کو وردھا میں سرو سیوا سنگھ کی ایک بیٹھک ہوئی تھی جس میں آنے والے چناؤ کے بارے میں نیچے لکھا ٹھہراؤ پاس ہوا : -

چونکہ سب رچناتمک کاموں کا آخری منشا 'سروودے' یعنی ایک ایسا سماج قائم کرنا ہے جس میں کوئی دوسرے سے بیجا فائدہ نہ اٹھاوے اور جس کی بنیاد سچائی' اہنسا اور سب کے بھلے پر ہو' اور

چونکہ آنے والے چناؤوں کو نگاہ میں رکھتے ہوئے الگ الگ راج کاجی پارٹیوں کی طرف سے پروگرام اور اعلان نکل رہے ہیں جن میں ایک دوسرے سے بہت فرق نہیں ہے اور جو ایک درجے تک سروودے کی بھاشا کام میں لاتے ہیں' اور

چونکہ بہت سے رچناتمک کام کرنے والے سرو سیوا سنگھ سے اس بارے میں صاف صاف ہدایت چاہتے ہیں'

اس لئے اس موقعے پر سرو سیوا سنگھ ان معاملوں پر نیچے لکھے مطابق اپنے وچار اور اپنی پالیسی ظاہر کرتا ہے :

(1) سرو سیوا سنگھ راج کاجی پارٹیوں کے ان پروگراموں اور اعلانوں میں سے کسی کو بھی 'سروودے' کے قائم کرنے کے لئے کافی نہیں پاتا. سرو سیوا سنگھ کو یہ بھی وشواس نہیں ہوتا کہ یہ پارٹیاں طاقت حاصل کر لینے پر ان پروگراموں پر بھی پوری طرح اور اثردار ڈھنگ سے عمل کریںگی' اس لئے یہ سنگھ آج کی راج کاجی پارٹیوں میں سے کسی کو بھی اپنانے کے لئے تیار نہیں ہے .

(2) سنگھ کو یقین ہے کہ راج سمتا سے بالکل الگ رہتے ہوئے اور ووٹروں کی شدھ اور نسوارتھ سیوا میں اپنے کو لگائے رکھتے ہوئے دیش میں راج کاجی شکتی پیدا کی جا سکتی ہے اور ووٹروں پر اس طرح کا اثر ڈالا جا سکتا ہے اور اُن کی اس طرح رہنمائی کی جا سکتی ہے کہ وہ ٹھیک طرح کے آدمیوں کو ہی چن کر ستا کی جگہوں میں بھیجیں .

(3) رچناتمک کام کرنے والے حکومت چلانے کی سیدھی ذمےواری اپنے ہاتھ میں لیں . یہ سوال تبھی پیدا ہوگا جب لوگ خود اس بات کو محسوس کریں اور کہیں کہ وہ چاہتے ہیں کہ رچناتمک کام کرنے والے ہی حکومت اپنے ہاتھ میں لیں اور دوسرا کوئی نہ لے . پر یہ ابھی بھوشیہ کی بات ہے .

मीटिंग करके ओहदेदारों का चुनाव कर लिया जाय. दूसरे इतवार को पास के एक गाँव में सब लोग अपने चर्खे साथ ले जाकर कताई करें. लेकिन इस सभा में जो सबसे अहम फैसला हुआ वह यह था कि मन्डल के मेम्बर किसी चुनाव में हिस्सा न लेंगे चाहे वह म्युनिसिपल बोर्ड का हो या डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का, सूबे की असम्बली का या सेन्ट्रल असम्बली का. कांग्रेस की दलबन्दियों से दूर रहेंगे.

आखिर में सदर साहब ने सब को धन्यवाद दिया फिर मिठाई और नमकीन मंगाकर सब लोगों को जलपान कराया गया और सब लोग अपने अपने घर चल दिये.

दूसरे दिन अखबार में खबर छपी कि गांधी लोकसेवा मन्डल के नाम से शहर में एक संस्था बनी है जो गांधी जी के मिशन को आगे चलाएगी.

फिर सनीचर के अखबार में खबर छपी कि इतवार को मन्डल की मीटिंग होगी सब मेम्बरों से हाज़िर होने की प्रार्थना की जाती है. जगह वही पुरानी थी जहाँ पहली मीटिंग हुई थी.

सोमवार के अखबार में छपा कि मन्डल के सदर वही सज्जन चुने गए जिन के घर पर मीटिंग थी. सेक्रेटरी वह नौजवान चुने गए जिन्हों ने साम्प्रदायिकता का विरोध किया था. साथ ही अगले इतवार का प्रोग्राम छपा था कि शहर के नज़दीक गाँव में कताई होगी.

दूसरे सोमवार को अखबार में खबर आई कि मन्डल की सभा में अधिक लोग न जा सके क्योंकि उस दिन शहर के एक खास रईस की मौत हो गई थी.

तीसरे सोमवार को मन्डल की कोई खबर अखबार में न छपी.

चौथा सोमवार भी खाली गया.

पाँचवें सोमवार को एक खास खबर छपी—

"मन्डल के सदर शहर कांग्रेस कमेटी के चुनाव में अपने विरोधी को तीन वोटों से हरा कर शहर कांग्रेस कमेटी के सदर चुन लिये गए. दोनों पारटियों में बड़ा सख्त मुकाबला हुआ लेकिन विरोधी दल की सारी कोशिशें असफल रहीं."

और उसके दो दिन बाद यह खबर आई कि उन दोनों नौजवानों ने, जिन्होंने साम्प्रदायिकता का विरोध किया था, और जिन में से एक मंडल के सेक्रेटरी चुने गए थे, कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया.

کو میٹنگ کرکے عہدیداروں کا چناؤ کرایا جائے۔ دوسرے اتوار کو پاس کے ایک گاؤں میں سب لوگ اپنے چرخے ساتھ لیجاکر کتائی کریں۔ لیکن اس سبھا میں جو سب سے اہم فیصلہ ہوا وہ یہ تھا کہ منڈل کے ممبر کسی چناؤ میں حصہ نہ لیں گے چاہے وہ میونسپل بورڈ کا ہو یا ڈسٹرکٹ بورڈ کا صوبے کی اسمبلی کا ہو یا سنٹرل اسمبلی کا کانگریس کی دلبندیوں سے بھی دور رہیں گے۔

آخر میں صدر صاحب نے سب کو دھنیہ واد دیا پھر مٹھائی اور نمکین منگا کر سب لوگوں کو جلپان کرایا گیا اور سب لوگ اپنے اپنے گھر چلدیئے۔

دوسرے دن اخبار میں خبر چھپی کہ گاندھی لوک سیوا منڈل کے نام سے شہر میں ایک سنستھا بنی ہے جو گاندھی جی کے مشن کو آگے چلائے گی۔

پھر سنیچر کے اخبار میں خبر چھپی کہ اتوار کو منڈل کی میٹنگ ہوگی سب ممبروں سے حاضر ہونے کی پرارتھنا کی جاتی ہے۔ جگہ وہی پرانی تھی جہاں پہلی میٹنگ ہوئی تھی۔

سوموار کے اخبار میں چھپا کہ منڈل کے صدر وہی سجن چنے گئے جن کے گھر پر میٹنگ تھی۔ سکریٹری وہ نوجوان چنے گئے جنھوں نے سامپردایکتا کا وروده کیا تھا۔ ساتھ ہی اگلے اتوار کا پروگرام چھپا تھا کہ شہر کے نزدیک گاؤں میں کتائی ہوگی۔

دوسرے سوموار کو اخبار میں خبر آئی کہ منڈل کی سبھا میں ادھک لوگ نہ جاسکے کیونکہ اس دن شہر کے ایک خاص رئیس کی موت ہوگئی تھی۔

تیسرے سوموار کو منڈل کی کوئی خبر اخبار میں نہ چھپی۔

چوتھا سوموار بھی خالی گیا۔

پانچویں سوموار کو ایک خاص خبر چھپی—

"منڈل کے صدر شہر کانگریس کمیٹی کے چناؤ میں اپنے وروده‌ی کو تین ووٹوں سے ہرا کر شہر کانگریس کمیٹی کے صدر چن لئے گئے۔ دونوں پارٹیوں میں بڑا سخت مقابلہ ہوا لیکن وروده‌ی دل کی ساری کوششیں اسپھل رہیں۔"

اور اسکے دو دن بعد یہ خبر آئی کہ اُن دنوں نوجوانوں نے جنھوں نے سامپردایکتا کا وروده کیا تھا اور جنمیں سے ایک منڈل کے سکریٹری چنے گئے تھے کانگریس سے استعفیٰ دے دیا۔

मेम्बर इकट्ठा होकर देहातों में आया करें और वहीं सभा करके अगले इतवार का प्रोग्राम बना लिया करें.

सरदार जी ने कहा—"लेकिन सिर्फ सभा करने से तो काम नहीं चलेगा हमें कोई तामीरी काम भी करना चाहिये."

एक सज्जन ने कहा—'हमें चाहिये कि हम हरिजनों की बस्तियों में जाकर उनका सुधार करें.'"

सरदार जी ने कहा—"लेकिन हरिजनों में जाकर हमें खाली लेकचर नहीं देना चाहिये. हमें चाहिये कि हम अपने साथ अपनी औरतों को भी ले चलें. जो हरिजन बहनों में काम करें. हमें अपने साथ झाड़ू ले चलना चाहिये, जिससे कि हम उनकी बस्ती की सफाई करके उन्हें सफाई से रहना बता सकें. हमें अपने साथ साबुन और तेल भी ले चलना होगा. हम हरिजन बच्चों को नहलाएंगे, उनके सर मे तेल लगाएंगे और उनके कपड़े धोकर उन्हे सिखाएंगे कि इस तरह बच्चों को साफ रखना चाहिये. हमारी औरतें यही काम हरिजन औरतों में करेंगी."

सरदार जी के समर्थन में केवल सदर साहब बोले—"सरदार जी ठीक कहते है."

बाक़ी सब लोग खामोश रहे.

फिर साम्प्रदायिकता विरोधी नौजवान ने कहा—"हमें मुसलमानों के मुहल्ले में चलकर एकता के लिये काम करना चाहिये."

सरदार जी ने कहा—"एकता के लिये आज मुसलमानों से ज़ियादा हिन्दुओं में काम करने की जरूरत है. पाकिस्तान बनने और बापू के शहीद होने से मुसलमानों की फिरक़ा परस्ती बिलकुल खत्म हो गई है. अब हिन्दुओं की फिरक़ा परस्ती खत्म करनी है. मैं यह नहीं कहता कि मुसलमानों में हमें न जाना चाहिये पर आप जानते हैं कि अभी दो महीने पहले हमारे शहर में मुसलमानों को कितना नुक़सान पहुँचा है. जिन मुसलमानों की दुकानें जलाई गईं हैं उनमें बहुत से ऐसे हैं जिनकी सारी पूँजी खत्म हो गई है. उनके पास जाने से पहले हमें हिन्दुओं के पास जाना चाहिये. प्रायश्चित के रूप में हमें उनसे चन्दा लेकर रुपया इकट्ठा करना चाहिये. जब हम रुपए जमा कर लें तब हम ऐसे मुसलमानों के पास जायं जिन्हें रुपए की जरूरत है. हम उनसे माफ़ी मांगें और उनसे दरख़ास्त करें कि वह कुछ रुपए लेकर अपना कारबार शुरू करें. ऐसा करने ही से उनके दिल पर असर होगा और वह महसूस करेंगे कि हिन्दुओं का दिल बदला है. खाली लेकचर उन्हें सन्तोश नहीं दे सकता."

सरदार जी की इस बात का भी केवल सदर साहब को ही समर्थन करना पड़ा. और फिर यह तय हुआ कि इतवार

ممبر اکٹھا ہوکر دیہاتوں میں جایا کریں اور وہیں سبھا کرکے اگلے اتوار کا پروگرام بنا لیا کریں۔

سردار جی نے کہا—"لیکن صرف سبھا کرنے سے تو کام نہیں چلے گا ہمیں کوئی تعمیری کام بھی کرنا چاہئیے"۔

ایک سجن نے کہا—"ہمیں چاہئیے کہ ہم ہریجنوں کی بستیوں میں جاکر ان کا سدھار کریں"۔

سردار جی نے کہا "لیکن ہریجنوں میں جاکر ہمیں خالی لکچر نہیں دینا چاہئیے۔ ہمیں چاہئیے کہ ہم اپنے ساتھ اپنی عورتوں کو بھی لے چلیں۔ جو ہریجن بہنوں میں کام کریں۔ ہمیں اپنے ساتھ جھاڑو لے چلنا چاہئیے جس سے کہ ہم ان کی بستی کی صفائی کرکے انہیں صفائی سے رہنا بتا سکیں۔ ہمیں اپنے ساتھ صابن اور تیل بھی لے چلنا ہوگا۔ ہم ہریجن بچوں کو نہلائیں گے، ان کے سر میں تیل لگائیں گے اور ان کے کپڑے دھوکر انہیں سکھائیں گے کہ اس طرح بچوں کو صاف رکھنا چاہئیے۔ ہماری عورتیں یہی کام ہریجن عورتوں میں کریں گی۔

سردار جی کے سمرتھن میں کیول صدر صاحب بولے—"سردار جی ٹھیک کہتے ہیں"۔

باقی سب لوگ خاموش رہے

پھر سامپردایکتا ورودھی نوجوان نے کہا "ہمیں مسلمانوں کے محلے میں چلکر ایکتا کے لئے کام کرنا چاہئیے"۔

سردار جی نے کہا "ایکتا کیلئے آج مسلمانوں سے زیادہ ہندوؤں میں کام کرنے کی ضرورت ہے۔ پاکستان بننے اور باپو کے شہید ہونے سے مسلمانوں کی فرقہ پرستی بالکل ختم ہو گئی ہے۔ اب ہندوؤں کی فرقہ پرستی ختم کرنی ہے۔ میں یہ نہیں کہتا کہ مسلمانوں میں ہمیں نہ جانا چاہئیے پر آپ جانتے ہیں کہ ابھی دو مہینے پہلے ہمارے شہر میں مسلمانوں کو کتنا نقصان پہنچا ہے۔ جن مسلمانوں کی دکانیں جلائی گئی ہیں ان میں بہت سے ایسے ہیں جن کی ساری پونجی ختم ہو گئی ہے ان کے پاس جانے سے پہلے ہمیں ہندوؤں کے پاس جانا چاہئیے۔ پرائشچت کے روپ میں ہمیں ان سے چندہ لیکر روپیہ اکٹھا کرنا چاہئیے۔ جب ہم روپئے جمع کرلیں تب ہم ایسے مسلمانوں کے پاس جائیں جنہیں روپئے کی ضرورت ہے۔ ہم انسے معافی مانگیں اور ان سے درخواست کریں کہ وہ کچھ روپئے لیکر اپنا کاربار شروع کریں۔ ایسا کرنے ہی سے انکے دل پر اثر ہوگا اور وہ محسوس کریں گے کہ ہندوؤں کا دل بدلا ہے۔ خالی لکچر انہیں سنتوش نہیں دے سکتا"۔

سردار جی کی اس بات کا بھی کیول صدر صاحب کو ہی سمرتھن کرنا پڑا۔ اور پھر یہ طے ہوا کہ اتوار

ने अपने मुहल्ले के लोगों से कहा कि यहां अस्सी घंटे
ाखन्ड कताई होनी चाहिये. लोग अगर पहले ही इनकार
र देते तो कोई बात न थी. मगर सब ने वादा किया और
ने अपने घर में कताई शुरू की. दूसरे ही दिन से लोगों
ा आना कम होने लगा. और आखिर में सिर्फ़ मैं और
रे लड़के लड़कियां ही चरखा चलाते रहे तो मेरा मतलब
ह है कि हमें सब से पहले यह तय कर लेना चाहिये कि
म यहां जो कुछ तय करेंगे उस पर सच्चे दिल से अमल
ी करेंगे. नहीं तो ऐसी किसी संस्था बनाने की कोई जरूरत
हीं. जिन को काम करना है वह हर हालत में काम करते
हेंगे. मैंने तीस बरस पहले बापू का संदेश सुना और तब
। उनकी हर बात पर जहां तक हो सकता है अमल करता
. मुझे अहिंसा पर पूरा विश्वास है. मुझे इसका तजरबा
ो चुका है. पंजाब में इतने दंगे हुए पर मेरा अहिंसा पर
' विश्वास न डिगा. मेरे मुहल्ले पर कई बार हमले हुए
र मैं हर दफ़ा अकेला हमला करने वालों के पास चला
या और मेरे अकेले समझाने पर वह हर बार लौट गए.
उर्दू और गुरमुखी जानता था. पर जब गांधी जी ने
ि न्दुस्तानी की यह तारीफ़ की कि दोनों लिखावटें सीखनी
ाहियें तो मैंने हिन्दी भी लिखना सीख लिया. और अब भी
री राय है कि हमें गांधी जी की किसी बात को इस रोशनी
न देखना चाहिये कि हिन्दुस्तान का बटवारा हो गया
. हमें किसी हालत में भी पाकिस्तान की नक़ल न करनी
ाहिये. पाकिस्तान में आज एक भी सिख नहीं रह गया
पर मेरे दिल में पाकिस्तान के खिलाफ़ कोई नफ़रत
ीं. अहिंसा पर विश्वास रखने वाले के दिल में नफ़रत
' होनी ही नहीं चाहिये. पाकिस्तान में ग़ैर मुसलिमों के
ाथ जो बरताव भी हो, हमें अपने यहां की अक़लियतों
ा ख़ुश रखना अपना धर्म समझ लेना चाहिये. मुझे उम्मीद
कि आप जो भी संस्था बनाएंगे उसमें इन बातों का ज़रूर
ान रखेंगे.''

सरदार जी के बाद एक दूसरे नौजवान सिख की बारी
. यह नौजवान शायद सरदार जी के लड़के थे.
न्होंने कुछ न कहा और इस तरह लोगों के बारी बारी
पनी राय ज़ाहिर करने का सिलसिला ख़त्म हो गया.

अब फिर सदर की जगह बैठे हुए सज्जन की तरफ़
ोगों ने देखा. उन सज्जन ने नौकर को पान लाने का हुकुम
या और फिर बोले—"आप लोगों ने जो विचार प्रकट
ये उनसे हमें आगे काम करने में मदद मिलेगी. अब मैं
ाहता हूँ कि संस्था का नाम तय हो जाय और काम की रूप
ेखा तैयार हो जाय.''

थोड़ी बहस के बाद संस्था का नाम "गांधी लोक सेवा
ण्डल" तय हो गया.

आगे के काम के लिये तय हुआ कि हर इतवार को सब

میں نے اپنے محلے کے لوگوں سے کہا کہ یہاں اسی گھنٹے
اکھنڈ کتائی ہونی چاہئے ۔ لوگ اگر پہلے ہی انکار
کر دیتے تو کوئی بات نہ تھی ۔ مگر سب نے وعدہ
کیا اور میں نے اپنے گھر میں کتائی شروع کی ۔ دوسرے ہی
دن سے لوگوں کا آنا کم ہونے لگا ۔ اور آخیر میں صرف میں
اور میرے لڑکے لڑکیاں ہی چرخہ چلاتے رہے تو میرا مطلب
یہ ہے کہ ہمیں سب سے پہلے یہ طے کر لینا چاہئے کہ ہم
یہاں جو کچھ طے کریں گے اُس پر سچے دل سے عمل بھی
کریں گے ۔ نہیں تو ایسی کسی سنستھا بنانے کی کوئی
ضرورت نہیں ۔ جن کو کام کرنا ہے وہ ہر حالت میں کام
کرتے رہیں گے ۔ میں نے تیس برس پہلے باپو کا سندیش
سنا اور تب سے اُن کی ہر بات پر جہاں تک ہو سکتا ہے
عمل کرتا ہوں ۔ مجھے اہنسا پر پورا وشواس ہے ۔ مجھے
اس کا تجربہ ہو چکا ہے ۔ پنجاب میں اتنے دنگے ہونے پر
میرا اہنسا پر سے وشواس نہ ڈگا ۔ میرے محلے پر کئی بار
حملے ہوئے پر میں ہر دفعہ اکیلا حملہ کرنے والوں کے پاس
چلا گیا اور میرے اکیلے سمجھانے پر وہ ہر بار لوٹ گئے ۔ میں
اردو اور گورمکھی جانتا تھا ۔ پر جب گاندھی جی نے
ہندستانی کی یہ تعریف کی کہ دونوں لکھاوٹیں سیکھنی
چاہئیں تو میں نے ہندی بھی لکھنا سیکھ لیا ۔ اور اب
بھی میری رائے ہے کہ ہمیں گاندھی جی کی کسی بات کو اس
روشنی میں نہ دیکھنا چاہئے کہ ہندستان کا بٹوارہ ہوگیا
ہے ۔ ہمیں کسی حالت میں بھی پاکستان کی نقل نہ
کرنی چاہئے ۔ پاکستان میں آج ایک بھی سکھ نہیں رہ
گیا ہے پر میرے دل میں پاکستان کے خلاف کوئی نفرت
نہیں ۔ اہنسا پر وشواس رکھنے والے کے دل میں نفرت
تو ہونی ہی نہیں چاہئے ۔ پاکستان میں غیر مسلموں کے
ساتھ جو برتاؤ بھی ہو، ہمیں اپنے یہاں کی اقلیتوں کو
خوش رکھنا اپنا دھرم سمجھ لینا چاہئے ۔ مجھے امید
ہے کہ آپ جو بھی سنستھا بنائیں گے اُس میں ان باتوں
کا ضرور دھیان رکھیں گے ۔''

سردار جی کے بعد ایک دوسرے نوجوان سکھ کی باری
تھی ۔ یہ نوجوان شاید سردار جی کے لڑکے تھے ۔ انہوں نے
کچھ نہ کہا اور اس طرح لوگوں کے باری باری اپنی رائے
ظاہر کرنے کا سلسلہ ختم ہو گیا ۔

اب پھر صدر کی جگہ بیٹھے ہوئے سجن کی طرف
لوگوں نے دیکھا ۔ اُن سجن نے نوکر کو پان لانے کا حکم دیا
اور پھر بولے—"آپ لوگوں نے جو وچار پرکٹ کئے اُن سے
ہمیں آگے کام کرنے میں مدد ملے گی ۔ اب میں چاہتا
ہوں کہ سنستھا کا نام طے ہو جائے اور کام کی روپ ریکھا
تیار ہو جائے"۔

تھوڑی بحث کے بعد سنستھا کا نام "گاندھی لوک
سیوا منڈل" طے ہوگیا ۔

آگے کے کام لئے کے طے ہوا کہ ہر اتوار کو سب

जोश नहीं था बल्कि निराशा थी. उन्होंने ने कहा—"हम में से बहुत से कांगरेसियों का हिन्दू मुसलिम एकता की तरफ़ से विश्वास उठ गया है. हम मानने लगे हैं कि हिन्दुस्तान का बटवारा होने के बाद हिन्दू मुसलिम एकता पर गांधी जी ज़ोर दे कर ग़लती कर रहे थे. पाकिस्तान बनने के बाद यह सवाल ही ख़तम हो गया है. दूसरी बात यह है कि गांधी जी देश की एक राष्ट्र भाशा चाहते थे. वह भाशा हिन्दी नहीं थी. वह भाशा उरदू भी नहीं थी. गांधी जी देश की भाशा हिन्दुस्तानी चाहते थे. आज आप में से कितने हैं जो यह समझते हैं कि गांधी जी की यह मांग सही थी. अभी अभी यहाँ जितने भाइयों ने बातें की हैं वह संस्कृत लदी हिन्दी में की हैं. गांधी जी ऐसी भाशा को पसन्द नहीं करते थे जो एक आम आदमी समझ न सके. मैं जानना चाहता हूँ कि यहाँ कितने भाई हैं जो गांधी जी की हिन्दुस्तानी की हिमायत करते हैं. अगर हम सच्चे गांधी भक्त हैं, हमें गांधी जी के मिशन से प्रेम है तो हमें उनकी उन चीज़ों को ख़ास तौर पर अपनाना चाहिये जिनकी तरफ़ से गांधी जी का बार बार नाम लेने वाले राजकाजी लोग बे परवाही बरत रहे हैं. हमारा जो संगठन बने उसके सामने पहला मक़सद यह होना चाहिये कि वह गांधी जी की हिन्दुस्तानी का प्रचार करे. हमारे जो मेम्बर हों उनके लिये पहली शर्त यह हो कि वह नागरी और उरदू दोनों लिपियाँ सीखें. जो लोग गांधी जी के विचारों को पूरी तरह नहीं अपना सकते उन्हें अपने को गांधी जी का भक्त एलान करके जनता को धोका न देना चाहिये. गांधी जी के नाम का नाजायज़ फ़ायदा उठाना किसी तरह भी उचित नहीं है."

एम० एल० ए० साहब ने इन सज्जन की तरफ़ इस तरह देखा जैसे कह रहे हों कि यह सब बेकार सवाल हैं. दूसरे लोगों ने भी इन सज्जन को झक्की ही समझा और बात आगे बढ़ गई. अब एक सरदार जी की बारी आई. सरदार जी सर से पैर तक खादी के कपड़े पहने थे. उनके कपड़े बहुत साफ़ न थे. क़मीज़, पाजामा और पगड़ी देख कर साफ़ मालूम होता था कि इन कपड़ों ने धोबी का घर नहीं देखा. सब कपड़े हाथ के धुले मालूम होते थे. नील का इस्तेमाल न करने से कपड़ों में सफ़ेदी की चमक न आई थी. सरदार जी ने बड़े दर्द भरे लहजे में अपनी बात शुरू की—"भाइयो! मेरी तरफ़ से एक बिनती है. हम यहां इकट्ठा हुए हैं और यह तय करने के लिये इकट्ठा हुए हैं कि हमें काम करना है. इसलिये जब हम यहां से उठें तब भी हमारे दिलों में यह पक्का इरादा होना चाहिये कि हम काम करेंगे. आज तो हम बात करने में बहुत आगे रहते हैं मगर अमल के वक़्त सब से पीछे नज़र आते हैं. मैं आप को बताऊँ. पिछले अक्तूबर में गांधी जयन्ती के मौक़े पर

جوش نہیں تھا بلکہ نراشا تھی. اُنھوں نے کہا— "ہم میں سے بہت سے کانگریسیوں کا ہندو مسلم ایکتا کی طرف سے وشواس اُٹھ گیا ہے. ہم ماننے لگے ہیں کہ ہندستان کا بٹوارہ ہونے کے بعد ہندو مسلم ایکتا پر گاندھی جی زور دے کر غلطی کر رہے تھے. پاکستان بننے کے بعد یہ سوال ہی ختم ہو گیا ہے. دوسری بات یہ ہے کہ گاندھی جی دیش کی ایک راشٹر بھاشا چاہتے تھے. وہ بھاشا ہندی نہیں تھی. وہ بھاشا اُردو بھی نہیں تھی. گاندھی جی دیش کی بھاشا ہندستانی چاہتے تھے. آج آپ میں سے کتنے ہیں جو یہ سمجھتے ہیں کہ گاندھی جی کی یہ مانگ صحیح تھی. ابھی ابھی یہاں جتنے بھائیوں نے باتیں کی ہیں وہ سنسکرت لدی ہندی میں کی ہیں. گاندھی جی ایسی بھاشا کو پسند نہیں کرتے تھے جو ایک عام آدمی سمجھ نہ سکے. میں جاننا چاہتا ہوں کہ یہاں کتنے بھائی ہیں جو گاندھی جی کی ہندستانی کی حمایت کرتے ہیں. اگر ہم سچے گاندھی بھکت ہیں، ہمیں گاندھی جی کے مشن سے پریم ہے تو ہمیں اُن کی ان چیزوں کو خاص طور پر اپنانا چاہئے جن کی طرف سے گاندھی جی کا بار بار نام لینے والے راج کاجی لوگ بے پرواہی برت رہے ہیں. ہمارا جو سنگٹھن بنے اُسکے سامنے پہلا مقصد یہ ہونا چاہئے کہ وہ گاندھی جی کی ہندستانی کا پرچار کرے. ہمارے جو ممبر ہوں اُن کے لئے پہلی شرط یہ ہو کہ وہ ناگری اور اردو دونوں لپیاں سیکھیں. جو لوگ گاندھی جی کے وچاروں کو پوری طرح نہیں اپنا سکتے اُنھیں اپنے کو گاندھی جی کا بھکت اعلان کرکے جنتا کو دھوکا نہ دینا چاہئے. گاندھی جی کے نام کا ناجائز فائدہ اُٹھانا کسی بھی طرح اُچت نہیں ہے."

ایم. ایل. اے. صاحب نے اِن سجن کی طرف اس طرح دیکھا جیسے کہہ رہے ہوں کہ یہ سب بیکار سوال ہیں. دوسرے لوگوں نے بھی ان سجن کو جھکی ہی سمجھا اور بات آگے بڑھ گئی. اب ایک سردار جی کی باری آئی. سردار جی سر سے پیر تک کھادی کے کپڑے پہنے تھے. اُن کے کپڑے بہت صاف نہ تھے. قمیض پاجامہ اور پگڑی دیکھکر صاف معلوم ہوتا تھا کہ ان کپڑوں نے دھوبی کا گھر نہیں دیکھا. سب کپڑے ہاتھ کے دھلے معلوم ہوتے تھے. نیل کا استعمال نہ کرنے سے کپڑوں میں سفیدی کی چمک نہ آئی تھی. سردار جی نے بڑے درد بھرے لہجے میں اپنی بات شروع کی— "بھائیو! میری طرف سے ایک بنتی ہے. ہم یہاں اکٹھا ہوئے ہیں اور یہ طے کرنے کے لئے اکٹھا ہوئے ہیں کہ ہمیں کام کرنا ہے. اس لئے جب ہم یہاں سے اُٹھیں تب بھی ہمارے دلوں میں یہ پکا ارادہ ہونا چاہئے کہ ہم کام کریں گے. آج تو ہم بات کرنے میں بہت آگے رہتے ہیں مگر عمل کے وقت سب سے پیچھے نظر آتے ہیں. میں آپ کو بتاؤں. پچھلے اکتوبر میں گاندھی جینتی کے موقع پر

मे बहुत कम फ़ुरसत मिलती है. पर मुझसे जो सेवा हो सकेगी उसके लिये मैं तैयार हूँ.

अब जिन सज्जन को बोलना था वह एक नौजवान थे. ोने बड़े जोश के साथ कहा—"हमें यह न भूलना ाहिये कि बापू हिन्दू मुसलिम एकता के लिये काम करते : मारे गए हैं. बापू के बलिदान से साम्प्रदायिक दंगों की ग एक दम से ज़रूर बुझ गई है पर यह नहीं कहा जा कता कि यह आग फिर नहीं सुलग सकती. आज राष्ट्रीय यं सेवक संघ और महासभा वाले चुप हो गए हैं पर इस : यह मतलब नहीं कि इनके दिल बदल गए हैं. बापू की त्या ने जनता में साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ जो गुस्सा ा कर दिया है उससे डर कर ही यह लोग चुप हो गए हमें इसका ध्यान रखना है कि जहाँ जनता का सा कम हुआ, यह लोग फिर मैदान में आजाएंगे और म्प्रदायिकता का ज़हर फैलाना शुरू कर देंगे. हमें चाहिये अपनी संस्था में चुन कर ऐसे लोगों को रखें जो दिल साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ हों. हमें इस समय सब से धिक ज़ोर हिन्दू मुसलिम एकता पर देना चाहिये और न्दुओं में घुस कर साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ प्रचार ना चाहिये"

इन के पास जो सज्जन बैठे थे वह भी नौजवान थे र शायद यह दोनों नौजवान आपस में दोस्त थे क्योंकि से जब बोलने को कहा गया तो उन्होंने भी हिन्दू सलिम एकता पर ख़ास ज़ोर दिया और आख़िर में यह कर कि मैं भाई......के प्रत्येक शब्द का समर्थन करता चुप हो गए और सब लोगों पर इस तरह निगाह डाली नो दूसरों से भी अपना समर्थन चाहते हों.

पर उन की आशा पूरी न हुई क्योंकि किसी ने भी म्प्रदायिकता के विरुद्ध या हिन्दू मुसलिम एकता की बात की.

एक सज्जन ने हरिजन उद्धार पर ज़ोर दिया.

दूसरे सज्जन ने उन का पूरा समर्थन किया.

तीसरे सज्जन ने कताई मन्डल क़ायम करने का ताव रखा.

चौथे सज्जन ने सेवाग्राम आश्रम के ढंग पर ज़िले में आश्रम खोलने का प्रस्ताव किया.

पाँचवें सज्जन ने हरिजनों में शिक्षा प्रचार की तरफ़ सब ध्यान खींचा और रात में हरिजन बच्चों को पढ़ाने के ये सब से अपना नाम लिखाने की प्रार्थना की.

छटे सज्जन ने 'जो पंचों की राय' के अन्दाज़ में पाँचवें ज्जन का समर्थन किया.

लेकिन सातवें सज्जन की बात पर एक दम सब चौंक . यह सज्जन भी एक नौजवान थे. उनकी आवाज़ में

مجھے بہت کم فرصت ملتی ہے . پر مجھ سے جو سیوا ہوسکے گی اس کے لئے میں تیار ہوں .

اب جن سجن کو بولنا تھا وہ ایک نوجوان تھے. انہوں نے بڑے جوش کے ساتھ کہا— " ہمیں یہ نہ بھولنا چاہئے کہ باپو ہندو مسلم ایکتا کے لئے کام کرتے ہوئے مارے گئے ہیں . باپو کے بلیدان سے سامپردایک دنگوں کی آگ ایک دم سے ضرور بجھ گئی ہے پر یہ نہیں کہا جا سکتا کہ یہ آگ پھر نہیں سلگ سکتی . آج راشٹریہ سویم سیوک سنگھ اور مہاسبھا والے چپ ہوگئے ہیں پر اِس کا یہ مطلب نہیں کہ ان کے دل بدل گئے ہیں باپو کی ہتیا نے جنتا میں سامپردایکتا کے خلاف جو غصہ پیدا کر دیا ہے اس سے ڈر کر ہی یہ لوگ چپ ہوگئے ہیں ہمیں اس کا دھیان رکھنا ہے کہ جہاں جنتا کا غصہ کم ہوا یہ لوگ پھر میدان میں آجائیں گے اور سامپردایکتا کا زہر پھیلانا شروع کر دیں گے ہمیں چاہئے کہ اپنی سنستھا میں چنکر ایسے لوگوں کو رکھیں جو دل سے سامپردایکتا کے خلاف ہوں. ہمیں اس سمے سب سے ادھک زور ہندو مسلم ایکتا پر دینا چاہئے اور ہندوؤں میں گھس کر سامپردایکتا کے خلاف پرچار کرنا چاہئے ."

ان کے پاس جو سجن بیٹھے تھے وہ بھی نوجوان تھے اور شاید یہ دونوں نوجوان آپس میں دوست تھے کیونکہ اُن سے جب بولنے کو کہا گیا تو انہوں نے بھی ہندو مسلم ایکتا پر خاص زور دیا اور آخر میں یہ کہکر کہ میں بھائی ...... کے پرتیک شبد کا سمرتھن کرتا ہوں' چپ ہوگئے اور سب لوگوں پر اس طرح نگاہ ڈالی مانو دوسروں سے بھی اپنا سمرتھن چاہتے ہوں

پر اُن کی آشا پوری نہ ہوئی کیونکہ کسی نے بھی سامپردایکتا کے ورُدھ یا ہندو مسلم ایکتا کی بات نہ کی .

ایک سجن نے ہریجن اُدھار پر زور دیا .

دوسرے سجن نے اُن کا پورا سمرتھن کیا .

تیسرے سجن نے کتائی منڈل قائم کرنے کا سجھاؤ رکھا .

چوتھے سجن نے سیواگرام آشرم کے ڈھنگ پر ضلع میں ایک آشرم کھولنے کا پرستاؤ کیا .

پانچویں سجن نے ہریجنوں میں شکشا پرچار کی طرف سب کا دھیان کھینچا اور رات میں ہریجن بچوں کو پڑھانے کے لئے سب سے اپنا نام لکھانے کی پرارتھنا کی .

چھٹے سجن نے ' جو پانچوں کی رائے ' کے انداز میں پانچویں سجن کا سمرتھن کیا .

لیکن ساتویں سجن کی بات پر ایک دم سب چونک پڑے . یہ سجن بھی ایک نوجوان تھے . اُن کی آواز میں

इस छोटे से भाषण के बाद उन सज्जन ने एक बार फेर सब लोगों को पान पेश किये. उनके बोलते वक्त जो ख़ामोशी छाई थी वह टूट गई. सब लोग आपस में धीरे धीरे कुछ बातें करने लगे. आख़िर एक सिरे से लोगों को एक एक करके अपनी राय ज़ाहिर करने को कहा गया.

एक सज्जन, जिन्हें गांधी जी के साथ कुछ समय रहने का सौभाग्य मिल चुका था, कहने लगे—

"मैं भी यही सोचा करता था कि यहां ऐसा कोई संगठन होना चाहिये जो गांधीवादी सिद्धान्तों का प्रचार करे. आप ने हम सब को एक जगह इकट्ठा करके बड़ा अच्छा किया. मेरे विचार में हमें एक नई संस्था बनानी चाहिये. वैसे गांधी सेवा संघ जैसी संस्थाएं बनी हुई हैं पर उनके साथ बंध कर उनके सब उद्देशों को पूरा करने और उसके सब नियमों का पालन करने में सब भाइयों को कठिनाई हो सकती है. इसलिये मेरा सुझाव यह है कि हमें अपनी एक अलग संस्था बनानी चाहिये."

उनके बाद उनकी बग़ल में बैठे हुए दूसरे सज्जन से राय देने को कहा गया. यह सज्जन नगर के कपड़े के बड़े व्योपारी हैं. इन की दुकान पर इटली, इंगलैंड, अमरीका, जापान और भारत की मिलों के हर तरह के कपड़े बिकते हैं लेकिन यह ख़ुद गांधी जी के बड़े भक्त हैं. अपने इस्तेमाल के लिये हमेशा खद्दर भंडार के कपड़े ख़रीदते हैं. एक पान और मुंह में रखते हुए उन्होंने कहा—"यह देश का बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि आज जब देश को बापू की बहुत अधिक ज़रूरत थी तब वह उन से वंचित (महरूम) हो गया. पर बापू अमर हैं. वह कभी मर नहीं सकते. लेकिन अब हमारे ऊपर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी आ गई है. हमारा धर्म है कि बापू जो कुछ कहते थे हम उस पर अमल करें और वह जो काम अधूरा छोड़ गए हैं उसे पूरा करें. मैं सन बाईस से कांगरेस में हूँ और तब से बराबर अपने हाथ के कते सूत का कपड़ा पहनता हूँ. मेरे विचार में हम जो संस्था बनाएं उसके हर सदस्य के लिये यह शर्त हो कि वह एक घन्टा रोज़ चरख़ा चलाए और दूसरों को भी चरख़ा चलाना सिखाए." यह कहकर उन्होंने जेब से सिगरेट केस निकाला फिर माचिस निकाली मगर कुछ सोच कर दोनों चीज़ें जेब में रख लीं और हाथ बढ़ा कर फिर एक पान लेकर खाया और अपने पास बैठे हुए एक सज्जन की तरफ़ इस तरह देखा मानो कह रहे हों कि अब आप कुछ कहिये.

यह सज्जन शहर कांगरेस के ओहदेदार होने के साथ साथ सूबे की असेम्बली और और विधान सभा के भी मेम्बर थे. केवल इतना कहकर चुप हो गए कि मैं ऐसी हर संस्था का स्वागत करता हूँ जो बापू के मिशन को लेकर चले.

اس چھوٹے سے بھاشن کے بعد اُن سجن نے ایک بار پھر سب لوگوں کو پان پیش کئے ۔ انکے بولتے وقت جو خاموشی چھائی تھی وہ ٹوٹ گئی ۔ سب لوگ آپس میں دھیرے دھیرے کچھ باتیں کرنے لگے آخر ایک سرے سے لوگوں کو ایک ایک کرکے اپنی رائے ظاہر کرنے کو کہا گیا

ایک سجن جنہیں گاندھی جی کے ساتھ کچھ سمے رہنے کا سوبھاگیہ مل چکا تھا کہنے لگے —

"میں بھی یہی سوچا کرتا تھا کہ یہاں ایسا کوئی سنگٹھن ہونا چاہئے جو گاندھی وادی سدھانتوں کا پرچار کرے ۔ آپ نے ہم سب کو ایک جگہ اکٹھا کرکے بڑا اچھا کیا ۔ میرے وچار میں ہمیں ایک نئی سنستھا بنانی چاہئے ۔ ویسے گاندھی سیوا سنگھ جیسی سنستھائیں بنی ہوئی ہیں پر انکے ساتھ بندھکر انکے سب اُدیشوں کو پورا کرنے اور اس کے سب نیموں کا پالن کرنے میں سب بھائیوں کو کٹھنائی ہوسکتی ہے ۔ اسلئے میرا سجھاؤ یہ ہے کہ ہمیں اپنی ایک الگ سنستھا بنانی چاہئے"۔

ان کے بعد اُن کی بغل میں بیٹھے ہوئے دوسرے سجن سے رائے دینے کو کہا گیا ۔ یہ سجن نگر کے کپڑے کے بڑے بیوپاری ہیں اُن کی دوکان پر اٹلی، انگلینڈ، امریکہ جاپان اور بھارت کی ملوں کے ہر طرح کے کپڑے بکتے ہیں لیکن یہ خود گاندھی جی کے بڑے بھگت ہیں ۔ اور اپنے استعمال کے لئے ہمیشہ کھدر بھنڈار کے کپڑے خریدتے ہیں ۔ ایک پان اور منھ میں رکھتے ہوئے انہوں نے کہا — "یہ دیش کا بہت بڑا دربھاگیہ ہے کہ آج جب دیش کو باپو کی بہت ادھک ضرورت تھی تب وہ اُن سے ونچت (محروم) ہوگیا پر باپو امر ہیں وہ کبھی مر نہیں سکتے ۔ لیکن اب ہمارے اوپر بہت بڑی ذمہ داری آگئی ہے ۔ ہمارا دھرم ہے کہ باپو جو کچھ کہتے تھے ہم اُس پر عمل کریں اور وہ جو کام ادھورا چھوڑ گئے ہیں اُسے پورا کریں ۔ میں سن بائیس سے کانگریس میں ہوں اور تب سے برابر اپنے ہاتھ کے کتے سوت کا کپڑا پہنتا ہوں میرے وچار میں ہم جو سنستھا بنائیں اُسکے ہر سدسیہ کے لئے یہ شرط ہو کہ وہ ایک گھنٹہ روز چرخا چلائے اور دوسروں کو بھی چرخا چلانا سکھائے" یہ کہکر انہوں نے جیب سے سگریٹ کیس نکالا پھر ماچس نکالی مگر کچھ سوچکر دونوں چیزیں جیب میں رکھ لیں اور ہاتھ بڑھاکر پھر ایک پان لے کر کھایا اور اپنے پاس بیٹھے ہوئے ایک سجن کی طرف اس طرح دیکھا مانو کہہ رہے ہوں کہ اب آپ کچھ کہئے ۔

یہ سجن شہر کانگریس کے عہدے دار ہونے کے ساتھ ساتھ صوبہ کی اسمبلی اور ودھان سبھا کے بھی ممبر تھے کیول اتنا کہکر چپ ہوگئے کہ ہم ایسی ہر سنستھا کا سواگت کرتا ہوں جو باپو کے مشن کو لیکر چلے ۔

اس گینگسٹر طرز زندگی سے اب دنیا بھر کو خطرہ ہے
اس گینگسٹر راج نیتی سے اب دنیا میں قیامت برپا ہے
اس گینگسٹر چیل جھپٹے نے سارے سنسار کو لوٹا ہے
اس گینگسٹر سٹے بٹے نے دنیا کو نرک بنایا ہے
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(15)

اے کے معنی ہیں ایٹم بم ایچ کا مطلب ہے ہائیڈروجن بم
بچوں کے ککہروں کو دیکھو کھل جائے گا سارا بھید بھرم
اسکولوں، گھروں، دفتروں بازاروں میں مچا ہے ایک ادھم
لے دے کے یہاں والوں کے لئے بس مار کاٹ ہے دھرم کرم
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(11) نرماتا = کام بنانے والا؛ ودروہی = باغی، دشمن؛ نج بھراتا = سگا بھائی۔ (13) گینگسٹر = لٹیروں ڈاکوؤں کے گروہ سے سمبندھ رکھنے والے۔ (15) ککہروں = الف، ب، کا کھا کی کتابیں۔

(6)

दुनिया भरमें सट्टा बट्टा, दुनिया भरमें ब्योपार भी है
दुनिया भर पर है दया भाव, दुनिया भर पर उपकार भी है
सब के हक़ का दल्लाल भी है, आज़ादी का ठेकेदार भी है
इस सेवा भाव के सदक़े में दुनिया का बंटा धार भी है
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(7)

स्कूलों, कालिजों यूनिवर्सिटियों की न वहां क़िल्लत न कमी
वह तक़रीरों की नोक झोंक, तक़रीरों की गरमा गरमी
वह लेक्चर हालों की भीड़ भाड़ वह पार्टियों में धमा धमी
दुनिया भर की ऐसी तैसी वह राजनीत में हट धरमी
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(8)

वह हालीवुड का परिस्तान, वह फ़िल्मों की झलका झलकी
वह नर्म गुलाबी मुस्कराहटें आंखों में हलकी हलकी
वह नोक पलक वह हर मूरत जोबन रस से छलकी छलकी
वह ऐक्टरों की लपक झपक वह ऐक्ट्रेसें चुलबल कलकी
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(9)

वह बहरी बेड़े जल थल जोत के रख देने के चक्कर में
वह वायुयान मंडलाते हुए आकाशों के भव सागर में
वह उड़न क़िले जो अंगारे बरसा जाएं दुनिया भर में
वह बम्बारों के दल बादल जो आग लगादें घर घर में
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(10)

वह भारी टैंक जो हफ़्तख्वान तय कर डालें बे-ख़ौफ़-ओ-ख़तर
वह आर्टिलरी फ़ौलाद आग का बढ़ता हुआ गहन गिरिवर
वह तोपें जिनकी बाढ़ों से बन जांय चटानों में सरोवर
वह दुनिया भरकी मौत का सामां, आफ़त, ग़ारत, फ़ितना-ओ-शर
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(7) क़िल्लत = कमी; (9) बहरी बेड़े = समुन्दरी बेड़े; वायुयान = हवाई जहाज़. बम्बार = बमबरसाने वाले. (10) हफ़्तख्वान = रुस्तम को उसकी बहादुरी का इम्तहान लेने के लिये, सात महान काम सौंपे गए थे. सात कठिन से कठिन मंज़िलें या काम. आर्टिलरी = तोप ख़ाना; गहन गिरिवर = बड़े भारी पहाड़; सरोवर = झील; फ़ितना-ओ-शर = ख़राबी, बरबादी

(6)

دنیا بھر سے سٹا بٹا، دنیا بھر سے بیوپار بھی ہے
دنیا بھر پر ہے دیا بھاؤ دنیا بھر پر اُپکار بھی ہے
سب کے حق کا دلال بھی ہے آزادی کا ٹھیکیدار بھی ہے
اِس سیوا بھاؤ کے صدقے میں دنیا کا بنٹا دھار بھی ہے
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(7)

اسکولوں، کالجوں، یونیورسٹیوں کی نہ وہاں قلت ہے کمی
وہ تقریروں کی نوک جھونک تقریروں کی گرما گرمی
وہ لکچر ہالوں کی بھیڑ بھاڑ وہ پارٹیوں میں دھما دھمی
دنیا بھر کی ایسی تیسی وہ راج نیت میں ہٹ دھرمی
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(8)

وہ ہالی وڈ کا پرستان وہ فلموں کی جھلکا جھلکی
وہ نرم گلابی مسکراہٹیں آنکھوں میں ہلکی ہلکی
وہ نوک پلک وہ ہر مورت جوبن رس سے چھلکی چھلکی
وہ ایکٹروں کی لپک جھپک وہ ایکٹریسیں چہل پہل کی
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(9)

وہ بحری بیڑے جل تھل جوت کے رکھ دینے کے چکر میں
وہ وایو یان منڈلاتے ہوئے آکاشوں کے بھو ساگر میں
وہ اُڑن قلعے جو انگارے برسا جائیں دنیا بھر میں
وہ بمباروں کے دل بادل جو آگ لگا دیں گھر گھر میں
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(10)

وہ بھاری ٹینک جو ہفت خواں طے کر ڈالیں بے خوف و خطر
وہ آرٹلری فولاد آگ کا بڑھتا ہوا گہن گرور
وہ توپیں جنکی باڑھوں سے بن جائیں چٹانوں میں سرور
وہ دنیا بھر کی موت کے ساماں آفت، غارت، فتنہ و شر
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(7) قلت = کمی (9) بحری بیڑے = سمندری بیڑے؛ وایو یان = ہوائی جہاز؛ بمبار = بم برسانے والے۔ (10) ہفت خواں = رستم کو اسکی بہادری کا امتحان لینے کے لئے سات مہان کام سونپے گئے تھے۔ سات کٹھن سے کٹھن منزلیں یا کام؛ آرٹلری = توپ خانہ؛ گہن گرور = بڑے بھاری پہاڑ؛ سرور = جھیل؛ فتنہ و شر = خرابی، بربادی

हम डालर देस को देख आए

(भाई रघुपति सहाय 'फ़िराक़')

(1)

है रंग बिरंग वहाँ जीवन, हम डालर देस को देख आए
वह हरा भरा दौलत का चमन, हम डालर देस को देख आए
खाने के मज़े कपड़ों की फबन, हम डालर देस को देख आए
कोऊ काहूमें मगन, कोऊ काहूमें मगन, हम डालर देस को देख आए
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(2)

वह रातों को भी दिन का समां, वह दूकानें जगमग जगमग
वह रेल पेल मोटर कारों की हर डाइवर होशियार सजग
वह रुकती बढ़ती हुई ट्रैफिक, वह दब जाने का डर पग पग
बाज़ारों का हंगामा जुदा घन्टों भागों का शोर अलग
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(3)

वह लाख दस साठ मंज़िले उठे आसमान से करते हुए
हर मंज़िल एक दुनिया जिस पर सौ वहम-ओ-गुमान गुज़रते हुए
वह घनघनाहटें लिफ़्टों की रह रहकर चढ़ते उतरते हुए
अरबों खरबों के कारबार दिन रात बिगड़ते सँवरते हुए
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(4)

भक्तों को सुनाई दे जाती है गिरधर की मुरली की भनक
ज़िन्दानों में रह रहकर कैदी सुनते हैं ज़ंजीरों की छनक
कान आहट पर रखकर प्रेमी, सुन लेते हैं नूपुर की झनक
दिल की धड़कन से आती है हर कान में या डालर की खनक
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(5)

बाजे गाजे का राग भी है और बाल डान्स का रंग भी है
ईजादों की भरमार भी है, विज्ञान, कला, गुन ढंग भी है
कुछ दान पुन्य का स्वांग भी है उपदेश पाठ सत्संग भी है
और इनके अलावा भी कुछ बातें हैं जिनसे दुनिया दंग भी है
हम डालर देस को देख आए, हम डालर देस को देख आए

(2) ट्रैफ़िक = सवारियाँ और सड़क की भीड़; (3) वहम-ओ-गुमान = ख़याल विचार, लिफ़्टों = बिजली से चढ़ने उतरने वाली मशीन; (4) ज़िन्दानों = जेलों; (5) बाल डांस = अंगरेज़ी नाच जिसमें औरत मर्द मिलकर नाचते हैं,

ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

([illegible])

(1)

ہے رنگ برنگ وہاں [illegible] ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے
[illegible]
[illegible]
[illegible]
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے [illegible]

(2)

وہ راتوں کو بھی دن کا سماں [illegible]
وہ ریل پیل [illegible]
وہ رکتی [illegible]
بازاروں [illegible]
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے [illegible]

(3)

وہ لاکھ دس ساٹھ منزلیں [illegible] آسماں سے [illegible]
ہر منزل اک دنیا جس پر سو وہم و گماں گزرتے ہوئے
وہ گھنگھناہٹیں لفٹوں کی رہ رہ کر چڑھتے اترتے ہوئے
اربوں کھربوں کے کاروبار دن رات بگڑتے سنورتے ہوئے
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(4)

بھگتوں کو سنائی دے جاتی ہے گردھر کی مرلی کی جھنک
زنداں میں رہ رہ کر قیدی سنتے ہیں زنجیروں کی چھنک
کان آہٹ پر رکھ کر پریمی سن لیتے ہیں نوپر کی جھنک
دل کی دھڑکن سے آتی ہے ہر کان میں یاں ڈالر کی کھنک
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(5)

باجے گاجے کا راگ بھی ہے اور بال ڈانس کا رنگ بھی ہے
ایجادوں کی بھرمار بھی ہے وگیان کلا گن ڈھنگ بھی ہے
کچھ دان پن کا سوانگ بھی ہے اپدیش پاٹھ ستسنگ بھی ہے
اور ان کے علاوہ بھی کچھ باتیں ہیں جن سے دنیا دنگ بھی ہے
ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے، ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے

(2) ٹریفک = سواریاں اور سڑک کی بھیڑ؛ (3) وہم و گماں = خیال وچار، لفٹوں = بجلی سے چڑھنے اترنے والی مشین، (4) زنداں = جیلوں؛ (5) بال ڈانس = انگریزی ناچ جس میں عورت مرد ملکر ناچتے ہیں۔

सरकारी दफ़्तरों में और क़ानूनी सभाओं और अदालतों में अंगरेज़ी की जगह बरती जायगी. यह जनता की भाषा नहीं, विद्वानों की ज़बान होगी. इसके माने यह हुए कि जैसे कभी संस्कृत की छत पड़ी थी, जिस की जगह कभी फ़ारसी ने ली था और अब अंगरेज़ी ले रही है, उसकी जगह यह नई भाषा की छत पड़ेगी. ख़याल अच्छा है. हम में जात पात का भेद तो बहुत पुराना है. मतों का भेद भी काफ़ी पुराना है. इन मतों में भाषा का भेद कुछ नया है जो दिनों दिन ज़ोर पकड़ रहा है. भाषा न्यारी न्यारी, लिपि अलग अलग. कांगरेस कहती है कि अब सूबों का भी बटवारा भाषा के अनुसार होगा. हर प्रान्त में ऊँची से ऊँची पढ़ाई उस प्रान्त की भाषा में दी जायगी, जिसका शायद यह फल हो कि हर एक प्रान्त में एक विद्वानों की प्रान्ती भाषा और दूसरी आम जनता की. और फिर विद्वान भी शायद दो प्रकार के होंगे, एक प्रान्ती भाषा के और एक राष्ट्री भाषा के और बहुत मुमकिन है कि आजकल के संस्कृत विद्वानों की तरह अंगरेज़ीदाँ भी अपने को एक अलग क़ौम समझें! उनके अख़बार, किताबें, कल्चर की नई बिरादरी भी अलग बन जाय. हर एक प्रान्त की भाषा लिपि अलग और तो और हर एक मत की लिपि अलग. जाति सेवा भाव तो मुद्दत से सुनते आए थे अब प्रान्ती सेवा भाव की भनक भी कानों में पड़ने लगी है. हमारा इतिहास तो यही सिखाता है कि जहाँ राज बहुत फैला तो आपस की फूट ने उसे रहने न दिया. देखिये कल क्या होता है. यह साफ़ है कि एक नई ज़बान बना कर समाज में एक और छत डालना, जिसकी सीढ़ी न हो, नादानी सी मालूम होती है. क्यों न दिल्ली या आस पास की भाषा को ही दफ़्तरी ज़बान बनाया जाय. मेरा मतलब केवल भाषा के ढांचे और बुनावट से है, शब्द तो सब जगह से लिये जा सकते हैं. अगर कुछ साइन्सी टर्मों की कमी दिखाई दे तो नई टर्म बनाने की जगह क्या न उन टर्मों से ही काम लें जो आज कल सरकारी दफ़्तरों में बरती जाती हैं. आख़िर अगर दिल्ली ही राजधानी रही तो यहाँ के आस पास की बोली ही राज की बोली बनेगी. फिर क्यों न इस नेक काम में हमारी सरकार इस बोली का हाथ बटाती.

अन्त में पंडित पद्म सिंह शर्मा की तरह मैं भी अपनी किताब का केवल पहला शब्द बदल कर अकबर के इस शेर से ख़तम करता हूँ :—

'बोली में जो सब शरीक होने के नहीं,
इस मुल्क के काम ठीक होने के नहीं.
मुमकिन नहीं शेख़ इमरउल क़ैस बनें,
पंडित जी वाल्मीक होने के नहीं."

———

سرکاری دفتروں میں اور قانونی سبھاؤں اور عدالتوں میں انگریزی کی جگہ برتی جائے گی۔ یہ جنتا کی بھاشا نہیں، ودوانوں کی زبان ہوگی۔ اس کے معنے یہ ہوئے کہ جیسے کبھی سنسکرت کی چھت پڑی تھی، جس کی جگہ کبھی فارسی نے لی تھی اور اب انگریزی لے رہی ہے، اس کی جگہ یہ نئی بھاشا کی چھت پڑے گی۔ خیال اچھا ہے۔ ہم میں ذات پات کا بھید تو بہت پرانا ہے۔ متوں کا بھید بھی کافی پرانا ہے۔ ان متوں میں بھاشا کا بھید کچھ نیا ہے جو دنوں دن زور پکڑ رہا ہے۔ بھاشا نیاری نیاری، لپی الگ الگ۔ کانگریس کہتی ہے کہ اب صوبوں کا بھی بٹوارا بھاشا کے انوسار ہوگا۔ ہر پرانت میں اونچی سے اونچی پڑھائی اس پرانت کی بھاشا میں دی جائے گی، جس کا شاید یہ پھل ہو کہ ہر ایک پرانت میں ایک ودوانوں کی پرانتی بھاشا اور دوسری عام جنتا کی، اور پھر ودوان بھی شاید دو پرکار کے ہوں گے ایک پرانتی بھاشا کے اور ایک راشٹری بھاشا کے۔ اور بہت ممکن ہے کہ آجکل کے سنسکرت ودوانوں کی طرح انگریزی داں بھی اپنے کو ایک الگ قوم سمجھیں۔ ان کے اخبار، کتابیں، کلچر کی نئی برادری بھی الگ بن جائے۔ ہر ایک پرانت کی بھاشا لپی الگ اور تو اور ہر ایک مت کی لپی الگ۔ جاتی سیوا بھاؤ تو مدت سے سنتے آئے ہو، اب پرانتی سیوا بھاؤ کی بھنک بھی کانوں میں پڑنے لگی ہے۔ ہمارا اتہاس تو یہی سکھاتا ہے کہ جہاں راج بہت پھیلا تو آپس کی پھوٹ نے اسے رہنے نہ دیا۔ دیکھئے کل کیا ہوتا ہے۔ یہ صاف ہے کہ ایک نئی زبان بنا کر سماج میں ایک اور چھت ڈالنا جس کی سیڑھی نہ ہو نادانی سی معلوم ہوتی ہے۔ کیوں نہ دلی یا اس پاس کی بولی کو ہی دفتری زبان بنایا جائے۔ میرا مطلب کیول بھاشا کے ڈھانچے اور بناوٹ سے ہے، شبد تو سب جگہ سے لئے جا سکتے ہیں۔ اگر کچھ سائنسی ٹرموں کی کمی دکھائی دے تو نئی ٹرمیں بنانے کی جگہ کیوں نہ ان ٹرموں سے ہی کام لیں جو آج کل سرکاری دفتروں میں برتی جاتی ہیں۔ آخر کو دلی ہی راجدھانی رہی تو یہاں کے آس پاس کی بولی ہی راج کی بولی بنے گی۔ پھر کیوں نہ اس نیک کام میں ہماری سرکار اس بولی کا ہاتھ بٹاتی۔

انت میں پنڈت پدم سنگھ شرما کی طرح میں بھی اپنی کتاب کا کیول پہلا شبد بدل کر اکبر کے اس شعر سے ختم کرتا ہوں:—

"بولی میں جو سب شریک ہونے کے نہیں
اس ملک کے کام ٹھیک ہونے کے نہیں۔
ممکن نہیں شیخ امرالقیس بنیں
پنڈت جی والمیک ہونے کے نہیں۔"

जिन्हों अपनी सूरत अख़्तियार की तो उस में बहुत से संस्कृत के शब्द कुछ तत्सम रूप में और कुछ तद्भव रूप में आ गये। अब हम चाहते हैं कि सारे हिन्दुस्तान की एक भाषा हो. इतने बड़े देस में एक भाषा बनने के लिये तो सैकड़ों बरस चाहियें लेकिन अब हम इतना तो कर सकते हैं कि हम अपनी राष्ट्र-भाषा ऐसी बनाएं जो सब प्रान्तों में आसानी से समझी जा सके. इस का सहल तरीक़ा यह है कि जो जो लफ़्ज़ हिन्द की हर एक बोली की डिक्शनरी में उसी रूप या वैसे ही रूप में पाए जाते हों उन्हें अपनी राष्ट्र भाषा में तत्सम रूप में ले आवें चाहे वह शब्द किसी भी प्रान्त की बोल चाल में उस तत्सम रूप में न पाया जाता हो. यह विचार देखने में तो सुन्दर ही नहीं सरल भी मालूम होता है. ख़राबी है तो केवल यह कि भाषा विद्या के सारे मोटे मोटे नियम जो मैंने पच्छिमी विद्वानों से लेकर इस किताब में लिखे हैं वह सब टूटते हैं:— (1) भाषा जो देस में फैलती है वह अकसर राजधानी की बोल चाल की बोली होती है या कभी कभी किसी कवि या धर्मी लीडर की. (2) कोई ताक़त जल्दी किसी भाषा के ताने बाने और उस की बुनावट को बदल नहीं सकती. इन तत्सम शब्दों से हमारी सब बोलियों का ताना लम्बा हो जाता है. (3) हमारी आज कल की इल्मी ज़बान अंगरेज़ी है, संस्कृत नहीं, इस वक़्त देस में अंगरेज़ी जानने वालों की गिनती संस्कृत के जानने वालों की गिनती से कई गुनी है. इसलिये यह नामुमकिन है कि हमारी बोलियों की उठती जवानी में उस का रंग न आए. (4) हमारे देस में हिन्दू ही नहीं रहते, और मतों के लोग भी रहते हैं, उनसे हमें मेल रखना पड़ेगा. (5) भाषा सदा सरलता की तरफ़ बहती है, मोटे नोकदार शब्द यानी जुड़े हुए व्यंजनों वाले शब्द लोगों के गले में चुभते हैं. (6) लिपि का भाषा से गहरा नाता होता है. हमारे विधान वाले चाहे कितना ही देवनागरी को चाहें हमारे देस की आर्थिक दशा को देवनागरी से बैर है. न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी. आज कल ही नहीं पैसा सदा से बलवान है (7) अपने देस का इतिहास मैं कुछ सुना चुका हूँ. अगर देस का रुख़ बदलना है तो संस्कृत से बेजा लगाव छोड़ना ही होगा. (8) दुनिया अब इतनी छोटी हो गई है कि हम बिलकुल अलग नहीं रह सकते. हमारी भाषा पर और प्रान्तों की भाषा का ही नहीं और मुल्कों की ज़बान का भी असर पड़ेगा.

कहीं कहीं कोई कोई लेकिन दबी ज़बान से कुछ भाई मेरी बातों का यूँ जवाब देते हैं कि यह सब कुछ ठीक है, लेकिन वह कोई भाषा यानी बोल-चाल नहीं बना रहे, वह केवल एक लिखी बोली, एक दफ़्तरी ज़बान बना रहे हैं जो

[illegible]ار کی تو اس میں بہت سے سنسکرت [illegible] تتسم روپ میں اور کچھ تدبھو روپ میں [illegible] اب ہم چاہتے ہیں کہ سارے ہندستان کی ایک بھاشا ہو. اتنے بڑے دیس میں ایک بھاشا بننے کے لئے تو سیکڑوں برس چاہئیں لیکن اب ہم اتنا تو کر سکتے ہیں کہ ہم اپنی راشٹر بھاشا ایسی بنائیں جو سب پرانتوں میں آسانی سے سمجھی جا سکے. اس کا سہل طریقہ یہ ہے کہ جو جو لفظ ہند کی ہر ایک بولی کی ڈکشنری میں اسی روپ یا ویسے ہی روپ میں پائے جاتے ہوں انہیں اپنی راشٹر بھاشا میں تتسم روپ میں لے آویں چاہے وہ شبد کسی بھی پرانت کی بول چال میں اس تتسم روپ میں نہ پایا جاتا ہو. یہ وچار دیکھنے میں تو سندر ہی نہیں سرل بھی معلوم ہوتا ہے. خرابی ہے تو کیول یہ کہ بھاشا ودیا کے سارے موٹے موٹے نیم جو میں نے پچھمی ودوانوں سے لے کر اس کتاب میں لکھے ہیں وہ سب ٹوٹتے ہیں:— (1) بھاشا جو دیس میں پھیلتی ہے وہ اکثر راجدھانی کی بول چال کی بولی ہوتی ہے یا کبھی کبھی کسی کوی یا دھرمی لیڈر کی. (2) کوئی طاقت جلدی کسی بھاشا کے تانے بانے اور اس کی بناوٹ کو بدل نہیں سکتی. ان تتسم شبدوں سے ہماری سب بولیوں کا تانا لمبا ہو جاتا ہے. (3) ہماری آج کل کی علمی زبان انگریزی ہے، سنسکرت نہیں، اس وقت دیس میں انگریزی جاننے والوں کی گنتی سنسکرت کے جاننے والوں کی گنتی سے کئی گنی ہے، اس لئے یہ ناممکن ہے کہ ہماری بولیوں کی اٹھتی جوانی میں اس کا رنگ نہ آئے. (4) ہمارے دیس میں ہندو ہی نہیں رہتے، اور متوں کے لوگ بھی رہتے ہیں، ان سے ہمیں میل رکھنا پڑے گا. (5) بھاشا سدا سرلتا کی طرف بہتی ہے، نوکدار موٹے شبد یعنی جڑے ہوئے ویانجنوں والے شبد لوگوں کے گلے میں چبھتے ہیں. (6) لپی کا بھاشا سے گہرا ناتا ہوتا ہے. ہمارے ودھان والے چاہے کتنا ہی دیوناگری کو چاہیں ہمارے دیس کی آرتھک دشا کو دیوناگری سے بیر ہے. نہ نو من تیل ہوگا نہ رادھا ناچے گی. آج کل ہی نہیں پیسہ سدا سے بلوان ہے. (7) اپنے دیس کا اتہاس میں کچھ سنا چکا ہوں. اگر دیس کا رخ بدلنا ہے تو سنسکرت سے بیجا لگاؤ چھوڑنا ہی ہوگا. (8) دنیا اب اتنی چھوٹی ہوگئی ہے کہ ہم بالکل الگ نہیں رہ سکتے. ہماری بھاشا پر اور پرانتوں کی بھاشا کا ہی نہیں اور ملکوں کی زبان کا بھی اثر پڑے گا.

کہیں کہیں کوئی کوئی لیکن دبی زبان سے کچھ بھائی میری باتوں کا یوں جواب دیتے ہیں کہ یہ سب کچھ ٹھیک ہے، لیکن وہ کوئی بھاشا یعنی بول چال نہیں بنا رہے، وہ کیول ایک لکھی بولی، ایک دفتری زبان بنا رہے ہیں جو

में लातीनी सिखाने के लिये लिखी गई थी. यही हाल इस हिन्दी ग्रामर का था. नाम तो हिन्दी की, लिखी गई संस्कृत सिखाने के लिये. सुनता हूँ यह ग्रामर यू. पी. और दिल्ली के कोर्स में है. देख कर दिल ठंडा हो गया. ऐसा मालूम होता है कि हम भी वही गलती करने पर तुले हुए हैं जो अंगरेज अपने देस में उन्नीसवीं सदी तक करते आए हैं. विलियम वार्ड ने अपनी अंगरेजी ज़बान की ग्रामर (1767) में लातीनी टरमों के बरतने की वजह इस तरह बयान की है—"चूँकि किसी आदमी को पता नहीं कि उसे फिर कोई और ज़बान भी सीखनी पड़े तो उसे अंगरेज़ी भी क्यों न इस तरह सिखाई जाय जिस से उसे और ज़बान सीखने में आसानी हो" क्या खूब ! अंगरेज़ी सीखना चाहे हर एक के लिये मुशकिल हो जाय ! कैसी अचरज की बात है कि अंगरेज़ी जानते हुए भी हमारे शिक्षा विभाग और यूनीवरसिटियाँ दूसरों की ग़लतियों से फ़ायदा नहीं उठा सकतीं. ईश्वर उन्हें चिरंजीव करे ताकि अपनी ग़लतियाँ वह आप देख सकें और हमारी संतान को इस मुसीबत से छुटकारा मिले.

चाँद बरदाई हमारी भाशा का सब से पहला कवि कहा जाता है. उस की कविता में भी बहुत से फ़ारसी के लफ़्ज़ पाए जाते हैं. यह लाहौर का रहने वाला पृथ्वीराज के दरबार का कवि था. हिन्दी का दूसरा दौर अकबर के ज़माने का है. उस में भी फ़ारसी लफ़्ज़ों से परहेज़ नहीं. अगर हिन्दी उरदू के विकास और झगड़े की बाबत ज़्यादा जानना हो तो पं० पद्म सिंह शर्मा की किताब "हिंदी उरदू और हिन्दुस्तानी" पढ़ लीजिये. एक हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति की बाबत यह कहना कि वह फ़ारसी के पक्षपाती थे, ठीक नहीं मालूम होता. उन के विचार के अनुसार हिन्दी को विदेसी लफ़्ज़ों से साफ़ करने का ख़याल बहुत पुराना नहीं और बहुत कुछ चन्द कम समझ मुसलमानों की रीस का फल है. कुछ मुसलमान हिन्दी शब्दों से परहेज़ करते थे, उन का देखा देखी कुछ हिन्दू भी फ़ारसी लफ़्ज़ों को अछूत समझने लगे. इस परहेज़ की एक और वजह भी दी जाती है. उस पर ठंडे दिल से विचार करने की ज़रूरत है.

मैं पहले लिख आया हूँ कि बंजारों की मेहरबानी से दिल्ली की बोली दूर दूर के देसों में अगर बोली नहीं तो समझी जाने लगी. इस बोली में बहुत से लफ़्ज़ तो हिन्दी के थे, कुछ फ़ारसी के, पर संस्कृत का शायद कोई न था. इसी तरह रमते साधु संतों की मेहरबानी से कोई दस बीस संस्कृत के ऐसे शब्द जिन का वास्ता धर्म से था सारे हिन्दुस्तान में समझे और बोले जाने लगे. मैं यह भी लिख आया हूं कि मुसलमानी राज से पहले संस्कृत सदियों तक हमारी इलमी ज़बान रही है और इसलिये जब किसी प्राकृत ने उन

میں لاطینی سکھانے کے لئے لکھی گئی تھی ۔ یہی حال اِس ہندی گرامر کا تھا ۔ نام تو ہندی کی' لکھی گئی سنسکرت سکھانے کے لئے ۔ سنتا ہوں یہ گرامر یو. پی اور دلی میں کورس میں ہے ۔ دیکھکر دل ٹھنڈا ہوگیا ۔ ایسا معلوم ہوتا ہے کہ ہم بھی وہی غلطی کرنے پر تلے ہوئے ہیں جو انگریز اپنے دیس میں اُنیسویں صدی تک کرتے آئے ہیں ۔ ولیم وارڈ نے اپنی انگریزی زبان کی گرامر (1767) میں لاطینی ٹرموں کے برتنے کی وجہ اِسطرح بیان کی ہے—" چونکہ کسی آدمی کو پتہ نہیں کہ اُسے پھر کوئی اور زبان بھی سیکھنی پڑے تو اُسے انگریزی بھی کیوں نہ اِسطرح سکھائی جائے جس سے اُسے اور زبان سیکھنے میں آسانی ہو ." کیا خوب ! انگریزی سیکھنا چاہے ہر ایک کے لئے مشکل ہوجائے ! کیسی اچرج کی بات ہے کہ انگریزی جانتے ہوئے بھی ہمارے شکشا وبھاگ اور یونیورسٹیاں دوسروں کی غلطیوں سے فائدہ نہیں اُٹھا سکتیں ۔ ایشور اُنھیں چرنجیو کرے تاکہ اپنی غلطیاں وہ آپ دیکھ سکیں اور ہماری سنتان کو اِس مصیبت سے چھٹکارا ملے ۔

چاند بردائی ہماری بھاشا کا سب سے پہلا کوی کہا جاتا ہے ۔ اُس کی کویتا میں بہت سے فارسی کے لفظ پائے جاتے ہیں ۔ یہ لاہور کا رہنے والا پرتھوی راج کے دربار کا کوی تھا ۔ ہندی کا دوسرا دور اکبر کے زمانے کا ہے ۔ اُس میں بھی فارسی لفظوں سے پرہیز نہیں ۔ اگر ہندی اُردو کے وکاس اور جھگڑے کی بابت زیادہ جاننا ہو تو پنڈت پدم سنگھ شرما کی کتاب "ہندی اُردو اور ہندستانی" پڑھ لیجئے ۔ ایک ہندی ساہتیہ سمیلن کے سبھاپتی کی بابت یہ کہنا کہ وہ فارسی کے پکش پاتی تھے' ٹھیک نہیں معلوم ہوتا ۔ اُن کے وچار کے انوسار ہندی کو بدیسی لفظوں سے صاف کرنے کا خیال بہت پرانا نہیں اور بہت کچھ چند کم سمجھ مسلمانوں کی ریس کا پھل ہے ۔ کچھ مسلمان ہندی شبدوں سے پرہیز کرتے تھے' اُن کی دیکھا دیکھی کچھ ہندو بھی فارسی لفظوں کو اچھوت سمجھنے لگے ۔ اِس پرہیز کی ایک اور وجہ بھی دی جاتی ہے ۔ اُس پر ٹھنڈے دل سے وچار کرنے کی ضرورت ہے ۔

میں پہلے لکھ آیا ہوں کہ بنجاروں کی مہربانی سے دلی کی بولی دور دور کے دیسوں میں اگر بولی نہیں تو سمجھی جانے لگی ۔ اِس بولی میں بہت سے لفظ تو ہندی کے تھے' کچھ فارسی کے' پر سنسکرت کا شاید کوئی نہ تھا ۔ اِسی طرح رمتے سادھو سنتوں کی مہربانی سے کوئی دس بیس سنسکرت کے ایسے شبد جن کا واسطہ دھرم سے تھا سارے ہندستان میں سمجھے اور بولے جانے لگے ۔ میں یہ بھی لکھ آیا ہوں کہ مسلمانی راج سے پہلے سنسکرت صدیوں تک ہماری علمی زبان رہی' ہے اور اس لئے جب کسی پراکرت نے اُن

और सब से ज़्यादा रोने की बात यह कि आज हमारे विद्वान इस सभ्यता पर प्रफुल्लित हो कर नाचते हैं. चौथी सदी बी. सी. में ईरानी आए, दूसरी सदी बी. सी. में यूनानी आए, पहली सदी बी. सी. में गूजर आए, फिर बहुतेरे आए राजपूत, मंगोलियन, हुन और बहुत सी क़ौमें— पच्छिम से भी, पूरब से भी और उत्तर से भी. दो चार हज़ार का लशकर जमा करना और पच्छिम से पूरब तक का धावा बोलना मुमकिन होगया. और तो और जो यहां आग लेने भी आया घर का मालिक बन बैठा. पुर्तगाली, डच, फ़्राँसीसी, अंगरेज़ ब्योपार के लिये आए थे, राजे बन बैठे. अजब तमाशा है, इतनी क़ौमें यहाँ आकर बसीं लेकिन हमारा ख़ून अभी तक शुद्ध आर्यों का ही रहा और इसलिये हमारा धर्म है कि हम अपनी शुद्ध आर्य भाषा वैदिक ही बोलें ! और दूसरी अति-हांसक बात यह है कि इस अरसे में चाहे कितने ही राज यहाँ बने और लुटे, ब्राह्मनी टैक्स जो हम पर दो तीन हज़ार बरस हुए लगाए गए थे वह हम अब तक बड़ी ख़ुशी से देते हैं कोई हिन्दू जन्म नहीं ले सकता. ब्याह नहीं सकता, मर नहीं सकता और तो और पुरखों को याद नहीं कर सकता जब तक अपनी आमदनी के अनुसार वह यह टैक्स अदा न करे. चाहे हम पैसे पैसे के लिये झूट बोलने, चोरी करने, रिश्वत देने में और सब देसों को मीलों पीछे छोड़ आए हों, हमारा यह ख़ुशी ख़ुशी टैक्स देना हिन्दू जाति को महा-धर्मी और महा-आत्मी बनाता है. इसलिये इस धर्म शक्ति को किसी तरह हानि पहुँचाने से ज़्यादा और कोई पाप बड़ा नहीं हो सकता ! हमारी बोली का इतिहास इस बात का सबूत है कि जब कोई प्राकृत यानी बोल बोली, लिखी बोली का रूप धारन करती है तो उसका मुख्य प्रचार जात पात के विरुद्ध होता है और इस तरह इस टैक्स को हानि पहुँचाता है. बौद्ध और जैन मत ने यही प्रचार अपनी प्राकृतों में किया. सदियों बाद हिन्दुस्तानी पैदा हुई. उस में भी कबीर, नानक आदि ने यही राग अलापे. इसलिये ऐसी भाषा को जीते रहने देना महा पाप है ! ऊपर से यह अंगरेज़ी का टपकी जो बराबरी बराबरी ही चिल्लाती है. ऐसे कड़े वक़्तों में संस्कृत ही हमें फिर बचा सकती है ! इसलिये उसे लाओ ज़रूर, संस्कृत के रूप में नहीं ला सकते तो हिन्दी की ही शकल में सही !

मैंने बचपन में उरदू की और संस्कृत की ग्रामरें कुछ कुछ पढ़ी थीं. हिन्दी की ग्रामर देखने का इत्तफ़ाक़ नहीं हुआ था. इस किताब को देवनागरी में छपवाने के लिये मैंने अपनी एक नवासी से उस की हिन्दी ग्रामर ली. उसे देख कर लिंडले मरें की अंगरेज़ी ग्रामर याद आगई जो उन्नीसवीं सदी के शुरू में इंगलैंड के बहुत से स्कूलों में पढ़ाई जाती थी, जो नाम को तो अंगरेज़ी सिखाने के लिये लेकिन असल

اور سب سے زیادہ رونے کی بات یہ کہ آج ہمارے ودوان اس سبھیتا پر پرپھلت ہوکر ناچتے ہیں. چوتھی صدی بی. سی. میں ایرانی آئے، دوسری صدی بی سی میں یونانی آئے، پہلی صدی بی سی میں گوجر آئے، پھر بہتیرے آئے راجپوت، منگولین، ہن اور بہت سی قومیں پچھم سے بھی، پورب سے بھی اور اتر سے بھی. دو چار ہزار کا لشکر جمع کرنا اور پچھم سے پورب تک کا دھاوا بولنا ممکن ہوگیا. اور تو اور جو یہاں آگ لینے بھی آیا گھر کا مالک بن بیٹھا. پرتگالی، ڈچ، فرانسیسی، انگریز بیوپار کے لئے آئے تھے، راجے بن بیٹھے. عجب تماشہ ہے اتنی قومیں یہاں آکر بسیں لیکن ہمارا خون ابھی تک شدھ آریوں کا ہی رہا اور اس لئے ہمارا دھرم ہے کہ ہم اپنی شدھ آریہ بھاشا ویدک ہی بولیں! اور دوسری اتی ہاسک بات یہ ہے کہ اس عرصے میں چاہے کتنے ہی راج یہاں بنے اور لٹے براہمنی ٹیکس جو ہم پر دو تین ہزار برس ہوئے لگائے گئے تھے وہ ہم اب تک بڑی خوشی سے دیتے ہیں. کوئی ہندو جنم نہیں لے سکتا، بیاہ نہیں سکتا، مر نہیں سکتا اور تو اور پرکھوں کو یاد نہیں کر سکتا جب تک اپنی آمدنی کے انوسار وہ یہ ٹیکس ادا نہ کرے. چاہے ہم پیسے پیسے کے لئے جھوٹ بولنے، چوری کرنے، رشوت دینے میں اور سب دیسوں کو میلوں پیچھے چھوڑ آئے ہوں، ہمارا یہ خوشی خوشی ٹیکس دینا ہندو جاتی کو مہا دھرمی اور مہا آتمی بناتا ہے. اسلئے اس دھرم شکتی کو کسی طرح ہانی پہنچانے سے زیادہ اور کوئی پاپ بڑا نہیں ہو سکتا! ہماری بولی کا اتہاس اس بات کا ثبوت ہے کہ جب کوئی پراکرت یعنی بول بولی، لکھی بولی کا روپ دھارن کرتی ہے تو اس کا مکھیہ پرچار جات پات کے وردھ ہوتا ہے اور اسطرح اس ٹیکس کو ہانی پہنچاتا ہے. بودھ اور جین مت نے یہی پرچار اپنی پراکرتوں میں کیا. صدیوں بعد ہندستانی پیدا ہوئی. اسمیں بھی کبیر، نانک آدمی نے یہی راگ الاپے. اسلئے ایسی بھاشا کو جیتے رہنے دینا مہا پاپ ہے! اوپر سے یہ انگریزی کی ٹپکی جو برابری برابری ہی چلاتی ہے. ایسے کڑے وقتوں میں سنسکرت ہی ہمیں پھر بچا سکتی ہے! اسلئے اسے لاؤ ضرور، سنسکرت کے روپ میں نہیں لا سکتے تو ہندی کی ہی شکل میں سہی!

میں نے بچپن میں اردو کی اور سنسکرت کی گرامریں کچھ پڑھی تھیں. ہندی کی گرامر دیکھنے کا اتفاق نہیں ہوا تھا. اس کتاب کو دیوناگری میں چھپوانے کے لئے میں نے اپنی ایک نواسی سے اسکی ہندی گرامر لی. اسے دیکھکر لنڈلے مرے کی انگریزی گرامر یاد آگئی جو انیسویں صدی کے شروع میں انگلینڈ کے بہت سے اسکولوں میں پڑھائی جاتی تھی، جو نام کو تو انگریزی سکھانے کے لئے لیکن اصل

प्राकृत	संस्कृत	हिन्दी	पंजाबी
मट्टिआ	मृत्तिका	मट्टी	मट्टी
कण्हो-कण्णो	कृष्ण	कान्ह-किशन	कान्ह-किशन
जइसो	यादृशा	जैसा	जेहा
सालो	श्याल	साला	साला
सामलो	श्यामल	साँवला	
माउसिउआ	मातृस्वसा	मौसी	मासी
पोत्थअं	पुस्तकं	पोथी	पोथा
रुक्ख	वृक्षः	रुख	रुख
मसाणं	श्मशानं	मसान	मसाण
संकलं	शृंखलं	सांकल	संकल
सच्च	सत्य	सच	सच्च
रत्ती	रात्री	रात	रात्तीं
अग्गी	अग्नि	आग	अग्ग

संस्कृत के बनाए जाने का कारन मैं संस्कृत के बाब में लिख आया हूँ. गो संस्कृत बनी थी चौथी सदी बी. सी. में, पहला पत्थर जिस पर संस्कृत खुदी हुई है वह 150 बी. सी. का है और इस के बाद के भी जितने पत्थर दो तीन सौ बरस तक के मिले हैं वह प्राकृत में हैं. संस्कृत पत्थर तो तीसरी सदी बी. सी. में खुदने शुरू होते हैं. माने यह कि संस्कृत को दरबारी ज़बान बनने में पाँच छै सौ बरस लगे थे. किसी नई भाषा को पंद्रह बरस में दफ़्तरी ज़बान बनाने का ख़याल अछूता है. लाख दिल को समझाओ, जो भाषा बनाई जा रही है नई भाषा ही नहीं एक बनावटी भाषा है. आजकल पुराने संस्कृत शब्द ही नहीं लाए जा रहे, बल्कि हमारी बोली के मामूली से मामूली लफ़्ज़ों को संस्कृत का जामा पहनाया जा रहा है. दूसरे लफ़्ज़ों में यूँ कहना शायद ग़लत न हो कि हमारी बोली को वैदिक से मिलाया जा रहा है और लफ़्ज़ों के लिहाज़ से हम तीन हज़ार बरस पहले जाना चाहते हैं.

आर्य यहाँ एक हल्ले में नहीं आए, एक दो सदी तक वे लहरों में आते रहे. जो लहर आई उसने अगली को और आगे ढकेला. यहाँ आकर उन्होंने खेती बाड़ी सीखी. इसलिये उनमें भी ब्राह्मन पैदा हो गए. एकता का भाव उनमें अभी पैदा हो नहीं सका था कि समाज अलग अलग जातियों (Communities) में ही नहीं अलग अलग जातों (Castes) में भी बट गई. समाज के टुकड़े टुकड़े करने के लिये यह नसल और जात की दीवारें काफ़ी न थीं. संस्कृत बना कर एक भाषा की छत डाली गई. जो इसे जाने वह ऊपर की छत पर रहने वाला अपने आप को कुछ देवता सा समझने लगा. इस तोड़ फोड़ का फल है हमारा इति रोना जिसे विद्वान हमारा इतिहास कहते हैं. जिस का दिल चाहा हमारे देस में आ घुसा और आकर राज करने लगा.

پراکرت	سنسکرت	هندی	پنجابی
مٹٹیا	مرتکا	مٹٹی	مٹٹی
کنو ہو کنّو	کرشن	کانہہ کشن	کانہہ کشن
جئی سو	یادرشا	جیسا	جیہا
سالو	شیال	سالا	سالا
ساملو	شیامل	ساولا	
ماؤسجیا	ماتر شوسا	موسی	ماسی
پوتهم	پستکم	پوتهی	پوتھ
روکھ	ورکشہ	روکھ	روکھ
مسانن	شمشانن	مسان	مسانو
سنکلن	شرنکھلن	سانکل	سنکل
سچ	ستیہ	سچ	سچچ
راتتی	راتری	رات	راتتری
گگی	اگنی	آگ	اگ

سنسکرت کے بنائے جانے کا کارن میں سنسکرت کے باب میں لکھ آیا ہوں ۔ گو سنسکرت بنی تھی چوتھی صدی بی ۔ سی ۔ میں، پہلا پتھر جس پر سنسکرت کھدی ہوئی ہے وہ 150 بی ۔ سی ۔ کا ہے اور اسکے بعد کے بھی جتنے پتھر دو تین سو برس تک کے ملے ہیں وہ پراکرت میں ہیں ۔ سنسکرت پتھر تو تیسری صدی بی ۔ سی ۔ میں کھدنے شروع ہوتے ہیں ۔ معنی یہ کہ سنسکرت کو درباری زبان بننے میں پانچ چھ سو برس لگے تھے ۔ کسی نئی بھاشا کو پندرہ برس میں دفتری زبان بنانے کا خیال اچھوتا ہے ۔ لاکھ دل کو سمجھاؤ، جو بھاشا بنائی جا رہی ہے نئی بھاشا ہی نہیں ایک بناوٹی بھاشا ہے ۔ آجکل پرانے سنسکرت شبد ہی نہیں لائے جا رہے، بلکہ ہماری بولی کے معمولی سے معمولی لفظوں کو سنسکرت کا جامہ پہنایا جا رہا ہے ۔ دوسرے لفظوں میں یوں کہنا شاید غلط نہ ہو کہ ہماری بولی کو ویدک سے ملایا جا رہا ہے اور لفظوں کے لحاظ سے ہم تین ہزار برس پہلے جانا چاہتے ہیں ۔

آریہ یہاں ایک ہلے میں نہیں آئے، ایک دو صدی تک وہ لہروں میں آتے رہے ۔ جو لہر آئی اس نے اگلی کو اور آگے دھکیلا ۔ یہاں آکر انہوں نے کھیتی باڑی سیکھی، اسلئے ان میں بھی براہمن پیدا ہوگئے ۔ ایکتا کا بھاو ان میں ابھی پیدا ہو نہیں سکا تھا کہ سماج الگ الگ جاتیوں (Communities) میں ہی نہیں الگ الگ جاتوں (Castes) میں بھی بٹ گئی ۔ سماج کے ٹکڑے ٹکڑے کرنے کے لئے یہ نسل اور جات کی دیواریں کافی نہ تھیں، سنسکرت بناکر ایک بھاشا کی چھت ڈالی گئی ۔ جو اسے جانے وہ اوپر کی چھت پر رہنے والا اپنے آپ کو کچھ دیوتا سا سمجھنے لگا ۔ اس توڑ پھوڑ کا پھل ہے ہمارا اتی رونا جسے ودوان ہمارا اتہاس کہتے ہیں ۔ جس کا دل چاہا ہمارے دیس میں آگھسا اور آکر راج کرنے لگا ۔

आर्यों के आने से पहले सिन्ध पंजाब में तो जरूर और खयाल किया जाता है कि राजपूताना और दक्खिन में भी सरस्वती, नर्बदा और ताप्ती की वादियों में सुमेरी सभ्यता फैली हुई थी. वह उस ज़माने के लिहाज़ से बड़ी ऊँची सभ्यता गिनी जाती है हिन्द के दूसरे हिस्सों का हाल मालूम नहीं लेकिन ख़याल यही है कि वहाँ सभ्यता बहुत कम थी. उस ज़माने की बोलियों का हमें अभी तक कुछ पता नहीं, लेकिन आर्यों के आने के दो तीन सौ बरस बाद जो बोली यहाँ बोली जाती थी वह वैदिक थी जो आर्य भाशा और हिन्द भाशा के जोड़ से पैदा हुई था. इसलिये उसे पुरानी संस्कृत कहना ठीक नहीं क्यों कि यह प्राकृत यानी क़ुदरती भाशा थी इस वैदिक भाशा में बड़े अच्छे अच्छे कवि हुए हैं जिनकी कविता को वेद कहते हैं. आहिस्ते आहिस्ते, जैसे कि हमेशा होता है इस भाशा के लफ़्ज़ भी छोटे और स्वरों से लदने लगे और इसने देस देस में जाकर चार सौ बरस में कई रूप रंग बदले. इस अरसे में जात पात भी बन गई. सातवीं सदी बी. सी. में बौद्ध और जैन धर्मों ने जन्म लिया इन धर्मों की दया से पांचवीं छटी सदी बी० सी० में जो प्राकृतें बोली जाती थीं उन में से कुछ का ज्ञान अभी तक हो सकता है, इन प्राकृतों से एक बात साफ़ है कि हमारी आजकल की बोलियां उन प्राकृतों से ज़्यादा मिलती जुलती है और संस्कृत जो पीछे बनाई गई थी उस में कम मिलती हैं. इसके माने यह हुए कि जिन्हें पंडित तद्भव शब्द कहते वह असल में तत्सम हैं और तत्सम तद्भव.

पाली की डिक्शनरी में ऐसे सैकड़ों लफ़्ज़ मिलते हैं. मैं नमूने के तौर पर थोड़े से लिखता हूं :—

प्राकृत	संस्कृत	हिन्दी	पंजाबी
छै	षष	छै	छा
सत्ता	सप्त	सात	सत
संझा	सन्ध्या	साझ	सझा
सिप्पो	शुक्ति	सीपो	सिप्पी
सिप्पी	शिल्पन	सेपी	सेपा
दस-दह	दश	दस	दस-दह
बारह	द्वादश	बारह	बारॉ
तेरह	त्रयोदश	तेरह	तेरॉ
घर	गृह	घर	घर
कहाॅ	कुत्र	कहाॅ	किथे
पुन्नो	पूर्णमाशी	पूनो	पुन्नो
रुक्खो	रुक्ष	रूखा	रुक्खो
रोगी	रोगिन	रोगी	रोगी
सुई	सूची	सुई	सूई

[illegible]

پالی کی ڈکشنری میں ایسے سیکڑوں لفظ ملتے ہیں۔ نمونے کے طور پر تھوڑے سے لکھتا ہوں :—

और सोसाइटियाँ बनीं जिन का आदर्श ही यह है कि ऐसी सलीस सुथरी भाशा में लिखो जो जनता आसानी से समझ सके.

हमारे यहाँ न एक मत, न एक लिपि, न एक भाशा, न कोई फ़ौजी डिक्टेटर जो भूत से भविश्य की तरफ हमारा रुख बदले. ताक़त वोट की है और वोट भी अनपढ़ों का जिनका गुज़ारा खेती पर है. यह एक मानी हुई बात है कि जिस देस में गुज़ारा बहुत कुछ खेती बाड़ी पर हो वहाँ ज़ोर ब्राह्मनों का होता है जो सदा भूत नचाते हैं. उन का बस चले तो और किसी को पढ़ने न दें. बीसवीं सदी में यह बात खुल्लम खुल्ला तो नहीं कही जा सकती पर भाशा को मुशकिल से मुशकिल बना कर वही मनोरथ सिद्ध हो सकता है. उरदू वालों ने उरदू मुअल्ला बनाई जो "जो समझे सो समझे जो न समझे अपनी जहालत के हवाले". हिन्दी वाले हिन्दी को संस्कृतमई बना रहे हैं जिस से एक ऐसी लोहे की दीवार खिंच जाय जो आसानी से टापी न जाए. दफ़तरी बोली के लिये वह लिपि चुनी गई जिसकी लिखाई छपाई दोनों मँहगी और मुशकिल हों. इन ब्राह्मनों के अनपढ़ चेलों का वोट लेने के लिये हर एक पार्टी भाशा को दिनों दिन मुशकिल बना रही है ताकि दलील से नहीं मोटे लफ़ज़ों के जादू से वोट लिया जाए. हमें आज़ादी बहुत कुछ गांधी जी की मेहरबानी से मिली. अगर वह चाहते तो शायद डिक्टेटर हो सकते थे लेकिन वह अहिन्सा का देवता कहना भी मनवाता था तो रूठ कर. उस के नमिलवर्तन (असहयोग) के हथियार से भी ब्राह्मनी राज को डर था इस लिये एक अधिक बहके ब्राह्मन ने उसे मार डाला. कौन जाने कल क्या होगा. मुमकिन है कि यहां की हकूमत की बाग डोर किसी दिन किसी ऐसे फ़ौजी अफ़सर के हाथ आ जाय जो डिक्टेटर बन कर देस का रुख बदल दे. अगर ऐसा जल्द न हुआ तो किसी भी सुधार के लिये तब तक 25-30 बरस सब्र करना पड़ेगा जब तक नई पौद जवान नहीं होती. मुमकिन है कि इस अरसे में इस तरह के ब्राह्मन फिर किसी बिदेसी क़ौम को यहां बुला लें या ऐसी हालतें पैदा कर दें जिनसे ग़ैरों का फिर हिन्द में हकूमत करना मुमकिन हो जाय.

कल क्या होगा इस पर लिखना नादानी है. इतना ज़रूर कहा जा सकता है कि जब तक किसी देस के बदन में कोई कीड़ा लगा रहे वह देस पनप नहीं सकता. ज़बान का जादू, ज़बान की दीवार, मरे हुए बाबा की मोटी मोटी आखें यह तीनों बीमारियाँ जान लेवा न सही देस का लहू चूस लेती हैं. विद्वान कहते हैं कि इतिहास मुड़ मुड़ कर वही दृश्य दिखाता है; इसलिये अपने इतिहास पर कुछ नज़र डालनी मुनासिब है.

اور سوسائٹیاں بنیں جن کا آدرش ہی یہ ہے کہ ایسی سلیس ستھری بھاشا میں لکھو جو جنتا آسانی سے سمجھ سکے ۔

ہمارے یہاں نہ ایک مت، نہ ایک لپی، نہ ایک بھاشا، نہ کوئی فوجی ڈکٹیٹر جو بھوت سے بھوشیہ کی طرف ہمارا رخ بدلے ۔ طاقت ووٹ کی ہے اور ووٹ بھی اَن پڑھوں کا جن کا گزارہ کھیتی پر ہے ۔ یہ ایک مانی ہوئی بات ہے کہ جس دیس میں گزارہ بہت کچھ کھیتی باڑی پر ہو وہاں زور براہمنوں کا ہوتا ہے جو سدا بھوت نچاتے ہیں ۔ اُن کا بس چلے تو اور کسی کو پڑھنے نہ دیں ۔ بیسویں صدی میں یہ بات کھلم کھلا تو نہیں کہی جاسکتی پر بھاشا کو مشکل سے مشکل بناکر وہی منورتھ سدھ ہوسکتا ہے ۔ اُردو والوں نے اُردو معلیٰ بنائی جو "جو سمجھے سو سمجھے جو نہ سمجھے اپنی جہالت کے حوالے"۔ ہندی والے ہندی کو سنسکرت مئی بنارہے ہیں جس سے ایک ایسی لوہے کی دیوار کھنچ جائے جو آسانی سے ٹاپی نہ جائے ۔ دفتری بولی کے لئے وہ لپی چنی گئی جس کی لکھائی چھپائی دونوں مہنگی اور مشکل ہوں ۔ اِن براہمنوں کے اَن پڑھ چیلوں کا ووٹ لینے کے لئے ہر ایک پارٹی بھاشا کو دنوں دن مشکل بنارہی ہے تاکہ دلیل سے نہیں موٹے لفظوں کے جادو سے ووٹ لیا جائے ۔ ہمیں آزادی بہت کچھ گاندھی جی کی مہربانی سے ملی ۔ اگر وہ چاہتے تو شاید ڈکٹیٹر ہوسکتے تھے لیکن وہ اہنسا کا دیوتا کہنا بھی منواتا تھا تو روٹھ کر ۔ اُس کے نملورتن (اسہیوگ) کے ہتھیار سے بھی براہمنی راج کو ڈر تھا اِس لئے ایک ادھک بہکے براہمن نے اُسے مارڈالا ۔ کون جانے کل کیا ہوگا ۔ ممکن ہے کہ یہاں کی حکومت کی باگ ڈور کسی دن کسی ایسے فوجی افسر کے ہاتھ آجائے جو ڈکٹیٹر بنکر دیس کا رخ بدل دے ۔ اگر ایسا جلد نہ ہوا تو کسی بھی سدھار کے لئے تب تک 25-30 برس صبر کرنا پڑے گا جب تک نئی پود جوان نہیں ہوتی ۔ ممکن ہے کہ اِس عرصے میں اِس طرح کے براہمن پھر کسی بدیسی قوم کو یہاں بلالیں یا ایسی حالتیں پیدا کردیں جن سے غیروں کا پھر ہند میں حکومت کرنا ممکن ہوجائے ۔

کل کیا ہوگا اِس پر لکھنا نادانی ہے ۔ اتنا ضرور کہا جاسکتا ہے کہ جب تک کسی دیس کے بدن میں کوئی کیڑا لگا رہے وہ دیس پنپ نہیں سکتا ۔ زبان کا جادو، زبان کی دیوار، مرے ہوئے بابا کی موٹی موٹی آنکھیں یہ تینوں بیماریاں جان لیوا نہ سہی دیس کا لہو چوس لیتی ہیں ۔ ودوان کہتے ہیں کہ اِتہاس مڑ مڑ کر وہی درشیہ دکھاتا ہے؛ اسلئے اپنے اِتہاس پر کچھ نظر ڈالنی مناسب ہے ۔

और जिन की वही तामील करा सकता था. और देसों के मुसलमानों की तरह तुर्क भी शरीयत का दीवानी क़ानून मानते थे. उसकी जगह कमाल ने स्विटजरलैंड का दीवानी क़ानून तुरकी में जारी कर दिया. परदा करना और कराना जुर्म बना दिये. इन दो सुधारों से औरत क़ानून में मर्द के बराबर हो गई. भारत में हिन्दू कोड (जो उसके सामने एक बहुत छोटा सुधार है) चार बरस से लटक रहा है. लटक लटक कर इतना दुबला हो गया है कि शायद सभा में और पतला पड़ कर क़ानूनी सभा की छलनी में से छन निकले. तुरकी में कमालपाशा ने जो सब से बड़ी और ख़ूबसूरत मसजिद थी उसे कुछ तबदील करके अजायब घर बना लिया और कई मसजिदों को दफ़्तर या स्कूल बना लिया. हमारे देस में सड़क को भी सीधा करने के लिये हम किसी मंदिर या मसजिद का कोना नहीं हिला सकते. वहां धर्म का सारा जादू अरबी हरफ़ों में था. उसने अरबी हरफ़ों को देस निकाला दिया. पहली जनवरी 1926 के बाद वहां एक किताब भी अरबी हरफ़ों में नहीं छपी. हमारे यहां ब्राह्मनी लिपि को देस निकाला देने की जगह देवनागरी को सरकारी लिपि बनाने की तजवीज़ पास हो चुकी है. कमाल ने तुरकी में से वहां की ब्राह्मनी भाशा अरबी के सारे लफ़्ज़ निकलवा डाले. हमारी सरकार ब्राह्मनी भाशा संस्कृत को बुला रही है ताकि यहां की प्रजा सरकारी बोली को समझ न सके.

तुरकों के सिर का लिबास वह लाल तुरकी टोपी काले फुंदने वाली हुआ करती थी. कमाल ने उसका पहनना भी जुर्म क़रार दिया और तुरकों को फ़िरंगी टोपी पहनाई. तुरकी ब्राह्मनों का अपना ब्राह्मनी लिबास पहन कर घर से बाहर निकलना बन्द कर दिया. यह सब कुछ उसने अपने देस का रुख़ बदलने के लिये किया. इस के लिये उसे कुछ समाजी शाखें ही नहीं जड़ें भी काटनी पड़ीं. वह अपनी क़ौम को सदा यही ललकार कर कहता था "तुरको, बहादुरो, बढ़े चलो." 98 फ़ी सदी तुर्क मुसलमान हैं और 86 फ़ी सदी की मां बोली तुरकी है. योरपी ज़बानों में से फ़्रांसीसी का का सबसे ज़्यादा ज़ोर है. फिर जर्मन. फिर इतालियन. अंगरेज़ी की चौथी जगह है. साइन्सी टर्म फ़्रांसीसी से लिये गए और बहुत से योरपी लफ़्ज़ ज़बान में आम हो गए. इन सब सुधारों का बोली पर यह असर हुआ कि आजकल की तुरकी दसवीं सदी की तुरकी से बहुत कुछ मिलती जुलती है. यों तुरकी में स्वर कुल आठ हैं लफ़्ज़ स्वरों से इतने लदे हैं कि बोली में शक्कर घुल गई. इन सुधारों से पहले तुरकी में भी लिखने वाले चन्द पढ़े हुओं के लिये ऐसी भाशा और ऐसे विशयों पर लिखते थे जो सिर्फ़ पढ़े हुए समझ सकते थे. आम जनता का किसी को ध्यान न था. इन सुधारों ने काया पलट दी. अब क़ौमी नारा "ख़ुल्क़ु डोग्रू", ख़ल्क़ = जनता, डोग्रू = में घुसो) है

اور جن کی وہی تعمیل کروا سکتا تھا اور دیسوں کے مسلمانوں کی طرح ترک بھی شریعت کا دیوانی قانون مانتے تھے. اس کی جگہ کمال نے سوئٹزرلینڈ کا دیوانی قانون ترکی میں جاری کر دیا. پردہ کرنا اور کرانا جرم بنا دیے. ان دو سدھاروں سے عورت قانون میں مرد کے برابر ہو گئی. بھارت میں ہندو کوڈ (جو اس کے سامنے ایک بہت چھوٹا سدھار ہے) چار برس سے لٹک رہا ہے. لٹک لٹک کر اتنا دبلا ہو گیا ہے کہ شاید سبھا میں اور پتلا پڑ کر قانونی سبھا کی چھلنی میں سے چھن نکلے. ترکی میں کمال پاشا نے جو سب سے بڑی اور خوبصورت مسجد تھی اسے کچھ تبدیل کر کے عجائب گھر بنا لیا اور کئی مسجدوں کو دفتر یا اسکول بنا لیا. ہمارے دیس میں سڑک کو بھی سیدھا کرنے کے لیے ہم کسی مندر یا مسجد کا کونا نہیں ہلا سکتے. وہاں دھرم کا سارا جادو عربی حرفوں میں تھا. اس نے عربی حرفوں کو دیس نکالا دیا. پہلی جنوری 1926 کے بعد وہاں ایک کتاب بھی عربی حرفوں میں نہیں چھپی. ہمارے یہاں براہمنی لپی کو دیس نکالا دینے کی جگہ دیوناگری کو سرکاری لپی بنانے کی تجویز پاس ہو چکی ہے. کمال نے ترکی میں سے وہاں کی براہمنی بھاشا عربی کے سارے لفظ نکلوا ڈالے. ہماری سرکار براہمنی بھاشا سنسکرت کو بلا رہی ہے تاکہ یہاں کی پرجا سرکاری بولی کو سمجھ نہ سکے.

ترکوں کے سر کا لباس وہ لال ترکی ٹوپی کالے پھندنے والی ہوا کرتی تھی. کمال نے اس کا پہننا بھی حرام قرار دیا اور ترکوں کو فرنگی ٹوپی پہنائی. ترکی براہمنوں کا اپنا براہمنی لباس پہن کر گھر سے باہر نکلنا بند کر دیا. یہ سب کچھ اس نے اپنے دیس کا رخ بدلنے کے لیے کیا. اس کے لیے اسے کچھ سماجی شاخیں ہی نہیں جڑیں بھی کاٹنی پڑیں. وہ اپنی قوم کو سدا یہی للکار کر کہتا تھا "ترکو، بہادرو، بڑھے چلو" 98 فیصدی ترک مسلمان ہیں اور 86 فیصدی کی ماں بولی ترکی ہے. یورپی زبانوں میں سے فرانسیسی کا سب سے زیادہ زور ہے. پھر جرمن، پھر اطالین. انگریزی کی چوتھی جگہ ہے. سائنسی ٹرم فرانسیسی سے لیے گئے اور بہت سے یورپی لفظ زبان میں عام ہو گئے. ان سب سدھاروں کا بولی پر یہ اثر ہوا کہ آجکل کی ترکی دسویں صدی کی ترکی سے بہت کچھ ملتی جلتی ہے. یوں ترکی میں سور کل آٹھ ہیں لفظ سوروں سے اتنے لدے ہیں کہ بولی میں شکر گھل گئی. ان سدھاروں سے پہلے ترکی میں بھی لکھنے والے چند پڑھے ہوؤں کے لیے ایسی بھاشا او ایسے وشیوں پر لکھتے تھے جو صرف پڑھے ہوئے سمجھ سکتے تھے. عام جنتا کا کسی کو دھیان نہ تھا. ان سدھاروں نے کایا پلٹ دی. اب قومی نعرہ "خلقو دوگرو" (خلق = جنتا، دوگرو = میں گھسو) ہے

तुम अब खड़े हो और अपना सवाल पूछ रहे हो, नज़र करनी होगी. हाँ, अब कहो. क्या तुम्हें तुम्हारे आँसू कहीं नज़र आते हैं ?

"नहीं, मुझे तो आँसू के बदले कुछ कमल के फूल नज़र आते हैं.

"तो बस अब तुम्हें तसल्ली हो गई कि तुम्हारे आँसू कहाँ गए और उनका क्या हुआ ?

"हाँ, प्रभु. अब मैं समझा. तुम कोई ऐसी कीमिया जानते हो जिससे निराशा को आशा में बदल देते हो."

तब उस प्रभु के प्यारे ने अपना गीत गाना और नाचना बन्द किया. तारों ने अपनी चौकीदारी पूरी की और अपने घरों को वापस चले गए. मैं भी अपनी झोपड़ी की तरफ़ हो लिया. अभी मैं रास्ते में ही था कि मुझे अंगरेज़ी की एक कहावत याद आई. और जब तक मैं अपनी झोपड़ी में न दाख़िल हुआ, तब तक वह कहावत मेरे कानों में गूंजती रही—

"मेन्स डिसएप्वाइन्टमेन्ट इज़ गाड्स एप्वाइन्टमेन्ट."

यानी—

जब कभी इनसान होता है निरास
तो समझ ले वो प्रभु है उसके पास.

تم اب کھڑے ہو اور اپنا سوال پوچھ رہے ہو، نظر کرنی ہوگی۔ ہاں، اب کہو، کیا تمہیں تمہارے آنسو کہیں نظر آتے ہیں ؟

"نہیں، مجھے تو آنسو کے بدلے کچھ کمل کے پھول نظر آتے ہیں۔

"تو بس اب تمہیں تسلی ہوگئی کہ تمہارے آنسو کہاں گئے اور اُنکا کیا ہوا ؟

"ہاں، پربھو، اب میں سمجھا۔ تم کوئی ایسی کیمیا جانتے ہو جس سے نراشا کو آشا میں بدل دیتے ہو۔"

تب اُس پربھو کے پیارے نے اپنا گیت گانا اور ناچنا بند کیا۔ تاروں نے اپنی چوکیداری پوری کی اور اپنے گھروں کو واپس چلے گئے۔ میں بھی اپنی جھونپڑی کی طرف ہولیا۔ ابھی میں راستہ میں ہی تھا کہ مجھے انگریزی کی ایک کہاوت یاد آئی۔ اور جب تک میں اپنی جھونپڑی میں نہ داخل ہوا تب تک وہ کہاوت میرے کانوں میں گونجتی رہی—

"مینس ڈس اپوائنٹمنٹ از گاڈس اپوئنٹمنٹ۔"

یعنی—

جب کبھی انسان ہوتا ہے نراس
تو سمجھ لے وہ پربھو ہے اُسکے پاس

ख़ालिस बोली—खिचड़ी बोली और बोली की दीवार*

(भाई मदन गोपाल

1923 में तुर्की में प्रजाराज हुआ. कमालपाशा उसका पहला प्रेसीडेन्ट एक फ़ौजी अफ़सर था जिसने अपनी बहादुरी से तुर्की को पहली जंग में इस ख़ूबी से बचाया कि जवान तुर्कों की आँखों का तारा बन गया. क़ौम और देस का सच्चा आशिक़ था इसलिये क़ौम भी उस पर जान देती थी. वह डिक्टेटर बन बैठा. स्याह करे. सुफ़ैद करे किसी की मजाल न थी जो उसके सामने चूं कर सके. वह जानता था कि जब तक वह तुर्कों का रुख़ न बदले यानी जब तक वह ब्राह्मनों के जादू के मंदिर को न तोड़े और उसमें स्थापित किये हुए भूतकाल के देवता को देस से न निकाले देस उभर नहीं सकता. इस रुख़ को बदलने के लिये उसने पांच छै ऐसे नादिरशाही हुक्म दिये जो सिर्फ़ वह ही दे सकता था

* पिछले नम्बर से आगे.

خالص بولی—کھچڑی بولی اور بولی کی دیوار*

(بھائی مدن گوپال)

1923 میں ترکی میں پرجا راج ہوا۔ کمال پاشا اُس کا پہلا پریسیڈینٹ ایک فوجی افسر تھا جس نے اپنی بہادری سے ترکی کو پہلی جنگ میں اِس خوبی سے بچایا کہ جوان ترکوں کی آنکھوں کا تارا بن گیا۔ قوم اور دیس کا سچا عاشق تھا اِس لئے قوم بھی اُس پر جان دیتی تھی۔ وہ ڈکٹیٹر بن بیٹھا۔ سیاہ کرے، سفید کرے کسی کی مجال نہ تھی جو اُس کے سامنے چوں کرسکے۔ وہ جانتا تھا کہ جب تک وہ ترکوں کا رخ نہ بدلے یعنی جب تک وہ براہمنوں کے جادو کے مندر کو نہ توڑے اور اُس میں ستھاپت کئے ہوئے بھوت کال کے دیوتا کو دیس سے نہ نکالے دیس اُبھر نہیں سکتا۔ اِس رخ کو بدلنے کے لئے اُس نے پانچ چھ ایسے نادر شاہی حکم دئے جو صرف وہ ہی دے سکتا تھا

* پچھلے نمبر سے آگے۔

'क़ादिर' और 'भगवान' दोनों के ठीक एक ही मानी हैं. जो 'भगवानदास' का मतलब है ठीक वही 'अब्दुल क़ादिर' का है. पारसी नाम 'अहुरमज़्द' और संस्कृत 'असुरमेधा' दोनों का एक ही मतलब है.

दुनिया के धर्मों को क़ायम करने वाले अपने अपने देश और काल की ज़रूरत के मुताबिक़ धर्मा एक सनातन धर्म उसी दीनुलक़य्यमा के ख़ास ख़ास पहलुओं पर ज़ोर देते रहे हैं. असली धर्म विद्या या इरफ़ान, एक ही है. चीज़ वही रूप नए नए.

'قادر' اور 'بھگوان' دونوں کے ٹھیک ایک ہی معنی ہیں، جو 'بھگوان داس' کا مطلب ہے ٹھیک وہی 'عبدالقادر' کا ہے. پارسی نام 'اہورمزد' اور سنسکرت 'اسرمیدھا' دونوں کا ایک ہی مطلب ہے.

دنیا کے دھرموں کو قائم کرنے والے اپنے اپنے دیش اور [illegible] کی ضرورت کے مطابق [illegible] ایک سناتن دھرم اسی دینلقیمہ کے خاص خاص [illegible] پر زور دیتے رہے ہیں. اصلی دھرم [illegible] ایک ہی ہے. چیز وہی روپ نئے نئے.

सूफ़ियों की सोहबत में

(3)

(गु. म.)

आधी रात का वक़्त था. सारी दुनिया सोई हुई थी. सिर्फ़ आसमान के तारे और प्रभु के प्यारे जाग रहे थे. एक ऐसा ही प्रभु का प्यारा एक दरख़्त के नीचे अपना मुँह अपने घुटनों के बीच दबाकर बैठा हुआ था. जब क़रीब क़रीब दो घंटे गुज़र चुके तो उसने अपना सिर ऊँचा किया और अपना इकतारा, जो उसके पास ही पड़ा हुआ था, उठाकर उसके साथ कुछ गाने लगा और नाचने भी लगा. उसके गाने में मिठास तो थी ही, पर एक चुम्बक जैसा असर भी था.

मैं कुछ देर तक उसका गीत सुनता रहा. आहिस्ता आहिस्ता उसका मतलब क्या है, मुझे मालूम पड़ा. उस गीत का मतलब कुछ इस तरह का था—

"प्रभु, आज मैं तुमसे एक सवाल पूछता हूँ. उसका जवाब तुम्हें देना ही होगा. और अगर उसका जवाब मुझे तुमने न दिया तो फिर तुम्हारी और मेरी दोस्ती में कुछ फ़रक़ आ जाने का डर है.

"मेरा सवाल यह है. मैंने अपनी ज़िन्दगी में निराश होकर सैकड़ों आँसू बहाए हैं. अब तुम मुझे बताओ कि मेरे वह आँसू कहाँ गए. क्या वह सिर्फ़ मिट्टी में ही मिल गए ?

(प्रभु सवाल का जवाब देते हैं) "इससे पहिले कि मैं तुम्हें बताऊँ कि तुम्हारे वह आँसू कहाँ गए, तुम्हें मेरी तरफ़ आना होगा जहाँ मैं खड़ा हूँ. और उस तरफ़ जहाँ

صوفیوں کی صحبت میں

(3)

(گ . م .)

آدھی رات کا وقت تھا. ساری دنیا سوئی ہوئی تھی. صرف آسمان کے تارے اور پربھو کے پیارے جاگ رہے تھے. ایک ایسا ہی پربھو کا پیارا ایک درخت کے نیچے اپنا منہ اپنے گھٹنوں کے بیچ دبا کر بیٹھا ہوا تھا. جب قریب قریب دو گھنٹے گزر چکے تو اس نے اپنا سر اونچا کیا اور اپنا ایکتارا جو اس کے پاس ہی پڑا ہوا تھا، اٹھا کر اسکے ساتھ کچھ گانے لگا اور ناچنے بھی لگا. اسکے گانے میں مٹھاس تو تھی ہی پر ایک چمبک جیسا اثر بھی تھا.

میں کچھ دیر تک اسکا گیت سنتا رہا. آہستہ آہستہ اسکا مطلب کیا ہے مجھے معلوم پڑا. اس گیت کا مطلب کچھ اس طرح کا تھا —

"پربھو آج میں تم سے ایک سوال پوچھتا ہوں. اسکا جواب تمہیں دینا ہی ہوگا. اور اگر اسکا جواب مجھے تم نے نہ دیا تو پھر تمہاری اور میری دوستی میں کچھ فرق آجانے کا ڈر ہے.

"میرا سوال یہ ہے. میں نے اپنی زندگی میں نراش ہوکر سیکڑوں آنسو بہائے ہیں. اب تم مجھے بتاؤ کہ میرے وہ آنسو کہاں گئے. کیا وہ صرف مٹی میں ہی مل گئے ؟

(پربھو سوال کا جواب دیتے ہیں) "اس سے پہلے کہ میں تمہیں بتاؤں کہ تمہارے وہ آنسو کہاں گئے، تمہیں میری طرف آنا ہوگا جہاں میں کھڑا ہوں. اور اُس طرف جہاں

रहे हैं और बदलते रहेंगे. अल्लाह ईश्वर अलग अलग किताबों, अलग अलग ज़बानों और अलग अलग रसूलों के ज़रिये एक ही हक़ीकत दुनिया को सिखाता रहा है.

क़ुरान कहता है · "अल्लाह के प्रेम की मज़बूत रस्सी और एक दूसरे से प्रेम तुम सब को मिलाए रखे, कभी एक दूसरे से फटने की न सोचो."

वेद कहता है—"तुम सब के दिल, दिमाग़ और सब का ध्येय एक हो, ताकि तुम सब फूलो फलो. सब सुख से रहो, सब मिल कर खाओ. मिलकर पियो और मिलकर काम करो, साथ साथ चलो, एक आवाज़ से बोलो और सब एक ही सचाई को समझो."

चीनी ग्रन्थ शुकिंग में लिखा है—"अपने सब पड़ोसियों के साथ मेल मिलाप से रहना सीखो, तुम सब भाई हो, सब के साथ प्रेम से रहो.'

यही बात और इसी तरह की बातें इनजील में जगह जगह पढ़ने को मिलती हैं.

मशहूर ईसाई शहीद जस्टिन ने कहा है—"जितनी अच्छी बातें कही गई हैं, दुनिया के किसी देश और किसी क़ौम में भी, वह सब हम ईसाइयों की मिलकियत है."

एक सूफ़ी कहता है—

"फ़क़त तफ़ावत है नाम ही का
दर अस्ल सब एक ही हैं, यारो !
जो आबे साफ़ी की मौज में है
उसी का जलवा हुबाब में है."

यानी केवल नामों ही का फ़रक़ है, ऐ यारो ! असल में सब एक हैं, जो साफ़ पानी लहर के अन्दर है उसी की चमक बुलबुले के अन्दर है.

सूफ़ी अत्तार ने कहा है—"रूह अक़्ल और इल्म से ज़िन्दगी को जानती है. रूह के लिये ताज़ी और तुरकी का कोई फ़रक़ नहीं है."

मौलाना रूम ने कहा है—"रूह की दोस्ती अक़्ल से है और इल्म से है. रूह के अन्दर हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई तुरक का कोई फ़रक़ नहीं.''

वेदों में बारबार कहा गया है कि आत्मा की कोई जात, सम्प्रदाय, रंग या वरन नहीं होता.

सचमुच फ़रक़ केवल नामों का ही है. बात एक ही है. जो अल्लाह है वही ईश्वर है. जो अकबर का मतलब है वही परम या महा का अर्थ है. 'अल्लाहो अकबर' के लफ़्ज़ी मानी हैं 'परमेश्वर' या 'महादेव'. जो मानी 'रहीम' के हैं वही 'शिव' के हैं. जो मानी 'रहमान' के हैं वही 'शंकर' के हैं. 'दास' और 'अब्द' के एक ही अर्थ हैं.

رہے ہیں اور بدلتے رہینگے . اللہ ایشور الگ الگ کتابوں' الگ الگ زبانوں اور الگ الگ رسولوں کے ذریعہ ایک ہی حقیقت دنیا کو سکھاتا رہا ہے .

قرآن کہتا ہے—"اللہ کے پریم کی مضبوط رسی اور ایک دوسرے سے پریم تم سب کو ملائے رکھے' کبھی ایک دوسرے سے پھٹنے کی نہ سوچو".

وید کہتا ہے—"تم سب کے دل' دماغ اور سب کا دھیہ ایک ہو' تاکہ تم سب پھولو پھلو . سب سکھ سے رہو' سب مل کر کھاؤ' مل کر پیو' مل کر کام کرو' ساتھ ساتھ چلو' ایک آواز سے بولو اور سب ایک ہی سچائی کو سمجھو."

چینی گرنتھ شوکنگ میں لکھا ہے—"اپنے سب پڑوسیوں کے ساتھ میل ملاپ سے رہنا سیکھو' تم سب بھائی ہو' سب کے ساتھ پریم سے رہو."

یہی بات اور اسی طرح کی باتیں انجیل میں جگہ جگہ پڑھنے کو ملتی ہیں .

مشہور عیسائی شہید جسٹن نے کہا ہے—"جتنی اچھی باتیں کہی گئی ہیں' دنیا کے کسی دیش اور کسی قوم میں بھی' وہ سب ہم عیسائیوں کی ملکیت ہیں."

ایک صوفی کہتا ہے—

"فقط تفاوت ہے نام ہی کا
دراصل سب ایک ہی ہیں' یارو !
جو آب صافی کی موج میں ہے
اسی کا جلوہ حباب میں ہے."

یعنی کیول ناموں ہی کا فرق ہے' اے یارو ! اصل میں سب ایک ہیں' جو صاف پانی لہر کے اندر ہے اسی کی چمک بلبلے کے اندر ہے .

صوفی عطار نے کہا ہے—

"روح عقل اور علم سے زندگی کو جانتی ہے . روح کے لئے تازی اور ترکی کا کوئی فرق نہیں ہے."

مولانا روم نے کہا ہے—"روح کی دوستی عقل سے ہے اور علم سے ہے . روح کے اندر ہندو' مسلم' عیسائی ترک کا کوئی فرق نہیں."

ویدوں میں بار بار کہا گیا ہے کہ آتما کی کوئی جات' سمپردائے' رنگ یا ورن نہیں ہوتا .

سچ مچ فرق کیول ناموں کا ہی ہے . بات ایک ہی ہے جو اللہ ہے وہی ایشور ہے . جو اکبر کا مطلب ہے وہی پرم یا مہا کا ارتھ ہے . 'اللہ اکبر' کے لفظی معنی ہیں 'پرمیشور' یا 'مہادیو'. جو معنی 'رحیم' کے ہیں وہی 'شیو' کے ہیں . جو معنی 'رحمان' کے ہیں وہی 'شنکر' کے ہیں . 'داس' اور 'عبد' کے ایک ہی ارتھ ہیں .

ने कहा है कि यह सब अगले पिछले 'बुद्ध' और अगले पिछले 'तीर्थंकर' बार बार उन्हीं एक बुनियादी सचाइयों का उपदेश देते रहे हैं, केवल जब यह सचाइयां लोगों के दिलों में फीकी या धुन्धली पड़जाती हैं तो यह महापुरुश अपनी ठीक ठीक ज़िन्दगी से उनमें नई जान डालते रहे हैं और डालते रहेंगे.

इनजील में लिखा है—"क्या कोई ऐसी बात है जिस की बाबत यह कहा जासके कि यह नई बात है? हर बात पहले से चली आरही है, हर बात सनातन है, सूरज के नीचे कोई बात नई नहीं है. (एक्लेज़ियास्टिक्स)

हज़रत ईसा ने कहा है—"मैं पुराने धर्म और पहले के नबियों के काम को नश्ट करने के लिये नहीं आया बल्कि उसे पूरा करने के लिये आया हूँ." (इनजील)

कृश्न ने अर्जुन से कहा है—"जो बात मैं तुझे सिखा रहा हूँ वही विवस्वान ने मनुको, मनुने इक्ष्वाकु को, इक्ष्वाकु ने दूसरों को, इसी तरह युग युग में एक रिशी ने दूसरे को, एक आदमी ने दूसरे आदमी को सिखाई हैं, लोग उसे भूल गए हैं, पर सब जगह मौजूद, सब कुछ जानने वाले सर्वशक्तिमान परमात्मा के अन्दर वह सब ज्ञान मौजूद है."

क़ुरान में यह चीज़ बार बार और तरह तरह से कही गई है—

"जो बात इस क़ुरान में कही गई है वही सब पुरानी किताबों में कही गई है."

"कोई क़ौम नहीं कि जिसके अन्दर हादी यानी राह दिखाने वाले न भेजे गए हों."

"और अल्लाह ने जितने रसूल इससे पहले भेजे हैं सबने यही उपदेश दिया है कि सबका अल्लाह एक है और सब को केवल उसी की इबादत करनी चाहिये."

"और जितने रसूल भेजे गए हैं उन सब ने अपनी क़ौम की ज़बान में ही उपदेश दिया है ताकि लोगों के दिलों में किसी तरह का शक न रह जावे."

"क़ुरान अरबी में इसलिये उतरा है कि मक्का और आस पास के शहरों के लोग आसानी से समझ सकें."

"हम उन सब रसूलों में किसी तरह का फ़रक़ नहीं करते."

इन आयतों से और इसी तरह की और बहुत सी आयतों से साफ़ ज़ाहिर है कि सब धर्मों की बुनियादी सचाइयां एक हैं. सचाई एक ही सचाई है. उस पर किसी क़ौम, किसी धर्म या किसी रसूल का इजारा नहीं है. ऊपर के रीत रिवाज देश, काल और हालत के अनुसार बदलते

نے کہا هے کہ یہ سب اگلے پچھلے 'بدھ' اور اگلے پچھلے 'تیرتھنکر' بار بار اُنهیں ایک بنیادی سچائیوں کا اُپدیش دیتے رهے هیں کیول جب یہ سچائیاں لوگوں کے دلوں میں پھیکی یا دھندلی پڑ جاتی هیں تو یہ مہا پرش اپنی ٹھیک ٹھیک زندگی سے اُن میں نئی جان ڈالتے رهے هیں اور ڈالتے رهینگے .

انجیل میں لکھا هے - " کیا کوئی ایسی بات هے جس کی بابت یہ کہا جاسکے کہ یہ نئی بات هے ؟ هر بات پہلے سے چلی آرهی هے ' هر بات سناتن هے ' سورج کے نیچے کوئی بات نئی نہیں هے . (اکلے زیاسٹکس)

حضرت عیسیٰ نے کہا هے —

" میں پرانے دھرم اور پہلے کے نبیوں کے کام کو نشٹ کرنے کے لئے نہیں آیا بلکہ اُسے پورا کرنے کے لئے آیا هوں ." (انجیل)

کرشن نے ارجن سے کہا هے —

" جو بات میں تجھے سکھا رها هوں وهی ویوسوان نے منو کو' منو نے اِکشواکو کو' اِکشواکو نے دوسروں کو' اسی طرح یگ یگ میں ایک رشی نے دوسرے کو' ایک آدمی نے دوسرے آدمی کو سکھائی هیں' لوگ اُسے بھول گئے هیں' پر سب جگہ موجود' سب کچھ جاننے والے سروشکتی مان پرماتما کے اندر وہ سب گیان موجود هے ."

قرآن میں یہ چیز بار بار اور طرح طرح سے کہی گئی هے —

" جو بات اس قرآن میں کہی گئی هے وهی سب پرانی کتابوں میں کہی گئی هے ."

" کوئی قوم نہیں کہ جسکے اندر هادی یعنی راہ دکھانے والے نہ بھیجے گئے هوں ."

" اور اللہ نے جتنے رسول اس سے پہلے بھیجے هیں سب نے یہی اُپدیش دیا هے کہ سب کا اللہ ایک هے اور سب کو کیول اُسی کی عبادت کرنی چاهئے ."

" اور جتنے رسول بھیجے گئے هیں اُن سب نے اپنی قوم کی زبان میں هی اُپدیش دیا هے تاکہ لوگوں کے دلوں میں کسی طرح کا شک نہ رہ جاوے ."

" قرآن عربی میں اس لئے اترا هے کہ مکے اور آس پاس کے شہروں کے لوگ آسانی سے سمجھ سکیں ."

" هم اُن سب رسولوں میں کسی طرح کا فرق نہیں کرتے ."

اِن آیتوں سے اور اسی طرح کی اور بہت سی آیتوں سے صاف ظاهر هے کہ سب دھرموں کی بنیادی سچائیاں ایک هیں . سچائی ایک هی سچائی هے . اُس پر کسی قوم' کسی دھرم یا کسی رسول کا اجارہ نہیں هے . اوپر کے ریت رواج دیش' کال اور حالت کے انوسار بدلتے

मजहबों के क़ायम करने वाले खुद इस बारे में क्या कहते हैं. इन सब मजहबों के बानियों ने साफ़साफ़ यह कहा है कि हम सब एक ही बुनियादी सच्चाइयों का उपदेश देते आए हैं.

उपनिशद् में लिखा है—

गवाम् अनेक वर्णनाम्
क्षीरस्यास्ति एक वर्णता
क्षीरवत पश्यते जानम्
लिंगिनास्तु जवाम् यथा.

यानी गाएं अलग अलग रंगों की होती हैं, पर दूध सब का एक रंग का यानी सफ़ेद होता है. ज्ञानी यानी आरिफ़ दूध को देखता है और ऊपर के रीत रिवाजों में फंसे हुए लोग गायों के रंग को देखते हैं. मौलाना रूम ने हज़रत ईसा के उपदेशों का ज़िकर करते हुए कहा है—

जामये सद रंग जां खुम्मे सफ़ा
सादाओ यक रंग गश्ता चूं ज़िया

यानी सैकड़ों रंग के कपड़े उस साफ़ भट्टी में पड़ कर इस तरह सफ़ेद और यकरंग हो गए जिस तरह सातों रंग मिलकर सफ़ेद रोशनी बन जाते हैं.

श्री कृश्न ने भगवत गीता में दो बार कहा है—

"ऐ अर्जुन ! लोग सब तरफ़ से चलकर अलग अलग रास्तों से भी मुझ तक ही पहुँचते हैं."

यही वह आख़िरी मंज़िल है जिसकी तरफ़ सारी दुनिया बढ़ी चली जा रही है.

पारसी धर्म के बानी ज़रतुश्त ने लिखा है—

"और हम दुनिया के उन सब पहले के धर्मों को मानते और पूजते हैं जो नेकी सिखाते हैं."

गाथा में लिखा है कि—"असभ्य दस्यु क़ौमों में भी उन लोगों को सच्चा धर्म सिखाने के लिए पैग़म्बर होते रहे हैं."

जो ज़माना हिन्दुस्तान में बुद्ध और महावीर का था वही चीन में लाओत्ज़े और कंगफ़ूत्ज़े का था. चीन के लोग बुद्ध, लाओत्ज़े और कंगफ़ूत्ज़े तीनों को एक त्रिमूर्ति की तरह अपने बराबर के पैग़म्बर या अवतार मानते हैं. कंगफ़ूत्ज़े ने कहा है—"जो दीन धर्म पहले से चला आ रहा है मैं केवल उसी को आगे चला रहा हूँ, मैं कोई नई बात नहीं गढ़ सकता."

बुद्ध ने अपने से पहले के बुद्धों' का और अपने बाद के 'बुद्धों' का, और इसी तरह 'जिन' यानी महावीर ने अपने से पहले के और अपने बाद के 'तीर्थंकरों' (पुल या रास्ता बताने वालों) का ज़िकर किया है, और दोनों

مذھبوں کے قائم کرنے والے خود اس بارے میں کیا کہتے ھیں ۔ ان سب مذھبوں کے بانیوں نے صاف صاف یہ کہا ھے کہ ھم سب ایک ھی بنیادی سچائیوں کا اُپدیش دیتے آئے ھیں ۔

اُپنشد میں لکھا ھے —

گوام انیک ورنا نام
چھیر سیاسی ایک ورنتا
چھیکھت پشیتے گیانم
لنگناستو گوام یتھا

یعنی گائیں الگ الگ رنگوں کی ھوتی ھیں' پر دودھ سب کا ایک رنگ کا یعنی سفید ھوتا ھے ۔ گیانی یعنی عارف دودھ کو دیکھتا ھے اور اوپر کے ریت رواجوں میں پھنسے ھوئے لوگ گایوں کے رنگ کو دیکھتے ھیں ۔ مولانا روم نے حضرت عیسیٰ کے اُپدیشوں کا ذکر کرتے ھوئے کہا ھے—

جامۂ صدرنگ زاں خمِ صفا
سادہ و یک رنگ گشتہ چوں ضیا

یعنی سیکڑوں رنگ کے کپڑے اُس صاف بھٹی میں پڑکر اسطرح سفید اور یک رنگ ھوگئے جس طرح ساتوں رنگ ملکر سفید روشنی بن جاتے ھیں ۔

شری کرشن نے بھگوت گیتا میں دو بار کہا ھے—

" اے ارجن ! لوگ سب طرف سے چل کر الگ الگ راستوں سے بھی مجھ تک ھی پہونچتے ھیں ۔"

یہی وہ آخری منزل ھے جس کی طرف ساری دنیا بڑھی چلی جا رھی ھے ۔

پارسی دھرم کے بانی زرتشت نے لکھا ھے —

" اور ھم دنیا کے اُن سب پہلے کے دھرموں کو مانتے اور پوجتے ھیں جو نیکی سکھاتے ھیں ۔"

گاتھا میں لکھا ھے کہ —" اسبھیہ دسیو قوموں میں بھی اُن لوگوں کو سچا دھرم سکھانے کے لئے پیغمبر ھوتے رھے ھیں ۔"

جو زمانہ ھندستان میں بدھ اور مہاویر کا تھا وھی چین میں لاؤتزے اور کنگ فوتزے کا تھا ۔ چین کے لوگ بدھ' لاؤتزے اور کنگ فوتزے تینوں کو ایک ترمورتی کی طرح برابر کے پیغمبر یا اوتار مانتے ھیں ۔ کنگ فوتزے نے کہا ھے —" جو دین دھرم پہلے سے چلا آرھا ھے میں کیول اُسی کو آگے چلا رھا ھوں' میں کوئی نئی بات نہیں گڑھ سکتا ۔"

بدھ نے اپنے سے پہلے کے ' بدھوں ' کا اور اپنے بعد کے 'بدھوں' کا' اور اسی طرح 'جن' یعنی مہاویر نے اپنے سے پہلے کے اور اپنے بعد کے ' تیرتھنکروں' (پل یا راستہ بتانے والوں) کا ذکر کیا ھے' اور دونوں

चाहिये. हर बच्चा अपनी आजाद तबियत, अपनी पसन्द और अपने अन्दर के झुकाव के अनुसार जो चाहे पढ़े या न पढ़े और जिधर को चाहे जाय. लेकिन इस तरह के सब आदमी नौजवानों को कुछ न कुछ सिखाते ही हैं और वही चीजें सिखाते हैं जो वह खुद नौजवानों के लिये सब से अधिक फ़ायदे की समझते हैं. रूस के कम्युनिस्ट अपने नौजवानों को ज़ोरों के साथ कम्युनिज़्म सिखाते हैं, इटली के फ़ाशिस्ट उन्हें फ़ाशिज़्म सिखाते हैं. इंगलैंड और अमरीका वाले अपने नौजवानों को जबरदस्ती डेमोक्रेटिज़्म बल्कि इम्पीरियलिज़्म सिखाते हैं. बातें सब आज़ादी की करते हैं पर सब अपने अपने यहाँ के नौजवानों को पूरे ज़ोरों के साथ अपने अपने सांचे में ढालने की कोशिशों में लगे हुए हैं. आज़ादी की इस दलील में सच्चाई केवल इतनी है और वह बड़ी ज़रूरी चीज है कि बाक़ी जिन्दगी के लिये हर लड़के लड़की को उस काम, उस धन्धे या उस पेशे की तालीम देनी चाहिये जो उसकी तबियत, उसकी ताकत और उस की पसन्द के अनुसार हो. बस, यह तो हुई हर बच्चे की ख़ास तालीम. इस के अलावा और इसके साथ साथ हर बच्चे को आम और ज़रूरी कलचरी तालीम भी चार चीज़ों में देनी चाहिये—पढ़ना, लिखना, हिसाब और मानव धर्म ('मज़हबे इन्सानियत).

यह ठीक है कि बड़े होकर हर लड़के लड़की को अधिकार है कि वह जिस चीज़ को चाहे माने और जिसे चाहे न माने, जो चाहे अपनाए रहे और जो चाहे छोड़ दे. सैकड़ों आदमी, ख़ास कर पढ़े लिखे, रोज़ अपना मत, अपने विचार और अपनी पारटी बदलते रहते हैं. यह आए दिन का बदलाव हमारे समाज को बहुत नुकसान पहुँचा रहा है. इसका इलाज भी यही है कि हम मज़हब के बुनियादी असूलों यानी सब मज़हबों के उन आम असूलों को, जो हर इनसान के लिये ज़रूरी रूहानी और इख़लाक़ी यानी आध्यात्मिक और नैतिक, ख़ुराक हैं, दुनिया के सब लड़कों और लड़कियों को छोटी उमर से ही पूरी पूरी तालीम दें. आगे चल कर हमारे बच्चे कोई भी पेशा क्यों न अपनावें मानव धर्म के यह आम असूल ही उन की हर तरह के जिन्दगी में बुनियाद का काम करेंगे और उन्हें गुमराही से और एक दूसरे की नफ़रत और दुश्मनी से बचावेंगे.

अब सवाल रह जाता है कि यह मानव धर्म यानी यह इनसानी मज़हब है क्या चीज़. इसी को हम विश्व धर्म या आलमगीर मज़हब भी कह सकते हैं. इस इनसानी मज़हब में वह सब सच्चाइयां और वह सब काम शामिल हैं जो अधिकतर नहीं बल्कि सब बड़े बड़े मज़हब ठीक मानते हैं. सबसे पहले हम यह देखें कि इन सब अलग अलग

چاہئیے ۔ ہر بچہ اپنی آزاد طبیعت، اپنی پسند اور اپنے اندر کے جھکاو کے انوسار جو چاہے پڑھے یا نہ پڑھے اور جدھر کو چاہے جائے. لیکن اس طرح کے سب آدمی نوجوانوں کو کچھ نہ کچھ سکھاتے ہی ہیں اور وہی چیزیں سکھاتے ہیں جو وہ خود نوجوانوں کے لئے سب سے ادھک فائدے کی سمجھتے ہیں روس کے کمیونسٹ اپنے نوجوانوں کو زوروں کے ساتھ کمیونزم سکھاتے ہیں اٹلی کے فاشسٹ انہیں فاشزم سکھاتے ہیں ۔ انگلینڈ اور امریکہ والے اپنے نوجوانوں کو زبردستی ڈیموکریٹزم بلکہ امپیریلزم سکھاتے ہیں ۔ باتیں سب آزادی کی کرتے ہیں پر سب اپنے اپنے یہاں کے نوجوانوں کو پورے زوروں کے ساتھ اپنے اپنے سانچے میں ڈھالنے کی کوششوں میں لگے ہوئے ہیں ۔ آزادی کی اس دلیل میں سچائی کیول اتنی ہے اور وہ بڑی ضروری چیز ہے کہ باقی زندگی کے لئے ہر لڑکے لڑکی کو اس کام، اس دھندے یا اس پیشے کی تعلیم دینی چاہئیے جو اسکی طبیعت اس کی طاقت اور اسکی پسند کے انوسار ہو ۔ بس، یہ تو ہوئی ہر بچے کی خاص تعلیم اسکے علاوہ اور اسکے ساتھ ساتھ ہر بچے کو عام اور ضروری کلچری تعلیم بھی چار چیزوں میں دینی چاہئیے ۔ پڑھنا، لکھنا، حساب اور مانو دھرم (مذہب انسانیت) ۔

یہ ٹھیک ہے کہ بڑے ہوکر ہر لڑکے لڑکی کو ادھیکار ہے کہ وہ جس چیز کو چاہے مانے اور جسے چاہے نہ مانے، جو چاہے اپنائے رہے اور جو چاہے چھوڑ دے ۔ سیکڑوں آدمی، خاص کر پڑھے لکھے، روز اپنا مت اپنے وچار اور اپنی پارٹی بدلتے رہتے ہیں ۔ یہ آئے دن کا بدلاو ہمارے سماج کو بہت نقصان پہونچا رہا ہے ۔ اِسکا علاج بھی یہی ہے کہ ہم مذہب کے بنیادی اصولوں یعنی سب مذہبوں کے ان عام اصولوں کی، جو ہر انسان کے لئے ضروری روحانی اور اخلاقی یعنی ادھیاتمک اور نیتک، خوراک ہیں دنیا کے سب لڑکوں اور لڑکیوں کو چھوٹی عمر سے ہی پوری پوری تعلیم دیں آگے چل کر ہمارے بچے کوئی بھی پیشہ کیوں نہ اپناویں مانو دھرم کے یہ عام اصول ہی انکی ہر طرح کی زندگی میں بنیاد کا کام کرینگے اور انہیں گمراہی سے اور ایک دوسرے کی نفرت او دشمنی سے بچاوینگے ۔

اب سوال رہ جاتا ہے کہ یہ مانو دھرم یعنی یہ انسانی مذہب ہے کیا چیز ۔ اِسی کو ہم وشو دھرم یا عالمگیر مذہب بھی کہہ سکتے ہیں ۔ اس انسانی مذہب میں وہ سب سچائیاں اور وہ سب کام شامل ہیں جو ادھک تر نہیں بلکہ سب بڑے بڑے مذہب ٹھیک مانتے ہیں ۔ سب سے پہلے ہم یہ دیکھیں کہ اِن سب الگ الگ

हटा कर दूसरे किसी भी मज़हब को मानने लगते हैं. पर दिलों की गहराई के अन्दर किसी न किसी मज़हब की प्यास सब के अन्दर बनी रहती है. इस से ज़ाहिर है कि आदमी के लिये ज़रूरी चीज़ 'मज़हब' है, यह मज़हब या वह मज़हब नहीं. अब हमारे लिये दो रास्ते रह जाते हैं. या तो सब मज़हबों से इनकार करदें या सब को मानने लगें. यह दोनों नामुमकिन हैं. इसलिये अमली चीज़ और सब से अच्छी और अक़लमन्दी की चीज़ यही है कि जितने बड़े बड़े मज़हब दुनिया में हैं उन सब में से हम उन नाम रूपों और रीत रिवाजों को अलग कर के जो सब में अलग अलग हैं, और जो अपनी अपनी जगह और अपने अपने हालात में मुफ़ीद हो सकते हैं, उन सब चीज़ों को जमा कर लें जो सब में एक सी हैं और जिन्हें सब ज़रूरी मानते हैं. फिर हम अपने सब बच्चों को यही अमली रूहानी नाज खिलाएं, उन्हें उन ही की तालीम दें, और उन्हें यह भी बताएं कि रीत रिवाज के छिलके सचाई के दानों को क़ायम रखने के लिये ज़रूरी हो सकते हैं, वह खाने और हज़म करने की चीज़ नहीं हैं.

कुछ लोगों का कहना है कि पुराने ज़माने में जो काम मज़हब से लिया जाता था वह अब कला, क़ानून, फ़लसफ़े और साइंस से मिलाकर लिया जाता है. इसलिये अब हमें किसी नए या पुराने मज़हब की ज़रूरत नहीं रही. इस का जवाब यह है कि आदमी कोई तीन या चार टुकड़ों में बंटी हुई चीज़ नहीं है, वह एक वजूद है, एक अस्तित्व है. फ़लसफ़े, साइंस, क़ानून और कला का मेल बैठाने वाली उसके अन्दर कोई एक चीज़ होनी चाहिये. अंगरेज़ी शब्द 'रिलीजन' का अर्थ 'बांधना' है. हिन्दी शब्द 'धर्म' का अर्थ सब को संभालना है. धर्म या मज़हब ही वह चीज़ है जो सब लोगों के दिलों को एक दूसरे के साथ और सब को ईश्वर के साथ एक डोर में बांध रखती है. इसके ख़िलाफ़ दुनिया के लोभ लालच और दुनियावी ख़ाहिशें हमें एक दूसरे से फाड़ती हैं. वेदान्त या तसव्वुफ़ वह चीज़ है जिसमें फ़लसफ़ा, साइंस और कला, बल्कि कहना चाहिये मज़हब, साइंस और कला तीनों आकर मिल जाते हैं और जिस में सब मज़हबों का इत्र खिच कर आ जाता है. हमें यह भी न भूलना चाहिये कि आजकल की साइंस के बड़े से बड़े पंडितों की खोज ने हमें यहाँ पहुँचा दिया है कि सारी माद्दी दुनिया यानी सारा जड़ जगत एटमों यानी परमानुओं 'इलकट्रान', 'प्रोटोन', 'न्यूट्रान', 'प्लूट्रोन', 'पाज़ीट्रोन' वग़ैरा वग़ैरा, यहाँ तक कि बिजली की ताक़त और आख़ीर में केवल माइन्ड फ़ोर्स यानी चित्त शक्ति या ख़याल की ताक़त से बनी हुई है और उसी से क़ायम है.

कुछ लोग इस बात पर ज़ोर देते हैं कि तालीम में लड़कों और लड़कियों को ज़ियादा से ज़ियादा आज़ादी देनी

ھٹا کر دوسرے کسی بھی مذھب کو ماننے لگتے ھیں . پر دلوں کی گہرائی کے اندر کسی نہ کسی مذھب کی پیاس سب کے اندر بنی رھتی ھے . اس سے ظاھر ھے کہ آدمی کے لئے ضروری چیز 'مذھب' ھے، یہ مذھب یا وہ مذھب نہیں . اب ھمارے لئے دو راستے رہ جاتے ھیں یا تو سب مذھبوں سے انکار کر دیں یا سب کو ماننے لگیں . یہ دونوں ناممکن ھیں . اسلئے عملی چیز اور سب سے اچھی اور عقلمندی کی چیز یہی ھے کہ جتنے بڑے بڑے مذھب دنیا میں ھیں ان سب میں سے ھم ان نام روپوں اور ریت رواجوں کو الگ کر کے جو سب میں الگ الگ ھیں، اور جو اپنی اپنی جگہ اور اپنے حالات میں مفید ھوسکتے ھیں، ان سب چیزوں کو جمع کر لیں جو سب میں ایک سی ھیں اور جنھیں سب ضروری مانتے ھیں . پھر ھم اپنے سب بچوں کو یہی عملی روحانی اناج کھلائیں، انھیں ان ھی کی تعلیم دیں، اور انھیں یہ بھی بتائیں کہ ریت رواج کے چھلکے سچائی کے دانوں کو قائم رکھنے کے لئے ضروری ھوسکتے ھیں، وہ کھانے اور ھضم کرنے کی چیز نہیں ھیں .

کچھ لوگوں کا کہنا ھے کہ پرانے زمانے میں جو کام مذھب سے لیا جاتا تھا وہ اب کلا، قانون، فلسفے اور سائنس سے ملاکر لیا جاتا ھے . اس لئے اب ھمیں کسی نئے یا پرانے مذھب کی ضرورت نہیں رھی . اس کا جواب یہ ھے کہ آدمی کوئی تین یا چار ٹکڑوں میں بٹی ھوئی چیز نہیں ھے، وہ ایک وجود ھے، ایک استتو ھے . فلسفے، سائنس، قانون اور کلا کا میل بیٹھانے والی اس کے اندر کوئی ایک چیز ھونی چاھئے . انگریزی شبد 'ریلیجن' کا ارتھ 'باندھنا' ھے . ھندی شبد 'دھرم' کا ارتھ سب کو سنبھالنا ھے . دھرم یا مذھب ھی وہ چیز ھے جو سب لوگوں کے دلوں کو ایک دوسرے کے ساتھ اور سب کو ایشور کے ساتھ ایک ڈورے میں باندھے رکھتی ھے . اسکے خلاف دنیا کے لوبھ لالچ اور دنیاوی خواھشیں ھمیں ایک دوسرے سے پھاڑتی ھیں . ویدانت یا تصوف وہ چیز ھے جس میں فلسفہ، سائنس اور کلا، بلکہ کہنا چاھئے مذھب، سائنس اور کلا تینوں آکر مل جاتے ھیں اور جس میں سب مذھبوں کا عطر کھنچ کر آجاتا ھے . ھمیں یہ بھی نہ بھولنا چاھئے کہ آجکل کی سائنس کے بڑے سے بڑے پنڈتوں کی کھوج نے ھمیں یہاں پہونچا دیا ھے کہ ساری مادی دنیا یعنی سارا جڑ جگت ایٹموں یعنی پرمانوؤں 'الکٹرون'، 'پروٹون'، 'نیوٹرون'، 'پلوٹرون'، 'پوزیٹرون' وغیرہ وغیرہ، یہاں تک کہ بجلی کی طاقت اور آخیر میں کیول مائنڈ فورس یعنی چت شکتی یا خیال کی طاقت سے بنی ھوئی ھے اور اسی سے قائم ھے .

کچھ لوگ اس بات پر زور دیتے ھیں کہ تعلیم میں لڑکوں اور لڑکیوں کو زیادہ سے زیادہ آزادی دینی

उनको अपने बच्चों को तालीम देने की क्या ज़रूरत. अगर मज़हब के बिना आदमी का काम चल सकता तो हम भी इन सवालों का यही जवाब देते कि हमें कोई हक़ नहीं, और न इस की कोई ज़रूरत है. पर सच यह है कि मज़हब के बिना काम चल नहीं सकता. इसलिये जवाब देना पड़ता है कि बच्चों को मज़हबी तालीम देने का हमें उतना ही हक़ है और यह हमारा उतना ही ज़बरदस्त फ़र्ज़ है जितना उन्हें लिखना, पढ़ना, हिसाब, भूगोल, इतिहास और साइंस सिखाना. इतना ही नहीं, यह सब चीज़ें आदमी को आत्मा के भले के लिये उतनी ज़रूरी नहीं हैं जितना मज़हब. हम यह सब चीज़ें अपने बच्चों को इसलिये पढ़ाते हैं क्योंकि हमने तजरबे से देख लिया है कि इन्हें जानने में ही उनका भला है. इसमें अगर हम ग़लतियां कर जाएं तो कर जाएं. ग़लतियां इनसानों से ही होती हैं. चूँकि खाना कभी कभी लोगों को बदहज़मी और नुक़सान कर देता है इसलिये लोगों का खाना हम हमेशा के लिये बन्द नहीं कर सकते. हमें चाहिये यह कि हम इस बात की भी कोशिश करें कि खाना अच्छा हो, जल्दी पचने वाला हो और जितना चाहिये उतना ही दिया जाय, जिससे तन्दुरुस्ती बने बिगड़े नहीं. इसी तरह मज़हब का अपने बच्चों को तालीम देते समय तीन बातों को जान लेने की पूरी कोशिश करनी चाहिये—एक यह कि मज़हब की कौन कौन सी बातें पक्की, मुहकम और अटल हैं, दूसरा यह कि वह बातें ऊँची से ऊँची साइंस की कसौटी पर सच्ची और खरी उतरती हैं या नहीं, और इससे से भी बढ़कर तीसरी बात हमें यह देखनी चाहिये कि कौन कौन सी बातें सब मज़हबों में एक सी हैं, जिन पर सब की राय मिलती है, जिन से सब में एक दूसरे से हमदर्दी, मेल मिलाप और प्रेम बढ़ सके. कट्टर मज़हबी लोगों के अन्धेपन और उनकी आपसी नफ़रतों को कम करने का भी यही एक तरीक़ा है.

इसी सवाल पर अब हम दूसरी तरह से विचार करें. दुनिया के अधिकतर लोग अपने अपने धर्म में पैदा होते हैं और उसी को चिपटे रहते हैं, ठीक जिस तरह हर आदमी अपने बाप दादा की जायदाद को चिपटा रहता है. पर अगर दो बच्चे साथ साथ पैदा हों, एक किसी मुसलमान घर में और दूसरा किसी हिन्दू घर में, और हम उसी समय हिन्दू बच्चे को लेजाकर मुसलमान घर में और मुसलमान बच्चे को लेजाकर हिन्दू घर में रख दें और दोनों को वहीं पलने और बड़ा होने दें, तो हिन्दू घर में पैदा हुआ बच्चा बड़ा होकर मुसलमानों की सी सब बातें करने लगेगा और मुसलमान घर में पैदा हुआ बच्चा हिन्दुओं की तरह रहन सहने और सोचने लगेगा. इसी तरह अकसर लोग अपने जनम के मज़हब से विश्वास

اُن کو اپنے بچوں کو تعلیم دینے کی کیا ضرورت ۔ اگر مذہب کے بنا آدمی کا کام چل سکتا تو ہم بھی ان سوالوں کا یہی جواب دیتے کہ ہمیں کوئی حق نہیں، اور نہ اسکی کوئی ضرورت ہے ۔ پر سچ یہ ہے کہ مذہب کے بنا کام چل نہیں سکتا ۔ اس لئے جواب دینا پڑتا ہے کہ بچوں کو مذہبی تعلیم دینے کا ہمیں اتنا ہی حق ہے اور یہ ہمارا اتنا ہی زبردست فرض ہے جتنا انہیں لکھنا، پڑھنا، حساب، بھوگول، اتہاس اور سائنس سکھانا ۔ اتنا ہی نہیں، یہ سب چیزیں آدمی کی آتما کے بھلے کے لئے اتنی ضروری نہیں ہیں جتنا مذہب ۔ ہم یہ سب چیزیں اپنے بچوں کو اسلئے پڑھاتے ہیں کیونکہ ہم نے تجربے سے دیکھ لیا ہے کہ انہیں جاننے میں ہی ان کا بھلا ہے ۔ اسمیں اگر ہم غلطیاں کر جائیں تو کر جائیں ۔ غلطیاں انسانوں سے ہی ہوتی ہیں چونکہ کھانا کبھی کبھی لوگوں کو بدہضمی اور نقصان کر دیتا ہے اسلئے لوگوں کا کھانا ہم ہمیشہ کے لئے بند نہیں کر سکتے ۔ ہمیں چاہئے یہ کہ ہم اس بات کی بھی کوشش کریں کہ کھانا اچھا ہو، جلدی پچنے والا ہو اور جتنا چاہئے اتنا ہی دیا جائے، جس سے تندرستی بنے بگڑے نہیں ۔ اسی طرح مذہب کی اپنے بچوں کو تعلیم دیتے سمے تین باتوں کو جان لینے کی پوری کوشش کرنی چاہئے — ایک یہ کہ مذہب کی کون کون سی باتیں پکی، محکم اور اٹل ہیں، دوسری یہ کہ وہ باتیں اونچی سے اونچی سائنس کی کسوٹی پر سچی اور کھری اترتی ہیں یا نہیں، اور اس سے بھی بڑھکر تیسری بات ہمیں یہ دیکھنی چاہئے کہ کون کون سی باتیں سب مذہبوں میں ایک سی ہیں، جن پر سب کی رائے ملتی ہے، جن سے سب میں ایک دوسرے سے ہمدردی، میل ملاپ اور پریم بڑھ سکے ۔ کٹر مذہبی لوگوں کے اندھے پن اور ان کی آپسی نفرتوں کو کم کرنے کا بھی یہی ایک طریقہ ہے ۔

اسی سوال پر اب ہم دوسری طرح سے وچار کریں ۔ دنیا کے ادھکتر لوگ اپنے اپنے دھرم میں پیدا ہوتے ہیں اور اسی کو چپٹے رہتے ہیں، ٹھیک جس طرح ہر آدمی اپنے باپ دادا کی جائداد کو چپٹا رہتا ہے ۔ پر اگر دو بچے ساتھ ساتھ پیدا ہوں، ایک کسی مسلمان گھر میں اور دوسرا کسی ہندو گھر میں، اور ہم اسی سمے ہندو بچے کو لے جا کر مسلمان گھر میں اور مسلمان بچے کو لے جا کر ہندو گھر میں رکھ دیں اور دونوں کو وہیں پلنے اور بڑا ہونے دیں، تو ہندو گھر میں پیدا ہوا بچہ بڑا ہوکر مسلمانوں کی سی سب باتیں کرنے لگیگا اور مسلمان گھر میں پیدا ہوا بچہ ہندوؤں کی طرح رہنے سہنے اور سوچنے لگے گا ۔ اسی طرح اکثر لوگ اپنے جنم کے مذہب سے وشواس

अब धरती की कोख पे कोई ऐटम बम न गिराए
कहीं न कोई हीरो शीमा नागा साकी बनाए
ज़हरीली गैसों का बादल मौत न अब बरसाए
काल न कोई बोने पाए भूक न कोई उगाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

वही लड़ाई जो फैलाए काल, बिपत, महँगाई
क्यों न बनें धनवान फिर इसके रसिया और सौदाई
लोहे के बदले में करादे जो सोने की कमाई
अब न फसेंगे लाख कोई डालर का जाल बिछाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

दोस्त हमारा अब तो वही है जंग का हो जो दुशमन
ऐटम की ताक़त से चलाए ट्रैक्ट्रो के इंजन
रेगिस्तानों को जो सींचे और बनादे गुलशन
खेती हँसिया काटे हथौड़ा कारीगरी फैलाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

वेत नाम, मलाया, बरमा, अरब हो या अफ़रीक़ा
यूनान, इटली, जरमन, फ़्रान्स, इंगलैंड हो या अमरीका
दुनिया भर में जग पसन्दों का है रंग अब फीका
भूके भारत वाले भी दानों से नहीं ललचाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

भूकी जनता से थर्राकर यह सरमाया दारी
आड़ में मज़हब की करवादेती है मारा मारी
ख़ुद तो छिप जाती है मरती है जनता बेचारी
आपस की यह जंग न बढ़कर और तबाही लाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

اب دھرتی کی کوکھ پہ کوئی ایٹم بم نہ گرائے
کہیں نہ کوئی ھیرو شیما ناگا ساکی بنائے
زہریلی گیسوں کا بادل موت نہ اب برسائے
کال نہ کوئی بونے پائے بھوک نہ کوئی اُگائے

جنگ نہونے پائے ساتھی، جنگ نہونے پائے !

وہی لڑائی جو پھیلائے کال، بپت، مہنگائی
کیوں نہ بنیں دھنوان پھر اسکے رسیا اور سودائی
لوہے کے بدلے میں کرا دے جو سونےکی کمائی
اب نہ پھسینگے لاکھ کوئی ڈالر کا جال بچھائے

جنگ نہونے پائے ساتھی، جنگ نہونے پائے !

دوست ہمارا اب تو وہی ہے جنگ کا ہو جو دشمن
ایٹم کی طاقت سے چلائے ٹریکٹروں کے انجن
ریگستانوں کو جو سینچے اور بنا دے گلشن
کھیتی ھنسیا کاٹے ھتھوڑا کاریگری پھیلائے

جنگ نہونے پائے ساتھی، جنگ نہونے پائے !

ویت نام، ملایا، برما، عرب ہو یا افریقا
یونان، اٹلی، جرمن، فرانس، انگلینڈ ہو یا امریکہ
دنیا بھر میں جنگ پسندوں کا اب رنگ ہے پھیکا
بھوکے بھارت والے بھی دانوں سے نہیں للچائے

جنگ نہونے پائے ساتھی، جنگ نہونے پائے !

بھوکی جنتا سے تھرا کر یہ سرمایہ داری
آڑ میں مذہب کی کروا دیتی ہے مارا ماری
خود تو چھپ جاتی ہے مرتی ہے جنتا بے چاری
آپس کی یہ جنگ نہ بڑھکر اور تباہی لائے

جنگ نہونے پائے ساتھی، جنگ نہونے پائے !

इनसान और मज़हब

(डाक्टर भगवान दास)

बहुत से लोग मज़हब के नाम पर कट्टर, अंधे और नासमझ लोगों के आपसी झगड़ों, हटधर्मियों, ज़ुल्मों और बुरे से बुरे पापों को देख कर यह कहने लगे हैं कि हमें अपने बच्चों को किसी तरह की भी मज़हबी तालीम नहीं देनी चाहिये. इतनी बुरी चीज़ अपने बच्चों के ऊपर लादने का हमें क्या हक़ है. जो मज़हब आदमी आदमी में दुशमनी पैदा करते हैं, उन्हें इतना अन्धा कर देते हैं,

انسان اور مذہب

(ڈاکٹر بھگوان داس)

بہت سے لوگ مذہب کے نام پر کٹر، اندھے اور ناسمجھ لوگوں کے آپسی جھگڑوں، ہٹ دھرمیوں، ظلموں اور برے سے برے پاپوں کو دیکھکر یہ کہنے لگے ہیں کہ ہمیں اپنے بچوں کو کسی طرح کی بھی مذہبی تعلیم نہیں دینی چاہئے. اتنی بری چیز اپنے بچوں کے اوپر لادنے کا ہمیں کیا حق ہے. جو مذہب آدمی آدمی میں دشمنی پیدا کرتے ہیں، انہیں اتنا اندھا کر دیتے ہیں،

नया हिन्द

जिल्द 11 सितम्बर, सन् '51 नम्बर 3

आम आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

जंग न होने पाए

(भाई मुज़फ्फ़र शाहजहाँपुरी)

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

जंग के कारन बिक गईं कितनी मरियम और सीताएँ
खो बैठीं अपने नयनों के तारे कितनी माएँ
लाख बलाएँ लाई एक दो हो तो उन्हें गिनाएँ
अब की जंग छिड़ी तो कम है जो न क़ियामत ढाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

मांग का सेंदूर उजड़ा और कितनों की चूड़ी टूटी
कितनी बाँहों से जौशन उतरे माथों की बेंदी छूटी
जंग के ख़ूनी देव ने घर घर शान्ति सब की लूटी
हम पर, तुम पर, सब पर बीती कौन किसे समझाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

अब न हो बेवा जवान सुहागिन अब न यतीमी बरसे
घूँघट में घुट घुट के न कोई पिया मिलन को तरसे
भरती होने पेट की ख़ातिर जाय न कोई घर से
जंग किसी साजन को अपनी सजनी से न छुड़ाए

जंग न होने पाए साथी, जंग न होने पाए !

इल्म-ओ-अदब, आज़ादी और बच्चों के गालों की लाली
जंग ने फैला रक्खी है हर शोबे पर बदहाली
मुस्तक़बिल पर अब न बरसने देंगे हम पामाली
जो बम जहाँ पे रक्खा हो वह पड़े पड़े सड़ जाए

जंग न होने पाए साथी जंग न होने पाए !

यतीमी = अनाथपन, शोबे = विभाग, मुस्तक़बिल = भविष्य.

نیا ھند

جلد 11 ستمبر سن '51 نمبر 3

جات آدمی، پریم دھرم ہے، ھندستانی بولی،
'نیا ھند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی۔

جنگ نہ ھونے پائے

(بھائی مظفر شاھجہانپوری)

جنگ نہ ہونے پائے ساتھی، جنگ نہ ہونے پائے !

جنگ کے کارن بک گئیں کتنی مریم اور سیتائیں
کھو بیٹھیں اپنے نینوں کے تارے کتنی مائیں
لاکھ بلائیں لائی اک دو ہوں تو انہیں گنائیں
اب کی جنگ چھڑی تو کم ہے جو نہ قیامت ڈھائے

جنگ نہ ہونے پائے ساتھی، جنگ نہ ہونے پائے !

مانگ کا سیندور اجڑا اور کتنوں کی چوڑی ٹوٹی
کتنی باہوں سے جوشن اترے ماتھوں کی بندی چھوٹی
جنگ کے خونی دیو نے گھر گھر شانتی سب کی لوٹی
ہم پر، تم پر، سب پر بیتی کون کسے سمجھائے

جنگ نہ ہونے پائے ساتھی، جنگ نہ ہونے پائے !

اب نہ ہو بیوہ جوان سہاگن اب نہ یتیمی برسے
گھونگھٹ میں گھٹ گھٹ کے نہ کوئی پیا ملن کو ترسے
بھرتی ہونے پیٹ کی خاطر جائے نہ کوئی گھر سے
جنگ کسی ساجن کو اپنی سجنی سے نہ چھڑائے

جنگ نہ ہونے پائے ساتھی، جنگ نہ ہونے پائے !

علم و ادب آزادی اور بچوں کے گالوں کی لالی
جنگ نے پھیلا رکھی ہے ہر شعبے پر بدحالی
مستقبل پر اب نہ برسنے دینگے ہم پامالی
جو بم جہاں پہ رکھا ہو وہ پڑے پڑے سڑ جائے

جنگ نہ ہونے پائے ساتھی، جنگ نہ ہونے پائے !

یتیمی = اناتھ پن؛ شعبے = وبھاگ؛ مستقبل = بھوشیہ۔

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

सितम्बर 1951

क्या किससे — सफ़ा

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने.

मैनेजर 'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद

" نیا ہند "

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

ستمبر 1951

کیا کس سے — صفحہ

قیمت — ہندستان میں چھ روپیہ سال، باہر دس روپیہ سال، ایک پرچہ دس آنے .

مینیجر ' نیا ہند '
145، مٹھی گنج، الہ آباد .

नया हिन्द

सम्पादक ताराचन्द, भगवानदास, ..., विशम्भर नाथ, सुन्दरलाल

ایڈیٹر تارا چند ...

... सुरेश ..., महमूद अहमद ...

نائب ایڈیٹر ... محمود احمد ...

* * *

इस नम्बर के ख़ास लेख

इनसान और मज़हब—डाक्टर भगवान दास

हम डालर देसों को देख आए (कविता)
रघुपति सहाय 'फ़िराक़'

मराक़ो—सय्यद ज़मीर हसन काज़मी

भारत और कोरिया का सम्बन्ध—मान चन्द्र

गान्धी जी के नाम पर (कहानी)—अनवर अब्दुल्ला

हमारी राय—

जापानी सुलहनामा—भगवानदीन

लोकशाही बनाम तानाशाही—भगवानदीन

कांग्रेस बनाम मिश्र जी—भगवानदीन

* * *

اس نمبر کے خاص لیکھ

انسان اور مذہب — ڈاکٹر بھگوان داس

ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے (کویتا)
رگھوپتی سہائے 'فراق'

مراکو — سید ضمیر حسن کاظمی

بھارت اور کوریا کا سمبندھ — مان چندر

گاندھی جی کے نام پر (کہانی) — انور عبداللہ

ہماری رائے—

جاپانی صلح نامہ — بھگوان دین

لوک شاہی بنام تاناشاہی — بھگوان دین

کانگریس بنام مشر جی — بھگوان دین

* * *

...नी कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद — ...انی کلچر سوسائٹی الہ آباد

सितम्बर 1951 ستمبر

क़ीमत दस आना — قیمت دس آنہ

Registered No. A—910.

हिन्दुस्तानी कलचर

पर

निबन्धों (मक़ालों) के लिये

इनाम

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी ने तय किया है कि हिन्दुस्तानी कलचर पर तीन सबसे अच्छे निबन्धों (मक़ालों) के लिये तीन इनाम दिये जाएं. पहला इनाम एक हज़ार रुपए, दूसरा इनाम पाँच सौ रुपए और तीसरा इनाम ढाई सौ रुपए.

निबन्धों में उस हिन्दुस्तानी कलचर के, जो पिछले सारे ज़माने में रूप लेती रही है, टिकाऊ पहलुओं का बयान करते हुए आगे के लिये एक हिन्दुस्तानी कलचर के रंग रूप को बताने की कोशिश होनी चाहिये. निबन्ध अंगरेज़ी में या हिन्दुस्तानी में होने चाहियें. पांच हज़ार से कम या दस हज़ार से अधिक शब्द न हों. फुलस्केप कागज़ पर, कागज़ के एक तरफ़, एक चौथाई हाशिया छोड़कर, टाइप करके हर निबन्ध की तीन कापियां 30 सितम्बर सन 1951 तक नीचे के पते पर आजानी चाहियें. हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी को हक़ होगा कि आए हुए निबन्धों में से जिसे चाहे शाया करे.

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी
115, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

नोट:—यह निबन्ध पहले 30 जून तक मंगाए गए थे और इनाम की रकमें कुछ कम थीं. अब इस के लिये वक़्त और रकम दोनों बढ़ा दिये गए हैं.

—सुन्दरलाल

ہندستانی کلچر

پر

نبندھوں (مقالوں) کے لئے

انعام

ہندستانی کلچر سوسائٹی نے طے کیا ہے کہ ہندستانی کلچر پر تین سب سے اچھے نبندھوں (مقالوں) کے لئے تین انعام دئے جائیں ۔ پہلا انعام ایک ہزار روپے، دوسرا انعام پانچ سو روپے اور تیسرا انعام ڈھائی سو روپے ۔

نبندھوں میں اُس ہندستانی کلچر کے، جو پچھلے سارے زمانے میں روپ لیتی رہی ہے، ٹکاؤ پہلوؤں کو بیان کرتے ہوئے آگے کے لئے ایک ہندستانی کلچر کے رنگ روپ کو بتانے کی کوشش ہونی چاہئے ۔ نبندھ انگریزی میں یا ہندستانی میں ہونے چاہئیں ۔ پانچ ہزار سے کم یا دس ہزار سے ادھک شبد نہ ہوں ۔ فلسکیپ کاغذ پر، کاغذ کے ایک طرف، ایک چوتھائی حاشیہ چھوڑ کر، ٹائپ کر کے ہر نبندھ کی تین کاپیاں 30 ستمبر سن 1951 تک نیچے کے پتے پر آجانی چاہئیں ۔ ہندستانی کلچر سوسائٹی کو حق ہوگا کہ آئے ہوئے نبندھوں میں سے جسے چاہے شائع کرے ۔

سندرلال

سکریٹری، ہندستانی کلچر سوسائٹی
115، مٹھی گنج، الہ آباد

نوٹ — یہ نبندھ پہلے 30 جون تک منگائے گئے تھے اور انعام کی رقمیں کچھ کم تھیں ۔ اب اس کے لئے وقت اور رقم دونوں بڑھا دئے گئے ہیں ۔

—سندرلال

Printed and Published by Purushottam Prasad, at the Naya Hind Press, 145, Muthiganj, Allahabad.

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों .

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अखबारों, रिसालों वग़ैरा का छापना .

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना

—: o :—

सोसाइटी के प्रेसीडेन्ट—मि० अब्दुल मजीद ख़्वाजा, वाइस प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास और डा० अब्दुल हक़, गवर्निंग बाडी के प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास, सेक्रेटरी—पं० सुन्दरलाल.

गवर्निंग बाडी के और मेम्बर—

डा० सैयद महमूद, डा० ताराचन्द, मौलवी सैयद सुलेमान नदवी, मि० मज़हर अली सोख़्ता, श्री बी० जी० खेर, मि० एस० के० रुद्रा, पं० बिशम्भर नाथ, महात्मा भगवानदीन, सेठ पूनम चन्द रांका, क़ाज़ी मोहम्मद अब्दुल ग़फ़्फ़ार और श्री ओम प्रकाश पालीवाल .

मेम्बरी के क़ायदों के लिये लिखिये –

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिंदुस्तानी कलचर सोसाइटी
145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद .

नोट—सोसाइटी के नये क़ायदे के अनुसार मेम्बरी की फ़ीस सिर्फ़ एक रुपया कर दी गई है. "नया हिन्द" के जो गाहक मेम्बर बनना चाहें उनको सिर्फ़ छै रुपया चन्दा देने पर ही मेम्बर बना लिया जायगा. अलग से मेम्बरी की फ़ीस देने वाले सोसाइटी की निकली हुई कोई किताब जो एक रुपया दाम की होगी मुफ़्त ले सकेंगे या ज़्यादा दाम की किताबें लेने पर एक बार एक रुपया कम करा सकेंगे .

هندستانی کلچر سوسائٹی

یک ایسی هندستانی کلچر کا بڑھانا، پھیلانا
نا جس میں سب هندستانی شامل هوں .
کتا پھیلانے کے لئے کتابوں، اخباروں، رسالوں
ھاپنا .
ھائی گھروں، کتاب گھروں، سبھاؤں، کانفرنسوں،
سب دھرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں میں
ل بڑھانا .

—: o :—

ئٹی کے پریسیڈنٹ—مسٹر عبدالمجید خواجہ،
یڈنٹ—ڈاکٹر بھگوان داس اور ڈاکٹر عبدالحق .
اڈی کے پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بھگوان داس
— پنڈت سندرلال .

ے باڈی کے اور ممبر—

سید محمود، ڈاکٹر تارا چند، مولوی سید
وی، مسٹر مظہر علی سوختہ، شری بی جی .
ر ایس . کے . رودرا، پنڈت بشمبھر ناتھ، مہاتما
ن، سیٹھ پونم چند رانکا، قاضی محمد عبدالغفار
وم پرکاش پالیوال
ی کے قاعدوں کے لئے لکھئے –

سندر لال

سکریٹری، هندستانی کلچر سوسائٹی،
145، مٹھی گنج، الٰہ آباد .

—سوسائٹی کے نئے قاعدے کے انوسار ممبری کی
ف ایک روپیہ کردی گئی هے . "نیا هند" کے
ممبر بننا چاهیں ان کو صرف چھہ روپیہ چندہ
ی ممبر بنا لیا جائیگا الگ سے ممبری کی
نے والے سوسائٹی کی نکلی هوئی کوئی کتاب جو
ہ دام کی هوگی مفت لے سکیں گے یا زیادہ دام
ں لینے پر ایک بار ایک روپیہ کم کراسکینگے .

सासाइटी की नई किताब

फ़िरक़ाबन्दी पर बापू

सम्पादक—श्री श्रीकृश्न दास

देश पिता महात्मा गांधी ने राजकाज के मैदान में क़दम रखते ही फ़िरक़ाबन्दी के ज़हरीले नतीजों और भीशन नुक़सानों का अन्दाज़ा कर लिया था. यही कारन था कि उन्हों ने अपने जीवन की आख़िरी साँस तक फ़िरक़ाबन्दी के ख़िलाफ़ लड़ाई जारी रक्खी.

इस पुस्तक में सन 1921 से सन 1948 तक गांधी जी ने साम्प्रदायिकता के सवाल पर जो कुछ कहा या लिखा वह सब एक जगह जमा कर दिया गया है.

भारत के आज़ाद होने पर यह और भी ज़रूरी हो गया है कि हर भारतवासी साम्प्रदायिकता के नुक़सानों को समझे और इस ज़हर से अपने दिल और दिमाग़ को साफ़ करे.

यह किताब हर हिन्दुस्तानी को ज़रूर पढ़नी चाहिये

सुन्दर जिल्द. अच्छा काग़ज़. दो सौ सफ़े. क़ीमत दो रुपया.

छप रही है

झंकार

सम्पादक—श्री रघुपति सहाय 'फ़िराक़'

पिछले पन्द्रह बरस से आज तक की उरदू की चुनी हुई कविताओं का यह संग्रह पढ़कर आप को मालूम होगा कि उरदू कविता ने किस तरह ख़याली दुनिया को छोड़ कर ज़िन्दगी की सच्चाइयों से अपना नाता जोड़ लिया है. आज की उरदू शायरी गुल व बुलबुल और वस्ल व फ़िराक़ तक ही सीमित नहीं है. अब आप को उरदू कविता में किसानों और मजदूरों के दिलों की धड़कनें सुनाई देंगी. ग़ुलामी, अन्याय और लूट खसोट के ख़िलाफ़ आप एक ऐसी आवाज सुनेंगे जो आप के दिल को जोश से भर देगी.

नागरी लिखावट में ऐसा भरपूर उरदू कविता संग्रह आज तक नहीं निकला. किताब 15 सितम्बर तक निकल जावगी. सुन्दर जिल्द. बढ़िया काग़ज़. सुन्दर छपाई. दाम सिर्फ़ ढाई रुपया.

मिलने का पता—
मैनेजर 'नया हिन्द' 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

ی نئی کتاب

فرقہ‌بندی پر باپو

سمپادک—شری شریکرشن داس

پتا مہاتما گاندھی نے راج کاج کے میدان میں
ھی فرقہ‌بندی کے زہریلے نتیجوں اور بھیشن
اندازہ کر لیا تھا . یہی کارن تھا کہ انہوں نے اپنے
آخری سانس تک فرقہ‌بندی کے خلاف لڑائی
.

پستک میں سن 1921 سے سن 1948 تک
ے نے سامپردایکتا کے سوال پر جو کچھ کہا یا
ب ایک جگہ جمع کر دیا گیا ہے .

کے آزاد ہونے پر یہ اور بھی ضروری ہو گیا ہے کہ
واسی سامپردایکتا کے نقصانوں کو سمجھے اور
ہ اپنے دل اور دماغ کو صاف کرے .

ب ہر ہندستانی کو ضرور پڑھنی چاہئے .

جلد . اچھا کاغذ . دو سو صفحے . قیمت

ہے

جھنکار

سمپادک—شری رگھوپتی سہائے 'فراق'

ہ پندرہ برس سے آج تک کی اُردو کی چنی
تاؤں کا یہ سنگرہ پڑھکر آپکو معلوم ہوگا کہ اُردو
کس طرح خیالی دنیا کو چھوڑ کر زندگی کی
سے اپنا ناتا جوڑ لیا ہے . آج کی اُردو شاعری
مل اور وصل و فراق تک ہی سیمت نہیں ہے .
کو اُردو کویتا میں کسانوں اور مزدوروں کے دلوں
نیں سنائی دینگی . غلامی، انیائے اور لوٹ
کے خلاف آپ ایک ایسی آواز سنینگے جو آپ کے
ش سے بھر دیگی .

لکھاوٹ میں ایسا بھرپور اُردو کویتا سنگرہ آج
نکلا . کتاب 15 ستمبر تک نکل جائیگی .
د . بڑھیا کاغذ . عمدہ چھپائی . دام صرف
ہے .

تہ —
نیجر 'نیا ہند' 145، مٹھی گنج، الہ‌آباد .

पंजाब हमें क्या सिखाता है

महात्मा गांधी की सलाह से अक्तूबर सन् 1947 में पच्छिमी और पूरबी पंजाब के दौरे के बाद वहां की भयंकर बरबादी और आपसी मार काट के कारन लोगों पर जो जो मुसीबतें आईं उन का दर्दनाक वर्नन. इस छोटीसी किताब में आजकल की मुसीबतों को हल करने के लिये कुछ सुझाव भी पेश किये गए हैं. क़ीमत चार आने.

बंगाल और उससे सबक़

इस छोटी सी किताब में 1949-50 में पूरबी और पच्छिमी बंगाल के फ़िरक़ेवाराना झगड़ों पर रोशनी डाली गई है और ऐसे झगड़ों को हमेशा के लिये ख़त्म करनेकी तरकीब भी सुझाई गई है. क़ीमत सिर्फ़ दो आने.

महात्मा गांधी की वसीयत

लेखक—श्री मंज़र अली सोख़्ता

30 जनवरी को अपने देहान्त से कुछ घन्टे पहले महात्मा गांधी ने कांगरेस के जनरल सेक्रेटरी को बुला कर यह विधान दिया की वह उनकी तरफ़से उसे आल इंडिया कांगरेस कमेटी में पेश कर दें. यह छोटा सा विधान देश के नाम गांधी जी की आख़िरी वसीयत है और इसकी व्याख्या गांधी जी के परम भक्त श्री मंज़र अली सोख़्ता नेकी है जो गांधीवाद को समझने और अपनाने वाले देश के इने गिने लोगों में से एक हैं.

गांधीवाद को समझने के लिये इसका पढ़ना बहुत ज़रूरी है. 225 सफ़े की सुन्दर जिल्द बँधी किताब की क़ीमत सिर्फ़ दो रुपये.

आज के शहीद

सम्पादक—श्री रतन लाल बंसल.

उन बहादुरों की कहानियाँ जिन्होंने विदेशी हाकिमों की फैलाई फूट की आग में इनसानियत को भस्म होते देख एक छन की भी देर न की और उसे बुझाने की कोशिश में अपनी जान क़ुरबान कर दी.

हर एकता प्रेमी के पढ़ने की किताब. क़ीमत सिर्फ़ ढाई रुपया.

मुस्लिम देश भक्त

लेखक—श्री रतन लाल बंसल .

उन मुसलमान देशभक्तों के जीवन का हाल जिन्होंने अपनी जान हथेली पर रखकर हिन्दुस्तान और विदेशों में रहते हुए भारत माता को ग़ुलामी की जंजीरों से आज़ाद करने की कोशिश की. किताब बड़े दिलचस्प ढंग से लिखी गई है. क़ीमत सिर्फ़ एक रुपया बारह आने.

मिलने का पता—

मैनेजर 'नया हिन्द' 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद .

پنجاب ہمیں کیا سکھاتا ہے

مہاتما گاندھی کی صلاح سے اکتوبر سن 1947 میں پچھمی اور پورب پنجاب کے دورے کے بعد وہاں کی بھینکر بربادی اور آپسی مار کاٹ کے کارن لوگوں پر جو جو مصیبتیں آئیں اُن کا دردناک ورنن . اس چھوٹی سی کتاب میں آجکل کی مصیبتوں کو حل کرنے کے لئے کچھ سجھاؤ بھی پیش کئے گئے ہیں . قیمت چار آنے .

بنگال اور اُس سے سبق

اس چھوٹی سی کتاب میں 1949-50 میں پوربی اور پچھمی بنگال کے فرقہ وارانہ جھگڑوں پر روشنی ڈالی گئی ہے اور ایسے جھگڑوں کو ہمیشہ کے لئے ختم کرنے کی ترکیب بھی سجھائی گئی ہے . قیمت صرف دو آنے .

مہاتما گاندھی کی وصیت

لیکھک — شری منظر علی سوختہ

30 جنوری کو اپنے دیہانت سے کچھ گھنٹے پہلے مہاتما گاندھی نے کانگریس کے جنرل سکریٹری کو بلا کر یہ ودھان دیا کہ وہ ان کی طرف سے آل انڈیا کانگریس کمیٹی میں پیش کر دیں . یہ چھوٹا سا ودھان دیش کے نام گاندھی جی کی آخری وصیت ہے اور اسکی ویاکھیا گاندھی جی کے پرم بھکت شری منظر علی سوختہ نے کی ہے جو گاندھی واد کو سمجھنے اور اپنانے والے دیش کے اِنے گنے لوگوں میں سے ایک ہیں .

گاندھی واد کو سمجھنے کے لئے اِسکا پڑھنا بہت ضروری ہے . 225 صفحے کی سندر جلد بندھی کتاب کی قیمت صرف دو روپئے .

آج کے شہید

سمپادک— شری رتن لال بنسل

اُن بہادروں کی کہانیاں جنہوں نے ودیشی حاکموں کی پھیلائی پھوٹ کی آگ میں انسانیت کو بھسم ہوتے دیکھ ایک چھن کی بھی دیر نہ کی اور اسے بجھانے کی کوشش میں اپنی جان قربان کر دی .

ہر ایکتا پریمی کے پڑھنے کی کتاب . قیمت صرف ڈھائی روپیہ .

مسلم دیش بھکت

لیکھک—شری رتن لال بنسل .

اُن مسلمان دیش بھکتوں کے جیون کا حال جنہوں نے اپنی جان ہتھیلی پر رکھکر ہندستان اور ودیشوں میں رہتے ہوئے بھارت ماتا کو غلامی کی زنجیروں سے آزاد کرنے کی کوشش کی . کتاب بڑے دلچسپ ڈھنگ سے لکھی گئی ہے .

قیمت صرف ایک روپیہ بارہ آنے .

ملنے کا پتہ—

مینیجر 'نیا ہند' 145، مٹھی گنج' الہ آباد .

गीता और क़ुरान

लेखक—पंडित सुन्दरलाल

इस किताब के शुरू में दुनिया के सब बड़े बड़े धर्मों की एकता को दिखाया गया है और सब धर्मों की किताबों से हवाले दे दे कर मिलती जुलती बुनियादी सच्चाइयों को बयान किया गया है.

उसके बाद गीता के लिखे जाने के वक़्त की इस देश की हालत, गीता के बड़प्पन और एक एक अध्याय को लेकर गीता की तालीम को बतलाया गया है.

आख़िर में क़ुरान से पहले की अरब की हालत, क़ुरान के बड़प्पन और एक एक बात पर क़ुरान की तालीम को बयान किया गया है. इस में क़ुरान की पांच सौ से ऊपर आयतों का लफ़्ज़ी तरजुमा दिया गया है. यह भी बताया गया है कि क़ुरान में जेहाद, आक़बत, आख़रत, जन्नत, जहन्नम, काफ़िर वग़ैरा किसे कहा गया है.

जो लोग सब धर्मों की एकता को समझना चाहें या हिन्दू धर्म और इसलाम दोनों की इन दो अमर पुस्तकों की सच्ची जानकारी हासिल करना चाहें उन्हें इस किताब को ज़रूर पढ़ना चाहिये.

पौने तीन सौ सफ़े की सुन्दर जिल्द बँधी किताब की क़ीमत सिर्फ़ ढाई रुपया.

हिन्दू मुसलिम एकता

इस में वह चार लेक्चर जमा कर दिये गये हैं जो पंडित जी ने कन्सीलियेटरी बोर्ड ग्वालियर की दावत पर ग्वालियर में दिये थे.

सौ सफ़े की किताब. क़ीमत सिर्फ़ बारह आने.

महात्मा गांधी के बलिदान से सबक़

लेखक—पंडित सुन्दरलाल

साम्प्रदायिकता यानी फ़िरक़ापरस्ती की बीमारी पर राजकाजी, मज़हबी और इतिहासी पहलू से विचार और उसका इलाज, जिसने आख़िर में देश पिता महात्मा गांधी तक को हमारे बीच में न रहने दिया.

क़ीमत बारह आने.

मिलने का पता—
मैनेजर 'नया हिन्द' 145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद.

گیتا اور قران

لیکھک—پنڈت سندر لال

اس کتاب کےشروع میں دنیا کے سب بڑے بڑے دھرموں کی ایکتا کو دکھایا گیا ہے اور سب دھرموں کی کتابوں سے حوالے دے دے کر ملتی جلتی بنیادی سچائیوں کو بیان کیا گیا ہے .

اُسکے بعد گیتا کے لکھے جانے کے وقت کی اِس دیش کی حالت، گیتا کے بڑپن اور ایک ایک ادھیائے کو لیکر گیتا کی تعلیم کو بتلایا گیا ہے .

آخر میں قرآن سے پہلے کی عرب کی حالت، قرآن کے بڑپن اور ایک ایک بات پر قران کی تعلیم کو بیان کیا گیا ہے . اس میں قرآن کی پانچ سو سے اوپر آیتوں کا لفظی ترجمہ دیا گیا ہے یہ بھی بتایا گیا ہے کہ قرآن میں جہاد، عاقبت، آخرت، جنت، جہنم، کافر وغیرہ کسے کہا گیا ہے .

جو لوگ سب دھرموں کی ایکتا کو سمجھنا چاہیں یا ہندو دھرم اور اسلام دونوں کی ان دو امر پستکوں کی سچی جانکاری حاصل کرنا چاہیں اُنھیں اس کتاب کو ضرور پڑھنا چاہئے .

پونے تین سو صفحے کی سندر جلد بندھی کتاب کی قیمت صرف ڈھائی روپیہ .

ھندو مسلم ایکتا

اس میں وہ چار لیکچر جمع کر دئے گئے ھیں جو پنڈت جی نے کنسیلیٹری بورڈ گوالیار کی دعوت پر گوالیار میں دئے تھے .

سو صفحے کی کتاب . قیمت صرف بارہ آنے .

مہاتما گاندھی کے بلیدان سے سبق

لیکھک—پنڈت سندر لال

سامپردایکتا یعنی فرقہ پرستی کی بیماری پر راج کاجی، مذھبی اور اتہاسی پہلو سے وچار اور اُسکا علاج، جس نے آخر میں دیش پتا مہاتما گاندھی تک کو ھمارے بیچ میں نہ رھنے دیا .

قیمت بارہ آنے .

ملنے کا پتہ—
مینیجر 'نیا ھند' 145، مٹھی گنج، الہ آباد .

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी की किताबें

नीचे लिखी सब किताबें नागरी और उर्दू दोनों लिखावटों में अलग अलग मिल सकती हैं. जो किताब एक ही लिखावट में छपी है उसका ज़िकर कर दिया गया है.

दस रुपए से ज़्यादा दाम की किताबें ख़रीदने वालों और बुकसेलरों को ख़ास रिआयत दी जायगी.

डाक या रेल ख़र्च हर हालत में गाहक के ज़िम्मे होगा.

भारत का विधान

पूरा हिन्दी अनुवाद

जो 26 जनवरी सन् 1950 से सारे भारत में लागू हुआ

'भारत में अंगरेज़ी राज' के लेखक पं० सुन्दरलाल द्वारा मूल अंगरेज़ी से अनुवादित.

हर भारतवासी का फ़र्ज़ है कि जिस विधान के अधीन स्वाधीन भारत का शासन इस समय चल रहा है उसे अच्छी तरह समझ ले.

यदि आप आने वाले आम चुनाव में, जिस पर भारत का सारा भविष्य निर्भर है, समझ कर हिस्सा लेना चाहते हैं और आज़ाद भारत में अपने अधिकार समझना चाहते हैं तो ज़रूरी है कि आप इस पुस्तक को ध्यान से पढ़ लें.

आसानी के लिये किताब के आख़ीर में हिन्दी से अंगरेज़ी और अंगरेज़ी से हिन्दी साठ पन्ने की शब्दमाला दे दी गई है.

भारत के हर घर में इस पुस्तक का रहना ज़रूरी है.

आसान बामुहावरा भाशा. रायल अठपेजी बड़ा साइज़. लगभग चार सौ पन्ने. कपड़े की सुन्दर जिल्द. क़ीमत केवल साढ़े सात रुपए.

मिलने का पता—
मैनेजर, 'नया हिन्द' 145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद.

ھندستانی کلچر سوسائٹی کی کتابیں

نیچے لکھی سب کتابیں ناگری اور اُردو دونوں لکھاوٹوں میں الگ الگ مل سکتی ہیں. جو کتاب ایک ہی لکھاوٹ میں چھپی ہے اُس کا ذکر کر دیا گیا ہے.

دس روپئے سے زیادہ دام کی کتابیں خریدنے والوں اور بکسیلروں کو خاص رعایت دی جائیگی.

ڈاک یا ریل خرچ ہر حالت میں گاہک کے ذمہ ہوگا.

بھارت کا ودھان

پورا ھندی انوواد

جو 26 جنوری سن 1950 سے سارے بھارت میں لاگو ہوا.

'بھارت میں انگریزی راج' کے لیکھک پنڈت سندر لال دوارا مول انگریزی سے انووادت.

ہر بھارت واسی کا فرض ہے کہ جس ودھان کے ادھین سوادھین بھارت کا شاسن اِس سمے چل رہا ہے اُسے اچھی طرح سمجھ لے.

یدی آپ آنے والے عام چناؤ میں جس پر بھارت کا سارا بھوشیہ نربھر ہے، سمجھ کر حصہ لینا چاہتے ہیں اور آزاد بھارت میں اپنے ادھیکار سمجھنا چاہتے ہیں تو ضروری ہے کہ آپ اس پستک کو دھیان سے پڑھ لیں.

آسانی کے لئے کتاب کے آخیر میں ھندی سے انگریزی اور انگریزی سے ھندی ساٹھ پنّے کی شبد مالا دے دی گئی ہے.

بھارت کے ہر گھر میں اس پستک کا رہنا ضروری ہے.

آسان بامحاورہ بھاشا. رایل اٹھ پیجی بڑا سائز. لگ بھگ چار سو پنّے کپڑے کی سندر جلد. قیمت کیول ساڑھے سات روپئے.

ملنے کا پتہ:—
مینیجر 'نیا ھند' 145 مٹھی گنج' الہ آباد.

समझते हैं. इस से यही पता चलता है कि हमारे विधान में अभी कितना लोच बाक़ी है. लेकिन प्रेस वालों को इस सुधार से घबराना नहीं चाहिये क्योंकि अगर वह असल में जी जान से अपने बुनियादी हक़ पर लड़ने को तैयार रहेंगे तो कोई उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता.

लेकिन हमें असली दुख तीसरे पैरे की 'बी' दफ़ा को पढ़कर पहुँचा है. इस दफ़ा का वास्ता हमारे देश के माली मामलों और उद्योग धंदों से है. इसमें सरकार ने जो अख़तियार अपने हाथ में ले लिये हैं उनसे तो हमें डर है कि हमारे छोटे मोटे देहाती उद्योग धंदे जो इस वक़्त लबे-दम हालत में चल रहे हैं वह और भी चौपट हो जायंगे. आज जब हुकूमत डंके की चोट पर बिदेशी और देशी पूँजी पतियों की पीठ सहला कर काम कर रही है तो हम यह मानने से इनकार करते हैं कि वह इस दफ़ा का इस्तेमाल उनके बजाय किसी दूसरे के हक़ में करेगी. यहां यह बताने की जरूरत नहीं कि किस तरह पिछले चार बरस में हमारी आज़ाद सरकार ने एक के बाद एक देहाती धन्धों को पैरों तले दबाया है. इस दफ़ा के बन जाने पर तो हुकूमत को अपनी इस रविश को कमाल तक पहुँचाने में कोई भी अड़चन बाक़ी नहीं रह जाती. अफ़सोस कि हमारी सरकार एक तरफ़से तो विधान में सुधार कर प्रजा का हित महफ़ूज़ रखने की डींग मारती है और दूसरी तरफ़से उसको तबाह और बेहाल कर देने के क़दम उठाने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखती.

—सुरेश रामभाई

سمجھتے ھیں۔ اِس سے یہی پتہ چلتا ھے کہ ھمارے ودھان میں ابھی کتنا لوچ باقی ھے۔ لیکن پریس والوں کو اِس سدھار سے گھبرانا نہیں چاھئے کیونکہ اگر وہ اصل میں جی جان سے اپنے بنیادی حق پر لڑنے کو تیار رھینگے تو کوئی اُن کا بال بھی بانکا نہیں کر سکتا۔

لیکن ھمیں اصلی دکھ تیسرے پیرے کی 'بی' دفعہ کو پڑھکر پہنچا ھے۔ اِس دفعہ کا واسطہ ھمارے دیش کے مالی معاملوں اور اُدیوگ دھندوں سے ھے۔ اِس میں سرکار نے جو اختیار اپنے ھاتھ میں لے لئے ھیں اُن سے تو ھمیں ڈر ھے کہ ھمارے چھوٹے موٹے دیہاتی اُدیوگ دھندے جو اِس وقت لب دم حالت میں چل رھے ھیں وہ اور بھی چوپٹ ھوجائینگے۔ آج جب حکومت ڈنکے کی چوٹ پر ودیشی اور دیشی پونجی پتیوں کی پیٹھ سہلا کر کام کر رھی ھے تو ھم یہ ماننے سے اِنکار کرتے ھیں کہ وہ اِس دفعہ کا استعمال اُنکے بجائے کسی دوسرے کے حق میں کریگی۔ یہاں یہ بتانے کی ضرورت نہیں کہ کس طرح پچھلے چار برس میں ھماری آزاد سرکار نے ایک کے بعد ایک دیہاتی دھندوں کو پیروں تلے دبایا ھے۔ اِس دفعہ کے بن جانے پر تو حکومت کو اپنی اِس روش کو کمال تک پہنچانے میں کوئی بھی اڑچن باقی نہیں رہ جاتی۔ افسوس کہ ھماری سرکار ایک طرف سے تو ودھان میں سدھار کر پرجا کا ھت محفوظ رکھنے کی ڈینگ مارتی ھے اور دوسری طرف سے اُسکو تباہ اور بے حال کر دینے کے قدم اُٹھانے میں کوئی کسر باقی نہیں رکھتی۔

—سریش رام بھائی

गाहकों से—

हमारे गाहकों और दूसरे प्रेमियों ने देखा होगा कि जुलाई के महीने से 'नया हिन्द' नई शक्ल में निकलना शुरू हुआ है. जुलाई से हमारा नया साल भी शुरू होता है, और जियादातर गाहक इसी माह में बनते हैं. इसलिये हमने अपने गाहक रजिस्टर को फिर से तैयार कराया है और नए सिरे से गाहक नम्बर दिये हैं. सब भाई बहनों से अरज़ है कि अपना नया गाहक नम्बर नोट करलें और चिट्ठी पत्री के समय उसका हवाला दे दिया करें ताकि कारवाई जल्दी की जा सके.

—मैनेजर. 'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

گاھکوں سے—

ھمارے گاھکوں اور دوسرے پریمیوں نے دیکھا ھوگا کہ جولائی کے مہینے سے 'نیا ھند' نئی شکل میں نکلنا شروع ھوا ھے۔ جولائی سے ھمارا نیا سال بھی شروع ھوتا ھے اور زیادہ‌تر گاھک اِسی ماہ میں بنتے ھیں۔ اِس لئے ھم نے اپنے گاھک رجسٹر کو پھر سے تیار کرایا ھے اور نئے سرے سے گاھک نمبر دئے ھیں۔ سب بھائی بہنوں سے عرض ھے کہ اپنا نیا گاھک نمبر نوٹ کرلیں اور چٹھی پتری کے سمے اس کا حوالہ دے دیا کریں تاکہ کارروائی جلدی کی جاسکے۔

—مینیجر، 'نیا ھند'
145، مٹھی گنج، الہ‌آباد

वेधान में सुधार—

पिछले जून के महीने में नई दिल्ली में हमारी पार्लिमेंट इन्डिया यानी भारत के विधान में (जो 26 जनवरी 950 को लागू हुआ था) कुछ सुधार किये हैं और विधान (पहला सुधार) ऐक्ट, 1951" के नाम से नया ानून पास किया है. यह पूरा ऐक्ट हम इस नम्बर में दे रहे हैं. इसको हम अलग से भी छपवा रहे हैं और जिन भाई बहनों के पास हमारी किताब 'भारत का विधान' हो वह एक कारड भेजकर "विधान (पहला सुधार) ऐक्ट, 1951" हम से मंगा सकते हैं.

सरकारी हलकों का कहना है कि डेढ़ बरस के अन्दर ही विधान में सुधार की जरूरत इस वजह से पड़ गई क्योंकि जनहित के जो बहुत से काम देश की या प्रदेशों की सरकारें करना चाहती थीं उनमें कानूनी तौर से रुकावटें पड़ीं, जैसे जमींदारी-ख़त्म-हो कानून बहुत सी जगह पास हो चुके थे मगर कई हाई कोर्टों ने विधान की रोशनी में उस कानून को बेजा ठहराया. इसी तरह से बोलने और विचार ज़ाहिर करने की आज़ादी के बहाने देश के ख़िलाफ़ ज़बानी और प्रेस में गन्दा प्रचार किया जाने लगा. ऐसी छोटी बड़ी ख़ामियों को दुरुस्त करने के लिये यह सुधार ऐक्ट बनाया गया.

इस सुधार ऐक्ट में 14 पैरे हैं, जिनमें 3, 4 और 5 ख़ास अहमियत रखते हैं. बाक़ी तो राजपंचायत, सदन की बैठकों को बुलाने, भंग करने के सिलसिले में राजपति, रियासत पति या राज प्रमुख के हक़, विदेशी जज के नियो- जन, पिछड़ी हुई जमातों की बहतरी वग़ैरा से ताल्लुक़ रखते हैं और जिन पर किसी को कोई एतराज़ नहीं होगा. चौथे और पांचवें का ताल्लुक़ ज़मींदारी-ख़त्म-हो क़ानून की दफ़ाओं से है जिन से जनहित को कोई नुक़सान नहीं होने वाला है और जिन का हम स्वागत करते हैं.

सबसे ज़्यादा बहस तलब तीसरा पैरा है जो विधान की दफ़ा 19 में सुधार है. इसके पहले हिस्से को हिन्दुस्तान के अख़बार वालों ने अपने बुनियादी अधिकार पर एक ज़बरदस्त चोट महसूस किया और सारे प्रेस में इसकी गूँज रही. हकूमत की तरफ़ से प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और घर मंत्री श्री राजगोपालाचार्य ने इस सुधार को जायज़ और लाज़मी बताया. हमें हंसी इस बात पर आती है कि जो अख़बार वाले इस सुधार के ख़िलाफ़ ज़ियादा शोर मचाते हैं और प्रेस की आज़ादी के अलम बरदार बनते हैं वही अमली शकल में खुले तौर पर इसके सब से बड़े दुशमन हैं. इसका यह मतलब नहीं कि हम इस सुधार को मुनासिब और बेहतरी लाने वाला

ودھان میں سدھار —

پچھلے جون کے مہینے میں نئی دلی میں ہماری پارلیمنٹ نے انڈیا یعنی بھارت کے ودھان میں (جو 26 جنوری 1950 کو لاگو ہوا تھا) کچھ سدھار کئے ہیں اور "ودھان (پہلا سدھار) ایکٹ، 1951" کے نام سے نیا قانون پاس کیا ہے. یہ پورا ایکٹ ہم اس نمبر میں دے رہے ہیں. اسکو ہم الگ سے بھی چھپوا رہے ہیں اور جن بھائی بہنوں کے پاس ہماری کتاب 'بھارت کا ودھان' ہو وہ ایک کارڈ بھیج کر "ودھان (پہلا سدھار) ایکٹ، 1951" ہم سے منگا سکتے ہیں

سرکاری حلقوں کا کہنا ہے کہ ڈیڑھ برس کے اندر ہی ودھان میں سدھار کی ضرورت اِس وجہ سے پڑ گئی کیونکہ جن ہت کے جو بہت سے کام دیش کی یا پردیشوں کی سرکاریں کرنا چاہتی تھیں ان میں قانونی طور سے رکاوٹیں پڑیں، جیسے زمینداری ختم ہو قانون بہت سی جگہ پاس ہو چکے تھے مگر کئی ہائی کورٹوں نے ودھان کی روشنی میں اُس قانون کو بیجا ٹھہرایا. اسی طرح سے بولنے اور وچار ظاہر کرنے کی آزادی کے بہانے دیش کے خلاف زبانی اور پریس میں گندہ پرچار کیا جانے لگا. ایسی چھوٹی بڑی خامیوں کو درست کرنے کے لئے یہ سدھار ایکٹ بنایا گیا.

اِس سدھار ایکٹ میں 14 پیرے ہیں، جن میں 3، 4 اور 5 خاص اہمیت رکھتے ہیں. باقی تو راج پنچایت، سدن کی بیٹھکوں کو بلانے، بھنگ کرنے کے سلسلے میں راج پتی، ریاست پتی یا راج پرمکھ کے حق، ودیشی جج کے نیوجن، پچھڑی ہوئی جماعتوں کی بہتری وغیرہ سے تعلق رکھتے ہیں اور جن پر کسی کو کوئی اعتراض نہیں ہوگا. چوتھے اور پانچویں کا تعلق زمینداری ختم ہو قانون کی دفعوں سے ہے جن سے جن ہت کو کوئی نقصان نہیں ہونے والا ہے اور جن کا ہم سواگت کرتے ہیں

سب سے زیادہ بحث طلب تیسرا پیرا ہے جو ودھان کی دفعہ 19 میں سدھار ہے. اِسکے پہلے حصے کو ہندستان کے اخبار والوں نے اپنے بنیادی ادھیکار پر ایک زبردست چوٹ محسوس کیا اور سارے پریس میں اِسکی گونج رہی. حکومت کی طرف سے پردھان منتری پنڈت جواہر لال نہرو اور گھر منتری شری راج گوپالا چاریہ نے اِس سدھار کو جائز اور لازمی بتایا. ہمیں ہنسی اس بات پر آتی ہے کہ جو اخبار والے اِس سدھار کے خلاف زیادہ شور مچاتے ہیں اور پریس کی آزادی کے علم بردار بنتے ہیں وہی عملی شکل میں کھلے طور پر اِسکے سب سے بڑے دشمن ہیں. اِس کا یہ مطلب نہیں کہ ہم اِس سدھار کو مناسب اور بہتری لانے والا

जुलाई के आखिरी हफ्ते में दिल्ली में इस कमीशन के सलाहकार बोर्ड की बैठक हुई थी. उसमें नायब सद्र ने बड़ी एहतियात से समझाया कि यह प्लानिंग असल में कोई प्लानिंग ही नहीं है. और बताया कि इस रिपोर्ट में आज की मौजूदा हालत में कुछ अच्छे नतीजे निकालने के ख़याल से कौन से तौर तरीक़े इस्तेमाल किये जायँ इसकी सिर्फ़ झलक दी गई है. कमीशन ने समाज में क्रांति पैदा करने की डींग नहीं मारी है और न ऐसी कोई जीवन मान बदलने की कोशिश की है जिसके कारन आज के समाज के, कम से कम ऊँचे दरजे के लोगों को अपना आराम का जीवन छोड़ना पड़े.

इस रिपोर्ट पर सरसरी निगाह दौड़ाने से ही यह पता चल जायगा कि हमारा दावा सही है. यह सचमुच कोई प्लानिंग ही नहीं है. इस मोटी किताब में बहुत सी इक्की दुक्की आज़ाद योजनाएँ हैं. उनका एक दूसरे से कोई सम्बन्ध नहीं दिखाई देता. इनमें ,से कुछ में साम्राजवादी बू आती है, कुछ में समाजवाद की, कुछ में गांधीवादी होने का स्वांग है और कुछ तो क़रीब क़रीब समाजवादियों जैसी ही हैं. विचार और मक़सद का ताल मेल कहीं नज़र नहीं आता. ऐसा साफ़ दिखाई देता है कि हर एक योजना में ख़ास ख़ास हितों के दबाव में आकर उनके फ़ायदों को धक्का नहीं लगाया गया है. यह रिपोर्ट क्या बल्कि जुदा जुदा हितों के अपना उल्लू सीधा करने की की गई कोशिशों का हैरतनाक तमाशा है और कमीशन के मेम्बर अलग अलग मुक़ामों पर की गई इन कोशिशों के दबाव में आए हुए मालूम होते हैं.

राष्ट्र के सामने जो प्लानिंग रखा जाता है वह उसे एक मक़सद की तरफ़ ले जाने वाला होना चाहिये, फिर वह मक़सद चाहे भौतिकवादी हो, चाहे नैतिक, चाहे समाजी या रूहानी. ऐसा जब तक नहीं होता तब तक लोग उसको जोश से नहीं मंज़ूर कर सकते. और लोगों का उसका जोश से स्वागत किये बिना वह प्लानिंग अमल में भी नहीं आ सकता इसलिये जीवन का मक़सद क्या हो इसका इस रिपोर्ट में कोई ज़िक्र न होने की कमी को अगर जल्दी ही पूरा न किया गया तो इसके तैयार करने की सारी मेहनत बेकार जायगी.

हमें बताया गया है कि इस 'प्लानिंग' रिपोर्ट को पक्का करने के पहले पार्लिमेन्ट में ग़ौर करने के लिये पेश किया जायगा. हमें आशा है कि यह मक़सद की कमी वहाँ दूर कर दी जायगी और उसका स्वरूप ऐसा कर दिया जायगा कि वह एक मुनासिब और जोशीली या जानदार चीज़ बन जायगी. आज का उसका स्वरूप बेकार सा ही है.

('ग्राम उद्योग पत्रिका' से) —जे. सी कुमारप्पा

جولائی کے آخری ہفتے میں دلی میں اِس کمیشن کے صلاح کار بورڈ کی بیٹھک ہوئی تھی. اُس میں نائب صدر نے بڑی احتیاط سے سمجھایا کہ یہ پلاننگ اصل میں کوئی پلاننگ ہی نہیں ہے. اور بتایا کہ اِس رپورٹ میں آج کی موجودہ حالت میں کچھ اچھے نتیجے نکلنے کے خیال سے کون سے طور طریقے استعمال کئے جائیں اِسکی صرف جھلک دی گئی ہے. کمیشن نے سماج میں کرانتی پیدا کرنے کی ڈینگ نہیں ماری ہے اور نہ ایسی کوئی جیون مان بدلنے کی کوشش کی ہے جس کے کارن آج کے سماج کے کم سے کم اونچے درجے کے لوگوں کو اپنا آرام کا جیون چھوڑنا پڑے.

اِس رپورٹ پر سرسری نگاہ دوڑانے سے ہی یہ پتہ چل جائیگا کہ ہمارا دعوا صحیح ہے. یہ سچ مچ کوئی پلاننگ ہی نہیں ہے. اس موٹی کتاب میں بہت سی اِکی دکی آزاد یوجنائیں ہیں. اُن کا ایک دوسرے سے کوئی سمبندھ نہیں دکھائی دیتا. اِن میں سے کچھ میں سامراج وادی بو آتی ہے کچھ میں سماج واد کی کچھ میں گاندھی وادی ہونے کا سوانگ ہے اور کچھ تو قریب قریب سماج وادیوں جیسی ہی ہیں. وچار اور مقصد کا تال میل کہیں نظر نہیں آتا. ایسا صاف دکھائی دیتا ہے کہ ہر ایک یوجنا میں خاص خاص ہتوں کے دباو میں آکر اُنکے فائدوں کو دھکا نہیں لگایا گیا ہے. یہ رپورٹ کیا بلکہ جدا جدا ہتوں کے اپنا اُلو سیدھا کرنے کی کی گئی کوششوں کا حیرت ناک تماشہ ہے اور کمیشن کے ممبر الگ الگ مقاموں پر کی گئی ان کوششوں کے دباو میں آئے ہوئے معلوم ہوتے ہیں.

راشٹر کے سامنے جو پلاننگ رکھا جاتا ہے وہ اُسے ایک مقصد کی طرف لے جانے والا ہونا چاہئیے پھر وہ مقصد چاہے ماتی وادی ہو چاہے نیتک چاہے سماجی یا روحانی. ایسا جب تک نہیں ہوتا تب تک لوگ اُسکو جوش سے نہیں منظور کر سکتے. اور لوگوں کا اُس کا جوش سے سواگت کئے بنا وہ پلاننگ عمل میں بھی نہیں آسکتا. اِسلئے جیون کا مقصد کیا ہو اِس کا اِس رپورٹ میں کوئی ذکر نہ ہونے کی کمی کو اگر جلدی ہی پورا نہ کیا گیا تو اسکے تیار کرنے کی ساری محنت بیکار جائے گی.

ہمیں بتایا گیا ہے کہ اس 'پلاننگ' رپورٹ کو پکا کرنے کے پہلے پارلیمنٹ میں غور کرنے کے لئے پیش کیا جائے گا. ہمیں آشا ہے کہ یہ مقصد کی کمی وہاں دور کر دی جائے گی اور اُسکا سروپ ایسا کر دیا جائے گا کہ وہ ایک مناسب اور جوشیلی یا جاندار چیز بن جائیگی آج کا اُسکا سروپ بیکار سا ہی ہے.

('گرام اُدیوگ پتریکا' سے) — جے. سی. کمارپپا

याय मांगी, चूँकि उनमें से किसी ने कोई जवाब नहीं दिया, इसलिये मुझे यही मानना चाहिये कि इस बहन की शिकायत सही है.

प्रयाग महिला विद्यापीठ एक पुरानी संस्था है और मैं समझता हूँ कि इसके चलाने में उत्तर प्रदेश के कुछ ख़ास नेताओं और साहित्य अदब वालों का भी हाथ है. इसकी आचार्या हिन्दी की मशहूर कवयित्री हैं. मैं आशा करता हूँ कि परीक्षा लेने वाले के बे इज़्ज़ती के अमल से बहन मुख़्तार बेगम सिद्दीक़ी के मन को जो धक्का लगा होगा, उसकी ठीक कल्पना वह करती होंगी.

यह बहन जिस विद्यालय से परीक्षा के लिये आईं, उसके क़ायम करने वालों ने अपनी संस्था के नाम के साथ पूज्य कस्तूर बा का नाम जोड़ा है. मालूम नहीं, अपने एक विद्यार्थी के साथ किये गए इस बुरे तर्ज़े अमल पर उन्होंने क्या किया है. अगर वह इस बे इज़्ज़ती को चुपचाप सहते हैं, तो बेहतर होगा कि वह कस्तूरबा का नाम अपनी संस्था के नाम से हटा दें. जब तक उनके विद्यार्थी की इस बे इज़्ज़ती की सही भर पाई नहीं होती, और व्योहार की बराबरी और परीक्षा में इन्साफ़ किये जाने का इतमिनान नहीं मिलता, तब तक उन्हें अपने विद्यार्थियों को इस महिला विद्यापीठ की परीक्षाओं के लिये नहीं भेजना चाहिये.

घटना मामूली दिख सकती है. ऐसा महसूस हो सकता है कि एक लायक़ लेकिन कुछ पुराने ख़याल वाले इम्तहान लेने वाले से एक मामूली छोटी लड़की की कुछ बे इज़्ज़ती हुई है, इसमें उसकी इतनी ज़्यादा चरचा करने की क्या ज़रूरत है? लेकिन इन घटनाओं को छोटा मानने के ख़याल में ही जोखम भरा है. यह मामूली सी दिखने वाली बदतमीज़ी एक ख़ौफ़नाक रोग की शुरुआत हो सकती है.

यह घटना उत्तर प्रदेश की राजधानी में हुई है. इससे उसे और भी ज़्यादा बड़ाई मिल जाती है. इस से लोगों में चालू इस धारना को बल मिलता है कि उत्तर प्रदेश के नेता और वहां की हकूमत पिछ घसीटू फ़िरक़ा बन्दी की तरफ़ झुक रहे हैं. इन्हीं छोटी घटनाओं से बाद में धर्म की जगहों को ख़राब करने, उन पर ज़बरदस्ती अपना क़ब्ज़ा कर लेने और फ़िरक़ेवाराना दंगे वग़ैरा के रुजहानों की शुरुआत होती है.

—किशोरलाल मशरूवाला

योजना या खिलवाड़—

بن گیا. کالج کے دنوں میں جے دیال جی نے ہی پرتھوی راج کو اسٹیج پر اتارا اور اس میں چھپی قابلیت کی سراہنا کی. پرتھوی راج آج ہندستانی فلمی دنیا کا سب سے اونچا کلاکار ہے اور نئے ڈراما جگت کا اسے نرماتا کہنا بھی اچت ہے. پرتھوی نے پروفیسر صاحب کو دعوت دے رکھی تھی کہ وہ آکر اپنے پرانے شاگرد کی کامیابیوں کی سراہنا کریں اور ناکامیوں کو بتائیں. حیدرآباد میں جب پرتھوی تھیٹرس اپنا پردرشن کر رہا تھا تب پروفیسر صاحب وہاں پہنچ گئے. پھر ساتھ ہی ساتھ ان لوگوں نے حیدرآباد، میسور، کولھا پور اور بمبئی وغیرہ کا دورہ کیا. پروفیسر جے دیال نے اس دورے کے سارے پروگرام کو ڈائری کی صورت میں لکھ ڈالا. اس ڈائری میں ان جگہوں کا اچھا پریچے ملتا ہے جہاں جہاں اس تھیٹر نے دورہ کیا تھا. پرتھوی راج کے ڈراموں — غدار، دیوار، آہوتی اور شکنتلا — کے بارے میں بھی اس کتاب سے جانکاری ملتی ہے. پرتھوی راج اور اسکی کلا پر ان پنوں میں کافی اچھی روشنی ڈالی گئی ہے. پرتھوی تھیٹرس کے کلاکاروں میں سجن، راجکپور، زہرہ، سیتادیوی وغیرہ کے بارے میں بھی اس کتاب میں جانکاری ملتی ہے. کتاب کے آخیر میں پرتھوی راج، اسکے کٹمب اور پرتھوی تھیٹرس کے لوگوں کی تصویریں دی ہوئی ہیں.

یہ کتاب اس آدمی نے لکھی ہے جو نہ کیول ناٹک کلا کا جانکار ہے بلکہ پرتھوی راج کو بھی خوب جانتا ہے. اس لئے پرتھوی راج اور اسکی کلا کی سندرتا اور منشا کو سمجھنے کے لئے یہ کتاب اچھا سادھن ہے.

—مجیب رضوی

رچناتمک کاریہ کرم

لیکھک—مہاتما گاندھی. انوادک—کاشی ناتھ ترویدی.
نکالنے والے—نوجیون پرکاشن مندر، احمدآباد.
صفحے—پچاس. دام چھ آنے.

یہ پچاس صفحے کی کتاب گاندھی جی نے سن '45 میں لکھی تھی. نوجیون پریس نے اب اس کو تیسری بار چھاپا ہے اور چھ آنے دام رکھے ہیں. یہ کتاب آج اتنی ہی نئی ہے جتنی سن '45 میں تھی. کتاب کے انت میں 27 جنوری سن '48 کے 'ہریجن' سے 'کانگریس کا استھان اور کام' لیکھ لے کر دے دینے سے یہ کتاب اور بھی کام کی بن گئی ہے. اس سے یہ پتہ چلتا ہے کہ گاندھی جی کانگریس سے کیا چاہتے تھے؟ یہ سب کے کام کی کتاب ہے اور انہیں تو اسے بہت دھیان سے پڑھنا چاہئے جن کے ہاتھ میں کانگریس کی باگ ڈور ہے.

—بھ.

आजकल के ज़माने में अब विदेशी माल और मिलों का दौर दौरा है और सारे अखबार उसी का राग अलापते हैं, 'चरखे के आदर्श' को लेकर चलने वाला अंगरेज़ी ज़बान में एक नया अखबार निकालना हिम्मत और तारीफ़ का काम है. हम भी यह अच्छी तरह जानते हैं कि आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों चरखे का ज़माना फिर से आने वाला है और हिन्दुस्तान ही नहीं सारा आलम इस पर बलिहारी होगा.

अखबार के कवर पर ही महात्मा जी की लिखावट में 1944 का लिखा उनका एक अमर संदेसा है—"सच्चे बनो, नेक बनो और निडर बनो"—जो हम सभी लोगों और अखबार वालों के समझने बूझने और अपनाने की चीज़ है, ख़ास तौर से इस कसौटी के मौक़े पर.

यह अखबार इसी जुलाई से निकलना शुरू हुआ है. हमारे सामने पहला ही नम्बर है जिसमें आचार्य विनोबा भावे, श्री किशोर लाल भाई, कुमारप्पा जी और जाजू जी वग़ैरा के सार भरे और बेहतरीन लेख हैं. जगह जगह महात्मा जी की बानी पिरो दी गई है जिससे चीज़ की रौनक़ बढ़ जाती है. हमें उम्मीद है कि अपने अच्छे लेखों और सुलझे हुए विचारों से 'खादी वर्ल्ड' खादी और ग्राम योग यानी गाँवों के यानी हिन्दुस्तान के सच्चे स्वरूप को पेश करके सब की असली सेवा करेगा.

इस मंहगाई के ज़माने में भी इसका सालाना चन्दा तीन रुपए जैसी छोटी रक़म है. हमारी सिफ़ारिश है कि अंगरेज़ी समझने वाले सभी लोग जिन्हें उद्योग धन्दों या अर्थ शास्त्र से दिलचस्पी है या रचनात्मक काम पसंद है इसे अपनाएं और चाहे वह भले मिल व कारखाने के तरफ़दार हों फिर भी तसवीर के दूसरे रुख़ पर निगाह डालें. हिन्दुस्तान के हर स्कूल और कालिज लायब्रेरी में इसका पहुंचना लाज़मी तौर पर फ़ायदा पहुंचाएगा.

—सुरेश रामभाई

आई गो साउथ विद पृथ्वी राज ऐंड हिज़ पृथ्वी थेटर्स.

लिखने वाले—प्रोफ़ेसर जयदयाल.

निकालने वाले—पृथ्वी थेटर्स पब्लीकेशन्स, बम्बई 4.

भाषा अंगरेज़ी, साइज़ डिमाई अठ पेजी, सफ़ा 80, क़ीमत पांच रुपए आठ आने.

यह किताब प्रोफ़ेसर जयदयाल की डायरी है. प्रोफ़ेसर साहब पृथ्वी राज के गुरू भी हैं और दोस्त भी. इन्हीं की सलाह से पृथ्वी ने अभिनयकला को पढ़ा और बड़ा कलाकार

آجکل کے زمانے میں جب ودیشی مال اور ملوں کا دور دورہ ہے اور سارے اخبار اسی کا راگ الاپتے ہیں' 'چرخے کے آدرش' کو لیکر چلنے والا انگریزی زبان میں ایک نیا اخبار نکالنا ہمت اور تعریف کا کام ہے. ہم بھی یہ اچھی طرح جانتے ہیں کہ آج نہیں تو کل' کل نہیں تو پرسوں چرخے کا زمانہ پھر سے آنے والا ہے اور ہندستان ہی نہیں سارا عالم اس پر بلیہاری ہوگا

اخبار کے کور پر ہی مہاتما جی کی لکھاوٹ میں 1944 کا لکھا اُنکا ایک امر سندیسہ ہے—"سچے بنو نیک بنو اور نڈر بنو"—جو ہم سبھی لوگوں اور اخبار والوں کے سمجھنے بوجھنے اور اپنانے کی چیز ہے' خاص طور سے اس کسوٹی کے موقع پر.

یہ اخبار اِسی جولائی سے نکلنا شروع ہوا ہے. ہمارے سامنے پہلا ہی نمبر ہے جسمیں آچاریہ ونوبا بھاوے' شری کشورلال بھائی' کمارپا جی اور جاجو جی وغیرہ کے سار بھرے اور بہترین لیکھ ہیں. جگہ جگہ مہاتما جی کی بانی پرودی گئی ہے جس سے چیز کی رونق بڑھ جاتی ہے. ہمیں اُمید ہے کہ اپنے اچھے لیکھوں اور سُلجھے ہوئے وچاروں سے 'کھادی ورلڈ' کھادی اور گرام ادیوگ یعنی گاؤں کے یعنی ہندستان کے سچے سروپ کو پیش کرکے سب کی اصلی سیوا کریگا.

اس مہنگائی کے زمانے میں بھی اسکا سالانہ چندہ تین روپے جیسی چھوٹی رقم ہے. ہماری سفارش ہے کہ انگریزی سمجھنے والے سبھی لوگ جنہیں ادیوگ دھندوں یا ارتھ شاستر سے دلچسپی ہے یا رچناتمک کام پسند ہے اسے اپنائیں اور چاہے وہ بھلے مل و کارخانے کے طرفدار ہوں پھر بھی تصویر کے دوسرے رخ پر نگاہ ڈالیں. ہندستان کے ہر اسکول اور کالج لائبریری میں اِسکا پہونچنا لازمی طور پر فائدہ پہونچائیگا.

— سریش رام بھائی

آئی گو ساؤتھ ود پرتھوی راج اینڈ ہز پرتھوی تھیٹرس

لکھنے والے — پروفیسر جے دیال. نکالنے والے—پرتھوی تھیٹرس پبلیکیشنس' بمبئی 4.

بھاشا انگریزی' سائز ڈیمائی اٹھ پیجی' صفحہ 80' قیمت پانچ روپے آٹھ آنے.

یہ کتاب پروفیسر جے دیال کی ڈائری ہے. پروفیسر صاحب پرتھوی راج کے گرو بھی ہیں اور دوست بھی. ان کی صلاح سے پرتھوی نے ابھینے کلا کو پڑھا اور بڑا کلا کار

2. कुछ लेख ऐसे हैं जो महात्मा जी के लिखे नहीं हैं, बल्कि, जैसे लेख नम्बर 146, 169 स्वर्गीय महादेव भाई या प्यारे लाल जी या किसी और के क़लम से हैं. यह बात ज़ाहिर हो जानी चाहिये थी.

तीसरी चीज़ एक सुझाव के तौर पर यह कहना चाहते हैं कि लेखों पर उन अख़बारों की तारीख़ें दी हुई हैं जिनमें वह छपे, न कि वह जिन तारीख़ों पर महात्मा जी ने उन्हें अपने क़लम से लिखा या स्पीच में कहा. अगर अगले एडिशन में ऐसा हो सके तो और भी अच्छा होगा.

—सुरेश रामभाई

बेसिक एजुकेशन

लेखक—महात्मा गांधी.

लिखावट—अंगरेज़ी.

सफ़ा—113. दाम—डेढ़ रुपया.

निकालने वाले — नवजीवन पबलिशिंग हाउस, अहमदाबाद.

'सत्याग्रह' वाली किताब की तरह इसमें महात्मा जी के नई तालीम सम्बन्धी लेख भाई भारतन कुमारप्पा ने जमा किये हैं. जो शिकायतें हमें उस किताब के बारे में रही वही इसके बारे में भी हैं. जनवरी सन् 1945 में होने वाली नई तालीम कान्फ़रेन्स में महात्मा जी की दी हुई मार्के की स्पीच का इसमें कहीं ज़िकर ही नहीं है, जिसमें उन्होंने कहा था कि नई तालीम वालों की हालत उन लोगों की सी है जिनकी नाव अथाह और असीम समुन्दर पर बह रही है जिसे सिवाय भगवान रूपी ध्रुव तारे के कोई दूसरा सहारा नहीं है.

किताब के एक एक सफ़े से पता चलता है कि देश की तालीम के सवाल के बारे में कितनी ज़बरदस्त आग महात्मा जी के सीने में धधकती रहती थी और वह नई तालीम को कितना ज़रूरी समझते थे. सचमुच उन्होंने अपने कुल तामीरी काम को राष्ट्र की नई तालीम बताया है.

तालीम में और महात्मा गांधी के विचारों में दिलचस्पी रखने वाले हर भाई बहन के पास यह किताब रहनी चाहिये.

—सुरेश रामभाई

खादी वर्ल्ड

सम्पादक—भाई एन. रामस्वामी.

लिखावट—अंगरेज़ी.

सालाना चन्दा—तीन रुपए.

निकालने वाले—चर्खा संघ की तामिलनाद शाखा, ख़द्दर मलार और सर्वोदय प्रचारालयम तीरूपुर (साउथ इन्डिया रेलवे).

2. کچھ لیکھ ایسے ھیں جو مہاتما جی کے لکھے نہیں ھیں، بلکہ، جیسے لیکھ نمبر 146، 169 سورگیہ مہادیو بھائی یا پیارے لال جی یا کسی اور کے قلم سے ھیں. یہ بات ظاھر ھو جانی چاھئے تھی.

تیسری چیز ایک سجھاؤ کے طور پر یہ کہنا چاھتے ھیں کہ لیکھوں پر اُن اخباروں کی تاریخیں دی ھوئی ھیں جن میں وہ چھپے، نہ کہ وہ جن تاریخوں پر مہاتما جی نے اُنہیں اپنے قلم سے لکھا یا اسپیچ میں کہا. اگر اگلے ایڈیشن میں ایسا ھو سکے تو اور بھی اچھا ھوگا.

— سریش رام بھائی

بیسک ایجوکیشن

لیکھک — مہاتما گاندھی.

لکھاوٹ — انگریزی.

صفحے — 113 دام — ڈیڑھ روپیہ.

نکالنے والے — نوجیون پبلشنگ ھاؤس، احمدآباد.

'ستیاگرہ' والی کتاب کی طرح اس میں مہاتما جی کے نئی تعلیم سمبندھی لیکھ بھائی بھارتن کماریپا نے جمع کئے ھیں. جو شکایتیں ھمیں اس کتاب کے بارے میں رھیں وھی اسکے بارے میں بھی ھیں. جنوری سن 1945 میں ھونے والی نئی تعلیم کانفرنس میں مہاتما جی کی دی ھوئی معرکے کی اسپیچ کا اس میں کہیں ذکر ھی نہیں ھے، جسمیں اُنھوں نے کہا تھا کہ نئی تعلیم والوں کی حالت اُن لوگوں کی سی ھے جنکی ناؤ اتھاہ اور اسیم سمندر پر بہہ رھی ھے جسے سوائے بھگوان روپی دھرو تارے کے کوئی دوسرا سہارا نہیں ھے.

کتاب کے ایک ایک صفحے سے پتہ چلتا ھے کہ دیش کی تعلیم کے سوال کے بارے میں کتنی زبردست آگ مہاتما جی کے سینے میں دھدکتی رھتی تھی اور وہ نئی تعلیم کو کتنا ضروری سمجھتے تھے. سچ مچ انہوں نے اپنے کل تعمیری کام کو راشٹر کی نئی تعلیم بتایا ھے.

تعلیم میں اور مہاتما گاندھی کے وچاروں میں دلچسپی رکھنے والے ھر بھائی بہن کے پاس یہ کتاب رہنی چاھئے.

— سریش رام بھائی

کھادی ورلڈ

سمپادک — بھائی این رام سوامی.

لکھاوٹ — انگریزی.

سالانہ چندہ — تین روپئے.

نکالنے والے — چرخا سنگھ کی تامل ناد شاکھا کھدر اور سروودے پر چارالئم تیرو پور (ساؤتھ انڈیا ریلوے).

किताब बिकेगी तो खूब और अजब नहीं इसी साल में इस का दूसरा एडीशन छापना पड़े, पर यह किसी के मन पर गहरा असर छोड़ जायगी, इसमें हमें शक है. हो सकता है, कोई चलते चलते रेल में किसी से यह किताब मांग कर पढ़ ले और तीसरे हिस्से की एक दो घटनाएँ पढ़ने के बाद वह किताब उससे वापस ले ली जाय तो कोई गहरा असर उसके मन पर रह जाय और किताब की ग़रज़ पूरी कर दे.

—भ.

सत्याग्रह

लेखक—महात्मा गांधी, लिखावट—अंगरेज़ी.

सफ़े—406, दाम—साढ़े चार रुपए.

निकालने वाले—नवजीवन पबलिशिंग हाउस, अहमदाबाद.

अहमदाबाद का नवजीवन प्रकाशन मन्दिर जुदा जुदा मज़मूनों पर महात्मा गांधी के लेखों का संग्रह सस्ते दामों में छाप कर दुनिया की और दुनिया के साहित्य की अच्छी सेवा कर रहा है. 'सत्याग्रह' नाम की किताब में महात्मा जी के सत्याग्रह से ताल्लुक़ रखने वाले 183 लेख, जो उन्होंने दक्खिन अफ़्रीक़ा के अपने अख़बार 'इन्डियन ओपीनयन' और फिर हिन्दुस्तान में 'यंग इन्डिया', 'हरिजन' वग़ैरा में 1904 से लेकर 1946 तक लिखे थे, दिये गए हैं. जमा करने की मेहनत का काम भाई भारतन कुमारप्पा ने किया है जिन्होंने नवजीवन की ख़ातिर इस तरह की और चीज़ें भी तैयार की हैं.

किताब को ग्यारह हिस्सों में बांटा गया है जिनसे सत्याग्रह के सभी पहलुओं पर अच्छी रोशनी पड़ती है.

'सत्याग्रह' और 'सर्वोदय'—यह दो लफ़्ज़ महात्मा जी की ईजाद हैं. सर्वोदय उनकी ज़िन्दगी का मक़सद था और सत्याग्रह उसको पाने का साधन. लेकिन मक़सद मक़सद है, दूर की चीज़ है, साधन अपनी चीज़ है, अपने करने की और काफ़ी हद तक अपने बस की चीज़ है. इसलिये उस पर महात्मा जी जैसे सत्याग्रही के विचार पढ़ने लायक़ ही नहीं, सोचने और फिर समझ बूझकर अमल करने लायक़ हैं. यह किताब रतनों का खान है जिसमें जो जितना गहरा उतरेगा उतना ही ज़्यादा पाएगा.

लेख जमा करने के बारे में दो बातें हम कहना चाहते हैं—

1. इस सिलसिले के कुछ लेख ज़रूर इसमें देने से रह गए हैं. हमें ख़ास तौर से महात्मा जी के उस लेख की याद आ रही है जो उन्होंने 'दि ग्रेट सैन्टीनल' नाम से गुरुदेव रवीन्द्र नाथ के एक लेख के जवाब लिखा था.

کتاب بکے گی تو خوب اور عجب نہیں اسی سال میں اِس کا دوسرا ایڈیشن چھاپنا پڑے، پر یہ کسی کے من پر گہرا اثر چھوڑ جائیگی، اس میں ہمیں شک ہے. ہو سکتا ہے، کوئی چلتے چلتے ریل میں کسی سے یہ کتاب مانگ کر پڑھ لے اور تیسرے حصے کی دو گھٹنائیں پڑھنے کے بعد وہ کتاب اُس سے واپس لے لی جائے تو کوئی گہرا اثر اسکے من پر رہ جائے اور کتاب کی غرض پوری کر دے.

—بھ

ستیا گرہ

لیکھک—مہاتما گاندھی، لکھاوٹ—انگریزی

صفحے—406، دام—ساڑھے چار روپے

نکالنے والے—نوجیون پبلشنگ ہاؤس، احمدآباد.

احمدآباد کا نوجیون پرکاشن مندر جدا جدا مضمونوں پر مہاتما گاندھی کے لیکھوں کا سنگرہ سستے داموں میں چھاپ کر دنیا کی اور دنیا کے ساہتیہ کی اچھی سیوا کر رہا ہے. 'ستیا گرہ' نام کی کتاب میں مہاتما جی کے ستیاگرہ سے تعلق رکھنے والے 183 لیکھ، جو انھوں نے دکھن افریقہ کے اپنے اخبار 'انڈین اوپینین' اور پھر ہندستان میں 'ینگ انڈیا' 'ہریجن' وغیرہ میں 1904 سے لیکر 1946 تک لکھے تھے، دئے گئے ہیں. جمع کرنے کی محنت کا کام بھائی بھارتن کمارپا نے کیا ہے جنھوں نے نوجیون کی خاطر اس طرح کی اور چیزیں بھی تیار کی ہیں.

کتاب کو گیارہ حصوں میں بانٹا گیا ہے جن سے ستیا گرہ کے سبھی پہلوؤں پر اچھی روشنی پڑتی ہے.

'ستیا گرہ' اور 'سروودے'— یہ دو لفظ مہاتما جی کی ایجاد ہیں. سروودے ان کی زندگی کا مقصد تھا اور ستیا گرہ اسکو پانے کا سادھن. لیکن مقصد مقصد ہے، دور کی چیز ہے، سادھن اپنی چیز ہے، اپنے کرنے کی اور کافی حد تک اپنے بس کی چیز ہے. اس لئے اس پر مہاتما جی جیسے ستیا گرہی کے وچار پڑھنے لائق ہی نہیں، سوچنے اور پھر سمجھ بوجھ کر عمل کرنے لائق ہیں. یہ کتاب رتنوں کا کھان ہے جسمیں جو جتنا گہرا اتریگا اتنا ہی زیادہ پائیگا.

لیکھ جمع کرنے کے بارے میں دو باتیں ہم کہنا چاہتے ہیں.

1. اس سلسلے کے کچھ لیکھ ضرور اس میں دینے سے رہ گئے ہیں. ہمیں خاص طور سے مہاتما جی کے اس لیکھ کی یاد آرہی ہے جو انہوں نے 'دی گریٹ سینٹینل' نام سے گرودیو رابندرناتھ کے ایک لیکھ کے جواب میں لکھا تھا.

यह किताब हर हिन्दी जानने वाले के घर में रहनी चाहिये. क्योंकि इस में साहित्य के उस खज़ाने का पता दिया गया है जो हिन्दी का अपना है और जिसे हिन्दी वाले भूले हुए थे. हर हिन्दी जानने वाले को इस किताब के पढ़ने के बाद हिन्दी पर और ज़्यादा अभिमान करने की हिम्मत हो सकेगी और उसे यह मालूम हो जायगा कि उस के पास हिन्दी साहित्य की ऐसी चीज़ है जो विदेशियों को सौग़ात के तौर पर भेंट की जा सकती है और अगर हम भूलते नहीं हैं तो इस ख़ज़ाने का कोई न कोई हिस्सा ज़रूर अब तक अन्तर क़ौमी रूप ले चुका है.

सन '48 में इस का पहला एडीशन छपा पर हमारे सामने यह सन '50 का दूसरा एडीशन है. इस से पता चलता है कि किताब की क़द्र हुई है, पर काफ़ी नहीं. क्या ही अच्छा हो अगर यह किताब ज़ियादा तादाद में छाप कर आठ रुपए की जगह चार रुपए की कर दी जाय.

—म.

गहरे पानी पैठ

लेखक—भाई अयोध्या प्रसाद गोयलीय.

सफ़े—224. दाम ढाई रुपया.

मिलने का पता—भारतीय ज्ञान पीठ, काशी.

यह किताब नावेल नहीं है फिर भी हाथ में लेकर छोड़ने को जी नहीं चाहता. यह किताब काव्य नहीं है फिर भी इसमें सब रस मौजूद हैं. यह कहानियों की किताब भी नहीं है पर हर बात इस ढंग से कही गई है कि वह अपने आप में कहानी बन गई है और कहानी का रस देती है. गोयलीय जी का क़लम रसीला रसिया बन गया है. उसके हत्थे जो भी चढ़ता है रसीला बन जाता है. यह सब तो है पर यह किताब जिस ग़रज़ से लिखी गई है उस ग़रज़ को पूरा कर पायगी इस में हमें शक है. यह तीन हिस्सों में बटी है. एक गुरुजनों के चरनों में बैठ कर जो सुना, दो इतिहास और धर्म ग्रन्थों में जो पढ़ा, तीन हिये की आँखों से जो देखा. पहले दो भागों का ज़ियादा हिस्सा ऐसा है जो मन को मोह लेता है, ख़ुश करता है पर चित्त पर कोई गहरा असर नहीं छोड़ जाता. 'गपोड़ शंख' कहानी दर्ज करने में लेखक ने क्या सोचा पता नहीं. इसी तरह से 'रंगा सियार' उन घटनाओं से कोई मेल नहीं खाता जो 'हिये की आँखों से देखा' हिस्से में दर्ज हैं. धर्म कथाओं में भी कई कथाएं अपना अच्छा असर नहीं छोड़ सकतीं, पाठकों को दुविधा में डाल सकती हैं. अच्छा होता अगर इस का तीसरा यानी 'हिये की आँखों से देखा' भाग अलग किताब की शक्ल में छपता. तीनों भाग साथ छपने से यह

یہ کتاب ہر هندی جاننے والے کے گھر میں رهنی چاهئے . کیونکہ اِس میں ساهتیہ کے اُس خزانے کا پتہ دیا گیا ہے جو هندی کا اپنا ہے اور جسے هندی والے بھولے هوئے تھے . هر هندی جاننے والے کو اِس کتاب کے پڑھنے کے بعد هندی پر اور زیادہ ابھیمان کرنے کی همت هوسکے گی اور اُسے یہ معلوم هو جائے گا کہ اُس کے پاس هندی ساهتیہ کی ایسی چیز ہے جو ودیشیوں کو سوغات کے طور پر بھینٹ کی جاسکتی ہے اور اگر هم بھولتے نہیں هیں تو اِس خزانے کا کوئی نہ کوئی حصہ ضرور اب تک انتر قومی روپ لے چکا ہے .

سن '48 میں اس کا پہلا اڈیشن چھپا پر همارے سامنے یہ سن '50 کا دوسرا ایڈیشن ہے . اس سے پتہ چلتا ہے کہ کتاب کی قدر هوئی ہے پر کافی نہیں . کیا هی اچھا هو اگر یہ کتاب زیادہ تعداد میں چھاپ کر آٹھ روپے کی جگہ چار روپے کی کردی جائے .

—م .

گہرے پانی پیٹھ


لیکھک—بھائی ایودھیا پرساد گوئلیہ

صفحے—224 . دام ڈھائی روپیہ .

ملنے کا پتہ—بھارتیہ گیان پیٹھ' کاشی .

یہ کتاب ناول نہیں ہے پھر بھی هاتھ میں لے کر چھوڑنے کو جی نہیں چاهتا . یہ کتاب کاویہ نہیں ہے پھر بھی اِس میں سب رس موجود هیں . یہ کہانیوں کی کتاب بھی نہیں ہے پر هر بات اِس ڈھنگ سے کہی گئی ہے کہ وہ اپنے آپ میں کہانی بن گئی ہے اور کہانی کا رس دیتی ہے . گوئلیہ جی کا قلم رسیلا رسیا بن گیا ہے. اُسکے هتھے جو بھی چڑھتا ہے رسیلا بن جاتا ہے . یہ سب تو ہے پر یہ کتاب جس غرض سے لکھی گئی ہے اُس غرض کو پورا کر پائیگی اِس میں همیں شک ہے . یہ تین حصوں میں بٹی ہے ایک گروجنوں کے چرنوں میں بیٹھکر جو سنا' دو اِتہاس اور دھرم گرنتھوں میں جو پڑھا' تین هیے کی آنکھوں سے جو دیکھا. پہلے دو بھاگوں کا زیادہ حصہ ایسا ہے جو من کو موہ لیتا ہے' خوش کرتا ہے پر چت پر کوئی گہرا اثر نہیں چھوڑ جاتا . 'گپوڑ شنکھ' کہانی درج کرنے میں لیکھک نے کیا سوچا پتہ نہیں . اسی طرح سے 'رنگا سیار' اُن گھٹناؤں سے کوئی میل نہیں کھاتا جو 'هیے کی آنکھوں سے دیکھا' حصے میں درج هیں . دھرم کتھاؤں میں بھی کئی کتھائیں اپنا اچھا اثر نہیں چھوڑ سکتیں' پاٹھکوں کو دویدھا میں ڈال سکتی هیں. اچھا هوتا اگر اِسکا تیسرا یعنی 'هیے کی آنکھوں سے دیکھا' بھاگ الگ کتاب کی شکل میں چھپتا. تینوں بھاگ ساتھ چھپنے سے یہ

कुछ किताबें



کچھ کتابیں

आधुनिक हिन्दी कविता

एडीटर—नानु भाई बारोट, गिरिराज किशोर.

सफ़े—84. दाम एक रुपया.

मिलने का पता—गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद.

इस किताब को सच्चे मानों में क़ौमी गीत पोथी कहा जा सकता है. इस में पैंतीस आसान कविताओं को एक जगह इकट्ठा किया गया है. किताब के पीछे मुशकिल शब्दों की टीपनी देकर उसे और भी ज़ियादा काम का बना दिया गया है. यह पहली किताब है जिसमें नज़ीर अकबराबादी, मैथिली शरन गुप्त, मौलाना अलताफ़ हुसेन हाली, अयोध्या सिंह हरिऔध, माखन लाल चतुर्वेदी, सैयद अकबर हुसेन अकबर, सुमित्रानन्दन पंत, ब्रज नारायन चकबस्त, महादेवी वर्मा, सियाराम शरन गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, शब्बीर हसन खां जोश जैसे पैंतीस कवि एक जगह बैठे हैं और बच्चों से बूढ़ी बातें कर रहे हैं.

यह किताब हर स्कूल लायब्रेरी में होना ज़रूरी है.

इस तरह की 'क़ौमी गीत प्राइमर' के लिये गुजरात विद्यापीठ को बधाई.

—अ.

آدھونک ھندی کویتا

ایڈیٹر-- نانو بھائی باروٹ' گری راج کشور

صفحے -84 . دام ایک روپیہ .

ملنے کا پتہ-- گجرات ودیا پیٹھ' احمدآباد

اِس کتاب کو سچے معنوں میں قومی گیت پوتھی کہا جاسکتا ہے . اِس میں پینتیس آسان کویتاؤں کو ایک جگہ اکٹھا کیا گیا ہے . کتاب کے پیچھے مشکل شبدوں کی ٹیپنی دے کر اُسے اور بھی زیادہ کام کا بنا دیا گیا ہے . یہ پہلی کتاب ہے جس میں نظیر اکبرآبادی' میتھلی شرن گپت' مولانا الطاف حسین حالی' ایودھیا سنگھ ھری آودھ' ماکھن لال چترویدی' سید اکبر حسین اکبر' سمترا نندن پنت' برج نارائن چکبست' مہادیوی ورما' سیارام شرن گپت' سبھدراکماری چوھان' شبیر حسن خاں جوش جیسے پینتیس کوی ایک جگہ بیٹھے ھیں اور بچوں سے بوڑھی باتیں کررھے ھیں .

یہ کتاب ہر اسکول لائبریری میں ھونا ضروری ہے .

اِس طرح کی 'قومی گیت پرائمر' کے لئے گجرات ودیا پیٹھ کو بدھائی .

. ا—

शेर-ओ-शायरी

एडीटर—अयोध्या प्रसाद गोयलीय.

सफ़े—640, दाम आठ रुपया.

मिलने का पता— भारतीय ज्ञानपीठ, काशी.

महा पंडित श्री राहुल सांकृत्यायन की प्रस्तावना ने यह बता दिया है कि यह किताब कितने मौके की है और कितने काम की है और यह भी उन हीं का कहना है कि यह किताब कितने गहरे अध्ययन के बाद लिखी गई है.

चोटी का कोई उरदू शायर नहीं छूट पाया, सभी का नमूना इस किताब में मौजूद है. उन शायरों की जीवनी देकर पाठकों के दिल में यह ख़ाहिश पैदा करने की कोशिश की गई है कि वह उन की और रचनाओं को मंगाएं और पढ़ें.

شعر و شاعری

ایڈیٹر—ایودھیا پرساد گوئلیہ

صفحے—640 دام آٹھ روپیہ

ملنے کا پتہ—بھارتیہ گیان پیٹھ' کاشی

مہا پنڈت شری راھل سانکرتیاین کی پرستاونا نے یہ بتا دیا ہے کہ یہ کتاب کتنے موقعے کی ہے اور کتنے کام کی ہے اور یہ بھی اُن ھی کا کہنا ہے کہ یہ کتاب کتنے گہرے ادھیین کے بعد لکھی گئی ہے .

چوٹی کا کوئی اُردو شاعر نہیں چھوٹ پایا' سبھی کا نمونہ اِس کتاب میں موجود ہے . اُن شاعروں کی جیونی دے کر پاٹھکوں کے دل میں یہ خواھش پیدا کرنے کی کوشش کی گئی ہے کہ وہ اُن کی اور رچناؤں کو منگائیں اور پڑھیں .

चेलेवहान
9 6-'06

राधे,

कल की चिट्ठी में सुशीला और कुशीला का हाल लिखा था. और इस में भी उन्हीं का हाल लिखा जायगा. और अगली चिट्ठियों में भी इसी तरह. कुशीला उस रोज़ सुशीला के घर शाम तक ठहरी और सुशीला ने उसे पढ़ने लिखने और हर काम ठीक ठीक वक़्त पर अक़्ल के मुताबिक़ करने के बड़े फ़ायदे बताए और दिखलाया कि सुशीला ने कैसी कैसी नई नई बातें इसी तरीक़े पर चलने से सीख लीं. उसने कुशीला को वर्ज़िशें भी कई तरह की कर कर के दिखलाईं. कुशीला ने पूछा कि अरी तूने यह सब बातें कहां से सीख लीं. सुशीला ने कहा कि यह सब बातें किताबों के पढ़ने से मालूम हो सकती हैं आज कल के ज़माने में तरह तरह की किताबें हर एक क़िस्म की छपी हुई बिकती हैं. जो कोई आदमी इन को पढ़ना सीख ले फिर वह जिस किसी बात या चीज़ का हाल चाहे ख़ुद पढ़ कर मालूम कर सकता है. कुशीला ने कहा कि मैं भी चाहती हूँ कि पढ़ना लिखना अच्छी तरह आ जाय. मगर मेरा मन ही नहीं लगता. जब मैं पढ़ने लिखने को बैठती हूँ तो ज़रा मन नहीं लगता और यही दिल चाहता है कि झट पट सब कुछ ख़तम हो जाय तो जाकर खेलें. सुशीला ने कहा कि पढ़ना भी तो एक खेल ही है और बड़े तमाशे का खेल है कि जो कुछ चाहो उसी की बाबत पढ़ सको. अगर तुम मालूम करना चाहती हो कि पीतल क्या चीज़ है, कहां से आता है और इसके बरतन क्योंकर बनते हैं, तो किताबों के पढ़ने से मालूम हो सकता है. अगर तुम जानना चाहो कि पहाड़ क्योंकर बनते हैं, दरख़्त क्यों कर उगते हैं, चांद में धब्बे धब्बे से क्यों दिखाई देते हैं, मेंह क्यों बरसता है, आंधी क्यों चलती है, आदमी क्या है, जानवर क्योंकर बने, बिजली क्यों चमकती है और चिराग़ क्योंकर जलता है तो यह सब और हज़ारों क़िस्म की और बातें किताबों के पढ़ने से मालूम हो सकती हैं.

चुटकला

बाप—तूने मेरा क़लम क्यों तोड़ा ?

बच्चा—इसलिये कि आप मुझे सज़ा दें.

बाप—क्या तुझे सज़ा अच्छी मालूम होती है ?

बच्चा—सज़ा तो अच्छी मालूम नहीं होती लेकिन सज़ा के बाद अम्मां मुझे खाने को मिठाई देती हैं !

چھلے وہاں
9-5-'06

رادھے'

کل کی چٹھی میں سوشیلا اور کوشیلا کا حال لکھا تھا' اور اس میں بھی انہیں کا حال لکھا جائے گا . اور اگلی چٹھیوں میں بھی اسی طرح . کوشیلا اس روز سوشیلا کے گھر شام تک ٹھہری اور سوشیلا نے اسے پڑھنے لکھنے اور ہر کام ٹھیک ٹھیک وقت پر عقل کے مطابق کرنے کے بڑے فائدے بتائے اور دکھلایا کہ سوشیلا نے کیسی کیسی نئی نئی باتیں اسی طریقے پر چلنے سے سیکھ لیں اس نے کوشیلا کو ورزشیں بھی کئی طرح کی کرکر کے دکھلائیں . کوشیلا نے پوچھا کہ اری تونے یہ سب باتیں کہاں سے سیکھ لیں . سوشیلا نے کہا کہ یہ سب باتیں کتابوں کے پڑھنے سے معلوم ہوسکتی ہیں . آج کل کے زمانے میں طرح طرح کی کتابیں ہر ایک قسم کی چھپی ہوئی بکتی ہیں . جو کوئی آدمی ان کو پڑھنا سیکھ لے پھر وہ جس کسی بات یا چیز کا حال چاہے خود پڑھکر معلوم کر سکتا ہے . کوشیلا نے کہا کہ میں بھی چاہتی ہوں کہ پڑھنا لکھنا اچھی طرح آجائے . مگر میرا من ہی نہیں لگتا . جب میں پڑھنے لکھنے کو بیٹھتی ہوں تو ذرا من نہیں لگتا اور یہی دل چاہتا ہے کہ جھٹ پٹ سب کچھ ختم ہوجائے تو جاکر کھیلیں . سوشیلا نے کہا کہ پڑھنا بھی تو ایک کھیل ہی ہے اور بڑے تماشے کا کھیل ہے کہ جو کچھ چاہو اسی کی بابت پڑھ سکو . اگر تم معلوم کرنا چاہتی ہو کہ پیتل کیا چیز ہے' کہاں سے آتا ہے اور اسکے برتن کیوں کر بنتے ہیں' تو کتابوں کے پڑھنے سے معلوم ہوسکتا ہے . اگر تم جاننا چاہو کہ پہاڑ کیونکر بنتے ہیں' درخت کیوں کر اگتے ہیں' چاند میں دھبے دھبے سے کیوں دکھائی دیتے ہیں' مینھ کیوں برستا ہے' آندھی کیوں چلتی ہے' آدمی کیا ہے' جانور کیونکر بنے' بجلی کیوں چمکتی ہے اور چراغ کیوں کر جلتا ہے تو یہ سب اور ہزاروں قسم کی اور باتیں کتابوں کے پڑھنے سے معلوم ہو سکتی ہیں .

چٹکلا

باپ — تونے میرا قلم کیوں توڑا ؟

بچہ — اس لئے کہ آپ مجھے سزا دیں .

باپ — کیا تجھے سزا اچھی معلوم ہوتی ہے ؟

بچہ — سزا تو اچھی معلوم نہیں ہوتی لیکن سزا کے بعد اماں مجھے کھانے کو مٹھائی دیتی ہیں !

कहलूर
8-6-'06

राधे,

कल की चिट्ठी में सुशीला और कुशीला का थोड़ा सा हाल लिखा था. आज भी उन्हीं का और थोड़ा सा हाल लिखा जाता है. एक दिन कुशीला सुशीला के घर गई. कोई नौ दस बजे का वक़्त होगा. सुशीला बैठी हुई अपना हिसाब लिख रही थी. कुशीला ने जा कर कहा कि अरी क्या कर रही है ? उठो चलो ऊपर चल कर खेलें. सुशीला ने कहा कि मैं पहले अपना हिसाब खतम कर लूं फिर कुछ और काम करूंगी. तुम भी देखो. तुम ने अपना कल का हिसाब लिख लिया ? कुशीला ने कहा मुझे तो हिसाब किताब लिखना आता नहीं और न मेरा ऐसे कामों में मन लगता है. सुशीला ने कहा कि वाह हिसाब लिखना तो बड़ा अच्छा मन लगाने वाला काम है. देखो मैं तो तीन बरस से बराबर अपना हिसाब लिखती हूँ. मुझे दस रुपए महीना मिलता है, उसी में अपना सब करती हूँ. और मेरे पास सब हिसाब एक एक पैसे का मौजूद है. आज तीसरे साल का आख़री दिन है इस लिये मैंने सब हिसाब जोड़ कर जमा किया है. मुझे इन बरसों में कुल 360 रुपए मिले. उन में से मैं ने कुल मिला कर 110 रुपए ख़र्च किये हैं और बाक़ी 250 रुपए बैंक में जमा कराए हैं. यह देखो मेरी बैंक की किताब. इस में 250 रुपए तो असल के और 15 रुपए सूद के, कुल 265 रुपए लिखे हुए हैं. कुशीला ने कहा कि तूने रुपया बैंक में क्यों जमा करवाया ? कुछ के गहने क्यों नहीं बनवाए ? मेरा तो गहने पहनने को बड़ा मन करता है. सुशीला ने कहा कि गहना बनवाने से क्या फ़ायदा ? मुफ़्त में रुपया ज़ाया करना है. मैंने तो पिछले तीन बरस में 10 किताबें अंगरेज़ी की और 25 किताबें हिन्दी और उरदू की पढ़ी हैं. कहीं भी गहने बनवाने का कुछ फ़ायदा नहीं पढ़ा. हां, नुक़सान बहुत से पढ़े हैं. न मेरा ऐसी फ़ज़ूल बातों के करने के वास्ते मन चाहता है जिन में नुक़सान ही नुक़सान हो, फ़ायदा कुछ भी न हो. कुशीला ने कहा कि जब सब औरतें जो बुरा बुरा कहने लगती हैं कि अरे यह लौंडिया तो निरी मांस का लोंदा है. यह गहने क्यों नहीं पहनती. कैसी बुरी नंगी नंगी मालूम होती है. इस पर सुशीला ने कहा कि पहले तो मुझे भी औरतों की ऐसी बातों से बुरा मालूम होता था. मगर जब से मैंने किताबों में पढ़ा है कि जब कभी कोई आदमी कोई नया काम करता है, तो चाहे जितना अच्छा काम क्यों न हो, जो आदमी लकीर के फ़क़ीर होते हैं वह उसे ज़रूर बुरा कहते हैं, तब से मैंने अपने मन को समझा लिया कि औरों के बुरा भला कहने पर कभी न जाना चाहिये, बलकि जो बात अक़्ल के मुताबिक़ हो वह करनी चाहिये.

کہلور
8-6-'06

رادھے،

کل کی چٹھی میں سوشیلا اور کوشیلا کا تھوڑا سا حال لکھا تھا۔ آج بھی انھیں کا اور تھوڑا سا حال لکھا جاتا ہے۔ ایک دن کوشیلا سوشیلا کے گھر گئی۔ کوئی نو دس بجے کا وقت ہوگا۔ سوشیلا بیٹھی ہوئی اپنا حساب لکھ رہی تھی۔ کوشیلا نے جا کر کہا کہ اری کیا کر رہی ہے؟ اٹھو چلو اوپر چلکر کھیلیں۔ سوشیلا نے کہا کہ میں پہلے اپنا حساب ختم کر لوں پھر کچھ اور کام کروں گی۔ تم بھی دیکھو۔ تم نے اپنا کل کا حساب لکھ لیا؟ کوشیلا نے کہا مجھے تو حساب کتاب لکھنا آتا نہیں اور نہ میرا ایسے کاموں میں من لگتا ہے۔ سوشیلا نے کہا کہ واہ حساب لکھنا تو بڑا اچھا من لگانے والا کام ہے۔ دیکھو میں تو تین برس سے برابر اپنا حساب لکھتی ہوں۔ مجھے دس روپے مہینہ ملتا ہے، اسی میں اپنا سب کرتی ہوں۔ اور میرے پاس سب حساب ایک ایک پیسے کا موجود ہے۔ آج تیسرے سال کا آخری دن ہے اس لئے میں نے سب حساب جوڑ کر جمع کیا ہے۔ مجھے ان برسوں میں کل 360 روپے ملے۔ ان میں سے میں نے کل ملا کر 110 روپے خرچ کئے ہیں اور باقی 250 روپے بینک میں جمع کرائے ہیں۔ یہ دیکھو میری بینک کی کتاب۔ اس میں 250 روپے تو اصل کے اور 15 روپے سود کے، کل 265 روپے لکھے ہوئے ہیں۔ کوشیلا نے کہا کہ تونے روپیہ بینک میں کیوں جمع کروایا؟ کچھ کے گہنے کیوں نہیں بنوائے؟ میرا تو گہنے پہننے کو بڑا من کرتا ہے۔ سوشیلا نے کہا کہ گہنا بنوانے سے کیا فائدہ؟ مفت میں روپیہ ضائع کرنا ہے۔ میں نے تو پچھلے تین برس میں 10 کتابیں انگریزی کی اور 25 کتابیں ہندی اور اردو کی پڑھی ہیں۔ کہیں بھی گہنے بنوانے کا کچھ فائدہ نہیں پڑھا۔ ہاں، نقصان بہت سے پڑھے ہیں۔ نہ میرا ایسی فضول باتوں کے کرنے کے واسطے من چاہتا ہے جن میں نقصان ہی نقصان ہو، فائدہ کچھ بھی نہ ہو۔ کوشیلا نے کہا کہ جب سب عورتیں جو برا برا کہنے لگتی ہیں کہ ارے یہ لونڈیا تو نری مانس کا لوندا ہے۔ یہ گہنے کیوں نہیں پہنتی۔ کیسی بری ننگی ننگی معلوم ہوتی ہے۔ اس پر سوشیلا نے کہا کہ پہلے تو مجھے بھی عورتوں کی ایسی باتوں سے برا معلوم ہوتا تھا۔ مگر جب سے میں نے کتابوں میں پڑھا ہے کہ جب کبھی کوئی آدمی کوئی نیا کام کرتا ہے، تو چاہے جتنا اچھا کام کیوں نہ ہو، جو آدمی لکیر کے فقیر ہوتے ہیں وہ اسے ضرور برا کہتے ہیں، تب سے میں نے اپنے من کو سمجھا لیا کہ اوروں کے برا بھلا کہنے پر کبھی نہ جانا چاہئے، بلکہ جو بات عقل کے مطابق ہو وہ کرنی چاہئے۔

सोया करती थी, और सोते वक़्त पूरा इरादा कर लेती थी कि सुबह ज़रूर चाहे कुछ ही हो ठीक पांच बजे उठूँगी. इस वास्ते जहाँ पांच बजे वहाँ फ़ौरन उस की आंख खुल जाती थी और वह फ़ौरन उठ अपना बिस्तरा तह कर बिस्तरे रखने की जो जगह मुक़र्रर कर रखी थी वहाँ रख फ़ौरन नहा धोकर कपड़े पहन, चोटी गुंधवा कर, वर्ज़िश कर पढ़ने को बैठ जाती थी. छै बजे से नौ बजे तक बराबर पढ़ती थी, फिर खाना खाकर जो जो चिट्ठियाँ किसी के पास से आती थीं सब का रोज़ जवाब दे देती थी. फिर बारह बजे तक खेलती थी और फिर रोटी खा कर सीने बुनने वग़ैरा का काम तीन बजे तक करती थी. इसके शाम तक का वक़्त अच्छे अच्छे खेलों मे जिन से अक़्ल आए, हवाख़ोरी में, अच्छी अच्छी कहानियां पढ़ने में और अक़्लमन्दी की और बातें करने में गुज़ारती थी. और इसी वक़्त में खाना बनाना भी रोज़ सीखा करती थी. और इस तरह रोज़ बरोज़ ज़्यादा अक़्लमन्द होती जाती थी. बहुत सी किताबें पढ़ ली थीं और हमेशा ख़ुश रहती थी.

मगर उसकी मंझेली कुशीला को उस की माँ ने कुछ भी न सिखाया था. इस वास्ते जब सवेरा होता तो उस का मन बिस्तर पर से उठने को ही नहीं करता था. इस वास्ते जाग पड़ने के बाद भी बहुत देर तक पेंडा करती थी. बड़ी मुशकिल से जब सब उठ कर अपने अपने काम में लग जाते थे तब उठती थी. उठने के बाद बजाय इस के कि झट पट नहा धो कर काम से लगे, इधर से उधर और उधर से इधर फिरती फिरे थी. कभी कहारी के पास जा कर उस के मसाला पीसने का तमाशा देखने लगती. कभी कोई बच्चा रोता हुआ तो उस को उठा लिया. कभी किसी से यों ही वाही तबाही बातों में लग गई. न नहाने धोने का वक़्त मुक़र्रर न चोटी गुंधवाने का. और वर्ज़िश करन का तो ज़िक्र ही क्या. ग़रज़ इस तरह कभी आठ बजे नहाती थी कभी नौ बजे, और कभी नहाती ही नहीं थी. कभी किसी ने बहुत कहा तो कुछ पढ़ लिया, वरना उसी तरह सुस्त बैठे रहने या उलटी सीधी बातें करने या किसी बालक से खेलने मे वक़्त खाया करती थी. न पढ़ना लिखना अच्छी तरह सीखा था, न सीना पिरोना न खाना बनाना. एक दिन जो तरकारी बनाने बैठी तो दुगना नमक डाल दिया और तरकारी बिलकुल कच्ची रह गई, सब फिक गई. चिट्ठी अगर उस के पास कोई भेजता था तो कभी उस का जवाब नहीं देता थी, चाहे कोई कितना ही लिखे कि ज़रूर जवाब देना. क्योंकि जब कोई चिट्ठी आती थी तो जल्दी से पढ़ कर जहाँ पढ़ा वहीं छोड़ खेल में या किसी और बात में लग जाती थी. और चिट्ठी इधर उधर हो जाती थी, फिर जवाब क्या कर देती.

سویا کرتی تھی، اور سوتے وقت پورا ارادہ کر لیتی تھی کہ صبح ضرور چاہے کچھ ہی ہو ٹھیک پانچ بجے اٹھوں گی. اس واسطے جہاں پانچ بجے وہاں فوراً اسکی آنکھ کھل جاتی تھی اور وہ فوراً اٹھ اپنا بستر تہہ کر بستر رکھنے کی جو جگہ مقرر کر رکھی تھی وہاں رکھ فوراً نہا دھو کر کپڑے پہن، چوٹی گندھوا کر، ورزش کر پڑھنے کو بیٹھ جاتی تھی. چھ بجے سے نو بجے تک برابر پڑھتی تھی، پھر کھانا کھاکر جو جو چٹھیاں کسی کے پاس سے آتی تھیں سب کا روز جواب دے دیتی تھی. پھر بارہ بجے تک کھیلتی تھی اور پھر روٹی کھا کر سینے بننے وغیرہ کا کام تین بجے تک کرتی تھی. اسکے شام تک کا وقت اچھے اچھے کھیلوں میں جن سے عقل آئے ہوا خوری میں اچھی اچھی کہانیاں پڑھنے میں اور عقلمندی کی اور باتیں کرنے میں گذارتی تھی. اور اسی وقت میں کھانا بنانا بھی روز سیکھا کرتی تھی. اور اس طرح روز بروز زیادہ عقلمند ہوتی جاتی تھی. بہت سی کتابیں پڑھ لی تھیں اور ہمیشہ خوش رہتی تھی.

مگر اسکی منجھلی کُشیلا کو اسکی ماں نے کچھ بھی نہ سکھایا تھا. اس واسطے جب سویرا ہوتا تو اسکا من بستر پر سے اٹھنے کو ہی نہیں کرتا تھا. اس واسطے جاگ پڑنے کے بعد بھی بہت دیر تک اینڈا کرتی تھی. بڑی مشکل سے جب سب اٹھ کر اپنے اپنے کام میں لگ جاتے تھے تب اٹھتی تھی. اٹھنے کے بعد بجائے اس کے کہ جھٹ پٹ نہا دھوکر کام سے لگے، ادھر سے ادھر اور ادھر سے ادھر پھرتی پھرے تھی. کبھی کہاری کے پاس جاکر اسکے مسالہ پیسنے کا تماشہ دیکھنے لگتی. کبھی کوئی بچہ روتا ہوا تو اسکو اٹھا لیا. کبھی کسی سے یوں ہی واہی تباہی باتوں میں لگ گئی. نہ نہانے دھونے کا وقت مقرر نہ چوٹی گندھوانے کا. اور ورزش کرنے کا تو ذکر ہی کیا. غرض اس طرح کبھی آٹھ بجے نہاتی تھی کبھی نو بجے اور کبھی نہاتی ہی نہیں تھی. کبھی کسی نے بہت کہا تو کچھ پڑھ لیا ورنہ اسی طرح سست بیٹھے رہنے یا الٹی سیدھی باتیں کرنے یا کسی بالک سے کھیلنے میں وقت ضائع کرتی تھی. نہ پڑھنا لکھنا اچھی طرح سیکھا تھا نہ سینا پرونا نہ کھانا بنانا. ایک دن جو ترکاری بنانے بیٹھی تو دگنا نمک ڈال دیا اور ترکاری بالکل کچی رہ گئی، سب پھینک گئی. چٹھی اگر اس کے پاس کوئی بھیجتا تھا تو کبھی اسکا جواب نہیں دیتی تھی چاہے کوئی کتنا ہی لکھے کہ ضرور جواب دینا. کیونکہ جب کوئی چٹھی آتی تھی تو جلدی سے پڑھکر جہاں پڑھا وہیں چھوڑ کھیل میں یا کسی اور بات میں لگ جاتی تھی. اور چٹھی ادھر ادھر ہوجاتی تھی، پھر جواب کیوں دیتی.

बच्चों की दुनिया

भाइयो, बहनो,

मैंने जुलाई नम्बर में आप से वायदा किया था कि आप को यह बता दिया जायगा कि नीचे दिये पत्र किस पिता ने किस बेटी को लिखे थे. तो सुनिये, वह भाग्यवान लड़की श्रीमती राधा रानी थी और उनके वह पिता दिल्ली के बाइज़्ज़त और बहुतों के जाने पहचाने नागर स्वर्गीय श्री राधिका नारायन थे.

हमें अफ़सोस है कि बहुत तलाश करने पर भी इस सिलसिले की सब से पहली चिट्ठियां हमें नहीं मिल सकीं. अब यह सिलसिला 7जून 1906 से शुरू होता है. नीचे कुछ चिट्ठियां दी जाती हैं जिन मे एक कहानी कह कर बच्चों की अच्छी और बुरी तालीम में फ़र्क़ बताया गया है.

आपकी दीदी

योग माया

सुशीला और कुशीला

कहोड

7-6-'06

राधे,

कल की चिट्ठी में एक बुरी मां और उसके बच्चे का हाल लिखा गया था. आज दो लड़कियों का हाल सुनो जिन में से एक की मां तो बहुत बेपरवाह और सुस्त थी और दूसरी की मां बड़ी हुशियार और अक़्लमन्द थी. एक लड़की का नाम कुशीला था और दूसरी का सुशीला. दोनों एक ही गली में रहती थीं और एक दूसरे की सहेली थीं. सुशीला को तो उस की मां ने छुटपन ही से बड़ी अच्छी अच्छी आदतें डाली थीं. इस वास्ते वह हर रोज़ गरमियों में पांच बजे और जाड़ों में छै बजे उठा करती थी. एक घड़ी उस के पास थी, वह अपने सिरहाने रखकर

بچوں کی دنیا

بھائیو' بہنو

میں نے جولائی نمبر میں آپ سے وعدہ کیا تھا کہ آپ کو یہ بتا دیا جائے گا کہ نیچے دیئے پتر کس پتا نے کس بیٹی کو لکھے تھے. تو سنئیے' وہ بھاگوان لڑکی شریمتی رادھا رانی تھیں اور اُن کے وہ پتا دلی کے با عزت اور بہتوں کے جانے پہچانے ناگر سورگیہ شری رادھیکا نارائن تھے.

ہمیں افسوس ہے کہ بہت تلاش کرنے پر بھی اس سلسلے کی سب سے پہلی چٹھیاں ہمیں نہیں مل سکیں. اب یہ سلسلہ 7 جون 1906 سے شروع ہوتا ہے. نیچے کچھ چٹھیاں دی جاتی ہیں جن میں ایک کہانی کہکر بچوں کی اچھی اور بری تعلیم میں فرق بتایا گیا ہے.

آپ کی دیدی

یوگ مایا

سوشیلا اور کوشیلا

کھنور

7-6-'06

رادھے'

کل کی چٹھی میں ایک بری ماں اور اُسکے بچے کا حال لکھا گیا تھا. آج دو لڑکیوں کا حال سنو جن میں سے ایک کی ماں تو بہت بے پرواہ اور سست تھی اور دوسری کی ماں بڑی ہوشیار اور عقلمند تھی. ایک لڑکی کا نام کوشیلا تھا اور دوسری کا سوشیلا. دونوں ایک ہی گلی میں رہتی تھیں. اور ایک دوسرے کی سہیلی تھیں. سوشیلا کو تو اُسکی ماں نے چھٹپن ہی سے بڑی اچھی اچھی عادتیں ڈالی تھیں. اس واسطے وہ ہر روز گرمیوں میں پانچ بجے اور جاڑوں میں چھ بجے اُٹھا کرتی تھی. ایک گھڑی اُسکے پاس تھی' وہ اپنے سرہانے رکھکر

श्रीमान समझेंगे और कम्युनिस्ट समझेंगे तो सारा गाँव सुखी होगा. यह तो मैं कम्युनिस्टों का ही काम कर रहा हूँ. यह एक फत्थर है, उस फत्थर को डालता हूँ. और फिर उस पर क़ानून का हथौड़ा पड़ेगा. हमारा काम सिर्फ़ क़ानून से नहीं होगा, अगर यह फत्थर काम नहीं देगी. इसकी शुरुआत होती है दान से और ख़ात्मा होता है क़ानून से. और कम्युनिस्ट शुरुआत करेंगे लाठी से और ख़ात्मा करेंगे क़ानून से. आख़िर में क़ानून से ख़ात्मा वह भी करेंगे, मैं भी करूँगा, लेकिन शुरुआत में मैं प्रेम और दान चाहता हूँ, और वह लाठी और लूट चाहते हैं.

—विनोबा

राजपति की राय

(हिन्दुस्तानी प्रचार सभा बम्बई के काम के बारे में)

गवर्नमेंट हाउस, बम्बई.
26. 5. '51

मुझे यह सुनकर बहुत ख़ुशी हुई है कि हिन्दुस्तानी प्रचार सभा अपना नेक काम स्कूलों में पढ़ने वालों और बालिग़ों के लिये, अपने प्रचारकों के ज़रिये क्लासें खोल-खोलकर, बराबर कर रही है. हिन्दुस्तानी का रास्ता बापू के दिल को बहुत प्यारा था. और उनकी बड़ी आरज़ू थी कि हममें से हर एक, हिन्दुस्तानी दोनों लिखावटों में सीख ले. इस लिये यह बापू के तामीरी कामों का ज़रूरी और निहायत अहम हिस्सा है, और उन सब को जो इस मैदान में काम कर रहे हैं, मुबारकबाद देना चाहिये.

हिन्दी को हिन्द यूनियन की सरकारी ज़बान मान लेने का यह मतलब नहीं है कि बालिग़ों को और स्कूलों में, निजी तौर पर दोनों लिखावटों में हिन्दुस्तानी सिखाने के काम को किसी तरह भी रोका जाय.

सच तो यह है कि हिन्द यूनियन के आईन (संविधान) में जिस हिन्दी का ज़िकर किया गया है, वह दरअस्ल वही ज़बान है जिसे महात्मा गांधी हिन्दुस्तानी कहते थे. जिन्हें दोनों चीज़ें सीखने का मौक़ा मिल सके, वह बेशक, प्रभावशाली तरीक़े से राष्ट्रभाषा को अच्छी तरह पुरज़ोर और लचकदार बातचीत का ज़रिया बनाने में मदद दे सकेंगे.

मैं ऐसे काम करने वालों की कोशिशों की पूरी कामयाबी चाहता हूँ.

—राजेन्द्रप्रसाद

('मंगल प्रभात' से)

شریمان سمجھیں گے اور کمیونسٹ سمجھیں گے تو سارا گاؤں سکھی ہوگا ۔ یہ تو میں کمیونسٹوں کا ہی کام کررہا ہوں ۔ یہ ایک پھتر ہے، اُس پھتر کو ڈالتا ہوں ۔ اور پھر اُس پر قانون کا ہتھوڑا پڑے گا ۔ ہمارا کام صرف قانون سے نہیں ہوگا، اگر یہ پھتر کام نہیں دیگی ۔ اِس کی شروعات ہوتی ہے دان سے اور خاتمہ ہوتا ہے قانون سے ۔ اور کمیونسٹ شروعات کریں گے لاٹھی سے اور خاتمہ کریں گے قانون سے ۔ آخر میں قانون سے خاتمہ وہ بھی کریں گے، میں بھی کرونگا، لیکن شروعات میں میں پریم اور دان چاہتا ہوں، اور وہ لاٹھی اور لوٹ چاہتے ہیں ۔

— ونوبا

راج پتی کی رائے

(ہندستانی پرچار سبھا بمبئی کے کام کے بارے میں)

گورنمنٹ ہاؤس، بمبئی ۔
26-5-'51

مجھے یہ سن کر بہت خوشی ہوئی ہے کہ ہندستانی پرچار سبھا اپنا نیک کام اسکولوں میں پڑھنے والوں اور بالغوں کے لئے، اپنے پرچارکوں کے ذریعے کلاسیں کھول کھول کر، برابر کر رہی ہے ۔ ہندستانی کا راستہ باپو کے دل کو بہت پیارا تھا ۔ اور اُن کی بڑی آرزو تھی کہ ہم میں سے ہر ایک، ہندستانی دونوں لکھاوٹوں میں سیکھ لے ۔ اس لئے یہ باپو کے تعمیری کاموں کا ضروری اور نہایت اہم حصہ ہے، اور اُن سب کو جو اس میدان میں کام کر رہے ہیں، مبارک باد دینا چاہئے ۔

ہندی کو ہند یونین کی سرکاری زبان مان لینے کا یہ مطلب نہیں ہے کہ بالغوں کو اور اسکولوں میں، نجی طور پر دونوں لکھاوٹوں میں ہندستانی سکھانے کے کام کو کسی طرح بھی روکا جائے ۔

سچ تو یہ ہے کہ ہند یونین کے آئین (سنودھان) میں جس ہندی کا ذکر کیا گیا ہے، وہ دراصل وہی زبان ہے جسے مہاتما گاندھی ہندستانی کہتے تھے ۔ جنہیں دونوں چیزیں سیکھنے کا موقعہ مل سکے، وہ بے شک، پربھاوشالی طریقے سے راشٹر بھاشا کو اچھی طرح پر زور اور لچکدار بات چیت کا ذریعہ بنانے میں مدد دے سکینگے ۔

میں ایسے کام کرنے والوں کی کوششوں کی پوری کامیابی چاہتا ہوں ۔

—راجیندر پرساد

(' منگل پربھات ' سے)

लोग कहेंगे कि जिसके पास पाँच पाँच हजार एकड़ जमीन होती है, वह सौ एकड़ जमीन देता है तो उससे क्या होगा ? तो मैं कहता हूँ कि ज़रा सबर रखो, अभी 5 हजार में से जो सौ देता है, वह प्रेम से देता है तो मैं लूँगा और बाक़ी के चार हजार नौ सौ एकड़ भी मेरे ही हैं. जब यह लोग देखेंगे कि हम जमीन देते जाते हैं ग़रीबों को, उसमें ग़रीबों का प्रेम ही हम को मिलता है, तो फिर वे ख़ुद कहेंगे कि और भी ले लो.

लेकिन तीसरे क़दम में सब ले लेने वाला हूँ

तो फिर कम्युनिस्ट हम को कहेंगे. कैसा भोला आदमी है ! लेकिन उनको मैं कहूँगा कि भोला मैं नहीं हूँ, मेरा धंदा मैं जानता हूँ. एक दफ़ा थोड़ी भावना, थोड़ा वातावरन होने दो कि जमीन ग़रीबों को देने में फ़ायदा है ; फिर एक दफ़ा वातावरन तैयार हो जायगा तो क़ानून मैं करा लूँगा. फिर राह नहीं देखने वाला कि आज सौ एकड़ हैं, पाँच साल के बाद और 100 एकड़ मिलेगी, और फिर पाँच साल के बाद बाक़ी 100 एकड़ मिलेगी. ऐसे चार हजार मिलने में तो सौ बरस चले जाएँगे. बात ऐसी है कि हवा बदल जानी चाहिये और हवा बदल जाती है तो क़ानून उसके साथ आता ही है. लेकिन मैं वातावरन तैयार करूँ तो क़ानून को लोग पसंद करेंगे. बाप ऐसा ही तो करता है. बच्चे को मिठाई खिलाता है, लेकिन मिठाई देना है तो वह प्रेम से देता है और तमाचा लगाता है तो प्रेम से लगाता है. और जो कोई लूटने के लिये आते है, वह बच्चे को मिठाई खिलाते तो हैं, पर वह प्रेम की मिठाई नहीं होती. लेकिन माता जो तमाचा लगाती है, वह प्रेम का होता है. मैं तो जमीन लेता हूँ, वह प्रेम से लेता हूँ. मुझे तो ताज्जुब लगता है कि जहाँ मैं जाता हूँ, वहाँ लोग जमीन देने के लिये क्यों तैयार होते हैं. मैं समझता हूँ कि क्या यह गांधी जी की करामात है ? लोग जानते हैं कि यह गांधी का आदमी है तो प्रेम से देने को तैयार होते हैं. लेकिन इतनी ही बात नहीं है, और भी बात है. गांधी जी को करामात है, लेकिन परमेश्वर की भी करामात है. परमेश्वर की महिमा है कि इतनी सारी जमीन अपने हाथ में रख कर कोई ले जाने वाला नहीं है, ऐसा लोग जानते हैं. आख़िर इतनी जमीन को वह ख़ुद भी तो नहीं कर सकते हैं. इसी लिये इतनी जमीन अपने हाथ में रखने से कोई फ़ायदा नहीं है, यह बात उनके ध्यान में आ गई. इसलिये आज मैं वामनावतार हो गया और कहता हूँ कि जमीन दे दो. तीन क़दम दोगे तो भी बस है. लेकिन मुझे जो सौ एकड़ मिले हैं, उतने ही मेरे नहीं हैं. वह जो चार हजार एकड़ बचे हैं, वह सारे के सारे मेरे ही हैं. जैसे वामन के तीन क़दमों में सारा त्रिभुवन आ गया, वैसा यह मामला है. तो वह सारी रु.ी अगर ग़रीब लोग समझेंगे,

لوگ کہیں گے کہ جس کے پاس پانچ پانچ ہزار ایکڑ زمین ہوتی ہے' وہ سو ایکڑ زمین دیتا ہے تو اس سے کیا ہوگا ؟ تو میں کہتا ہوں کہ ذرا صبر رکھو' ابھی 5 ہزار میں سے جو سو دیتا ہے' وہ پریم سے دیتا ہے تو میں لوں گا اور باقی کے چار ہزار نو سو ایکڑ بھی میرے ہی ہیں. جب یہ لوگ دیکھیں گے کہ ہم زمین دیتے جاتے ہیں غریبوں کو' اس سے غریبوں کا پریم ہی ہم کو ملتا ہے' تو پھر وہ خود کہیں گے کہ اور بھی لے لو.

لیکن تیسرے قدم میں سب لے لینے والا ہوں

تو پھر کمیونسٹ ہم کو کہیں گے' کیسا بھولا آدمی ہے ! لیکن ان کو میں کہوں گا کہ بھولا میں نہیں ہوں' میرا دھندا میں جانتا ہوں. ایک دفعہ تھوڑی بھاونا' تھوڑا واتاورن ہونے دو کہ زمین غریبوں کو دینے میں فائدہ ہے. پھر ایک دفعہ واتاورن تیار ہو جائے گا تو قانون میں کرا لوں گا. پھر راہ نہیں دیکھنے والا کہ آج سو ایکڑ ہیں' پانچ سال کے بعد اور 100 ایکڑ ملے گی' اور پھر پانچ سال کے بعد باقی 100 ایکڑ ملے گی. ایسے چار ہزار ملنے میں تو سو برس چلے جائیں گے. بات ایسی ہے کہ ہوا بدل جانی چاہئے اور ہوا بدل جاتی ہے تو قانون اس کے ساتھ آتا ہی ہے. لیکن میں واتاورن تیار کروں تو قانون کو لوگ پسند کریں گے. باپ ایسا ہی تو کرتا ہے. بچے کو مٹھائی کھلاتا ہے' لیکن مٹھائی دینا ہے تو وہ پریم سے دیتا ہے اور طمانچہ لگاتا ہے تو پریم سے لگاتا ہے. اور جو کوئی لوٹنے کے لئے آتے ہیں' وہ بچے کو مٹھائی کھلاتے تو ہیں' پر وہ پریم کی مٹھائی نہیں ہوتی. لیکن ماتا جو طمانچہ لگاتی ہے' وہ پریم کا ہوتا ہے. میں تو زمین لیتا ہوں' وہ پریم سے لیتا ہوں. مجھے تو تعجب لگتا ہے کہ جہاں میں جاتا ہوں' وہاں لوگ زمین دینے کے لئے کیوں تیار ہوتے ہیں. میں سمجھتا ہوں کہ کیا یہ گاندھی جی کی کرامات ہے ؟ لوگ جانتے ہیں کہ یہ گاندھی کا آدمی ہے تو پریم سے دینے کو تیار ہوتے ہیں. لیکن اتنی ہی بات نہیں ہے' اور بھی بات ہے. گاندھی جی کی کرامات ہے' لیکن پرمیشور کی بھی کرامات ہے. پرمیشور کی مہما ہے کہ اتنی ساری زمین اپنے ہاتھ میں رکھ کر کوئی لے جانے والا نہیں ہے' ایسا لوگ جانتے ہیں. آخر اتنی زمین کو وہ خود بھی تو نہیں کر سکتے ہیں. اسی لئے اتنی زمین اپنے ہاتھ میں رکھنے سے کوئی فائدہ نہیں ہے' یہ بات ان کے دھیان میں آ گئی. اس لئے آج میں وامن اوتار ہو گیا اور کہتا ہوں کہ زمین دے دو. تین قدم دوگے تو بھی بس ہے. لیکن مجھے جو سو ایکڑ ملے ہیں' اتنے ہی میرے نہیں ہیں. وہ جو چار ہزار ایکڑ بچے ہیں' وہ سارے کے سارے میرے ہی ہیں. جیسے وامن کے تین قدموں میں سارا تربھون آ گیا' ویسا یہ معاملہ ہے. تو یہ ساری خوبی اگر غریب لوگ سمجھیں گے'

... चाहते हैं, ... कर रहा हूँ।

जो जिस्म है, वह मेरा रूप नहीं है, मैं तो भगवान की चमक हूँ और यह एक चोला पहना है, तो वह भी निडर हो सकता है. अगर वह यह समझे कि हम तो भगवान की चमक हैं और यह शरीर ऊपर ऊपर का हमारा एक कपड़ा है, हम भगवान के प्रकाश भर ही हैं, तो हिम्मत आ जायगी. लोग मानते हैं कि हाथ में बंदूक आएगी तो हिम्मत आती है, लेकिन यह बिलकुल ग़लत ख़याल है.

मेरा और उनका तरीक़ा

यही देखो न कि कम्युनिस्टों ने विचार किया कि ग़रीब लोगों की सेवा करें. उनका विचार तो अच्छा है, लेकिन उन्होंने जो तरीक़ा अख़्तियार किया है, उससे किसानों का कोई लाभ नहीं हो रहा है, बल्कि किसान डर गए हैं. गांधी जी हम लोगों में आए और उन्होंने हम को हिम्मत दी. वह आप लोगों ने देखा. अंगरेज़ों ने हमारे हाथ से हथियार छीन लिये थे तो गांधी जी ने कहा कि हमें हथियार की कोई दरकार नहीं. और सत्याग्रह की लड़ाई में जहां तक लोगों ने देखा, औरतें जो कभी घर से बाहर नहीं निकली थीं, उन्होंने भी अपनी जान ख़तरे में डाली और हिन्दुस्तान ने ऐसा कमाल देखा कि हज़ारों स्त्रियाँ बाहर आ गईं. मतलब उसका यह हुआ कि औज़ारों की ताक़त कोई ताक़त नहीं है, आत्मा की ताक़त ही सच्ची ताक़त है. लेकिन कम्युनिस्टों का अभी तक आत्मा की ताक़त पर विश्वास नहीं बैठा, वह औज़ारों पर ही भरोसा रखे हुए हैं. अगर वह औज़ारों पर भरोसा रखते हैं तो वे देखेंगे कि हिन्दुस्तान के लोग उनके बारे में कोई हमदर्दी नहीं रखते. लेकिन अगर वे हथियारों का विश्वास छोड़ दें और आत्म-शक्ति पर विश्वास रखें तो वे देखेंगे कि मैं भी उनके साथ में दाख़िल होता हूँ. फिर मैं कहूँगा कि मैं भी एक कम्युनिस्ट हूँ और तुम भी कम्युनिस्ट हो तो दोनों मिल कर हिन्दुस्तान की सेवा करेंगे. लेकिन उन लोगों का तरीक़ा अभी तक यह रहा कि वे एक-एक गाँव में फूट डालते हैं और मेरा तरीक़ा यह होगा कि सारे गाँव को मैं एक बनाऊँगा. वह एक ही गाँव में एक घर वाले को दूसरे घर वाले के साथ लड़ाएँगे, मैं सब गाँव वालों को एक करूँगा.

वामनावतार का पहला क़दम

अभी देखिये न कि मैं एक छोटे गाँव से हो आया, उस गाँव को लूट कर आया हूँ. उस गाँव में 50 एकड़ ज़मीन एक मालदार भाई से ग़रीबों को दिलवाई. उसके पहले भी 8 गाँवों में इसी तरह 100 एकड़, 75 एकड़ ज़मीन लोगों से ली और ग़रीबों को दिलवाई. आज आपके गाँव को भी कुछ लूटने वाला हूँ. लेकिन यह कम्युनिस्ट

... کمیونسٹ جیسے تم چاہتے ہیں وہی میں کر رہا ہوں!

جو جسم ہے وہ میرا روپ نہیں ہے، میں تو بھگوان کی چمک ہوں اور یہ ایک چولا پہنا ہے، تو وہ بھی نڈر ہوسکتا ہے. اگر وہ یہ سمجھے کہ ہم تو بھگوان کی چمک ہیں اور یہ شریر اوپر اوپر کا ہمارا ایک کپڑا ہے، ہم بھگوان کے پرکاش بھر ہی ہیں، تو ہمت آجائے گی. لوگ مانتے ہیں کہ ہاتھ میں بندوق آئے گی تو ہمت آتی ہے، لیکن یہ بالکل غلط خیال ہے.

میرا اور اُن کا طریقہ

یہی دیکھو نہ کہ کمیونسٹوں نے وچار کیا کہ غریب لوگوں کی سیوا کریں. اُن کا وچار تو اچھا ہے، لیکن اُنہوں نے جو طریقہ اختیار کیا ہے، اُس سے کسانوں کا کوئی لابھ نہیں ہو رہا ہے، بلکہ کسان ڈر گئے ہیں. گاندھی جی ہم لوگوں میں آئے اور اُنہوں نے ہم کو ہمت دی. وہ آپ لوگوں نے دیکھا. انگریزوں نے ہمارے ہاتھ سے ہتھیار چھین لئے تھے تو گاندھی جی نے کہا کہ ہمیں ہتھیار کی کوئی درکار نہیں. اور ستیاگرہ کی لڑائی میں جہاں تک لوگوں نے دیکھا، عورتیں جو کبھی گھر سے باہر نہیں نکلی تھیں، اُنہوں نے بھی اپنی جان خطرے میں ڈالی اور ہندوستان نے ایسا کمال دیکھا کہ ہزاروں استریاں باہر آگئیں. مطلب اُس کا یہ ہوا کہ اوزاروں کی طاقت کوئی طاقت نہیں ہے، آتما کی طاقت ہی سچی طاقت ہے. لیکن کمیونسٹوں کا ابھی تک آتما کی طاقت پر وشواس نہیں بیٹھا، وہ اوزاروں پر ہی بھروسہ رکھے ہوئے ہیں. اگر وہ اوزاروں پر بھروسہ رکھتے ہیں تو وہ دیکھیں گے کہ ہندوستان کے لوگ اُن کے بارے میں کوئی ہمدردی نہیں رکھتے. لیکن اگر وہ ہتھیاروں کا وشواس چھوڑ دیں اور آتم شکتی پر وشواس رکھیں تو وہ دیکھینگے کہ میں بھی اُن کے ساتھ میں داخل ہوتا ہوں. پھر میں کہونگا کہ میں بھی ایک کمیونسٹ ہوں اور تم بھی کمیونسٹ ہو تو دونوں ملکر ہندوستان کی سیوا کرینگے. لیکن اُن لوگوں کا طریقہ ابھی تک یہ رہا کہ وہ ایک ایک گاؤں میں پھوٹ ڈالتے ہیں اور میرا طریقہ یہ ہوگا کہ سارے گاؤں کو میں ایک بناؤں گا. وہ ایک ہی گاؤں میں ایک گھر والے کو دوسرے گھر والے کے ساتھ لڑائینگے، میں سب گاؤں والوں کو ایک کرونگا.

وامن اوتار کا پہلا قدم

ابھی دیکھئے نہ کہ میں ایک چھوٹے گاؤں سے ہو آیا، اُس گاؤں کو لوٹ کر آیا ہوں. اُس گاؤں میں 50 ایکڑ زمین ایک مالدار بھائی سے غریبوں کو دلوائی. اُسکے پہلے بھی 8 گاؤں میں اسی طرح 100 ایکڑ، 75 ایکڑ زمین لوگوں سے لی اور غریبوں کو دلوائی. آج آپ کے گاؤں کو بھی کچھ لوٹنے والا ہوں. لیکن یہ کمیونسٹ

उन्हें खाना खिलाते हैं तो पुलिस हमें डराती है. अगर हम कम्युनिस्टों को खाना नहीं खिलाते हैं तो वह मार डालने का डर बताते हैं. इस तरह रात में कम्युनिस्टों से तकलीफ होती है, दिन में पुलिस वालों से. ऐसी सूरत में हमें क्या करना चाहिये ?

निडरता की ताक़त पैदा कीजिये

हमने कहा कि आप लोगों को निडर बनाने के लिये ही मैं आया हूँ. अगर कोई जबरदस्ती से आपके घर में घुस कर खाना मांगता है तो उसको खिलाने की जिम्मेवारी आप पर नहीं है. उन्होंने कहा कि जिम्मेवारी तो हम पर नहीं है, लेकिन वह हम को मार डालेंगे तो हम क्या करेंगे ? मैंने उनको समझाया कि परमेश्वर ने जिसका मरना आज लिख रखा है, उसका मरना कभी टलने वाला नहीं है. और अगर उसने हमारा मरना आज नहीं लिखा है तो कोई कम्युनिस्ट हम को मार सकने वाले नहीं. तो आप लोगों को मरने का डर छोड़ना चाहिये. जो लोग मरने से डरते हैं, वह जिन्दा नहीं हैं, लेकिन मर चुके हैं. आप समझते हैं कि हम में से कोई यहाँ रहने वाला नहीं है, सारे के सारे जाने वाले हैं. जब परमेश्वर का बुलावा आता है तो हरेक को जाना ही पड़ता है. इसलिये कोई बंदूक़ ले के हमारे सामने आएगा तो उसके सामने छाती खुली करने की हिम्मत हम में होनी चाहिये. वह अगर मारने के लिये आएगा और अगर वह भी हमारा भाई होगा तो उस पर मन में दया होनी चाहिये और उसके सामने शांति से खड़े हो जाना चाहिये और कहना चाहिये कि भाई, जबरदस्ती से कोई चीज मांगते हो तो हम देने वाले नहीं हैं, हम को क़त्ल करके जो लेना है, वह ले जाओ. जब हम लोग इस दुनिया को छोड़ कर जाते हैं तो यहाँ का सारा सरंजाम साथ ले कर नहीं जाते हैं. यह जो निडरता की ताक़त है, ख़ूनी लोगों का सामना करने की ताक़त है, वह ताक़त हम लोगों में होनी चाहिये.

हिम्मत बंदूक़ में नहीं होती !

आज एक भाई ने कहा कि 'आँध्र में काकतीय हकूमत थी उसके बाद 700, 800 साल हुए, इस जमीन में कोई बहादुर इनसान ही पैदा नहीं हुआ.' लेकिन किसानों में से कितने ही ऐसे पैदा हुए होंगे, जिन्होंने मुसीबतों का सामना किया होगा. उनका इतिहास लिखने वाला थोड़े ही कोई मिला है ? इससे हम को नाउम्मीद नहीं होना चाहिये, बल्कि किसान को अपनी ताक़त क्या है, उसका अन्दाज़ होना चाहिये. आपने प्रह्लाद का चरित्र सुना है. वह छोटा-सा बच्चा था, लेकिन उसने हिरन्यकश्यप का सामना किया. इतना एक छोटा-सा बच्चा भी अगर यह समझे कि यह

انہیں کھانا کھلاتے ہیں تو پولیس ہمیں ڈراتی ہے. اگر ہم کمیونسٹوں کو کھانا نہیں کھلاتے ہیں تو وہ مار ڈالنے کا ڈر بتاتے ہیں. اس طرح رات میں کمیونسٹوں سے تکلیف ہوتی ہے' دن میں پولیس والوں سے. ایسی صورت میں ہمیں کیا کرنا چاہئے ؟

نڈرتا کی طاقت پیدا کیجئے

ہم نے کہا کہ آپ لوگوں کو نڈر بنانے کے لئے ہی میں آیا ہوں. اگر کوئی زبردستی سے آپ کے گھر میں گھس کر کھانا مانگتا ہے تو اس کو کھلانے کی ذمہ واری آپ پر نہیں ہے. انہوں نے کہا کہ ذمہ واری تو ہم پر نہیں ہے' لیکن وہ ہم کو مار ڈالیں گے تو ہم کیا کرینگے ؟ میں نے ان کو سمجھایا کہ پرمیشور نے جس کا مرنا آج لکھ رکھا ہے' اس کا مرنا کبھی ٹلنے والا نہیں ہے. اور اگر اس نے ہمارا مرنا آج نہیں لکھا ہے تو کوئی کمیونسٹ ہم کو مار سکنے والے نہیں. تو آپ لوگوں کو مرنے کا ڈر چھوڑنا چاہئے. جو لوگ مرنے سے ڈرتے ہیں' وہ زندہ نہیں ہیں' لیکن مر چکے ہیں. آپ سمجھتے ہیں کہ ہم میں سے کوئی یہاں رہنے والا نہیں ہے سارے کے سارے جانے والے ہیں. جب پرمیشور کا بلاوا آتا ہے تو ہر ایک کو جانا ہی پڑتا ہے. اس لئے کوئی بندوق لے کے ہمارے سامنے آئے گا تو اسکے سامنے چھاتی کھلی کرنے کی ہمت ہم میں ہونی چاہئے. وہ اگر مارنے کے لئے آئے گا اور اگر وہ بھی ہمارا بھائی ہوگا تو اس پر من میں دیا ہونی چاہئے اور اسکے سامنے شانتی سے کھڑے ہوجانا چاہئے اور کہنا چاہئے کہ بھائی' زبردستی سے کوئی چیز مانگتے ہو تو ہم دینے والے نہیں ہیں' ہم کو قتل کرکے جو لینا ہے' وہ لے جاؤ. جب ہم لوگ اس دنیا کو چھوڑ کر جاتے ہیں تو یہاں کا سارا سر انجام ساتھ لے کر نہیں جاتے ہیں یہ جو نڈرتا کی طاقت ہے' خونی لوگوں کا سامنا کرنے کی طاقت ہے' وہ طاقت ہم لوگوں میں ہونی چاہئے.

ہمت بندوق میں نہیں ہوتی !

آج ایک بھائی نے کہا کہ 'آندھر میں کاکتیہ حکومت تھی اسکے بعد 800'700 سال ہوئے' اس زمین میں کوئی بہادر انسان ہی پیدا نہیں ہوا.' لیکن کسانوں میں سے کتنے ہی ایسے پیدا ہوئے ہونگے' جنہوں نے مصیبتوں کا سامنا کیا ہوگا. ان کا اتہاس لکھنے والا تھوڑے ہی کوئی ملا ہے؟ اس سے ہم کو نا امید نہیں ہونا چاہئے' بلکہ کسان کو اپنی طاقت کیا ہے' اس کا انداز ہونا چاہئے. آپ نے پرہلاد کا چرتر سنا ہے. وہ چھوٹا سا بچہ تھا' لیکن اس نے ہرنیہ کشیپ کا سامنا کیا. اتنا ایک چھوٹا سا بچہ بھی اگر یہ سمجھے کہ یہ

माने हुए नेता और सारे राष्ट्र के प्यारे तो हैं ही. हकूमत करने वाली पार्टी और साथ ही उसकी विरोधी पार्टी दोनों का नेता होने की अनोखी इज़्ज़त उन्हें हासिल है, या हालत को दूसरी निगाह से देखते हुए इसे उनकी बड़ी कमनसीबी भी कहा जा सकता है. केवल तमाशबीन को यह हालत कितनी ही मज़ेदार क्यों न मालूम हो, लेकिन हम लोगों के लिये तो—जिनकी तक़दीर इन नेताओं के साथ जुड़ी हुई है—यह उतनी ही बड़ी दर्दनाक और तकलीफ़ देह है, जितनी कि अयोध्या की जनता के लिये दशरथ के दरबार में चलनेवाली कैकई की साज़िशें थीं.

क्या इस दर्दनाक चीज़ से बचा नहीं जा सकता? खुदी को मिटाने और सीधी तरह सोचने से बिगड़ी हुई हालत को सुधारा जा सकता है. भगवान हम में से हर एक को यह ताक़त दे.

—कि० घ० मशरूवाला

مانے ہوئے نیتا اور سارے راشٹر کے پیارے تو ہیں ہی. حکومت کرنے والی پارٹی اور ساتھ ہی اُسکی ورودھی پارٹی دونوں کا نیتا ہونے کی انوکھی عزت اُنہیں حاصل ہے، یا حالت کو دوسری نگاہ سے دیکھتے ہوئے اِسے اُن کی بڑی کم نصیبی بھی کہا جاسکتا ہے . کیول تماشبین کو یہ حالت کتنی ہی مزےدار کیوں نہ معلوم ہو، لیکن ہم لوگوں کے لئے تو— جن کی تقدیر اِن نیتاؤں کے ساتھ جڑی ہوئی ہے— یہ اتنی ہی بڑی دردناک اور تکلیف دہ ہے، جتنی کہ ایودھیا کی جنتا کے لئے دشرتھ کے دربار میں چلنے والی کیکئی کی سازشیں تھیں .

کیا اِس دردناک چیز سے بچا نہیں جاسکتا؟ خودی کو مٹانے اور سیدھی طرح سوچنے سے بگڑی ہوئی حالت کو سدھارا جاسکتا ہے . بھگوان ہم میں سے ہر ایک کو یہ طاقت دے .

—ک . گھ . مشروالا

'सर्वोदय' से

कम्युनिस्ट जो काम चाहते हैं, वही मैं कर रहा हूँ !

भाइयो और बहनो,

आज मैं आपके गाँव में आया और मैंने सुना कि कल पुलिस आपके यहाँ से चार लोगों को गिरफ़्तार करके ले गई है. मैं सुनता हूँ कि जिन लोगों को पकड़ा है, उनके बारे में यह शंका है कि उन लोगों ने कम्युनिस्टों को कुछ मदद पहुँचाई. पुलिस को इस तरह शंका आई और इन लोगों को वह ले गए, इससे हमको डरना नहीं चाहिये. पुलिस वाले अपना काम करते हैं. आप लोगों को यह ध्यान में रखना चाहिये कि पुलिस आपकी मदद के लिये है, आपको तकलीफ़ देने के लिये नहीं. जो लोग गिरफ़्तार हुए हैं, उन लोगों ने कम्युनिस्टों को मदद दी होगी तो कम्युनिस्टों के डर से दी होगी या उनके साथ हमदर्दी रखने के कारन दी होगी. यह कोई न समझे कि यह लोग जो पकड़े गए हैं, सारे के सारे गुनहगार होंगे. वह अगर बिना डर के जो कुछ हुआ है, पुलिस वालों को सुनाएँगे तो मैं उम्मीद करता हूँ कि उन्हें भी कोई तकलीफ़ नहीं होगी.

दोनों तरफ़ डर

आज एक नौजवान हम से मिलने आए थे. उन्होंने एक सवाल पूछा कि कम्युनिस्ट आते हैं, हमको धमकाते हैं. हम

'سرووديے' سے

کمیونسٹ جو کام چاہتے ہیں، وہی میں کر رہا ہوں!

بھائیو اور بہنو،

آج میں آپ کے گاؤں میں آیا اور میں نے سنا کہ کل پولیس آپ کے یہاں سے چار لوگوں کو گرفتار کر کے لے گئی ہے. میں سنتا ہوں کہ جن لوگوں کو پکڑا ہے، اُن کے بارے میں یہ شنکا ہے کہ اُن لوگوں نے کمیونسٹوں کو کچھ مدد پہونچائی . پولیس کو اس طرح شنکا آئی اور اِن لوگوں کو وہ لے گئے، اِس سے ہم کو ڈرنا نہیں چاہئے . پولیس والے اپنا کام کرتے ہیں . آپ لوگوں کو یہ دھیان میں رکھنا چاہئے کہ پولیس آپ کی مدد کے لئے ہے، آپ کو تکلیف دینے کے لئے نہیں . جو لوگ گرفتار ہوئے ہیں، اُن لوگوں نے کمیونسٹوں کو مدد دی ہوگی تو کمیونسٹوں کے ڈر سے دی ہوگی یا اُن کے ساتھ ہمدردی رکھنے کے کارن دی ہوگی. یہ کوئی نہ سمجھیں کہ یہ لوگ جو پکڑے گئے ہیں، سارے کے سارے گنہگار ہونگے . وہ اگر بنا ڈر کے جو کچھ ہوا ہے، پولیس والوں کو سنائیں گے تو میں اُمید کرتا ہوں کہ انہیں بھی کوئی تکلیف نہیں ہوگی .

دونوں طرف ڈر

آج ایک نوجوان ہم سے ملنے آئے تھے . اُنہوں نے ایک سوال پوچھا کہ، کمیونسٹ آتے ہیں، ہم کو دھمکاتے ہیں . ہم

एक दर्दनाक चीज़

हमारे नेताओं और अखबारों ने यह ज़ाहिर किया है कि कुल हिन्द कांगरेस कमेटी की बंगलोर बैठक को कांगरेस के भीतर एकता पैदा करने में बहुत बड़ी सफलता मिली है. लेकिन बैठक मुशकिल से पूरी हो पाई थी कि श्री क़िदवाई और श्री जैन के बयानों और स्तीफ़ों ने यह साफ़ बता दिया कि हालत पहले ही जैसी बिगड़ी हुई है— उसमें रत्ती भर सुधार नहीं हुआ है. हर एक कांगरेसी अख़बार ने श्री क़िदवाई के स्तीफ़े को राहत देने वाली मुक्ति मानकर उसका खुला स्वागत किया है. लेकिन अब कांगरेस को उस पेचीदगी का सामना करना पड़ रहा है, जिस के लिये श्री नेहरू ज़िम्मेदार हैं. और वह यह कि उन्होंने श्री क़िदवाई और श्री जैन को अपने केन्द्री मंत्रिमंडल में बनाए रखा है बावजूद इस बात के कि वह दोनों प्रजापारटी के नेता हैं और उस कांगरेस के कट्टर विरोधी हैं जिस के सदर श्री टंडन जी हैं.

हम जनता के लोगों के लिये, जिन्हें कांगरेस के भीतरी मतभेदों और फूट का बहुत कम ज्ञान है, सच्चे गुन-दोशों के आधार पर इन सारे कामों की क़ीमत आंकना मुश्किल है. जनता तो अख़बारों में जो कुछ छपता है, उसी से फ़ैसला कर सकती है. और जो घटनायें घट रही हैं, उन्हें वह कांगरेस के भीतर पैठी हुई सड़ांध के बद्से बद्तर होने की निशानी ही मान सकती है. जनता इस नतीजे पर आए बिना भी नहीं रह सकती कि यह सड़ांध ऊपर से नीचे तक सारे संगठन में फैली हुई है. नई दिल्ली और सूबों की सरकारों में बहुत ही महत्व वाले महकमों की ज़िम्मेदारी संभालने वाले अनेकों मिनिस्टर अपने समय, अक़्ल और ताक़त का काफ़ी बड़ा हिस्सा मिनिस्टरों के नाते अपना फ़र्ज़ पूरा करने में नहीं, बल्कि इन गन्दे दाँव पेंचों और चालबाज़ियों में ही ख़र्च करते होंगे. क्या जनता यह समझे कि जनहित राज या वैलफ़ेयर स्टेट इन साज़िशों और शडयंत्रों की कटीली घनी झाड़ियों के जंगल में से पैदा होगी ?

श्री जवाहर लाल नेहरू दो रानी वाले उस नामी राजा की तरह मालूम होते हैं— जिसकी बड़ी रानी पटरानी होने पर भी राजा की कृपापात्र नहीं है और छोटी कोई ख़ास हक़ न रखते हुए भी राजा की कृपापात्र है. प्रजा पारटी के नेता श्री क़िदवाई भी यह ज़ाहिर करते हैं कि नेहरू जी मेरे नेता और प्यारे दोस्त हैं. और, बेशक नेहरू जी कांगरेस के

ایک دردناک چیز

ہمارے نیتاؤں اور اخباروں نے یہ ظاہر کیا ہے کہ کل ہند کانگریس کمیٹی کی بنگلور بیٹھک کو کانگریس کے بھیتر ایکتا پیدا کرنے میں بہت بڑی سپھلتا ملی ہے۔ لیکن بیٹھک مشکل سے پوری ہو پائی تھی کہ شری قدوائی اور شری جین کے بیانوں اور استعفوں نے یہ صاف بتا دیا کہ حالت پہلے ہی جیسی بگڑی ہوئی ہے— اس میں رتی بھر سدھار نہیں ہوا ہے۔ ہر ایک کانگریسی اخبار نے شری قدوائی کے استعفے کو راحت دینے والی مکتی مان کر اسکا کھلا سواگت کیا ہے۔ لیکن اب کانگریس کو اس پیچیدگی کا سامنا کرنا پڑ رہا ہے جس کے لئے شری نہرو ذمہ دار ہیں۔ اور وہ یہ کہ انہوں نے شری قدوائی اور شری جین کو اپنے کیندری منتری منڈل میں بنائے رکھا ہے باوجود اس بات کے کہ وہ دونوں پرجا پارٹی کے نیتا ہیں اور اس کانگریس کے کٹر ورودھی ہیں جسکے صدر شری ٹنڈن جی ہیں۔

ہم جنتا کے لوگوں کے لئے جنہیں کانگریس کے بھیتری بھیدوں اور پھوٹ کا بہت کم گیان ہے، سچے گن دوشوں کے آدھار پر ان سارے کاموں کی قیمت آنکنا مشکل ہے۔ جنتا تو اخباروں میں جو کچھ چھپتا ہے اسی سے فیصلہ کرسکتی ہے۔ اور جو گھٹنائیں گھٹ رہی ہیں انہیں وہ کانگریس کے بھیتر پیٹھی ہوئی سڑاندھ کے بد سے بدتر ہونے کی نشانی ہی مان سکتی ہے۔ جنتا اس نتیجے پر آئے بنا بھی نہیں رہ سکتی کہ یہ سڑاندھ اوپر سے نیچے تک سارے سنگٹھن میں پھیلی ہوئی ہے۔ نئی دلی اور صوبوں کی سرکاروں میں بہت ہی مہتو والے محکموں کی ذمہ داری سنبھالنے والے انیکوں منسٹر اپنے سمے، عقل اور طاقت کا کافی بڑا حصہ منسٹروں کے ناتے اپنا فرض پورا کرنے میں نہیں بلکہ ان گندے داؤں پیچوں اور چالبازیوں میں ہی خرچ کرتے ہونگے۔ کیا جنتا یہ سمجھے کہ جن ہت راج یا ویلفیئر اسٹیٹ ان سازشوں اور شڈینتروں کی کٹیلی گھنی جھاڑیوں کے جنگل میں سے پیدا ہوگی؟

شری جواہرلال نہرو دو رانی والے اس نامی راجہ کی طرح معلوم ہوتے ہیں— جسکی بڑی رانی پٹ رانی ہونے پر بھی راجہ کی کرپا پاتر نہیں ہے اور چھوٹی کوئی خاص حق نہ رکھتے ہوئے بھی راجہ کی کرپا پاتر ہے۔ پرجا پارٹی کے نیتا شری قدوائی بھی یہ ظاہر کرتے ہیں کہ نہرو جی میرے نیتا اور پیارے دوست ہیں۔ اور بے شک نہرو جی کانگریس کے

दी जाय जिन से तरी भी मिलती रहे. साथ ही साथ यह भी मानी हुई बात है कि कोका-कोला के फैलने से हमारे देश का काफ़ी पैसा बाहर चला जायगा जो इसके अन्दर पड़ने वाले जुदा जुदा रसों और चीज़ों के लिये चाहिये. इसकी बनावट की सब से ख़ास चीज़ें तो विदेश से ही आती हैं क्योंकि पेटेन्ट का अधिकार उन्हीं को मिला हुआ है". (मैसूर 9 अप्रैल, 1951).

जाहिर है कि बाहर की पेटेन्ट शुदा चीज़ों से ठंडाइयां और शरबत अब सरकार हमें पिलाएगी और पैसा बाहर भिजवाएगी. यह सरकार की आम पालिसी है.

अब आगे हम क्या कहें ? हम बिके जा रहे हैं अपने पूंजीपतियों के हाथों में, और हम सब मिलकर बिके जारहे हैं अमरीका व ब्रिटेन के पूंजीपतियों के हाथों में ! इसी का नाम तरक़्क़ी है, इसी का नाम वह बुनयादी चीज़ है जिस पर पंडित जवाहर लाल नेहरू हम से बलिहारी हो जाने को कहते हैं. हम फिर अर्ज़ करेंगे कि साइन्स की इन तदबीरों की हमारे देश में इस वक़्त इस तरह के इस्तेमाल की बात हमारी समझ में नहीं आती. कई बार सारी रिपोर्ट हमने इधर से उधर तक ग़ौर के साथ देखली, हर दफ़ा पंडित जवाहर लाल नेहरू का सिर्फ़ एक जुमला हमारे दिमाग़ में उतर आता है—"जनता की तरफ़ से बेरुख़ी दर असल बढ़ी है," ख़ूब बढ़ी है, बढ़ रही है.

यह बेरुख़ी ही एक सच्चाई है. यही पंडित जवाहर लाल की रिपोर्ट का निचोड़ है. यही आज़ाद हिन्दुस्तान की ख़ुद-मुख़्तार सरकार के कारनामों का एक सर्टीफ़िकेट है. यही देश की सब से बड़ी घटना है, सबसे दर्द भरी घटना है, सबसे ख़तरनाक घटना है.

—सुरेश रामभाई

دی جائے جن سے تری بھی ملتی رہے . ساتھ ہی ساتھ یہ بھی مانی ہوئی بات ہے کہ کوکا کولا کے پھیلنے سے ہمارے دیش کا کافی پیسہ باہر چلا جائے گا جو اسکے اندر پڑنے والے جدا جدا رسوں اور چیزوں کے لئے چاہئے . اسکی بناوٹ کی سب سے خاص چیزیں تو ودیش سے ہی آتی ہیں کیونکہ پیٹنٹ کا ادھکار انہیں کو ملا ہوا ہے .' (میسور 9 اپریل' 1951)

ظاہر ہے کہ باہر کی پیٹنٹ شدہ چیزوں سے ٹھنڈائیاں اور شربت اب سرکار ہمیں پلائے گی اور پیسہ باہر بھجوائے گی. یہ سرکار کی عام پالیسی ہے .

اب آگے ہم کیا کہیں؟ ہم بکے جا رہے ہیں اپنے پونجی پتیوں کے ہاتھوں میں' اور ہم سب ملکر بکے جا رہے ہیں امریکہ و برٹین کے پونجی پتیوں کے ہاتھوں میں ! اسی کا نام ترقی ہے' اسی کا نام وہ بنیادی چیز ہے جس پر پنڈت جواہر لال نہرو ہم سے بلیہاری ہوجانے کو کہتے ہیں . ہم پھر عرض کریں گے کہ سائنس کی ان تدبیروں کی ہمارے دیش میں اس وقت اِس طرح کے استعمال کی بات ہماری سمجھ میں نہیں آتی . کئی بار ساری رپورٹ ہم نے اِدھر سے اُدھر تک غور کے ساتھ دیکھ لی' ہر دفعہ پنڈت جواہر لال نہرو کا صرف ایک جملہ ہمارے دماغ میں اُتر آتا ہے — "جنتا کی طرف سے بے رخی دراصل بڑھی ہے' " خوب بڑھی ہے' بڑھ رہی ہے .

یہ بے رخی ہی ایک سچائی ہے . یہی پنڈت جواہر لال کی رپورٹ کا نچوڑ ہے . یہی آزاد ہندستان کی خود مختار سرکار کے کارناموں کا ایک سرٹیفیکٹ ہے . یہی دیش کی سب سے بڑی گھٹنا ہے سب سے درد بھری گھٹنا ہے' سب سے خطرناک گھٹنا ہے .

— سریش رام بھائی

अमन या जंग ?

"अगर दुनिया की जनता अमन क़ायम रखने और आख़ीर तक अमन की रक्षा करने का काम ख़ुद अपने हाथ में ले ले तो अमन क़ायम रहेगा और मज़बूती पकड़ेगा. लेकिन अगर जंग की बातें फैलाने वाले दुनिया की आम जनता को झूटी बातों के जाल में फंसाने, उन्हें धोका देने और एक नई बड़ी जंग में घसीट लाने में कामियाब हो गए तो मुमकिन है जंग न टल सके."

—स्टालिन

امن یا جنگ

"اگر دنیا کی جنتا امن قائم رکھنے اور آخیر تک امن کی رکشا کرنے کا کام خود اپنے ہاتھ میں لے لے تو امن قائم رہے گا اور مضبوطی پکڑے گا . لیکن اگر جنگ کی باتیں پھیلانے والے دنیا کی عام جنتا کو جھوٹی باتوں کے جال میں پھسانے' انہیں دھوکا دینے اور ایک نئی بڑی جنگ میں گھسیٹ لانے میں کامیاب ہو گئے تو ممکن ہے جنگ نہ ٹل سکے ."

— اِسٹالن

इस लायक नहीं या हम उनके लायक नहीं. यह तो तभी शोभा देंगे जब हममें काम सीखने और सिखाने वालों के दिमाग के पुराने जाले साफ हो जायंगे. तालीम के मौजूदा ढंग से यह जाले बढ़ते हैं और इन खोज घरों से हिन्दुस्तानियों को फायदा नहीं पहुँचने देते.

मिसाल के तौर पर हम रुड़की के बिल्डिंग रिसर्च इन्स्टीट्यूट को लें जो रुड़की इन्जीनियरिंग यूनिवरसिटी से दस क़दम के फ़ासले पर है. यह रुड़की यूनिवरसिटी भी अभी हाल में बनी है जिसमें 180 लड़के पढ़ते हैं जिनकी ख़िदमत में 90 तो निजी नौकर हैं, चौकीदार, चपरासी, लेकचरर, प्रोफ़ेसर अलग, जिनके मां बाप उन पर दो सौ-ढाई सौ रुपया महीना ख़र्च करते हैं और जो डिग्री लेने के बाद ठेकेदारों की ख़ुशामद करते हैं कि उन्हें नौकर रख लें. मगर इस शैतानी और हैरतनाक चीज़ में आगे नहीं जाकर हम नए खुले हुए बिल्डिंग रिसर्च इन्स्टीट्यूट की बात करें जो हिन्दुस्तान के ग्यारह खोज घरों में से एक रतन है. वहां जाकर आप देखें तो पता चलेगा कि यह खोज की जा रही है कि देहाती आदमी सस्ते घर, मज़बूत घर कैसे बनाये — छत पर कन्क्रीट हो, ऐसबसटस हो या और कोई शेख़-चिल्ली का मसाला !

इसी तरह दक्खिन में मैसूर में फ़ूड रिसर्च इन्स्टीट्यूट है. वहां यह खोज हो रही है कि हमें अच्छा और सस्ती ख़ुराक कैसे मिले. कौन नहीं जानता कि बनस्पति के मुक़ाबले घी या तेल बेहतर है, चीनी के मुक़ाबले गुड़ या शक्कर बेहतर है, डिब्बा बंद जेलियों और मुरब्बों के मुक़ाबले ताज़ी, हरी या उबली चीज़ बेहतर है—तो जहाँ ज़रूरत यह है कि बनस्पति, चीनी और टानिकों को तैयार करने के कारख़ाने बन्द किये जायं वहाँ इन्स्टीट्यूट वाले इस बात पर मग़ज़-पच्ची करते हैं कि किस तरह ऐसी चीज़ बनाली जाय कि अनाज न मिलने पर पेट भर जाय ! काश एक रिसर्च इन्स्टीट्यूट इस बात के लिये खुलता कि रुई या ऊन और कपड़ा न मिलने पर किसी कीमियागिरी से तन कैसे ढक लिया जाय. हमने कोका-कोला के बारे में इस खोज घर के डायरक्टर को लिखकर पूछा कि इसमें क्या ख़ूबियाँ हैं जो सरकार इतने जोश से इसके कारख़ाने खुलने दे रही है, तो उन्होंने जवाब दिया :—

> "एक साइन्सदां की हैसियत से, मुझे तो इस बात पर पूरा यक़ीन नहीं होता कि क़ुदरत में होने वाले फलों, सब्ज़ियों और पौधे के रसों को सड़ा कर जो हलकी नशीली चीज़ें तैयार की जाती हैं उन तक के इस्तेमाल को बन्द कर देना एक सच्ची बरकत है. लेकिन ख़ैर, अब जब यह हमारी क़ौमी पालिसी का एक हिस्सा हो गया है तब, एक तरह से, यह मुनासिब होगा कि दूसरी मामूली भड़काने वाली चीज़ों के इस्तेमाल को तरक़्क़ी

[illegible] جب ہم میں کام سیکھنے اور سکھانے والوں کے دماغ کے پرانے جالے صاف ہو جائینگے۔ تعلیم کے موجودہ ڈھنگ سے یہ جالے بڑھتے ہیں اور ان کھوج گھروں سے ہندستانیوں کو فائدہ نہیں پہونچنے دیتے۔

مثال کے طور پر ہم رڑکی کے بلڈنگ ریسرچ انسٹی ٹیوٹ کو لیں جو رڑکی انجینیرنگ یونیورسٹی سے دس قدم کے فاصلے پر ہے۔ یہ رڑکی یونیورسٹی ابھی حال میں بنی ہے جس میں 180 لڑکے پڑھتے ہیں جن کی خدمت میں 90 تو نجی نوکر ہیں، چوکیدار، چپراسی، لکچرر، پروفیسر الگ، جن کے ماں باپ ان پر دو سو ڈھائی سو روپیہ مہینہ خرچ کرتے ہیں اور جو ڈگری لینے کے بعد ٹھیکہ داروں کی خوشامد کرتے ہیں کہ انہیں نوکر رکھ لیں۔ مگر اس شیطانی اور حیرت ناک چیز میں نہیں جاکر ہم نئے کھلے ہوئے بلڈنگ ریسرچ انسٹی ٹیوٹ کی بات کریں جو ہندستان کے گیارہ کھوج گھروں میں سے ایک رتن ہے۔ وہاں جاکر آپ دیکھیں تو پتہ چلے کہ کھوج کی جا رہی ہے کہ دیہاتی آدمی سستے گھر، مضبوط گھر کیسے بنائیں — چھت پر کنکریٹ ہو، ایسبسٹس ہو یا اور کوئی شیخ چلی کا مسالہ!

اسی طرح دکھن میں میسور میں فوڈ ریسرچ انسٹی-ٹیوٹ ہے۔ وہاں یہ کھوج ہو رہی ہے کہ ہمیں اچھی اور سستی خوراک کیسے ملے۔ کون نہیں جانتا کہ بنسپتی کے مقابلے گھی یا تیل بہتر ہے، چینی کے مقابلے گڑ یا شکر بہتر ہے، ڈبہ بند جیلیوں اور مربوں کے مقابلے تازی، ہری یا ابلی چیز بہتر ہے — تو جہاں ضرورت یہ ہے کہ بنسپتی، چینی اور ٹانکوں کو تیار کرنے کے کارخانے بند کئے جائیں وہاں انسٹی ٹیوٹ والے اس بات پر مغز پچی کرتے ہیں کہ کس طرح ایسی چیز بنالی جائے کہ اناج نہ ملنے پر پیٹ بھر جائے! کاش ایک ریسرچ انسٹی ٹیوٹ اس بات کے لئے کھلتا کہ روئی یا اون اور کپڑا نہ ملنے پر کسی کیمیاگری سے تن کیسے ڈھک لیا جائے۔ ہم نے کوکاکولا کے بارے میں اس کھوج گھر کے ڈائرکٹر کو لکھکر پوچھا کہ اس میں کیا خوبیاں ہیں جو سرکار اتنے جوش سے اسکے کارخانے کھلنے دے رہی ہے، تو انہوں نے جواب دیا:

> "ایک سائنسداں کی حیثیت سے مجھے تو اس بات پر پورا یقین نہیں ہوتا کہ قدرت میں ہونے والے پھلوں، سبزیوں اور پودھے کے رسوں کو سڑا کر جو ہلکی نشیلی چیزیں تیار کی جاتی ہیں ان تک کے استعمال کو بند کر دینا ایک سچی برکت ہے۔ لیکن خیر، اب جب یہ ہماری قومی پالیسی کا ایک حصہ ہو گیا ہے تب، ایک طرح سے، یہ مناسب ہو گا کہ دوسری معمولی بھڑکانے والی چیزوں کے استعمال کو ترقی

अगर यूँ ही ख़र्च के तख़मीने बढ़ते गए तो कहाँ जाकर चीज़ अटकेगी कौन जाने !

महानदी पर जो हीरा कुन्ड डाम बनाया जा रहा है उसके सिलसिले में बम्बई के नामी हफ़्तेवार "भारतज्योति" में भाई कुमार भूशन राय का एक समझदारी भरा और दिलचस्प लेख छपा है. उन्होंने बताया है कि हमारी सरकार यह चाहती है कि अमरीकी सरकार ने जिस तरह अपनी कोलोरेडो और टेनेसी नदियों को बस में कर लिया उसी तरह हम भी करलें. सरकार की स्कीम थी कि महानदी में तीन जगह पर—हीरा कुन्ड, तिकरु पुर और बारज डाम बाँधकर पानी के हौज़ तैयार किये जायं. लेकिन बाद में तीन की जगह सिर्फ़ हीरा कुन्ड में यह कारवाई करना तय पाया और 1945 में ख़र्चे का तख़मीना 48 करोड़ के क़रीब था जो अब और बढ़ गया है. लेकिन, जानकार लेखक का कहना है, जब कोलोरेडो जैसी छोटी नदी को क़ाबू में लाने के लिये अमरीका वालों ने 134 हौज़ बनाए तो महानदी जैसी महानदी के लिये तीन हौज़ों से क्या होने वाला है और अब तो तीन की जगह एक ही बन रहा है. यही नहीं, कोलोरेडो नदी में हौज़ों की उमर जहाँ एक हज़ार से दो हज़ार साल तक की है, महानदी वालों के लिये सरकारी अन्दाज़ा सिर्फ़ छ: सौ साल का है और भाई कुमार भूशन राय ने हिसाब लगा कर दिखलाया है कि यह ठीक से एक सौ साल भी नहीं होगा! फिर, जब कोलोरेडो स्कीम पर कुल ख़र्च तीन अरब छयालीस करोड़ चार लाख सत्तानवे हज़ार दो सौ डालर (या दस-बारह अरब रुपए यानी हज़ार-बारह सौ करोड़ रुपए के क़रीब) पड़ा तो महानदी पर कुल ख़र्च कितना बैठेगा और वह रुपया कहाँ से आएगा ? उनका कहना है—'हमारी नदी स्कीमों पर फिर से सोचने और उनकी क़ीमत आँकने का वक़्त आ गया है. अलग अलग आदमी एक ही चीज़ को अलग अलग रोशनी में देखते हैं. इसलिये मैं उम्मीद करता हूँ कि अगर मैं साफ़ साफ़ और खुल कर अपनी राय को पेश कर दूं जो सरकारी स्कीम बनाने वालों की राय से बहुत जुदा है तो इसे उनकी शान के ख़िलाफ़ नहीं समझा जायगा.''

यह राय है पढ़े लिखे इन्जीनियर लोगों की ! तब फर मामूली किसान तो यही कहेगा—"बाबा, बख़्शो ! हम कुआँ खोद लेंगे और जो पड़ेगी भुगत लेंगे.'' कहने की ज़रूरत नहीं कि इन योजनाओं का कितना पैसा काम में न आकर ग़लत तरह से ज़ाया हो जाता है और हिसाब किताब के मामले में जो बेतरतीबी रही है उसीका चर्चा तो पार्लिमेन्ट में भी आ चुकी है.

विज्ञान के खोज घरों के बारे में हमारी वही हालत है जो दूध के जले की होती है. माना कि यह अच्छी चीज़ है, सभ्यता के घर हैं—लेकिन हमारे लायक़ नहीं, कम से कम

اگر یوں ہی خرچ کے تخمینے بڑھتے گئے تو کہاں جاکر چیز اٹکیگی کون جانے !

مہاندی پر جو ہیرا کنڈ ڈام بنایا جا رہا ہے اُسکے سلسلے میں بمبئی کے نامی ہفتے وار "بھارت جیوتی" میں بھائی کمار بھوشن رائے کا ایک سمجھداری بھرا اور دلچسپ لیکھ چھپا ہے . اُنہوں نے بتایا ہے کہ ہماری سرکار یہ چاہتی ہے کہ امریکی سرکار نے جس طرح اپنی کولوریڈو اور ٹینیسی ندیوں کو بس میں کر لیا اُسی طرح ہم بھی کر لیں . سرکار کی اسکیم تھی کہ مہاندی میں تین جگہ پر -- ہیراکنڈ، تکرو پور اور بارج ڈام باندھ کر پانی کے حوض تیار کئے جائیں . لیکن بعد میں تین کی جگہ صرف ہیراکنڈ میں یہ کاروائی کرنا طے پایا اور 1945 میں خرچے کا تخمینہ 48 کروڑ کے قریب تھا جو اب اور بڑھ گیا ہے . لیکن جانکار لیکھک کا کہنا ہے ، جب کولوریڈو جیسی چھوٹی ندی کو قابو میں لانے کے لئے امریکہ والوں نے 134 حوض بنائے تو مہاندی جیسی مہاندی کے لئے تین حوضوں سے کیا ہونے والا ہے اور اب تو تین کی جگہ ایک ہی بن رہا ہے . یہی نہیں ، کولوریڈو ندی میں حوضوں کی عمر جہاں ایک ہزار سے دو ہزار سال تک کی ہے ، مہاندی والوں کے لئے سرکاری اندازہ صرف چھ سو سال کا ہے اور بھائی کمار بھوشن رائے نے حساب لگا کر دکھلایا ہے کہ یہ ٹھیک سے ایک سو سال بھی نہیں ہوگا ! پھر ، جب کولوریڈو اسکیم پر کل خرچ تین ارب چھیالیس کروڑ چار لاکھ ستانوے ہزار دو سو ڈالر (یا دس بارہ ارب روپے یعنی ہزار بارہ سو کروڑ روپے کے قریب) پڑا تو مہاندی پر کل خرچ کتنا بیٹھیگا اور وہ روپیہ کہاں سے آئیگا ؟ اُن کا کہنا ہے --"ہماری ندی اسکیموں پر پھر سے سوچنے اور اُن کی قیمت آنکنے کا وقت آگیا ہے . الگ الگ آدمی ایک ہی چیز کو الگ الگ روشنی میں دیکھتے ہیں . اسلئے میں اُمید کرتا ہوں کہ اگر میں صاف صاف اور کھل کر اپنی رائے کو پیش کر دوں جو سرکاری اسکیم بنانے والوں کی رائے سے بہت جدا ہے و اسے اُن کی شان کے خلاف نہیں سمجھا جائیگا ."

یہ رائے ہے پڑھے لکھے انجینیر لوگوں کی ! تب پھر معمولی کسان تو یہی کہیگا --" بابا ، بخشو ! ہم کنواں کھود لینگے اور جو پڑیگی بھگت لینگے ." کہنے کی ضرورت ہیں کہ ان یوجناؤں کا کتنا پیسہ کام میں نہ آکر غلط طرح سے ضائع ہوجاتا ہے اور حساب کتاب کے معاملے میں بے ترتیبی رہی ہے اُس کی چرچا تو پارلیمنٹ میں آچکی ہے .

وگیان کے کھوج گھروں کے بارے میں ہماری وہی حالت جو دودھ کے جلے کی ہوتی ہے . مانا کہ یہ اچھی چیز ہے ، سبھیتا کے گھر ہیں -- لیکن ہمارے لائق نہیں ، کم سے کم

हमारी बातें ग़लत साबित हों. लेकिन पूत के लच्छन पालने में जैसे दीखते हैं उससे ही हम उसके आगे का अन्दाज़ा लगा सकते हैं.

प्लानिंग कमीशन ने हाल में ही एक पंच-साला स्कीम मुल्क के आगे रखी है और बताया है कि किस काम में कितना रुपया ख़र्च करें तो पांच साल में हम अपने देश को क्या बना लेंगे. प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट को हम अच्छी तरह समझ रहे हैं और उम्मीद है कि अगले नम्बर में पूरे ब्योरे के साथ उस पर अपनी राय ज़ाहिर कर सकेंगे. मगर यहाँ हम एक बात कहे बिना नहीं रह सकते जो इस प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट को सरसरी तौर पर देखने से हमें चुभती हुई मालूम हुई. वह यह कि "न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेंगी." अगर कमीशन उन्हें नचाने गया तो राधा परदेसियों के हाथों बिकी ज़रूर रखी है.

नदी-स्कीमों को भी हम शुबहे की आँखों से देखते हैं. पहले तो हमारा दिल इस बात की गवाही नहीं देता कि इस तरह दामोदर, महानदी वग़ैरा पर डाम बांध बांध कर हम कोई ख़ास क़ाबू उनके बहाव पर पालेंगे और अपने सूखे खेतों को हरा कर लेंगे. हमें मालूम है कि पंजाब में जगह जगह जहां बड़े ज़ोरों से नहरें खोदी गई थीं या डाम बांधे गए थे वहां शुरू के बरसों में तो ख़ूब अच्छी पौध उगी लेकिन फिर बाद में कहीं कहीं ज़मीन पर उपजाऊ मिट्टी की जगह नमकीनी मिट्टी—सज्जी जैसी—की तह जम गई और वह इलाक़े एकदम निकम्मे से बन गए. यही हाल इन स्कीमों से भी ईश्वर न करे हो जाय !

अब तक जो इन डामों का तजुरबा है वह भी दर्द भरा ही रहा. तीन डामों को तो हम जानते हैं जिन के लिये ज़ोरों से तैयारी हुई, लाखों रुपए ख़र्च किये गए मगर बाद में उन्हें बीच में ही छोड़ दिया गया—उत्तर प्रदेश में रिहन्द डाम, मदरास में रामपद सागर डाम और आसाम में ब्रह्मपुत्रा डाम. अभी 24 जुलाई को बंगाल के गवरनर ने कहा—"हम पच्छिमी बंगाल वालों को जब यह मालूम हुआ कि दामोदर-बाढ़-रोक-डाम स्कीम पर सरकार अब कोई ध्यान नहीं दे रही है तो हम पस्त हिम्मत हो गए." यानी दामोदर घाटी स्कीम के मुकम्मल हो जाने पर भी दामोदर की बाढ़ें पच्छिमी बंगाल के दुखियों को सताती रहेंगी.

भकरा-नंगल डाम पर साल दर साल ख़र्च का जो तख़मीना है, वह देखने की चीज़ है—

सन्	करोड़ रुपये
1947	42
1948	70
1949	110
1950	133

ہماری باتیں غلط ثابت ہوں ۔ لیکن پوت کے لچھن پالنے میں جیسے دیکھتے ہیں اس سے ہی ہم اس کے آگے کا اندازہ لگا سکتے ہیں

پلاننگ کمیشن نے حال میں ہی ایک پنچ سالہ اسکیم ملک کے آگے رکھی ہے اور بتایا ہے کہ کس کام میں کتنا روپیہ خرچ کریں تو پانچ سال میں ہم اپنے دیش کو کیا بنا لینگے۔ پلاننگ کمیشن کی رپورٹ کو ہم اچھی طرح سمجھ رہے ہیں اور امید ہے کہ اگلے نمبر میں پورے بیورے کے ساتھ اس پر اپنی رائے ظاہر کر سکینگے ۔ مگر یہاں ہم ایک بات کہے بنا نہیں رہ سکتے جو اس پلاننگ کمیشن کی رپورٹ کو سرسری طور پر دیکھنے سے ہمیں چبھتی ہوئی معلوم ہوئی ۔ وہ یہ کہ " نہ نو من تیل ہوگا نہ رادھا ناچینگی ." اگر کمیشن انہیں نچانے گیا تو رادھا پردیسیوں کے ہاتھوں بکی ضرور رکھی ہے ۔

ندی اسکیموں کو بھی ہم شبہ کی آنکھوں سے دیکھتے ہیں ۔ پہلے تو ہمارا دل اس بات کی گواہی نہیں دیتا کہ اس طرح دامودر، مہاندی وغیرہ پر ڈیم باندھ باندھ کر ہم کوئی خاص قابو ان کے بہاؤ پر پالینگے اور اپنے سوکھے کھیتوں کو ہرا کر لینگے ۔ ہمیں معلوم ہے کہ پنجاب میں جگہ جگہ جہاں بڑے زوروں سے نہریں کھودی گئی تھیں یا ڈیم باندھے گئے تھے وہاں شروع کے برسوں میں تو خوب اچھی پودھ اگی لیکن پھر بعد میں کہیں کہیں زمین پر اپجاؤ مٹی کی جگہ نمکیلی مٹی سجی جیسی کی تہہ جم گئی اور وہ علاقے ایکدم نکمے سے بن گئے ۔ یہی حال ان اسکیموں سے بھی ایشور نہ کرے ہوجائے !

اب تک جو ان ڈاموں کا تجربہ ہے وہ بھی درد بھرا ہی رہا ۔ تین ڈاموں کو تو ہم جانتے ہیں جن کے لئے زوروں سے تیاری ہوئی، لاکھوں روپئے خرچ کئے گئے مگر بعد میں انہیں بیچ میں ہی چھوڑ دیا گیا اترپردیش میں رہند ڈام، مدراس میں رام پد ساگر ڈام اور آسام میں برہم پترا ڈام۔ ابھی 24 جولائی کو بنگال کے گورنر نے کہا—"ہم پچھمی بنگال والوں کو جب یہ معلوم ہوا کہ دامودر باڑھ روک ڈام اسکیم پر سرکار اب کوئی دھیان نہیں دے رہی ہے تو ہم پست ہمت ہوگئے ." یعنی دامودر گھاٹی اسکیم کے مکمل ہوجانے پر بھی دامودر کی باڑھیں پچھمی بنگال کے دکھیوں کو ستاتی رہینگی ۔

بھکرا ننگل ڈام پر سال در سال خرچ کا جو تخمینہ ہے، وہ دیکھنے کی چیز ہے—

سن	کروڑ روپے
1947	12
1948	70
1949	110
1950	133

तरीक़ा अमल में लाएँ उसकी कामयाबी इसमें है कि वह हमें हमारी मनशा के अनुसार नतीजे देता है या नहीं. असल चीज़ तरीक़ा नहीं बल्कि मक़सद है."

इस निगाह से देखते हुए वह फिर नदी स्कीमों पर पहुँच गए और उसके बाद खेती पर. बढ़ती हुई आबादी से घबरा कर उन्होंने "कुनबा प्लानिंग" की सलाह दी है. इसी का नाम है बर्थ-कन्ट्रोल. और क्योंकि अब तक यह कन्ट्रोल नहीं हुआ इसलिये उनके ख़याल से अनाज का मसला दिन पर दिन टेढ़ा हो गया और देश के कुछ हिस्सों में क़हत जैसी हालत पैदा हो गई. सरकार ने 'और ग़ल्ला उपजाओ' आन्दोलन चलाया जो कामयाब तो रहा "मगर नतीजे इतने साफ़ साफ़ नहीं दिखलाई पड़े." इसी सिलसिले में उन्होंने अनाज वग़ैरा के मौजूदा कन्ट्रोल को भी ज़रूरी बताया है.

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की ख़ुशी ज़ाहिर की है कि इस चार साल के अरसे में हमने नया विधान बना डाला, ज़मींदारी प्रथा को ख़त्म करने की तजवीज़ें रच डालीं, हिन्दू-कोड बिल जैसे इनक़लाबी क़दम के लिये क़ानून गढ़ डाला. मगर हवा में कोई फ़रक़ तो नहीं दीख रहा है. हम भी ख़ुश हो लेते हैं कि चलो अच्छा हुआ यह हो गया, लेकिन यह सब काले अक्षर हैं जिनसे फ़ायदा तो कोई दूसरे ही उठा ले जाते हैं.

अपनी रिपोर्ट के बाद वाले हिस्से में पंडित जी ने अपनी विदेशी पालिसी, कशमीर का सवाल, दोनों बंगालों में तना तनी, प्रजा और सोशलिस्ट पार्टियों और आने वाले चुनाव में कांगरेस के फ़र्ज़ पर रोशनी डाली है. और यह सलाहें दी हैं कि क्या करना चाहिये. इसी दौरान में उन्होंने सरकारी मुलाज़िमों के काम की तारीफ़ करते हुए कहा है—"मेरा ख़याल है कि जो सख़्त आलोचना उनकी की जाती है वह बहुत हद तक सही नहीं है.........मुझे यक़ीन है कि उन्होंने कभी भी इतनी मेहनत से काम नहीं किया जितना इन चन्द बरस में." इसके अलावा यह भी बताया है कि चीज़ें कैसे चलाना चाहियें.

बड़े आदर मगर दुख के साथ हमें कहना पड़ता है कि इस रिपोर्ट में पंडित जी की सिर्फ़ एक बात के अलावा कोई दूसरी चीज़ हमारे गले नहीं उतरती. वह है उनका यह मानना कि सरकार और जनता में बदमज़गी बढ़ी है. हम समझते हैं कि इन चार बरस में सिवाय इस बदमज़गी के किसी दूसरी चीज़ की पैदावार नहीं बढ़ी. इससे कहीं ज़्यादा दुख हमें इस बात का है कि जिन तीन चीज़ों पर पंडित जी सब से ज़्यादा ज़ोर देते हैं—विज्ञान खोज घर, नदी स्कीमें और प्लानिंग कमीशन—वह मुल्क में तरी लाने के बजाय तबाही लाने वाली हैं. हम महसूस करते हैं कि हम कितनी संगीन बात कह रहे हैं और हमारी दिली तमन्ना है कि

طریقہ عمل میں لائیں اُسکی کامیابی اس میں ہے کہ وہ ہمیں ہماری منشا کے انوسار نتیجے دیتا ہے یا نہیں. اصل چیز طریقہ نہیں بلکہ مقصد ہے."

اِس نگاہ سے دیکھتے ہوئے وہ پھر ندی اسکیموں پر پہونچ گئے اور اُسکے بعد کھیتی پر. بڑھتی ہوئی آبادی سے گھبرا کر اُنہوں نے "کنبہ پلاننگ" کی صلاح دی ہے. اِسی کا نام ہے برتھ کنٹرول. اور کیونکہ اب تک یہ کنٹرول نہیں ہوا اِسلئے اُن کے خیال سے اناج کا مسئلہ دن پر دن ٹیڑھا ہوگیا اور دیش کے کچھ حصوں میں قحط جیسی حالت پیدا ہوگئی. سرکار نے 'اَور غلہ اُپجاؤ' آندولن چلایا جو کامیاب تو رہا "مگر نتیجے اتنے صاف صاف نہیں دکھائی پڑے." اِسی سلسلے میں اُنہوں نے اناج وغیرہ کے موجودہ کنٹرول کو بھی ضروری بتایا ہے.

پنڈت جواہر لال نہرو نے اپنی رپورٹ میں اِس بات کی خوشی ظاہر کی ہے کہ اِس چار سال کے عرصے میں ہم نے نیا ودھان بنا ڈالا زمینداری پرتھا کو ختم کرنے کی تجویزیں رچ ڈالیں، ہندو کوڈ بل جیسے انقلابی قدم کے لئے قانون گڑھ ڈالا. مگر ہوا میں کوئی فرق تو نہیں دیکھ رہا ہے. ہم بھی خوش ہو لیتے ہیں کہ چلو اچھا ہوا یہ ہوگیا، لیکن یہ سب کالے اکشر ہیں جن سے فائدہ تو کوئی دوسرے ہی اُٹھا لے جاتے ہیں.

اپنی رپورٹ کے بعد والے حصے میں پنڈت جی نے اپنی ودیشی پالیسی، کشمیر کا سوال، دونوں بنگالوں میں تنا تنی، پرجا اور سوشلسٹ پارٹیوں اور آنے والے چناؤ میں کانگریس کے فرض پر روشنی ڈالی ہے اور یہ صلاحیں دی ہیں کہ کیا کرنا چاہئے. اِسی دوران میں اُنہوں نے سرکاری ملازموں کے کام کی تعریف کرتے ہوئے کہا ہے — "میرا خیال ہے کہ جو سخت آلوچنا اُن کی کی جاتی ہے وہ بہت حد تک صحیح نہیں ہے...... مجھے یقین ہے کہ اُنہوں نے کبھی بھی اتنی محنت سے کام نہیں کیا جتنا اِن چند برس میں." اِسکے علاوہ یہ بھی بتایا ہے کہ چیزیں کیسے چلانا چاہئیں.

بڑے آدر مگر دکھ کے ساتھ ہمیں کہنا پڑتا ہے کہ اِس رپورٹ میں پنڈت جی کی صرف ایک بات کے علاوہ کوئی دوسری چیز ہمارے گلے نہیں اُترتی. وہ ہے اُن کا یہ ماننا کہ سرکار اور جنتا میں بدمزگی بڑھی ہے. ہم سمجھتے ہیں کہ ان چار برس میں سوائے اِس بدمزگی کے کسی دوسری چیز کی پیداوار نہیں بڑھی. اس سے کہیں زیادہ دکھ ہمیں اِس بات کا ہے کہ جن تین چیزوں پر پنڈت جی سب سے زیادہ زور دیتے ہیں—وگیان کھوج گھر، ندی اسکیمیں پلاننگ کمیشن — وہ ملک میں تری لانے کے بجائے تباہی لانے والی ہیں. ہم محسوس کرتے ہیں کہ ہم کتنی سنگین بات کہہ رہے ہیں اور ہماری دلی تمنا ہے کہ

ज़ाहिर है कि यह रिपोर्ट पिछले चार साल का कोई इतिहास नहीं हो सकती. यह तो महज़ कुछ घटनाओं और इधर-उधर की बातों से भरी एक छोटी सी गठरी हो सकती है जिससे दूसरों को मोटा अन्दाज़ा हो जाय और आगे के लिये रास्ता निकालने में मदद मिले. लेकिन हमारी मुसीबत यह और भी है कि एक छोटे से लेख में उस गठरी, की चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, सभी चीज़ों को निकाल निकाल कर जाँच कर उनकी क़ीमत परखना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल ज़रूर है. इसलिये हम सिर्फ़ खास खास नमूनों को लेकर संतोश करेंगे.

पंडित जवाहर लाल ने शुरू मे ही कहा है कि आज़ादी के साथ साथ हकूमत पर मुसीबतों के पहाड़ टूट पड़े-- बटवारा और लाखों की तादाद में बे घरवालों का आना, कश्मीर पर पाकिस्तान का हमला, बापू की हत्या, चीज़ों के दाम चढ़ जाना और आरथिक बन्दोबस्त डांवाडोल हो जाना. इन सभी को दुरुस्त करने के फेर में सरकार बड़े बड़े चक्करों मे फंसती चली गई और काम संभलते हुए भी नहीं सभल रहा था. नतीजा हुआ जनता और सरकार के बीच सहयोग की कमी. यह कमी बढ़ती ही गई और इन चार साल—में ज़बरदस्त कोशिशों के होते हुए भी—जनता की सरकार के कामों के साथ बेरुख़ी हद को पहुंच गई.

इतना कहने के बाद जवाहर लाल जी ने अपनी सरकार के कारनामे गिनाये हैं. हम उन्हें चुन कर नीचे देते हैं—

1. रियासतों का मिलाया जाना जिसके लिये हम सब स्वर्गीय सरदार पटेल के एहसान मन्द हैं.

2. हमारे देश में पिछले चन्द बरस मे विज्ञानी खोज में मार्के की तरक़्क़ी, जिसे आम तौरसे नज़र अन्दाज़ कर दिया जाता है. विज्ञान और उसके कारनामों का दुनिया मे यह आगे की उन्नति के लिये एक बुनयादी चीज़ है.

3. नदियों वाली स्कीमें, जैसे दामोदर घाटी, भकरा नंगल और हीराकुन्ड.

4. शरनार्थियों का बसाना.

5. प्लानिंग कमशन का क़ायम होना.

इसके बाद पंडित जी यह क़बूल करते हैं कि देश की जो बुनयादी आरथिक पेचीदगी थी उसे कामयाबी के साथ हल नहीं किया जा सका है. वह इस कमी को बहुत गहराई के साथ महसूस करते हैं और सारी ज़िम्मेदारी अपने मत्थे लेते हैं.

आगे चलकर पंडित जी उसूली बड़े सवालों पर आ जाते हैं कि हमें अपनी राजकाजी, माली और समाजी बढ़ोतरी के लिये आगे क्या निशान रखना चाहिये और कौनसा रास्ता अपनाना है. उनका कहना है—"हम जो भी

ظاہر ہے کہ یہ رپورٹ پچھلے چار سال کا کوئی اتہاس نہیں ہوسکتی. یہ تو محض کچھ گھٹناؤں اور ادھر ادھر کی باتوں سے بھری ایک چھوٹی سی گٹھری ہوسکتی ہے جس سے دوسروں کو موٹا اندازہ ہوجائے اور آگے کے لئے راستہ نکالنے میں مدد ملے. لیکن ہماری مصیبت یہ اور بھی ہے کہ ایک چھوٹے سے لیکھ میں اس گٹھری کی چاہے وہ چھوٹی ہی کیوں نہ ہو، سبھی چیزوں کو نکال نکال کر جانچ کر ان کی قیمت پرکھنا ناممکن نہیں تو مشکل ضرور ہے. اس لئے ہم صرف خاص خاص نمونوں کو لے کر سنتوش کریں گے.

پنڈت جواہر لال نے شروع میں ہی کہا ہے کہ آزادی کے ساتھ ساتھ حکومت پر مصیبتوں کے پہاڑ ٹوٹ پڑے بٹوارہ اور لاکھوں کی تعداد میں بے گھر والوں کا آنا، کشمیر پر پاکستان کا حملہ، باپو کی ہتیا، چیزوں کے دام چڑھ جانا اور آرتھک بندوبست ڈانواڈول ہوجانا. ان سبھی کو درست کرنے کے پھیر میں سرکار بڑے بڑے چکروں میں پھنستی چلی گئی اور کام سنبھلتے ہوئے بھی نہیں سنبھل رہا تھا. نتیجہ ہوا جنتا اور سرکار کے بیچ سہیوگ کی کمی. یہ کمی بڑھتی ہی گئی اور ان چار سال میں — زبردست کوششوں کے ہوتے ہوئے بھی — جنتا کی سرکار کے کاموں کے ساتھ بے رخی حد کو پہونچ گئی.

اتنا کہنے کے بعد جواہر لال جی نے اپنی سرکار کے کارنامے گنائے ہیں. ہم انہیں چن کر نیچے دیتے ہیں —

1. ریاستوں کا ملایا جانا جس کے لئے ہم سب سورگیہ سردار پٹیل کے احسان مند ہیں.

2. ہمارے دیش میں پچھلے چند برس میں وگیانی کھوج میں معرکے کی ترقی، جسے عام طور سے نظر انداز کر دیا جاتا ہے. وگیان اور اسکے کارناموں کی دنیا میں یہ آگے کی انتی کے لئے ایک بنیادی چیز ہے.

3. ندیوں والی اسکیمیں، جیسے دامودر گھاٹی، بھکرا ننگل اور ھیرا کنڈ

4. شرنارتھیوں کا بسانا.

5. پلاننگ کمیشن کا قائم ہونا.

اسکے بعد پنڈت جی یہ قبول کرتے ہیں کہ دیش کی جو بنیادی آرتھک پیچیدگی تھی اسے کامیابی کے ساتھ حل نہیں کیا جا سکا ہے. وہ اس کمی کو بہت گہرائی کے ساتھ محسوس کرتے ہیں اور ساری ذمے داری اپنے متھے لیتے ہیں.

آگے چلکر پنڈت جی اصولی بڑے سوالوں پر آجاتے ہیں کہ ہمیں اپنی راج کاجی، مالی اور سماجی بڑھوتری کے لئے آگے کیا نشان رکھنا چاہئے اور کون سا راستہ اپنانا ہے. ان کا کہنا ہے — "ہم جو بھی

बीच में खड़ी की गई. शहर की बोली तो आधी अरबी हो गई लेकिन देहात की बोली बहुत कुछ तुरकी ही रही और इसलिये तुरकों के वास्ते तुरकी ज़बान को फिर ज़िन्दा करना मुमकिन हो गया. उन्नीसवीं सदी में तुरकों के दिलों में भी आज़ादी की तरंग उठी और साथ ही यह ख़याल भी आ गया कि आज़ादी हासिल करने के लिये यह दीवार भी गिरानी पड़ेगी. चुनांचे उन्नीसवीं सदी के आख़िर में कुछ ऐसे नौजवान पैदा हो गए जिन्होंने भाशा को सुधारने की कोशिश की लेकिन ख़िलाफ़त के हवाख़्वाहों के सामने उनकी कुछ चली नहीं.

[भाई मदन गोपाल जी की किताब 'भाशा' के आख़िरी अध्याय का अधूरा हिस्सा. बाक़ी अगले परचे में]

بیچ میں کھڑی کی گئی ۔ شہر کی بولی تو آدھی عربی ہو گئی لیکن دیہات کی بولی بہت کچھ ترکی ہی رہی اور اِس لئے ترکوں کے واسطے ترکی زبان کو پھر زندہ کرنا ممکن ہو گیا ۔ اُنیسویں صدی میں ترکوں کے دلوں میں بھی آزادی کی ترنگ اُٹھی اور ساتھ ہی یہ خیال بھی آ گیا کہ آزادی حاصل کرنے کے لئے یہ دیوار بھی گرانی پڑے گی ۔ چنانچہ اُنیسویں صدی کے آخر میں کچھ ایسے نوجوان پیدا ہو گئے جنہوں نے بھاشا کو سدھارنے کی کوشش کی لیکن خلافت کے ہواخواہوں کے سامنے اُن کی کچھ چلی نہیں ۔

[بھائی مدن گوپال جی کی کتاب 'بھاشا' کے آخری ادھیائے کا ادھورا حصہ ۔ باقی اگلے پرچے میں ۔]

स्वाराज के चार साल

हर कारज के करने में यह दस्तूर बरता जाता है कि साल के तमाम होने पर या बीच में जब कभी सहूलियत हो अपने सारे काम का लेखा ड्योढ़ा ठीक करके उसका पूरा चिट्ठा कारकुन लोग अपने मालिक के आगे पेश करदें या अपने साथी साझीदारों को समझा दें और तब लोग गये साल के तजरबे के आधार पर आपस में सलाह मशविरा कर के आगे के लिये अपना प्रोग्राम बनायें. हकूमत या सरकार का काम भी एक कारज बन गया है और लोकशाही के बढ़ते हुए प्रचार से उसकी बागडोर संभालने वालों की यह ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि जिन्होंने उन को कुरसी पर बिठाया है उनको अपने काम की जवाबदेही दें. चार साल हो रहे हैं जब हमारा देश आज़ाद हुआ था और उसके इंतज़ाम का सारा बोझ पंडित जवाहर लाल नेहरू के कंधों पर रखा गया था. वैसे तो आज़ादी के क़रीब एक बरस पहले से ही यह बोझ उनके ऊपर आचुका था. लेकिन इन चार पांच बरस में एक बार भी सरकारी काम का 'हिसाब' जनता या कांगरेस (जिस ने आज़ादी जीती थी) या शायद कांगरेस पार्लीमेन्ट्री पारटी के आगे भी नहीं आया और काम चलता रहा. चोटी पर पंडित जवाहर लाल थे इसलिये कोई इतनी हिम्मत भी कैसे करता कि उनसे हिसाब तलब करे. ख़ुशी की बात है कि जवाहर लाल जी ने ख़ुद ही यह रिपोर्ट कुल हिन्द कांगरेस कमेटी की ख़ातिर उसकी हाल में बंगलौर में हुई बैठक के पहले मुल्क के सामने पेश करदी. उनकी इस दरिया दिली और नम्रता पर उनके आगे सिर और भी झुक जाता है.

سواراج کے چار سال

ہر کارج کے کرنے میں یہ دستور برتا جاتا ہے کہ سال کے تمام ہونے پر یا بیچ میں جب کبھی سہولیت ہو اپنے سارے کام کا لیکھا ڈیوڑھا ٹھیک کرکے اُس کا پورا چٹھا کارکن لوگ اپنے مالک کے آگے پیش کردیں یا اپنے ساتھی ساجھیداروں کو سمجھا دیں اور تب لوگ گئے سال کے تجربے کے آدھار پر آپس میں صلاح مشورہ کرکے آگے کے لئے اپنا پروگرام بنائیں ۔ حکومت یا سرکار کا کام بھی ایک کارج بن گیا ہے اور لوک شاہی کے بڑھتے ہوئے پرچار سے اس کی باگ ڈور سنبھالنے والوں کی یہ ذمہ داری اور بھی بڑھ جاتی ہے کہ جنہوں نے اُن کو کرسی پر بٹھایا ہے اُن کو اپنے کام کی جواب دہی دیں ۔ چار سال ہو رہے ہیں جب ہمارا دیش آزاد ہوا تھا اور اس کے انتظام کا سارا بوجھ پنڈت جواہرلال نہرو کے کندھوں پر رکھا گیا تھا ۔ ویسے تو آزادی کے قریب ایک برس پہلے سے ہی یہ بوجھ اُن کے اوپر آچکا تھا ۔ لیکن اِن چار پانچ برس میں ایک بار بھی سرکاری کام کا 'حساب' جنتا یا کانگریس (جس نے آزادی جیتی تھی) یا شاید کانگریس پارلیمنٹری پارٹی کے آگے بھی نہیں آیا اور کام چلتا رہا ۔ چوٹی پر پنڈت جواہرلال تھے اِس لئے اِتنی کوئی ہمت بھی کیسے کرتا کہ اُن سے حساب طلب کرے ۔ خوشی کی بات ہے کہ جواہرلال جی نے خود ہی یہ رپورٹ کل ہند کانگریس کمیٹی کی خاطر اس کی حال میں بنگلور میں ہوئی بیٹھک کے پہلے ملک کے سامنے پیش کردی ۔ اُن کی اِس دریا دلی اور نمرتا پر اُن کے آگے سر اور بھی جھک جاتا ہے ۔

कविता को समझ नहीं सकता. ईरानी दो हिस्सों में बट गए. 90 फ़ी सदी से ज्यादा अनपढ़ और पाँच छै फ़ी सदी पढ़े हुए. इन दो हिस्सों को जुदा करने के लिये जबान की दीवार चुनी गई. इस दीवार को खड़ी करने वाले थे ईरान के ब्राह्मन जिन्हें शायद वह मौलाना कहते हैं. इन ब्राह्मनों का चाहे वह किसी देस या जमाने के हों सबसे बड़ा हथकंडा है जादू टोने का और खास कर भाशा का जादू. बोलेंगे ऐसी बोली जो दूसरा अच्छी तरह से समझ न सके. जो पाठ कराएंगे तो ऐसी बोली में जो समझ से बाहर हो. तावीज गुरमंत्र सब का यही ढंग. दूसरा जादू जो वह सदा चलाते हैं वह है बड़े बाप के बेटे का ताकि जजमान आगे की न सोचें पीछे को ही ताकते रहें.

बीसवीं सदी में ईरानियों को भी लोकराज की सूझी. क़ानूनी मजलिसें बनीं भी, टूटीं भी. बादशाह अच्छे भी हुए बुरे भी. सन् 1921 में रज़ाखाँ एक फ़ौजी अफ़सर ने हकूमत की बाग जबरदस्ती अपने हाथ में ले ली और 1925 में शाह ही नहीं मुल्क का अकेला डिक्टेटर बन बैठा. वह देस प्रेमी था इसलिये देस को भी उस से प्रेम हो गया. वह देस का रुख़ बदलना चाहता था. आगे देखा, पीछे देखना छोड़ दो. गिरे हुए देस को सुधारने का यही गुरमंत्र हो सकता है. परदा उड़ा कर और शादी तलाक़ के क़ानून में सुधार कर के औरतों को आजाद किया. और बोली को अरबी से छुड़ाकर प्रजा को वहां के ब्राह्मनों की क़ैद में से निकाला और वह फ़सील गिरा कर जो ईरानी को ईरानी से जुदा करती थी देस में एकता पैदा की और तालीम आसान कर दी. यह तो सब जानते हैं कि ईरान में मुसलमान ही रहते हैं, उनकी लिपि एक है और बोली भी बहुत कुछ एक.

तुर्कों के पुराने इतिहास में जाने की जरूरत नहीं. इतना कहना काफ़ी है कि मुसलमानों के आने से पहले भी तुर्की एक बहुत बड़ा राज था. जबान बहुत सादा सुलझी हुई. ग्रामर सादा और ग्रामरी जिन्स से पाक. कुल आठ स्वर और लफ्ज स्वरों से लदे हुए. गो अरबों की हकूमत तुर्कों पर बहुत दिन न रह सकी. अरबी अपने इलमी खजाने की वजह से उन्नीसवीं सदी तक तुर्की जबान की गरदन पर सवार रही और उस में जुड़े हुए व्यंजनों की बीमारी पैदा कर दी. तुर्की सुलतानों की हकूमत दूर दूर के मुल्कों तक फैली यहाँ तक कि अरब भी इनके राज में आ गया. तुर्क सुलतान ही न हुए इसलाम के खलीफ़ा भी बन बैठे. इस का नतीजा यह हुआ कि तुर्की ब्राह्मनों की पांचों उंगलियां घी में. वही ब्राह्मनों के हथकंडे जबान के जादू तुर्की में भी खेले जाने लगे. जबान की दीवार यहाँ भी खड़ी की गई. शुकर इतना है कि यह दीवार शहर और देहात के

[illegible] تھا۔ ایرانی دو حصوں میں بٹ گئے۔ 90 فیصدی سے زیادہ ان پڑھ اور پانچ چھ فیصدی پڑھے ہوئے۔ ان دو حصوں کو جدا کرنے کے لئے زبان کی دیوار چنی گئی۔ اس دیوار کو کھڑی کرنے والے تھے ایران کے براہمن جنہیں شاید وہ مولانا کہتے ہیں۔ ان براہمنوں کا چاہے وہ کسی دیس یا زمانے کے [illegible] جادو ٹونے کا اور خاص کر [illegible] ایسی بولی جو دوسرا اچھی طرح سے سمجھ نہ سکے جو [illegible] ایسی بولی میں جو [illegible] ڈھنگ۔ دوسرا [illegible] باپ کے بیٹے کا [illegible]

[illegible] صدی میں [illegible] کو بھی لوک راج کی [illegible] بنیں بھی [illegible]۔ بادشاہ اچھے بھی ہوئے [illegible]۔ سن 1921 میں رضا خاں ایک فوجی افسر نے حکومت کی باگ زبردستی اپنے ہاتھ میں لے لی اور 1925 میں شاہ ہی نہیں ملک کا اکیلا ڈکٹیٹر [illegible] اس کو اپنے دیس کو بھی [illegible] تھا۔ وہ دیس کا رخ بدلنا چاہتا تھا۔ آگے دیکھو، پیچھے دیکھنا چھوڑ دو۔ گرے ہوئے دیس کو سدھارنے کا یہی گرو منتر ہو سکتا ہے۔ پردہ اڑا کر اور شادی طلاق کے قانون میں سدھار کر کے عورتوں کو آزاد کیا۔ اور بولی کو عربی سے چھڑا کر پرجا کو وہاں کے براہمنوں کی قید میں سے نکالا اور وہ فصیل گرا کر جو ایرانی کو ایرانی سے جدا کرتی تھی دیس میں ایکتا پیدا کی اور تعلیم آسان کر دی۔ یہ تو سب جانتے ہیں کہ ایران میں مسلمان ہی رہتے ہیں، ان کی لپی ایک ہے اور بولی بھی بہت کچھ ایک ہے۔

ترکوں کے پرانے اتہاس میں جانے کی ضرورت نہیں۔ اتنا کہنا کافی ہے کہ مسلمانوں کے آنے سے پہلے بھی ترکی ایک بہت بڑا راج تھا۔ زبان بہت سادہ سلجھی ہوئی۔ گرامر سادہ اور گرامری جنس سے پاک۔ کل آٹھ سور اور لفظ سوروں سے لدے ہوئے۔ گو عربوں کی حکومت ترکوں پر بہت دن نہ رہ سکی عربی اپنے علمی خزانے کی وجہ سے انیسویں صدی تک ترکی زبان کی گردن پر سوار رہی اور اس میں جڑے ہوئے ویئنجنوں کی بیماری پیدا کر دی۔ ترکی سلطانوں کی حکومت دور دور کے ملکوں تک پھیلی یہاں تک کہ عرب بھی ان کے راج میں آ گیا۔ ترک سلطان ہی نہ ہوئے اسلام کے خلیفہ بھی بن بیٹھے۔ اس کا نتیجہ یہ ہوا کہ ترکی براہمنوں کی پانچوں انگلیاں گھی میں۔ وہی براہمنوں کے ہتھکنڈے زبان کے جادو ترکی میں بھی کھیلے جانے لگے۔ زبان کی دیوار یہاں بھی کھڑی کی گئی۔ شکر اتنا ہے کہ یہ دیوار شہر اور دیہات کے

ज़रूरत ही नहीं पड़ी. इसलिये मुनासिब है कि हम कुछ थोड़ी सी सरसरी निगाह तुर्कों और ईरानियों के इतिहास और जुग़राफ़िये पर डालें और फिर अपने इतिहास और जुग़राफ़िये से उन्हें मिलाएं.

ईरान के शुरू की तवारीख़ की बाबत लिखने की यहाँ ज़रूरत नहीं. शायद हिन्दुस्तान से पहले आर्य ईरान में जाकर बसे. ईरान और आर्य दोनों एक ही धातु से हैं. जो पहली फ़ारसी है वह वैदिक से बहुत कुछ मिलती जुलती है. लेकिन आहिस्ता आहिस्ता उस क़ानून के मुताबिक़ जो हर बोली पर लागू है उस के बन्द ऐसे खुले कि स्वरों से लद गई. लफ़्ज़ घिस घिस कर छोटे होते गए. छटी सदी बी० सी० में ईरानी राज को वह चाँद लगे कि रूम सागर से लेकर हिन्दुस्तान में कश्मीर की घाटियों और सिन्ध की वादियों तक फैल गया. गो चौथी सदी बी० सी० में सिकन्दर ने उस मुल्क को फ़तह कर लिया पर राज ईरान में ईरानियों का ही रहा. यह ठीक कि वह दो सदियों तक यूनान को ख़िराज देते रहे. तब से सातवीं सदी ईसवी तक यानी कोई दो हज़ार बरस तक ईरान में राज बहुत कुछ ईरानी आर्यों का ही रहा. नतीजा यह कि ईरानी भाशा सुधरती रही. सातवीं सदी में मुसलमान अरबों ने ईरान को जीता. ईरानियों ने इसलाम ज़रूर क़बूल किया लेकिन इसलाम की परहेज़गारी उन्हें अपने में समो न सकी. वही खिलाने पिलाने का प्रेम, राग और चित्रकला का अनुराग, शेर व सुख़न का शौक़ और प्रकृति की पूजा उनमें जारी रही. यह हैं चार ख़ास गुन आर्यों के. हमें भी दावा है आर्य होने का लेकिन उन के गुनों में से एक भी अब हमारे में नहीं पाया जाता. जो थोड़ा बहुत ग़लती से कहीं दिखाई दे जाता है तो वह समझ लो इन ईरानियों, यूनानियों और पच्छिमी क़ौमों की मेहरबानियों का नतीजा है. गो इस मनचली क़ौम पर अरब कुछ ज़्यादा मुद्दत तक हकूमत न कर सके, अरबी ने अपना सिक्का ईरानी पर जमा लिया. इसमें कुछ तो हकूमत का हाथ था लेकिन बहुत सा हाथ उस इल्मी ज़ख़ीरे का था जो अरबों के इल्मी शौक़ ने सारी दुनिया के इल्मों से अरबी में जमा कर लिया था. अरबी सदियों तक पच्छिमी एशिया की ही नहीं बहुत से योरपी देसों की इल्मी ज़बान रही है. दसवीं सदी में जब हकूमत की बाग ईरानियों के हाथ में फिर आ गई तो ईरानी ने भी फिर पर निकाले, फ़िरदौसी ने उस सदी के आख़िर में शाहनामा लिखा जिस की ज़बान शुद्ध ईरानी है. फिर भाशा विद्या के इस नियम के अनुसार जिस को मैं बहुत दफ़ा लिख चुका हूँ अरबी जो इल्मी ज़बान थी उस ने ईरानी को दबा लिया. हाफ़िज़ जो चौदहवीं सदी में पैदा हुआ था उस की शायरी अरबी लफ़्ज़ों से लदी हुई है. नतीजा यह कि कोई ईरानी कुछ अरबी जाने बिना अपनी बोली की

ضرورت ھی نہیں پڑی . اس لئے مناسب ھے کہ ھم کچھ تھوڑی سی سرسری نگاہ ترکوں اور ایرانیوں کے اِتہاس اور جغرافیہ پر ڈالیں اور پھر اپنے اِتہاس اور جغرافیہ سے اُنہیں ملائیں .

ایران کے شروع کی تواریخ کی بابت لکھنے کی یہاں ضرورت نہیں. شاید ھندستان سے پہلے آریہ ایران میں جاکر بسے . ایران اور آریہ دونوں ایک ھی دھات سے ھیں . جو پہلی فارسی ھے وہ ویدک سے بہت کچھ ملتی جلتی ھے . لیکن آھستہ آھستہ اُس قانون کے مطابق جو ھر بولی پر لاگو ھے اُسکے بند ایسے کھلے کہ سوروں سے لد گئی . لفظ گھس گھس کر چھوٹے ھوتے گئے . چھٹی صدی بی . سی . میں ایرانی راج کو وہ چاند لگے کہ روم ساگر سے لے کر ھندستان میں کشمیر کی گھاٹیوں اور سندھ کی وادیوں تک پھیل گیا . گو چوتھی صدی بی . سی . میں سکندر نے اُس ملک کو فتح کر لیا پر راج ایران میں ایرانیوں کا ھی رھا . یہ ٹھیک کہ وہ دو صدیوں تک یونان کو خراج دیتے رھے . تب سے ساتویں صدی عیسوی تک یعنی کوئی دوھزار برس تک ایران میں راج بہت کچھ ایرانی آریوں کا ھی رھا . نتیجہ یہ کہ ایرانی بھاشا سدھرتی رھی . ساتویں صدی میں مسلمان عربوں نے ایران کو جیتا . ایرانیوں نے اسلام ضرور قبول کیا لیکن اسلام کی پرھیزگاری اُنہیں اپنے میں سمو نہ سکی . وھی کھلانے پلانے کا پریم، راگ اور چتر کلا کا انوراگ، شعرو سخن کا شوق اور پرکرتی کی پوجا اُن میں جاری رھی . یہ ھیں چار خاص گن آریوں کے . ھمیں بھی دعوی ھے آریہ ھونے کا لیکن اُن کے گنوں میں سے ایک بھی اب ھمارے میں نہیں پایا جاتا . جو تھوڑا بہت غلطی سے کہیں دکھائی دے جاتا ھے تو وہ سمجھ لو اِن ایرانیوں، یونانیوں اور پچھمی قوموں کی مہربانیوں کا نتیجہ ھے . گو اس منچلی قوم پر عرب کچھ زیادہ مدت تک حکومت نہ کر سکے عربی نے اپنا سکہ ایرانی پر جما لیا . اِسمیں کچھ تو حکومت کا ھاتھ تھا لیکن بہت سا ھاتھ اُس علمی ذخیرے کا تھا جو عربوں کے علمی شوق نے ساری دنیا کے علموں سے عربی میں جمع کر لیا تھا . عربی صدیوں تک پچھمی ایشیا کی ھی نہیں بہت سے یورپی دیسوں کی علمی زبان رھی ھے . دسویں صدی میں جب حکومت کی باگ ایرانیوں کے ھاتھ میں پھر آگئی تو ایرانی نے بھی پھر پر نکالے، فردوسی نے اُس صدی کے آخر میں شاھنامہ لکھا جس کی زبان شدھ ایرانی ھے . پھر بھاشا ودیا کے اس نیم کے انوسار جسکو میں بہت دفعہ لکھ چکا ھوں عربی جو علمی زبان تھی اُس نے ایرانی کو دبا لیا . حافظ جو چودھویں صدی میں پیدا ھوا تھا اسکی شاعری عربی لفظوں سے لدی ھوئی ھے . نتیجہ یہ کہ کوئی ایرانی کچھ عربی جانے بنا اپنی بولی کی

पल्ला भारी हुआ कभी किसी का. आख़िर मिल जुल कर
ही बसेरा करना पड़ा. दूसरी बात यह कि लातीनी और
जरमैनिक दोनों आर्य भाशा की बेटी हैं. केवल जुग़ाफ़िया
दोनो का जुदा. एक उत्तर में जा कर बसी, दूसरी दक्खिन
में जिनसे इन के रंग रूप में ही नहीं बनावट में भी फ़रक़
हो गया.

हमारी बोली खिचड़ी नहीं सत नजी है. गो मुझे अब
याद नहीं कि बचपन में इसे सीखने के लिये मुझे कोई ख़ास
मुशकिल हुई थी. इतनी समझ अब ज़रूर है कि एक हिन्दु-
स्तानी बच्चे के लिये यह खड़ी बोली हिन्दुस्तानी सीखना
इतना आसान नहीं जितना शायद एक ब्रजबासी के लिये
ब्रज भाशा या एक मदरासी के लिये अपनी मां बोली
सीखना. इसलिये अगर मेरे बच्चों के बच्चों और उन के बच्चो
के लिये यह आसान बनाई जा सके और हम न बनावें तो
हम अपनी सन्तान के दुशमन हैं. आजकल कुछ भाई इस
का सतनजापन निकालने की धुन में हैं और अगरचे वह
आसान के माने नहीं समझते केवल शुद्धों को समझते हैं
उनका हाथ बटाना हमारा धर्म है! क्योंकि मुशकिल लफ़्ज़
तो घिस कर आप ही आसान हो जाएंगे (ज़बान की इस
बाढ़ को कोई नहीं रोक सकता) भाशा बिना बीने इकनजी
नहीं हो सकती. लेकिन बीनने से पहले यह सोचना ज़रूरी
है कि क्या हम बीनने में सफल हो सकते हैं? अगर नहीं
तो कोशिश फ़ज़ूल ही नहीं नुक़सान भी पहुँचाती है.

यह तो सब जानते हैं कि इस सदी के शुरू में दो
पशियाई क़ौमें आज़ादी हासिल करते ही यह काम कर सकीं.
जैसा कि मैं हरफ़ों के बाब में लिख आया हूँ. तुर्क अपनी
ज़बान में से सारे अरबी और फ़ारसी लफ़्ज़ निकालने में
कामयाब हो गए. ईरानियों ने सारे अरबी लफ़्ज़ों को देश
निकाला देना ठीक नहीं समझा लेकिन उनकी ईरानी में
जितने फ़ज़ूल अनगिनत भरती के लफ़्ज़ घुस गए थे उन
सब को उन्होंने मार भगाया. हमारे भाई भी इन तुर्कों
और ईरानियों की तरह उन अरबी और फ़ारसी लफ़्ज़ों को
जो हमारी हिन्दुस्तानी में आ घुसे हैं निकालना चाहते हैं
और बड़े ज़ोरों से कहते हैं कि जो तुर्क और ईरानी कर
सके वह हम तो बहुत आसानी से कर सकते हैं क्योंकि
हमारे पास संस्कृत का भंडार मौजूद है. ज़ाहिरा तो उनकी
बात सोलह आने पक्की मालूम होती है. फ़ारसी में एक
कहावत है—आधे हकीम से जान का डर आधे मुल्ला से
ईमान का डर—इसी तरह आधे पंडित से देस का डर. हमारे
पंडित आधे पंडित हैं. अपना इतिहास जो सच पूछो इति-
हास नहीं इति-रोना है. उसे तो वह जान ही नहीं सकते
क्योंकि हमारे कुछ बड़ों ने उस पर ख़ूब मोटा गाढ़ा पोचा
फेर रक्खा है और दूसरों का इतिहास जानने की उन्हें कभी

[illegible] ری ہوا کبھی کسی کا . آخر مل جل کر ہی بسیرا
کرنا پڑا دوسری بات یہ کہ لاطینی اور جرمینک دونوں
آریہ بھاشا کی بیٹیاں ہیں . کیول جغرافیہ دونوں کا جدا .
ایک اتر میں جا کر بسی دوسری دکھن میں جن سے ان کے
رنگ روپ میں ہی نہیں بناوٹ میں بھی فرق ہوگیا .
ہماری بولی کھچڑی نہیں ست نجی ہے . گو مجھے
اب یاد نہیں کہ بچپن میں اسے سیکھنے کے لئے مجھے
کوئی خاص مشکل ہوئی تھی . اتنی سمجھ اب ضرور ہے کہ
ایک ہندستانی بچے کے لئے یہ کھڑی بولی ہندستانی
سیکھنا اتنا آسان نہیں جتنا شاید ایک برج باسی کے
لئے برج بھاشا یا ایک مدراسی کے لئے اپنی ماں بولی
سیکھنا . اس لئے اگر میرے بچوں کے بچوں اور ان کے
بچوں کے لئے یہ آسان بنائی جاسکے اور ہم نہ بناویں
تو ہم اپنی سنتان کے دشمن ہیں . آج کل کچھ بھائی
اس کا ست نجاپن نکالنے کی دھن میں ہیں اور اگرچہ
وہ آسان کے معنی نہیں سمجھتے کیول شدھوں کو
سمجھتے ہیں ان کا ہاتھ بٹانا ہمارا دھرم ہے ! کیونکہ
مشکل لفظ تو گھس کر آپ ہی آسان ہوجائینگے
(زبان کی اس باڑھ کو کوئی نہیں روک سکتا) بھاشا
بنا بینے اکنجی نہیں ہو سکتی . لیکن بیننے سے
پہلے یہ سوچنا ضروری ہے کہ کیا ہم بیننے میں سپھل
ہو سکتے ہیں ؟ اگر نہیں تو کوشش فضول ہی نہیں
نقصان بھی پہونچاتی ہے .

یہ تو سب جانتے ہیں کہ اس صدی کے شروع میں
دو ایشیائی قومیں آزادی حاصل کرتے ہی یہ کام کرسکیں .
جیسا کہ میں حرفوں کے باب میں لکھ آیا ہوں . ترک
اپنی زبان میں سے سارے عربی اور فارسی لفظ نکالنے
میں کامیاب ہوگئے . ایرانیوں نے سارے عربی لفظوں کو
دیس نکالا دینا ٹھیک نہیں سمجھا لیکن ان کی ایرانی
میں جتنے فضول انگنت بھرتی کے لفظ گھس گئے تھے
ان سب کو انہوں نے مار بھگایا . ہمارے بھائی بھی
ان ترکوں اور ایرانیوں کی طرح ان عربی اور فارسی
لفظوں کو جو ہماری ہندستانی میں آگھسے ہیں نکالنا
چاہتے ہیں اور بڑے زوروں سے کہتے ہیں کہ جو ترک اور
ایرانی کرسکے وہ ہم تو بہت آسانی سے کرسکتے ہیں
کیونکہ ہمارے پاس سنسکرت کا بھنڈار موجود ہے .
ظاہرا تو ان کی بات سولہ آنے پکی معلوم ہوتی ہے .
فارسی میں ایک کہاوت ہے — آدھے حکیم سے جان کا ڈر
آدھے ملا سے ایمان کا ڈر — اسی طرح آدھے پنڈت سے
دیس کا ڈر . ہمارے پنڈت آدھے پنڈت ہیں . اپنا
اتہاس جو سچ پوچھو اتہاس نہیں اِتی رونا ہے .
اسے تو وہ جان ہی نہیں سکتے کیونکہ ہمارے کچھ
بڑوں نے اس پر خوب موٹا گاڑھا پوچا پھیر رکھا ہے
اور دوسروں کا اتہاس جاننے کی انہیں کبھی

और बेलाग सिपाही थे, जो नतीजों की परवाह न करते हुए देश और धर्म की ख़िदमत करते करते हमेशा के लिये आराम की नींद सो गए. हम सब अल्लाह से आए हैं और अल्लाह ही की तरफ़ हम सब को जाना है.

("अहरार" देहली के आधार पर)

ख़ालिस बोली-खिचड़ी बोली और बोली की दीवार

(भाई मदन गोपाल)

कुछ अंगरेज़ी विद्वानों का यह ख़याल दुरुस्त मालूम होता है कि एक अंगरेज़ के लिये अंगरेज़ी सीखना ज़्यादा मुशकिल है बनिस्बत एक जरमन या फ़्रांसीसी के लिये जरमन या फ़्रांसीसी सीखना. वजह यह बताई जाती है कि फ़्रांसीसी, स्पेनिश और इटालियन रोमानी ज़बानें हैं जिनकी जड़ें अकसर लातीनी से निकली हैं इसलिये इन ज़बानों के बहुत से लफ़्ज़ ऐसे हैं जिन की जड़ वही होने के कारन उन सब लफ़्ज़ों का जो उस जड़ से निकले हैं समझना और याद करना बहुत ज़्यादा आसान है. यही हाल स्वीडिश, डेनिश और जरमन का है क्योंकि उन के अकसर लफ़्ज़ जरमैनिक जड़ों से निकले हुए हैं इसलिये जब एक जड़ सीख ली तो, उस जड़ में से जितने लफ़्ज़ अपनी बोली में आ गए हैं उनकी शकल चूंकि आपस में मिलती जुलती है और वह एक ही घराने के मालूम होते हैं, उन्हें समझना और याद रखना मुशकिल नहीं होता. अंगरेज़ी चूंकि एक खिचड़ी बोली है जिस में अकसर लातीनी जड़ों के लफ़्ज़ और जरमैनिक जड़ों के लफ़्ज़ ही नहीं, काफ़ी यूनानी लफ़्ज़ भी आ मिले हैं, इसलिये उन्हें जानने के लिये याददाश्त पर ज़्यादा ज़ोर डालना पड़ता है. बिलकुल ख़ालिस बोली तो दुनिया में न कोई हुई और न कोई है. थोड़े विदेसी लफ़्ज़ तो हर ज़बान में आ ही जाते हैं. उन से ज़बान की बनावट में फ़रक नहीं आता. वह तो दाल में नमक मसाले का ही काम देते हैं.

अंगरेज़ी में यह दो भांतिपन क्यों और कैसे आया ? इस का जवाब इंगलैन्ड की हिस्ट्री देती है जिस में पड़ने का यहाँ कोई ज़रूरत नहीं. यह बताना ज़रूरी मालूम होता है कि चौदहवीं सदी से लेकर उन्नीसवीं सदी तक यानी पाँच सौ बरस इन दोनों में एक दूसरे को निकालने के लिये ख़ूब जंग रही लेकिन चली किसी की नहीं. कभी किसी का

اور بے لاگ سپاہی تھے، جو نتیجوں کی پرواہ نہ کرتے ہوئے دیش اور دھرم کی خدمت کرتے کرتے ہمیشہ کے لئے آرام کی نیند سو گئے۔ ہم سب اللہ سے آئے ہیں اور اللہ ہی کی طرف ہم سب کو جانا ہے۔

("احرار" دہلی کے آدھار پر)

خالص بولی-کھچڑی بولی اور بولی کی دیوار

(بھائی مدن گوپال)

کچھ انگریزی ودوانوں کا یہ خیال درست معلوم ہوتا ہے کہ ایک انگریز کے لئے انگریزی سیکھنا زیادہ مشکل ہے بہ نسبت ایک جرمن یا فرانسیسی کے لئے جرمن یا فرانسیسی سیکھنا۔ وجہ یہ بتائی جاتی ہے کہ فرانسیسی، اسپینش اور اٹالین رومانی زبانیں ہیں جن کی جڑیں اکثر لاطینی سے نکلی ہیں اس لئے ان زبانوں کے بہت سے لفظ ایسے ہیں جن کی جڑ وہی ہونے کے کارن اُن سب لفظوں کا جو اس جڑ سے نکلے ہیں سمجھنا اور یاد کرنا بہت زیادہ آسان ہے۔ یہی حال سویڈش، ڈینش اور جرمن کا ہے کیونکہ اُن کے اکثر لفظ جرمینک جڑوں سے نکلے ہوئے ہیں اس لئے جب ایک جڑ سیکھ لی تو اُس جڑ میں سے جتنے لفظ اپنی بولی میں آگئے ہیں اُن کی شکل چونکہ آپس میں ملتی جلتی ہے اور وہ ایک ہی گھرانے کے معلوم ہوتے ہیں، انہیں سمجھنا اور یاد رکھنا مشکل نہیں ہوتا۔ انگریزی چونکہ ایک کھچڑی بولی ہے جس میں اکثر لاطینی جڑوں کے لفظ اور جرمینک جڑوں کے لفظ ہی نہیں، کافی یونانی لفظ بھی آ ملے ہیں، اس لئے انہیں جاننے کے لئے یادداشت پر زیادہ زور ڈالنا پڑتا ہے۔ بالکل خالص بولی تو دنیا میں نہ کوئی ہوئی اور نہ کوئی ہے۔ تھوڑے بدیسی لفظ تو ہر زبان میں آ ہی جاتے ہیں۔ ان سے زبان کی بناوٹ میں فرق نہیں آتا۔ وہ تو دال میں نمک مسالے کا ہی کام دیتے ہیں۔

انگریزی میں یہ دو بھانتی پن کیوں اور کیسے آیا؟ اس کا جواب انگلینڈ کی ہسٹری دیتی ہے جس میں پڑنے کی یہاں کوئی ضرورت نہیں۔ یہ بتانا ضروری معلوم ہوتا ہے کہ چودھویں صدی سے لیکر اُنیسویں صدی تک یعنی پانچ سو برس ان دونوں میں ایک دوسرے کو نکالنے کے لئے خوب جنگ رہی لیکن چلی کسی کی نہیں۔ کبھی کسی کا

सन 1921 में मेरी राजकाजी ज़िन्दगी शुरू हुई. कई बार मौलाना से बहुत कुछ मत भेद हुआ. लेकिन मौलाना जब भी मिलते उसी पहले की सी मुहब्बत और उतने ही अपने पन से मिलते. मेरे दिल में भी मौलाना का अदब और मान बढ़ता चला गया.

सन 1947 में पूरबी पंजाब के उजड़ने के साथ लुधियाना भी उजड़ा. मैं भी बेवतन होकर दिल्ली आगया. दिल्ली में मौलाना हसरत से मिला. हमारी मुसीबतों का हाल सुनकर बहुत हमदर्दी ज़ाहिर की. वालिद साहब के देहान्त की खबर सुन कर बहुत दुखी हुए. इस के बाद मौलाना जब जब दिल्ली आते मेरे मकान पर ज़रूर आते और हमेशा मुझसे और बच्चों से मुहब्बत की बातें करते.

पेट गिराने की समस्या को जिन तरीक़ों से रूस में हल किया गया है उन पर रोशनी डालने से पहले यह जान लेना ज़रूरी है कि यह समस्या क्या और क्यों है. कुछ माएँ ऐसी होती हैं जो मां बनना नहीं चाहतीं और किसी न किसी ढंग से पैदा होने वाली ज़िन्दगी को मौत की गोद में पटक देती हैं. कहते हैं औरतों की भावनाएं मर्द से अधिक कोमल होती हैं. किसी कोमल भावना वाले के लिये क्या यह मुमकिन है? लेकिन जब कोमल भावनाओं पर डर, फूट, धोके के मोटे मोटे पोचे फिरे हों तो क्या किया जाय. कोई औरत मां शायद पेट गिराना नहीं चाहती लेकिन मजबूरी को क्या किया जाय. वह सब कुछ करना पड़ता है जिसे करने को मन नहीं चाहता. सदाचार को ऊपर उठाने के लिये ज़रूरी है कि इन पोचों को धो दिया जाय और आदमी की कोमल भावनाओं को उजागर किया जाय. आइये देखें वह कौन सी हालतें हैं जो एक मां को पैदा होने से पहले बच्चे को मारने पर मजबूर कर देती हैं. रूस और योरपी देशों की समस्या हमारे देश से कुछ अलग है. हमारे यहां कुछ साल पहले तो सिर्फ़ लोक लाज के कारन पेट गिराया जाता था. किसी कमज़ोरी में पड़ कर या किसी तरह धोका खाकर कुँवारी या विधवा औरतें पेट से हो जाती थीं और अपने को समाज में बे इज़्ज़त होने से बचाने के लिये उन्हें इस तरह के ख़ून अपनी गरदन पर लेने पड़ते थे. लेकिन अब बड़े बड़े घरों में जीवन स्तर ऊँचा रखने के लिये बर्थ कन्ट्रोल पर अमल किया जाता है और जब वह असफल रहता है तो पेट गिराने की नौबत आती है. पर दूसरे देशों में और दूसरे कारन भी हैं जो मजबूर करते हैं कि पेट गिरवा दिया जाय. रोज़ी रोज़गार पेट गिराने के मसले पर बहुत असर रखते हैं. योरप में बहुत सी औरतों को अपनी रोज़ी ख़ुद कमानी पड़ती है. पहली लड़ाई के बाद मर्दों की कमी हो गई थी. उस वक़्त से औरतों में नौकरी का सिलसिला और ज़ोरों से चल पड़ा है. उसी वक़्त से पेट गिराने की समस्या भी बहुत भयानक हो गई है. मां बनने में इन बेचारी औरतों को नौकरी से हाथ धोना पड़ता है. जब नौकरी ही न रहे तो ख़ुद क्या खाएं और बच्चे को क्या खिलाएं. इस झंझट से फ़ुरसत पाने के लिये यही अच्छा समझा जाता है कि पैदा होने से पहले ही इस जंजाल से छुट्टी पा ली जाय. जीवन स्तर बढ़ाने का भी सवाल योरप के लोगों के सामने है. रहने सहने के ढंग में बढ़ोती और आसायश बड़े बड़े ख़ानदान वालों के लिये नामुमकिन है. इस लिये कोशिश की जाती है कि कम से कम बच्चे पैदा हों ताकि पालन पोसन की ज़िम्मेदारी से छुटकारा मिल सके और जीवन मौज में बिताया जा सके.

جہاں منسٹ ہوتے ہیں، جہاں کام کرنے والی عورتیں اپنے بچوں کو چھوڑ سکتی ہیں۔

[illegible]

کسی طرح دھوکہ کھا کر کنواری یا بدھوا عورتیں پیٹ سے ہو جاتی تھیں اور اپنے کو سماج میں بے عزت ہونے سے بچانے کے لئے انہیں اس طرح کے خون اپنی گردن پر لینے پڑتے تھے۔ لیکن اب بڑے بڑے گھروں میں جیون استر اونچا رکھنے کے لئے برتھ کنٹرول پر عمل کیا جاتا ہے اور جب وہ اسپھل رہتا ہے تو پیٹ گرانے کی نوبت آتی ہے۔ پر دوسرے دیشوں میں اور دوسرے کارن بھی ہیں جو مجبور کرتے ہیں کہ پیٹ گروا دیا جائے۔ روزی روزگار پیٹ گرانے کے مسئلہ پر بہت اثر رکھتے ہیں۔ یورپ میں بہت سی عورتوں کو اپنی روزی خود کمانی پڑتی ہے۔ پہلی لڑائی کے بعد مردوں کی کمی ہو گئی تھی۔ اس وقت سے عورتوں میں نوکری کا سلسلہ اور زوروں سے چل پڑا ہے۔ اسی وقت سے پیٹ گرانے کی سمسیا بھی بہت بھیانک ہو گئی ہے۔ ماں بننے میں ان بیچاری عورتوں کو نوکری سے ہاتھ دھونا پڑتا ہے۔ جب نوکری ہی نہ رہے تو خود کیا کھائیں اور بچے کو کیا کھلائیں۔ اس جھنجھٹ سے فرصت پانے کے لئے یہی اچھا سمجھا جاتا ہے کہ پیدا ہونے سے پہلے ہی اس جنجال سے چھٹی پا لی جائے۔ جیون استر بڑھانے کا بھی سوال یورپ کے لوگوں کے سامنے ہے۔ رہنے سہنے کے ڈھنگ میں بڑھوتی اور آسائش بڑے بڑے خاندان والوں کے لئے ناممکن ہے۔ اس لئے کوشش کی جاتی ہے کہ کم سے کم بچے پیدا ہوں تاکہ پالن پوسن کی ذمہ داری سے چھٹکارا مل سکے اور جیون موج میں بتایا جاسکے۔

जगह फैला हुआ है. धक्का लग जाने, कोई जिसमानी गड़बड़ी हो जाने से भी पेट गिर जाता है. हमें रोग के इस पहलू से यहाँ मतलब नहीं है. यह हादसे एहतियात से रोके जा सकते हैं. हम "पेट गिराने" के उस पहलू पर रोशनी डालना चाहते हैं जिसे क़त्ल कहा जाता है. इस हरकत को सभी क़त्ल मानते हैं. चाहे मजहब के मानने वाले हों और चाहे साइन्स के प्रेमी किसी को भी इस बारे में दूसरी राय नहीं है. पेट गिराने का मतलब है किसी नये इनसान को पैदा होने से पहले मार डालना. एक नई ज़िन्दगी को पैदा न होने देने के सवाल पर सोचते सोचते एक और सवाल खड़ा हो जाता है. आख़िर बर्थ कन्ट्रोल को क्या कहा जायगा ? क्या बर्थ कन्ट्रोल (दवाओं और डाक्टरी के ज़रिये बच्चों की पैदाइश को रोकना) क़त्ल करने का बढ़िया ढंग नहीं है ? और क्या इस के इस्तेमाल का प्रचार करने वालों को क़त्ल के उभारने के इलज़ाम में सज़ा दी जा सकती है ? जवाब यह दिया जाता है, नहीं, बर्थ कन्ट्रोल पर क़ानून हाथ नहीं उठा सकता. संस्थाएं खुली हुई हैं. वह बर्थ कन्ट्रोल का प्रचार करती रहती हैं. दुनिया में इस चीज़ का प्रचार बहुत संगठित ढंग से किया जा रहा है. दूसरे देशों की सरकारें आबादी के बढ़ने से घबरा रही हैं. वह हर तरह का सहयोग बर्थ कन्ट्रोल आन्दोलन को देती हैं. पर रूस में मामला बिलकुल उलटा है. बर्थ (जन्म) को कन्ट्रोल करने की कौन कहे वहां बर्थ बढ़ाने के लिये इनाम दिये जाते हैं. 15 करोड़ डालर हर साल माताओं की सेवा में ख़र्च किया जाता है. ज़्यादा बच्चे पैदा करने वाली माताओं को मान दिया जाता है. इस तरह के मान को ज़ाहिर करने के लिये वहाँ तीन तमग़े होते हैं: (1) मेटरनिटी मदर. (2) आर्डर आफ़ मदर्स गिलोरी और (3) हीरोइन मदर. जो मां जितने ज़्यादा बच्चे पालती या पैदा करती है उतना ही बड़ा तमग़ा उसे दिया जाता है.

माताओं को नक़दी सहायता भी दी जाती है. हर गर्भवती स्त्री को डाक्टरी मदद. ज़रूरी छुट्टी और रिआयतें तो दी ही जाती हैं. हर स्त्री को तीसरा बच्चा पैदा होने पर 80 डालर इनाम दिया जाता है. चौथे बच्चे की पैदाइश पर 250 डालर इकट्ठा और 16 डालर हर महीने मां को दिये जाते हैं. पांचवें बच्चे के पैदा होने पर 34 डालर इकट्ठा और 21 डालर हर महीने मां को आमदनी होती है. इस तरह दस बच्चों तक मामला चलता रहता है. ग्यारहवें बच्चे की पैदाइश पर इकट्ठा 1000 डालर और 60 डालर हर महीने मां को दिये जाते हैं. विधवा माओं को 20 डालर से 40 डालर तक हर बच्चे के लिये बारह बरस तक मिलता है. छोटे बच्चों की देख भाल के लिये

جگہ پھیلا ہوا ہے. دھکا لگ جانے، کوئی جسمانی گڑبڑی ہو جانے سے بھی پیٹ گر جاتا ہے . ہمیں روگ کے اس پہلو سے یہاں مطلب نہیں ہے یہ حادثے احتیاط سے روکے جاسکتے ہیں . ہم " پیٹ گرانے " کے اس پہلو پر روشنی ڈالنا چاہتے ہیں جسے قتل کہا جاتا ہے . اس حرکت کو سبھی قتل مانتے ہیں . چاہے مذہب کے ماننے والے ہوں اور چاہے سائنس کے پریمی کسی کی بھی اس بارے میں دوسری رائے نہیں ہے . پیٹ گرانے کا مطلب ہے کسی نئے انسان کو پیدا ہونے سے پہلے مار ڈالنا . ایک نئی زندگی کو پیدا نہ ہونے دینے کے سوال پر سوچتے سوچتے ایک اور سوال کھڑا ہو جاتا ہے . آخر برتھ کنٹرول کو کیا کہا جائے گا ؟ کیا برتھ کنٹرول (دواؤں اور ڈاکٹری کے ذریعے بچوں کی پیدائش کو روکنا) قتل کرنے کا بڑھیا ڈھنگ نہیں ہے ؟ اور کیا اس کے استعمال کا پرچار کرنے والوں کو قتل کے ابھارنے کے الزام میں سزا دی جاسکتی ہے ؟ جواب یہ دیا جاتا ہے : نہیں ، برتھ کنٹرول پر قانون ہاتھ نہیں اٹھا سکتا . سنستھائیں کھلی ہوئی ہیں . وہ برتھ کنٹرول کا پرچار کرتی رہتی ہیں . دنیا میں اس چیز کا پرچار بہت سنگٹھت ڈھنگ سے کیا جا رہا ہے . دوسرے دیشوں کی سرکاریں آبادی کے بڑھنے سے گھبرا رہی ہیں . وہ ہر طرح کا سہیوگ برتھ کنٹرول آندولن کو دیتی ہیں . پر روس میں معاملہ بالکل الٹا ہے . برتھ (جنم) کو کنٹرول کرنے کی کون کہے وہاں برتھ بڑھانے کے لئے انعام دیئے جاتے ہیں . 15 کروڑ ڈالر ہر سال ماتاؤں کی سیوا میں خرچ کیا جاتا ہے . زیادہ بچے پیدا کرنے والی ماتاؤں کو مان دیا جاتا ہے . اس طرح کے مان کو ظاہر کرنے کے لئے وہاں تین تمغے ہوتے ہیں : (1) میٹرنٹی مدر (2) آرڈر آف مدرس گلوری اور (3) ہیروئن مدر . جو ماں جتنے زیادہ بچے پالتی یا پیدا کرتی ہے اتنا ہی بڑا تمغہ اسے دیا جاتا ہے .

ماتاؤں کو نقدی سہایتا بھی دی جاتی ہے . ہر گربھوتی استری کو ڈاکٹری مدد ضروری چھٹی اور رعایتیں تو دی ہی جاتی ہیں . ہر استری کو تیسرا بچہ پیدا ہونے پر 80 ڈالر انعام دیا جاتا ہے . چوتھے بچے کی پیدائش پر 250 ڈالر اکٹھا اور 16 ڈالر ہر مہینے ماں کو دیئے جاتے ہیں . پانچویں بچے کے پیدا ہونے پر 34 ڈالر اکٹھا اور 24 ڈالر ہر مہینے ماں کو آمدنی ہوتی ہے . اس طرح دس بچوں تک معاملہ چلتا رہتا ہے . گیارھویں بچے کی پیدائش پر اکٹھا 1000 ڈالر اور 60 ڈالر ہر مہینے ماں کو دیئے جاتے ہیں . ودھوا ماؤں کو 20 ڈالر سے 40 ڈالر تک ہر بچے کے لئے بارہ برس تک ملتا ہے . چھوٹے بچوں کی دیکھ بھال کے لئے

रूस में सदाचार—गर्भ हत्या

(भाई मुजीब रिज़वी)

गुप्त रोगों और वेश्या पन से फ़ुरसत पाकर रूसी अधिकारियों ने दुराचार के खिलाफ़ लड़ाई बन्द नहीं की. उन्हें उन सारी हालतों को बदलना था जो आदमी को सदाचार से गिराती हैं. वेश्यापन को खतम करने का ज़रूरी मतलब दुराचार या बदचलनी को खतम करना नहीं होता. दूसरे कुछ देशों में भी क़ानून बना दिया गया है कि कोई औरत वेश्या नहीं बन सकती और न अपना बदन बेचने के लिये किसी जगह दुकान लगा सकती है. फिर भी दुराचार वहां खूब फल फूल रहा है. अन्तर इतना हुआ है कि दुराचार के स्थानों का नाम नाइट क्लब, बालरूम, होटल वग़ैरा रख दिया गया है. कोठे न सही बिजली के पोल के नीचे ही दुकान लगा ली जाती है. पुलिस वाले क़ानून का डंडा बजाते रह जाते हैं लेकिन इस तरह के अपराधी हाथ नहीं आते. जो क़ानून को धोका देना चाहे उसके लिये अनगिनत मौक़े क़ानून ही पैदा कर देते हैं. इन देशों के लोग क़ानून और सज़ा के बल पर रोके जाते हैं इसलिये वह क़ानून को धोका दे सकते हैं. रूस में साइन्सी उसूल पर और एक खास ढंग से वेश्यापन को खतम किया गया है. वहां पहले लोगों का सदाचार ऊंचा किया गया. लोग खुद जब किसी चीज़ के खिलाफ़ खड़े हो जायं तो उन्हें क़ानून की ज़रूरत नहीं होती. लोगों के दिल और दिमाग़ को अपील की जाय तो क़ानून को धोका देने की ज़रूरत भी नहीं रहती. रूस में अगर क़ानून बने तो तब बने जब उनको तोड़ने की किसी में इच्छा बाक़ी न रह गई थी. रूसी क़ानून केवल इसलिये हैं कि किसी मानसिक कमज़ोरी से गिरते इनसान पर ज़रा रोक रखी जा सके. अभी वहां ऐसे क़ानूनों की ज़रूरत भी है. बुराई का असर जल्दी होता है. जब चारों तरफ़ लू चल रही हो तो ठन्डे कमरे से बिना एहतियात किये निकलना खतरनाक साबित होता है. कहने का मतलब यह है कि उन दूसरे देशों की तरह रूस में वेश्याओं और वेश्यापन के स्थानों को कोई दूसरा लुभावना नाम नहीं दिया गया बल्कि इस काम के खिलाफ़ खुद जनता की भावना इतनी उभार दी गई है और उसको इसके नुक़सान इस तरह बता दिये गए कि अब बिना किसी क़ानून और सज़ा के ही वहां के लोग इन बुराइयों से दूर भागते हैं. सब से बड़ी बात यह है कि वहां वह हालात ही अब नहीं हैं जो किसी भले आदमी को मजबूर करके इन गढ़ों में ढकेल देते हैं.

दुराचार के एक पहलू को खतम करके अधिकारियों ने दूसरे पहलू पर नज़र डाली. "पेट गिराने" का रोग जगह

روس میں سداچار—گربھ ہتیا

(بھائی مجیب رضوی)

گپت روگوں اور ویشیا پن سے فرصت پاکر روسی ادھیکاریوں نے دراچار کے خلاف لڑائی بند نہیں کی. انہیں اُن ساری حالتوں کو بدلنا تھا جو آدمی کو سداچار سے گراتی ہیں. ویشیاپن کو ختم کرنے کا ضروری مطلب دراچار یا بدچلنی کو ختم کرنا نہیں ہوتا. دوسرے کچھ دیشوں میں بھی قانون بنا دیا گیا ہے کہ کوئی عورت ویشیا نہیں بن سکتی اور نہ اپنا بدن بیچنے کے لئے کسی جگہ دوکان لگا سکتی ہے. پھر بھی دراچار وہاں خوب پھل پھول رہا ہے. انتر اتنا ہوا ہے کہ دراچار کے استھانوں کا نام نائٹ کلب، بال روم، ہوٹل وغیرہ رکھ دیا گیا ہے. کوٹھے نہ سہی بجلی کے پول کے نیچے ہی دوکان لگا لی جاتی ہے. پولس والے قانون کا ڈنڈا بجاتے رہ جاتے ہیں لیکن اِس طرح کے اپرادھی ہاتھ نہیں آتے. جو قانون کو دھوکا دینا چاہے اُس کے لئے اَن گنت موقعے قانون ہی پیدا کر دیتے ہیں. اُن دیشوں کے لوگ قانون اور سزا کے بل پر روکے جاتے ہیں اِس لئے یہ قانون کو دھوکا دے سکتے ہیں. روس میں سائنسی اصول پر اور ایک خاص ڈھنگ سے ویشیا پن کو ختم کیا گیا ہے. وہاں پہلے لوگوں کا سداچار اونچا کیا گیا. لوگ خود جب کسی چیز کے خلاف کھڑے ہو جائیں تو انہیں قانون کی ضرورت نہیں ہوتی. لوگوں کے دل اور دماغ کو اپیل کی جائے تو قانون کو دھوکا دینے کی ضرورت بھی نہیں رہتی. روس میں اگر قانون بنے تو تب بنے جب اُن کو توڑنے کی کسی میں اچھا باقی نہ رہ گئی تھی. روسی قانون کیول اِس لئے ہیں کہ کسی مانسک کمزوری سے گرتے انسان پر ذرا روک رکھی جا سکے. ابھی وہاں ایسے قانونوں کی ضرورت بھی ہے. برائی کا اثر جلدی ہوتا ہے. جب چاروں طرف لو چل رہی ہو تو ٹھنڈے کمرے سے بنا احتیاط کئے نکلنا خطرناک ثابت ہوتا ہے. کہنے کا مطلب یہ ہے کہ اُن دوسرے دیشوں کی طرح روس میں ویشیاؤں اور ویشیا پن کے استھانوں کو کوئی دوسرا لبھاونا نام نہیں دیا گیا بلکہ اس کام کے خلاف خود جنتا کی بھاونا اتنی ابھار دی گئی ہے اور اُس کو اس کے نقصان اِس طرح بتا دیئے گئے کہ اب بنا کسی قانون اور سزا کے ہی وہاں کے لوگ اِن برائیوں سے دور بھاگتے ہیں. سب سے بڑی بات یہ ہے کہ وہاں وہ حالات ہی اب نہیں ہیں جو کسی بھلے آدمی کو مجبور کرکے اِن گڑھوں میں ڈھکیل دیتے ہیں.

دراچار کے ایک پہلو کو ختم کرکے ادھیکاریوں نے دوسرے پہلو پر نظر ڈالی. "پیٹ گرانے" کا روگ جگہ

इस तरह जब धारा सभा से बाहर के लोग वज़ीर बनाए जायंगे तो इससे नीचे लिखे फ़ायदे होंगे:—

1. योग्य जानकारों को ढूँढ़कर वज़ीर बनाया जा सकेगा.

2. धारा सभा उन पर अंकुश रख सकेगी. सारी धारा सभा यह काम करने के लिये आज़ाद रहेगी.

3. आलोचकों को वज़ीर बनाकर उनका मुँह बन्द करने की चाल न चली जा सकेगी.

4. हर चालाक आदमी को खुश करने का सवाल न होगा, इसलिये थोड़े से वज़ीरों से काम चलाया जा सकेगा. इससे खर्च में बचत होगी.

5. वज़ीर बाहर के आदमी होंगे इसलिये चुनाव वाले लोग वज़ीरों को परेशान न कर सकेंगे.

6. चुनाव की चख़-चख़ से बचे रहने के कारन वज़ीर लोग आफ़िस का काम अच्छी तरह कर सकेंगे.

7. हकूमत का और आफ़िस का काम करने के लिये ही उन्हें रखा गया है, इसलिये उन्हें इस काम में ख़ास ध्यान देना होगा. दलबन्दियों के झगड़ों से वह लगभग बचे रहेंगे.

8. प्रान्त के बाहर के भी वज़ीर होने से सरकारों में प्रान्तीयता का भाव न पनप पाएगा और भारत के एक जान होने में इससे मदद मिलेगी.

9. धारा सभा का हर मेम्बर वज़ीर बनने के लिये जो तिकड़म भिड़ाता रहता है वह बन्द हो जायगी.

इस देश की हालत के मुताबिक़ यही तरीक़ा ठीक है. हमारे आज के विधान में इस तरह का सुधार होना ज़रूरी है.

اس طرح دھارا سبھا سے باھر کے لوگ وزیر بنائے جائینگے تو اس سے نیچے لکھے فائدے ھونگے:—

1. یوگیہ جانکاروں کو ڈھونڈھ کر وزیر بنایا جاسکے گا۔

2. دھارا سبھا ان پر انکش رکھ سکیگی۔ ساری دھارا سبھا یہ کام کرنے کے لئے آزاد رھیگی۔

3. آلوچکوں کو وزیر بناکر اُن کا منہ بند کرنے کی چال نہ چلی جاسکے گی۔

4. ھر چالاک آدمی کو خوش کرنے کا سوال نہ ھوگا، اس لئے تھوڑے سے وزیروں سے کام چلایا جاسکے گا۔ اس سے خرچ میں بچت ھوگی۔

5. وزیر باھر کے آدمی ھونگے اس لئے چناو والے لوگ وزیروں کو پریشان نہ کرسکینگے۔

6. چناو کی چخ چخ سے بچے رھنے کے کارن وزیر لوگ آفس کا کام اچھی طرح کرسکینگے۔

7. حکومت کا اور آفس کا کام کرنے کے لئے ھی اُنھیں رکھا گیا ھے، اس لئے اُنھیں اس کام میں خاص دھیان دینا ھوگا۔ دل بندیوں کے جھگڑوں سے وہ الگ بھگ بچے رھیں گے۔

8. پرانت کے باھر کے بھی وزیر ھونے سے سرکاروں میں پرانتیتا کا بھاو نہ پنپ پائیگا اور بھارت کے ایک جان ھونے میں اس سے مدد ملے گی۔

9. دھارا سبھا کا ھر ممبر وزیر بننے کے لئے جو تکڑم بھڑاتا رھتا ھے وہ بند ھوجائے گی۔

اس دیش کی حالت کے مطابق یہی طریقہ ٹھیک ھے۔ ھمارے آج کے ودھان میں اس طرح کا سدھار ھونا ضروری ھے۔

प्रेम-डगर

(भाई 'नज्म' आफ़न्दी)

सुध बुध का धनी पीत नगर क्या जाने,
यह तुझमें है सूझ बूझ अगर, क्या जाने.
आँखें खोले हुए चला जाता है,
मूरख तू प्रेम की डगर क्या जाने.

پریم ڈگر

(بھائی نجم آفندی)

سدھ بدھ کا دھنی پیت نگر کیا جانے،
یہ تجھ میں ھے سوجھ بوجھ اگر کیا جانے۔
آنکھیں کھولے ھوئے چلا جاتا ھے،
مورکھ تو پریم کی ڈگر کیا جانے۔

5. धारा सभा के मेम्बर जब वज़ीर या सेक्रेटरी बन जाते हैं तब जिस हलक़े से उन का चुनाव हुआ था, जिन लोगों ने उन्हें चुनाव में मदद की थी वह लोग अपना अपना काम कराने के लिये दबाव डालने लगते हैं. अगर उनका काम न किया जाए तो अगला चुनाव लड़ने मे वह साथ न देंगे या विरोध करेंगे, इसलिये उनके बेजा काम भी करने पड़ते हैं.

6. चुनाव-हलक़े के लोगों से मिलने जुलने मे इतना समय निकल जाता है कि वज़ीर और नायब वज़ीर लोग अपने आफ़िस का काम नही के बराबर कर पाते हैं.

7. धारा सभा के मेम्बर होने के कारन वज़ीर वग़ैरा लोग अपने को नौकर की तरह ज़िम्मेदार नहीं समझते हैं एक तरह से मालिकों मे ही अपनी गिनती करते है. इसलिये कहीं कहीं ऐसा होता है कि दफ्तर ख़ाली पड़ा रहता है सब वज़ीर वग़ैरा अपने अपने बंगलों पर आफिस बना लिया करते है और जनता को अपने काम के लिये बंगलों बंगलों भटकना पड़ता है इस तरह साहब को आफ़िस के नौकर घर के नौकर के रूप में मिल जाते हैं आफ़िस के नाम पर बंगलों को महल बनाने में और मदद मिल जाती है. साहब बहादुर घर में सो रहे हों तब भी वह आफ़िस की हाज़री समझी जाती है.

8. धारा सभा के मेम्बरों पर चुनाव का भूत सदा सवार रहता है इसलिये वह सरकारी काम के बहाने अपने प्रचार मे लग जाते हैं. वज़ीर बन जाने पर तो यह काम और भी बढ़ जाते हैं, इसलिये शासन के काम में वह कम से कम समय दे पाते है. दौरा भत्ता, पार्टी मीटिंग या इसी निगाह से मिलना जुलना उनके ख़ास प्रोग्राम बन जाते हैं.

यह ऐसी बुराइयाँ हैं जिनसे लोकशाही सरकार सचमुच लोकशाही नहीं बन पाती और उसके सभी लाभ नष्ट हो जाते हैं. इसके लिये कुछ सुधार करने की ज़रूरत है. एक सुधार की तरफ़ ख़ास तौर पर ध्यान खींचा जाता है—

सरकार बनाने का काम धारा सभा या पार्लिमेन्ट तो करे पर वज़ीर धारा सभा या पार्लिमेन्ट के बाहर के आदमी ही बनाए जायें, बल्कि इसमें प्रान्त से बाहर के आदमी भी लिये जायें. हाँ, यह ठीक है कि धारा सभा में जिस दल का बहुमत होगा उस दल की पालिसी को स्वीकार करने वाले या उसी पालिसी को मानने वाले लोग ही वज़ीर बनाए जायगे और धारा सभा उन्हें अलग कर सकेगी. उन्हे धारा सभा की राय के अनुसार काम करना होगा, पर वह धारा सभा के किसी फ़ैसले मे वोट न दे सकेंगे. हाँ, कोई बात भी सरकार की तरफ़ से पेश कर सकेंगे.

5 دھارا سبھا کے ممبر جب وزیر یا سکریٹری بن جاتے ہیں تب جس حلقے سے اُن کا چناؤ ہوا تھا جن لوگوں نے انہیں چناؤ میں مدد کی تھی وہ لوگ اپنا اپنا کام کرانے کے لئے دباؤ ڈالنے لگتے ہیں اگر ان کا کام نہ کیا جائے تو اگلا چناؤ لڑنے میں ... دیں گے یا ورودھ کریں گے اسلئے اُن ... کام بھی کرنے پڑتے ہیں۔

6 چناؤ حلقہ کے لوگوں سے ملنے جلنے میں اتنا سمے نکل جاتا ہے کہ وزیر اور نائب وزیر لوگ اپنے آفس کا کام نہیں کے برابر کر پاتے ہیں

7 دھارا سبھا کے ممبر ہونے کے کارن وزیر وغیرہ لوگ اپنے کو نوکر کی طرح ذمہ دار نہیں سمجھتے ہیں۔ ایک طرح سے مالکوں میں ہی اپنی گنتی کرتے ہیں۔ اسلئے کہیں کہیں ایسا ہوتا ہے کہ دفتر خالی پڑا رہتا ہے سب وزیر وغیرہ اپنے اپنے بنگلوں پر آفس بنا لیا کرتے ہیں اور جنتا کو اپنے کام کے لئے بنگلوں بنگلوں بھٹکنا پڑتا ہے اسطرح صاحب کو آفس کے نوکر گھر کے نوکر کے روپ میں مل جاتے ہیں آفس کے نام بنگلوں کو محل بنانے میں اور مدد مل جاتی ہے صاحب بہادر گھر میں سو رہے ہوں تب بھی وہ آفس کی حاضری سمجھی جاتی ہے

8 دھارا سبھا کے ممبروں پر چناؤ کا بھوت سدا سوار رہتا ہے اسلئے وہ سرکاری کام کے بہانے اپنے پرچار میں لگ جاتے ہیں وزیر بن جانے پر تو یہ کام اور بھی بڑھ جاتے ہیں اس لئے شاسن کے کام میں وہ کم سے کم سمے دے پاتے ہیں۔ دورہ بھتہ پارٹی میٹنگ یا اسی نگاہ سے ملنا جلنا ان کے خاص پروگرام بن جاتے ہیں

یہ ایسی برائیاں ہیں جن سے لوک شاہی سرکار سچ مچ لوک شاہی نہیں بن پاتی اور اسکے سبھی لابھ نشٹ ہوجاتے ہیں اسکے لئے کچھ سدھار کرنے کی ضرورت ہے۔ ایک سدھار کی طرف خاص طور پر دھیان کھینچا جاتا ہے —

سرکار بنانے کا کام دھارا سبھا یا پارلیمنٹ تو کرے پر وزیر دھارا سبھا یا پارلیمنٹ کے باہر کے آدمی ہی بنائے جائیں ' بلکہ اِس میں پرانت سے باہر کے آدمی بھی لئے جائیں۔ ہاں' یہ ٹھیک ہے کہ دھارا سبھا میں جس دل کا بہومت ہوگا اُس دل کی پالیسی کو سویکار کرنے والے یا اُسی پالیسی کو ماننے والے لوگ ہی وزیر بنائے جائیں گے اور دھارا سبھا اُنھیں الگ کر سکے گی اُنھیں دھارا سبھا کی رائے کے انوسار کام کرنا ہوگا پر وہ دھارا سبھا کے کسی فیصلے میں ووٹ نہ دے سکیں گے۔ ہاں' کوئی بات بھی سرکار کی طرف سے پیش کر سکیں گے

(नफ़सियात) की नज़र से विचार किया. इस लिये यह तरीक़ा लोकशाही सरकार बनाने में सफल नहीं हुआ और न इस से सरकार बनने के लिये अच्छे आदमी मिल सके आज की हालत में इस मामले में हमारे सामने यह दिक़्क़तें आरही हैं:—

1. हर तरह के अच्छे अच्छे जानकार चुनाव लड़कर धारा सभा मे नहीं पहुँचते. ज़ियादातर जानकारों में अच्छी तरह काम करने की लियाक़त भले ही हो पर चुनाव लड़ने की लियाक़त नहीं होती या तबियत नहीं होती. जब धारा सभा के मेम्बरों में से ही वज़ीर बनने के लिये आदमी लेने का रिवाज है तब ऊँचे दरजे के जानकारों की कमी खटकती है. सेहत मंत्री के लिये हमें तन्दुरुस्ती का अच्छा जानकार नहीं मिलता, शिक्षा मंत्री के लिये ऊँचे दरजे का तालीम शास्त्री नहीं मिलता, खेती मंत्री के लिये खेती विद्या का अच्छा जानकार नहीं मिलता, इसलिये वज़ीर मंडल में घटिया आदमी भर लेना पड़ते हैं.

2. धारा सभा सरकार के ऊपर अंकुश (कन्ट्रोल) रखने के लिये है. पर धारा सभा के सभी मेम्बर इतनी लियाक़त नहीं रखते कि सरकार पर अंकुश रख सकें. सैकड़ा पीछे शायद पन्द्रह बीस आदमी ही इतनी लियाक़त के हों. पर लगभग वही सब के सब या तो मंत्री बना लिये जाते हैं या उप मंत्री, सेक्रेटरी वग़ैरा. तब उनपर अंकुश रखने के लिये कोई नहीं रह जाता. जो रह जाते हैं वह लगभग या तो उनके मददगार होते हैं या हाँ में हाँ मिलाने वाले. ऐसी हालत में धारा सभा और सरकार क़रीब क़रीब एक हो जाती है, तब धारा सभा का सरकार पर अंकुश कैसे रह सकता है ? कुछ बचे खुचे लोग टीका भले ही करलें पर नए चुनाव तक सरकार को बदल नहीं सकते. धारा सभा सरकार पर अंकुश तभी रख सकती है जब सरकार धारा सभा से अलग हो, धारा सभा का हिस्सा नहीं.

3. आज के तरीक़े में सरकार बनाने वाले लोग अपनी बुराई से बचने के लिये बुराई बताने वाले मेम्बरों को सरकार में शामिल कर लेते हैं. देखा कि कोई मेम्बर पोल पट्टी खोलने में ज़ियादा होशयार है तो उसे भी मंत्री बनाकर साझेदार बना लिया. इससे ख़र्च बढ़ जाता है और सरकार की बेलगामी ज्यों की त्यों बनी रहती है. इस चाल से लोक शाही फ़ेल हो जाती है.

4. ब्रिटिश सरकार के समय में जहाँ तीन वज़ीर काम करते थे और काम अच्छी तरह होता था वहाँ दस दस वज़ीर और दस दस सेक्रेटरी रख लिये जाते हैं. इस तरह आज सरकार कहलाने वालों का जनता पर बोझ चौगुना पच गुना बढ़ा हुआ है.

(نفسیات) کی نظر سے وچار کیا . اِس لئے یہ طریقہ لوک شاہی سرکار بنانے میں سپھل نہیں ہوا اَور نہ اِس سے سرکار بننے کے لئے اچھے آدمی مل سکے . آج کی حالت میں اِس معاملے میں ہمارے سامنے یہ دقتیں آرہی ہیں :—

1. ہر طرح کے اچھے اچھے جانکار چناو لڑکر دھارا سبھا میں نہیں پہنچتے . زیادہ تر جانکاروں میں اچھی طرح کام کرنے کی لیاقت بھلے ہی ہو پر چناو لڑنے کی لیاقت نہیں ہوتی یا طبیعت نہیں ہوتی . جب دھارا سبھا کے ممبروں میں سے ہی وزیر بننے کے لئے آدمی لینے کا رواج ہے تب اونچے درجے کے جانکاروں کی کمی کھٹکتی ہے . صحت منتری کے لئے ہمیں تندرستی کا اچھا جانکار نہیں ملتا شکشا منتری کے لئے اونچے درجے کا تعلیم شاستری نہیں ملتا کھیتی منتری کے لئے کھیتی ودیا کا اچھا جانکار نہیں ملتا اِسلئے وزیر منڈل میں گھٹیا آدمی بھر لینا پڑتے ہیں .

2. دھارا سبھا سرکار کے اوپر انکش (کنٹرول) رکھنے کے لئے ہے . پر دھارا سبھا کے سبھی ممبر اِتنی لیاقت نہیں رکھتے کہ سرکار پر انکش رکھ سکیں . سیکڑہ پیچھے شاید پندرہ بیس آدمی ہی اِتنی لیاقت کے ہوں . پر لگ بھگ وہی سبکے سب یا تو منتری بنا لئے جاتے ہیں یا اُپ منتری، سکریٹری وغیرہ . تب اُنپر انکش رکھنے کے لئے کوئی نہیں رہ جاتا . جو رہ جاتے ہیں وہ لگ بھگ یا تو اُن کے مددگار ہوتے ہیں یا ہاں میں ہاں ملانے والے . ایسی حالت میں دھارا سبھا اَور سرکار قریب قریب ایک ہوجاتی ہے، تب دھارا سبھا کا سرکار پر انکش کیسے رہ سکتا ہے ؟ کچھ بچے کھچے لوگ ٹیکا بھلے ہی کرلیں پر نئے چناو تک سرکار کو بدل نہیں سکتے . دھارا سبھا سرکار پر انکش تبھی رکھ سکتی ہے جب سرکار دھارا سبھا سے الگ ہو دھارا سبھا کا حصہ نہیں .

3. آج کے طریقے میں سرکار بنانے والے لوگ اپنی برائی سے بچنے کے لئے برائی بتانے والے ممبروں کو سرکار میں شامل کرلیتے ہیں . دیکھا کہ کوئی ممبر پول پٹی کھولنے میں زیادہ ہوشیار ہے تو اُسے بھی منتری بناکر ساجھے دار بنالیا . اِس سے خرچ بڑھ جاتا ہے اَور سرکار کی بے لگامی جیوں کی تیوں بنی رہتی ہے . اِس چال سے لوک شاہی فیل ہو جاتی ہے .

4. برٹش سرکار کے سمے میں جہاں تین وزیر کام کرتے تھے اَور کام اچھی طرح ہوتا تھا وہاں دس دس وزیر اَور دس دس سکریٹری رکھ لئے جاتے ہیں . اِس طرح آج سرکار کہلانے والوں کا جنتا پر بوجھ چوگنا پچ گنا بڑھا ہوا ہے .

उस हुक्म पालने में लगे कि मौत का डर भागा और जब यह गया डर गया कि सत्य सोचने, बोलने और कर डालने का वक्त आया. यह वक्त आया और अंदर बैठी सारी ताक़तों का एका हुआ और एका हुआ कि आत्मा चमकी और विजय देवी के दर्शन हुए.

अब चिन्ता कैसे ? नतीजे से अब क्या मतलब ? कैसी जीत; किसकी हार ? सब मन, वचन, कर्म अपने राम को समर्पन—

अब मँझी आत्मा के सामने हैं :—

सबमें राम और राम में सब

यानी

मैं सबमें और सब मुझमें.

—भगवानदीन

اُس حکم پالنے میں لگے کہ موت کا ڈر بھاگا اور جب یہ گیا ڈر گیا کہ ستیہ سوچنے، بولنے اور کر ڈالنے کا وقت آیا. یہ وقت آیا اور اندر بیٹھی ساری طاقتوں کا ایکا ہوا اور ایکا ہوا کہ آتما چمکی اور وجے دیوی کے درشن ہوئے.

اب چنتا کیسے ؟ نتیجے سے اب کیا مطلب ؟ کیسی جیت؛ کس کی ہار ؟ سب من، وچن، کرم اپنے رام کو سمرپن.

اب مجھی آتما کے سامنے ہیں :-

سب میں رام اور رام میں سب

یعنی

میں سب میں اور سب مجھ میں.

- بھگوان دین

लोकशाही सरकार—एक सुझाव

(स्वामी सत्यभक्त)

राजा या तानाशाह (डिक्टेटर) की सरकार आपको पसन्द हो या न हो, आप उसे आसानी से बदल नहीं सकते, उसे बदलने का अधिकार आपके हाथ में नहीं होता वह अच्छा राज करे तो उसकी मेहरबानी, न करे तो आप की क़िस्मत. पर आज का ज़माना ऐसी पराधीनता को सह नहीं सकता, इस लिये संसार में लगभग सभी जगह लोकशाही (जमहूरी) सरकारें हो गई हैं. जनता इन्हें चुनकर बनाती है और आशा की जाती है कि जनता की इच्छा के अनुसार यह काम करेंगी. अगर जनता की इच्छा के अनुसार यह काम न करें तो पार्लिमेंट या धारा-सभा को अधिकार है कि इन सरकारों को अलग करदे. भारत के विधान में इसी तरह की सरकारें बनाने की योजना रक्खी गई है. इस योजना के अनुसार धारा सभा में जिस पारटी का बहुमत होता है उस पारटी के मेम्बरों में से कुछ मेम्बर सरकार या वज़ीर मंडल बना दिये जाते हैं जो कि धारा सभा के अधीन रहकर काम करते हैं. इस तरह की सरकार लोकशाही या जनतंत्री सरकार कहलाती है. इंग्लैन्ड के विधान से हमने यह नक़ल की है.

लेकिन इस तरीक़े को काम में लाते समय हमने भारत की हालत पर ध्यान नहीं दिया और न मनोविज्ञान

لوک شاہی سرکار—ایک سجھاو

(سوامی ستیہ بھکت)

راجہ یا تاناشاہ (ڈکٹیٹر) کی سرکار آپ کو پسند ہو یا نہ ہو، آپ اُسے آسانی سے بدل نہیں سکتے، اسے بدلنے کا ادھیکار آپ کے ہاتھ میں نہیں ہوتا. وہ اچھا راج کرے تو اسکی مہربانی، نہ کرے تو آپ کی قسمت. پر آج کا زمانہ ایسی پرادھینتا کو سہہ نہیں سکتا، اسلئے سنسار میں لگ بھگ سبھی جگہ لوک شاہی (جمہوری) سرکاریں ہوگئی ہیں. جنتا اِنہیں چنکر بناتی ہے اور آشا کی جاتی ہے کہ جنتا کی اِچھا کے انوسار یہ کام کرینگی. اگر جنتا کی اِچھا کے انوسار یہ کام نہ کریں تو پارلیمنٹ یا دھارا سبھا کو ادھیکار ہے کہ اِن سرکاروں کو الگ کردے. بھارت کے ودھان میں اِسی طرح کی سرکاریں بنانے کی یوجنا رکھی گئی ہے. اِس یوجنا کے انوسار دھارا سبھا میں جس پارٹی کا بہومت ہوتا ہے اُس پارٹی کے ممبروں میں سے کچھ ممبر سرکار یا وزیر منڈل بنادیئے جاتے ہیں جو کہ دھارا سبھا کے ادھین رہکر کام کرتے ہیں. اِس طرح کی سرکار لوک شاہی یا جن تنتری سرکار کہلاتی ہے. انگلینڈ کے ودھان سے ہم نے یہ نقل کی ہے.

لیکن اِس طریقے کو کام میں لاتے سمے ہم نے بھارت کی حالت پر دھیان نہیں دیا اور نہ منوویگیان

दर्शन के महल खड़े करना जो रंग ला सकता है वह मानव समाज के रूप से रहने के क़ाबिल नहीं हो सकता. मार्क्सने मादीवादी साधनों को इतना महत्त्व दिया कि नैतिक सिद्धान्त और चाल-चलन की सफ़ाई एकदम पीछे जा पड़ी—दया, उदारता, हमदर्दी उसकी नज़र में पैसे की शाखें बनकर रह गई. यह किसी हद तक ठीक है कि मादीवादी चक्र नैतिक विचारों पर अपना असर डालता है पर हमेशा और हर हालत में नहीं; अगर हर तरह से पैसे की बुनियाद पर नैतिक महल खड़ा होता तो ग़रीबी मे वह महल गिर पड़ना चाहिये था पर वैसा न कभी हुआ न होता सुना. अकाल के मौके पर मां को अपने बच्चे बेचने की बात सुनी है और वह ठीक भी है पर कही हज़ारों मे एक. अपवाद तो उलटा यह साबित करता है कि नैतिक बल पैसे से कहीं ज़्यादा बलवान होता है; कुछ भी हो मार्क्स का फ़लसफ़ा कच्चे नैतिक सिद्धान्तो पर टिका हुआ है.

जो आदमी अपने वक़्त की समाजी और आर्थिक हालत में क्रांति पैदा कर दे और लोगों के दिल में उथल पुथल मचा दे और उनको उन ग़ुलामियों से निकाल दे वही इतिहास बनाता है और वही इतिहास को उलट पुलट डालता है. बुद्ध, महावीर, ईसा से लेकर गांधी तक का इतिहास गवाह है कि यह लोग अपने वक़्त की समाजी और आर्थिक अवस्था में पैदा नहीं उसके ख़िलाफ़ खड़े हुए और अर्थ को नीचा दिखाकर इख़लाक़ और ऊँचे चाल-चलन को राज गद्दी दिलवाई. समाज-सेवा की भावना और मानव सेवा की भावना जगाकर वह यह जादू कर पाये. मानवता या मानव प्रेम अपने आप मे धोके की चीज़ है अगर उसकी तह में आत्मबल न हो और आत्मबल की पहचान है कर्म, क्योंकि कर्म आत्मबल का फल है और वह कर्म ऐसा होना चाहिये जो आदमी मे सच्ची और निर्मल भावना पैदा करे और ऐसी कोई भी इच्छा पैदा करे कि वह कर्त्तव्य को समझने लगे और उसको पूरा करने में जुट जाये. बस अब आत्मा की भलाई यही है कि हम समाज को ऐसी तालीम दें कि उनमें जब भावना की तरंगे उठें तो वह सच्ची और मानवोचित हों. हवा, पानी, रोशनी की तरह नेकी. ईमानदारी, अहिन्सा, सच्चाई के दाम बुद्धि नहीं आँक सकती. उसे तो मन ही आँकेगा. वह तो भावना की तराज़ू में ही तुल सकती है.

अब सुनिये. आत्मा किस तरह समझेगी:—

हे हिम्मत तो अपने अन्दर समा जाओ और अपने सत्य यानी राम को खोज लो.

मन, वचन, कर्म से अपने कर्म के हुक्म पालने मे लग जाओ.

درشن کے محل کھڑے کرنا جو رنگ لاسکتا ہے وہ مانو سماج کے رخ سے رہنے کے قابل نہیں ہوسکتا ۔ مارکس نے ماتی وادی سادھنوں کو اتنا مہتو دیا کہ نیتک سدھانت اور چال چلن کی صفائی ایک دم پیچھے جاپڑی— دیا، اُدارتا، ہمدردی اُسکی نظر میں پیسے کی شاخیں بن کر رہ گئیں ۔ یہ کسی حدتک ٹھیک ہے کہ ماتی وادی چکر نیتک وچاروں پر اپنا اثر ڈالتا ہے پر ہمیشہ اور ہر حالت میں نہیں، اگر ہر طرح سے پیسے کی بنیاد پر نیتک محل کھڑا ہوتا تو غریبی میں وہ محل گر پڑنا چاہئے تھا پر ویسا نہ کبھی ہوا نہ ہوتا سنا ۔ کال کے موقع پر ماں کو اپنے بچے بیچنے کی بات سنی ہے اور وہ ٹھیک بھی ہے پر کہیں ہزاروں میں ایک ۔ اپواد تو اُلٹا یہ ثابت کرتا ہے کہ نیتک بل پیسے سے کہیں زیادہ بلوان ہوتا ہے : کچھ بھی ہو مارکس کا فلسفہ کچے نیتک سدھانتوں پر ٹکا ہوا ہے ۔

جو آدمی اپنے وقت کی سماجی اور آرتھک حالت میں کرانتی پیدا کردے اور لوگوں کے دل میں اتھل پتھل مچادے اور اُنکو اُن غلامیوں سے نکال دے وہی اِتہاس بناتا ہے اور وہی اِتہاس کو اُلٹ پلٹ ڈالتا ہے ۔ بدھ، مہابیر، عیسیٰ سے لیکر گاندھی تک کا اِتہاس گواہ ہے کہ یہ لوگ اپنے وقت کی سماجی اور آرتھک اوستھا میں پیدا نہیں اُسکے خلاف کھڑے ہوئے اور ارتھ کو نیچا دکھا کر اخلاق اور اونچے چال چلن کو راج گدی دلوائی ۔ سماج سیوا کی بھاونا اور مانو سیوا کی بھاونا جگا کر وہ یہ جادو کر پائے ۔ مانوتا یا مانو پریم اپنے آپ میں دھوکے کی چیز ہے اگر اُسکی تہ میں آتم بل نہ ہو اور آتم بل کی پہچان ہے کرم، کیونکہ کرم آتم بل کا پھل ہے اور وہ کرم ایسا ہونا چاہئے جو آدمی میں سچی اور نرمل بھاونا پیدا کرے اور ایسی کوئی بھی اِچھا پیدا کرے کہ وہ کرتویہ کو سمجھنے لگے اور اُسکو پورا کرنے میں جٹ جائے ۔ بس اب آتما کی بھلائی یہی ہے کہ ہم سماج کو ایسی تعلیم دیں کہ اُن میں جب بھاونا کی ترنگیں اٹھیں تو وہ سچی اور مانوچت ہوں ۔ ہوا، پانی روشنی کی طرح نیکی، ایمانداری، اہنسا، سچائی کے دام بدھی نہیں آنک سکتی، اُسے تو من ہی آنکے گا ۔ وہ تو بھاونا کی ترازو میں ہی تل سکتی ہے ۔

اب سنئے، آتما کس طرح سمجھے گی :-

ہے ہمت تو اپنے اندر سما جاؤ اور اپنے ستیہ یعنی رام کو کھوج لو ۔

من، وچن، کرم سے اپنے کرم کے حکم پالنے میں لگ جاؤ ۔

आज़ादी इसको मानते हैं कि समाज से अलग अलग रहने को वह आज़ाद हों और यही तो घमंड नगर जानेवाली सड़क है जहाँ आज़ादी गुलामी का रूप ले लेती है जो एक (अलगिया) यह समझता है कि समाज के साथ उसका आज़ादी का रिश्ता है, वही एक, (अलगिया) सच्चे माने में आज़ाद है. आपसी ब्योहार में छोटे बड़े ओहदों के नाते दूसरे से एक का रत्तीभर डर भी मन भर आज़ादी को खा सकता है.

ख़ासवाद नाम से पच्छिम में एक नया दर्शन खड़ा हो गया है. पच्छिम के लोग मन-माटी के दुखवाद से ऊब गये हैं क्योंकि अब तक वहाँ या तो यह माना जाता था कि आदमी बस मन (माइन्ड) है, या यह माना जाता था कि आदमी बस माटी (मैटर) है, या यह माना जाता था कि आदमी बस मन-माटी (माइन्ड-मैटर) का पुतला है. ख़ासवादी कहते हैं आदमी न मन है, न माटी है और न मन-माटी. वह है पुरुश (Person). बस इस विचार-धारा का नाम है ख़ासवाद या पुरुशवाद. इस विचार धारा ने आदर्शवाद और माटी वाद को बहुत पीछे छोड़ दिया और यह विचार धारा हिन्दू दर्शन धारा से काटी हुई एक नहर ही सी लगती है. यहाँ ज़रा विचार और कर्म का रिश्ता समझ लिया जाए. हम पहले विचारते हैं या पहले कर्म करते हैं ? इसका जवाब बहुत मुश्किल और बहुत आसान है. मुश्किल यों कि कोई कर्म ऐसा नहीं जिसके पीछे विचार न हो. और कोई विचार ऐसा नहीं जिसके पीछे कर्म न हो. आसान यों कि कर्म सामने है विचार आँख के परे, इसलिये कर्म ज़रूरी और पहले. कर्म को बड़ा समझना ही पड़ेगा क्योंकि कर्म में विचार शामिल है. विचार तो अकेला और निकम्मा है. उसे बड़ा समझने से क्या फ़ायदा. आदर्शवाद में यह बड़ा ऐब है कि बस सोचे जाओ सोचे जाओ और इसलिये वह हमको माटीवाद की खाई में जा पटखता है. यहाँ कोई यह सवाल खड़ा कर सकता है कि कर्म तो सर से पैर तक माटीवाद है. अब ? बस इसी के लिये आया ख़ासवाद. वह कहता है न आदर्शवाद की बर्फ़ीली चोटियाँ नापते फिरो, न मार्क्स रिशि के माटीवाद के समुंदर में ग़ोते खाते फिरो. इसमें शक नहीं कि मार्क्स रिशि ने मानव समाज पर बड़ा एहसान किया है. उन्होंने आदमी के जीवन को इस तरह खोलकर समझा दिया है जिस तरह जर्राह आदमी की लाश को चीर कर रग रग का ज्ञान करा देता है, इतना ही क्यों ? उन्होंने तो यह सिखा दिया कि जीवन का बदल डालना आदमी के हाथ की बात है और यह कि वह कैसे बदला जा सकता है ?

लेकिन, वह इस धुन में जा घुसे इतिहास में. वहाँ क्या था ? माटीवाद का नंगा नाच ! इतिहास की क्रान्तियों पर

آزادی اِسکو مانتے ہیں کہ سماج سے الگ الگ رہنے کو وہ آزاد ہوں اور یہی تو گھمنڈ نگر جانے والی سڑک ہے جہاں آزادی غلامی کا روپ لے لیتی ہے ۔ جو ایک (الگیا) یہ سمجھتا ہے کہ سماج کے ساتھ اُسکا آزادی کا رشتہ ہے، وہی ایک (الگیا) سچے معنی میں آزاد ہے ۔ آپسی بیوہار میں چھوٹے بڑے عہدوں کے ناطے دوسرے سے ایک کا رتی بھر ڈر بھی من بھر آزادی کو کھا سکتا ہے ۔

خاص واد نام سے پچھم میں ایک نیا درشن کھڑا ہوگیا ہے ۔ پچھم کے لوگ من ماٹی کے دکھ واد سے اوب گئے ہیں کیونکہ اب تک وہاں یا تو یہ مانا جاتا تھا کہ آدمی بس من (مائنڈ) ہے، یا یہ مانا جاتا تھا کہ آدمی بس ماٹی (میٹر) ہے، یا یہ مانا جاتا تھا کہ آدمی بس من ماٹی (مائنڈ میٹر) کا پتلا ہے ۔ خاص وادی کہتے ہیں آدمی نہ من ہے، نہ ماٹی ہے اور نہ من ماٹی ۔ وہ ہے پرش (Person) ۔ بس اِس وچار دھارا کا نام ہے خاص واد یا پرش واد ۔ اِس وچار دھارا نے آدرش واد اور ماٹی واد کو بہت پیچھے چھوڑ دیا اور یہ وچار دھارا ہندو درشن دھارا سے کاٹی ہوئی ایک نہر ہی سی لگتی ہے ۔ یہاں ذرا وچار اور کرم کا رشتہ سمجھ لیا جائے ۔ ہم پہلے وچارتے ہیں یا پہلے کرم کرتے ہیں ؟ اِسکا جواب بہت مشکل اور بہت آسان ہے ۔ مشکل یوں کہ کوئی کرم ایسا نہیں جسکے پیچھے وچار نہ ہو ۔ آسان یوں کہ کرم سامنے ہے وچار آنکھ کے پرے، اسلئے کرم ضروری اور پہلے ۔ کرم کو بڑا سمجھنا ہی پڑے گا کیونکہ کرم میں وچار شامل ہے ۔ وچار تو اکیلا اور نکما ہے ۔ اُسے بڑا سمجھنے سے کیا فائدہ ۔ آدرش واد میں یہ بڑا عیب ہے کہ بس سوچے جاؤ سوچے جاؤ اور اِسلئے وہ ہمکو ماٹی واد کی کھائی میں جا پٹختا ہے ۔ یہاں کوئی یہ سوال کھڑا کر سکتا ہے کہ کرم تو سر سے پیر تک ماٹی واد ہے ۔ اب ؟ بس اِسی کے لئے آیا خاص واد ۔ وہ کہتا ہے نہ آدرش واد کی برفیلی چوٹیاں ناپتے پھرو، نہ مارکس رشی کے ماٹی واد کے سمندر میں غوطے کھاتے پھرو ۔ اِس میں شک نہیں کہ مارکس رشی نے مانو سماج پر بڑا احسان کیا ہے ۔ اُنہوں نے آدمی کے جیون کو اِس طرح کھول کر سمجھا دیا ہے جس طرح جراح آدمی کی لاش کو چیر کر رگ رگ کا گیان کرا دیتا ہے، اِتنا ہی کیوں ؟ اُنہوں نے تو یہ سکھا دیا کہ جیون کا بدل ڈالنا آدمی کے ہاتھ کی بات ہے اور یہ کہ وہ کیسے بدلا جاسکتا ہے ؟

لیکن، وہ اِس دھن میں جا گھسے اِتہاس میں ۔ وہاں کیا تھا ؟ ماٹی واد کا ننگا ناچ ! اِتہاس کی کرانتیوں پر

इसी तरह की मन, वचन, कर्म की तल्लीनता का नाम है 'ईश्वरार्पन'.

रहे क्रोध, मान, माया लोभ यह तो ऊपर की रीति से किये अभ्यास के बाद बेदम हो जाते हैं और इस वक़्त आदमी में काम करने की ताक़त बे हिसाब बढ़ जाती है.

उसे अपने पन का ध्यान नहीं रहता और इसी को कुछ लोग कहते हैं कि वह तो ईश्वर के हाथ का औज़ार भर रह गया है.

बस इसी अवस्था का नाम है :—

"मैं सब में और सब मुझ में"

भगवद्गीता का यही सन्देश और यही निचोड़ है. आत्म-सँफाई की कला पर इससे बढ़ कर और क्या कहा जा सकता है. गीता जो उपनिशदों का निचोड़ है, वह ग़ुस्से को ठंडा करती है, मानको ढाती है, मोह का नाश करती है, लालच की जड़ काटती है. उस गीता से न जाने कैसे कोई यह मतलब निकाल बैठता है कि उस में भगवान ने अर्जुन को लड़ाई का उपदेश दिया. गीता को निश्काम कर्म करने का ग्रन्थ बताना और फिर अर्जुन के उस जयद्रथवध कर्म को उस गीता की कसौटी पर ठीक उतारना जिसको अर्जुन ने अभिमन्यु का बदला लेने के लिये किया था, कहाँ तक ठीक हो सकता है उसे हरेक आसानी से समझ सकता है.

यह ठीक है कि आत्म-सँफाई में आजकल का समाज आड़े आता है पर आज का समाज तो निरा स्वार्थी बना हुआ है और बहुत जल्दी ही या तो उसको सुधरना होगा या किसी में मिल जाना होगा. सुधार इसके सिवाय क्या हो सकता है कि अब एक (अलगिया, व्यश्टि, इनडिविजुअल) सब के लिये रहना सीखे और सब (समश्टि) एक की रक्षा के लिये तैयार रहें.

समाज के लिये न जीकर जो अपने लिये जीता है वही पूजा, पैसा-प्रतिश्ठा का भूका होता है और अपने किसी मतलब को पूरा करने के लिये वह सारे स्वांग रचता है, तरह तरह के रूप धरता है. आज इसी वजह से सिपाही सिपाही है, आदमी नहीं; पुजारी पुजारी है, बनिया बनिया है और कारीगर करीगर है, आदमी कोई भी नहीं. यह क्या बात है कि जो कल दारोग़ा था आज दारोग़ा न रहने से दो कौड़ी का भी आदमी नहीं रहता ? असल में वह जब दारोग़ा था तब आदमी नहीं था, अपने दारोग़ापन से पूजा, प्रतिश्ठा, पैसा कमाने में लगा था. फिर वह दो कौड़ी का रह ही जायगा. यही हाल आज वज़ीरों तक का है, और अगर दारोग़ा या वज़ीर ने निश्काम कर्म किया होता तो जीते जी उनकी इज़्ज़त समाज में बनी रहती. दारोग़ा और वज़ीर अपने ओहदे पर रह कर आज़ादी का अर्थ भूल जाते हैं. वह

اِسی طرح کی منؐ وچنؐ کرم کی تللینتا کا نام ھے 'ایشور ارپن'.

رھے کرودھ' مان' مایا لوبھ یہ تو اوپر کی ریت سے کئے ابھیاس کے بعد بیدم ھوجاتے ھیں اور اِس وقت آدمی میں کام کرنے کی طاقت بے حساب بڑھ جاتی ھے .

اُسے اپنے پن کا دھیان نہیں رھتا اور اِسی کو کچھ لوگ کہتے ھیں کہ وہ تو ایشور کے ھاتھ کا اوزار بھر رہ گیا ھے .

بس اِسی اوستھا کا نام ھے :—

" میں سب میں اور سب مجھ میں "

بھگودگیتا کا یہی سندیش اور یہی نچوڑ ھے . آتم صفائی کی کلا پر اِس سے بڑھکر اور کیا کہا جاسکتا ھے . گیتا جو اُپنشدوں کا نچوڑ ھے' وہ غصے کو ٹھنڈا کرتی ھے' مان کو ڈھاتی ھے' موہ کا ناش کرتی ھے' لالچ کی جڑ کاٹتی ھے . اُس گیتا سے نہ جانے کیسے کوئی یہ مطلب نکال بیٹھتا ھے کہ اُس میں بھگوان نے ارجن کو لڑائی کا اُپدیش دیا . گیتا کو نشکام کرم کرنے کا گرنتھ بتانا اور پھر ارجن کے اُس جیدرتھ ودھ کرم کو اُس گیتا کی کسوٹی پر ٹھیک اتارنا جس کو ارجن نے ابھیمنیو کا بدلہ لینے کے لئے کیا تھا' کہاں تک ٹھیک ھوسکتا ھے اُسے ھر ایک آسانی سے سمجھ سکتا ھے .

یہ ٹھیک ھے کہ آتم صفائی میں آج کل کا سماج آڑے آتا ھے پر آج کا سماج تو نرا سوارتھی بنا ھوا ھے اور بہت جلدی ھی یا تو اُسکو سدھرنا ھوگا یا کسی میں مل جانا ھوگا . سدھار اِسکے سوا کیا ھوسکتا ھے کہ اب ایک (الگیا' ویشٹی' انڈیویجول) سب کے لئے رھنا سیکھے اور سب (سمشٹی) ایک کی رکشا کے لئے تیار رھیں .

سماج کے لئے نہ جی کر جو اپنے لئے جیتا ھے وھی پوجا' پیسہ پرتشٹھا کا بھوکا ھوتا ھے اور اپنے کسی مطلب کو پورا کرنے کے لئے وہ سارے سوانگ رچتا ھے' طرح طرح کے روپ دھرتا ھے . آج اِسی وجہ سے سپاھی سپاھی ھے' آدمی نہیں؛ پجاری پجاری ھے' بنیا بنیا ھے اور کاریگر کاریگر ھے' آدمی کوئی بھی نہیں . یہ کیا بات ھے کہ جو کل داروغہ تھا آج داروغہ نہ رھنے سے دوکوڑی کا بھی آدمی نہیں رھتا ؟ اصل میں وہ جب داروغہ تھا تب آدمی نہیں تھا' اپنے داروغہ پن سے پوجا' پرتشٹھا' پیسہ کمانے میں لگا تھا' پھر وہ دو کوڑی کا رہ ھی جائیگا. یہی حال آج وزیروں تک کا ھے' اگر داروغہ یا وزیر نے نشکام کرم کیا ھوتا تو جیتے جی اُنکی عزت سماج میں بنی رھتی . داروغہ اور وزیر اپنے عہدے پر رھکر آزادی کا ارتھ بھول جاتے ھیں . وہ

ह लिखब और व्योहार. अकेला ...

। माखनधारा समाज को निगाह में रखते हुए बड़ी नाक है, अकेला व्योहार यानी अनुभव यानी अमल-र समाज में उथल पुथल तो मचा सकता है, बहुत काम कर सकता है पर वह टिकाऊ नहीं हो सकता. अनुभव लेये समाज और समाज के आदमियों की जितनी रत होती है उतनी ज्ञान के लिये नहीं. लोक संग्रह के । अनुभव बेहद जरूरी है. समाज की रक्षा के लिये भव ही काम करता है.

खासपन की पूरनता के लिये यानी आत्म-सँफाई के पे घर छोड़कर जंगल में रहना तो पड़ता है पर वह हरेक लिये जरूरी नहीं और हमेशा के लिये तो हरगिज़ जरूरी ं, और किसी के लिये जरूरी नहीं. असल में घर छोड़ने इतना ही महत्त्व है जितना साँसें बाहर छोड़ने का. साँस हर छोड़ना तो जरूरी है पर साँस छोड़े रखना जरूरी ीं, उसको फिर अंदर भी लेना पड़ता है. ठीक उसी ह अनुभव के लिये यानी आत्म-सँफाई के लिये समाज से लग रहना जितना जरूरी है उतना ही समाज में घुलमिल र रहना भी जरूरी है. समाज से अलग रहकर आत्म-श्वास बढ़ाया जाता है—सोचा समझा जाता है र इतना र तो अनुभव के लिये काफ़ी नहीं. उस सोचे समझे पर अमल करने से तो आत्म सँफाई पूरी होगी और उस पर अमल करने के लिये तो समाज की जरूरत है, समाज के साथ हने की जरूरत है. समाज में रह कर अपने सोचे समझे र अमल करके ज्ञान को बल मिलता है, निश्चय का रूप सामने आ जाता है. बस उसी तरह साँस अन्दर खींचने और बाहर निकालने की तरह अनुभव या आत्म-सँफाई के लिये कभी समाज से अलग रहना पड़ता है और कभी उसमें घुल मिल कर.

समाज से अलग होकर अलग पन जागता है और खासपन विचार में लग जाता है.

अब खासपन अपने भीतर की सारी शक्तियों को बुलावा देता है और उनके आने पर उनकी मदद से अपने भीतर बैठे सत्य को जानने की कोशिश करता है. उनको जान कर अपने मन, वचन, कर्म में उसको घुला कर उनको समाज के काम के रूप में जाहिर करता है. उसके विचार वचन और कर्म सत्य के कवच में घुलकर उसको निडर बना देते हैं. अब मौत से उसको कोई डर नहीं रह जाता. शक्ति बेहद बढ़ जाती है. मानो किसी मोटर में बिजली का तार जोड़ दिया गया हो.

मन, वचन, कर्म की समता से उसका हरेक काम इतना पक्का हो जाता है कि उसको अब इस बात का ध्यान ही नहीं रह जाता कि उसके कामों का नतीजा क्या होगा. नतीजे की जिसे परवाह नहीं उसके लिये हार जीत कैसी ?

... سماج کو نگاہ میں رکھتے ہوئے بڑی خطرناک ہے۔ اکیلا بیوہار یعنی انوبھو یعنی شوس وچار سماج میں اُتھل پُتھل تو مچا سکتا ہے، بہت کام بھی کر سکتا ہے پر وہ ٹکاؤ نہیں ہو سکتا۔ انوبھو کے لئے سماج اور سماج کے آدمیوں کی جتنی ضرورت ہوتی ہے اتنی گیان کے لئے نہیں۔ لوک سنگرہ کے لئے انوبھو بےحد ضروری ہے۔ سماج کی رکشا کے لئے انوبھو ہی کام دیتا ہے۔

خاص پن کی پورنتا کے لئے یعنی آتم صفائی کے لئے گھر چھوڑ کر جنگل میں رہنا تو پڑتا ہے پر وہ ہر ایک کے لئے ضروری نہیں اور ہمیشہ کے لئے تو ہرگز ضروری نہیں اور کسی کے لئے ضروری نہیں۔ اصل میں گھر چھوڑنے کا اتنا ہی مہتو ہے جتنا سانس باہر چھوڑنے کا۔ سانس باہر چھوڑنا تو ضروری ہے پر سانس چھوڑے رکھنا ضروری نہیں، اُس کو پھر اندر بھی لینا پڑتا ہے۔ ٹھیک اسی طرح انوبھو کے لئے یعنی آتم صفائی کے لئے سماج سے الگ رہنا جتنا ضروری ہے اتنا ہی سماج سے گھل ملکر رہنا بھی ضروری ہے۔ سماج سے الگ رہکر آتم وشواس بڑھایا جاتا ہے — سوچا سمجھا جاتا ہے پر اتنا بھر تو انوبھو کے لئے کافی نہیں۔ اُس سوچے سمجھے پر عمل کرنے سے تو آتم صفائی پوری ہوگی اور اُس پر عمل کرنے کے لئے تو سماج کی ضرورت ہے، سماج کے ساتھ رہنے کی ضرورت ہے۔ سماج میں رہکر اپنے سوچے سمجھے پر عمل کرکے گیان کو بل ملتا ہے، نشچے کا روپ سامنے آجاتا ہے۔ بس اُسی طرح سانس اندر کھینچنے اور باہر نکالنے کی طرح انوبھو یا آتم صفائی کے لئے کبھی سماج سے الگ رہنا پڑتا ہے اور کبھی اُس میں گھل ملکر۔

سماج سے الگ ہوکر الگ پن جاگتا ہے اور خاص پن وچار میں لگ جاتا ہے۔

اب خاص پن اپنے بھیتر کی ساری شکتیوں کو بلاوا دیتا ہے اور اُن کے آنے پر اُن کی مدد سے اپنے بھیتر بیٹھے ستیہ کو جاننے کی کوشش کرتا ہے۔ اُن کو جان کر اپنے من، وچن، کرم میں اُسکو گھلا کر اُن کو سماج کے کام کے روپ میں ظاہر کرتا ہے۔ اُس کے وچار وچن اور کرم ستیہ کے کوچ میں گھل کر اُسکو نڈر بنا دیتے ہیں۔ اب موت سے اُس کو کوئی ڈر نہیں رہ جاتا۔ شکتی بے حد بڑھ جاتی ہے۔ مانو کسی موٹر میں بجلی کا تار جوڑ دیا گیا ہو۔

من، وچن، کرم کی سمتا سے اُس کا ہر ایک کام اِتنا پکا ہوجاتا ہے کہ اُسکو اب اِس بات کا دھیان ہی نہیں رہ جاتا کہ اُس کے کاموں کا نتیجہ کیا ہوگا۔ نتیجے کی جسے پرواہ نہیں اُس کے لئے ہار جیت کیسی؟

वह शक होने लगता है कि कहने वाला खुद भी ठीक . समझ रहा है या नहीं; खैर, इस बात को छोड़िये, रे काम की बात तो इतनी ही है कि एक खासपन हम में है.

अलगपन और खासपन को समझे बिना आत्म-मँझाई ागना खतरे की चीज़ है.

इन दो पन में से खासपन ही हमारे काम का है. यही मा के ज्यादा निकट है, इसी को समझ लेना चाहिये, खासपन असल में आत्मा ही है पर मैला बहुत है र मैली आत्मा को अगर कोई अहंकार कह बैठे या मीर कह बैठे तो बुरा ही क्या करता है ? आज खासपन जो रूप ले रखा है वह परमात्मा के निकट वाला नहीं सकता, वह तो देह के निकट वाला ही हो सकता है और ली आत्मा माटीवादियों, जड़वादियों का दिया 'खमीर' ाम ही पा सकती है. जर्मन डाक्टर निटशे ने इस को ादमी के भीतर का 'अहंकार भरा अलगपन' (ईगो इस्टिक नडिविजुएलिटी) कहा तो ठीक ही कहा. जो मारधाड़ मे ात्म पूरनता माने, जो दुनिया पर छा जाने की फ़िकर ं मस्त होकर जी चाहे कर डालने मे आत्म पूरनता माने, वह अहंकार भरा अलगपन नाम नहीं पाएगा तो और ्या !

हिन्दू दर्शन ने इस अलगपन और खासपन को अपने ढंग से अलग समझा है, और ऐसा समझा है कि अगर उस पर अमल किया जाय तो दुनिया में चारों ओर अमन चैन अमन चैन ही दिखाई पड़े. उस दर्शन को दलीलों से झूटा साबित करना तो अमन चैन को लतियाना है या उसको दलीलों से यह साबित करना कि नहीं वह दर्शन हम को अहंकार का पाठ देता है, दर्शन के साथ अन्याय करना है. हिन्दू दर्शन का निचोड़ है—'एक अनेक में समाया है और अनेक एक में यानी सत्य सब में और सब सत्य में.'

खासपन एक आदमी के अनोखेपन का सबूत नहीं है वह तो सारे आदमियों के अनोखेपन का सबूत है, उस खासपन से तो हम आदमी और जानवर को अलग अलग कर पाते हैं.

हिन्दुस्तान का इतिहास बताता है कि मुद्दत से इस देश में दो तरह की विचार धाराएँ बहती आई हैं—एक ज्ञान धारा और दूसरी अनुभव धारा. इन्हीं का दूसरा नाम ब्राह्मन संस्कृति और श्रमन संस्कृति है. ज्ञान धारा अलगपन पर ज़ोर देती है और खासपन को बहुत कम छूती है. अनुभव धारा खासपन पर ज़ोर देती है और अलगपन में समाई रहती है. ज्ञान धारा और अनुभव धारा के दूसरे

کہ یہ شک ہونے لگتا ہے کہ کہنے والا خود بھی ٹھیک سمجھ رہا ہے یا نہیں؛ خیر، اِس بات کو چھوڑیئے، ہمارے کام کی بات تو اِتنی ہی ہے کہ ایک خاص پن ہم سب میں ہے .

الگ پن اور خاص پن کو سمجھے بنا آتم سلجھائی میں لگنا خطرے کی چیز ہے .

اِن دو پن میں سے خاص پن ہی ہمارے کام کا ہے . یہ آتما کے زیادہ نکٹ ہے، اِسی کو سمجھ لینا چاہئے، یہ خاص پن اصل میں آتما ہی ہے پر میلا بہت ہے اور میلی آتما کو اگر کوئی اہنکار کہ بیٹھے یا ضمیر کہ بیٹھے تو برا ہی کیا کرتا ہے ؟ آج خاص پن نے جو روپ لے رکھا ہے وہ پرماتما کے نکٹ والا نہیں ہو سکتا، وہ تو دیہ کے نکٹ والا ہی ہوسکتا ہے اور میلی آتما ماٹی وادیوں (جڑ وادیوں) کا دیا 'خمیر' نام ہی پا سکتی ہے . جرمن ڈاکٹر نٹشے نے اِسکو آدمی کے بھیتر کا "اہنکار بھرا الگ پن' (ایگو اِسٹک انڈیویجوئلیٹی) کہا تو ٹھیک ہی کہا . جو مار دھاڑ میں آتم پورنتا مانے، جو دنیا پر چھا جانے کی فکر میں مست ہوکر جی چاہے کر ڈالنے میں آتم پورنتا مانے، وہ اہنکار بھرا الگ پن نام نہیں پائے گا تو اور کیا !

ہندو درشن نے اس الگ پن اور خاص پن کو اپنے ڈھنگ سے الگ سمجھا ہے، اور ایسا سمجھا ہے کہ اگر اس پر عمل کیا جائے تو دنیا میں چاروں اور امن چین امن چین ہی دکھائی پڑے . اس درشن کو دلیلوں سے جھوٹا ثابت کرنا تو امن چین کو لتیانا ہے یا اسکو دلیلوں سے یہ ثابت کرنا کہ نہیں وہ درشن ہم کو اہنکار کا پاٹھ دیتا ہے، درشن کے ساتھ انیائے کرنا ہے . ہندو درشن کا نچوڑ ہے —' ایک انیک میں سمایا ہے اور انیک ایک میں یعنی ستیہ سب میں اور سب ستیہ میں' .

خاص پن ایک آدمی کے انوکھے پن کا ثبوت نہیں ہے وہ تو سارے آدمیوں کے انوکھے پن کا ثبوت ہے، اس خاص پن سے تو ہم آدمی اور جانور کو الگ الگ کر پاتے ہیں .

ہندستان کا اِتہاس بتاتا ہے کہ مدت سے اِس دیش میں دو طرح کی وچار دھارائیں بہتی آئی ہیں—ایک گیان دھارا اور دوسری انوبھو دھارا. اِنہیں کا دوسرا نام براہمن سنسکرتی اور شرمن سنسکرتی ہے. گیان دھارا الگ پن پر زور دیتی ہے اور خاص پن کو بہت کم چھوتی ہے . انوبھو دھارا خاص پن پر زور دیتی ہے اور الگ پن میں سمائی رہتی ہے . گیان دھارا اور انوبھو دھارا کے دوسرے

आत्म-मँझाई

हमारी आत्मा साफ़ नहीं है, इतना ही नहीं, वह इतनी मैली है कि उसको माँझने की ज़रूरत है.

आप मुझसे अलग, मैं आप से अलग, यों हम सब अलग अलग हैं. इस का नाम है अलगपन. अलगपन को कुछ लोग व्यक्तित्व, इनफ़रादियत या इनडिविजुएलिटी भी कहते हैं. यह अलगपन सब में मौजूद है.

अलगपन के बारे में कुछ का यह कहना है कि यह अलगपन ऐसा है, जैसे बूँद का अलगपन, जो पानी में मिलकर पानी में ही घुल मिल जाती है और फिर बूँद जैसी कोई चीज़ ही नहीं रह जाती. कुछ का यह कहना है कि नहीं, यह अलगपन सदा क़ायम रहता है.

इस अलगपन की बात हमने यों कही कि आत्म-मँझाई में लगनेवाले अलग अलग लोगों ने ऐसी दो अलग अलग बातें हमारे सामने रखी हैं.

इस जानकारी से आत्म-मँझाई में कोई रुकावट नहीं होती और न होनी चाहिये.

आप किसी तरह सोचते हैं, मैं किसी तरह सोचता हूँ. आपकी बात सब सुन लेते हैं, मेरी बात कोई नहीं सुनता. आप से कुछ लोग डरते हैं, मुझे कुछ लोग डराते हैं. यों आप और मैं अलग अलग हैं. इस तरह का अलगपन भी सब में मिलता है. यह ख़ास तरह का अलगपन 'ख़ासपन' कहलाता है, जिसे 'विशेशत्व' 'पुरुशत्व' शख़्सियत या परसनालिटी भी कहते हैं.

इस ख़ासपन के बारे में कोई कुछ कहता है, कोई कुछ. एक का कहना है—यही पुरुश या परमात्मा है; दूसरे का कहना है—यही आत्मा है; तीसरे का कहना है—यही अहंकार है; चौथे का कहना है—यही अलगपन की पूरनता का रूप है, यानी यही पूरनता है; पाँचवें का कहना है—वह अलग कोई चीज़ नहीं है. पाँच भूत मिल कर जो पुतला बना उसी का यह नतीजा है. यह पाँचवाँ अपनी बात को दूसरों के मन में बिठाने के लिये यह दलील देता है कि प्रकृति यानी क़ुदरत में ऐसा आए दिन होता रहता है. कोई भी दो चीज़ मिलकर एक तीसरी चीज़ बन जाती है, और आज के ऐटम वादियों ने तो नये नये तत्त्व बनाने भी शुरू कर दिये हैं, जैसे प्लूटोनियम, क्यूरियम,—अमेरिकेनियम. यह पाँचवाँ इस दलील के ज़ोर पर इस ख़ासपन को बहुत मामूली, ख़मीर जैसी चीज़ तो समझता है, पर उसको आदमी तक पहुँचाने में इतना पेचीदा बना दिया है

آتم منجھائی

ہماری آتما صاف نہیں ہے اتنا ہی نہیں' وہ اتنی میلی ہے کہ اسکو مانجھنے کی ضرورت ہے۔

آپ مجھ سے الگ' میں آپ سے الگ یوں ہم سب الگ الگ ہیں۔ اس کا نام ہے الگ پن۔ الگ پن کو کچھ لوگ ویکتتو' انفرادیت یا انڈیویجوئلٹی بھی کہتے ہیں۔ یہ الگ پن سب میں موجود ہے۔

الگ پن کے بارے میں کچھ کا یہ کہنا ہے کہ یہ الگ پن ایسا ہے' جیسے بوند کا الگ پن' جو پانی میں ملکر پانی میں ہی گھل مل جاتی ہے اور پھر بوند جیسی کوئی چیز ہی نہیں رہ جاتی۔ کچھ کا یہ کہنا ہے کہ نہیں' یہ الگ پن سدا قائم رہتا ہے

اس الگ پن کی بات ہم نے یوں کہی کہ آتم منجھائی میں لگنے والے الگ الگ لوگوں نے ایسی دو الگ الگ باتیں ہمارے سامنے رکھی ہیں۔

اِس جانکاری سے آتم منجھائی میں کوئی رکاوٹ نہیں ہوتی اور نہ ہونی چاہئے۔

آپ کسی طرح سوچتے ہیں' میں کسی طرح سوچتا ہوں۔ آپ کی بات سب سن لیتے ہیں' میری بات کوئی نہیں سنتا۔ آپ سے کچھ لوگ ڈرتے ہیں' مجھے کچھ لوگ ڈراتے ہیں۔ یوں آپ اور میں الگ الگ ہیں۔ اِس طرح کا الگ پن بھی سب میں ملتا ہے۔ یہ خاص طرح کا الگ پن 'خاص پن' کہلاتا ہے' جسے 'وشیشتو' 'پرشتو' شخصیت یا پرسنالٹی بھی کہتے ہیں۔

اِس خاص پن کے بارے میں کوئی کچھ کہتا ہے' کوئی کچھ۔ ایک کا کہنا ہے -- یہی پرش یا پرماتما ہے؛ دوسرے کا کہنا ہے— یہی آتما ہے' تیسرے کا کہنا ہے--یہی اہنکار ہے؛ چوتھے کا کہنا ہے — یہی الگ پن کی پورنتا کا روپ ہے' یعنی یہی پورنتا ہے' پانچویں کا کہنا ہے — یہ الگ کوئی چیز نہیں ہے پانچ بھوت ملکر جو پتلا بنا اُسی کا یہ نتیجہ ہے۔ یہ پانچواں اپنی بات کو دوسروں کے من میں بٹھانے کے لئے یہ دلیل دیتا ہے کہ پرکرتی یعنی قدرت میں ایسا آئے دن ہوتا رہتا ہے۔ کوئی بھی دو چیز ملکر ایک تیسری چیز بن جاتی ہے' اور آج کے ایٹم وادیوں نے تو نئے نئے تتو بنانے بھی شروع کردیئے ہیں' جیسے پلوٹونیم' کیوریم' — امیریکیلیم۔ یہ پانچواں اِس دلیل کے زور پر اِس خاص پن کو بہت معمولی' خمیر جیسی چیز تو سمجھتا ہے' پر اُسکو آدمی تک پہنچانے میں اتنا پیچیدہ بنا دیا ہے

हुए ही थे कि मैंने अपने बाहर के दरवाज़े पर जो शब्द लिखे हुए थे उन्हें जिस तरह मेरे बेटे ने पढ़ा था, सुधार दिया. और फिर घर से बाहर निकल पड़ा. बरसों तक एकान्त में दुनियां से दूर रहा और जब दिल ने पूरी पूरी गवाही दी कि ईश्वर है और हर जगह है तब मैं एकान्त से बाहर निकल कर फिर दुनिया में वापस आया और आजकल जब कभी भी कोई मौक़ा मिलता है तो दुनिया के लोगों को 'प्रभु हैं' ऐसी बातें करता हूं, और हमेशा प्रभु के प्रेम का गीत गाता रहता हूँ."

तब जिस स्टेशन पर उन्हें उतरना था, वहाँ गाड़ी आ पहुंची, और वह अपनी जगह से उठकर गाड़ी के बाहर निकले. मैंने उन्हे प्रनाम किया. उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और कहा—"बेटा, तुम्हें भी प्रभु को पहचानने की बेसबरी और बेचैनी का बुख़ार जल्दी ही और ज़ोर से चढ़े."

यह उनका आशीर्वाद कब फलेगा, यह तो मैं नहीं कह सकता, हाँ, इतना ज़रूर कहूँगा कि उनका यह आशीर्वाद मैं अपने जीवन की एक बहुत बड़ी और क़ीमती बख़्शिश समझता हूँ.

साजन रूप पुजारी निकले

(भाई 'बिसमिल' शेख़ूपुरी)

भौंरों ने भी कहा था ऐसा
पी को जान न अपने जैसा
लोग जिन्हें कहते थे योगी
अकसर वह संसारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

मैंने समझा प्यार करेंगे
औरों का ना ध्यान धरेंगे
जितने नयन थे भोले भाले
उतने अत्याचारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

प्रेम पुजारी कहने वाले
प्रेम नगर में रहने वाले
दो दिन इस दुनिया में आकर
जोबन के ब्योपारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

ہوئے ہی تھے کہ میں نے اپنے باہر کے دروازے پر جو شبد لکھے ہوئے تھے انہیں جس طرح میرے بیٹے نے پڑھا تھا، سدھار دیا۔ اور پھر گھر سے باہر نکل پڑا۔ برسوں تک ایکانت میں دنیا سے دور رہا اور جب دل نے پوری پوری گواہی دی کہ ایشور ہے اور ہر جگہ ہے تب میں ایکانت سے باہر نکلکر پھر دنیا میں واپس آیا اور آج کل جب کبھی بھی کوئی موقع ملتا ہے تو دنیا کے لوگوں کو 'پربھو ہیں' ایسی باتیں کرتا ہوں، اور ہمیشہ پربھو کے پریم کا گیت گاتا رہتا ہوں۔"

تب جس اسٹیشن پر انہیں اترنا تھا، وہاں گاڑی آپہونچی، اور وہ اپنی جگہ سے اٹھکر گاڑی کے باہر نکلے۔ میں نے انہیں پرنام کیا۔ انہوں نے مجھے آشیرواد دیا اور کہا—"بیٹا، تمہیں بھی پربھو کو پہچاننے کی بےصبری اور بےچینی کا بخار جلدی ہی اور زور سے چڑھے۔"

یہ ان کا آشیرواد کب پھلیگا، یہ تو میں نہیں کہہ سکتا، ہاں، اتنا ضرور کہونگا کہ ان کا یہ آشیرواد میں اپنے جیون کی ایک بہت بڑی اور قیمتی بخشش سمجھتا ہوں۔

ساجن روپ پجاری نکلے

(بھائی 'بسمل' شیخو پوری)

بھونروں نے بھی کہا تھا ایسا
پی کو جان نہ اپنے جیسا
لوگ جنہیں کہتے تھے یوگی
اکثر وہ سنساری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے۔

میں نے سمجھا پیار کریں گے
اوروں کا نا دھیان دھریں گے
جتنے نین تھے بھولے بھالے
اتنے اتیاچاری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے۔

پریم پجاری کہنے والے
پریم نگر میں رہنے والے
دو دن اس دنیا میں آکر
جوبن کے بیوپاری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے۔

आत्म-मँझाई

हमारी आत्मा साफ़ नहीं है, इतना ही नहीं, वह इतनी मैली है कि उसको माँझने की ज़रूरत है.

आप मुझसे अलग, मैं आप से अलग, यों हम सब अलग अलग हैं. इस का नाम है अलगपन. अलगपन को कुछ लोग व्यक्तित्व, इनफ़रादियत या इनडिविजुएलिटी भी कहते हैं. यह अलगपन सब में मौजूद है.

अलगपन के बारे में कुछ का यह कहना है कि यह अलगपन ऐसा है, जैसे बूँद का अलगपन, जो पानी में मिलकर पानी में ही घुल मिल जाती है और फिर बूँद जैसी कोई चीज़ ही नहीं रह जाती. कुछ का यह कहना है कि नहीं, यह अलगपन सदा क़ायम रहता है.

इस अलगपन की बात हमने यों कही कि आत्म-मँझाई में लगनेवाले अलग अलग लोगों ने ऐसी दो अलग अलग बातें हमारे सामने रखी हैं.

इस जानकारी से आत्म-मँझाई में कोई रुकावट नहीं होती और न होनी चाहिये.

आप किसी तरह सोचते हैं, मैं किसी तरह सोचता हूँ. आपकी बात सब सुन लेते हैं, मेरी बात कोई नहीं सुनता. आप से कुछ लोग डरते हैं. मुझे कुछ लोग डराते हैं. यों आप और मैं अलग अलग हैं. इस तरह का अलगपन भी सब में मिलता है. यह ख़ास तरह का अलगपन 'ख़ासपन' कहलाता है, जिसे 'विशेशत्व' 'पुरुशत्व' शख़्सियत या परसनालिटी भी कहते हैं.

इस ख़ासपन के बारे में कोई कुछ कहता है, कोई कुछ. एक का कहना है—यही पुरुश या परमात्मा है; दूसरे का कहना है—यही आत्मा है; तीसरे का कहना है—यही अहंकार है; चौथे का कहना है—यही अलगपन की पूरनता का रूप है, यानी यही पूरनता है; पाँचवें का कहना है—यह अलग कोई चीज़ नहीं है. पाँच भूत मिल कर जो पुतला बना उसी का यह नतीजा है. यह पाँचवाँ अपनी बात को दूसरों के मन में बिठाने के लिये यह दलील देता है कि प्रकृति यानी क़ुदरत में ऐसा आए दिन होता रहता है. कोई भी दो चीज़ मिलकर एक तीसरी चीज़ बन जाती है, और आज के ऐटम वादियों ने तो नये नये तत्त्व बनाने भी शुरू कर दिये हैं, जैसे प्लूटोनियम, क्यूरियम,—अमेरिकेनियम. यह पाँचवाँ इस दलील के ज़ोर पर इस ख़ासपन को बहुत मामूली, ख़मीर जैसी चीज़ तो समझता है, पर उसको आदमी तक पहुँचाने में इतना पेचीदा बना दिया है

آتم منجھائی

ہماری آتما صاف نہیں ہے' اِتنا ہی نہیں' وہ اِتنی میلی ہے کہ اُسکو مانجھنے کی ضرورت ہے ۔

آپ مجھ سے الگ' میں آپ سے الگ' یوں ہم سب الگ الگ ہیں ۔ اِس کا نام ہے الگ پن ۔ الگ پن کو کچھ لوگ ویکتتو' انفرادیت یا انڈیویجوئلٹی بھی کہتے ہیں ۔ یہ الگ پن سب میں موجود ہے ۔

الگ پن کے بارے میں کچھ کا یہ کہنا ہے کہ یہ الگ پن ایسا ہے' جیسے بوند کا الگ پن' جو پانی میں ملکر پانی میں ہی گھل مل جاتی ہے اور پھر بوند جیسی کوئی چیز ہی نہیں رہ جاتی ۔ کچھ کا یہ کہنا ہے کہ نہیں' یہ الگ پن سدا قائم رہتا ہے

اس الگ پن کی بات ہم نے یوں کہی کہ آتم منجھائی میں لگنے والے الگ الگ لوگوں نے ایسی دو الگ الگ باتیں ہمارے سامنے رکھی ہیں ۔

اِس جانکاری سے آتم منجھائی میں کوئی رکاوٹ نہیں ہوتی اور نہ ہونی چاہئے ۔

آپ کسی طرح سوچتے ہیں' میں کسی طرح سوچتا ہوں ۔ آپ کی بات سب سن لیتے ہیں' میری بات کوئی نہیں سنتا ۔ آپ سے کچھ لوگ ڈرتے ہیں' مجھے کچھ لوگ ڈراتے ہیں ۔ یوں آپ اور میں الگ الگ ہیں ۔ اِس طرح کا الگ پن بھی سب میں ملتا ہے ۔ یہ خاص طرح کا الگ پن ' خاص پن ' کہلاتا ہے' جسے ' وشیشتو ' ' پرشتو ' شخصیت یا پرسنالٹی بھی کہتے ہیں ۔

اِس خاص پن کے بارے میں کوئی کچھ کہتا ہے' کوئی کچھ ۔ ایک کا کہنا ہے -- یہی پرش یا پرماتما ہے؛ دوسرے کا کہنا ہے -- یہی آتما ہے' تیسرے کا کہنا ہے -- یہی اہنکار ہے؛ چوتھے کا کہنا ہے — یہی الگ پن کی پورنتا کا روپ ہے' یعنی یہی پورنتا ہے' پانچویں کا کہنا ہے — یہ الگ کوئی چیز نہیں ہے پانچ بھوت ملکر جو پتلا بنا اُسی کا یہ نتیجہ ہے ۔ یہ پانچواں اپنی بات کو دوسروں کے من میں بٹھانے کے لئے یہ دلیل دیتا ہے کہ پرکرتی یعنی قدرت میں ایسا آئے دن ہوتا رہتا ہے ۔ کوئی بھی دو چیز ملکر ایک تیسری چیز بن جاتی ہے' اور آج کے ایٹم وادیوں نے تو نئے نئے تتو بنانے بھی شروع کردیئے ہیں' جیسے پلوٹونیم ' کیوریم' — امیریکیلیم ۔ یہ پانچواں اِس دلیل کے زور پر اِس خاص پن کو بہت معمولی' خمیر جیسی چیز تو سمجھتا ہے' پر اُسکو آدمی تک پہنچانے میں اتنا پیچیدہ بنا دیا ہے

हुए ही थे कि मैंने अपने बाहर के दरवाजे पर जो शब्द लिखे हुए थे उन्हें जिस तरह मेरे बेटे ने पढ़ा था, सुधार दिया. और फिर घर से बाहर निकल पड़ा. बरसों तक एकान्त में दुनिया से दूर रहा और जब दिल ने पूरी पूरी गवाही दी कि ईश्वर है और हर जगह है तब मैं एकान्त से बाहर निकल कर फिर दुनिया में वापस आया और आजकल जब कभी भी कोई मौक़ा मिलता है तो दुनिया के लोगों को 'प्रभु है' ऐसी बातें करता हूं, और हमेशा प्रभु के प्रेम का गीत गाता रहता हूं."

तब जिस स्टेशन पर उन्हें उतरना था, वहाँ गाड़ी आ पहुंची, और वह अपनी जगह से उठकर गाड़ी के बाहर निकले. मैंने उन्हें प्रनाम किया. उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और कहा—"बेटा, तुम्हें भी प्रभु को पहचानने की बेसबरी और बेचैनी का बुख़ार जल्दी ही और ज़ोर से चढ़े."

यह उनका आशीर्वाद कब फलेगा, यह तो मैं नहीं कह सकता, हाँ, इतना ज़रूर कहूँगा कि उनका यह आशीर्वाद मैं अपने जीवन की एक बहुत बड़ी और क़ीमती बख़्शिश समझता हूँ.

ہوئے ہی تھے کہ میں نے اپنے باہر کے دروازے پر جو شبد لکھے ہوئے تھے انہیں جس طرح میرے بیٹے نے پڑھا تھا، سدھار دیا. اور پھر گھر سے باہر نکل پڑا. برسوں تک ایکانت میں دنیا سے دور رہا اور جب دل نے پوری پوری گواہی دی کہ ایشور ہے اور ہر جگہ ہے تب میں ایکانت سے باہر نکلکر پھر دنیا میں واپس آیا اور آج کل جب کبھی بھی کوئی موقع ملتا ہے تو دنیا کے لوگوں کو 'پربھو ہیں' ایسی باتیں کرتا ہوں، اور ہمیشہ پربھو کے پریم کا گیت گاتا رہتا ہوں."

تب جس اسٹیشن پر انہیں اترنا تھا، وہاں گاڑی آپہونچی، اور وہ اپنی جگہ سے اٹھکر گاڑی کے باہر نکلے. میں نے انہیں پرنام کیا. انہوں نے مجھے آشیرواد دیا اور کہا—" بیٹا، تمہیں بھی پربھو کو پہچاننے کی بےصبری اور بے چینی کا بخار جلدی ہی اور زور سے چڑھے."

یہ ان کا آشیرواد کب پھلیگا، یہ تو میں نہیں کہہ سکتا، ہاں، اتنا ضرور کہونگا کہ ان کا یہ آشیرواد میں اپنے جیون کی ایک بہت بڑی اور قیمتی بخشش سمجھتا ہوں.

साजन रूप पुजारी निकले

(भाई 'बिसमिल' शेख़ूपुरी)

भौंरों ने भी कहा था ऐसा
पी को जान न अपने जैसा
लोग जिन्हें कहते थे योगी
अकसर वह संसारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

मैंने समझा प्यार करेंगे
औरों का ना ध्यान धरेंगे
जितने नयन थे भोले भाले
उतने अत्याचारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

प्रेम पुजारी कहने वाले
प्रेम नगर में रहने वाले
दो दिन इस दुनिया में आकर
जोबन के व्योपारी निकले
साजन रूप पुजारी निकले.

ساجن روپ پجاری نکلے

(بھائی 'بسمل' شیخو پوری)

بھونروں نے بھی کہا تھا ایسا
پی کو جان نہ اپنے جیسا
لوگ جنہیں کہتے تھے یوگی
اکثر وہ سنساری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے.

میں نے سمجھا پیار کریں گے
اوروں کا نا دھیان دھریں گے
جتنے نین تھے بھولے بھالے
اتنے اتیاچاری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے.

پریم پجاری کہنے والے
پریم نگر میں رہنے والے
دو دن اس دنیا میں آکر
جوبن کے بیوپاری نکلے
ساجن روپ پجاری نکلے.

जवाब मिला—"मेरा सात बरस का लड़का."

"वह कैसे, भाई साहब ?"

"तो सुन लो मेरी प्रभु से 'प्रेम सगाई' की कहानी :

"आज से चालीस बरस पहिले मैं एक प्रोफ़ेसर था. मुझे अपने इल्म पर बड़ा ही घमंड था और शास्त्रार्थ का तो मुझे एक खास शौक़ था. औरों को दलील बाज़ी मे किस तरह से हरा दूं इसी फ़िक्र में मैं दिन रात रहता था. एक दफ़ा हमारे शहर में एक बड़े विद्वान आए. उनसे आम लोगों के सामने मैंने "ईश्वर है या नहीं" इस मज़मून पर दलील छेड़ी. आखिर मैं बहस में उनसे जीत गया. लोगों में मेरी वाह वाह होने लगी और मेरे ग़रूर की तो कोई हद ही न रही, यहाँ तक कि मैंने अपने घर के बाहर के दरवाज़े पर बड़े अक्षरों में यह शब्द लिखवा दिये—

GOD IS NO WHERE

यानी ईश्वर कहीं भी नहीं है.

"इसके बाद मैं अपनी नास्तिकता के नशे मे रात दिन चूर रहने लगा.

"इतने में मेरे घर में एक लड़का पैदा हुआ. मगर उसके पैदा होने से भी मेरे दिल में प्रभु का या उसकी कृपा का रत्ती भर भी ख़याल न आया. वह जब साढ़े पांच बरस का हुआ तो मैंने उसे एक अंगरेज़ी स्कूल में पढ़ने के लिये भेजा. आहिस्ता आहिस्ता वह अंगरेज़ी के कुछ छोटे छोटे फ़िक़रे पढ़ने लगा.

"एक दिन जब वह और मैं शाम को सैर करके घर वापस आए तो वह घर में दाख़िल होने की जगह अचानक दरवाज़े के बाहर खड़ा हो गया और जो शब्द उस पर अंगरेज़ी में लिखे हुए थे उन्हें चुपचाप पढ़ने लगा. फिर मेरी तरफ़ देखकर कहने लगा—

" 'पिताजी, मैं बताऊँ दरवाज़े पर क्या लिखा हुआ है ?'

" 'अगर बता सकते हो तो बताओ, बेटा !' मैंने जवाब दिया.

"फिर वह शब्दों को एक एक करके पढ़ने लगा. उसने उन्हें इस तरह पढ़ा—

'GOD IS NOW HERE'

यानी ईश्वर अब यहीं ही है.

"मालूम नहीं क्यों, अपने बेटे को इन शब्दों को इस तरह पढ़ते देखकर मेरे सारे जिस्म में एक क़िस्म की बिजली दौड़ उठी और मेरे मुँह से अपने आप यह शब्द निकल पड़े—'बात तो बिलकुल सही है !' उस वक़्त से मुझे एक क़िस्म की बेचैनी का बुख़ार चढ़ गया और सारी रात उस बुख़ार में मैं पड़ा रहा. सुबह हुई, अभी घर के लोग सोए

جواب ملا — " میرا سات برس کا لڑکا ."

" وہ کیسے ' بھائی صاحب ؟"

" تو سن لو میری پربھو سے 'پریم سگائی' کی کہانی :

" آج سے چالیس برس پہلے میں ایک پروفیسر تھا . مجھے اپنے علم پر بڑا ہی گھمنڈ تھا اور شاستراتھ کا تو مجھے ایک خاص شوق تھا . اوروں کو دلیل بازی میں کس طرح سے ہرا دوں اِسی فکر میں میں دن رات رہتا تھا . ایک دفعہ ہمارے شہر میں ایک بڑے ودوان آئے . ان سے عام لوگوں کے سامنے میں نے " ایشور ہے یا نہیں " اس مضمون پر دلیل چھیڑی . آخر میں بحث میں ان سے جیت گیا . لوگوں میں میری واہ واہ ہونے لگی اور میرے غرور کی تو کوئی حد ہی نہ رہی ' یہاں تک کہ میں نے اپنے گھر کے باہر کے دروازے پر بڑے اکشروں میں یہ شبد لکھوا دئیے —

GOD IS NO WHERE

یعنی ایشور کہیں بھی نہیں ہے .

" اس کے بعد میں اپنی ناستکتا کے نشے میں رات دن چور رہنے لگا .

" اتنے میں میرے گھر میں ایک لڑکا پیدا ہوا . مگر اس کے پیدا ہونے سے بھی میرے دل میں پربھو کا یا اس کی کرپا کا رتی بھر بھی خیال نہ آیا . وہ جب ساڑھے پانچ برس کا ہوا تو میں نے اسے ایک انگریزی اسکول میں پڑھنے کے لئے بھیجا . آہستہ آہستہ وہ انگریزی کے کچھ چھوٹے چھوٹے فقرے پڑھنے لگا .

" ایک دن جب وہ اور میں شام کو سیر کرکے گھر واپس آئے تو وہ گھر میں داخل ہونے کی جگہ اچانک دروازے کے باہر کھڑا ہوگیا اور جو شبد اس پر انگریزی میں لکھے ہوئے تھے انہیں چپ چاپ پڑھنے لگا . پھر میری طرف دیکھ کر کہنے لگا —

" 'پتا جی ' میں بتاؤں دروازہ پر کیا لکھا ہوا ہے ؟'

" 'اگر بتا سکتے ہو تو بتاؤ' بیٹا !' میں نے جواب دیا .

" پھر وہ شبدوں کو ایک ایک کرکے پڑھنے لگا . اس نے انہیں اسطرح پڑھا —

'GOD IS NOW HERE'

یعنی ایشور اب یہیں ہی ہے .

" معلوم نہیں کیوں ' اپنے بیٹے کو ان شبدوں کو اسطرح پڑھتے دیکھکر میرے سارے جسم میں ایک قسم کی بجلی دوڑ اٹھی اور میرے منہ سے اپنے آپ یہ شبد نکل پڑے — ' بات تو بالکل صحیح ہے !' اس وقت سے مجھے ایک قسم کی بے چینی کا بخار چڑھ گیا اور ساری رات اس بخار میں میں پڑا رہا . صبح ہوئی ' ابھی گھر کے لوگ سوئے

ईश्वर की कुदरत के क़ानूनों को मानना है. यही वह क़ानून है जो सब क़ौमों, सब मुल्कों और सब मज़हबों के ज्ञानी, महात्मा और साइंसदां बताते आए हैं. इन क़ानूनों को मानने और उन पर अमल करने से ही इस दुनिया और दूसरी दुनिया में आदमी को सुख मिल सकता है.

वह वह क़ायदे क़ानून हैं जिन पर सब अलग अलग धर्म एक राय हैं.

हम आज तक सुनते आए हैं कि हर बच्चे को तीन आर यानी पढ़ना, लिखना और हिसाब सिखाना ज़रूरी है. इन तीन में एक चौथा आर 'यूनीवरसल रिलिजन' यानी व्यापक आलमगीर मज़हब इनसानियत, मानव धर्म का भी हमें जोड़ लेना चाहिये. पर पहले इस मानव धर्म को खोज निकालना और समझना होगा. यह मानव धर्म वह असूल है जो सब धर्म मज़हबों के अन्दर एक बराबर पाए जाते हैं. दुनिया के तालीम देने वालों और साइन्स दानों का फ़र्ज़ है कि वह इस काम में मदद दें. अलग अलग मतों और फ़िरक़ों के अन्दर से एकता के जवाहर बीन निकालें, इसके लिये दुनिया के सब बड़े बड़े मज़हबों की खोज ज़रूरी है. फिर इस एकता के क़ीमती जवाहरात को जमा कर के किताबों और पाठों की सूरत में दुनिया के सब लड़कों और लड़कियों को सिखावें. दुनिया को एक करने के जितने तरीक़े बताए जा रहे हैं उन में सबसे मुफ़ीद, सबसे ज़रूरी और सबसे टिकाऊ तरीक़ा यही है.*

ایشور کی قدرت کے قانونوں کو ماننا ہے. یہی وہ قانون ہے جو سب قوموں، سب ملکوں اور سب مذہبوں کے گیانی، مہاتما اور سائنس‌داں بتاتے آئے ہیں. ان قانونوں کو ماننے اور انپر عمل کرنے سے ہی اس دنیا اور دوسری دنیا میں آدمی کو سکھ مل سکتا ہے.

یہ وہ قاعدے قانون ہیں جن پر سب الگ الگ دھرم ایک رائے ہیں.

ہم آج تک سنتے آئے ہیں کہ ہر بچے کو تین آر یعنی پڑھنا لکھنا اور حساب سکھانا ضروری ہے. ان تین میں ایک چوتھا آر 'یونیورسل ریلیجن' یعنی ویاپک عالمگیر مذہب انسانیت، مانو دھرم کا بھی ہمیں جوڑ لینا چاہئے. پر پہلے اس مانو دھرم کو کھوج نکالنا اور سمجھنا ہوگا. یہ مانو دھرم وہ اصول ہیں جو سب دھرم مذہبوں کے اندر ایک برابر پائے جاتے ہیں. دنیا کے تعلیم دینے والوں اور سائنس دانوں کا فرض ہے کہ وہ اس کام میں مدد دیں. الگ الگ متوں اور فرقوں کے اندر سے ایکتا کے جواہر بین نکالیں، اسکے لئے دنیا کے سب بڑے بڑے مذہبوں کی کھوج ضروری ہے پھر ان ایکتا کے قیمتی جواہرات کو جمع کرکے کتابوں اور پاٹھوں کی صورت میں دنیا کے سب لڑکوں اور لڑکیوں کو سکھاویں. دنیا کو ایک کرنے کے جتنے طریقے بتائے جارہے ہیں ان میں سب سے مفید، سب سے ضروری اور سب سے ٹکاؤ طریقہ یہی ہے.*

सूफ़ियों की सोहबत में

(2)

(भाई गु० म०)

"वह लगन आपकी प्रभु से कब की लगी हुई है, भाई साहब ?" मैंने अपने साथी से, जो मेरे साथ रेल में सफ़र कर रहे थे, पूछा.

"तक़रीबन तीस बरस से." उन्होंने जवाब दिया

"और इस रास्ते पर पहले आपको कौन लाया ?" मैंने फिर उनसे पूछा.

* अधिक जानकारी के लिये लेखक की अंगरेज़ी किताब—The Essential Unity of All Religions पढ़िये

صوفیوں کی صحبت میں

(2)

(بھائی گ. م.)

" یہ لگن آپکی پربھو سے کب کی لگی ہوئی ہے، بھائی صاحب ؟" میں نے اپنے ساتھی سے، جو میرے ساتھ ریل میں سفر کر رہے تھے، پوچھا.

" تقریباً تیس برس سے." انہوں نے جواب دیا.

" اور اس راستے پر پہلے آپکو کون لایا ؟" میں نے پھر ان سے پوچھا.

* ادھک جانکاری کے لئے لیکھک کی انگریزی کتاب— The Essential Unity of All Religions پڑھئے.

को मज़हब की ज़रूरत रहेगी. तब तक मज़हब में उसे वह शान्ति और सकून मिलेगा जो उससे छीनना नामुमकिन भी है और ज़ुल्म भी. आदमी के दिल से यह बात नहीं मिट सकती कि अगर उसे सारी दुनिया भी मिल जावे पर उसकी आत्मा या रूह उससे खो जावे तो उसे कोई फ़ायदा नहीं. अगर समझदार आदमी लोगों को सच्चा और साइन्सी मज़हब न देंगे तो लोग मजबूर होकर झूटे वहमों और अन्धविश्वासों के उन मज़हबों में फंसते रहेंगे जो दुनिया भर के पंडे पुजारी, पादरी और कठ मुल्ला उन्हें देते रहते हैं. धर्म मज़हब की पियास केवल उन लोगों में नहीं होती जो जानवरों की तरह आगे पीछे नहीं देख सकते, या उन लोगों में भी नहीं होती जो सब देख भाल कर अपनी अनन्त आत्मा के अन्दर सारी दुनिया का रहस्य यानी राज़ देख चुके हैं. यह दूसरे लोग धर्म मज़हब से ऊपर उठ चुके. आज की दुनिया में इस तरह के आदमी बिरले ही हैं. अधिकतर लोगों के लिये धर्म की ज़रूरत है इसीलिये धर्म ज़िन्दा है. उसका एक रूप ख़तम हो जाता है तो वह दूसरा रूप धारन कर लेता है.

स्वामी शंकराचार्य ने लिखा है—"जो आदमी इच्छा, ज्ञान और कर्म तीनों गुनों से ऊपर उठ जाता है उसके लिये फिर न कोई विधि या हुकुम है और न किसी चीज़ का निशेध या मनाही."

इसी बात को सूफ़ी दूसरे शब्दों में कहता है—"जो रब को पहुंच गया वह रब ही गया, जिस के लिये सब रब ही रब है उसके लिये फिर अलग रब कहां, जहां सूरज ही सूरज है वहां रात कहां, सूफ़ी अपने को मिटा चुका; जिसने अपने को मिटा दिया उसके लिये कोई मज़हब नहीं, जो यार तक पहुंच गया उसे दूसरा कोई मतलब नहीं."

अगर यह बात सच है, और यह सच है कि इनसान के दिल के अन्दर यह बात जमी हुई है कि इस ज़िन्दगी के बाद भी कोई ज़िन्दगी है, और आदमी उस ज़िन्दगी को और इस ज़िन्दगी के साथ उसके सम्बन्ध को जानना और समझना चाहता है, अगर यह बात है, और यह सच है कि साइन्स जीवन के लिये है, जीवन साइंस के लिये नहीं, तो समझदार आदमी कभी इस बात को आख़िरी नहीं मान सकता कि साइंस और मज़हब दोनों में मेल नामुमकिन है. हक़ीक़त, साइंस, वेद, मारफ़त और ज्ञान पांचों के एक ही मानी हैं हमें इन पाँचों को एक दूसरे की रोशनी में देख कर इन की एकता को समझना है.

वैशेषिक सूत्र में लिखा है—"यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः सधर्मः." यानी जिस बात से इस दुनिया में और दूसरी दुनिया में दोनों में आदमी को सुख मिले वही धर्म है. ईश्वर अल्लाह की आज्ञाओं को मानने का मतलब ही

تو [illegible] کی ضرورت رہے گی، تب تک مذہب [illegible] شانتی اور سکون ملے گا جو اُس سے چھیننا [illegible] ہے اور ظلم بھی. آدمی کے دل سے [illegible] سکتی [illegible] اُسے ساری دنیا بھی مل جاوے [illegible] آتما یا روح اُس سے کھو جاوے تو [illegible] اگر سمجھدار آدمی لوگوں کو [illegible] مذہب نہ دیںگے تو لوگ مجبور [illegible] اور اندھ وشواسوں کے اُن مذہبوں میں پھنسے رہیںگے [illegible] کے پنڈے پجاری پادری اور [illegible] دھرم مذہب کی پیاس [illegible] جو جانوروں کی طرح [illegible] یا اُن لوگوں میں [illegible] اپنی اننت آتما کے اندر ساری [illegible] رہسیہ یعنی راز [illegible] مذہب سے اوپر اُٹھ چکے [illegible] دنیا میں اس طرح کے آدمی [illegible] لوگوں کے لئے دھرم کی ضرورت ہے [illegible] ایک روپ ختم ہو جاتا ہے تو وہ دوسرا روپ دھارن کر لیتا ہے.

سوامی شنکر اچاریہ نے لکھا ہے—"جو آدمی اچھا گیان اور کرم تینوں گنوں سے اوپر اُٹھ جاتا ہے اُسکے لئے پھر نہ کوئی ودھی یا حکم ہے اور نہ کسی چیز کا نشیدھ یا مناہی."

اسی بات کو صوفی دوسرے شبدوں میں کہتا ہے—"جو رب کو پہنچ گیا وہ رب ہو گیا جسکے لئے سب رب ہی رب ہے اُسکے لئے پھر الگ رب کہاں، جہاں سورج ہی سورج ہے وہاں رات کہاں صوفی اپنے کو مٹا چکا، جس نے اپنے کو مٹا دیا اُسکے لئے کوئی مذہب نہیں، جو یار تک پہنچ گیا اُسے دوسرا کوئی مطلب نہیں"

اگر یہ بات سچ ہے، اور یہ سچ ہے کہ انسان کے دل کے اندر یہ بات جمی ہوئی ہے کہ اِس زندگی کے بعد بھی کوئی زندگی ہے اور آدمی اُس زندگی کو اور اُس زندگی کے ساتھ اُسکے سمبندھ کو جاننا اور سمجھنا چاہتا ہے، اگر یہ بات ہے، اور یہ سچ ہے کہ سائنس جیون کے لئے ہے، جیون سائنس کے لئے نہیں، تو سمجھدار آدمی کبھی اِس بات کو آخری نہیں مان سکتا کہ سائنس اور مذہب دونوں میں میل ناممکن ہے. حقیقت، سائنس، وید، معرفت اور گیان پانچوں کے ایک ہی معنی ہیں. ہمیں اِن پانچوں کو ایک دوسرے کی روشنی میں دیکھکر ان کی ایکتا کو سمجھنا ہے.

ویشیشک سوتر میں لکھا ہے—"یتو ابھیودے نہ شریس سدھی سدھرمہ". یعنی جس بات سے اِس دنیا میں اور دوسری دنیا میں دونوں میں آدمی کو سکھ ملے وہی دھرم ہے. ایشور اللہ کی آگیاؤں کو ماننے کا مطلب ہی

मतलब है जो हिन्दू पुस्तकों में 'यम' और 'क्षमावान' का. 'अल-जब्बार' और 'अल-करीम' का वही अर्थ है जो 'घोर' और 'दयालु' का. 'अल-जलील' और 'अल-जमील' के वही मानी हैं जो 'ईश्वर' और 'मधुर' के, वग़ैरा. इसी तरह के जोड़ जोड़े के नाम ईश्वर के दुनिया की सब धर्म पुस्तको मे मिलते हैं.

इसलाम की किताबों में जिन्हें 'सिफ़ात' कहा गया है हिन्दू किताबों मे उन्हीं को 'विभूतियां' कहा गया है. 'सिफ़ात' दो तरह की है. 'जलाली' और 'जमाली'. विभूतियां भी दो तरह की हैं. 'ऐश्वर्य वाली' और 'माधुर्य वाली'. दोनो का एक ही मतलब है.

यहूदियों के धर्म ग्रन्थों मे भी जिन्हें 'क़ब्बालह' कहा जाता है ठीक इसी तरह के नाम मिलते हैं. 'क़ब्बालह' के बहुत से नाम अरबी और संस्कृत नामों से बिलकुल मिलते हुए हैं.

क़ुरान में अल्लाह के निन्नानवे नाम मशहूर हैं पारसी किताबों मे 'अहुरमज़्द' के एक सौ एक नाम हैं. यह एक सौ एक नाम वेदों के संस्कृत नामो से बेहद मिलते हुए हैं जैसे पारसी 'अहुरमज़्द' संस्कृत 'असुर-मेधा' पारसी 'अथितन्य' वैदिक 'अभितन्य'. पारसी 'ख़तु' वैदिक 'क्रतु', फ़ारसी 'ख़िरद'. पारसी 'चिरित' वैदिक 'चित'. पारसी 'दाता' संस्कृत 'धाता'. पारसी 'थ्राता' संस्कृत 'त्राता'. पारसी 'दूरदर्शता' संस्कृत 'दूरद्रष्टा'. पारसी 'ज़्नाता' संस्कृत 'ज्ञाता' वग़ैरा वग़ैरा. ईश्वर के इन पारसी नामो का एक एक का ठीक वही मतलब है जो संस्कृत नामों का. पुरानी पारसी भाषा और संस्कृत दोनो का निकास एक जगह से है.

यही दुई का ख़याल और यही जोड़े जोड़े के नाम हमें चीनी महात्मा कंगफूतज़े की किताबों मे मिलते हैं.

ठीक यही चीज़ें चीनी महात्मा लाओतज़े की किताबों मे भी मिलती हैं. लाओतज़े जिसे 'सनत्साइ' कहता है उसी को हिन्दू किताबें 'सन्सार' कहती हैं.

यूनानी धर्म की किताबों से भी इसी तरह की बातें नक़ल की जा सकती है.

आदमी की ज़िन्दगी इस दुई के साथ एक लगातार संग्राम है. इसी दुई मे से हमें अपना रास्ता बनाना है, ठीक चुनना है, दुई को पार करना है.

यही सब धर्मों का उपदेश है, यही सब विद्याओं का और यही ऊंची से ऊंची साइंस का. सच यह है कि हमें एक साइन्सी मज़हब की ज़रूरत है. मज़हब दुनिया के लिये उतना ही ज़रूरी है जितना साइंस. आदमी जब तक दर्द और मौत की बाबत सोचता रहेगा, जब तक वह अपने आगे और पीछे दोनों तरफ़ निगाह डालेगा, तब तक इनसान

مطلب هے جو هندو پستکوں میں 'یم' اور 'چھماوان' کا. 'الجبار' اور 'الکریم' کا وهی ارتھ هے جو 'گھور' اور 'دیالو' کا. 'الجلیل' اور 'الجمیل' کے وهی معنی هیں جو 'ایشور' اور 'مدھر' کے، وغیرہ. اسی طرح کے جوڑے جوڑے کے نام ایشور کے دنیا کی سب دھرم پستکوں میں ملتے هیں.

اسلام کی کتابوں میں جنهیں 'صفات' کہا گیا هے هندو کتابوں میں انهیں کو 'وبھوتیاں' کہا گیا هے. 'صفات' دو طرح کی هیں. 'جلالی' اور 'جمالی'. وبھوتیاں بھی دو طرح کی هیں. 'ایشوریه والی' اور 'مادھریه والی'. دونوں کا ایک هی مطلب هے.

یہودیوں کے دھرم گرنتھوں میں بھی جنهیں 'قبالہ' کہا جاتا هے ٹھیک اسی طرح کے نام ملتے هیں. 'قبالہ' کے بہت سے نام عربی اور سنسکرت ناموں سے بالکل ملتے هوئے هیں

قرآن میں اللہ کے ننانوے نام مشہور هیں پارسی کتابوں میں 'اهرمزد' کے ایک سو ایک نام هیں. یه ایک سو ایک نام ویدوں کے سنسکرت ناموں سے بیحد ملتے هوئے هیں. جیسے پارسی 'اهرمزد' سنسکرت 'اسرمیدها' پارسی 'اربتنیه' ویدیک 'ابهیتنیه' پارسی 'کهرتو' ویدک 'کرتو' فارسی 'خرد'. پارسی 'چشتی' ویدک 'چت'. پارسی 'داتا' سنسکرت 'دهاتا'. پارسی 'تهراتا' سنسکرت 'تراتا'. پارسی 'دوردرشتا' سنسکرت 'دور درشٹا'. پارسی 'زناتا' سنسکرت 'گیاتا' وغیرہ وغیرہ ایشور کے ان پارسی ناموں کا ایک ایک کا ٹھیک وهی مطلب هے جو سنسکرت ناموں کا. پرانی پارسی بھاشا اور سنسکرت دونوں کا نکاس ایک جگه سے هے.

یہی 'دوئی' کا خیال اور یہی جوڑے جوڑے کے نام همیں چینی مہاتما کنگ فوتزے کی کتابوں میں ملتے هیں.

ٹھیک یہی چیزیں چینی مہاتما لاؤتزے کی کتابوں میں بھی ملتی هیں. لاؤتزے جسے 'سنتسائی' کہتا هے اسی کو هندو کتابیں 'سنسار' کہتی هیں.

یونانی دھرم کی کتابوں سے بھی اسی طرح کی باتیں نقل کی جاسکتی هیں.

آدمی کی زندگی اس دوئی کے ساتھ ایک لگاتار سنگرام هے. اسی دوئی میں سے همیں اپنا راسته بنانا هے، ٹھیک چننا هے، دوئی کو پار کرنا هے.

یہی سب دھرموں کا اپدیش هے، یہی سب ودیاؤں کا اور یہی اونچی سے اونچی سائنس کا. سچ یه هے کہ همیں ایک سائنسی مذهب کی ضرورت هے. مذهب دنیا کے لئے اتنا هی ضروری هے جتنا سائنس. آدمی جب تک درد اور موت کی بابت سوچتا رهے گا، جب تک وہ اپنے آگے اور پیچھے دونوں طرف نگاہ ڈالے گا، تب تک انسان

है और एक रस होकर सामना करते हुए अपनी तरफ़ और दूसरी तरफ़ अपने फ़र्ज़ों को पूरा करते रहना और इससे अपने खुद के लिये कोई बदला न चाहना ही द्वन्द यानी दुई से ऊपर उठना है.

यूनान के एक मशहूर मन्दिर, डेलफ़िक टेम्पिल पर यह दो वाक्य खुदे हुए थे. एक—'कोई चीज़ हद से ज़ियादा नहीं.' और दो—'अपने को जानो.' यह दोनों बातें एक दूसरे को पूरा करती हैं. जो किसी बात में भी हद से बढ़ता है वह अपने को नहीं जान सकता. यह सम्तोल यानी सकून हासिल कर लेना ही सच्चा ज्ञान हासिल कर लेना और अपने को पहचानना है.

पारसी धर्म के बानी ज़रतुश्त ने लिखा है—"उजाला और अंधेरा, अच्छाई और बुराई जो एक दूसरे के साथ बंधी हुई हैं हमेशा से चली आरही हैं. फिर भी वह एक दूसरे से अलग हैं. हमारे सोच फ़िकर में, हमारी बातों में और हमारे कामों में सब जगह यह साथ साथ और अलग अलग दिखाई देती हैं. समझदार आदमी रोशनी की तरफ़ चलते हैं और नासमझ तब तक अंधेरे की तरफ़ को चलते रहते हैं, जब तक वह समझदार न हो जाएं. इन्हीं पुराने रास्तों पर चल कर अच्छी और बुरी इच्छाएं आदमी में पैदा होती हैं. इन्हीं से एक नफ़रत की तरफ़ जाते हैं और दूसरे मुहब्बत की तरफ़. ऐ अहुरमज़्द (ईश्वर)! मुझे अपने मन पर क़ाबू हासिल करके इस दुई से ऊपर उठते हुए सीधे रास्ते पर चलने की ताक़त दे."

सब धर्म पुस्तकों में ईश्वर अल्लाह के नामों के बारे में भी यह दुई मौजूद है और सब धर्म वालों ने ईश्वर को दो दो नामों से पुकारा है.

क़ुरान उसे 'अल-अव्वल' और 'अल-आख़िर' कह कर पुकारता है. वेदों में उसे 'आदि' और 'अन्त' कहा गया है. दोनों के एक ही मानी हैं. क़ुरान उसे 'अल-बातिन' और 'अल-ज़ाहिर' कह कर पुकारता है. वेद उसी को 'अव्यक्त' और 'व्यक्त' कहता है. दोनों का एक ही मतलब है. क़ुरान में उसे 'अल-बादी' और 'अल-जामी' कहा गया है. वेदों में उसी को 'सृष्टा' और 'संहारता' कहा गया है. दोनों का ठीक वही मनशा है. क़ुरान में 'अल-मुही' और 'अल-मुमीत' नाम आते हैं. वेदों में उसी को 'भव' और 'हर' कहा गया है, यानी जान डालने वाला और मारने वाला. क़ुरान में जो 'अल-मुज़िल' और 'अल-हादी' से मतलब है वही वेदों में 'मायी' और 'तारक' से है, यानी भटकाने वाला या आज़माने वाला और ठीक रास्ता बताने वाला. क़ुरान में 'अल-क़हहार' और 'अलरज़्ज़ाक़' नाम आते हैं. वेदों में उन्हीं के मुक़ाबले के 'रुद्र' और 'शिव' हैं. क़ुरान में 'ग़ज़बान' और 'ग़फ़्फ़ार' का वही

ہے اور ایک رس ہوکر سامنا کرتے ہوئے اپنی طرف اور دوسری طرف اپنے فرضوں کو پورا کرتے رہنا اور اس سے اپنے خود کے لئے کوئی بدلہ نہ چاہنا ہی دوند یعنی دوئی سے اوپر اٹھنا ہے

یونان کے ایک مشہور مندر ڈیلفک ٹمپل پر یہ دو [illegible] کھدے ہوئے تھے. ایک — 'کوئی چیز حد سے زیادہ نہیں.' اور دو — 'اپنے کو جانو.' یہ دونوں باتیں ایک دوسرے کو پورا کرتی ہیں. جو کسی بات میں بھی حد سے بڑھتا ہے وہ اپنے کو نہیں جان سکتا. یہ سمتول یعنی سکون حاصل کر لینا ہی سچا گیان حاصل کر لینا اور اپنے کو پہچاننا ہے.

پارسی دھرم کے بانی زرتشت نے لکھا ہے "اجالا اور اندھیرا اچھائی اور برائی جو ایک دوسرے کے ساتھ بندھی ہوئی ہمیشہ سے چلی آرہی ہیں. پھر بھی یہ ایک دوسرے سے الگ ہیں. ہمارے سوچ فکر میں ہماری باتوں میں اور ہمارے کاموں میں سب جگہ یہ ساتھ ساتھ اور الگ الگ دکھائی دیتی ہیں. سمجھدار آدمی روشنی کی طرف چلتے ہیں اور ناسمجھ تب تک اندھیرے کی طرف کو چلتے رہتے ہیں جب تک وہ سمجھدار نہ ہو جائیں. انہیں پرانے راستوں پر چلکر اچھی اور بری اچھائیں آدمی میں پیدا ہوتی ہیں. انہیں سے ایک نفرت کی طرف جاتے ہیں اور دوسرے محبت کی طرف. اے اہرمزد (ایشور) مجھے اپنے من پر قابو حاصل کرکے اس دوئی سے اوپر اٹھتے ہوئے سیدھے راستے پر چلنے کی طاقت دے."

سب دھرم پستکوں میں ایشور اللہ کے ناموں کے بارے میں بھی یہ دوئی موجود ہے اور سب دھرم والوں نے ایشور کو دو دو ناموں سے پکارا ہے.

قرآن اسے 'الاول' اور 'الآخر' کہکر پکارتا ہے. ویدوں میں اسے 'آدی' اور 'انت' کہا گیا ہے. دونوں کے ایک ہی معنی ہیں. قرآن اسے 'الباطن' اور 'الظاہر' کہکر پکارتا ہے. وید اسی کو 'اویکت' اور 'ویکت' کہتا ہے. دونوں کا ایک ہی مطلب ہے. قرآن میں اسے 'البادی' اور 'الجامی' کہا گیا ہے. ویدوں میں اسی کو 'سرشٹا' اور 'سنہارتا' کہا گیا ہے. دونوں کا ٹھیک وہی منشا ہے. قرآن میں 'المحی' اور 'الممیت' نام آتے ہیں. ویدوں میں اسی کو 'بھو' اور 'ہر' کہا گیا ہے. یعنی جان ڈالنے والا اور مارنے والا. قرآن میں جو 'المضل' اور 'الہادی' سے مطلب ہے وہی ویدوں میں 'مائی' اور 'تارک' سے ہے. یعنی بھٹکانے والا یا آزمانے والا اور ٹھیک راستہ بتانے والا. قرآن میں 'القہار' اور 'الرزاق' نام آتے ہیں. ویدوں میں انہیں کے مقابلے کے 'رودر' اور 'شیو' ہیں. قرآن میں 'غضبان' اور 'غفار' کا وہی

धर्म मज़हब की ज़रूरत

(डाक्टर भगवान दास)

दुनिया के सब बड़े बड़े मज़हबों की धर्म पुस्तकों को मिला कर पढ़ने से उन मे तरह तरह की समानता देखने को मिलती है. मिसाल के तौर पर यह ख़याल सब धर्म पुस्तकों में पाया जाता है कि लगभग हर चीज़ के दो पहलू होते हैं और समझदारी इसी बात में है कि हम दोनों पहलुओं को मिला कर देखें और जहाँ तक हो सके बीच के रास्ते से चलने की कोशिश करें. उपनिशद् में लिखा है— "यह सारा जगत द्वन्दमय (दुई से भरा) है. यहाँ की सब चीज़ें दो दो के जोड़ों में रहती हैं."

क़ुरान में अल्लाह कहता है—"हमने सब चीज़ें दो दो के जोड़ों में बनाई हैं."

ठीक यही बात इनजील में कही गई है.

कभी कभी इन दो में से देख भाल कर एक को चुनना पड़ जाता है. योगभाश्य में लिखा है—'आदमी के चित यानी मन की नदी एक दूसरे के ख़िलाफ़ दो तरफ़ को बहती रहती है, कभी भलाई और नेकी की तरफ़ और कभी पाप और बरबादी की तरफ़. एक सूफ़ी ने कहा है—'एक कड़वे पानी की नदी और दूसरी मीठे पानी की नदी दोनों साथ साथ बहती रहती हैं, और इन दोनों के बीच से तलवार की धार की तरह बारीक असली सकून और सलामती का रास्ता है."

महाभारत में लिखा है—"जिस तरह सरदी और गरमी के बीच एक जगह है जहाँ न सरदी है और न गरमी, इसी तरह सुख और दुख के बीच में शान्ति का वह मुक़ाम है जहाँ न सुख है और न दुख." यही ख़याल सब मज़हबी किताबों में मिलता है. गीता में बार बार यह विचार आया है—"ऐ अर्जुन ! जो आदमी द्वन्द (दुई या ग़ैरियत) से ऊपर उठ जाता है वह आसानी के साथ सब बन्धनों से छूट जाता है. जो कामयाबी और नाकामयाबी में एक रस रहता है, जो अपने पराए का फ़रक़ नहीं करता, जिसे किसी से बैर नहीं, जो अपने लिये जो कुछ भी मिल जाय उसी में सन्तोश मान लेता है, वह दुनिया में अपना फ़र्ज़ पूरा करते हुए भी अपने कामों से बन्धन में नहीं पड़ता."

सब धर्म पुस्तकें हमें यह समझाती हैं कि इस दुनिया में लाभ और हानि, नफ़ा और नुक़सान, सुख और दुख साथ साथ चलते हैं. जब तक हमारे अलग अलग जिस्म हैं तब तक यह सब रहेंगे. इसलिये इन सब का शान्त चित्त

دھرم مذھب کي ضرورت

(ڈاکٹر بھگوان داس)

دنیا کے سب بڑے بڑے مذھبوں کی دھرم پستکوں کو ملا کر پڑھنے سے اُن میں طرح طرح کی سمانتا دیکھنے کو ملتی ھے . مثال کے طور پر یہ خیال سب دھرم پستکوں میں پایا جاتا ھے کہ لگ بھگ ھر چیز کے دو پہلو ھوتے ھیں اور سمجھداری اِسی بات میں ھے کہ ھم دونوں پہلوؤں کو ملا کر دیکھیں اور جہاں تک ھوسکے بیچ کے راستے سے چلنے کی کوشش کریں . اُپنشد میں لکھا ھے —'' یہ سارا جگت دوند مے (دوئی سے بھرا) ھے . یہاں کی سب چیزیں دو دو کے جوڑوں میں رھتی ھیں .''

قرآن میں اللہ کہتا ھے —'' ھم نے سب چیزیں دو دو کے جوڑوں میں بنائی ھیں .''

ٹھیک یہی بات انجیل میں کہی گئی ھے .

کبھی کبھی اِن دو میں سے دیکھ بھال کر ایک کو چننا پڑ جاتا ھے . یوگ بھاشیہ میں لکھا ھے —'' آدمی کے چت یعنی من کی ندی ایک دوسرے کے خلاف دو طرف کو بہتی رھتی ھے کبھی بھلائی اور نیکی کی طرف اور کبھی پاپ اور بربادی کی طرف . ایک صوفی نے کہا ھے —'' ایک کڑوے پانی کی ندی اور دوسری میٹھے پانی کی ندی دونوں ساتھ ساتھ بہتی رھتی ھیں' اور اِن دونوں کے بیچ سے تلوار کی دھار کی طرح باریک اصلی سکون اور سلامتی کا راستہ ھے .''

مہا بھارت میں لکھا ھے —'' جسطرح سردی اور گرمی کے بیچ ایک جگہ ھے جہاں نہ سردی ھے اور نہ گرمی' اِسی طرح سکھ اور دکھ کے بیچ میں شانتی کا وہ مقام ھے جہاں نہ سکھ ھے اور نہ دکھ .'' یہی خیال سب مذھبی کتابوں میں ملتا ھے . گیتا میں بار بار یہ وچار آیا ھے — '' اے ارجن ! جو آدمی دوند (دوئی یا غیریت) سے اوپر اُٹھ جاتا ھے وہ آسانی کے ساتھ سب بندھنوں سے چھوٹ جاتا ھے . جو کامیابی اور ناکامیابی میں ایک رس رھتا ھے' جو اپنے پرائے کا فرق نہیں کرتا' جسے کسی سے بیر نہیں' جو اپنے لئے جو کچھ بھی مل جائے اُسی میں سنتوش مان لیتا ھے' وہ دنیا میں اپنا فرض پورا کرتے ھوئے بھی اپنے کاموں سے بندھن میں نہیں پڑتا .''

سب دھرم پستکیں ھمیں یہ سمجھاتی ھیں کہ اِس دنیا میں لابھ اور ھانی' نفع اور نقصان' سکھ اور دکھ ساتھ ساتھ چلتے ھیں . جب تک ھمارے الگ الگ جسم ھیں تب تک یہ سب رھینگے . اِس لئے اِن سب کا شانت چت

(27)

चिनगारियाँ उड़ती हैं तेरी शरारत पर जनता की आँखों से
बारूद की बू आती है बराबर अब जनता की साँसों से
हुशियार ! टपकता है अब और ही कुछ जनता की बातों से
.खूद मौत की आँख झपक जाती है अब जनता की निगाहों से
वह छलका सब्र का पैमाना, तारीख़ ने वो छापा मारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(28)

वह देख कि अब दुनिया भर में मज़लूमों के दल सजते हैं
वह सुन कि सताए हुए तेरे शेरों की तरह गरजते हैं
.गुस्से से वह चेहरे दमकते हैं शोलों से वह सीने मँजते हैं
वह बाग़ियों के लश्कर में कहीं अब कूच के डंके बजते हैं
वह उड़े शरर वह इनक़लाब के काले नाग ने फ़ुनकारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(29)

मैं वाल स्ट्रीट के सट्टे बाज़ों का असली रूप दिखाता हूँ
इस हुक्मरान तबक़े के रुख़ से आज नक़ाब उठाता हूँ
दुनिया भर में इस फैले हुए ख़तरे से तुम्हें चौंकाता हूँ
अमरीकी बंजारानामा गा गा के 'फ़िराक़' सुनाता हूँ
सब मिल के लगाओ देश देश में जनता की जय का नारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

['फ़िराक़' साहब की इस कविता में जहाँ अमरीकी ज़िन्दगी का ख़ासा चित्र है वहाँ इसमें ·न्दुस्तानी बोल चाल के कुछ चुने हुए महावरे भी ·रे हुए हैं जैसे बे भाव की पड़ना. वारा न्यारा. ·कान बढ़ाना. पल्ले पड़ना. पारा चढ़ना. सर मारना. ·ाल फ़सल. शैतान की आँत. बातों में आना. दो ·की चाँदनी फिर अन्धेरा पाख. वग़ैरा वग़ैरा. · हिन्दी सीखने वालों के लिये बड़े काम के हैं.

इसी तरह की 'फ़िराक़' साहब की एक दूसरी ·ता "हम डालर देस को देख आए" सितम्बर के · हिन्द' में हम छाप रहे हैं.

—एडीटर]

(27)

چنگاریاں اُڑتی ہیں تیری شرارت پر جنتا کی آنکھوں سے
بارود کی بو آتی ہے برابر اب جنتا کی سانسوں سے
ہشیار ! ٹپکتا ہے اب اور ہی کچھ جنتا کی باتوں سے
خود موت کی آنکھ جھپک جاتی ہے اب جنتا کی نگاہوں سے
وہ چھلکا صبر کا پیمانہ، تاریخ نے وہ چھاپا مارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(28)

وہ دیکھ کہ اب دنیا بھر میں مظلوموں کے دل سجتے ہیں
وہ سن کہ ستائے ہوئے تیرے شیروں کی طرح گرجتے ہیں
غصے سے وہ چہرے دمکتے ہیں شعلوں سے وہ سینے منجتے ہیں
وہ باغیوں کے لشکر میں کہیں اب کوچ کے ڈنکے بجتے ہیں
وہ اُڑے شرر وہ انقلاب کے کالے ناگ نے پھنکارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(29)

میں وال اسٹریٹ کے سٹے بازوں کا اصلی روپ دکھاتا ہوں
اِس حکمران طبقے کے رخ سے آج نقاب اُٹھاتا ہوں
دنیا بھر میں اِس پھیلے ہوئے خطرے سے تمہیں چونکاتا ہوں
امریکی بنجارہ نامہ گا گا کے ' فراق ' سناتا ہوں
سب مل کے لگاؤ دیس دیس میں جنتا کی جے کا نعرہ
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

['فراق' صاحب کی اِس کویتا میں جہاں امریکی زندگی کا خاصا چتر ہے وہاں اس میں ہندستانی بول چال کے کچھ چنے ہوئے محاورے بھی بھرے ہوئے ہیں . جیسے بے بھاؤ کی پڑنا . وارا نیارا . دوکان بڑھانا . پلے پڑنا . پارہ چڑھنا . سر مارنا . دفل فسل . شیطان کی آنت . باتوں میں آنا . دو دن کی چاندنی پھر اندھیرا پاکھ . وغیرہ وغیرہ . یہ ہندی سیکھنے والوں کے لئے بڑے کام کے ہیں .

اِسی طرح کی ' فراق ' صاحب کی ایک دوسری کویتا " ہم ڈالر دیس کو دیکھ آئے " ستمبر کے ' نیا ہند ' میں ہم چھاپ رہے ہیں .

—ایڈیٹر]

8) शरर = चिनगारियाँ (29) नक़ाब = पर्दा.

(28) شرر = چنگاریاں (29) نقاب = پردہ.

(22)

इसी तरह बहुत दुनिया भर के मज़दूरों और किसानों ने
की तेरी बिदअतों पर हैरत दीवानों ने फ़रज़ानों ने
घायल सीनों में ज़ोर भरा फिर खून हुए अरमानों ने
ओ पैंतरेबाज़ अब देखेगा कि सताए हुए इनसानों ने
दुनिया के अखाड़े में तुमको एक रोज़ उठा के दे मारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(23)

जो बात बनाई थी तूने वह बात बिगड़ने वाली है
जो बज़्म जमाई थी तूने वह बज़्म उखड़ने वाली है
अब लुटे हुए हाथों की बग़ावत ज़ोर पकड़ने वाली है
बंजारे सर की खैर मना बे भाव की पड़ने वाली है
तारे नज़र आएंगे दिन को जब सर पै बजेगा नक़्क़ारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(24)

दुनिया को बनामे आज़ादी तूने दिये गच्चे पर गच्चे
दुनिया भर से आज़ादी के वादे हैं तेरे झूटे सच्चे
जो आजाएं भर्रों में तेरे अब लोग नहीं ऐसे कच्चे
क्या मर्गे-कोरिया आज़ादी है औ आज़ादी के बच्चे
अब क़ैदे ज़िन्दगी से तुमको यह दुनिया देगी छुटकारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(25)

एटम बम चीन पे फेंकोगे ? बढ़ बढ़ के बोलना क्यों बाबा
इस विश्व शान्ति के सागर में यूँ ज़हर घोलना क्यों बाबा
जीवन बाज़ार में मौत की यह दूकान खोलना क्यों बाबा
तहज़ीब की फूल सी क़दरों को काँटों में तोलना क्यों बाबा
डालर की मकर चाँदनी दो दिन फिर अँधियारा पखवारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा

(26)

बाज़ारे जहाँ में देखें कब तक मची रहे यह लेव देव
दुनिया के गले का फंदा कब तक तेरे क़र्ज़ों की जनेव
दुनिया को मिटाने की धमकी, यह दया भाव यह महासेव
तेरा ही एटम बम करदे सर पर तेरे बम महादेव
वह दिन लद गए कि फिरे ऐंठता, कोई ज़ालिम हत्यारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

---

(22) तरह देना = मौक़ा देना; बिदअतों = नई नाजायज़ बातों; फ़रज़ानों = अक़्लमंदों (23) बज़्म = महफ़िल (24) भर्रों = बहकाने में; मर्गे कोरिया = कोरिया की मौत (26) क़र्ज़ों का जनेव = हिन्दुओं के जनेऊ में तीन धागे तीन क़र्ज़ों की अलामत होते हैं— माता पिता का क़र्ज़, गुरू का क़र्ज़ और ईश्वर का क़र्ज़; सेव = सेवा.

(22)

اسی طرح بہت دنیا بھر کے مزدوروں اور کسانوں نے
کی تیری بدعتوں پر حیرت دیوانوں نے فرزانوں نے
گھائل سینوں میں زور بھرا پھر خون ہوئے ارمانوں نے
او پینترے باز اب دیکھے گا کہ ستائے ہوئے انسانوں نے
دنیا کے اکھاڑے میں تجھ کو ایک روز اُٹھاکے دے مارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(23)

جو بات بنائی تھی تونے وہ بات بگڑنے والی ہے
جو بزم جمائی تھی تونے وہ بزم اُکھڑنے والی ہے
اب لٹے ہوئے ہاتھوں کی بغاوت زور پکڑنے والی ہے
بنجارے سر کی خیر منا بے بھاؤ کی پڑنے والی ہے
تارے نظر آئیں گے دن کو جب سر پہ بجے گا نقارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(24)

دنیا کو بنام آزادی تونے دیئے غچے پر غچے
دنیا بھر سے آزادی کے وعدے ہیں تیرے جھوٹے سچے
جو آجائیں بھرّوں میں تیرے اب لوگ نہیں ایسے کچے
کیا مرگ کوریا آزادی ہے او آزادی کے بچے
اب قید زندگی سے تجھ کو یہ دنیا دے گی چھٹکارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(25)

ایٹم بم چین پہ پھینکو گے' بڑھ بڑھ کے بولنا کیوں بابا
اِس وشو شانتی کے ساگر میں یوں زہر گھولنا کیوں بابا
جیون بازار میں موت کی یہ دوکان کھولنا کیوں بابا
تہذیب کی پھول سی قدروں کو کانٹوں میں تولنا کیوں بابا
ڈالر کی مکر چاندنی دو دن پھر اندھیارا پکھوارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(26)

بازار جہاں میں دیکھیں کب تک مچی رہے یہ لیودیو
دنیا کے گلے کا پھندا کب تک تیرے قرضوں کی جنیو
دنیا کو مٹانے کی دھمکی' یہ دیا بھاؤ یہ مہاسیو
تیرا ہی ایٹم بم کر دے سر پر تیرے بم مہادیو
وہ دن لد گئے کہ پھرے اینٹھتا' کوئی ظالم ہتیارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

---

(22) طرح دینا = موقع دینا؛ بدعتوں = نئی ناجائز باتوں؛ فرزانوں = عقل مندوں (23) بزم = محفل (24) بھروں = بہکانے میں؛ مرگ کوریا = کوریا کی موت. (26) قرضوں کا جنیو = ہندوؤں کے جنیو میں تین دھاگے تین قرضوں کی علامت ہوتے ہیں— ماتا پتا کا قرض' گرو کا قرض اور ایشور کا قرض؛ سیو = سیوا

(17)

दिन रात वही डालर डालर कब तक इस धुन में मरो बाबा
कब तक इस ग़म में घुलो बाबा कब तक यह ध्यान धरो बाबा
कुछ सोचो समझो ग़ौर करो कुछ अपने जी में डरो बाबा
"अब मौत नक़ारा बाज चुका चलने की फ़िक्र करो बाबा"
उठ जाना है तुमको दुनिया से डालर का फेंक के पुश्तारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(18)

बंजारे ! मशरिक़ मग़रिब को अपना ही दुख क्या थोड़ा है
रिज़वे, डल्लेस, आइज़न हावर बटमारों को किस पर छोड़ा है
क्या दुनिया भर को लूट के अब भी कारबार का तोड़ा है
कुछ रोज़ उसे कर ज़हरमार दुनिया का लहू जो निचोड़ा है
जमहूरे जहाँ इन तेरे पिट्ठुओं को कर देंगे नाकारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(19)

ये यू. एन. ओ. में ऐय्यारी यह फोज फ़ॉर्म यह दग़ल फ़सल
ये हिफ़्ज़े अमन के पाकीज़ा राज़ीनामे में रद्दोबदल
यह बैनुलअक़वामी साज़िश यह तानाशाही छल बल कल
यह आग धुआँ यह चिनगारी यह तीसरी जंग के दल बादल
पैग़ामे अजल है तेरे लिये बजता हुआ अम्न का नक़्क़ारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(20)

यह मारशल एड, यह पैसफ़िक एड, यह लेन देन रिश्ता नाता
और बैनुलक़ौमी बैंक का वो शैतान की आँत बही खाता
यह डालर साम्राज का एहसाँ अब तो उठाया नहीं जाता
दुनिया को उसके हाल पे छोड़, अब ओ दुनिया के अन्नदाता
तुमको भी एक दिन ले डूबेगी क़र्ज़ की यह बढ़ती धारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(21)

उलटेंगी तेरी सब तदबीरें पलटेंगी जहाँ की तक़दीरें
क्या थाम सकेंगी ताज़ीरें क्या रोक सकेंगी ज़ंजीरें
टूटेगा ये मौत का सन्नाटा जब बोल उठेंगी तसवीरें
एक दिन छिन जाएंगी तुमसे तेरी संगीनें शमशीरें
भूकी और नंगी जनता को वह देख अजल ने ललकारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा

(17) पुश्तारा = पीठ का बोझ (18) बटमार = रास्ते का डाकू; मार = हज़म करना; जमहूरे जहाँ = दुनिया की जनता; रा = निकम्मा (19) दग़ल फ़सल = किसी को लड़ा देना, किसी फँसा देना; हिफ़्ज़े अमन = शान्ति रक्षा; बैनुल अक़वामी = अंतर (21) ताज़ीरें = सज़ाएँ.

(17)

دن رات وہی ڈالر ڈالر کب تک اس دھن میں مرو بابا
کب تک اس غم میں گھلو بابا کب تک یہ دھیان دھرو بابا
کچھ سوچو سمجھو غور کرو کچھ اپنے جی میں ڈرو بابا
"اب موت نقارہ باج چکا چلنے کی فکر کرو بابا"
اٹھ جانا ہے تم کو دنیا سے ڈالر کا پھینک کے پشتارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(18)

بنجارے! مشرق مغرب کو اپنا ہی دکھ کیا تھوڑا ہے
رجوے، ڈلیس، آئزن ہاور بٹ ماروں کو کس پہ چھوڑا ہے
کیا دنیا بھر کو لوٹ کے اب بھی کاروبار کا توڑا ہے
کچھ روز اسے کر زہرمار دنیا کا لہو جو نچوڑا ہے
جمہور جہاں ان تیرے پٹھوؤں کو کر دیں گے ناکارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(19)

یہ یو۔ این۔ او۔ میں عیاری یہ پھوز پھارم یہ دغل فصل
یہ حفظ امن کے پاکیزہ راضی نامے میں رد و بدل
یہ بین الاقوامی سازش یہ تانا شاہی چھل بل کل
یہ آگ دھواں یہ چنگاری یہ تیسری جنگ کے دل بادل
پیغام اجل ہے تیرے لئے بجتا ہوا امن کا نقارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(20)

یہ مارشل ایڈ، یہ پیسفک ایڈ، یہ لین دین رشتہ ناتا
اور بین القومی بینک کا وہ شیطان کی آنت بہی کھاتا
یہ ڈالر سامراج کا احسان اب تو اٹھایا نہیں جاتا
دنیا کو اس کے حال پہ چھوڑ اب او دنیا کے ان داتا
تجھ کو بھی ایک دن لے ڈوبے گی قرض کی یہ بڑھتی دھارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(21)

الٹیں گی تیری سب تدبیریں پلٹیں گی جہاں کی تقدیریں
کیا تھام سکیں گی تعزیریں کیا روک سکیں گی زنجیریں
ٹوٹے گا یہ موت کا سناٹا جب بول اٹھیں گی تصویریں
ایک دن چھن جائیں گی تجھ سے تیری سنگینیں شمشیریں
بھوکی اور ننگی جنتا کو وہ دیکھ اجل نے للکارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا۔

(17) پشتارا = پیٹھ کا بوجھ (18) بٹ مار = راستے کا ڈاکو؛ زہر مار = ہضم کرنا؛ جمہور جہاں = دنیا کی جنتا؛ ناکارا = نکما (19) دغل فصل = کسی کو لڑا دینا، کسی کو پھنسا دینا؛ حفظ امن = شانتی رکشا؛ بین الاقوامی = انٹرراشٹری (21) تعزیریں = سزائیں۔

(12)

सुन ओ अमरीकी बंजारे ! संसार तेरी दूकान नहीं
रूसी चीनी भी ताजिर हैं, इनसान हैं वो शैतान नहीं
है जिनसे उनका कारबार जानें उनकी हलकान नहीं
यह तेरी समझ में आजाए क्या। इसका कोई इमकान नहीं ?
डाके से कोई दुनिया में फला ? चोरी से किसी को हुआ वारा ?
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(13)

तू हिन्दुस्तान और पाकिस्तान को नरक बना कर छोड़ेगा
चल जायें अगर तेरी चालें दोनों को मिटाकर छोड़ेगा
दोनों को उजाड़ के छोड़ेगा वीरान बना कर छोड़ेगा
दोनों को चबा कर छोड़ेगा दोनों को खाकर छोड़ेगा
लेकिन ये निवाले बन जाएँगे तेरे लिये संगे ख़ारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा

(14)

जिन क़ौमों का तू मददगार बनता है क्या तू उनके यहाँ
भारी भारी फ़ैक्टरियों के बनने का दिल से है ख़्वाहाँ
जिन मुल्कों का तू ठेकेदार बनता है ऐ दल्लाले जहाँ !
उन में भी दौलत बरस पड़े इस बात की तुझको फ़िक्र कहाँ
ऐ अपने दोस्तों के दुश्मन ले मौत ने वह फन्दा मारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(15)

क़त्ताले कोरिया याद रहे जब फ़ैसले का वक़्त आएगा
तारीख़ का सबसे बड़ा मुजरिम इनसाफ़ तुझे ठहराएगा
इनसान बयक आवाज़ तेरा हर ज़ुल्मो सितम गिनवाएगा
अपने करतूत याद करके तू पीट के सर पछताएगा
जो मौत के मुँह पर चढ़ जाए इसका भी किसी में है यारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(16)

जापान, कोरिया, चीन, मलाया, इन्डोनीशिया और बरमा
यूनान, मिस्र, कशमीर और तिब्बत, यूगोस्लेविया, आस्ट्रेलिया
फ़िलस्तीन, ईरान, सीरिया, योरप, एशिया, अफ़रीक़ा
किस किस पर आँखें हैं तेरी कुछ लालच की हद है बाबा
दो गज़ ही कफ़न हाथ आएगा गो दुनिया दुनिया सर मारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(12)

سن او امریکی بنجارے ! سنسار تیری دوکان نہیں
روسی چینی بھی تاجر ہیں' انسان ہیں وہ شیطان نہیں
ہے جن سے اُن کا کاروبار جانیں اُن کو ہلکان نہیں
یہ تیری سمجھ میں آجائے کیا اِس کا کوئی امکان نہیں ؟
ڈاکے سے کوئی دنیا میں پھلا ؟ چوری سے کسی کو ہوا وارا ؟
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(13)

تو ہندستان اور پاکستان کو نرک بنا کر چھوڑے گا
چل جائیں اگر تیری چالیں دونوں کو مٹاکر چھوڑے گا
دونوں کو اجاڑ کے چھوڑے گا ویران بناکر چھوڑے گا
دونوں کو چباکر چھوڑے گا دونوں کو کھاکر چھوڑے گا
لیکن یہ نوالے بن جائیں گے تیرے لئے سنگ خارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(14)

جن قوموں کا تو مددگار بنتا ہے کیا تو اُن کے یہاں
بھاری بھاری فیکٹریوں کے بننے کا دل سے ہے خواہاں
جن ملکوں کا تو ٹھیکیدار بنتا ہے اے دلال جہاں !
اُن میں بھی دولت برس پڑے اِس بات کی تجھ کو فکر کہاں
اے اپنے دوستوں کے دشمن لے موت نے وہ پھندا مارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(15)

قتال کوریا یاد رہے جب فیصلے کا وقت آئے گا
تاریخ کا سب سے بڑا مجرم انصاف تجھے ٹھہرائے گا
انسان بہ یک آواز تیرا ہر ظلم و ستم گنوائے گا
اپنے کرتوت یاد کرکے تو پیٹ کے سر پچھتائے گا
جو موت کے منہ پر چڑھ جائے اِس کا بھی کسی میں ہے یارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(16)

جاپان' کوریا' چین' ملایا' انڈونیشیا اور برما
یونان' مصر' کشمیر اور تبت' یوگوسلاویا آسٹریلیا
فلسطین' ایران' سیریا' یورپ' ایشیا' افریقا
کس کس پر آنکھیں ہیں تیری کچھ لالچ کی حد ہے بابا
دو گز ہی کفن ہاتھ آئے گا گو دنیا دنیا سر مارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

---

(12) ताजिर = ब्योपारी; हलकान = परेशान; वारा = फ़ायदा (13) निवाले = कौर; संगे ख़ारा = सख़्त पत्थर (14) ख़्वाहाँ = इच्छुक (15) क़त्ताले कोरिया = कोरिया का हत्यारा; बयक आवाज़ = एक आवाज़ से.

(12) تاجر = بیوپاری ؛ ہلکان = پریشان ؛ وارا = فائدہ (13) نوالے = کور ؛ سنگ خارا = سخت پتھر (14) خواہاں = اِچھک (15) قتال کوریا = کوریا کا ہتیارا ؛ بہ یک آواز = ایک آواز سے .

(8)

आक आतशक बेगा चेचक हैज़ा प्लेग महामारी
ाढ़ कंठमाला सरतान जलंधर दिक़ सूखाहारी
. क़ौम तेरी इन सौग़ातों से है अब जीने से आरी
: तेरे भी दिन आ पहुंचे हुशियार ! ओ मौत के ब्योपारी
.न बिफरी हुई दुनिया का बराबर चढ़ता आता है पारा
ब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा

(9)

निया में हश्र उठा रक्खा है ज़ालिम तेरी सियासत ने
निया को सिरे से लूट रखा है ज़ालिम तेरी तिजारत ने
निया को भूका मार रखा है ज़ालिम तेरी कफ़ालत ने
नेया को ज़लील बना रक्खा है ज़ालिम तेरी ज़लालत ने
क दिन दुनिया को लूटने का मिट जायगा तेरा ब्योपारा
ब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(10)

ह नीग्रो बेटिंग और लिन्चिंग तेरे किरदार में शामिल हैं
ाओं बहनों बच्चों के लहू इस कारोबार में शामिल हैं
ह क़त्ल व ग़ारत डाकाज़नी तेरे ब्योहार में शामिल हैं
तान भी जिन पापों से डरे तेरे अतवार में शामिल हैं
ब मौत की देवी लेने वाली है तेरे लहू का चटख़ारा
ब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(11)

या रूस है ऐसा बंजारा ? सामान तो उसके पास भी है
या चीन है ऐसा बंजारा ? उससे दुनिया को आस भी है
नअत, हिरफ़त, दौलत, इज़्ज़त नवजनतंत्रों को रास भी है
सबल इन सब में है लेकिन क्या इनसे किसी को हास भी है
क रोज़ अजल के हाथों कहीं खुल जाय न भेद भरम सारा
ब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

---

(8) सौग़ात = तोहफ़ा; आरी = बेज़ार; बिफरी = नाराज़ बेचैन (9) हश्र = क़यामत ; कफ़ालत = मदद (मार्शल एड))) नीग्रो बेटिंग और लिन्चिंग = किसी काले नीग्रो को भी झूठे सच्चे इलज़ाम पर पकड़ कर मार डालने या जला ा रिवाज; किरदार = चरित्र; अतवार = ढंग (11) सनअत त = उद्योग धंदे; नवजनतंत्र = योरप की नई लोकशाहियाँ; = मुआफ़िक़; कसबल = ताक़त; हास = डर.

(8)

سوزاک آتشک کوڑھ چیچک ہیضہ پلیگ مہاماری
گوڑ کنٹھ مالا سرطان جلندھر دق سوکھاماری
ہر قوم تیری ان سوغاتوں سے ہے اب جینے سے عاری
لے تیرے بھی دن آ پہونچے ہوشیار! او موت کے بیوپاری
اب بپھری ہوئی دنیا کا برابر چڑھتا جاتا ہے پارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائیگا جب لاد چلے گا بنجارا .

(9)

دنیا میں حشر اٹھا رکھا ہے ظالم تیری سیاست نے
دنیا کو سرے سے لوٹ رکھا ہے ظالم تیری تجارت نے
دنیا کو بھوکا مار رکھا ہے ظالم تیری کفالت نے
دنیا کو ذلیل بنا رکھا ہے ظالم تیری ذلالت نے
ایک دن دنیا کو لوٹنے کا مٹ جائیگا تیرا بیوپارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائیگا جب لاد چلے گا بنجارا .

(10)

یہ نیگرو بیٹنگ اور لنچنگ تیرے کردار میں شامل ہیں
ماؤں بہنوں بچوں کے لہو اس کاروبار میں شامل ہیں
یہ قتل وغارت ڈاکہ زنی تیرے بیوہار میں شامل ہیں
شیطان بھی جن پاپوں سے ڈرے تیرے اطوار میں شامل ہیں
اب موت کی دیوی لینے والی ہے تیرے لہو کا چٹخارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائیگا جب لاد چلے گا بنجارا .

(11)

کیا روس ہے ایسا بنجارہ؟ سامان تو اس کے بھی پاس ہے
کیا چین ہے ایسا بنجارہ؟ اس سے دنیا کو آس بھی ہے
صنعت، حرفت، دولت، عزت نوجن تنتروں کو راس بھی ہے
کس بل ان سب میں ہے لیکن کیا ان سے کسی کو ہراس بھی ہے
یک روز اجل کے ہاتھوں کہیں کھل جائے نہ بھید بھرم سارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائیگا جب لاد چلے گا بنجارا .

---

(8) سوغات = تحفہ؛ عاری = بیزار؛ بپھری = ناراض اور بے چین (9) حشر = قیامت؛ کفالت = مدد (مارشل ایڈ) (10) نیگرو بیٹنگ اور لنچنگ = کسی کالے نیگرو کو کسی بھی جھوٹے سچے الزام پر پکڑ کر مار ڈالنے یا جلا دینے کا رواج؛ کردار = چرتر؛ اطوار = ڈھنگ (11) صنعت حرفت = ادیوگ دھندے؛ نوجن تنتر = یورپ کی نئی لوک شاہیاں؛ راس = موافق؛ کس بل = طاقت؛ ہراس = ڈر

(4)

हिटलर मुसोलिनी टोजो का जो हश्र हुआ वो देख लिया
इंगलैन्ड में हो या फ्रान्स में हो मग़रिब हो कि मशरिक़ का ख़ित्ता
अब ऊँचे सुरों में सरमाए का राग सुनाई नहीं देता
इस साज़ पर ऐसी चोट पड़ी जैसे फट जाए हर परदा
पूंजी का पियानो टूट चुका अब हाथ में ले ले इकतारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(5)

यह मोटर, जीप, रेमिंगटन, पारकर, ब्लेड, जहाज़ो सरो सामाँ
यह लोहा लंगर टीन रबर पेट्रोल केरोसिन गैस धुआँ
बिजली के खिलौने लट्टू बाजे गेंद ताश गुड्डे गुड़ियाँ
जब मौत बढ़ायगी तेरी दुकाँ कुछ भी पल्ले न पड़ेगा मियाँ
सब माल धरा रह जाएगा जब पैके अजल ने ललकारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(6)

यह लिपस्टिक, पाउडर, मास, पिकिल यह पशमीने यह कीमती फ़र
नंगी तस्वीरों के एलबम, ज़हरीला जिन्सी लिटरेचर
और हालीवुड की फ़िल्मों का वह गंदा सड़ा गला कल्चर
अमरीकी तर्ज़ जिन्दगी का यह टीम टाम यह करोफ़र
हर गुनहगार का मौत के हाथों हो जाता है निस्तारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(7)

क्या कोका कोला, मार्जरीन, क्या एग पाउडर क्या चाट चमक
क्या नाइट क्लब, क्या नारकेटिक, अफ़्यूं का धुआं, कोकीन मदक
क्या टर्टिल सूप और क्या सासेज क्या बेकन पोर्क, शराब गज़क
क्या तहज़ीब ऐसी चटोरी भी क्या तड़क भड़क क्या चटक मटक
इस अगड़म बगड़म खाने पीने ने बे मौत तुझे मारा
सब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(4) हश्र = नतीजा ; मग़रिब पच्छिम ; मशरिक़ = पूरब ; ख़ित्ता = इलाक़ा (5) सरो सामाँ = सामान, पैके अजल = मौत का फ़रिश्ता (6) मास = एक तरह की चटनी ; पिकिल = विलायती अचार . जिन्सी लिटरेचर = काम वासना-साहित्य , करोफ़र = शान-शौकत (7) नारकेटिक = एक नशा ; टर्टिल सूप = कछुवे का शोरबा; सासेज = एक विलायती खाना; बेकन पोर्क = सुअर का गोश्त गज़क = शराब के साथ का खाना.

(4)

ھٹلر مسولنی توجو کا جو حشر ہوا وہ دیکھ لیا
انگلینڈ میں ہو یا فرانس میں ہو مغرب ہو کہ مشرق کا خطا
اب اونچے سروں میں سرمائے کا راگ سنائی نہیں دیتا
اِس ساز پر ایسی چوٹ پڑی جیسے پھٹ جائے ہر پردا
پونجی کا پیانو ٹوٹ چکا اب ہاتھ میں لے لے اکتارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(5)

یہ موٹر، جیپ، ریمنگٹن، پارکر، بلیڈ، جہاز و سرو ساماں
یہ لوہا لنگر ٹین ربر پٹرول کیروسن گیس دھواں
بجلی کے کھلونے لٹو باجے گیند تاش گڈے گڑیاں
جب موت بڑھائے گی تیری دوکاں کچھ بھی پلے نہ پڑے گا میاں
سب مال دھرا رہ جائے گا جب پیک اجل نے للکارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(6)

یہ لپسٹک، پاوڈر، ساس، پکل یہ پشمینے یہ قیمتی فر
ننگی تصویروں کے البم، زہریلا جنسی لٹریچر
اور ہالی وڈ کی فلموں کا وہ گندہ سڑا گلا کلچر
امریکی طرز زندگی کا یہ ٹیم ٹام یہ کروفر
ہر گنہگار کا موت کے ہاتھوں ہو جاتا ہے نستارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا

(7)

کیا کوکا کولا، مارگرین، کیا اگ پاوڈر کیا چاٹ چمک
کیا نائٹ کلب، کیا نارکٹک، افیوں کا دھواں، کوکین مدک
کیا ٹرٹل سوپ اور کیا ساسیج کیا بیکن پورک، شراب گزک
کیا تہذیب ایسی چٹوری بھی کیا ترک بھرک کیا چٹک مٹک
اِس اگڑم بگڑم کھانے پینے نے بے موت تجھے مارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا .

(4) حشر = نتیجہ ؛ مغرب = پچھم ؛ مشرق = پورب ؛ خطا = علاقہ (5) سروساماں = سامان ؛ پیک اجل = موت کا فرشتہ (6) ساس = ایک طرح کی چٹنی ؛ پکل = ولایتی اچار ؛ جنسی لٹریچر = کام واسنا ساہتیہ ؛ کروفر = شان شوکت (7) نارکٹک = ایک نشہ ؛ ٹرٹل سوپ = کچھوے کا شوربا ؛ ساسیج = ایک ولایتی کھانا ؛ بیکن پورک = سور کا گوشت ؛ گزک = شراب کے ساتھ کا کھانا .

21 AUG 1951

11 अगस्त, सन् '51 नम्बर 2

نمبر 2 اگست' سن 51 جلد 11

त आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
या हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

جات آدمی' پریم دھرم ہے' ہندستانی بولی'
'نیا ہند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی ۔

अमरीकी बंजारानामा

(भाई रघुपति सहाय 'फ़िराक़' गोरखपुरी)

(1)

अमरीका के बंजारे ! क्यों देस बिदेस फिरे मारा
ज़ाक़ अजल का लूटे है दिन रात बजा कर नक़्क़ारा
ा लशकर बेड़े सबमेरीन क्या तय्यारा क्या गुब्बारा
ा तोप टैंक ज़हरीले गैस ग्रेनेड धुआँ और अंगारा
ता है मौत का नक़्क़ारा होता है तेरा वारा न्यारा
ब ठाठ पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(2)

यों ख़ून से सारे आलम के तू अपना दिया जलाता है
यों मौत के इन हथियारों को अपना ब्योपार बनाता है
ह मंडी मंडी दूकाँ दूकाँ क्यों तू आग बिछाता है
ुद घर के चिराग़ से बंजारे, सुनते हैं कि घर फुंक जाता है
ह एटम बम हाइड्रोजन बम कर देंगे तेरा निबटारा
ब ठाट पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(3)

यह दुनिया भर में कैसा ताना बाना फैला रक्खा है
केस नाते दुनिया भर में अपना हिस्सा बख़रा रक्खा है
क्यों देश देश के कारबार में अपना साझा रक्खा है
इन चालों से क्या मिल जाएगा इन बातों में क्या रक्खा है
बस दो दिन का ये लेन देन यह लेखा जोखा है सारा
सब ठाठ पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा.

(1) क़ज़्ज़ाक़ = डाकू; अजल = मौत; तय्यारा हवाई जहाज़;
ड = छोटा बम; नक़्क़ारा = नगाड़ा (2) आलम - दुनिया
) बख़रा = हिस्सा.

امریکی بنجارہ نامہ

(بھائی رگھوپتی سہائے 'فراق' گورکھپوری)

(1)

او امریکہ کے بنجارے ! کیوں دیس بدیس پھرے مارا
قزاق اجل کا لوٹے ہے دن رات بجاکر نقارا
کیا لشکر بیڑے سبمرین کیا طیارا کیا غبارا
کیا توپ ٹینک زہریلے گیس گرینیڈ دھواں اور انگارا
بجتا ہے موت کا نقارا ہوتا ہے تیرا وارا نیارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا ۔

(2)

کیوں خون سے سارے عالم کے تو اپنا دیا جلاتا ہے
کیوں موت کے اِن ہتھیاروں کو اپنا بیوپار بناتا ہے
یہ منڈی منڈی دوکاں دوکاں کیوں تو آگ بچھاتا ہے
خود گھر کے چراغ سے بنجارے، سنتے ہیں کہ گھر پھنک جاتا ہے
یہ ایٹم بم ہائڈروجن بم کردینگے تیرا نبٹارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا ۔

(3)

یہ دنیا بھر میں کیسا تانا بانا پھیلا رکھا ہے
کس ناتے دنیا بھر میں اپنا حصہ بخرا رکھا ہے
کیوں دیش دیش کے کاربار میں اپنا ساجھا رکھا ہے
اِن چالوں سے کیا مل جائے گا اِن باتوں میں کیا رکھا ہے
بس دو دن کا یہ لین دین یہ لیکھا جوکھا ہے سارا
سب ٹھاٹ پڑا رہ جائے گا جب لاد چلے گا بنجارا ۔

(1) قزاق = ڈاکو؛ اجل = موت؛ طیارہ = ہوائی جہاز؛
گرینیڈ = چھوٹا بم؛ نقارا = نگاڑا (2) عالم = دنیا
(3) بخرا = حصہ ۔

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

अगस्त 1951

क्या किससे — सफ़ा

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने .

मैनेजर
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद . 'नया हिन्द'

" نیا ہند "

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

اگست 1951

کیا کس سے — صفحہ

قیمت—ہندستان میں چھ روپیہ سال' باہر دس روپیہ سال' ایک پرچہ دس آنے .

مینیجر
'نیا ہند' 145' مٹھی گنج' الہ آباد .

नया हिन्द   نیا ہند

इस नम्बर के ख़ास लेख

हमारी राय—

اس نمبر کے خاص لیکھ

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद   ہندستانی کلچر سوسائٹی الہٰ آباد

अगस्त 1951 اگست

क़ीमत दस आना   قیمت دس آنہ

हिन्दुस्तानी कलचर

पर

निबन्धों (मक़ालों) के लिये

इनाम

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी ने तय किया है कि हिन्दुस्तानी कलचर पर तीन सबसे अच्छे निबन्धों (मक़ालों) के लिये तीन इनाम दिये जाएं. पहला इनाम एक हज़ार रुपए, दूसरा इनाम पाँच सौ रुपए और तीसरा इनाम ढाई सौ रुपए.

निबन्धों में उस हिन्दुस्तानी कलचर के, जो पिछले सारे ज़माने में रूप लेती रही है, टिकाऊ पहलुओं को बयान करते हुए आगे के लिये एक हिन्दुस्तानी कलचर के रंग रूप को बताने की कोशिश होनी चाहिये. निबन्ध अंगरेज़ी में या हिन्दुस्तानी में होने चाहियें. पाँच हज़ार से कम या दस हज़ार से अधिक शब्द न हों. फुलस्केप काग़ज़ पर, काग़ज़ के एक तरफ़, एक चौथाई हाशिया छोड़कर, टाइप करके हर निबन्ध की तीन कापियाँ 30 सितम्बर सन् 1951 तक नीचे के पते पर आजानी चाहियें. हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी को हक़ होगा कि आए हुए निबन्धों में से जिसे चाहे शाया करे.

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

नोट:—यह निबन्ध पहले 30 जून तक मँगाए गए थे और इनाम की रक़में कुछ कम थीं. अब इस के लिये वक़्त और रक़म दोनों बढ़ा दिये गए हैं.

—सुन्दरलाल

ہندستانی کلچر

پر

نبندھوں (مقالوں) کے لئے

انعام

ہندستانی کلچر سوسائٹی نے طے کیا ہے کہ ہندستانی کلچر پر تین سب سے اچھے نبندھوں (مقالوں) کے لئے تین انعام دئے جائیں . پہلا انعام ایک ہزار روپے' دوسرا انعام پانچ سو روپے اور تیسرا انعام ڈھائی سو روپے .

نبندھوں میں اُس ہندستانی کلچر کے' جو پچھلے سارے زمانے میں روپ لیتی رہی ہے' ٹکاؤ پہلوؤں کو بیان کرتے ہوئے آگے کے لئے ایک ہندستانی کلچر کے رنگ روپ کو بتانے کی کوشش ہونی چاہئے . نبندھ انگریزی میں یا ہندستانی میں ہونے چاہئیں . پانچ ہزار سے کم یا دس ہزار سے ادھک شبد نہ ہوں . فلسکیپ کاغذ پر' کاغذ کے ایک طرف' ایک چوتھائی حاشیہ چھوڑ کر' ٹائپ کر کے ہر نبندھ کی تین کاپیاں 30 ستمبر سن 1951 تک نیچے کے پتے پر آجانی چاہئیں . ہندستانی کلچر سوسائٹی کو حق ہوگا کہ آئے ہوئے نبندھوں میں سے جسے چاہے شائع کرے .

سندرلال

سکریٹری' ہندستانی کلچر سوسائٹی
145' مٹھی گنج' الہ آباد

نوٹ — یہ نبندھ پہلے 30 جون تک منگائے گئے تھے اور انعام کی رقمیں کچھ کم تھیں . اب اِس کے لئے وقت اور رقم دونوں بڑھا دئے گئے ہیں .

—سندرلال

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों .

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अख़बारों, रिसालों वग़ैरा का छापना .

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना

—:o:—

सोसाइटी के प्रसीडेन्ट—मि० अब्दुल मजीद ख़्वाजा. वाइस प्रसीडेन्ट—डा० भगवानदास और डा० अब्दुल हक़, गवर्निंग बाडी के प्रेसाडेन्ट—डा० भगवानदास, सेक्रेटरी—प० सुन्दरलाल.

गवर्निंग बाडी के और मेम्बर—

डा० सैयद महमूद, डा० ताराचन्द, मौलवी सैयद सुलेमान नदवी, मि० मज़हर अली सोख़्ता, श्री बी० जी० खेर, मि० एस० के० रुद्रा, प० बिशम्भर नाथ, महात्मा भगवानदीन, सेठ पूनम चन्द राका, क़ाज़ी मोहम्मद अब्दुल ग़फ़्फ़ार और श्री ओम प्रकाश पालीवाल .

मेम्बरी के क़ायदों के लिये लिखिये –

सुन्दरलाल
सेक्रेटरी, हिंदुस्तानी कलचर सोसाइटी
145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद .

नोट—सोसाइटी के नये क़ायदे के अनुसार मेम्बरी की फ़ीस सिर्फ़ एक रुपया कर दी गई है. "नया हिन्द" के जो गाहक मेम्बर बनना चाहें उनको सिर्फ़ छै रुपया चन्दा देने पर ही मेम्बर बना लिया जायगा. अलग से मेम्बरी की फ़ीस देने वाले सोसाइटी की निकली हुई कोई किताब जो एक रुपया दाम की होगी मुफ़्त ले सकेंगे या ज़्यादा दाम की किताबें लेने पर एक बार एक रुपया कम करा सकेंगे .

ھندستانی کلچر سوسائٹی

مقصد

(1) ایک ایسی ھندستانی کلچر کا بڑھانا، پھیلانا اور پرچار کرنا جس میں سب ھندستانی شامل ھوں

(2) ایکتا پھیلانے کے لئے کتابوں اخباروں، رسالوں وغیرہ کا چھاپنا .

(3) پڑھائی گھروں، کتاب گھروں، سبھاؤں، کانفرنسوں لکچروں سے سب دھرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں میں آپس کا میل بڑھانا .

—:o:—

سوسائٹی کے پریسیڈنٹ—مسٹر عبدالمجید خواجہ وائس پریسیڈنٹ—ڈاکٹر بھگوان داس، ڈاکٹر عبدالحق گورننگ باڈی کے پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بھگوان داس سکریٹری — پنڈت سندرلال

گورننگ باڈی کے اور ممبر—

ڈاکٹر سید محمود، ڈاکٹر تارا چند، مولوی سید سلیمان ندوی، مسٹر مظہر علی سوختہ، شری بی جی . کھیر، مسٹر ایس . کے . رودرا، پنڈت بشمبھر ناتھ، مہاتما بھگوان دین، سیٹھ پونم چند راکا، قاضی محمد عبدالغفار اور شری اوم پرکاش پالیوال

ممبری کے قاعدوں کے لئے لکھئے –

سندر لال
سکریٹری ھندستانی کلچر سوسائٹی،
145 مٹھی گنج، الہ آباد .

نوٹ—سوسائٹی کے نئے قاعدے کے انوسار ممبری کی فیس صرف ایک روپیہ کردی گئی ھے . "نیا ھند" کے جو گاھک ممبر بننا چاھیں اُن کو صرف چھہ روپیہ چندہ دینے پر ھی ممبر بنا لیا جائیگا . الگ سے ممبری کی فیس دینے والے سوسائٹی کی نکلی ھوئی کوئی کتاب جو ایک روپیہ دام کی ھوگی مفت لے سکیں گے یا زیادہ دام کی کتابیں لینے پر ایک بار ایک روپیہ کم کرا سکینگے .

रहन सहन, रात दिन के बरताव, सार्वजनिक जीवन और राजकाजी मामलों में रत्ती भर भी भेदभाव नहीं करते, जिनके दिल और दिमाग़ हर तरह की तंगनज़री से ऊपर उठ चुके हैं. देश की ख़ुशक़िस्मती से हर मज़हब के भारत-बासियों में इस तरह के काफ़ी आदमी मौजूद हैं. प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र इसी तरह के एक आदर्श भारत बासी थे. इसी तरह के लोग हमारे राष्ट्रीय महल के सच्चे निर्माता कहला सकते हैं. इस निगाह से प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र का जीवन अपने स्वर्गीय पिता प्रिंसपल सुशील कुमार रुद्र के जीवन की तरह उन हज़ारों भारतबासियों के लिये जो भारत राष्ट्रीयता को खुले और छिपे किसी एक धर्म के साथ जोड़ते रहते हैं, सच्ची राष्ट्रीयता के एक बहुत बड़े सबक़ का काम दे सकता है.

हमें भाई सुधीर कुमार रुद्र के चले जाने का बड़ा दुख है. हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के अन्दर वह एक बहुत बड़ी कमी पैदा कर गए हैं. भगवान उनकी आत्मा को शान्ति और उनके सम्बन्धियों और मित्रों को सन्तोश दें.

29. 6. '51. —सुन्दरलाल

ہیں میں' رات دن کے برتاؤ' سارو جنک جیون اور راج کاجی معاملوں میں رتی بھر بھی بھید بھاؤ نہیں کرتے' جن کے دل اور دماغ ہر طرح کی تنگ نظری سے اوپر اٹھ چکے ہیں. دیش کی خوش قسمتی سے ہر مذہب کے بھارت باسیوں میں اسطرح کے کافی آدمی موجود ہیں. پروفیسر سدھیر کمار رودر اِسی طرح کے ایک آدرش بھارت باسی تھے. اِسی طرح کے لوگ ہمارے راشٹری محل کے سچے نرماتا کہلا سکتے ہیں. اس نگاہ سے پروفیسر سدھیر کمار رودر کا جیون اپنے سورگیہ پتا پرنسپل سوشیل کمار رودر کے جیون کی طرح اُن ہزاروں بھارت باسیوں کے لئے جو بھارت راشٹریتا کو کھلے اور چھپے کسی ایک دھرم کے ساتھ جوڑتے رہتے ہیں' سچی راشٹریتا کے ایک بہت بڑے سبق کا کام دے سکتا ہے.

ہمیں بھائی سدھیر کمار رودر کے چلے جانے کا بڑا دکھ ہے. ہندستانی کلچر سوسائٹی کے اندر وہ ایک بہت بڑی کمی پیدا کر گئے ہیں. بھگوان اُن کی آتما کو شانتی اور اُن کے سمبندھیوں اور متروں کو سنتوش دیں.

29-6-'51 — سندر لال

'नया हिन्द' के पाठकों से

'नया हिन्द' के प्रेमी देखेंगे कि इस नम्बर से 'नया हिन्द' नई शकल में निकल रहा है. इस बन्दोबस्त की वजह से जुलाई नम्बर के छपने में इतनी देर हो गई जिसके लिये हम माफ़ी के तलबगार हैं. हम पूरी कोशिश करेंगे कि 'नया हिन्द' का अगला नम्बर अगस्त महीने के पहले हफ़्ते में पाठकों के पास पहुँच जाय और आगे से बराबर ठीक वक़्त पर मिलता रहे.

दफ़्तर से कई बार एक एक पते की जाँच करने के बाद 'नया हिन्द' डाकख़ाने भेजा जाता है फिर भी हमारे पास अकसर 'नया हिन्द' के न पहुँचने की शिकायतें आती रहती हैं. अपने प्रेमियों से हम अपील करेंगे कि इस बारे में वह अपने डाकख़ाने से पूछताछ करने के बाद हमें इत्तला दिया करें. हम दूसरा परचा भेज दिया करेंगे.

नया नम्बर आपके हाथ में है. उम्मीद है कि इस सिलसिले में आप अपने सुझाव भेज कर हमें इस बात का मौक़ा देंगे की हम आपकी ज़्यादा से ज़्यादा सेवा कर सकें.

—एडीटर

'نیا ہند' کے پاٹھکوں سے

'نیا ہند' کے پریمی دیکھینگے کہ اس نمبر سے 'نیا ہند' نئی شکل میں نکل رہا ہے. اس بندوبست کی وجہ سے جولائی نمبر کے چھپنے میں اتنی دیر ہوگئی جس کے لئے ہم معافی کے طلبگار ہیں. ہم پوری کوشش کرینگے کہ 'نیا ہند' کا اگلا نمبر اگست مہینے کے پہلے ہفتے میں پاٹھکوں کے پاس پہونچ جائے اور آگے سے برابر ٹھیک وقت پر ملتا رہے.

دفتر سے کئی بار ایک ایک پتے کی جانچ کرنے کے بعد 'نیا ہند' ڈاکخانے بھیجا جاتا ہے پھر بھی ہمارے پاس اکثر 'نیا ہند' کے نہ پہونچنے کی شکایتیں آتی رہتی ہیں. اپنے پریمیوں سے ہم اپیل کرینگے کہ اس بارے میں وہ اپنے ڈاکخانے سے پوچھ تاچھ کرنے کے بعد ہمیں اطلاع دیا کریں. ہم دوسرا پرچہ بھیج دیا کریں گے.

نیا نمبر آپ کے ہاتھ میں ہے. اُمید ہے کہ اس سلسلے میں آپ اپنے سجھاؤ بھیج کر ہمیں اس بات کا موقع دینگے کہ ہم آپ کی زیادہ سے زیادہ سیوا کر سکیں.

— ایڈیٹر

दिल्ली के प्रिंसपल रहे. प्रिंसपल रुद्र के बारे में भी यहाँ कुछ कहना ज़रूरी मालूम होता है. प्रिंसपल रुद्र बहुत ही उदार विचारों के आदमी थे. उनका दिल मानव प्रेम से भरा हुआ था. किसी तरह की मज़हबी तंग नज़री उन्हें छू भी नहीं गई थी. वह सच्चे हिन्दुस्तानी और सच्चे इनसान थे. दिल्ली में उस ज़माने में हिन्दू, मुसलमान और ईसाई सब उन्हें प्यार करते थे और सब बड़ी इज़्ज़त की निगाह से देखते थे. दीन बन्धु सी. एफ़. एन्ड्रूज़ उनके साथियों में से थे. लाला हर दयाल उनके शागिर्दों में थे. महात्मा गांधी से उन्हें बड़ा गहरा प्रेम था. दोनों में गाढ़ी मैत्रता थी. दक्खिन अफ़रीक़ा से आने के बाद शुरू के दिनों में महात्मा गांधी दिल्ली में उन्हीं के यहाँ ठहरा करते थे. मैं भी गांधी जी से दिल्ली में प्रिंसपल रुद्र के मकान पर मिलने और बातें करने का सौभाग्य मिला है. उन दिनों गांधी जी नीची गुजराती धोती, कुरता और अंगरखा पहनते थे और काठियावाड़ी पगड़ी बांधते थे.

प्रिंसपल सुशील कुमार रुद्र सच्चे देश भक्त थे. इस देश में अहिंसा का युग आने से पहले उनके न जाने कितने विद्यार्थी जेलों में सड़े और सूलियों पर लटक गए. इस देश के बहुत से देश भक्तों और राश्ट्र सेवकों के लिये प्रिंसपल सुशील कुमार रुद्र एक आदर्श देश भक्त और आदर्श राश्ट्र सेवक थे.

प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र एक योग्य और नेक पिता के योग्य और नेक पुत्र थे. ईसाई धर्म जिन जिन गुनों पर ज़ोर देता है वह सब उनके अन्दर मौजूद थे. पर किसी तरह की अनुदारता, संकीर्नता या तंग नज़री अपने बाप की तरह उन्हें भी छू न गई थी. प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के क़ायम करने वालों और शुरू से अपनी मृत्यु के समय तक उसकी इन्तज़ामिया कमेटी के मेम्बरों में से एक थे. गांधी जी उन्हें हमेशा वातसल्य (पिदराना) प्रेम की निगाह से देखते थे.

हमारा देश अनेक धर्मों का गहवारा है. दुनिया के सब धर्मों को इसमें आदर और प्रेम के साथ जगह मिली है. हिन्दू, मुसलमान, सिख, पारसी, यहूदी, ईसाई, बौद्ध और जैन सब इसके अन्दर बसे हुए हैं. भारत माता सबकी एक बराबर माता है. इस संगम के कारन ही यह देश धर्म की निगाह से दुनिया के लिये एक आदर्श देश है. हमारा राश्ट्र एक मिला जुला राश्ट्र है. हमारे इस आदर्श राश्ट्र में सबसे धारक वह हिन्दू, वह मुसलमान, वह सिख, वह पारसी, वह यहूदी, वह ईसाई, वह बौद्ध और वह जैन हैं जो अपने अपने अलग अलग धर्मों को मानते हुए भी, अपने धर्मों के ऊँचे से ऊँचे गुनों को धारन करते हुए भी सच्चे भारती हैं, सब धर्म वालों को एक निगाह से देखते हैं और अपने

دلی کے پرنسپل رہے ۔ پرنسپل رودر کے بارے میں بھی یہاں کچھ کہنا ضروری معلوم ہوتا ہے. پرنسپل رودر بہت ہی اُدار وچاروں کے آدمی تھے ۔ اُن کا دل مانو پریم سے بھرا ہوا تھا ۔ کسی طرح کی مذہبی تنگ نظری اُنہیں چھو بھی نہیں گئی تھی ۔ وہ سچے ہندستانی اور سچے انسان تھے ۔ دلی میں اُس زمانے میں ہندو، مسلمان اور عیسائی سب اُنہیں پیار کرتے تھے اور سب بڑی عزت کی نگاہ سے دیکھتے تھے ۔ دین بندھو سی ۔ ایف ۔ اینڈروز اُن کے ساتھیوں میں سے تھے ۔ لالہ ہر دیال اُن کے شاگردوں میں تھے ۔ مہاتما گاندھی سے اُنہیں بڑا گہرا پریم تھا ۔ دونوں میں گاڑھی مترتا تھی ۔ دکھن افریقہ سے آنے کے بعد شروع کے دنوں میں مہاتما گاندھی دلی میں اُنہیں کے یہاں ٹھہرا کرتے تھے ۔ ہمیں بھی گاندھی جی سے دلی میں پرنسپل رودر کے مکان پر ملنے اور باتیں کرنے کا سوبھاگیہ ملا ہے ۔ اُن دنوں گاندھی جی نیچی گجراتی دھوتی، کرتہ اور انگرکھا پہنتے تھے اور کاٹھیاواڑی پگڑی باندھتے تھے ۔

پرنسپل سوشیل کمار رودر سچے دیش بھگت تھے ۔ اس دیش میں اہنسا کا یگ آنے سے پہلے اُن کے نہ جانے کتنے ودیارتھی جیلوں میں سڑے اور سولیوں پر لٹک گئے ۔ اس دیش کے بہت سے دیش بھگتوں اور راشٹر سیوکوں کے لئے پرنسپل سوشیل کمار رودر ایک آدرش دیش بھگت اور آدرش راشٹر سیوک تھے ۔

پروفیسر سدھیر کمار رودر ایک یوگیہ اور نیک پتا کے یوگیہ اور نیک پتر تھے ۔ عیسائی دھرم جن جن گنوں پر زور دیتا ہے وہ سب اُن کے اندر موجود تھے پر کسی طرح کی انوادرتا، سنکیرنتا یا تنگ نظری اپنے باپ کی طرح اُنہیں بھی چھو نہ گئی تھی ۔ پروفیسر سدھیر کمار رودر ہندستانی کلچر سوسائٹی کے قائم کرنے والوں اور شروع سے اپنی مرتیو کے سمے تک اُسکی انتظامیہ کمیٹی کے ممبروں میں سے ایک تھے ۔ گاندھی جی اُنہیں ہمیشہ واتسلیہ (پدرانہ) پریم کی نگاہ سے دیکھتے تھے ۔

ہمارا دیش انیک دھرموں کا گہوارہ ہے ۔ دنیا کے سب دھرموں کو اس میں آدر اور پریم کے ساتھ جگہ ملی ہے ۔ ہندو، مسلمان، سکھ، پارسی، یہودی، عیسائی، بودھ اور جین سب اِسکے اندر بسے ہوئے ہیں ۔ بھارت ماتا سب کی ایک برابر ماتا ہے ۔ اس سنگم کے کارن ہی یہ دیش دھرم کی نگاہ سے دنیا کے لئے ایک آدرش دیش ہے ۔ ہمارا راشٹر ایک ملا جلا راشٹر ہے ۔ ہمارے اِس آدرش راشٹر میں سب سے مبارک وہ ہندو، وہ مسلمان، وہ سکھ، وہ پارسی، وہ یہودی، وہ عیسائی، وہ بودھ اور وہ جین ہیں جو اپنے اپنے الگ دھرموں کو مانتے ہوئے بھی اپنے دھرموں کے اُونچے سے اُونچے گنوں کو دھارن کرتے ہوئے بھی سچے بھارتی ہیں، سب دھرم والوں کو ایک نگاہ سے دیکھتے ہیں اور اپنے

ज़रा सा भी फ़रक़ पड़ेगा और न दोनों तरफ़ के सौदागरों और यात्रियों के कारबार या आने जाने में कोई फ़रक़ पड़ने पाएगा. जो देश भी किसी दूसरे को चूसना या उससे बेजा फ़ायदा उठाना नहीं चाहते और सब के साथ मेल मिलाप और अमन से रहना चाहते हैं उनके सारे आपसी मामले आसानी से शान्ति के साथ तय हो सकते हैं. भारत अपनी शक्ति भर इस रास्ते पर चलता रहा है, चलता रहेगा और दूसरों को इस पर चलने की सलाह और मदद देता रहेगा

28 6. '51. —सुन्दरलाल

विनोबा जी तेलंगाना में—

इस नम्बर में दूसरी जगह हम विनोबा जी की तेलंगाना यात्रा पर श्री सुरेश रामभाई का लेख दे रहे हैं. विनोबा जी की इस सच्ची और प्रेम भरी कोशिश ने देश के बहुत से लोगों का ध्यान उनकी तरफ़ खींचा है. इस अनोखी कोशिश में जितनी भी सफलता उन्हें मिली वह बड़ी ख़ुशी की चीज़ और आगे के लिये उम्मीद दिलाने वाली और रास्ता दिखाने वाली है. जैसा विनोबा जी ने कई जगह कहा है हमें इसमें ज़रा भी शक नहीं कि अहिन्सा और कम्यूनिज़्म का मेल ही इस देश के और दुनिया के अधिकतर दुखों का इलाज है, भले ही इसमें अब तक के कम्यूनिज़्म का रंग रूप बहुत कुछ बदल जावे और भले ही इस समय के अहिंसा भक्तों की कुछ जमी हुई मानताएँ भी हिल जाएँ. दुनिया में कोई समझदार आदमी यह नहीं कह सकता कि उसे आइन्दा कोई नई चीज़ नहीं सीखनी. मानव उन्नति की नदी बराबर बहती ही रहती है. हम विनोबा जी के इस दौरे के लिये उन्हें और देश को दोनों को बधाई देते हैं और चाहते हैं कि इसी तरह के अहिंसा के तरीक़े इसी काम के लिये देश के कुछ ऐसे इलाक़ों में भी आज़माए जायं जो अभी तक कम्यूनिस्टों के हिंसा के तरीक़ों से बचे हुए हैं.

29. 6. '51. —सुन्दरलाल

प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र—

21 जून सन '51 को इलाहाबाद यूनिवरसिटी के प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र की नैनीताल में अचानक मृत्यु हो गई. प्रोफ़ेसर रुद्र का यह 60वां साल था. उनतीस साल वह इलाहाबाद यूनिवरसिटी की सेवा कर चुके थे. मृत्यु बिलकुल अचानक हुई. नैनीताल की सात ताल झील में नहाने गए हुए थे. तैरते तैरते पानी की झाड़ियों में फंस गए और वहीं जीवन लीला समाप्त हो गई.

प्रोफ़ेसर सुधीर कुमार रुद्र ईसाई थे. उनके पिता प्रिंसपल सुशील कुमार रुद्र बरसों सेंट स्टीफ़नसन कालिज,

ذرا سا بھی فرق پڑے گا اور نہ دونوں طرف کے سوداگروں اور یاتریوں کے کار بار یا آنے جانے میں کوئی فرق پڑنے پائے گا . جو دیش بھی کسی دوسرے کو چوسنا یا اُس سے بیجا فائدہ اُٹھانا نہیں چاہتے اور سب کے ساتھ میل ملاپ اور امن سے رہنا چاہتے ہیں اُن کے سارے آپسی معاملے آسانی سے شانتی کے ساتھ طے ہوسکتے ہیں . بھارت اپنی شکتی بھر اس راستے پر چلتا رہا ہے' چلتا رہے گا اور دوسروں کو اِس پر چلنے کی صلاح اور مدد دیتا رہے گا .

28-6-51 —سندر لال

ونوبا جی تیلنگانہ میں—

اِس نمبر میں دوسری جگہ ہم ونوبا جی کی تیلنگانہ یاترا پر شری سریش رام بھائی کا لیکھ دے رہے ہیں . ونوبا جی کی اس سچی اور پریم بھری کوشش نے دیش کے بہت سے لوگوں کا دھیان اُن کی طرف کھینچا ہے . اِس انوکھی کوشش میں جتنی بھی سپھلتا اُنہیں ملی وہ بڑی خوشی کی چیز اور آگے کے لئے اُمید دلانے والی اور راستہ دکھانے والی ہے . جیسا ونوبا جی نے کئی جگہ کہا ہے ہمیں اس میں ذرا بھی شک نہیں کہ اہنسا اور کمیونزم کا میل ہی اس دیش کے اور دنیا کے ادھک تر دکھوں کا علاج ہے' بھلے ہی اِسمیں اب تک کے کمیونزم کا رنگ روپ بہت کچھ بدل جاوے اور بھلے ہی اس سمے کے اہنسا بھکتوں کی کچھ جمی ہوئی مانتائیں بھی ہل جائیں . دنیا میں کوئی سمجھدار آدمی یہ نہیں کہ سکتا کہ اُسے آئندہ کوئی نئی چیز نہیں سیکھنی . مانو اُنتی کی ندی برابر بہتی ہی رہتی ہے . ہم ونوبا جی کے اس دورے کے لئے اُنہیں اور دیش کو دونوں کو بدھائی دیتے ہیں اور چاہتے ہیں کہ اِسی طرح کے اہنسا کے طریقے اِسی کام کے لئے دیش کے کچھ ایسے علاقوں میں بھی آزمائے جائیں جو ابھی تک کمیونسٹوں کے ہنسا کے طریقوں سے بچے ہوئے ہیں .

29-6-51 —سندر لال

پروفیسر سدھیر کمار رودر—

21 جون سن '51 کو الہ آباد یونیورسٹی کے پروفیسر سدھیر کمار رودر کی نینی تال میں اچانک مرتیو ہوگئی. پروفیسر رودر کا یہ 60 واں سال تھا. اُنتیس سال وہ الہ آباد یونیورسٹی کی سیوا کر چکے تھے. مرتیو بالکل اچانک ہوئی. نینی تال کی سات تال جھیل میں نہانے گئے ہوئے تھے . تیرتے تیرتے پانی کی جھاڑیوں میں پھنس گئے اور وہیں جیون لیلا سماپت ہوگئی .

پروفیسر سدھیر کمار رودر عیسائی تھے. اُن کے پتا پرنسپل سوشیل کمار رودر برسوں سینٹ اسٹیفنسن کالج'

राजकाजी निज़ाम वर्षों का त्यों बना रहेगा. तिब्बत की फ़ौज चीनी फ़ौज का एक अंग समझी जायगी. तिब्बत की सरहद को दूसरे देशों की दख़लअन्दाज़ी से बचाना चीनी सरकार का फ़र्ज़ होगा और उसे इसके प्रबन्ध करने का हक़ होगा. अंतरक़ौमी मामलों में तिब्बत चीन के साथ रहेगा.

ज़ाहिर है तिब्बत में न इतनी शक्ति है और न योग्यता कि वह आजकल की नाज़ुक अंतरक़ौमी हालत में दूसरे देशों से अपना बचाव कर सके. दुनिया के दोनों बड़े बड़े दल सब छोटे और कमज़ोर देशों की भलाई चाहने और हिफ़ाज़त करने का दम भरते हैं. सवाल सिर्फ़ इतना है कि इस तरह का कोई भी छोटा देश इन दोनों में से किस पर ज़्यादा एतबार करे. हमें इसके कहने में ज़रा भी संकोच नहीं कि तिब्बत का भला चीन के साथ रहने में है और चीन की सलामती एक दरजे तक तिब्बत की सलामती पर निर्भर है. इसलिये चीन और तिब्बत के इस समझौते पर हम दिल से दोनों देशों को बधाई देते हैं.

यह समझौता इस फैली हुई और ख़तरनाक ग़लतफ़हमी को भी दूर करता है कि लाल चीन या किसी भी लाल देश का असर जहाँ कहीं बढ़ता है लोगों के धार्मिक विश्वासों और उनके रीत रिवाजों पर ज़बरदस्ती हमला करता है. हम तो चाहते हैं कि तिब्बत अपने पुराने गए बीते, दक़ियानूसी धार्मिक जंजालों से भी बाहर निकल सके और अपने रीत रिवाजों को अक़ल, साइन्स और मानव प्रेम की रोशनी में सुधार सके. पर यह काम चीनियों का नहीं. यह तिब्बती नेताओं और वहाँ की जनता को ख़ुद ही करना होगा. कोई भी विदेशी सरकार, अगर उसमें ज़रा सी भी समझ है, दूसरे लोगों पर अपना असर क़ायम रखने के लिये उनके धार्मिक अंध विश्वासों और उनके सड़े गले रीत रिवाजों को बदलती या सुधारती नहीं, उन्हें और बढ़ाती और उनसे फ़ायदा उठाती है.

एक छोटी सी बात और है. चीन और भारत के बीच तिजारत हमेशा से बड़ी अच्छी तरह होती रही है. इस तिजारत के रास्ते पर दो जगह एक ग्यानत्से और दूसरा यातुंग पर भारत सरकार की ट्रेड एजेन्सियाँ रहती हैं. ग्यानत्से में सौदागरों और यात्रियों की हिफ़ाज़त के लिये थोड़ी सी हिन्दुस्तानी फ़ौज भी रहती है. इस तिजारत के रास्ते पर भारत के कुछ डाक घर और तार घर भी हैं. तिब्बत की राजधानी ल्हासा में भारत सरकार का एक एजेन्ट भी रहता है. यह सब चीज़ें केवल दोनों के भले के लिये थीं और हैं. हमें इसमें ज़रा भी शक नहीं कि इस इन्तज़ाम में कोई छोटी या बड़ी तबदीली भले ही हो, न उससे भारत सरकार और चीनी सरकार की मित्रता में

راج کاجی نظام جیوں کا تیوں بنا رہے گا . تبت کی فوج چینی فوج کا ایک انگ سمجھی جائیگی. تبت کی سرحد کو دوسرے دیشوں کی دخل اندازی سے بچانا چینی سرکار کا فرض ہوگا اور اُسے اِس کے پربندھ کرنے کا حق ہوگا . انتر قومی معاملوں میں تبت چین کے ساتھ رہے گا .

ظاہر ہے تبت میں نہ اتنی شکتی ہے اور نہ یوگتا کہ وہ آج کل کی نازک انتر قومی حالت میں دوسرے دیشوں سے اپنا بچاؤ کر سکے. دنیا کے دونوں بڑے بڑے دل سب چھوٹے اور کمزور دیشوں کی بھلائی چاہنے اور حفاظت کرنے کا دم بھرتے ہیں . سوال صرف اتنا ہے کہ اِسطرح کوئی بھی چھوٹا دیش اِن دونوں میں سے کس پر زیادہ اعتبار کرے . ہمیں اِس کے کہنے میں ذرا بھی سنکوچ نہیں کہ تبت کا بھلا چین کے ساتھ رہنے میں ہے اور چین کی سلامتی ایک درجے تک تبت کی سلامتی پر نربھر ہے . اس لئے چین اور تبت کے اس سمجھوتے پر ہم دل سے دونوں دیشوں کو بدھائی دیتے ہیں .

یہ سمجھوتہ اِس پھیلی ہوئی اور خطرناک غلط فہمی کو بھی دور کرتا ہے کہ لال چین یا کسی بھی لال دیش کا اثر جہاں کہیں بڑھتا ہے لوگوں کے دھارمک وشواسوں اور اُن کے ریت رواجوں پر زبردستی حملہ کرتا ہے . ہم تو چاہتے ہیں کہ تبت اپنے پرانے گئے بیتے' دقیانوسی دھارمک جنجالوں سے بھی باہر نکل سکے اور اپنے ریت رواجوں کو عقل' سائنس اور مانو پریم کی روشنی میں سدھار سکے . پر یہ کام چینیوں کا نہیں یہ تبتی نیتاؤں اور وہاں کی جنتا کو خود ہی کرنا ہوگا . کوئی بھی ودیشی سرکار' اگر اس میں ذرا سی بھی سمجھ ہے ' دوسرے لوگوں پر اپنا اثر قائم رکھنے کے لئے ان کے دھارمک اندھ وشواسوں اور اُن کے سڑے گلے ریت رواجوں کو بدلتی یا سدھارتی نہیں' انہیں اور بڑھاتی اور اُن سے فائدہ اٹھاتی ہے .

ایک چھوٹی سی بات اور ہے . چین اور بھارت کے بیچ تجارت ہمیشہ سے بڑی اچھی طرح ہوتی رہی ہے . اِس تجارت کے راستے پر دو جگہ ایک گیانتسے اور دوسرا یا تنگ پر بھارت سرکار کی ٹریڈ ایجنسیاں رہتی ہیں . گیانتسے میں سوداگروں اور یاتریوں کی حفاظت کے لئے تھوڑی سی ہندستانی فوج بھی رہتی ہے. اِس تجارت کے راستے پر بھارت کے کچھ ڈاک گھر اور تار گھر بھی ہیں. تبت کی راجدھانی لہاسا میں بھارت سرکار کا ایک ایجنٹ بھی رہتا ہے . یہ سب چیزیں کیول دونوں کے بھلے کے لئے تھیں اور ہیں . ہمیں اِس میں ذرا بھی شک نہیں کہ اِس انتظام میں کوئی چھوٹی یا بڑی تبدیلی بھلے ہی ہو' نہ اُس سے بھارت سرکار اور چینی سرکار کی مترتا میں

हमारी राय

सदियों से तिब्बत को अपने शरीर का एक अंग मानता रहा है. भारत ने कभी भी चीन के इस दावे से इनकार नहीं किया. अक्तूबर सन '50 में चीनी सेना के तिब्बत में घुसने पर भी भारत सरकार ने तिब्बत पर चीन के इस दावे को ठीक मान लिया.

जब से एक तरफ़ रूस और चीन और दूसरी तरफ़ इंगलैन्ड और अमरीका में खींचातानी शुरू हुई तिब्बत पर भी दोनों तरफ़ से डोरे डाले जाने लगे. तिब्बत में सदियों से एक तरह की दोहरी हुकूमत चलती थी. दालाई लामा वहाँ का राजकाजी हाकिम था और पंचेन लामा वहाँ का मज़हबी या आध्यात्मिक शासक. हाल में एक अजीब बात यह हुई कि, कहा जाता है, दालाई लामा कुछ अंगरेज़ों और अमरीका वालों के असर में आने लगा था और पंचेन लामा चीन और कम्यूनिज़्म की तरफ़ झुकता था. तिब्बत की सरहद भारत, लद्दाख़ और कश्मीर से मिली हुई है. रूस और कश्मीर में बहुत थोड़ा फ़ासला है. अफ़ग़ानिस्तान और पाकिस्तान की सरहदें भी पास पास ही हैं. ऐसी सूरत में, ज़ाहिर है, रूसो-चीना और ऐंग्लो-अमरीका दोनों में से कोई भी तिब्बत की तरफ़ से बेपरवाह नहीं हो सकता. चीन के लिये तिब्बत का सवाल और भी गहरा सवाल था. तिब्बत के ऊपर चीन की अपनी सलामती का दार मदार था.

ऐंग्लो-अमरीका के तिब्बत पर बढ़ते हुए असर और रेशेदवानियों को देखकर चीन ने इस बिना के ऊपर कि तिब्बत बड़े चीन का एक अंग है, अक्तूबर सन '50 में अपनी फ़ौजें तिब्बत भेजीं. भारत ने एक सच्चे मित्रराष्ट्र की हैसियत से चीन के दावे से तो इनकार नहीं किया लेकिन चीनी सरकार को दोस्ताना सलाह दी कि फ़ौज को आगे बढ़ने से रोका जाय और शान्ति के साथ बातचीत करके चीन और तिब्बत के बीच का मामला तय कर लिया जाय. थोड़ी सी लिखा पढ़ी हुई. चीनी सरकार ने अपनी फ़ौज को आगे बढ़ने से रोक दिया. चीन की राजधानी पेकिंग में चीनी सरकार और तिब्बत के नुमाइन्दों के बीच बातचीत शुरू हुई. मई सन '51 के आख़ीर में चीन और तिब्बत के बीच शान्ति से समझौता होगया. समझौते की सत्रह शर्तें हैं. हमारे देश की अन्तर क़ौमी राजनीत की यह एक छोटी सी लेकिन ख़ासी अच्छी जीत है.

समझौते की ख़ास ख़ास बातें यह हैं—दालाई लामा तिब्बत के राजकाजी शासक बने रहेंगे. पंचेन लामा वहाँ के आध्यात्मिक गुरू रहेंगे. अपने मज़हबी मामलों और रीत रिवाज के पालने में सबको पूरी आज़ादी होगी. तिब्बत के अन्दर के शासन में तिब्बत सरकार पूरी तरह आज़ाद होगी. तिब्बत का इस समय का हुकूमत का ढाँचा और

ہماری رائے

صدیوں سے تبت کو اپنے شریر کا ایک انگ مانتا رہا ہے ۔ بھارت نے کبھی بھی چین کے اِس دعوے سے انکار نہیں کیا ۔ اکتوبر سن '50 میں چینی سینا کے تبت میں گھسنے پر بھی بھارت سرکار نے تبت پر چین کے اِس دعوے کو ٹھیک مان لیا ۔

جب سے ایک طرف روس اور چین اور دوسری طرف انگلینڈ اور امریکہ میں کھینچا تانی شروع ہوئی تبت پر بھی دونوں طرف سے ڈورے ڈالے جانے لگے ۔ تبت میں صدیوں سے ایک طرح کی دوہری حکومت چلتی تھی ۔ دالائی لاما وہاں کا راج کاجی حاکم تھا اور پنچن لاما وہاں کا مذہبی یا آدھیاتمک شاسک ۔ حال میں ایک عجیب بات یہ ہوئی کہ، کہا جاتا ہے، دالائی لاما کچھ انگریزوں اور امریکہ والوں کے اثر میں آنے لگا تھا اور پنچن لاما چین اور کمیونزم کی طرف جھکتا تھا ۔ تبت کی سرحد بھارت، لداخ اور کشمیر سے ملی ہوئی ہے ۔ روس اور کشمیر میں بہت تھوڑا فاصلہ ہے ۔ افغانستان اور پاکستان کی سرحدیں بھی پاس پاس ہی ہیں ۔ ایسی صورت میں، ظاہر ہے، روسو چینا اور اینگلو ۔ امریکہ دونوں میں سے کوئی بھی تبت کی طرف سے بے پرواہ نہیں ہوسکتا ۔ چین کے لئے تبت کا سوال اور بھی گہرا سوال تھا ۔ تبت کے اوپر چین کی اپنی سلامتی کا دارومدار تھا ۔

اینگلو امریکہ کے تبت پر بڑھتے ہوئے اثر اور ریشہ دوانیوں کو دیکھکر چین نے اس بنا کے اوپر کہ تبت بڑے چین کا ایک انگ ہے اکتوبر سن '50 میں اپنی فوجیں تبت بھیجیں ۔ بھارت نے ایک سچے متر راشٹر کی حیثیت سے چین کے دعوے سے تو انکار نہیں کیا لیکن چینی سرکار کو دوستانہ صلاح دی کہ فوج کو آگے بڑھنے سے روکا جائے اور شانتی کے ساتھ بات چیت کرکے چین اور تبت کے بیچ کا معاملہ طے کرلیا جائے ۔ تھوڑی سی لکھا پڑھی ہوئی ۔ چینی سرکار نے اپنی فوج کو آگے بڑھنے سے روک دیا ۔ چین کی راجدھانی پیکنگ میں چینی سرکار اور تبت کے نمائندوں کے بیچ بات چیت شروع ہوئی ۔ مئی سن '51 کے آخر میں چین اور تبت کے بیچ شانتی سے سمجھوتا ہوگیا ۔ سمجھوتے کی سترہ شرطیں ہیں ۔ ہمارے دیش کی انتر قومی راجنیت کی یہ ایک چھوٹی سی لیکن خاصی اچھی جیت ہے ۔

سمجھوتے کی خاص خاص باتیں یہ ہیں—دالائی لاما تبت کے راج کاجی شاسک بنے رہیں گے ۔ پنچن لاما وہاں کے آدھیاتمک گرو رہینگے ۔ اپنے مذہبی معاملوں اور ریت رواج کے پالنے میں سب کو پوری آزادی ہوگی ۔ تبت کے اندر کے شاسن میں تبت سرکار پوری طرح آزاد ہوگی ۔ تبت کا اس سمے کا حکومت کا ڈھانچہ اور

पने किसी भी प्यारे चेले से—और इसमें शक नहीं पलानी जी उनके प्यारे चेलों में से थे—यह काम नहीं लेना चाहते थे जो कृपलानी जी ने नई पारटी के नेता की हैसियत से इस समय हाथ में लिया है. देश के दुखों का यह इलाज भी हो सकता है और इसे आजमाया जा सकता है और आजमाया जायगा, पर गांधी जी का सोचा और बताया इलाज यह नहीं था. गांधी जी का बताया इलाज वह है जो किसी भी ऊँचे कॉंगरेस वाले के मन को नहीं भाया, यानी कॉंगरेस वालों का हकूमत की कुरसियों और ओहदों के मोह को बिलकुल छोड़कर लोक सेवक संघ के रूप में गाँव गाँव में जाना और जनता से सीधा नाता जोड़ना. यू. पी. सरकार की मदद से जो लोक सेवक संघ इस सूबे में बनाया गया है उसमें और गांधी जी के लोक सेवक संघ में आकाश पाताल का अन्तर है. गांधी जी के बताए रास्ते को न सरकारी कॉंगरेस वालों ने माना और न आचार्य कृपलानी और उनकी पारटी ने. फिर भी हमें इसमें शक नहीं कि जहाँ तक नेक इरादों का सम्बन्ध है नई पारटी पुरानी सरकारी पारटी से कुछ न कुछ इंच आध इंच ऊँचे पर ही है, नीचे नहीं जनता के सच्चे लाभ की इन चुनावों से आशा हो या न हो एक बार देश को इन चुनावों के भयंकर जंजालों से निकलना ही है. हमें विश्वास है कि इन पेचदार रास्तों से चल कर और तजरबा हासिल करके ही देश और जनता अपनी भलाई के सच्चे रास्ते को पा सकेगी.

26. 6. '51 —सुन्दरलाल

तिब्बत, चीन और भारत

ऊँचे पहाड़ों और बरफ़ की दीवारों से घिरा हुआ छोटा सा देश तिब्बत हमेशा से अपने दोनों बड़े पड़ोसियों चीन और हिन्दुस्तान के साथ प्रेम से रहता आया है. अफ़ग़ानिस्तान कई बार भारत का एक सूबा रह चुका है. किसी समय जब बिन्ध्याचल से नीचे का देश भारत में नहीं गिना जाता था तब भी अफ़ग़ानिस्तान भारत का एक टुकड़ा था. औरंगज़ेब ने भी अफ़ग़ानिस्तान को जीत कर उसे अपने साम्राज का एक सूबा बनाया और राजा जसवन्तसिंह को वहाँ का गवरनर मुक़र्रर किया. लेकिन तिब्बत को हिन्दुस्तानी सल्तनत में शामिल करने का ख़याल कभी किसी भी हिन्दू या मुसलमान सम्राट को नहीं हुआ. सौदागरों, यात्रियों और धर्म प्रचारकों का आना जाना दोनों देशों में बराबर जारी रहा और अब तक है. तिब्बत की आबादी क़रीब तीस लाख है जिसमें अधिकतर लोग बौद्ध मत और शैव मत के मानने वाले हैं.

अपने अन्दर के शासन में तिब्बत क़रीब क़रीब हमेशा आज़ाद रहा है. लेकिन अंतरक़ौमी सम्बन्ध के लिये चीन

اپنے کسی بھی پیارے چیلے سے—اور اس میں شک نہیں کرپلانی جی اُن کے پیارے چیلوں میں سے تھے—وہ کام نہیں لینا چاہتے تھے جو کرپلانی نے نئی پارٹی کے نیتا کی حیثیت سے اس سمے ہاتھ میں لیا ہے . دیش کے دکھوں کا یہ علاج بھی ہوسکتا ہے اور اِسے آزمایا جا سکتا ہے اور آزمایا جائے گا . پر گاندھی جی کا سوچا اور بتایا علاج یہ نہیں تھا . گاندھی جی کا بتایا علاج وہ ہے جو کسی بھی اونچے کانگریس والے کے من کو نہیں بھایا' یعنی کانگریس والوں کا حکومت کی کرسیوں اور عہدوں کے موہ کو بالکل چھوڑ کر لوک سیوک سنگھ کے روپ میں گاؤں گاؤں میں جانا اور جنتا سے سیدھا ناتا جوڑنا . یو . پی . سرکار کی مدد سے جو لوک سیوک سنگھ اِس صوبے میں بنایا گیا ہے اُس میں اور گاندھی جی کے لوک سیوک سنگھ میں آکاش پاتال کا انتر ہے . گاندھی جی کے بتائے راستے کو نہ سرکاری کانگریس والوں نے مانا اور نہ آچاریہ کرپلانی اور اُن کی پارٹی نے . پھر بھی ہمیں اس میں شک نہیں کہ جہاں تک نیک اِرادوں کا سمبندھ ہے نئی پارٹی پرانی سرکاری پارٹی سے کچھ نہ کچھ اِنچ آدھ اِنچ اونچے پر ہی ہے' نیچے نہیں جنتا کے سچے لابھ کی اِن چناوؤں سے آشا ہو یا نہ ہو ایک بار دیش کو اِن چناوؤں کے بھینکر جنجالوں سے نکلنا ہی ہے . ہمیں وشواس ہے کہ اِن پیچ دار راستوں سے چلکر اور تجربہ حاصل کر کے ہی دیش اور جنتا اپنی بھلائی کے سچے راستے کو پاسکے گی .

— سندر لال 26-6-'51

تبت' چین اور بھارت—

اونچے پہاڑوں اور برف کی دیواروں سے گھرا ہوا چھوٹا سا دیش تبت ہمیشہ سے اپنے دونوں بڑے پڑوسیوں چین اور ہندستان کے ساتھ پریم سے رہتا آیا ہے . افغانستان کئی بار بھارت کا ایک صوبہ رہ چکا ہے . کسی سمے جب بندھیاچل سے نیچے کا دیش بھارت میں نہیں گنا جاتا تھا تب بھی افغانستان بھارت کا ایک ٹکڑا تھا . اورنگ زیب نے بھی افغانستان کو جیت کر اُسے اپنے سامراج کا ایک صوبہ بنایا اور راجہ جسونت سنگھ کو وہاں کا گورنر مقرر کیا . لیکن تبت کو ہندستانی سلطنت میں شامل کرنے کا خیال کبھی کسی بھی ہندو یا مسلمان سمراٹ کو نہیں ہوا . سوداگروں' یاتریوں اور دھرم پرچارکوں کا آنا جانا دونوں دیشوں میں برابر جاری رہا اور اب تک ہے . تبت کی آبادی قریب تیس لاکھ ہے جس میں ادھک تر لوگ بودھ مت اور شیو مت کے ماننے والے ہیں .

اپنے اندر کے شاسن میں تبت قریب قریب ہمیشہ آزاد رہا ہے . لیکن انتر قومی سمبندھ کے لئے چین

गया है उससे न केवल यही मुमकिन है कि किसी भी चीज़ पर से कन्ट्रोल कम न किया जावे, बल्कि यह भी साफ़ कह दिया गया है कि मुमकिन है और ज़ियादा चीज़ों पर और इससे बढ़ कर कन्ट्रोल की ज़रूरत पड़े.

हम आचार्य कृपलानी की कठिनाइयों को समझ सकते हैं. उनके दल में इस समय हर तरह के और हर विचार के लोग भरे हुए हैं. उन सब को किसी तरह साथ लेकर चलना है. कुल मिलाकर हमें इसके कहने में ज़रा भी संकोच नहीं कि नई पारटी का यह ऐलान ख़ासा अच्छा और उम्मीद दिलाने वाला ऐलान है. गांधी जी के सच्चे अनुयाई श्री जे. सी. कुमरप्पा पटना में मौजूद थे और उनके विचारों की छाप इस ऐलान में कई जगह दिखाई देती है. हम दिल से चाहते हैं कि आचार्य कृपलानी और उनकी पारटी सरकारी काँगरेस से किसी भी समय मिल जुल कर या अपने वजूद को अलग रख कर जिस तरह भी हो सके इस प्रोग्राम को बढ़ाने और इन वादों को पूरा करने में सफल हो.

पर चुनाव से पहले जनता को तरह तरह के वादे दिलासे देना एक पुरानी चीज़ है. 15 अगस्त सन '47 से पहले समय समय पर काँगरेस ने अपने प्रोग्राम और अपनी पालिसी के जो ऐलान निकाले थे वह सब देश के सामने मौजूद हैं. काँगरेस के सेवकों के ज़रिये 'कृषाणः पृथ्वीपतिः' यानी 'जो जोते बोए वही ज़मीन का मालिक' की आवाज़ बारबार सारे देश में गूँज चुकी है फिर भी हमें किसी आदमी या दल पर पहले से उसके ख़िलाफ़ राय नहीं क़ायम कर लेनी चाहिये. हम इस नई पारटी के खड़े होने को एक क़ुदरती चीज़ मानते हैं और बाक़ी देशवासियों के साथ इस बात के देखने का इन्तज़ार करेंगे कि यह नई पारटी अपने वादों को कहां तक पूरा करती है.

केवल एक बात और कह कर हम इस नोट को ख़तम करेंगे. हमने आचार्य कृपलानी की पटना की तक़रीरों को ध्यानसे पढ़ा है. उन्होंने कम से कम दो बार सुनने वालों को यह याद दिलाया कि आचार्य कृपलानी के काँगरेस की सदारत से इस्तीफ़ा देने के बाद जब वरकिंग कमेटी की मेम्बरी की बात आई तो गांधी जी ने श्रीमती सुचिता कृपलानी से यह कहा कि—"मुझे कृपलानी की एक और काम के लिये ज़रूरत है." इस बात का हवाला देते हुए आचार्य कृपलानी ने यह साफ़ ज़ाहिर किया कि गांधी जी उन से यही काम कराना चाहते थे. इस पर उन्हें ख़ूब तालियाँ भी मिलीं.

चुनाव नीति के लिहाज़ से यह सब बातें जायज़ हो सकती हैं. पर हम बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहते हैं कि गांधी जी काँगरेस गवरमेन्टों के शुरू के तजरबे के बाद

گیا ہے اُس سے نہ کیول یہی ممکن ہے کہ کسی بھی چیز پر سے کنٹرول کم نہ کیا جاوے' بلکہ یہ بھی صاف کہدیا گیا ہے کہ ممکن ہے اور زیادہ چیزوں پر اور اِس سے بڑھکر کنٹرول کی ضرورت پڑے .

ہم آچاریہ کرپلانی کی کٹھنائیوں کو سمجھ سکتے ہیں . اُن کے دل میں اِس سمے ہر طرح کے اور ہر وچار کے لوگ بھرے ہوئے ہیں . اُن سب کو کسی طرح ساتھ لے کر چلنا ہے . کل ملا کر ہمیں اس کے کہنے میں ذرا بھی سنکوچ نہیں کہ نئی پارٹی کا یہ اعلان خاصا اچھا اور اُمید دلانے والا اعلان ہے . گاندھی جی کے سچے انویائی شری جے . سی . کماریپا پٹنہ میں موجود تھے اور اُن کے وچاروں کی چھاپ اس اعلان میں کئی جگہ دکھائی دیتی ہے . ہم دل سے چاہتے ہیں کہ آچاریہ کرپلانی اور اُنکی پارٹی سرکاری کانگریس سے کسی بھی سمے مل جل کر یا اپنے وجود کو الگ رکھکر جسطرح بھی ہو سکے اِس پروگرام کو بڑھانے اور ان وعدوں کو پورا کرنے میں سپھل ہو .

پر چناؤ سے پہلے جنتا کو طرح طرح کے وعدے دلاسے دینا ایک پرانی چیز ہے . 15 اگست سن '47 سے پہلے سمے سمے پر کانگریس نے اپنے پروگرام اور اپنی پالیسی کے جو اعلان نکالے تھے وہ سب دیش کے سامنے موجود ہیں . کانگریس کے سیوکوں کے ذریعے 'کرشانہ پرتھوی پتی' یعنی ' جو جوتے بوئے وہی زمین کا مالک ' کی آواز بار بار سارے دیش میں گونج چکی ہے پھر بھی ہمیں کسی آدمی یا دل پر پہلے سے اُس کے خلاف رائے نہیں قائم کر لینی چاہئیے . ہم اِس نئی پارٹی کے کھڑے ہونے کو ایک قدرتی چیز مانتے ہیں اور باقی دیش واسیوں کے ساتھ اِس بات کے دیکھنے کا انتظار کرینگے کہ یہ نئی پارٹی اپنے وعدوں کو کہاں تک پورا کرتی ہے .

کیول ایک بات اور کہکر ہم اِس نوٹ کو ختم کرینگے . ہم نے آچاریہ کرپلانی کی پٹنہ کی تقریروں کو دھیان سے پڑھا ہے . انہوں نے کم سے کم دو بار سننے والوں کو یہ یاد دلایا کہ آچاریہ کرپلانی کے کانگریس کی صدارت سے استعفا دینے کے بعد جب ورکنگ کمیٹی کی ممبری کی بات آئی تو گاندھی جی نے شریمتی سچیتا کرپلانی سے یہ کہا کہ — " مجھے کرپلانی کی ایک اور کام کے لئے ضرورت ہے ." اس بات کا حوالہ دیتے ہوئے آچاریہ کرپلانی نے یہ صاف ظاہر کیا کہ گاندھی جی اُن سے یہی کام کرانا چاہتے تھے . اِس پر اُنہیں خوب تالیاں بھی ملیں .

چناؤ نیتی کے لحاظ سے یہ سب باتیں جائز ہوسکتی ہیں . پر ہم بڑی نمرتا کے ساتھ کہنا چاہتے ہیں کہ گاندھی جی کانگریس گورمنٹوں کے شروع کے تجربے کے بعد

या से करता है. कृषकाली पारटी की तरफ़ से जो ऐलान ना में किया गया है इसमें कई बहुत अच्छी अच्छी हैं—

सरकारी नौकरों को सुधारा जायगा और हकूमत को कुल नए ढंग पर ढाला जायगा, चोर बाज़ारी बन्द की यगी, ज़मीन को जो बोए जोतेगा वही ज़मीन का मालिक गा, गांव के उद्योग धन्दों को बढ़ावा दिया जायगा, ख़ासकर नने के कपड़ों और खाने की चीज़ों को बड़े बड़े कल ख़ानों की जगह घरेलू धन्दों के ज़रिये ही पैदा कराया यगा. देश में छोटी से छोटी मज़दूरी और बड़ी से बड़ी मदनी का औसत एक और बीस से ज़ियादा न होगा नी अगर कम से कम मज़दूरी पाने वाले मज़दूर को स रुपए मिलते हैं तो अधिक से अधिक तनख़ाह वाले केम को हज़ार से ज़ियादा न मिलेंगे, एक ऐसी समाज यम की जायगी जिसमें कोई जात पात न हो और कोई लिक मज़दूर या अमीर ग़रीब न हो और कोई किसी बेजा फ़ायदा न उठावे, इस बात पर ग़ौर किया जायगा सरकारी 'कन्ट्रोल' का दायरा कहाँ तक कम किया जा कता है और जनता के कारबार ब्योपार धन्दों में सर-री दख़ल कहाँ तक कम हो सकता है, हरिजनों और दुख़ों को उभारा जायगा, पैदावार बढ़ाई जायगी, देशी को फिर से जगाया जायगा, विदेशों से ऐसे माल आमद, जो देश में पैदा हो सकते हैं, कम की जायगी, ती में नए और ज़ियादा अच्छे तरीक़े काम में लाए जायेंगे. वों में फिर से जान डाली जायगी, हर किसान को कम कम इतनी ज़मीन दी जायगी जिससे उसका और उसके च्चों का अच्छी तरह गुज़ारा हो सके, कोआपरेटिव रमिंग यानी सरकारी या सझिया खेती को बढ़ावा गा जायगा, बंजर ज़मीनों को काम में लाया जायगा, लीम में सुधार किये जायँगे, जो शरनार्थी भाई पाकिस्तान पस जाना चाहेंगे, पाकिस्तान सरकार से बात चीत के और पाकिस्तान में उनके कारबार और सुख शान्ति प्रबन्ध करके उन्हें वापस भेजा जायगा, अन्तर क़ौमी राजनीति में देश को बिलकुल तटस्थ यानी ग़ैर जानिबदार खा जायगा, वग़ैरा वग़ैरा.

हमने यह सब चीज़ें नई पारटी के पटने के ऐलान से हैं. केवल उन्हें अपने शब्दों में और थोड़े से में कहने कोशिश की है. कहीं कहीं ऐलान को समझने में हमारे से पढ़ने वालों को कठिनाई हो सकती है. कहीं कहीं एक रे के ख़िलाफ़ बातें भी दिखाई देती हैं. ज़ियादा बहस न जाकर हम केवल एक बात की तरफ़ ध्यान दिलाते हैं. स समय जनता की सब से बड़ी मुसीबत 'कन्ट्रोल' के रन है. जिन शब्दों में कन्ट्रोल का ऐलान में ज़िकर किया

جانتا سے کرتا ہے ۔ کرشک پارٹی کی طرف سے جو اعلان پٹنہ میں کیا گیا ہے اُس میں کئی بہت اچھی اچھی باتیں ہیں—

سرکاری نوکروں کو سدھارا جائیگا اور حکومت کو بالکل نئے ڈھنگ پر ڈھالا جائیگا چور بازاری بند کی جائیگی' زمین کو جو بوئے جوتے گا وہی زمین کا مالک ہوگا' گاؤں کے اُدیوگ دھندوں کو بڑھاوا دیا جائیگا' خاص کر پہننے کے کپڑوں اور کھانے کی چیزوں کو بڑے بڑے کل کارخانوں کی جگہ گھریلو دھندوں کے ذریعے ہی پیدا کرایا جائیگا ۔ دیش میں چھوٹی سے چھوٹی مزدوری اور بڑی سے بڑی آمدنی کا اوسط ایک اور بیس سے زیادہ نہ ہوگا یعنی اگر کم سے کم مزدوری پانے والے مزدور کو پچاس روپے ملتے ہیں تو ادھک سے ادھک تنخواہ والے حاکم کو ہزار سے زیادہ نہ ملیں گے' ایک ایسی سماج قائم کی جائیگی جس میں کوئی جات پات نہ ہو اور کوئی مالک مزدور یا امیر غریب نہ ہو اور کوئی کسی سے بیجا فائدہ نہ اُٹھاوے' اس بات پر غور کیا جائیگا کہ سرکاری 'کنٹرول' کا دائرہ کہاں تک کم کیا جاسکتا ہے اور جنتا کے کاربار بیوپار دھندوں میں سرکاری دخل کہاں تک کم ہوسکتا ہے' ہریجنوں اور دبے ہوؤں کو ابھارا جائیگا' پیداوار بڑھائی جائیگی' سودیشی کو پھر سے جگایا جائیگا' ودیشوں سے ایسے مال کی آمد جو دیش میں پیدا ہو سکتے ہیں' کم کی جائیگی' کھیتی میں نئے اور زیادہ اچھے طریقے کام میں لائے جائینگے ۔ گاؤں میں پھر سے جان ڈالی جائیگی' ہر کسان کو کم سے کم اتنی زمین دی جائیگی جس سے اُسکا اور اُسکے بچوں کا اچھی طرح گذارہ ہوسکے' کوآپریٹو فارمنگ یعنی سہکاری یا سجھیا کھیتی کو بڑھاوا دیا جائیگا 'بنجر زمینوں کو کام میں لایا جائیگا تعلیم میں سدھار کئے جائیں گے' جو شرنارتھی بھائی پاکستان واپس جانا چاہیں گے' پاکستان سرکار سے بات چیت کرکے اور پاکستان میں اُنکے کاربار اور سکھ شانتی کا پربندھ کرکے اُنہیں واپس بھیجا جائیگا' انتر قومی راج نیتی میں دیش کو بالکل تٹستھ یعنی غیر جانبدار رکھا جائیگا' وغیرہ وغیرہ ۔

ہم نے یہ سب چیزیں نئی پارٹی کے پٹنے کے اعلان سے لی ہیں کیول اُنہیں اپنے شبدوں میں اور تھوڑے سے میں کہنے کی کوشش کی ہے ۔ کہیں کہیں اعلان کو سمجھنے میں ہمارے جیسے پڑھنے والوں کو کٹھنائی ہو سکتی ہے ۔ کہیں کہیں ایک دوسرے کے خلاف باتیں بھی دکھائی دیتی ہیں ۔ زیادہ بحث میں نہ جاکر ہم کیول ایک بات کی طرف دھیان دلاتے ہیں اِس سمے جنتا کی سب سے بڑی مصیبت 'کنٹرول' کے کارن ہے ۔ جن شبدوں میں کنٹرول کا اعلان میں ذکر کیا

जाने के बाद से इस विशाल भवन की बुनियादें एक दम नीचे से खिसकने लगीं. नतीजा यह हुआ कि इस बार जो दरार पड़ी उसने सारे भवन ही को बीच से टुकड़े करके खंडहर के रूप में दुनिया के सामने रख दिया.

कांगरेस सभापति का आखिरी चुनाव शायद अपने ढंग का पहला चुनाव है जिसमें खुद ग़रज़ पूंजी पतियों के हवाई जहाज़ों से वोट लेने में मदद ली गई और पूरे पूरे सूबों के वोट वहां की आपसी दल बन्दियों से जिस तरह भी हो फ़ायदा उठा कर और एक एक को बारी बारी दम दिलासा देकर हासिल किये गए. कांगरेस की गिरावट की शायद यह सब से दर्दनाक मिसाल है.

कांगरेस और हुकूमत के गठबन्धन ने और भी ज़हरीले नतीजे पैदा किये. धन और सत्ता के लोभ ने तो सैकड़ों को गिराया ही. डिसिप्लिन यानी शिस्त के नाम पर फ़रमान जारी होने लगे कि कोई कांगरेस वाला भारत सरकार या किसी सूबाई सरकार के किसी काम के खिलाफ़ किसी तरह की नुक्ताचीनी न करे. यहाँ तक कि अगर ऐसे किसी इलाक़े के लोग जहाँ अभी तक शराब की दुकानें खुली हुई हैं शराब बन्दी का आन्दोलन शुरू करें तो किसी कांगरेस वाले के उस आन्दोलन में हिस्सा लेने पर उसके खिलाफ़ शिस्ती कारवाई की धमकियां दी गईं. इन हालात में आचार्य कृपलानी और उनके साथियों का खुले कांगरेस से अलग होकर किसान मज़दूर प्रजा पारटी खड़ा करना एक क़ुदरती और होनहार बात थी. मालूम होता है इस पारटी के बनते ही शिस्ती कारवाई की धमकी एक दम हवा हो गई. सरकारी कांगरेस के अधिकारियों को दिखाई दे गया कि अब अगर किसी की तरफ़ इस तरह की कारवाई का इशारा भी किया गया तो वह झट कूद कर दूसरी पारटी में पहुँच जायगा.

इन दोनों पारटियों का आगे चल कर क्या हशर होगा, बंगलौर में या उसके बाद इनके फिर से मेल की कोशिशें कामयाब होंगी या नहीं, और अगर न हुईं तो बड़े चुनाव में इनकी लागडाट के क्या नतीजे होंगे इन सवालों में इस समय पड़ना बेकार है. ज़ाहिर है, जो लोग कांगरेस को ज़िन्दा रखने के अभी तक सपने देख रहे हैं और थोड़ी बहुत समझ रखते हैं वह इसकी पूरी कोशिश करेंगे कि जिस तरह भी हो यह दरार फिर से भर जाय. पर अभी इस समय आचार्य कृपलानी की पारटी कुछ ज़ोर पकड़ती दिखाई दे रही है. उसकी है भी उठती हुई उमर. सरकारी कांगरेस का हर तरह ढलती का पहरा है.

राजकाज में जो भी नया दल सामने आता है वह अपने असूलों के साथ जपते हुए—अगर कोई उसके खास असूल हों तो—ऊँचे से ऊँचे और अच्छे से अच्छे वादे

جانے کے بعد سے اِس وشال بھون کی بنیادیں ایک دم نیچے سے کھسکنے لگیں. نتیجہ یہ ہوا کہ اِس بار جو دراڑ پڑی اُسنے سارے بھون ہی کو بیچ سے ٹکڑے کرکے کھنڈھر کے روپ میں دنیا کے سامنے رکھدیا.

کانگریس سبھاپتی کا آخری چناؤ شاید اپنے ڈھنگ کا پہلا چناؤ ہے جس میں خود غرض پونجی پتیوں کے ہوائی جہازوں سے ووٹ لینے میں مدد لی گئی اور پورے پورے صوبوں کے ووٹ وہاں کی آپسی دل بندیوں سے جس طرح بھی ہو فائدہ اُٹھاکر اور ایک ایک کو باری باری دم دلاسا دے کر حاصل کئے گئے. کانگریس کی گراوٹ کی شاید یہ سب سے دردناک مثال ہے.

کانگریس اور حکومت کے گٹھ بندھن نے اور بھی زہریلے نتیجے پیدا کئے. دھن اور ستّا کے لوبھ نے تو سیکڑوں کو گرایا ہی. ڈسپلن یعنی شست کے نام پر فرمان جاری ہونے لگے کہ کوئی کانگریس والا بھارت سرکار یا کسی صوبائی سرکار کے کسی کام کے خلاف کسی طرح کی نکتہ چینی نہ کرے. یہاں تک کہ اگر ایسے کسی علاقے کے لوگ جہاں ابھی تک شراب کی دوکانیں کھلی ہوئی ہیں شراب بندی کا آندولن شروع کریں تو کسی کانگریس والے کے اُس آندولن میں حصہ لینے پر اُسکے خلاف شستی کاروائی کی دھمکیاں دی گئیں. اِن حالات میں آچاریہ کرپلانی اور اُسکے ساتھیوں کا کھلے کانگریس سے الگ ہوکر کسان مزدور پرجا پارٹی کھڑا کرنا ایک قدرتی اور ہونہار بات تھی. معلوم ہوتا ہے اِس پارٹی کے بنتے ہی شستی کاروائی کی دھمکی ایک دم ہوا ہو گئی. سرکاری کانگریس کے ادھیکاریوں کو دکھائی دے گیا کہ اب اگر کسی کی طرف اِس طرح کی کاروائی کا اشارہ بھی کیا گیا تو وہ جھٹ کود کر دوسری پارٹی میں پہنچ جائیگا.

اِن دونوں پارٹیوں کا آگے چلکر کیا حشر ہوگا، بنگلور میں یا اُسکے بعد اِن کے پھر سے میل کی کوششیں کامیاب ہونگی یا نہیں، اور اگر نہ ہوئیں تو بڑے چناؤ میں اِنکی لاگ ڈانٹ کے کیا نتیجے ہونگے اِن سوالوں میں اِس سمے پڑنا بیکار ہے. ظاہر ہے، جو لوگ کانگریس کو زندہ رکھنے کے ابھی تک سپنے دیکھ رہے ہیں اور تھوڑی بہت سمجھ رکھتے ہیں وہ اِسکی پوری کوشش کرینگے کہ جس طرح بھی ہو یہ دراڑ پھر سے بھر جائے. پر ابھی اِس سمے آچاریہ کرپلانی کی پارٹی کچھ زور پکڑتی دکھائی دے رہی ہے. اُسکی ہے بھی اُٹھتی ہوئی عمر. سرکاری کانگریس کا ہر طرح ڈھلتی کا پہرا ہے.

راج کاج میں جو بھی نیا دل سامنے آتا ہے وہ اپنے اصولوں کے ساتھ جپتے ہوئے—اگر کوئی اُسکے خاص اصول ہوں تو—اونچے سے اونچے اور اچھے سے اچھے وعدے

का की सरकार ने ढाई करोड़ डालर बतौर क़र्ज़ के
ान को देने कहा है. पर ईरान की सरकार तब तक
त पर भी सोचने के लिये तैयार नहीं जब तक
कम्पनी से झगड़ा तय न हो जाय और ईरानी तेल
ा कारबार ईरानियों के हाथों में न आ जाय.

बड़ी बात यह है कि अंगरेज़ कम्पनी और उसके
यों के तरह तरह की शरारतें करने पर भी और
ईरानी क़ौम के दिलों में अंगरेज़ों के ख़िलाफ़ ग़ुस्सा
ने पर भी मोहम्मद मुस्सादिक़ का इन्तज़ाम इतना
और उनका असर इतना ज़बरदस्त है कि अब तक
भर में अंगरेज़ों के जान माल को किसी तरह का
न नहीं पहुँचा.

या की बेदारी

रिया हो या चीन, तिब्बत हो या इन्डो चीन, ईरान हो
र, एक क़ौम के दूसरी क़ौम की कमज़ोरी से फ़ायदा
के दिन अब हमेशा के लिये लद चुके. अच्छा हो
गलैन्ड और अमरीका जैसे देशों की सरकारें दुनिया
ली हुई हालत से सबक़ सीख कर अपने रास्ते को
कर लें और एशियाई क़ौमों को इन मुसीबतों और
नियों से बचने का मौक़ा दें जिनसे किसी ग़ैर को
नहीं पहुँच सकता. ज़माने का बहाव रोका नहीं जा
हम मोहम्मद मुस्सादिक़ और उनके देश को इस
परिस्थिति का सच्चाई, ईमानदारी, इनसाफ़ और
के साथ मुक़ाबला करने के लिये दिल से बधाई

). 6. 51. —सुन्दरलाल

रेस और दलबन्दी—

गरेस की मिसाल एक विशाल भवन से दी जा
है जिसने पिछले 65 बरस में लाखों खोजी
ओं को अपनी दीवारों के अन्दर पनाह दी और
र्म का सच्चा रास्ता दिखाया. इस देश के लोगों
गरेस का एहसान इतिहास के पन्नों से किसी के
नहीं मिटाया जा सकता.

सुन्दर भवन के अन्दर कई बार दरारें पड़ चुकी
1906 में नरम दल और गरम दल की दरार और
3 में कौंसिल पारटी और नो चेंज पारटी की दरार
सबसे बड़ी मिसालें हैं. हर बार दरार पड़ने के बाद
मरम्मत की कोशिश हुई और वह कोशिश काफ़ी
भी रही.

15 अगस्त सन '47 के बाद से, यानी कांगरेस
सली मक़सद देश, की राजकाजी आज़ादी, पूरा हो

امریکہ کی سرکار نے ڈھائی کروڑ ڈالر بطور قرض کے بھی ایران کو دینے کہا ہے . پر ایران کی سرکار تبتک اس بات پر بھی سوچنے کے لئے تیار نہیں جبتک انگریز کمپنی سے جھگڑا طے نہ ہو جائے اور ایرانی تیل کا سارا کاروبار ایرانیوں کے ہاتھوں میں نہ آجائے .

ایک بڑی بات یہ ہے کہ انگریز کمپنی اور اُسکے آدمیوں کے طرح طرح کی شرارتیں کرنے پر بھی اور ساری ایرانی قوم کے دلوں میں انگریزوں کے خلاف غصہ بھرا ہونے پر بھی محمد مصادق کا انتظام اِتنا سندر اور اُن کا اثر اتنا زبردست ہے کہ اب تک ایران بھر میں انگریزوں کے جان مال کو کسی طرح کا نقصان نہیں پہنچا .

ایشیا کی بیداری

کوریا ہو یا چین، تبت ہو یا انڈو چین، ایران ہو یا مصر، ایک قوم کے دوسری قوم کی کمزوری سے فائدہ اُٹھانے کے دن اب ہمیشہ کے لئے لد چکے . اچھا ہو اگر انگلینڈ اور امریکہ جیسے دیشوں کی سرکاریں دنیا کی بدلی ہوئی حالت سے سبق سیکھ کر اپنے راستے کو درست کریں اور ایشیائی قوموں کو اُن مصیبتوں اور قربانیوں سے بچنے کا موقعہ دیں جن سے کسی غیر کو فائدہ نہیں پہنچ سکتا . زمانے کا بہاو روکا نہیں جاسکتا . ہم محمد مصادق اور اُنکے دیش کو اِس کٹھن پرستھتی کا سچائی، ایمانداری، انصاف اور ہمت کے ساتھ مقابلہ کرنے کے لئے دل سے بدھائی دیتے ہیں .

—سندر لال 30 . 6 . '51

کانگریس اور دل بندی—

کانگریس کی مثال ایک وشال بھون سے دی جاسکتی ہے، جس نے پچھلے 65 برس میں لاکھوں کھوجی آتماؤں کو اپنی دیواروں کے اندر پناہ دی اور اُنہیں دھرم کا سچا راستہ دکھایا . اِس دیش کے لوگوں پر کانگریس کا احسان اِتہاس کے پنوں سے کسی کے مٹائے نہیں مٹایا جا سکتا .

اِس سندر بھون کے اندر کئی بار دراریں پڑ چکی ہیں . سن 1906 میں نرم اور گرم دل کی دراڑ اور سن '23 میں کونسل پارٹی اور نو چینج پارٹی کی دراڑ اِس کی سب سے بڑی مثالیں ہیں . ہر بار دراڑ پڑنے کے بعد اُسکی مرمت کی کوشش ہوئی اور وہ کوشش کافی کامیاب بھی رہی .

پر 15 اگست سن '47 کے بعد سے، یعنی کانگریس کا اصلی مقصد، دیش کی راج کاجی آزادی، پورا ہو

ईरान और मुसादिक़ को नाकाम करने की जो कोशिशें हो रही हैं उनकी तफ़सील में जाना फ़जूल है. मुसादिक़ और उसका देश इस मामले में चट्टान की तरह अटल हैं. मुसादिक़ कह चुके हैं कि उन्हें अपने सारे तेल के कारबार को बन्द कर देना मंजूर है—वह उसे आग लगा देने के लिये भी तैयार हैं—लेकिन अंगरेज़ कम्पनी के पैर अब फिर से अपने देश में जमने न देंगे.

ईरानी सरकारी को अब तक अपने हिस्से के डेढ़ करोड़ पौंड सालाना अंगरेज़ कम्पनी से मिलते थे. अब अगर यह सारा धंदा ईरान सरकार के हाथों में आ गया तो इस काम से ईरान की आमदनी बारह करोड़ पौंड यानी क़रीब दो अरब रुपए सालाना होगी.

दिल्ली में किसी ने भारत के बड़े वज़ीर जवाहरलाल जी से सन 1933 के ईरान के समझौते और आजकल के इस सवाल पर राय पूछी. जवाहरलाल जी ने ईरानी सरकार के साथ हमदर्दी ज़ाहिर करते हुए कहा कि सन '33 का समझौता इस तरह के बहुत से समझौतों की तरह एक ताक़तवर और एक कमज़ोर आदमी के बीच का ज़बरदस्ती का समझौता था जो दो करोड़ ईरानियों के हित के ख़िलाफ़ नहीं चल सकता. इसे सुनकर मोहम्मद मुसादिक़ ने भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया. इस मामले में जवाहरलाल जी की आवाज़ सारे भारत की बल्कि सारे एशिया की आवाज़ है.

अंगरेज़ कम्पनी को सबसे बड़ा एतराज़ यही हो सकता था कि उसका ईरान के तेल में धन लगा हुआ है. लेकिन कम्पनी का कुल धन जो इस काम में अब तक लगा है, दो करोड़ पौंड यानी क़रीब 30 करोड़ रुपए के है. और पिछले सात बरस के अन्दर ही कम्पनी इससे कम से कम दुगना मुनाफ़े के तौर पर कमा चुकी है. इस पर भी मोहम्मद मुसादिक़ ने यह वादा किया है कि तेल के धंदे से जो कुछ आमदनी ईरान को होगी उसका पच्चीस फ़ी सदी हर साल इस बात के लिये अलग रक्खा जायगा कि उससे अंगरेज़ कम्पनी का जो भी हरजाना या नुक़सान इस सारे मामले में हुआ हो उसे पूरा कर दिया जाय.

इंगलैन्ड और अमरीका में लागडाट

इस मामले में एक बात और चमक उठी है. वह यह कि इंगलैन्ड और अमरीका भी ईरान के मामले में एक दिल नहीं हैं. दोनों में कुछ लाग-डांट है. अमरीका की कुछ कम्पनियों ने ईरानी सरकार से यह भी कहा है कि अगर अंगरेज़ कम्पनी की जगह उन्हें ठेका दे दिया जाय तो वह अंगरेज़ कम्पनी के 16 फ़ीसदी के बजाय 72 फ़ी सदी मुनाफ़ा ईरानी सरकार को देने को तैयार हैं. मोहम्मद मुसादिक़ को अब कोई इस तरह की चीज़ मंजूर नहीं.

ایران اور مصادق کو نا کام کرنے کی جو کوششیں ہو رہی ہیں اُن کی تفصیل میں جانا فضول ہے ۔ مصادق اور اسکا دیش اِس معاملے میں چٹان کی طرح اٹل ہیں ۔ مصادق کہہ چکے ہیں کہ اُنہیں اپنے سارے تیل کے کاربار کو بند کردینا منظور ہے—وہ اُسے آگ لگا دینے کے لئے بھی تیار ہیں—لیکن انگریز کمپنی کے پیر اب پھر سے اپنے دیش میں جمنے نہ دینگے ۔

ایرانی سرکار کو اب تک اپنے حصے کے ڈیڑھ کروڑ پونڈ سالانہ انگریز کمپنی سے ملتے تھے ۔ اب اگر یہ سارا دھندا ایران سرکار کے ہاتھوں میں آگیا تو اِس کام سے ایران کی آمدنی بارہ کروڑ پونڈ یعنی قریب دو ارب روپے سالانہ ہوگی ۔

دلی میں کسی نے بھارت کے بڑے وزیر جواہر لال جی سے سن 1933 کے ایران کے سمجھوتے اور آج کل کے اِس سوال پر رائے پوچھی ۔ جواہر لال جی نے ایرانی سرکار کے ساتھ ہمدردی ظاہر کرتے ہوئے کہا کہ سن '33 کا سمجھوتہ اِس طرح کے بہت سے سمجھوتوں کی طرح ایک طاقتور اور ایک کمزور آدمی کے بیچ کا زبردستی کا سمجھوتہ تھا جو دو کروڑ ایرانیوں کے ہت کے خلاف نہیں چل سکتا ۔ اِسے سن کر محمد مصادق نے بھارت سرکار کا شکریہ ادا کیا ۔ اِس معاملے میں جواہر لال جی کی آواز سارے بھارت کی بلکہ سارے ایشیا کی آواز ہے ۔

انگریز کمپنی کو سب سے بڑا اعتراض یہی ہوسکتا تھا کہ اُس کا ایران کے تیل میں دھن لگا ہوا ہے ۔ لیکن کمپنی کا کل دھن جو اِس کام میں 'اب تک لگا ہے' دو کروڑ پونڈ یعنی قریب تیس کروڑ روپے کے ہے اور پچھلے سات برس کے اندر ہی کمپنی اِس سے کم سے کم دوگنا منافع کے طور پر کما چکی ہے ۔ اِس پر بھی محمد مصادق نے یہ وعدہ کیا ہے کہ تیل کے دھندے سے جو کچھ آمدنی ایران کو ہوگی اُسکا پچیس فیصدی ہر سال اِس بات کے لئے الگ رکھا جائیگا کہ اُس سے انگریز کمپنی کا جو بھی ہرجانہ یا نقصان اِس سارے معاملے میں ہوا ہو اُسے پورا کردیا جائے ۔

انگلینڈ اور امریکہ میں لاگ ڈانٹ

اِس معاملے میں ایک بات اور چمک اُٹھی ہے ۔ وہ یہ کہ انگلینڈ اور امریکہ بھی ایران کے معاملے میں ایک دل نہیں ہیں ۔ دونوں میں کچھ لاگ ڈانٹ ہے ۔ امریکہ کی کچھ کمپنیوں نے ایرانی سرکار سے یہ بھی کہا ہے کہ اگر انگریز کمپنی کی جگہ اُنہیں ٹھیکہ دے دیا جائے تو وہ انگریز کمپنی کے 16 فیصدی کے بجائے 72 فیصدی منافع ایرانی سرکار کو دینے کو تیار ہیں ۔ محمد مصادق کو اب کوئی اِس طرح کی چیز منظور نہیں ۔

पच्छिम एशिया के देशों में इंगलैण्ड और अमरीका की एक बहुत बड़ी पकड़ इन देशों के तेल के कुएँ हैं. यह कुएँ ईरान, इराक़, शाम (सीरिया), अरब और मिस्र में इधर से उधर तक फैले हुए हैं. सब जगह कम या ज़्यादा इसी तरह के ठेके अंगरेज़ों या अमरीका वालों को मिले हुए हैं. इसलिये ईरान का तेल का सवाल केवल ईरान का सवाल नहीं बल्कि सारी पच्छिम एशिया की आज़ादी या बरबादी का सवाल है.

ईरान का अपने तेल पर क़ब्ज़ा

ईरान की मजलिस ने 20 मार्च सन '51 को एक राय होकर पास कर दिया कि ईरान की ज़मीन से तेल निकालने, उसे साफ़ करने और दुनिया में बेचने का काम ईरानी सरकार अपने हाथ में ले ले और इसे जहाँ तक हो सके ईरानियों के हाथों ही कराया जाय. अंगरेज़ कम्पनी को नोटिस दे दिया गया कि सन '33 का ठेका रद्द समझा जाय. अंगरेज़ कम्पनी ने यू. एन. ओ. की अदालत से अपील करना चाहा. अपील दायर भी हो गया. मोहम्मद मुस्सादिक़ ने ईरानी सरकार और एक व्योपारी कम्पनी के मामले में यू. एन. ओ. की अदालत के अधिकार को मानने से इनकार कर दिया. फिर एक बार हमेशा की तरह साज़िशों और धमकियों का दौर शुरू हुआ. अंगरेज़ी जंगी जहाज़ ईरान की खाड़ी में दिखाई देने लगे. लेकिन सन '21 का रूस और ईरान का समझौता मौजूद है, जिससे अंगरेज़ सरकार की बढ़ने की हिम्मत न हो सकी. मोहम्मद मुस्सादिक़ को गिराने की कोशिशें की गईं. पानी की तरह रुपया ख़र्च करके मजलिस के मेम्बरों, ईरान के वज़ीरों और सरकारी नौकरों को तोड़ने फोड़ने की कोशिशें हुईं. पेशीन-गोई की गई कि मोहम्मद मुस्सादिक़ को मजलिस में बहुमत नहीं मिल सकता और उसकी सरकार ख़तम होने वाली है. मजलिस के सामने मोहम्मद मुस्सादिक़ पर विश्वास की तजवीज़ आई और एक राय से पास हो गई. यह भी पेशीन गोई की गई कि तेल की आमदनी रुक जाने से ईरान की सरकार का दिवाला निकल जायगा. लेकिन ईरान की सारी जनता, अमीर और ग़रीब ने अपनी ज़िन्दगी भर की कमाई, नक़दी और ज़ेवर मुस्सादिक़ के हवाले कर दिये, यहाँ तक कि मुस्सादिक़ को करोड़ों की रक़में लौटानी पड़ गईं, और ऐलान करना पड़ा कि अब कोई रुपया वग़ैरा न भेजे, सरकार को कोई ज़रूरत नहीं है. इस बीच रूस ने भी 308 मन सोना, जो उसे पिछली जंग के एक समझौते के अनुसार ईरान को देना था, ईरान भेज दिया है. मुस्सादिक़ आज सारी ईरानी क़ौम का देवता बना हुआ है और मालूम होता है कि देश के साथ दग़ा के बीज अब इस हवा में ईरान के अन्दर पनपने नहीं पा रहे हैं.

پچھم ایشیا کے دیشوں میں انگلینڈ اور امریکہ کی ایک بہت بڑی پکڑ ان دیشوں کے تیل کے کنوئیں ہیں۔ یہ کنوئیں ایران، عراق، شام (سیریا)، عرب اور مصر میں اِدھر سے اُدھر تک پھیلے ہوئے ہیں۔ سب جگہ کم یا زیادہ اسی طرح کے ٹھیکے انگریزوں یا امریکہ والوں کو ملے ہوئے ہیں۔ اس لئے ایران کا تیل کا سوال کیول ایران کا سوال نہیں بلکہ سارے پچھم ایشیا کی آزادی یا بربادی کا سوال ہے۔

ایران کا اپنے تیل پر قبضہ

ایران کی مجلس نے 20 مارچ سن '51 کو ایک رائے ہوکر پاس کردیا کہ ایران کی زمین سے تیل نکالنے، اُسے صاف کرنے اور دنیا میں بیچنے کا کام ایرانی سرکار اپنے ہاتھ میں لے لے اور اِسے جہاں تک ہو سکے ایرانیوں کے ہاتھوں ہی کرایا جائے۔ انگریز کمپنی کو نوٹس دے دیا گیا کہ سن '33 کا ٹھیکہ رد سمجھا جائے۔ انگریز کمپنی نے یو۔ این۔ او۔ کی عدالت سے اپیل کرنا چاہا۔ اپیل دائر بھی ہو گیا۔ محمد مصادق نے ایرانی سرکار اور ایک بیوپاری کمپنی کے معاملے میں یو۔ این۔ او۔ کی عدالت کے ادھیکار کو ماننے سے انکار کردیا۔ پھر ایک بار ہمیشہ کی طرح سازشوں اور دھمکیوں کا دور شروع ہوا۔ انگریزی جنگی جہاز ایران کی کھاڑی میں دکھائی دینے لگے۔ لیکن سن '21 کا روس اور ایران کا سمجھوتہ موجود ہے، جس سے انگریز سرکار کی بڑھنے کی ہمت نہ ہو سکی۔ محمد مصادق کو گرانے کی کوششیں کی گئیں۔ پانی کی طرح روپیہ خرچ کرکے مجلس کے ممبروں، ایران کے وزیروں اور سرکاری نوکروں کو توڑنے پھوڑنے کی کوششیں ہوئیں۔ پیشین گوئی کی گئی کہ محمد مصادق کو مجلس میں بہومت نہیں مل سکتا اور اُسکی سرکار ختم ہونے والی ہے۔ مجلس کے سامنے محمد مصادق پر وشواس کی تجویز آئی اور ایک رائے سے پاس ہوگئی۔ یہ بھی پیشین گوئی کی گئی کہ تیل کی آمدنی رک جانے سے ایران کی سرکار کا دیوالہ نکل جائیگا۔ لیکن ایران کی ساری جنتا، امیر اور غریب نے اپنی زندگی بھر کی کمائی، نقدی اور زیور مصادق کے حوالے کردیئے، یہاں تک کہ مصادق کو کروڑوں کی رقمیں لوٹانی پڑگئیں اور اعلان کرنا پڑا کہ کوئی روپے وغیرہ نہ بھیجے، سرکار کو کوئی ضرورت نہیں ہے۔ اس بیچ روس نے بھی 308 من سونا، جو اُسے پچھلی جنگ کے ایک سمجھوتے کے انوسار ایران کو دینا تھا، ایران بھیج دیا ہے۔ مصادق آج ساری ایرانی قوم کا دیوتا بنا ہوا ہے اور معلوم ہوتا ہے کہ دیش کے ساتھ دغا کے بیج اب اس ہوا میں ایران کے اندر پنپنے نہیں پا رہے ہیں۔

कम्पनी अपने मुनाफ़े का 16 फ़ी सदी ईरानी सरकार को देती थी जब कि रूसी कम्पनी अपने मुनाफ़े का 49 फ़ी सदी ईरानी सरकार को देने को तैयार हो गई. उस समय भी ईरान के बड़े वज़ीर ने उसे मंज़ूर कर लिया लेकिन बग़ैर मजलिस के पास किये ठेका मंज़ूर न समझा जा सकता था. ईरान में उस समय तक यह ख़याल बहुत ज़ोर पकड़ चुका था कि ईरान का तेल ईरान की मिल्कियत है. ईरान उसे ख़ुद निकाल कर और साफ़ करके पूरा फ़ायदा क्यों न उठाए. विदेशी माहिर ज़रूरत के मुताबिक़ नौकर रक्खे जा सकते हैं—जिस देश से भी आसानी से मिल सकें. यह एक ध्यान देने की बात है कि यही मोहम्मद मुस्सादिक़ जो इस समय अंगरेज़ कम्पनी के ठेके के ख़िलाफ़ डटा हुआ है, उस समय रूसी कम्पनी को ठेका देने के भी ज़ोरों से ख़िलाफ़ था. मजलिस ने रूसी कम्पनी की दरख़ास्त नामंज़ूर करदी. उसी समय से यह बात पक्की होगई कि ईरान जितनी जल्दी हो सकेगा अंगरेज़ कम्पनी के ठेके को भी ख़तम करने की कोशिश करेगा.

ऐंग्लो अमरीकी साज़िशें

सन 1946 के बाद से दुनिया और ख़ासकर एशियाई मुल्कों की राजकाजी और माली हालत कहीं ज़्यादा पेचीदा होती जा रही है. सन '50 और '51 के ईरान के हालात पाठकों के सामने ताज़ा हैं. जहाँ से और जिधर से भी हो सके इंगलैन्ड और अमरीका रूस के ख़िलाफ़ आख़िरी जंग लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. हाल में अमरीका की सरकार ने आधी दुनिया के ऊपर और सोवियत रूस के चारो तरफ़ अपने फ़ौजी, समन्दरी और हवाई अड्डे बनाने के लिये अपनी काँगरेस से 656 करोड़ डालर यानी क़रीब बीस अरब रुपए की माँग की है. अड्डों का यह सिलसिला दुनिया के 48 ख़ास ख़ास देशों में से 44 देशों मे फैला हुआ होगा जिनमे जापान, फ़िलिपाइन्स वग़ैरा सब शामिल हैं. बहुत से देशों के नाम अभी गुप्त रक्खे गए हैं. यह सिलसिला दो साल में बनकर तैयार होगा. 35 लाख आदमियो की इसमें ज़रूरत होगी. अमरीकी सरकार ने साफ़ कहा है कि यह अड्डे ऐसे मुक़ामो पर होंगे जहाँ से ज़रूरत पड़ने पर रूस पर आसानी से बम बरसाए जा सकें. ज़ाहिर है बीच एशिया और पच्छिम एशिया के सब मुल्क इस जाल का शिकार हैं.

सन '50 में इंगलैन्ड और अमरीका ने मिलकर ईरानी सरकार से दरख़ास्त की कि इन दोनों देशो को ईरान में जुग़राफ़ियाई सर्वे (ज्योग्राफ़िकल एन्ड टोपोग्राफ़िकल सर्वे) करने की इजाज़त दी जाय. रूस ने ईरान को इस तजवीज़ के ख़िलाफ़ आगाह किया. ईरान ने इजाज़त देने से इनकार कर दिया.

کمپنی اپنے منافع کا 16 فی صدی ایرانی سرکار کو دیتی تھی جبکہ روسی کمپنی اپنے منافع کا 49 فی صدی ایرانی سرکار کو دینے کو تیار ہوگئی. اس سمے بھی ایران کے بڑے وزیر نے اسے منظور کر لیا لیکن بغیر مجلس کے پاس کئے ٹھیکہ منظور نہ سمجھا جا سکتا تھا . ایران میں اس سمے تک یہ خیال بہت زور پکڑ چکا تھا کہ ایران کا تیل ایران کی ملکیت ہے . ایران اُسے خود نکال کر اور صاف کرکے پورا فائدہ کیوں نہ اُٹھائے . ودیشی ماہر ضرورت کے مطابق نوکر رکھے جا سکتے ہیں — جس دیش سے بھی آسانی سے مل سکیں . یہ ایک دھیان دینے کی بات ہے کہ یہی محمد مصادق جو اس سمے انگریز کمپنی کے ٹھیکے کے خلاف ڈٹا ہوا ہے' اس سمے روسی کمپنی کو ٹھیکہ دینے کے بھی زوروں سے خلاف تھا . مجلس نے روسی کمپنی کی درخواست نا منظور کر دی . اسی سمے سے یہ بات پکی ہوگئی کہ ایران جتنی جلدی ہوسکیگا انگریز کمپنی کے ٹھیکے کو بھی ختم کرنے کی کوشش کریگا .

اینگلو امریکی سازشیں

سن '46 کے بعد سے دنیا اور خاص کر ایشیائی ملکوں کی راج کاجی اور مالی حالت کہیں زیادہ پیچیدہ ہوتی جا رہی ہے . سن '50 اور '51 کے ایران کے حالات پاٹھکوں کے سامنے تازہ ہیں . جہاں سے اور جدھر سے بھی ہوسکے انگلینڈ اور امریکہ روس کے خلاف آخری جنگ لڑنے کی تیاری کر رہے ہیں . حال میں امریکہ کی سرکار نے آدھی دنیا کے اوپر اور سوویت روس کے چاروں طرف اپنے فوجی' سمندری اور ہوائی اڈے بنانے کے لئے اپنی کانگریس سے 656 کروڑ ڈالر یعنی قریب بیس ارب روپے کی مانگ کی ہے . اڈوں کا یہ سلسلہ دنیا کے 48 خاص خاص دیشوں میں سے 44 دیشوں میں پھیلا ہوا ہوگا جن میں جاپان' فلپائنس وغیرہ سب شامل ہیں . بہت سے دیشوں کے نام ابھی گپت رکھے گئے ہیں . یہ سلسلہ دو سال میں بنکر تیار ہوگا. 35 لاکھ آدمیوں کی اس میں ضرورت ہوگی. امریکی سرکار نے صاف کہا ہے کہ یہ اڈے ایسے مقاموں پر ہونگے جہاں سے ضرورت پڑنے پر روس پر آسانی سے بم برسائے جاسکیں . ظاہر ہے بیچ ایشیا اور پچھم ایشیا کے سب ملک اس جال کا شکار ہیں .

سن '50 میں انگلینڈ اور امریکہ نے ملکر ایرانی سرکار سے درخواست کی کہ ان دونوں دیشوں کو ایران میں جغرافیائی سروے (جیوگرافیکل اینڈ ٹوپو گرافیکل سروے) کرنے کی اجازت دی جائے . روس نے ایران کو اس تجویز کے خلاف آگاہ کیا . ایران نے اجازت دینے سے انکار کر دیا .

लिये रज़ा शाह पर हद दरजे का दबाव डाला गया. उस समय भी इंगलैन्ड के जंगी जहाज़ ईरान की खाड़ी में पहुँच गए थे. हालत नाज़ुक हो चली थी. आख़िर रज़ा शाह ने अपनी मरज़ी के ख़िलाफ़ इस शर्त को मान लिया.

मई सन '33 में ईरान की सरकार और ऐंगलो ईरानियन आइल कम्पनी के बीच एक नया समझौता होगया जिसमें ईरान के दक्खिन पच्छिमी किनारे की एक लाख वर्ग मील ज़मीन में, जो कुल ईरान का 62 वां हिस्सा है, अंगरेज़ कम्पनी को साठ बरस के लिये तेल निकालने, उसे साफ़ करने और बेचने का ठेका मिल गया.

रज़ा शाह के साथ अंगरेज़ों के झगड़े और दोनों में अनबन बढ़ती चली गई.

दूसरी बड़ी जंग

सन '39 में दूसरी बड़ी जंग शुरू होगई. कुछ दिनों बाद जरमनी ने रूस पर हमला कर दिया. रूस और इंगलैन्ड दोनों के लिये अब जरमनी को बढ़ने से रोकने की कोशिश करना ज़रूरी होगया. इसके अलावा रूसी फ़ौज को रसद और सामान पहुँचाने का रास्ता भी ईरान से होकर ही था. फिर वही सन '14 वाली हालत पैदा होगई. अगस्त सन '41 में रूसी फ़ौज ने उत्तर ईरान पर और अंगरेज़ी फ़ौज ने दक्खिन ईरान पर एक ही दिन क़ब्ज़ा कर लिया. रज़ा शाह ख़ासकर अंगरेज़ों के इस क़ब्ज़े के ख़िलाफ़ था. वह ईरान की तरफ़ से जरमनी के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान करना भी नहीं चाहता था. अंगरेज़ों की साज़िशें ईरान में रज़ा शाह के ख़िलाफ़ पहले ही से चल रही थीं. रज़ा शाह के समाज सुधारों से मौक़ा पाकर अंगरेज़ों ने कट्टर मौलवियों और ईरान के कुछ बड़े बड़े ज़मींदारों को रज़ा शाह के ख़िलाफ़ तैयार किया. सन '41 ही में रज़ा शाह गद्दी से उतार दिया गया और उसका बाईस साल का लड़का ईरान के तख़्त पर बैठा दिया गया. ईरान ने जरमनी के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान कर दिया. कहा जाता है कि रज़ा शाह के ख़िलाफ़ इस साज़िश में रूस का कोई हाथ न था. लेकिन अमरीका का पूरा पूरा हिस्सा था.

दिसम्बर सन '43 में अंगरेज़, रूस और अमरीका तीनों ने एलान कर दिया कि जंग ख़तम होने के छै महीने के अन्दर सब विदेशी फ़ौजें ईरान से हटा ली जायंगी. दो सितम्बर सन '45 को जंग ख़तम हुई. सन '46 में अंगरेज़ी, अमरीकी और रूसी फ़ौजें ईरान से हटा ली गईं.

उसी साल उत्तर ईरान से तेल निकालने के लिये रूस ने अपनी एक कम्पनी बनाई और ईरानी सरकार से उसी तरह तेल निकालने का ठेका लेना चाहा जिस तरह अंगरेज़ कम्पनी को मिला हुआ था. फ़रक़ केवल यह था कि अंगरेज़

لئے رضا شاہ پر حد درجے کا دباؤ ڈالا گیا۔ اُس سمے بھی انگلینڈ کے جنگی جہاز ایران کی کھاڑی میں پہنچ گئے تھے۔ حالت نازک ہو چلی تھی۔ آخر رضا شاہ نے اپنی مرضی کے خلاف اس شرط کو مان لیا۔

مئی سن '33 میں ایران کی سرکار اور اینگلو ایرانین آئل کمپنی کے بیچ ایک نیا سمجھوتہ ہوگیا جس میں ایران کے دکھن پچھمی کنارے کی ایک لاکھ ورگ میل زمین میں، جو کل ایران کا 62 واں حصہ ہے، انگریز کمپنی کو ساٹھ برس کے لئے تیل نکالنے، اُسے صاف کرنے اور بیچنے کا ٹھیکہ مل گیا۔

رضا شاہ کے ساتھ انگریزوں کے جھگڑے اور دونوں میں اَن بن بڑھتی چلی گئی۔

دوسری بڑی جنگ

سن '39 میں دوسری بڑی جنگ شروع ہوگئی۔ کچھ دنوں بعد جرمنی نے روس پر حملہ کر دیا۔ روس اور انگلینڈ دونوں کے لئے اب جرمنی کو بڑھنے سے روکنے کی کوشش کرنا ضروری ہوگیا۔ اس کے علاوہ روسی فوج کو رسد اور سامان پہنچانے کا راستہ بھی ایران سے ہوکر ہی تھا۔ پھر وہی سن '14 والی حالت پیدا ہوگئی۔ اگست سن '41 میں روسی فوج نے اُتر ایران پر اور انگریزی فوج نے دکھن ایران پر ایک ہی دن قبضہ کر لیا۔ رضا شاہ خاصکر انگریزوں کے اس قبضے کے خلاف تھا۔ وہ ایران کی طرف سے جرمنی کے خلاف جنگ کا اعلان کرنا بھی نہیں چاہتا تھا۔ انگریزوں کی سازشیں ایران میں رضا شاہ کے خلاف پہلے ہی سے چل رہی تھیں۔ رضا شاہ کے سماج سدھاروں سے موقع پاکر انگریزوں نے کٹر مولویوں اور ایران کے کچھ بڑے بڑے زمینداروں کو رضا شاہ کے خلاف تیار کیا۔ سن '41 ہی میں رضا شاہ گدی سے اُتار دیا گیا اور اس کا بائیس سال کا لڑکا ایران کے تخت پر بیٹھا دیا گیا۔ ایران نے جرمنی کے خلاف جنگ کا اعلان کر دیا۔ کہا جاتا ہے کہ رضا شاہ کے خلاف اِس سازش میں روس کا کوئی ہاتھ نہ تھا۔ لیکن امریکہ کا پورا پورا حصہ تھا۔

دسمبر سن '43 میں انگریز، روس اور امریکہ تینوں نے اعلان کر دیا کہ جنگ ختم ہونے کے چھہ مہینے کے اندر سب ودیشی فوجیں ایران سے ہٹا لی جائینگی۔ دو ستمبر سن '45 کو جنگ ختم ہوئی۔ سن '46 میں انگریزی، امریکی اور روسی فوجیں ایران سے ہٹا لی گئیں۔

اُسی سال اُتر ایران سے تیل نکالنے کے لئے روس نے اپنی ایک کمپنی بنائی اور ایرانی سرکار سے اُسی طرح تیل نکالنے کا ٹھیکہ لینا چاہا جس طرح انگریز کمپنی کو ملا ہوا تھا۔ فرق کیول یہ تھا کہ انگریز

हो गया था, एक एक कर वह सब रिआयतें अंगरेज़ों से वापस ले लीं जो ईरान की कमज़ोरी के ज़माने में उन्हें मिल चुकी थीं. इम्पीरियल बैंक आफ़ परशिया तोड़ डाला गया. ईरान की खाड़ी में सब अंगरेज़ी रोशनी घरों पर ईरानी सरकार का कब्ज़ा होगया. इन्डो योरोपियन टेलीग्राफ़ कम्पनी का सारा कारबार ईरानी सरकार ने अपने हाथों में ले लिया. इंगलैन्ड को अपने कोयला भरने के स्टेशन हटाने पड़े वग़ैरा.

ईरान और अंगरेज़ों का सम्बन्ध अब सिर्फ़ एक चीज़ के बारे में रह गया और वह था तेल निकालने का ठेका. यह ठेका ईरानी सरकार की तरफ़ से एक अंगरेज़ी ब्योपारी कम्पनी 'एंग्लो ईरानियन आइल कम्पनी' को मिला हुआ था और तय यह था कि अंगरेज़ कम्पनी तेल के इस ब्योपार से जो कुछ मुनाफ़ा कमायगी उसका सोलह फ़ी सदी ईरानी सरकार को देगी.

*जिस तरह इस वक़्त 'यू. एन. ओ.' है उसी तरह उस वक़्त 'लीग आफ़ नेशन्स' बनी हुई थी. यू. एन. ओ. कहने को सब क़ौमों की पंचायत है पर असल में दो तीन सलतनत के प्यासे मुल्कों के हाथ की कठपुतली है, ठीक यही हालत उस वक़्त लीग आफ़ नेशन्स की थी. जिस तरह अब सन 1951 में एंग्लो ईरानियन आइल कम्पनी ने मोहम्मद मुस्सादिक़ के हुकुम के ख़िलाफ़ यू. एन. ओ. की क़ायम की हुई हेग की अन्तरक़ौमी अदालत से अपील की है, उसी तरह उस वक़्त इसी कम्पनी ने रज़ा शाह के हुकुम के ख़िलाफ़ लीग आफ़ नेशन्स से अपील करना चाहा था. ठीक जिस तरह मोहम्मद मुस्सादिक़ ने इस समय ईरानी सरकार और एक ब्योपारी कम्पनी के बीच के झगड़े में अंतरक़ौमी अदालत के अधिकार को मानने से इनकार कर दिया उसी तरह उस समय रज़ा शाह ने लीग आफ़ नेशन्स के अधिकार को मानने से इनकार कर दिया.

सन 1933 का समझौता

बातचीत हुई. कम्पनी ने बहुत सी नई शर्तें रज़ा शाह की मान लीं. सिर्फ़ एक बात पर मामला कुछ अटका. नई शर्तों के बदले में कम्पनी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कम्पनी का ठेका नए सिरे से साठ बरस के लिये कर दिया जाय. यानी जो ठेका सन 1962 में ख़तम होने वाला था वह सन 1993 में ख़तम हो. इस शर्त को मंज़ूर कराने के

*नवम्बर सन 1932 में रज़ा शाह ने यह देख कर कि अंगरेज़ कम्पनी ईरानी सरकार को उसके हिस्से की मुनासिब रकम अदा नहीं कर रही है कम्पनी पर कुछ नई शर्तें लगाना चाहा और हुकुम दिया कि अगर नई शर्तें न मानी गईं तो कम्पनी का ठेका रद्द समझा जायगा.

ہوگیا تھا، ایک ایک کر وہ سب رعائتیں انگریزوں سے واپس لے لیں جو ایران کی کمزوری کے زمانے میں انہیں مل چکی تھیں ۔ امپیریل بینک آف پرشیا توڑ ڈالا گیا ۔ ایران کی کھاڑی میں سب انگریزی روشنی گھروں پر ایرانی سرکار کا قبضہ ہوگیا ۔ انڈو یوروپین ٹیلیگراف کمپنی کا سارا کاربار ایرانی سرکار نے اپنے ہاتھوں میں لے لیا ۔ انگلینڈ کو اپنے کوئلہ بھرنے کے اسٹیشن ہٹانے پڑے وغیرہ ۔

ایران اور انگریزوں کا سمبندھ اب صرف ایک چیز کے بارے میں رہ گیا اور وہ تھا تیل نکالنے کا ٹھیکہ ۔ یہ ٹھیکہ ایرانی سرکار کی طرف سے ایک انگریزی بیوپاری کمپنی 'اینگلو ایرانین آئل کمپنی' کو ملا ہوا تھا اور طے یہ تھا کہ انگریز کمپنی تیل کے اس بیوپار سے جو کچھ منافع کمائیگی اسکا سولہ فیصدی ایرانی سرکار کو دیگی ۔

* جس طرح اس وقت 'یو ۔ این ۔ او' ہے اسی طرح اس وقت 'لیگ آف نیشنس' بنی ہوئی تھی ۔ یو ۔ این ۔ او کہنے کو سب قوموں کی پنچائت ہے پر اصل میں دو تین سلطنت کے پیاسے ملکوں کے ہاتھ کی کٹھ پتلی ہے، ٹھیک یہی حالت اس وقت لیگ آف نیشنس کی تھی ۔ جس طرح اب سن 1951 میں اینگلو ایرانین آئل کمپنی نے محمد مصادق کے حکم کے خلاف یو ۔ این ۔ او ۔ کی قائم کی ہوئی ہیگ کی انتر قومی عدالت سے اپیل کی ہے، اسی طرح اس وقت اسی کمپنی نے رضا شاہ کے حکم کے خلاف لیگ آف نیشنس سے اپیل کرنا چاہا تھا ۔ ٹھیک جس طرح محمد مصادق نے اس سمے ایرانی سرکار اور ایک بیوپاری کمپنی کے بیچ کے جھگڑے میں انتر قومی عدالت کے ادھیکار کو ماننے سے انکار کردیا اسی طرح اس سمے رضا شاہ نے لیگ آف نیشنس کے ادھیکار کو ماننے سے انکار کردیا ۔

سن 1933 کا سمجھوتہ

بات چیت ہوئی ۔ کمپنی نے بہت سی نئی شرطیں رضا شاہ کی مان لیں ۔ صرف ایک بات پر معاملہ کچھ اٹکا ۔ نئی شرطوں کے بدلے میں کمپنی نے اس بات پر زور دیا کہ کمپنی کا ٹھیکہ نئے سرے سے ساٹھ برس کے لئے کر دیا جائے ۔ یعنی جو ٹھیکہ سن 1962 میں ختم ہونے والا تھا وہ سن 1993 میں ختم ہو ۔ اس شرط کو منظور کرانے کے

* نومبر سن 1932 میں رضا شاہ نے یہ دیکھکر کہ انگریز کمپنی ایرانی سرکار کو اسکے حصے کی مناسب رقم ادا نہیں کررہی ہے کمپنی پر کچھ نئی شرطیں لگانا چاہا اور حکم دیا کہ اگر نئی شرطیں نہ مانی گئیں تو کمپنی کا ٹھیکہ رد سمجھا جائیگا ۔

ईरान के बड़े वज़ीर ने लार्ड कर्ज़न की नई तजवीज़ को मान लिया. पर इस बीच ईरान में मजलिस यानी वहाँ की पार्लिमेन्ट क़ायम हो चुकी थी. जब तक मजलिस नई तजवीज़ को मंज़ूर न कर ले तब तक उसे मंज़ूर नहीं समझा जा सकता था.

यह नई तजवीज़ ठीक उसी तरह की थी जो अंगरेज़ उन्नीसवीं सदी में मिस्र के ऊपर लाद चुके थे. अगर मजलिस इस समझौते को मान लेती तो इसका मतलब एक अरसे के लिये ईरान की आज़ादी का ख़ातमा था.

ईरान और बोलशेविक रूस

बोलशेविक रूस ने एक और क़दम बढ़ाया. फ़रवरी सन 1921 में नई रूसी सरकार ने अपनी तरफ़ से ईरान के अन्दर वह सब रिआयतें और ख़ास अधिकार छोड़ देने का ऐलान कर दिया जो ज़ार की सरकार ने ईरान में ले रक्खे थे. इसी समय रूस और ईरान में यह सुलहनामा होगया कि अगर अंगरेज़ अपनी जंग के वक़्त की आई हुई फ़ौज को ईरान की ज़मीन से हटाने में देर करेंगे, या आइन्दा किसी समय कोई विदेशी ताक़त अपनी फ़ौज ईरान के किसी हिस्से में उतारेगी तो रूस फ़ौरन अपनी फ़ौज ईरान में भेज कर उस दूसरी ताक़त की फ़ौज को बाहर निकालने में ईरानी सरकार को मदद देगा.

ईरान और रूस के बीच तिजारत और दोस्ती बढ़ती चली गई. एक बड़े दरजे तक रूस की उस समय की कारवाइयों ने ही ईरानियों को हिम्मत दिलाई और उनके देश को इंगलैन्ड के जाल में फँसने से बचाया.

रज़ा ख़ाँ

उसी संकट के समय ईरानी देशभक्त, नेता और सुधारक रज़ा ख़ाँ ने ईरान के शासन की बाग अपने हाथों में ली. रज़ा ख़ाँ ईरान का फ़ौजी डिक्टेटर बना. सारी ईरानी फ़ौज और ईरानी जनता में एक नई जान आगई. सन 1921 में रज़ा ख़ाँ ने अंगरेज़ों की सन 1919 वाली तजवीज़ को नामंज़ूर कर दिया. मजलिस ने उसे पास करने से इनकार कर दिया.

अंगरेज़ों ने देख लिया कि अगर जनता और फ़ौज दोनों की मरज़ी के ख़िलाफ़ और अधिक ज़बरदस्ती की कोशिश की गई तो सारा ईरान बोलशेविक रूस की गोद में जा बैठेगा.

रज़ा ख़ाँ की ताक़त बढ़ती गई. स्मिथ साहब को ईरान छोड़ कर भागना पड़ा. लार्ड कर्ज़न अपना सा मुँह लेकर इंगलैन्ड वापस आ गए. इसके बाद सन 1922 से लेकर दस बरस के अन्दर रज़ा ख़ाँ ने, जो बाद में रज़ा शाह

ایران کے بڑے وزیر نے لارڈ کرزن کی نئی تجویز کو مان لیا ۔ پر اس بیچ ایران میں مجلس یعنی وہاں کی پارلیمنٹ قائم ہو چکی تھی ۔ جب تک مجلس نئی تجویز کو منظور نہ کر لے تب تک اُسے منظور نہیں سمجھا جاسکتا تھا ۔

یہ نئی تجویز ٹھیک اُسی طرح کی تھی جو انگریز اُنیسویں صدی میں مصر کے اوپر لاد چکے تھے اگر مجلس اِس سمجھوتے کو مان لیتی تو اس کا مطلب ایک عرصے کے لئے ایران کی آزادی کا خاتمہ تھا ۔

ایران اور بولشیوک روس

بولشیوک روس نے ایک اور قدم بڑھایا ۔ فروری سن 1921 میں نئی روسی سرکار نے اپنی طرف سے ایران کے اندر وہ سب رعایتیں اور خاص ادھیکار چھوڑ دینے کا اعلان کردیا جو زار کی سرکار نے ایران میں لے رکھے تھے ۔ اِسی سمے روس اور ایران میں یہ صلحنامہ ہوگیا کہ اگر انگریز اپنی جنگ کے وقت کی آئی ہوئی فوج کو ایران کی زمین سے ہٹانے میں دیر کریں گے، یا آئندہ کسی سمے کوئی ودیشی طاقت اپنی فوج ایران کے کسی حصے میں اُتارے گی تو روس فوراً اپنی فوج ایران میں بھیج کر اُس دوسری طاقت کی فوج کو باہر نکالنے میں ایرانی سرکار کو مدد دے گا ۔

ایران اور روس کے بیچ تجارت اور دوستی بڑھتی چلی گئی ۔ ایک بڑے درجے تک روس کی اُس سمے کی کاروائیوں نے ہی ایرانیوں کو ہمت دلائی اور اُن کے دیش کو انگلینڈ کے جال میں پھنسنے سے بچایا ۔

رضا خاں

اُسی سنکٹ کے سمے ایرانی دیش بھکت، نیتا اور سدھارک رضا خاں نے ایران کے شاسن کی باگ اپنے ہاتھوں میں لی ۔ رضا خاں ایران کا فوجی ڈکٹیٹر بنا ۔ ساری ایرانی فوج اور ایرانی جنتا میں ایک نئی جان آگئی ۔ سن 1921 میں رضا خاں نے انگریزوں کی سن 1919 والی تجویز کو نامنظور کردیا ۔ مجلس نے اُسے پاس کرنے سے انکار کردیا ۔

انگریزوں نے دیکھ لیا کہ اگر جنتا اور فوج دونوں کی مرضی کے خلاف اور ادھک زبردستی کی کوشش کی گئی تو سارا ایران بولشیوک روس کی گود میں جا بیٹھیگا ۔

رضا خاں کی طاقت بڑھتی گئی ۔ اسمتھ صاحب کو ایران چھوڑکر بھاگنا پڑا ۔ لارڈکرزن اپنا سا منھ لیکر انگلینڈ واپس آگئے ۔ اسکے بعد سن 1922 سے لیکر دس برس کے اندر رضا خاں نے، جو بعد میں رضا شاہ

अन्दर उस ज़माने के रूसियों और अंगरेज़ों की साज़िशों को बड़ी अच्छी तरह और बड़े दर्द के साथ दिखलाया है. रूस और इंगलैन्ड ही के असर से शस्तर को ईरान से निकाल दिया गया. रूस और इंगलैन्ड की साज़िशें और बढ़ती चली गईं. ईरान की हालत बद से बदतर होती गई.

पहली बड़ी जंग

सन 1914 में पहली बड़ी जंग शुरू हुई. तुर्की और जरमनी एक तरफ़ थे और इंगलैन्ड और रूस दूसरी तरफ़. तुर्की की सरहद ईरान के उत्तर पच्छिमी सरहद से मिली हुई है. तुर्की या जरमनी के हमले से अपने बचाव का बहाना लेकर अब रूसी फ़ौज ने बाज़ाब्ता उत्तरी ईरान पर क़ब्ज़ा कर लिया और अंगरेज़ी फ़ौज ने दक्खिनी ईरान में डेरे डाल दिये.

सन 1917 में रूस में इनक़लाब हुआ. ज़ार की सलतनत हमेशा के लिये ख़तम होगई. रूस में बोलशेविक हकूमत क़ायम हो गई. रूस की सारी राजनीत बदल गई. इस इनक़लाब के बाद ही रूस ने अपनी सारी फ़ौज ईरान से हटा ली.

इंगलैन्ड के लिये अब मैदान और साफ़ होगया. सन 1918 में जंग ख़तम होगई. फिर भी अंगरेज़ी फ़ौज ईरान को ख़ाली करने की जगह अब उत्तर की तरफ़ फैल गई. ईरान का रूस से ख़तरा अब मिट चुका था. पर उत्तर से दक्खिन तक सारे ईरान में अब जगह जगह अंगरेज़ी फ़ौज की छावनियाँ पड़ी हुई थीं.

लार्ड कर्ज़न की साज़िश

सन 1919 में वही लार्ड कर्ज़न, जिन्होंने 14 बरस पहले हिन्दुस्तान के गवरनर जनरल की हैसियत से बंगाल के दो टुकड़े करके इस देश में खलबली मचा दी थी, ईरान पहुँचे. ईरानी सरकार के साथ उन्होंने अब एक नया समझौता करना चाहा. इस समझौते की पहली दफ़ा यह थी कि इंगलैन्ड की सरकार ईरान को पूरी तरह आज़ाद मुल्क मानती है और बाक़ी सब दफ़ों में इस बात का प्रबन्ध किया गया था कि ईरान की सारी फ़ौज और वहाँ के सारे सरकारी मुलाज़िम अंगरेज़ों के पूरी तरह मातहत हो जावें.

स्मिथ नाम के एक अंगरेज़ को एक बहुत बड़े अमले के साथ ईरानी सरकार का माली सलाहकार (फ़ाइनेन-शियल एडवाइज़र) बना कर भेजा गया. इम्पीरियल बैंक आफ़ परशिया नाम से एक नया बैंक अंगरेज़ों की पूंजी से और पूरी तरह अंगरेज़ों के अधिकार में तेहरान में खोल दिया गया जिस से ईरान के आर्थिक जीवन को हर तरह अपने क़ब्ज़े में रक्खा जा सके. ईरान की राज-धानी तेहरान में साज़िशों का एक नया जाल बिछा दिया गया.

اندر اُس زمانے کے روسیوں اور انگریزوں کی سازشوں کو بڑی اچھی طرح اور بڑے درد کے ساتھ دکھلایا ہے ۔ روس اور انگلینڈ ہی کے اثر سے شسٹر کو ایران سے نکال دیا گیا ۔ روس اور انگلینڈ کی سازشیں اور بڑھتی چلی گئیں ۔ ایران کی حالت بد سے بدتر ہوتی گئی ۔

پہلی بڑی جنگ

سن 1914 میں پہلی بڑی جنگ شروع ہوئی ۔ ترکی اور جرمنی ایک طرف تھے اور انگلینڈ اور روس دوسری طرف ۔ ترکی کی سرحد ایران کے اُتر پچھمی سرحد سے ملی ہوئی ہے ۔ ترکی یا جرمنی کے حملے سے اپنے بچاو کا بہانہ لے کر اب روسی فوج نے باضابطہ اُتری ایران پر قبضہ کر لیا اور انگریزی فوج نے دکھنی ایران میں ڈیرے ڈال دئیے ۔

سن 1917 میں روس میں انقلاب ہوا ۔ زار کی سلطنت ہمیشہ کے لئے ختم ہوگئی۔ روس میں بولشویک حکومت قائم ہوگئی ۔ روس کی ساری راج نیت بدل گئی ۔ اِس انقلاب کے بعد ہی روس نے اپنی ساری فوج ایران سے ہٹالی ۔

انگلینڈ کے لئے اب میدان اور صاف ہوگیا ۔ سن 1918 میں جنگ ختم ہوگئی ۔ پھر بھی انگریزی فوج ایران کو خالی کرنے کی جگہ اب اُتر کی طرف پھیل گئی ۔ ایران کا روس سے خطرہ اب مٹ چکا تھا ۔ پر اُتر سے دکھن تک سارے ایران میں اب جگہ جگہ انگریزی فوج کی چھاؤنیاں پڑی ہوئی تھیں ۔

لارڈ کرزن کی سازش

سن 1919 میں وہی لارڈ کرزن' جنہوں نے 14 برس پہلے ہندستان کے گورنر جنرل کی حیثیت سے بنگال کے دو ٹکڑے کرکے اِس دیش میں کھلبلی مچادی تھی' ایران پہنچے ۔ ایرانی سرکار کے ساتھ اُنہوں نے اب ایک نیا سمجھوتہ کرنا چاہا ۔ اِس سمجھوتے کی پہلی دفعہ یہ تھی کہ انگلینڈ کی سرکار ایران کو پوری طرح آزاد ملک مانتی ہے اور باقی سب دفعوں میں اِس بات کا پربندھ کیا گیا تھا کہ ایران کی ساری فوج اور وہاں کے سارے سرکاری ملازم انگریزوں کے پوری طرح ماتحت ہو جاویں ۔

اِسمتھ نام کے ایک انگریز کو ایک بہت بڑے عملے کے ساتھ ایرانی سرکار کا مالی صلاح کار (فائننشیل ایڈوائزر) بناکر بھیجا گیا ۔ امپیریل بینک آف پرشیا نام سے ایک نیا بینک انگریزوں کی پونجی سے اور پوری طرح انگریزوں کے ادھیکار میں طہران میں کھول دیا گیا جس سے ایران کے آرتھک جیون کو ہر طرح اپنے قبضے میں رکھا جاسکے ۔ ایران کی راجدھانی طہران میں سازشوں کا ایک نیا جال بچھا دیا گیا ۔

जहाज़ों को जहाज़ी चोरी रोकने का बहाना लेकर लूटना शुरू कर दिया. ईरान के साथ हथियारों की सारी तिजारत अपने हाथ में ले ली, अपने जहाज़ों के लिये कोयला भरने के लिये स्टेशन बना लिये. यहाँ तक कि ईरान की खाड़ी का वह सारा हिस्सा जो किनारे से मिला हुआ है, अंगरेज़ों की फ़ौजी जहाज़ी चौकियों से भर गया.

सन 1901 में अंगरेज़ों ने दक्खिन पच्छिमी ईरान में मिट्टी के तेल के कुओं का पता लगाने और तेल निकालने का ठेका साठ बरस के लिये उस समय की कमज़ोर और नासमझ ईरानी सरकार से हासिल कर लिया.

रूस भी चुप न रह सकता था. उत्तर ईरान में जहाँ रूस और ईरान की सरहद मिली हुई है रूस ने रेलें बनाने, बैंक खोलने और तिजारती माल पर चुंगी वसूल करने के ठेके उसी समय के आसपास ईरानी सरकार से हासिल कर लिये.

ईरान की लूट में रूस और इंगलैन्ड की लाग डाट बढ़ती गई.

जरमनी भी ईरान की खाड़ी की तरफ़ बढ़ा और एक दो जगह उसने भी अपने फ़ौजी जहाज़ी अड्डे बना डाले.

सन 1904 में जरमनी के ख़िलाफ़ इंगलैन्ड और फ़्रान्स में दोस्ती होगई.

सन 1905 में रूस जापान युद्ध में रूस ने बुरी तरह हार खाई.

रूस की हिम्मतें अब कुछ दिनों के लिये टूट चुकी थीं.

सन 1907 में इंगलैन्ड ने मौक़ा देखकर जरमनी के ख़िलाफ़ रूस के साथ समझौता कर लिया. इंगलैन्ड और रूस ने आपस में तय कर लिया कि ईरान के तीन टुकड़े कर दिये जायं. उत्तर का हिस्सा रूस के असर में रहे, दक्खिन का इंगलैन्ड के और बीच का थोड़ा सा टुकड़ा 'आज़ाद' छोड़ दिया जावे.

मई सन 1908 में अंगरेज़ों को दक्खिन पच्छिमी ईरान में कुछ तेल के कुएं मिले. इंगलैन्ड का नाता ईरान के साथ बढ़ता चला गया.

रूस और इंगलैन्ड दोनों की तरफ़ से अब ईरान में साज़िशों के जाल बिछाए जाने लगे और ईरानी सरकार को अपनी कठपुतली बना कर रखने की कोशिशें होने लगीं.

अमरीकियों के दिल में उस समय तक अपना साम्राज बढ़ाने की लालसा नहीं जागी थी. एक अमरीकी विद्वान मारगन शस्टर को ईरानी सरकार ने अपने ख़ज़ाने का सबसे बड़ा अफ़सर मुक़र्रर किया. शस्टर एक बड़ा ईमानदार आदमी था. ईरानियों से उसे और उससे ईरानियों को सच्चा प्रेम था. उसने अपनी मशहूर किताब 'स्ट्रैंगलिंग आफ़ परशिया' (ईरान का गला घोटा जाना) में ईरान के

جہازوں کو جہازی چوری روکنے کا بہانہ لے کر لوٹنا شروع کر دیا. ایران کے ساتھ ہتھیاروں کی ساری تجارت اپنے ہاتھ میں لے لی' اپنے جہازوں کے لئے کوئلہ بھرنے کے لئے اسٹیشن بنا لئے. یہاں تک کہ ایران کی کھاڑی کا وہ سارا حصہ جو کنارے سے ملا ہوا ہے' انگریزوں کی فوجی جہازی چوکیوں سے بھر گیا.

سن 1901 میں انگریزوں نے دکھن پچھمی ایران میں مٹی کے تیل کے کنووں کا پتہ لگانے اور تیل نکالنے کا ٹھیکہ ساٹھ برس کے لئے اُس سمے کی کمزور اور ناسمجھ ایرانی سرکار سے حاصل کر لیا

روس بھی چپ نہ رہ سکتا تھا. اُتر ایران میں جہاں روس اور ایران کی سرحد ملی ہوئی ہے' روس نے ریلیں بنانے' بینک کھولنے اور تجارتی مال پر چنگی وصول کرنے کے ٹھیکے اُسی سمے کے آس پاس ایرانی سرکار سے حاصل کرلئے

ایران کی لوٹ میں روس اور انگلینڈ کی لاگ ڈانٹ بڑھتی گئی.

جرمنی بھی ایران کی کھاڑی کی طرف بڑھا اور ایک دو جگہ اُس نے بھی اپنے فوجی جہازی اڈے بنا ڈالے.

سن 1904 میں جرمنی کے خلاف انگلینڈ اور فرانس میں دوستی ہوگئی.

سن 1905 میں روس جاپان یدھ میں روس نے بری طرح ہار کھائی.

روس کی ہمتیں اب کچھ دنوں کے لئے ٹوٹ چکی تھیں

سن 1907 میں انگلینڈ نے موقع دیکھکر جرمنی کے خلاف روس کے ساتھ سمجھوتہ کر لیا. انگلینڈ اور روس نے آپس میں طے کر لیا کہ ایران کے تین ٹکڑے کر دئے جائیں. اُتر کا حصہ روس کے اثر میں رہے' دکھن کا انگلینڈ کے اور بیچ کا تھوڑا سا ٹکڑا 'آزاد' چھوڑ دیا جاوے.

مئی سن 1908 میں انگریزوں کو دکھن پچھمی ایران میں کچھ تیل کے کوئیں ملے. انگلینڈ کا ناتہ ایران کے ساتھ بڑھتا چلا گیا.

روس اور انگلینڈ دونوں کی طرف سے اب ایران میں سازشوں کے جال بچھائے جانے لگے اور ایرانی سرکار کو اپنی کٹھ پتلی بنا کر رکھنے کی کوششیں ہونے لگیں.

امریکیوں کے دل میں اُس سمے تک اپنا سامراج بڑھانے کی لالسا نہیں جاگی تھی. ایک امریکی ودوان مارگن شسٹر کو ایرانی سرکار نے اپنے خزانے کا سب سے بڑا افسر مقرر کیا. شسٹر ایک بڑا ایماندار آدمی تھا. ایرانیوں سے اُسے اور اُس سے ایرانیوں کو سچا پریم تھا. اُس نے اپنی مشہور کتاب 'سٹرینگلنگ آف پرشیا' (ایران کا گلا گھونٹا جانا) میں ایران کے

का बदन इतना हलका फुलका है कि मालूम होता है हवा के एक झोंके में उड़ जायगा, पर उस दुबले पतले जिस्म के अन्दर ऐसी ज़बरदस्त क़ूवते इरादी (संकल्प शक्ति) है जो ईरान के अलबुर्ज़ पहाड़ की चट्टान से भी ज़्यादा अटल और जो अबादान के सारे तेल से ज़्यादा भड़क उठने वाली है."

मुस्सादिक़ के रहन सहन से लोग उन्हें 'दरवेश' कहते हैं. कहते हैं उनका बिना फ़रश का कमरा सामान से उतना ही ख़ाली होता है जितना किसी साधू की कुटिया. वह ईरान के "सन्त देशभक्त" कहलाते हैं. लोग महात्मा गांधी से उनकी तुलना करते हैं.

मालूम होता है मुस्सादिक़ तेल के मामले में अंगरेज़ों के या दुनिया की किसी भी ताक़त के सामने बाल बराबर भी झुकने को तैयार नहीं. पर मोहम्मद मुस्सादिक़ कट्टर या अंधविश्वासी नहीं हैं. उन्होंने फ़्रान्स में राजनीत और अर्थशास्त्र की तालीम पाई है, स्विटज़रलैन्ड में क़ानून के डाक्टर की डिगरी ली है. मुस्सादिक़ उनका शुरू का नाम नहीं है. जब उनकी उमर केवल 25 बरस की थी तो उनकी ग़ैर मामूली ईमानदारी और सच्चाई को देख कर उस समय के ईरान के शाह ने उन्हें 'मुस्सादिक़' का ख़िताब दिया था जिसके मानी होते हैं सच्चा और ईमानदार. दुनिया के बहुत से लोगों को यक़ीन है कि मुस्सादिक़ न केवल ईरानियों को ग़रीबी और जहालत से ही छुटकारा दिलाने के लिये आए हैं बल्कि बीच एशिया और पच्छिम एशिया के देशों की बहुत सी उलझनों के उनके ज़रिये सुलझने की आशा की जाती है.

महात्मा गांधी और मोहम्मद मुस्सादिक़ में बहुत सी बातें मिलती जुलती हैं और इसमें कोई शक नहीं मोहम्मद मुस्सादिक़ इस समय की दुनिया के ऊँचे से ऊँचे और नेक से नेक आदमियों में से हैं.

ईरान, इंगलैन्ड और रूस

इंगलैन्ड ने पिछली सदी में ईरान और आसपास के समन्दर में उसी तरह बढ़ना शुरू किया जिस तरह कई सदी पहले ईस्ट इंडिया कम्पनी ने हिन्दुस्तान में किया था. सन 1870 में एक इन्डो योरोपियन टेलीग्राफ़ कम्पनी बनाई गई जिसने हिन्दुस्तान और योरप में सम्बन्ध के लिये ईरान के अन्दर तार के खम्बे बिछाने शुरू किये. इसके बाद अंगरेज़ ईरान की खाड़ी की तरफ़ बढ़े. धीरे धीरे ईरान के किनारे के समन्दर में इधर से उधर तक अंगरेज़ों ने अपने रोशनी घर (लाइट हाउस) बना डाले, समन्दर से तार ख़बर भेजने के लिये 'केबल्स' डाल दिये, ठीक जिस तरह वह हिन्दुस्तान में कर चुके थे उसी तरह पास से आने वाले

کا بدن اِتنا ھلکا پھلکا ھے کہ معلوم ھوتا ھے ھوا کے ایک جھونکے میں اُڑ جائیگا' پر اُس دبلے پتلے جسم کے اندر ایسی زبردست قوت اِرادی (سنکلپ شکتی) ھے جو ایران کے البرز پہاڑ کی چٹان سے بھی زیادہ اٹل اور جو ابادان کے سارے تیل سے زیادہ بھڑک اُٹھنے والی ھے "۔

مصادق کے رھن سہن سے لوگ اُنھیں ' درویش ' کہتے ھیں ۔ کہتے ھیں اُن کا بنا فرش کا کمرہ سامان سے اُتنا ھی خالی ھوتا ھے جتنا کسی سادھو کی کٹیا ۔ وہ ایران کے "سنت دیش بھکت" کہلاتے ھیں لوگ مہاتما گاندھی سے اُن کی تلنا کرتے ھیں ۔

معلوم ھوتا ھے مصادق تیل کے معاملے میں انگریزوں کے یا دنیا کی کسی بھی طاقت کے سامنے بال برابر بھی جھکنے کو تیار نہیں ۔ پر محمد مصادق کٹر یا اندھ وشواسی نہیں ھیں ۔ اُنھوں نے فرانس میں راج نیت اور ارتھ شاستر کی تعلیم پائی ھے' سوئٹزرلینڈ میں قانون کے ڈاکٹر کی ڈگری لی ھے ۔ مصادق ان کا شروع کا نام نہیں ھے ۔ جب اُنکی عمر کیول 25 برس کی تھی تو اُنکی غیر معمولی ایمانداری اور سچائی کو دیکھکر اُس سمے کے ایران کے شاہ نے اُنھیں 'مصادق' کا خطاب دیا تھا جس کے معنی ھوتے ھیں سچا اور ایماندار ۔ دنیا کے بہت سے لوگوں کو یقین ھے کہ مصادق نہ کیول ایرانیوں کو غریبی اور جہالت سے ھی چھٹکارا دلانے کے لئے آئے ھیں بلکہ بیچ ایشیا اور پچھم ایشیا کے دیشوں کی بہت سی اُلجھنوں کے اُن کے ذریعے سلجھنے کی آشا کی جاتی ھے ۔

مہاتما گاندھی اور محمد مصادق میں بہت سی باتیں ملتی جلتی ھیں اور اس میں کوئی شک نہیں' محمد مصادق اس سمے کی دنیا کے اونچے سے اونچے اور نیک سے نیک آدمیوں میں سے ھیں ۔

ایران' انگلینڈ اور روس

انگلینڈ نے پچھلی صدی میں ایران اور آس پاس کے سمندر میں اُسی طرح بڑھنا شروع کیا جس طرح کئی صدی پہلے ایسٹ انڈیا کمپنی نے ھندستان میں کیا تھا ۔ سن 1870 میں ایک انڈو یوروپین ٹیلیگراف کمپنی بنائی گئی جس نے ھندستان اور یورپ میں سمبندھ کے لئے ایران کے اندر تار کے کھمبے بچھانے شروع کئے ۔ اس کے بعد انگریز ایران کی کھاڑی کی طرف بڑھے ۔ دھیرے دھیرے ایران کے کنارے کے سمندر میں اِدھر سے اُدھر تک انگریزوں نے اپنے روشنی گھر (لائٹ ھاؤس) بنا ڈالے' سمندر سے تار خبر بھیجنے کے لئے ' کیبلس ' ڈال دیئے' ٹھیک جس طرح وہ ھندستان میں کر چکے تھے اُسی طرح پاس سے جانے والے

हमारी राय — ہماری رائے

ईरान का तेल संकट—

ईरान की आजकल की मुसीबतों की शुरूआत उन्नीसवीं सदी ईसवी में उस समय से होती है जब अंगरेजी राज भारत में पूरी तरह जम चुका था, रूस के ज़ार का जी इंगलैन्ड के इस नए साम्राज को देख देख कर ललचा रहा था और हिन्दुस्तान पर रूस के हमले की खबरें आए दिन उड़ती रहती थीं. रूस के बढ़ने का रास्ता ईरान हो कर ही दिखाई देता था और ईरान में ही अंगरेज सबसे ज्यादा कामयाबी के साथ बढ़ती हुई रूसी फ़ौज को रोक सकते थे. पर उस पुराने इतिहास में जाने से पहले हमें एक निगाह उस आदमी पर डाल लेनी चाहिये जिस के हाथों में इस समय ईरानी क़ौम की राजकाजी बाग नज़र आती है.

डाक्टर मोहम्मद मुस्सादिक़

ईरान के आजकल के बड़े वज़ीर डाक्टर मोहम्मद मुस्सादिक़ की उमर इस वक़्त लगभग सत्तर साल की है. कुछ महीने पहले तक दुनिया में बहुत कम लोग उन्हें जानते थे. आज दुनिया का शायद ही कोई अखबार हो जिसमें मुस्सादिक़ का नाम बार बार न आ चुका हो. योरप के पत्रकार और राजकाजी लोग आमतौर पर मोहम्मद मुस्सादिक़ की हद दरजे की सादगी, सच्चाई, ईमानदारी और देशभक्ति की तारीफ करते हैं. हाल में एक चालाक अंगरेज राज नेता इसी तेल के मामले में मुस्सादिक़ से मिलने गए थे. लौट कर अपनी नाकामी की चरचा करते हुए उन्होंने कहा कि "हम एक ऐसे बदमाश से काम चला सकते थे जिस पर भरोसा हो सकता, पर एक ईमानदार कट्टर मज़हबी आदमी से कैसे काम निकल सकता है." मोहम्मद मुस्सादिक़ बहुत भावुक हैं. ईरान की मजलिस में ईरान की मुसीबतों का ज़िकर करते हुए वह बार बार रो पड़ते हैं. उनके बेलाग और निस्वार्थ होने को भी सब मानते हैं. 21 मई को ईरान की सेनेट में रोते हुए उन्होंने कहा—"मैं यह तेल का मामला खतम कर लूं और तुरन्त तुम मेरी जगह दूसरा आदमी मुकर्रर कर लेना."[2] दूसरी तरफ एक अमरीकी लिखता है—"मुस्सादिक़

ایران کا تیل سنکٹ —

ایران کی آج کل کی مصیبتوں کی شروعات انیسویں صدی عیسوی میں اُس سمے سے ہوتی ہے جب انگریزی راج بھارت میں پوری طرح جم چکا تھا' روس کے زار کا جی انگلینڈ کے اِس نئے سامراج کو دیکھکر للچا رہا تھا اور ہندستان پر روس کے حملے کی خبریں آئے دن اُڑتی رہتی تھیں . روس کے بڑھنے کا راستہ ایران ہوکر ہی دکھائی دیتا تھا اور ایران میں ہی انگریز سب سے زیادہ کامیابی کے ساتھ بڑھتی ہوئی روسی فوج کو روک سکتے تھے . پر اُس پرانے اِتہاس میں جانے سے پہلے ہمیں ایک نگاہ اُس آدمی پر ڈال لینی چاہئے جس کے ہاتھوں میں اس سمے ایرانی قوم کی راج کاجی باگ نظر آتی ہے .

ڈاکٹر محمد مصادق

ایران کے آج کل کے بڑے وزیر ڈاکٹر محمد مصادق کی عمر اِس وقت لگ بھگ ستر سال کی ہے . کچھ مہینے پہلے تک دنیا میں بہت کم لوگ اُنہیں جانتے تھے . آج دنیا کا شاید ہی کوئی اخبار ہو جس میں مصادق کا نام بار بار نہ آچکا ہو . یورپ کے پترکار اور راج کاجی لوگ عام طور پر محمد مصادق کی حد درجے کی سادگی' سچائی' ایمانداری اور دیش بھکتی کی تعریف کرتے ہیں . حال میں ایک چالاک انگریز راج نیتا اِسی تیل کے معاملے میں مصادق سے ملنے گئے تھے . لوٹ کر اپنی ناکامی کی چرچا کرتے ہوئے اُنہوں نے کہا کہ " ہم ایک ایسے بدمعاش سے کام چلا سکتے تھے جس پر بھروسہ ہوسکتا' پر ایک ایماندار کٹر مذہبی آدمی سے کیسے کام نکل سکتا ہے." محمد مصادق بہت بھاوک ہیں . ایران کی مجلس میں ایران کی مصیبتوں کا ذکر کرتے ہوئے وہ بار بار رو پڑتے ہیں . اُن کے بے لاگ اور نسوارتھ ہونے کو بھی سب مانتے ہیں . 21 مئی کو ایران کی سینیٹ میں روتے ہوئے اُنہوں نے کہا —" میں یہ تیل کا معاملہ ختم کرلوں اور ترنت تم میری جگہ دوسرا آدمی مقرر کر لینا ." دوسری طرف ایک امریکی لکھتا ہے — " مصادق

है कि हिन्दुस्तान की हर बोलीमें इसका अनुवाद निकल-वाने की कोशिश करे ताकि सभी आदमी इससे फ़ायदा उठा सकें. आखिर में हम अपने भाई गोरा को इस नन्ही सी मगर बेहद क़ीमती चीज़ तैयार करने पर दिल से बधाई देते हैं.

—सुरेश रामभाई

स्त्री पुरुश मर्यादा

लेखक—किशोरलाल मशरूवाला, लिखावट—नागरी.

सफ़े—एक सौ अठासी. दाम—पौने दो रुपया.

मिलने का पता—नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद.

यह किताब गुजराती में लिखे हुए लेखों के संग्रह का हिन्दुस्तानी में तरजुमा है.

इसका हर लेख पढ़ने, और ध्यान से पढ़ने लायक़ है. हर लेख में नयापन तो मिलेगा ही, और साथ में दो चीज़ें और मिलेंगी. एक यह कि पढ़ने वाले के मन में पड़े बरसों के शक आसानी से दूर होते चले जायंगे. दूसरी बात यह कि पढ़ने वाले में एक जान सी पड़ती मालूम पड़ेगी, जिसके बल पर उसे समाज में इनक़लाब करने की बात सूझ सकती है.

किताब के लिखने वाले श्री किशोर लाल मशरूवाला ऐसे आदमी हैं जिनकी लेखनी से यह सब शोभा देता है.

हम ज़्यादा न कहकर नीचे कुछ लेख गिनाये देते हैं, जिनपर बड़ी साफ़ राय ज़ाहिर की गई है जिसकी आज-कल बड़ी ज़रूरत थी.

1. पुरुषों के दोश
2. नवजवान और शादी
3. स्त्रियों पर अत्याचार
4. स्त्री-पुरुश का सम्बन्ध
5. सह शिक्षा
6. संतति नियमन का सवाल
7. बुढ़ापे में विवाह
8. ब्रह्मचर्य का साध्य

कहीं कहीं भाशा कठिन हो गई है. संस्कृत के ऐसे शब्दों की भरमार है कि कालिज के विद्यार्थी भी टीपनी यानी ग्लासरी की मदद के बिना किताब से पूरा फ़ायदा नहीं उठा सकते. इतनी काम की किताब के साथ टीपनी होना ज़रूरी थी.

—भ.

ہے کہ ہندستان کی ہر بولی میں اس کا انوواد نکلوانے کی کوشش کرے تاکہ سبھی آدمی اس سے فائدہ اٹھا سکیں۔ آخر میں ہم اپنے بھائی گورا کو اس ننھی سی مگر بہت قیمتی چیز تیار کرنے پر دل سے بدھائی دیتے ہیں ۔

— سریش رام بھائی

استری پرش مریادا

لیکھک — کشور لال مشرو والا لکھاوٹ—ناگری ۔

صفحے — ایک سو اٹھاسی ۔ دام—پونے دو روپے ۔

ملنے کا پتہ — نوجیون پرکاشن مندر' احمدآباد ۔

یہ کتاب گجراتی میں لکھے ہوئے لیکھوں کے سنگرہ کا ہندستانی میں ترجمہ ہے ۔

اس کا ہر لیکھ پڑھنے' اور دھیان سے پڑھنے لائق ہے ۔ ہر لیکھ میں نیا پن تو ملے گا ہی' اور ساتھ میں دو چیزیں اور ملیں گی ۔ ایک یہ کہ پڑھنے والے کے من میں پڑے برسوں کے شک آسانی سے دور ہوتے چلے جائیں گے ۔ دوسری بات یہ کہ پڑھنے والے میں ایک جان سی پڑتی معلوم پڑے گی' جسکے بل پر اسے سماج میں انقلاب کرنے کی بات سوجھ سکتی ہے ۔

کتاب کے لکھنے والے شری کشور لال مشرو والا ایسے آدمی ہیں جنکی لیکھنی سے یہ سب شوبھا دیتا ہے ۔

ہم زیادہ نہ کہکر نیچے کچھ لیکھ گنائے دیتے ہیں' جن پر بڑی صاف رائے ظاہر کی گئی ہے جسکی آج کل بڑی ضرورت تھی ۔

1. پرشوں کے دوش
2. نوجوان اور شادی
3. استریوں پر اتیاچار
4. استری پرش کا سمبندھ
5. سہہ شکشا
6. سنتتی نیمن کا سوال
7. بڑھاپے میں وواہ
8. برہمچریہ کا سادھیہ

کہیں کہیں بھاشا کٹھن ہوگئی ہے ۔ سنسکرت کے ایسے شبدوں کی بھرمار ہے کہ کالج کے ودیارتھی بھی ٹیپنی یعنی گلاسری کی مدد کے بنا کتاب سے پورا فائدہ نہیں اٹھا سکتے ۔ اتنی کام کی کتاب کے ساتھ ٹیپنی ہونا ضروری تھی ۔

— بھ ۔

तो महा नास्तिक (सुपर एथीस्ट) हूँ." वह शादी मार्च 1948 में सेवा ग्राम आश्रम में ठक्कर बापा और पंडित सुन्दरलाल बग़ैरा की मौजूदगी में हुई.

कुल किताब में 54 सफ़े हैं जिन में से 23 सफ़े की श्री किशोरलाल भाई की भूमिका है. किताब क्या है एक बहुत ही दिलचस्प और आंखें खोल देने वाली कहानी है.

श्री किशोरलाल भाई की भूमिका उनके गहरे इल्म और पहुँचे हुए तजरबे का एक आला नमूना है. अपनी भूमिका के आख़ीर में उन्हों ने कहा है कि "ज़्यादा सोच विचार और तजरबे के बाद गोरा के विचार बदल सकते हैं या और भी पक्के हो जा सकते हैं यह कई बातों पर मुनहसिर है. लेकिन जब तक उनके दिल में मुहब्बत है और जब तक क्या निजी, क्या समाजी जीवन में उनका अख़लाक़ी चाल चलन और हिम्मत बुलन्द बने रहते हैं और जब तक वह सेवा और त्याग का जीवन बिताते हैं तब तक उनका नाम ईश्वर के अपने बन्दों में रहेगा. उनकी ख़ातिर, देव भी अदेव नाम अपना लेगा."

श्री किशोरलाल भाई की इस सच्ची बात पर हमें रोमा रोलां की एक किताब—राम कृश्न परमहंस की जीवनी—याद आ रही है जिस में पच्छिम के उस महान विचारक और कलाकार ने कहा है—

"………बहुत से आदमी ऐसे हैं जो सभी तरह के मज़हबी विश्वास से बरी हैं या उनका ख़याल है कि वह बरी हैं, लेकिन दरअसल वह एक अति बौद्धिक चेतना की हालत में डूबे रहते हैं, जिसे वह समाजवाद, कम्यूनिज़्म, जीव-दयावाद, राष्ट्रीयता या बुद्धिवाद भी कहते हैं. विचार की चीज़ से नहीं लेकिन विचार की बुलन्दी या ख़ूबी से उसका पैदा होना निश्चित होता है. और हम यह तय कर सकते हैं कि वह मज़हब से पैदा होता है या नहीं. अगर वह विचार हर तरह की मुसीबत सहकर, एक लगन और हर तरह के बलिदान की तैयारी के साथ, सचाई की खोज की तरफ़ निडरता से जाता है तो मैं उसे मज़हब ही कहूंगा. क्योंकि मज़हब के अन्दर यह विश्वास शामिल ही है कि इन्सानी कोशिश का मक़सद समाज के जीवन से ऊँचा और सारे मानव समाज के जीवन से भी ऊँचा है. नास्तिकता भी, जब वह सौ फ़ीसदी सच्ची ताक़तवर प्रकृतियों से निकलती है, और जब वह कमज़ोरी की नहीं बल्कि ताक़त की एक शकल होती है, तो वह भी धार्मिक आत्मा की महान सेना के मार्च में शामिल हो जाती है."

जैसा हम ऊपर कह चुके हैं किताब पढ़ने लायक़ है. हर अंगरेज़ी जानने वाले से हम कहेंगे कि इस को ग़ौर से देखें और नवजीवन प्रकाशन मन्दिर से हमारी प्रार्थना

تو مہا ناستک (سوپر ایتھیسٹ) ہوں." یہ شادی مارچ 1948 میں سیوا گرام آشرم میں ٹھکر باپا اور پنڈت سندر لال وغیرہ کی موجودگی میں ہوئی.

کل کتاب میں 54 صفحے ہیں جن میں سے 23 صفحے کی شری کشور لال بھائی کی بھومکا ہے. کتاب کیا ہے ایک بہت ہی دلچسپ اور آنکھیں کھول دینے والی کہانی ہے.

شری کشور لال بھائی کی بھومکا اُن کے گہرے علم اور پہنچے ہوئے تجربے کا ایک اعلا نمونہ ہے. اپنی بھومکا کے آخیر میں اُنہوں نے کہا ہے کہ "زیادہ سوچ وچار اور تجربے کے بعد گورا کے وچار بدل سکتے ہیں یا اور بھی پکے ہو سکتے ہیں یہ کئی باتوں پر منحصر ہے. لیکن جب تک اُن کے دل میں محبت ہے اور جب تک کیا نجی کیا سماجی جیون میں اُن کا اخلاقی چال چلن اور ہمت بلند بنے رہتے ہیں اور جب تک وہ سیوا او تیاگ کا جیون بتاتے ہیں تب تک اُن کا نام ایشور کے اپنے بندوں میں رہے گا. اُن کی خاطر، دیو بھی ادیو نام اپنا لے گا."

شری کشور لال بھائی کی اِس سچی بات پر ہمیں روما رولاں کی ایک کتاب — رام کرشن پرم ہنس کی جیونی — یاد آرہی ہے جس میں پچھم کے اُس مہان وچارک اور کلا کار نے کہا ہے —

"…… بہت سے آدمی ایسے ہیں جو سبھی طرح کے مذہبی وشواس سے بری ہیں یا اُن کا خیال ہے کہ وہ بری ہیں، لیکن دراصل وہ ایک اتی بودھک چیتنا کی حالت میں ڈوبے رہتے ہیں، جسے وہ سماج واد، کمیونزم، جیودیا واد، راشٹریتا یا بدھی واد بھی کہتے ہیں. وچار کی چیز سے نہیں لیکن وچار کی بلندی یا خوبی سے اس کا پیدا ہونا نشچت ہوتا ہے. اور ہم یہ طے کر سکتے ہیں کہ وہ مذہب سے پیدا ہوتا ہے یا نہیں. اگر وہ وچار ہر طرح کی مصیبت سہ کر ایک لگن اور ہر طرح کے بلیدان کی تیاری کے ساتھ، سچائی کی کھوج کی طرف نڈرتا سے جاتا ہے تو میں اُسے مذہب ہی کہوں گا. کیونکہ مذہب کے اندر یہ وشواس شامل ہی ہے کہ انسانی کوشش کا مقصد سماج کے جیون سے اونچا اور سارے مانو سماج کے جیون سے بھی اونچا ہے. ناستکتا بھی، جب وہ سو فیصدی سچی طاقتور پرکرتیوں سے نکلتی ہے، اور جب وہ کمزوری کی نہیں بلکہ طاقت کی ایک شکل ہوتی ہے تو وہ بھی دھارمک آتما کی مہان سینا کے مارچ میں شامل ہوجاتی ہے."

جیسا ہم اوپر کہہ چکے ہیں کتاب پڑھنے لائق ہے. ہر انگریزی جاننے والے سے ہم کہیں گے کہ اِس کو غور سے دیکھے اور نو جیون پرکاشن مندر سے ہماری پرارتھنا

एन एथीस्ट विद गांधी

लेखक—भाई गोरा (जी. राम चन्द्र राव)

भूमिका लेखक—भाई किशोर लाल मशरूवाला.

लिखावट—अंगरेज़ी, दाम—एक रुपया.

निकालने वाले — नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद.

गांधी जी की शहादत के बाद उनके ऊपर उनके जीवन की झांकियों और दूसरी चीज़ों को लेकर बहुत बड़ी तादाद में किताबें निकली हैं. लेकिन वह सब एक तरफ़ और भाई गोरा की यह किताब एक तरफ़. इसमें हमें बापू के जीवन का एक बड़े कमाल का पहलू मिलता है. पहले तो बापू ने गोरा से मिलने से इनकार किया मगर बाद में जब गोरा के नास्तिक केन्द्र पटामाटा (बेजवाड़ा-आन्ध्र) के एक कारकुन ने वहाँ के काम की तस्वीर बापू के आगे रखी तो उन्होंने केन्द्र के मुखिया, गोरा को अपने आश्रम में आने की दावत दी. यही नहीं, बापू ने उनके केन्द्र के साथियों और उनके बीवी बच्चों को भी बुलाया और उनसे बातें कीं.

गोरा का कहना है कि बीसियों लोगों ने नास्तिक केन्द्र और नास्तिकता के बारे में उनसे चरचा की थी लेकिन एक सवाल जो बापू ने उनसे किया वह और किसी ने कभी नहीं किया—यह कि "आप नास्तिकता क्यों चाहते हैं ?" यह ऐसा दर्द भरा सवाल था जिससे गोरा का रोम रोम हिल उठा और उन्होंने ने सारी दास्तान सुना कर बापू को आख़िर में बतलाया कि मैं नास्तिकता इस वजह से चाहता हूँ ताकि इनसान में ख़ुद के अन्दर भरोसा पैदा हो और अहिंसात्मक तरीक़े से समाजी और माली बराबरी क़ायम की जा सके. इस पर बापू ने कहा कि " न मैं यह कह सकता हूँ कि आपकी नास्तिकता ग़लत है न यह कि मेरी आस्तिकता ही सही है. हम दोनों सच की तलाश में हैं... मैं आपकी मदद करूँगा. हालाँकि आपका रास्ता मेरे रास्ते के ख़िलाफ़ है.'' इतनी गहरी हमदर्दी का वादा पाकर गोरा का कलेजा फूल उठा.

लेकिन घटनाओं का चक्कर कुछ इस तरह चला कि बापू फिर गोरा को अपने सामने सेवाग्राम न बुला सके. गोरा जन्म के ब्राह्मन हैं. उन्होंने अपनी बेटी की शादी एक हरिजन लड़के से करना तय की थी. यह शादी बापू कराने वाले थे और मद्रास में गोरा से मुलाक़ात होने पर बापू ने उनसे कहा था कि क्योंकि लड़का लड़की दोनों ही नास्तिक हैं इसलिये शादी की रस्म में 'ईश्वर के नाम पर' लफ़्ज़ न आकर 'सत्य के नाम पर' लफ़्ज़ आयेंगे, और आगे उन्होंने कहा—"क्या आप यह समझते हैं कि मैं दक़ियानूसी हूँ ? मैं

این ایتھیسٹ ود گاندھی

لیکھک — بھائی گورا (جی. رام چندر راو)

بھومیکا لیکھک — بھائی کشور لال مشرو والا .

لکھاوٹ — انگریزی، دام — ایک روپیہ .

نکالنے والے — نوجیون پبلشنگ ہاوس، احمدآباد .

گاندھی جی کی شہادت کے بعد اُن کے اوپر اُن کے جیون کی جھانکیوں اور دوسری چیزوں کو لیکر بہت بڑی تعداد میں کتابیں نکلی ہیں ۔ لیکن وہ سب ایک طرف اور بھائی گورا کی یہ کتاب ایک طرف ۔ اِس میں ہمیں باپو کے جیون کا ایک بڑے کمال کا پہلو ملتا ہے ۔ پہلے تو باپو نے گورا سے ملنے سے انکار کیا مگر بعد میں جب گورا کے ناستک کیندر پٹاماٹا (بیجواڑہ آندھر) کے ایک کارکن نے وہاں کے کام کی تصویر باپو کے آگے رکھی تو اُنہوں نے کیندر کے مکھیا، گورا کو اپنے آشرم میں آنے کی دعوت دی ۔ یہی نہیں، باپو نے اُن کے کیندر کے ساتھیوں اور اُن کے بیوی بچوں کو بھی بلایا اور اُن سے باتیں کیں ۔

گورا کا کہنا ہے کہ بیسیوں لوگوں نے ناستک کیندر اور ناستکتا کے بارے میں اُن سے چرچا کی تھی لیکن ایک سوال جو باپو نے اُن سے کیا وہ اور کسی نے کبھی نہیں کیا — یہ کہ " آپ ناستکتا کیوں چاہتے ہیں ؟" یہ ایسا درد بھرا سوال تھا جس سے گورا کا روم روم ہل اُٹھا اور انہوں نے ساری داستان سنا کر باپو کو آخر میں بتلایا کہ میں ناستکتا اِس وجہ سے چاہتا ہوں تاکہ انسان میں خود کے اندر بھروسہ پیدا ہو اور اہنسانمک طریقے سے سماجی اور مالی برابری قائم کی جاسکے ۔ اس پر باپو نے کہا کہ " نہ میں یہ کہہ سکتا ہوں کہ آپ کی ناستکتا غلط ہے نہ یہ کہ میری آستکتا ہی صحیح ہے ۔ ہم دونوں سچ کی تلاش میں ہیں......... میں آپ کی مدد کرونگا، حالانکہ آپ کا راستہ میرے راستے کے خلاف ہے ۔" اتنی گہری ہمدردی کا وعدہ پاکر گورا کا کلیجہ پھول اُٹھا ۔

لیکن گھٹناؤں کا چکر کچھ اس طرح چلا کہ باپو پھر گورا کو اپنے سامنے سیواگرام نہ بلا سکے ۔ گورا جنم کے براہمن ہیں ۔ اُنہوں نے اپنی بیٹی کی شادی ایک ہریجن لڑکے سے کرنا طے کی تھی ۔ یہ شادی باپو کرانے والے تھے اور مدراس میں گورا سے ملاقات ہونے پر باپونے اُن سے کہا تھا کہ کیونکہ لڑکا لڑکی دونوں ہی ناستک ہیں اس لئے شادی کی رسم میں ' ایشور کے نام پر' لفظ نہ آکر ' ستیہ کے نام پر ' لفظ آئینگے' اور آگے اُنہوں نے کہا — ' کیا آپ یہ سمجھتے ہیں کہ میں دقیانوسی ہوں ؟ میں

यह अखबार हाल ही में निकलना शुरू हुआ है. इसके पहले साल की चार कापियाँ, नम्बर 5, 6, 7, और 10 अपनी राय ज़ाहिर करने के लिये हमें मिली हैं. अंगरेज़ी में 'इकोनामिक रिव्यू' नाम का परचा काँगरेस के सदर दफ़्तर से काफ़ी अरसे से निकल रहा है. 'आर्थिक समीक्षा' उसका हिन्दी नमूना मालूम पड़ता है.

हमारे देश में लेन देन, रुपए पैसे के मामले पर अखबारों की आम तौर से कमी है, फिर अच्छे और समझदार अखबारों की तो और भी ज़्यादा कमी है. इसलिये कांगरेस दफ़्तर जैसी ज़िम्मेदार जगह से इन सवालों पर निकलने वाले इस पंद्रह रोज़ा अखबार का हम दिल से स्वागत करते हैं.

इस अखबार में दो बातें निराली हैं. एक तो इसमें सम्पादक की तरफ़ से अपनी राय जैसी कोई चीज़ नहीं रहती. दूसरे यह कि इसमें जो लेख छपते हैं वह किसी दूसरे अखबार या सरकारी रिपोर्ट से लिये गये होते हैं. इसलिये किसी हौसलामन्द को यह तकलीफ़ करने की ज़रूरत नहीं है कि 'आर्थिक समीक्षा' में छपने के लिये कोई अपनी नई चीज़ भेजे.

तो हम 'आर्थिक समीक्षा' को कांगरेस के नज़रिये से चुने हुए आर्थिक मामलों से ताल्लुक़ रखने वाले लेखों का एक मजमुआ मानते हैं. लेकिन जो लेख इसमें रहते हैं वह सचमुच काम के हैं जिनसे काफ़ी जानकारी मिल सकती है. पाँचवां नम्बर बजट नम्बर है जिसमें नई दिल्ली की सरकार के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, बिहार, पच्छिमी बंगाल, आसाम, बम्बई, मध्य प्रदेश और मद्रास सरकारों के इस साल के बजट दिये गये हैं.

लेखों के बारे में हम इतना ज़रूर कहेंगे कि उनसे यह एक ख़ास झलक निकलती है कि वह हुकूमत और कांगरेस के पहलू से ही सब चीज़ों को देखते हैं. हाँ, कुछ लेख ऐसे भी हैं—जैसे छटे नम्बर में श्री किशोर लाल घनश्याम लाल मशरूवाला का लेख या दसवें नम्बर में श्री कुमारप्पा का लेख—जो इस असर के नहीं कहे जा सकते. फिर भी आम जनता का एक हित होता है. और कौन नहीं जानता कि आज हिन्दुस्तान के लोग जितने दुखी आर्थिक रूप से हैं उतने शायद ही कभी रहे हों! हम चाहते थे कि 'आर्थिक समीक्षा' हुकूमत और काँगरेस की मजबूरियों और मुसीबतों के ही वहम में न पड़कर लोगों के दुखड़ों का भी ध्यान रखे और नीचे से उठने वाली उनकी दर्द भरी आह को ऊपर तक पहुँचाये.

—सुरेश रामभाई

یہ اخبار حال ہی میں نکلنا شروع ہوا ہے. اسکے پہلے سال کی چار کاپیاں، نمبر 5، 6، 7 اور 10 اپنی رائے ظاہر کرنے کے لئے ہمیں ملی ہیں. انگریزی میں 'اکونامک ریویو' نام کا پرچہ کانگریس کے صدر دفتر سے کافی عرصے سے نکل رہا ہے. 'آرتھک سمیکشا' اسکا ہندی نمونہ معلوم پڑتا ہے.

ہمارے دیش میں لین دین، روپے پیسے کے معاملے پر اخباروں کی عام طور سے کمی ہے، پھر اچھے اور سمجھدار اخباروں کی تو اور بھی زیادہ کمی ہے. اس لئے کانگریس دفتر جیسی ذمےدار جگہ سے ان سوالوں پر نکلنے والے اس پندرہ روزہ اخبار کا ہم دل سے سواگت کرتے ہیں.

اس اخبار میں دو باتیں نرالی ہیں. ایک تو اس میں سمپادک کی طرف سے اپنی رائے جیسی کوئی چیز نہیں رہتی. دوسرے یہ کہ اس میں جو لیکھ چھپتے ہیں وہ کسی دوسرے اخبار یا سرکاری رپورٹ سے لئے گئے ہوتے ہیں. اس لئے کسی حوصلہ مند کو یہ تکلیف کرنے کی ضرورت نہیں ہے کہ 'آرتھک سمیکشا' میں چھپنے کے لئے کوئی اپنی نئی چیز بھیجے.

تو ہم 'آرتھک سمیکشا' کو کانگریس کے نظریے سے چنے ہوئے آرتھک معاملوں سے تعلق رکھنے والے لیکھوں کا ایک مجموعہ مانتے ہیں. لیکن جو لیکھ اس میں رہتے ہیں وہ سچ مچ کام کے ہیں جن سے کافی جانکاری مل سکتی ہے. پانچواں نمبر بجٹ نمبر ہے جس میں نئی دلی کی سرکار کے علاوہ پنجاب، اترپردیش، اڑیسہ، بہار، پچھمی بنگال، آسام، بمبئی، مدھیہ پردیش اور مدراس سرکاروں کے اس سال کے بجٹ دیئے گئے ہیں.

لیکھوں کے بارے میں ہم اتنا ضرور کہینگے کہ ان سے یہ ایک خاص جھلک نکلتی ہے کہ وہ حکومت اور کانگریس کے پہلو سے سب چیزوں کو دیکھتے ہیں. ہاں، کچھ لیکھ ایسے بھی ہیں—جیسے چھٹے نمبر میں شری کشور لال گھنشیام لال مشروالا کا لیکھ یا دسویں نمبر میں شری کمارپا کا لیکھ—جو اس اثر کے نہیں کہے جاسکتے. پھر بھی عام جنتا کا ایک ہت ہوتا ہے. اور کون نہیں جانتا کہ آج ہندستان کے لوگ جتنے دکھی آرتھک روپ سے ہیں اتنے شاید ہی کبھی رہے ہوں! ہم چاہتے تھے کہ 'آرتھک سمیکشا' حکومت اور کانگریس کی مجبوریوں اور مصیبتوں کے ہی وہم میں نہ پڑکر لوگوں کے دکھڑوں کا بھی دھیان رکھے اور نیچے سے اٹھنے والی ان کی درد بھری آہ کو اوپر تک پہونچائے.

سریش رام بھائی

हमारा राज

लेखक—मदन मोहन गुप्त. लिखावट—उरदू.
दाम—दस आने. सफ़े—चौंसठ.

मिलने का पता—मक्तबा जामिया लिमिटेड, जामिया नगर, देहली.

यह किताब भारत के विधान का खुलासा है. बच्चों को समझाने के लिये लिखा गया है इसलिये भाषा काफ़ी आसान लिखी गई है. मोटी मोटी बातें सभी समझा दी गई हैं. तस्वीर और नक़्शे देकर और भी आसान कर दी गई हैं. कहीं कहीं इस तरह लिख दिया गया है जिससे बच्चों के दिल पर ठीक असर नहीं बैठ सकता, जैसे सफ़ा सात पर बराबरी के हक़ बताते हुए इस तरह लिखा गया है—

"ऊपर लिखे हुए उसूलों को अमल में लाने के लिये दस्तूर में जनता को कुछ हक़ दिये गए हैं..............."

इस इबारत से बच्चे के दिल पर यह असर रह सकता है कि हक़ सरकार ने जनता को दिये हैं जब कि बात ऐसी नहीं है. असल में दस्तूर यानी विधान जनता ने अपनी तरफ़ से भेजे हुए आदमियों की मारफ़त तैयार करा कर उस सरकार के हाथ में सौंपा है जिसे जनता ने खुद बनाया है और जिसमें उन बच्चों के मां बाप का भी हाथ है जिन बच्चों के हाथ में यह किताब पहुँचेगी. इसलिये ऊपर की इबारत को इस तरह लिखना ठीक रहता—

'ऊपर लिखे हुए उसूलों को अमल में लाने के लिये दस्तूर में जनता ने अपने हक़ गिना दिये हैं, जो उसके पैदाइशी और बुनियादी हक़ हैं.'

इसी तरह की भूलें किताब में दो एक जगह और हैं. हम कहना तो यह चाहते थे कि यह किताब इस तरह दुरुस्त करके ही बच्चों के हाथ में दी जानी चाहिये थी पर अब इतना ही कहना काफ़ी है कि दूसरी छपाई में इसे ठीक कर दिया जाय.

—म.

ہمارا راج

لیکھک—مدن موہن گپت' لکھاوٹ—اُردو .
دام— دس آنے . صفحے—چونسٹھ .

ملنے کا پتہ—مکتبہ جامعہ لیمٹڈ' جامعہ نگر' دہلی .

یہ کتاب بھارت کے ودھان کا خلاصہ ہے . بچوں کو سمجھانے کے لئے لکھا گیا ہے اِسلئے بھاشا کافی آسان لکھی گئی ہے . موٹی موٹی باتیں سبھی سمجھادی گئی ہیں۔ تصویر اور نقشے دیکر اور بھی آسان کردی گئی ہیں . کہیں کہیں اِس طرح لکھ دیا گیا ہے جس سے بچوں کے دل پر ٹھیک اثر نہیں بیٹھ سکتا' جیسے صفحہ سات پر برابری کے حق بتاتے ہوئے اِس طرح لکھا گیا ہے—

''اُوپر لکھے ہوئے اصولوں کو عمل میں لانے کے لئے دستور میں جنتا کو کچھ حق دیئے گئے ہیں..........''.

اِس عبارت سے بچے کے دل پر یہ اثر رہ سکتا ہے کہ حق سرکار نے جنتا کو دیئے ہیں جب کہ بات ایسی نہیں ہے . اصل میں دستور یعنی ودھان جنتا نے اپنی طرف سے بھیجے ہوئے آدمیوں کی معرفت تیار کراکر اُس سرکار کے ہاتھ میں سونپا ہے جسے جنتا نے خود بنایا ہے اور جس میں اُن بچوں کے ماں باپ کا بھی ہاتھ ہے جن بچوں کے ہاتھ میں یہ کتاب پہنچے گی . اسلئے اوپر کی عبارت کو اِسطرح لکھنا ٹھیک رہتا—

'اوپر لکھے ہوئے اصولوں کو عمل میں لانے کے لئے دستور میں جنتا نے اپنے حق گنا دئے ہیں' جو اُس کے پیدائشی اور بنیادی حق ہیں .

اسی طرح کی بھولیں کتاب میں دو ایک جگہ اور ہیں . ہم کہنا تو یہ چاہتے تھے کہ یہ کتاب اِس طرح درست کرکے ہی بچوں کے ہاتھ میں دی جانی چاہئے تھی پر اب اتنا ہی کہنا کافی ہے کہ دوسری چھپائی میں اِسے ٹھیک کردیا جائے .

—م.

आर्थिक-समीक्षा

(कुल हिन्द काँगरेस कमेटी के माली, राजकाजी खोज महकमे का पंद्रह रोज़ा अख़बार)

सम्पादक—भाई हर्षदेव मालवीय; निकालने वाले, दफ़्तर कुल हिन्द कांगरेस कमेटी, नई दिल्ली. सालाना चन्दा चार रुपए.

آرتھک سیکشا

(کل ہند کانگریس کمیٹی کے مالی' راج کاجی کھوج محکمہ کا پندرہ روزہ اخبار)

سمپادک—بھائی ہرش دیو مالوی؛ نکالنے والے' دفتر کل ہند کانگریس کمیٹی' نئی دلی . سالانہ چندہ چار روپے .

इस किताब में गांधी जी के फ्रान्टियर के दौरे का आँखों देखा हाल है साथ ही साथ फ्रान्टियर का भूगोल, काम लायक इतिहास भी दे दिया गया है. यह किताब हर भारती को ज़रूर पढ़ लेनी चाहिये. इस किताब को पढ़ने से यह काम की बातें मालूम होंगी—

1—ख़ुदाई ख़िदमतगारों की तहरीक क्या थी.

2—अंगरेज़ों ने सता सता कर पठान क़ौम को लूटमार की आदत डाल दी थी. उस आदत को छुड़ाने के लिये इन ख़ुदाई ख़िदमतगारों ने क्या किया.

3—ख़ुदाई ख़िदमतगार राजकाजी मैदान में कब और कैसे आए.

4—कॉंगरेस के साथ मिलकर ख़ुदाई ख़िदमतगारों ने हिन्दुस्तान की आज़ादी के लिये क्या क्या तकलीफ़ें सहीं.

5—किस तरह तलवार के भक्त यह ख़ुदाई ख़िदमतगार अहिन्सा के भक्त बन गए और लूट मार छोड़कर लोक सेवा के काम में लग गए.

6—इस किताब को पढ़कर पठानों का स्वभाव समझ में आ जायगा और यह पता लग जायगा कि पठान दोस्त बनकर किस तरह दोस्त की ख़ातिर जान पर खेल जाता है.

7—पठान नाम धर्म के ख़याल से नहीं पड़ा, बोली के ख़याल से पड़ा है. जो पशतो बोलते हैं वह सब पठान कहे जाते हैं, फिर चाहे वह हिन्दू हों, मुसलमान हों या किसी भी धर्म को मानते हों.

किताब के अन्दर बहुत सी तस्वीरें भी हैं और दाम के लिहाज़ से यह किताब बहुत सस्ती है.

—म.

إس کتاب میں گاندھی جی کے فرانٹیر کے دورے کا آنکھوں دیکھا حال ھے . ساتھ ھی ساتھ فرانٹیر کا بھوگول' کام لائق اِتہاس بھی دے دیا گیا ھے . یہ کتاب ھر بھارتی کو ضرور پڑھ لینی چاھئے . اِس کتاب کو پڑھنے سے یہ کام کی باتیں معلوم ھونگی—

1—خدائی خدمت گاروں کی تحریک کیا تھی .

2—انگریزوں نے ستا ستا کر پٹھان قوم کی لوٹ مار کی عادت ڈال دی تھی . اُس عادت کو چھڑانے کے لئے اِن خدائی خدمتگاروں نے کیا کیا .

3—خدائی خدمتگار راج کاجی میدان میں کب اور کیسے آئے .

4—کانگریس کے ساتھ ملکر خدائی خدمت گاروں نے ھندستان کی آزادی کے لئے کیا کیا تکلیفیں سہیں .

5—کس طرح تلوار کے بھکت یہ خدائی خدمتگار اھنسا کے بھکت بن گئے اور لوٹ مار چھوڑ کر لوک سیوا کے کام میں لگ گئے .

6—اِس کتاب کو پڑھکر پٹھانوں کا سوبھاو سمجھ میں آجائیگا اور یہ پتہ لگ جائیگا کہ پٹھان دوست بنکر کس طرح دوست کی خاطر جان پر کھیل جاتا ھے .

7—پٹھان نام دھرم کے خیال سے نہیں پڑا' بولی کے خیال سے پڑا ھے . جو پشتو بولتے ھیں وہ سب پٹھان کہے جاتے ھیں' پھر چاھے وہ ھندو ھوں' مسلمان ھوں یا کسی بھی دھرم کو مانتے ھوں .

کتاب کے اندر بہت سی تصویریں بھی ھیں اور دام کے لحاظ سے کتاب بہت سستی ھے .

—م

आपका बच्चा, उसकी सेहत और परवरिश

लेखक—डाक्टर पी. राज. मूँगा. लिखावट—उरदू.

दाम—तीन रुपए-सफ़े—दो सौ पैंसठ.

मिलने का पता—मक्तबा जामिया लिमिटेड, जामिया नगर, देहली .

यह किताब पढ़ी लिखी औरतों के लिये लिखी गई है. जो अच्छी उरदू नहीं जानतीं वह इससे पूरा फ़ायदा नहीं उठा सकतीं. कुछ तस्वीरें और नक़्शे भी दिये गए हैं, इससे किताब के समझने में आसानी होती है. इसमें ज़्यादातर वह तरीक़े बतलाए गए हैं जो अस्पतालों में काम आते हैं या अमीर घरों में जिनसे काम लिया जाता है. दवाएँ सब अंगरेज़ी हैं. यह उन्हीं के काम की है जो शहरों में नीम अंगरेज़ी ढंग से रहते हैं.

—म.

آپ کا بچہ' اُس کی صحت اور پرورش

لیکھک—ڈاکٹر پی . راج . مونگا . لکھاوٹ—اُردو .

دام تین روپئے—صفحے—دو سو پینسٹھ .

ملنے کا پتہ—مکتبہ جامعہ لمیٹڈ' جامعہ نگر دھلی .

یہ کتاب پڑھی لکھی عورتوں کے لئے لکھی گئی ھے جو اچھی اُردو نہیں جانتیں وہ اِس سے پورا فائدہ نہیں اُٹھا سکتیں . کچھ تصویریں اور نقشے بھی دئے گئے ھیں' اِس سے کتاب کے سمجھنے میں آسانی ھوتی ھے . اِس میں زیادہ تر وہ طریقے بتلائے گئے ھیں جو ھسپتالوں میں کام آتے ھیں' یا امیر گھروں میں جن سے کام لیا جاتا ھے . دوائیں سب انگریزی ھیں . یہ اُنھیں کے کام کی ھے جو شہروں میں نیم انگریزی ڈھنگ سے رھتے ھیں .

—م

मेरे दर्द की तकलीफ़, उस दुखिया से पूछो जो सह सके, न बेहोश हो !

यह ख़ूब कहा !

"दुख सहके सुख दुगना हो जाता है !"

तो, क्या जान के, आज के सुख के कारन दुख दिया था ?

दिल के टुकड़े तो गिनो !

मुझे अधूरा ही सुख बहुत होता !

जो मुझपे गुजरी तुमने सही होती,

तो पूछती 'शिकवा कब ख़तम होता है ?'

तुमसे क्या पूछूँ कि तुमपे क्या गुज़री,

तुम्हारे दिल को लगती तो यों तड़पता छोड़ते !

अब कहिये इसकी क्या समालोचना की जाय ?

—म.

میرے درد کی تکلیف، اُس دکھیا سے پوچھو۔

جو سہہ سکے، نہ بےہوش ہو !

یہ خوب کہا !

" دکھ سہ کے سکھ دگنا ہوجاتا ہے !"

تو، کیا جان کے، آج کے سکھ کے کارن دکھ دیا تھا ؟

دل کے ٹکڑے تو گنو !

مجھے ادھورا ہی سکھ بہت ہوتا !

جو مجھپہ گزری تم نے سہی ہوتی،

تو پوچھتی ' شکوہ کب ختم ہوتا ہے ؟

تم سے کیا پوچھوں کہ تم پہ کیا گزری،

تمہارے دل کو لگتی تو یوں تڑپتا چھوڑتے

اب کہئے اس کی کیا سمالوچنا کی جائے ؟

—م.

राज-भाशा बोधनी

लेखक—श्री देवदूत विद्यार्थी, लिखावट—हिन्दी.

दाम—दो रुपये. सफ़े—दो सौ सत्तावन.

मिलने का पता—अखिल भारतीय हिन्दी परिशद. 9, फ़ीरोज़शाह रोड, नई दिल्ली.

राज-भाशा बोधनी के नाम से तो यह पहिली बार ही निकली है पर जैसा इस किताब के अंगरेज़ी में लिखे परिचय से पता चलता है यह पहिले "हिन्दी सेल्फ़ टाट फ़ार नान हिन्दी एम्पीज़" के नाम से निकल चुकी है. किताब ख़ासी लिखी गई है और उन लोगों के बड़े काम की है जो हिन्दी सीखना चाहते हैं. पर यह है उन्हीं लोगों के लिये, जो अंगरेज़ी जानते हों और हिन्दी सीखना चाहते हों. यह किताब आम आदमियों के इतने काम की नहीं है, जितनी उन आदमियों के काम की है, जो पार्लियामेन्ट के मेम्बर हैं, क्योंकि उन्हीं को निगाह में रखकर लिखी गई है. छापे की भूलें कम ही हैं, और जो उनकी एक सूची दे दी गई है. दो रुपए में सस्ती ही है.

—म.

راج بھاشا بودھنی

لیکھک —· شری دیودوت ودیارتھی، لکھاوٹ—ہندی.

دام — دو روپئے . صفحے—دوسو ستاون .

ملنے کا پتہ — اکھل بھارتیہ ہندی پریشد .

9، فیروز شاہ روڈ، نئی دلی .

راج بھاشا بودھنی کے نام سے تو یہ پہلی بار ہی نکلی ہے پر جیسا اِس کتاب کے انگریزی میں لکھے پریچے سے پتہ چلتا ہے یہ پہلے " ہندی سیلف ٹاٹ فارنان ہندی امپیز " کے نام سے نکل چکی ہے . کتاب خاصی لکھی گئی ہے اور اُن لوگوں کے بڑے کام کی ہے جو ہندی سیکھنا چاہتے ہیں . پر یہ ہے اُنہیں لوگوں کے لئے، جو انگریزی جانتے ہوں اور ہندی سیکھنا چاہتے ہوں . یہ کتاب عام آدمیوں کے اتنے کام کی نہیں ہے، جتنی اُن آدمیوں کے کام کی ہے، جو پارلیمنٹ کے ممبر ہیں، کیونکہ اُنہیں کو نگاہ میں رکھکر لکھی گئی ہے . چھاپے کی بھولیں کم ہی ہیں، اور جو ہیں اُن کی ایک سوچی دے دی گئی ہے. دو روپئے میں سستی ہی ہے .

—م

गांधी जी बादशाह ख़ां के देश में

लेखक—श्री प्यारे लाल. लिखावट—उर्दू.

सफ़े—352, दाम—तीन रुपए.


मिलने का पता—मकतबा जामिया लिमिटेड, जामियानगर, देहली.

گاندھی جی بادشاہ خاں کے دیش میں

لیکھک—شری پیارے لال، لکھاوٹ—اُردو .

صفحے 352، دام— تین روپے .

ملنے کا پتہ—مکتبہ جامعہ لمیٹڈ، جامعہ نگر، دہلی .

उर्दू किताबें  اردو کتابیں

परछाईं

लेखक—आसिफ़ अली साहब, गवरनर, आसाम.

लिखावट—उरदू.

दाम—चार रुपया. सफ़े—इक्यानवे.

मिलने का पता—अंजुमन तरक़्क़ी उरदू, अलीगढ़.

कहीं कहीं इक्का दुक्का शब्दों को छोड़कर किताब की इबारत ख़ासी आसान है. अगर यह ज्यों की त्यों नागरी लिखावट में छाप दी जाय तो वह लोग भी ख़ूब रस ले सकते हैं जो उरदू लिखावट नहीं जानते. बोल चाल की भाशा में इतनी गहरी किताब लिखी जा सकती है यह इस बात का सबूत है. आदमी के पास जब कुछ कहने को होता है और वह इतना ज़्यादा होता है कि वह ख़ुद फूट निकलता है तो ज़्यादातर भाशा वही रहती है जो उसने मां की गोद में सीखी होती है और अपने हमजोलियों के साथ बोली होती है.

उरदू अदब में यह अपने ढंग की निराली चीज़ है.

'परछाईं' इसका नाम है और परछाईं को लेकर ही जीवन के एक पहलू को दिल पकड़ भाशा में दर्शाया गया है. इसे पढ़ते पढ़ते हम अपने आप को भूल गये, यह हमें याद ही न रहा कि हमें इसकी रिव्यू करना है. इस किताब की समालोचना नहीं हो सकती. इसलिये हम कहीं से इस किताब को खोलते हैं और वहीं से कुछ लिखे देते हैं. हमारे पढ़ने वाले समझ लें कि सब की सब किताब ऐसी ही है—

(सफ़ा पचास— 4.)

तुम्हारे पत्थर दिल को क्या ख़बर ?
जो मुझपे बीती, मेरे दिल से पूछो !
या सुनने गुनने वालों से !
मेरी बेचैनी,
समुन्दर की मौजों में देखो !
मेरी तड़प का हाल,
उस कबूतर से पूछो जो बाज़ के पंजों में हो !

پرچھائیں

لیکھک—آصف علی صاحب، گورنر، آسام .

لکھاوٹ — اُردو .

دام — چار روپیہ . صفحے—اِکیانوے .

ملنے کا پتہ — انجمن ترقی اُردو، علیگڈھ .

کہیں کہیں اِکا دکا شبدوں کو چھوڑ کر کتاب کی عبارت خاصی آسان ہے . اگر یہ جیوں کی تیوں ناگری لکھاوٹ میں چھاپ دی جائے تو وہ لوگ بھی خوب رس لے سکتے ہیں جو اُردو لکھاوٹ نہیں جانتے . بول چال کی بھاشا میں اتنی گہری کتاب لکھی جاسکتی ہے یہ اس بات کا ثبوت ہے . آدمی کے پاس جب کچھ کہنے کو ہوتا ہے اور وہ اِتنا زیادہ ہوتا ہے کہ وہ خود پھوٹ نکلتا ہے تو زیادہ تر بھاشا وہی رہتی ہے جو اُس نے ماں کی گود میں سیکھی ہوتی ہے اور اپنے ہمجولیوں کے ساتھ بولی ہوتی ہے .

اُردو ادب میں یہ اپنے ڈھنگ کی نرالی چیز ہے .

'پرچھائیں' اِس کا نام ہے اور پرچھائیں کو لیکر ہی جیون کے ایک پہلو کو دل پکڑ بھاشا میں درشایا گیا ہے . اِسے پڑھتے پڑھتے ہم اپنے آپ کو بھول گئے' یہ ہمیں یاد ہی نہ رہا کہ ہمیں اِسکی ریویو کرنا ہے . اِس کتاب کی سمالوچنا نہیں ہوسکتی اس لئے ہم کہیں سے اس کتاب کو کھولتے ہیں اور وہیں سے کچھ لکھے دیتے ہیں . ہمارے پڑھنے والے سمجھ لیں کہ سب کی سب کتاب ایسی ہی ہے —

(صفحہ پچاس — 4 .)

تمہارے پتھر دل کو کیا خبر ؟
جو مجھپہ بیتی' میرے دل سے پوچھو !
یا سننے گننے والوں سے !
میری بےچینی'
سمندر کی موجوں میں دیکھو !
میری تڑپ کا حال'
اُس کبوتر سے پوچھو جو باز کے پنجوں میں ہو !

मां वहाँ आ पहुँचीं और बोलीं—"क्यों नाहक झगड़ते हो:
तुम तीनों के हाथ सुन्दर हैं."

पर इससे फ़ैसला न हुआ. इतने में एक भिकारी आ पहुंचा. उसने गिड़गिड़ाकर भीक माँगी. रामू श्यामू दोनों ने उसे डाँटकर कहा—"पहले यह बताओ कि हम तीनों में किसके हाथ सबसे अधिक सुन्दर हैं? फिर तुम्हें खाने को देंगे."

भिकारी की आँखें भर आईं. उसने रोते हुए जवाब दिया—"बेटा, मैं क्या जानूं किसके हाथ सुन्दर हैं. मुझे भूक लगी है. एक रोटी दे दो."

सरला को भिकारी पर दया आई. वह दौड़ी हुई घर में गई और अपने खाने की रोटियाँ लाकर भिकारी के हाथों पर रख दीं. भिकारी जब रोटी लेकर चला गया तब रामू और श्यामू से उनकी मां ने कहा—"तुम दोनों के हाथ सुन्दर नहीं हैं. हाथ तो सुन्दर इस छोटी लड़की के हैं, जिसने भूके प्यासे की सुध ली."

मां की यह बात सुनकर रामू और श्यामू बहुत लज्जित हुए. सच है, ग़रीबों की मदद करने वाले ही संसार में अच्छे कहे जाते हैं.

झिल मिल तारे

(भाई अशोक)

झिल मिल तारे, झिल मिल तारे!
लगते हो क्यों इतने प्यारे?
रोज़ सवेरे क्यों छिप जाते?
और रात को क्यों उग आते?

छोटे बड़े अनोखे तारे!
रहते हो क्यों हम से न्यारे?
दूर कहाँ है वास तुम्हारा?
तुम से है कुछ काम हमारा.

जग को तुम प्रकाश हो देते,
बदले में न कभी कुछ लेते.
तुम कितने हो परोपकारी,
धन्य तुम्हारी महिमा न्यारी.

कहो, चाँद से क्या डरते हो?
झिल मिल झिल मिल जो करते हो.
यदि डरते हो तो बतलाओ,
मुझ से अब तुम मत शरमाओ.

जियो सदा ऐ झिल मिल तारे,
बने रहो तुम सब के प्यारे.
नित्य रात को रहो चमकते,
रहो चाँद के साथ दमकते.

ماں وہاں آپہنچیں اور بولیں—"کیوں ناحق جھگڑتے ہو۔ تم تینوں کے ہاتھ سندر ہیں"۔

پر اس سے فیصلہ نہ ہوا۔ اتنے میں ایک بھکاری آپہنچا۔ اس نے گڑ گڑا کر بھیک مانگی۔ رامو شیامو دونوں نے اسے ڈانٹ کر کہا—"پہلے یہ بتاؤ کہ ہم تینوں میں کس کے ہاتھ سب سے ادھک سندر ہیں؟ پھر تمہیں کھانے کو دینگے"۔

بھکاری کی آنکھیں بھر آئیں۔ اسنے روتے ہوئے جواب دیا—"بیٹا' میں کیا جانوں کس کے ہاتھ سندر ہیں۔ مجھے بھوک لگی ہے۔ ایک روٹی دیدو"۔

سرلا کو بھکاری پر دیا آئی۔ وہ دوڑی ہوئی گھر میں گئی اور اپنے کھانے کی روٹیاں لاکر بھکاری کے ہاتھوں پر رکھدیں۔ بھکاری جب روٹی لے کر چلا گیا تب رامو اور شیامو سے انکی ماں نے کہا—"تم دونوں کے ہاتھ سندر نہیں ہیں۔ ہاتھ تو سندر اس چھوٹی لڑکی کے ہیں' جس نے بھوکے پیاسے کی سدھ لی"۔

ماں کی یہ بات سن کر رامو اور شیامو بہت لجت ہوئے۔ سچ ہے' غریبوں کی مدد کرنے والے ہی سنسار میں اچھے کہے جاتے ہیں۔

جھل مل تارے

(بھائی اشوک)

جھل مل تارے' جھل مل تارے!
لگتے ہو کیوں اتنے پیارے؟
روز سویرے کیوں چھپ جاتے؟
اور رات کو کیوں اگ آتے؟

چھوٹے بڑے انوکھے تارے!
رہتے ہو کیوں ہم سے نیارے؟
دور کہاں ہے واس تمہارا؟
تم سے ہے کچھ کام ہمارا۔

جگ کو تم پرکاش ہو دیتے'
بدلے میں نہ کبھی کچھ لیتے۔
تم کتنے ہو پروپکاری'
دھنیہ تمہاری مہما نیاری۔

کہو' چاند سے کیا ڈرتے ہو؟
جھل مل جھل مل جو کرتے ہو۔
یدی ڈرتے ہو تو بتلاؤ'
مجھ سے اب تم مت شرماؤ۔

جیو سدا اے جھل مل تارے'
بنے رہو تم سب کے نیارے۔
نتیہ رات کو رہو چمکتے'
رہو چاند کے ساتھ دمکتے۔

शायद घर पर भी पढ़ाने आती थी, मगर केवल शुरूआती शिक्षा के लिये. लड़की की असली शिक्षा तो इन चिट्ठियों से ही पूरी हुई. और यह शिक्षा भी कैसी! ज्ञान की शायद ही कोई ऐसी शाखा बची हो, जिसकी बाबत ज़रूरत भर इन चिट्ठियों में न बताया गया हो. आज पचास बरस बाद भी जो विशय आम तौर से लड़कियों की पढ़ाई में शामिल नहीं किये जाते, उन सब की तालीम इन चिट्ठियों में दी गई है. अर्थ विद्या, गृहस्थ विद्या, प्रानी विद्या, बनस्पति विद्या, इतिहास, जुग़राफ़िया, ज्योतिश, हिसाब, दर्शन और नीति सभी तो आ गए, और इसके अलावा खाने पीने, रहने सहने, सेहत वग़ैरह के सम्बन्ध में साधारन ज्ञान की बातें हर चिट्ठी में भरी पड़ी हैं. मैं अपने को एक पढ़ी लिखी लड़की मानती हूँ और मैंने कालिज की शिक्षा भी पाई है, मगर इन चिट्ठीयों को पढ़ कर मेरी तो जैसे नए सिरे से फिर तालीम हो गई. इतनी नई बातें मुझ को मालूम हुई हैं, जिनको स्कूल और कालिज में जानने का कभी कोई मौक़ा ही न मिला क्योंकि वह हमारी पढ़ाई का कोई हिस्सा थीं ही नहीं.

मेरी यह ख़ुश क़िस्मती है कि मुझको यह चिट्ठियां पढ़ने को मिलीं, और इनको पढ़कर मैं विश्वास के साथ कह सकती हूँ कि यही सच्चे मानों में शिक्षा है, जिससे ज्ञान, केवल इम्तहान पास करने के लिये बुद्धि का बोझ न बन कर, हमारे शरीर, दिमाग़ और आत्मा का बल बढ़ा सकता है, हमारा चरित्र बना सकता है और हमें अपने देश का एक उपयोगी नागर बनने के लायक़ कर सकता है. 'नया हिन्द' के ज़रिये यह चिट्ठियाँ हर महीने आपको पढ़ने के लिये मिलती रहेंगी.

अगस्त के नम्बर में जब पहली चिट्ठी छपेगी तब आपको यह ज़रूर मालूम हो जायगा कि किस बाप ने अपनी किस बेटी को यह चिट्ठियाँ लिखी थीं.

आपकी दीदी
योगमाया

सुन्दर हाथ

(भाई सी० वी० रामकृश्नन, देहली)

दोपहर का समय था. रामू श्यामू दोनों आँगन में चौकी पर बैठे बातें कर रहे थे. पास ही उनकी छोटी बहन सरला भी बैठी हुई थी. बात ही बात में दोनों भाई आपस में कहने लगे "बताओ हम तीनों में किसका हाथ सबसे अधिक सुन्दर है?"

दोनों भाई बड़े नटखट थे. झट दौड़ कर अन्दर गए, साबुन से हाथ धोए और आकर बैठ गए. पर सरला अपनी जगह से न हटी. दोनों को झगड़ते हुए देख कर उनकी

شاید گھر پر بھی پڑھانے آتی تھی، مگر کیول شروعاتی شکشا کے لئے۔ لڑکی کی اصلی شکشا تو اِن چٹھیوں سے ہی پوری ہوئی۔ اور یہ شکشا بھی کیسی! گیان کی شاید ہی کوئی ایسی شاکھا بچی ہو، جسکی بابت ضرورت بھر اِن چٹھیوں میں نہ بتایا گیا ہو۔ آج پچاس برس بعد بھی جو وشے عام طور سے لڑکیوں کی پڑھائی میں شامل نہیں کئے جاتے اُن سب کی تعلیم اِن چٹھیوں میں دی گئی ہے۔ ارتھ ودیا، گرہستھ ودیا، پرانی ودیا، بنسپتی ودیا، اِتہاس، جغرافیہ، جیوتش، حساب، درشن اور نیتی سبھی تو آگئے، اور اِسکے علاوہ کھانے پینے، رہنے سہنے، صحت وغیرہ کے سمبندھ میں سادھارن گیان کی باتیں ہر چٹھی میں بھری پڑی ہیں۔ میں اپنے کو ایک پڑھی لکھی لڑکی مانتی ہوں اور میں نے کالج کی شکشا بھی پائی ہے، مگر اِن چٹھیوں کو پڑھکر میری تو جیسے نئے سرے سے پھر تعلیم ہوگئی۔ اِتنی نئی باتیں مجھکو معلوم ہوئی ہیں، جنکو اسکول اور کالج میں جاننے کا کبھی کوئی موقعہ ہی نہ ملا کیونکہ وہ ہماری پڑھائی کا کوئی حصہ تھیں ہی نہیں۔

میری یہ خوش قسمتی ہے کہ مجھکو یہ چٹھیاں پڑھنے کو ملیں، اور اِن کو پڑھکر میں وشواس کے ساتھ کہہ سکتی ہوں کہ یہی سچے معنوں میں شکشا ہے، جس سے گیان، کیول امتحان پاس کرنے کے لئے بدھی کا بوجھ نہ بن کر، ہمارے شریر، دماغ اور آتما کا بل بڑھا سکتا ہے، ہمارا چرتر بنا سکتا ہے اور ہمیں اپنے دیش کا ایک اُپیوگی ناگر بننے کے لائق کرسکتا ہے۔ 'نیا ہند' کے ذریعے یہ چٹھیاں ہر مہینے آپ کو پڑھنے کے لئے ملتی رہیں گی۔

اگست کے نمبر میں جب پہلی چٹھی چھپیگی تب آپ کو یہ ضرور معلوم ہوجائیگا کہ کس باپ نے اپنی کس بیٹی کو یہ چٹھیاں لکھی تھیں۔

آپ کی دیدی
یوگ مایا

سندر ہاتھ

(بھائی سی۔ وی۔ رام کرشنن، دہلی)

دوپہر کا سمے تھا۔ رامو شیامو دونوں آنگن میں چوکی پر بیٹھے باتیں کررہے تھے۔ پاس ہی اُنکی چھوٹی بہن سرلا بھی بیٹھی ہوئی تھی۔ بات ہی بات میں دونوں بھائی آپس میں کہنے لگے—"بتاؤ ہم تینوں میں کس کا ہاتھ سب سے ادھک سندر ہے؟"

دونوں بھائی بڑے نٹ کھٹ تھے۔ جھٹ دوڑ کر اندر گئے، صابن سے ہاتھ دھوئے اور آکر بیٹھ گئے۔ پر سرلا اپنی جگہ سے نہ ہٹی۔ دونوں کو جھگڑتے ہوئے دیکھکر اُن کی

हाथ लग गया वरना वह भी नहीं. हमारी माओं ने नहीं तो हमारी दादी नानी ने तो यह ज़माना ज़रूर देखा था.

मगर इसी काले समय में हिन्दुस्तान का भाग्य करवट ले रहा था. जिन हिन्दुस्तानियों ने सोते ही सोते अपने देश को दूसरों के हाथ सौंप दिया था, उन्हीं की सन्तान ने देश को इस गढ़े में से निकालने की पहली कोशिश की. 1857 के बाद देश भर मानो जाग सा उठा. हमारे पतन के कारन ढूंढे जाने लगे, और उन्होंने देखा कि राजकाजी ग़फ़लत के साथ साथ हमारे समाज, हमारे कुटुम्ब और हमारे निजी आचरन में ऐसी बुराइयां आ गई थीं जिनको दूर किये बिना देश का उद्धार नहीं हो सकता था. हिन्दुस्तानी समाज में औरतों की गिरी हुई दशा की ओर उनका ध्यान ख़ास तौर से गया. औरतों की पढ़ाई लिखाई के लिये आन्दोलन चला. सभाएँ हुईं, प्रचार हुआ. मगर इस मैदान में मंच पर से बोलने वालों और अख़बारों मे लेख लिखने वालों से बढ़ कर काम उन लोगों ने किया, जिन्होंने नारी शिक्षा के इस ऊँचे उसूल को अमली रूप दिया और समाज के कड़े विरोध का सामना करके, और अपने कुन्बे के बड़े बूढ़ों के सख़्त बुरा भला कहने पर भी, अपनी लड़कियों को पढ़ाया. हमारे देश के कोने कोने में आज लड़कियों के लिये जो स्कूल और कालिज खुले हुए हैं, और लड़कों से ज़्यादा लड़कियों की पढ़ाई पर जो ज़ोर दिया जाता है, वह इन्हीं महापुरुषों की अनथक कोशिशों का फल है.

इस लेख के शुरू में जो चिट्ठी की तसवीर छापी गई है वह उन चिट्ठियों में से एक चिट्ठी का टुकड़ा है जो सन 1907 में एक बाप ने अपनी बेटी को लिखी थी. बाप एक जवान इंजीनियर था जो जेठ बैसाख की लू लपटों की परवाह न करके घोड़े पर चढ़ कर सैकड़ों मील का सफ़र करके पच्छिमी पंजाब में नहरें खुदवा कर रेगिस्तान को गुलज़ार बना रहा था. बेटी दिल्ली के बिचले दरजे के कुल की ग्यारह बारह बरस की लड़की थी, जिसकी लगभग सब सहेलियों और और हमउम्र लड़कियों की शादियां हुए भी कई बरस हो गए थे. इस लड़की के बाप ने उसकी इतनी जल्दी शादी करने से साफ़ इनकार कर दिया था और इसी कारन अपने कुन्बे, अपनी बिरादरी और अपने समाज में काफ़ी बुराई भी उठाई थी. दिल्ली में उस समय लड़कियों के लिये शायद कोई स्कूल वग़ैरा था ही नहीं, और अगर एक आध था भी तो एक भले घराने की लड़की को बाहर कौन निकाले. बाप अगर शहर में होता तो शायद इसका कुछ प्रबन्ध कर ही देता, मगर उसे तो बारह महीने बाहर ही रहना पड़ता था. पर लड़की को पढ़ाना भी ज़रूरी था, इसलिये सैकड़ों मील की दूरी से चिट्ठियोंके ज़रिये, उसने अपनी बेटी की तालीम शुरू की. एक आध उस्तानी

ہاتھ لگ گیا ورنہ وہ بھی نہیں . ہماری ماؤں نے نہیں تو ہماری دادی نانی نے تو یہ زمانہ ضرور دیکھا تھا .

مگر اِسی کالے سمے میں ہندستان کا بھاگ کروٹ لے رہا تھا . جن ہندستانیوں نے سوتے ہی سوتے اپنے دیش کو دوسروں کے ہاتھ سونپ دیا تھا' اُنھیں کی سنتان نے دیش کو اِس گڈھے میں سے نکالنے کی پہلی کوشش کی . 1857 کے بعد دیش بھر مانو جاگ سا اُٹھا . ہمارے پتن کے کارن ڈھونڈے جانے لگے' اور اُنھوں نے دیکھا کہ راجکاجی غفلت کے ساتھ ساتھ ہمارے سماج' ہمارے کٹمب اور ہمارے نجی آچرن میں ایسی برائیاں آگئی تھیں جن کو دور کئے بنا دیش کا اُددھار نہیں ہو سکتا تھا . ہندستانی سماج میں عورتوں کی گری ہوئی دشا کی اور اُنکا دھیان خاص طور سے گیا' عورتوں کی پڑھائی لکھائی کے لئے آندولن چلا . سبھائیں ہوئیں' پرچار ہوا . مگر اس میدان میں منچ پر سے بولنے والوں اور اخباروں میں لیکھ لکھنے والوں سے بڑھکر کام اُن لوگوں نے کیا' جنھوں نے ناری شکشا کے اس اُونچے اُصول کو عملی روپ دیا اور سماج کے کڑے ورودھ کا سامنا کرکے' اور اپنے کنبے کے بڑے بوڑھوں کے سخت برا بھلا کہنے پر بھی' اپنی لڑکیوں کو پڑھایا . ہمارے دیش کے کونے کونے میں آج لڑکیوں کے لئے جو اسکول اور کالج کھلے ہوئے ہیں' اور لڑکوں سے زیادہ لڑکیوں کی پڑھائی پر جو زور دیا جاتا ہے' وہ اِنھیں مہاپرشوں کی انتھک کوششوں کا پھل ہے .

اس لیکھ کے شروع میں جو چٹھی کی تصویر چھاپی گئی ہے وہ اُن چٹھیوں میں سے ایک چٹھی کا ٹکڑا ہے جو سن 1907 میں ایک باپ نے اپنی بیٹی کو لکھی تھی . باپ ایک جوان انجینیر تھا جو جیٹھ بیساکھ کی لو لپٹوں کی پرواہ نہ کر کے گھوڑے پر چڑھکر سیکڑوں میل کا سفر کر کے پچھمی پنجاب میں نہریں کھدواکر ریگستان کو گلزار بنا رہا تھا . بیٹی دلی کے بچلے درجے کے کل کی گیارہ بارہ برس کی لڑکی تھی' جسکی لگ بھگ سب سہیلیوں اور ہمعمر لڑکیوں کی شادیاں ہوئے بھی کئی برس ہوگئے تھے . اِس لڑکی کے باپ نے اُس کی اِتنی جلدی شادی کرنے سے صاف اِنکار کردیا تھا اور اِسی کارن اپنے کنبے' اپنی برادری اور اپنے سماج میں کافی برائی بھی اُٹھائی تھی . دلی میں اُس سمے لڑکیوں کے لئے شاید کوئی اسکول وغیرہ تھا ہی نہیں' اور اگر ایک آدھ تھا بھی تو ایک بھلے گھرانے کی لڑکی کو باہر کون نکالے . باپ اگر شہر میں ہوتا تو شاید اِسکا کچھ پربندھ کرھی دیتا' مگر اُسے تو بارہ مہینے باہر ہی رہنا پڑتا تھا . پر لڑکی کو پڑھانا بھی ضروری تھا' اِسلئے سیکڑوں میل کی دوری سے چٹھیوں کے ذریعے اُسنے اپنی بیٹی کی تعلیم شروع کی . ایک آدھ اُستانی


बच्चों की दुनिया

بچوں کی دنیا

भाई बहनो,

बहुत दिन नहीं हुए हिन्दुस्तान में, खासकर उत्तरी हिन्दुस्तान में, स्कूल कालिजों की तो कौन कहे, लड़कियों की घर में भी पढ़ाई लिखाई की बात नहीं उठती थी. परदा ऐसा था कि एक ही घर में मर्द अलग और औरतें अलग रहती थीं. लड़कियों को पराया धन समझ जल्दी से जल्दी मां बाप उनका बोझा अपने सर से उतारने की कोशिश करते थे, और आठ आठ नौ नौ बरस की नन्ही बच्चियाँ दुलहिन बनती थीं, घर बसाती थीं और कभी कभी बिना अपने पतियों के दर्शन किये ही विधवा हो जाती थीं. जो भले मां बाप थे वह अपनी लड़कियों को सजाते बनाते थे और ज़ेवरों से लाद देते थे, जो इतने भले नहीं थे वह प्यार से अधिक मार पीट से काम लेते थे, मगर किसी को भी इस बात का ध्यान नहीं आता था कि लड़कियों के लिये खाने पीने, कपड़े गहनों के अलावा कुछ दिमाग़ी ख़ूराक की भी ज़रूरत है. उनकी हस्ती कठपुतलियों या सुन्दर गुड़ियों से बढ़ कर कुछ और नहीं थी. अगर क़िस्मत अच्छी हुई तो बारह खड़ी और कुछ जमा बाक़ी

363 और जो
...बीच में खोल फिरता है। उनके बीच
में ग्रोन के अन्दर ... डालिये ...
इस सितारे की बिलकुल सीध
में उत्तर ... की तरफ़ इस
सितारे को आसमान तक बढ़ाइये
जिस जगह यह लाइन आसमान को
जाकर छुए जो बड़ा ध्रुव का तारा
दिखाई देगा। ध्रुव का तारा



इसी वास्ते ध्रुव का तारा कभी नहीं छुपा
... रात को अपनी जगह पर कायम
रहता है॥ पानी जो ज़मीन के चारों
तरफ़ फैला हुआ है उसको समंदर
कहते हैं और जो थोड़ा टुकड़ा चारों तरफ़
ज़मीन से घिरा हुआ हो उसको झील
कहते हैं॥ इसी तरह ... ज़मीन के
... हिस्सों को नये नाम कहते हैं और

بھائی بہنو!

بہت دن نہیں ہوئے ہندستان میں، خاص کر اتری ہندستان میں، اسکول کالجوں کی تو کون کہے، لڑکیوں کی گھر میں بھی پڑھائی لکھائی کی بات نہیں اٹھتی تھی۔ پردہ ایسا تھا کہ ایک ہی گھر میں مرد الگ اور عورتیں الگ رہتی تھیں۔ لڑکیوں کو پرایا دھن سمجھ جلدی سے جلدی ماں باپ ان کا بوجھا اپنے سر سے اتارنے کی کوشش کرتے تھے، اور آٹھ آٹھ نو نو برس کی ننھی بچیاں دلہن بنتی تھیں، گھر بساتی تھیں اور کبھی کبھی بنا اپنے پتیوں کے درشن کئے ہی ودھوا ہو جاتی تھیں۔ جو بھلے ماں باپ تھے وہ اپنی لڑکیوں کو سجاتے بناتے تھے اور زیوروں سے لاد دیتے تھے، جو اتنے بھلے نہیں تھے وہ پیار سے ادھک مار پیٹ سے کام لیتے تھے، مگر کسی کو بھی اس بات کا دھیان نہیں آتا تھا کہ لڑکیوں کے لئے کھانے پینے، کپڑے گہنوں کے علاوہ کچھ دماغی خوراک کی بھی ضرورت ہے۔ ان کی ہستی کٹھ پتلیوں یا سندر گڑیوں سے بڑھ کر کچھ اور نہیں تھی۔ اگر قسمت اچھی ہوئی تو بارہ کھڑی اور کچھ جمع باقی

22

किसान की मुसीबत नहीं दूर होने वाली है. अगर गाँव में मिलने वाले कच्चे माल को लेकर उसका तैयार माल किसान लोग बनाने लग जायँ तभी वह अपनी हालत को संभाल सकते हैं."

पढ़ाई या तालीम के सिलसिले में उन्होंने कहा— "धनवानों को चाहिये अपने गांव में ही पाठशालाएँ खोलें. इससे तालीम का ऐसा बन्दोबस्त होगा जिससे कि सभी जात के बालकों को एकसा लाभ पहुँचेगा. इन पाठशालाओं में महात्मा गांधी की बताई हुई नई तालीम के ढंग पर पढ़ाई होनी चाहिये. इसके मुताबिक़ अमीर ग़रीब, हर छोटी बड़ी जात के बच्चों को बढ़ई का काम, हल चलाने वग़ैरा की व्योहारी तालीम दी जायगी. इस तालीम की बदौलत समाज में बैठी हुई ऊँच नीच जड़ से ख़तम हो जायगी."

विनोबाजी की यह यात्रा गोदावरी नदी के किनारे मंचेरियल गांव पहुँचने पर 6 जून 1951 को पूरी हुई. 51 दिन के सफ़र मे उन्होने 51 गांव मे क़याम किया और क़रीब दो सौ गांवों से होकर गुज़रे. अपनी इस यात्रा में क़रीब नौ हज़ार एकड़ ज़मीन उन्हें दान में मिली जिसकी तक़सीम के लिये तीन जनों की एक कमेटी उन्होंने बना दी है.

मंचेरियल गाँव से पैदल चलकर 27 जून को विनोबाजी अपने परमधाम आश्रम वापस पहुंच गए. सर्वोदय सम्मेलन, शिवरामपल्ली (हैदराबाद), में शिरकत करने के लिये विनोबाजी 8 मार्च को सवेरे अपने आश्रम से निकले थे. साढ़े तीन महीने की इस अनोखी यात्रा से देश भर का ध्यान विनोबाजी की तरफ़ गया है. बापू के जाने के बाद यह पहला मौक़ा है जब लोगों के कानों में प्यार और मुहब्बत की सुरीली तान सुनाई पड़ी है. तेलंगाना जैसे तूफ़ानी इलाक़े में उसका असर साफ़ साफ़ मालूम हो रहा है. *

—सुरेश रामभाई

---

* इस लेख में विनोबाजी की स्पीचों की रिपोर्टें हमने उन अंगरेज़ी बुलेटिनों से तरजुमा करके दी हैं जो हमें हैदराबाद रियासत के डायरेक्टर आफ़ इनफ़ारमेशन से लगातार मिलते रहें हैं. इसके लिये हम उनके ऐहसान मन्द हैं —लेखक.

کسان کی مصیبت نہیں دور ہونے والی ہے . اگر گاؤں میں ملنے والے کچے مال کو لیکر اُس کا تیار مال کسان لوگ بنانے لگ جائیں تبھی وہ اپنی حالت کو سنبھال سکتے ہیں ."

پڑھائی یا تعلیم کے سلسلے میں اُنہوں نے کہا — " دھنوانوں کو چاھئے اپنے گاؤں میں ہی پاٹھ شالائیں کھولیں . اِس سے تعلیم کا ایسا بندوبست ہوگا جس سے کہ سبھی جات کے بالکوں کو ایک سا لابھ پہنچے گا . اِن پاٹھ شالاؤں میں مہاتما گاندھی کی بتائی ہوئی نئی تعلیم کے ڈھنگ پر پڑھائی ہونی چاھئے . اِسکے مطابق امیر غریب' ہر چھوٹی بڑی جات کے بچوں کو بڑھئی کا کام' ہل چلانے وغیرہ کی بیوہاری تعلیم دی جائیگی . اِس تعلیم کی بدولت سماج میں بیٹھی ہوئی اونچ نیچ جڑ سے ختم ہوجائیگی ."

ونوبا جی کی یہ یاترا گوداوری ندی کے کنارے منچیریل گاؤں پہنچنے پر 6 جون 1951 کو پوری ہوئی . 51 دن کے سفر میں اُنہوں نے 51 گاؤں میں قیام کیا اور قریب دوسو گاؤں سے ہو کر گزرے . اپنی اِس یاترا میں قریب نو ہزار ایکڑ زمین اُنہیں دان میں ملی جسکی تقسیم کے لئے تین جنوں کی ایک کمیٹی اُنہوں نے بنا دی ہے .

منچیریل گاؤں سے پیدل چلکر 27 جون کو ونوبا جی اپنے پرم دھام آشرم واپس پہنچ گئے . سرودے سمیلن' شیو رام پلی (حیدرآباد)' میں شرکت کرنے کے لئے ونوبا جی 8 مارچ کو سویرے اپنے آشرم سے نکلے تھے . ساڑھے تین مہینے کی اِس انوکھی یاترا سے دیش بھر کا دھیان ونوبا جی کی طرف گیا ہے . باپو کے جانے کے بعد یہ پہلا موقع ہے جب لوگوں کے کانوں میں پیار اور محبت کی سریلی تان سنائی پڑی ہے . تیلنگانہ جیسے طوفانی علاقے میں اُس کا اثر صاف صاف معلوم ہو رہا ہے . *

—سریش رام بھائی

---

* اس لیکھ میں ونوبا جی کی اسپیچوں کی رپورٹیں ہم نے اُن انگریزی بلیٹنوں سے ترجمہ کر کے دی ہیں جو ہمیں حیدرآباد ریاست کے ڈائرکٹر آف انفارمیشن سے لگاتار ملتے رہے ہیں . اسکے لئے ہم ان کے احسان مند ہیں —لیکھک .

कम्यूनिस्ट अपना काम कर रहे हैं और सरकार भी अपने तरीक़े से अपना काम कर रही है. मैं भी यहाँ पर कुछ काम अपने तरीक़े से कर रहा हूँ जिसका आधार प्रेम है, मुहब्बत है." यह प्रेम का रास्ता वही रास्ता है जो हाल ही में हमारे बापू दुनिया को बता कर गए हैं, यह वह सनातन रास्ता है जिसे संतों, पैग़म्बरों और अवतारों ने बारबार दोहराया है. तेलंगाना में दिन में सरकार का ज़ोर, रात में कम्यूनिस्टों का ज़ोर—इससे न कम्यूनिस्टों का भला होगा न सरकार का. जैसा विनोबा जी ने कहा—"पुलिस की होशियारी और कम्यूनिस्ट कारकरताओं में फूट की वजह से तेलंगाना के अन्दर के कम्यूनिस्ट हंगामे का ज़ोर-शोर कुछ अरसे के लिए भले ही मंदा पड़ जाय लेकिन जब तक हम शराब बन्दी करके और ज़मीन का दोबारा बँटवारा करके वहाँ की ग़रीबी का सवाल हल नहीं कर लेते तब तक कम्यूनिज़्म एक सवाल की शकल में बना ही रहने वाला है."

एक बार जब वरंगल जेल में कम्यूनिस्ट क़ैदियों से विनोबा जी मिले तो उन्होंने पूछा क्या इस तरह अमीरों को फिर से अपने घरों में बसा कर आप सवाल हल कर सकेंगे ? विनोबा जी ने जवाब दिया—"मुझे यक़ीन है कि दिल बदलते हैं. ज़मीन दान देने से आदमी के अन्दर रहने वाली भलाई और बुराई में भिड़ंत हो जायगी और फिर उनका नज़रिया संभल जायगा. पच्छिमी साइन्स और हिन्दुस्तानी फ़लसफ़े के मेल का नतीजा लाज़िमी तौर पर अच्छा और मीठा होगा. अहिंसा ही सब बुराइयों का इलाज है."

लेकिन यह प्रेम का रास्ता कोई हँसी खेल नहीं है. तलवार की धार पर चलना आसान है मगर प्रेम की धार इससे भी ज़्यादा पैनी और पतली है. विनोबा जी ने गावीचरला गाँव में कहा—"काँगरेस वाले तो जनता की सेवा कर नहीं सकते क्योंकि सेवा का उसूल काँगरेस के लिए एक मज़ाक़ हो गया है. समाजवादी किसी क़दर अच्छे हैं मगर वह भी सत्ता के पीछे पागल हो रहे हैं. ऐसी हालत में सर्वोदय समाज ही सौदा पटा सकता है."

हम ऊपर कह चुके हैं कि विनोबा जी ने गाँव वालों को कुएँ खोदने के लिये सलाह दी है. इस चीज़ पर उन्होंने बारबार इसरार किया है. एक गाँव में उन्होंने कहा—"हमें नहरें भी खोदनी चाहियें. नए कुएँ और नई नहरें खोदने से एक नया ज़माना आ जायगा जिसमें कोई आदमी भी बीस एकड़ सिंचाई की ज़मीन पाकर सन्तोश से रहेगा. हालाँकि अब सौ एकड़ से भी काम नहीं चलता है." इसके अलावा वह चाहते हैं कि देहाती उद्योग-धन्धे बढ़ें—"बिना देहाती दस्तकारियों के केवल ज़मीनें रखकर,

کمیونسٹ اپنا کام کر رہے ہیں اور سرکار بھی اپنے طریقے سے اپنا کام کر رہی ہے. میں بھی یہاں پر کچھ کام اپنے طریقے سے کر رہا ہوں جس کا آدھار پریم ہے، محبت ہے." یہ پریم کا راستہ وہی راستہ ہے جو حال ہی میں ہمارے باپو دنیا کو بتا کر گئے ہیں، یہ وہ سناتن راستہ ہے جسے سنتوں، پیغمبروں اور اوتاروں نے بار بار دوہرایا ہے. تیلنگانہ میں دن میں سرکار کا زور، رات میں کمیونسٹوں کا زور — اس سے نہ کمیونسٹوں کا بھلا ہوگا نہ سرکار کا. جیسا ونوبا جی نے کہا — "پولیس کی ہوشیاری اور کمیونسٹ کارکرتاؤں میں پھوٹ کی وجہ سے تیلنگانہ کے اندر کے کمیونسٹ ہنگامے کا زور شور کچھ عرصے کے لئے بھلے ہی مندا پڑ جائے لیکن جب تک ہم شراب بندی کر کے اور زمین کا دوبارہ بٹوارہ کرکے وہاں کی غریبی کا سوال حل نہیں کر لیتے تب تک کمیونزم ایک سوال کی شکل میں بنا ہی رہنے والا ہے."

ایک بار جب ورنگل جیل میں کمیونسٹ قیدیوں سے ونوبا جی ملے تو انہوں نے پوچھا کیا اسطرح امیروں کو پھر سے اپنے گھروں میں بسا کر آپ سوال حل کر سکیں گے؟ ونوبا جی نے جواب دیا "مجھے یقین ہے کہ دل بدلتے ہیں. زمین دان دینے سے آدمی کے اندر رہنے والی بھلائی اور برائی میں بھڑنت ہو جائیگی اور پھر ان کا نظریہ سنبھل جائیگا. پچھمی سائنس اور ہندستانی فلسفے کے میل کا نتیجہ لازمی طور پر اچھا اور میٹھا ہوگا. اہنسا ہی سب برائیوں کا علاج ہے."

لیکن یہ پریم کا راستہ کوئی ہنسی کھیل نہیں ہے. تلوار کی دھار پر چلنا آسان ہے مگر پریم کی دھار اس سے بھی زیادہ پینی اور پتلی ہے. ونوبا جی نے گاوی چرلا گاؤں میں کہا — "کانگریس والے تو جنتا کی سیوا کر نہیں سکتے کیونکہ سیوا کا اصول کانگریس کے لئے ایک مذاق ہوگیا ہے. سماج وادی کسی قدر اچھے ہیں مگر وہ بھی ستا کے پیچھے پاگل ہو رہے ہیں. ایسی حالت میں سروودے سماج ہی سودا پٹا سکتا ہے."

ہم اوپر کہہ چکے ہیں کہ ونوبا جی نے گاؤں والوں کو کنوئیں کھودنے کے لئے صلاح دی ہے. اس چیز پر انہوں نے بار بار اصرار کیا ہے. ایک گاؤں میں انہوں نے کہا — "ہمیں نہریں بھی کھودنی چاہئیں. نئے کنوئیں اور نئی نہریں کھودنے سے ایک نیا زمانہ آجائیگا جس میں کوئی آدمی بھی بیس ایکڑ سینچائی کی زمین پاکر سنتوش سے رہے گا. حالانکہ اب سو ایکڑ سے بھی کام نہیں چلتا ہے." اسکے علاوہ وہ چاہتے ہیں کہ دیہاتی ادیوگ دھندے بڑھیں — "بنا دیہاتی دستکاریوں کے کیول زمینیں رکھکر،

हम ऊपर कह चुके हैं कि तेलंगाना में कम्यूनिस्टों के हावी हो जाने की वजह विनोबाजी ने क्या बताई है. कम्यूनिस्टों की जात से उन्हें कोई शिकायत नहीं है. वह उनसे मुहब्बत करते हैं और उनके दिल में कम्यूनिस्टों के लिये जगह है. एक गांव में प्रार्थना के बाद बोलते हुए विनोबाजी ने कहा—"मुझे मालूम हुआ कि इस गांव में कुछ जाग्रति है क्योंकि कम्यूनिस्टों ने यहां कुछ काम किया है. मैं कम्यूनिस्टों को अपना भाई मानता हूँ. उनमें मेरे कई एक दोस्त हैं. कम्यूनिस्ट होना कोई गुनाह नहीं है. कम्यूनिस्ट होने के माने हैं ग़रीबों की सेवा करना." लेकिन विनोबाजी की यह पक्की राय है कि कम्यूनिस्टों का रास्ता मुल्क के लिये ठीक नहीं है. उसी स्पीच में उन्होंने कहा—"लेकिन कम्यूनिस्ट लोग हिंसा और खून ख़राबी के कामों में लगे रहते हैं. यह बहुत ग़लत चीज़ है. इसी वजह से उनकी सारी की-कराई मेहनत मिट्टी में मिल जाती है···मेरी यह दिली इच्छा है कि मैं लोगों को यह समझा सकूँ कि जनता की असली सेवा करने का तरीक़ा अहिंसा का तरीक़ा ही है." एक दूसरी जगह पर उन्होंने कहा—"मैं कम्यूनिस्ट भाइयों को यह साफ़ तौर पर बता देना चाहता हूँ कि उनके लिये अब इसकी कोई ज़रूरत नहीं कि वह अमीरों को क़त्ल करें, क्योंकि अब तो लोकराज का ज़माना आ गया है. यह अमीर तो बिना पिस्तौल के ही मारे जा सकते हैं, क्योंकि हर बालिग़ आदमी को अब वोट देने का अख़्तियार मिल चुका है. आगे आने वाला राज आम जनता का राज होगा. मैं कम्यूनिस्ट भाइयों से विनती करता हूँ कि वह खुले में आयें और काम करें. अगर वह ऐसा करेंगे तो मैं उनका पूरा साथ दूंगा. अगर कम्यूनिस्ट हिंसा का रास्ता छोड़ दें तो सब अच्छे और नेक लोग उनकी मदद करेंगे. महात्मा गांधी कहा करते थे—'मैं कम्यूनिस्ट हूँ लेकिन मैं ख़ुदकुशी वाला हिंसा का रास्ता नहीं अपनाऊँगा.'"

यही नहीं, विनोबाजी और आगे जाते हैं. उन्होंने कहा—"मेरी उनसे आरज़ू है कि हिंसा करना बन्द करें और अगर वह ऐसा करलें तो मैं उनके साथ रहकर हिन्दुस्तान के कोने कोने में जाकर कम्यूनिज़्म का परचार करूँगा."

विनोबा जी का तरीक़ा प्रेम का तरीक़ा है. यही प्रेम का पाठ वह जगह जगह पढ़ाते हैं. एक गाँव में उन्होंने कहा—"आपको जो सारी हवा में फ़र्क़ दिखाई दे रहा है यह भगवान की बरकत है. अगर हर कोई भगवान पर भरोसा रखे तो भगवान ज़रूर रास्ता दिखलाता है. भगवान हर एक दिल में मौजूद है. हम उससे दुआ करें तो बहुत सा काम हो सकता है. मैं यहाँ कोई बंदूक़ लेकर या हकूमत की बख़्शी हुई कोई दूसरी ताक़त लेकर नहीं आया हूँ.

ہم اوپر کہ چکے ہیں کہ تیلنگانہ میں کمیونسٹوں کے حاوی ہوجانے کی وجہ ونوبا جی نے کیا بتائی ہے. کمیونسٹوں کی ذات سے انہیں کوئی شکایت نہیں ہے. وہ ان سے محبت کرتے ہیں اور ان کے دل میں کمیونسٹوں کے لئے جگہ ہے. ایک گاؤں میں پرارتھنا کے بعد بولتے ہوئے ونوبا جی نے کہا —" مجھے معلوم ہوا کہ اس گاؤں میں کچھ جاگرتی ہے کیونکہ کمیونسٹوں نے یہاں کچھ کام کیا ہے. میں کمیونسٹوں کو اپنا بھائی مانتا ہوں. ان میں میرے کئی ایک دوست ہیں. کمیونسٹ ہونا کوئی گناہ نہیں ہے. کمیونسٹ ہونے کے معنے ہیں غریبوں کی سیوا کرنا." لیکن ونوبا جی کی یہ پکی رائے ہے کہ کمیونسٹوں کا راستہ ملک کے لئے ٹھیک نہیں ہے. اسی اسپیچ میں انہوں نے کہا —" لیکن کمیونسٹ لوگ ہنسا اور خون خرابی کے کاموں میں لگے رہتے ہیں. یہ بہت غلط چیز ہے. اسی وجہ سے انکی ساری کی کرائی محنت مٹی میں مل جاتی ہے ...... میری یہ دلی اچھا ہے کہ میں لوگوں کو یہ سمجھا سکوں کہ جنتا کی اصلی سیوا کرنے کا طریقہ اہنسا کا طریقہ ہی ہے." ایک دوسری جگہ پر انہوں نے کہا —" میں کمیونسٹ بھائیوں کو یہ صاف طور پر بتلا دینا چاہتا ہوں کہ ان کے لئے اب اسکی کوئی ضرورت نہیں کہ وہ امیروں کو قتل کریں، کیونکہ اب تو لوک راج کا زمانہ آگیا ہے. یہ امیر تو بنا پستول کے ہی مارے جا سکتے ہیں، کیونکہ ہر بالغ آدمی کو اب ووٹ دینے کا اختیار مل چکا ہے. آگے آنے والا راج عام جنتا کا راج ہوگا. میں کمیونسٹ بھائیوں سے ونتی کرتا ہوں کہ وہ کھلے میں آئیں اور کام کریں. اگر وہ ایسا کرینگے تو میں ان کا پورا ساتھ دوں گا. اگر کمیونسٹ ہنسا کا راستہ چھوڑ دیں تو سب اچھے اور نیک لوگ انکی مدد کرینگے. مہاتما گاندھی کہا کرتے تھے —' میں کمیونسٹ ہوں لیکن میں خود کشی والا ہنسا کا راستہ نہیں اپناؤں گا'."

یہی نہیں، ونوبا جی اور آگے جاتے ہیں. انہوں نے کہا —" میری ان سے آرزو ہے کہ ہنسا کرنا بند کریں اور اگر وہ ایسا کر لیں تو میں ان کے ساتھ رہکر ہندستان کے کونے کونے میں جاکر کمیونزم کا پرچار کروں گا."

ونوبا جی کا طریقہ پریم کا طریقہ ہے. یہی پریم کا پاٹھ وہ جگہ جگہ پڑھاتے ہیں. ایک گاؤں میں انہوں نے کہا —" آپ کو جو ساری ہوا میں فرق دکھائی دے رہا ہے یہ بھگوان کی برکت ہے. اگر ہر کوئی بھگوان پر بھروسہ رکھے تو بھگوان ضرور راستہ دکھلاتا ہے. بھگوان ہر ایک دل میں موجود ہے. ہم اس سے دعا کریں تو بہت سا کام ہو سکتا ہے. میں یہاں کوئی بندوق لیکر یا حکومت کی بخشی ہوئی کوئی دوسری طاقت لیکر نہیں آیا ہوں.

लोगों की बेचैनी जाती रहेगी और अमन शान्ति क़ायम होगी. जो लोग दान वाली ज़मीनें पायें उनको सरकार की तरफ़ से तक़ावी वग़ैरा की दूसरी सहूलियतें मिलनी चाहियें. इसके अलावा सरकार को चाहिये कि वह एक क़ानून बनादे जिसमें यह साफ़ कर दिया जाये कि एक आदमी हद से हद कितनी ज़मीन अपने पास रख सकता है और इसी क़ानून में यह भी ज़ाहिर कर देना चाहिये के बाक़ी ज़मीन ग़रीबों को दान दे दी जाय. अगर यह चीज़ें अमल में आने लगें तो कम्यूनिस्टों का नाम नहीं रहेगा."

इस के बाद बचते हैं बाक़ी तेलंगाना के बाशिन्दे. उनसे विनोबा जी ने कहा —"बालिग़ उमर वाले भाइयों को मैं एक सबक़ देना चाहता हूँ. वह यह कि शादी के समय वर को दक्षिना या दहेज के बजाय कुआं खुदवादें. इस तरह देश भर में कुएँ बन जायँगे जिनसे अपने देश की तरक़्क़ी होगी. नई तालीम और शादी के समय कुएँ खुदवाना इन दो तरीक़ों से सारा गांव गोकुल बन जायगा. गोकुल के माने हैं कि सभी के पास जो दौलत है उसका इस्तेमाल सभी कर सकें." हम यहाँ यह बतादें कि अपने परमधाम आश्रम में (जो वर्धा शहर से पांच मील की दूरी पर है) विनोबाजी ने आश्रम के भाई बहनों की मदद से एक कुआं खुद ही पार साल खोदा है जहाँ बिजली या बैल की जगह आश्रमवासी ही रहट खेंचते हैं.

यह ख़याल पैदा होगा कि विनोबाजी ज़मीन का दान क्यों मांगते हैं? क्या पैसा लेकर और फिर उसे ग़रीबों में बांट कर सवाल का हल नहीं हो सकता? नहीं, हरगिज़ नहीं. इस बारे में विनोबाजी बहुत सख़्त हैं. उन्होंने एक जगह कहा—"मैं दान में रुपया नहीं लेता..असल बात यह है कि रुपए ने हिन्दुस्तान को तबाह कर दिया है. चीज़ों की जो क़ीमत है वह नहीं घटती-बढ़ती, रुपए की क़ीमत घटती-बढ़ती है. अनाज की क़ीमत मुस्तक़िल है. मैं तो लोगों को रुपए के चंगुल से छुड़ाना चाहता हूँ. रुपया तो महज़ एक ज़रिया है और यह दान देनेवाले के अन्दर घमंड पैदा कराता है. लेकिन ज़मीन-दान में तो ग़रीब का जन्मजात हक़ है. इसलिये मैं ज़मीन-दान लेता हूं......अगर हर कोई मुहब्बत के साथ ग़रीबों को अपनायेगा तो कम्यूनिस्टों का रंग आप से आप जाता रहेगा." विनोबाजी तो पिछले डेढ़ बरस से ज़्यादा हुआ इस चीज़ पर ख़ुद अमल कर रहे हैं. उन्होंने जीवन भर के लिये सिर्फ़ श्रम-दान (जिस्म की मेहनत की शकल में दान) लेना क़बूल किया है. इसी आधार पर उनका आश्रम चल रहा है जिसमें उनको ज़बरदस्त कामयाबी हुई है. उसकी तफ़सील में इस वक़्त हम नहीं जायँगे.

لوگوں کی بےچینی جاتی رہے گی اور امن شانتی قائم ہوگی. جو لوگ دان والی زمینیں پائیں انکو سرکار کی طرف سے تقاوی وغیرہ کی دوسری سہولتیں ملنی چاہئیں. اسکے علاوہ سرکار کو چاہئے کہ وہ ایک قانون بنادے جس میں یہ صاف کردیا جائے کہ ایک آدمی حد سے حد کتنی زمین اپنے پاس رکھ سکتا ہے اور اسی قانون میں یہ بھی ظاہر کردینا چاہئے کہ باقی زمین غریبوں کو دان دے دی جائے. اگر یہ چیزیں عمل میں آنے لگیں تو کمیونسٹوں کا نام نہیں رہے گا".

اسکے بعد بچتے ہیں باقی تلنگانہ کے باشندے. اُن سے ونوبا جی نے کہا —"بالغ عمر والے بھائیوں کو میں ایک سبق دینا چاہتا ہوں. وہ یہ کہ شادی کے سمے بر کو دکشنا یا دہیز کے بجائے کنواں کھدوا دیں. اِس طرح دیش بھر میں کنوئیں بن جائیں گے جن سے اپنے دیش کی ترقی ہوگی. نئی تعلیم اور شادی کے سمے کنوئیں کھدوانا اِن دو طریقوں سے سارا گاؤں گوکل بن جائیگا. گوکل کے معنے ہیں کہ سبھی کے پاس جو دولت ہے اسکا استعمال سبھی کر سکیں". ہم یہاں یہ بتادیں کہ اپنے پرمدھام آشرم میں (جو وردھا شہر سے پانچ میل کی دوری پر ہے) ونوبا جی نے آشرم کے بھائی بہنوں کی مدد سے ایک کنواں خود ہی پارسال کھودا ہے جہاں بجلی یا بیل کی جگہ آشرم واسی ہی رہٹ کھینچتے ہیں.

یہ خیال پیدا ہوگا کہ ونوبا جی زمین کا دان کیوں مانگتے ہیں؟ کیا پیسہ لیکر اور پھر اسے غریبوں میں بانٹ کر سوال کاحل نہیں ہوسکتا؟ نہیں، ہرگز نہیں. اِس بارے میں ونوبا جی بہت سخت ہیں. اُنہوں نے ایک جگہ کہا —" میں دان میں روپیہ نہیں لیتا. اصل بات یہ ہے کہ روپے نے ہندستان کو تباہ کر دیا ہے. چیزوں کی جو قیمت ہے وہ نہیں گھٹتی بڑھتی، روپے کی قیمت گھٹتی بڑھتی ہے. اناج کی قیمت مستقل ہے. میں تو لوگوں کو روپے کے چنگل سے چھڑانا چاہتا ہوں. روپیہ تو محض ایک ذریعہ ہے اور یہ دان دینے والے کے اندر گھمنڈ پیدا کراتا ہے. لیکن زمین دان میں تو غریب کا جنم جات حق ہے. اسلئے میں زمین دان لیتا ہوں...... اگر ہر کوئی محبت کے ساتھ غریبوں کو اپنائیگا تو کمیونسٹوں کا رنگ آپ سے آپ جاتا رہے گا". ونوبا جی تو پچھلے ڈیڑھ برس سے زیادہ ہوا اِس چیز پر خود عمل کر رہے ہیں. اُنہوں نے جیون بھر کے لئے صرف شرم دان (جسم کی محنت کی شکل میں دان) لینا قبول کیا ہے. اِسی آدھار پر اُن کا آشرم چل رہا ہے جس میں ان کو زبردست کامیابی ہوئی ہے. اسکی تفصیل میں اس وقت ہم نہیں جائیں گے.

लोग कुछ न कुछ चढ़ाते हैं इसी तरह इस यज्ञ में हमें ज़मीन दान देना चाहिये. लोग शक करते थे कि भला कलजुग में भी कोई ऐसा दान दे सकेगा लेकिन जब मांगने वाला पैदा हो जाता है तो देने वाले भी मिल जाते हैं और अब तक (30 मई) मुझे साढ़े-तीन हज़ार एकड़ ज़मीन मिल चुकी है.'' इस भूमि दान को ही विनोबा जी ने 'सही रास्ता' बताया है. अपनी उसी स्पीच में आगे चलकर उन्होंने कहा—''गर्मी के मौसम में आपको घास दिखाई नहीं देती. लेकिन पानी पड़ते ही घास उग आती है क्योंकि उसके बीज तो ज़मीन में रहते ही हैं. इसी तरह पुलिस कुछ वक़्त के लिये कम्यूनिस्ट असर भले कम कर दे लेकिन इसे जड़ से नहीं ख़तम कर सकती. इसको जड़ से ख़तम करने के लिये हमें सही रास्ता अपनाना होगा. कुछ काँग्रेस वालों ने मुझसे कहा कि यह रास्ता हमारी समझ में नहीं आता. अगर वह इस यज्ञ का मतलब नहीं समझते और लोगों के दिलों में पैदा होने वाली तबदीली नहीं देख सकते तो मैं समझता हूँ कि उन्होंने आँखें बन्द करली हैं. अगर उन्हें अहिंसा के अन्दर यक़ीन नहीं है तो बेहतर यह है कि वह कम्यूनिस्ट पार्टी में शरीक हो जायँ. मैं तो उनसे कहना चाहता हूँ कि अगर वह इस यज्ञ में हिस्सा लेंगे तो काँगरेस की इज़्ज़त और उसका लिहाज़ बढ़ेगा. उनके हिस्सा लेने से उनके जीवन में फ़र्क़ पड़ेगा, समाज में क्रान्ति होगी और हर एक का दिल बदल जायेगा जिसका नतीजा यह होगा कि देश की काया पलट जायेगी और देश ख़ूब फले फूलेगा.''

विनोबा जी ने यह भी साफ़ कर दिया कि दान देने वाले जो दान दें सो अपना फ़र्ज़ समझ कर, न कि यह कि वह कोई एहसान कर रहे हैं. एक जगह उन्होंने कहा—''यह जो दान दिये जा रहे हैं कोई एहसान नहीं है. शास्त्रों में बताया गया है कि दान देना माने जो अपने पास है उसको दूसरे के साथ मिल कर भोगना. इससे साफ़ ज़ाहिर है कि दान देने से कोई भी किसी दूसरे पर एहसान नहीं करता है.''

लेकिन अब हकूमत का क्या फ़र्ज़ है ? उसे अपनी हिंसा भरी कारवाई तो बन्द कर ही देनी चाहिये. इसके अलावा उसे चाहिये कि ऐसे क़ानून पास करे जिनके मातहत कोई आदमी ज़रूरत से ज़्यादा ज़मीन अपने हाथ में रख ही न सके. विनोबा जी के लफ़्ज़ों में—''जो काम मैंने शुरू किया है उसे जारी रहना चाहिये. नलगुन्डा ज़िला कांगरेस कमेटी के सदर, भाई केशवराव जी इसे चलायेंगे. मेरे तख़मीने के मुताबिक़ नलगुन्डा ज़िले की चौदह पंद्रह लाख के क़रीब आबादी है. और अगर चौदह पंद्रह हज़ार एकड़ ज़मीन दान में मिल जाये तो चौदह पंद्रह हज़ार लोगों की रोज़ी उससे चल जायेगी. ज़मीन बँटने के इस काम से

لوگ کچھ نہ کچھ چڑھاتے ہیں اسی طرح اِس یگیہ میں ہمیں زمین دان دینا چاہئے . لوگ شک کرتے تھے کہ بھلا کلجگ میں بھی کوئی ایسا دان دے سکے گا. لیکن جب مانگنے والا پیدا ہو جاتا ہے تو دینے والے بھی مل جاتے ہیں اَور اب تک (30 مئی) مجھے ساڑھے تین ہزار ایکڑ زمین مل چکی ہے". اس بھومی دان کو ہی ونوبا جی نے 'صحیح راستہ' بتایا ہے . اپنی اُسی اسپیچ میں آگے چل کر اُنہوں نے کہا—''گرمی کے موسم میں آپ کو گھاس دکھائی نہیں دیتی . لیکن پانی پڑتے ہی گھاس اُگ آتی ہے کیونکہ اُسکے بیج تو زمین میں رہتے ہی ہیں . اِسی طرح پولیس کچھ وقت کے لئے کمیونسٹ اثر بھلے کم کردے لیکن اِسے جڑ سے نہیں ختم کرسکتی . اسکو جڑ سے ختم کرنے کے لئے ہمیں صحیح راستہ اپنانا ہوگا . کچھ کانگریس والوں نے مجھسے کہا کہ یہ راستہ ہماری سمجھ میں نہیں آتا . اگر وہ اِس یگیہ کا مطلب نہیں سمجھتے اَور لوگوں کے دلوں میں پیدا ہونے والی تبدیلی نہیں دیکھ سکتے تو میں سمجھتا ہوں کہ اُنہوں نے آنکھیں بند کرلی ہیں . اگر اُنہیں اہنسا کے اندر یقین نہیں ہے تو بہتر یہ ہے کہ وہ کمیونسٹ پارٹی میں شریک ہوجائیں . میں تو اُن سے کہنا چاہتا ہوں کہ اگر وہ اِس یگیہ میں حصہ لینگے تو کانگریس کی عزت اَور اُسکا لحاظ بڑھے گا . اُنکے حصہ لینے سے انکے جیون میں فرق پڑیگا' سماج میں کرانتی ہوگی اَور ہر ایک کا دل بدل جائیگا جس کا نتیجہ یہ ہوگا کہ دیش کی کایا پلٹ جائیگی اَور دیش خوب پھلے پھولے گا".

ونوبا جی نے یہ بھی صاف کردیا کہ دان دینے والے جو دان دیں سو اپنا فرض سمجھکر' نہ کہ یہ کہ وہ کوئی احسان کررہے ہیں . ایک جگہ اُنہوں نے کہا—''یہ جو دان دئیے جارہے ہیں' کوئی احسان نہیں ہے . شاستروں میں بتایا گیا ہے کہ دان دینا معنے جو اپنے پاس ہے اُسکو دوسرے کے ساتھ ملکر بھوگنا . اِس سے صاف ظاہر ہے کہ دان دینے سے کوئی بھی کسی دوسرے پر احسان نہیں کرتا ہے".

لیکن اب حکومت کا کیا فرض ہے ؟ اُسے اپنی ہنسا بھری کاروائی تو بند کرہی دینی چاہئے . اِسکے علاوہ اُسے چاہئے کہ ایسے قانون پاس کرے جنکے ماتحت کوئی آدمی ضرورت سے زیادہ زمین اپنے ہاتھ میں رکھ ہی نہ سکے. ونوبا جی کے لفظوں میں—''جو کام میں نے شروع کیا ہے اُسے جاری رہنا چاہئے . نلگنڈہ ضلع کانگریس کمیٹی کے صدر بھائی کیشوراو جی اِسے چلائینگے . میرے تخمینے کے مطابق نلگنڈہ ضلع کی چودہ پندرہ لاکھ کے قریب آبادی ہے . اور اگر چودہ پندرہ ہزار ایکڑ زمین دان میں مل جائے تو چودہ پندرہ ہزار لوگوں کی روزی اس سے چل جائیگی . زمین بٹنے کے اِس کام سے

जा सकता है जो उन्होंने बालापाली गांव में 31 मई को दी थी—"इस गांव की आबादी 3000 है और यहाँ ज़मीन भी 3000 एकड़ है. लेकिन 10 ख़ानदान ही सारी ज़मीन के मालिक हैं जब कि 600 ख़ानदान बे ज़मीन वाले हैं. किसी देहाती सनअत या दस्तकारी का भी इन्तज़ाम नहीं है. बुनकरों को सूत सिर्फ़ इतना मिलता है कि म:ीने में आठ दिन काम चल जाय. ज़मीन के बराबर के बटवारे के साथ साथ देहाती धंदों की भी तरक़्क़ी होनी चाहिये. गांव वाले पैसा कमाने की फ़सलें न पैदा करें. उन्हें चाहिये कि अनाज पैदा करें और इतनी कपास उगालें कि अपने कपड़े का सवाल ख़ुद हल कर सकें. तेलंगाना में मुसीबत यही है कि पैसे कमाने वाली फ़सलें जैसे मूँगफली और तम्बाकू बे इन्तहा पैदा की जाती हैं." हम यहाँ यह बता दें कि पैसे कमाने वाली फसलों की—जैसे ईख, पटसन, मूँगफली, तम्बाकू वग़ैरा—खेती के लिये जनता को मजबूर करके हिन्द सरकार ने अनाज के सवाल को और ख़तरनाक बना दिया है. विनोबा जी इन सब चीज़ों से कितने परेशान हैं यह उनकी एक दूसरी स्पीच से, जो 28 मई को दी गई थी, पता चलता है—"चालीस साल पहले जब मैं पढ़ता था तो अपने देश की हालत की बाबत पढ़कर और सोच विचार करने पर मुझे उस पर दुख होता था. आज चालीस साल बाद भी उन हालतों में कोई फ़रक़ नहीं है ! इसके ख़िलाफ़, वह और ज़्यादा बिगड़ गई हैं." तेलंगाना में जो कम्यूनिस्टों के आन्दोलन ने ज़ोर पकड़ लिया है उसकी वजह बताते हुए विनोबा जी ने कहा है—"अमीर और रईस लोग ही कम्यूनिस्टों के पैदा हो जाने के ज़िम्मेदार हैं. असल बात यह है कि कम्यूनिस्ट रईस लोगों की ही औलाद हैं."

तेलंगाना की बीमारी को समझ लेने के बाद दूसरा सवाल जो सामने आता है वह है इसका इलाज. कम्यूनिस्टों ने यह समझा कि ज़मीनें ज़बरदस्ती छीनकर ग़रीबों में बांट देना इसका इलाज है. हकूमत असली मरज़ की दवा करने के बजाय कम्यूनिस्टों को नेस्तनाबूद करने में फँस गई. विनोबा जी को महसूस हुआ—'कम्यूनिस्टों के असर को ख़तम करने में पुलिस बहुत कामयाब न हो सकेगी. इसको ख़तम करने का तो एक ही रास्ता है. वह यह कि ज़मीन का जो नाबराबर बँटवारा है उसे शान्ति के साथ बदल दिया जाय." या जैसा एक दूसरी स्पीच में उन्होंने कहा—"पुराने ज़माने में जब भी कोई संकट देश में आता था तो हमारे पुरखा लोग यज्ञ किया करते थे. मैं भी इसीलिये एक यज्ञ करना चाहता हूँ और मैंने यह भूमि दान यज्ञ शुरू कर दिया है. मैं लोगों से कहता हूँ कि अपनी ज़मीनें दान में दीजिये. हर एक को चाहिये कि इस यज्ञ में शरीक हो क्योंकि यह सबकी बेहतरी के लिये है. हवन या यज्ञ में

جا سکتا ہے جو انہوں نے بالا پالی گاؤں میں 31 مئی کو دی تھی — "اس گاؤں کی آبادی 3000 ہے اور یہاں زمین بھی 3000 ایکڑ ہے . لیکن 10 خاندان ہی ساری زمین کے مالک ہیں جب کہ 600 خاندان بے زمین والے ہیں . کسی دیہاتی صنعت یا دستکاری کا بھی انتظام نہیں ہے . بنکروں کو سوت صرف اتنا ملتا ہے کہ مہینے میں آٹھ دن کام چل جائے . زمین کے برابر کے بٹوارے کے ساتھ ساتھ دیہاتی دھندوں کی بھی ترقی ہونی چاہئے . گاؤں والے پیسہ کمانے کی فصلیں نہ پیدا کریں . انہیں چاہئے کہ اناج پیدا کریں اور اتنی کپاس اگالیں کہ اپنے کپڑے کا سوال خود حل کر سکیں . تلنگانہ میں مصیبت یہی ہے کہ پیسے کمانے والی فصلیں جیسے مونگ پھلی اور تمباکو بے انتہا پیدا کی جاتی ہیں ." ہم یہاں یہ بتا دیں کہ پیسے کمانے والی فصلوں کی — جیسے ایکھ، پٹسن، مونگ پھلی، تمباکو وغیرہ — کھیتی کے لئے جنتا کو مجبور کرکے ہند سرکار نے اناج کے سوال کو اور خطرناک بنا دیا ہے . ونوبا جی ان سب چیزوں سے کتنے پریشان ہیں یہ ان کی ایک دوسری اسپیچ سے جو 28 مئی کو دی گئی تھی، پتہ چلتا ہے — "چالیس سال پہلے جب میں پڑھتا تھا تو اپنے دیش کی حالت کی بابت پڑھکر اور سوچ بچار کرنے پر مجھے اس پر دکھ ہوتا تھا . آج چالیس سال بعد بھی ان حالتوں میں کوئی فرق نہیں ہے . اسکے خلاف وہ اور زیادہ بگڑ گئی ہیں ." تلنگانہ میں جو کمیونسٹوں کے آندولن نے زور پکڑ لیا ہے اسکی وجہ بتاتے ہوئے ونوبا جی نے کہا — "امیر اور رئیس لوگ ہی کمیونسٹوں کے پیدا ہوجانے کے ذمے دار ہیں . اصل بات یہ ہے کہ کمیونسٹ رئیس لوگوں کی ہی اولاد ہیں ."

تلنگانہ کی بیماری کو سمجھ لینے کے بعد دوسرا سوال جو سامنے آتا ہے وہ ہے اسکا علاج . کمیونسٹوں نے یہ سمجھا کہ زمینیں زبردستی چھین کر غریبوں میں بانٹ دینا اسکا علاج ہے . حکومت اصلی مرض کی دوا کرنے کے بجائے کمیونسٹوں کو نیست و نابود کرنے میں پھنس گئی . ونوبا جی کو محسوس ہوا — "کمیونسٹوں کے اثر کو ختم کرنے میں پولیس بہت کامیاب نہ ہوسکے گی . اسکو ختم کرنے کا تو ایک ہی راستہ ہے . وہ یہ کہ زمین کا جو نابرابر بٹوارہ ہے اسے شانتی کے ساتھ بدل دیا جائے ." یا جیسا ایک دوسری اسپیچ میں انہوں نے کہا — "پرانے زمانے میں جب بھی کوئی سنکٹ دیش میں آتا تھا تو ہمارے پرکھا لوگ یگیہ کیا کرتے تھے . میں بھی اسلئے ایک یگیہ کرنا چاہتا ہوں اور میں نے یہ بھومی دان یگیہ شروع کردیا ہے . میں لوگوں سے کہتا ہوں کہ اپنی زمینیں دان میں دیجئے . ہر ایک کو چاہئے کہ اس یگیہ میں شریک ہو کیونکہ یہ سب کی بہتری کے لئے ہے . ہون یا یگیہ میں

है कि वहाँ कम्यूनिस्टों का ज़ोर है और हकूमत की दाल नहीं गलती. यह भी मशहूर है कि कम्यूनिस्टों ने वहाँ पर ज़बरदस्त आतंक जमा रखा है जिससे जनता बुरी तरह परेशान है. इस इलाक़े के कुछ आदमियों को, जो पैसे वाले और दौलतमन्द थे, अपना घर बार छोड़ कर हैदराबाद के शहर में ठिकाना ढूँढना पड़ा. ऐसी हालत में हकूमत ने अपना फ़र्ज़ समझा कि लोगों की जान माल की हिफ़ाज़त करे और नुक़सान पहुँचाने वालों को सज़ा दे. कहते हैं हैदराबाद की हकूमत और नई दिल्ली की सरकार दोनों मिलकर तेलंगाना पर टूट पड़ीं और सिर के जुओं की तरह कम्यूनिस्टों को बीन बीन कर फेंकदेने का तूफ़ान मचा दिया. लेकिन मरज़ बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की. तेलंगाना के दुखियों की आवाज़ तेज़ होती गई. उसे सुनकर एक इनसान का दिल तड़प उठा. बिना कोई हथियार लिये वह उनके दिल का हाल जानने की ग़रज़ से पैदल निकल पड़ा. यह गांधी जी के नामी सत्याग्रही विनोबा जी हैं जिन्हों ने रामनवमी के दिन, 15 अप्रैल 1951 को, हैदराबाद के शहर से तेलंगाना के लिये कूच किया. जैसा उन्होंने एक जगह आगे चल कर कहा—"शान्ति का संदेश फैलाने की ख़ातिर शान्ति सेना का एक सिपाही होने के नाते मैं तेलंगाना में घूमना चाहता था. बहुत अर्से से, मैं कई वजहों से अपनी इस इच्छा को पूरा नहीं कर सका. लेकिन, भगवान राम का आशीर्वाद लेकर मैंने अब यह दौरा शुरू कर दिया है."

तेलंगाना में असली सवाल क्या है ? विनोबा जी के लफ़्ज़ों में—"यहाँ पर कुछ लोगों के पास तो हज़ारों एकड़ ज़मीन है और कुछ के पास एक इंच भी नहीं." ज़ाहिर है कि मुट्ठी भर आदमियों की तादाद तेलंगाना के लाखों बाशिन्दों की मेहनत व पैसे को चूस कर जी रही है, जिसकी वजह से ग़रीब और अमीर के बीच ज़मीन आसमान का भेद खड़ा हो गया है. इसी चीज़ से दहलकर और अपने राजकाजी ख़यालों से असर लेकर क़रीब पंद्रह बरस से कुछ कम्यूनिस्ट नौजवान तेलंगाना के इलाक़े में अपने तरीक़े से जनता की ख़िदमत करने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन बदक़िस्मती यह है कि इन बहादुरों ने अपने मक़सद को पाने की ख़ातिर किसी एक निश्चित रास्ते को नहीं अपनाया. वह हर तदबीर अमल में लाए और अपने रास्ते की हर रुकावट को उन्होंने बेरहमी के साथ उखाड़ फेंका. यहाँ तक कि अमीरों के मकान जला डाले, कुछ को मौत के घाट भी उतार दिया और उनकी ज़मीन को बे ज़मीन वालों में बांट दिया. लाज़मी तौर पर ज़मींदार लोग अपनी जान लेकर भाग निकले और हकूमत हैदराबाद का दरवाज़ा खटखटाने लगे.

तेलंगाना में आम रय्यत की हालत कितनी संगीन है इसका अन्दाज़ विनोबा जी की एक दूसरी स्पीच से लगाया

کہ وہاں کمیونسٹوں کا زور ہے اور حکومت کی دال ہیں گلتی. یہ بھی مشہور ہے کہ کمیونسٹوں نے ں پر زبردست آتنک جما رکھا ہے جس سے نتا بری طرح پریشان ہے. اِس علاقے کے کچھ میوں کو، جو پیسے والے اور دولت مند تھے، اپنا گھر بار ہوڑ کر حیدرآباد کے شہر میں ٹھکانہ ڈھونڈھنا پڑا. ایسی الت میں حکومت نے اپنا فرض سمجھا کہ لوگوں کی ان مال کی حفاظت کرے اور نقصان پہنچانے والوں کو زا دے. کہتے ہیں حیدرآباد کی حکومت اور نئی دلی ی سرکار دونوں ملکر تیلنگانہ پر ٹوٹ پڑیں اور سر کے وؤں کی طرح کمیونسٹوں کو بین بین کر پھینکدینے کا وفان مچا دیا. لیکن مرض بڑھتا گیا جوں جوں دوا ی. تیلنگانہ کے دکھیوں کی آواز تیز ہوتی گئی. اُسے سنکر ک انسان کا دل تڑپ اُٹھا. بنا کوئی ہتھیار لئے وہ اُن دل کا حال جاننے کی غرض سے پیدل نکل پڑا. یہ دھی جی کے نامی ستیاگرہی ونوبا جی ہیں جنہوں رام نومی کے دن، 15 اپریل 1951 کو، حیدرآباد کے شہر تیلنگانہ کے لئے کوچ کیا. جیسا اُنہوں نے ایک جگہ ے چلکر کہا—" شانتی کا سندیش پھیلانے کی خاطر انتی سینا کا ایک سپاہی ہونے کے ناتے میں تیلنگانہ یں گھومنا چاہتا تھا. بہت عرصے سے، میں کئی وجہوں ے اپنی اِس اِچھا کو پورا نہیں کر سکا. لیکن بھگوان رام آشیرواد لے کر میں نے اب یہ دورہ شروع کر دیا ہے."

تیلنگانہ میں اصلی سوال کیا ہے ؟ ونوبا جی کے لفظوں یں—" یہاں پر کچھ لوگوں کے پاس تو ہزاروں ایکڑ مین ہے اور کچھ کے پاس ایک انچ بھی نہیں." ظاہر ے کہ مٹھی بھر آدمیوں کی تعداد تیلنگانہ کے لاکھوں شندوں کی محنت و پیسے کو چوس کر جی رہی ہے، سکی وجہ سے غریب اور امیر کے بیچ زمین آسمان کا ید کھڑا ہوگیا ہے. اِسی چیز سے دہل کر اور اپنے راج کاجی یالوں سے اثر لیکر قریب پندرہ برس سے کچھ کمیونسٹ وجوان تیلنگانہ کے علاقے میں اپنے طریقے سے جنتا کی دمت کرنے کی کوشش کر رہے ہیں. لیکن بدقسمتی یہ ے کہ اِن بہادروں نے اپنے مقصد کو پانے کی خاطر کسی یک اشچت راستے کو نہیں اپنایا. وہ ہر تدبیر عمل یں لائے اور اپنے راستے کی ہر رکاوٹ کو اُنہوں نے بے رحمی ے ساتھ اُکھاڑ پھینکا. یہاں تک کہ امیروں کے مکان جلا الے، کچھ کو موت کے گھاٹ بھی اُتار دیا اور اُن کی زمین و بے زمین والوں میں بانٹ دیا. لازمی طور پر زمیندار وگ اپنی جان لیکر بھاگ نکلے اور حکومت حیدرآباد ا دروازہ کھٹکھٹانے لگے.

تیلنگانہ میں عام رعیت کی حالت کتنی سنگین ہے ، کا انداز ونوبا جی کی ایک دوسری اسپیچ سے لگایا

विनोबा जी की तेलंगाना यात्रा

"मैं आपके सुन्दर देश में पैदल घूम रहा हूँ और लोगों के बीच घूमने फिरने से हम सबको बड़ी हासिल हो रही है. इस इलाक़े में लोग ईश्वर की ना में गाने गाते हैं और हमारा स्वागत करते हैं. वह क मील तक भजन गाते हुए चले आते हैं. वह तेलुगू हिन्दी में भजन गाते हैं. सच यह है कि यही हमारी की ताक़त है. बहुत से राजाओं ने राज किया और हो गए और हमने उन्हें भुला भी दिया. हम सिर्फ़ राजा को जानते हैं और वह भगवान राजा राम हैं. र का नाम गंगा की तरह मुसलसल जारी है. गंगा जगह मौजूद नहीं है लेकिन भगवान राम का नाम मौजूद तेलंगाना में मैं चार या पांच ज़िलों में घूम चुका हूँ. जब नलगुन्डा ज़िले में दाख़िल हुआ तो लोगों ने मुझसे कि आप कम्यूनिस्टों के इलाक़े में दाख़िल हुए हैं. न राम नाम का जो भजन मैंने आदिलाबाद ज़िले में था वह इस नलगुन्डा ज़िले में भी सुना. कम्यूनिस्ट गे और जायेंगे लेकिन राम नाम को नहीं मिटा सकेंगे. नाम हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी ताक़त है. पर हमने नाम का पूरा पूरा मतलब, नहीं समझा है. जो कोई राम नाम पुकारता है वह भगत होने का दावा करता लेकिन आख़िर भगत है क्या चीज़ ? और भगवान कहाँ हैं ? सच्ची बात यह है कि वह किसी एक कोने में रहते हैं और न वह बैकुन्ठ या कैलाश में रहते हैं. र आदमी के दिल में रहते हैं. इसलिये हम हर एक वा करने और हर एक के साथ मुहब्बत करने का प्रन . इस तरह भगवान जो हर इनसान के दिल में रहते म उनके सेवक बन जाते हैं. भजन गाना और हर न के साथ मुहब्बत रखना दोनों एक बात हैं. यही हमें गीता सिखलाती है." यह शब्द नलगुन्डा के नागवाद गांव में एक भरी सभा में शाम की ना के बाद आचार्य विनोबा भावे ने 28 अप्रैल कहे.

तेलंगाना हैदराबाद रियासत के पूरबी इलाक़े का नाम जहाँ के लोगों की बोली तेलुगू है और जिनमें अतराफ़े ा नलगुन्डा, वरंगल, करीमनगर, महबूबनगर और निज़ामाबाद के ज़िले शामिल हैं. सारे हिन्दुस्तान में आज गाना का नाम फैला हुआ है और यह बात मशहूर

ونوبا جی کي تيلنگانہ ياترا

"میں آپ کے سندر دیش میں پیدل گھوم رہا ہوں اور آپ لوگوں کے بیچ گھومنے پھرنے سے ہم سب کو بڑی خوشی حاصل ہو رہی ہے. اِس علاقے میں لوگ ایشور کی پرارتھنا میں گانے گاتے ہیں اور ہمارا سواگت کرتے ہیں. وہ ایک ایک میل تک بھجن گاتے ہوئے چلے آتے ہیں. وہ تیلگو اور ہندی میں بھجن گاتے ہیں. سچ یہ ہے کہ یہی ہماری قوم کی طاقت ہے. بہت سے راجاؤں نے راج کیا اور ختم ہوگئے اور ہم نے اُنہیں بھلا بھی دیا. ہم صرف ایک راجہ کو جانتے ہیں اور وہ بھگوان راجہ رام ہیں. ایشور کا نام گنگا کی طرح مسلسل جاری ہے. گنگا ہر جگہ موجود نہیں ہے لیکن بھگوان رام کا نام موجود ہے. تیلنگانہ میں میں چار یا پانچ ضلعوں میں گھوم چکا ہوں. جب میں نلگنڈہ ضلع میں داخل ہوا تو لوگوں نے مجھسے کہا کہ آپ کمیونسٹوں کے علاقے میں داخل ہوئے ہیں. لیکن رام نام کا جو بھجن میں نے عادل آباد ضلع میں سنا تھا وہ اِس نلگنڈہ ضلع میں بھی سنا. کمیونسٹ آئینگے اور جائینگے لیکن رام نام کو نہیں مٹا سکیں گے. رام نام ہندستان کی سب سے بڑی طاقت ہے. پر ہم نے رام نام کا پورا پورا مطلب نہیں سمجھا ہے. جو کوئی بھی رام نام پکارتا ہے وہ بھگت ہونے کا دعوا کرتا ہے. لیکن آخر بھگت ہے کیا چیز؟ اور بھگوان کہاں رہتے ہیں؟ سچی بات یہ ہے کہ وہ کسی ایک کونے میں نہیں رہتے ہیں اور نہ وہ بیکنٹھ یا کیلاش میں رہتے ہیں. وہ ہر آدمی کے دل میں رہتے ہیں. اسلئے ہم ہر ایک کی سیوا کرنے اور ہر ایک کے ساتھ محبت کرنے کا پرن لیتے ہیں. اِس طرح بھگوان جو ہر انسان کے دل میں رہتے ہیں ہم اُن کے سیوک بن جاتے ہیں. بھجن گانا اور ہر انسان کے ساتھ محبت رکھنا دونوں ایک بات ہیں. یہی سبق ہمیں گیتا سکھلاتی ہے." یہ شبد نلگنڈہ ضلع کے ناگواد گاؤں میں ایک بھری سبھا میں شام کی پرارتھنا کے بعد آچاریہ ونوبا بھاوے نے 28 اپریل کو کہے.

تیلنگانہ حیدرآباد ریاست کے پوربی علاقے کا نام ہے جہاں کے لوگوں کی بولی تیلگو ہے اور جن میں اطراف بلدہ نلگنڈہ، ورنگل، کریم نگر، محبوب نگر اور نظام آباد کے ضلع شامل ہیں. سارے ہندستان میں آج تیلنگانہ کا نام پھیلا ہوا ہے اور یہ بات مشہور

मिल सकेगा." अमरीका से कहीं बढ़कर अपने देस में हमारी सारी मुसीबतों की जड़ में किसानों की बुरी हालत ही है. इसलिये उसे सुधारना हमारा पहला फ़र्ज़ है.

कुछ इधर और कुछ उधर फुटकर कोशिशें करने से काम नहीं चल सकता. हम खादी और दूसरे गाँव के धंदों को संगठित कर सकते हैं, देहातों की सफ़ाई और तन्दुरुस्ती सुधारने की कोशिश कर सकते हैं या स्कूल और रात स्कूल भी चला सकते हैं. ये सब कोशिशें अच्छी हैं, पर वे *किसी पुख़्ता बुनियाद पर खड़ी हैं यह तब तक नहीं* कहा जा सकता जब तक इन कोशिशों के ज़रिये गाँव की माली हालत नहीं सुधरती. गाँव की माली हालत तभी सुधरी कही जा सकती है जब वे खाने और कपड़े के मामले में अपने पैरों पर खड़े हों, किसी दूसरे का आसरा न देखें. करोड़ों टन नाज बाहर से लाने से हालत सुधर नहीं सकती. यह तो सिर्फ़ ऊपरी मरहम पट्टी करना होगा. इसलिये कम से कम अब यह ज़रूरी होगया है कि हमारे नेता हुकूमत से अपना दिल हटाकर उसे रचनात्मक काम में लगावें.

पंडित नेहरू की सरकार बाहरी तड़क भड़क और आडम्बर के बावजूद दूरंदेश साबित नहीं हुई. हमारे देहातों की हालत सुधारने की उसने कोई नई तरकीबें नहीं सोच निकालीं. जहाँ कहीं हालत सुधारने की कोशिशें की गईं वहाँ की हालत और भी बद से बदतर होगई, क्योंकि हुकूमत को गाँव की असली हालत से वाक़फ़ियत नहीं थी और दूर बैठे बैठे केवल हुकुम जारी करके काम किया गया. हमें तो ऐसी सरकार चाहिये जो गाँव की ज़िन्दगी के बिलकुल पास और उससे मिली रहे और गाँव वालों की ज़रूरतों को जाने.

क्या हम आशा करें कि पटना में हमारे जो नेता लोग इकट्ठा हो रहे हैं वे हिम्मत के साथ और एक दिल होकर इस सवाल को गांधी जी के बताए हुए रास्ते से सुलझाने की कोशिश करके देस को आनेवाली बरबादी से बचाएंगे ? *

('ग्राम-उद्योग-पत्रिका' से)

* भाशा कहीं कहीं आसान करदी गई है—एडीटर

مل سکے گا." امریکہ سے کہیں بڑھکر اپنے دیس میں ہماری ساری مصیبتوں کی جڑ میں کسانوں کی بری حالت ہی ہے . اسلئے اُسے سدھارنا ہمارا پہلا فرض ہے .

کچھ اِدھر اور کچھ اُدھر پھٹکر کوششیں کرنے سے کام نہیں چل سکتا . ہم کھادی اور دوسرے گاؤں کے دھندوں کو سنگٹھت کر سکتے ہیں' دیہاتوں کی صفائی اور تندرستی سدھارنے کی کوشش کرسکتے ہیں یا اسکول اور رات اسکول بھی چلا سکتے ہیں . یہ سب کوششیں اچھی ہیں' پر وہ کسی پختہ بنیاد پر کھڑی ہیں یہ تب تک نہیں کہا جا سکتا جب تک اِن کوششوں کے ذریعے گاؤں کی مالی حالت نہیں سدھرتی . گاؤں کی مالی حالت تبھی سدھری کہی جا سکتی ہے جب وہ کھانے اور کپڑے کے معاملے میں اپنے پیروں پر کھڑے ہوں' کسی دوسرے کا آسرا نہ دیکھیں . کروڑوں ٹن ناج باہر سے لانے سے حالت سدھر نہیں سکتی . یہ تو صرف اوپری مرہم پٹی کرنا ہوگا . اس لئے کم سے کم اب یہ ضروری ہوگیا ہے کہ ہمارے نیتا حکومت سے اپنا دل ہٹا کر اُسے رچناتمک کام میں لگاویں .

پنڈت نہرو کی سرکار باہری تڑک بھڑک اور آڈمبر کے باوجود دوراندیش ثابت نہیں ہوئی . ہمارے دیہاتوں کی حالت سدھارنے کی اُس نے کوئی نئی ترکیبیں نہیں سوچ نکالیں . جہاں کہیں حالت سدھارنے کی کوششیں کی گئیں وہاں کی حالت اور بھی بد سے بدتر ہوگئی' کیونکہ حکومت کو گاؤں کی اصلی حالت سے واقف نہیں تھی اور دور بیٹھے بیٹھے کیول حکم جاری کرکے کام کیا گیا . ہمیں تو ایسی سرکار چاہئے جو گاؤں کی زندگی کے بالکل پاس اور اُس سے ملی رہے اور گاؤں والوں کی ضرورتوں کو جانے .

کیا ہم آشا کریں کہ پٹنہ میں ہمارے جو نیتا لوگ اکٹھا ہو رہے ہیں وہ ہمت کے ساتھ اور ایک دل ہوکر اس سوال کو گاندھی جی کے بتائے ہوئے راستے سے سلجھانے کی کوشش کرکے دیس کو آنے والی بربادی سے بچائینگے ؟ *

('گرام اُدیوگ پتریکا سے')

*بھاشا کہیں کہیں آسان کردی گئی ہے—اڈیٹر

अगला क़दम

(भाई जे. सी. कुमारप्पा)

'कॉंगरेस अब अपना काम कर चुकी है, और उसे अब ना रूप बदल देना चाहिये' यह बात गांधी जी ने कही सके बाद तीन बहुत घातक साल गुज़र चुके. हममें छ लोग कॉंगरेस के मुर्दे को बरफ़ में रख कर उसके गिर्द नाचने में बहुत ख़ुश नज़र आते थे. पर कुछ अरसे द मुर्दे से सड़न की बदबू आने ही लगी. श्री टी. राम, डाक्टर प्रफुल्लचंद्र घोश और आचार्य कृपलानी से लोगों के पीछे कुछ कॉंगरेसी इस मुर्दे को छोड़कर में नई जान फूँकने के लिये आगे बढ़े. नई जान . के लिये कौन सा रास्ता अख़तियार किया जायगा यही सब लोगों के मन में बड़ी सोचने की बात है. राष्ट्र भलाई चाहने वालों की एक सभा जून में पटना में बात पर बिचार करने के लिये बुलाई गई है.

गांधी जी ने सुझाया था कि कॉंगरेस को हकूमत चाहने राजनीत छोड़कर नई क़ौम तैयार करने के लिये चनात्मक काम करने वाली संस्था बन जाना चाहिये से इस देस के सात लाख गावों को, न कि शहरों और को, समाजी, सदाचारी और माली आज़ादी हासिल के. क्या अभी भी हमें गांधी जी के रास्ते पर चलने ात सूझेगी, या हम अपने अज्ञान से हँसते हँसते ादी की तरफ़ बढ़ते रहेंगे ?

अंगरेज़ी राज के ज़माने में रचनात्मक कामों में भी कुछ राजनैतिक बू रहती थी. उस समय चरखे की याद में मैनचेस्टर की जड़ उखाड़ना ख़ास मक़सद था. यह सब बदलना होगा. अब हमें सारा ध्यान खेती ुरी मानकर गाँवों को फिर से तामीर करने पर देना ये. अब गाँव की समाजी और माली ज़िन्दगी इस गढ़नी चाहिये कि वह सच्चे जनराज की बुनियाद सके. गाँव में ही सबको ऐसी ट्रेनिंग मिलनी चाहिये कोई भी गाँव वाला आगे चल कर राजनीत में पड़कर देस की सेवा ही करता रहे. हमारी राजनीत हमारी ज़िन्दगी की दासी होनी चाहिये, मालिक नहीं. ीका जैसे देस में भी, जहाँ के सब धंदे बड़े बड़े ख़ानों में समाए हुए हैं, वहाँ के खेती बिभाग के सेक्रेट्री मनन, अपनी रिपोर्ट में कहते हैं, "दुनिया भर के यों का रहन सहन सुधारने से और ज़मीन का लगान रह तय करने से जिससे सब के साथ इनसाफ़ हो सब आदमियों का मान बढ़े, केवल अपने देस को ही बल्कि सारी दुनिया को राजकाजी और माली टिकाव

اگلا قدم

(بھائی جے . سی . کمار پپا)

'کانگریس اب اپنا کام کرچکی ہے اور اُسے اب اپنا روپ بدل دینا چاہئیے' یہ بات گاندھی جی نے کہی تھی . اِسکے بعد تین بہت گھاتک سال گذر چکے . ہم میں سے کچھ لوگ کانگریس کے مردے کو برف میں رکھکر اُسکے اِرد گرد ناچنے میں بہت خوش نظر آتے تھے . پر کچھ عرصے بعد مردے سے سڑن کی بدبو آنے ہی لگی . شری ٹی . پرکاشم' ڈاکٹر پرپھل چندر گھوش اور آچاریہ کرپلانی سریکھے لوگوں کے پیچھے کچھ کانگریسی اِس مردے کو چھوڑکر راشٹر میں نئی جان پھونکنے کے لئے آگے بڑھے . نئی جان پھونکنے کے لئے کونسا راستہ اختیار کیا جائیگا یہی آج سب لوگوں کے من میں بڑی سوچنے کی بات ہے . راشٹر کی بھلائی چاہنے والوں کی ایک سبھا جون میں پٹنہ میں اِس بات پر وچار کرنے کےلئے بلائی گئی ہے .

گاندھی جی نے سجھایا تھا کہ کانگریس کو حکومت چاہنے والی راج نیت چھوڑ کر نئی قوم تیار کرنے کے لئے ایک رچناتمک کام کرنے والی سنستھا بن جانا چاہئیے جس سے اِس دیس کے سات لاکھ گاؤں کو' نہ کہ شہروں اور قصبوں کو' سماجی' سداچاری اور مالی آزادی حاصل ہوسکے . کیا ابھی بھی ہمیں گاندھی جی کے راستے پر چلنے کی بات سوجھے گی' یا ہم اپنے اگیان سے ہنستے ہنستے بربادی کی طرف بڑھتے رہیں گے ؟

انگریزی راج کے زمانے میں رچناتمک کاموں میں بھی کچھ کچھ راج نیتک بو رہتی تھی. اُس سمے چرخے کی بنیاد میں مینچسٹر کی جڑ اُکھاڑنا خاص مقصد تھا . اب یہ سب بدلنا ہوگا . اب ہمیں سارا دھیان کھیتی کو دھری مانکر گاؤں کی پھر سے تعمیر کرنے پر دینا چاہئیے. اب گاؤں کی سماجی اور مالی زندگی اِس طرح گڑھنی چاہئیے کہ وہ سچے جن راج کی بنیاد بن سکے . گاؤں میں ہی سب کو ایسی ٹریننگ ملنی چاہئیے کہ کوئی بھی گاؤں والا آگے چل کر راج نیت میں پڑکر بھی دیس کی سیوا ہی کرتا رہے . ہماری راج نیت ہماری مالی زندگی کی داسی ہونی چاہئیے' مالک نہیں . امریکہ جیسے دیس میں بھی' جہاں کے سب دھندے بڑے بڑے کارخانوں میں سمائے ہوئے ہیں' وہاں کے کھیتی وبھاگ کے سکریٹری شر برنن' اپنی رپورٹ میں کہتے ہیں' ''دنیا بھر کے دیہاتیوں کا رہن سہن سدھارنے سے اور زمین کا لگان اِس طرح طے کرنے سے جس سے سب کے ساتھ انصاف ہو اور سب آدمیوں کا مان بڑھے' کیول اپنے دیس کو ہی نہیں' بلکہ ساری دنیا کو راج کاجی اور مالی ٹکاو

अपना फ़ैसला करें. मैं मानता हूँ कि इस के सिवा कोई ज़रिया मिलने वाला नहीं है. मैंने सोशलिस्टों से भी बात की है, जब कभी वे मुझको मिले, दूसरे जवानों से भी बात की और पूछ लिया कि ज़मीन की तक़सीम, जो कि ज़रूर करनी चाहिये, कर लो. तिस पर भी क्या आप समझते हैं कि इन किसानों की हालत उतने से सुधर जायगी और उतने से उनको साल भर का काम मिल जायगा ? और उसमें से उनकी जीवन की ज़रूरतें पूरी हो सकेंगी ? क्या आप यह समझते हैं कि खद्दर वग़ैरा के बग़ैर कोई मशीनी स्कीम दस पाँच साल में ऐसी हो सकेगी जिससे लाखों करोड़ों को काम दिया जा सकेगा ? तो इसका जवाब उनको 'नहीं' में देना पड़ता है. उनको मानना पड़ता है कि और कोई रास्ता हम नहीं देखते हैं. लेकिन वे कहते हैं कि इसका मतलब यह होता है कि सरकार हम अपने हाथ में ले लें और अपना समाजवाद का और दूसरा प्रोग्राम चलावें. तो हिन्दुस्तान की अभी की हालत को देखते हुए जो सीधा सा काम हम कर सकते हैं वह करने से इनकार करें और दस पंद्रह साल के बाद कुछ बात होगी उसकी, आशा में अपना जीवन बेकार बनाएं, ऐसी बात हो जाती है.

गांधी जी का मन्त्र

इसलिये आप सब लोगों से मेरी प्रार्थना है कि गांधी जी ने जो खद्दर मंत्र हमें दिया है वह अभी की हालत में कमज़ोर नहीं हुआ है बल्कि ताक़तवर हुआ है. यह जब कि मिलें 17 गज़ कपड़ा पैदा करती थीं, वह आज 12 गज़ पैदा करेंगी और ज़ाहिर कर रही हैं कि इस साल आधा गज़ और पैदावार कम होगी क्योंकि काफ़ी हड़तालें हो चुकी हैं. तो मिलों पर आधार रखने के लिये कोई सबब नहीं है. और गांधी जी के जाने के बाद कोई ऐसी दूसरी हालत पैदा नहीं हुई है जिससे खादी को अलग करके भी हम अपने सवाल हल कर सकते हैं. अगर किसी के मन में कोई स्कीम आई है और बिना खद्दर के हमारा काम निभ जायगा, ऐसा किसी को लगा है, तो उससे चरचा करना चाहूँगा और कोई दलीलें उसके पास हैं, कोई सबूत हैं तो मैं जानना चाहूँगा. लेकिन अगर ऐसा सबूत मिलता नहीं है तो हम सब लोग खादी के काम में अपनी श्रद्धा ताज़ा करें, पक्की करें और खादी का शास्त्र (इल्म) जितना भरपूर बना सकते हैं, उतना बनाने में अपना सहयोग दें. इतना कह के मैं ज़ाहिर करता हूँ कि यह प्रदर्शन अब खुल गया है.

اپنا فیصلہ کریں. میں مانتا ہوں کہ اسکے سوا کوئی ذریعہ ملنے والا نہیں ہے. میں نے سوشلسٹوں سے بھی بات کی ہے' جب کبھی وہ مجھکو ملے' دوسرے جوانوں سے بھی بات کی اور پوچھ لیا کہ زمین کی تقسیم' جو کہ ضرور کرنی چاہئے' کرلو. تسپر بھی کیا آپ سمجھتے ہیں کہ اِن کسانوں کی حالت اُتنے سے سدھر جائیگی اور اُتنے سے اُنکو سال بھر کا کام مل جائیگا ؟ اور اُس میں سے اُنکی جیون کی ضرورتیں پوری ہوسکیں گی ؟ کیا آپ یہ سمجھتے ہیں کہ کھدر وغیرہ کے بغیر کوئی مشینی اسکیم دس پانچ سال میں ایسی ہو سکے گی جس سے لاکھوں کروڑوں کو کام دیا جاسکے گا ؟ اِسکا جواب اُن کو 'نہیں' میں دینا پڑتا ہے . اُن کو ماننا پڑتا ہے کہ اور کوئی راستہ ہم نہیں دیکھتے ہیں . لیکن وہ کہتے ہیں کہ اسکا مطلب یہ ہوتا ہے کہ سرکار ہم اپنے ہاتھ میں لے لیں اور اپنا سماج واد کا اور دوسرا پروگرام چلاویں . تو ہندستان کی ابھی کی حالت کو دیکھتے ہوئے جو سیدھا سا کام ہم کر سکتے ہیں وہ کرنے سے اِنکار کریں اور دس پندرہ سال کے بعد کچھ بات ہوگی اُسکی آشا میں اپنا جیون بیکار بنائیں' ایسی بات ہوجاتی ہے .

گاندھی جی کا منتر

اِسلئے آپ سب لوگوں سے میری پرارتھنا ہے کہ گاندھی جی نے جو کھدر منتر ہمیں دیا ہے وہ ابھی کی حالت میں کمزور نہیں ہوا ہے بلکہ طاقتور ہوا ہے . یہ جب کہ ملیں 17 گز کپڑا پیدا کرتی تھیں' وہ آج 12 گز پیدا کریں گی اور ظاہر کررہی ہیں کہ اِس سال آدھا گز اور پیداوار کم ہوگی کیونکہ کافی ہڑتالیں ہو چکی ہیں . تو ملوں پر آدھار رکھنے کے لئے کوئی سبب نہیں ہے . اور گاندھی جی کے جانے کے بعد کوئی ایسی دوسری حالت پیدا نہیں ہوئی ہے جس سے کھادی کو الگ کرکے بھی ہم اپنے سوال حل کرسکتے ہیں . اگر کسی کے من میں کوئی اسکیم آئی ہے اور بنا کھدر کے ہمارا کام نبھ جائیگا' ایسا کسی کو لگا ہے' تو اُس سے چرچا کرنا چاہوں گا اور کوئی دلیلیں اُسکے پاس ہیں' کوئی ثبوت ہیں تو میں جاننا چاہوں گا . لیکن اگر ایسا ثبوت ملتا نہیں ہے تو ہم سب لوگ کھادی کے کام میں اپنی شردھا تازہ کریں' پکی کریں اور کھادی کا شاستر (علم) جتنا بھرپور بنا سکتے ہیں' اُتنا بنانے میں اپنا سہیوگ دیں. اِتنا کہہ کے میں ظاہر کرتا ہوں کہ یہ پردرشن اب کھل گیا ہے .

और कह रहे हैं कि भाइयो, स्वराज मिल गया है. जिनके नाम से और जिनके काम के लिये आपने स्वराज हासिल किया उनकी सेवा के लिये फुरसत पाइये और आइये, ऐसी पुकार हो रही है.

खादी की अहमियत

खास करके इस हैदराबाद स्टेट में जो देखा, उसने खादी के लिये मेरी श्रद्धा और भी पक्की कर दी. और बहुत लोगों का, यह जो खयाल होता था कि हालाँकि खादी की जरूरत आज भी कम तो नहीं है, फिर भी कुछ दूसरे पहलुओं पर जोर देना आज शायद ज्यादा जरूरी होगया है और खादी का काम, मुमकिन है आगे न भी चले, यह खयाल मैंने गलत पाया. वहाँ लोगों से पूछा, जो साथ आए थे उनसे भी पूछा कि क्या इन देहातों को सिवा खद्दर के कोई ऐसा जरिया है जिससे उनको कोई राहत पहुंचा सकते हैं ? इमदाद दे सकते हैं ? ढारस पैदा कर सकते हैं ? तो मैंने तो कोई जरिया नहीं पाया. जाहिर बात है कि जो चीज हर आदमी इस्तेमाल करता है, और चाहे फाका भी करले, लेकिन बिना कपड़े के नहीं चल सकता. क्योंकि वह सभ्यता की निशानी समझी गई है. ऐसी जो चीज और जिसका कच्चा माल गाँवों में पड़ा है वह धंदा गाँव का रिजर्व धंदा होना चाहिये. वह वहाँ से छीना गया है और दूसरे भी कई धंदे जिनके लिये कच्चा माल गाँवों में पड़ा है, उनके हाथ से छीन लिये गए हैं और छीने जा रहे हैं. ऐसी हालत में सिवा गाँव के उद्योग धंदों के और उसमें भी सिवा खादी के और कौन सा धंदा हम उनको दे सकते हैं ? कौन सा ऐसा जरिया है जिससे उनको राहत पहुँचा सकते हैं ? इस पर बहुत सोचा. लेकिन गाँवों की मदद करने का इससे बेहतर साधन नहीं देखा. हाँ, सफाई का काम है. आदमी का मैला बेकार जा रहा है. उसका इस्तेमाल करने की स्कीम बना सकते हैं. और भी कुछ काम कर सकते हैं. लेकिन उन सब कामों को करते हुए भी उनको खादी के काम से जितनी राहत हम पहुंचा सकते हैं, उतनी और किसी काम से नहीं पहुँचा सकते. यह बात खुद ब खुद साबित सी मुझे लगी और मैं मानता हूँ कि हममें से जो भी गाँव में पहुँचेगा, उसको वैसी ही लगेगी.

अकेला सहारा

लेकिन सिर्फ इस फलसफे से काम होने वाला नहीं है. अपने मन में यह संकल्प (अहद) कर लीजिये की यह जो खादी का मंत्र है, वह हम हिन्दुस्तान के हर एक किसान के पास पहुँचाएँगे और इस बारे में हार नहीं खाएँगे. ऐसा शक नहीं करेंगे कि दूसरे बहुत सारे काम पड़े हैं तो इस पर ही इतना जोर क्यों ? अगर ऐसा शक पैदा होता है तो इन गांवों का दर्शन करें और दुबारा सोचकर

اور کہ رہے ہیں کہ بھائیو' سوراج مل گیا ہے . جنکے نام سے اور جنکے کام کے لئے آپ نے سوراج حاصل کیا اُن کی سیوا کے لئے فرصت پائیے اور آئیے' ایسی پکار ہو رہی ہے .

کھادی کی اہمیت

خاصکر کے اِس حیدرآباد اسٹیٹ میں جو دیکھا' اُسنے کھادی کے لئے میری شردھا اور بھی پکی کر دی . اور بہت لوگوں کا یہ جو خیال ہوتا تھا کہ حالانکہ کھادی کی ضرورت آج بھی کم تو نہیں ہے' پھر بھی کچھ دوسرے پہلوؤں پر زور دینا آج شاید زیادہ ضروری ہوگیا ہے اور کھادی کا کام' ممکن ہے آگے نہ بھی چلے' یہ خیال میں نے غلط پایا . وہاں لوگوں سے پوچھا' جو ساتھ آئے تھے اُن سے بھی پوچھا کہ کیا اِن دیہاتوں کو سوا کھدر کے کوئی ایسا ذریعہ ہے جس سے اُن کو کوئی راحت پہنچا سکتے ہیں ؟ امداد دے سکتے ہیں ؟ ڈھارس پیدا کر سکتے ہیں ؟ تو میں نے تو کوئی ذریعہ نہیں پایا . ظاہر بات ہے کہ جو چیز ہر آدمی استعمال کرتا ہے' اور چاہے فاقہ بھی کرلیں' لیکن بنا کپڑے کے نہیں چل سکتا . کیونکہ وہ سبھیتا کی نشانی سمجھی گئی ہے . ایسی جو چیز اور جس کا کچا مال گاؤں میں پڑا ہے وہ دھندا گاؤں کا ریزرو دھندا ہونا چاہئیے . وہ وہاں سے چھینا گیا ہے اور دوسرے بھی کئی دھندے جن کے لئے کچا مال گاؤں میں پڑا ہے' اُن کے ہاتھ سے چھین لئے گئے ہیں اور چھینے جا رہے ہیں . ایسی حالت میں سوا گاؤں کے اُدیوگ دھندوں کے اور اُس میں بھی سوا کھادی کے اور کون سا دھندا ہم اُن کو دے سکتے ہیں ؟ کون سا ایسا ذریعہ ہے جس سے اُن کو راحت پہنچا سکتے ہیں ؟ اِس پر بہت سوچا . لیکن گاؤں کی مدد کرنے کا اِس سے بہتر سادھن نہیں دیکھا . ہاں' صفائی کا کام ہے . آدمی کا میلا بیکار جا رہا ہے . اُس کا استعمال کرنے کی اسکیم بنا سکتے ہیں اور بھی کچھ کام کر سکتے ہیں . لیکن اُن سب کاموں کو کرتے ہوئے بھی اُن کو کھادی کے کام سے جتنی راحت ہم پہنچا سکتے ہیں' اُتنی اور کسی کام سے نہیں پہنچا سکتے . یہ بات خود بخود ثابت سی مجھے لگی اور میں مانتا ہوں کہ ہم میں سے جو بھی گاؤں میں پہنچے گا اُسکو ویسی ہی لگے گی .

اکیلا سہارا

لیکن صرف اِس فلسفے سے کام ہونے والا نہیں ہے . اپنے من میں یہ سنکلپ (عہد) کرلیجئے کہ یہ جو کھادی کا منتر ہے' وہ ہم ہندستان کے ہر ایک کسان کے پاس پہنچائیں گے اور اِس بارے میں ہار نہیں کھائیں گے . ایسا شک نہیں کرینگے کہ دوسرے بہت سارے کام پڑے ہیں تو اِسپر ہی اتنا زور کیوں ؟ اگر ایسا شک پیدا ہوتا ہے تو اِن گاؤں کا درشن کریں اور دوبارہ سوچ کر

माल गाँवों में ज़ोरों से आयगा. आज भी काफ़ी तादाद में आया है, और यह जो थोड़ा सा बचा हुआ काम है वह भी बरबाद हो सकता है, यह सब कुछ हमने देखा.

गाँव की पुकार

कई देहात ऐसे मिले कि अगर हमें यहाँ, शिवरामपल्ली में, आने की ज़रूरत न होती तो वहाँ चंद रोज़ रह जाने की इच्छा होती. क्योंकि एक जगह देखना, वहाँ की कमियाँ महसूस करना, उनको हम हल कर सकते हैं ऐसा विश्वास करना और फिर भी उस जगह को छोड़कर आगे बढ़ना, यह अच्छा नहीं लगता था. फिर भी वह करना पड़ा. जहाँ जहाँ हो सके वहाँ लोगों में मुक़ामी ही काम करने वाले निकलें, ऐसी कोशिश भी की. अनुभव का सार यही है कि हम जो अक्सर शहरों में काम करते हैं और शहरों से सम्बन्ध रखते हैं वे अपना शहर का सम्बन्ध क़ायम रख कर भी अगर अपनी रहने की जगह देहात ही में रक्खें और हममें से हर एक के नाम पर अगर एक देहात रहे तो बहुत भारी काम होगा.

बहुत दफ़ा सोचता हूँ तो लगता है कि यह क्यों नहीं हो सकता कि जो भी काम हम करते हैं, चाहे कोई काँगरेस कमेटी का आफ़िस भी चलाता हो, तो वह किसी देहात में क्यों न खोले ? जहाँ पोस्ट आफ़िस वग़ैरा का कुछ सुभीता हो, ऐसे देहात में वह बैठ सकता है. और अगर हम में से कोई शहर के नज़दीक ही रहना चाहते हैं तो वे शहर के नज़दीक का गाँव लेकर बैठ सकते हैं. वहाँ रहने से ही कुछ न कुछ गाँव का सम्बन्ध आयगा. और 'देहात में जाना चाहिये' यह जो पुकार बापू ने उठाई थी, उसको कुछ हद तक हम पूरा कर सकते हैं. देहात के लोग बहुत आशा रखते हैं कि गांधी जी के बाद उनके सेवक कुछ न कुछ काम करेंगे. उनकी सेवा में लग जायँगे. दूसरे बहुत सारे लोग कुछ सेवा करते भी हैं. फिर भी वह सिर्फ़ नाम को होती है, जोश दिलाने वाली नहीं होती है और बेलाग तो होती ही नहीं है. इस वक़्त ज़रूरत है बेलाग सेवा की. यानी ऐसी सेवा की कि जिसके पीछे कोई दूसरा मक़सद न हो, सिवा इसके कि जिनकी हम सेवा करते हैं उनकी सेवा करके उनको हिम्मत देना और मदद पहुंचाना. आज कल जो सेवा की जाती है वह अपने निजी स्वार्थ के ख़याल से की जाती है और वह भी बहुत कम. देहात के पीछे देहात देखे गए जहाँ बहुत लोग पहुंचे भी नहीं हैं. वहाँ अगर कोई सभा हुई तो एलेक्शन की हुई, और कोई सभा नहीं हुई. जहाँ इल्म ज्ञान का प्रचार नाम को भी नहीं है, जहाँ किसी तरह की रोशनी नहीं पहुंची है, जहाँ स्कूल भी नहीं है, जहाँ बच्चों के विकास का कोई ख़याल नहीं है, ऐसे कई गाँव देखे. हमको वे सारे गाँव के लोग बुला रहे हैं

مال گاؤں میں زوروں سے آئیگا. آج بھی کافی تعداد میں آیا ہے' اور یہ جو تھوڑا سا بچا ہوا کام ہے وہ بھی برباد ہوسکتا ہے' یہ سب کچھ ہم نے دیکھا .

گاؤں کی پکار.

کئی دیہات ایسے ملے کہ اگر ہمیں یہاں' شیو رام پلی میں' آنے کی ضرورت نہ ہوتی تو وہیں چند روز رہ جانے کی اچھا ہوتی . کیونکہ ایک جگہ دیکھنا' وہاں کی کمیاں محسوس کرنا' اُن کو ہم حل کر سکتے ہیں ایسا وشواس کرنا اور پھر بھی اُس جگہ کو چھوڑ کر آگے بڑھنا' یہ اچھا نہیں لگتا تھا . پھر بھی وہ کرنا پڑا . جہاں جہاں ہوسکے وہاں لوگوں میں مقامی ہی کام کرنے والے نکلیں' ایسی کوشش بھی کی . انربھو کا سار یہی ہے کہ ہم جو اکثر شہروں میں کام کرتے ہیں اور شہروں سے سمبندھ رکھتے ہیں وہ اپنا شہر کا سمبندھ قائم رکھکر بھی اگر اپنی رہنے کی جگہ دیہات ہی میں رکھیں اور ہم میں سے ہر ایک کے نام پر اگر ایک دیہات رہے تو بہت بھاری کام ہوگا .

بہت دفعہ سوچتا ہوں تو لگتا ہے کہ یہ کیوں نہیں ہوسکتا کہ جو بھی کام ہم کرتے ہیں' چاہے کوئی کانگریس کمیٹی کا آفس بھی چلاتا ہو' تو وہ کسی دیہات میں کیوں نہ کھولے ؟ جہاں پوسٹ آفس وغیرہ کا کچھ سبھیتا ہو ایسے دیہات میں وہ بیٹھ سکتا ہے . اور اگر ہم میں سے کوئی شہر کے نزدیک ہی رہنا چاہتے ہیں تو وہ شہر کے نزدیک کا گاؤں لیکر بیٹھ سکتے ہیں . وہاں رہنے سے ہی کچھ نہ کچھ گاؤں کا سمبندھ آئے گا . اور 'دیہات میں جانا چاہئے' یہ جو پکار باپو نے اُٹھائی تھی' اس کو کچھ حد تک ہم پورا کر سکتے ہیں . دیہات کے لوگ بہت آشا رکھتے ہیں کہ گاندھی جی کے بعد اُن کے سیوک کچھ نہ کچھ کام کرینگے . اُن کی سیوا میں لگ جائینگے . دوسرے بہت سارے لوگ کچھ سیوا کرتے بھی ہیں . پھر بھی وہ صرف نام کو ہوتی ہے' جوش دلانے والی نہیں ہوتی ہے اور بے لاگ تو ہوتی ہی نہیں ہے . اِس وقت ضرورت ہے بے لاگ سیوا کی . یعنی ایسی سیوا کی جسکے پیچھے کوئی دوسرا مقصد نہ ہو' سوا اِسکے کہ جنکی ہم سیوا کرتے ہیں اُن کی سیوا کرکے اُن کو ہمت دینا اور مدد پہنچانا . آج کل جو سیوا کی جاتی ہے وہ اپنے نجی سوارتھ کے خیال سے کی جاتی ہے اور وہ بھی بہت کم . دیہات کے پیچھے دیہات دیکھے گئے جہاں بہت لوگ پہنچے بھی نہیں ہیں . وہاں اگر کوئی سبھا ہوئی تو الیکشن کی ہوئی' اور کوئی سبھا نہیں ہوئی . جہاں علم گیان کا پرچار نام کو بھی نہیں ہے' جہاں کسی طرح کی روشنی نہیں پہنچی ہے' جہاں اسکول بھی نہیں ہے' جہاں بچوں کے وکاس کا کوئی خیال نہیں ہے' ایسے کئی گاؤں دیکھے . ہمکو وہ سارے گاؤں کے لوگ بلا رہے ہیں

देहात की जीवन बूटी *

मेरे अत्यंत प्यारे भाइयो और बहनो !

पैदल यात्रा का यह मेरा आखिरी दिन है. हैदराबाद से यहाँ तक का छोटा सा पाँच मील का सफ़र आज हुआ. रास्ते में परमेश्वर की कृपा से सब तरह से अच्छा रहा और बहुत ही दिलचस्प तजरबे हुए. देहात के लोगों में जोश देखा. शहरों में भी जोश कम नहीं था. लेकिन देहात में एक खास भावना देखी जिससे यह साफ़ जाहिर होगया कि हमारा वहाँ पहुँचना कितना जरूरी था और है. रोज़ हम वैसे ज़्यादा नहीं चलते थे, लेकिन कोशिश यह होती थी कि छोटे छोटे गाँव में मुक़ाम करें. कई छोटे छोटे गाँव देखने में आए. जहाँ बन सका वहाँ गाँव के घरों में भी घूम आया. हालाँ कि मैं तेलगू जानता हूँ, पर तेलगू में बात नहीं कर सकता. फिर भी जितना कुछ ज्ञान था उसका बहुत इस्तेमाल हुआ—प्रेमभाव बढ़ाने में. जब मैंने इन भाशाओं का अभ्यास शुरू किया था प्रेमभाव के विकास की नज़र से, तो प्रार्थना में मैं स्थित प्रज्ञ के लक्षण तेलगू भाशा में बोलता था. मैंने देखा कि वे लक्षण उनके दिल तक सीधे पहुंच जाते थे और उनको महसूस होता था कि अपना ही एक भाई बोल रहा है. बहुत प्रेम से लोगों ने हमारा स्वागत किया.

गाँव की गिरावट

गाँवों की जो हालत हमने देखी वह जैसा हम सोचते थे वैसी ही थी. इतना ही नहीं, बल्कि बदतर थी. इतनी कल्पना हम घर बैठे नहीं कर सकते थे. सिवाय खेती के, जो एक ही धंदा उनके हाथ में रहा है, और कोई धंदा कई देहातों में नहीं देखा. कुछ देहात ऐसे ज़रूर थे कि जहाँ दूसरे दो चार धंदे चलते थे. लेकिन कुछ ऐसे भी देहात देखे जहाँ वे भी छोटे छोटे धंदे मौजूद नहीं हैं. कुछ औरतें कातती थीं. कुछ आदमी भी कातने वाले देखे. और अपने सूत का कपड़ा पहनने वाले भी कुछ देखे. इस पर से यह ज़ाहिर है कि यह एक धंदा ऐसा था और है कि जो हर हालत में देहात में चल सकता है. लेकिन अभी इस मुल्क में आमद-रफ़्त के साधन बहुत नहीं हुए हैं और सड़कें बन रही हैं. लेकिन जैसे जैसे ये साधन बढ़ेंगे, बाहर का

* सर्वोदय सम्मेलन, शिवरामपल्ली, हैदराबाद में 7 अप्रैल '51 को श्री विनोबा जी का भाशन जो उन्होंने तुमायश खोलते वक़्त वहाँ दिया. भाशा कहीं कहीं आसान कर दी गई है.

دیہات کی جیون بوٹی *

میرے اتیئنت پیارے بھائیو اور بہنو!

پیدل یاترا کا یہ میرا آخری دن ہے۔ حیدرآباد سے یہاں تک کا چھوٹا سا پانچ میل کا سفر آج ہوا۔ راستے میں پرمیشور کی کرپا سے سب طرح سے اچھا رہا اور بہت ہی دلچسپ تجربے ہوئے۔ دیہات کے لوگوں میں جوش دیکھا۔ شہروں میں بھی جوش کم نہیں تھا۔ لیکن دیہات میں ایک خاص بھاونا دیکھی جس سے یہ صاف ظاہر ہوگیا کہ ہمارا وہاں پہنچنا کتنا ضروری تھا اور ہے۔ روز ہم ویسے زیادہ نہیں چلتے تھے' لیکن کوشش یہ ہوتی تھی کہ چھوٹے چھوٹے گاؤں میں مقام کریں۔ کئی چھوٹے چھوٹے گاؤں دیکھنے میں آئے۔ جہاں بن سکا وہاں گاؤں کے گھروں میں بھی گھوم آیا۔ حالانکہ میں تیلگو جانتا ہوں' پر تیلگو میں بات نہیں کر سکتا۔ پھر بھی جتنا کچھ گیان تھا اُسکا بہت استعمال ہوا—پریم بھاؤ بڑھانے میں۔ جب میں نے اِن بھاشاؤں کا ابھیاس شروع کیا تھا پریم بھاؤ کے وکاس کی نظر سے' تو پرارتھنا میں میں ستھت پرگیہ کے لکشن تیلگو بھاشا میں بولتا تھا۔ میں نے دیکھا کہ وہ لکشن اُن کے دل تک سیدھے پہنچ جاتے تھے اور اُن کو محسوس ہوتا تھا کہ اپنا ہی ایک بھائی بول رہا ہے۔ بہت پریم سے لوگوں نے ہمارا سواگت کیا۔

گاؤں کی گراوٹ

گاؤں کی جو حالت ہم نے دیکھی وہ جیسا ہم سوچتے تھے ویسی ہی تھی۔ اِتنا ہی نہیں' بلکہ بدتر تھی۔ اتنی کلپنا ہم گھر بیٹھے نہیں کر سکتے تھے۔ سوائے کھیتی کے' جو ایک ہی دھندا اُن کے ہاتھ میں رہا ہے' اور کوئی دھندا کئی دیہاتوں میں نہیں دیکھا۔ کچھ دیہات ایسے ضرور تھے کہ جہاں دوسرے دو چار دھندے چلتے تھے۔ لیکن کچھ ایسے بھی دیہات دیکھے جہاں وہ بھی چھوٹے چھوٹے دھندے موجود نہیں ہیں۔ کچھ عورتیں کاتتی تھیں۔ کچھ آدمی بھی کاتنے والے دیکھے۔ اور اپنے سوت کا کپڑا پہننے والے بھی کچھ دیکھے۔ اِس پر سے یہ ظاہر ہے کہ یہ ایک دھندا ایسا تھا اور ہے کہ جو ہر حالت میں دیہات میں چل سکتا ہے۔ لیکن ابھی اِس ملک میں آمدرفت کے سادھن بہت نہیں ہوئے ہیں اور سڑکیں بن رہی ہیں۔ لیکن جیسے جیسے یہ سادھن بڑھینگے' باہر کا

* سروودے سمیلن' شیورام پلی' حیدرآباد میں 7 اپریل '51 کو شری ونوبا جی کا بھاشن جو اُنہوں نے نمائش کھولتے وقت وہاں دیا۔ بھاشا کہیں کہیں آسان کر دی گئی ہے۔

जनवाने खाये. जनता का पैसा जनता की सरकार ने खर्च किया और जनता के ही काम के लिये, फिर बेकार का शोर क्यों !

पत्रकार शोर मचा सकते हैं कि अगर राय ली जावेगी तो हमारी बात को कुछ भी राय न मिलेगी. इस से क्या होता है. सोमनाथ में आखिर यूँ भी तो वह चीज़ आयगी जिसे भारत की 100 फ़ी सदी जनता अपनाये हुए है, कोई हमें रोक कर ठीक करने लगेगा, नहीं नहीं 'पचास फ़ी सदी'. तब हम कहेंगे कि जाइये और सोमनाथ के दर्शन कीजिये और हमारी सचाई की जाँच कर लीजिये !

बापू ! आप मुसकराते क्यों हैं ? हम तो सच ही कह रहे हैं !

—भगवानदीन

नाच

नाच रहे मन नाचे जाओ
लोग हँसे हँसनें दो उनको, अपने राम रिझाओ

ठुनक ठुनक घुँघरू बजने दो
सुख रस साज सजा सजने दो
यह ही रंग मुझे छजने दो
नेक न सोचो इधर उधर की, गाओ तान उड़ाओ.

थिरक थिरक कर लो फिरकैयाँ
खड़े सामने राम गुसैयाँ
अब न छोड़ना इनकी छैयाँ
हिलने दो अब ठुड्डी गरदन, हाँ नैना मटकाओ

कंधा अपनी बारी ऊले
छाती सुख सांसों से फूले
बाँह उठे आ नीचे भूले
दो नितम्ब बेखटक मटकने, कमर झुका लचकाओ

सिर का घड़ा न रत्ती ढलके
हाथ कटोरा नेक न छलके
ऐसे नाचो हलके हलके
पाँव तले का एक बताशा, जो तुम तोड़ न पाओ

लग जाओ अब बाँह उठाने
और कलाई को लचकाने
उंगली पोर पोर लहराने
अपने तन में औरों के भी, सुख बिजली लहराओ

—भगवानदीन

جنتا نے کھائے . جنتا کا پیسہ جنتا کی سرکار نے خرچ کیا اور جنتا کے ہی کام کے لئے، پھر بیکار کا شور کیوں !

پترکار شور مچا سکتے ھیں کہ اگر رائے لی جاویگی تو ھماری بات کو کچھ بھی رائے نہ ملے گی . اِس سے کیا ھوتا ھے . سومناتھ میں آخریوں بھی تو وہ چیز آئیگی جسے بھارت کی سوفیصدی جنتا اپنائے ہوئے ہے، کوئی ھمیں روک کر ٹھیک کرنے لگے گا، ' نہیں نہیں ' پچاس فیصدی '. تب ہم کہیں گے کہ جائیے اور سومناتھ کے درشن کیجئے اور ھماری سچائی کی جانچ کر لیجئے !

باپو ! آپ مسکراتے کیوں ھیں ؟ ہم تو سچ ھی کہہ رہے ھیں !

—بھگوان دین

ناچ

ناچ رہے من ناچے جاؤ
لوگ ھنسیں ھنسنے دو اُنکو، اپنے رام رجھاؤ

ٹھنک ٹھنک گھنگھرو بجنے دو
سکھ رس ساج سجا سجنے دو
یہ ھی رنگ مجھے چھجنے دو
نیک نہ سوچو اِدھر اُدھر کی، گاؤ تان اُڑاؤ

تھرک تھرک کرلو پھرکیاں
کھڑے سامنے رام گسیاں
اب نہ چھوڑنا اِن کی چھیاں
ھلنے دو اب ٹھڈی گردن، ھاں نینا مٹکاؤ

کندھا اپنی باری اُولے
چھاتی سکھ سانسوں سے پھولے
بانہہ اُٹھے آ نیچے جھولے
دو نتمب بے کھٹک مٹکنے، کمر جھکا لچکاؤ

سر کا گھڑا نہ رتی ڈھلکے
ھاتھ کٹورا نیک نہ چھلکے
ایسے ناچو ھلکے ھلکے
پاؤں تلے کا ایک بتاشہ، جو تم توڑ نہ پاؤ

لگ جاؤ اب بانہہ اُٹھانے
اور کلائی کو لچکانے
اُنگلی پور پور لہرانے
اپنے تن میں اَوروں کے بھی، سکھ بجلی لہراؤ

—بھگوان دین

धार्मिक रस्म है. विवाह की सब रस्म ...
ती हैं, वह गालियाँ भी धर्म समझ कर गाई
ौर बूढ़े बड़ों से हमने यह सुना है कि वह
: रुक्मनी के विवाह के अवसर पर भी गाई
और रास लीला में तो अब भी हम उसका
खते हैं. इसलिये आज हमें बड़ा दुख हो रहा है
संस्कृति' की ऐसी एक रस्म को तोड़कर हमने वही
था जो उसने किया, जिसने सती प्रथा तोड़ी या
ोमनाथ का मन्दिर तोड़ा. अब हम चाहते हैं कि
ो इस रस्म को फिर से जारी करने की रस्म के
राष्ट्रपति को बुलवायें और भीक माँगकर उसके
र्चा जुटायें, क्योंकि मजदूरी करके तो हम आज के
ान में, तीन जनम में भी इतना पैसा नहीं जुटा
!

ापू! जब अंगरेज यहाँ राज करते थे तो हुकूमत करने
ं कुछ ऐसे काम कर बैठते थे जो लोगों की नजर में
माने जाते थे—जैसे जलियान वाला बाग, मोपला
ेजडी, चिमूर आश्टी दुर्घटना.

ोग तो, नासमझी से, माँ बाप अगर
को दो चपत जमा दें तो उसको भी
: समझ बैठते हैं. असल में इस तरह के कामों को
झने के लिये मामूल से ज्यादा बुद्धि चाहिये!
ंग्रेजी राज में यह काम ईसाई धर्म के जानकार
ी किया करते थे, और वह ठीक ठीक बता सकते थे.
ारी काम कोई मामूली काम तो होते नहीं जिन्हें हर
े समझ ले. उसको समझने के लिये सन्तों की
सन्त जैसों की जरूरत होती है! सन्त-जैसों के बगैर
वह समझ में आ ही नहीं सकते. बापू! आज काँगरेसी
ंकार के बहुत से काम इतने पेचीदा और बहुत से
वने में इतने बेतुके मालूम होते हैं जिन्हें हर कोई नहीं
मझ सकता. इसलिये इन कामों को समझने के लिये
न्तों या सन्त जैसों की जरूरत है! और यह काम वर्धा
'हरिजन' और 'सर्वोदय' पत्रों ने ले रखा है. हमारे
स के भलेमानस पत्रकारों को इतना भी नहीं सूझता
के अपने पत्रों में सरकारी कामों पर राय देने से पहिले
रिजन' और 'सर्वोदय' पढ़ लिया करें!

सोमनाथ को लेकर ही जून सन इक्यावन के 'सर्वोदय'
में राष्ट्रपति के प्रभास पाटन जाने के बारे में साफ़ राय
ी गई है, और वह यह कि वहाँ जो कुछ हुआ,
वह वही हुआ जिसको हिन्दुस्तान की जनता चाहती थी!
और जनता की सरकार वह न करे, जो जनता चाहती है,
तो और क्या करे?

जनता का भारत, जनता के पहाड़, जनता के पत्थर.
उसी पत्थर से तैयार हुए जनता के सोमनाथ, जनता के लड्डू,

... ہوئی ہیں، وہ گالیاں بھی دھرم
سمجھکر گائی جاتی ہیں اور بوڑھے بڑوں سے ہم نے یہ
سنا ہے کہ وہ سیتا اور رکمنی کے وواہ کے اوسر پر بھی گائی
گئی تھیں۔ اور راس لیلا میں تو اب بھی ہم اس کا رواج
دیکھتے ہیں اسلئے آج ہمیں بڑا دکھ ہو رہا ہے کہ 'بھدر
سنسکرتی' کی ایسی ایک رسم کو توڑ کر ہم نے وہی کام
کیا جو اس نے کیا، جسنے ستی پرتھا توڑی یا جسنے
سومناتھ کا مندر توڑا۔ اب ہم چاہتے ہیں کہ گالی دی اِس
رسم کو پھر سے جاری کرنیکی رسم کے لئے راشٹرپتی کو
بلوائیں اور بھیک مانگ کر اسکے لئے خرچہ جٹائیں،
کیونکہ مزدوری کرکے تو ہم آجکے ہندستان میں، تین جنم
میں بھی اتنا پیسہ نہیں جٹا سکتے!

باپو! جب انگریز یہاں راج کرتے تھے تو حکومت کرنے
کے ناتے کچھ ایسے کام کر بیٹھتے تھے جو لوگوں کی نظر میں
ظلم مانے جاتے تھے — جیسے جلیان والا باغ، موپلا ٹریجڈی، چمور آشٹی دُرگھٹنا

لوگ تو، ناسمجھی سے، ماں باپ اگر بچے کو دو چپت
جمادیں تو اسکو بھی غلط سمجھ بیٹھتے ہیں۔ اصل
میں اِسطرح کے کاموں کو سمجھنے کے لئے معمول سے زیادہ
بدھی چاہئے! انگریزی راج میں یہ کام عیسائی دھرم کے
جانکار پادری کیا کرتے تھے، اور وہی ٹھیک ٹھیک بتا
سکتے تھے سرکاری کام کوئی معمولی کام تو ہوتے نہیں
جنھیں ہر کوئی سمجھ لے۔ اسکو سمجھنے کے لئے سنتوں
کی یا سنت جیسوں کی ضرورت ہوتی ہے! سنت جیسوں
کے بغیر تو وہ سمجھ میں آہی نہیں سکتے۔ باپو! آج
کانگریسی سرکار کے بہت سے کام اِتنے پیچیدہ اور بہت سے
دیکھنے میں اِتنے بے تکے معلوم ہوتے ہیں جنھیں ہر
کوئی نہیں سمجھ سکتا۔ اِسلئے ان کاموں کو سمجھنے کے
لئے سنتوں یا سنت جیسوں کی ضرورت ہے! اور یہ کام
وردھا کے 'ہریجن' اور 'سرودے' پتروں نے لے رکھا ہے۔
ہمارے دیس کے بھلے مانس پترکاروں کو اِتنا بھی نہیں
سوجھتا کہ اپنے پتروں میں سرکاری کاموں پر رائے دینے سے
پہلے 'ہریجن' اور 'سرودے' پڑھ لیا کریں!

سومناتھ کو لیکر ہی جون سن '51 کے 'سرودے'
میں راشٹرپتی کے پربھاس پاٹن جانے کے بارے میں صاف
رائے دی گئی ہے اور وہ یہ کہ وہاں جو کچھ ہوا، وہ وہی
ہوا جسکو ہندستان کی جنتا چاہتی تھی! اور جنتا
کی سرکار وہ نہ کرے، جو جنتا چاہتی ہے، تو اور
کیا کرے؟

جنتا کا بھارت جنتا کے پہاڑ، جنتا کے پتھر۔ اُسی
پتھر سے تیار ہوئے جنتا کے سومناتھ، جنتا کے لڈو،

इस मामले में राष्ट्रपति से मिलें और उन्हें इस बात के लिये राज़ी करलें कि वो उनके मन्दिर के पास एक शराब की दूकान खोलने की रस्म अदा कर दें. और जब हमारे राष्ट्रपति यह रस्म अदा करने जायँगे, तब भी सब नहीं तो ऐसे पत्रकार, जिनके धर्म में शराब मना है, कुछ न कुछ ज़रूर लिख मारेंगे ! बापू ! अब आप ही बताइये कि अगर हमारे राष्ट्रपति इन पत्रकारों की राय पर अमल करने लगें तो एक दिन भी हुकूमत चल सके ? इन शोर मचाने वालों को हुकूमत की चाल से क्या सरोकार !

बापू ! जब धर्म के नाते हमारे राष्ट्रपति भैरवी चक्र में शामिल होने जायंगे, तब तो यह पत्रकार बौखला उठेंगे, पर इनकी बौखलाहट की दो कौड़ी भी उठेंगी ? इनको यह तक नहीं मालूम कि जिसे यह 'कुसंग सभा' कहते हैं, असल में वो 'भद्र सभा' है, और अगर इन्हें हमारी बात पर एतबार न हो, तो हम सबूत में जून सन इक्यावन के 'सर्वोदय' को पेश करते हैं जिसमें श्री किशोर लाल मशरूवाला ने श्री स्वामी सहजानन्द की बताई 'कुसंग सभा' को बड़े संकोच के साथ 'भद्र सभा' का नाम दिया है. बापू ! यह पत्रकार नासमझ हैं, यह बात बुरी नहीं. पर समझ देने वाले जो दो चार पत्र और जो दो चार आदमी रह गये हैं, उनसे यह लोग समझ भी तो नहीं लेते !

बापू ! अगर हम भूलते नहीं हैं तो आपने एक बार स्वामी दयानन्द जी के लिखे सत्यार्थ प्रकाश के बारे में दो चार कड़े शब्द कहे थे, पर आज तो हम 'सर्वोदय' से सीख लेकर सत्यार्थ प्रकाश पर नहीं, स्वामी जी पर यह टीका करते हैं कि उन्होंने मूर्ति की पूजा जैसी 'भद्र संस्कृति' के ख़िलाफ़ लेखनी उठाकर उस 'सन्त संस्कृति' को धक्का पहुँचाया जो 'भद्र संस्कृति' को साथ लेकर चली थी ! बापू ! स्वामी जी गुजराती थे, इसलिये हम आपसे पूछते हैं कि हम ठीक टीका कर रहे हैं न ?

बापू ! अब आपसे क्या छुपायें. 'भद्र संस्कृति' के ख़िलाफ़ बाईस बरस की उमर में हमारे हाथ से भी एक गुनाह हो गया है. हम चाहते हैं एक दिन राष्ट्रपति को बुलाकर उस पाप का प्रायश्चित कर डालें.

वह पाप यह है—

विवाह के मौके पर आई हुई बरात को घरात की औरतें गालियाँ गाती हैं, और वह गालियाँ इतनी गंदी होती हैं—हाय ! हाय ! हम धर्म की 'भद्र संस्कृति' के लिये गन्दा शब्द निकाल बैठे—माफ़ करना बापू ! वह गालियाँ सचमुच ऐसी होती है कि भले आदमियों को भली नहीं लगतीं, हमें भी अच्छी नहीं लगीं. हिन्दुओं

اِس معاملے میں راشٹرپتی سے ملیں اور اُنھیں اِس بات کے لئے راضی کرلیں کہ وہ اُنکے مندر کے پاس ایک شراب کی دوکان کھولنے کی رسم ادا کردیں۔ اور جب ہمارے راشٹرپتی یہ رسم ادا کرنے جائینگے تب بھی سب نہیں تو ایسے پترکار' جنکے دھرم میں شراب منع ہے' کچھ نہ کچھ ضرور لکھ مارینگے! باپو! اب آپ ہی بتائیے کہ اگر ہمارے راشٹرپتی اِن پترکاروں کی رائے پر عمل کرنے لگیں تو ایک دن بھی حکومت چل سکے؟ اِن شور مچانے والوں کو حکومت کی چال سے کیا سروکار!

باپو! جب دھرم کے ناتے ہمارے راشٹرپتی بھیروی چکر میں شامل ہونے جائینگے تب تو یہ پترکار بوکھلا اُٹھیں گے' پر اِن کی بوکھلاہٹ کی دو کوڑی بھی اُٹھیگی؟ اِن کو یہ تک نہیں معلوم کہ جسے یہ 'کوسنگ سبھا' کہتے ہیں' اصل میں وہ 'بھدر سبھا' ہے' اور اگر اِنھیں ہماری بات پر اعتبار نہ ہو' تو ہم ثبوت میں جون سن اکیاون کے 'سروودے' کو پیش کرتے ہیں جس میں شری کشورلال مشروالا نے شری سوامی سہجانند کی بتائی 'کوسنگ سبھا' کو بڑے سنکوچ کے ساتھ 'بھدر سبھا' کا نام دیا ہے۔ باپو! یہ پترکار نا سمجھ ہیں' یہ بات بری نہیں' پر سمجھ دینے والے جو دو چار پتر اور جو دو چار آدمی رہگئے ہیں' اُن سے یہ لوگ سمجھ بھی تو نہیں لیتے!

باپو! اگر ہم بھولتے نہیں ہیں تو آپ نے ایک بار سوامی دیانند جی کے لکھے ستیارتھ پرکاش کے بارے میں دو چار کڑے شبد کہے تھے' پر آج تو ہم 'سروودے' سے سیکھ لیکر ستیارتھ پرکاش پر نہیں' سوامی جی پر یہ ٹیکا کرتے ہیں کہ اُنھوں نے مورتی کی پوجا جیسی 'بھدر سنسکرتی' کے خلاف لیکھنی اُٹھا کر اُس 'سنت سنسکرتی' کو دھکا پہنچایا جو 'بھدر سنسکرتی' کو ساتھ لیکر چلی تھی! باپو! سوامی جی گجراتی تھے اِس لئے ہم آپ سے پوچھتے ہیں کہ ہم ٹھیک ٹیکا کر رہے ہیں نہ؟

باپو! اب آپ سے کیا چھپائیں۔ 'بھدر سنسکرتی' کے خلاف بائیس برس کی عمر میں ہمارے ہاتھ سے بھی ایک گناہ ہوگیا ہے۔ ہم چاہتے ہیں ایک دن راشٹرپتی کو بلا کر اُس پاپ کا پرایشچت کر ڈالیں۔

وہ پاپ یہ ہے —

وواہ کے موقعہ پر آئی ہوئی برات کو گھرات کی عورتیں گالیاں گاتی ہیں اور وہ گالیاں اتنی گندی ہوتی ہیں— ہائے! ہائے! ہم دھرم کی 'بھدر سنسکرتی' کے لئے گندا شبد نکال بیٹھے—معاف کرنا باپو! وہ گالیاں سچ مچ ایسی ہوتی ہیں کہ بھلے آدمیوں کو بھلی نہیں لگتیں۔ ہمیں بھی اچھی نہیں لگیں۔ ہندوؤں

ीर यह समझकर कि यह अपना खून आप ही पी रहे
', जब भी उनसे हड्डी छीनने की कोशिश की तब तब वह
मसे नाराज़ हुये और उन्होंने दुख ही माना. फिर धर्म
ो खातिर यह ग़रीब आदमी भूके रह कर पंडों को लड्डू
खलाने से रोके जायंगे तो कितने नाराज़ होंगे और कितना
ख मानेंगे, इसका अन्दाज़ा यह मूरख पत्रकार ज़रा भी
ीं लगा पाते और साधु पुरुश. मुँशी कन्हैया लाल, पर
बती कस बैठते हैं और रिशी तुल्य राश्ट्रपति महापंडित
जेन्द्र प्रसाद पर, जो जी में आया, लिख मारते हैं।
ापू ! कोई इनसे यह पूछे कि यह कितनी सरकारें अब
क चला चुके हैं ? कहाँ राजनेता और कहाँ यह टुट-
जिये पत्रकार !

सेकुलर सरकार के नाते या अपनी निजी हैसियत से
ी अगर जगन्नाथ पुरी के मन्दिर के मालिक, राश्ट्रपति
उन मूर्तियों का पर्दा हटाने को बुलायें, जिन पर धर्म के
क ठीक न समझने वालों ने पर्दा डलवा रखा है, और
ाका बुलावा मंज़ूर करके हमारे राश्ट्रपति पर्दा हटाने के
ये जायँ, तब न जाने इन नासमझ पत्रकारों का क्या
ल होगा ! राजनीत जगत के ये बच्चे पत्रकार. टक्कर
ा बैठे हैं. राजनीत में घुटे बड़े बूढ़े – महारथियों से '
ंकार की हैसियत से. सेकुलर सरकार अभी क्या क्या
ीं करेगी, इसका उनको क्या अन्दाज़ा !

सती धर्म नश्ट हो चुका है और वो भी सोमनाथ के
न्दिर की तरह पापी विलियम बैंटिंग धराशाई कर गया
! अभी उसका उद्धार बाकी है ! और हिन्दू धरम के नाते
करपात्री जी और श्रीमती प्रभावती राजे, किर्ना देवी को
ी होने को तैयार करके, सती प्रथा के उद्धार की खातिर
ट्रपति को निमंत्रन दें और सेकुलर सरकार के राश्ट्रपति
ने के नाते जब उन्हें वहाँ जाना ही पड़े तब तो यह
ाकार शायद आग बगूला हो जायंगे ! बापू ! यह पत्रकार.
तो राजनीति के पेचों को समझते हैं, न नेता गिरी के
व पेंचों से वाक़िफ हैं. रही चुनाव की कला, उसकी इन्हें
भी अलिफ बे भी नहीं आती. पंखे के नीचे कुर्सी मेज़ के
ारे कलम घसीट कर यह पत्रकार न जाने अपने को
ा समझते हैं.

बापू ! आप शराब बन्द करने की बात तो कह गये.
उस वक्त शायद आपकी नजर या तो इसलाम धर्म
रही, या उन ग़रीब मज़दूरों पर रही जो शराब पीकर
ानी औरत बच्चों को भूकों मारते थे. अगर कहीं
पकी नजर शाक्त धर्मियों या बाम मार्गियों पर गई
ी, या कम से कम उनका कोई डेपूटेशन आपके पास
या होता तो आप चाहे दुनिया की शराब बन्द करा
, पर उनका तो धर्म के नाते कुछ खयाल करते ही !
ब नहीं अच्छी ही शाक्त लोग और बाम मार्गी

اور یہ سمجھکر کہ یہ اپنا خون آپ ہی پی رہے
ہیں، جب جب اُن سے ہڈی چھیننے کی کوشش کی
تب تب وہ ہم سے ناراض ہوئے اور انہوں نے دکھ ہی
مانا. پھر دھرم کی خاطر یہ غریب آدمی بھوکے رہکر
پانڈوں کو لڈو کھلانے سے روکے جائینگے تو کتنے ناراض
ہونگے اور کتنا دکھ مانینگے، اسکا اندازہ یہ مورکھ پترکار
ذرا بھی نہیں لگا پاتے اور سادھو پرش، منشی کنہیا لال،
پر پھبتی کس بیٹھتے ہیں اور رشی تلیہ راشٹرپتی
مہاپنڈت راجندر پرساد پر، جو جی میں آیا لکھ مارتے
ہیں! باپو! کوئی ان سے یہ پوچھے کہ یہ کتنی سرکاریں
اب تک چلا چکے ہیں؟ کہاں راج نیتا اور کہاں یہ
ٹٹ پونجئے پترکار!

سیکولر سرکار کے ناتے یا اپنی نجی حیثیت سے ہی
اگر جگناتھ پوری کے مندر کے مالک راشٹرپتی کو ان
مورتیوں کا پردہ ہٹانے کو بلائیں، جن پر دھرم کے بھید
کو ٹھیک نہ سمجھنے والوں نے پردہ ڈلوا رکھا ہے اور ان کا
بلاوا منظور کرکے ہمارے راشٹرپتی پردہ ہٹانے کے لئے
جائیں، تب نہ جانے ان ناسمجھ پترکاروں کا کیا حال
ہوگا! راج نیت جگت کے یہ بچے پترکار، ٹکر لینے
بیٹھے ہیں راج نیت میں گھٹے بڑے بوڑھے مہارتھیوں
سے! سرکار کی حیثیت سے سیکولر سرکار ابھی کیا کیا
نہیں کریگی اسکا انکو کیا اندازہ!

ستی دھرم نشٹ ہو چکا ہے اور وہ بھی سومناتھ کے
مندر کی طرح پاپی ولیم بینٹنگ دھراشائی کر گیا ہے!
ابھی اسکا ادھار باقی ہے! اور ہندو دھرم کے ناتے سری
کرپاتری جی اور شریمتی پربھاوتی راجے، کرنا دیوی کو
ستی ہونے کو تیار کرکے ستی پرتھا کے ادھار کی خاطر
راشٹرپتی کو نمنترن دیں اور سیکولر سرکار کے راشٹرپتی
ہونے کے ناطے جب انہیں وہاں جانا ہی پڑے تب تو یہ
پترکار شاید آگ بگولا ہو جائینگے! باپو یہ پترکار نہ تو
راج نیت کے پیچوں کو سمجھتے ہیں، نہ نیتا گیری کے
داؤں پینچوں سے واقف ہیں. رہی چناؤ کی کلا، اسکی
الف بے بھی انہیں نہیں آتی. پنکھے کے نیچے
کرسی میز کے سہارے قلم گھسیٹ کر یہ پترکار نہ جانے
اپنے کو کیا سمجھتے ہیں.

باپو! آپ شراب بند کرنے کی بات تو کہہ گئے. پر
اُس وقت شاید آپ کی نظر یا تو اسلام دھرم پر رہی، یا
اُن غریب مزدوروں پر رہی جو شراب پی کر اپنی عورت
بچوں کو بھوکوں مارتے تھے. اگر کہیں آپ کی نظر
شاکت دھرمیوں یا بام مارگیوں پر گئی ہوتی، یا کم سے کم
اُن کا کوئی ڈیپوٹیشن آپ کے پاس آیا ہوتا تو آپ چاہے دنیا
کی شراب بند کرادیتے، پر اُن کا تو دھرم کے ناتے کچھ خیال
کرتے ہی! عجب نہیں جلدی ہی شاکت لوگ اور بام مارگی

बापू से !

बापू !

सोमनाथ के मन्दिर के खुलने का काम हुए हफ्तों बीत गये, पर अखबार हैं कि अभी तक न आवाज़े कसने से बाज़ आते हैं और न छींटे फेंकने से. यह अपनी धुन में इतने मस्त हो जाते हैं कि इन्हें यह तक याद नहीं रहता कि, बापू ! आप खुद एक बार एक गुरुद्वारे में एक अधन्ना चढ़ा चुके हैं. यह ठीक है कि उन दिनों हिन्दुस्तान में अंगरेज़ों का राज था. पर इसमें क्या ! आप सिख धर्मी तो नहीं थे. आप तो सर्व धर्म समभावी थे, और 'सेकुलर' शब्द का 'सर्व धर्म समभाव' से अच्छा और क्या अर्थ हो सकता है ? बस, आजकल की हमारी सेकुलर सरकार सर्व धर्म समभावी है, और इस नाते हमारी सरकार, सरकारी हैसियत से, किसी को भी सोमनाथ का मन्दिर खोलने के लिये भेज सकती थी और एक अधन्ना नहीं आधा करोड़ या आधा अरब, अगर उसमें समाई हो, तो सोमनाथ के मन्दिर को दान दे सकती थी या उसमें चढ़ा सकती थी. पर ऐसा कुछ तो सरकार ने किया नहीं. हमारे राष्ट्रपति तो निजी हैसियत से वहाँ पहुँचे थे और उसी सिलसिले में सरकार ने थोड़ा बहुत खर्च कर दिया था. पर उस बात को भी कुछ नासमझ पत्रकार ले उड़े और सुई का फावड़ा बनाकर जनता के सामने रख दिया. प्रभास पाटन में किस चीज़ की स्थापना हो रही थी, इससे सेकुलर सरकार के राष्ट्रपति को क्या मतलब. उनका तो सिर्फ इतना काम है कि वह यह जान लें कि वहाँ धर्म के रिवाज के माफ़िक़ नया काम शुरू किया जा रहा है या किसी पुराने रिवाज या पुराने मन्दिर में फिर से जान डाली जा रही है. और सोमनाथ में इसके सिवा और हुआ ही क्या ? भले ही हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमी और दुनिया के अरबों आदमी इस तरह की लिंग स्थापना को, आज के ज़माने में गिरा हुआ काम समझते हों, पर लाखों आदमी ऐसे भी तो हैं जो लिंग पूजा करते हैं और अपनी माँ-बहनों, बेटियों से उसकी पूजा कराते हैं. तो क्या सेकुलर सरकार ऐसी लाखों की तादाद वाली प्रजा का दिल तोड़ दे ? इससे क्या हुआ, अगर इस काम में शामिल होने से लाख दो लाख खर्च हो गये और इससे भी क्या हुआ अगर दस पाँच हज़ार ग़रीब आदमी भूके रह जायं. वह जो भूके रहे, खुशी से रहे, अगर उन्हें भूके रहने से कोई रोकता तो वह उल्टे दुखी होते. बापू ! हम सच कहते हैं कि हमने सौ फ़ीसदी कुत्तों को सूखी हड्डी चचोरते देखकर

باپو سے

باپو!

سومناتھ کے مندر کے کھلنے کا کام ہوئے ہفتوں بیت گئے، پر اخبار ہیں کہ ابھی تک نہ آوازے کسنے سے باز آتے ہیں اور نہ چھینٹے پھینکنے سے۔ یہ اپنی دھن میں اتنے مست ہوجاتے ہیں کہ اِنہیں یہ تک یاد نہیں رہتا کہ باپو! آپ خود ایک بار ایک گوردوارے میں ایک ادھنا چڑھا چکے ہیں۔ یہ ٹھیک ہے کہ اُن دنوں ہندستان میں انگریزوں کا راج تھا۔ پر اِس سے کیا! آپ سکھ دھرمی تو نہیں تھے۔ آپ تو سرو دھرم سمبھاوی تھے، اور 'سیکولر' شبد کا 'سرو دھرم سمبھاو' سے اچھا اور کیا ارتھ ہوسکتا ہے؟ بس آج کل کی ہماری سیکولر سرکار سرو دھرم سمبھاوی ہے، اور اِس ناتے ہماری سرکار، سرکاری حیثیت سے، کسی کو بھی سومناتھ کا مندر کھولنے کے لئے بھیج سکتی تھی اور ایک ادھنا نہیں آدھا کروڑ یا آدھا ارب اگر اُس میں سمائی ہو، تو سومناتھ کے مندر کو دان دے سکتی تھی یا اُس میں چڑھا سکتی تھی۔ پر ایسا کچھ تو سرکار نے کیا نہیں۔ ہمارے راشٹرپتی تو نجی حیثیت سے وہاں پہنچے تھے اور اُسی سلسلے میں سرکار نے تھوڑا بہت خرچ کردیا تھا۔ پر اُس بات کو بھی کچھ ناسمجھ پترکار لے اُڑے اور سوئی کا پھاوڑا بناکر جنتا کے سامنے رکھدیا۔ پربھاس پاٹن میں کس چیز کی استھاپنا ہو رہی تھی، اِس سے سیکولر سرکار کے راشٹرپتی کو کیا مطلب۔ اُن کا تو صرف اِتنا کام ہے کہ وہ یہ جان لیں کہ وہاں دھرم کے رواج کے موافق نیا کام شروع کیا جارہا ہے یا کسی پرانے رواج یا پرانے مندر میں پھر سے جان ڈالی جارہی ہے، اور سومناتھ میں اِسکے سوا اور ہوا ہی کیا؟ بھلے ہی ہندستان کے کروڑوں آدمی اور دنیا کے اربوں آدمی اِس طرح کی لنگ استھاپنا کو آج کے زمانے میں گرا ہوا کام سمجھتے ہوں، پر لاکھوں آدمی ایسے بھی تو ہیں جو لنگ پوجا کرتے ہیں اور اپنی ماں بہنوں، بیٹیوں سے اُسکی پوجا کرتے ہیں۔ تو کیا سیکولر سرکار ایسی لاکھوں کی تعداد والی پرجا کا دل توڑدے؟ اِس سے کیا ہوا، اگر اِس کام میں شامل ہونے سے لاکھ دو لاکھ خرچ ہوگئے اور اِس سے بھی کیا ہوا اگر دس پانچ ہزار غریب آدمی بھوکے رہ جائیں۔ وہ جو بھوکے رہے، خوشی سے رہے، اگر اُنہیں بھوکے رہنے سے کوئی روکتا تو وہ اُلٹے دکھی ہوتے۔ باپو! ہم سچ کہتے ہیں کہ ہم نے سو فیصدی کتوں کو سوکھی ہڈی چچوڑتے دیکھکر

सोमनाथ का सफ़र

(नमक पाश)

कुछ मत पूछो क्या क्या देखा !

मक़ीदत* बरपा देखा, दीन धरम का चरचा देखा
का ऊँचा झंडा देखा, आह ! तिरंगा नीचा देखा

और बताएँ क्या क्या देखा ?

. का मेला देखा, नर नारी का रेला देखा
गुरू का चेला देखा, आग चिलम और गाजा देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

पूरी छनते देखा, आटा मैदा सनते देखा
पेड़ा बनते देखा, पेट भरों का चलना देखा

और बताएँ क्या क्या देखा ?

.र परशाद को देखा, सेक्यूलर बुनियाद को देखा
जी उस्ताद को देखा, वैदिक काल का सपना देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

तक एक जाम न आया, रोटी का पैग़ाम न आया
जी का नाम न आया, दूर वहा से चरखा देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

। और जटा धारी भी, ऊँचे ऊँचे ब्योपारी भी
अफ़सर सरकारी भी, हर माथे पर टीका देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

लगी थी रोम में जिस दम, नीरो‡ को सूझी थी छम छम
पे देखा पेट का मातम, कहा पे लड्डू बटता देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

त के दल्लाल को देखा, भारत के कंगाल को देखा
. कन्हैया लाल§ को देखा, उलटा देखा सीधा देखा

और बताएं क्या क्या देखा ?

वाड़ो का जोबन देखा, धन वालों का दर्शन देखा
चारों का सुमरन देखा, हमने भारत भूका देखा

कुछ मत पूछो क्या क्या देखा.

('उजाला' से)

---

* श्रद्धा की क़यामत.

‡ रोम में जब आग लगी थी उस समय वहाँ का सम्राट नीरो
क ऊँची जगह बैठ कर बाजा बजा रहा था.

§ श्री कन्हैया लाल मानिक लाल मुंशी.

سومناتھ کا سفر

(نمک پاش)

کچھ مت پوچھو کیا کیا دیکھا !

شردھا مقیدت* برپا دیکھا، دین دھرم کا چرچا دیکھا
اوم کا اونچا جھنڈا دیکھا، آہ ترنگا نیچا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

جوتشوں کا میلہ دیکھا، نر ناری کا ریلا دیکھا
ست گرو کا چیلہ دیکھا، آگ چلم اور گانجا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

حلوہ پوری چھنتے دیکھا، آٹا میدہ سنتے دیکھا
لڈو پیڑے بنتے دیکھا، پیٹ بھروں کا چلنا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

راجندر پرشاد کو دیکھا، سیکولر بنیاد کو دیکھا
ٹنڈن جی استاد کو دیکھا، ویدک کال کا سپنا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

دنوں تک ایک جام نہ آیا، روٹی کا پیغام نہ آیا
گاندھی جی کا نام نہ آیا، دور وہاں سے چرخہ دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

پنڈت اور جٹادھاری بھی، اونچے اونچے بیوپاری بھی
دیکھے افسر سرکاری بھی، ہر ماتھے پر ٹیکا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

آگ لگی تھی روم میں جس دم، نیرو‡ کو سوجھی تھی چھم چھم
کہیں پہ دیکھا پیٹ کا ماتم، کہیں پہ لڈو بٹتا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

دولت کے دلال کو دیکھا، بھارت کے کنگال کو دیکھا
اور کنھیالال† کو دیکھا، الٹا دیکھا سیدھا دیکھا

اور بتائیں کیا کیا دیکھا ؟

رجواڑوں کا جوبن دیکھا، دھن والوں کا درشن دیکھا
لاچاروں کا سمرن دیکھا، ہم نے بھارت بھوکا دیکھا

کچھ مت پوچھو کیا کیا دیکھا

('اجالا' سے)

---

* شردھا کی قیامت

‡ روم میں جب آگ لگی تھی، اس سمے وہاں کا سمراٹ نیرو ایک اونچی جگہ بیٹھکر باجہ بجا رہا تھا۔

† شری کنھیا لال مانک لال منشی

नफ़रत और मुहब्बत

नफ़रत (ग़ुस्से में आकर)—बस ! बस !! अपना उपदेश ज़ालिमों और शोशकों को सुनाओ. वही तुम्हारी तारीफ़ के गीत गायेंगे. सदियों के ज़ुल्मों से लदी ग़रीब जनता अब ज़्यादा बरदाश्त नहीं कर सकती. अत्याचारी के ख़िलाफ़ जिहाद बोलना ही पड़ेगा. मैं, अत्याचारियों का कफ़न बन कर उनके साथ दफ़न होना पसन्द करूँगी पर तुम्हारी तरह ग़रीब के आँसुओं और अमीर की शराब दोनों में यकसाँ प्यार रूपी केवड़े की बूदें मिलाने की हिमाक़त नहीं करूँगी. तुम तो 'सब का भला करे राम' कह कर अमर होना चाहती हो और मैं 'अत्याचारियों का नाश हो' कह कर मिट जाना चाहती हूँ.

कुछ देर दोनों ख़ामोश रहीं. फिर मुहब्बत ने कहा—'सब का भला करे राम' कह कर मैं अमर होना नहीं चाहती. अमरता फैला देना चाहती हूँ. तुम 'अत्याचारियों का नाश हो' कह कर मिटती नहीं हो, और भड़कती हो मैं अत्याचार ही को हड़प करके मानव को अमर करती हूँ, अत्याचारी को भी अत्याचार से छुड़ाकर सच्चा मानव बना देती हूँ. तुम अत्याचारियों का हड़प करने के चक्कर में और भी अत्याचार फैलाती हो और बची खुची मानवता को भी फुलसा देती हो. हाँ, अत्याचार रूपी ज़हर पी लेने पर भी मेरी हार नहीं, मेरी जीत ही होती है. और तुम.........

नफ़रत ने जवाब दिया—और मेरी जीत में भी मेरी हार होती है !

मानवता ख़ामोश खड़ी सुन रही थी अब सामने आई और बोली—तुम दोनों एक तसवीर के दो पहलू हो. धूप छाँव का सा तुम्हारा साथ है. नफ़रत से ही मुहब्बत की क़दर है. धूप न हो तो छाँव लोग किसे कहेंगे. नफ़रत से मुहब्बत और मुहब्बत से नफ़रत का फ़रक़ समझ में आता है. मुहब्बत का आदर्श है बुरे आदमी बुराई छोड़कर भले बन जायं यानी लोग बुराई से नफ़रत करें. मैं जिस दर्द से कराह रही हूँ वह कैसे दूर हो. आदमी से आदमी का शोशन एक बीमारी है. शोशक और शोशित इसी एक बीमारी के दो फोड़े हैं. नफ़रत ज़बरदस्ती का आपरेशन करने वाली डाक्टर बनकर सामने आती है और मुहब्बत कहती है—खान पान और हवा को शुद्ध करके अपने ख़ून को साफ़ करो. मुझे रास्ता निकालना है !

نفرت اور محبت

نفرت (غصے میں آکر) — بس ! بس !! اپنا اُپدیش ظالموں اور شوشکوں کو سناؤ. وہی تمہاری تعریف کے گیت گائیں گے. صدیوں کے ظلموں سے لدی غریب جنتا اب زیادہ برداشت نہیں کر سکتی. اتیاچاری کے خلاف جہاد بولنا ہی پڑے گا. میں، اتیاچاریوں کا کفن بنکر اُن کے ساتھ دفن ہونا پسند کروں گی پر تمہاری طرح غریب کے آنسوؤں اور امیر کی شراب دونوں میں یکساں پیار روپی کیوڑے کی بوندیں ملانے کی حماقت نہیں کروں گی. تم تو 'سب کا بھلا کرے رام' کہکر امر ہونا چاہتی ہو اور میں 'اتیاچاریوں کا ناش ہو' کہکر مٹ جانا چاہتی ہوں.

کچھ دیر دونوں خاموش رہیں پھر محبت نے کہا— 'سب کا بھلا کرے رام' کہکر میں امر ہونا نہیں چاہتی، امرتا پھیلا دینا چاہتی ہوں. تم 'اتیاچاریوں کا ناش ہو' کہکر مٹتی نہیں ہو اور بھڑکتی ہو میں اتیاچار ہی کو ہڑپ کرکے مانو کو امر کرتی ہوں، اتیاچاری کو بھی اتیاچار سے چھڑا کر سچا مانو بنا دیتی ہوں. تم اتیاچاریوں کو ہڑپ کرنے کے چکر میں اور بھی اتیاچار پھیلاتی ہو اور بچی کھچی مانوتا کو بھی جھلسا دیتی ہو. ہاں، اتیاچار روپی زہر پی لینے پر بھی میری ہار نہیں، میری جیت ہی ہوتی ہے. اور تم.........

نفرت نے جواب دیا — اور میری جیت میں بھی میری ہار ہوتی ہے.

مانوتا خاموش کھڑی سن رہی تھی. اب سامنے آئی اور بولی — تم دونوں ایک تصویر کے دو پہلو ہو. دھوپ چھاؤں کا سا تمہارا ساتھ ہے. نفرت سے ہی محبت کی قدر ہے. دھوپ نہ ہو تو چھاؤں لوگ کسے کہیں گے. نفرت سے محبت اور محبت سے نفرت کا فرق سمجھ میں آتا ہے. محبت کا آدرش ہے برے آدمی برائی چھوڑ کر بھلے بن جائیں یعنی لوگ برائی سے نفرت کریں. میں جس درد سے کراہ رہی ہوں وہ کیسے دور ہو. آدمی سے آدمی کا شوشن ایک بیماری ہے. شوشک اور شوشت اسی ایک بیماری کے دو پھوڑے ہیں. نفرت زبردستی کا آپریشن کرنے والی ڈاکٹر بن کر سامنے آتی ہے اور محبت کہتی ہے — کھان، پان اور ہوا کو شدھ کرکے اپنے خون کو صاف کرو. مجھے راستہ نکالنا ہے !

ा टकेल रहे हैं ? या वह यह समझते हैं कि नमकीन ड्डुओं का ढेर देखकर भूकी नंगी जनता धर्म का मतलब समझ जायगी ? क्या टंडनजी, राजेन्द्र मुंशी, गाडगिल और स्वर के साथ वेद मंत्र गाने 50 पन्डितों ने धर्म का असली मतलब समझ लिया र्म का वह अन्धापन जो सदियों पहले दफ़न हो है, पिछ घसीट और हारों की बदबूदार सड़ी गली को निकाल कर चाँदी सोने के वरक चिपका कर समें जान डालने की (?) शोब्देबाज़ी करना टंडन राजेन्द्रबाबू, मुंशी और गाडगिल ही नहीं, इस बड़े से बड़े जादूगर के लिये भी नामुमकिन है !

کہ راگ نے نہاک ل رہے ہیں ؟ یا وہ یہ سمجھتے ہیں کہ نمکین اور لڈوؤں کا ڈھیر دیکھکر بھوکی ننگی جنتا دھرم کا اصلی مطلب سمجھ جائیگی ؟ کیا ٹنڈن جی، راجندر بابو، منشی، گاڈگل اور سور کے ساتھ وید منتر گانے والے پچاس پنڈتوں نے دھرم کا اصلی مطلب سمجھ لیا ہے ؟ دھرم کا وہ اندھاپن جو صدیوں پہلے دفن ہو چکا ہے، پیچھ گھسیٹ اور ہاروں کی بدبودار سڑی گلی لاش کو نکال کر چاندی سونے کے ورق چپکا کر پھر اس میں جان ڈالنے کی (؟) شعبدہ بازی کرنا ٹنڈن جی، راجندر بابو، منشی اور گاڈگل ہی نہیں اس ملک کے بڑے سے بڑے جادوگر کے لئے بھی ناممکن ہے !

नफ़रत और मुहब्बत

(भाई ओम प्रकाश पालीवाल)

बीसवी सदी है. नफ़रत और मुहब्बत में बहस हो रही मुहब्बत मुसकरा रही थी और नफ़रत नाराज़ थी दोनों आँखों से ओझल मानवता सुन रही थी.

नफ़रत ने कहा—मुझे तुम पर क्रोध आता है.

मुहब्बत ने जवाब दिया—और मुझे तुम पर रहम !

नफ़रत—क्यों ?

मुहब्बत—क्योंकि तुम अग्नि कुँड की तरह हर समय गने के लिये छटपटाती रहती हो.

नफ़रत—और तुम घर बार छोड़े हुए साधू की तरह लिम और मज़लूम दोनों में प्यार कराना चाहती हो. और बकरी को एक घाट पानी पिलाना चाहती हो. ने तुम्हारी इस हिमाक़त पर क्रोध आता है.

मुहब्बत (बड़े प्यार से)—ज़ालिम और मज़लूम, शक और शोशित का भेद करना तुम्हारी भूल है, बहिन ! नवता के इस तरह टुकड़े करने से काम नहीं चलेगा. गर तुम्हें कहीं ज़ुल्म दिखाई दे तो प्यार से ही ज़ालिम रास्ते पर लाना इनसानियत है. दूसरा रास्ता हैवानियत है. 'अत्याचारियों का नाश हो' न कह कर 'अत्याचार नाश हो' कहना ज़्यादा मुनासिब है. कहीं बदले की वना फिर बदले की भावना को जन्म न दे दे और इस तानी चक्कर का कभी अंत ही न हो.

نفرت اور محبت

(بھائی اوم پرکاش پالیوال)

بیسویں صدی ہے . نفرت اور محبت میں بحث ہو رہی ہے . محبت مسکرا رہی تھی اور نفرت ناراض تھی . دونوں کی آنکھوں سے اوجھل مانوتا سن رہی تھی .

نفرت نے کہا — مجھے تم پر کرودھ آتا ہے .

محبت نے جواب دیا — اور مجھے تم پر رحم !

نفرت — کیوں ؟

محبت — کیونکہ تم اگنی کنڈ کی طرح ہر سمے سلگنے کے لئے چھٹپٹاتی رہتی ہو .

نفرت — اور تم گھر بار چھوڑے ہوئے سادھو کی طرح ظالم اور مظلوم دونوں میں پیار کرانا چاہتی ہو . شیر اور بکری کو ایک گھاٹ پانی پلانا چاہتی ہو . مجھے تمہاری اس حماقت پر کرودھ آتا ہے .

محبت (بڑے پیار سے) — ظالم اور مظلوم، شوشک اور شوشت کا بھید کرنا تمہاری بھول ہے، بہن ! مانوتا کے اسطرح ٹکڑے کرنے سے کام نہیں چلے گا . اگر تمہیں کہیں ظلم دکھائی دے تو پیار سے ہی ظالم کو راستے پر لانا انسانیت ہے . دوسرا راستہ حیوانیت کا ہے . 'اتیاچاریوں کا ناش ہو' نہ کہکر 'اتیاچار کا ناش ہو' کہنا زیادہ مناسب ہے . کہیں بدلے کی بھاونا پھر بدلے کی بھاونا کو جنم نہ دے دے اور اس شیطانی چکر کا کبھی انت ہی نہ ہو .

फिर से प्रतिश्ठा पिछले छै बार तो हर्गिज़ नहीं हुई होगी ! इतना ही नहीं, यह प्रतिश्ठा 101 तोपों की गड़गड़ाहट, 74 जगहों की पाक मिट्टी, 39 स्थानों के पवित्र जल, 35 स्थानों की पाक जड़ी बूटियों और 150 पंडितों के स्वर के साथ वेद मंत्रों के गाने के साथ हुई. साथ ही 1800 मन लड्डुओं और 4000 मन नमकीन का ढेर भी लगाया गया था. इस बार सोमनाथ बाबा को हरिजनों को भी दर्शन देने होंगे, क्योंकि वह एक 'ग़ैर साम्प्रदायिक' राज में प्रतिश्ठित हुए हैं !

यह सारी बातें अक़्ल के दिवालियेपन के साथ ही एक बहुत बड़ा सवाल हमारे सामने रखती हैं. क्या यह 'ग़ैर साम्प्रदायिक' (सैकूलर) राज है ? और जनता की दशा सुधारने का यही तरीक़ा है ? जिस देश में लेखक और पत्रकार, पंडित और विद्वान भूकों मरते हों, जहाँ हज़ारों लाखों रोगी बिना दवा के मर जाते हों. जहाँ आम जनता की तालीम, तन्दुरुस्ती और रहन सहन के साधनों की कमी हो, स्कूलों, पुस्तकालयों, पढ़ाई घरों, अस्पतालों, मनोरंजन की जगहों वग़ैरा की बेहद कमी हो, वहाँ लाखों रुपया एक मन्दिर में लगा देना—और उस हालत में जब कि मन्दिरों की देश में कमी न हो और सैकड़ों मन्दिरों की पैसे की कमी के कारन मरम्मत तक न हो पाती हो—कहाँ तक ठीक है ? और रुपयों से भी बढ़ कर अज्ञान और अन्धविश्वास को सरकारी तौर पर इस तरह बढ़ावा देना क्या मुनासिब है ? सब से ज़्यादा दुख की बात है उन राश्ट्रपति के हाथ से इस मन्दिर की प्रतिश्ठा कट्टर सनातन हिन्दू अन्धेपन के तरीक़े से करवाना जो आज हिन्दू-मुसलमान, पारसी, सिख, इसाई, ऐंग्लो-इंडियन वग़ैरा नागरिकों के इस देश के सब से बड़े अधिकारी हैं. अगर वह शैव मत के होते, तबभी कोई बात थी. इसी तरह सोमनाथ के दूसरे प्रतिश्ठा करवाने वाले सरदार पटेल, जाम साहब, मुंशी और गाडगिल भी शैव नहीं हैं. तब फिर इन लोगों का इस धर्म यज्ञ में अगुआ बनना क्या मानी रखता है ? जवाब साफ़ है—इन सब के लिये यह एक राजकाजी खेल ही है, जिसका मक़सद है बिना पैसे सोमनाथ का सरकस दिखा कर भोले भाले, अनपढ़ और अज्ञानी, गिरानी और बेचैनी में डूबे हुए लोगों को इनक़लाब के बजाय 'जय सोमनाथ' के रास्ते पर जाने की प्रेरना और भुलावा देना. पिछली 11 मई की शाम के वक़्त प्रभासपाटन में बोलते हुए टंडन जी ने यह साफ़ साफ़ क़बूल किया कि 'पिछले ज़माने में धर्म के असली मानी की निस्बत उस की बाहरी निशानियों को ज़ियादा महत्व देने के कारन जनता को कश्ट उठाना पड़ा'. फिर भी टंडन जी और उनकी कांग्रेस सरकार के बड़े बड़े अधिकारी पता नहीं क्या सोचकर जनता को फिर उसी कश्ट

پھر سے پرتشٹھا پچھلے چھ بار تو ہرگز نہیں ہوئی ہوگی ! اتنا ہی نہیں، یہ پرتشٹھا 101 توپوں کی گڑگڑاہٹ، 74 جگہوں کی پاک مٹی، 39 استھانوں کے پوتر جل، 35 استھانوں کی پاک جڑی بوٹیاں اور 150 پنڈتوں کے سور کے ساتھ وید منتروں کے گانے کے ساتھ ہوئی. ساتھ ہی 1800 من لڈوؤں اور 4000 من نمکین کا ڈھیر بھی لگایا گیا تھا . اس بار سومناتھ بابا کو ہریجنوں کو بھی درشن دینے ہونگے، کیونکہ وہ ایک 'غیر سامپردایک' راج میں پرتشٹھت ہوئے ہیں !

یہ ساری باتیں عقل کے دیوالیے پن کے ساتھ ہی ایک بہت بڑا سوال ہمارے سامنے رکھتی ہیں . کیا یہ 'غیر سامپردایک' (سیکولر) راج ہے ؟ اور جنتا کی دشا سدھارنے کا یہی طریقہ ہے ؟ جس دیش میں لیکھک اور پترکار، پنڈت اور ودوان بھوکوں مرتے ہوں، جہاں ہزاروں لاکھوں روگی بنا دوا کے مرجاتے ہوں، جہاں عام جنتا کی تعلیم، تندرستی اور رہن سہن کے سادھنوں کی کمی ہو، اسکولوں، پستکالیوں، پڑھائی گھروں، اسپتالوں، منورنجن کی جگہوں وغیرہ کی بے حد کمی ہو، وہاں لاکھوں روپیہ ایک مندر میں لگا دینا — اور اس حالت میں جب کہ مندروں کی دیش میں کمی نہ ہو اور سیکڑوں مندروں کی پیسے کی کمی کے کارن مرمت تک نہ ہو پاتی ہو — کہاں تک ٹھیک ہے ؟ اور روپیوں سے بھی بڑھ کر اگیان اور اندھ وشواس کو سرکاری طور پر اس طرح بڑھاوا دینا کیا مناسب ہے ؟ سب سے زیادہ دکھ کی بات ہے اُن راشٹرپتی کے ہاتھ سے اس مندر کی پرتشٹھا کٹر سناتن ہندو اندھے پن کے طریقے سے کروانا، جو آج ہندو، مسلمان، پارسی، سکھ، عیسائی، اینگلو انڈین وغیرہ ناگرکوں کے اس دیش کے سب سے بڑے ادھیکاری ہیں . اگر وہ شیومت کے ہوتے، تب بھی کوئی بات تھی . اسی طرح سومناتھ کے دوسرے پرتشٹھا کروانے والے سردار پٹیل، جام صاحب، منشی اور گاڈگل بھی شیو نہیں ہیں . تب پھر ان لوگوں کا اس دھرم یگیہ میں اگوا بننا کیا معنی رکھتا ہے ؟ جواب صاف ہے — اِن سب کے لئے یہ ایک راج کاجی کھیل ہی ہے، جس کا مقصد ہے بنا پیسے سومناتھ کا سرکس دکھا کر بھولے بھالے، اَن پڑھ اور اگیانی، گرانی اور بے چینی میں ڈوبے ہوئے لوگوں کو انقلاب کے بجائے 'جے سومناتھ' کے راستے پر جانے کی پریرنا اور بھلاوا دینا . پچھلی 11 مئی کو شام کے وقت پر بھاس پاٹن میں بولتے ہوئے ٹنڈن جی نے یہ صاف صاف قبول کیا کہ 'پچھلے زمانے میں دھرم کے اصلی معنی کی نسبت اُسکی باہری نشانیوں کو زیادہ مہتو دینے کے کارن جنتا کو کشٹ اُٹھانا پڑا .' پھر بھی ٹنڈن جی اور اُن کی کانگریس سرکار کے بڑے بڑے ادھیکاری پتہ نہیں کیا سوچ کر جنتا کو پھر اُسی کشٹ

इन खास अंगों के पूजने को धर्म के नाम पर चलाया. वैश्नवों ने तो राधा कृश्न के बनावटी प्रेम और शृंगार के रूप में खुले आम व्यभिचार का प्रचार किया और दूसरी तरफ औरत मर्द के आपसी कुदरती सम्बन्धों को ज्यादा से ज्यादा बन्धनों और रूढ़ियों के जाल में कस दिया. इसका असर उल्टा हुआ, जिसका नतीजा हुआ जिस्मानी, दिमाग़ी, समाजी और तरह तरह से समाज की गिरावट, कमज़ोरी और खोखलापन. हम तो इस बात को सोच भी नहीं सकते कि कोई भी देश, कोई भी समाज इतना बेशरम और ना समझ कैसे हो सकता है कि खुले आम धर्म के नामपर अपने लड़के लड़कियों और बहू-बेटियों के सामने औरत मर्द के गुप्त अंगों की पूजा करे! और ऐसे पूजकों का आज जो हाल है, उसका देश भर में फैली वेश्याओं, देवदासियों, साधु संन्यासियों और बदचलनी के अड्डे बने मठ-मन्दिरों और सड़ी गली मौजूदा नस्लसे कुछ अन्दाजा किया जा सकता है.

सोमनाथ के सम्बन्ध में फैली हुई झूटी सच्ची बहुत सी अफ़वाहों को यहाँ बयान करना बेमौक़ा होगा. पर पिछली 11 मई को 'ग़ैर साम्प्रदायिक' भारत के राष्ट्रपति ने पीताम्बर पहन कर प्रभासपाटन में सोमनाथ की जो फिर से प्रतिश्ठा की है, वह कई निगाह से ग़ौर करने की चीज़ है. बहुत से भारती अख़बारों में न सिर्फ़ फिर से 'जय सोमनाथ' का नारा ही गुँजाया गया, बल्कि इसका इतना धुँआधार प्रचार प्रोपेगेंडा हुआ कि कुछ छन के लिये शायद बिहार, आन्ध्र और राजस्थान के भूके पेटों को धर्म रूपी अफ़ीम की पीनक का नशा भी मालूम हुआ हो तो अचरज नहीं. भूकी नंगी जनता को लड्डुओं के ढेर के साथ साढ़े सात फुट ऊँचे कसौटी के पत्थर के शिव लिंग के दर्शन कराना कितना बड़ा धोका और ग़द्दारी है, इसे शायद यह ना समझ और बे ज़बान आधे पशु न समझ सकें. यह लगभग वैसा ही है, जैसे कोई भूक से तड़पते हुए बच्चे को झुनझुना बजाकर या गुड़िया दिखा कर फुसलाना चाहे. मन्दिर के निर्मान में 9-10 बरस और 60 65 लाख रुपए लगेंगे, यह अन्दाजा है. उसमें 30 लाख के लगभग जमा हो भी चुका है. मन्दिर के किनारे 3000 एकड़ ज़मीन लीगई है, जहाँ जवाहरात जड़े 56 खंभों पर 13 मंज़िल का मन्दिर खड़ा किया जायगा. मन्दिर के तीन हिस्से होंगे—गर्भ गृह (सब से अन्दर का हिस्सा जहाँ केवल पुजारी ही जा सकता है), गूढ़ मंडप (बीच का हिस्सा) और नृत्य गृह (नाच घर जो सबसे बाहर का हिस्सा है). संगमूसा के ज्योतिर्लिंग के पीछे पार्वती की मूर्ति होगी. मन्दिर के सिर की तरह 14 सोने के कलश-वाले मीनार होंगे और कई बड़े सोने की जंजीर से बजने-वाले सोने के घड़ियाल लगेंगे. इससे बढ़कर सोमनाथ की

اِن خاص انگوں کے پوجنے کو دھرم کے نام پر چلایا. وِشنووں نے تو رادھا کرشن کے بناوٹی پریم اور شرنگار کے روپ میں کھلے عام وبھچار کا پرچار کیا اور دوسری طرف عورت مرد کے آپسی قدرتی سمبندھوں کو زیادہ سے زیادہ بندھنوں اور روڑھیوں کے جال میں کس دیا. اس کا اثر الٹا ہوا، جس کا نتیجہ ہوا جسمانی، دماغی، سماجی اور طرح طرح سے سماج کی گراوٹ، کمزوری اور کھوکھلاپن. ہم تو اِس بات کو سوچ بھی نہیں سکتے کہ کوئی بھی دیش، کوئی بھی سماج اتنا بے شرم اور ناسمجھ کیسے ہوسکتا ہے کہ کھلے عام دھرم کے نام پر اپنے لڑکے لڑکیوں اور بہو بیٹیوں کے سامنے عورت مرد کے گپت انگوں کی پوجا کرے! اور ایسے پوجکوں کا آج جو حال ہے، اس کا دیش بھر میں پھیلی ویشیاؤں، دیوداسیوں، سادھو سنیاسیوں اور بدچلنی کے اڈے بنے مٹھ مندروں اور سڑی گلی موجودہ نسل سے کچھ اندازہ کیا جا سکتا ہے.

سومناتھ کے سمبندھ میں پھیلی ہوئی جھوٹی سچی بہت سی افواہوں کو یہاں بیان کرنا بے موقع ہوگا. پر پچھلی 11 مئی کو 'غیر سمپردائک' بھارت کے راشٹرپتی نے پیتامبر پہن کر پربھاس پاٹن میں سومناتھ کی جو پھر سے پرتشٹھا کی ہے وہ کئی نگاہ سے غور کرنے کی چیز ہے. بہت سے بھارتی اخباروں میں نہ صرف پھر سے 'جے سومناتھ' کا نعرہ ہی گنجایا گیا بلکہ اِس کا اتنا دھنواں دھار پرچار پروپیگنڈا ہوا کہ کچھ چھن کے لئے شاید بہار، آندھر اور راجستھان کے بھوکے پیٹوں کو دھرم روپی افیم کی پینک کا نشہ بھی معلوم ہوا ہو تو اچرج نہیں. بھوکی ننگی جنتا کو لڈوؤں کے ڈھیر کے ساتھ ساڑھے سات فٹ اونچے کسوٹی کے پتھر کے شیولنگ کے درشن کرانا کتنا بڑا دھوکا اور غداری ہے، اِسے شاید یہ ناسمجھ اور بے زبان آدھے پشو نہ سمجھ سکیں. یہ لگ بھگ ویسا ہی ہے جیسے کوئی بھوک سے تڑپتے ہوئے بچے کو جھنجھنا بجا کر یا گڑیا دکھا کر پھسلانا چاہے. مندر کے نرمان میں 9-10 برس اور 60 65 لاکھ روپے لگینگے، یہ اندازہ ہے. اس میں سے 30 لاکھ کے لگ بھگ جمع ہو بھی چکا ہے. مندر کے کنارے 3000 ایکڑ زمین لی گئی ہے، جہاں جواہرات جڑے 56 کھمبوں پر 13 منزل کا مندر کھڑا کیا جائیگا. مندر کے تین حصے ہونگے — گربھ گرہ (سب سے اندر کا حصہ جہاں کیول پجاری ہی جا سکتا ہے)، گوڑھ منڈپ (بیچ کا حصہ) اور نرتیہ گرہ (ناچ گھر جو سب سے باہر کا حصہ ہے). سنگموسا کے جیوتر لنگ کے پیچھے پاروتی کی مورتی ہوگی. مندر کے سر کی طرح 14 سونے کے کلش والے مینار ہونگے اور کئی بڑے سونے کی زنجیر سے بجنے والے سونے کے گھڑیال لگینگے. اِس سے بڑھکر سومناتھ کی

भी सचाई हो तो—कुछ भी सबक़ लिया होता, एक बार अपने गिरेबान में मुँह डाल कर देखा होता तो शायद नफ़रत की जगह हम महमूद का एहसान ही मनाते और आज हमारी हालत इतनी बुरी और गिरी हुई न होती, जितनी कि है. हिन्दू लोग संसार की दूसरी जातियों से धर्म के मामले में कहीं अधिक अन्धे और लकीर के फ़कीर हैं; क्योंकि अध्यात्म (रूहानियत) और दर्शन (फ़लसफ़ा) उनके जीवन पर काफ़ी पहले से छाया रहा है. वह आसानी से मुसलमानों को मूर्ति-भंजक (बुतशिकन) कहकर अपने मन में बड़े घमंड और बड़प्पन का-सा अनुभव करते रहे हैं. पर सच तो यह है कि निर्गुन निराकार ईश्वर के उपासक होने का दावा करके भी इन्होंने अपनी पूजा का आधार पत्थर के जिन टुकड़ों को बनाया है, उनकी कृपा से न सिर्फ़ इनकी पूजा–उपासना का ही दिवाला निकल गया है, बल्कि यह ख़ुद भी जड़ पत्थर बन गए हैं. इसी दुर्घटना से अपने पीछे चलने वालों को बचाने के लिये मार्टिन ल्यूथर ने योरप में कैथालिकों के पोंगापंथीपन के ख़िलाफ़ आवाज उठाई थी और इसी के ख़िलाफ़ हज़रत मुहम्मद ने क़ुरान शरीफ़ में मूर्ति-पूजा को घोर अधार्मिक (लामज़हबी) बताया. बुतपरस्ती के ख़िलाफ़ गहरी अश्रद्धा भरकर उन्होंने मुसलमानों को धर्म के नाम पर चलनेवाले अधर्म और अज्ञान से कितना बचाया, इसका पता बुतपरस्तों से बहुत सी बातों में मुसलमानों का मुक़ाबला करने पर साफ़ साफ़ लगेगा. वैसे तो 'धर्म' शब्द ही आज अज्ञान और नासमझी का पर्याय (हम मानी) बन गया है; पर इसके साथ मूर्ति-पूजा जैसे जो बाहरी पाखन्ड धर्म में जुड़ गए हैं, उन्होंने समाज को और भी कमज़ोर कर दिया है. इसी लिये स्वामी दयानन्द सरस्वती ने पत्थर पूजा के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त आवाज़ उठाई (और उन्हें अज्ञानी और ना समझ समाज ने वही इनाम दिया जो ईसा व गांधी को मिला!)

पर अन्ध विश्वास को मिटाने से भी बढ़कर महमूद के शिव-लिंग तोड़ने के पीछे शायद यह ख़याल भी रहा हो कि आदमी के इस ख़ास अंग की पूजा किसी भी सभ्य और संस्कृत (शरीफ़) समाज के लिये मुनासिब नहीं. यह हमारा अपना अन्दाज़ा ही है. पुराण में शिव-लिंग की जो कथा है, उसका ख़ुलासा भी हमें पाठकों के सामने रखने का साहस नहीं हो रहा. पेट और लिंग की तरफ़ अधिक ध्यान आदमी में जानवरों की तरह क़ुदरती है. इस पर उसकी चतुराई ने एक ऐसा परदा डाल दिया है, जिससे उसकी बदशक्ली ढक-सी गई है. पुराणों के ज़माने के समाज में और आज के समाज में काफ़ी फ़रक़ है. उस समय जो भी कारन और वातावरन रहा हो, पर आज उस तरह की पूजा को जारी रखना एक शरमनाक पिछड़सीट है. एक तरफ़ तो समाज ने औरत मर्द के

سچائی بھی ہو تو—کچھ بھی سبق لیا ہوتا، ایک بار اپنے گریبان میں منہ ڈالکر دیکھا ہوتا، تو شاید نفرت کی جگہ ہم محمود کا احسان ہی مانتے اور آج ہماری حالت اتنی بری اور گری ہوئی نہ ہوتی، جتنی کہ ہے. ہندو لوگ سنسار کی دوسری جاتیوں سے دھرم کے معاملے میں کہیں ادھک اندھے اور لکیر کے فقیر ہیں؛ کیونکہ ادھیاتم (روحانیت) اور درشن (فلسفہ) اُن کے جیون پر کافی پہلے سے چھایا رہا ہے. وہ آسانی سے مسلمانوں کو مورتی بھنجک (بت شکن) کہکر اپنے من میں بڑے گھمنڈ اور بڑپن کا سا انوبھو کرتے رہے ہیں. پر سچ تو یہ ہے کہ نرگن نراکار ایشور کے اُپاسک ہونے کا دعویٰ کرکے بھی انہوں نے اپنی پوجا کا آدھار پتھر کے جن ٹکڑوں کو بنایا ہے، اُن کی کرپا سے نہ صرف اِن کی پوجا اُپاسنا کا ہی دِوالہ نکل گیا ہے، بلکہ یہ خود بھی جڑ پتھر بن گئے ہیں. اِسی درگھٹنا سے اپنے پیچھے چلنے والوں کو بچانے کے لئے مارٹن لیوتھر نے یوروپ میں کیتھالکوں کے پونگا پنتھی پن کے خلاف آواز اُٹھائی تھی اور اِسی کے خلاف حضرت محمد نے قرآن شریف میں مورتی پوجا کو گھور ادھارمک (لامذہبی) بتایا. بت پرستی کے خلاف گہری اشردھا بھر کر اُنھوں نے مسلمانوں کو دھرم کے نام پر چلنے والے ادھرم اور اگیان سے کتنا بچایا، اِس کا پتہ بت پرستوں سے بہت سی باتوں میں مسلمانوں کا مقابلہ کرنے پر صاف صاف لگے گا. ویسے تو 'دھرم' شبد ہی آج اگیان اور نا سمجھی کا پریائے (ہم معنی) بن گیا ہے؛ پر اِسکے ساتھ مورتی پوجا جیسے جو باہری پاکھنڈ دھرم میں جڑ گئے ہیں، اُنھوں نے سماج کو اور بھی کمزور کر دیا ہے. اسی لئے سوامی دیانند سرسوتی نے پتھر پوجا کے خلاف زبردست آواز اُٹھائی (اور اُنھیں اگیانی اور نا سمجھ سماج نے وہی انعام دیا، جو عیسیٰ و گاندھی کو ملا!)

پر اندھ وشواس کو مٹانے سے بھی بڑھکر محمود کے شیولنگ توڑنے کے پیچھے شاید یہ خیال بھی رہا ہو کہ آدمی کے اِس خاص انگ کی پوجا کسی بھی سبھیہ اور سنسکرت (شریف) سماج کے لئے مناسب نہیں. یہ ہمارا اپنا اندازہ ہی ہے. پران میں شیولنگ کی جو کتھا ہے، اُسکا خلاصہ بھی ہمیں پاٹھکوں کے سامنے رکھنے کا ساہس نہیں ہو رہا. پیٹ اور لنگ کی طرف ادھک دھیان آدمی میں جانوروں کی طرح قدرتی ہے. اس پر اُسکی چترائی نے ایک ایسا پردا ڈال دیا ہے، جس سے اُس کی بدشکلی ڈھک سی گئی ہے. پرانوں کے زمانے کے سماج میں اور آجکے سماج میں کافی فرق ہے. اُس سمے جو بھی کارن اور واتاورن رہا ہو، پر آج اُس طرح کی پوجا کو جاری رکھنا ایک شرمناک پچھڑ گھسیٹ ہے. ایک طرف تو سماج نے عورت مرد کے

हारना यह साबित करता है कि हम उस समय भी टुकड़े टुकड़े और धर्म के मामलों में अन्धे थे. अन्दाज़ा यह होता है कि सोमनाथ के हमले का मुक़ाबला शायद अकेले उसी इलाक़े के राजा की फ़ौज (वहाँ की जनता नहीं) ने किया होगा और दूसरे राजे महाराजे उसकी हार में अपनी जीत की आशा की रुपहली रेखा देखते होंगे. हमारी इस हार का ख़ास कारन था देश का बहुत से अलग अलग मतों, फ़िर्क़ों और जातियों में बँटा होना और राजे महाराजों की आपसी लाग डाँट. बदक़िस्मती से यह ज़हरीली आदतें और बुराइयाँ इतनी हारों के बाद भी हम में से गईं नहीं. सच्चे मानी में तो एक राष्ट्रीयता हम में आज तक भी नहीं आ सकी है, जिसका खुला नतीजा और सबूत है देश का बटवारा और जात परस्ती, फ़िरक़ा परस्ती और सूबा परस्ती का ज़ोर !

अब सोमनाथ के इतिहासी पहलू पर भी ज़रा प्रकाश डालें. पुराणों और महाभारत में जिसे 'आनर्त्त' तथा श्रीमद् भागवत में जिसे 'आनर्त्तपुरी' कहा गया है, उसी को पाणिनी ने 'सुराष्ट्र' और बाद के संस्कृत-साहित्य में 'सौराष्ट्र' नाम से पुकारा गया है. ऋग्वेद (7-95-2) में जिस सरस्वती का ज़िकर है, वह उसी इलाक़े में बहती थी और उसी के किनारे प्रभास नगर (पुराणों के अनुसार 'प्रभास खंड') था. यहीं द्वारिका से आकर श्रीकृष्ण के शरीर छोड़ने का ज़िकर भी स्कन्दपुरान में है. यहाँ ख़ास मन्दिर शिव का ही था. पर गनेश, विश्नु, सूरज वग़ैरा के मन्दिर भी थे, जिसके कारन यह हिन्दुओं का एक बहुत बड़ा तीर्थ हो गया था. सोमनाथ का मन्दिर आर्यों का पहला मन्दिर समझा जाता है. जो बारह ज्योतिर्लिङ्गों में से पहले सोमनाथ (चाँद) के नाम पर बनाया गया था. कहते हैं पहले सोम (चाँद देवता) ने यह सोने का मन्दिर बनवाया. बाद में रावन ने उसी जगह चाँदी का और फिर श्री कृश्न ने लकड़ी का. उनके बाद वल्लभी राजाओं ने 500-700 ई० और फिर सोलंकी राजाओं ने उसका रूप बदल दिया. 1024 ई० में सोमनाथ पर महमूद ग़ज़नवी के हमले के सम्बन्ध में काठियावाड़-गज़ेटियर में एक बड़ा मार्के का बयान है. वह यह कि महमूद ने आकर जब शिव-लिंग की पूजा का 'महात्म' सुना, तो क्रोध के मारे उसने उसे तुड़वा दिया. मन्दिर तो बाद में उसके सिपहसालार मीठा ख़ां ने तुड़वाया बताते हैं.

जिन लोगों ने इतिहास को अपनी कमज़ोरी छिपाने के लिये और सांप्रदायिक चश्मे से देखा है, उन्हें भले ही इस घटना में एक मुसलमान या ग़ैर-हिन्दू की अपने धर्म से दुश्मनी दिखाई दे, पर हमें तो ऐसा लगता है कि अगर हमने महमूद की इस घटना से—अगर इसमें कोई

ہارنا یہ ثابت کرتا ہے کہ ہم اُس سمے بھی ٹکڑے ٹکڑے اور دھرم کے معاملوں میں اندھے تھے. اندازہ یہ ہوتا ہے کہ سومناتھ کے حملے کا مقابلہ شاید اکیلے اُسی علاقے کے راجہ کی فوج (وہاں کی جنتا نہیں) نے کیا ہوگا اور دوسرے راجے مہاراجے اس کی ہار میں اپنی جیت کی آشا کی روپہلی ریکھا دیکھتے ہونگے. ہماری اس ہار کا خاص کارن تھا دیش کا بہت سے الگ الگ متوں، فرقوں اور جاتیوں میں بٹا ہونا اور راجے مہاراجوں کی آپسی لاگ ڈانٹ. بدقسمتی سے یہ زہریلی عادتیں اور برائیاں اتنی ہاروں کے بعد بھی ہم میں سے گئیں نہیں. سچے معنی میں تو ایک راشٹریتا تو ہم میں آج تک بھی نہیں آسکی ہے جسکا کھلا نتیجہ اور ثبوت ہے دیش کا بٹوارا اور جات پرستی فرقہ پرستی اور صوبہ پرستی کا زور!

اب سومناتھ کے اِتہاسی پہلو پر بھی ذرا پرکاش ڈالیں. پرانوں اور مہابھارت میں جسے 'آنرت' تتھا شری مد بھاگوت میں جسے 'آنرت پوری' کہا گیا ہے' اُسی کو پانِنی نے 'سوراشٹر' اور بعد کے سنسکرت ساہتیہ میں 'سوراشٹر' نام سے پکارا گیا ہے. رگ وید (7-95-2) میں جس سرسوتی کا ذکر ہے' وہ اُسی علاقے میں بہتی تھی اور اُسی کے کنارے پربھاس نگر (پرانوں کے انوسار 'پربھاس کھنڈ') تھا. یہیں دوارکا سے آکر شری کرشن کے شریر چھوڑنے کا ذکر بھی اسکند پران میں ہے. یہاں خاص مندر شِو کا ہی تھا. پر گنیش' وشنو' سورج وغیرہ کے مندر بھی تھے' جسکے کارن یہ ہندوؤں کا ایک بہت بڑا تیرتھ ہوگیا تھا. سومناتھ کا مندر آریوں کا پہلا مندر سمجھا جاتا ہے' جو بارہ جیوترلنگوں میں سے پہلے سومناتھ (چاند) کے نام پر بنایا گیا تھا. کہتے ہیں پہلے سوم (چاند دیوتا) نے یہ سونے کا مندر بنوایا. بعد میں راون نے اُسی جگہ چاندی کا اور پھر شری کرشن نے لکڑی کا. اُن کے بعد ولبھی راجاؤں نے 500-700 عیسوی اور پھر سولنکی راجاؤں نے اسکا روپ بدل دیا. 1024 عیسوی میں سومناتھ پر محمود غزنوی کے حملے کے سمبندھ میں کاٹھیاواڑ گزیٹیر میں ایک بڑا معرکے کا بیان ہے. وہ یہ کہ محمود نے آکر جب شِولنگ کی پوجا کا 'مہاتم' سنا' تو کرودھ کے مارے اُس نے اُسے تڑوادیا. مندر تو بعد میں اُسکے سپہ سالار میٹھا خاں نے تڑوایا بتاتے ہیں.

جن لوگوں نے اِتہاس کو اپنی کمزوری چھپانے کے لئے اور سامپردایک چشمے سے دیکھا ہے' انہیں بھلے ہی اِس گھٹنا میں ایک مسلمان یا غیر ہندو کی اپنے دھرم سے دشمنی دکھائی دے' پر ہمیں تو ایسا لگتا ہے کہ اگر ہم نے محمود کی اِس گھٹنا سے — اگر اس میں کوئی

दुश्मन साबित करने की कोशिश की है, वह इस बात को भूल जाते हैं कि जिस तरह हिन्दू राजा जनता को धर्म रूपी अफ़ीम का डोज़ देने और अपने प्रताप और शान-शौकत के दिखावे के लिये शानदार मन्दिर खड़े करते थे, ठीक इसी तरह औरंगज़ेब वग़ैरा अपनी जीत की निशानी के रूप में मन्दिर तोड़कर वहाँ मस्जिद बनवाते थे. यह धर्म का नहीं, सरदारों सरदारों की टक्कर का एक ज़रूरी अंग था. फिर यह भी सब जानते हैं कि हिन्दुओं के मन्दिरों और मूर्तियों में इतना सोना और क़ीमती जेवर कपड़े वग़ैरा रहते थे कि कोई भी लुटेरा उन्हें देखकर उन्हें लूटने का लोभ रोक नहीं सकता था. कहते हैं कि सोमनाथ के मन्दिर में किवाड़ों से लेकर भीतर के आंगन तक मनों सोना लकड़ी-पत्थर पर लगा था. वहाँ के शिव-लिंग को तोड़ने पर वह भीतर से खोखला निकला और उसमें काफ़ी सोना और जवाहरात वग़ैरा निकले बतलाए जाते हैं.

अगर एक पल के लिये हम यह मान भी लें कि ऊपर लिखी बातों में सचाई का हिस्सा कम है और विदेशियों के हमले लूट से अधिक हमारे धर्म पर ही हमले थे, तो एक बात समझ में नहीं आती कि आख़िर ग़ज़नी की सेना भारत के शिवभक्तों से अधिक तो रही नहीं होगी. फिर क्या कारन है कि सोमदेव की रक्षा नहीं हो सकी ? कुछ लोगों ने लिखा है कि सोमनाथ की रक्षा के लिये लाशों पर लाशें जम गईं, ख़ून की नदियां बह गईं और इस तरह काम आए वीरों के यज्ञोपवीत (जनेऊ) के ढेर लग गए ! अगर हमले के भारीपन को बढ़ाने के लिये भी यह सब कहा गया है, तो भी बहुत बड़ी विडम्बना मुबालग़ा और धोका जान पड़ता है. अगर इतना तगड़ा विरोध हुआ होता, तो शत्रु कभी न जीतता. इस सम्बन्ध में एक बात यह भी मशहूर है कि जब ग़ज़नवी (या शायद औरंगज़ेब) के लोग चढ़े आ रहे थे, तो अनेक क्षत्री वीरों ने अपने अपने म्यानसे तलवार निकाल कर भगवान सोमनाथ से प्रार्थना की कि अगर वह आज्ञा दें तो शत्रु का काम तमाम कर दिया जाय. पर काले पत्थर के उस शिव-लिंग में आज्ञा देने की ताक़त होती, तभी तो वह आज्ञा देता. चुनांचे सोमनाथ के यह वीर पूजक तो आज्ञा की उम्मीद मे तलवारें निकाले ही रहे और शत्रु की तरफ़ के लोगों ने आकर उन्हीं तलवारों से गाजर मूली की तरह इन्हें काट डाला. जो पंडे-पुजारी मन्दिर में माल उड़ाते थे, वह अपने सोमनाथ भगवान को छोड़ कर कब भाग गए, किसी को पता भी न चला !

ऊपर की इतिहासी अफ़वाहों में कितनी सचाई है, यह कहना तो कठिन है; पर इतना तो साफ़ ही है कि सोमनाथ की हार ने इस देश को ग़ुलाम बना दिया. बार बार सोमनाथ पर हमला होना और बार बार हमारा

من ثابت کرنے کی کوشش کی ہے' وہ اس بات کو بھول تے ہیں کہ جس طرح ہندو راجہ جنتا کو دھرم روپی افیم ڈوز دینے اور اپنے پرتاپ اور شان شوکت کے دکھاوے کے ے شاندار مندر کھڑے کرتے تھے' ٹھیک اسی طرح نگ زیب وغیرہ اپنی جیت کی نشانی کے روپ میں ندر توڑکر وہاں مسجد بنواتے تھے . یہ دھرم کا نہیں' داروں سرداروں کی ٹکر کا ایک ضروری انگ تھا . پھر یہ ی سب جانتے ہیں کہ ہندؤوں کے مندروں اور مورتیوں یں اتنا سونا اور قیمتی زیور کپڑے وغیرہ رہتے تھے کہ ئی بھی لٹیرا انہیں دیکھ کر انہیں لوٹنے کا لوبھ روک ہیں سکتا تھا . کہتے ہیں کہ سومناتھ کے مندر میں اڑوں سے لیکر بھیتر کے آنگن تک منوں سونا لکڑی ھر پر لگا تھا . وہاں کے شیولنگ کو توڑنے پر وہ بھیتر کھوکھلا نکلا اور اس میں کافی سونا اور جواہرات وغیرہ لے بتلائے جاتے ہیں .

اگر ایک پل کے لئے ہم یہ مان بھی لیں کہ اوپر لکھی وں میں سچائی کا حصہ کم ہے اور ودیشیوں کے حملے ٹ سے ادھک ہمارے دھرم پر ہی حملے تھے' تو ایک ت سمجھ میں نہیں آتی کہ آخر غزنی کی سینا بھارت شیوبھکتوں سے ادھک تو رہی نہیں ہوگی . پھر کیا ن ہے کہ سوم دیو کی رکشا نہیں ہوسکی ؟ کچھ وں نے لکھا ہے کہ سومناتھ کی رکشا کے لئے لاشوں پر یں جم گئیں' خون کی ندیاں بہ گئیں اور اس طرح آئے ویروں کے یگیوپویت (جنیؤ) کے ڈھیر لگ گئے ! حملے کے بھاری پن کو بڑھانے کے لئے بھی یہ سب ا گیا ہے تو بھی بہت بڑی وڈمبنا' مبالغہ اور دھوکا ن پڑتا ہے . اگر اتنا تگڑا ورودھ ہوا ہوتا' تو شترو کبھی جیتتا . اس سمبندھ میں ایک بات یہ بھی مشہور ہے جب غزنوی (یا شاید اورنگ زیب) کے لوگ چڑھے تھے' تو انیک چھتری ویروں نے اپنے اپنے میان سے ار نکال کر بھگوان سومناتھ سے پرارتھنا کی کہ اگر وہ یا دیں' تو شترو کا کام تمام کردیا جائے . پر کالے پتھر کے ں شیولنگ میں آگیا دینے کی طاقت ہوتی' تبھی وہ آگیا دیتا . چنانچہ سومناتھ کے یہ ویر پوجک تو یا کی امید میں تلواریں نکالے ہی رہے اور شترو کی رف کے لوگوں نے آکر انہیں تلواروں سے گاجر مولی کی رح انہیں کاٹ ڈالا . جو پنڈے پجاری مندر میں مال تے تھے' وہ اپنے سومناتھ بھگوان کو چھوڑکر کب بھاگ ے' کسی کو پتہ بھی نہ چلا !

اوپر کی اِتہاسی افواہوں میں کتنی سچائی ہے' کہنا تو کٹھن ہے؛ پر اتنا تو صاف ہی ہے کہ ومناتھ کی ہار نے اس دیش کو غلام بنادیا . بار سومناتھ پر حملہ ہونا اور بار بار ہمارا

(जय ?) सोमनाथ

(भाई मोहनसिंह सेंगर)

[यह लेख हिन्दी माहवारी रिसाले 'तरुण' (कलकत्ता) से लिया गया है. केवल कुछ शब्दों की जगह ज़रा आसान शब्द रख दिये गए हैं—एडीटर]

किसी ने हिन्दुस्तान का मुक़ाबला एक ऐसी भोली, बेबस और सीधी सादी औरत से किया है जिस पर कई लोगों ने हमले किये, बलात्कार किये, उसे लूटा, मारा; और वह फिर से जैसे अपने कपड़े झाड़कर गुज़ारा करने की चिन्ता से चूल्हे के पास जा बैठी—मानो जो कुछ हुआ, वही उसकी क़िस्मत में था ! और किसी समय यह बात चाहे लागू न भी हो, पर सोमनाथ पर बार बार के हमले—जैसा कि इतिहास से पता चलता है—इस बात को ठीक साबित कर रहे हैं. पिछली 11 मई को सौराष्ट्र के अन्दर प्रभास-पाटन में जिस सोमनाथ की स्थापना हुई है, कहते हैं वहाँ के मन्दिर, लिंग-मूर्ति या बस्ती पर ई० 1024, 1227, 1318, 1395, 1511 और 1520 में हमले हुए. आख़िरी हमला या बरबादी औरंगज़ेब के समय की बतलाई जाती है, जिसने सोमनाथ के मन्दिर की जगह एक मस्जिद बनवा दी. भारत का ग्यारहवीं से सोलहवीं सदी तक का इतिहास बतलाता है कि बैर, बदला, हत्या या धर्म बदलवाने की निस्बत उस ज़माने के हमलों का ख़ास मक़सद सिर्फ़ लूट था. इसलिये सोमनाथ पर इन हमलों का सम्बन्ध धर्म या मज़हब से जोड़ना इतिहास और सचाई के साथ ज़्यादती करना है. सही बात यही लगती है कि दूसरे देशों से अधिक उपजाऊ होने के कारन हमारा देश उन दिनों ख़ुशहाल था. इसलिये जहाँ कहीं गुज़र बसर की इतनी सुविधा नहीं थी, वहाँ के लोगों का हमारे ख़ुशहाल देश की तरफ़ खिंचना स्वाभाविक था. पर आज हम जो गला फाड़-फाड़ कर यह कह रहे हैं कि सोमनाथ पर 6 या 7 बार हमले हुए सो वह कोई घमंड करने की नहीं, लज्जा की बात है. समझ में नहीं आता कि इतनी बड़ी हार और पतन की बात कहते भी हम लजाते नहीं. पर चतुर आदमी कभी भी सीधी हार स्वीकार नहीं करता. सो हमने भी अपने बल-बूते की इतनी बड़ी कमी को कभी अपनी कमी, कमज़ोरी या हीनता कहकर स्वीकार नहीं किया—बल्कि उलटे दुनिया की हमदर्दी हासिल करने और दुश्मन के लिये नफ़रत फैलाने की ग़रज़ से अधिक प्रचार इसी बात का किया कि हमारे मन्दिर और मूर्तियाँ नष्ट कर दी गईं, हमारे धर्म पर हमला हुआ, वग़ैरा. जिन्होंने सोमनाथ के मन्दिर-मूर्ति तोड़ने वाले महमूद ग़ज़नवी से लेकर वहाँ मस्जिद बनानेवाले औरंगज़ेब तक सब को अपने धर्म का

(جے ؟) سومناتھ

(بھائی موھن سنگھ سینگر)

[یہ لیکھ ہندی ماھواری رسالے 'ترون' (کلکتہ) سے لیا گیا ھے . کیول کچھ شبدوں کی جگہ ذرا آسان شبد رکھ دیئے گئے ھیں۔ ایڈیٹر]

کسی نے ہندستان کا مقابلہ ایک ایسی بھولی' بے بس اور سیدھی سادی عورت سے کیا ھے جس پر کئی لوگوں نے حملے کئے' بلاتکار کئے' اُسے لوٹا مارا؛ اور وہ پھر سے جیسے اپنے کپڑے جھاڑکر گذارا کرنے کی چنتا سے چولھے کے پاس جا بیٹھی—مانو جو کچھ ہوا' وھی اُسکی قسمت میں تھا ! اور کسی سمے یہ بات چاھے لاگو نہ بھی ھو' پر سومناتھ پر بار بار کے حملے—جیسا کہ اِتہاس سے پتہ چلتا ھے—اس بات کو ٹھیک ثابت کر رھے ھیں پچھلی 11 مئی کو سوراشٹر کے اندر پربھاس پاٹن میں جس سومناتھ کی ستھاپنا ھوئی ھے' کہتے ھیں وھاں کے مندر' لنگ مورتی یا بستی پر عیسوی 1024' 1227' 1318' 1395' 1511 اور 1520 میں حملے ھوئے . آخری حملہ یا بربادی اورنگ زیب کے سمے کی بتلائی جاتی ھے' جس نے سومناتھ کے مندر کی جگہ ایک مسجد بنوادی . بھارت کا گیارھویں سے سولھویں صدی تک کا اِتہاس بتلاتا ھے کہ بیر' بدلہ' ھتیا یا دھرم بدلوانے کی نسبت اُس زمانے کے حملوں کا خاص مقصد صرف لوٹ تھا . اِس لئے سومناتھ پر اِن حملوں کا سمبندھ دھرم یا مذہب سے جوڑنا اِتہاس اور سچائی کے ساتھ زیادتی کرنا ھے . صحیح بات یہی لگتی ھے کہ دوسرے دیشوں سے ادھک اُپجاؤ ھونے کے کارن ھمارا دیش اُن دنوں خوش حال تھا . اس لئے جہاں کہیں گذر بسر کی اِتنی سودھا نہیں تھی' وھاں کے لوگوں کا ھمارے خوش حال دیش کی طرف کھنچنا سوابھاوک تھا . پر آج ھم جو گلا پھاڑ پھاڑ کر یہ کہہ رھے ھیں کہ سومناتھ پر 6 یا 7 بار حملے ھوئے سو وہ کوئی گھمنڈ کرنے کی نہیں' لجا کی بات ھے . سمجھ میں نہیں آتا کہ اتنی بڑی ھار اور پتن کی بات کہتے بھی ھم لجاتے نہیں پر چتر آدمی کبھی بھی سیدھی ھار سویکار نہیں کرتا . سو ھم نے بھی اپنے بل بوتے کی اتنی بڑی کمی' کو کبھی اپنی کمی' کمزوری' یا ھینتا کہہ کر سویکار نہیں کیا—بلکہ الٹے دنیا کی ھمدردی حاصل کرنے اور دشمن کے لئے نفرت پھیلانے کی غرض سے ادھک پرچار اِسی بات کا کیا کہ ھمارے مندر اور مورتیاں نشٹ کردی گئیں' ھمارے دھرم پر حملہ ھوا' وغیرہ . جنھوں نے سومناتھ کے مندر مورتی توڑنے والے محمود غزنوی سے لیکر وھاں مسجد بنانے والے اورنگ زیب تک سب کو اپنے دھرم کا

करते थे. धर्म नाम का एक बौद्ध भिक्षु सूत्रों का अर्थ करता था, दूसरा चन्दा शब्दों का अनुवाद करता था, तीसरा पांडुलिपि लिखता था और चौथा अनुवाद की भाषा ठीक करता था. इस तरह बोधिरुचि की मदद करने के लिये अनुवादकों का एक पूरा मंडल था.

बोधिरुचि ने चीन में बौद्ध धर्म की कुल 53 किताबों का अनुवाद किया. इस में सब से मशहूर किताब "रत्न-कूट" समझी जाती है. ह्वेनसांग यह किताब भारत से चीन लेआया था. सन 706 ईसवी में बोधिरुचि ने इस किताब का अनुवाद शुरू किया और सन 713 ईसवी में इसे पूरा किया. कहा जाता है जिस समय यह अनुवाद पूरा होने वाला था, चीन का सम्राट अपने दरबार के सभी ओहदेदारों और महल की रानियों के साथ वहाँ मौजूद था और सम्राट ने अपने हाथ से इस अनुवाद के आखिरी पन्नों को लिखा.

"रत्नकूट" का अनुवाद पूरा कर लेने के बाद बोधिरुचि ने अनुवाद का काम बन्द कर दिया और अपनी बाक़ी जिन्दगी ध्यान और योग में गुज़ारी.

कहा जाता है बोधिरुचि एक सौ छप्पन साल की उमर में मरा. जब उसके मरने का दिन नज़दीक आया तो एक दिन उसने अपने चेलों को बुला कर कहा—

"मेरा शरीर दिन ब दिन उसी तरह कमज़ोर होता जा रहा है जिस तरह पानी की बूंदें धीरे धीरे भाप बनकर उड़ती जाती हैं. मैं बहुत दिन ज़िन्दा रह चुका हूँ और अब मुझे अपना अन्त नज़दीक दिखाई पड़ रहा है. इतने दिनों तक मैं खाना खाकर अपनी कमज़ोरी दूर कर रहा था. अब जबकि मेरे जाने का दिन क़रीब आ गया है तो फिर अब उसे आगे ठेलने की क्या ज़रूरत ?"

इसके बाद वह 55 दिन तक उपवास करता रहा और अन्त में शरीर त्याग दिया.

कश्यप मतंगा, कुमार जीव, बुद्धयश, गुण वर्मन, बोधिधर्म प्रभाकर मित्र, और बोधिरुचि के अलावा और भी बहुत से हिन्दुस्तानी बौद्ध प्रचारकों की चर्चा चीनी साहित्य और चीनी सरकारी काग़ज़ों में मिलती है. उनकी ज़िन्दगी, उनकी क़ुरबानी, उनके त्याग, उनकी हिम्मत, उनके लगन का ही यह नतीजा है कि भारत और चीन के बीच गहरा और टिकाऊ कलचरी सम्बन्ध क़ायम हुआ और सारे चीन ने बौद्ध धर्म को अपना लिया. चीन और भारत के इस मेल मिलाप का गहरा असर आज तक दोनों देशों के धर्म, समाज, रहन सहन, कला, साहित्य, विचारों और आदर्शों पर साफ़ चमक रहा है.

کرتے تھے . برھمہ نام کا ایک بودھ بھکشو سوتروں کا ارتھ کرتا تھا' دوسرا چندا شبدوں کا انوواد کرتا تھا' تیسرا پانڈو لپی لکھتا تھا اور چوتھا انوواد کی بھاشا ٹھیک کرتا تھا . اس طرح بودھی رچی کی مدد کرنے کے لئے انووادکوں کا ایک پورا منڈل تھا .

بودھی رچی نے چین میں بودھ دھرم کی کل 53 کتابوں کا انوواد کیا . اس میں سب سے مشہور کتاب " رتن کوٹ " سمجھی جاتی ہے . ہوین سانگ یہ کتاب بھارت سے چین لے آیا تھا . سن 706 عیسوی میں بودھی رچی نے اس کتاب کا انوواد شروع کیا اور سن 713 عیسوی میں اسے پورا کیا . کہا جاتا ہے جس سمے یہ انوواد پورا ہونے والا تھا' چین کا سمراٹ اپنے دربار کے سبھی عہدے داروں اور محل کی رانیوں کے ساتھ وہاں موجود تھا اور سمراٹ نے اپنے ہاتھ سے اس انوواد کے آخری پنوں کو لکھا .

" رتن کوٹ " کا انوواد پورا کر لینے کے بعد بودھی رچی نے انوواد کا کام بند کر دیا اور اپنی باقی زندگی دھیان اور یوگ میں گذاری .

کہا جاتا ہے بودھی رچی ایک سو چھپن سال کی عمر میں مرا . جب اسکے مرنے کا دن نزدیک آیا تو ایک دن اس نے اپنے چیلوں کو بلا کر کہا —

" میرا شریر دن بدن اسی طرح کمزور ہوتا جا رہا ہے جس طرح پانی کی بوندیں دھیرے دھیرے بھاپ بنکر اڑتی جاتی ہیں . میں بہت دن زندہ رہ چکا ہوں اور اب مجھے اپنا انت نزدیک دکھائی پڑ رہا ہے . اتنے دنوں تک میں کھانا کھا کر اپنی کمزوری دور کر رہا تھا . اب جب کہ میرے جانے کا دن قریب آگیا ہے تو پھر اب اسے آگے ٹھیلنے کی کیا ضرورت ؟"

اس کے بعد وہ 55 دن تک اپواس کرتا رہا اور انت میں شریر تیاگ دیا .

کشیپ متنگا' کمار جیو' بدھیش' گن ورمن' بودھی دھرم' پربھاکر متر اور بودھی رچی کے علاوہ اور بھی بہت سے ہندستانی بودھ پرچارکوں کی چرچا چینی ساہتیہ اور چینی سرکاری کاغذوں میں ملتی ہے . ان کی زندگی' ان کی قربانی' ان کے تیاگ' ان کی ہمت' ان کی لگن کا ہی یہ نتیجہ ہے کہ بھارت اور چین کے بیچ گہرا اور ٹکاؤ کلچری سمبندھ قائم ہوا اور سارے چین نے بودھ دھرم کو اپنا لیا . چین اور بھارت کے اس میل ملاپ کا گہرا اثر آج تک دونوں دیسوں کے دھرم' سماج' رہن سہن' کلا' ساہتیہ' وچاروں اور آدرشوں پر صاف چمک رہا ہے .

कुछ दिनों तक वह नालन्द विश्वविद्यालय में वहाँ के मशहूर विद्वान शील भद्र से बौद्ध दरशन पढ़ता रहा. वहीं बाद में उसे बौद्ध दरशन का प्रोफ़ेसर बना दिया गया. पर वह नालन्द में ज़्यादा दिन न रह सका. बाहर के मुल्कों में बौद्ध धर्म का प्रचार करने की उसे बड़ी इच्छा थी इसलिये वह चीन के लिये रवाना हो गया.

चीन जाते समय रास्ते में वह तुर्किस्तान में ठहरा. तुर्किस्तान के बादशाह ने उसका बड़ा स्वागत किया और बौद्ध धर्म में बड़ी दिलचस्पी ली. सन् 626 ईसवी में तुर्किस्तानी दरबार के चीनी राजदूत ने प्रभाकर को चीन आने की दावत दी. प्रभाकर चीन जाना चाहता था पर तुर्किस्तान के बादशाह ने उस समय उसे रोक लिया. इस पर चीन के सम्राट ने ख़ुद तुर्किस्तान के बादशाह को लिखा और चीनी सम्राट की निजी दावत पर प्रभाकर मित्र को सन् 627 ईसवी में चीन की राजधानी पहुंचा दिया गया.

चीन के सम्राट ने प्रभाकर का बड़ा स्वागत किया. सम्राट के कहने से प्रभाकर ने बहुत सी बौद्ध पुस्तकों का अनुवाद चीनी भाशा में किया. प्रभाकर की विद्वता से चीनी सम्राट बड़ा ख़ुश हुआ. सम्राट ने उसकी बड़ी इज़्ज़त और तारीफ़ की.

प्रभाकर मित्र की इतनी इज़्ज़त होते देख चीन के कंगफ़ूत्से धर्म के मानने वाले उसके खिलाफ़ आवाज़ उठाने लगे. इसका चीनी सम्राट पर बुरा असर पड़ा और सम्राट ने प्रभाकर के काम में दिलचस्पी लेना कम कर दिया.

कहा जाता है कि सम्राट के इस व्योहार से प्रभाकर के दिल को बड़ा सदमा हुआ. सन 633 ईसवी में वह चीन ही में इस दुनिया से चल बसा.

बोधिरुचि

बोधिरुचि दक्खिन भारत का रहने वाला था. बारह साल की उमर में उसने घर छोड़ दिया और एक विद्वान ब्राम्हन से वेद, सांख्य शास्त्र वग़ैरा की तालीम ली.

कहा जाता है, एक बार वह एक आम धार्मिक सभा में हिस्सा लेने गया. वहाँ उसकी एक बौद्ध भिक्षु यशघोश से बहस हुई. बहस में उसने हार मानली और वह तुरन्त बौद्ध धर्म अपनाकर बौद्ध भिक्षु हो गया.

सन 692 ईसवी में चालुक्य दरबार के चीनी राजदूत ने बोधिरुचि को चीन के लिये दावत दी. उसने इस दावत को मंज़ूर कर लिया और सन 693 ईसवी में समुन्दर के रास्ते चीन पहुँचा.

चीन पहुंचकर उसने बौद्ध किताबों के अनुवाद का काम शुरू किया. इस काम में कई बौद्ध भिक्षु उसकी मदद

کچھ دنوں تک وہ نالند وشوودیالہ میں وہاں کے مشہور ودوان شیل بھدر سے بودھ درشن پڑھتا رہا . وہیں بعد میں اسے بودھ درشن کا پروفیسر بنا دیا گیا . پر وہ نالند میں زیادہ دن نہ رہ سکا . باہر کے ملکوں میں بودھ دھرم کا پرچار کرنے کی اسے بڑی اچھا ہوئی اس لئے وہ چین کے لئے روانہ ہوگیا .

چین جاتے سمے راستے میں وہ ترکستان میں ٹھہرا . ترکستان کے بادشاہ نے اسکا بڑا سواگت کیا اور بودھ دھرم میں بڑی دلچسپی لی . سن 626 عیسوی میں ترکستانی دربار کے چینی راجدوت نے پربھاکر کو چین آنے کی دعوت دی . پربھاکر چین جانا چاہتا تھا پر ترکستان کے شاہ نے اس سمے اسے روک لیا . اس پر چین کے سمراٹ نے خود ترکستان کے بادشاہ کو لکھا اور چینی سمراٹ کی نجی دعوت پر پربھاکر متر کو سن 627 عیسوی میں چین کی راجدھانی پہونچا دیا گیا .

چین کے سمراٹ نے پربھاکر کا بڑا سواگت کیا . سمراٹ کے کہنے سے پربھاکر نے بہت سی بودھ پستکوں کا انوواد چینی بھاشا میں کیا . پربھاکر کی ودوتا سے چینی سمراٹ بڑا خوش ہوا . سمراٹ نے اسکی بڑی عزت اور تعریف کی .

پربھاکر متر کی اتنی عزت ہوتے دیکھ چین کے کنگ فوتسے دھرم کے ماننے والے اسکے خلاف آواز اٹھانے لگے . اس کا چینی سمراٹ پر برا اثر پڑا اور سمراٹ نے پربھاکر کے کام میں دلچسپی لینا کم کر دیا .

کہا جاتا ہے کہ سمراٹ کے اس بیوہار سے پربھاکر کے دل کو بڑا صدمہ ہوا . سن 633 عیسوی میں وہ چین ہی میں اس دنیا سے چل بسا .

بودھی رچی

بودھی رچی دکھن بھارت کا رہنے والا تھا . بارہ سال کی عمر میں اس نے گھر چھوڑ دیا اور ایک ودوان براہمن سے وید، سانکھیہ شاستر وغیرہ کی تعلیم لی

کہا جاتا ہے، ایک بار وہ ایک عام دھارمک سبھا میں حصہ لینے گیا . وہاں اس کی ایک بودھ بھکشو یش گھوش سے بحث ہوئی . بحث میں اس نے ہار مان لی اور وہ ترنت بودھ دھرم اپنا کر بودھ بھکشو ہوگیا .

سن 692 عیسوی میں چالوکیہ دربار کے چینی راجدوت نے بودھی رچی کو چین جانے کے لئے دعوت دی . اس نے اس دعوت کو منظور کر لیا اور سن 693 عیسوی میں سمندر کے راستے چین پہونچا .

چین پہونچکر اس نے بودھ کتابوں کے انوواد کا کام شروع کیا . اس کام میں کئی بودھ بھکشو اسکی مدد

बहुत जल्द फैल गया. चीन के कलाकारों की नक्काशी और बुतसाज़ी पर भी इसका बहुत बड़ा असर पड़ा. यह पंथ आज भी क़ायम है लेकिन इसके मानने वाले जापान में ज़्यादा पाए जाते हैं.

इसमें कोई शक नहीं कि चीन की धार्मिक ज़िन्दगी और वहाँ की कला पर जितना गहरा असर बोधिधर्म का पड़ा उतना किसी और हिन्दुस्तानी का नहीं पड़ा. उसके इस असर के निशान आज तक चीन की ज़िन्दगी में क़ायम हैं.

धर्मगुप्त—

धर्मगुप्त काठियावाड़ में पैदा हुआ. तेईस साल की उमर में वह कन्नौज गया जहाँ उसने कौमुदीसंघर्म (?) नाम के एक मठ में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली. पचीस साल की उमर में वह बौद्ध भिक्षु हो गया. बौद्ध भिक्षु हो जाने बाद वह तक्का देस (उत्तर पंजाब) चला गया. यहाँ उसे मालूम हुआ कि चीन में बौद्ध धर्म फैल रहा है. यहीं से वह चीन के लिये रवाना होगया.

तक्का से वह काशगर गया और काशगर से कूची. कूची में उसे वहाँ के राजा ने रोकना चाहा पर वह न रुका. एक दिन बिना राजा की इजाज़त के वह कूची से चल पड़ा और फिर अग्निदेस, तुरफ़ान, और हामी होते हुए सन 590 ईसवी में चीन की राजधानी चाँग-गान पहुंचा.

चाँग-गान में कुछ साल रहने के बाद वह चीन के सम्राट के साथ लोयांग (उत्तर चीन) चला गया. वहाँ उसने बौद्ध धर्म की दस किताबों का चीनी में अनुवाद किया. वहीं रहकर उसने उन सब एशियाई देसों का हाल एक किताब में लिखा जिनसे होकर वह चीन आया था. वह किताब अब नहीं मिलती. कहा जाता है इन देसों के बारे में धर्मगुप्त ने इस किताब में जितनी बातें लिखी थीं उतनी ह्वेनसाँग भी अपने सफ़रनामें में नहीं लिख सका. इस किताब के दस भाग थे—(1) पैदावार (2) जलवायु (3) मकान और रहन सहन के तरीक़े (4) सरकार (5) रीत रिवाज (6) खान पान (7) पोशाक (8) तालीम (9) धन और तिजारती सामान (10) पहाड़, नदियाँ, राज, शहर और मशहूर शहरी.

सन 619 ईसवी में धर्मगुप्त ने चाँग-गान में ही शरीर त्याग दिया.

प्रभाकर मित्र—

प्रभाकर मित्र मध्य भारत के एक राजघराने में पैदा हुआ था. दस साल की उमर में उसने घर छोड़ दिया और बौद्ध धर्म की किताबें पढ़नी शुरू कर दीं. कुछ ही साल में वह इतनी तरक़्क़ी कर गया कि एक लाख श्लोक वह ज़बानी सुना सकता था. फिर वह बौद्ध भिक्षु बना लिया गया.

بہت جلد پھیل گیا . چین کے کلا کاروں کی نقاشی اور بت سازی پر بھی اِس کا بہت بڑا اثر پڑا . یہ پنتھ آج بھی قائم ہے لیکن اِسکے ماننے والے جاپان میں زیادہ پائے جاتے ہیں .

اِس میں کوئی شک نہیں کہ چین کی دھارمک زندگی اور وہاں کی کلا پر جتنا گہرا اثر بودھی دھرم کا پڑا اُتنا کسی اور هندستانی کا نہیں پڑا . اُس کے اِس اثر کے نشان آج تک چین کی زندگی میں قائم ہیں .

دھرم گپت—

دھرم گپت کاٹھیاواڑ میں پیدا ہوا . تیئیس سال کی عمر میں وہ قنوج گیا جہاں اُسنے کومدی سنگھرم (؟) نام کے ایک مٹھ میں بودھ دھرم کی دیکشا لی . پچیس سال کی عمر میں وہ بودھ بھکشو ہوگیا . بودھ بھکشو ہوجانے کے بعد وہ تکا دیس (اُتر پنجاب) چلا گیا . یہاں اُسے معلوم ہوا کہ چین میں بودھ دھرم پھیل رہا ہے . یہیں سے وہ چین کے لئے روانہ ہوگیا .

تکا سے وہ کاشغر گیا اور کاشغر سے کوچی . کوچی میں اُسے وہاں کے راجہ نے روکنا چاہا پر وہ نہ رکا . ایک دن بنا راجہ کی اجازت کے وہ کوچی سے چل پڑا اور پھر اگنی دیس، طرفان اور ھامی ہوتے ہوئے سن 590 عیسوی میں چین کی راجدھانی چانگ گان پہونچا .

چانگ گان میں کچھ سال رہنے کے بعد وہ چین کے سمراٹ کے ساتھ لویانگ (اُتر چین) چلا گیا . وہاں اُس نے بودھ دھرم کی دس کتابوں کا چینی میں انوواد کیا . وہیں رہکر اُس نے اُن سب ایشیائی دیسوں کا حال ایک کتاب میں لکھا جن سے ہوکر وہ چین آیا تھا . وہ کتاب اب نہیں ملتی . کہا جاتا ہے اِن دیسوں کے بارے میں دھرم گپت نے اس کتاب میں جتنی باتیں لکھی تھیں اُتنی ھوین سانگ بھی اپنے سفر نامے میں نہیں لکھ سکا . اس کتاب کے دس بھاگ تھے (1) پیداوار (2) جل وایو (3) مکان اور رہن سہن کے طریقے (4) سرکار (5) ریت رواج (6) کھان پان (7) پوشاک (8) تعلیم (9) دھن اور تجارتی سامان (10) پہاڑ، ندیاں، راج، شہر اور مشہور شہری .

سن 619 عیسوی میں دھرم گپت نے چانگ گان میں ہی شریر تیاگ دیا .

پربھا کرمتر—

پربھا کرمتر مدھیہ بھارت کے ایک راج گھرانے میں پیدا ہوا تھا . دس سال کی عمر میں اُس نے گھر چھوڑ دیا اور بودھ دھرم کی کتابیں پڑھنی شروع کر دیں . کچھ ہی سال میں وہ اتنی ترقی کر گیا کہ ایک لاکھ شلوک وہ زبانی سنا سکتا تھا . پھر وہ بودھ بھکشو بنا لیا گیا .

सम्राट ने बोधिधर्म से पूछा—"जब से मैंने राज की बागडोर सम्हाली, मैंने बहुत से मन्दिर बनवाए, बहुत सी धर्म की किताबों का अनुवाद कराया और लोगों को बौद्ध भिक्षु बनने के लिये बढ़ावा देता रहा. क्या मैं अपने इन कामों की वजह से निजात हासिल करने जोग हो गया हूँ ?"

बोधिधर्म ने जवाब दिया—"यह सारी दुनिया माया है, असत्य है. और शून्य है. आप जो भी रीत रिवाज के काम कर रहे हैं, वह आपको निर्वाण की तरफ़ नहीं ले जा रहे हैं, पीछे घसीट रहे हैं."

सम्राट ने पूछा—"तो फिर सही रास्ता कौनसा है ?"

बोधिधर्म ने जवाब दिया—"ध्यान(मराक़बे) के ज़रिये ही आप निर्वाण प्राप्त कर सकते हैं, इन दुनियावी रीत रिवाजों के ज़रिये नहीं. इन दुनियावी चीज़ों की तरफ़ से जब आप मन को हटाएँगे तभी सच्चाई दिखाई पड़ेगी."

सम्राट ने पूछा—"बौद्ध धर्म की किताबों में सबसे पवित्र कौन सी किताब है ?"

बोधिधर्म ने जवाब दिया—"जब यह सारी दुनिया शून्य है और असत्य है तो फिर कौन सी किताब पवित्र है और कौनसी नहीं यह सवाल ही ग़लत है."

सम्राट ने पूछा—"यह कौन है जो मुझे इस तरह जवाब दे रहा है ?"

बोधिधर्म ने जवाब दिया—"मैं नहीं जानता."

सम्राट वूत्ती बोधिधर्म की इन बातों से बहुत नाराज़ हुआ. वह यह उम्मीद करता था कि बोधिधर्म सम्राट के ऊपरी कर्मकांड की ख़ूब तारीफ़ करेगा लेकिन सम्राट को निराश होना पड़ा. सम्राट ने बोधिधर्म को किसी तरह की मदद न दी. इसके बाद बोधिधर्म उत्तर चीन चला गया जहाँ वाई वंश का राज था.

कहा जाता है उत्तर चीन जाते समय बोधिधर्म ने याँग त्सी (Yang-tse) नदी बाँस की एक छड़ी पर खड़े होकर पार की थी. इस कथा को लेकर बहुत से चीनी कलाकारों ने तसवीरें बनाई हैं.

यह भी कहा जाता है कि उत्तर चीन में लोयांग के एक मन्दिर में बोधिधर्म नौ साल तक लगातार एक चट्टान पर आँख गड़ाए बैठा रहा जिसकी वजह से उसके पैर उसके शरीर से अलग हो गए. उसके पैर की चप्पल अभी तक चीन के एक मन्दिर में रखी हुई है. जापान में अब भी बोधिधर्म के नाम से बच्चों के लिये एक खिलौना बनता है जिसके पैर नहीं होते. इस खिलौने को "दरूमा" कहते हैं.

चीन में बोधिधर्म ने अपने मत का प्रचार किया और बौद्ध धर्म का एक नया पंथ "चान पंथ" के नाम से क़ायम किया. "चान" का मतलब 'ध्यान' है. चीन में यह पंथ

سمراٹ نے بودھی دھرم سے پوچھا — "جب سے میں نے راج کی باگ ڈور سنبھالی میں نے بہت سے مندر بنوائے، بہت سی دھرم کی کتابوں کا انوواد کرایا اور لوگوں کو بودھ بھکشو بننے کے لئے بڑھاوا دیتا رہا۔ کیا میں اپنے ان کاموں کی وجہ سے نجات حاصل کرنے جوگ ہوگیا ہوں ؟"

بودھی دھرم نے جواب دیا — "یہ ساری دنیا مایا ہے، استیہ ہے اور شونیہ ہے۔ آپ جو بھی ریت رواج کے کام کر رہے ہیں وہ آپ کو نروان کی طرف نہیں لے جا رہے ہیں، پیچھے گھسیٹ رہے ہیں۔"

سمراٹ نے پوچھا — "تو پھر صحیح راستہ کون سا ہے ؟"

بودھی دھرم نے جواب دیا — "دھیان (مراقبہ) کے ذریعے ہی آپ نروان پراپت کر سکتے ہیں، ان دنیاوی ریت رواجوں کے ذریعے نہیں۔ ان دنیاوی چیزوں کی طرف سے جب آپ من کو ہٹائیں گے تبھی سچائی دکھائی پڑیگی۔"

سمراٹ نے پوچھا — "بودھ دھرم کی کتابوں میں سب سے پوتر کون سی کتاب ہے ؟"

بودھی دھرم نے جواب دیا — "جب یہ ساری دنیا شونیہ ہے اور استیہ ہے تو پھر کون سی کتاب پوتر ہے اور کون سی نہیں یہ سوال ہی غلط ہے۔"

سمراٹ نے پوچھا — "یہ کون ہے جو مجھے اس طرح جواب دے رہا ہے ؟"

بودھی دھرم نے جواب دیا — "میں نہیں جانتا۔"

سمراٹ ووتی بودھی دھرم کی ان باتوں سے بہت ناراض ہوا۔ وہ یہ امید کرتا تھا کہ بودھی دھرم سمراٹ کے اوپری کرم کانڈ کی خوب تعریف کریگا لیکن سمراٹ کو نراش ہونا پڑا۔ سمراٹ نے بودھی دھرم کو کسی طرح کی مدد نہ دی۔ اسکے بعد بودھی دھرم اتر چین چلا گیا جہاں وائی ونش کا راج تھا۔

کہا جاتا ہے اتر چین جاتے سمے بودھی دھرم نے یانگ تسی (yang-tse) ندی بانس کی ایک چھڑی پر کھڑے ہوکر پار کی تھی۔ اس کتھا کو لیکر بہت سے چینی کلاکاروں نے تصویریں بنائی ہیں۔

یہ بھی کہا جاتا ہے کہ اتر چین میں لویانگ کے ایک مندر میں بودھی دھرم نو سال تک لگاتار ایک چٹان پر آنکھ گڑائے بیٹھا رہا جسکی وجہ سے اس کے پیر اس کے شریر سے الگ ہوگئے۔ اس کے پیر کی چپل ابھی تک چین کے ایک مندر میں رکھی ہوئی ہے۔ جاپان میں اب بھی بودھی دھرم کے نام سے بچوں کے لئے ایک کھلونا بنتا ہے جسکے پیر نہیں ہوتے۔ اس کھلونے کو "دروما" کہتے ہیں۔

چین میں بودھی دھرم نے اپنے مت کا پرچار کیا اور بودھ دھرم کا ایک نیا پنتھ "چان پنتھ" کے نام سے قائم کیا۔ "چان" کا مطلب 'دھیان' ہے۔ چین میں یہ پنتھ

काशमीर का राजा ऐलान कर दिया जाय. गुणवर्मन ने साफ़ इनकार कर दिया.

कुछ समय बाद वह काशमीर से सिंहल दीप (लंका) चला गया. लंका के बौद्ध भिक्षुओं ने उसका बड़ा शानदार स्वागत किया जहाँ उसने बौद्ध धर्म के प्रचार में वहाँ के भिक्षुओं को खूब मदद दी.

सिंहल दीप से वह याव दीप (जावा) गया. जावा में बौद्ध धर्म फैल चुका था. वहां के राजा ने उसका बड़ा स्वागत किया. गुणवर्मन ने यहाँ भी बौद्ध धर्म के प्रचार करने में मुक़ामी भिक्षुओं की मदद की और राजा समेत समूचे राजघराने को बौद्ध धर्म का मानने वाला बना लिया.

गुणवर्मन अपनी विद्वता के लिये चीन में भी मशहूर हो चुका था. चीन के नानकिंग शहर के भिक्षुओं ने चीन सम्राट को अरज़ी दी कि गुणवर्मन को चीन आने की दावत दी जाय. सम्राट ने मंज़ूर कर लिया और कुछ बौद्ध भिक्षुओं को दूत बनाकर गुणवर्मन को चीन ले आने के लिये जावा भेजा. गुणवर्मन इन भिक्षुओं के साथ सन 431 ईसवी में नानकिंग आया. जिस समय वह नानकिंग पहुँचा चीन के सम्राट ने अपने महल के बाहर निकल कर उसका स्वागत किया था. चीन में उन दिनों यह एक बहुत ही अनोखी बात थी.

गुणवर्मन को जेतवन मठ में ठहराया गया. वहाँ रह कर क़रीब एक साल तक वह बड़ी मेहनत के साथ बौद्ध किताबों का चीनी में अनुवाद करता रहा. एक साल बाद उसकी मौत हो गई. इसी एक साल के अरसे में उसने ग्यारह बौद्ध पुस्तकों का अनुवाद चीनी भाशा में किया.

बोधिधर्म—

बोधिधर्म दक्खिन भारत में काँजी (काँजीवरम) का राजकुमार था.

काँजी से वह जावा और सुमात्रा गया. वहाँ उसने बौद्ध धर्म के एक नये पहलू पर ज़ोर दिया. अभी तक बौद्ध धर्म में निर्वाण (निजात) हासिल करने के लिये दो रास्तों पर ज़ोर दिया जाता था—एक कर्म मार्ग यानी अमल का रास्ता और दूसरा ज्ञान मार्ग यानी मारफ़त का रास्ता. बोधिधर्म ने एक तीसरे रास्ते यानी ध्यान मार्ग पर ज़ोर दिया. उसने बताया कि ध्यान यानी मराक़बे के ज़रिये हम सच्चाई तक पहुँच सकते हैं, निर्वाण (निजात) हासिल कर सकते हैं.

बोधिधर्म अपने इस नए मार्ग का प्रचार करने चीन पहुँचा. सन 520 ईसवी में वह समुन्दर के रास्ते से कैन्टन आया और दक्खिन चीन के सम्राट वूती से मिला. सम्राट और बोधिधर्म में जो बातचीत हुई उसका बयान चीन के सरकारी काग़ज़ों में मिलता है. बातचीत इस तरह हुई—

شمیر کا راجہ اعلان کر دیا جائے . گن ورمن نے صاف انکار
و دیا .

کچھ سمے بعد وہ کاشمیر سے سنگھل دیپ (لنکا)
چلا گیا . لنکا کے بودھ بھکشوؤں نے اُس کا بڑا شاندار
سواگت کیا جہاں اُس نے بودھ دھرم کے پرچار میں وہاں
کے بھکشوؤں کو خوب مدد دی .

سنگھل دیپ سے وہ یاودیپ (جاوا) گیا . جاوا
میں بودھ دھرم پھیل چکا تھا . وہاں کے راجہ نے اُس کا
بڑا سواگت کیا . گن ورمن نے یہاں بھی بودھ دھرم کے
پرچار کرنے میں مقامی بھکشوؤں کی مدد کی اور راجہ
سمیت سمو‌چے راج گھرانے کو بودھ دھرم کا ماننے والا بنا لیا .

گن ورمن اپنی ودوتا کے لئے چین میں بھی مشہور
ہو چکا تھا . چین کے نانکنگ شہر کے بھکشوؤں نے چین
سمراٹ کو عرضی دی کہ گن ورمن کو چین آنے کی دعوت
دی جائے . سمراٹ نے منظور کر لیا اور کچھ بودھ بھکشوؤں
کو دوت بنا کر گن ورمن کو چین لے آنے کے لئے جاوا
بھیجا . گن ورمن ان بھکشوؤں کے ساتھ سن 431 عیسوی
میں نانکنگ آیا . جس سمے وہ نانکنگ پہونچا' چین
کے سمراٹ نے اپنے محل کے باہر نکلکر اُس کا سواگت کیا
تھا . چین میں اُن دنوں یہ ایک بہت ہی انوکھی بات تھی .

گن ورمن کو جیتون متھ میں ٹھہرایا گیا . وہاں رہکر
قریب ایک سال تک وہ بڑی محنت کے ساتھ بودھ کتابوں
کا چینی میں انوواد کرتا رہا . ایک سال بعد اُسکی موت
ہوگئی . اِسی ایک سال کے عرصے میں اُس نے گیارہ بودھ
پستکوں کا انوواد چینی بھاشا میں کیا .

بودھی دھرم

بودھی دھرم دکھن بھارت میں کانجی (کانجی ورم)
کا راجکمار تھا .

کانجی سے وہ جاوا اور سماترا گیا . وہاں اُس نے بودھ
دھرم کے ایک نئے پہلو پر زور دیا . ابھی تک بودھ دھرم
میں نروان (نجات) حاصل کرنے کے لئے دو راستوں پر زور
دیا جاتا تھا—ایک کرم مارگ یعنی عمل کا راستہ اور دوسرا
گیان مارگ یعنی معرفت کا راستہ . بودھی دھرم نے ایک
تیسرے راستے یعنی دھیان مارگ پر زور دیا . اُس نے
بتایا کہ دھیان یعنی مراقبے کے ذریعے ہم سچائی تک
پہونچ سکتے ہیں' نروان (نجات) حاصل کر سکتے ہیں .

بودھی دھرم اپنے اس نئے مارگ کا پرچار کرنے چین
پہونچا . سن 520 عیسوی میں وہ سمندر کے راستے سے
کینٹن آیا . اور دکھن چین کے سمراٹ ووتی سے ملا . سمراٹ
اور بودھی دھرم میں جو بات چیت ہوئی اُس کا بیان
چین کے سرکاری کاغذوں میں ملتا ہے . بات چیت اس
طرح ہوئی—

की तालीम पाकर 27 साल की उमर में खुद भिक्षु हो गया और उन्हीं के साथ दूर दूर देसों में बौद्ध मत का प्रचार करने निकल पड़ा. बुद्धयश पहले काशगर गया. जब वह काशगर पहुँचा उसी समय वहाँ के राजा ने तीन हज़ार बौद्ध भिक्षुओं को एक धार्मिक जलसे में शरीक होने के लिये बुलाया था. बुद्धयश भी उस जलसे में शरीक हुआ. काशगर का राजा बुद्धयश की विद्वता और उसके व्योहार से इतना खुश हुआ कि उसने बुद्धयश को अपने महल में बुला लिया. उन्हीं दिनों कुमार जीव भी काशगर आया था. कुछ दिनों तक कुमार जीव और बुद्धयश दोनों मिलकर बौद्ध दरशन पढ़ते और उस पर चरचा करते रहे. इसके बाद कुमार जीव कूची वापस चला गया.

दस साल काशगर रहने के बाद बुद्धयश भी कूची गया. कुमार जीव उस समय कूची में न था. यह वह समय था जब कुमार जीव को क़ैद करके चीन पहुँचा दिया गया था. बुद्धयश ने कुमार जीव को ख़त लिखा कि मैं भी चीन आना चाहता हूँ. कुमार जीव ने चीन के सम्राट से कह कर बुद्धयश को चीन बुलवा लिया.

बुद्धयश सन 410 से 413 ईसवी तक चीन में रहा. इस अरसे में प्रचार के काम में वह कुमार जीव की हर तरह मदद करता रहा. बुद्धयश ने खुद कुछ बौद्ध पुस्तकों का अनुवाद किया जिनमें दीर्घागम और धर्मगुप्तविनय बहुत मशहूर हैं.

बुद्धयश बहुत ऊँचे चरित्र का आदमी था. चीन के सम्राट ने कई बार उसे कुछ भेंट देने की कोशिश की. उसने लेने से बारबार यह कह कर इनकार कर दिया कि किसी भी बौद्ध भिक्षु को यह हक़ नहीं कि वह इस तरह की भेंट किसी से ले.

गुणवर्मन—

गुणवर्मन काशमीर का एक राजकुमार था. उसके दादा हरिभद्र बड़े ज़ालिम राजा थे इसलिये उन्हें अपना देस छोड़कर भागना पड़ा था. गुणवर्मन के पिता संघानन्द को भी अपनी ज़िन्दगी पहाड़ियों और जंगलों में लुकछिप कर काटनी पड़ी थी.

गुणवर्मन बीस साल की उमर में घर छोड़ कर बौद्ध भिक्षु हो गया. उसने बहुत जल्द ही बौद्ध दरशन की अच्छी जानकारी हासिल करली और एक हज़ार श्लोक ज़बानी याद कर लिये. कुछ साल तक लगातार पढ़ते रहने के बाद वह बौद्ध दरशन का विद्वान हो गया.

जब वह तीस साल का था तो काशमीर का राजा मर गया. राजा की कोई औलाद न थी. इसलिये काशमीर दरबार के मंत्रियों ने यह तय किया कि गुणवर्मन को

کی تعلیم پاکر 27 سال کی عمر میں خود بھکشو ہوگیا اور انہیں کے ساتھ دور دور دیسوں میں بودھ مت کا پرچار کرنے نکل پڑا . بدھ یش پہلے کاشغر گیا . جب وہ کاشغر پہونچا اُسی سمے وہاں کے راجہ نے تین ہزار بودھ بھکشوؤں کو ایک دھارمک جلسے میں شریک ہونے کے لئے بلایا تھا . بدھ یش بھی اُس جلسے میں شریک ہوا . کاشغر کا راجہ بدھ یش کی ودوتا اور اُس کے بیوہار سے اتنا خوش ہوا کہ اُس نے بدھ یش کو اپنے محل میں بلا لیا . اُنہیں دنوں کمار جیو بھی کاشغر آیا تھا . کچھ دنوں تک کمار جیو اور بدھیش دونوں ملکر بودھ درشن پڑھتے اور اُس پر چرچا کرتے رہے . اُس کے بعد کمار جیو کوچی واپس چلا گیا .

دس سال کاشغر رہنے کے بعد بدھ یش بھی کوچی گیا . کمار جیو اُس سمے کوچی میں نہ تھا . یہ وہ سمے تھا جب کمار جیو کو قید کرکے چین پہونچا دیا گیا تھا . بدھ یش نے کمار جیو کو خط لکھا کہ میں بھی چین آنا چاہتا ہوں . کمار جیو نے چین کے سمراٹ سے کہکر بدھیش کو چین بلوا لیا .

بدھ یش سن 410 سے 413 عیسوی تک چین میں رہا . اس عرصے میں پرچار کے کام میں وہ کمار جیو کی ہر طرح مدد کرتا رہا . بدھ یش نے خود کچھ بودھ پستکوں کا انوواد کیا جن میں دیر گھاگم اور دھرم گپتک ونے بہت مشہور ہیں .

بدھ یش بہت اُونچے چرتر کا آدمی تھا . چین کے سمراٹ نے کئی بار اُسے کچھ بھینٹ دینے کی کوشش کی . اُس نے لینے سے بار بار یہ کہکر انکار کر دیا کہ کسی بھی بودھ بھکشو کو یہ حق نہیں کہ وہ اس طرح کی بھینٹ کسی سے لے .

گن ورمن—

گن ورمن کاشمیر کا ایک راج کمار تھا . اُسکے دادا ہری بھدر بڑے ظالم راجہ تھے اس لئے اُنہیں اپنا دیس چھوڑ کر بھاگنا پڑا تھا گن ورمن کے پتا سنگھا نند کو بھی اپنی زندگی پہاڑیوں اور جنگلوں میں لک چھپ کر کاٹنی پڑی تھی .

گن ورمن بیس سال کی عمر میں گھر چھوڑ کر بودھ بھکشو ہوگیا . اُس نے بہت جلد ہی بودھ درشن کی اچھی جان کاری حاصل کر لی اور ایک ہزار شلوک زبانی یاد کر لئے . کچھ سال تک لگاتار پڑھتے رہنے کے بعد وہ بودھ درشن کا ودوان ہوگیا .

جب وہ تیس سال کا تھا تو کاشمیر کا راجہ مر گیا . راجہ کی کوئی اولاد نہ تھی . اس لئے کاشمیر دربار کے منتریوں نے یہ طے کیا کہ گن ورمن کو

में फैल चुका था. चीन में भी कुमारजीव अपनी विद्या के लिये मशहूर हो चुका था.

सन 383 ईसवी में चीनी फ़ौज ने कूची पर हमला किया. लौटते समय चीनी सेनापति कुमारजीव को क़ैद कर के चीन ले गया. जब चीन के सम्राट को पता लगा कि कुमारजीव क़ैद करके चीन लाया गया है तो सम्राट ने बड़े आदर के साथ उसको राजधानी में बुलाया. सन 401 ईसवी में कुमारजीव चीन की राजधानी पहुँचा और तब से बारह साल तक वह वहीं रहा.

कुमार जीव के चीन पहुँचने पर चीन के बौद्ध धर्म के इतिहास में एक नया युग शुरू हुआ. कुमार जीव से पहले जितने बौद्ध प्रचारक चीन आए थे वह चीनी जनता को बौद्ध दरशन इतनी अच्छी तरह न समझा पाते थे. उसने बौद्ध किताबों के चीनी अनुवादों को भी दुरुस्त किया और खुद बहुत सी नई बौद्ध किताबों का अनुवाद किया. उसकी पचास चीनी किताबें अब भी मिलती हैं. वह संस्कृत और चीनी भाशा दोनों का पूरा पंडित था.

चीन के दूर दूर के हिस्सों से चीनी और भारती प्रचारक उसके पास तालीम लेने आते थे. चीन के सम्राट ने राजधानी में उसके लिये एक लेकचर भवन बनवा दिया जिसमें वह आम जनता के सामने बौद्ध दरशन पर प्रवचन किया करता था. चीनी जनता पर उसकी विद्वता का इतना गहरा असर पड़ा कि लाखों चीनियों के बौद्ध धर्म अपना लेने के अलावा क़रीब 3000 चीनी उसके कहने से बौद्ध भिक्षु हो गए.

सन 413 ईसवी में कुमार जीव का शरीर छूटा. मरते वक़्त अपने चेलों को बुलाकर उसने कहा—"मेरी ज़िन्दगी को तुम अपना आदर्श न बनाओ. मेरे काम को अपनाओ और उसे पूरा करो. कीचड़ से कमल खिलता है इसलिये कीचड़ से प्रेम न करो, कमल से प्रेम करो."

जिस आदर और प्रेम के साथ भारत के रहने वाले आज भी चीनी यात्री फ़ाहियान और ह्वेन सांग को याद करते हैं उतने ही आदर और प्रेम के साथ चीन के रहने वाले आज कुमार जीव को याद करते हैं. सन 1924 ईसवी में जब श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर चीन गए तो "जीवित (ज़िन्दा) कुमार जीव" कह कर उनका स्वागत किया गया था.

बुद्धयश—

बुद्धयश काशमीर के एक ब्राह्मन घराने में पैदा हुआ था. उसके पिता बौद्ध धर्म के कट्टर दुशमन थे. कहा जाता है एक बार उन्होंने एक बौद्ध भिक्षु को पीट दिया था. नतीजा यह हुआ कि उनके हाथ को लकवा मार गया. उस पाप को धोने के लिये पिता ने अपने लड़के बुद्धयश को उसी बौद्ध भिक्षु के हवाले कर दिया. बुद्धयश उस समय केवल 13 साल का था. वह अपने नए गुरू से बौद्ध धर्म

میں پھیل چکا تھا . چین میں بھی کمار جیو اپنی ودیا کے لئے مشہور ہو چکا تھا .

سن 383 عیسوی میں چینی فوج نے کوچی پر حملہ کیا . لوٹتے سمے چینی سیناپتی کمار جیو کو قید کرکے چین لے گیا . جب چین کے سمراٹ کو پتہ لگا کہ کمار جیو قید کرکے چین لایا گیا ہے تو سمراٹ نے بڑے آدر کے ساتھ اُسکو راج دھانی میں بلایا . سن 401 عیسوی میں کمار جیو چین کی راجدھانی پہونچا اور تب سے بارہ سال تک وہ وہیں رہا .

کمار جیو کے چین پہونچنے پر چین کے بودھ دھرم کے اتہاس میں ایک نیا یگ شروع ہوا . کمار جیو سے پہلے جتنے بودھ پرچارک چین آئے تھے وہ چینی جنتا کو بودھ درشن اِتنی اچھی طرح نہ سمجھا پاتے تھے . اُس نے بودھ کتابوں کے چینی انووادوں کو بھی درست کیا اور خود بہت سی نئی بودھ کتابوں کا انوواد کیا . اُسکی پچاس چینی کتابیں اب بھی ملتی ہیں . وہ سنسکرت اور چینی بھاشا دونوں کا پورا پنڈت تھا .

چین کے دور دور کے حصوں سے چینی اور بھارتی پرچارک اسکے پاس تعلیم لینے آتے تھے . چین کے سمراٹ نے راجدھانی میں اُسکے لئے ایک لیکچر بھون بنوادیا جس میں وہ عام جنتا کے سامنے بودھ درشن پر پروچن کیا کرتا تھا . چینی جنتا پر اُسکی ودوتا کا اتنا گہرا اثر پڑا کہ لاکھوں چینیوں کے بودھ دھرم اپنا لینے کے علاوہ قریب تین ہزار چینی اُسکے کہنے سے بودھ بھکشو ہو گئے .

سن 413 عیسوی میں کمار جیو کا شریر چھوٹا . مرتے وقت اپنے چیلوں کو بلاکر اُس نے کہا—"میری زندگی کو تم اپنا آدرش نہ بناؤ . میرے کام کو اپناؤ اور اُسے پورا کرو . کیچڑ سے کمل کھلتا ہے اس لئے کیچڑ سے پریم نہ کرو' کمل سے پریم کرو ."

جس آدر اور پریم کے ساتھ بھارت کے رہنے والے آج بھی چینی یاتری فاہیان اور ہوین سانگ کو یاد کرتے ہیں اُتنے ہی آدر اور پریم کے ساتھ چین کے رہنے والے آج کمار جیو کو یاد کرتے ہیں . سن 1924 عیسوی میں جب شری رویندرناتھ ٹھاکر چین گئے تو "جیوت (زندہ) کمار جیو" کہہ کر اُنکا سواگت کیا گیا تھا .

بدھ یش

بدھ یش کاشمیر کے ایک براہمن گھرانے میں پیدا ہوا تھا . اُس کے پتا بودھ دھرم کے کٹر دشمن تھے . کہا جاتا ہے ایک بار اُنہوں نے ایک بودھ بھکشو کو پیٹ دیا تھا . نتیجہ یہ ہوا کہ اُن کے ہاتھ کو لقوہ مار گیا . اُس پاپ کو دھونے کے لئے پتا نے اپنے لڑکے بدھ یش کو اُسی بودھ بھکشو کے حوالے کر دیا . بدھ یش اُس سمے کیول 13 سال کا تھا . وہ اپنے نئے گرو سے بودھ دھرم

अपने साथ एक सफ़ेद घोड़े पर सैकड़ों बौद्ध किताबों और मूर्तियों को लाद कर चीन लेता गया. चीन में कश्यप का शाहाना स्वागत हुआ. सम्राट ने उसके लिये चीन की राजधानी लो-यांग में एक मठ बनवा दिया. इस मठ का नाम "पो-मा-से" यानी "सफ़ेद घोड़े वाला मठ" रखा गया क्योंकि कश्यप अपने सफ़ेद घोड़े पर बैठ कर बौद्ध धर्म का प्रचार करने निकलता था. आज भी चीन में यह मठ क़ायम है. यही चीन का सबसे पहला बौद्ध मठ कहा जाता है.

कश्यप चीन जाकर वहीं बस गया और फिर हिन्दुस्तान लौट कर नहीं आया. चीन में उसने बौद्ध मत का प्रचार किया और बहुत सी बौद्ध किताबों का अनुवाद किया. उसकी एक किताब "बयालीस धाराओं वाला सूत्र" चीन में बौद्ध धर्म की सबसे पहली किताब मानी जाती है. आज भी चीनी बौद्ध प्रचारक इस किताब को बौद्ध धर्म की बुनियादी किताब मानते हैं. इस किताब में बौद्ध धर्म के बुनियादी असूलों को बड़ी सफ़ाई के साथ समझाया गया है. हाल में इस किताब का अंगरेज़ी अनुवाद भी हुआ है.

चीन के राज दरबार पर कश्यप मतंगा के प्रचार का गहरा असर पड़ा. बहुत से बड़े बड़े ओहदेदार और सरदार बौद्ध धर्म के प्रचार में मदद करने लगे. जनता में प्रचार शुरू होगया. कश्यप मतंगा के चीन पहुंचने के तीन सौ साल बाद बौद्ध धर्म सारे चीन का धर्म बन गया.

कुमारजीव—

कुमारजीव बीच एशिया के कूची देस का एक बौद्ध भिक्षु था. उसके पिता कुमारायन हिन्दुस्तान के एक राजा वज़ीर थे. कुछ कारनों से उन्होंने वज़ारत छोड़ दी और पामिर पहाड़ से होते हुए बीच एशिया के कूची देस में जाकर बस गए.

कूची के राजा ने कुमायन का बड़ा स्वागत किया और उन्हें अपना राजगुरू बनाया. कुछ दिनों बाद राजा ने अपनी लड़की जीव की शादी कुमारायन से करदी.

कुमारजीव इसी राजकुमारी से पैदा हुआ. उसके पैदा होने के थोड़े ही दिन बाद जीव बौद्ध भिक्षुनी हो गई और बौद्ध धर्म का प्रचार करने लगी. जब कुमारजीव नौ साल का हुआ तब उसकी मां उसे लेकर काश्मीर चली आई. काश्मीर में बन्धुदत्त नाम के गुरू ने कुमारजीव को बौद्ध दरशन और बौद्ध साहित्य की तालीम दी. काश्मीर में तालीम हासिल करने के बाद कुमारजीव बीच एशिया के बहुत से देसों की यात्रा करता हुआ कूची वापस पहुँचा. अब वह तमाम एशिया में बौद्ध धर्म का ज़बरदस्त विद्वान मशहूर हो गया. उससे कूची में तालीम हासिल करने खोतान, काशग़र और यारकंद से बौद्ध प्रचारक आते थे. उस समय तक बौद्ध धर्म बीच एशिया के सब देसों

اپنے ساتھ ایک سفید گھوڑے پر سیکڑوں بودھ کتابوں اور مورتیوں کو لادکر چین لیتا گیا. چین میں کشیپ کا شاہانہ سواگت ہوا. سمراٹ نے اُسکے لئے چین کی راج دھانی لو یانگ میں ایک مٹھ بنوادیا. اِس مٹھ کا نام "پو. ما سے" یعنی "سفید گھوڑے والا مٹھ" رکھا گیا کیونکہ کشیپ اپنے سفید گھوڑے پر بیٹھ کر بودھ دھرم کا پرچار کرنے نکلتا تھا. آج بھی چین میں یہ مٹھ قائم ہے. یہی چین کا سب سے پہلا بودھ مٹھ کہا جاتا ہے. کشیپ چین جاکر وہیں بس گیا اور پھر ہندستان لوٹ کر نہیں آیا. چین میں اُسنے بودھ مت کا پرچار کیا اور بہت سی بودھ کتابوں کا انوواد کیا. اُسکی ایک کتاب "بیالیس دھاراؤں والا سوتر" چین میں بودھ دھرم کی سب سے پہلی کتاب مانی جاتی ہے. آج بھی چینی بودھ پرچارک اِس کتاب کو بودھ دھرم کی بنیادی کتاب مانتے ہیں. اِس کتاب میں بودھ دھرم کے بنیادی اصولوں کو بڑی صفائی کے ساتھ سمجھایا گیا ہے. حال میں اِس کتاب کا انگریزی انوواد بھی ہوا ہے.

چین کے راج دربار پر کشیپ متنگا کے پرچار کا گہرا اثر پڑا. بہت سے بڑے بڑے عہدےدار اور سردار بودھ دھرم کے پرچار میں مدد کرنے لگے. جنتا میں پرچار شروع ہوگیا. کشیپ متنگا کے چین پہونچنے کے تین سو سال بعد بودھ دھرم سارے چین کا دھرم بن گیا.

کمار جیو—

کمار جیو بیچ ایشیا کے کوچی دیس کا ایک بودھ بھکشو تھا. اُسکے پتا کمارائن ہندستان کے ایک راجہ کے وزیر تھے. کچھ کارنوں سے اُنہوں نے وزارت چھوڑدی اور پامر پہاڑ سے ہوتے ہوئے بیچ ایشیا کے کوچی دیس میں جاکر بس گئے.

کوچی کے راجہ نے کمارائن کا بڑا سواگت کیا اور اُنہیں اپنا راج گرو بنایا. کچھ دنوں بعد راجہ نے اپنی لڑکی جیو کی شادی کمارائن سے کردی. کمار جیو اِسی راج کماری سے پیدا ہوا. اُسکے پیدا ہونے کے تھوڑے ہی دن بعد جیو بودھ بھکشونی ہوگئی اور بودھ دھرم کا پرچار کرنے لگی. جب کمار جیو نو سال کا ہوا تب اُسکی ماں اُسے لیکر کاشمیر چلی آئی. کاشمیر میں بندھو دت نام کے گرو نے کمار جیو کو بودھ درشن اور بودھ ساہتیہ کی تعلیم دی. کاشمیر میں تعلیم حاصل کرنے کے بعد کمار جیو بیچ ایشیا کے بہت سے دیسوں کی یاترا کرتا ہوا کوچی واپس پہنچا. اب وہ تمام ایشیا میں بودھ دھرم کا زبردست ودوان مشہور ہوگیا. اُس سے کوچی میں تعلیم حاصل کرنے کھوتان، کاشغر اور یارقند سے بودھ پرچارک آتے تھے. اُس سمے تک بودھ دھرم بیچ ایشیا کے سب دیسوں

पिछले नम्बर से आगे

भारत और चीन का कलचरी मेल

(भाई भान चन्द्र)

(2)

सन 65 ईसवी में बीच एशिया से होकर भारत से चीन पहुंचने का रास्ता खुला. इस रास्ते बौद्ध भिक्षुओं और प्रचारकों का आना जाना बढ़ता गया. बौद्ध साधुओं को भिक्षु कहते हैं. उस समय से लेकर ग्यारह सौ बरस तक बौद्ध धर्म के सैकड़ों भारती भिक्षु और प्रचारक चीन पहुंचे. इन लोगों ने रास्ते की दिक्क़तों और मुसीबतों का बड़ी बहादुरी के साथ मुक़ाबला किया. ख़तरनाक पहाड़ों और सुनसान रेगिस्तानों को पार करते हुए उन्होंने गौतम बुद्ध का संदेश चीन पहुंचाया. चीन में इन्होंने चार ख़ास काम किये.

(1) चीनी जनता और चीनी राज दरबार में बौद्ध धर्म का प्रचार किया.

(2) बौद्ध धर्म की सैकड़ों पुस्तकों का संस्कृत से चीनी में अनुवाद किया और बहुत सी नई किताबें ख़ुद चीनी में लिखीं.

(3) चीन में जगह जगह बौद्ध मठ क़ायम किये जिनमें चीनी भिक्षुओं और प्रचारकों को बौद्ध धर्म की तालीम दी.

(4) भारत से अनेक अच्छी अच्छी बौद्ध मूर्तियाँ और तसवीरें ले जाकर चीन में बौद्ध कला को रिवाज दिया.

इस तरह के बहुत से भारती प्रचारकों का चीनी साहित्य और चीन के सरकारी काग़ज़ों में बयान मिलता है. इनमें से कुछ मशहूर प्रचारकों का हाल हम नीचे देते हैं.

कश्यप मतंगा—

कश्यप मतंगा एक बौद्ध भिक्षु था जिस के चीन जाने के बारे में एक दिलचस्प कहानी मशहूर है. कहा जाता है सन 65 ईसवी में चीन के सम्राट मिंग-ती ने एक दिन सपने में देखा कि एक सोने का आदमी उड़ता हुआ आया और उसके महल में घुस गया. सम्राट घबरा कर उठ बैठे और अपने दरबारियों को बुला कर सपने का मतलब पूछा. दरबारियों ने बताया कि वह सोने का आदमी हिन्दुस्तान का देवता गौतम बुद्ध है. यह सुनते ही सम्राट ने अपना एक दूत, बौद्ध प्रचारक और बौद्ध किताबें लाने के लिये भारत भेजा.

मिंग-ती का दूत हिन्दुस्तान से कश्यप मतंगा नाम के एक बौद्ध भिक्षु को अपने साथ चीन ले गया. कश्यप मतंगा

پہلے نمبر سے آگے

بھارت اور چین کا کلچری میل

(بھائی بھان چندر)

(2)

سن 65 عیسوی میں بیچ ایشیا سے ہوکر بھارت چین پہنچنے کا راستہ کھلا. اِس راستے بودھ بھکشوؤں اور پرچارکوں کا آنا جانا بڑھتا گیا. بودھ سادھوؤں کو بھکشو کہتے ہیں. اُس سمے سے لے کر گیارہ سو برس تک بودھ دھرم کے سیکڑوں بھارتی بھکشو اور پرچارک چین پہنچے. اِن لوگوں نے راستے کی دقتوں اور مصیبتوں کا بڑی بہادری کے ساتھ مقابلہ کیا. خطرناک پہاڑوں اور سنسان ریگستانوں کو پار کرتے ہوئے اِنہوں نے گوتم بدھ کا سندیش چین پہنچایا. چین میں اِنہوں نے چار خاص کام کئے.

(1) چینی جنتا اور چینی راج دربار میں بودھ دھرم کا پرچار کیا.

(2) بودھ دھرم کی سیکڑوں پستکوں کا سنسکرت سے چینی میں انواد کیا اور بہت سی نئی کتابیں خود چینی میں لکھیں.

(3) چین میں جگہ جگہ بودھ مٹھ قائم کئے جن میں چینی بھکشوؤں اور پرچارکوں کو بودھ دھرم کی تعلیم دی.

(4) بھارت سے انیک اچھی اچھی بودھ مورتیاں اور تصویریں لے جاکر چین میں بودھ کلاکو رواج دیا.

اس طرح کے بہت سے بھارتی پرچارکوں کا چینی ساہتیہ اور چین کے سرکاری کاغذوں میں بیان ملتا ہے. اِن میں سے کچھ مشہور پرچارکوں کا حال ہم نیچے دیتے ہیں.

کشیپ متنگا--

کشیپ متنگا ایک بودھ بھکشو تھا جسکے چین جانے کے بارے میں ایک دلچسپ کہانی مشہور ہے. کہا جاتا ہے سن 65 عیسوی میں چین کے سمراٹ منگ تی نے ایک دن سپنے میں دیکھا کہ ایک سونے کا آدمی اُڑتا ہوا آیا اور اُسکے محل میں گھس گیا. سمراٹ گھبرا کر اُٹھ بیٹھا اور اپنے درباریوں کو بلاکر سپنے کا مطلب پوچھا. درباریوں نے بتایا کہ وہ سونے کا آدمی ہندستان کا دیوتا گوتم بدھ ہے. یہ سنتے ہی سمراٹ نے اپنا ایک دوت، بودھ پرچارک، اور بودھ کتابیں لانے کے لئے بھارت بھیجا.

منگ تی کا دوت ہندستان سے کشیپ متنگا نام کے ایک بودھ بھکشو کو اپنے ساتھ چین لے گیا. کشیپ متنگا

रज़ामन्दी से किसी बड़े और आलीशान अजायब घर में एक पुराने ज़माने की यादगार के तौर पर उसी तरह जमा कर दिये जायं जिस तरह इस बार सोमनाथ के इससे पहले के बहुत से पत्थर वग़ैरा नए उद्धार करने वालों ने किसी अजायबघर में रख दिये हैं और हम सब एक निराकार ईश्वर के मानने वाले, जिसे हम ईश्वर, अल्लाह और गाड सब नामों से पुकार सकें, "वसुधैव कुटुम्बकम्" यानी इनसानी भाईचारे के सच्चे विश्वासी बन सकें. यही सलामती की शाहराह है. बाक़ी गलियाँ बरबादी की तंग गलियाँ हैं. हमें इस समय फिर गांधी जी याद आ रहे हैं. उनकी इस लाइन के साथ हम इस लेख को बन्द करते हैं—

सब को सम्मति दे भगवान !

12. 6. '51. —सुन्दरलाल

माया

माया तू दीखे क्यों गोरी ?
भीतर से तू काजर कारी, मोह पिता की छोरी.

है तो दुश्मन, दोस्त बताएं
हैं तो भूके, कहें अघाए
क्रोध भरा तो भी मुस्काए
ये सब हैं तेरी करतूतें, बनती सीधी भोरी.

हाय सरलता का मैं सेवी
कैसे समझा तुझको देवी
समझा जीवन नैया खेवी
जादू किया ग़ज़ब का तूने, ओ छोरी बरजोरी.

माये ! तेरी कैसी माया
बहक, पकड़ने दौड़ा छाया
पछताना भर हाथों आया
तब भी तो मैं तोड़ न पाया, पैरों बाँधी डोरी.

था तो मैं नाटक का राना
सफल हुआ तेरा बहकाना
मैं बन बैठा सच्चा राना
भेद खुला परदा गिरने पर, नक़ल रह गई कोरी.

ग़ज़ब ! दिये ईश्वर को धोके
नाम लिये ले ले सौ झोंके
सुने साधु तो माथा ठोंके
मौत न माये तुझको आई, है निर्लज्जे कोरी
माया तू दीखे क्यों गोरी ?

—भगवानदीन

رضامندی سے کسی بڑے اور عالیشان عجائب گھر میں ایک پرانے زمانے کی یادگار کے طور پر اُسی طرح جمع کر دیئے جائیں جس طرح اس بار سومناتھ کے اِس سے پہلے کے بہت سے پتھر وغیرہ نئے اُددھار کرنے والوں نے کسی عجائب گھر میں رکھ دیئے ہیں اور ہم سب ایک نراکار ایشور کے ماننے والے، جسے ہم ایشور، اللہ اور گاڈ سب ناموں سے پکار سکیں، " وسو دھیو کٹمب کم " یعنی انسانی بھائی چارے کے سچے وشواسی بن سکیں. یہی سلامتی کی شاہراہ ہے. باقی گلیاں بربادی کی تنگ گلیاں ہیں. ہمیں اس سمے پھر گاندھی جی یاد آ رہے ہیں. اُن کی اِس لائن کے ساتھ ہم اس لیکھ کو بند کرتے ہیں —

سب کو سمّتی دے بھگوان !

12-6-'51 — سندرلال

مایا

مایا تو دیکھے کیوں گوری ؟
بھیتر سے تو کاجر کاری، موہ پتا کی چھوری .

ہے تو دشمن، دوست بتائے
ہیں تو بھوکے کہیں اگھائے
کرودھ بھرا تو بھی مسکائے
یہ سب ہیں تیری کرتوتیں، بنتی سیدھی بھوری .

ہائے سرلتا کا میں سیوی
کیسے سمجھا تجھکو دیوی
سمجھا جیون نیا کھیوی
جادو کیا غضب کا تونے، او چھوری برجوری .

مایے ! تیری کیسی مایا
بہک، پکڑنے دوڑا چھایا
پچھتانا بھر ہاتھوں آیا
تب بھی تو میں توڑ نہ پایا، پیروں باندھی ڈوری .

تھا تو میں ناٹک کا رانا
سپھل ہوا تیرا بہکانا
میں بن بیٹھا سچا رانا
بھید کھلا پردا گرنے پر، نقل رہ گئی کوری .

غضب ! دیئے ایشور کو دھوکے
نام لئے لے لے سو جھوکے
سنے سادھو تو ماتھا ٹھوکے
موت نہ مایے تجھکو آئی، ہے نرلجے کوری .
مایا تو دیکھے کیوں گوری ؟

— بھگوان دین

गले में फूलों की माला डालने से, और हम सब के मिल कर अपने देश में शिवलिंग की पूजा को फिर से जोरों के साथ चमकाने से अमरीका, इंगलैन्ड या किसी दूसरे देश के राजकाजी लोग हमें शाबाशी भले ही दे लें और हमारी इन चीजों से फ़ायदा भी भले ही उठालें, पर इस सबसे हमारी और हमारे देश की इज्जत उनके दिलों में नहीं बढ़ सकती.

असली इलाज

हम किसी मूर्ति पूजक या शिव पूजक के दिल को दुखाना नहीं चाहते. अपने मंदिर बनाने, और उनमें अपने ढंग से अपने इष्ट देव की पूजा बन्दगी करने की उनकी आजादी को भी हम हरगिज छीनना या कम करना नहीं चाहते. पर इस नई घटना ने हमें और हमारे जैसे बहुत सों को अपने देश की संकट भरी हालत पर जरा गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया. हमें सोचना पड़ता है कि हमारा प्यारा देश किधर जा रहा है. पन्द्रहवीं सदी से लेकर आज तक हमारे देश के कबीर साहब, गुरु नानक, गुरु गोबिन्द सिंह, स्वामी दयानन्द, राजा राममोहन राय जैसे अनेक सन्त, महात्मा और सुधारक हमें मूर्ति पूजा छोड़ने का उपदेश देते रहे हैं. कबीर साहब और गुरु नानक की इस तरह की बानियां घर घर फैली हुई हैं. गुरु गोबिन्द सिंह ने औरंगजेब के नाम अपने मशहूर ख़त "ज़फ़र नामा" में पंजाब के पहाड़ी हिन्दू राजाओं से अपना मुक़ाबला करते हुए लिखा है—

"व आं बुतपरस्तां व मन बुतशिकन"

यानी वह बुत परस्त हैं और मैं बुतशिकन. गुरु नानक से लेकर गुरु गोबिन्द सिंह तक दसों सिख गुरुओं की बानी इतने जोरों के साथ एक ही सच्चाई की गूँज है कि हम अनेक बार कह चुके हैं कि अगर पंजाब ने बल्कि सारे भारतवर्ष ने केवल सिख गुरुओं के उपदेशों पर ही अमल किया होता तो आज यह देश रूहानी और दुनियावी दौलतों से मालामाल दिखाई देता. स्वामी दयानन्द ने मूर्ति पूजा को पाप बताया है और लिंग पूजा को जिन शब्दों में बयान किया है उन्हें यहाँ दोहराने की जरूरत नहीं. यही उपदेश हमें राजा राम मोहन राय ने दिया. देश की इस समय की हालत को देखते हुए हम और हमारे जैसे विचार के लोग भगवान से प्रार्थना किये बिना नहीं रह सकते कि भगवान हम सबके दिलों को नफ़रत, गुस्से और बदले की नापाक और बांझ भावनाओं से पाक करें. हमारी राजनीति ऊँची हो, पक्की हो, बड़े दिल वालों की राजनीति हो, मानव प्रेम से भरी हुई हो और दूर तक देखने वाली हो! हमारे दिल और दिमाग़ पुराने, ग़लत और हानिकर विश्वासों से ऊपर उठ सकें और हमारे अधिकतर मन्दिरों के सामान सबकी

گلے میں پھولوں کی مالا ڈالنے سے، اور ہم سب کے ملکر اپنے دیش میں شولنگ کی پوجا کو پھر سے زوروں کے ساتھ چمکانے سے امریکہ، انگلینڈ یا کسی دوسرے دیش کے راج کاجی لوگ ہمیں شاباشی بھلے ہی دے لیں اور ہماری ان چیزوں سے فائدہ بھی بھلے ہی اٹھا لیں، پر اس سب سے ہماری اور ہمارے دیش کی عزت انکے دلوں میں نہیں بڑھ سکتی۔

اصلی علاج

ہم کسی مورتی پوجک یا شیو پوجک کے دل کو دکھانا نہیں چاہتے۔ اپنے مندر بنانے اور ان میں اپنے ڈھنگ سے اپنے ایشٹ دیو کی پوجا بندگی کرنے کی انکی آزادی کو بھی ہم ہرگز چھیننا یا کم کرنا نہیں چاہتے۔ پر اس نئی گھٹنا نے ہمیں اور ہمارے جیسے بہت سوں کو اپنے دیش کی سنکٹ بھری حالت پر ذرا گہرائی سے سوچنے پر مجبور کر دیا۔ ہمیں سوچنا پڑتا ہے کہ ہمارا پیارا دیش کدھر جا رہا ہے۔ پندرھویں صدی سے لیکر آج تک ہمارے دیش کے کبیر صاحب، گرونانک، گروگوبند سنگھ، سوامی دیانند، راجہ رام موہن رائے جیسے انیک سنت، مہاتما اور سدھارک ہمیں مورتی پوجا چھوڑنے کا اپدیش دیتے رہے ہیں۔ کبیر صاحب اور گرونانک کی اس طرح کی بانیاں گھر گھر پھیلی ہوئی ہیں۔ گروگوبند سنگھ نے اورنگزیب کے نام اپنے مشہور خط "ظفر نامہ" میں پنجاب کے پہاڑی ہندو راجاؤں سے اپنا مقابلہ کرتے ہوئے لکھا ہے —

"و آں بت پرستاں و من بت شکن۔"

یعنی وہ بت پرست ہیں اور میں بت شکن۔ گرو نانک سے لیکر گروگوبند سنگھ تک دسوں سکھ گروؤں کی بانی اتنے زوروں کے ساتھ ایک ہی سچائی کی گونج ہے کہ ہم انیک بار کہہ چکے ہیں کہ اگر پنجاب نے بلکہ سارے بھارت ورش نے کیول سکھ گروؤں کے اپدیشوں پر ہی عمل کیا ہوتا تو آج یہ دیس روحانی اور دنیاوی دولتوں سے مالا مال دکھائی دیتا۔ سوامی دیانند نے مورتی پوجا کو پاپ بتایا ہے اور لنگ پوجا کو جن شبدوں میں بیان کیا ہے انہیں یہاں دوہرانے کی ضرورت نہیں۔ یہی اپدیش ہمیں راجہ رام موہن رائے نے دیا۔ دیش کی اس سمے کی حالت کو دیکھتے ہوئے ہم اور ہمارے جیسے وچار کے لوگ بھگوان سے پراتھنا کئے بنا نہیں رہ سکتے کہ بھگوان ہم سب کے دلوں کو نفرت، غصے اور بدلے کی ناپاک اور بانجھ بھاوناؤں سے پاک کریں۔ ہماری راج نیتی اونچی ہو، پکی ہو، بڑے دل والوں کی راج نیتی ہو، مانو پریم سے بھری ہوئی ہو اور دور تک دیکھنے والی ہو! ہمارے دل اور دماغ پرانے، غلط اور ہانی کر وشواسوں سے اوپر اٹھ سکیں اور ہمارے ادھک تر مندروں کے سامان سب کی

मुसलमान और दूसरे वह लेखक जो मूर्ति पूजा या लिंग पूजा को ग़लत मानते हैं, अपने को चुनाव से अलग रखते तो वह बिलकुल हक़ पर होते.

इतिहासी पहलू

इस अंक में किसी दूसरी जगह हम भाई मोहन सिंह सेंगर का एक लेख दूसरे हिन्दी अख़बार से लेकर छाप रहे हैं. भाई मोहन सिंह ने एक छोटा सा सवाल सोमनाथ पर महमूद के हमले की इतिहासी सच्चाई का भी उठाया है. यह सवाल ज़रा पेचीदा है. हम यहाँ केवल इतना कह देना चाहते हैं कि महमूद कभी सोमनाथ पहुँचा भी या नहीं इस बात पर भी इतिहास के खोजियों में काफ़ी मत-भेद है. मशहूर महाराष्ट्र इतिहासकार श्री चिन्तामणि विनायक वैद्य ने अपनी किताब "हिस्ट्री आफ़ हिन्दू मिडीवल इन्डिया" में इस सवाल के दोनों पहलूओं पर काफ़ी बहस की है. हम मान लेते हैं कि दोनों तरफ़ कुछ न कुछ कहा जा सकता है. पर इसमें ज़रा भी शक नहीं कि महमूद के सोमनाथ पर हमले के सम्बन्ध में जितनी बातें उड़ी हुई हैं या इतिहास की मामूली किताबों में या दूसरी किताबों में पाई जाती हैं उनमें से कम से कम नव्वे फ़ी सदी बिलकुल बे बुनियाद हैं. सोमनाथ के मेले से जो निजी ख़त हमारे पास आए हैं उनसे मालूम होता है कि इस तरह की अनगिनत गप्पें वहाँ पर उड़ी हुई थीं और वहाँ से चारों तरफ़ देश में फैली होंगी. इन गप्पों ने कितनों के दिलों में ज़हर भरा और पुराने ज़ख़्मों को ताज़ा किया हम नहीं कह सकते. हमारे दिमाग़ों की यह हालत हो गई है कि हम नावेल और हिस्ट्री में भी फ़रक़ नहीं कर पाते. श्री कन्हैया लाल मुंशी का नावेल "जय सोमनाथ !" नावेल ही है और नावेल ही बताया जाता है. पर न जाने कितनी अजीब अजीब गप्पें उसी नावेल के आधार पर मेले में इतिहास बन कर फैलीं और फैलाई गईं.

गंदी राजनीति

सौराष्ट्र के राज प्रमुख जाम साहब के मुँहसे एक बड़ी सच्ची बात निकल गई. उन्होंने कहा कि सोमनाथ का फिर से उद्धार करने वालों में से कुछ के लिये सवाल न धर्म का था न इतिहास का, उनके लिये सवाल था राज-नीति का. हम बड़ी नम्रता लेकिन पूरे ज़ोर के साथ कह देना चाहते हैं कि इस तरह की राजनीति गन्दी, बांझ और ख़ुद अपने को मिटा देने वाली राजनीति है. कहा जाता है श्री कन्हैया लाल मुंशी इस सारे मामले के प्रान थे. पर जहाँ तक अन्तरक़ौमी राजनीति का सम्बन्ध है हम उन्हें यह बता देना चाहते हैं कि भारतीय जनराज के प्रेसीडेन्ट के नंगे सिर, नंगे पाँव केवल पीताम्बर पहन कर सोमनाथ के मंदिर में जाने और शिवजी के बैल नन्दी के

مسلمان اور دوسرے وہ لیکھک جو مورتی پوجا یا لنگ پوجا کو غلط مانتے ھیں، اپنے کو چناؤ سے الگ رکھتے تو وہ بالکل حق پر ھوتے .

اِتہاسی پہلو

اس انک میں کسی دوسری جگہ ھم بھائی موھن سنگھ سینگر کا ایک لیکھ دوسرے ھندی اخبار سے لیکر چھاپ رھے ھیں . بھائی موھن سنگھ نے ایک چھوٹا سا سوال سومناتھ پر محمود کے حملے کی اِتہاسی سچائی کا بھی اُٹھایا ھے . یہ سوال ذرا پیچیدہ ھے . ھم یہاں کیول اِتنا کہ دینا چاھتے ھیں کہ محمود کبھی سومناتھ پہنچا بھی یا نہیں اِس بات پر بھی اِتہاس کے کھوجیوں میں کافی مت بھید ھے . مشہور مہاراشٹر اِتہاس کار شری چنتامنی ونایک ویدیہ نے اپنی کتاب " ھسٹری آف ھندو مڈیول انڈیا " میں اِس سوال کے دونوں پہلوؤں پر کافی بحث کی ھے . ھم مان لیتے ھیں کہ دونوں طرف کچھ نہ کچھ کہا جا سکتا ھے . پر اِس میں ذرا بھی شک نہیں کہ محمود کے سومناتھ پر حملے کے سمبندھ میں جتنی باتیں اُڑی ھوئی ھیں یا اِتہاس کی معمولی کتابوں میں یا دوسری کتابوں میں پائی جاتی ھیں اُن میں سے کم سے کم نوے فیصدی بالکل بے بنیاد ھیں . سومناتھ کے میلے سے جو نجی خط ھمارے پاس آئے ھیں اُن سے معلوم ھوتا ھے کہ اِس طرح کی اَن گنت گپیں وھاں پر اُڑی ھوئی تھیں اور وھاں سے چاروں طرف دیش میں پھیلی ھوں گی . اِن گپوں نے کتنوں کے دلوں میں زہر بھرا اور پرانے زخموں کو تازہ کیا ھم نہیں کہ سکتے . ھمارے دماغوں کی یہ حالت ھوگئی ھے کہ ھم ناول اور ھسٹری میں بھی فرق نہیں کر پاتے . شری کنھیالال منشی کا ناول " جے سومناتھ !" ناول ھی ھے اور ناول ھی بتایا جاتا ھے . پر نہ جانے کتنی عجیب عجیب گپیں اُسی ناول کے آدھار پر میلے میں اِتہاس بنکر پھیلیں اور پھیلائی گئیں .

گندی راجنیتی

سوراشٹر کے راج پرمکھ جام صاحب کے منہ سے ایک ایک بڑی سچی بات نکل گئی . اُنھوں نے کہا کہ سومناتھ کا پھر سے اُددھار کرنے والوں میں سے کچھ کے لئے سوال نہ دھرم کا تھا نہ اِتہاس کا' اُن کے لئے سوال تھا راج نیتی کا . ھم بڑی نمرتا لیکن پورے زور کے ساتھ کہ دینا چاھتے ھیں کہ اِس طرح کی راج نیتی گندی' بانجھ اور خود اپنے کو مٹا دینے والی راج نیتی ھے . کہا جاتا ھے شری کنھیا لال منشی اِس سارے معاملے کے پران تھے . پر جہاں تک انتر قومی راج نیتی کا سمبندھ ھے ھم اُنھیں یہ بتا دینا چاھتے ھیں کہ بھارتی جن راج کے پریسیڈنٹ کے ننگے سر' ننگے پاؤں کیول پیتامبر پہن کر سومناتھ کے مندر میں جانے اور شیو جی کے بیل نندی کے

है और न दूरंदेशी. हम नहीं मानते कि राजेन्द्र बाबू का इशारा भारत के मुसलमानों की तरफ़ था. तो फिर क्या यह ललकार समय को थी, ज़माने की गरदिश को थी ? फ़िक़रे से कुछ ऐसी ही भनक मिलती है. लेकिन अगर ऐसा है तो हम राजेन्द्र बाबू और उनके विचार के लोगों को बड़े आदर और नम्रता के साथ बता देना चाहते हैं कि यह ललकार निकम्मी और थोथी है. समय आगे को बढ़ रहा है. चार दिन के लिये हम अपनी पिछघसीटी हरकतों से ख़ुश भले ही हो जाएं, समय की गति नहीं बदल सकती. मन्दिरों और मसजिदों के ज़माने लद गये. ज़माना इन्हें पीछे छोड़ चुका. ख़ासकर अगर मानव समाज को माद्दी या रूहानी तरक़्क़ी के मैदानों में आगे चौकड़ियां भरनी हैं तो उसे मूर्ति पूजा और लिंग पूजा से ऊपर उठना होगा. भारत को भी आगे बढ़ना है. फिर से महान बल्कि पहले से कहीं अधिक महान होना है, और इस आगे बढ़ने में किसी प्राचीनतम ज़माने की इन रूढ़ियों को एक पुराने ग़लत ख़्वाब की तरह पीछे छोड़ जाना है. हम राजेन्द्र बाबू को इस फ़िक़रे के लिये बधाई नहीं दे सकते. इस फ़िक़रे को पढ़ने के बाद अगर कोई यह सोचने लगे कि राजेन्द्र बाबू की पुराने ज़ख़्मों को हरा न करने की बात उलटा ज़ख़्मों पर नमक छिड़कना थी तो हमें उसे इस ग़लतफ़हमी के लिये माफ़ ही कर देना पड़ेगा.

ग़ैर मूर्ति पूजकों के साथ ज़ियादती

अगर भारत के कुछ सच्चे शिव भक्त सोमनाथ के मन्दिर को या किसी भी ऐसे मन्दिर को फिर से बनवाने और अपना आदर प्रकट करने के लिये राजेन्द्र बाबू को या किसी भी ज़िम्मेदार सरकारी अफ़सर को वहाँ बुलाते और वह वहाँ चला जाता, आदर से बैठाया जाता, तो हमें कोई एतराज़ न होता. पर सोमनाथ में जो कुछ किया गया वह कुछ और ही था. जिन सूबों और यूनिवरसिटियों से उनके चुने हुए नुमाइन्दे बुलाए गए वह क्या केवल उनका आदर दरशाने के लिये या सब सूबा सरकारों और यूनिवरसिटियों को इस "राष्ट्रीय" (?) काम में पट्टीदार साबित करने के लिये ? जो लोग मूर्ति पूजा को ठीक मानते हैं उन्हें निजी हैसियत से पूरा हक़ है कि ऐसे काम में सहयोग दें पर जो ठीक नहीं मानते—और हम ख़ुद मूर्तिपूजा को ठीक नहीं मानते, आर्य समाजी, मुसलमान, प्रोटेस्टेन्ट ईसाई और ब्रह्म समाजी कोई ठीक नहीं मानते—उन्हें अपना नुमाइन्दा इस काम के लिये चुनने को क्यों कहा गया ? अगर यह हुकुम सरकारी हुकुम था तो हम किसी तरह भी नहीं समझ सकते कि कोई सेकुलर सरकार इस तरह का हुकुम कैसे दे सकती है ? हमें इस बात के कहने में ज़रा भी संकोच नहीं कि जिस समय यूनिवरसिटियों के नुमाइन्दे चुने जा रहे थे उस वक़्त अगर यूनिवरसिटी के आर्य समाजी,

ہے اور نہ دوراندیشی . ہم نہیں مانتے کہ راجندر بابو کا اشارہ بھارت کے مسلمانوں کی طرف تھا . تو پھر کیا یہ للکار سمے کو تھی' زمانے کی گردش کو تھی ؟ فقرے سے کچھ ایسی ہی بھنک ملتی ہے . لیکن اگر ایسا ہے تو ہم راجندر بابو اور اُنکے وچار کے لوگوں کو بڑے آدر اور نمرتا کے ساتھ بتا دینا چاہتے ہیں کہ یہ للکار نکمی اور تھوتھی ہے . سمے آگے کو بڑھ رہا ہے . چار دن کے لئے ہم اپنی پچھ گھسیٹی حرکتوں سے خوش بھلے ہی ہوجائیں' سمے کی گتی نہیں بدل سکتی . مندروں اور مسجدوں کے زمانے لد گئے . زمانہ اِنہیں پیچھے چھوڑ چکا . خاص کر اگر مانو سماج کو مادی یا روحانی ترقی کے میدانوں میں آگے چوکڑیاں بھرنی ہیں تو اُسے مورتی پوجا اور لنگ پوجا سے اوپر اُٹھنا ہوگا . بھارت کو بھی آگے بڑھنا ہے . پھر سے مہان بلکہ پہلے سے کہیں ادھک مہان ہونا ہے' اور اِس آگے بڑھنے میں کسی پراچین تم زمانے کی اِن روڑھیوں کو ایک پرانے غلط خواب کی طرح پیچھے چھوڑ جانا ہے . ہم راجندر بابو کو اِس فقرے کے لئے بدھائی نہیں دے سکتے . اِس فقرے کو پڑھنے کے بعد اگر کوئی یہ سوچنے لگے کہ راجندر بابو کی پرانے زخموں کو ہرا نہ کرنے کی بات اُلٹا زخموں پر نمک چھڑکنا تھی تو ہمیں اُسے اِس غلط فہمی کے لئے معاف ہی کر دینا پڑے گا.

غیر مورتی پوجکوں کے ساتھ زیادتی

اگر بھارت کے کچھ سچے شِو بھکت سومناتھ کے مندر کو یا کسی بھی ایسے مندر کو پھر سے بنواتے اور اپنا آدر پرکٹ کرنے کے لئے راجندر بابو کو یا کسی بھی ذمہ دار سرکاری افسر کو وہاں بلاتے اور وہ وہاں چلا جاتا' آدر سے بیٹھایا جاتا' تو ہمیں کوئی اعتراض نہ ہوتا پر سومناتھ میں جو کچھ کیا گیا وہ کچھ اور ہی تھا . جن صوبوں اور یونیورسٹیوں سے اُن کے چنے ہوئے نمائندے بلائے گئے وہ کیا کیول اُن کا آدر درشانے کے لئے یا سب صوبہ سرکاروں اور یونیورسٹیوں کو اِس "راشٹری" (؟) کام میں پٹی دار ثابت کرنے کے لئے ؟ جو لوگ مورتی پوجا کو ٹھیک مانتے ہیں اُنہیں نجی حیثیت سے پورا حق ہے کہ ایسے کام میں سہیوگ دیں . پر جو ٹھیک نہیں مانتے — اور ہم خود مورتی پوجا کو ٹھیک نہیں مانتے' آریہ سماجی' مسلمان' پروٹسٹنٹ عیسائی اور برہم سماجی کوئی ٹھیک نہیں مانتے — اُنہیں اپنا نمائندہ اِس کام کے لئے چننے کو کیوں کہا گیا ہے ؟ اگر یہ حکم سرکاری حکم تھا تو ہم کسی طرح بھی نہیں سمجھ سکتے کہ کوئی سیکولر سرکار اِس طرح کا حکم کیسے دے سکتی ہے؟ ہمیں اِس بات کے کہنے میں ذرا بھی سنکوچ نہیں کہ جس سمے یونیورسٹیوں کے نمائندے چنے جا رہے تھے اُس وقت اگر یونیورسٹی کے آریہ سماجی'

सा बाद आ रहा है. तीस बरस पहले की बात है
- जोशीले लोग कट्टर सनातनियों के एक मन्दिर में
हरिजनों को जबरदस्ती जलूस बना कर ले गए. पुरो-
ने देख लिया कि हठ करने से काम नहीं चलेगा.
ने दरवाजा खोल दिया. हरिजनों ने दर्शन किये. जीत
खुशी में सब लौट आए. उसके बाद पुरोहित जी ने
जल के कलसे मंगा कर सारे मन्दिर को फिर से उसी
धो डाला जिस तरह अगर कोई जानवर वहाँ मैला
जाता तो करना पड़ता.

न्द्र बाबू की ललकार

राजेन्द्र बाबू की तक़रीर का एक फ़िक़रा उत्तर भारत हिन्दी उरदू अख़बारों ने बड़े बड़े मोटे हरफ़ों में पा है. वह यह है—"आज अपनी राख में से दोबारा ड़ा हो कर सोमनाथ का यह मन्दिर मानो दुनिया से ़कार कर कह रहा है कि इस दुनिया का कोई आदमी र कोई ताक़त उस चीज़ को मिटा नहीं सकती जिसके ये लोगों के दिलों में बेअंत श्रद्धा और प्रेम है."

बड़े दुख के साथ हम यह कहने पर मजबूर हैं कि इस फ़िक़रे के भाव हमें ऊँचे दिखाई नहीं देते. राजेन्द्र बाबू यह कह कर आख़िर किसे ललकार रहे हैं? उन्हें और सारी निया को अब यह मालूम है कि सोमनाथ का मन्दिर हमूद से पहले भी और उसके बाद भी कम से कम आठ र गिराया गया और आठ बार फिर से बनाया गया. रसी की एक कहावत है—"जो आया उसने अपनी नई मारत खड़ी की." यह कहावत अगर किसी जगह के बारे ठीक उतरती है तो सोमनाथ के बारे में. पर ज़ाहिर है स ललकार के समय सोमनाथ के दूसरे विध्वंसक जेन्द्र बाबू की निगाह के सामने न थे. तो फिर क्या उन सामने महमूद ग़ज़नवी था? हमारा दिल नहीं मानता. म रूहानी तकलीफ़ के साथ कह रहे हैं मुरदों को ललकारना किसी इनसान को शोभा नहीं देता. हम मान लेते हैं कि उनकी निगाह के सामने महमूद नहीं था. तो फिर क्या महमूद के सह धर्मी थे? अगर ऐसा है तो हमें मालूम होना चाहिये कि हिन्दुस्तान से बाहर के जागे हुए मुसलमानों को अब कहीं भी पहुँच कर मन्दिर या गिरजा तोड़ने और मसजिद बनाने की न इच्छा है, न तबियत और न फ़ुरसत. किसी बाहर के देश के लोगों पर—और उन सबसे हमारी राजकाजी मित्रता है—इस तरह का इशारा हरगिज़ राजेन्द्र बाबू जैसे ज़िम्मेदार आदमी के मुंह से नहीं निकल सकता. तो फिर क्या यह ललकार हिन्दुस्तान के ग़रीब मुसलमानों के लिये थी? हमारा दिल भर आ रहा है. किसी आदमी की करतूत के लिये उसके उस समय के या सैकड़ों बरस बाद के सह धर्मियों को ललकारना न इनसाफ़

بھر آ رہا ہے ۔ تیس برس پہلے کی بات ہے ۔ کچھ جوشیلے لوگ کٹر سناتنیوں کے ایک مندر میں کچھ ہریجنوں کو زبردستی جلوس بنا کر لے گئے ۔ پروہت نے دیکھ لیا کہ ہٹ کرنے سے کام نہیں چلے گا ۔ اس نے دروازہ کھول دیا ۔ ہریجنوں نے درشن کئے ۔ جیت کی خوشی میں سب لوٹ آئے ۔ اس کے بعد پروہت جی نے گنگا جل کے کلسے منگا کر سارے مندر کو پھر سے اسی طرح دھو ڈالا جس طرح اگر کوئی جانور وہاں میلا کر جاتا تو کرنا پڑتا ۔

راجندر بابو کی للکار

راجندر بابو کی تقریر کا ایک فقرہ اتر بھارت کے ہندی اردو اخباروں نے بڑے بڑے موٹے حرفوں میں چھاپا ہے ۔ وہ یہ ہے — "آج اپنی راکھ میں سے دوبارہ کھڑا ہوکر سومناتھ کا یہ مندر مانو دنیا سے للکار کر کہہ رہا ہے کہ اس دنیا کا کوئی آدمی اور کوئی طاقت اس چیز کو مٹا نہیں سکتی جسکے لئے لوگوں کے دلوں میں بے انت شردھا اور پریم ہے ۔"

بڑے دکھ کے ساتھ ہم یہ کہنے پر مجبور ہیں کہ اس فقرے کے بھاو ہمیں اونچے دکھائی نہیں دیتے ۔ راجندر بابو یہ کہکر آخر کسے للکار رہے ہیں ؟ انہیں اور ساری دنیا کو اب یہ معلوم ہے کہ سومناتھ کا مندر محمود سے پہلے بھی اور اس کے بعد بھی کم سے کم آٹھ بار گرایا گیا اور آٹھ بار پھر سے بنایا گیا ۔ فارسی کی ایک کہاوت ہے — "جو آیا اس نے اپنی نئی عمارت کھڑی کی ۔" یہ کہاوت اگر کسی جگہ کے بارے میں ٹھیک اترتی ہے تو سومناتھ کے بارے میں ۔ پر ظاہر ہے اس للکار کے سمے سومناتھ کے دوسرے ودھونسک راجندر بابو کی نگاہ کے سامنے نہ تھے ۔ تو پھر کیا ان کے سامنے محمود غزنوی تھا ؟ ہمارا دل نہیں مانتا ۔ ہم روحانی تکلیف کے ساتھ کہہ رہے ہیں مردوں کو للکارنا کسی انسان کو شوبھا نہیں دیتا ۔ ہم مان لیتے ہیں کہ انکی نگاہ کے سامنے محمود نہیں تھا ۔ تو پھر کیا محمود کے سہدھرمی تھے ؟ اگر ایسا ہے تو ہمیں معلوم ہونا چاہئے کہ ہندستان سے باہر کے جاگے ہوئے مسلمانوں کو اب کہیں بھی پہنچکر مندر یا گرجا توڑنے اور مسجد بنانے کی نہ اچھا ہے نہ طبیعت اور نہ فرصت ۔ کسی باہر کے دیش کے لوگوں پر — اور ان سب سے ہماری راج کاجی مترتا ہے — اس طرح کا اشارہ ہرگز راجندر بابو جیسے ذمہ دار آدمی کے منہ سے نہیں نکل سکتا ۔ تو پھر کیا یہ للکار ہندستان کے غریب مسلمانوں کے لئے تھی ؟ ہمارا دل بھر آ رہا ہے ۔ کسی آدمی کی کرتوت کے لئے اس کے اس سمے کے یا سیکڑوں برس بعد کے سہدھرمیوں کو للکارنا نہ انصاف

उनका इरादा बदल गया'" गांधी जी की इस बारे में राय हमें अच्छी तरह मालूम है. उनसे हमारी काफ़ी बात चीत हुई. औरों से भी हमारी मौजूदगी में हुई. गांधी जी की आज्ञा से ही हमने सोमनाथ पर वह लेख लिखे जो 'हरिजन' में छपे हुए हैं.

इस मज़मून पर और अधिक लिखने का हमें समय न मिल सका. गांधी जी की राय यह नहीं थी कि सोमनाथ का मन्दिर लोगों के चन्दों से बनाया जाय और सरकार उसमें इस तरह से सहयोग दे जिस तरह दिया गया है. हम पूरी जिम्मेवारी के साथ कह सकते हैं कि सोमनाथ में जो कुछ हुआ वह गांधी जी की राय के मुताबिक़ नहीं हुआ और परलोक में उसे सुनकर गांधी जी की आत्मा सन्तुश्ट नहीं हो सकती.

एक बार बहुत पहले गांधी जी से हमारी इस बारे में भी बात चीत हुई थी कि देश में मन्दिरों और मसजिदों की तादाद ज़रूरत से ज़्यादा है. गांधी जी की साफ़ राय थी कि हर धर्म वालों को इस बात की आज़ादी होना चाहिये कि वह जब भी अपना कोई नया मन्दिर, मसजिद या गिरजा बनाना चाहें तो बना सकें या पुराने की मरम्मत करना चाहें तो कर सकें. पर उनकी अपनी इच्छा यही थी कि इन अलग अलग पूजा बन्दगी के स्थानों की तादाद कम ही हो और कम ही रहे तो अच्छा है.

सुधार का धोका

दुनिया को बड़ी बहादुरी के साथ यह भी बताया गया है कि कट्टर सनातनियों को नाराज़ करके सोमनाथ के इस मामले में बड़े बड़े सुधार किये गए हैं. मन्दिर हरिजनों के लिये खुला रहेगा, ग़ैर हिन्दू भी मन्दिर में जा सकेंगे वग़ैरा. पर ग़ैर हिन्दुओं और हरिजनों के मन्दिर में जा सकने और सोमनाथ बाबा के दर्शन कर सकने का रिवाज तो बहुत पुराना रिवाज है. उस मन्दिर के तीन हिस्सों में से बाहर का हिस्सा हमेशा सब के लिये खुला रहा है. हमें यह भी याद रखना चाहिये कि राजेन्द्र बाबू ने जिस मूर्ति के ऊपर से सोने की पिन हटाई वह 11 मई को सनातन रिवाज के मुताबिक़ अभी बेजान पत्थर थी, देवता नहीं. अभी वह राज मज़दूरों के हाथों में थी, देवता का वासा अभी उस में नहीं हुआ था. अभी उसकी प्रान प्रतिश्ठा होनी बाक़ी थी. प्रान प्रतिश्ठा के बाद मूर्ति देवता बनती है. प्रान प्रतिश्ठा केवल ब्राह्मन पुरोहित ही करेगा. उसमें कोई ग़ैर ब्राह्मन चाहे वह भारत का प्रेसीडेन्ट हो और चाहे कांगरेस का सदर हाथ न लगा सकेगा. इसलिये यह जो सनातन रिवाज में सुधार की बातें दुनिया से कही जा रही हैं इनमें असलियत नहीं के बराबर है.

اُن کا اِرادہ بدل گیا'' گاندھی جی کی اِس بارے میں رائے ہمیں اچھی طرح معلوم ہے . اُن سے ہماری کافی بات چیت ہوئی . اوروں سے بھی ہماری موجودگی میں ہوئی . گاندھی جی کی آگیا سے ہی ہم نے سومناتھ پر وہ لیکھ لکھے جو 'ہریجن' میں چھپے ہوئے ہیں .
اِس مضمون پر اور ادھک لکھنے کا ہمیں سمے نہ مل سکا . گاندھی جی کی رائے یہ نہیں تھی کہ سومناتھ کا مندر لوگوں کے چندوں سے بنایا جائے اور سرکار اُس میں اِس طرح سے سہیوگ دے جس طرح دیا گیا ہے . ہم پوری ذمہ واری کے ساتھ کہہ سکتے ہیں کہ سومناتھ میں جو کچھ ہوا وہ گاندھی جی کی رائے کے مطابق نہیں ہوا اور پرلوک میں اُسے سن کر گاندھی جی کی آتما سنتشٹ نہیں ہو سکتی .

ایک بار بہت پہلے گاندھی جی سے ہماری اِس بارے میں بھی بات چیت ہوئی تھی کہ دیش میں مندروں اور مسجدوں کی تعداد ضرورت سے زیادہ ہے . گاندھی جی کی صاف رائے تھی کہ ہر دھرم والوں کو اِس بات کی آزادی ہونی چاہئیے کہ وہ جب بھی اپنا کوئی نیا مندر، مسجد یا گرجا بنانا چاہیں تو بنا سکیں یا پرانے کی مرمت کرنا چاہیں تو کر سکیں . پر اُن کی اپنی اِچھا یہی تھی کہ اِن الگ الگ پوجا بندگی کے ستھانوں کی تعداد کم ہی ہو اور کم ہی رہے تو اچھا ہے .

سدھار کا دھوکا

دنیا کو بڑی بہادری کے ساتھ یہ بھی بتایا گیا ہے کہ کٹر سناتنیوں کو ناراض کرکے سومناتھ کے اِس معاملے میں بڑے بڑے سدھار کئے گئے ہیں. مندر ہریجنوں کے لئے کھلا رہے گا، غیر ہندو بھی مندر میں جا سکیں گے وغیرہ . پر غیر ہندوؤں اور ہریجنوں کے مندر میں جا سکنے اور سومناتھ بابا کے درشن کر سکنے کا رواج تو بہت پرانا رواج ہے . اُس مندر کے تین حصوں میں سے باہر کا حصہ ہمیشہ سب کے لئے کھلا رہا ہے . ہمیں یہ بھی یاد رکھنا چاہئیے کہ راجندر بابو نے جس مورتی کے اوپر سے سونے کی پن ہٹائی وہ 11 مئی کو سناتن رواج کے مطابق ابھی بےجان پتھر تھی، دیوتا نہیں . ابھی وہ راج مزدوروں کے ہاتھوں میں تھی، دیوتا کا باسا ابھی اُس میں نہیں ہوا تھا . ابھی اُس کی پران پرتشٹھا ہونی باقی تھی . پران پرتشٹھا کے بعد مورتی دیوتا بنتی ہے . پران پرتشٹھا کیول براہمن پروہت ہی کرے گا . اُس میں کوئی غیر براہمن چاہے وہ بھارت کا پریسیڈنٹ ہو اور چاہے کانگریس کا صدر ہاتھ نہ لگا سکے گا . اِس لئے یہ جو سناتن رواج میں سدھار کی باتیں دنیا سے کہی جا رہی ہیں اِن میں اصلیت نہیں کے برابر ہے .

कर चुकी है. इस पर भी कहा जा सकता है कि एक ग़ैर जानिबदार सरकार भी किसी भी धर्म के मंदिरों, मसजिदों, गिरजों या गुरुद्वारों को इस तरह जमीनें दे सकती है. हम यह पूछना नहीं चाहते कि सौराष्ट्र सरकार ने अपने राज के ईसाइयों, मुसलमानों, पारसियों या दूसरे धर्म वालों के पाक स्थानों को अब तक कितनी जमीनें दीं. पर हम ज़रा और आगे बढ़ें. क्या हम सचमुच ठंडे दिल से यह कह सकते हैं कि सौराष्ट्र सरकार या भारत सरकार का इस सोमनाथ के मामले से कोई सम्बन्ध नहीं? राजेन्द्र बाबू वहाँ भारत के प्रेसीडेन्ट की हैसियत से गए थे या एक बहुत बड़े शैव की हैसियत से? कांगरेस प्रेसीडेन्ट वहाँ क्या केवल अपनी निजी हैसियत से ही मौजूद थे? सौराष्ट्र के राज प्रमुख और बड़े वज़ीर यानी वहाँ की सरकार के दोनों बड़े अफ़सर क्या उस सूबे के सब से बड़े शिव भक्त भी हैं और क्या वह केवल इसी हैसियत से आगे आगे हिस्सा ले रहे थे? और फिर भारत के तमाम सूबों से सब सरकारों और युनिवर्सिटियों के प्रतिनिधि वहाँ किस हैसियत से और किसके हुकुम से बुलाए गए थे? और आगे बढ़िये. दुनिया भर के चौहत्तर देशों से जो जगह जगह की मिट्टी और बनस्पति मंगाई गई वह किसके हुकुम से? जापान जैसे देश के भारती राजदूत या उसके अमले वालों ने जो वहाँ से फ़ूजी पहाड़ की मिट्टी और बनस्पति लेकर भेजी वह किसके हुकुम से और क्यों? यह एक जानने की चीज़ है कि भारत सरकार, सूबों की सरकारों और विदेशों में हमारे राजदूतों ने इस सारे मामले में क्या खर्च किया और किसके हुकुम से किया. आख़िर सोमनाथ के मन्दिर का हमारे विदेशी विभाग के साथ क्या सम्बन्ध है? एक सौ एक तोपें क्या किसी और धर्म के मसजिद, गिरजा या गुरुद्वारे के पुनरुद्धार में भी छोड़ी गईं या छोड़े जाने की तजवीज़ है? हम नहीं कह सकते कि भारत सरकार का मंत्रिमंडल इस काम के लिये कहाँ तक ज़िम्मेवार है. हमें यह भी नहीं मालूम कि ऐसे मामलों में प्रेसीडेन्ट के लिये मंत्रिमंडल से या प्रधान मंत्री से सलाह कर लेना कहाँ तक ज़रूरी है या नहीं है. लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि जो लोग देश के बहुगिनत लोगों के धर्म को खेंच तानकर किसी न किसी रूप में भारत का राष्ट्री धर्म बनाने के चक्कर में हैं उन्हें हमारी सरकारों को इस काम के अन्दर घसीट लेने में एक बार पूरी कामयाबी मिली है.

गांधी जी और सोमनाथ

श्री० मुंशी ने ठीक कहा है कि "सरदार वल्लभ भाई पटेल सोमनाथ के मंदिर को सरकारी खर्च पर फिर से बनवाना चाहते थे पर गांधी जी के विरोध करने पर

کر چکی ہے . اِس پر بھی کہا جاسکتا ہے کہ ایک غیرجانبدار سرکار بھی کسی بھی دھرم کے مندروں، مسجدوں، گرجوں یا گوردواروں کو اس طرح زمینیں دے سکتی ہے . ہم یہ پوچھنا نہیں چاہتے کہ سوراشٹر سرکار نے اپنے راج کے عیسائیوں، مسلمانوں، پارسیوں یا دوسرے دھرم والوں کے پاک ستھانوں کو ابتک کتنی زمینیں دیں . پر ہم ذرا اور آگے بڑھیں . کیا ہم سچ مچ ٹھنڈے دل سے یہ کہہ سکتے ہیں کہ سوراشٹر سرکار یا بھارت سرکار کا اس سومناتھ کے معاملے سے کوئی سمبندھ نہیں ؟ راجندر بابو وہاں بھارت کے پریسیڈنٹ کی حیثیت سے گئے تھے یا ایک بہت بڑے شیو کی حیثیت سے ؟ کانگریس پریسیڈنٹ وہاں کیا کیول اپنی نجی حیثیت سے ہی موجود تھے ؟ سوراشٹر کے راج پرمکھ اور بڑے وزیر یعنی وہاں کی سرکار کے دونوں بڑے افسر کیا اس صوبے کے سب سے بڑے شیو بھگت بھی ہیں اور کیا وہ کیول اسی حیثیت سے آگے آگے حصہ لے رہے تھے ؟ اور پھر بھارت کے تمام صوبوں سے سب سرکاروں اور یونیورسٹیوں کے پرتیندھی وہاں کس حیثیت سے اور کس کے حکم سے بلائے گئے تھے ؟ اور آگے بڑھیئے . دنیا بھر کے چوہتر دیشوں سے جو جگہ جگہ کی مٹی اور بنسپتی منگائی گئی وہ کس کے حکم سے ؟ جاپان جیسے دیش کے بھارتی راج دوت یا اسکے عملے والوں نے جو وہاں سے فوجی پہاڑ کی مٹی اور بنسپتی لے کر بھیجی وہ کس کے حکم سے اور کیوں ؟ یہ ایک جاننے کی چیز ہے کہ بھارت سرکار، صوبوں کی سرکاروں اور ودیشوں میں ہمارے راج دوتوں نے اِس سارے معاملے میں کیا خرچ کیا اور کس کے حکم سے کیا . آخر سومناتھ کے مندر کا ہمارے ودیشی وبھاگ کے ساتھ کیا سمبندھ ہے ؟ ایک سو ایک توپیں کیا کسی اور دھرم کے مسجد، گرجا یا گوردوارے کے پنرودھار میں بھی چھوڑی گئیں یا چھوڑے جانے کی تجویز ہے ؟ ہم نہیں کہہ سکتے کہ بھارت سرکار کا منتری منڈل اِس کام کے لئے کہاں تک ذمہ‌وار ہے . ہمیں یہ بھی نہیں معلوم کہ ایسے معاملوں میں پریسیڈنٹ کے لئے منتری منڈل سے یا پردھان منتری سے صلاح کر لینا کہاں تک ضروری ہے یا نہیں ہے . لیکن اِس میں کوئی شک نہیں کہ جو لوگ دیش کے بہوگنت لوگوں کے دھرم کو کھینچ تان کر کسی نہ کسی روپ میں بھارت کا راشٹری دھرم بنانے کے چکر میں ہیں اُنہیں ہماری سرکاروں کو اِس کام کے اندر گھسیٹ لینے میں ایک بار پوری کامیابی ملی ہے .

گاندھی جی اور سومناتھ

شری منشی نے ٹھیک کہا ہے کہ "سردار ولبھ بھائی پٹیل سومناتھ کے مندر کو سرکاری خرچ پر پھر سے بنوانا چاہتے تھے پر گاندھی جی کے ورودھ کرنے پر

विश्वास और उन क़ीमतों पर क़ायम हैं जिन पर हम अनन्त युगों से क़ायम चले आ रहे हैं......यह मशहूर इतिहासी मन्दिर हमारे सनातन विश्वास की एक निशानी है जिसे फिर से पूरे जोश के साथ क़ायम करने का काम हम अपने ऊपर ले रहे हैं."

ज़ाहिर है राजेन्द्र बाबू और उनके साथी किसी बीते समय की 'राजकाजी और समाजी हालतों' को फिर से लाना चाह रहे हों या न चाह रहे हों कम से कम उस बीते ज़माने की धार्मिक हालतों, ख़ास कर शिवलिंग की स्थापना और उसकी पूजा को वह पूरे जोश के साथ क़ायम करना चाह रहे हैं

पुराने ज़ख़्मों को हरा करना

दूसरी मारके की बात राजेन्द्र बाबू ने ऊपर के फ़िक़रे में यह कही है कि वह पुराने ज़ख़्मों को हरा करना नहीं चाहते. हम उनकी बात मान लेते हैं. फिर भी इस फ़िक़रे को पढ़ कर हमें हैरानी और दुख हुआ. हमारे दिल में राजेन्द्र बाबू की इज़्ज़त है, हमें उनसे प्रेम है, हम उन्हें अपना भाई मानते हैं. हम उन्हीं से अपील करना चाहते हैं कि वह भारत के किसी हिस्से में दौरा करके और आम जनता में मिल कर देखें या मई महीने के देसी भाशाओं के अख़बारों की फ़ाइलों को उलट पुलट कर देखें और फिर ठंडे दिल से बतावें कि सोमनाथ के इस नए उद्धार से कोई पुराना ज़ख़्म हरा हुआ या नहीं और हुआ तो किस दरजे तक. हम यह समझ ही नहीं सकते कि इस सारी घटना से कोई किसी दूसरे नतीजे की आशा कैसे कर सकता था.

सरकार की ज़िम्मेवारी

श्री के. एम. मुँशी ने किशोरलाल भाई के नाम अपने ख़त में यह भी लिखा है कि "यह काम सरकार की तरफ़ से नहीं हो रहा है बल्कि मन्दिर को बनाने और सोमनाथ की मूर्ती को फिर से क़ायम करने का सारा ख़र्च एक ट्रस्ट से किया जा रहा है जो आम चन्दों से क़ायम हुआ है." हो सकता है सौराष्ट्र सरकार ने असली धार्मिक रसम के लिये कुछ ख़र्च न किया हो. लेकिन श्री मुंशी ही के अनुसार सरकार ने चारों तरफ़ से सड़कों की मरम्मत करवाने में, उन पर रोशनी और जगह जगह पानी का इन्तज़ाम करने में और यात्रियों को सब तरह की सुविधाएँ देने में तो रुपया ख़र्च किया. इस पर कहा जाता है कि सरकार इस तरह का इन्तज़ाम सब मेलों ठेलों पर करती ही है. पर जाम साहब ने जो सौराष्ट्र के राज प्रमुख हैं यह भी एलान किया कि सरकार इमारतों वग़ैरा के अलावा एक सौ दस एकड़ फल की ज़मीन और दो सौ इकयासी एकड़ खेती के क़ाबिल ज़मीन नए मन्दिर को देने का फ़ैसला

اس اور اُن قیمتوں پر قائم ھیں جن پر ہم
ت یگوں سے قائم چلے آرھے ھیں ...... یہ مشہور
اسی مندر ھمارے سناتن وشواس کی ایک نشانی
جسے پھر سے پورے جوش کے ساتھ قائم کرنے کا کام ھم
اوپر لے رھے ھیں."

ظاہر ھے راجندر بابو اور اُنکے ساتھی کسی بیتے
ے کی 'راج کاجی اور سماجی حالتوں' کو پھر سے لانا
اہ رھے ھوں یا نہ چاہ رھے ھوں کم سے کم اُس بیتے
انے کی دھارمک حالتوں' خاص کر شیولنگ کی
تھاپنا اور اُسکی پوجا کو وہ پورے جوش کے ساتھ قائم
نا چاہ رھے ھیں .

انے زخموں کو ھرا کرنا

دوسری معرکے کی بات راجندر بابو نے اوپر کے فقرے
ں یہ کہی ھے کہ وہ پرانے زخموں کو ھرا کرنا نہیں
اھتے . ھم اُن کی بات مان لیتے ھیں . پھر بھی اِس
رے کو پڑھکر ھمیں حیرانی اور دکھ ھوا . ھمارے
ل میں راجندر بابو کی عزت ھے ھمیں اُن سے پریم
. ھم اُنھیں اپنا بھائی مانتے ھیں . ھم اُنھیں سے
یل کرنا چاھتے ھیں کہ وہ بھارت کے کسی حصے میں
رہ کرکے اور عام جنتا میں ملکر دیکھیں یا مئی مہینے
، دیسی بھاشاؤں کے اخباروں کی فائلوں کو اُلٹ پلٹ
دیکھیں اور پھر ٹھنڈے دل سے بتاویں کہ سومناتھ
، اِس نئے اُدھار سے کوئی پرانا زخم ھرا ھوا یا نہیں
ر ھوا تو کس درجے تک . ھم یہ سمجھ ھی نہیں سکتے
ہ اِس ساری گھٹنا سے کوئی کسی دوسرے نتیجے کی
شا کیسے کر سکتا تھا .

سرکار کی ذمہ واری

شری کے . ایم . منشی نے کشورلال بھائی کے نام
پے خط میں یہ بھی لکھا ھے کہ "یہ کام سرکار کی طرف
ے نہیں ھورھا ھے بلکہ مندر کو بنانے اور سومناتھ
ی مورتی کو پھر سے قائم کرنے کا سارا خرچ ایک ٹرسٹ
ے کیا جارہا ھے جو عام چندوں سے قائم ھوا ھے." ھو
سکتا ھے سوراشٹر سرکار نے اصلی دھارمک رسم کے لئے
چھ خرچ نہ کیا ھو . لیکن شری منشی ھی کے انوسار
سرکار نے چاروں طرف سے سڑکوں کی مرمت کروانے میں'
ن پر روشنی اور جگہ جگہ پانی کا انتظام کرنے میں
ور یاتریوں کو سب طرح کی سودھائیں دینے میں
و روپیہ خرچ کیا . اِس پر کہا جاتا ھے کہ سرکار اِس
طرح کا انتظام سب میلوں ٹھیلوں پر کرتی ھی ھے .
ر جام صاحب نے جو سوراشٹر کے راج پر مکھ ھیں
یہ بھی اعلان کیا کہ سرکار عمارتوں وغیرہ کے علاوہ ایک
سودس ایکڑ پھلوں کی زمین اور دو سو اکیاسی ایکڑ
کھیتی کے قابل زمین نئے مندر کو دینے کا فیصلہ

इस देश को धर्म के सम्बन्ध में पूरी तरह ग़ैर जानिबदार यानी सेकूलर रखना चाहते हैं और अपने अमल से भी इस ग़ैर जानिबदारी के असूल को निबाहना चाहते हैं.

कुछ दिन हुए हमने अंगरेज़ी के अख़बार 'आरगेनाइज़र', में, जो आर० एस० एस० का अख़बार समझा जाता है, एक लेख पढ़ा था जिसमें यह बताया गया था कि "राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ केवल हिन्दुओं का राज नहीं चाहता, वह किसी एक धर्म वालों का राज नहीं चाहता, वह यह भी नहीं चाहता कि हमारे राज में किसी के साथ धर्म की बिना पर किसी तरह की कोई रु रिआयत की जावे या किसी धर्म वालों के साथ किसी मामले में भी किसी तरह का भेद भाव बरता जावे, वह चाहता है कि देश की सरकार इस मामले में बिलकुल ग़ैर जानिबदार हो और सब धर्म वालों के साथ सब बातों में एक बराबर बरताव हो, सब को एक से मौक़े दिये जावें और सब के बराबर के हक़ हों, वग़ैरा." यह हमने उस लेख के एक हिस्से का निचोड़ अपने शब्दों में यादहाश्त से देने की कोशिश की है. हमें 'आरगेनाइज़र' के इस लेखक की नियत में शक नहीं वह जो जी से चाहता था वही उसने लिखा.

केवल नेक इरादे काफ़ी नहीं

पर हम दुनिया में, जो इनसानों और क़ौमों दोनों के लिये एक कठिन आज़माइश की जगह है, केवल नेक इरादों से काम नहीं चल सकता. अंगरेज़ी की एक मशहूर कहावत है—"नरक का रास्ता नेक इरादों से पटा पड़ा है" हम में से हर एक को अपने हर काम और उसके अच्छे बुरे नतीजों पर हर पहलू से ग़ौर करना होगा, और अपने कामों के क़ुदरती नतीजों की ज़िम्मेवारी अपने ऊपर लेनी होगी.

राजेन्द्र बाबू ने उसी तक़रीर में एक जगह कहा है कि "मैं इस बात को साफ़ कर देना चाहता हूँ कि इन जलसों का न यह मतलब है न हो सकता है कि हम अपने देश में किसी पुराने ज़माने की राजकाजी और समाजी हालतों को फिर से क़ायम करना चाह रहे हैं, न इसका यह मतलब है कि हम उस दिमाग़ी या जिसमानी ज़ख़म को फिर से हरा करना चाह रहे हैं जिसे समय ने अपने आप भर दिया था."

पुराने ज़माने को फिर से लाना

जहाँ तक राजकाजी और समाजी हालतों का सम्बन्ध है, सचमुच के कोशिश करने पर भी किसी बीते ज़माने की सब राजकाजी और समाजी हालतें फिर से नहीं आ सकतीं. समय की गति किसी के रोके नहीं रुक सकती. पर राजेन्द्र बाबू ही ने आगे चल कर कहा है—"यहाँ हमारा मक़सद सिर्फ़ नए सिरे से यह एलान करना है कि हम उस

اِس دیش کو دھرم کے سمبندھ میں پوری طرح غیرجانبدار یعنی سیکولر رکھنا چاہتے ہیں اور اپنے عمل سے بھی اس غیرجانبداری کے اصول کو نباہنا چاہتے ہیں۔

کچھ دن ہوئے ہم نے انگریزی کے اخبار 'آرگنائزر' میں، جو آر۔ ایس۔ ایس۔ کا اخبار سمجھا جاتا ہے، ایک لیکھ پڑھا تھا جس میں یہ بتایا گیا تھا کہ "راشٹریہ سویم سیوک سنگھ کیول ہندوؤں کا راج نہیں چاہتا وہ کسی ایک دھرم والوں کا راج نہیں چاہتا وہ یہ بھی نہیں چاہتا کہ ہمارے راج میں کسی کے ساتھ دھرم کی بنا پر کسی طرح کی کوئی رو رعایت کی جاوے یا کسی دھرم والوں کے ساتھ کسی معاملے میں بھی کسی طرح کا بھید بھاؤ برتا جاوے۔ وہ چاہتا ہے کہ دیش کی سرکار اس معاملے میں بالکل غیرجانبدار ہو اور سب دھرم والوں کے ساتھ سب باتوں میں ایک برابر برتاؤ ہو سب کو ایک سے موقعے دئے جاویں اور سب کے برابر کے حق ہوں، وغیرہ۔" یہ ہم نے اُس لیکھ کے ایک حصے کا نچوڑ اپنے شبدوں میں یادداشت سے دینے کی کوشش کی ہے۔ ہمیں 'آرگنائزر' کے اس لیکھک کی نیت میں شک نہیں وہ جو جی سے چاہتا تھا وہی اس نے لکھا

کیول نیک ارادے کافی نہیں

پر اس دنیا میں، جو انسانوں اور قوموں دونوں کے لئے ایک کٹھن آزمائش کی جگہ ہے، کیول نیک ارادوں سے کام نہیں چل سکتا۔ انگریزی کی ایک مشہور کہاوت ہے—"نرک کا راستہ نیک ارادوں سے پٹا پڑا ہے" ہم میں سے ہر ایک کو اپنے ہر کام اور اسکے اچھے برے نتیجوں پر ہر پہلو سے غور کرنا ہوگا اور اپنے کاموں کے قدرتی نتیجوں کی ذمہ داری اپنے اوپر لینی ہوگی۔

راجندر بابو نے اُسی تقریر میں ایک جگہ کہا ہے کہ "میں اِس بات کو صاف کردینا چاہتا ہوں کہ اِن جلسوں کا نہ یہ مطلب ہے نہ ہوسکتا ہے کہ ہم اپنے دیش میں کسی پرانے زمانے کی راج کاجی اور سماجی حالتوں کو پھر سے قائم کرنا چاہ رہے ہیں، نہ اِس کا یہ مطلب ہے کہ ہم اُس دماغی یا جسمانی زخم کو پھر سے ہرا کرنا چاہ رہے ہیں جسے سمے نے اپنے آپ بھر دیا تھا"

پرانے زمانے کو پھر سے لانا

جہاں تک راج کاجی اور سماجی حالتوں کا سمبندھ ہے، سچ مچ کوشش کرنے پر بھی کسی بیتے زمانے کی سب راج کاجی اور سماجی حالتیں پھر سے نہیں آسکتیں۔ سمے کی گتی کسی کے روکے نہیں رک سکتی۔ پر راجندر بابو ہی نے آگے چلکر کہا ہے—"یہاں ہمارا مقصد صرف نئے سرے سے یہ اعلان کرنا ہے کہ ہم اُس

सोमनाथ फिर

11 मई '51 को सोमनाथ के फिर से उद्धार का मेला हो गया. मई के 'नया हिन्द' में हम इस बारे में अपनी राय दे चुके हैं. उसके बाद हमने राजेन्द्र बाबू की सोमनाथ की तक़रीर को और भाई किशोरलाल मशरूवाला के नाम श्री के० एम० मुंशी के उस ख़त को, जो 5 मई के 'हरिजन' में छपा है और जिसमें उन्होंने कुछ एतराज़ों पर अपनी सफ़ाई देने की कोशिश की है, ध्यान से पढ़ा.

नेक इरादे

26 मई के 'हरिजन' में राजेन्द्र बाबू की तक़रीर का नीचे लिखा हिस्सा 'नागपुर टाइम्स' से लेकर छापा गया है:—

'हमारे देश में इसकी बहुत बड़ी ज़रूरत है कि हम में से हर एक इस बात को अच्छी तरह समझ ले कि हर जमाअत और हर मज़हब के लिये आदर और बराबरी का भाव रखते हुए बरतना ही हमारे लिये सबसे अच्छा रास्ता है. हमारी सारी क़ौम और देश का और हममें से हर एक का भला इसी में है. इसी श्रद्धा और विश्वास के कारन हमारे संघ (यूनियन) ने धर्म के मामले में ग़ैर जानिबदारी (सैकुलरिज़्म) की नीति अपनाई है और सब को यह भरोसा दिया है कि इस देश के किसी सम्प्रदाय या यहाँ के किसी आदमी के ख़िलाफ़ धर्म की बिना पर किसी तरह का भेद भाव नहीं बरता जायगा. और हर एक को वह सब मौक़े और सुविधाएँ दी जायँगी जो दूसरों को मिली हुई हों. इसी आदर्श के अनुसार मैं सब धर्मों के लिये आदर और प्रेम रखता हूँ.

"मैं ख़ुद अपनी श्रद्धा और अपने रोज़ के अमल में सनातनी हिन्दू हूँ और आम तौर पर सनातन धर्म के रिवाजों के मुताबिक़ अपने ईश्वर की पूजा प्रार्थना करता हूँ. फिर भी मुझे विश्वास है कि धर्म को मानने वाला हर आदमी अपने ही धर्म के नियमों के अनुसार भगवान की पूजा करते हुए उस तक पहुँच सकता है. इस तरह मेरे दिल में न सिर्फ़ सब धर्मों के लिये और उनके पूजा के स्थानों के लिये आदर है बल्कि जब कभी मुझे मौक़ा मिलता है, मैं अपना आदर दरशाने के लिये उनमें जाता भी हूँ. जब कभी मौक़ा मिलता है मैं दरगाह और मस्जिद में, गिरजा और गुरुद्वारे में उसी आदर भाव से जाता हूँ जिस आदर भाव से मैं अपने धर्म के मन्दिरों में जाता हूँ.''

राजेन्द्र बाबू के इन साफ़ साफ़ फ़िक़रों के बाद सोमनाथ के मामले में उन की नियत पर किसी तरह के शक की गुंजायश नहीं रह जाती. ज़ाहिर है कि वह इस राज और

سومناتھ پھر

11 مئی '51' کو سومناتھ کے پھر سے اُددھار کا میلہ
ا. مئی کے 'نیاہند' میں ہم اِس بارے میں
رائے دے چکے ہیں اُسکے بعد ہم نے راجندر بابو
سومناتھ کی تقریر کو اور بھائی کشورلال مشروواﻻ
نام شری کے ایم. منشی کے اُس خط کو' جو
مئی کے 'ہریجن' میں چھپا ہے اور جس میں
نے کچھ اعتراضوں پر اپنی صفائی دینے کی کوشش
ہے' دھیان سے پڑھا.

نیک ارادے

26 مئی کے 'ہریجن' میں راجندر بابو کی تقریر کا
لکھا حصہ 'ناگپور ٹائمس' سے لے کر چھاپا گیا ہے :—

''ہمارے دیش میں اِسکی بہت بڑی ضرورت ہے
ہم میں سے ہر ایک اِس بات کو اچھی طرح سمجھ
ہر جماعت اور ہر مذہب کے لئے آدر اور برابری
بھاؤ رکھتے ہوئے برتنا ہی ہمارے لئے سب سے اچھا
ہے. ہماری ساری قوم اور دیش کا اور ہم میں
ہر ایک کا بھلا اِسی میں ہے. اِسی شردھا اور
س کے کارن ہمارے سنگھ (یونین) نے دھرم کے
لے میں غیرجانبداری (سیکولرزم) کی نیتی
ئی ہے اور سبکو یہ بھروسہ دیا ہے کہ اِس دیش کے
سمپردائے یا یہاں کے کسی آدمی کے خلاف دھرم
بناپر کسی طرح کا بھید بھاؤ نہیں برتا جائیگا.
ہر ایک کو وہ سب موقعے اور سوودھائیں دی
یںگی جو دوسروں کو ملی ہوئی ہوں اِسی آدرش کے
ار میں سب دھرموں کے لئے آدر اور پریم رکھتا ہوں.
''میں خود اپنی شردھا اور اپنے روز کے عمل میں
تنی ہندو ہوں اور عام طور پر سناتن دھرم کے
جوں کے مطابق اپنے ایشور کی پوجا پراردھنا کرتا ہوں'
بھی مجھے وشواس ہے کہ دھرم کو ماننے والا ہر
اپنے ہی دھرم کے نیموں کے انوسار بھگوان کی پوجا
ہوئے اُس تک پہنچ سکتا ہے. اِس طرح میرے
میں نہ صرف سب دھرموں کے لئے اور اُنکے پوجا
ستھانوں کے لئے آدر ہے بلکہ جب کبھی مجھے موقع
ا ہے' میں اپنا آدر درشانے کے لئے اُن میں جاتا بھی
. جب کبھی موقع ملتا ہے میں درگاہ اور مسجد میں'
ا اور گرودوارے میں اُسی آدربھاؤ سے جاتا ہوں جس
بھاؤ سے میں. اپنے دھرم کے مندروں میں جاتا ہوں.''

راجندر بابو کے اِن صاف صاف فقروں کے بعد سومناتھ
معاملے میں اُن کی نیت پر کسی طرح کے شک
گنجائش نہیں رہ جاتی. ظاہر ہے کہ وہ اِس راج اور

था. इस नई ज़िन्दगी में अपने को ख़ास जतन करने पर भी खपा न सकीं और आहिस्ता आहिस्ता ख़तम होगईं.

वेश्यापन और गुप्त रोग दोनों रूस में अब सपना हैं. सन् 39 में डाक्टरी के विद्यार्थियों को दिखाने के लिये गुप्त रोगों के रोगी तक न मिल सकते थे. यूक्रेन में जरमन क़ब्ज़े के दिनों में कुछ स्त्रियाँ ज़बरदस्ती फिर वेश्याएँ बनाई गई थीं. लेकिन हिटलरी फ़ौजों के हटते ही ख़ुद ही यह वेश्याएँ अपना मान पहचान गईं और फिर वह पेशा छोड़ कर देस की उन्नति में अच्छे नागरिकों की तरह भाग लेने लगीं.

इस तरह कम्युनिस्ट रूस ने पन्द्रह बरस के अन्दर वह पाप लगभग जड़ से ख़तम कर दिया जिसको मिटाने की असफल कोशिशें धर्म सुधारक, सदाचार के पंडित और राजकाजी धुरंधर सभी हमेशा से करते चले आ रहे थे.

(बाक़ी फिर)

चिता

चिता ! तू जीत न मुझको पाए
जल जल मुझे जलाती क्या है, तू ख़ुद ही जल जाए !

चित कर दिया सही, हाँ तूने
घेर लिया तेरी धू धू ने
लिपटा लिया लपट की लू ने
समझ, समझ ले जी में, मुझसे पहले तू मर जाए !

घुमड़ रही है तू घबराई
फफक रही है तू पजराई
चिते ! कहाँ पर शान्ति-हिराई
खोकर शान्ति उसे जीतेगी, नेक न जो घबराए ?

ले मैं तुझ पर लेट चुका हूँ
चुप चुप चित्त लपेट चुका हूँ
मैं मालिक से भेंट चुका हूँ
जल कर, जल भर ले जा सकती, राख न तू ले पाए !

हवा हवा में शामिल करदे
पानी को पानी में भर दे
मिट्टी को धरती में धरदे
एक आग ले, तू अच्छी है, तू तो करज' चुकाए !
चिता ! तू जीत न मुझको पाए.

—भगवानदीन

تھا۔ وہ نئی زندگی میں اپنے کو لاکھ جتن کرنے پر بھی کھپا نہ سکیں اور آہستہ آہستہ ختم ہوگئیں۔

ویشیاپن اور گپت روگ دونوں روس میں اب سپنا ہیں۔ سن 39 میں ڈاکٹری کے ودیارتھیوں کو دکھانے کے لئے گپت روگوں کے روگی تک نہ مل سکتے تھے۔ یوکرین میں جرمن قبضے کے دنوں میں کچھ استریاں زبردستی پھر ویشیائیں بنائی گئی تھیں۔ لیکن ہٹلری فوجوں کے ہٹتے ہی خود ہی یہ ویشیائیں اپنا مان پہچان گئیں اور پھر وہ پیشہ چھوڑ کر دیس کی انتی میں اچھے ناگرکوں کی طرح بھاگ لینے لگیں۔

اس طرح کمیونسٹ روس نے پندرہ برس کے اندر وہ پاپ لگ بھگ جڑ سے ختم کر دیا جس کو مٹانے کی اسپھل کوششیں دھرم سدھارک، سداچار کے پنڈت اور راج کاجی دھرندھر سبھی ہمیشہ سے کرتے چلے آرہے تھے۔

(باقی پھر)

چتا

چتا ! تو جیت نہ مجھکو پائے
جل جل مجھے جلاتی کیا ہے، تو خود ہی جل جائے!

چت کر دیا سہی، ہاں تونے
گھیر لیا تیری دھو دھو نے
لپٹا لیا لپٹ کی لو نے
سمجھ، سمجھ لے جی میں، مجھسے پہلے تو مر جائے!

گھمڑ رہی ہے تو گھبرائی
پھپھک رہی ہے تو پجرائی
چتے! کہاں پر شانتی ہرائی؟
کھو کر شانتی اسے جیتے گی، نیک نہ جو گھبرائے؟

لے میں تجھ پر لیٹ چکا ہوں
چپ چپ چت لپیٹ چکا ہوں
میں مالک سے بھینٹ چکا ہوں
جل کر، جل بھر لے جاسکتی، راکھ نہ تو لے پائے!

ہوا ہوا میں شامل کر دے
پانی کو پانی میں بھر دے
مٹی کو دھرتی میں دھر دے
ایک آگ لے، تو اچھی ہے، تو تو قرض چکائے!
چتا تو جیت نہ مجھکو پائے۔

— بھگوان دین

बाद में डर निकल गया. इन केन्द्रों में इलाज के साथ साथ ऐसे काम भी सिखाए गए जिनसे यह औरतें इज्जत के साथ रोजी कमा सकें. खाली रोग दूर कर देने से काम नहीं बनता था. ऐसी हालत भी पैदा करनी थी जिनमें यह रोग फिर सर न उठा सके. इन केन्द्रों में औरतों को बढ़िया ट्रेनिंग दी गई. राष्ट्र निर्मान में उनका महत्व बताकर उनके अभिमान को जगाया गया इन बातों का उनके दिलों और दिमाग़ों पर ज़बरदस्त असर पड़ा.

अलग अलग दरजे के रोगी इन केन्द्रों में थे. कोई जल्दी अच्छा हुआ और कोई देर में. सब तरफ़ से छुट्टी पाकर सोवियत अधिकारियों ने वेश्यापन पर आख़िर हमला किया. केन्द्रों से निकली स्त्रियों को बसाने की योजना तैयार की गई—

(1) कोई औरत उस समय तक इन केन्द्रों से न निकाली गई जब तक उसके इज्जतदार समाजी जिन्दगी बिताने के लिये पूरा इन्तज़ाम न हो गया. उसकी पिछली जिन्दगी बिलकुल गुप्त रक्खी गई. समाजी कार करताओं ने उस स्त्री की रुचि के अनुसार काम ढूँढ रक्खा था. यह भी इन्तज़ाम किया गया था कि वह औरत ऐसे लोगों के साथ रहे जो सदाचार के स्तर से गिरे नहीं थे.

(2) कुछ चुने लोगों ने ऐसी औरतों की देख भाल और मदद का बीड़ा उठा लिया कम से कम कोई एक ऐसा सहायक हर औरत के साथ साथ काम भी करता था.

(3) हर जिले में देख रेख करने वाले दलों को इकट्ठा करके एक सहायता कौंसिल बना दी गई. इसकी बैठक महीने में तीन मरतबा होती थी और यह लोग डाक्टरों, मनोविज्ञानियों और फ़ैक्ट्रियों के मैनेजरों से सलाह मशविरा करते थे. इस तरह जब किसी को कोई कठिनाई पड़ती थी तो फ़ौरन तजरबेकार लोगों की हमदर्दी और अमली सहायता मिल जाती थी. बाद में कौंसिल के काम को इन्हीं रोगियों ने ख़ूब बढ़ाया और अपने दूसरे साथियों की ख़ूब मदद की

(4) इस कौंसिल ने एक क़ानून समिति बनादी जो शादी, नौकरी, मज़दूरी, किराया वग़ैरा के किसी भी झगड़े में औरतों को मदद दे सके.

(5) पहले के रोगियों से प्रार्थना की गई कि वह ट्रेनिंग केन्द्रों के अन्दर भरती लोगों से ख़त किताबत करें और उनकी हिम्मत बढ़ाएँ.

इन केन्द्रों से निकली हुई अस्सी फ़ी सदी औरतों ने फ़ैक्ट्री, फ़ार्म वग़ैरा मे अच्छे अच्छे काम किये और सम्मान हासिल किया इनमें से बहुत बड़ी तादाद ने शादी की और माएँ बन गईं. 19 फ़ीसदी से कुछ कम औरतें ऐसी थीं जिन्हें दोबारा केन्द्रों में आना पड़ा. बाक़ी यानी एक फ़ीसदी पर पिछली जिन्दगी का ज़बरदस्त ख़राब असर

ڈمیں کر نکل گیا . اِن کیندروں میں علاج کے ساتھ ساتھ سے کام بھی سکھائے گئے جن سے یہ عورتیں عزت کے ساتھ روزی سکیں . خالی روگ دور کر دینے سے کام نہیں بنتا تھا ، سی حالت بھی پیدا کرنی تھی جس میں یہ روگ پھر ر نہ اُٹھا سکے . اِن کیندروں میں عورتوں کو بڑھیا ٹریننگ گئی راشٹر نرمان میں اُن کا مہتو بتاکر اُن کے بھیمان کو جگایا گیا . اِن باتوں کا اُن کے دلوں اور دماغوں زبردست اثر پڑا .

الگ الگ درجے کے روگی اِن کیندروں میں تھے . کوئی جلدی اچھا ہوا اور کوئی دیر میں سب طرف سے چھٹی کر سوویت ادھیکاریوں نے ویشیا پن پر آخری حملہ کیا . ندروں سے نکلی استریوں کو بسانے کی یوجنا تیار گئی —

(1) کوئی عورت اُس سمے تک اِن کیندروں سے نہ نکالی ی جب تک اُس کے عزت دار سماجی زندگی بتانے کے لئے را انتظام نہ ہوگیا . اُس کی پچھلی زندگی بالکل گپت ی گئی . سماجی کارکرتاؤں نے اُس استری کی رچی کے وسار کام ڈھونڈھ رکھا تھا . یہ بھی انتظام کیا گیا تھا کہ عورت ایسے لوگوں کے ساتھ رہے جو سداچار کے استر سے ے نہیں تھے .

(2) کچھ چنے لوگوں نے ایسی عورتوں کی دیکھ بھال ر مدد کا بیڑا اُٹھا لیا . کم سے کم کوئی ایک ایسا سہایک ر عورت کے ساتھ ساتھ کام بھی کرتا تھا .

(3) ہر ضلع میں دیکھ ریکھ کرنے والے دلوں کو اکٹھا کے ایک سہایتا کونسل بنادی گئی . اِس کی بیٹھک ہینے میں تین مرتبہ ہوتی تھی اور یہ لوگ ڈاکٹروں ، نوگیانیوں اور فیکٹریوں کے منیجروں سے صلاح مشورہ رتے تھے .

اِس طرح جب کسی کو کوئی کٹھنائی پڑتی تھی تو وراً تجربہ کار لوگوں کی ہمدردی اور عملی سہایتا مل اتی تھی بعد میں کونسل کے کام کو اُنہیں روگیوں نے خوب بڑھایا اور اپنے دوسرے ساتھیوں کی خوب مدد کی .

(4) اِس کونسل نے ایک قانون سمیتی بنا دی و شادی ، نوکری ، مزدوری ، کرایہ وغیرہ کے کسی بھی جھگڑے یں عورتوں کو مدد دے سکے .

(5) پہلے کے روگیوں سے پرارتھنا کی گئی کہ وہ ٹریننگ کیندروں کے اندر بھرتی لوگوں سے خط کتابت کریں اور اُن ی ہمت بڑھائیں .

اِن کیندروں سے نکلی ہوئی اسی فیصدی عورتوں نے فیکٹری ، فارم وغیرہ میں اچھے اچھے کام کئے اور سمان حاصل کیا . اِن میں سے بہت بڑی تعداد نے شادی کی اور مائیں بن گئیں . 19 فیصدی سے کچھ کم عورتیں ایسی تھیں جنہیں دوبارہ کیندروں میں آنا پڑا . باقی یعنی ک فیصدی پر پچھلی زندگی کا زبردست خراب اثر

कि जब मनोरंजन के स्थानों पर वह ख़ास ध्यान रक्खें. पेशा करने वालियों को नहीं छेड़ा जाता था. उनके स्थान बंद नहीं किये जाते थे. लेकिन यह आदेश दिया गया कि मकान के मालिकों का पता लगाया जाय और जब तक मालिकों का पता न चले और उनको सज़ा न मिल जाय तब तक वह घर बन्द कर दिये जायँ. मिलेशिया को और जनता को चेतावनी दी गई कि वह वेश्याओं को परेशान करने की कोई बात न करें. वेश्याओं को गिरफ़्तार नहीं किया जा सकता था. सिर्फ़ दलाल या मालिक मकान मुजरिमों के ख़िलाफ़ गवाही देने के लिये वह अदालत में बुलाई जा सकती थीं.

इस आन्दोलन में भाग लेने वाले सब लोगों को हिदायत थी कि वह ऐसी औरतों को बिलकुल अपने बराबर समझें, उनको मज़लूम और बेसहारा जानकर हमदर्दी का बरताव करें और मन में नफ़रत बिलकुल न आने दें. वेश्याएँ चाहे कुछ भी कहें, कैसा भी रुख़ लें लेकिन मिलेशिया का कोई आदमी कच्ची ज़बान न निकाले और न उनका अपमान करे. अफ़सरों पर रोक थी कि वह नाम और पता भी ऐसी औरतों का नोट न करें.

सरकारी हुकुम का यह हिस्सा अजीब था. गांधी जी तो अपने सत्याग्रहियों को यह सबक़ दे सकते थे लेकिन किसी सरकार से यह आशा नहीं की जा सकती थी कि वह ऐसा करेगी. रूसी सरकार के मानव प्रेम ने सरकार से यह भी करवा दिखाया.

एक क़ानून के अनुसार वेश्याओं के स्थानों में पाए गए मर्दों को गिरफ्तार करने की मनाही करदी गई. लेकिन ऐसे लोगों का नाम, पता और पेशा नोट कर लिया जाता था. पब्लिक स्थानों और फ़ैक्ट्रियों के नोटिस बोर्ड पर उनके नाम पते और पेशे मोटे मोटे अक्षरों में लिखकर नीचे लिख दिया जाता था "स्त्रियों का जिस्म ख़रीदने वाले." इस लोक लाज का ज़बरदस्त असर पड़ा.

पहले आर्थिक कठिनाइयों को दूर किया गया फिर जुर्म करने वालों को ख़तम किया गया. इसके बाद प्रचार आन्दोलन चलाया गया. लोग जाग्रत भी हो गए थे. लेक्चर, ड्रामे, सिनेमा, अख़बार सभी प्लेटफ़ार्म इन पापों के ख़िलाफ़ जुट गए.

हालत बदलने के बाद अब असल रोग की तरफ़ ध्यान दिया गया. दवा देने वाले अस्पतालों के बजाय ट्रेनिंग केन्द्र खोले गए. ख़राब कही जाने वाली स्त्रियाँ पहले एक जन-अदालत के सामने लाई जाती थीं, फिर जाँच पड़ताल के बाद उनको इन केन्द्रों में दाख़िल किया जाता था. ज़बरदस्ती किसी के साथ नहीं थी. न पुलिस का पहरा होता था और न किसी तरह की ताला बन्दी होती थी. पहले तो स्त्रियाँ ऐसे केन्द्रों में दाख़िल होने से घबराती थीं लेकिन

کہ جن منورنجن کے ستھانوں پر وہ خاص دھیان رکھیں۔ پیشہ کرنے والیوں کو نہیں چھیڑا جاتا تھا۔ اُن کے ستھان بند نہیں کئے جاتے تھے۔ لیکن یہ آدیش دیا گیا کہ مکان کے مالکوں کا پتہ لگایا جائے اور جب تک مالکوں کا پتہ نہ چلے اور اُن کو سزا نہ مل جائے تب تک وہ گھر بند کر دیئے جائیں۔ ملیشیا کو اور جنتا کو چیتاونی دی گئی کہ وہ ویشیاؤں کو پریشان کرنے کی کوئی بات نہ کریں ویشیاؤں کو گرفتار نہیں کیا جا سکتا تھا۔ صرف دلال یا مالک مکان مجرموں کے خلاف گواہی دینے کے لئے وہ عدالت میں بلائی جا سکتی تھیں۔

اِس آندولن میں بھاگ لینے والے سب لوگوں کو ہدایت تھی کہ وہ ایسی عورتوں کو بالکل اپنے برابر سمجھیں، اُن کو مظلوم اور بے سہارا جان کر ہمدردی کا برتاؤ کریں، اور من میں نفرت بالکل نہ آنے دیں۔ ویشیائیں چاہے کچھ بھی کہیں، کیسا بھی رخ لیں لیکن ملیشیا کا کوئی آدمی کچی زبان نہ نکالے اور نہ اُن کا اپمان کرے۔ افسروں پر روک تھی کہ وہ نام اور پتہ بھی ایسی عورتوں کا نوٹ نہ کریں۔

سرکاری حکم کا یہ حصہ عجیب تھا — گاندھی جی تو اپنے ستیاگرہیوں کو یہ سبق دے سکتے تھے لیکن کسی سرکار سے یہ آشا نہیں کی جا سکتی تھی کہ وہ ایسا کرے گی۔ روسی سرکار کے مانو پریم نے سرکار سے یہ بھی کروا دکھایا۔

ایک قانون کے انوسار ویشیاؤں کے استھانوں میں پائے گئے مردوں کو گرفتار کرنے کی ممانعت کر دی گئی۔ لیکن ایسے لوگوں کا نام پتہ اور پیشہ نوٹ کر لیا جاتا تھا۔ پبلک استھانوں اور فیکٹریوں کے نوٹس بورڈ پر ان کے نام پتے اور پیشے موٹے موٹے اکشروں میں لکھ کر نیچے لکھ دیا جاتا تھا ''استریوں کا جسم خریدنے والے''۔ اس لوک لاج کا زبردست اثر پڑا۔

پہلے آرتھک کٹھنائیوں کو دور کیا گیا پھر جرم کرنے والوں کو ختم کیا گیا اِس کے بعد پرچار آندولن چلایا گیا۔ لوگ جاگرت بھی ہو گئے تھے۔ لکچر، ڈرامے، سنیمے، اخبار سبھی پلیٹ فارم اِن پاپوں کے خلاف جٹ گئے۔

حالت بدلنے کے بعد اب اصل روگ کی طرف دھیان دیا گیا۔ دوا دینے والے اسپتالوں کے بجائے ٹریننگ کیندر کھولے گئے۔ خراب کہی جانے والی استریاں پہلے ایک جن عدالت کے سامنے لائی جاتی تھیں، پھر جانچ پڑتال کے بعد اُن کو اِن کیندروں میں داخل کیا جاتا تھا زبردستی کسی کے ساتھ نہیں تھی۔ نہ پولیس کا پہرہ ہوتا تھا اور نہ کسی طرح کی تالا بندی ہوتی تھی۔ پہلے تو استریاں ایسے کیندروں میں داخل ہونے سے گھبراتی تھیں، لیکن

(2) मुल्क में फैली हुई बेरोजगारी का एक हल मुक़ामी सरकारों को यह बताया गया कि कोआपरेटिव फ़ैक्ट्री और फ़ार्म खोले जायँ जिससे बेसहारा स्त्रियों को काम मिल सके.

(3) तमाम औरतों को हौसला दिलाया गया कि वह स्कूलों और ट्रेनिंग केन्द्रों में दाख़िल हों. किसी पेशे और सनअती कामों में हिस्सा लेने वाली औरतों के ख़िलाफ़ लोगों की जो बुरी धारना है, उसके ख़िलाफ़ यूनियन लड़े.

(4) अधिकारियों ने रहने सहने के लिये कोआपरेटिव स्थान बना दिये और बेघर बार औरतों और देहात से शहर में आने वाली औरतों को घर मुहैया किये. यही औरतें ज़्यादातर वेश्या का पेशा अपना लेती थीं.

(5) बेघर बार बच्चों और बच्चियों की रक्षा के लिये फ़ौरन क़ानून लागू किये गए.

(6) लोगों में जाग्रति लाने के लिये एक प्रचार आन्दोलन चलाया गया. विचार था कि सारा राष्ट्र वेश्या पन और गुप्त रोगों के ख़िलाफ़ उठ खड़ा हो और सबके सहयोग से इन बुराइयों का ख़ातमा किया जा सके.

इन क़ानूनों से भी ज़्यादा लाभ नहीं हुआ. राज के अधिकारियों ने सोच विचार कर देखा कि जब तक ऐसे लोग मौजूद हैं जो इस पाप से रोज़ी कमाते हैं उस वक़्त तक वेश्याओं का ख़ातमा नहीं हो सकता. क्योंकि औरतों की थोड़ी सी भी कमज़ोरी से फ़ायदा उठाकर यह लोग उन्हें इस पेशे में फंसा देते हैं. केन्द्री सरकार ने एक दूसरा क़ानून पास किया जिसके ज़रिये इस पाप के दलालों पर सीधा हमला किया जाना मुमकिन हो सका—

(1) ज़ार के ज़माने में पुलिसवाले वेश्याओं को तरह तरह से तंग किया करते थे. अब क़ानून के ज़रिये पुलिस के कामों और क़ानून दोनों से वह साधन ख़तम कर दिये गए जिनसे वेश्याओं का तंग किया जाना मुमकिन था.

(2) एक ज़बरदस्त लड़ाई उन लोगों के ख़िलाफ़ छेड़ी गई जो वेश्या काम से सीधे या नासीधे रुपया कमाते थे. इस सम्बन्ध में मुक़ामी सरकारों को कड़ा रुख़ इख़्तियार करने का हुक्म दिया गया.

(3) तमाम डाक्टरों और दवाओं की आसानियाँ सब लोगों को जो भी गुप्त रोगों से दुखी थे मुफ़्त मिलने लगीं.

मिलेशिया वाले नए क़ानूनों को स्पष्ट न समझ सके. शब्दों के गोरखधन्धे में फंस कर रह गए. आख़िर सोवियत निर्माताओं को इस काम के ख़ास क़ायदे बनाने पड़े. मिलेशिया का काम सारे ऐसे स्थानों का पता लगाना ठहराया गया जहाँ ऐसे काम कराए जाते थे. इस काम से किसी तरह का भी सम्बन्ध रखने वालों को कड़ा सज़ा देना तय हुआ. ऐसे घरों के मालिकों को आदमी का व्योपार करने का दोषी ठहराया गया. मिलेशिया को हिदायत की गई

(2) ملک میں پھیلی ہوئی بیروزگاری کا ایک حل مقامی سرکاروں کو یہ بتایا گیا کہ کوآپریٹو فیکٹری اور فارم کھولے جائیں جس سے بے سہارا استریوں کو کام مل سکے۔

(3) تمام عورتوں کو حوصلہ دلایا گیا کہ وہ اسکولوں اور ٹریننگ کیندروں میں داخل ہوں۔ کسی پیشے اور صنعتی کاموں میں حصہ لینے والی عورتوں کے خلاف لوگوں کی جو بری دھارنا ہے اس کے خلاف یونین لڑے۔

(4) ادھیکاریوں نے رہنے سہنے کے لئے کوآپریٹو استھان بنا دیئے اور بے گھر بار عورتوں اور دیہات سے شہر میں آنے والی عورتوں کو گھر مہیا کئے۔ یہی عورتیں زیادہ تر ویشیا کا پیشہ اپنا لیتی تھیں۔

(5) بے گھر بار بچوں اور بچیوں کی رکشا کے لئے فوراً قانون لاگو کئے گئے

(6) لوگوں میں جاگرتی لانے کے لئے ایک پرچار آندولن چلایا گیا۔ وچار تھا کہ سارا راشٹر ویشیا پن اور گپت روگوں کے خلاف اٹھ کھڑا ہو اور سب کے سہیوگ سے ان برائیوں کا خاتمہ کیا جا سکے۔

ان قانونوں سے بھی زیادہ لابھ نہیں ہوا۔ راج کے ادھیکاریوں نے سوچ بچار کر دیکھا کہ جب تک ایسے لوگ موجود ہیں جو اس پاپ سے روزی کماتے ہیں اس وقت تک ویشیاؤں کا خاتمہ نہیں ہوسکتا۔ کیونکہ عورتوں کی تھوڑی سی بھی کمزوری سے فائدہ اٹھا کر یہ لوگ انہیں اس پیشے میں پھنسا دیتے ہیں۔ کیندری سرکار نے ایک دوسرا قانون پاس کیا جسکے ذریعے اس پاپ کے دلالوں پر سیدھا حملہ کیا جانا ممکن ہوسکا —

(1) زار کے زمانے میں پولیس والے ویشیاؤں کو طرح طرح سے تنگ کیا کرتے تھے۔ اب قانون کے ذریعے پولیس کے کاموں اور قانون دونوں سے وہ سادھن ختم کر دیئے گئے جن سے ویشیاؤں کا تنگ کیا جانا ممکن تھا۔

(2) ایک زبردست لڑائی ان لوگوں کے خلاف چھیڑی گئی جو ویشیا کام سے سیدھے یا نا سیدھے روپیہ کماتے تھے۔ اس سمبندھ میں مقامی سرکاروں کو کڑا رخ اختیار کرنے کا حکم دیا گیا۔

(3) تمام ڈاکٹروں اور دواؤں کی آسانیاں سب لوگوں کو جو بھی گپت روگوں سے دکھی تھے مفت ملنے لگیں۔

ملیشیا والے نئے قانونوں کی اسپرشٹ نہ سمجھ سکے۔ شبدوں کے گورکھ دھندے میں پھنس کر رہ گئے۔ آخر سوویت نرماتاؤں کو اس کام کے خاص قاعدے بنانے پڑے۔ ملیشیا کا کام سارے ایسے استھانوں کا پتہ لگانا ٹھہرایا گیا جہاں ایسے کام کرائے جاتے تھے۔ اس کام سے کسی طرح کا بھی سمبندھ رکھنے والوں کو کڑی سزا دینا طے ہوا۔ ایسے گھروں کے مالکوں کو آدمی کا بیوپار کرنے کا دوشی ٹھہرایا گیا۔ ملیشیا کو ہدایت کی گئی

जाय बल्कि सवाल यह है कि ऐसी हालत पैदा की जाय जिससे मर्दों की भी पाप करने की आज़ादी में रुकावट पैदा हो. रूसी विज्ञानियों ने इस मसले को खूब समझ लिया था. स्त्रियों को उन्होंने सताया हुआ क़रार दिया और हालात बदलने में लग गये जिस से औरतें समाज के अत्याचार और ज़ुल्म से खुद छुटकारा पाकर अपना सदाचार ऊँचा ले जा सकें.

ज़ार युग में दो तरह के कार्ड तमाम रिआया में तक़सीम किये जाते थे. एक सफ़ेद कार्ड दूसरे पीले कार्ड सिर्फ़ सफ़ेद कार्ड वाले नागरिक माने जाते थे पीले कार्ड वाले नहीं. वेश्याओं को पीले कार्ड दिये जाते थे एक मरतबा जिसे पीला कार्ड मिल जाता था फिर उसको सफ़ेद कार्ड कभी नहीं मिलता था. एक दफ़ा भटक जाने पर सारी ज़िन्दगी के लिये तौबा प्रायश्चित्त के दरवाज़े बन्द होजाते थे.

नए रूस मे पीले कार्ड की प्रथा को मिटा दिया गया. सब औरतों को, चाहे वह कोई भी काम करती रही हों, रूस का नागरिक मान लिया गया क़ानून पास किये गये जिसके ज़रिये स्त्रियों को माली, समाजी और राजकाजी आज़ादी दी गई. पर इससे वेश्यापन के मिटाने में कोई ख़ास कामयाबी नहीं हुई.

सन '21 तक जिन्सी गड़बड़ी और बढ़ गई. कम्युनिस्ट नेता चुप नहीं बैठे. सन' 23 मे सवालों का एक चिट्ठा तैयार किया गया जो हर दरजे, हर वर्ग की औरतों के पास भेजा गया और यह यक़ीन दिला दिया गया कि उनके जवाब गुप्त रक्खे जायँगे. जवाबों के देखने से पता चला कि पेशे वाली और ग़ैर पेशे वाली औरतों में कोई ज़्यादा फ़रक़ नहीं है. एक सवाल के जवाब में बहुत सी औरतों ने, जिस में ब्याही और कुँआरी दोनों शामिल थीं, यह उत्तर भेजा कि ज़्यादातर सूरतों में उन्होंने प्रेम के बजाय दूसरे कारनों से जिन्सी सम्बन्ध में भाग लिया है. ज़्यादातर औरतों ने बिना पूछे भी यह लिखा कि अगर उन्हें रोज़ी रोज़गार की गारन्टी हो जाय तो वह इस गन्दे पेशे में हरगिज़ न रहेंगी.

सन् '25 में सोवियत सरकार ने एक क़ानून पास किया जिसके अनुसार नीचे लिखे काम किये गए—

(1) मिलेशिया यानी वालंटियर, ट्रेड यूनियन की सहायता से हर तरह इस बात की रोक थाम करेगी कि कोई मज़दूरी या नौकरी करने वाली औरत अपने काम से न हटाई जाय यानी किसी भी परिस्थिति में अपने पैरों पर खड़ी कुंआरी लड़कियों को, गर्भ (हमल) वाली औरतों को, उन औरतों को जिन के छोटे बच्चे हों और नौजवान लड़कियों को जो अपने कुटुम्ब के साथ न रहती हों, काम से हरगिज़ अलग न किया जाय.*

جائے بلکہ سوال یہ ہے کہ ایسی حالت پیدا کی جائے جس سے مردوں کی بھی پاپ کرنے کی آزادی میں رکاوٹ پیدا ہو. روسی وگیانیوں نے اس مسئلے کو خوب سمجھ لیا تھا استریوں کو انہوں نے ستایا ہوا قرار دیا اور حالت بدلنے میں لگ گئے جس سے عورتیں سماج کے اتیاچار اور ظلم سے خود چھٹکارا پاکر اپنا سداچار اونچا لے جاسکیں .

زار یگ میں دو طرح کے کارڈ تمام رعایا میں تقسیم کئے جاتے تھے . ایک سفید کارڈ دوسرے پیلے کارڈ . صرف سفید کارڈ والے ناگرک مانے جاتے تھے پیلے کارڈ والے نہیں . ویشیاؤں کو پیلے کارڈ دیئے جاتے تھے ایک مرتبہ جسے پیلا کارڈ مل جاتا تھا پھر اس کو سفید کارڈ کبھی نہیں ملتا تھا . ایک دفعہ بھٹک جانے پر ساری زندگی کے لئے توبہ پرایشچت کے دروازے بند ہوجاتے تھے .

نئے روس میں پیلے کارڈ کی پرتھا کو مٹا دیا گیا . سب عورتوں کو' چاہے وہ کوئی بھی کام کرتی رہی ہوں' روس کا ناگرک مان لیا گیا . قانون پاس کئے گئے جسکے ذریعے استریوں کو مالی' سماجی اور راج کاجی آزادی دی گئی . پر اس سے ویشیا پن کے مٹانے میں کوئی خاص کامیابی نہیں ہوئی .

سن 21 تک جنسی گڑبڑی اور بڑھ گئی کمیونسٹ نیتا چپ نہیں بیٹھے سن 23 میں سوالوں کا ایک چٹھا تیار کیا گیا' جو ہر درجے ہر ورگ کی عورتوں کے پاس بھیجا گیا اور یہ یقین دلایا گیا کہ اُن کے جواب گپت رکھے جائیں گے . جوابوں کے دیکھنے سے پتہ چلا کہ پیشے والی اور غیر پیشے والی عورتوں میں کوئی زیادہ فرق نہیں ہے ایک سوال کے جواب میں بہت سی عورتوں نے' جس میں بیاہی اور کنواری دونوں شامل تھیں' یہ اتر بھیجا کہ زیادہ تر صورتوں میں انہوں نے پریم کے بجائے دوسرے کارنوں سے جنسی سمبندھ میں بھاگ لیا ہے زیادہ تر عورتوں نے بنا پوچھے بھی یہ لکھا کہ اگر انہیں روزی روزگار کی گارنٹی ہوجائے تو وہ اس گندے پیشے میں ہرگز نہ رہیں گی .

سن 25 میں سوویت سرکار نے ایک قانون پاس کیا جسکے انوسار نیچے لکھے کام کئے گئے—

(1) ملیشیا یعنی والنٹیر' ٹریڈ یونین کی سہایتا سے ہر طرح اس بات کی روک تھام کرے گی کہ کوئی مزدوری یا نوکری کرنے والی عورت اپنے کام سے نہ ہٹائی جائے یعنی کسی بھی پرستھتی میں اپنے پیروں پر کھڑی کنواری لڑکیوں کو' گربھ (حمل) والی عورتوں کو' اُن عورتوں کو جنکے چھوٹے بچے ہوں اور نوجوان لڑکیوں کو جو اپنے کٹمب کے ساتھ نہ رہتی ہوں' کام سے ہرگز الگ نہ کیا جائے .

असूलों के आधार पर इनसानी नस्ल को ढालना था. दूसरे मैदानों में उनके कारनामों से इस समय हमें मतलब नहीं है. आइये देखें जिन्सी गड़बड़ी, वेश्यापन, पेट गिराना, शराब पीना वग़ैरा मैदानों में रूस वालों ने क्या किया. 'क्या किया' से ज्यादा हमारे लिये 'कैसे किया' महत्व की चीज़ है. यह बुराइयाँ हर देस में हैं, हमारे देस में भी हैं. जब तक इनसे छुटकारा न मिलेगा, मानव समाज में सदाचार का स्तर नहीं ऊँचा हो सकता !

सोवियत विज्ञानियों ने तारीख़ के पन्ने उलट डाले. एलोपैथी की तरह उन्होंने झट रोग का इलाज करना नहीं शुरू किया बल्कि यूनानी और वैद्यक की तरह पहले रोग की जड़ मालूम करने में लग गए. उन्होंने देखा कि असली समस्या माली और समाजी है और यह फ़ारमूला निकाला कि "पति पत्नी को एक दूसरे के सम्बन्ध में जानकारी और उनके प्रेम में लगातार बढ़ौती ही वह नींव है जिस पर असली सदाचारी समाज खड़ा किया जा सकता है." यह मक़सद उन्होंने अपने सामने रक्खा. रास्ते नए नए अख़्तियार किये लेकिन मंज़िल से कभी नज़र नहीं हटाई.

जब पाकर वह लोग इलाज पर डट गए उनका इलाज ज़ाहिरी रोग अच्छा करने के लिये नहीं था बल्कि उस सिस्टम को अच्छा करने के लिये था जिसने यह रोग पैदा कर दिया था. दूसरे मुल्कों में सिस्टम का इलाज करने के बजाय रोग का इलाज किया जाता है. कभी रोग अच्छा तो हो जाता है लेकिन जब पलटा लेता है तो और भयानक रोग अपने साथ लाता है.

कम्युनिस्ट राज के निर्माता इसी नतीजे पर पहुंचे कि जब तक औरतों को पूरी माली, समाजी और राजकाजी आज़ादी न हो, स्त्री पुरुष सम्बन्ध केवल प्रेम के आधार पर होगा ही नहीं और जब तक यह बात नहीं होगी तब तक जिन्सी सदाचार भी ऊपर नहीं उठ सकता. दूसरे मुल्कों में ऐसे क़ानून तो जरूर हैं जिन के अनुसार किसी स्त्री की इच्छा के ख़िलाफ़ उसकी शादी करने वाले को सज़ा मिल सकती है लेकिन ऐसा कोई क़ानून नहीं है जो परिस्थितियों को इस तरह बदल सके कि वह स्त्रियाँ ख़ुद ही अपनी इच्छा के ख़िलाफ़ किसी दूसरे मोह में पड़कर शादी करने पर मजबूर न हों. क़ानून की किताबों में तो औरतों को माली, समाजी आज़ादी है लेकिन अमल में मामला उलटा है. बेचारी मजबूर हैं कि अपनी अन्तरात्मा को धोका दें. स्त्रियों की आज़ादी का मतलब बहुत से देसों में यही समझा गया कि स्त्रियों को भी पाप करने की आज़ादी मर्दों के बराबर मिल जाय. इसी नक़्ल में शराब पीना, सिगरेट पीना वग़ैरा बुरे काम औरतों ने शुरू कर दिये. सवाल यह नहीं है कि औरतों को भी पाप करने की आज़ादी अधिक देदी

اصولوں کے آدھار پر انسانی نسل کو ڈھالنا تھا. دوسرے میدانوں میں اُنکے کارناموں سے اِس سمے ہمیں مطلب نہیں ہے. آئیے دیکھیں جنسی گڑبڑی' ویشیاپن' پیٹ گرانا' شراب پینا وغیرہ میدانوں میں روس والوں نے کیا کیا. 'کیا کیا' سے زیادہ ہمارے لئے 'کیسے کیا' مہتو کی چیز ہے. یہ برائیاں ہر دیس میں ہیں' ہمارے دیس میں بھی ہیں. جبتک اِن سے چھٹکارا نہ ملے گا مانو سماج میں سداچار کا استر نہیں اونچا ہوسکتا!

سوویت وگیانیوں نے تاریخ کے پنے اُلٹ ڈالے. ایلوپیتھی کی طرح اُنہوں نے جھٹ روگ کا علاج کرنا نہیں شروع کیا بلکہ یونانی اور ویدک کی طرح پہلے روگ کی جڑ معلوم کرنے میں لگ گئے. اُنہوں نے دیکھا کہ اصلی سمسیا مالی اور سماجی ہے اور یہ فارمولا نکالا کہ "پتی پتنی کو ایک دوسرے کے سمبندھ میں جانکاری اور اُنکے پریم میں لگاتار بڑھوتی ہی وہ نیو ہے جس پر اصلی سداچاری سماج کھڑا کیا جاسکتا ہے' یہ مقصد اُنہوں نے اپنے سامنے رکھا. راستے نئے نئے اختیار کئے لیکن منزل سے کبھی نظر نہیں ہٹائی.

جب پاکر وہ لوگ علاج پر ڈٹ گئے. اُن کا علاج ظاہری روگ اچھا کرنے کے لئے نہیں تھا بلکہ اُس سسٹم کو اچھا کرنے کیلئے تھا جس نے یہ روگ پیدا کردیا تھا. دوسرے ملکوں میں سسٹم کا علاج کرنے کے بجائے روگ کا علاج کیا جاتا ہے. کبھی روگ اچھا تو ہوجاتا ہے لیکن جب پلٹا لیتا ہے تو اور بھیانک روگ اپنے ساتھ لاتا ہے.

کمیونسٹ راج کے نرماتا اِسی نتیجے پر پہنچے کہ جبتک عورتوں کو پوری مالی' سماجی اور راج کاجی آزادی نہ ہو' استری پرش سمبندھ کیول پریم کے آدھار پر ہوگا ہی نہیں اور جبتک یہ بات نہیں ہوگی تبتک جنسی سداچار بھی اوپر نہیں اُٹھ سکتا. دوسرے ملکوں میں ایسے قانون تو ضرور ہیں. جنکے انوسار کسی استری کی اِچھا کے خلاف اُس کی شادی کرنے والے کو سزا مل سکتی ہے لیکن ایسا کوئی قانون نہیں ہے جو پرستھتیوں کو اس طرح بدل سکے کہ وہ استریاں خود ہی اپنی اِچھا کے خلاف کسی دوسرے موہ میں پڑکر شادی کرنے پر مجبور نہ ہوں. قانون کی کتابوں میں تو عورتوں کو مالی' سماجی آزادی ہے لیکن عمل میں معاملہ اُلٹا ہے. بیچاری مجبور ہیں کہ اپنی انتر آتما کو دھوکا دیں. استریوں کی آزادی کا مطلب بہت سے دیسوں میں یہی سمجھا گیا کہ استریوں کو بھی پاپ کرنے کی آزادی مردوں کے برابر مل جائے. اسی نقل میں شراب پینا' سگریٹ پینا وغیرہ برے کام عورتوں نے شروع کر دیئے. سوال یہ نہیں ہے کہ عورتوں کو بھی پاپ کرنے کی آزادی ادھک دے دی

. किसी ने कहा रूस में सदाचार को खतम किया जा है, कोई बोला रूस में स्त्रियाँ राष्ट्र की मिलकियत बना जायँगी, किसी ने बाँग दी कि रूसी ब्याह की प्रथा उठा और सरकारी संस्थाओं के ज़रिये बच्चे पैदा करायँगे. बच्चों के माँ बाप का पता निशान भी न मालूम होगा. । की बात यह है कि यह ग़लत धारना कम्युनिज़्म के अब भी मँढ़ी जाती है और ख़ास कर उन देसों ज़रिये जो ख़ुद गंदगी में फँसे हुए हैं. लेनिन का ` लिखा बयान इन ग़लत धारनाओं का ज़बरदस्त ाब है—

" बेशक प्यास बुझानी चाहिये. लेकिन एक तन्दुरुस्त दमी अच्छी हालतों में क्या परनाले में लेट जायगा और ़ा पानी पियेगा ? और क्या कोई आदमी उस गिलास पानी पियेगा जिसको बहुत से लोगों ने झूठा कर दिया ' समाजी पहलू इन सब बातों से भी अधिक महत्व का पानी पाना एक निजी मामला है लेकिन वासना को ाने में दो ज़िन्दगियों का सम्बन्ध हो जाता है और एक ़री नई ज़िन्दगी पैदा होती है. यही ज़िन्दगी वासना एक समाजी रूप देता है और समाज की तरफ़ अपने [के पालन का आदेश देता है. कम्युनिस्ट होने के नाते ी बराबर भी मेरी हमदर्दी " पानी का गिलास " वाला ना से नहीं है हालाँकि लोग इसे " प्रेम तृप्ति " का ावना नाम देते हैं ! मेरे लिये वासना की आज़ादी न चीज़ है और न कम्युनिस्ट है. शायद आप लोगों को ़ हो, पिछली सदी के बीच में " दिल की आज़ादी " ़ से इस चीज़ का प्रचार रोमांचक साहित्य में किया ा था. उस समय आज के मुक़ाबले में प्रचार ज़्यादा मझ बूझ से किया जाता था, अमल के बारे में मैं कोई ला नहीं दे सकता."

लेनिन से पूछा गया कि जिन्सी (सेक्सुअल) आज़ादी विराध कहाँ तक किया जायगा ? उसने जवाब दिया. मैं अपने विराध से हमेशगी के कुँआर पन का प्रचार ी करना चाहता. बिलकुल नहीं. कम्युनिज़्म रूखे पन के ाय जीवन का आनन्द, ज़िन्दगी की तड़प लायगा और ्सी मानों में तृप्त या आसूदा जीवन इन चीज़ों को ने में सहायक होगा. मेरे विचार में जिन्सी आज़ादी पर ज़ोर आज कल दिया जा रहा है वह न तो आनन्द ता है और न ज़िन्दगी में तड़प पैदा करता है बल्कि जीवन ानन्द और तड़प छीन लेता है. इस इनक़लाब के युग में ः बेहद बुरी बात है.''

लोग कुछ भी कहें, पर कम्युनिस्ट राज क़ायम करने लों के सामने यह ग़लत धारनाएँ नहीं थीं. उन्हें रूस वालों सदाचार उभारना था. उन्हें न सिर्फ़ आर्थिक आधार एक नया मानव समाज तैयार करना था बल्कि साइन्सी

لگی . کسی نے کہا روس میں سداچار کو ختم کیا جا رہا ہے' کوئی بولا روس میں استریاں راشٹر کی ملکیت بنا دی جائیں گی' کسی نے بانگ دی کہ روسی بیاہ کی پرتھا اُٹھا دیں گے اور سرکاری سنستھاؤں کے ذریعے بچے پیدا کرائیں گے ان بچوں کے ماں باپ کا پتہ نشان بھی نہ معلوم ہوگا . دکھ کی بات یہ ہے کہ یہ غلط دھارنا کمیونزم کے سر اب بھی منڈھی جاتی ہے اور خاص کر اُن دیسوں کے ذریعے جو خود گندگی میں پھنسے ہوئے ہیں . لینن کا لکھا بیان اِن غلط دھارناؤں کا زبردست جواب ہے

'' بے شک پیاس بجھانی چاہئیے لیکن ایک تندرست آدمی اچھی حالتوں میں کیا پرنالے میں لیٹ جائیے گا اور گندا پانی پئے گا ؟ اور کیا کوئی آدمی اس گلاس سے پانی پئے گا جسکو بہت سے لوگوں نے جھوٹا کر دیا ہے ؟ سماجی پہلو اِن سب باتوں سے بھی ادھک مہتو کا ہے . پانی پینا ایک نجی معاملہ ہے لیکن واسنا کو بجھانے میں دو زندگیوں کا سمبندھ ہوجاتا ہے اور ایک تیسری نئی زندگی پیدا ہوتی ہے . یہی زندگی واسنا کو ایک سماجی روپ دیتی ہے اور سماج کی طرف اپنے فرض کے پالن کا آدیش دیتی ہے . کمیونسٹ ہونے کے ناتے ذرہ برابر بھی میری ہمدردی '' پانی کا گلاس '' والی دھارنا سے نہیں ہے حالانکہ لوگ اسے '' پریم ترپتی '' کا لبھاونا نام دیتے ہیں ! میرے لئے واسنا کی یہ آزادی نہ نئی چیز ہے اور نہ کمیونسٹ ہے . شاید آپ لوگوں کو یاد ہو' پچھلی صدی کے بیچ میں '' دل کی آزادی '' نام سے اِس چیز کا پرچار رومانچک ساہتیہ میں کیا گیا تھا . اُس سمے آجکے مقابلے میں پرچار زیادہ سمجھ بوجھ سے کیا جاتا تھا' عمل کے بارے میں میں کوئی فیصلہ نہیں دے سکتا .''

لینن سے پوچھا گیا کہ جنسی (سیکسوال) آزادی کا ورودھ کہاں تک کیا جائیگا ؟ اُس نے جواب دیا— '' میں اپنے ورودھ سے ہمیشگی کے کنوار پن کا پرچار نہیں کرنا چاہتا . بالکل نہیں . کمیونزم روکھے پن کے بجائے جیون کا آنند' زندگی کی تڑپ لائیگا اور جنسی معنوں میں ترپت یا آسودہ جیون اِن چیزوں کو لانے میں سہایک ہوگا . میرے وچار میں جنسی آزادی پر جو زور آج کل دیا جا رہا ہے وہ نہ تو آنند لاتا ہے اور نہ زندگی میں تڑپ پیدا کرتا ہے بلکہ جیون سے آنند اور تڑپ چھین لیتا ہے . اِس انقلاب کے یگ میں یہ بے حد بری بات ہے .''

لوگ کچھ بھی کہیں' پر کمیونسٹ راج قائم کرنے والوں کے سامنے یہ غلط دھارنائیں نہیں تھیں . اُنہیں روس والوں کے سداچار اُبھارنا تھا . اُنہیں نہ صرف آرتھک آدھار پر ایک نیا مانو سماج تیار کرنا تھا بلکہ سائنسی

रूस में सदाचार

(भाई मुजीब रिज़वी)

(1)

सदाचार यानी इख़लाक़ पर हज़ारों मन सियाही और लाखों मन काग़ज़ ख़र्च किये गये हैं. तरह तरह के विचार प्रकट किये गए हैं. सदाचार साधन है या साध्य, रास्ता है या मंज़िल इस पर भी बात के बतंगड़े हुए हैं. हमें उन बहसों से मतलब नहीं है. देखना यह है कि आख़िर जनता सदाचार शब्द किन अर्थों में इस्तेमाल करती है. जनता के सामने इस शब्द के अर्थ हैं—चोरी, बदमाशी, बेईमानी न करना और स्त्री पुरुश सम्बन्ध में समाज के अच्छे बंधनों का पालन करना. इसी अर्थ में हम इस शब्द पर रोशनी डालते हैं और देखते हैं कि कहाँ तक सोवियत रूस ने अपने यहाँ के लोगों के सदाचार को ऊपर उठाया है ?

सन 17 के रूसी इनक़लाब के बाद अजीब हवा चल पड़ी. इनसान उन चीज़ों की क़ीमत कैसे समझ सकता है जिन पर उसको सोचने का मौक़ा ही नहीं मिलता. अत्याचारों में पिसे और रोज़ी के लिये धींगा-मुश्ती करते हुए आदमी को असल में सोचने का कोई मौक़ा ही नहीं मिलता. जब ऐसा इनसान उभरता है तो हर चीज़ को अपने ऊपर ज़ुल्म का साधन समझ कर तोड़ने की कोशिश करता है. रूसी इनक़लाब के शुरू में यह होना क़ुदरती बात थी. कुछ नौजवानों और बुद्धिजीवियों ने सदाचार को अमीरों का चोचला कहना शुरू किया. कार्ल मार्क्स के नारे "तुम्हारे पास है ही क्या खोने के लिये सिवाय अपनी ज़ंजीरों के" का अर्थ इन सज्जनों ने यह लगाया "तुम कुछ नहीं खोओगे सिवाय अपने ऊपर समाजी बंधनों के" जिस तरह यह लोग समझते थे कि क़लम की एक हरकत से लेनिन सोशलिस्ट राज क़ायम कर देगा जिस में कोई भी चीज़ पाजाना मुशकिल न होगा, उसी तरह इन लोगों ने तरह तरह की और भी ग़लत धारनाएँ फैलादीं. लोगों को बताया कि स्त्रीपुरुश सम्बन्ध बहुत सीधा साधा है. भूक लगती है खाना खा लेना चाहिये, प्यास लगे पानी पीना चाहिये और वासना ज़ोर करे तो उसे भी पूरी कर लेना चाहिये. पर इन बातों का कार्ल मार्क्स या कम्युनिज़्म के असूलों के साथ कोई सम्बन्ध नहीं था.

इन लोगों की ग़लतियों का नतीजा यह हुआ कि रूस में वेश्यापन बढ़ गया. भली औरतों में भी एक दरजे बदचलनी फैल गई. रूस विरोधी हलक़ों को चिल्ली पुकार का मौक़ा मिल गया. क़ाज़ी जी शहर के अन्देशे से दुबले होने

روس میں سدا چار

(بھائی مجیب رضوی)

(1)

سدا چار یعنی اخلاق پر ہزاروں من سیاہی اور لاکھوں من کاغذ خرچ کئے گئے ہیں . طرح طرح کے وچار پرکٹ کئے گئے ہیں . سداچار سادھن ہے یا سادھیہ' راستہ ہے یا منزل اِس پر بھی بات کے بتنگڑے ہوئے ہیں . ہمیں اُن بحثوں سے مطلب نہیں ہے . دیکھنا یہ ہے کہ آخر جنتا سداچار شبد کن ارتھوں میں استعمال کرتی ہے . جنتا کے سامنے اِس شبد کے ارتھ ہیں—چوری' بدمعاشی' بےایمانی نہ کرنا اور استری پرش سمبندھ میں سماج کے اچھے باندھنوں کا پالن کرنا . اِسی ارتھ میں ہم اِس شبد پر روشنی ڈالتے ہیں اور دیکھتے ہیں کہ کہاں تک سوویت روس نے اپنے یہاں کے لوگوں کے سداچار کو اوپر اُٹھایا ہے ؟

سن 17 کے روسی انقلاب کے بعد عجیب ہوا چل پڑی . انسان اُن چیزوں کی قیمت کیسے سمجھ سکتا ہے جن پر اُس کو سوچنے کا موقع ہی نہیں ملتا . اتیاچاروں میں پسے اور روزی کیلئے دھینگا مشتی کرتے ہوئے آدمی کو اصل میں سوچنے کا کوئی موقع ہی نہیں ملتا . جب ایسا انسان اُبھرتا ہے تو ہر چیز کو اپنے اوپر ظلم کا سادھن سمجھکر توڑنے کی کوشش کرتا ہے . روسی انقلاب کے شروع میں یہ ہونا قدرتی بات تھی . کچھ نوجوانوں اور بدھی جیویوں نے سداچار کو امیروں کا چونچلہ کہنا شروع کیا . کارل مارکس کے نعرے " تمہارے پاس ہے ہی کیا کھونے کیلئے سوائے اپنی زنجیروں کے" کا ارتھ اِن سجنوں نے یہ لگایا "تم کچھ نہیں کھوؤ گے سوائے اپنے اوپر سماجی باندھنوں کے" جس طرح یہ لوگ سمجھتے تھے کہ قلم کی ایک حرکت سے لینن سوشلسٹ راج قائم کر دے گا جس میں کوئی بھی چیز پاجانا مشکل نہ ہوگا' اُسی طرح اِن لوگوں نے طرح طرح کی اور بھی غلط دھارنائیں پھیلا دیں . لوگوں کو بتایا کہ استری پرش سمبندھ بہت سیدھا سادا ہے . بھوک لگتی ہے کھانا کھالینا چاہئے' پیاس لگے پانی پینا چاہئے اور واسنا زور کرے تو اُسے بھی پوری کر لینا چاہئے . پر اِن باتوں کا کارل مارکس یا کمیونزم کے اصولوں کے ساتھ کوئی سمبندھ نہیں تھا .

اِن لوگوں کی غلطیوں کا نتیجہ یہ ہوا کہ روس میں ویشیا پن بڑھ گیا . بھلی عورتوں میں بھی ایک درجے بدچلنی پھیل گئی . روس ورودھی حلقوں کو چلی پکار کا موقع مل گیا . قاضی جی شہر کے اندیشے سے دبلے ہونے

सूफ़ियों की संगत में

(भाई गु० म०)

मेरे एक दोस्त के यहाँ एक दफ़ा एक सूफ़ी मेहमान ठहरे हुए थे. उन के बारे में मैंने ऐसा सुना था कि चालीस बरस तक उन्होंने एक जंगल में एक दरख़्त के नीचे रह कर ख़ामोशी की साधना की थी. एक दिन उन पर प्रभू की कृपा हुई और उनकी अन्दर की आंखें और उनकी दिल की गांठें सब खुल गईं. इस लिये जब कभी उन से कोई पूछता—"साहबे मन! आप अपनी साधना का मन्तर तो बताइये." तो आप जवाब में फ़रमाते—"अन्दर और बाहर से चुप रहने की कोशिश करो जब तुम चुप रहना सीख जाओगे तो वह जो हर जगह मौजूद है, बाहर और भीतर भी, बोलना शुरू करेगा. अब तो तुम उसे बोलने का एक मौक़ा तक नहीं देते."

एक शाम मैं उन ही सूफ़ी साहब से मिलने गया आप हुक्क़ा पी रहे थे. आप के इर्द गिर्द फ़र्श पर एक हिन्दू, एक मुसलमान, एक पारसी और एक ईसाई साहबान बैठे हुए थे. सूफ़ी साहब की आंखें बन्द थीं. मगर उन से जो मिलने आए थे उनकी आंखें खुली थीं और सूफ़ी साहब के चमकते चहरे पर जमी हुई थीं.

यकायक बरसात होने लगी. मगर कुछ देर के बाद बरसात रुक गई. तब सूफ़ी साहब ने अपनी आंखें खोलीं और सब पर अपनी करम कृपा की किरन डाल कर बोलने लगे—'अभी ही बरसात पड़ी थी. वह तो मालिक की दया की बरसात थी. किसी समन्दर के किनारे पर बरसों से जो एक सीप बरसात के एक क़तरे के इन्तज़ार में था आज उसके दिल की मुराद पूरी हुई होगी. बरसात का एक क़तरा उसके मुँह में पड़ा होगा और वह अब एक मोती बन गया होगा. लेकिन हम सब पर मालिक की दया की बरसात कब पड़ेगी? मगर पड़े भी कैसे क्योंकि हम सारा दिन ऐसी दौड़ धूप में लगे रहते हैं कि हमें चुपचाप बैठ कर इन्तज़ार करना आता ही नहीं और न ऐसा करने की कभी ख़्वाहिश ही होती है. ख़ुदावन्द ताला से दुआ करना यानी ख़ुदावन्द ताला का इन्तज़ार करना है. मगर दुआ भी तो लोग करना नहीं चाहते. वह तो काम के क़ैदख़ाने में या तो बन्द रहते हैं और नहीं तो दाम के दाम में फँसे रहते हैं."

इतना कहकर सूफ़ी साहब की आँखें फिर बन्द होगईं. बंद होगईं? नहीं नहीं, अपने दिलबर के दीदार के लिये वह खुल गईं क्योंकि दिलबर को तो सिर्फ़ बन्द आँखों से ही देखा जाता है न. ऐसा है रूहानी ज़िन्दगी का करिश्मा।

صوفیوں کی سنگت میں

(بھائی گ۔ م۔)

میرے ایک دوست کے یہاں ایک دفعہ ایک صوفی مہمان ٹھہرے ہوئے تھے آپکے بارے میں میں نے ایسا سنا تھا کہ چالیس برس تک انہوں نے ایک جنگل میں ایک درخت کے نیچے رہ کر خاموشی کی سادھنا کی تھی۔ ایک دن اُن پر پربھو کی کرپا ہوئی اور اُن کی اندر کی آنکھیں اور اُنکی دل کی گانٹھیں سب کھل گئیں۔ اس لئے جب کبھی اُن سے کوئی پوچھتا—"صاحب من! آپ اپنی سادھنا کا منتر تو بتلایئے۔" تو آپ جواب میں فرماتے—"اندر اور باہر سے چپ رہنے کی کوشش کرو، جب تم چپ رہنا سیکھ جاؤگے تو وہ جو ہر جگہ موجود ہے، باہر اور بھیتر بھی، بولنا شروع کرے گا اب تو تم اُسے بولنے کا ایک موقع تک نہیں دیتے۔"

ایک شام میں ان ہی صوفی صاحب سے ملنے گیا۔ آپ حقہ پی رہے تھے۔ آپکے اردگرد فرش پر ایک ہندو، ایک مسلمان، ایک پارسی اور ایک عیسائی صاحبان بیٹھے ہوئے تھے۔ صوفی صاحب کی آنکھیں بند تھیں۔ مگر اُن سے جو ملنے آئے تھے اُنکی آنکھیں کھلی تھیں اور صوفی صاحب کے چمکتے چہرے پر جمی ہوئی تھیں۔

ڈاکٹر تارا چند ایم. اے، ڈی. فل، سکریٹری ایجوکیشن منسٹری، 22 اورنگزیب روڈ، نئی دہلی.

سکریٹری

پنڈت سندرلال، ایڈیٹر 'نیا ہند' 145 مٹھی گنج، الہ آباد.

سوسائٹی کے قاعدے

ممبری

ہر عورت یا مرد جسکی عمر 21 سال سے اوپر ہو چاہے کسی بھی دھرم، جات یا پولیٹکل پارٹی کا ہو سوسائٹی کا ممبر ہوسکیگا، بشرطیکہ وہ اوپر لکھے سوسائٹی کے مقصدوں سے اتفاق کرتا ہو، ساتھ میں دئے ہوئے ممبری کے اعلان پر دستخط کر دے اور انتظامی کمیٹی کے ممبروں کی کثرت رائے اُس کے نام کو منظور کرے۔

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

मेमोरण्डम आफ़ एसोसियेशन

नाम

इस सोसाइटी का नाम हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी होगा.

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जो सब हिन्दुस्तानियों की मिली जुली कलचर हो.

(2) ऐसे पढ़ाई घरों का क़ायम करना जहाँ इस हिन्दुस्तानी कलचर की तालीम दी जाय और जिनके ज़रिये हिन्दुस्तानी कला और कलचर के सब अंगों की जानकारी फैले.

(3) ऐसे किताब घरों का क़ायम करना जहाँ हिन्दुस्तान की तारीख़ की पढ़ाई और छान बीन की जा सके; ताकि हमारी सभ्यता के कारनामों की जांच हो, और सब धर्मों, फ़लसफ़ों, अदबों, वग़ैरा की खोज हो सके.

(4) एकता फैलाने के लिये किताबों, अख़बारों, रिसालों वग़ैरा का छापना और निकालना.

(5) सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेकचरों का इन्तज़ाम और सब इस तरह के कामों का करना जो एकता बढ़ाने के लिये ज़रूरी समझे जावें. सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िरक़ों की समाजी सेवा करना जिससे आपस में मेल बढ़े.

(6) उन सब लोगों और सोसाइटियों की मदद करना जिनका मक़सद हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के मक़सद से मिलता हो.

(7) रुपया जमा करना और ऐसे सब काम करना जिनसे सोसाइटी का मक़सद और सोसाइटी बनाने की ग़रज़ पूरी हो.

इन्तज़ाम

सोसाइटी की एक इन्तज़ामी कमेटी (गवरनिंग बाडी) होगी, इस कमेटी के सुपुर्द सोसाइटी के सब कामों का इन्तज़ाम होगा. वह कमेटी यह होगी —

इन्तज़ामी कमेटी के सदर

डाक्टर भगवानदास एम० ए०, डी० लिट, लेखक, रईस और ज़मींदार, बनारस.

ھندستانی کلچر سوسائٹی

کا

میمورینڈم آف ایسوسی ایشن

نام

اس سوسائٹی کا نام ھندستانی کلچر سوسائٹی ھوگا .

مقصد

1— ایک ایسی ھندستانی کلچر کا بڑھانا، پھیلانا اور پرچار کرنا جو سب ھندستانیوں کی ملی جلی کلچر ھو .

2— ایسے پڑھائی گھروں کا قائم کرنا جہاں اس ھندستانی کلچر کی تعلیم دی جائے اور جنکے ذریعے ھندستانی کلا اور کلچر کے سب انگوں کی جان کاری پھیلے .

3— ایسے کتاب گھروں کا قائم کرنا جہاں ھندستان کی تاریخ کی پڑھائی اور چھان بین کی جا سکے، تاکہ ھماری سبھیتا کے کارناموں کی جانچ ھو اور سب دھرموں، فلسفوں، ادبوں وغیرہ کی کھوج ھو سکے .

4— ایکتا پھیلانے کے لئے کتابوں، اخباروں، رسالوں وغیرہ کا چھاپنا اور نکالنا .

5— سبھاؤں، کانفرنسوں، لیکچروں کا انتظام اور سب اس طرح کے کاموں کا کرنا جو ایکتا بڑھانے کے لئے ضروری سمجھے جاویں . سب دھرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں کی سماجی سیوا کرنا جس سے آپس میں میل بڑھے .

6— ان سب لوگوں اور سوسائٹیوں کی مدد کرنا جن کا مقصد ھندستانی کلچر سوسائٹی کے مقصد سے ملتا ھو .

7— روپیہ جمع کرنا اور ایسے سب کام کرنا جن سے سوسائٹی کا مقصد اور سوسائٹی بنانے کی غرض پوری ھو .

انتظام

سوسائٹی کی ایک انتظامی کمیٹی (گورننگ باڈی) ھوگی . اس کمیٹی کے سپرد سوسائٹی کے سب کاموں کا انتظام ھوگا . وہ کمیٹی یہ ھوگی :—

انتظامی کمیٹی کے صدر

ڈاکٹر بھگوان داس ایم . اے، ڈی . لٹ، لیکھک، رئیس اور زمیندار، بنارس .

तरीक़ों को अपने मक़सद के पूरा करने के लिये काम में लावें—

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जो सब हिन्दुस्तानियों की मिली जुली कलचर हो.

(2) ऐसे पढ़ाई घरों का क़ायम करना जहाँ इस हिन्दुस्तानी कलचर की तालीम दी जाय, और जिनके ज़रिये हिन्दुस्तानी कला और कलचर के सब अंगों की जानकारी फैले.

(3) ऐसे किताब घरों का क़ायम करना जहाँ हिन्दुस्तान की तारीख़ की पढ़ाई और छानबीन की जा सके ताकि हमारी सभ्यता के कारनामों की जांच हो, और सब धर्मों, फ़लसफ़ों, अदबों वग़ैरा की खोज हो सके.

(4) एकता फैलाने के लिये किताबों, अख़बारों, रिसालों वग़ैरा का छापना और निकालना.

(5) सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेकचरों का इन्तज़ाम और सब इस तरह के कामों का करना जो एकता बढ़ाने के लिये ज़रूरी समझे जावें. सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िरक़ों की समाजी सेवा करना जिससे आपस में मेल बढ़े.

(6) उन सब लोगों और सोसाइटियों की मदद करना जिनका मक़सद हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के मक़सद से मिलता हो.

(7) रुपया जमा करना और ऐसे सब काम करना जिनसे सोसाइटी का मक़सद और सोसाइटी बनाने की ग़रज़ पूरी हो.

मुन्दरलाल
सेक्रेटरी, हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

طریقوں کو اپنے مقصد کے پورا کرنے کیلئے کام میں لائیں ۔

(1) ایک ایسی هندستانی کلچر کا بڑھانا' پھیلانا اور پرچار کرنا جو سب هندستانیوں کی ملی جلی کلچر هو ۔

(2) ایسے پڑھائی گھروں کا قائم کرنا جہاں اس هندستانی کلچر کی تعلیم دی جائے اور جنکے ذریعے هندستانی کلا اور کلچر کے سب انگوں کی جان کاری پھیلے ۔

(3) ایسے کتاب گھروں کا قائم کرنا جہاں هندستان کی تاریخ کی پڑھائی اور چھان بین کی جا سکے تاکہ هماری سبھیتا کے کارناموں کی جانچ هو' اور سب دھرموں فلسفوں ادبوں وغیرہ کی کھوج هو سکے ۔

(4) ایکتا پھیلانے کے لئے کتابوں' اخباروں' رسالوں وغیرہ کا چھاپنا اور نکالنا ۔

(5) سبھاؤں' کانفرنسوں اور لیکچروں کا انتظام اور سب اِس طرح کے کاموں کا کرنا جو ایکتا بڑھانے کے لئے ضروری سمجھے جاویں ۔ سب دھرموں' جاتوں' برادریوں اور فرقوں کی سماجی سیوا کرنا جس سے آپس میں میل بڑھے ۔

(6) اُن سب لوگوں اور سوسائٹیوں کی مدد کرنا جن کا مقصد هندستانی کلچر سوسائٹی کے مقصد سے ملتا هو ۔

(7) روپیہ جمع کرنا اور ایسے سب کام کرنا جن سے سوسائٹی کا مقصد اور سوسائٹی بنانے کی غرض پوری هو ۔

سندرلال
سکریٹری' هندستانی کلچر سوسائٹی

'नया हिन्द' की छमाही बँधी हुई बढ़िया जिल्दें

जुलाई सन 1946 से जून सन 1951 तक की.
क़ीमत हर जिल्द की सिर्फ़ छै रुपया.

नोट—शुरू से आज तक की कुल जिल्दें ख़रीदने पर डाक ख़र्च माफ़.

—मैनेजर 'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज,
इलाहाबाद.

'نیا هند' کی چھماهی بندھی هوئی بڑھیا جلدیں

جولائی سن 1946 سے جون سن 1951 تک کی ۔
قیمت هر جلد کی صرف چھ روپیہ ۔

نوٹ—شروع سے آج تک کی کل جلدیں خریدنے پر ڈاک خرچ معاف ۔

— مینیجر 'نیا هند'
145' مٹھی گنج'
الہ آباد ۔

ग़रीबी को मिटाना है तो हमें मिलकर कुल हिन्द के माली सुधार की ऐसी तरकीबें सोचनी पड़ेंगी जिन पर हमारी पूरी समझ खर्च हो. जिन मुसीबतों में हमारे देस भाई आज डूबे हुए हैं वह सब पर एक सा असर डालती हैं. हिन्दू, मुसलमान और सब बराबर ही उनके शिकार हैं. इसलिये उनके दूर करने की तदबीरें भी सब को मिलकर ही निकालनी पड़ेंगी.

हमारे इस काम का सब से ज़रूरी पहलू इख़लाक़ी या नैतिक है. ज़िन्दगी की हार ने हमारे दिलों को छोटा कर दिया है. हमें इस तंगी को दूर करना है. हमें अपने दिलों को इतना बड़ा, अपनी आत्माओं को इतना ऊँचा बनाना है कि हर हिन्दुस्तानी की भलाई में हम अपनी भलाई देखें. हमें अपने अन्दर की उन दीवारों को गिराना है जिन्होंने हमें छोटे छोटे घरौंदों में बन्द कर दिया है. उस प्यार और मुहब्बत की जड़ को सींचना है जिसकी बेल फैलकर हमारे सब देस भाइयों को अटूट रिश्तों में बांध दे.

ऊपर हमने आदर्शों की बात कही है और जीवन के बुनियादी उसूलों और सच्चे मक़सदों की चर्चा की है. हमने बताया है कि हर आदमी का दिल ख़ुदा और ख़ुदी, परमार्थ और स्वार्थ, सब के भले और अपने सुख की ख़ाहिश की निरंतर लड़ाई का मैदान है. हम कह चुके हैं कि आदमी की अपनी अपनी ज़रूरतें और समाज की ज़रूरतें जुदा जुदा हैं. हमने कहा है हिन्दुस्तान के अलग अलग फ़िरक़ों और बिरादरियों की ज़िन्दगी मिलाकर तरह तरह के मोतियों की एक लड़ी के समान है और हमारे सब धर्मों के अन्दर एक सचाई की रोशनी है. हमने इस बात की ज़रूरत बताई है कि हमें सोच समझ कर बड़े पैमाने पर अपनी माली तरक़्क़ी की एक तजवीज़ तैयार करनी चाहिये. हमने अपने काम के राजकाजी, तालीमी, समाजी, माली, मज़हबी और इख़लाक़ी पहलुओं की तरफ़ ध्यान दिलाया है. इन सब बातों का निचोड़ यह है कि हम एक नये हिन्दुस्तान को जन्म देना चाहते हैं, ऐसे हिन्दुस्तान को जिसके सारे रहने वालों का झुकाव जीवन की तरफ़ एक सा हो, सब समाज और नीति के एक से आदर्श रखते हों, और सब सब धर्मों की बुनियादी एकता में यक़ीन करते हों.

काम कठिन है और इसके बहुत से रुख़ हैं. लेकिन असल में काम एक ही है. इसे पूरा करने के लिये चाहिये कि वह सब लोग जो हिन्दुस्तान के कुल फ़िरक़ों और गिरोहों के मेल में बिश्वास रखते हैं, जो एक मिली जुली हिन्दुस्तानी कलचर के हामी हैं, मिलें. हम लोगों ने इस मक़सद को हासिल करने के लिये यह तजवीज़ की है कि एक सोसाइटी क़ायम करें. हमारा इरादा है कि नीचे लिखे

غریبی کو مٹانا ہے تو ہمیں ملکر کل ہند کے مالی سدھار کی ایسی ترکیبیں سوچنی پڑینگی جن پر ہماری پوری سمجھ خرچ ہو. جن مصیبتوں میں ہمارے دیس بھائی آج ڈوبے ہوئے ہیں وہ سب پر ایک سا اثر ڈالتی ہیں. ہندو مسلمان اور سب برابر ہی اُن کے شکار ہیں. اِسلئے اُن کے دور کرنے کی تدبیریں بھی سبکو ملکر ہی نکالنی پڑینگی.

ہمارے اِس کام کا سب سے ضروری پہلو اخلاقی یا نیتک ہے. زندگی کی ہار نے ہمارے دلوں کو چھوٹا کر دیا ہے. ہمیں اس تنگی کو دور کرنا ہے. ہمیں اپنے دلوں کو اتنا بڑا، اپنی آتماؤں کو اتنا اونچا بنانا ہے کہ ہر ہندستانی کی بھلائی میں ہم اپنی بھلائی دیکھیں. ہمیں اپنے اندر کی اُن دیواروں کو گرانا ہے جنہوں نے ہمیں چھوٹے چھوٹے گھروندوں میں بند کر دیا ہے. اُس پیار اور محبت کی جڑ کو سینچنا ہے جسکی بیل پھیل کر ہمارے سب دیس بھائیوں کو اٹوٹ رشتوں میں باندھ دے.

اوپر ہم نے آدرشوں کی بات کہی ہے اور جیون کے بنیادی اصولوں اور سچے مقصدوں کی چرچا کی ہے. ہم نے بتایا ہے کہ ہر آدمی کا دل خدا اور خودی، پرمارتھ اور سوارتھ، سب کے بھلے اور اپنے سکھ کی خواہش کی نرنتر لڑائی کا میدان ہے. ہم کہہ چکے ہیں کہ آدمی کی اپنی اپنی ضرورتیں اور سماج کی ضرورتیں جدا جدا ہیں. ہم نے کہا ہے کہ ہندستان کے الگ الگ فرقوں اور برادریوں کی زندگی ملا کر طرح طرح کے موتیوں کی ایک لڑی کے سمان ہے اور ہمارے سب دھرموں کے اندر ایک سچائی کی روشنی ہے. ہم نے اس بات کی ضرورت بتائی ہے کہ ہمیں سوچ سمجھکر بڑے پیمانے پر اپنی مالی ترقی کی ایک تجویز تیار کرنی چاہئے. ہم نے اپنے کام کے راج کاجی، تعلیمی، سماجی، مالی، مذہبی اور اخلاقی پہلوؤں کی طرف دھیان دلایا ہے. ان سب باتوں کا نچوڑ یہ ہے کہ ہم ایک نئے ہندستان کو جنم دینا چاہتے ہیں، ایسے ہندستان کو جسکے سارے رہنے والوں کا جھکاؤ جیون کی طرف ایک سا ہو سب سماج اور نیتی کے ایک سے آدرش رکھتے ہوں اور سب سب دھرموں کی بنیادی ایکتا میں یقین کرتے ہوں.

کام کٹھن ہے اور اِس کے بہت سے رخ ہیں. لیکن اصل میں کام ایک ہی ہے. اِسے پورا کرنے کے لئے چاہئے کہ وہ سب لوگ جو ہندستان کے کل فرقوں اور گروہوں کے میل میں وشواس رکھتے ہیں، جو ایک ملی جلی ہندستانی کلچر کے حامی ہیں، ملیں. ہم لوگوں نے اس مقصد کو حاصل کرنے کے لئے یہ تجویز کی ہے کہ ایک سوسائٹی قائم کریں. ہمارا ارادہ ہے کہ نیچے لکھے

कोई राह दिखाने वाला नहीं मिलता. इसीलिये ज़रूरी है कि एक ऐसी जमात बनाई जाय जो हट, उदासी और आलस की रुकावटों को नये समाज के रास्ते से दूर कर दे और उन सब ताक़तों को बढ़ाये जो समाज के बन्धनों को मज़बूत करती और राज के इन्तज़ाम को संवारती है.

हमें ऐसे लोगों को साथ लेना है जिन्हें अपने देस के आने वाले बड़प्पन का पूरा यक़ीन है, जो देस के सवालों पर तंगनज़री के साथ जुदा जुदा फ़िरक़ों की भलाई के ख़याल से विचार नहीं करते, जो सम्प्रदायों और फ़िरक़ों के बखेड़ों से घबरा कर धीरज नहीं खो बैठते, जो कोशिश करते हैं कि हर तरह से देस की रंग बिरंगी रस्मों और रिवाजों का एक दूसरे से मेल बैठा कर इकरंगी सभ्यता क़ायम करें. ऐसे भाइयों और बहनों को एक जत्थे में लाना है ताकि वह एक ऐसी सभा बनायें जिससे मेल और मुहब्बत का संदेश सारे देस में फैल सके.

इस सभा का काम जितना ज़िम्मेवारी का है उतना ही कठिन भी है. इसका सम्बन्ध हमारी ज़िन्दगी के सब पहलुओं से है. इसके दो पहलू हैं. एक तरफ़ तो आपस के उन शकों को दूर करना है जो हमें एक दूसरे से अलग करते हैं. दूसरी तरफ़ हमें देस के सब लोगों को लेकर एक मिली जुली ज़िन्दगी का नया ताना बाना तैयार करना है. यह काम राजकाज से भी सम्बन्ध रखता है पर इसका दायरा राजकाज की हदों से बहुत बाहर तक फैला हुआ है. हमें वह जानकारी, वह इल्म, वह समझ पैदा करना है जिसके ज़रिये हम अपने को और एक दूसरे को पहचान सकें. ऐसे आदर्शों को क़ायम करना है जो सब को अपनी तरफ़ खींचें, सब के दिलों पर एक सा असर डालें, सब को मिलाकर एक राह पर चलने का न्यौता दें. नासमझी को दूर करना है, जहालत से लड़ना है, बीते ज़माने की उलझनों को सुलझाना है, एक दूसरे के अदबी कारनामों, एक दूसरे की मज़हबी ख़ूबियों, एक दूसरे के चलन की ऊँचाइयों को एक दूसरे पर ज़ाहिर करना है. सच्चा प्रेम तभी पैदा होगा जब हमारे दिलों में एक दूसरे की इज़्ज़त होगी और एक दूसरे की इज़्ज़त के लिये एक दूसरे को ठीक ठीक जानने और समझने की ज़रूरत है.

यह काम मेल मिलाप का है. लोगों के जीवन में, आए दिन के कारबार में सैकड़ों मौक़ों पर एक दूसरे का संग साथ होता है. हम मदरसों पाठशालाओं में, कारख़ानों दूकानों में, हाट बाज़ारों में, खेल कूद तमाशों में, मेलों त्योहारों में एक दूसरे से मिलते हैं. संगत हमें एक दूसरे के पास लाती है, हमें प्रेम और दोस्ती की डोरियों से बांधती है. पेशों और धन्धों, दस्तकारी और कारीगरी, ब्योपार और लेनदेन में भी हमारे सभी देशवासियों को एक दूसरे से वास्ता पड़ता है. अगर हमें अपने देस की

کوئی راہ دکھانے والا نہیں ملتا. اسی لئے ضروری ہے کہ ایک ایسی جماعت بنائی جائے جو ہٹ، اداسی اور آلس کی رکاوٹوں کو نئے سماج کے راستے سے دور کر دے اور اُن سب طاقتوں کو بڑھائے جو سماج کے بندھنوں کو مضبوط کرتی اور راج کے انتظام کو سنوارتی ہے۔

ہمیں ایسے لوگوں کو ساتھ لینا ہے جنہیں اپنے دیس کے آنے والے بڑپن کا پورا یقین ہے، جو دیس کے سوالوں پر تنگ نظری کے ساتھ جدا جدا فرقوں کی بھلائی کے خیال سے وچار نہیں کرتے، جو سمپردایوں اور فرقوں کے بکھیڑوں سے گھبرا کر دھیرج نہیں کھو بیٹھتے، جو کوشش کرتے ہیں کہ ہر طرح سے دیس کی رنگ برنگی رسموں اور رواجوں کا ایک دوسرے سے میل بٹھا کر یکرنگی سبھیتا قائم کریں۔ ایسے بھائیوں اور بہنوں کو ایک جتھے میں لانا ہے تاکہ وہ ایک ایسی سبھا بنائیں جس سے میل اور محبت کا سندیش سارے دیس میں پھیل سکے۔

اس سبھا کا کام جتنا ذمہ واری کا ہے اتنا ہی کٹھن بھی ہے۔ اس کا سمبندھ ہماری زندگی کے سب پہلوؤں سے ہے۔ اس کے دو پہلو ہیں۔ ایک طرف تو آپس کے اُن شکوں کو دور کرنا ہے جو ہمیں ایک دوسرے سے الگ کرتے ہیں۔ دوسری طرف ہمیں دیس کے سب لوگوں کو لیکر ایک ملی جلی زندگی کا نیا تانا بانا تیار کرنا ہے۔ یہ کام راج کاج سے بھی سمبندھ رکھتا ہے پر اُس کا دائرہ راج کاج کی حدوں سے بہت باہر تک پھیلا ہوا ہے۔ ہمیں وہ جانکاری، وہ علم، وہ سمجھ پیدا کرنا ہے جسکے ذریعے ہم اپنے کو اور ایک دوسرے کو پہچان سکیں۔ ایسے آدرشوں کو قائم کرنا ہے جو سب کو اپنی طرف کھینچیں۔ سب کے دلوں پر ایک سا اثر ڈالیں، سب کو ملا کر ایک راہ پر چلنے کا نیوتا دیں۔ ناسمجھی کو دور کرنا ہے، جہالت سے لڑنا ہے، بیتے زمانے کی اُلجھنوں کو سلجھانا ہے، ایک دوسرے کے ادبی کارناموں، ایک دوسرے کی مذہبی خوبیوں، ایک دوسرے کی چلن کی اونچائیوں کو ایک دوسرے پر ظاہر کرنا ہے۔ سچا پریم تبھی پیدا ہوگا جب ہمارے دلوں میں ایک دوسرے کی عزت ہوگی اور ایک دوسرے کی عزت کیلئے ایک دوسرے کو ٹھیک ٹھیک جاننے اور سمجھنے کی ضرورت ہے

یہ کام میل ملاپ کا ہے۔ لوگوں کے جیون میں، آئے دن کے کاروبار میں، سیکڑوں موقعوں پر، ایک دوسرے کا سنگ ساتھ ہوتا ہے۔ ہم مدرسوں پاٹھشالاؤں میں، کارخانوں دوکانوں میں، ہاٹ بازاروں میں، کھیل کود تماشوں میں، میلوں تیوہاروں میں ایک دوسرے سے ملتے ہیں۔ سنگت ہمیں ایک دوسرے کے پاس لاتی ہے، ہمیں پریم اور دوستی کی ڈوریوں سے باندھتی ہے۔ پیشوں اور دھندوں، دستکاری اور کاریگری بیوپار اور لین دین میں بھی ہمارے سبھی دیش واسیوں کو ایک دوسرے سے واسطہ پڑتا ہے۔ اگر ہمیں اپنے دیس کی

बाँदी की तरह उनके सामने हाथ बाँधे खड़ी रहेगी. लेकिन आत्मा को पाने के लिये गहरी तपस्या की ज़रूरत है, अपने दिलों की जाँच करनी होगी, अपने दिमाग़ों को नियमों से बाँधना होगा.

मंझले ज़माने में हमने एक मज़बूत और ख़ूबसूरत सभ्यता की शानदार इमारत खड़ी कर ली थी. वह इस वजह से कि हिन्दू धर्म ने अपनी आत्मा के भीतरी कुंज में इसलाम को जगह दी और अपने प्रेम के दायरे को बढ़ाकर उसमें इसलामी विचारों को घेर लिया, जिससे उसकी अपनी तंगनज़री कम हुई. ऐसे ही मुसलमानों ने भी हिन्दू मज़हब और फ़लसफ़े के ऊँचे असूलों को अपनाया जिसका नतीजा यह हुआ कि उनका अपना कट्टरपन नरम पड़ा. दोनों ने मिलकर एक ऐसी सभ्यता को पैदा किया जिसने अपनी आनबान और बलबूते से दुनिया को अचरज में डाल दिया. आज हमें अतीत की उस रीत को जगाना है. अपने पुराने तजुरबों को नई हालतों में फिर से दुहराना है. अपनी रवादारी और प्रेम की भूली हुई रसमों को एक बार फिर से जगाना है. हिन्दू और मुसलमानों की आत्मा के आइने से आपाधापी के मैल को साफ़ करना है, ताकि वह अपने हक़ीक़ी, असली रूप को पहचाने और अपने में दूसरे को और दूसरे में अपने को देख अपनी एकता को समझें और उसका रस लें.

बड़ी मुद्दत से हमारे मुल्क के लोग कष्ट सहते, दुख उठाते, उस दिन की बाट जोह रहे हैं जब एक नए हिन्दुस्तान का जन्म होगा. वह दिन तो आयेगा ही इसमें कोई शक नहीं. पर हो सकता है कि हमारी निगाह की कमज़ोरी या अपने ऊपर भरोसे की कमी उस दिन के आने में देर लगा दे. याद रखना चाहिये कि होनहार होकर रहेगी. उसका टालना नामुमकिन है. आएं वह सब लोग जिनकी आंखें आजकल के आपसी झगड़ों से धुंधला नहीं गई हैं. आएं और मिलें, पगडंडियों को छोड़ एक सीधे रास्ते पर चलें, और नई आज़ादी के सूरज को अपनी पूरी आबताब के साथ उगता देखें. हमें यक़ीन है कि उस सूरज की रोशनी में शक और शुबह के बादल छट जायंगे, दुबिधा और विरोध का कुहरा दूर हो जायगा और मेल और मुहब्बत का साफ़ आसमान हमारी आंखों की जोत को जगह देगा.

इस मक़सद को हसल करने के लिये हमें एक संगठन की ज़रूरत है. हमारे देस में बहुत से ऐसे लोग हैं जो देस का भला चाहते हैं, जो समझते हैं कि सब फ़िरक़ों और गिरोहों के मेल और आपसी समझौते में ही हमारा भला और हमारी निजात है. ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो इसलिये थके मांदे और निराश मालूम होते हैं कि उन्हें

باندی کی طرح اِنکے سامنے ھاتھ باندھے کھڑی رھے گی . لیکن آتما کو پانے کے لئے گہری تپسیا کی ضرورت ھے' اپنے دلوں کی جانچ کرنی ھوگی' اپنے دماغوں کو نیموں سے باندھنا ھوگا .

منجھلے زمانے میں ھم نے ایک مضبوط اور خوبصورت سبھیتا کی شاندار عمارت کھڑی کر لی تھی . وہ اِس وجہ سے کہ ھندو دھرم نے اپنی آتما کے بھیتری کُنج میں اسلام کو جگہ دی اور اپنے پریم کے دائرے کو بڑھا کر اس میں اسلامی وچاروں کو گھیر لیا' جس سے اُسکی اپنی تنگ نظری کم ھوئی . ایسے ھی مسلمانوں نے بھی ھندو مذھب اور فلسفے کے اونچے اصولوں کو اپنایا جسکا نتیجہ یہ ھوا کہ اُن کا اپنا کٹرپن نرم پڑا . دونوں نے مل کر ایک ایسی سبھیتا کو پیدا کیا جس نے اپنی آن بان اور بل بوتے سے دنیا کو اچرج میں ڈال دیا . آج ھمیں اتیت کی اُس ریت کو جگانا ھے . اپنے پرانے تجربوں کو نئی حالتوں میں پھر سے دھرانا ھے . اپنی رواداری اور پریم کی بھولی ھوئی رسموں کو ایک بار پھر سے جگانا ھے . ھندو اور مسلمانوں کی آتما کے آئینے سے آپا دھاپی کے میل کو صاف کرنا ھے' تاکہ وہ اپنے حقیقی' اصلی روپ کو پہچانیں اور اپنے میں دوسرے کو اور دوسرے میں اپنے کو دیکھ اپنی ایکتا کو سمجھیں اور اُسکا رس لیں .

بڑی مدت سے ھمارے ملک کے لوگ کشٹ سہتے' دکھ اُٹھاتے اُس دن کی باٹ جوہ رہے ھیں جب ایک نئے ھندستان کا جنم ھوگا وہ دن تو آئے گا ھی اسمیں کوئی شک نہیں . پر ھو سکتا ھے کہ ھماری نگاہ کی کمزوری یا اپنے اوپر بھروسے کی کمی اُس دن کے آنے میں دیر لگا دے . یاد رکھنا چاھئے کہ ھونہار ھو کر رھے گی . اُس کا ٹالنا نا ممکن ھے . آئیں وہ سب لوگ جن کی آنکھیں آجکل کے آپسی جھگڑوں سے دھندلا نہیں گئی ھیں . آئیں اور ملیں' پگڈنڈیوں کو چھوڑ ایک سیدھے راستے پر چلیں' اور نئی آزادی کے سورج کو اپنی پوری آب تاب کے ساتھ اُگتا دیکھیں ھمیں یقین ھے کہ اُس سورج کی روشنی میں شک اور شبہہ کے بادل چھٹ جائیں گے . دبدھا اور ورودھ کا کہرا دور ھو جائیگا اور میل اور محبت کا صاف آسمان ھماری آنکھوں کی جوت کو جگہ دیگا .

اس مقصد کو حاصل کرنے کے لئے ھمیں ایک سنگٹھن کی ضرورت ھے . ھمارے دیس میں بہت سے ایسے لوگ ھیں جو دیس کا بھلا چاھتے ھیں ' جو سمجھتے ھیں کہ سب فرقوں اور گروھوں کے میل اور آپسی سمجھوتے میں ھی ھمارا بھلا اور ھماری نجات ھے ایسےلوگوں کی کمی نہیں ھےجو اسلئے تھکے ماندے اور نراش معلوم ھوتےھیں کہ اُنھیں

व्योपार धंधों और कारबार के नए नए तरीक़ों के चल पड़ने से हमारे देस में नई ताक़तें पैदा हो गई हैं. हमारी माली ज़िन्दगी एक ज़ंजीर में बंध गई है. एकता की इस नई बुनियाद पर समाज और राज के नए नए ख़याल और नए नए आदर्श हमारे सामने आ रहे हैं. हमारे दिमाग़ों में ख़यालों की नई नई लड़ें गुंध रही हैं. हमारी निगाहों में आदमी की क़दर बढ़ रही है. बराबरी और इनसाफ़ के बरताव का चर्चा ज़ोर पकड़ रहा है. हमारे दिलों में एक नये समाज की तसवीर बनती जा रही है. हम चाहते हैं कि हम अपने ही बनाए हुये क़ानूनों को मानें और ऐसी हुकूमत के हुक्मों पर अमल करें जिसमें ग़ैरों का दख़ल न हो. समाज की इस आज़ादी की ज़ाहिरी निशानी राज का बल है. इसीलिये देस में आवाज़ उठ रही है कि राज यानी हुकूमत को हमारे हाथों सौंप दिया जाए.

यह आवाज़ ठीक भी है. लेकिन इस खेंचातानी में हमें यह नहीं भूल जाना चाहिये कि हुकूमत ही ज़िन्दगी का मक़सद या ध्येय नहीं है. हुकूमत तो एक हथियार है. इस हथियार से अगर आदमी और समाज की ज़िन्दगी का असली मंशा पूरा होता है तो हथियार अच्छा है, सराहने लायक़ है, और अगर इससे इनसानी जीवन के सच्चे मतलब के हासिल करने में रुकावट पड़ती है तो हथियार बुरा है. नफ़रत के क़ाबिल है.

दुनिया की तारीख़, ख़ुद अपने समाज का तजुरबा और अपनी समझ, सब हमें यही बताते हैं कि हुकूमत की ताक़त का दारमदार लोगों के मेल मिलाप पर, समाज के संगठन पर जीवन के बुनियादी असूलों और असली नफ़े नुक़सान की एकता पर है. जहाँ लोगों के मक़सद एक होते हैं और उनके मन मिल जाते हैं, वहाँ उनके दिलों में एक सी उमंगों की लहरें उठती हैं, उनकी भुजाओं की रगें एक साथ फड़कती हैं, उनमें हिम्मत, हौसला और बल बढ़ता है. इसके ख़िलाफ़ जहाँ बुनियादी असूलों पर लोगों की रायें जुदा जुदा होती हैं, जहां उनके विचारों में फ़रक़ और जीवन के मक़सदों में विरोध होता है, वहाँ सारे समाज के बदन में लहू रुक रुक कर चलता है और समाज के रग पट्ठे ढीले पड़ जाते हैं, जिसकी वजह से लोगों के चालचलन और इख़लाक़ सब में कमज़ोरी आ जाती है.

हुकूमत समाज की वह अमानत है जो आपस के समझौते पर ही क़ायम रह सकती है. ज्योंही इस समझौते में विघन पड़ा, एक दूसरे का भरोसा उठा, त्योंही राज की साख टूटी और ताक़त का नाश होने लगा. हिन्दुस्तान को बल की ज़रूरत है, पर हमें यह जान लेना चाहिये कि यह बल क़ौमी आत्मा की एकता में ही बास करता है. अगर सब हिन्दुस्तानी एक बार अपनी आत्मा की दुविधा को मिटा दें, अपने आप को पहचान लें तो हुकूमत की ताक़त

بیوپار، دھندوں اور کاروبار کے نئے نئے طریقوں کے چل پڑنے سے ہمارے دیس میں نئی طاقتیں پیدا ہوگئی ہیں. ہماری مالی زندگی ایک زنجیر میں بندھ گئی ہے۔ ایکتا کی اس نئی بنیاد پر سماج اور راج کے نئے نئے خیال اور نئے نئے آدرش ہمارے سامنے آرہے ہیں۔ ہمارے دماغوں میں خیالوں کی نئی نئی لڑیں گندھ رہی ہیں۔ ہماری نگاہوں میں آدمی کی قدر بڑھ رہی ہے۔ برابری اور انصاف کے برتاؤ کا چرچا زور پکڑ رہا ہے ہمارے دلوں میں ایک نئے سماج کی تصویر بنتی جارہی ہے۔ ہم چاہتے ہیں کہ ہم اپنے ہی بنائے ہوئے قانونوں کو مانیں اور ایسی حکومت کے حکموں پر عمل کریں جسمیں غیروں کا دخل نہ ہو۔ سماج کی اس آزادی کی ظاہری نشانی راج کا بل ہے۔ اسی لئے دیس میں آواز اٹھ رہی ہے کہ راج یعنی حکومت کو ہمارے ہاتھوں میں سونپ دیا جائے۔

یہ آواز ٹھیک بھی ہے. لیکن اس کھینچا تانی میں ہمیں یہ نہیں بھول جانا چاہئے کہ حکومت ہی زندگی کا مقصد یا دھیے نہیں ہے حکومت تو ایک ہتھیار ہے۔ اس ہتھیار سے اگر آدمی اور سماج کی زندگی کا اصلی منشا پورا ہوتا ہے تو ہتھیار اچھا ہے، سراہنے لائق ہے، اور اگر اس سے انسانی جیون کے سچے مطلب کے حاصل کرنے میں رکاوٹ پڑتی ہے تو ہتھیار برا ہے، نفرت کے قابل ہے۔

دنیا کی تاریخ، خود اپنے سماج کا تجربہ اور اپنی سمجھ، سب ہمیں یہی بتاتے ہیں کہ حکومت کی طاقت کا دار مدار لوگوں کے میل ملاپ پر، سماج کے سنگٹھن پر، جیون کے بنیادی اصولوں اور اصلی نفع نقصان کی ایکتا پر ہے۔ جہاں لوگوں کے مقصد ایک ہوتے ہیں اور انکے من مل جاتے ہیں، وہاں انکے دلوں میں ایک سی امنگوں کی لہریں اٹھتی ہیں، ان کی بھجاؤں کی رگیں ایک ساتھ پھڑکتی ہیں، ان میں ہمت، حوصلہ اور بل بڑھتا ہے۔ اسکے خلاف جہاں بنیادی اصولوں پر لوگوں کی رائیں جدا جدا ہوتی ہیں، جہاں انکے وچاروں میں فرق اور جیون کے مقصدوں میں ورودھ ہوتا ہے، وہاں سارے سماج کے بدن میں لہو رک رک کر چلتا ہے اور سماج کے رگ پٹھے ڈھیلے پڑ جاتے ہیں، جس کی وجہ سے لوگوں کے چال چلن اور اخلاق سب میں کمزوری آجاتی ہے۔

حکومت سماج کی وہ امانت ہے جو آپس کے سمجھوتے پر ہی قائم رہ سکتی ہے۔ جیوں ہی اس سمجھوتے میں وگھن پڑا، ایک دوسرے کا بھروسہ اٹھا، تیوں ہی راج کی ساکھ ٹوٹی اور طاقت کا ناش ہونے لگا۔ ہندستان کو بل کی ضرورت ہے، پر ہمیں یہ جان لینا چاہئے کہ یہ بل قومی آتما کی ایکتا میں ہی باس کرتا ہے۔ اگر سب ہندستانی ایک بار اپنی آتما کی دبدھا کو مٹا دیں، اپنے آپ کو پہچان لیں تو حکومت کی طاقت

है, एक [illegible]
ही एक नहीं हो गई थी, हमारी सभ्यता की इमारत के हर दीवारों, कोठे अटारियों में भी खूबसूरती झलकती था गई थी. जातों और फ़िर्क़ों, वर्गों और धर्मों के अलग अलग बाजों से मिलकर एक सुरीला संगीत निकलता था जो सब के दिलों को गुदगुदाने वाला था. हिन्दू और मुसलमान एक ही ज़बान बोलते थे. हर सूबे की अपनी एक अलग बोली थी जिसे दोनों एक सा इस्तेमाल करते थे. अदब की भाषाएँ दोनों की एक थीं जिनमें वह कविता शायरी करते और अपने दिल की उमंगों को ज़ाहिर करते थे. एक ही तरह के नीति के उसूल और फ़लसफ़े, दर्शन के ऊंचे ऊंचे सिद्धान्त दोनों के दिमाग़ों को ख़ुराक पहुँचाते थे. दोनों की समाजों के ढचर और राज के संगठन इतने मिलते थे कि एक दूसरे की नक़ल मालूम होते थे.

इसके बाद जब हमारी तारीख़ का मंझला ज़माना आख़िरी सांसें ले रहा था, पश्चिमी सभ्यता हमारी सभ्यता से टकराई. इस मुठभेड़ का नतीजा यह हुआ कि हमारे देस में नए विचारों, नई शक्तियों ने घर कर लिया. हमारे पुराने राज टूटे, हमारे व्योपार और धन्धों का पुराना ढांचा चकनाचूर हो गया. लेकिन फिर कुछ दिनों बाद ही टूटे खंडरों की बिखरी हुई ईंटों में एक नई इमारत के आसार दिखाई देने लगे. मुर्दा बदन के अंगों में ज़िन्दगी के निशान झलकने लगे नए जीवन और नए ख़यालों के असर से एक नई क़ौम बनती दिखाई दी, समाज के एक नए पुतले की शक्ल तय्यार होने लगी. इस पुतले में नई जान और नई ताक़त है, इसमें एक नई एकता का अनुपम भाव है. अब अगर इस एकता या उसके रंग रूप को फ़िरक़ों के झगड़े, सूबों की लड़ाइयाँ, धर्मों के बखेड़े बिगाड़ना चाहें तो नुक़सान उन्हीं का है, ऐसा करना ज़माने के बहाव के ख़िलाफ़ समाज की नाव को उल्टा चलाना है. क़ुदरत ने हमारे देस को पहाड़ों और समुन्दरों के एक चौखटे में बाँधा है. इनही के ज़रिये क़ुदरत ने बाहर से हमला करने वालों के मुक़ाबले के लिये आसानियाँ पैदा की हैं. इस देस की धरती में उसने इधर उधर तक तरह तरह के धन दौलत को छितरा रखा है. फ़ौजी ज़रूरतों की निगाह से ही नहीं खेत और खान की उपज के ख़याल से भी हमारा देस एक है. हर इलाके, पर दूसरे इलाके. का ऐसा भरोसा और सहारा है कि सब मिल कर ही आराम की ज़िन्दगी बसर कर सकते हैं. हम चाहें तो अपनी इस क़ुदरती एकता को बनाए रखें और बढ़ाएँ, चाहे तोड़ें और मिट्टी में मिला दें. हमारे अख़्तियार में है कि चाहे क़ुदरत के साथ मिलकर अपने समाजी जीवन को सुखी बनाएं और चाहे क़ुदरत की इन नेमतों को ठुकरा कर मुसीबत, भूक और मौत का शिकार बनें.

[illegible]
نہیں ہوگئی تھی' ہماری سبھیتا کی عمارت کے ہردیواروں' کوٹھے اٹاریوں میں بھی خوبصورتی جھلکتی آگئی تھی۔ جاتوں اور فرقوں' ورگوں اور دھرموں کے الگ الگ باجوں سے مل کر ایک سریلا سنگیت نکلتا تھا جو سب کے دلوں کو گدگدانے والا تھا . ہندو اور مسلمان ایک ہی زبان بولتے تھے . ہر صوبے کی اپنی ایک الگ بولی تھی جسے دونوں ایک سا استعمال کرتے تھے . ادب کی بھاشائیں دونوں کی ایک تھیں' جن میں وہ کویتا شاعری کرتے اور اپنے دل کی اُمنگوں کو ظاہر کرتے تھے . ایک ہی طرح کی نیتی کے اصول اور فلسفے' درشن کے اونچے اونچے سدھانت دونوں کے دماغوں کو خوراک پہنچاتے تھے . دونوں کی سماجوں کے ڈھچر اور راج کے سنگٹھن اتنے ملتے تھے کہ ایک دوسرے کی نقل معلوم ہوتے تھے .

اسکے بعد جب ہماری تاریخ کا منجھلا زمانہ آخری سانسیں لے رہا تھا' پچھمی سبھیتا ہماری سبھیتا سے ٹکرائی . اس مٹ بھیڑ کا نتیجہ یہ ہوا کہ ہمارے دیس میں نئے وچاروں' نئی شکتیوں نے گھر کر لیا . ہمارے پرانے راج ٹوٹے' ہمارے بیوپار اور دھندوں کا پرانا ڈھانچا چکنا چور ہوگیا . لیکن پھر کچھ دنوں بعد ہی ٹوٹے کھنڈروں کی بکھری ہوئی اینٹوں میں ایک نئی عمارت کے آثار دکھائی دینے لگے مردہ بدن کے انگوں میں زندگی کے نشان جھلکنے لگے . نئے جیون اور نئے خیالوں کے اثر سے ایک نئی قوم بنتی دکھائی دی سماج کے ایک نئے پتلے کی شکل تیار ہونے لگی . اس پتلے میں نئی جان اور نئی طاقت ہے' اس میں ایک نئی ایکتا کا انوپم بھاؤ ہے . اب اگر اس ایکتا یا اسکے رنگ روپ کو فرقوں کے جھگڑے' صوبوں کی لڑائیاں دھرموں کے بکھیڑے بگاڑنا چاہیں تو نقصان انہیں کا ہے . ایسا کرنا زمانے کے بہاؤ کے خلاف سماج کی ناؤ کو اُلٹا چلانا ہے . قدرت نے ہمارے دیس کو پہاڑوں اور سمندروں کے ایک چوکھٹے میں باندھا ہے . اِنہی کے ذریعے قدرت نے باہر سے حملہ کرنے والوں کے مقابلے کیلئے آسانیاں پیدا کی ہیں . اس دیس کی دھرتی میں اس نے اِدھر سے اُدھر تک طرح طرح کے دھن دولت کو چھترا رکھا ہے . فوجی ضرورتوں کی نگاہ سے ہی نہیں کھیت اور کھان کی اپج کے خیال سے بھی ہمارا دیس ایک ہے . ہر علاقے پر دوسرے علاقے کا ایسا بھروسہ اور سہارا ہے کہ سب ملکر ہی آرام کی زندگی بسر کر سکتے ہیں . ہم چاہیں تو اپنی اس قدرتی ایکتا کو بنائے رکھیں اور بڑھائیں' چاہے توڑیں اور مٹی میں ملا دیں ہمارے اختیار میں ہے کہ چاہے قدرت کے ساتھ ملکر اپنے سماجی جیون کو سکھی بنائیں اور چاہے قدرت کی ان نعمتوں کو ٹھکرا کر مصیبت' بھوک اور موت کا شکار بنیں .

में दिखाई देती है. शकों और हूणों के हमलों की आंधी ने इस सभ्यता की नदी को गंदला किया. लेकिन उस तूफ़ान की मौजों के थपेड़े धीमे पड़ते ही गुप्त, सातवाहन और राजपूत राजों ने नदी के बहाव को ऐसे रजबहों में बांटा कि जिनसे मुल्क भर में जीवन की खेती सेराब हुई और समाजी खलियानों को अटाटूट भर देने वाली फ़सल पैदा हुई. सारनाथ और सांची के टोप, बाघ और अजंता की तसवीरें, खजुराहो और भुवनेश्वर के मन्दिर, कालिदास और भवभूति के नाटक उस सुनहले ज़माने की जगमगाती यादगारें हैं.

ज़माने ने फिर पलटा खाया, और नई नई नसलों ने हमारे देस में डेरा डाला. अरब, तुर्क और मंगोल हिन्दुस्तान की सरहदों में घुसे. उनके साथ समाज का एक नया संगठन आया, धर्म के नए असूल आए जिनका ढांचा मज़बूत और जिनकी तरक़ीब पक्की थी. हिन्दुस्तान की पुरानी सभ्यता ने इन आनेवालों से कड़ी टक्कर ली. लेकिन राजकाज के मैदान में अभी खींचातानी बन्द न हुई थी कि फिर एक नई तहज़ीब के निर्मान का काम शुरू हो गया.

इसलाम और हिन्दू धर्म, जिन के बीच आसमान ज़मीन का अंतर जान पड़ता था, एक दूसरे के पास आये. एक ने दूसरे की अथाह गहराई में हिलोरें उठाइ. इनके मेल से भक्ति और तसव्वुफ़ का दरिया उमंड़ पड़ा. प्रेम के मतवालों और इश्क़ के दीवानों ने लोगों के दिलों को मोह लिया! इस नए पंथ के चलाने वाले साधू, संतों और दरवेशों ने समाज और सभ्यता पर गहरा असर डाला. कबीर, नानक, चैतन्य, तुकाराम, मुईनुद्दीन चिश्ती, बाबा फ़रीद, निज़ामुद्दीन औलिया और इन सरीखे सैकड़ों सूफ़ी सन्तों ने समाज के जीवन में हलचल मचा दी. बड़े बड़े सम्राटों और शहंशाहों को इनके नये आदर्शों के सामने सिर झुकाना पड़ा. जिस लहर ने हिन्दुस्तान के जीवन समुन्दर को धुर नीचे तक मथ डाला उसका असर सभ्यता के हर अंग पर पड़ना लाज़मी था. इसीलिये मंझले ज़माने की कलचर के हर पहलू पर इस मेल की छाप दिखाई देती है. शायरी और संगीत में, इमारतों और तसवीरों में, रहने सहने के तरीक़ों और चालचलन में, खेल कूद और तमाशों में, मेलों और त्योहारों में, जातों और फ़िर्क़ों में, हर तरफ़, हर जगह नई ज़िन्दगी की चमक दमक और गरमा गरमी महसूस होती है. नए जीवन की उमंगों में नई मौजों का उभार नज़र आता है.

एक बार फिर सारा हिन्दुस्तानी समाज एकता के धागों में बँधा. समाज के जीवन की बुनियादें काम धंदों और ब्योपार पर क़ायम होती हैं. इन्हीं पर समाज के निबाह का सहारा है. इनही बुनियादों पर कला और फ़न, विद्या और इल्म, ज्ञान और मारफ़त का महल खड़ा होता

میں دکھائی دیتی ہے ۔ شکوں اور ہونوں کے حملوں کی آندھی نے اِس سبھیتا کی ندی کو گندلا کیا ۔ لیکن اُس طوفان کی موجوں کے تھپیڑے دھیمے پڑتے ہی گپت، سات واہن اور راجپوت راجوں نے ندی کے بہاو کو ایسے رج بہوں میں بانٹا کہ جن سے ملک بھر میں جیون کی کھیتی سیراب ہوئی اور سماجی کھلیانوں کو اٹاٹوٹ بھر دینے والی فصل پیدا ہوئی ۔ سار ناتھ اور سانچی کے توپ، باگھ اور اجنتا کی تصویریں، کھجراہو اور بھونیشور کے مندر، کالی داس اور بھو بھوتی کے ناٹک اُس سنہلے زمانے کی جگمگاتی یادگاریں ہیں ۔

زمانے نے پھر پلٹا کھایا، اور نئی نئی نسلوں نے ہمارے دیش میں ڈیرا ڈالا ۔ عرب، ترک اور منگول ہندستان کی سرحدوں میں گھسے ۔ اُنکے ساتھ سماج کا ایک نیا سنگٹھن آیا، دھرم کے نئے اُصول آئے جن کا ڈھانچا مضبوط اور جنکی ترکیب پکی تھی ۔ ہندستان کی پرانی سبھیتا نے ان آنے والوں سے کڑی ٹکر لی ۔ لیکن راج کاج کے میدان میں ابھی کھینچا تانی بند نہ ہوئی تھی کہ پھر ایک نئی تہذیب کے نرمان کا کام شروع ہوگیا ۔

اسلام اور ہندو دھرم، جنکے بیچ آسمان زمین کا انتر جان پڑتا تھا، ایک دوسرے کے پاس آئے ۔ ایک نے دوسرے کی اتھاہ گہرائی میں ہلوریں اُٹھائیں ۔ اِنکے میل سے بھکتی اور تصوف کا دریا اُمنڈ پڑا ۔ پریم کے متوالوں اور عشق کے دیوانوں نے لوگوں کے دلوں کو موہ لیا ! اِس نئے پنتھ کے چلانے والے سادھو، سنتوں اور درویشوں نے سماج اور سبھیتا پر گہرا اثر ڈالا ۔ کبیر، نانک، چیتن، تکارام، معین الدین چشتی، بابا فرید، نظام الدین اولیا اور ان سریکھے سیکڑوں صوفی سنتوں نے سماج کے جیون میں ہل چل مچا دی ۔ بڑے بڑے سمراٹوں اور شہنشاہوں کو اِنکے نئے آدرشوں کے سامنے سر جھکانا پڑا ۔ جس لہر نے ہندستان کے جیون سمندر کو دھر نیچے تک متھ ڈالا اُس کا اثر سبھیتا کے ہر انگ پر پڑنا لازمی تھا ۔ اِسی لئے منجھلے زمانے کی کلچر کے ہر پہلو پر اس میل کی چھاپ دکھائی دیتی ہے ۔ شاعری اور سنگیت میں، عمارتوں اور تصویروں میں، رہنے سہنے کے طریقوں اور چال چلن میں، کھیل کود اور تماشوں میں، میلوں اور تیوہاروں میں، جاتوں اور فرقوں میں، ہر طرف، ہر جگہ نئی زندگی کی چمک دمک اور گرما گرمی محسوس ہوتی ہے ۔ نئے جیون کی اُمنگوں میں نئی موجوں کا اُبھار نظر آتا ہے ۔

ایک بار پھر سارا ہندستانی سماج ایکتا کے دھاگوں میں بندھا ۔ سماج کے جیون کی بنیادیں کام دھندوں اور بیوپار پر قائم ہوتی ہیں ۔ اِنہیں پر سماج کے نباہ کا سہارا ہے ۔ ان ہی بنیادوں پر کلا اور فن، ودیا اور علم، گیان اور معرفت کا محل کھڑا ہوتا ہے

[illegible] रखती है, [illegible] दूर कर के उसके सामने आदमी की सबसे ऊँची और आखरी मंजिल के चमकदार नजारे को खड़ा कर देती है, यही वह मंजिल है जिसकी तरफ दुनिया के शुरू से आदमी दुख और तकलीफ सहता लेकिन बढ़ाता बढ़ा चला जा रहा है.

हमारे देस में भी आज हिन्दू, मुसलमान, जैन, बौद्ध पारसी, ईसाई, सिख और और धर्मों के मानने वाले सुख, शांति और शक्ति पाने के लिये जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं. यहां भी दो तरह के भाव काम कर रहे हैं. एक तरफ़ हम अपने अपने मतों या ख़यालों को आदमी के मन के फैलाव की आखिरी हद मानते हैं, हर गिरोह दूसरे को अपने से जुदा, अपने से बाहर समझता है. दूसरी तरफ़ एकता की ज़बरदस्त ताक़त इस अनेकता से लोहा ले रही है. इसमें शक नहीं कि इस सारी खींचातानी में हम धीरे धीरे एक ऐसे नए समाज का विकास कर रहे हैं जिसमें सब मज़हबों के कीमती उसूलों को बचा कर रखा जायगा और नसलों, फ़िरक़ों और मतों के सारे फ़रक़ एक ऐसी बड़ी सभ्यता, ऐसी तहज़ीब में समा जायगे जो अपने रंग में अनोखी और हिन्दुस्तान की तारीख़ में बेमिसाल होगी.

हमारे इस इतने बड़े देस में, जिसे हिमालय की बरफ़ से ढकी ऊँची दीवारें दुनिया से अलग करती हैं और नीले समुन्दर की गहरी खाइयां तीन तरफ़ से घेरे हुए हैं, उस ज़माने से लेकर जो तारीख़ की याद से परे है, एक के बाद एक बहुत सी नसलें और बहुत सी तहज़ीबें आईं और आकर बस गईं लेकिन पहले के रहने वालों और नए आने वालों में शुरू के लड़ाई झगड़ों के बाद यहाँ की हवा और पानी के असर से हमेशा मेल जोल और शांति का दौर क़ायम हुआ, आपस के बैर मिटे, मेल मिलाप की राहें निकलीं, सहयोग और समझौते ने क़दम जमाया. हर दफ़ा जब वह समय आया और प्रेम की नींव पड़ी तो उस नींव के ऊपर एक नई सभ्यता का नया महल खड़ा हुआ जिसमें नए और पुराने के संगम से एकता की एक अनूठी शान पैदा हो गई.

एक दूसरे के बाद इस तरह के कई मौक़े इस देस में आए. सबसे पहले आर्य द्राविड़ी तहज़ीब का डोल डला. उस तहज़ीब की बुनियाद इस निराले अनुभव, इस ख़याल पर रखी गई कि जीवन एक अटूट और भरपूर धारा है. इसी ख़याल को हमने अपनी भाषा और अदब में, अपने फ़लसफ़े और धर्म में, समाज और कला में, रहन सहन और इल्म हुनर में ज़ाहिर किया. उस तहज़ीब की आत्मा राम और कृष्न, महावीर और बुद्ध, चन्द्रगुप्त और अशोक, वाल्मीकि और व्यास के जीवन और उनके कारनामों

مقصد رکھتی ہے [illegible] جو دور کر کے اسکے سامنے آدمی کی سب سے اونچی اور آخری منزل کے چمکدار نظارے کو کھڑا کر دیتی ہے ۔ یہی وہ منزل ہے جسکی طرف دنیا کے شروع سے آدمی دکھ اور تکلیف سہتا کٹھنائیاں اٹھاتا بڑھا چلا جا رہا ہے ۔

ہمارے دیس میں بھی آج ہندو، مسلمان، جین، بودھ، پارسی، عیسائی، سکھ اور اور دھرموں کے ماننے والے سکھ، شانتی اور شکتی پانے کے لئے جی توڑ کوششیں کر رہے ہیں ۔ یہاں بھی دو طرح کے بھاو کام کر رہے ہیں ۔ ایک طرف ہم اپنے اپنے متوں یا خیالوں کو آدمی کے من کے پھیلاؤ کی آخری حد مانتے ہیں ۔ ہر گروہ دوسرے کو اپنے سے جدا، اپنے سے باہر سمجھتا ہے ۔ دوسری طرف ایکتا کی زبردست طاقت اس انیکتا سے لوہا لے رہی ہے ۔ اس میں شک نہیں کہ اس ساری کھینچاتانی میں ہم دھیرے دھیرے ایک ایسے نئے سماج کا وکاس کر رہے ہیں جس میں سب مذہبوں کے قیمتی اصولوں کو بچا کر رکھا جائیگا اور نسلوں، فرقوں اور متوں کے سارے فرق ایک ایسی بڑی سبھیتا، ایسی تہذیب میں سما جائیں گے جو اپنے رنگ میں انوکھی اور ہندستان کی تاریخ میں بے مثال ہوگی ۔

ہمارے اس اتنے بڑے دیس میں جسے ہمالے کی برف سے ڈھکی اونچی دیواریں دنیا سے الگ کرتی ہیں، اور نیلے سمندر کی گہری کھائیاں تین طرف سے گھیرے ہوئے ہیں، اس زمانے سے لے کر جو تاریخ کی یاد سے پرے ہے، ایک کے بعد ایک بہت سی نسلیں اور بہت سی تہذیبیں آئیں اور آکر بس گئیں ۔ لیکن پہلے کے رہنے والوں اور نئے آنے والوں میں شروع کے لڑائی جھگڑوں کے بعد یہاں کی ہوا اور پانی کے اثر سے ہمیشہ میل جول اور شانتی کا دور قائم ہوا، آپس کے بیر مٹے، میل ملاپ کی راہیں نکلیں، سہیوگ اور سمجھوتے نے قدم جمایا ۔ ہر دفعہ جب وہ سمے آیا اور پریم کی نیو پڑی تو اس نیو کے اوپر ایک نئی سبھیتا کا نیا محل کھڑا ہوا جسمیں نئے اور پرانے کے سنگم سے ایکتا کی ایک انوکھی شان پیدا ہوگئی ۔

ایک دوسرے کے بعد اس طرح کے کئی موقع اس دیس میں آئے ۔ سب سے پہلے آریہ دراوڑی تہذیب کا ڈول ڈلا ۔ اس تہذیب کی بنیاد اس نرالے انوبھو اس خیال پر رکھی گئی کہ جیون ایک اٹوٹ اور بھرپور دھارا ہے ۔ اسی خیال کو ہم نے اپنی بھاشا اور ادب میں، اپنے فلسفے اور دھرم میں، سماج اور کلا میں، رہن سہن اور علم ہنر میں ظاہر کیا ۔ اس تہذیب کی آتما رام اور کرشن، مہابیر اور بدھ، چندر گپت اور اشوک، والمیک اور ویاس کے جیون اور انکے کارناموں

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के मक़सद

[हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी की रजिस्ट्री सन 1942 में हुई थी, जब कि सोसाइटी की इन्तज़ामी कमेटी के कम से कम चार मेम्बर जेल में थे. नीचे दिये हुए सोसाइटी के मक़सद से पता चलेगा कि वह आज़ादी मिलने से पहले की बनी हुई है. हमने जान कर उन शब्दों को नहीं बदला क्योंकि उन से यह भी मालूम होगा कि इस सोसाइटी के काम की असल ज़रूरत आज भी उतनी ही बल्कि उससे अधिक है जितनी उस समय थी—एडीटर]

आदमी के मन के अन्दर दो बड़ी ताक़तों में हमेशा लड़ाई होती रहती है. इन में से कभी एक आदमी को अपने बस में कर लेती है और कभी दूसरी. इन दोनों में हमारे दिल पर क़ाबू पाने के लिये बराबर खींचा तानी होती रहती है.

इनमें से एक ताक़त ख़ुदग़रज़ी या स्वार्थ की है जो हमें अपनी छोटी छोटी ख़ाहिशों के पूरा करने में लगाती है. यह ताक़त, जाने या अनजाने ज़ोर के साथ हमारा ध्यान हमारी तुरत की ज़रूरतों की तरफ़ और अपने भोग बिलास की तरफ़ खींचती है. इसके असर में आकर हम अपनी असली, ठोस और टिकाऊ भलाई को भी भूल जाते हैं और हमें अपने भाई बन्दों की उस भलाई की भी सुध नहीं रहती जिसके बिना हमारा अपना कल्यान नहीं हो सकता.

दूसरी ताक़त हमारी वह समझ, वह अन्दर की रोशनी है जो हमारे दिल में सब से मिलकर रहने की चाह पैदा करती है. यह इनसानियत का वह रिशता है जो आदमी आदमी को प्रेम के नाते में जोड़ता है. यह रिशता आदमी को मजबूर करता है कि वह अपनी आत्मा की सोई हुई ताक़तों को दूसरे आदमियों से मिलकर और उनकी मदद से जगाए, जीवन के ऊँचे आदर्शों को पूरा और सफल करे, और आदमी और समाज दोनों को उस मंज़िल की तरफ़ ले जाय जहाँ हमें इस दुनिया में पहुँचना है.

पहली ताक़त आदमी को आदमी से अलग करती है और आपस के फ़रक़ों को चमकाती है. दूसरी ताक़त आदमी को समाज के बंधनों में बांधती है, आपस में मेलजोल बढ़ाती है, छोटे छोटे गिरोहों को तोड़ कर बड़े बड़े गिरोहों में बदल देती है. यह ताक़त आदमी के मन को बिनय और ज़ब्त सिखाती है, उसके सामने ऊंचे ऊंचे

ھندستانی کلچر سوسائٹی کے مقصد

[ھندستانی کلچر سوسائٹی کی رجسٹری سن 1942 میں ہوئی تھی' جبکہ سوسائٹی کی انتظامی کمیٹی کے کم سے کم چار ممبر جیل میں تھے. نیچے دیئے ہوئے سوسائٹی کے مقصد سے پتہ چلے گا کہ وہ آزادی ملنے سے پہلے کی بنی ہوئی ہے . ہم نے جان کر اُن شبدوں کو نہیں بدلا کیونکہ اُن سے یہ بھی معلوم ہوگا کہ اِس سوسائٹی کے کام کی اصل ضرورت آج بھی اُتنی ہی بلکہ اُس سے ادھک ہے جتنی اُس سمے تھی .—ایڈیٹر]

آدمی کے من کے اندر دو بڑی طاقتوں میں ہمیشہ لڑائی ہوتی رہتی ہے . اِن میں سے کبھی ایک آدمی کو اپنے بس میں کر لیتی ہے اور کبھی دوسری . اِن دونوں میں ہمارے دل پر قابو پانے کے لئے برابر کھینچا تانی ہوتی رہتی ہے .

اِن میں سے ایک طاقت خود غرضی یا سوارتھ کی ہے جو ہمیں اپنی چھوٹی چھوٹی خواہشوں کے پورا کرنے میں لگاتی ہے یہ طاقت' جانے یا انجانے زور کے ساتھ ہمارا دھیان ہماری ترت کی ضرورتوں کی طرف' اور اپنے بھوگ ولاس کی طرف کھینچتی ہے اس کے اثر میں آکر ہم اپنی اصلی' ٹھوس اور ٹکاؤ بھلائی کو بھی بھول جاتے ہیں اور ہمیں اپنے بھائی بندوں کی اُس بھلائی کی بھی سدھ نہیں رہتی جسکے بنا ہمارا اپنا کلیان نہیں ہوسکتا .

دوسری طاقت ہماری وہ سمجھ' وہ اندر کی روشنی ہے' جو ہمارے دل میں سب سے ملکر رہنے کی چاہ پیدا کرتی ہے . یہ انسانیت کا وہ رشتہ ہے جو آدمی آدمی کو پریم کے ناتے میں جوڑتا ہے . یہ رشتہ آدمی کو مجبور کرتا ہے کہ وہ اپنی آتما کی سوئی ہوئی طاقتوں کو دوسرے آدمیوں سے ملکر اور اُن کی مدد سے جگائے' جیون کے اُونچے آدرشوں کو پورا اور سپھل کرے' اور آدمی اور سماج دونوں کو اُس منزل کی طرف لیجائے جہاں ہمیں اس دنیا میں پہنچنا ہے .

پہلی طاقت آدمی کو آدمی سے الگ کرتی ہے اور آپس کے فرقوں کو چمکاتی ہے . دوسری طاقت آدمی کو سماج کے بندھنوں میں باندھتی ہے' آپس میں میل جول بڑھاتی ہے' چھوٹے چھوٹے گروہوں کو توڑ کر بڑے بڑے گروہوں میں بدل دیتی ہے . یہ طاقت آدمی کے من کو ونے اور ضبط سکھاتی ہے . اُس کے سامنے اُونچے اُونچے

खण्ड 11 जुलाई सन् '51 नम्बर 1

जात आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

राम फँसे जंजालों में

(भाई स्वामी मारहरवी)

मसजिद सूनी, मन्दिर वीराँ, कोई घर आबाद नहीं,
पंडित बेकल अपनी धुन में, मुल्ला भी दिलशाद नहीं
अन जाना एक भेद बताएँ ? बात यह बे बुनियाद नहीं,
दोनों हैं जड़ मूल से खुक्खल, स्वर्ग की यों बुनियाद नहीं.

उलटे सीधे शब्दों से तू, उलटा सीधा नाम न ले,
अपने आप को बिन पहचाने, राम का मूरख नाम न ले.

अपनी नैया आप डुबो कर, जग का खेवन हार न बन,
मूरख पाप के दाग़ तो धोले, जीवन का तू भार न बन.
मस्तक ऊपर तिलक लगाया, स्वर्ग का ठेकेदार न बन,
ख़ुदी यह तेरी अल्ला अल्ला ! ख़ुदा का लम्बरदार न बन.

कर्म की घोर निराशा में, तू मन को और उदास न कर,
धर्म के सौदे हानि लगी है, मुक्ती की तू आस न कर.

मसजिद भीतर अल्ला बन्द, और ईश्वर कैद शिवालों में,
स्वर्ग पे क़ब्ज़ा पंडित जी का, जन्नत अल्ला वालों में.
पर गई राम की ऐंचा तानी, राम फँसे जंजालों में,
शक्ती के वह ठाठ भी देखे, मूरख धरती वालों में

कौन किसी का ईश्वर अल्ला, कौन किसी का बन्दा है,
कौन यह ओछा फन्दा डाले, धर्म का झूटा धन्दा है.

ईमान की कच्ची पूंजी को, गोस्वामी हाथों बेच दिया,
क़ुरआन को पीर-ओ-मुरशिद ने, तावीज़ बनाकर बेच दिया.
कुछ आज बिका, कुछ काल बिका, कुछ छू मन्तर में बेच दिया,
फिर सारी ख़ुदाई धर रख ली, भगवान उठा कर बेच दिया.

इनसान पुराना कोई नहीं, अल्लाह पुराना बाक़ी है,
संसार के इस परिवर्तन में, भगवान बदलना बाक़ी है.

جلد 11 جولائی، سن '51 نمبر 1

جات آدمی، پریم دھرم ہے، ھندستانی بولی،
'نیا ھند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی ۔

رام پھنسے جنجالوں میں

(بھائی سوامی مارہروی)

مسجد سونی، مندر ویراں، کوئی گھر آباد نہیں،
پنڈت بیکل اپنی دھن میں، ملا بھی دلشاد نہیں ۔
ان جانا اک بھید بتادوں ؟ بات یہ بے بنیاد نہیں،
دونوں ہیں جڑمول سے کھکل، سورگ کی یاں بنیاد نہیں۔

الٹے سیدھے شبدوں سے تو، الٹا سیدھا کام نہ لے،
اپنے آپ کو بن پہچانے، رام کا مورکھ نام نہ لے ۔

اپنی نیا آپ ڈبو کر، جگ کا کھیون ہار نہ بن،
مورکھ پاپ کے داغ تو دھولے، جیون کا تو بھار نہ بن ۔
مستک اوپر تلک لگایا، سورگ کا ٹھیکےدار نہ بن،
خودی یہ تیری اللہ اللہ ! خدا کا لمبردار نہ بن ۔

کرم کی گھور نراشا میں، تو من کو اور اداس نہ کر،
دھرم کے سودے ھان لگی ہے، مکتی کی تو آس نہ کر ۔

مسجد بھیتر اللہ بند، اور ایشور قید شوالوں میں،
سورگ پہ قبضہ پنڈت جی کا، جنت اللہ والوں میں ۔
پڑگئی رام کی اینچاتانی، رام پھنسے جنجالوں میں،
شکتی کے یہ ٹھاٹھ بھی دیکھے، مورکھ دھرتی والوں میں ۔

کون کسی کا ایشور اللہ، کون کسی کا بندا ہے،
کون یہ اوچھا پھندا ڈالے، دھرم کا جھوٹا دھندا ہے ۔

ایمان کی کچی پونجی کو، گوسوامی ھاتھوں بیچ دیا،
قران کو پیر و مرشد نے، تعویذ بنا کر بیچ دیا ۔
کچھ آج بکا، کچھ کال بکا، کچھ چھو منتر میں بیچ دیا،
پھر ساری خدائی گھر رکھ لی، بھگوان اٹھا کر بیچ دیا ۔

انسان پرانا کوئی نہیں، اللہ پرانا باقی ہے،
سنسار کے اس پرورتن میں بھگوان بدلنا باقی ہے ۔

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

जुलाई 1951

क्या किससे — सफ़ा

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने.

मैनेजर
'नया हिन्द'

145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

نیا ہند

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

جولائی 1951

کیا کس سے — صفحہ

قیمت—ہندستان میں چھ روپیہ سال، باہر دس روپیہ سال؛ ایک پرچہ دس آنے.

مینیجر
'نیا ہند'

مٹھی گنج، الہ آباد.

एडीटर ताराचंद, भगवानदीन, मुज़फ्फ़र हसन, बिशम्भर नाथ, सुन्दरलाल

ایڈیٹر تارا چند' بھگوان دین' مظفر حسن' بشمبھر ناتھ' سندر لال

नायब एडीटर — सुरेश रामभाई, महमूद अहमद 'हुनर'

...سریش رام بھائی' محمود احمد 'ہنر'

* * * * *

[illegible]

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी के मक़सद—सुन्दरलाल
हिन्दुस्तानी कलचर—डाक्टर भगवानदास
सूफ़ियों की संगत में—गुरदयाल मल्लिक
सोमनाथ फिर—सुन्दरलाल
भारत और चीन का कलचरी मेल—भानचन्द्र
(सोमनाथ को लेकर) बापू से!—भगवानदीन
विनोबा जी की तेलंगाना यात्रा—सुरेश रामभाई

...کلچر سوسائٹی کے مقصد—سندر لال
...کلچر—ڈاکٹر بھگوان داس
...کی سنگت میں—گوردیال ملک
...پھر—سندر لال
...اور چین کا کلچری میل—بھان چند
...کو لیکر) باپو سے—بھگوان دین
...کی تیلنگانہ یاترا—سریش رام بھائی

[illegible] राय
ईरान का तेल संकट—सुन्दरलाल
[illegible] और दलबंदी—सुन्दरलाल
[illegible], चीन और भारत—सुन्दरलाल

...تیل سنکٹ—سندر لال
...اور دل بندی—سندر لال
...چین اور بھارت—سندر لال

* * * * * *

...कल्चर सोसाइटी, इलाहाबाद ...سوسائٹی' الہ آباد

जुलाई 1951 جولائی

و

صفحہ

ھ

صفحہ

ی

"نیا ہند"

جلد 11

(جولائی سن 1951 سے دسمبر سن 1951)

لیکھک اور اُن کے لیکھ

الف

ب

صفحہ

"نیا ہند"

جلد 11

(جولائی سن 1951 سے دسمبر سن 1951)

لیکھ اور اُن کے لیکھک

الف

صفحہ

ب

پ

ت

صفحہ

ج

چ

خ

د

" नया हिन्द "

जिल्द 11

(जुलाई सन 1951 से दिसम्बर सन 1951)

लेखक और उनके लेख

"नया हिन्द"

जिल्द 11

(जुलाई सन 1951 से दिसम्बर सन 1951)

लेख और उनके लेखक